* ओ३म् *

यजुर्वेद संहिता

भाषा-भाष्य

(प्रथम खण्ड)

भाष्यकार

श्री पण्डित जयदेवजी शर्म्मा,

विद्यालंकार, मीमांसातीर्थ.

प्रकाशक

आर्य्य-साहित्य-मण्डल, अजमेर

मुद्रक

दि डायमण्ड जुबिली प्रेस, अजमेर

प्रथमावृत्ति ~~000 } सं० १९८६ विक्रमाब्द सन् १९३० ई० { मूल्य ४)

ये अर्वाङ् मध्य उत वा पुराणं वेदं विद्वांसमभितो वदन्ति ।
आदित्यमेव ते परि वदन्ति सर्वे ॥

जो उरे, बीच में और पुराण रूप से 'वेद विद्वान्' का वर्णन करते हैं वे सब 'आदित्य' का ही वर्णन करते हैं। इसी प्रकार अथर्ववेद में व्रात्य प्रजापति की आसन्दी का वर्णन करते हुए लिखा है।

"ऋच. प्राञ्चस्तन्तवो यजूंषि तिर्यञ्चः ॥" अथर्व० १५।३।६॥

ऋचाएं ताना के तन्तु हैं और यजुर्वेद बाना के तन्तु है। इस प्रकार प्रजापति की बैठने की पीढ़ी का वर्णन किया गया है। इन सब स्थानों पर भिन्न २ नामों से भी किसी एक ओर ही निर्देश किया गया है। सर्व- — — स्कम्भ, आदित्य, गरुत्मान्-सुपर्ण और ब्रह्म आदि ये सब एक ही — र के नाम हैं। इसी प्रकार—

कालादृचः समभवन् यजुः कालादजायत ॥ अथर्व० १९।५४।३॥

काल से ऋचाएं — न हुई और काल से 'यजु' उत्पन्न हुआ। वह काल परमेश्वर ही है। तमृचश्च सामानि च यजूंषि च ब्रह्म च अनुव्य न्। (अथर्व० १५।६।८।) उस व्रात्य प्रजापति के पीछे ऋचाएं साम, जुगण और ब्रह्म अर्थात् चारों वेद चले। इस स्थल पर व्रात्य प्रजापति वही परमेश्वर है। उससे चारों वेद उत्पन्न हुए यह वेद भगवान् का —य है। उस यज्ञमय परमेश्वर का स्वरूप क्या है? और वर्त्तमान में प्रचलित यज्ञ कैसे हैं यह बतलाना बहुत अधिक स्थान की अपेक्षा करता है। तो भी इतना कह देना पर्याप्त है कि कर्मकाण्ड के यज्ञ उस महान् विराट् यज्ञपुरुष के प्रतिनिधि या उसके स्वरूप निदर्शक मात्र हैं। जैसे ये वेद उस महान् यज्ञ का वर्णन करते हैं उसी प्रकार ये इन यज्ञों का भी प्रतिपादन करते हैं। यजुर्वेद में लिखा है।

सुपर्णोऽसि गरुत्माँस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्रं चक्षुः बृहद्रथन्तरे

पक्षौ स्तोम आत्मा छन्दांसि अङ्गानि यजूंषि नाम । साम ते तनूर्वामदेव्यं यज्ञायज्ञियं पुच्छं धिष्ण्याः शफाः । सुपर्णोसि गरुत्मान् दिवं गच्छ स्वः पत ।

तू सुपर्ण गरुत्मान् है । तेरा शिर त्रिवृत् स्तोम है । आंख गायत्र साम है । बृहत् और रथन्तर दोनों पक्ष है । स्तोम आत्मा है । छन्द (अथर्व-वेद) अंग हैं, यजुर्गण नाम हैं । वामदेव्य साम तनु है । यज्ञायज्ञिय साम पुच्छ है । धिष्ण्य अग्नियें शफ हैं ।

इसमें 'सुपर्ण गरुत्मान्' मे ही चारों वेदों का वर्णन है । कर्मकाण्ड... दृष्टि से इसी मन्त्र से श्येनाकार वेदी मे होने वाले यज्ञ का वर्णन भी स्पष्ट हो जाता है । इस 'सुपर्ण' रूप परमेश्वर का वर्णन वेद स्वयं करता ...

सुपर्णं विप्राः कवयो वचोभिरेकं सन्तं बहुधा कल्पयन्ति ।

ऋ० १० । ७ । ४ । ...

विद्वान् पुरुष स्तुतियों द्वारा एक सुपर्ण की भी ब... प्रकार की ... कर लेते हैं ।

इस 'सुपर्ण' नाम यज्ञ का कितना विस्तार है इस विषय में ऋग्... का मन्त्र है ।

षट्त्रिंशांश्च चतुरः कल्पयन्तश्छन्दांसि च दधत आद्वादशम् ।
यज्ञं विमाय कवयो मनीष ऋक्सामाभ्यां प्र रथं वर्त्तयन्ति ॥६॥

ऋ० १० । ११४ । ६ ॥

उपांशु और अन्तर्याम, इन्द्रवायव आदि द्विदैवत्य तीन ग्रह, ...शामन्थियों के दो ग्रह, आग्रयण, उक्थ, और ध्रुव ये तीन, १२ ऋतु ग्रह, ऐन्द्राग्न, और सावित्र दो, वैश्वदेव दो, मरुत्वतीय तीन, माहेन्द्र एक, आदित्य और सावित्र दो, वैश्वदेव, पात्नीवत और हारियोजन, ये तीन, इस प्रकार ये ३६ ग्रह या यज्ञांग और इनके साथ, अत्यग्निष्टोम में अंशु, अदाभ्य, दधिग्रह और षोडशी ये चार मिलकर कुल ४० ग्रह या यज्ञांगो

को और प्रउग आदि १२ शस्त्रों तक गायत्री आदि समस्त छंदों को धारण करते हुए विद्वान् लोग यज्ञ का त्रिविध प्रकार से ज्ञानपूर्वक निर्माण करके 'रथ' अर्थात् रमण करने योग्य रस स्वरूप परमेश्वर के स्वरूप को ही ऋक् और साम दोनों द्वारा दो अश्वों से रथ के समान यज्ञरूप में विधान करते हैं।

यह कर्मकाण्ड रूप से कहे यज्ञ का वर्णन करके अध्यात्म यज्ञ का वर्णन भी वेद (ऋ० ११४ । ८) स्वय करता है।

सहस्रधा पञ्चदशान्युक्था यावद् द्यावापृथिवी तावदित्तत् ।
सहस्रधा महिमान. सहस्रं यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक् ।

पञ्चदश उक्थ सहस्रो प्रकार के देहों में सहस्रों रूप होकर विराजते हैं। जितना विस्तार द्यौ और पृथिवी का है वहां तक उसी ब्रह्म का विस्तार है। उसके महान् समार्थ्य भी सहस्रों प्रकार के हैं, जितना ब्रह्म का स्वरूप विशेष २ प्रकार से स्थित है उतनी ही वाणी भी विस्तृत है। इस देह में १५ अंग या उक्थ हैं ये चक्षु आदि पांच ज्ञानेन्द्रिय और पांच कर्मेन्द्रिय और ५ भूत।

परन्तु क्योंकि ब्रह्म अनन्त है, इससे वाक् वेदवाणी भी अनन्त ज्ञानवती है। प्रतिदेह मे वही यज्ञ का स्वरूप है। वेदिगत यज्ञ तो उसका प्रतिनिधि मात्र है। यजुर्वेद द्वारा उन अगों के समस्त कार्य और व्यवस्था का वर्णन किया जाता है। जैसा स्वयं श्रुति कहती है—

'यजुर्भिराप्यन्ते ग्रहाः ॥ यजु० १९ । २८ ॥
सत्यं यज्ञेन । यज्ञो यजुर्भिः । यजु० २० । १२ ॥

फलत., हम इस परिणाम पर पहुंच गये कि यजुर्वेद मे अंग अंगी और इनके कार्यों का वर्णन होना चाहिये। यज्ञ' स्वयं एक प्रजापति है। समस्त विश्व मे परमेश्वर, राज्य में राजा, गृह में गृहपति, कुल मे कुलपति या आचार्य और देह में आत्मा या मुख्य प्राण ये सभी 'प्रजापति' के स्वरूप

हैं। ये सब अंग स्वयं एक 'अंगी' या एक सुव्यवस्थित जीवित शरीर (body) की रचना करते हैं। अंग, घटक अवयव मुख्य अंगी के आधार होकर उसी के अधीन हैं। वे 'ग्रह' कहाते हैं। उनका ही वर्णन यजुर्वेद मे किया गया है।

हमारा विचार है कि यजुर्वेद के मन्त्रों की योजना या व्याख्या मुख्य पांच दृष्टियों से होती है। पांच ही वेद संहिताओं के व्याख्या प्रकार माने गये हैं। जैसा कि तैत्तिरीय उपनिषद् में लिखा है।

अथातः संहिताया उपनिषदं व्याख्यास्यामः। पञ्चस्वधिकरणेषु। अधिलोकम्। अधिज्यौतिषम्। अधिविद्यम्। अधिप्रजम्। अध्यात्मम्। ता महासंहिता इत्याचक्षते। अथाधिलोकम्। पृथिवी पूर्वरूपम्। द्यौरुत्तररूपम्। आकाशः संधिः। वायुः संधानम्। इत्यधिलोकम्। अथाधिज्यौतिषम् अग्निः पूर्वरूपम्। आदित्य उत्तररूपम्। आपः संधिः। वैद्युतः संधानम्। इत्यधिज्यौतिषम्। अथाधिविद्यम्। आचार्यः पूर्वरूपम् अन्तेवास्युत्तररूपम्। विद्या संधि। प्रवचनं संधानम्। इत्यधिविद्यम्। अथाधिप्रजम्। माता पूर्वरूपम्। पिता उत्तररूपम्। प्रजा संधिः। प्रजननं संधानम्। इत्यधिप्रजम्। अथाध्यात्मम्। अधरा हनुः पूर्वरूपम्। उत्तरा हनुरुत्तररूपम्। वाक् संधि.। जिह्वा संधानम् इतीमा महासंहिता. ॥

संहिता की उपनिषद् यह है कि पांच अधिकरणों में एक ही संहिता की पांच प्रकार से व्याख्या होने से पांच महासंहिताएं बनती हैं।

अधिलोक, अधिज्यौतिष, अधिविद्य, अधिप्रज, और अध्यात्म। अधिलोक में पृथिवी, सूर्य, और आकाश और वायु का विशेष वर्णन होगा। अधि लोक में सूर्य, पृथिवी, आकाश और वायु का, अधिज्यौतिष में अग्नि, आदित्य, जल, और विद्युत् का। अधिविद्य मे आचार्य, अन्तेवासी,

विद्या और प्रवचन इनका वर्णन होगा। अधिप्रज में पिता, माता, प्रजा और प्रजनन इनका वर्णन होगा। इसमें में भी समष्टि व्यष्टि भेद से राजा पृथिवी, प्रजा, प्रजापालन आदि का वर्णन भी सम्मिलित हो जाता है।

इन पांचो अधिकरणों की यथावत् पृथक् व्याख्या कर देना यह बड़े भारी ज्ञान और प्रतिभा का कार्य है। सूक्ष्म दृष्टि से देखने से यजुर्वेद के मन्त्रों की व्याख्या इन पाचो रूप से हो जाती हैं। जिनका दिग् दर्शन हमने भाष्य में स्थान २ पर किया है। हमने मुख्य रूप से राजा प्रजा एवं प्रजा-पालन के कार्यों पर ही अधिक प्रकाश डाला है। पाठक उसी दृष्टि से इस भाष्य का स्वाध्याय करेंगे।

इसके अतिरिक्त यजुर्वेद के सम्बन्ध मे ब्राह्मण ग्रन्थों मे भी नीचे लिखे विशेष विचार विचारणीय हैं जिनसे यजुर्वेद के स्वरूप समझने के लिये बड़ी सहायता प्राप्त होती है।

(१) यजुषा ह वै देवा अग्रे यज्ञं तेनिरे अथ ऋचा अथ साम्ना। तदिदमप्येतर्हि यजुषा एवाग्रे यज्ञं तन्वतेऽथर्चाऽथ साम्ना। यज्जो ह वै नाम एतत् यद् यजुरिति। शत० ४। ६। ७। १३॥

विद्वान् लोगों ने पहले 'यजुः' से ही प्रथम यज्ञ किया फिर ऋग् से और फिर साम से। 'यजुः' भी यज्ञ के साधन होने से ही 'यजुः' कहाते हैं।

(२) ऋग्भ्यो जातं वैश्यं वर्णमाहुः। यजुर्वेदं क्षत्रियस्याहुर्योनिम्। सामवेदो ब्राह्मणानां प्रसूतिः। पूर्वे पूर्वेभ्यो वचः एतदूचुः॥ तै० ब्रा० ३। १२। ९॥

ऋग्वेद के मन्त्रों से वैश्य वर्ण, और वैश्योचित वृत्तियों और उनके सम्बन्ध के नाना शिल्पों की उत्पत्ति हुई है। यजुर्वेद क्षत्रिय अर्थात् क्षात्र बल के कार्य करने वाले के उचित कर्त्तव्यों का उपदेश करता है। सामवेद ब्राह्मणोचित स्तुति उपासना का मूल कारण है। पूर्व के विद्वान् पूर्व के शिष्यों को ऐसा ही उपदेश करते थे।

(३) यमो वैवस्वतो राजा इत्याह । तस्य पितरो विशः । त इमे समासत इति स्थविरा उपसेमता भवन्ति । तानुपदिशति यजूंषि वेदः । सोयमिति ॥

यम वैवस्वत राजा है । उसकी प्रजाएं पितृगण, पालक जन हैं । वे ये लोग हैं । स्थविर, वृद्ध जन उपस्थित होते हैं । उनका यजुर्वेद है ।

यह उद्धरण भी यजुर्वेद को राजा प्रजा के राष्ट्र पालन के कर्त्तव्यों का उपदेश करने वाला वेद निश्चय कराते हैं ।

यजुर्वेद के शाखा भेद

शौनकीय चरणव्यूह के अनुसार—

(१) यजुर्वेदस्य षडशीतिर्भेदा भवन्ति । तत्र चरका नाम द्वादश भेदा भवन्ति । चरकाः, आह्वरकाः कठाः, प्राच्याः, प्राच्यकठाः, कपिष्ठलकठाः, चारायणीया, वारायणीया, वार्त्तान्तवीयाः, श्वेताश्वतराः, औपमन्यवः, पाताण्डिनीयाः, मैत्रायणीयाश्च ।

(२) तत्र मैत्रायणीया नाम षड् भेदाः भवन्ति । मानवा वाराहा दुन्दुभाश्च्छागलेया हारिद्रवीयाः श्यामायनीयाश्चेति ।

(३) तत्र तैत्तिरीयका नाम द्विभेदा भवन्ति । औखेयाः । खाण्डिकेयाश्चेति । तत्र खाण्डिकेयाः पञ्चभेदा भवन्ति कालेता शाट्यायनी हैरण्यकेशी भारद्वाजी आपस्तम्बी चेति ।

(४) तत्र प्राच्योदीच्यनैर्ऋत्यवाजसनेया नाम पञ्चदश भेदा भवन्ति, जाबाला, बोधायानाः, काण्वाः, माध्यंदिनेयाः, शाफेया स्तापनीयाः, कपोला, पौण्डरवत्साः, आवटिकाः परमावाटिकाः, पाराशराः, वैणेया अद्धा बौधेयाः ॥ *

---

* यजुर्वेदीय चरणव्यूह में—(१) तत्र मैत्रायणीयाः नाम सप्त भेदाः भवन्ति । मानवाः दुन्दुभाः चैकेयाः वाराहा हारिद्रवेयाः श्यामाः श्यामायनीयाश्च ।

अर्थ—यजुर्वेद को ८६ भेद होते है। उनमें चरकों के १२ भेद होते हैं (१) चरक, (२) आह्वरक (३) कठ (४) प्राच्य, (५) प्राच्यकठ, (६) कपिष्ठलकठ, (७) चारायणीय, (८) वारायणीय, (९) वार्त्तान्तवीय, (१०) श्वेताश्वतर (११) औपमन्यव, (१२) पाताण्डिनीय (१३) मैत्रायणीय। मैत्रायणीय के फिर छ भेद होते हैं (१) मानव, (२) वाराह, (३) दुन्दुभ, (४) छागलेय, (५) हारिद्रवीय, (६) श्यामायनीय। तैत्तिरीयो के मुख्य दो भेद हैं। औखेय और खाण्डिकेय। खाण्डिकेयो के पाच भेद कालेत, शाट्यायनी, हैरण्यकेशी, भारद्वाजी, आपस्तम्बी।

उनमे भी प्राच्य, उदीच्य, नैर्ऋत्य इन दिशा के वासी वाजसनेय शाखा के मानने वाले विद्वानो के भी १५ भेद होते हैं। वाजसनेय, जाबाल, बोधायन काण्व, मांध्यन्दिनेय, शाफेय, तापनीय, कपोल, आवटिक, परमावटिक, पाराशर, वैणेय, अद्ध और बौधेय।

इस प्रकार ८६ पहली और १५ ये सब मिलकर १०१ यजुर्वेद की शाखाएं हो जाती हैं। जैसा महाभाष्यकार पतञ्जलि ने लिखा है—"एकशतमध्वर्युशाखाः॥" अर्थात् १०१ शाखा यजुर्वेद की हैं, यह वचन पूर्ण हो जाता है।

यजुर्वेदीय चरणव्यूह में*—मैत्रायणीय के ७ भेद लिखे हैं। उसमें 'छागलेय' न पढकर श्याम और चैकेय दो शाखाओं को विशेष कहा है।

---

(२) तैत्तिरीयका नाम द्विभेदा भवन्ति। औख्याः खाण्डिकेयाश्चेति तत्र खाण्डिकेया नाम पञ्चभेदा भवन्ति। आपस्तम्बाः, बौधायनाः, सत्याषाढाः, हैरण्यकेशाः, काट्यायनाश्चेति। तत्र कठानमुपगानविशेषाश्चतुश्चत्वारिंशदुपग्रन्थाः।

(३) वाजसनेया नाम सप्तदशभेदा भवन्ति। जाबाला बौधेयाः काण्वा माध्यन्दिना. शापीया स्तापायनीयाः कापाला· पौण्ड्रवत्सा आवटिका परमावटिका वारायणीया वैधेया वैनेया औधेया गालवा वैजयाः कात्यायनीयाश्च।

और तैत्तिरीय खाण्डिकेय शाखा के आपस्तम्ब, बौधायन, सत्याषाढ, हैरण्यकेश, और कात्यायन ये पांच भेद लिखे हैं।

और वाजसनेयों के १७ भेद माने हैं। जिनमें बौधेय शापीय तापायनीय, औधेय, पौण्ड्र वत्स, वैधेय, वैनेय, आदि कुछ नाम अक्षरभेद से आये हैं और औधेय, गालव वैजय, कात्यायनीय ये नाम विशेष है।

परन्तु चरणव्यूह परिशिष्ट में भी १०१ शाखाओं को गिनाया नहीं गया है। जब इसकी तुलना अन्य चरण व्यूहों से करते हैं तो शाखाओं के नामों मे और भी अधिक भेद प्रतीत होता है। अथर्ववेद के परिशिष्टो मे विद्यमान चरणव्यूह में इस प्रकार लिखा है—

तत्र यजुर्वेदस्य चतुर्विंशतिर्भेदा भवन्ति। तद्यथा। काण्वाः। माध्यंदिना। जाबाला। शापेया। श्वेताः। श्वेततरा। ताम्रायणीया। पौर्णवत्साः। आवटिका। परमावटिका। हाप्या। धौप्या। खाडिका। आह्वरका। चरका। मैत्रा। मैत्राणीया। हारीतकर्णाः। शालायनीयाः। मर्चकठा। प्राच्यकठा। कपिष्ठलकठा। उपलाः। तैत्तिरीयाश्चेति।

जब इन तीनों चरणव्यूहों की तुलना करते हैं तो उनमे परस्पर बड़ा भेद है। अथर्व परि० चरणव्यूह में १२ भेद ही गिना कर छोड़ दिये हैं। इन नामों में से कुछ नाम शुक्ल शाखा के हैं और कुछ नाम कृष्ण शाखा के है। इससे कुछ निर्णय नहीं हो सकता कि ये शाखा भेद किस प्रकार हुए। शौनकीय चरणव्यूह परिशिष्ट के टीकाकार पण्डित महिदास ने 'नृसिंह पराशर' नाम ग्रन्थ का उद्धरण उठा कर कुछ अन्य शाखाओं का भी उल्लेख किया है जैसे—याज्ञवल्क्य, आपस्तम्ब, मूलघटक, बाणास सहवास गोत्रपण्डित, समानुज, गयावल, त्रिदण्ड आदि, देश और ग्राम भेद से नाना नाम हो गये। अग्निपुराण में लिखा है—

एकोनद्विसहस्रं तु मन्त्राणां यजुषस्तथा
शतानि दशविप्राणां षडशीतिश्च शाखिकाः ।
काण्व माध्यंदिनी संज्ञा कठी माध्यकठी तथा ।
मैत्रायणी च संज्ञा च तैत्तिरीयाभिधानिका
वैशम्पायनिकेत्याद्याः शाखा यजुषि संस्थिताः ॥

अर्थ—एक कम दो सहस्र यजुर्वेद में मन्त्र हैं तथा ८६ शाखाएं हैं १००० ब्राह्मण हैं। काण्व, माध्यंन्दिनी भी, माध्यकठी, मैत्रायणी, तैत्तिरीया, वैशम्पायनी इत्यादि यजुर्वेद की नाना शाखाए हैं।

विष्णु-भागवत पुराण में लिखा है—

तासां स चतुरः शिष्यानुपाहूय महामतिः ।
एकैकां संहितां ब्रह्मन्नेकैकस्मै ददौ विभुः ॥
पैलाय संहितामाद्यां बह्वृचाख्यामुवाच ह ।
वैशम्पायनसंज्ञाय निगदाख्यं यजुर्गणम् ॥
साम्नां जैमिनये प्राह तथा छंदोगसंहिताम् ।
अथर्वाङ्गिरसीं नाम स्वशिष्याय सुमन्तवे ॥

पराशर से सत्यवती में अंशांशकला से भगवान् ने उत्पन्न होकर वेद को चार प्रकार का किया। वर्ग २ मे ऋग्, यजु, साम, इनके राशियों को उद्धृत करके चार सहिताएं बनायी। उसने चार शिष्यों में से एक २ को एक २ सांहिता प्रदान की। पैल को बहवृच् नामक (ऋग्वेद) वैशम्पायन को निगद' नाम यजुर्वेद। सामों की छंदोग सहिता जैमिनी को और अपने शिष्य सुमन्तु को अथर्वांगिरसी नामक सांहिता दी। आगे यजुर्वेद के विषय में लिखा है—

वैशम्पायनशिष्या वै चरकाध्वर्यवोऽभवन् ।
यच्चेरुर्ब्रह्महत्यांहः क्षपणं स्वगुरोर्व्रतम् ॥

वैशम्पायन के शिष्य चरकाध्वर्यव थे। जिन्होंने अपने गुरु के लिये ब्रह्महत्या के पाप के निमित्त प्रायश्चित्त का आचरण किया इसी से वे 'चरकाध्वर्यु कहाये।

इस सम्बन्ध मे प्राय. सभी पुराणों में इस कथा को इस प्रकार से वर्णन किया है कि ब्रह्महत्या के निमित्त वैशम्पायन के शिष्य याज्ञवल्क्य ने अहंकारपूर्वक कहा कि मैं ही समस्त व्रताचरण कर लूंगा और ये शिष्य तो 'अल्पसार' हैं इस पर गुरु वैशम्पायन ने क्रुद्ध होकर अपनी पढ़ायी समस्त विद्या माग ली। याज्ञवल्क्य ने वह सब वमन कर दी। और उसके अन्य शिष्य मुनियो ने तित्तिरि पक्षी बनकर, लोलुप होकर उस वमन को लिया। याज्ञवल्क्यने उसके पश्चात् आदित्य की उपासना करके यजुंगण को प्राप्त किया। इस सम्बन्ध में भागवत (का० १२ अ० ६। ७३, ७४ ॥) में लिखा है—

> एवं स्तुतः स भगवान् वाजिरूपधरो हरिः
> यजूंष्ययातयामानि मुनयेऽदात् प्रसादितः।
> यजुर्भिरकरोच्छाखा दश पञ्च शतैर्विभुः।
> जगृहुर्वाजसंन्यस्ता काण्वमाध्यन्दिनादयः॥

इस प्रकार स्तुति करने से प्रसन्न होकर वाजि'रूप धर कर हरि (सूर्य) ने याज्ञवल्क्य मुनि को 'अयातयाम यजुर्गण' प्रदान किये। सैकड़ों यजुषो से उस विद्वान् ने १५ शाखाएं कीं। 'वाज' अर्थात् केसरों या रश्मियो या वेग से प्रदान की उन शाखाओं को काण्व मध्यन्दिन आदि विद्वानों ने ग्रहण किया।

भागवत के इस लेख के समान ही प्राय अन्य पुराणों भी लेख हैं याज्ञवल्क्य का गुरु से पृथक् होकर सूर्य से यजुर्वेद को प्राप्त करने की कथा प्राय सर्वत्र समान रूप से मिलती है। इससे कुछ पुराणों के अनु-

सार ये परिणाम निकल सकते हैं। (१) याज्ञवल्क्य द्वारा प्राप्त यह यजुर्व- व्यासद्वारा व्यस्त यजुर्वेद से अवश्य पृथक् हो। अर्थात् वैशम्पायन को व्यास ने वह यजुर्वेद नहीं पढ़ाया हो। (२) व्यास और वैशम्पायन के पूर्व भी यजुर्वेद स्वतन्त्र रूप से शुद्ध विद्यमान हो। और (३) व्यास के अतिरिक्त भी यजुर्वेद अन्य विद्वानों के पास विद्यमान हो।

पुराणों की कथा मे यजुर्वेद इस चमकते रवि की उपासना से प्राप्त हुआ यह अन्ध-विश्वास बहुत प्रबल है। हमें यह बुद्धिविरुद्ध प्रतीत होता है। इस अन्ध विश्वास को अन्य पुराणों ने भी विचित्र २ प्रकार से पुष्ट किया है। जैसे वायु और ब्रह्माण्ड पुराण (अ० ६१) में लिखा है—

> तत. स ध्यानमास्थाय सूर्यमाराधयद् द्विज
> सूर्यब्रह्म यदुच्छिन्नं खं गत्वा प्रतितिष्ठति
> ततो यानि गतान्यूर्ध्वं यजूंष्यादित्यमण्डले।
> तानि तस्मै ददौ तुष्ट सूर्यो वै ब्रह्मरातये॥

याज्ञवल्क्य ने ध्यान लगा कर सूर्य की आराधना की। और 'सूर्य' वेद जो उस समय लुप्त होकर केवल आकाश मे ही विद्यमान था उनमे २ जो यजुः ऊपर सूर्य में चले गये थे वे ही सूर्य ने प्रसन्न होकर ब्रह्मराति अर्थात् याज्ञवल्क्य को प्रदान किये।

यह कल्पना केवल इस शंका को निवारण करने के लिये की गयी है कि जड़ सूर्य मे से यजुर्गण कैसे निकले और वहां आये कहा से ? इ भी एक शका उठती है कि सूर्य ने याज्ञवल्क्य को किस प्रकार उपदेश किये। इसके समाधान के लिये पुराणकारों ने यह कल्पना की है कि सूर्य स्वयं अश्व का रूप होकर आया और उसने अश्व रूप से याज्ञवल्क्य को वे का उपदेश कर दिया। जैसा श्रीधर ने भागवत के 'जगृहुर्वाजसन्यस्ता. पद के व्याख्यान मे लिखा है—जगृहुः अधीतवन्त रविणा अश्वरूपेण

कहिये वेदों की यह हत्या या ब्रह्महत्या ही हो गयी थी। समस्त ऋषियों के सामने यह विचारणीय समस्या उपस्थित हुई कि पुन इस दोष को कैसे हटाया जाय। योगी याज्ञवल्क्य ने पुन शुद्ध संहिता प्राप्त करने का भगीरथ यत्न किया हो, इस मत भेद से ही उसने कदाचित् वैशम्पायन कुल को छोड़कर वाजसनेय ऋषि के कुल में दीक्षा ली हो।

तित्तिरिवरतन्तुखण्डिकोखाच्छण् ॥ पा० ४। ३। १०२ ॥

तित्तिरि आदि शब्दों से 'तेन प्रोक्तम् अधीयते' इस अर्थ में 'छण्' ... होता है। तित्तिरिणा प्रोक्तमधीयते तैत्तिरीया। तित्तिरि ...चार्य से कहे प्रवचन को पढ़ने वाले छात्र तैत्तिरीय कहाये और वह ...चन 'तैत्तिरीय' कहाया। इसी प्रकार पाणिनि ने अन्य भी कई आचार्यों ...ता दिया है। जैसे—शौनकादिभ्यश्छन्दसि पा० ४। ३। १०६ इस ... के शौनकादिगण में शौनक, वाजसनेय (साङ्गरव) शार्गरव, ...य, (सावेय) शाप्पेय शाखेय, खाडायन, स्तम्भ (स्कन्ध) देवदर्शन

(देवदत्तशठ रज्जुभार रज्जुकण्ठ कठशाठ (कशाय) कषाय, तल (तलवकार) तण्ड, पुरुपासक पुरुपासक) अश्वपेज (अश्वपेज) * ये नाम भी परिगणित हैं। इनमें वाजसनेय' ऋषि का नाम है। उसके शिष्य वाजसनेयी कहाते हैं। इससे अश्वरूप सूर्य से याज्ञवल्क्य ने यजुषों को ग्रहण किया इत्यादि कल्पना वाजसनेय' होने में असत्य प्रतीत होती है। शापेय, खाडायन, तलवकार आदिशाखा कारों के नाम भी स्पष्ट हैं।

पाणिनीय सम्प्रदाय में प्रसिद्ध यह बात है कि—

(१) वैशम्पायन के ९ शिष्य थे आलम्बि, पलङ्ग या फलिंग, कमल ऋचाभ, आरुणि, तारड्य, श्यामायन, कठ, कलापी ।

(२) कलापि के चार शिष्य थे हरिद्रु छगली, उलप, और तुम्बुरु ।

(३) चरक वैशम्पायन काही नाम था।

इन नामों में याज्ञवल्क्य का कोई नाम नहीं आता। याज्ञवल्क्य अति प्राचीन प्रतीत होता है। याज्ञवल्क्य प्रोक्त ब्राह्मण शतपथ भी प्राचीन प्रतीत होता है। चाहे काशिका कारने याज्ञवल्क्य को प्राचीन ब्राह्मणकारों से अर्वाचीन माना है। परन्तु महाभाष्यकारने याज्ञवल्क्य को प्राचीन ब्राह्मणकार के तुल्यकाल ही माना है। फलतः शुक्ल और कृष्ण नाम होने का कोई अन्य ही कारण है।

सर मोनियर विलियम ने अपने प्रसिद्ध कोश में कृष्ण, शुक्ल होने का यह कारण लिखा है कि कृष्ण यजुर्वेद ब्राह्मण भागों से मिश्रित होने से वह 'कृष्ण' है और यजुर्वेद में ऐसा न होकर शुद्ध मन्त्र संहिता है अतः 'शुक्ल' है। इस कथन में भी हमें बहुत गहराई नहीं पता लगती। एक यह भी विचार है कि वेदव्यास 'कृष्ण' द्वैपायन कहाते थे। उनका नाम कृष्ण' था उस नाम से ही कदाचित् उनकी शिष्यपरम्परा में प्रसिद्ध वेदशाखा

* कोष्ठगत नाम काशिकाभिमत हैं। और साथ के दीक्षिताभिमत हैं।

कृष्ण शाखा है और इससे इतर वाजसनेय शिष्यपरम्परा में प्रसिद्ध वेद शुक्ल शाखा हैं। पुराणों ने जो लिखा है कि याज्ञवल्क्य ने सूर्य से उन यजुर्गण को प्राप्त किया 'यानि वेत्ति न तद् गुरुः' जिनको उनका गुरु नहीं जानता था महिदास पण्डित ने इसका भी यही भाव लिया है कि तेषां व्या सेनानुपदिष्टत्वात् इति भावः। अर्थात् उनको व्यास ने उपदेश नहीं किया। उक्त पण्डित ने शुक्ल और कृष्ण होने का एक कारण यह भी बतलाया है।

वेदोपक्रमणे चतुर्दशी पौर्णिमाग्रहणात् शुक्लयजुः।
प्रतिपदायुक्तपौर्णिमाग्रहणात्कृष्णयजुः॥

अर्थात् वेदोपक्रम कार्य में चतुर्दशी को पूनम मानने से वे शुक्ल यजु कहाये और प्रतिपत् से युक्त पूनम मान लेने से दूसरों के कृष्ण यजु कहाये। परन्तु यह कारण तुच्छ एवं एकदेशी है। ब्राह्मण ग्रन्थों में 'शुक्ल' और 'कृष्ण' के सम्बन्धी नीचे लिखे उद्धरण प्राप्त होते हैं वे भी इस विषय पर कुछ प्रकाश डाल सकते हैं।

(१) तद् यच्छुक्लं तद् वाचो रूपम्। ऋचो अग्नेर्मृत्योः। सा या सा वाग् ऋक् सा। अथ योऽग्निर्मृत्युः सः। अथ यत्कृष्णं तदपां रूपम् अन्नस्य मनसः यजुष ॥ तद्यास्ता आपोऽन्नं तत्। अथ यन्मनो यजुस्तत्। जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण १। २५॥

जो शुक्ल है वह वाणी का रूप है। ऋक् और मृत्यु का भी श्वेत रूप हैं। वाणी ही ऋक है। अग्नि मृत्यु है। कृष्ण रूप जलों का अन्न और मन का है। आपः भी अन्न है, मन यजु है। यह 'कृष्ण' और 'शुक्ल' का आध्यात्मिक विवरण है। अध्यात्म में वाणी शुक्ल है और मानस संकल्प कृष्ण है। 'आप' ये अन्न हैं, अर्थात् जिस प्रकार शरीर में मानस बल ही अन्न के बने शरीर मे क्रियाऽऽधान करता है और उसी प्रकार वेदवाणियों को यजुर्वेद ही कर्मकाण्ड मे नियुक्त करता है।

(२) यज्ञो हि कृष्णः । स यः स यज्ञः । तत्कृष्णाजिनम् ॥ यज्ञ ही कृष्ण है । यज्ञ कृष्णाजिन हैं । इस संकेत से भी कदाचित् यज्ञ में विनियुक्त यजुर्वेद को 'कृष्ण यजुर्वेद' कहा गया हो । और यजुर्वेद की शुद्ध संहिता को शुक्ल कहा गया हो ।

(२) असौ वा आदित्यः शुक्रः । श० ६ । ४ । २ । २१ ॥ एष वै शुक्रो य एष तपति । शत० ४ । ३ । १ । २६ ॥ आदित्य ही शुक्र है । शुक्र वह है जो यह तप रहा है ।

(३) तत्र ह्यादित्यः शुक्रश्चरति । आदित्य शुक्र रूप होकर विचरता है । इससे आदित्य 'शुक्र' होने से आदित्य से प्राप्त यजुर्गण शुक्र या 'शुक्ल यजु' कहाये ।

आदित्य को परमेश्वर का वेदमयस्वरूप हम पहले लिखे आये हैं । शुद्ध यजुर्वेद परमेश्वर से ही प्राप्त हुआ है इस कारण इस का नाम 'वाजसनेय' संहिता है । इस विषय पर प्रकाश डालने वाली नीचे लिखी ऋचा है जो ऋग्वेद अथर्व वेद दोनों में समान रूप से है ।

यदा वाजमसनद् विश्वरूपमा द्यामरुक्षदुत्तराणि सद्म ॥
बृहस्पतिं वृषभं वर्धयन्तो नाना सन्तो बिभ्रतो ज्योतिरासा ॥

ऋ० १० । ६७ । १० ॥

जब बृहस्पति विद्वान्, वेदज्ञ पुरुष 'विश्वरूप वाज' परमेश्वर के विश्वमय ज्ञान, वेद को प्राप्त करता है और वह तेजोमय मोक्ष या उत्कृष्ट पदों को प्राप्त करता है तब उस पर मेघ के समान ज्ञान के प्रदान करने वाले उस 'बृहस्पति' विद्वान् पुरुष को नाना प्रकार से (आसा ज्योतिर्बिभ्रतः) मुख से ज्ञानरूप ज्योति को धारण करते हुए नाना विद्वान् पुरुष (वर्धयन्त) उसकी ही महिमा को बढाते हैं । यहां बृहस्पति शब्द आचार्य और परमेश्वर दोनों का वाचक हो सकता है ।

इस मन्त्र में विद्वान् आचार्य एवं परमेश्वर का उच्च पदपर विराजना और उससे ज्ञान प्राप्त करने वाले विद्वानों का उसकी विद्या को फैलाने का वर्णन प्रतीत होता है। पूर्ण वेदमय ज्ञान को 'विश्वरूप वाज' शब्द से कहा प्रतीत होता है। जो विद्वान् उस वाज को स्वय प्राप्त करे और दूसरो को सम्भाग करे, वितरण करे वह विद्वान् वेद के अनुसार 'वाजसन' कहावेगा उसके शिष्य वाजसनेय कहवेंगे। इस समाख्या से गुरुपरम्परा से परमेश्वर (आदित्य) से प्राप्त शुद्ध यजुर्वेद यह शुक्ल यजुर्वेद है इसमे सदेह नहीं है। यज्ञ क्रियाओ मे विनियुक्त हो जाने पर ब्राह्मणादि प्रवचनो से सयुक्त अन्य शाखा यज्ञमय होने मे कृष्ण कहाई ऐसा प्रतीत होता है। अभी यह विषय और भी अधिक अनुशीलन चाहता है। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने इस पर कुछ भी प्रकाश नही डाला।

शाखा नामो की तुलना से भी हम इस परिणाम पर पहुचते हैं कि परस्पर मे नामो का कोई मेल नही है। शुद्ध नाम भी नहीं मिलते। इन शब्दो के शुद्ध रूपों की आशा केवल व्याकरण से तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में आये नामों से हो सकती है। परन्तु सब के वर्णन में एकता नहीं हैं। चरणव्यूहों तक मे भेद है। एक चरणव्यूह मे वाजसनेय शाखा के १५ भेद हैं तो दूसरे मे १७ भेद हैं। इसी प्रकार अन्यो में भी भेद है।

कठों की विशेष शाखाएं

कठों की भिन्न २ शाखाओं का उल्लेख नही है। तो भी इतना संकेत मिलता है कि—

"कठानां पुनर्यान्याहुः चत्वारिंशच्चतुर्युतान् ॥"

अर्थात् कठो के ४४ उपग्रन्थ कहे हैं। उनका कुछ पता नहीं चलता इसी सम्बन्ध में वेदो के निष्णात श्रीपाद दामोदर जी सातवलेकर ने स्वप्रकाशित

यजुर्वेद की भूमिका में लिखा है 'तत्र कठानां चतुश्चत्वारिंशदुपग्रन्थाः' इस चरण व्यूह के लेख से इनको भी शाखा ही समझा है। और उनका लेखन न होने से उनको गणना के अयोग्य बतलाया है। परन्तु पण्डित महिदास ने कठों के ४४ उपग्रन्थो को ४४ अध्याय स्वीकार किया है। फलत. उनके यजु संहिता में ४४ अध्याय थे। ऐसा प्रतीत होता है। अब तो केवल पांच संहिताएं ही प्राप्त होती हैं।

(१) काठक सहिता (२) मैत्रायणी संहिता। (३) तैत्तिरीय संहिता। (४) वाजसनेय माध्यंदिन संहिता। और (५) काण्व संहिता। इन पाचो में से पहली तीनो की रचना समान है। और तीनो ब्राह्मण भाग से युक्त हैं। शेष दो काण्व और माध्यदिन दोनों बहुत अधिक समान है परन्तु तो भी इन दोनों मे मन्त्रों की न्यूनाधिकता पाठ, क्रम, प्रवचन आदि मे भेद है। इसी प्रकार वाजसनेय सहिता के माध्यंदिनी और काण्व शाखाओं में भेद है। परन्तु यह भेद बहुत भेद नही है। दोनो पर एक ही सर्वानुक्रम सूत्र है। दोनों का एक ही शतपथ ब्राह्मण है। शाखा भेद से ब्राह्मण-संहिताओ मे भी यत्किञ्चित् भेद है।

निगद् और अयातयाम

अब प्रश्न यह है कि क्या वैशम्पायन को महर्षि व्यास ने जिस यजुर्वेद का उपदेश किया वह भिन्न था और याज्ञवल्क्य ने जो यजुर्गण आदित्य से प्राप्त किये वे भिन्न थे? यदि दोनो के भेद था तो दो यजुर्वेद सिद्ध होते है। परन्तु वेद ईश्वरोक्त होने से उनको दो नही माना जा सकता। हमारा अपना विचार है कि दोनों यजुर्वेद एक ही थे। कथाकारो ने स्पष्ट लिखा है।

वैशम्पायनसंज्ञाय निगदाख्यं यजुर्गणम् ॥

अर्थात् वैशम्पायन को 'निगद' नाम यजुर्वेद दिया। 'निगद' का

अर्थ शुद्ध 'मन्त्र पाठ' है। यास्क को जहां मन्त्र की विशेष व्याख्या नहीं लिखनी होती वहां वह 'निगदेनैव व्याख्याता' लिखकर छोड़ देता है। महाभाष्यकार भी 'निगद' शब्द को केवल मन्त्र पाठ के लिये प्रयुक्त करते हैं।

यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्।

पातञ्जलमहाभाष्ये पस्पशान्हिके।

'बिना समझे केवल जो वेदपाठमात्र पढ़ा जाता है वह बिना जले काष्ठ के समान कभी विद्या का प्रकाश नहीं होता इस वेदज्ञान के लिये व्याकरणादि अंगों का पढ़ना आवश्यक है।' हमारी पूर्व विवेचना से यह भी स्पष्ट है कि चरक वैशम्पायन का निज नाम था। उसको व्यासदेव कृष्ण ने शुद्ध यजुर्मन्त्रों का उपदेश किया यह स्पष्ट है। परन्तु यज्ञ में विनियुक्त करके ब्राह्मण से संवलित हो जाने पर पुनः वही कृष्ण' द्वैपायनप्रोक्त मन्त्र पाठ शुद्ध नहीं रहा। पुन. याज्ञवल्क्य की गुरु परम्परा में वह शुद्ध पाठ युक्त यजुर्वेद था वह बाद में भी बराबर शुद्ध मन्त्र मात्र ही रहा। इसलिये वह ही अभी तक यजुर्वेद माना जाता रहा है। महर्षि दयानन्द ने भी इसी कारण से उसी शाखा को शुद्ध यजुर्वेद स्वीकार किया है। ऐसा प्रतीत होता है।

याज्ञवल्क्य ने 'अयातयाम' यजुषों को प्राप्त किया इसका तात्पर्य यह है कि यजुष् इतने शुद्ध यजुष् थे कि मानों जिनको अभी एक प्रहर भी नहीं बीता हो। अर्थात् 'सदा से रहनेवाले', जो कभी पुरातन न हों, ऐसे सारवान् जिनका ज्ञानरस कभी क्षीण न हो।

भागवत के भाष्यकार श्रीधरस्वामी ने 'अयातयामानि' का अर्थ 'अयथावदविज्ञातानि' किया है, अर्थात् जिनका अन्य विद्वानों ने उस समय ठीक प्रकार से ज्ञान नहीं किया था।

वाजसनेय शाखानामों की तुलना

चरणव्यूह (यजु)	चरणव्यूह (शौनक)	चरणव्यूह (अथर्व)	विष्णु पु०	ब्रह्माण्ड पु०	हेमाद्रि	वायु०
वाजसनेया:	वाजसनेया:		वाजसनेया:			
जाबाला	जाबाला.	जाबाला:	जाबाला:	जाबाला:	जाबाला:	
	बौद्धायना:		बौधायनीया	बौद्धका:	बौधायनीया:	
काण्वा:	काण्वा:	काण्वा	काण्वा:	कण्वा:	काण्वा:	काण्वा·
माध्यंदिना:	माध्यंदिनेया:	माध्यंदिना:	माध्यंदिना'	मध्यंदिना:	माध्यंदिना:	मध्यंदिना·
शापीया:	शाफेया:	शापेया.	शापेया:	शापेयी:	शापेया.	
तापायनीया:	तापनीया:			तापनीया:		
कापाला:	कपोला·	कपाला:	कपाला:		कपाला	
पौण्ड्रवत्सा:	पौण्डरवत्सा:	पौर्णवत्सा:	पौण्ड्रवा:		पौण्डवा:	
आवटिका	आवटिका	आवटिका:	रसारविका:	आरविका:	रसारविका:	आटविका:
परमावटिका:	परमावटिका:	परमावटिका:	परमारविका:		परमारतिका:	
पाराशरीया:	पाराशरा:		पाराशरा:		पाराशरा:	
वैनेया:	वैणेया:					
	श्रद्धा:		श्रद्धा:	श्रद्धा:	श्रद्ध्या	

बौधेयाः	बौध्रेयाः		बौधेयाः	वैधेया.	बोधेयाः	वैधयाः
गालवा				गालवा'		गालवाः
वैजया						
श्रौवेया.						
कात्यायनीयाः						
		ताम्रायणीया'		ताम्रायणा'		ताम्रायणा.
						शालिन
						विदिग्धा
						उद्दला
				वात्सा		वात्स्या.
						शैपिरी
						पर्णा
						वीरणी
						परायणा
				केनका	सुपायिनः	शप्या
					प्रयोध्या.	
					शयोधेया.	

वाजसनेयों की सारणी देखने से प्रतीत होता है कि नामों में बड़ा भेद हैं। जाबाल सर्वत्र है। बौद्धायन, बौधायन, बौद्धक, बौधायनीय इतने नाम भेद हैं। जिनमें शुद्ध नाम बोधायन, प्राप्त होता है। इसके श्रौतसूत्र, धर्मसूत्र, गृह्यसूत्र भी मिलते हैं। काण्वशाखा भी सर्वत्र समान है इस शाखा, की संहिता, सर्वानुक्रम, तथा ब्राह्मण भी प्राप्त है। शापीय शाफेय, शापेय, शापेयी ये नाम उपलब्ध होते हैं। शौनकादिगण में 'शापेय' और 'सावेय' दोनों नाम उपलब्ध होते हैं। तापायनीय, तापनीय दोनों नाम हैं। कपाला', कपोलाः दोनों नाम प्राप्त हैं। सम्भवतः ये कलापी की प्रोक्त कालाप शाखा है जिसके अध्येता 'कालाप' कहाते थे। कलापी की वैशम्पायन के शिष्यों में गणना है। आवटिक, और आटविक और अटवी तीनों नाम प्राप्त हैं 'रसारविक' यह विकृत नाम भी मिलता है। इसी प्रकार परमावटिक परमारविक दोनों नाम मिलते हैं। सम्भवतः परमाटविक नाम शुद्ध हैं। अटवीका अर्थ अरण्य है। स्यात् आरण्यकाध्यायी आटविक परमाटविक कहाते हों। 'ट' और 'र' के लेखसाम्य से पाठ भेद होकर परमारविक भी कहा गये हों। पराशर सर्वत्र समान है। अद्ध और 'ऋद्ध' दोनों मे अ और ऋ वर्णलिपि के समानता से बदले दीखते हैं। बौधेय, बोधेय' वैधेय भी इसी प्रकार हैं। गालव केवल एक चरणव्यूह और ब्रह्माण्ड और वायु पु० में मिलते हैं। वैजव केवल एक चरणव्यूह में हैं। औधेय और कात्यायन भी एक ही में है। कात्यायनीय श्रौत और गृह्यसूत्र मिलते हैं। 'ताम्रयणीय' भी तीन स्थानों पर प्राप्त हैं। केवल' शाखा एक स्थान में वत्स और वात्स्य ब्रह्माण्ड और वायु पु० में ही है। शालीन, विदिग्ध, उद्दल, शौषिरी पर्णी वीरणी परायण, और अप्य ये केवल वायु पु० में मिलते हैं। जिनमे उद्दल उद्दालकोक्त शाखा प्रतीत होती हैं। वंश ब्राह्मण में उद्दालक अरुण का शिष्य है। 'शिरीष' कुमुदादिगण और वराहादिगण (पा० ४।२।८०) में पठित है। विदग्ध या विजग्ध भी वराहादिगण में पठित है। शौरषि और शैपिरी एक ही हैं, वर्णव्यत्यय हो गया है। शिशिर शब्द का इससे

कोई सम्बन्ध नहीं। पर्णी, और वरणा दोनो शब्द वरणादिगण (पा० ४।२।८२॥) में पढ़े हैं। हेमाद्रिप्रोक्त ऋद्ध्य अयोध्य, अयोधेय, शब्द हैं इनमें से भी योधेयादि गण में यौधेय शब्द पठित हैं। इस गण पाठ से यद्यपि हम विशेष कोई परिणाम नहीं निकाल सकते परन्तु क्योंकि इनमें बहुत से प्राचीन आर्ष नाम भी पढ़े हैं इस सहयोग से सम्भवत ये शब्द शाखाकारों के मूल नाम हों। यही विकृत होकर स्थान २ पर दीखते हैं ऐसा विचार उत्पन्न होता है। अगले गवेषणाचतुर विद्वान् इससे कोई विशेष स्थिर परिणाम प्राप्त करें।

अभीतक शुक्ल शाखाओं के विषय में यह विचार प्राय देखने में आता है कि याज्ञवल्क्य के ही १५ शिष्यों नें १५ शाखाएं चलादी हैं। परन्तु हमें यह विचार बहुत अधिक महत्व का नहीं जंचता है। हमारे विचार में इन समस्त शाखाकारो का याज्ञवल्क्य से कोई सीधा साक्षात् सम्बन्ध नहीं हैं। वे कदाचित् उसके एक कालिक शिष्य भी नहीं थे। क्योंकि शतपथ के वंशब्राह्मण में बहुत से शाखाकारों के नाम आते हैं जैसे याज्ञवल्क्य जिसका दूसरा नाम वाजसनेय भी कहा जाता है वह स्वयं उद्दालक का शिष्य है। उसका शिष्य आसुरि है। उद्दालक की प्रवर्त्तित शाखा का उल्लेख 'उद्दल' नाम से वायु पुराण में प्राप्त है। याज्ञवल्क्य से ६ पीढ़ी पूर्व वाजश्रवा नाम गुरु हैं। कदाचित् उनका दूसरा वाजसन' नाम हो इससे भी इस शाखा का नाम वाजसनेय चलना सम्भव है। इस वंश के सब से प्रथम गुरु 'आदित्य' का नाम है इससे ये 'आदित्य' स प्राप्त यजुर्वेद कहे जाते हैं। शिष्य परम्परा से अनन्त शिष्यों के पास पहुंच कर भी उनका ज्ञानरस वैसा का वैसा ही सारिष्ठ रहा इससे 'अयातयाम' कहाये। 'पाराशर' एक शाखाध्यायी हैं। परन्तु वंशब्राह्मण में पाराशरीपुत्र वार्कारुणीपुत्र के शिष्य और भारद्वाजीपुत्र के गुरु हैं। इसी प्रकार ब्रह्माण्डपुराण मे 'वत्स' और वायु पु० में वात्स्य शाखा का नाम लिखता है भारद्वाजीपुत्र का शिष्य वात्सीपुत्र था। इसी प्रकार द्वितीय वंशब्राह्मण में शाण्डिल्य का शिष्य वात्स्य है। और जातुकर्ण्य का पाराशर्य है। चरणव्यूह, ब्रह्माण्ड और वायु

में गालव शाखा का नाम लिखा है। वंश ब्राह्मण में विदर्भी कौरिडन्य का शिष्य गालव है। बौद्धायन, बोधायन, आदि का प्राय सभी ने उल्लेख किया है। वशब्राह्मण (१) में शालकायनी पुत्र का शिष्य बोधी पुत्र है। इसी प्रकार यदि सभी अन्य शिष्य परम्पराओ का पता लग जाय तो और शाखाओं के प्रवर्त्तकों का विवरण भी स्पष्ट हो सकता है।

मैत्रायणीय के ७ भेद

चरणव्यूह (यजुः)	चरणव्यूह (शौनकः)	चरणव्यूह अथर्व	विष्णु०	वायु०
मानव	मानव		मानव	
वाराह	वाराह		वाराह	
दुन्दुभ	दुन्दुभ		दुन्दुभ	
छागलेय			छागेय	
हारिदवीय	हारिद्रवेय	हारीतकर्णी	हारिद्रवीय	
श्यमायनीय	श्यामायनीय		श्यामायनीय	श्यामायनि
	श्याम		श्याम	
	चैकेय			

मानव, वाराह, दुन्दुभ हारिद्रवाय, श्यामयनीय, ये शाखा सर्वत्र समान हैं। छागलेय का दूसरा नाम छागेय हैं। छगलिनो ढिनुक्। पा० ४। ३। १०९॥ में 'छागलेयिनः' ऐसा पाणिनिसिद्ध प्रयोग शाखाध्यायी शिष्यों के लिये आता है। छगली, कलापी के चार शिष्यों मे से एक है। श्यामायन वैशम्पायन के शिष्यों में है, उसके शिष्य 'श्यामायनी' कहाये हैं। हरिद्रवीयों का पूर्व भी लिख आये हैं। उसका ब्राह्मणों में वर्णन आता है। अथर्व चरणव्यूह मे 'हारितकर्णी' लिखा है। यह वंश ब्राह्मण मे भारद्वाजी-पुत्र का शिष्य हारीतकर्णी पुत्र है। श्याम शाखा का उल्लेख यजु० चरणव्यूह और विष्णु पु० ने किया है। चैकेय भी अज्ञात सा नाम है।

चरक शाखा के द्वादश भेद

चरणव्यूह (यजु)	चरणव्यूह शौनक	चरणव्यूह अथर्व	विष्णु०	वायु०	ब्रह्माण्ड	हेमाद्रि
चरका.	चरका	चरका'	चरकाः	चरका.		चरकाः
आह्वरका'	आह्वरकाः	आह्वरकाः				छरका
कठा'	कठा		कठा			कठा
प्राच्यकठा.	प्राच्यकठा'	प्राच्यकठा:	प्राच्यकठा			प्राच्यकठाः
कपिष्ठलकठा'	कपिष्ठलकठाः	कपिष्ठलकठाः	कपिष्ठलकठाः			कपिष्ठलकठाः
चारायणीया	चारायणीयाः					नारायणीयाः
वारायणीयाः	वारायणीयाः					श्वेताश्वतराः
वार्त्तान्तवेया'	वार्त्तान्तवीयाः	श्वेततराः	श्वेताश्वतराः			
श्वेताश्वतरा.	श्वेताश्वतरा.					
औपमन्यवा	औपमन्यवा'					मैत्रायणा
पाताण्डिनीया.	पाताण्डनीया		मत्रायणाः			हारिद्रवीयाः
मैत्रायणीया.	मैत्रायणीयाः	मैत्रायणीया				श्वेता.

इन नामों में बहुत कम भेद है। हेमाद्रि ने 'छरकाः' लिखा है। पं० महीदास ने चरकाध्वर्युओं को वरकाध्वर्यु इस नामान्तर से भी लिखा है। हेमाद्रि ने नारायणीय नामान्तर दिया हैं। वरतन्तु से 'वारतन्तवीय' शब्द व्युत्पन्न होता है। चरणव्यूहों में यह शब्द विकृत कर दिया है। 'चारायण' आचार्य का नाम प्राचीन अर्थशास्त्रो में उपलब्ध होता हैं। कठ वैशम्पायन के साक्षात् शिष्य थे। पाणिनि सम्प्रदायने वैशम्पायन को ही चरक माना है।उसके ६ शिष्य माने हैं। आलम्बि, पलङ्ग, कमल, ऋचाभ, आरुणि, ताण्ड्य श्यामायन कठ और कलापी। प्रचलित इन १२ नायों में केवल कठ और चरक का पता चलता है। बाकी सब वैश्यम्पायन के साक्षात् शिष्य नहीं हैं। वरतन्तु सम्प्रदाय का नाम चरकों में हैं परन्तु वह न वैशम्पायन के शिष्यों में और न कलापी के शिष्यों में हैं। वे स्वतन्त्र आचार्य प्रतीत होते हैं। वारायणीय को हेमाद्रि ने नारायणीय लिखा है। इस नाम से यजुर्वेद का पुरुष सूक्त और उस का अगले अध्याय के द्रष्टा ऋषि नारायण हैं। और तैत्तिरीयारण्यक में नारायणोपनिषत् भी हैं। कदाचित् वही इस शाखा के प्रवर्तक हों। श्वेताश्वतर शाखा की इसी नाम से उपनिषद् प्राप्त है। निरुक्तकार यास्कने औपमन्यव का उल्लेख किया है। पातण्डिनीय या पाताण्डनीय यह नाम विकृत हैं। वैशम्पायन के नव शिष्यो में ताण्ड्य का नाम हैं। इसके शिष्य ताण्डिन्' कहाते हैं। अग्नि पुराण ने एक वैशम्पायनी शाखा का भी स्वीकार किया है। 'मैत्रा-यणी' शाखा की संहिता उपलब्ध है। आह्वरक शाखा का पता नहीं चला। कठ वैशम्पायन के शिष्य प्रसिद्ध हैं। देशभेद से प्राच्यकठ और गोत्र भेद से कपिष्ठल कठों का भेद हुआ है। हरिद्रु कलापी का शिष्य है। उससे हारिद्रवीय शाखा चली, इसका उल्लेख हेमाद्रि ने किया है।

तैत्तिरीयों के शाखा-भेद

तैत्तिरीयों के मुख्य दो भेद हैं। औखेय और खाण्डिकेय। पाणिनि ने तित्तिरि वरतन्तु और खण्डिक, उख इन चारों का नाम एकही स्थान पर रख दिया है। तित्तिरिवरतन्तुखण्डिको खाच्छण्। वे चारों स्वतन्त्र आचार्य प्रतीत होते हैं। तित्तिरि के शिष्य तैत्तिरीय, खण्डिक के शिष्य खाण्डिकीय और उख के शिष्य औखीय और वरतन्तु के 'वारतन्तवीय' कहाते हैं। तित्तिरि वैशम्पायन के शिष्य नहीं थे। फिर उनकी शाखा कृष्ण क्यों कहाई यह विचारणीय है।

खाण्डिकेयों के पांच भेद

चरणव्यूह (यजुः)	चरणव्यूह (शौनकः)	विष्णु
कालेता		कोलया
शाट्यायनी	काट्यायनाः	
हैरण्यकेशी	हैरण्यकेशा	हिरण्यकेशाः
भारद्वाजी		भारद्वाजाः
आपस्तम्बी	आपस्तम्बाः	आपस्तम्बा.
	बौधायनाः	बोधायनीयाः
	सत्याषाढा	

खाण्डिकेयो के पांच भेद हैं आपस्तम्ब, बौधायन, सत्याषाढ, हिरण्य केश और काट्यायन आपस्तम्ब मुनिप्रोक्त धर्म, गृह्य और श्रौत सूत्र और यज्ञ परिभाषा सूत्र उपलब्ध है। परन्तु वाजसनयो में भी एक बौद्धायन और 'बौधेय' नाम आते हैं। वंशब्राह्मण में सालकायनीपुत्र का

शिष्य बौधीपुत्र मिलता है। हिरण्यकेशी संहिता प्राप्त है। इस शाखा के मानने वाले मिलते हैं। मानव गृह्यसूत्र हिरण्यकेशीय शाखा के हैं। कदाचित् पूर्वोक्त मानव शाखा मैत्रायणीयों का भेद होकर भी हिरण्य-केशीयों मे सम्मिलित हो। 'वात्स्यायन' शाट्यायन शब्द का अपभ्रष्ट स्वरूप प्रतीत होता है। शौनक चरणव्यूह में शाट्यायन का नाम है। इस नाम का श्रौतसूत्र प्राप्त है। ब्राह्मणो में भी स्थान २ पर यह नाम आता है। भारद्वाज का गृह्यसूत्र प्राप्त है। इसका वंशब्राह्मण मे भी कई वार नाम आया हैं। सत्याषाढ़ों का श्रौतसूत्र उपलब्ध है। और शेष शाखा के भेदों का उल्लेख कहीं नही मिलता। इन सब भेदों के अतिरिक्त। अथर्व परिशिष्ट चरणव्यूह मे 'उपल' शाखा का नाम है शुद्ध शब्द 'उलप' प्रतीत होता है। वह कलापी के चार शिष्यों मे से है। वहां ही ताम्रायणीय नाम भी है। शुद्ध शब्द 'तौम्बुराविण' प्रतीत होता है। 'तुम्बुरु' कलापी के चार शिष्यों मे हैं। वायुपुराण मे आरुणि और आलम्बि दो नाम और मिलते है। अरुण उद्दालक के गुरु हैं। दूसरे, वैशम्पायन के नव शिष्यो में एक 'अरुण' है उसके शिष्य भी आरुणि कहाये। 'आलम्बी' वैशम्पायन के नव शिष्यों मे एक हैं। और वंश ब्राह्मण में आलम्बायनीपुत्र का शिष्य आलम्बी पुत्र है।

इस प्रकार बहुत से नाम वंशब्राह्मणों मे मिल जाते हैं और वेही नाम शिष्यों मे भी मिलते हैं। अतः किससे शाखा नाम चला, नहीं कहा जा सकता। कदाचित् प्राचीन नामों को ही पीछे मे किसी भी रूढि के वश शि-ष्यादि रूप से कल्पित कर लिया हो। या एक ही नाम के बहुत से हो गये हों इत्यादि सभी समस्याएं अन्धकार में हैं। स्वल्प स्थान मे हमने बहुत से नामों का दिग्दर्शन मात्र करा दिया है। आगे निर्णय करना विद्वानों का कार्य है। शतपथ ब्राह्मण तथा बृहदारण्यक उपनिषत् मे जो वंश ब्राह्मण दिये है उनकी शिष्य परम्परा नीचे देते हैं।

(१) शतपथान्तर्गत वंशब्राह्मण। (शत० १४ । ६ । ४)

१. आदित्य । २. अम्भिणी । ३. वाक् । ४. काश्यप नैध्रुवि । ५. कश्यप. शिल्प । ६. कश्यप हरित. । ७. असितः वार्षगण । ८ जिह्वावान् बोध्यागः । ९. वाजश्रवाः । १०. कुश्रिः । ११ उपवेशि । १२ अरुण । १३. उद्दालक । १४. याज्ञवल्क्य । १५. आसुरि. । १६. आसुरायण । १७. प्राश्नीपुत्र (आसुरिवासी) । १८. कार्शकेयी पुत्र. । १९. साञ्जीवी-पुत्र. । २०. प्राचीनयोगी पुत्र । २१. भालुकीपुत्र । २२ वैदभृतीपुत्र. । २३ क्रौञ्चुकीपुत्रः । २४ राथीतरीपुत्र । २५. शाण्डिलीपुत्र । २६. माण्डुकीपुत्र. । २७. मांडुकायनीपुत्रः । २८. जायन्तीपुत्रः । २९ आल म्बायनीपुत्र । ३० आलम्बीपुत्र । ३१ सांकृतीपुत्र । ३२ शौङ्गीपुत्रः । ३३. आर्त्तभागीपुत्र. । ३४ वार्कारुणीपुत्र । ३५ पाराशरीपुत्र । ३६ भार-द्वाजीपुत्र । ३७. वात्सीपुत्र । ३८ गौतमीपुत्र. । ३९. आत्रेयीपुत्र ४०. गौतमीपुत्र । ४१. वार्षगणीपुत्र. । ४२. शालङ्कायनीपुत्र । ४३. बौधी-पुत्र । ४४ कौत्सीपुत्र । ४५ काश्यपीबालान्या माठरीपुत्र. । ४६ शौन-कीपुत्र । ४७ पैङ्गीपुत्र । ४८ भारद्वाजीपुत्र । ४९ हारि(त) कर्णी-पुत्र. । ५० मौषिकीपुत्र । ५१ वाडेयीपुत्र । ५२ गार्गीपुत्र । ५३ पारा-शरीकौण्डिनीपुत्र । ५४. गार्गीपुत्र. । ५५ वात्सीमाण्डवीपुत्र.। ५६. भारद्वा-जीपुत्रः । ५७. वयम् ।

(२) वंशब्राह्मण (शत० १४ । ५ । १९—२२)

१ स्वयंभुब्रह्म । २. परमेष्ठी । ३. सनक । ४. सनातनः । ५. स-नारु । ६. व्यष्टि । ७ विप्रजित्ति । ८. एकर्षि । ९ प्रध्वंसनः । १०. प्राध्वंसनो मृत्यु. । ११ दैव. अथर्वा । १२. दध्यङ् आथर्वण । १३. अश्विनौ । १४. त्वाष्ट्र विश्वरूप । १५. त्वाष्ट्र आभूति । १६. आयास्य आङ्गिरसः । १७. सौभर पन्था । १८. वत्सनपात् बाभ्रव । १९. विदर्भी कौण्डिन्य. । २०. गालव. । २१. कुमारहारीतः । २२.

काप्यः कैशोर्यः । २३. शाण्डिल्यः । २४. वात्स्य । २५. गौतमः । २६. माण्टिः । २७ आत्रेय. । २८ भारद्वाज । २९. भारद्वाज. । ३०. आसुरिः । ३१ औपजन्धनिः । ३२. त्रैवणिः । ३३. आसुरायण यास्कः । ३४. भारद्वाज । ३५. जातुकर्ण्य. । ३६. पाराशर्य । ३७. पाराशर्यायणः । ३८. घृतकौशिकः । ३९. कौशिकायनिः । ४०. सायकायनः । ४१. औपजन्धनिः । ४२. त्रैवणिः । ४३. सौकरायण । ४४. काषायणः । ४५ बलाकाकौशिकः । ४६. भारद्वाज । ४७. गौतमः आसुरायण । ४८ भारद्वाज । ४९. जातूकर्ण्य. । ५०. पाराशर्य । ५१. सैतवः । ५२. अग्निवेश्यः कौण्डिन्य । ५३. कौण्डिन्य । ५४. कौण्डिन्यः । ५५. और्णवाभः । ५६. कौण्डिन्यौ । ५७. कौण्डिन्यायन. । ५८. पौतिमाष्यायणः । ५९. रैभ्यः । ६०. जैवन्तायन शौनकः । ६१ रौहिणायन । ६२. शाण्डिल्यः । ६३. वैष्टपुरेयः वैजपायनः । ६४. गौतम वैजवापः । ६५. शाण्डिल्यः । ६६. औदवाहिः । ६७. भारद्वाज. । सांकृत्यः । ६८. पाराशर्यः । ६९. वात्स्यः । ७०. गौतमः । ७१. शौर्पणाय्य. ।

(३) वंशब्राह्मण (बृहदा उप० ६ । ५)

१. स्वयंभु ब्रह्म । २. प्रजापतिः। ३. तुर. कावषेय. । ४. राजस्तम्बायनः। यज्ञवचा. । ५. कुश्रि. । ६. वात्स्यः । ७. शाण्डिल्य; । ८. वामकक्षायणः। ९. माहित्थि. । १०. कौत्सः । ११. माण्डव्यः । १२. माण्डूकायनिः । १३. सांजीविपुत्रः । (शेष (१) वंश ब्राह्मण मे देखो)

प्रस्तुत भाष्य

प्रस्तुत भाष्य मे यह यत्न किया गया है कि जहां तक सम्भव हो सरल, बुद्धिगम्य प्रस्फुट अर्थ. पाठकों को विदित हो। अन्य पक्षों को भी प्रस्तुत भाष्य में यथास्थान संक्षेप से स्वल्प से ही दर्शाया गया है। कर्मकाण्ड के प्रकरण की हमने स्वय उपेक्षा की है। क्योंकि

उसके विवरण के लिये सब्राह्मण मूलमन्त्र के व्याख्यान की आवश्यकता है। उसके लिये विशाल ग्रन्थ अपेक्षित हैं। जिन पक्षों पर महर्षि दयानन्द ने अपने आकर भाष्य में प्रकाश डाला है उनको पिष्टपेषण जान कर विशेष रूप से नहीं दर्शाया गया। महर्षि के पदार्थ-भाष्य की तुलना प्राचीन किसी भाष्य से भी नहीं की जा सकती। क्योंकि वे यज्ञपरीय हैं और महर्षि का पदार्थ-भाष्य सर्वतो भद्र है। भाषान्तर कार बहुत से स्थलों पर महर्षि के भावो को सुसयत भाषा मे स्पष्ट करने में असमर्थ रहे हैं। बहुत से स्थलों पर भाव विकृत भी कर दिया है। पदार्थ भाष्य में महर्षिदयानन्द ने जितने पक्षो को दर्शाने का कौशल दर्शाया है भाषान्तरकारों ने उसपर विशेष विचार नहीं किया है। कुछ स्थल महर्षि के भाष्य में विचार योग्य हैं। उनपर मत भेद हो जाना स्वाभाविक है। महर्षि दयानन्द मार्गदर्शी गुरु हैं। इसमे तनिक भी सदेह नहीं।

भूमिका में जितने अशों को दर्शाया है उससे अतिरिक्त विशेष वक्तव्य विषय अगले खण्ड की भूमिका में दर्शाये जावेगें। और बहुत से विषय महर्षिदयानन्द ने स्वयं अपनी ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका में दर्शा दिये हैं। उनको सर्व विदित जानकर यहां पिष्टपेषण नहीं किया गया। यही शैली पूर्व के खण्डो की भूमिकाओं में भी समझना चाहिये।

मैं मनुष्य हूं, निर्भ्रान्त नहीं हू। सर्वज्ञ भी नहीं हूं। और किसी भी मनुष्यसीमा में स्थित व्यक्ति को सर्वज्ञ, निर्भ्रान्त, तथा एकान्त प्रमाण भी नहीं मानता हूं। सब पूर्वाचार्यों को और उनके वैदिक मार्ग में यथाशक्ति किये यत्न को वेद की रक्षा के निमित्त जान कर मान और आदर का पात्र समझता हूं। मत-भेद होने से कोई विद्वान् अशिष्टोचित अनादर का पात्र नहीं हो सकता। किसी पूर्वाचार्य ने भी अगलों के लिये वेद मार्ग पर विचार करने और स्वतन्त्र भाष्य बनाने का निषेध नहीं किया। और न किया जा सकता है।

यह मेरा परिश्रम गुण ग्राहियों के लिये लिये है। दुर्भाव से भाष्य पर दुर्दृष्टि करने वालों के लिये मैंने कुछ नहीं किया है। इस में सन्देह नही कि दोषदर्शन करने में निपुण खलों के लिये इसमें सहस्रों कल्पित दोष दीखेगे। परन्तु गुणग्राही सज्जनो को मेरे सहस्रो दोषों में से भी गुण दिखाई देगें। और वे उसको अपने स्वभाव के अनुसार हंस के समान अवश्य ग्रहण करेंगे। उपसंहार में मैं सज्जनों और दुर्जनों के स्वभावों का कुछ वर्णन पूर्व विद्वानों के शब्दों मे करता हूं जिससे पाठक शीघ्र ही इस भाष्य पर किये सदालोचनों और कदालोचनों का भेद और उनके कर्त्ताओं का विवेक कर सकेंगे।

सज्जनों के गुण

(१) नागुणी गुणिनं वेत्ति गुणी गुणिषु मत्सरी।
गुणी च गुणरागी च विरलः सरलो जनः॥

गुणहीन पुरुष गुणवान् को नहीं पहिचान सकता। गुणवान् होकर भी पुरुष गुणवानों से ईर्षा करता है। परन्तु स्वयं गुणवान् और दूसरों के गुणों का प्रेमी सरल सज्जन विरला ही होता है।

(२) मुखेन नोद्गिरत्यूर्ध्वं हृदयेन नयत्यधः।
जरयत्यन्तरे साधुर्दोषं विषमिवेश्वर॥

सज्जन पुरुष दूसरे के दोष को मुख से ऊंचे नही बोलता। वह उसको नीचे हृदय तक भी जाने नहीं देता। वह बीच ही मे ऐसे नष्ट कर देता है जैसे शिव ने कण्ठ में ही गरल रख लिया।

(३) शून्येऽपि गुणवत्तामातन्वानः स्वकीयगुणजालैः।
विवराणि मुद्रयन् द्रागूर्णायुरिव सज्जनो जयति॥

गुण न होने पर भी अपने गुणों से गुण बतलाकर दूसरो के छेदों को मूदने वाला सज्जन मकड़ी के समान सर्वोत्कृष्ट है।

(४) अमृतं किरति हिमांशुर्विषमेव फणी समुद्गिरति ।
गुणमेव वक्ति साधुर्दोषमसाधु प्रकाशयति ॥

चन्द्र सदा अमृत बरसाता है, सांप विष उगलता है, सज्जन गुण बखानता है, दुर्जन दोष दिखाया करता है।

(५) दोषो गुणाय गुणिनां महदपि दोषाय दोषिणां सुकृतम् ।
तृणमिव दुग्धाय गवां दुग्धमिव विषाय सर्पाणाम् ॥

गुणग्राहियों को दूसरे के दोष भी गुण से भासते हैं, दोषदर्शियों को बड़ा उपकार भी दोष ही जंचता है। गौवें तृण खा कर भी दूध बनाती हैं और सर्प दूध पीकर भी विष घोलते हैं।

(५) नम्रत्वेनोन्नमन्त परगुणकथनैः स्वान् गुणान् ख्यापयन्त ।
सन्तः साश्चर्यचर्या जगति बहुमताः कस्य नाभ्यर्चनीयाः ॥

सज्जन विनय से झुककर ही ऊंचे चढ़ते हैं वे दूसरे के गुण वर्णन करके ही अपने गुण प्रकाशित करते हैं। ऐसे आश्चर्यजनक जीवनचर्या वाले सज्जन किसके आदरणीय नहीं।

दुर्जन-स्वरूप।

(१) खलः सर्षपमात्राणि परच्छिद्राणि पश्यति ।
आत्मनो बिल्वमात्राणि पश्यन्नपि न पश्यति ॥

दुष्ट पुरुष दूसरे के सरसों के बराबर भी छेदों को देखा करता है और अपने बेल फल के समान बड़े छेदों को भी नहीं देखता।

(२) न विना परवादेन रमते दुर्जनो जनः ।
काकः सर्वरसान् भुक्त्वा विना ऽमेध्यैर्न तृप्यति ॥

दुर्जन पुरुष बिना परनिन्दा के नहीं चैन लेता। कौआ सब उत्तम रस खा कर भी बिना गन्दगी खाये नहीं तृप्त होता।

(३) संत्यज्य शूर्पवद् दोपान् गुणान् गृह्णाति पण्डितः ।
दोषग्राही गुणत्यागी पल्लोलीव हि दुर्जनः ॥

छाज के समान सज्जन दोषों को त्याग कर गुणों को ग्रहण करता है। छालनी के समान दुर्जन दोषों को लेकर गुणों का त्याग कर देता है।

(४) दुर्जनो दोषमादत्ते दुर्गन्धिमिव सूकरः ।
सज्जनश्च गुणग्राही हंसः चीरमिवाम्भसः ॥

दुर्जन दोष ही पकड़ता है जैसे सूअर मल पर ही जाता है। सज्जन गुण ही ग्रहण करता है जैसे हंस जल में से भी दूध लेलेता है।

(५) वृथाज्वलितकोपाग्नेः परुषाक्षरवादिनः ।
दुर्जनस्यौषधं नास्ति किंचिदन्यदनुत्तरात् ॥

व्यर्थ कोपाग्नि भड़काने वाले, कठोर वचन बोलने वाले दुर्जन का औषध सिवाय मौन के दूसरा नहीं।

इस प्रकार सज्जन दुर्जन की विवेचना के मननसे ही समस्त पाठक सज्जनों के मार्ग का अनुसरण करेंगे। मनुष्य होने के कारण प्रभु की परम वाणी के अत्यन्त गूढ़ अर्थों को मैं प्रकट करने में कितनी त्रुटियां कर सकता हूं इसको मैं ही जानता हूं। और उस अनन्त ज्ञानमय प्रभु की वाणी के पद २ में भरे अनन्त तत्व ज्ञान को सीमा से बांधने में हमारे इन परिमित पदों और क्षणसीमित मानस संकल्पों का क्या सामर्थ्य ? यह तो सब केवल ब्रह्मयज्ञ को कर्त्तव्य समझ कर अपने ही अन्तस्तल को सुखी करने के लिये किया गया है। जो सहृदय मेरे इस प्रयास के साथ २ अपने स्वाध्याय रूप ब्रह्मयज्ञ का सम्पादन करेंगे उनको भी यदि कुछ सन्तोष प्राप्त हो तो इससे अधिक सुख का विषय और क्या है ? विद्वान् वाचकों से हमारा निवेदन यह है कि मेरे इस प्रयास में वे जो त्रुटियां पावें मुझे स्वयं उनसे सूचित करें जिससे अगले संस्करणों में उन त्रुटियों को

दूर करके इस ग्रन्थ को और भी अधिक उत्तम बनाकर ऋषिऋण से मुक्त हो सकूं। अन्त में ईश्वर से प्रार्थना है कि वह स्वयं यज्ञपुरुष मुझे इस पवित्र वेदाध्ययनरूप तप और वेदचिन्तन रूप महान् ब्रह्मयज्ञ में सफल करें। अन्त में पुनः भवभूति के शब्दों में निवेदन है कि—

ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां
जानन्तु ते किमपि ? तान् प्रति नैष यत्नः ॥

एवं भट्ट कुमारिल के शब्दों में

आगमप्रवणश्चाहं नापवाद्यः स्खलन्नपि ।
नहि सद्-वर्त्मना गच्छन् स्खलितेष्वप्यपोद्यते ॥

तथा—गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥

अजमेर, केसरगंज,
फाल्गुन कृष्णा, अष्टमी
१९८९ वैक्रमाब्द ।

विद्वानों का अनुचर—
जयदेवशर्मा विद्यालंकार
मीमांसातीर्थ ।

विषय-सूची

प्रथमोऽध्यायः (पृ० १-३०)

द्वितीयोऽध्यायः (पृ० ३१-६०)

वरुण और राजा के कर्त्तव्य ।(४) विद्वान् अग्रणी की स्थापना और पक्षान्तर में परमेश्वर की स्तुति ।(५)राजा के तेजस्वी होने का उपदेश ।(६) ब्रह्माण्ड और राष्ट्र की तीन बड़ी शक्तियों की तुलना । राजा, अधिकारी और प्रजाओं का उचित अधिकार । (७) राजा का अभिषेक और राष्ट्र चालकों के वेतन रूप स्वधा ।(८)परमेश्वर और राजा की आज्ञा का पालन । (९) दूतस्थापन, सत्पुरुष रक्षा, ऐश्वर्य प्राप्ति । (१०) आत्मबल, सत्य आशीर्वाद, और ज्ञान की याचना ।(११) उत्तम माता पिता की शिक्षा की प्राप्ति और उत्तम स्वास्थ्य । (१२) यज्ञपति के रक्षा की प्रार्थना । (१३) विद्वान पुरुष का यज्ञ सम्पादन । (१४) अग्नि स्वरूप तेजस्वी पुरुष की वृद्धि और उसके अधीनों की वृद्धि । (१५) विजयलाभ, ऐश्वर्यवृद्धि, द्वेषी पुरुष का पराजय, युद्धोपयोगी सेना बल की वृद्धि । (१६) विद्वान् प्रजाओं के लिये राजा का अभिषेक, उसकी रक्षा, उत्तम राज्य की प्राप्ति । तथा आधिभौतिक यज्ञ का वर्णन । (१७) (१८) व्यवहार कुशल पुरुषों द्वारा राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा ।(१९) अग्नि और वायु नामक दो अधिकारी । (२०) दुःख, अविद्या, पाप, से रक्षा, सुख शान्ति, उत्तम ज्ञान की प्राप्ति ।(२१) वेदमय देव का स्वरूप ।(२२) आधिभौतिक यज्ञ और राष्ट्र का वर्णन । (२३) यज्ञ का स्वरूप । (२४) शुद्ध मनन शक्ति, तेज और ऐश्वर्यों की वृद्धि और शुद्धि की प्रार्थना । (२५) व्यापक परमेश्वर और राष्ट्र में व्यापक राजशक्ति का वर्णन । (२६) परमेश्वरसे तेज और बल की प्रार्थना । २७) उत्तम गृहस्थ होने की प्रार्थना । (२८) व्रत पालन । (२९) उत्तमों का पालन और दुष्टों का दमन । (३०) नीच लोगों का निर्वासन । (३१ वृद्धजनों को प्रसन्न रखना । (३२) उनका आदर । ३३ उत्तम सन्तान उत्पन्न करना, उत्तम पुरुष बनाना । (३४) उत्तम पदार्थों से पिता, माता, वृद्ध जनों का तर्पण ।

तृतीयोऽध्यायः (पृ० ६१–६६)

(४) यज्ञ, अग्नि का उपयोग, और ईश्वर उपासना । (५)

अग्न्याधान, राजा का स्थापन और गृहस्थ कर्म का महत्व । (६-८) सूर्य और पृथ्वी का सम्बन्ध । (६. १०) प्रातः सांय के हवन मन्त्रो में ईश्वर-उपासना और भौतिक तत्व । (११) उत्तम मन्त्र का उपदेश । (१२) सूर्य, राजा और परमेश्वर । (१३) विद्युत् अग्नि, तथा राजा और सेना नायक दोनों का वर्णन । (१४) उच्चपद की प्राप्ति । (१५) उच्चपद-प्राप्त राजा, और विद्वानों का संग । (१६) विद्वानों द्वारा शक्तियों का दोहन (१७) आयु की याचना । (१८) वीर बलवान् होकर दीर्घ जीवन की प्राप्ति । (१६) तेज की प्राप्ति । (२०) उत्तम अन्न का भोजन । (२१, २२) प्रजाओं और पशुओं का सम्पन्न होकर वसना । (२३) ईश्वर और राजा का स्वरूप । (२४) राजा का परमेश्वर के समान प्रजा के प्रति पिता के तुल्य होने का उपदेश । (२५) उसका प्रजा का रक्षक होने का कर्त्तव्य । (२६) उससे, ज्ञान, न्याय, दुष्टदमन की याचना करना । (२७) राजा का उत्तम संकल्प । (२८) राजपद पर योग्य की नियुक्ति । (२६) राजा का कर्त्तव्य । (३०) विद्वान् से रक्षा की प्रार्थना । (३१) सुव्यवस्थित राष्ट्र । (३२) उसमें दुष्टों के दमन का लक्ष्य (३३) विद्वानों के लक्षण । (३४) राजा का कर्त्तव्य, प्रजा का पोषण, (३५) पापनाशक परमेश्वर राजा । (३६) राजा का अपराजित रथ, (३७) प्रजा पशु, अन्न, इनकी रक्षा । (३८) सम्राट् का प्रजा को ऐश्वर्य, और बल देने का कर्त्तव्य, (३६) गृहपति राजा का कर्त्तव्य. (४०) अग्रणी, नेता विद्वान का कर्त्तव्य, (४१, ४२, ४३) गृहपति और गृहजनो और प्रजा और अधिकारी जनों का परस्पर परिचय, सद्भाव, अभय होना । (४४) उत्तम विद्वानों का आमन्त्रण । (४५) दुश्चरित्र का त्याग । (४७) कर-व्यवस्था । (४७) श्रमी, कर्मकर और वेतनो की व्यवस्था । (४८) राजा के कर्त्तव्य । (४६) व्यापार और विनियय करने के नियम । (५०) परस्पर विनियम और साख । (५१) विद्वानों के कर्त्तव्य उत्तम पदार्थ प्रस्तुत करना, राजा का काम रक्षा करना । (५२) सर्वनिरीक्षक राजा का आदर । (५३) मानस शक्ति की

वृद्धि के उपाय । (५४) दीर्घजीवन के लिये ज्ञानवृद्धि के उपाय । (५५) ज्ञान और दीर्घायु की प्राप्ति । (५६) ज्ञानवान् होकर प्रजासम्पन्न होना । (५७) राजा के हाथ पांव श्रमी जन । (५८) दु:खनाशक उपाय । (५९) सब प्राणियों को सुख और रोगनाश करना । (६०) बन्धनमोचन । (६१) वीरों का कर्त्तव्य । (६२) त्रिगुण आयु । (६३) प्रजा अन्न, धन, पुष्टि आदि के घातक कारणों से प्रजा की रक्षा ।

चतुर्थोऽध्यायः (पृ० १००-१३७)

(१) देवयजन में प्राप्त होकर बाधाओं को दूर करना आप्तों से रक्षा ।(२) आप्त जनों के कर्त्तव्य, दीक्षा और तप, (३), घृत और आदित्य के दृष्टान्त से राजा का कर्तव्य । (४) उपास्य देव से पवित्रता की प्रार्थना । (५) विद्वान् पुरुषों से आशीर्वाद की याचना (६) यज्ञ का सम्पादन व्रत, प्रजापति के पांच यज्ञ । (७) अध्यात्म यज्ञ और आधिभौतिक यज्ञ (८) ईश्वर और राजा का वरण और ऐश्वर्य की प्राप्ति । (९) यज्ञ की समाप्ति तक रक्षा की प्रार्थना । (१०) बल, शरण, और कृषि की प्रार्थना । (११) व्रताचरण, प्रजा प्राप्ति और दीर्घायु और रक्षा । (१२) वीर्यरक्षा, प्रजापालन । (१३) जलों के दृष्टान्त से आप्त पुरुषों का वर्णन । (१४) राजा को सावधान होने का उपदेश । (१५) मन, आयु, प्राण, चक्षु आदि शक्तियों की पुन प्राप्ति । (१६) स्तुत्य ईश्वर और राजा से ऐश्वर्य की याचना । (१७) मन और वाणी शक्ति से ईश्वरोपासना । (१८) वाणी की साधना । (१९) वाणी का वर्णन । (२०) विद्युत् का वर्णन । (२१) पृथ्वी, ब्रह्मशक्ति, विद्युत् और राष्ट्र शक्ति का वर्णन । (२२) राजा प्रजा के परस्पर कर्त्तव्य । (२३) वेदवाणी, विद्युत्, और पत्नी का वर्णन । (२४) राजा का अधिकार दान । (२५) (२६) ईश्वर की स्तुति । राजा के प्रजा के प्रति कर्त्तव्य । (२७) अष्टप्रकृति राज्यव्यवस्था । (२८)

पञ्चमोऽध्यायः (पृ० १३८-१८०)

षष्ठोऽध्यायः (पृ० १८१-२१७)

(१) शत्रुओं का नाश। (२) राजा, सभाध्यक्ष के कर्त्तव्य। (३) राजगृहों का वर्णन। (४, ५) ईश्वर और राजा के कर्म। (६, ७) राजा के अधिकार। (७) विद्वानों और राजा का परस्पर सम्बन्ध। (८) समृद्ध प्रजा और राजा। (६) शिष्य के समान राजा का अभिषेक व्रत। (१०) दीक्षा प्राप्ति। (११) स्त्री पुरुषों का कर्त्तव्य। (१२) सदाचार, शिष्टाचार। (१३) उत्तम कन्याओं का उत्तम पात्रों में प्रदान, प्रजाओं का उत्तम शासक के हाथ में शासन। (१४) वाक्, प्राण, चक्षु आदि का व्रत दीक्षा में परिशोधन। (१५) मन आदि की शक्ति की वृद्धि। (१६) दुष्टों और दुष्ट भावों का दूरीकरण। (१७) पाप, मल का परिशोधन। (१८) परस्पर प्रतिज्ञा, अन्न का स्वरूप, गुरु शिष्य और राजा प्रजा के परस्पर सम्बन्ध का वर्णन। (१६) परम तेज का कारण, (२०) शरीर में प्राण के समान राजबल का वर्णन। (२१) ईश्वर से प्रार्थना सेनापति को आदेश। (२२) राजा के कर्त्तव्य। (२३) राजा के आप्त प्रजाजन के प्रति रक्षा का कर्त्तव्य। (२४) कन्याओं का स्वयंवर। तथा प्रजाओं का स्वयं राजा के वरण का वर्णन। (२५) स्वयं वरण के प्रयोजन। (२६) राजा की स्थिति और सेवा कार्य। (२७) प्रजाजनों के कर्त्तव्य। (२८) वैश्य प्रजा के कर्त्तव्य और गृहस्थ के कर्त्तव्य। (२६) योद्धाओं का वृत्ति-बन्धन। (३०) प्रजाजनों का कर्त्तव्य। (३१) पांच योग्य शासकों की नियुक्ति। (३२) राजा का कर्त्तव्य। ३३,३४) प्रजाओं के कर्त्तव्य। (३५) राजा प्रजा का परस्पर अभय, (३६) परस्पर परिचय। (३७) राजा का परम स्वरूप, ईश्वर की स्तुति।

सप्तमोऽध्यायः (पृ० २१८-२६७)

(१) आज्ञापक और आज्ञाप्य, और गुरु शिष्य का परस्पर पवित्र सम्बन्ध। (२) एक दूसरे के प्रति आत्मसमर्पण। (३) राजा का सूर्य के समान पद। (७) वायु और प्राण के समान राजा का कर्त्तव्य। (८) सेनापति

और न्यायकर्त्ता का पद। (९) मित्र और वरुण पद, अध्यापक और अध्येता का वर्णन। (१०) मित्र और वरुण, ब्राह्मण और क्षत्रिय गण। (११) सूर्य चन्द्र के समान राजा और प्रजा के परस्पर प्रेम युक्त व्यवहार (१२) (१३) मदमत्त पुरुष के दमन के लिये योग्य अधिकारी की नियुक्ति। पक्षान्तर में योगी का वर्णन। (१४) राजा की उच्च स्थिति, पक्षान्तर में ईश्वर और आचार्य का वर्णन। (१५) राजा और उसके सहायक। (१६) बालक के दृष्टान्त से राजा का वर्णन। पक्षान्तर में चन्द्र का वर्णन, (१७) आक्रामकों के नाशक पुरुष की नियुक्ति। (१८) दुष्टमथनकारि पुरुष का नियोजन। (१९, २३) अधिकारी गण। (२०) मुख्य पदपर सर्वोच्च अधिकारी। (२१) सोम, राजा का वर्णन (२२) इन्द्रपद का वर्णन। (२३) मित्र और वरुण पद का वर्णन। (२४) वैश्वानर सम्राट। (२५) सम्राट् का अभिषेक (२६) उच्चपद प्रदान। (२८) शरीर के अगों और प्राणों से राज्यांगों की तुलना। (२९) नियुक्त अधिकारियो का राजा से परिचय। (३०) संवत्सर के ऋतु, मासों की तुलना से राज्य पद विभाग वर्णन। (३१, ३२) नायक और सेनापति के इन्द्र और अग्नि पदों पर नियुक्ति। (३३, ३४) विद्वान् पुरुषों की नियुक्ति। (३५, ३६, ३७, ३८) मरुत्वान् इन्द्र, सेनापति का वर्णन। (३९ ४०) महेन्द्र पद, (४१ ४२) जातवेदा, राजा, और परमेश्वर और सूर्य। (४३) मार्गदर्शक विद्वान् और परमेश्वर (४४) प्रजाओं और सेनाओं का वर्गों में विभाग और, प्रजाओं का निरीक्षण और सदस्यो द्वारा व्यवस्था। (४५) उत्तम पुरुष की नियुक्ति। (४६) अधीन पुरुषों को सुवर्णादि का प्रदान। (४७) देने का प्रयोजन।

अष्टमोऽध्यायः (पृ० २६८–३१५)

(१) राज पदपर नियुक्त पुरुष का नियन्त्रण तथा अधिकार। पक्षान्तर में विवाहित गृहस्थ को उपदेश। (२)राजा का वैश्यों पर अधिकार और गृहस्थ का

कर्त्तव्य । (३) राजा का मेघ के समान कर्त्तव्य । चतुर्थाश्रमी का कर्त्तव्य । तथा पक्षान्तर में गृहस्थ को उपदेश । (४) विद्वान गृहस्थों का कर्त्तव्य । (५) विद्वान और गृहस्थ पुरुषों के कर्त्तव्य । (६) उत्तम ऐश्वर्य की प्राप्ति । (७) सावित्र पदपर नियुक्ति । (८) समस्त विद्वानों के ऊपर एक योग्य पुरुष की नियुक्ति । पक्षान्तर में गृहस्थ का कर्त्तव्य । (९) प्रजा का कर्त्तव्य, राष्ट्र की ऐश्वर्यवृद्धि । पक्षान्तर में पत्नी का कर्त्तव्य । (१०) राजा प्रजा तथा पति पत्नी का परस्पर मिलकर ऐश्वर्य भोग करना (११) रथ में अश्वों के ऊपर सारथी के समान सञ्चालक पुरुष की नियुक्ति, राज्य तन्त्र के समान गृहस्थ तन्त्र । (१२) राजा के अधीन प्रजा का राष्ट्र भोग । (१३) राजा का प्रजा के दोषों को दूर करने का कर्त्तव्य । (१४) उत्तम वैद्य के कर्त्तव्य । (१४) उत्तम नेताओं का कर्त्तव्य । (१५—१७) नाना अधिकारियों के कर्त्तव्य । (१८, १९) अधिकारी और प्रजाओं के कर्म । (२०) उत्तम पुरुष को उच्च पद पर बुलाना । (२१) राष्ट्रपति के कर्त्तव्य । (२३) ऋजु मार्ग का उपदेश । (२४) प्रत्येक गृह में विद्वान् की योजना । (२५) गृहपति, यज्ञपति, राष्ट्रपति का स्वागत । (२६) आप्त प्रजाओं और उत्तम गृहपत्नियों के कर्त्तव्य । (२७) प्रजा का अपने दोष परित्याग । (२८, २९) राजा की गर्भ से उपमा । (३० नाना पदों से युक्त वशा नाम राज्यशक्ति का वर्णन । पक्षान्तर में नाना पदों वाली वेदवाणी । (३१) उत्तम रक्षक । (३२) राजा प्रजा और पतिपत्नी का परस्पर कर्त्तव्य । (३३, ३४, ३५, ३६,) षोडशी इन्द्र का वर्णन । (३७) सम्राट् राजा का वर्णन । (३८) अग्नि, आचार्य, और नेता का वर्णन । (३७) (३९) इन्द्र पदपर योग्य बलवान् पुरुष का स्थापन । (४०) तेजस्वी सूर्य के समान राजपद (४१) पत्नी और पृथ्वी द्वारा अपने योग्य पालक पति का धारण । (४२) गौ, स्त्री, पृथिवी के नाना गुणों का वर्णन । (४३, ४४, ४५, ४६,) शत्रुमर्दक इन्द्र का वर्णन विश्वकर्मा इन्द्र का

वर्णन। (४७) राजा, इन्द्र का वर्णन। (४८) राजा को भय-प्रदर्शन। (४६, ५०) सदा सावधान रहने योग्य राजपद। (५१) शासकों का कर्त्तव्य। (५२) दीर्घजीवन और मोक्ष का ध्येय। (५३) पर्वत और सूर्य के दृष्टान्त से सेनापति का वर्णन. (५४, ५६) प्रजापति के कर्त्तव्य भेद से भिन्न २ रूप। पक्षान्तर में सोमयाग का वर्णन। (६०, ६३) यज्ञ और राष्ट्र का वर्णन।

नवमोऽध्यायः (पृ० ३१५—३५२)

(१) राष्ट्रमय यज्ञ का सम्पादन। (२ ३, ४,) इन्द्र की स्थापना। (५) संग्राम विजयी पुरुष की सर्वोपरि पदप्राप्ति। (६) जलोषधि के समान राजा का वर्णन। (७) वायु, मन, गन्धर्वों के समान वेगवान् अश्व का आयोजन। (८) वेगवान् अश्व का वर्णन, शिल्पयन्त्र, (६) वेगवान् सेनापति का वर्णन। (१०) उत्तम राजा के शासन में सुख प्राप्ति। (११) सैनिकों को बड़े सेनापति की सहायता का उपदेश। (१२) उनका संग्राम-विजय में सहायांगदान। (१३) वीर सैनिकों को उपदेश। (१४) अश्वरोही का कार्य, (१६) अश्वा रोहियों के कर्त्तव्य। (१७) उनका आज्ञाश्रवण और चालन का उपदेश। (१८) उत्तम सारों से आमे और रक्षा करने का उपदेश। (१६) सैनिकों को पवित्र कार्य की दीक्षा। (२०) सूर्य के १२ मासों के समान प्रजापति के १२ स्वरूप। (२१) यज्ञ से आयु, प्राण आदि का बलवान् बनाना। (२२) ऐश्वर्य की वृद्धि। मातृ-पृथिवी का आदर, राष्ट्रशक्ति के नियमन और कृषि सम्पत्ति की वृद्धि। (२३) प्रजा की सम्पन्नता और शासकों को अप्रमाद का उपदेश। (२४, २५,) प्रजापालक का कर्त्तव्य। (२६, २७,) मुख्य विद्वान् ब्राह्मण की सर्वोपरि स्थापना। (२८) विजयी नेता का कर्त्तव्य। (२६) न्यायाधीश आदि के कर्त्तव्य। (३०) राजा का ईश्वर, विद्वान् पुरोहित, राजसभा के अधीन अभिषेक (३१-३४) १७ प्रकार के अक्षय

बलों से राष्ट्र का वशीकार । (३४, ३६,) राजा और उसके नाना प्रकार के नायकों की प्रतिष्ठा । (३६) शत्रु सेनाओं का विजय । (३८) दुष्ट पुरुषों का वध । (३९, ४०,) राजा या इन्द्र आदि उच्च पदोंपर स्थापना और सिंहासनारोहण ।

दशमोऽध्यायः (पृ० ३५३-३८४)

राज्याभिषेक । (१) अभिषेक करने हारे योग्य जलों की प्रजाओं से तुलना । (२-४) राष्ट्रप्रद प्रजाओ के प्रतिनिधि रूप जलों से राज्याभिषेक । सिंहासनारोहण । राजा की तेजस्विता का वर्णन । (६, ७,) राजोत्पादक प्रजाएं । (८) बालकोत्पत्ति से राजोत्पत्ति की तुलना । (९) गृहपति के समान राष्ट्रपति । (१०-१४) दुष्टों का नाश । राजा की रक्षा । (१५) राजा की शोभा । (१६) सूर्योदय के समान मित्र और वरुण दोनों का उदय ।राजा का सिंहासना रोहण । (१७) ऐश्वर्य और तेज से अभिषेक । (१८) राजाभिषेक का प्रस्ताव । (१९) अभिषेक वर्णन । (२०) अधिकार-प्रदान । (२१) योग्यता और अधिकारवर्णन । (२२) राष्ट्र सयमन का उपदेश । (२३) राजा की प्रतिष्ठा । (२४) अधिकार पद-स्तुति । (२५) ईश्वरार्पण । (२६) राजगद्दी का वर्णन । (२७) सम्राट् वरुण । (२८) उसके कर्त्तव्य (२९) योग्य पुरुषों को मध्यस्थ होने का उपदेश । (३०) उन्नतपद प्राप्ति । (३१) बल परिपाक करने का उपदेश । (३२) अन्न के दृष्टान्त से शत्रु नाश, और राष्ट्रसाधन । (३३) स्त्री-पुरुषों के कर्त्तव्य । (३४) राष्ट्र के व्यापक शक्तिमान् दो मुख्याधिकारियों के कर्त्तव्य ।

एकादशोऽध्यायः (पृ० ३८५-४४६)

अग्रणी नायक का वर्णन । परमेश्वर प्रकाशमान, आदित्य योगी का वर्णन । सात्विक ज्ञानी का कर्त्तव्य । राजा का कार्य । (२) योग द्वारा ज्ञान प्राप्ति ।

पक्षान्तर में राजा का कर्त्तव्य। (३, ४) विद्वान् ज्ञानवान् पुरुष का कर्त्तव्य। राजा का कर्त्तव्य। (५) एकाग्र होकर ज्ञान का विचार और विद्वानो से ज्ञान का श्रवण। (६) सब का नेता अग्रणी परमेश्वर और राजा। (७) विद्वान् नेता का कर्त्तव्य। पक्षान्तर में प्राण की शक्ति। (८) क्षत्रपति की स्वीकृति। (९) वज्र का वर्णन। नर रत्न की प्राप्ति। पक्षान्तर मे वाणी का वर्णन। (११) अग्नि, वज्र और वाणी का वर्णन। तेजस्वी होने का उपाय। (१२) उत्तम पद की प्राप्ति। न्यायकारी पद पर नियुक्ति। (१३) दो उत्तम अधिकारियों का यो य विद्वान् पुरुष को नियुक्त करना। (१४) ऐश्वर्यवान् पुरुष को उच्च स्थानों पर बैठाना। (१५) गणपति पद पर योग्यपुरुष की योजना। (१६) तेजस्वी, खमृक्ष नेता का वर्णन। (१७) सूर्य और विद्वान की तुलना। (१८ विद्वान नेता की योग्य अश्व से तुलना। (१९) वीर नेता का कर्त्तव्य। (२०) राजा का विराट् रूप। उसको ऊपर उठने का आदेश। (२१) उत्तम राजा के शासन में उत्तम नर रत्नों का उत्पत्ति। (२२, २३) योग्य नेता का योग्य आदर। (२४) राजा को उत्तेजित करके उसे अग्नि के समान तेजस्वी बनाना। (२५) अग्नि सेनापति का वर्णन। (२६) उसके अधीन वीर पुरुषों की नियुक्ति। (२७) अग्नि के समान सेनापति का वर्णन। (२८) नेता का प्राप्त करना। (६९) नायक की समुद्र से तुलना। (३०) राजा प्रजा का परस्पर सम्बन्ध। (३१) गृहस्थ के समान राजा के राज्य का वर्णन। (३२) नेता के अग्नि, से तुलना। (३३) वृत्रहन्ता नेता की शक्ति वृद्धि। (३४) विजयार्थ उत्तेजना। (३५) योग्य पदाधिकारी का कर्त्तव्य। (३६) होतृ पदपर विद्वान् की नियुक्ति, उसके लक्षण और कर्त्तव्य। (३७)अग्नि नेता के लक्षण। योग्य अधिकारी। राजा को तेजस्वी, सौम्य होने का उपदेश। (३८) प्रजाओं के कष्ट निवारण का उपदेश। (३९) विदुषि स्त्री, और पक्षान्तर में प्रजा का अपने पालक पति के प्रति कर्त्तव्य।

(४०) राजकीय पोशाक को धारण करने का उपदेश । (४१) आदर-पूर्वक उन्नत पद पर आना । (४२) सूर्य से राजा की तुलना । (४३) गर्भगत बालक से नवाभिषिक्त राजा की तुलना । अश्व और राजा का दृढ़, ऐश्वर्यवान्, आशुकारी होना । (४५) राजा का प्रजाओं के लिये कल्याण-कारी, कृपालु होना । (४६) तेजस्वी राजा की विद्युत् वाले मेघ से तुलना । (४७) राजा, सेनापति और वीर सैनिकों की वायु और ओषधियों से तुलना । (४८) ओषधियों और प्रजाओं का वर्णन । (४६) प्रजा की गृहपत्नी से तुलना । (५०–५१, ५२) आप, जलों, विद्वानों और पक्षा-न्तर में स्त्रियों के कर्त्तव्य । (५३) प्रजाओं के आरोग्य के लिये उत्तम विद्वान् की नियुक्ति । (५४) सूर्य की रश्मियों से वीर सैनिकों और विद्वानों की तुलना । (५५, ५६,) सिनीवाली, स्त्री और प्रकृति का वर्णन । पक्षा-न्तर में राजसभा का कर्त्तव्य । पक्षान्तर में ब्रह्मशक्ति । (५७) हाण्डी के दृष्टान्त से पृथ्वी का वर्णन । मानवों की उत्पत्ति की भूमि और स्त्री का वर्णन । (५८) वसु, रुद्र, आदित्य नामक विद्वानों और निवासियों शासकों, व्यापारियों के राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य । (५६) विदुषी माता का वर्णन । (६०) वसु आदि विद्वानों का कर्त्तव्य । (६१) राजसभा का कर्त्तव्य । योग्य राजा और सभापति का प्राप्त करना । पक्षान्तर में विदुषी माताओं का कर्त्तव्य, प्रजा का धारण पोषण । (६२) प्रजा, पृथिवी, और स्त्री का अधिकार । (६३) योग्य पति, और राष्ट्रपति का कर्त्तव्य, (६४) पृथ्वी और पक्षान्तर में स्त्री का कर्त्तव्य । (६५) विद्वानों का कर्त्तव्य । (६६) आत्मिक शक्ति या और उनके प्रयोग का उपदेश । (६७) ऐश्वर्य के निमित्त ईश्वर और राजा का आश्रय । (६८) पतिपत्नी और राजा प्रजा का परस्पर कर्त्तव्य । (६६) पृथिवी, उखा और आसुरी माया, की तुलना से स्त्री और राष्ट्रप्रजा का वर्णन । (७०) वीर्यवान् पुरुष और पक्षान्तर में तेजस्वी का वर्णन । (७१) स्वयंवरण का उत्कृष्ट सिद्धान्त,

पक्षान्तर में राजा का निर्बलों की रक्षा का कर्त्तव्य। (७२) अग्नि, पति, और राजा का दृष्टान्त रूप से वर्णन, (७३) दूरस्थ शत्रुओं के विजय करने का उपदेश, (७४) उपजापकारिणी संस्था का वम्री के दृष्टान्त से वर्णन। (७५) अश्व के दृष्टान्त से राजा को पोषण करने का प्रजा का कर्त्तव्य, (७६) वेदी के केन्द्र में अग्नि के समान पृथ्वी पर राजा का स्थापन और वर्धन। (७७) राजा का आग्नेय स्वरूप, (७८, ७९) दांतों और दाढ़ों के दृष्टान्त से दुष्टों के नाशकारी दमन का वर्णन। (८०) हिंसक शत्रुओं का नाश। (८१) ब्राह्म बल के साथ क्षात्र बल की वृद्धि। (८२) ब्राह्म और क्षात्र बल से शत्रुबल का विनाश।

द्वादशोऽध्यायः (पृ० ४४७–५१९)

(१) सूर्य समान राजा का वर्णन। (२) बालक और सूर्य के दृष्टान्त से राजा का धारण पोषण। (३) सूर्य के समान तेजस्वी राजा। (४) श्येन के दृष्टान्त से राजा और राष्ट्र के अंग प्रत्यंग का वर्णन। (५) राजा को नाना अधिकार प्रदान और नाना कर्त्तव्यों का उपदेश। मेघ के दृष्टान्त से राजा के कर्तव्य। (६) राजा, गृहपति का नाना समृद्धियों की प्राप्ति। (८) पुनः ऐश्वर्यप्राप्ति। (९, १०) देशान्तरों से भी ऐश्वर्य आहरण। (११) ध्रुव पद पर राजा का स्थापन। (१२) पाशमोचक वरुण, श्रेष्ठ अधिकारी राजा। (१३) सूर्य के समान राजा का अभ्युदय। (१४) उसके नाना पद और आदर। (१५) पुत्र के समान पृथ्वी माता के प्रति राजा की स्थिति और कर्त्तव्य। (१६) तेजस्वी शत्रुदमनकारी परंतप राजा का वर्णन। (१७) उसको सर्व कल्याणकारी होने का उपदेश। (१८) विद्वान्, नायक और सूर्य की तुलना। (१९) उसके तीन प्रकार के तेजों का वर्णन। (२०, २१) और्वानल और विद्युत् के समान राज पद का वर्णन। (२२, २३) सूर्य के समान, दाता, पालक, बलवान्, तेजस्वी राजा का वर्णन। (२४) अग्नि के समान राजा का वर्णन।

(२५) सूर्य के समान राजा का वर्णन। (२६) सेनापति और राजा का परस्पर सम्बन्ध। (२७) शत्रु-उच्छेद के लिये सेनापति का स्थापन। (२८) सूर्य समान तेजस्वी पुरुष का वर्णन। (२९, ३०) उसको प्रस्तुत करना उसका गुण वर्णन। (३१) उसके श्रेष्ठ कर्त्तव्य । (३२) शत्रु पर प्रयाण और राजा के त्राण के उपदेश। (३३,३४) प्रजावत्सल विजयी राजा का आदर। (३५) स्त्रियों के स्वयंवर के समान योग्य राजा को प्रजा का स्वय वरण करना, आदर करना, और उसकी शक्ति को बढ़ाना। पक्षान्तर में स्त्रियों का गर्भ धारण का कर्त्तव्य। (३६) गर्भोत्पत्ति के समान राजोत्पत्ति का वर्णन। (३७, ३८) जीवात्मा और राजा का वर्णन। (३९) माता की गोद में बालक के समान पृथ्वी पर राजा की सिंहासन पर स्थिति। (४०) समृद्धि प्राप्ति, विजय। (४२) निन्दा और स्तुति में राजा का कर्त्तव्य। पक्षान्तर में ज्ञानी पुरुष का कर्त्तव्य। (४३) सत्यासत्य का निर्णय, न्यायकारिता का उपदेश। (४४) विद्वानों का पुन. शक्ति उत्तेजन। (४५) चरों और प्रणिधियों का नियोजन। पक्षान्तर से विद्वानों को आदेश। (४७) विद्वानों, राजा के आश्रितों के प्रति कर्त्तव्यों का उपदेश। (४८) मुख्य विद्वान् का वर्णन। (४८) ज्ञानवान् पुरुष का सूर्य के समान सर्वद्रष्टा का पद। (४९) ज्ञानी पुरुष का शिक्षा का कार्य। (५०) विद्वानों का प्रेमयुक्त, द्रोहरहित होकर रहने का उपदेश। (५१) विद्वान् पुरुष और पक्षान्तर में अध्यापक का कर्त्तव्य। (५२) ऐश्वर्य वृद्धि का उपदेश। (५३) चेतना के समान राजसभा का वर्णन। पक्षान्तर में स्त्री का वर्णन। (५४) राजसभा, पक्षान्तर में स्त्री का वर्णन, (५५) सूर्य की रश्मियों से प्रजाओं और पक्षान्तर में स्त्रियों की तुलना और उनके कर्त्तव्य, (५६) वेद वाणियों के समान प्रजाओं का राजा को बढ़ाना, समुद्र से राजा की तुलना, (५७) दम्पती और राजा प्रजा और पक्षान्तर में मित्रों को प्रेम पूर्वक रहने का उपदेश। (५८, ५९) पुरोहित, अधिपति

का कर्त्तव्य । (६०) दम्पति, मित्रों और युगलों का कर्त्तव्य । (६१) उखा पृथ्वी, प्रजापति के परस्पर कर्त्तव्य, पक्षान्तर में सूर्य पृथिवी का वर्णन । (६२) चारों और डाकुओं को दमनकारी दण्ड शक्ति निर्ऋति का वर्णन । पक्षान्तर में पत्नी और अविद्या का वर्णन । (६६) सूर्य के समान साक्षी राजा का कर्त्तव्य । पक्षान्तर में परमेश्वर का वर्णन । (६७) योगाभ्यास और पक्षान्तर में कृषिका उपदेश । (६८–७२) कृषि का उपदेश । (७३) योगियों का वर्णन । पक्षान्तर मे और पशुपालन व्यवहार । (७४) पति पत्नी आदि के दृष्टान्तों से प्रेम वर्त्ताव का उपदेश । (७५) ओषधियों के १०७ धाम । पक्षान्तर में मर्मों का ज्ञान । (७६) ओषधियों, प्रजाओं और वीर सैनिकों का वर्णन, उनके गुण, उनके व्यवहार, तथा उनकी प्राप्ति, उनके कर्त्तव्य । (१०२) परमेश्वर और पक्षान्तर में राजा का वर्णन । (१०३) पृथ्वी और स्त्री का कृषि एवं सन्तानोत्पत्ति का कर्त्तव्य । (१०४) तेज और वीर्य का धारण । (१०५) अन्न और ज्ञान, से आपत्तियों को दूर करना, (१०६) तेजस्वी विद्वान् का कर्त्तव्य । अन्यों को तेज और ज्ञान का प्रदान करना ।(१०७) तेजस्वी का सूर्य के समान वर्णन । (१०८) राजा प्रजा का परस्पर पोषण । (१०९) प्रजा की पशु सम्पदा से वृद्धि । (११०, ११७) राजा के कर्त्तव्य । पक्षान्तर में विद्वान् और गृहपति के कर्त्तव्य ।

त्रयोदशोऽध्यायः (पृ० ५१७–५५८)

(१) उत्तम विद्वानों के अधीन राजा का रहना । (२,३) ब्रह्म शक्ति का वर्णन । (४) प्रजापति का स्वरूप । (५) शरीर गत प्राणों में वीर्य के समान तेजस्वी राजा की स्थिति । (६–८) सर्पण स्वभाव दुष्टों का दमन । पक्षान्तर मे गुप्तचरों को नियोजन । (९) बल प्राप्त कर दुष्टों का दमन करना और मातङ्ग बल से प्रयाण । राज्यवृद्धि और शत्रु को तीव्रास्त्रों से नाश करने का उपदेश । (१०) वीर सैनिकों का तीव्र धावा, तीव्र अश्वारोहियों का धावा, अशनि नामक अस्त्रों का प्रयोग । (११) प्रजा के कष्ट का श्रवण करके राजा का

दूत प्रेषण और प्रजापालन का यत्न । (१२) प्रजा के व्यथादायी शत्रुओं पर आक्रमण और उनको भस्म कर डालने का आदेश । (१३) दिव्यास्त्रो का निर्माण, तथा शत्रुओं के रसद की रोक का उपदेश । (१४) सूर्य के समान राजा का करग्रहण । (१५) सूर्य के समान सेनापति का कर्त्तव्य । (१६) पृथ्वी राजशक्ति, और पक्षान्तर में स्त्री का सुरक्षित रहने का वर्णन । (१७) नौका के दृष्टान्त से प्रजा और पृथ्वी, पक्षान्तर मे स्त्री का वर्णन । (१८) पृथिवी और स्त्री । (१९) उनके रक्षक पति का वर्णन । (२०,२१) दूर्वा के दृष्टान्त से राजशक्ति, पक्षान्तर में स्त्री का वर्णन । (२२,२३) सूर्य के समान प्रजा की अभिलाषा पूर्ण करने वाला राजा । (२४) तेजस्वी राजा और समृद्ध तेजस्विनी प्रजा । (२५) वसन्त से राजा की तुलना । (२६) अपाढ़ा, सेना का वर्णन, पक्षान्तर में पत्नी का कर्त्तव्य । (२७–२९) वायु जल, ओषधि, दिन, रात्रि, भूमि, सूर्य, वृक्ष, गौ आदि समृद्धि के मधुर होने की प्रार्थना । (३०) राजा का कर्त्तव्य प्रजा को सदा सुखी रखना । (३१) पूर्व के सज्जनों के मार्गानुसरण का उपदेश । (३२, ३३) समृद्धि की वृद्धि, व्यापक शक्तिमान् राजा का वर्णन । (३४) पृथ्वी की सम्पदा-वृद्धि के उपाय । पक्षान्तर में स्त्री, गार्हस्थ्य का महत्व । (३५) प्रजापति और प्रजा, पक्षान्तर में पति और पत्नी के परस्पर एक होकर अन्न, बल, तेज, यश, प्रजा की वृद्धि करना । सम्राट् और स्वराट् का वर्णन । (३६) राजा और विद्वान् योगी का अश्वों, योग्य पुरुषों और प्राणों पर वश । (३७) अश्वो के समान योग्य पुरुषों की नियुक्ति । (३८) नदियों से वाणियों की तुलना, आत्मा का अग्नि और ज्ञान धाराओं का घृत धाराओं से तुलना । यज्ञ और अध्यात्म यज्ञ का वर्णन । (३९) उत्तम विद्वान् पुरुष की उत्तम उद्देश्यों के लिये नियुक्ति । (४०) उस उत्तम पुरुष की सूर्य और स्वर्ण से तुलना । (४१) सूर्य और मुख्य शिरोमणि की तुलना । (४२) उसका कर्त्तव्य । (४३) संवत्सर के समान राज सभा के सदस्यों

सहित सभापति के कर्त्तव्य । (४४) परमेश्वरी शक्ति के पालने का आदेश । (४५) विद्वान् ज्ञानी की रक्षा का उपदेश। पक्षान्तर में परमेश्वर की पूजा का उपदेश । (४६) सूर्य समान नेता और परमेश्वर । (४७–५१) पशु गण की रक्षा, मनुष्य, अश्व आदि एक शफ, गौ आदि दुधार पशु, भेड़, बकरी, इनकी रक्षा और हिंसकों के नाश का आदेश । (५२) प्रजा के कष्टों का श्रवण करना उनका दुःखों से त्राण (५३) नाना पदों पर योग्य नेता की स्थापना । (५४–५८) दिशा भेद से प्राण भेद से, और ऋतुभेद से राजा, आत्मा और सूर्य संवत्सर, बलों विद्वानों और यज्ञांगों के अनुरूप राष्ट्रांगों का वर्णन ।

चतुर्दशोऽध्यायः (पृ० ५५६–५९०)

(१) उखा, पृथिवी, पक्षान्तर में स्त्री का वर्णन, (२) प्रजा को, स्त्री के समान शिक्षण का उपदेश । (३) सुख, रण, विजय एवं प्रजापालन के लिये राजा की स्थापना । पक्षान्तर में पति के कर्त्तव्य । (४) पतिपत्नी और राजा और पृथ्वी निवासिनी प्रजा का परस्पर आदान प्रतिदान। (५) राज शक्ति और पक्षान्तर में गृहपत्नी का वर्णन । (६) ग्रीष्म के समान राजा का वर्णन । (७) राजा और शासकों का प्राणों के दृष्टान्त से वर्णन। पक्षान्तर में गृहस्थ का स्थापन । (८–१०) प्राणादि के पालन की प्रार्थना । (९) वयस् और छन्दस् का दृष्टान्तों से स्पष्टीकरण । (११) राजा सेनापति या पुरोहित का कर्त्तव्य प्रजापालन । (१२) राजा विश्वकर्मा, पक्षान्तर में पति । (१३) राजशक्ति के दिशा भेद से नाना रूप, एवं स्त्री के नाना गुण । (१४) राजा विश्वकर्मा और पति के कर्त्तव्य । (१५, १६) वर्षा शरद् के दृष्टान्त से राजा का वर्णन । (१७) आयु प्राण आदि की रक्षा । (१९) मा, प्रमा आदि शक्तियों का वर्णन । (२०) अग्नि आदि देवताओं का वर्णन । (२१, २२) नियामक राजशक्ति का वर्णन । (२३)

राजा के नाना स्वरूप । (२४,२६) राष्ट्र की नाना समृद्धियों-के स्वरूप। (२७) हेमन्त, राजा का वर्णन । (२८-३१) नाना प्रकार की ब्रह्मशक्ति, और राष्ट्र व्यवस्थाओ का देह की व्यवस्थानुसार वर्णन ।

पञ्चदशोऽध्यायः (पृ० ५६१-६३६)

(१, २) सेनापति और राजा के कर्त्तव्य। शत्रुओं का पराजय, प्रजा का शिक्षण । (३) सुव्यवस्थित राष्ट्र और उत्तम राजा का स्वरूप । (४. ५) ईश्वर के नाना सामर्थ्यों और राजा के नाना सामर्थ्यों का वर्णन । (६, ७) नाना ऐश्वर्यों और कर्त्तव्यो पर नाना उपायो से वश करने का उपदेश । (८, ९) 'प्रतिपद्' आदि पदाधिकारो का वर्णन । (१०, १०) दिग्-भेद से और ऋतु-भेद से सूर्य के समान राजा के प्रताप का वर्णन । (२०) शरीर में प्राण के समान राजा का वर्णन । (२१) अग्रणी, नायक सेनापति का वर्णन। (२२) राजा की उत्पत्ति। (२३) उसका स्वरूप। सूर्य के समान परतप राजा । (२५) वन्दनीय परमेश्वर और स्तुत्य राजा का वर्णन । (२६) दावानल के समान उग्र राजा । (२७) सदा जागरणशील तेजस्वी राजा । (२८) अग्नि के समान राजा का शक्ति-पुंज होना । (२९, ३०, ३१, ३२, ३३, ३४, ३५, ३६) तेजस्वी पुरुष की स्तुति । (३७) शत्रुनाश का उपदेश । (३८) कल्याणकारी होने का उपदेश । (३९, ४०) संग्राम में विजयी होने का उपदेश । (४१) सर्वाश्रय राजा का कर्त्तव्य । (४२) सर्वशरण राजा । (४३) शक्तिमान् सर्वाल्हादक राजा । (४४) यज्ञ रूप, प्रजापति । (४५) रथी के समान राष्ट्रसञ्चालक राजा । (४६) सेनाओं के स्वामी को सुचित्त होने का उपदेश । (४७) देदीप्यमान अग्नि के समान राजा की तेजस्विता का वर्णन । (४८) अग्नि के समान तेजस्वी, ऐश्वर्यप्रद राजा । (४९) सर्वोच्च पदपर ज्ञानी अग्रणी नेता की स्थापना । (५०) भाई, पुत्र, कलत्र आदि सहित उत्तम नेता का अनुसरण करना । (५१) न्यायकर्त्ता का

पद और सत्य प्रकाशन का कर्त्तव्य । (५२) प्रमादरहित तेजस्वी नायक । (५३) विद्वानों का मिलकर मर्यादाओं का निर्माण करना । राजा के आश्रय रहकर स्त्री पुरुषों का फलना फूलना । (५४) सावधान होकर राज्य सम्पादन और उत्तम कर्म करना । (५५) उत्तम मार्ग से प्रजा और गृह का चलाना । (५६) ऐश्वर्य वृद्धि । (५७) शिशिर से राजा की तुलना । (५८) राजा प्रजा का उत्तम सम्बन्ध । पक्षान्तर में स्त्री पुरुष का वर्णन । (५९–६१) राजा के कर्तव्य । (६२) वीर सेनापति की अश्व और अग्नि से तुलना । (६३) राजशक्ति का वर्णन । (६४) परमपद, और राजशक्ति और राष्ट्र । (६५) राजा का स्वरूप ।

षोडशोऽध्यायः (पृ० ६४०–६७६)

रुद्राध्याय । (१) राजा रुद्र के मन्यु, इषु और बाहुओं को 'नमः' इसकी स्पष्ट व्याख्या । (२, ३, ४) रुद्र की शिव तनु, शान्तिकारिणी राजव्यवस्था । (५) देह के भिषक् के समान राष्ट्रदेह का भिषक् राजा । (६) तेजस्वी राजा, सेनापति और उसके अधीन रुद्र, उग्र शासक या सैनिक । (७) सेनापति का स्वरूप । पक्षान्तर में आत्मा और ईश्वर का वर्णन । (८) नीलग्रीव, सहस्राक्ष, सेनापति और उसके वीर योद्धा । (९) धनुष से बाणप्रक्षेप । (१०) वीर का सशस्त्र रूप । (११) शस्त्रों से रक्षा की प्रार्थना । (१२) राजा के शस्त्र प्रजा को कष्टप्रद न हों । (१३) उग्र होकर भी प्रजा को सुख दे । (१४) शक्तिशाली की शक्तियों का आदर । (१५, १६) प्रजा की अभय प्रार्थना । (१७, ४६) नाना रुद्रों की नियुक्ति । उनका मानपद, अधिकार एवं नियन्त्रण । (४७) सेनापति से पीड़ित न करने की प्रार्थना । (४८) उसके अधीन सुख से सम्पन्न होकर रहने की प्रार्थना । उसका सर्व दुःखहर स्वरूप । (५०) उसका प्रजा पर कृपा बनाये रखना । (५१) राजा का सुचिर होकर प्रजा का

पहरा देना। (५२) प्रजा की पीड़ा को नाश करना। (५३) सेनापति के सहस्रों आयुध। (५४) असंख्य रुद्रों के बलों का विस्तार। (५४, ६३) नाना रुद्र अधिकारियों का वर्णन। (६४, ६६) नाना रुद्रों का अधिकार मान, आदर।

सप्तदशोऽध्यायः (पृ० ६७७-७५०)

(१) वैश्यों का कर्त्तव्य। प्रजा के प्रति राजा का सौम्य भाव। मरुतों का विवेचन। अश्मा का विवेचन। (२) कोटि २ प्रजा, पशु, सम्पदाओं की वृद्धि। (३) राष्ट्र के घटक अंगरूप कामधेनु प्रजाएं। (४, ५) सेवाल के दृष्टान्त से राजा की रक्षा शक्ति का वर्णन। (६) मंडूकी के दृष्टान्त से प्रजा का वर्णन। उसमें राजा का अवतरण और उसका कर्त्तव्य। (७) राजा का राष्ट्र में सेना कटकों का (छावनी) स्थापन। (८) तेज, प्रभाव से शासन। (९) राष्ट्र का धारण। (१०) प्रजा को ज्ञानवान् करना, तथा शत्रु विजय द्वारा राष्ट्र की वृद्धि। (११, १२) राजा के तेज, बल और प्रभाव का आदर। उच्च मान, आदर प्रदान। (१३) विद्वानों का वार्षिक उपहार और वेतन। (१४) ब्रह्मज्ञानी विद्वानों का पवित्र रूप। (१५) पवित्र राजा और विद्वान्। (१६) अग्नि के समान तीक्ष्ण राजा। (१७) मुख्य राजा का अधीनों के प्रति कर्त्तव्य। पक्षान्तर में परमेश्वर का वर्णन। (१८) राष्ट्र या साम्राज्य की उत्पत्ति विषयक विवेचना। पक्षान्तर में सृष्टि-उत्पत्ति विषयक मीमांसा। (१९) विराट्स्वरूप सम्राट्। पक्षान्तर में परमेश्वर का विराट् रूप। (२०) राजा प्रजा की उत्पत्ति की विवेचना। पक्षान्तर में द्यौ, पृथिवी की उत्पत्ति की विवेचना। (२१) विश्वकर्मा राजा का अवरों को पदाधिकार प्रदान और परमेश्वर का वर्णन। (२२) शत्रु पक्ष को मोह में डालने वाली नीति से राज्य शासन के उपदेश। पक्षान्तर में परमेश्वर की अद्वितीय

व्यवस्था । (२३) सर्वपालक, कल्याण कृत् विश्वकर्मा और ईश्वर । (२४) राजा का सेनापति नियोजन । (२५) विद्वान राजा का राजवर्ग और प्रजावर्ग दोनों का शासन करना । पक्षान्तर मे परमेश्वर का वर्णन और पक्षान्तर में विद्वान् को स्त्री पुरुष को सम्बन्धित करना । (२६) विश्वकर्मा, सबका पोषक राष्ट्र निर्माता । सात प्राणों के समान सातो प्रकृतियो का नियामक । पक्षान्तर में ईश्वर का वर्णन । (२७) पिता आदि पदपर एवं शासकों का एक व्यापक नामधारक राजा, पक्षान्तर में समस्त देवों का एक नामधा परमेश्वर, अध्यात्म मे आत्मा । (२८) राजा के उत्तम मन्त्रियों के कर्त्तव्य । प्रजाओ को उन्नत करना । (२६) सर्वोत्कृष्ट पद की मीमांसा । (३७) सर्व वशकर्ता केन्द्रस्थ राजा का वर्णन । (३१) अवर्णनीय राजा का रूप । (३२) राजा के चार रूप । (३३) राजा का उग्ररूप सेनापति रूप से इन्द्र का वर्णन । (२८-३३) पक्षान्तर मे परमेश्वर का वर्णन । (३४) सैनिकों का सेनापति के सहयोग में विजय का उपदेश । (३५) विजयी, वशी राष्ट्रपति का वर्णन । (३६) महारथी का कर्त्तव्य । (३७, ३६) दूसरो के बल का ज्ञान करके शत्रु पर आक्रमण का उपदेश । (४०) व्यूह की व्यवस्था (४१, ४२) विजय घोष । (४३) वीरों को उत्तेजना (४४, ४५) भयंकर सेना का शत्रु पीड़न का कार्य । (४६) उग्र अजेय सैनिक । (४७) शत्रु पर भ्रमोत्पादक प्रयोग । (४८) शस्त्रों के गिरते हुए सेवा समितियों के कर्त्तव्य । (४६) वर्म, अन्नौपधि से रक्षा । (५०) सेनापति का राजा के प्रति कर्त्तव्य । (५१) नेता सेनापति का अधीनों के प्रति कर्त्तव्य । (५२, ५३) राजा का कर्त्तव्य । (५४) यज्ञपति, राष्ट्रपति की रक्षा । पक्षान्तर में स्त्रियों का कर्त्तव्य । (५५) यज्ञ और युद्ध की तुलना । (५६) यज्ञ और युद्ध का समान वर्णन । (५७) तुरीय यज्ञ का वर्णन तीनों पक्षों में । (५८) राजा के कर्त्तव्य और परमेश्वर का स्तुति । (५६) सूर्य और पक्षान्तर में

राजा का वर्णन। (६०) राजा गृहपति और योगी का वर्णन। (६१) राजा की स्तुति और पक्षान्तर में ईश्वर की महिमा। (६२) नायक के कर्त्तव्य भरण और पालन। (६३, ६४) राजा के निग्रह और अनुग्रह के कर्त्तव्य। (६५, ६६) सूर्य और नायक की तुलना। (६७) 'स्वर्ज्योति' मोक्ष प्राप्ति का लक्ष्य। (६८) उत्तम सम्राज्य, पक्षान्तर मे मोक्ष लोक का वर्णन (६९, ७०) राजा और पक्षान्तर में उत्तम अध्यात्म ज्ञानी का कर्त्तव्य। (७१) सहस्राक्ष राजा और परमेश्वर। (७२) उत्तम पालक राजा, सुपर्ण और गरुत्मान् का वर्णन। (७३, ७४) राज-सभा का वर्णन। (७५) सभा का कार्य सञ्चालन। पक्षान्तर में इश्वरो-पासना। (७६, ७७) तेजस्वी सभापति विद्वानों से युक्त विचारसभा। (७८) विचारक सदस्य के कर्त्तव्य। पक्षान्तर में गुरूपासना और सत्य ज्ञान प्राप्ति। (८०) विद्वानों का वर्णन। (८१) ऋत आदि सात प्रकार की विवेचना। (८२) मुख्य सात सेना विभाग के नायक। (८४) सात पालक गण। (८५) प्रजा के सात मुख्य अंग। (८६) देवी प्रजा का स्वरूप। (८७) सम्राट् पद की प्राप्ति और राष्ट्र का उपभोग। (८८) तेजस्वी राजा की मेघ से तुलना। (८९) राजा, मेघ, परमेश्वर और गृह-पति के पक्ष में मधुमान् ऊर्मि का वर्णन। (९०) चतुरंग बल से युक्त सेनापति। चतुर्वेदवित् विद्वान् (९१) राजा, यज्ञ, आत्मा, शब्द और परमेश्वर इन पक्षों में महान् देव का स्वरूप (९२) त्रिविध घृत का दोहन। (९३) घृत की धाराओं का अध्यात्म, राज्य और जलधाराओं के पक्षों में योजना। (९६) घृतधाराओं की उत्तम स्त्रियों से तुलना। (९७) उनकी कन्याओं से तुलना। (९८) यज्ञ और राष्ट्र का वर्णन। राजा और ईश्वर पक्ष में उत्तम राष्ट्र सुख, परमानन्द की प्राप्ति।

———

अनुभूमिका

उपवेद

वेदों के उपवेदों के विषय में भी बड़ा मत भेद है। महर्षि दयानन्द संस्कारविधि में लिखते है कि—"ऋग्वेद का उपवेद आयुर्वेद, जिसको वैद्यक शास्त्र कहते हैं जिसमें धन्वन्तरिजी कृत सुश्रुत और निघण्टु तथा पतञ्जलित ऋषिकृत चरक आदि आर्षग्रन्थ हैं ..यजुर्वेद का उपवेद धनुर्वेद जिसको शास्त्रास्त्र विद्या कहते हैं। जिसमें अङ्गिरा आदि ऋषिकृत ग्रन्थ हैं जो इस समय बहुधा नहीं मिलते। पुनः सामवेद का उपवेद गान्धर्व वेद जिसमें नारद संहितादि ग्रन्थ हैं...अथर्ववेद का उपवेद अर्थवेद जिसको शिल्प शास्त्र कहते हैं जिसमें विश्वकर्मा त्वष्टा और मयकृत संहिता ग्रन्थ हैं।" इसी लेखानुसार शौनकीय चरणव्यूह परिशिष्ट में लिखा है—

ऋग्वेदस्यायुर्वेद उपवेदो यजुर्वेदस्य धनुर्वेद उपवेदः साम-वेदस्य गान्धर्ववेदोऽथर्ववेदस्यार्थशास्त्रं चेत्याह भगवान्व्यासः स्कन्दो वा (ख० ४)

इसपर महीदास पण्डित ने लिखा है—धनुर्वेदो युद्धशास्त्रम्। गान्धर्व-वेदः संगीत शास्त्रम्। अर्थशास्त्रं, नीतिशास्त्रं शस्त्रशास्त्रं विश्वकर्मादिप्रणीतं-शिल्पशास्त्रम्।

सुश्रुत में लिखा है—'आयुर्वेदो नाम यदुपाङ्गमथर्ववेदस्य।' गोपथ ब्राह्मण में लिखा है—सदिशोऽन्वैक्षत ..ताभ्यः पञ्च वेदा-न्निरमिमत सर्पवेदं पिशाचवेदमसुरवेद मितिहासवेदं पुराण वेदमिति। प्राच्य, एवदिशः सर्पवेदं निरमिमत दक्षिणस्याः पिशा-चवेदं प्रतीच्या असुरवेद मुदीच्या इतिहासवेदं ध्रुवायाश्चोर्ध्वा-याश्च पुराणवेदम्॥ गो० पू० १। १०॥

शतपथ (१३।४।३।५–१४) में लिखा है—(१) मनुर्वैवस्वतो राजा... तस्य मनुष्या विश: अश्रोत्रियाः गृहमेधिनः...ऋचो वेदः। (२) यमो वैवस्वतो राजा .तस्य पितरो विश: ..स्थविरा ...यजूंषि वेद:। (३)वरुण आदित्यो राजा ..तस्य गन्धर्वा विश . .युवान: शोभना: अथर्वाणो वेद ।(४) सोमो वैष्णवो राजा ..तस्याप्सरसो विश ...युवतय: शोभनाः... आङ्गिरसो वेदः। (५) अर्बुदः काद्रवेयो राजा तस्य सर्पा विश: . सर्पाश्च सर्पविदश्च...सर्पविद्या वेदः। (६) कुवेरो वैश्रवणो राजा रक्षांसि विश. . सेलगाः पापकृतः...देवजनविद्या वेद:...(७) धान्वो राजा... तस्य असुरा विश....कुसीदिन....मायावेद । (८) मत्स्य सांमदो राजा...तस्य उदकेचरा विशः...मत्स्याश्च मत्स्यहनश्च...इतिहासो वेदः॥ (९) तार्क्ष्यो वैपश्यतो राजा...वयांसि च वायोविधिकाश्च...पुराणं वेदः। (१०) इन्द्रो राजा...देवा विशः श्रोत्रिया अप्रतिग्राहकाः...सामानि वेदः ।

इसी प्रकार आश्वालायन और शाङ्खायन श्रौतसूत्रों भी ४ वेद और उपवेदों की गणना की है। परन्तु इनमें कौन सा उपवेद किस किस वेद का है यह निर्देश नहीं हैं। केवल चरणव्यूह परिशिष्ट ने ही भेद दर्शाया है। वह भेद कोई विशेष महत्व का नहीं पता लगता क्योंकि आर्षग्रन्थ सुश्रुत में आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद स्वीकार किया है। और भी कतिपय उपवेद बने जिस प्रकार भरत मुनि का नाट्यवेद प्रसिद्ध है। वह उसको यजुर्वेद से निकला स्वीकार करते हैं। चरणव्यूहोक्त यजुर्वेद तथा अथर्ववेद के उपवेदों पर दृष्टि करें तो धनुर्वेद, और अर्थवेद एक दूसरे के सहयोगी हैं। धनुर्वेद युद्धशास्त्र है और अथर्ववेद में नीति शास्त्र, शस्त्रास्त्र शास्त्र और शिल्पशास्त्र तीनों सम्मिलित हैं। असुर वेद या मायावेद धनोपार्जन की विद्या है वह अर्थवेद से भिन्न नहीं है। आंगिरस वेद, विषवेद या सर्पवेद, ये सभी आयुर्वेद में सम्मिलित हैं। उन ही अंग उपांग विद्याओं के अधिक विस्तार हो जाने से उनके पृथक् २ नाम हो गये हैं।

यजुर्वेद में राज्यशासन, शासन विभाग, राष्ट्र विजय राज्याभिषेक, तथा युद्धादि का वर्णन पर्याप्त विद्यमान है। इसलिये उसका मुख्य अंग-विद्या धनुर्वेद सुतरां उपयुक्त है। इस में वैशम्पायन मुनिकृत नीतिप्रकाशिका और वसिष्ठ और विश्वामित्र कृत धनुर्वेद आदि उत्तम उपयोगी ग्रन्थ हैं।

राज्य विषयक रचनाओं आदि का स्थान २ पर जो हमने अपने भाष्य मे वर्णन किया है वह अभी और भी बहुत विचारने योग्य है। यजुर्वेद का केवल राजनीति की दृष्टि से तथा राज्यपालन की दृष्टि से और भी उदार भाष्य होने की आवश्यकता है। और इस विषय पर हमारा विचार एक ऐसे विशद ग्रन्थ लिखने का है जिसमें यज्ञों का वर्णन अंग प्रत्यग रूप से करते हुए उसमें से किस प्रकार राजधर्म, समाजधर्म तथा वर्णाश्रम धर्मों की उत्पत्ति हुई है यह सब दिखलाया जावे। और वेदों का उन सबपर किस प्रकार प्रभुत्व है यह भी उसी ग्रन्थ में पूरी तरह से दिखाया जा सकेगा। जिसका दिग्दर्शन हम कुछ अगले खण्ड की भूमिका में दिखावेंगे।

विषय सूची को हमने प्रत्येक मन्त्र का संक्षिप्त विषय लिखते हुए सुगम कर दिया है कि यजुर्वेद में किस रीति से राजनीतिशास्त्र का कितना अधिक वर्णन है और उसी के गर्भ में राज्य के समान ही ब्रह्माण्ड के राजा परमेश्वर, गृह के राजा गृहपति और देह के राजा आत्मा एवं द्यौ. अन्तरिक्ष, और पृथिवी के राजा क्रम से सूर्य, वायु, और अग्नि एवं प्रति-निधि वाद से सोम, वरुण, आदि नामों से राजा आदि का वर्णन किस प्रकार किया है। भाष्य को धैर्य से और मनन पूर्वक देखने से विदित हो जायेगा।

विद्वानों का अनुचर
जयदेवशर्मा विद्यालंकार
मीमांसातीर्थ।

शुद्धाशुद्ध पत्र ।

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
२३	७	विधुत्	विद्युत्
२७	२२	सप नाित्र्	सपत्नाित्र्
३८	११	दूध्व ऽध्वर	दूर्ध्वोऽध्वर
४०	२३	धारण किया	धारण किये या पुष्टिकर सृष्टि जनक वीर्य को धारण करनेवाले
६०	६	की	को
१०६	६	(विष्णो)	(विष्णो)
११०	१४	व न	वन
१४६	६	राजा	राजन् !
१६५	२२	सवापर	सर्वोपरि
२०६	५	०द्योवक्रू र्मि०	०द्योव ऊर्मि
२२७	१८	पृ वी	पृथ्वी
२८४	६	आसुयम्	असुर्यम्
२६५	३	(मिय)	(मयि)
३३०	६	सव	सब
३३६	३	अशु	अप्सु
३४०	१२	यन्त्रिय	यन्त्रिये
३५०	१३-१६	बध	वध

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
३८६	११	सूर	सूरेः
३६८	१३	अशस्त्र	अशस्त
४४३	१५	आस्यै	आस्ये
४६५	५	अनुघुन्	अनुघून्
५७६	१३,१५	करती, (आरोचन्)	करते (ओरोचने)
५१०	८	सीदम्	सेदिम्
५१६	६	गृहणामि	गृह्णामि
१२५	१६	राचा	राजा
५७६	१८	मन्त्री	यन्त्री
६२१	१३	पुन	पुत्र
६३३	२२	प्रजोत्पालन	प्रजोत्पादन
६५७	८	कायला	कोयला
७१२	४	बृहस्पतिः	बृहस्पतिः
७१८	६	विश्व	विश्वा

दृष्टिदोष से और भी ऐसी बहुत सी त्रुटियां रहनी सम्भव हैं उनको पाठक स्वयं बुद्ध्यनुसार सुधार कर ठीक कर लें ।

॥ ओ३म् ॥

यजुर्वेदसंहिता*

प्रथमोऽध्यायः

† प्रजापति परमेष्ठी प्राजापत्य, देवा वा प्राजापत्या ऋषय ।

॥ ओ३म् ॥ [1]इषे त्वोर्जे त्वां वायवं स्थ देवो वः सविता प्रार्पयतु श्रेष्ठतमाय कर्म्मणे आप्यायध्वमघ्न्या इन्द्राय भागं [2]प्रजावंतीरनमीवा अयक्ष्मा मा वंस्तेन ईशत माघशंसो ध्रुवा अस्मिन् गोपंतौ स्यात बह्वीर्यजमानस्य पशून्पांहि ॥ १ ॥

शाखा वायुरिन्द्र सविता च देवता । (१) स्वराट् बृहती । मध्यम (२) ब्राह्मी उष्णिक् । ऋषभ स्वर ।

भा०—हे परमेश्वर ! (इषे) अन्न, उत्तम वृष्टि आदि पदार्थों की प्राप्ति और (ऊर्जे) सर्वोत्तम पुष्टिकारक रस प्राप्त करने के लिये (त्वा त्वा) तेरी उपासना करते हैं । हे प्राण और प्राणगण ! तुम (वायव स्थ) सब वायु रूप हो, वायु द्वारा प्राण धारण करते हो । (व.) तुम सब का (सविता) उत्पादक परमेश्वर ही (देव·) वह परम देव, सब सुखों और पदार्थों का प्रकाशक और प्रदान करने वाला है । वह तुम को (श्रेष्ठतमाय) अत्यन्त श्रेष्ठ, सबसे उत्तम (कर्म्मणे) कर्म

---

*—इषेत्वादि ख ब्रह्मान्त विवस्वानपश्यत् इति सर्वानु० ।

†—परमेष्ठी प्राजापत्यो दर्शपूर्णमासमन्त्राणामृषि । देवा वा प्राजापत्या । इति सर्वा० ।

परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषि । सविता देवता । द० ।

निःश्रेयस प्राप्ति के लिये (प्र अर्पयतु) पहुंचावे, प्रेरित करे। और हे (अघ्न्या:) कभी न मारने योग्य, इन्द्रियस्थ प्राण गण, एवं यज्ञयोग्य गौवो ! और पृथिवी आदि लोको ! आप सब (आप्यायध्वम्) खूब परिपुष्ट होवो । तुम (इन्द्राय) ऐश्वर्यवान् पुरुष या राजा के लिये (भागं) भजन करने योग्य या प्राप्त करने योग्य भाग हो। तुम (प्रजावतीः) प्रजा, वत्स पुत्र आदि सहित, (अनमीवाः) रोगरहित, (अयक्ष्मा:) राजयक्ष्मा से रहित रहो। (वः) तुम पर (स्तेनः) चोर डाकू आदि दुष्ट पुरुष (मा ईशत) स्वामित्व प्राप्त न करे। (अघशंसः) पाप की चर्चा करने वाला, दूसरों को पाप हिंसा आदि करने की प्रेरणा करने वाला नीच पुरुष भी (वः मा ईशत) तुम पर स्वामी न रहे । हे गौवो ! तुम (गोपतौ) गौ अर्थात् गौओं और भूमियों के पालक राजा और रक्षक पुरुष के अधीन (ध्रुवा:) स्थिररूप से (बह्वी:) बहुत संख्या में (स्यात) बनी रहो। हे विद्वान् पुरुष ! तू भी (यजमानस्य) यज्ञ करने हारे, दान देने वाले आत्मा, और यज्ञकर्त्ता श्रेष्ठ पुरुष के (पशून् पाहि) पशुओं की पालना कर। शत० १ । ७ । १ । १–७ ॥

वसो॑: प॒वित्र॑मसि॒ द्यौर॑सि पृथि॒व्य॒सि मा॒तरि॑श्वनो घ॒र्मो॑ऽसि वि॒श्वधा॑ असि। प॒र॒मेण॒ धाम्ना॒ दृꣳह॑स्व॒ मा ह्वा॒र्मा ते॑ य॒ज्ञप॑ति॒र्ह्वा॑र्षीत् ॥२॥

वायुस्त्वा यज्ञश्च च यज्ञो वा देवता । स्वराड् आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

भा०—हे यज्ञपुरुष ! परमेश्वर ! तू (वसोः) सब संसार को बसाने हारे, सब में व्यापक रूप से वसने वाले, श्रेष्ठ कर्म, यज्ञ का (पवित्रम्) पवित्र परम पावन स्वरूप है । (द्यौः असि) तू द्यौः सबका प्रकाशक है और सबका आश्रय है, तू (पृथिवी असि) पृथिवी के समान सब से महान् सबका आश्रय होने से 'पृथिवी' है। तू ही (मातरिश्वनः) अन्तरिक्ष में निर-

२—यज्ञो देवता । द० । 'विश्वधा परमेण' इति काण्व० ।

न्तर गति करने वाले वायु का (घर्म. असि) संचालन करने वाला है और इसी कारण (विश्वधाः असि) समस्त प्राणियों का पोष कया धारण करने हारा है। तू (परमेण धाम्ना) परम, सर्वश्रेष्ठ धाम, तेज, धारण सामर्थ्य से (दृहस्व) बढ़, वृद्धि को प्राप्त है। हे परमात्मन् ! तू (मा ह्वाः) हमें कभी मत त्याग। (यज्ञपतिः) यज्ञ का पालक, स्वामी, यजमान पुरुष भी (ते) तुझ से कभी (मा ह्वार्षीत्) वियुक्त न हो ॥ शत० १। ७। १। ९-११ ॥

वसोः पवित्रमसि शतधारं वसोः पवित्रमसि सहस्रधारम्। देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः पवित्रेण शतधारेण सुप्वा कामधुक्षः ॥ ३ ॥

वायुः पयः प्रश्नश्च सविता च देवता. । भुरिग् जगती । निषाद· स्वर ॥

भा०—हे परमेश्वर ! आप (वसोः) सब को बसाने हारे और श्रेष्ठ कर्म और सब में बसने वाले वसु आत्मा के (पवित्रम्) परम पवित्र करने वाले और उसको (शतधारम्) सैकड़ों प्रकार से धारण पोषण करने वाले हो। हे परमेश्वर ! आप (वसो·) सब को बसाने वाले श्रेष्ठ कर्म और सब में बसने वाले आत्मा का (सहस्रधारम्) सहस्रों प्रकार से धारण करने वाले होकर उसको (पवित्रम्) पवित्र करने वाले (असि) हैं। हे पुरुष ! (सविता देवः) सर्वोत्पादक सर्व प्रेरक सर्वप्रद परमेश्वर (त्वा) तुझको (शतधारेण) सैकड़ों धारण शक्ति से या धारण पोषण करने वाले सामर्थ्य से युक्त (सुप्वा) उत्तम रीति से पवित्र करने वाले (पवित्रेण) पावन सामर्थ्य से (पुनातु) पवित्र करे। हे पुरुष ! तूने (काम्) किस २ वेदवाणी या ईश्वर की परम पावनी किस २ शक्ति का (अधुक्षः) गौ के समान पुष्टि-प्रद रस प्राप्त किया है और तू किस से परम बल प्राप्त किया करता है ? शत० १। ७। १। १४-१७ ॥

३—सविता देवता । द० ।

सा विश्वायुः सा विश्वकर्मा सा विश्वधायाः ।
इन्द्रस्य त्वा भागꣳ सोमेनातनच्मि विष्णो हव्यꣳरक्ष ॥ ४ ॥

गौरिन्द्रो विष्णुश्च देवता. । अनुष्टुप् । गान्धार स्वर ॥

भा०—'काम् अधुक्षः' इस प्रश्न का उत्तर देते हैं। (सा) वह परमेश्वरी शक्ति जिसका प्रकाश वेद द्वारा किया है वह (विश्व-आयु.) समस्त संसार का जीवन रूप है। (सा) वह परमेश्वरी शक्ति (विश्व-कर्मा) विश्व को रचने वाली, सब का निर्माण करने वाली है। (सा) वह परमेश्वरी शक्ति (विश्व-धाया·) समस्त जगत् को अपना परम रस पान कराने और सब को धारण पोषण करने हारी है। हे यज्ञ ! (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् परमेश्वर के (भागम्) भजन करने योग्य, सेवनीय स्वरूप (त्वा) तुझ को (सोमेन) सोम, सर्वप्रेरक, सर्वोत्पादक आनन्द रस से (आतनच्मि) दृढ़ करता हूं। हे (विष्णो) सर्वव्यापक परमेश्वर ! आप (हव्यम्) इस आत्मा के ग्रहण करने योग्य विज्ञान और समर्पण करने योग्य आत्मा की (रक्ष) रक्षा करो। शत० १ । ७ । १ । १७-२१ ॥

अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे राध्यताम् ।
इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि ॥ ५ ॥

अग्निर्देवता । आर्ची त्रिष्टुप् । धैवत स्वर ॥

भा०—हे (अग्ने) ज्ञानोत्पादक ! अग्रणी ! सब के नेता परमेश्वर ! हे (व्रतपते) सब व्रतों के, शुभकर्मों के स्वामिन् ! मैं (व्रतम्) व्रत, पवित्र कर्म का (चरिष्यामि) आचरण करूंगा। (तत्) उसको पालन करने में मैं (शकेयम्) समर्थ होऊं। (मे) मेरा (तत्) वह सब व्रताचरण (राध्यताम्) पूर्ण हो, सफल हो। मैं (इदम्) यह व्रत धारण करता हूं कि (अहम्) मैं (अनृतात्) असत्य, मिथ्याभाषण, मिथ्याज्ञान और

४—'सोमेनातनच्मि' इति काण्व० ।

मिथ्या आचरण से और ऋत अर्थात् सत्यमय वेद के विपरीत अनृत से दूर रह कर (सत्यम्) सत्य को (उपैमि) प्राप्त होऊं ॥ शत० १। १। १। ११॥

कस्त्वा युनक्ति स त्वा युनक्ति कस्मै त्वा युनक्ति तस्मै त्वा युनक्ति। कर्मणे वां वेषाय वाम् ॥ ६ ॥

स्रुक् शूर्पश्च प्रजापतिर्वा देवता। आर्ची पङ्क्तिः। पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—[प्रश्न] हे पुरुष ! तू जानता है कि (त्वा) तुझको कार्यों में (कः) कौन (युनक्ति) प्रेरित करता है ? [उत्तर] हे पुरुष ! (त्वा) तुझको (सः) वह परमेश्वर ही (युनक्ति) उत्तम कार्य और सन्मार्ग में प्रेरित करता है। [प्र०] (त्वा) तुझ को वह परमेश्वर (कस्मै) किस प्रयोजन के लिये (युनक्ति) नियुक्त करता है ? [उ०] (त्वा) तुझ को वह परमेश्वर (तस्मै) उस उस, उत्तम २ कार्य सम्पादन के लिये (युनक्ति) नियुक्त करता है। हे स्त्रीपुरुषो ! और गुरुशिष्यो ! वह परमेश्वर (वाम्) तुम दोनों को (कर्मणे) उत्तम कर्म करने के लिये प्रेरित करता है। और वह (वाम्) तुम दोनों को (वेषाय) सर्वशुभगुणों के प्राप्त करने और पूर्ण जीवन प्राप्त करने के लिये या सर्व व्यापक परमात्मा को प्राप्त करने के लिये (युनक्ति) नियुक्त करता है ॥ शत० १। १। १। ११-२२॥ १। १। २। १॥

प्रत्युष्टꣳ रक्षः प्रत्युष्टा अरातयो निष्टप्तꣳ रक्षो निष्टप्ता अरातयः। उर्वन्तरिक्षमन्वेमि ॥ ७ ॥

रक्षोघ्न यज्ञो वा देवता। प्राजापत्या जगती। निषादः स्वरः ॥

भा०—(रक्षः) विघ्नकारी दुष्ट स्वभाव के पुरुष को (प्रत्युष्टम्) भली प्रकार जाच २ करके संतप्त करो। (अरातयः) दानशीलता से रहित परद्रव्यापहारी, निर्दयी पुरुषों को (प्रत्युष्टाः) ठीक २ विवेचन करके

७—यज्ञो देवता। द०। रक्षोघ्न यज्ञ देवता इति सायण का० भा०। रक्षः, लिंगादन्तरिक्ष देवतेति अनन्त०। उरु यज्ञ रक्षोघ्न सर्वत्रेति सर्वा०।

संतापित करना चाहिये। (रक्षः) विघ्नकारी दुष्ट पुरुष (नि तप्तम्) खूब तप्त हो। और (अरातयः) शत्रु भी (निः-तप्ताः) खूब संतप्त हों और इस प्रकार पृथिवी रूप समस्त यज्ञवेदि को दुष्ट विघ्नकारियों से रहित करके पुनः मैं (ऊरु) विस्तृत, महान् (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष प्रदेश को भी (अनु एमि) अपने वश करूं, और दुष्टों का पीछा कर उनका नाश करूं ॥ शत० १ । १ । २ । २—४ ॥

धूर॑सि॒ धूर्व॒ धूर्व॑न्तं॒ धूर्व॒ तं यो॒ऽस्मान्धूर्व॑ति॒ तं धू॑र्व॒ यं व॒यं धूर्वा॑मः।
दे॒वाना॑मसि॒ वह्नि॑तम॒ꣳ सस्नि॑तमं॒ पप्रि॑तमं॒ जुष्ट॑तमं दे॒वहू॑तमम् ॥८॥

धूर्नोऽग्निश्च देवताः । अतिजगती । निषाद स्वरः ॥

भा०—हे राजन् ! वीर पुरुष ! तथा हे परमात्मन् ! तू (धूः असि) समस्त शत्रुओं का विनाशक एवं शकट के धुरा के समान प्रजा के भार को उठाने में समर्थ है। तू (धूर्वन्तं) हिंसा करने हारे को (धूर्व) विनाश कर। और (तम्) उसको (धूर्व) मार दण्ड दे (यः) जो (अस्मान्) हमको (धूर्वति) वध करता है। और (तं धूर्व) उसको नाश कर (यम्) जिसको (वयम्) हम (धूर्वामः) विनाश करते हैं। हे वीर पुरुष तथा हे परमात्मन् ! (देवानाम्) देव-विद्वान् पुरुषों को (वह्नितमम्) सब से उत्तम, वहन करने वाला, उनका भार शकट के समान अपने ऊपर उठाने वाला, (सस्नितमम्) राष्ट्र को मलिन स्वभाव के दुष्ट पुरुषों से शुद्ध करने हारा, (पप्रितमम्) सब का सर्वोत्तम पालन करने हारा, (जुष्टतमम्) सब को सर्वोत्कृष्ट प्रेम करने वाला, (देवहूतमम्) विद्वान् पुरुषों को सर्वोत्तम उपदेश करने हारा, सब को प्रेम से अपने प्रति बुलाने हारा है। हम तेरी नित्य उपासना करें ॥ शत० १ । १ । २ । १०—१२ ॥

८—अग्निर्देवता । द० । '०धूर्व त य०' इति काण्व० ।

अह्रुतमसि हविर्धानं दृᳪंहस्व मा ह्वार्मा ते यज्ञपतिर्ह्वार्षीत् ।
विष्णुस्त्वा क्रमतामुरु वातायापहतᳪं रक्षो यच्छन्तां पञ्च ॥९॥

अनो ब्रीहियवादयो रक्षो हविर्विष्णुश्च देवता । त्रिष्टुप् । धैवत स्वर ॥

भा०—हे यज्ञ ! प्रजापते ! तू (अह्रुतम्) कुटिलता से रहित (हविर्धानम्) अन्न और ज्ञान का आधार और उसका आश्रयस्थान है । हे यजमान ! यज्ञशील पुरुष ! तू (दृंहस्व) ऐसे यज्ञ को सदा बढ़ा । (मा ह्वाः) तू उसको त्याग मत कर । हे यज्ञ ! (ते) तेरा (यज्ञपतिः) यज्ञ पालक, स्वामी पुरुष (मा ह्वार्षीत्) तुझे त्याग न करे । हे यज्ञ ! (त्वा) तुझे (विष्णुः) व्यापक सूर्य या परमेश्वर (क्रमताम्) शासन करता, तुझे रचता और तुझ पर अधिष्ठातारूप से विद्यमान है । वह इस ब्रह्माण्ड रूप शकट या महान् यज्ञ में शासक है । वह ही (उरु वाताय) महान् जीवनप्रद वायु और प्राणियों के प्राण-समष्टि के संचालन करने के लिये विद्यमान है । (रक्षः) जीवन के विघ्न करने हारा दुष्ट हिंसक (उपहतम्) मार दिया जाय । (पंच) पांचों अंगुलियां जिस प्रकार किसी पदार्थ को पकड़ती हैं उसी प्रकार पांचों जन यज्ञ में एकत्र होकर (यच्छन्ताम्) दुष्टों का निग्रह करें और जीवनोपयोगी सुखों का संग्रह करें । लोग अन्न सम्पादक यज्ञ को बढ़ावें, उसको कभी न त्यागें । व्यापक सूर्य सर्वत्र फैले, जिससे खूब वायु बहे और रक्षोगण, जीवननाशक पदार्थ नष्ट हों और पांचों जन मिल कर उन राक्षसों का दमन करें ॥ शत० १ । १ । २ । १२–१२ ॥

देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम् ।
अग्नये जुष्टं गृह्णाम्यग्नीषोमाभ्यां जुष्टं गृह्णामि ॥ १० ॥

अग्नीषोमौ सविता च देवता । भुरिग् बृहती । मध्यम स्वर ॥

९—विष्णुर्देवता । द० ।

१०—'देवानामसि सस्नितम वह्नितम पप्रितम ०' इति काण्व०

भा०—हे अन्न आदि ग्राह्य पदार्थ ! (त्वा) तुझको (देवस्य) सर्वप्रदाता (सवितुः) सर्वप्रेरक, सर्व दिव्य पदार्थों के उत्पादक परमेश्वर या राजा के (प्रसवे) उत्पन्न किये इस ससार मे या उसकी आज्ञा मे रह कर (अश्विनोः बाहुभ्याम्) अश्वियों, स्त्री पुरुषों या यज्ञसम्पादक विद्वानों या सूर्य और चन्द्र की बाहुओं अर्थात् ग्रहण करने वाले सामर्थ्यों द्वारा और (पूष्णः) पुष्टिकारक प्राण के (हस्ताभ्याम्) ग्रहण और विसर्जन करने के सामर्थ्यों द्वारा (अग्नये जुष्टम्) अग्नि अर्थात् जाठर अग्नि के सेवन करने योग्य और (अग्नि-सोमाभ्याम्) अग्नि और सोम, अग्नि और जल इन द्वारा (जुष्टम्) सेवित, या सेवन करने योग्य सुपक्व अन्न को (गृह्णामि) ग्रहण करूं ।

राजा के पक्ष में—अग्नि = राजा या क्षात्र बल और सोम = ब्राह्मण इन दोनों के अभिमत अन्न आदि पदार्थों को अश्वियों स्त्री पुरुषों या राजा, ब्राह्मण विद्वानों के बाहुबल और पूषा अर्थात् पुष्टिकर भागदुघ् नामक कर-संग्राहक अधिकारी के हस्तों, ग्रहण करने के सामर्थ्यों द्वारा सर्वप्रेरक ईश्वर के राज्य में ग्रहण करूं ॥ शत० १ । १ । २ । १७ ॥

भूताय॑ त्वा नारा॑तये॒ स्व॑रभि॒विख्ये॑षन्दृꣳह॑न्तां॒ दुर्य्याः॑ पृथि॒व्या-मु॒र्व॒न्तरि॑क्ष॒मन्वे॑मि । पृथि॒व्यास्त्वा॒ नाभौ॑ सादया॒म्यदि॑त्या उ॒पस्थेऽग्ने॑ ह॒व्यꣳ र॑क्ष ॥ ११ ॥

हविः सूर्यगृहहव्यान्यग्निश्च देवता । स्वराड् जगती । निषाद स्वर ॥

भा०—हे अन्न या अग्ने ! या हे राजन् ! मैं (त्वा) तुझको (**भूताय**) उत्पन्न प्राणियों के हित के लिये उत्पन्न करता हूं । (अरातये न) दान न देने के लिये, या किसी श्रेष्ठ कार्य मे व्यय न होने के लिये नहीं, या शत्रु के हित के लिये नहीं, प्रत्युत सबके कल्याण के लिये स्थापित

११—अग्निर्देवता । द० । '० हव्य रक्षस्व ०' इति काण्व० ।

करता हूं। मैं पुरुष (स्वः) सुखकारक परमात्मा के परम तेज को (अभि-विख्येषम्) निरन्तर देखूं । मेरे (दुर्याः) घर और घर के समस्त प्राणी (पृथिवीम्) पृथिवी पर (दृहन्ताम्) सदा बढ़ें, उन्नति करें । और मैं (उरु अन्तरिक्षम्) विशाल अन्तरिक्ष मे भी (अनु एमि) जाऊं और उस पर भी वश करूं । हे (अग्ने) सब के अग्रणी, ज्ञान प्रकाशक पुरुष ! (त्वा) तुझ को राजा के समान (पृथिव्याः) पृथिवी के, पृथिवीवासी पुरुषों के (नाभौ) केन्द्र मे, मध्य मे सब को व्यवस्थासूत्र में बांधने के कार्य में और (अदित्याः) इस अविनाशी, अखण्डित राजसत्ता या पृथिवी के (उपस्थे) पृष्ठ पर (सादयामि) स्थापित करता हू । हे अग्ने ! पर संतापक ! तू (हव्यम्) हव्य, ग्रहण करने योग्य, एव ज्ञान योग्य समस्त अन्न आदि पदार्थों की (रक्ष) रक्षा कर । शत० १ । १ । २ । २०-२३ ॥

प॒वित्रे॑ स्थो वैष्ण॒व्यौ॑ सवि॒तुर्वः॑ प्रस॒व उत्पु॑नाम्यच्छि॑द्रेण प॒वित्रे॑ण सूर्य॑स्य र॒श्मिभिः॑ । देवी॑रापो अग्रेगुवो अग्रेपु॒वोऽग्र॑ इ॒मम॒द्य य॒ज्ञं न॑य॒ताग्रे॑ य॒ज्ञप॑तिꣳ सु॒धातुं॑ य॒ज्ञप॑तिं देव॒युव॑म् ॥ १२ ॥

पवित्रे आप सविता च देवता । स्वराट् त्रिष्टुप् । धैवत स्वर ।

भा०—(पवित्रे स्थः) हे सूर्य और जल तुम दोनों पवित्र करने हारे मल आदि के शोधक हो । उसी प्रकार हे प्राण और उदान ! तुम इस देह में पवित्र गति करने वाले हो । तुम दोनों (वैष्णव्यौ) इस संसार और देहमय यज्ञ में वर्तमान रहते हो । हे जलो ! और प्राण उदान और व्यान तुम तीनो ! (वः) तुम को (सवितुः) समस्त दिव्य पदार्थों के उत्पादक प्रेरक सूर्य और समस्त इन्द्रियों के प्रेरक आत्मा के (प्रसवे) शासन या प्रेरक बल पर (अच्छिद्रेण) छिद्ररहित, (पवित्रेण) शोधन करने वाले, छाज से जैसे अन्न स्वच्छ किया जाता है उसी प्रकार (सूर्यस्य रश्मिभिः) निरन्तर पृथ्वी तल पर पड़ने वाली रश्मियों, किरणों द्वारा

(उत् पुनामि) ऊपर लेजा कर मैं और भी पवित्र करता हूं, शुद्ध करता हूं। तब वे (आप.) जल (देवीः) दिव्यगुण युक्त होकर (अग्रेगुवः) अग्र अर्थात् समुद्र=अन्तरिक्ष में व्यापक और (अग्रेपुव·) अन्तरिक्ष या वातावरण को ही पवित्र करने वाली हो जाते हैं। हे पवित्र जलो ! तुम (अद्य) अब, सदा (इमम् यज्ञम्) उस महान् ईश्वरनिर्मित ब्रह्माण्डमय यज्ञ को (अग्रे नयत) सब से श्रेष्ठ पद पर प्राप्त कराते हो। और (सुधातुम्) समस्त संसार को भली प्रकार धारण करने वाले उस (यज्ञपतिम्) यज्ञ के स्वामी परमेश्वर और (देवयुवम्) दिव्य पृथिवी आदि पदार्थों को बनाने और रचने हारे (यज्ञपातिम्) यज्ञपति परमेश्वर को (अग्रे नयत) सबसे उत्तम पदपर स्थापित करते हो।

राजा के पक्ष मे—(पवित्रे स्थः) हे राजा और प्रजा तुम दोनों ही राष्ट्र को परिशोध करने हारे (वैष्णव्यौ) व्यापक राज्यव्यवस्था के अंग हो। मैं पुरोहित (वः सवितुः प्रसवे उत्पुनामि) तुम प्रजाजनो को प्रेरक राजा की प्रेरणा और शासन द्वारा उन्नत करता हूं। (अच्छिद्रेण पवित्रेण) बिना छिद्र के छाज से जैसे अन्न शुद्ध किया जाता है और (सूर्यस्य रश्मिभिः) सूर्य की रश्मियों से जिस प्रकार जल और वायु शुद्ध होते हैं। इसी प्रकार (अच्छिद्रेण) त्रुटि रहित, बिना छल छिद्र के पवित्र व्यवहार और सूर्य के समान कान्तिमान प्रतापी राजा के रश्मि अर्थात् प्रजाओं को बांधने वाली व्यवस्थापक रासों से राष्ट्र को शुद्ध करूं। (देवी. आपः) दिव्य गुणयुक्त विद्वान् आप्तपुरुष (अग्रे-गुवः) सब कामों में अगुआ हों और (अग्रेपुवः) आगे सबके मार्गदर्शक हों। हे (आपः) आप्त पुरुषो ! आप लोग (अद्य इमं यज्ञं अग्रे नयत) अब इस परस्पर संगत सुव्यवस्थित राष्ट्र को आगे उन्नति के मार्ग पर ले चलो। (सुधातुं देवयुवम् यज्ञपतिम् अग्रे नयत) राष्ट्र के उत्तम रूप से धारक, पालक पोषक विद्वानों के प्रिय, यज्ञपति राष्ट्रपति को आगे ले चलो ॥ शत० १ । १ । ३ । १—७ ॥

[1]युष्मा इन्द्रो वृणीत वृत्रतूर्ये यूयमिन्द्रमवृणीध्वं वृत्रतूर्ये प्रोक्षिता स्थ। [2]अग्नये त्वा जुष्टम्प्रोक्षाम्यग्नीषोमाभ्यां त्वा जुष्टम्प्रोक्षामि। [3]दैव्याय कर्मणे शुन्धध्वं देवयज्यायै यद्वोशुद्धाः पराजघ्नुरिदं वस्तच्छुन्धामि[3] ॥ १३ ॥

आपोग्निषोमौ पात्राणि इन्द्रश्च, यज्ञो वा देवता। (१) निचृदुष्णिक्। षड्ज (२) विराट् गायत्री। (३) भुरिग् उष्णिक्। ऋषभ।

भा०—हे प्रजा के आप्त पुरुषो! (युष्मा) तुम लोगों को (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा, सूर्य जिस प्रकार मेघ के साथ संग्राम करने और उसको छेदन भेदन करने के अवसर पर ग्रहण करता है उसी प्रकार (वृत्रतूर्ये) राष्ट्र पर आवरण या घेरा डालने हारे शत्रु के वध करने के संग्राम कार्य में (अवृणीत) वरण करता है। और (वृत्रतूर्ये) घेरा डालने वाले या राष्ट्र की सुख सम्पत्ति के वारक दुष्ट पुरुष के साथ होने वाले संग्राम में ही (यूयम्) तुम लोग भी (इन्द्रम्) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् प्रतापी पुरुष को अपना नेता, स्वामी (अवृणीध्वम्) वरण किया करो। आप सब आप्त जन (प्रोक्षिता. स्थ) वीर्य और धन आदि द्वारा उत्सिक्त, सम्पन्न, विशेष रूप से दीक्षित, जलसे स्वच्छ या युद्ध में निष्णात होकर रहो। (२) हे वीर पुरुष! (अग्नये जुष्टम्) अग्रणी नेता के प्रेमपात्र (त्वा) तुझ को (प्रोक्षामि) अभिषिक्त करता हूं, दीक्षित करता हू. (अग्निषोमाभ्याम्) अग्नि और सोम, क्षत्रिय और ब्राह्मण या राजा और प्रजा दोनों के हित के लिये या दोनों के बलों से (जुष्टम्) सम्पन्न (त्वा) तुझ वीर, उत्तम पुरुष को (प्रोक्षामि) जलों द्वारा अभिषिक्त करता हूं। (३) हे (आप) आप्त पुरुषो! आप सब लोग मिलकर इस उत्तम पुरुष को (दैव्याय कर्मणे) देवों से या देव, राजा द्वारा सम्पादन करने योग्य कर्म, राज्य-व्यवहार के लिये (शुन्धध्वम्) शुद्ध करें, नाना जलों से अभिषिक्त करें।

१३—(१) इन्द्र (३) यज्ञो देवता। द०।

और (देवयज्यायै) देवों, विद्वानों द्वारा परस्पर संगत होकर करने योग्य व्यवस्था कार्य के लिये तुझे अभिषिक्त करें। राजा प्रजा के प्रति कहता है—हे प्रजाजनो ! आप्त पुरुषो ! (यद्) यदि (वः) तुम में से जो कोई लोग (अशुद्धाः) मलिन, अशुद्ध, त्रुटिपूर्ण हो कर (पराजघ्नुः) शत्रुओं से पराजित हो कर पछाड़ खागये हैं तो (इदम्) यह मैं इस प्रकार (वः) आप लोगों को (तम्) उस त्रुटि के दूर करने के लिये (शुन्धामि) विशुद्ध, त्रुटि रहित करता हूं ।

राजा प्रजा के आप्त पुरुषों को संग्राम के निमित्त वरे। प्रजाएं राजा को वरें। राजा प्रजा के निमित्त भर्त्ती हुए वीर पुरुषों को भी दीक्षित करे। राजा राज्यकार्य को देवकार्य या ईश्वरीय सेवा जान कर शुद्ध चित्त होकर अभि-षिक्त हों। और राजा अपने समस्त कार्यकर्त्ताओं को त्रुटि रहित करे। शत० १।१।३।८।१२॥

शर्म्मास्यवधूतꣳ रक्षोऽवधूता अरातयोऽदित्यास्त्वगसि प्रति त्वादितिर्वेत्तु । अद्रिरसि वानस्पत्यो ग्रावासि पृथुबुध्नः प्रति त्वादित्यास्त्वग्वेत्तु ॥ १४ ॥

यज्ञो देवता । स्वराड् जगती । निषादः स्वर ॥

भा०—हे राजन् ! (शर्म असि) जिस प्रकार घर सुखदायी होता है उसी प्रकार तू प्रजा के लिये सुखप्रद है। (रक्षः) तेरे द्वारा ही विघ्न-कारी राक्षसों को (अवधूतम्) नीचे दबा कर नष्ट किया जाता है। (अरातयः अवधूताः) हमारे अधिकार और संपत्ति को हमें न देने हारे, अदानशील, दुष्ट पुरुष भी मार दिये जावें। तू सचमुच (अदित्याः) इस अखण्ड अविनश्वर, अदिति पृथिवी की (त्वक् असि) त्वचा के समान है। अर्थात् जिस प्रकार त्वचा देह की रक्षा करती है उसी प्रकार बाह्य आघातों से तू पृथिवी निवासी प्रजा की रक्षा करता है। (त्वा) तुझ को (अदितिः) यह पृथिवी वासी प्रजाजन (प्रति वेत्तु) प्रत्यक्षरूप में जानें।

हे राजन् तू ! (वानस्पत्यः) वनस्पति के बने (अद्रि) कभी भी न टूटने वाले मूसल के समान दृढ़ है। अथवा (वानस्पत्यः) वनस्पतियों का हित-कारी जिस प्रकार मेघ बरसता है उसी प्रकार तू प्रजा के प्रति सुखों का वर्षक (अद्रि) और अभेद्य रक्षक है। (ग्रावा असि) जिस प्रकार दृढ़-शिला अन्न आदि पदार्थों को चूरा २ कर देती है उसी प्रकार तू भी शत्रुओं को चकनाचूर कर देता है। तू (पृथुबुध्न.) विशाल मूल वाला, दृढ़ आधारवाला है ॥ (अदित्या) अदिति, पृथिवी और उसके ऊपर बसने वाली प्रजा का (त्वक्) त्वचा के समान सवरणकारी रक्षक लोग भी (त्वा) तुझे (प्रति वेत्तु) प्रत्यक्षरूप मे जानें ॥ शत० १ । १ । ४–७ ॥

[1]अग्नेस्तनूरसि वाचो विसर्जनन्देववीतये त्वा गृह्णामि बृहद्ग्रावासि वानस्पत्य' स इदन्देवेभ्यो हविः शमीष्व सुशमि शमीष्व। [2]हविष्कृदेहि हविष्कृदेहि ॥ १५ ॥

हविर्मुसल वाक्, पत्नी च यज्ञो वा देवता (१) निचृत् जगती, निषाद (२) याजुषी पक्ति । पञ्चम स्वर ॥

भा०—हे प्रजा के पालक यज्ञमय प्रजापते ! राजन् ! तू (अग्ने तनू असि) अग्नि का स्वरूप है। अग्नि के समान साक्षात् अग्रणी और दुष्टों का तापकारी है। (वाच विसर्जनम्) वेद आदि वाणियो और स्तुतियुक्त वाणियो के त्याग करने, भेंट करने का स्थान है। (त्वा) तुझ को हम प्रजाजन (देववीतये) देव, विद्वानों के रक्षा के निमित्त (गृह्णामि) स्वीकार करते हैं। तू (वानस्पत्य) वनस्पति अर्थात् काष्ठ के बने मूसल के समान शत्रुनाशक और (बृहद्ग्रावा असि) बड़ा भारी ग्रावा पाषाण के समान शत्रु के दलन करने वाला है। (इदम्) यह (देवेभ्य)

१५—०'बृहन्ग्रावासि'०, '०शमि हव्य ॅ शमीष्व०' इति काण्व० ।
यज्ञो देवता । द० ।

देव विद्वान् पुरुषों के उपकार के लिये (हविः) ग्रहण करने योग्य अन्न या भोग्य पदार्थ है। (स) वह तू राजा उसको (शमीष्व) शान्तिदायक रूप में तैयार कर। (सुशमि) उत्तम रीति से दुःखशमन करने के लिये (शमीष्व) उसको उत्तम रीति से तैयार कर। हे (हविष्कृत्) अन्न आदि पदार्थों के तैयार करने वाले सत्पुरुष! तू (एहि) आ। हे (हविष्कृत् एहि) अन्न आदि पदार्थों को तैयार करने वाले पुरुष! तू आ॥ शत० १।१।४।८-१३॥

[१]कुक्कुटोऽसि मधुजिह्व इषमूर्जमावद त्वया वयꣳ संघातं संघातं जेष्म वर्षवृद्धमसि प्रति त्वा वर्षवृद्धं वेत्तु परापूतꣳ रक्षः परापूता अरातयोऽपहतꣳ रक्षो वायुर्वो विविनक्तु देवो वः [२]सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिना॥ १६॥

वाक् शूर्पं हवी रक्षः तण्डुलाश्च वायुः सविता च देवता (१) ब्राह्मी त्रिष्टुप्, धैवत, (२) विराड् गायत्री। षड्ज.॥

भा०—हे वीर राजन्! तू (कुक्कुटः) चोर डाकुओं को नाश करने वाला और (मधुजिह्वः) मधुर जिह्वावाला अर्थात् मधुर वाणी बोलने हारा (असि) है। तू हमें (इषम्) अन्न आदि भोग्य पदार्थ या प्रेरक आज्ञा वचन (ऊर्जम्) परम विद्यादि पराक्रम तथा अन्यान्य बलकारी पदार्थों को प्राप्त करने का (आ वद) उपदेश कर। लोगों को अन्नादि उत्पन्न करने की आज्ञा दे। (त्वया) तुझ वीर अग्रणी राजा के द्वारा (वयम्) हम (संघातं संघातम्) शत्रुओं को मार मार कर (जेष्म) विजय करें। (वर्षवृद्धम् असि) जिस प्रकार सूप की सींकें वर्षा से बढ़ी होने के कारण वह सूप वर्षवृद्ध हैं उसी प्रकार हे ज्ञानी

१६—'संघाते संघाते०', ०'प्रतिपूता अरातय०'। ', ० प्रतिगृह्णातु हिरण्यपाणिरच्छिद्रेण 'पाणि' इति काण्व०

पुरुष तू भी वर्षों में अधिक आयु होने से वर्षवृद्ध है। (वर्षवृद्धं त्वा) उस वर्षों में बूढ़े, दीर्घायु, एवं वृद्ध अनुभवी तुझ पुरुष को (प्रतिवेत्तु) प्रत्येक पुरुष जाने। जिस प्रकार सूप अन्न को फटक कर भूसी को पृथक् कर देता है उसी प्रकार हे ज्ञानवृद्ध और वयोवृद्ध पुरुष तेरे विवेक और युक्ति द्वारा (रक्षः) प्रजा में विघ्नकारी दुष्ट पुरुष (पराभूतम्) दूर हो, और (अरातयः) शत्रुगण भी (परापूता.) पछोड़ २ कर दूर कर दिये जांय। इस प्रकार (रक्षः) विघ्नकारी दुष्ट पुरुष जब (अपहतम्) ताड़ित हो तब (वायु) वायु जिस प्रकार छाज से गिराये अन्न में से भूसी को दूर उड़ा देता है और अन्न पृथक् हो जाता है उसी प्रकार हे प्रजागण! आप्त पुरुषो! (व.) तुम्हारे बीच में (वायुः) व्यापक, ज्ञानी पुरुष ही (वि विनक्तु) धर्म अधर्म का, बुरे भले का विवेक करे। जिस प्रकार पुनः सुवर्णादि से धनाढ्य पुरुष द्रव्य देकर अन्न को हाथों से भर कर उठा लेता है उसी प्रकार (हिरण्यपाणिः) सुवर्ण-कंकण को हाथ में धारण करने हारा (वः सविता देवः) तुम्हारा प्रेरक, सूर्य के समान उज्ज्वल, प्रतापी राजा (व.) तुम सब प्रजाजनों को (अच्छिद्रेण पाणिना) छिद्र रहित हाथों से, त्रुटिरहित साधन से (प्रतिगृभ्णातु) स्वीकार करे, रक्षा करे॥ शत० १।१।४।१८-२४॥

धृष्टिरस्यपाऽग्ने अग्निमामादं जहि निष्क्रव्यादꣳ सेधा देवयजं वह। ध्रुवमसि पृथिवीं दृꣳह ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि सजातवन्युपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय॥ १७॥

उपवेश कपालान्यग्निश्च देवता। ब्राह्मी पंक्ति। पञ्चम स्वर।

भा०—हे धनुर्विद्या में विद्वान् राजन्! वीर पुरुष! राष्ट्र में समीप २ के नाना स्थानों में छावनियें बनाकर बैठने हारे! तू (धृष्टिः असि) शत्रु को धर्षण करने,

१७—०'उपदधामि द्विषतो वधाय' इति काण्व०।

उसको पराजित करने में समर्थ है। अतः हे अग्ने! शत्रुसंतापक राजन्! तू अपने से विपरीत (आमादम्) कच्चे, अपरिपक्व आयु वाले जीवों को खाने वाले, या कच्चे मांसखोर, संतापक पुरुष को या रोगादि ज्वर को (जहि) विनाश कर। और (क्रव्यादम्) जो अग्नि, क्रव्याद, क्रव्यमांस को खाय, वह चिता आदि की अग्नि और उसके समान अन्य अमंगलकारी, प्रजाघातक विपत्तिकारी संतापक जन्तु को भी (नि. षेध) दूर कर। (देवयजं वह) देव विद्वानों और वायु और जल आदि को परस्पर संगत करके सुख वर्धन करने वाले विद्वान् पुरुष को (वह) राष्ट्र में ला, बसा। तू (ध्रुवम् असि) ध्रुव--स्थिर है, इस कारण तू (पृथिवीम् दृंह) पृथिवी को दृढ़ कर, पालन कर। (ब्रह्मवनि) ब्राह्मणों को वृत्ति देने वाले, (क्षत्रवनि) क्षत्रियों को वृत्ति देने वाले और (सजातवनि) अपने समान वीर्यवान् पुरुषों को भी वृत्ति देने वाले तुझ अखिल ऐश्वर्य के स्वामी पुरुष को (भ्रातृव्यस्य) शत्रु के (वधाय) वध करने के लिये (उपदधामि) स्थापित करता हूं।

[1]अग्ने ब्रह्म गृभ्णीष्व धरुणमस्यन्तरिक्षं दृᳪह ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि सजातवन्युपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय। [2]धर्त्रमसि दिवं दृᳪह ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि सजातवन्युपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय। [3]विश्वाभ्यस्त्वाशाभ्य उपदधामि चितस्थोर्ध्वचितो भृगूणामङ्गिरसां तपसा तप्यध्वम् ॥ १८ ॥

अग्निर्देवता। (१) ब्राह्मी उष्णिक्, ऋषभ। (२) आर्चीत्रिष्टुप् धैवत (३) आर्ची पङ्क्ति। पञ्चम।

भा०—हे (अग्ने) अग्ने! शत्रुसंतापक और प्रजा के अग्रणी नेताः राजन्! तू (ब्रह्म) वेद और वेदज्ञ पुरुष, ब्राह्मणों के (गृभ्णीष्व) अपने आश्रय में ले। और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष और अन्तरिक्ष में स्थित वायु आदि

१८—०'द्विषतो वधाय०' इति काण्व०।

पदार्थों और उसमे विचरने वाले प्राणियों और उसकी विद्या के वेत्ता पुरुषों अथवा अन्तरिक्ष के समान शासक श्रेणी के प्रजाजन को (दृंह) उन्नत कर। (ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनि सजातवनि उपदधामि भ्रातृव्यस्य वधाय) इत्यादि पूर्ववत्॥ (धर्त्रम् असि) तू राष्ट्र के धारण करने में समर्थ है। तू (दिवम् दृंह) द्यौलोक, उसमें स्थित, प्राणि, दिव्य शक्तियाँ और द्यौलोक के समान उच्च कोटि के प्रजाजनों को उन्नत कर (ब्रह्मवनि त्वा० इत्यादि) पूर्ववत्। हे राजन्! (त्वा) तुझे (विश्वाभ्य आशाभ्य) समस्त दिशाओं और उनके वासी प्रजाओं के लिये (उपदधामि) स्थापित करता हू। हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग भी (चित स्थ) प्रजा को ज्ञान देने हारे और स्वयं ज्ञानवान् हैं। अतएव आप लोग (ऊर्ध्वचित-स्थ) सब से ऊपर रह कर सब को ज्ञानवान् करने में कुशल हो। आप लोग (भृगूणाम्) पाप और पापियों को भून डालने वाले (अंगिरसाम्) अगारों के समान जाज्वल्यमान, तेजस्वी पुरुषों के (तपसा) तपश्चर्या से (तप्यध्वम्) तप करो॥ शत० १।२।४।१०--१३॥

शर्मा॒स्यव॑धूत॒ꣳ रक्षो॒ऽव॑धूता॒ऽअरा॑तयो॒ऽदि॑त्या॒स्त्वग॑सि॒ प्रति॑ त्वा॒दिति॑र्वेत्तु। धि॒षणा॑सि पर्व॒ती प्रति॑ त्वा॒दित्या॒स्त्वग्वे॑त्तु दि॒व स्क॑म्भ॒नीर॑सि धि॒षणा॑सि पार्वते॒यी प्रति॑ त्वा पर्व॒ती वे॑त्तु॥ १६॥

अग्निर्दृषत्शम्या, उपलाश्च देवता। निचृद् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवत॥

भा०—हे राजन् (शर्म असि) तू समस्त प्रजा का सुखदायक शरण है। (अवधूत रक्ष) तेरे द्वारा राष्ट्र के विघ्नकारी राक्षस गण मार भगाये। (अरातय अवधूता) शत्रुगण भी पछाड़ दिये। तू (अदित्या) अखण्ड पृथिवी का (त्वक् असि) त्वचा के समान उस पर फैल कर उसकी रक्षा करने हारा है। (त्वा) तुझे (अदिति) यह समस्त पृथिवी (प्रतिवेत्तु)

१६—'दिवस्कम्भन्यसि' इति काण्व०।

प्रत्यक्षरूप से अपना स्वामी स्वीकार करे। हे वेदवाणि! या हे सेने! तू (पर्वती) पालन करने के बल और ज्ञान से युक्त (धिषणा) शत्रुओं का धर्षण करने मे समर्थ (असि) है (अदित्याः त्वक्) अदिति, पृथिवी की त्वचा, उसको संवरण, पालन करने वाली प्रभुशक्ति (त्वा प्रतिवेत्तु) तुझे प्राप्त करे और स्वीकार करे। हे प्रभुशक्ते! तू (दिवः स्कम्भनीः असि) द्यौलोक के समान प्रकाश या सूर्य के समान प्रकाश युक्त तेजस्वी विद्वानों का आश्रयभूत (असि) है। तू भी (पार्वतेयी) मेघ की कन्या बिजुली के समान अति बलवती या मेघ से उत्पन्न वृष्टि के समान सब का पालन करने वाली, सब सुखों की वर्षक, उत्तम फल प्राप्त कराने हारी है। (पर्वती) पूर्वोक्त सेना (त्वा प्रति वेत्तु) तुझे प्रत्यक्षरूप से प्राप्त करे, स्वीकार करे॥ शत० १।२।१।१४-१७॥

धान्यमसि धिनुहि देवान् प्राणार्य त्वोदानार्य त्वा व्यानार्य त्वा। दीर्घामनु प्रसितिमायुषे धान्देवो वः सविता हिरण्यपाणिः प्रतिगृभ्णात्वच्छिद्रेण पाणिना चक्षुषे त्वा महीनां पयोऽसि॥ २०॥

हविः सविता आज्यं च देवता। विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवतः स्वरः॥

भा०—अन्न और घृत की उपमा से राज्यशक्ति का वर्णन करते हैं— (धान्यम् असि) हे राजन् जिस प्रकार अन्न समस्त प्रजाओं का धारण पोषण करता है उसी प्रकार तू भी प्रजा को धारण पोषण करता है। इसलिये (देवान् धिनुहि) जिस प्रकार अन्न शरीर के प्राणों को तृप्त करता है उसी प्रकार तू देव अर्थात् शिल्पी, विद्वानों और सत्तावान् राजपुरुषों को तृप्त, प्रसन्न कर। (प्राणाय त्वा, उदानाय त्वा व्यानाय त्वा) जिस प्रकार अन्न को प्राण शक्ति, उदान शक्ति, और व्यान शक्ति की वृद्धि के लिये खाते हैं उसी

२०—'०देवान् धिनुहि यज्ञं धिनुहि यज्ञपतिं' धिनुहिमा यज्ञन्य प्राणाय०। प्रतिगृह्णात हिरण्यपाणिरच्छिद्रेण० इति काण्व०।

प्रकार हे राजन् ! तुझ को प्राण अर्थात् राष्ट्र के जीवन धारण के हेतु, बल की प्राप्ति, उदान अर्थात् आक्रमण, चढ़ाई और पराक्रम के लिये और व्यान अर्थात् समस्त राष्ट्र में शुभ अशुभ कर्मों और विद्याओं के फैलाने के लिये, और (दीर्घाम् प्रसितिम् अनु आयुषे धाम्) जिस प्रकार दीर्घ विस्तृत उत्तम कर्म-सतति के अनुकूल, उत्तम कर्म-बन्धन के अनुरूप दीर्घ जीवन के लिये अन्न को खाते हैं उसी प्रकार हे राजन् ! तुझ को भी हम (दीर्घाम्) दीर्घ, अति विस्तृत (प्रसितिम्) उत्कृष्ट रूप से प्रबंध करने वाली राज्य व्यवस्था के (अनु) प्रति लक्ष्य करके राष्ट्र के (आयुषे) दीर्घ जीवन के लिये तुझ को राष्ट्रपति के पद पर हम स्थापित करते हैं । हे प्रजागण ! जिस प्रकार अन्नों को (हिरण्यपाणिः सविता देव) सुवर्ण आदि धन को हाथ में लेने वाला, धनाढ्य पुरुष (अच्छिद्रेण पाणिना) विना छिद्र के हाथ से अन्न को स्वीकार कर लेता है, संग्रह करता है, उसी प्रकार हे प्रजाजनो ! (व) तुम्हारा (सविता) उत्पादक और प्रेरक शासक (हिरण्यपाणिः) सुवर्ण कंकण को हाथ में रखने वाला, सुवर्णालंकृत, धनैश्वर्यसम्पन्न, राजा तुम को (अच्छिद्रेण) छिद्ररहित, त्रुटिरहित, पूर्ण बलयुक्त (पाणिना) पाणि = हाथ से या सत्य व्यवहार से (प्रतिगृभ्णातु) स्वीकार करें, तुम्हें अपनावे और तुम्हारी रक्षा करे । और हे राजन् ! जिस प्रकार अन्न को स्थिर जीवन धारण करने और चक्षु आदि इन्द्रियों को नित्य चेतन रखने के लिये स्वीकार किया जाता है, उसी प्रकार हम प्रजाजन (त्वा) तुझ को (चक्षुषे) प्रजा के समस्त व्यवहारों को देखने के लिये, निरीक्षक रूप से प्रजा में विवेक बनाये रखने के लिये नियुक्त करते हैं । और हे राजन् ! जिस प्रकार (महीनाम् पय असि) घृत, गौवों के दुग्धों का भी पुष्टिकारक अंश है उसी प्रकार तू (महीनां) बड़ी शक्तिशालिनी विशाल प्रजाओं का (पयः असि) पुष्टिकारक, स्वत वीर्यमय अंश है ॥ शत० १ । २ । ५ । १८–२१ ॥

[1]देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। [2]संवपामि समापऽओषधीभिः समोषधयो रसेन। सꣳ रेवतीर्जगतीभिः पृच्यन्ताꣳ सं मधुमतीर्मधुमतीभिः पृच्यन्ताम् ॥ २१ ॥

हविरापो यज्ञो वा देवता । (१) गायत्री । ऋषभ । (२) विराट् पक्ति । पचम ॥

भा०—(देवस्य) देव (सवितुः) सर्वोत्पादक ईश्वर के (प्रसवे) शासन में या उसके बनाये संसार में (अश्विनो) ब्राह्मण-क्षत्रिय या प्रजा और राजा की बाहुओं से और (पूष्णः) पुष्टिकारक, सर्व पोषक वैश्यगण के (हस्ताभ्याम्) हाथों से (त्वा) तुझ को (संवपामि) स्थापित करता हूं। राष्ट्ररूप यज्ञ मे (आप) ओषधीभि सम् पृच्यन्तान्) जल जिस प्रकार ओषधियों से मिलाये जाते हैं उसी प्रकार दोषो के नाश करने वाले विद्वान् सदाचारी (आप) आप्त, सत्य व्यवहार युक्त प्रजाजन (सम् पृच्यन्ताम्) मिलें। (ओषधय) ओषधियें जिस प्रकार (रसेन सम् पृच्यन्ताम्) वीर्यवान्, उत्तम रस से युक्त हों उसी प्रकार दोष दूर करने वाले पुरुष के सारस्प बल से युक्त किये जायं। (जगतीभिः रेवतीः सम्) और जिस प्रकार जगती अर्थात् ओषधियो के साथ रेवती अर्थात् शुद्ध जल मिल कर विशेष गुणकारी हो जाते हैं उसी प्रकार (जगतीभि.) निरन्तर गमन करने वाले दूरगामी रथ आदि साधनों के साथ (रेवती) धनैश्वर्य सम्पन्न प्रजाएं युक्त होकर रहें। वे यानों द्वारा बराबर व्यापार करें। और (मधुमतीभि मधुमती सं पृच्यन्ताम्) जिस प्रकार मधुर रस वाला ओषधियां मधुर रस वाली ओषधियों से मिला दी जाती हैं उसी प्रकार (मधुमती) मधु=ज्ञान से समृद्ध प्रजाएं मधु अर्थात् अध्यात्म आनन्द से सम्पन्न तत्व ज्ञानी पुरुषों से मिलें और आनन्द लाभ करें ॥ शत० १ । २ । ६ । २-२ ॥

२१—०'जगतीभि स मधुमती ०' इति काण्व० ।

इसी मन्त्र में परस्पर विवाह सम्बन्ध करने के निमित्त भी प्रजाओं मे गुणवान् पुरुष समान गुण की स्त्रियों से सम्बन्ध करके पुत्र लाभ करें, इसका भी उपदेश किया जानो। इसका सम्बन्ध आगे दर्शावेंगे।

[१]जनयत्यै त्वा सं यौमीदमग्नेरिदमग्नीषोमयोरिषे त्वा घर्मोऽसि विश्वायुरुरुप्रथाऽउरु प्रथस्वोरु ते यज्ञपतिः प्रथताम् [२]अग्निष्टे त्वचं मा हिंᳬसीद् देवस्त्वा सविता श्रपयतु वर्षिष्ठेऽधि नाके ॥२२॥

हविराज्य पुरोडाशः प्रजापतिसवितारौ च देवता। (१) स्वराट् त्रिष्टुप्। धैवत,
(२) गायत्री। षड्ज ॥

भा०—हे यज्ञरूप प्रजापते! पुरुष! (त्वा) तुझ को (जनयत्यै) नाना प्रकार के ऐश्वर्य और पुत्र आदि उत्पादन करने में समर्थ पृथ्वीरूप स्त्री के साथ (सं यौमि) मिलाता हूं। गृहस्थ बन जाने पर दोनो का भोग्य सम्पत्ति मे भाग है। उसमें से (इदम्) यह आधा भाग (अग्ने) अग्रणी पुरुष का है। (इदम्) यह आधा भाग (अग्नीषोमयो) अग्नि और सोम, पुरुष और स्त्री दोनों का है। हे पुरुष तुझ को (इषे त्वा) इच्छानुरूप वीर्य और अन्न आदि समृद्धि प्राप्त करने के लिये नियुक्त करता हूं। हे पुरुष! तू (धर्मः असि) तू तेजस्वी, वीर्य सेचन मे समर्थ, साक्षात् यज्ञरूप प्रजापति है। तू (विश्वायु) समस्त प्राणियों की आयु रूप या पूर्णायु हो। तू (उरुप्रथा) बहुत विस्तृत होने में समर्थ हो। अत (उरु प्रथस्व) खूब अधिक विस्तृत हो। अर्थात् हे गृहस्थरूप यज्ञ! (ते यज्ञपति प्रथताम्) तेरा यज्ञपति स्वामी गृहस्थ पुरुष प्रजाद्वारा खूब फले। हे स्त्री! (ते त्वचम्) तेरे शरीर के अगों को (अग्नि) तेरा अग्रणी, पति, स्वामी (मा हिंसीत्) विनाश न करे, कष्ट न दे। (सविता देव) प्रेरक परमेश्वर (त्वा) तुझे (वर्षिष्ठे) अति सम्पन्न (नाके) सुखमय लोक में (श्रपयतु) परिपक्व करे॥ शत० १। २। ६। ३–४॥

२२—'मा हिंसीदन्तरिक्ष रक्षोऽन्तरिता अरातय। त्वा०' इति काण्व०।

उसी प्रकार यह मन्त्र यज्ञपति राजा और पृथिवी और राज्यलक्ष्मी के पक्ष में भी स्पष्ट है ।

मा भेर्मा संविक्था॒ऽ अतमेरुर्य॒ज्ञोऽतमेरु॒र्यज॑मानस्य प्र॒जा भूयात् । त्रि॒ताय॑ त्वा द्वि॒ताय॑ त्वैकु॒ताय॑ त्वा ॥ २३ ॥

पुरोडाशः त्रितद्वितैकताः अग्निर्वा देवता बृहती । मध्यम. ॥

भा०—हे पुरुष ! (मा भे) तू मत डर । (मा संविक्थाः) तू उद्विग्न मत हो । (यज्ञ) गृहस्थ रूप यज्ञ (अतमेरुः) सदा ग्लानि-रहित, अनथक, सदा बलवान् रहे । और (यजमानस्य) यज्ञशील पुरुष को (प्रजा) प्रजा, सन्तान भी (अतमेरु) कभी ग्लानियुक्त, मलिन, निर्बल न (भूयात्) हो । हे गृहपते ! (त्वा) तुझ को मैं (त्रिताय) तीन वेदों मे पारंगत और (द्विताय) दो वेद में पारंगत और (एकताय) एक वेद में पारंगत पुरुष के लिये (संयौमि) नियुक्त करता हूं अथवा त्रित=माता, पिता और गुरु के निमित्त, द्वित=माता पिता और एकत=केवल परमात्मा की सेवा में नियुक्त करता हूं । राजा को भी ऐसा ही उपदेश है । तू भय मत कर, उद्विग्न मत हो । राष्ट्रमय यज्ञ ग्लानि रहित हो । राजा, प्रजा ग्लानिरहित' सदा प्रसन्न रहें । त्रित अर्थात् शत्रु । मित्र और उदासीन तीनों के लिये, द्वित अर्थात् सन्धि, विग्रह और एकत अर्थात् एक चक्र-वर्ती राज्य के लिये तुझे नियुक्त करता हूं । अथवा प्रजा में विद्यमान, त्रित अर्थात् उत्तम, मध्यम, अधम या तीन वर्णों के लिये द्वित अर्थात् स्त्री पुरुष, पति पत्नी, एकत अर्थात् एकान्त सेवी मोक्षार्थी लोगों के हित के लिये नियुक्त करता हूं ॥ शत० १ । २ । ७ । १-९ ॥

दे॒वस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्रस॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम् । आद॑देऽध्वर॒कृतं॑ दे॒वेभ्य॒ इन्द्र॑स्य बा॒हुर॑सि॒ दक्षि॑णः । स॒हस्र॑भृष्टिः श॒तते॑जा वा॒युर॑सि ति॒ग्मते॑जा द्वि॒ष॒तो व॒धः ॥ २४ ॥

सविता, स्फ्यश्च द्यौर्विद्युतौ वा देवते । स्वराड् ब्राह्मी पङ्क्तिः पञ्चमः ॥

भा०—(देवस्य त्वा इत्यादि) पूर्ववत् [१ । २१] हे शस्त्र ! राजा प्रजा को बाहुओं ! और पोषक राजा के हाथों से सर्वप्रेरक सविता राजा के (प्रसवे) शासन में (आददे) तुझ खड्ग को मैं ग्रहण करता हूं। तू (देवेभ्यः) देव या विद्वानों के निमित्त (अध्वरकृतम्) राष्ट्रयज्ञ के सम्पादन के लिये या पराजित न होने के लिये ही बनाया गया है। तू (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवान् राजा का (दक्षिणबाहुः असि) दायां हाथ है अर्थात् दायें हाथ के समान सबसे बड़ा सहायक है। हे विद्युत् के घोर अस्त्र ! तू (सहस्रभृष्टिः) हज़ारों को भूंज डालने में समर्थ है। (शततेजाः) तुझ में सैकड़ों तेज और ज्वालाएं दीप्त होती हैं। तू (वायुः असि) वायु के समान दूर तक फैलने वाला (तिग्मतेजाः) सूर्य के समान तीक्ष्ण तेजस्वी और (द्विषतः बधः) शत्रु का नाश करने वाला परम हथियार है।

पृथिवि देवयजन्योषध्यास्ते मूलम्मा हिंᳫंसिषं व्रजङ्गच्छ गोष्ठानं वर्षतु ते द्यौर्बधान देव सवितः परमस्यां पृथिव्याᳪं शतेन पाशैर्योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मस्तमतो मा मौक् ॥ २५ ॥

वेदिः पुरीषं सविता च देवताः। विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—हे (पृथिवि) पृथिवि ! हे (देवयजनि) देवगण, पृथिवी, तेज, वायु आदि के परस्पर संगत होने के आश्रयभूत ! एवं देव-विद्वानों और राजाओं के यज्ञ की स्थलि ! मैं (ते) तेरे ऊपर बसी (ओषध्याः) यव आदि ओषधियों के (मूलम्) मूल को (मा हिंसिषम्) विनाश न करूं। इसी प्रकार (ओषध्याः मूलम्) ओषधिरूप प्रजा के मूल का नाश न करूं। हे पुरुष ! तू (गोष्ठानम्) गौ आदि पशुओं के स्थान और (व्रजं गच्छ) सत्पुरुषों के गमन करने के निवासस्थान को प्राप्त हो अर्थात् पशुपालन के कार्य में लग अथवा (व्रजं गच्छ) सज्जनों के जाने के योग्य मार्ग से जा और

२५—'पृथिव्यै वर्मासि पृथिविदेवयजन्यो०' इति काण्व० ।

(गोष्ठानं गच्छ) गो-लोक या वाणी के स्थान अध्ययनाध्यापन आदि के कार्यों में लग। हे पृथिवि ! (ते) तेरे ऊपर (द्यौ) आकाश या द्यौलोक से मेघ आदि (वर्षतु) निरन्तर उचित काल में वर्षा करे। हे (देव सवित) सर्व प्रजापालक, शासक, राजन् ! (परमस्यां पृथिव्याम्) परम, सर्वोत्कृष्ट पृथिवी में भी (यः) जो दुष्ट पुरुष (अस्मान् द्वेष्टि) हम से द्वेष करता है और (यं च) जिसके प्रति (वयम्) हम भी (द्विष्म) द्वेष करते हैं, उस शत्रु को (शतेन पाशै) सैकड़ों पाशों से (बधान) बांध। (अतः) इस बन्धन से (तम्) उसको (मा मौक्) कभी मत छोड़। शत० १। २। २। १६ ॥ परस्पर पृथिवी निवासी प्रजा का नाश न करें ॥ लोग कृषि और गोपालन करें। राजा दुष्टों का नाश करे, उनको कैद करे।

[१]अपा॑र॒रुं पृ॑थि॒व्यै दे॑व॒यज॑नाद्बध्यासं व्र॒जं ग॑च्छ गो॒ष्ठानं॒ वर्ष॑तु ते॒ द्यौर्ब॑धा॒न दे॑व सवितः पर॒मस्यां॑ पृथि॒व्याᳪं श॒तेन॒ पाशै॒र्यो॒ऽस्मान् द्वेष्टि॒ यं च॑ व॒यं द्वि॒ष्मस्तम॒तो मा मौ॑क्। [२]अर॑रो दिवं॒ मा प॑प्तो द्र॒प्सस्ते॒ द्यां मा स्क॑न् व्र॒जं ग॑च्छ गो॒ष्ठानं॒ वर्ष॑तु ते॒ द्यौर्ब॑धा॒न दे॑व सवितः पर॒मस्यां॑ पृथि॒व्याᳪं श॒तेन॒ पाशै॒र्यो॒ऽस्मान् द्वेष्टि॒ यं च॑ व॒यं द्वि॒ष्मस्तम॒तो मा मौ॑क् ॥ २६ ॥

असुरो वेदिः सविता च देवता; (१) स्वराड् ब्राह्मी पङ्क्ति, (२) भुरिक् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

भा०—(पृथिव्यै) इस पृथिवी या पृथिवीवासिनी प्रजा के हित के लिये (अररुम्) दुष्ट, हिंसकस्वभाव शत्रु को (देवयजनात्) देव-विद्वानों के यज्ञस्थान से (अप बध्यासम्) मैं क्षत्रिय पुरुष दूर मार भगाऊं। (व्रजं गच्छ० इत्यादि) पूर्ववत्। हे (अररो) प्रजापीड़क असुर पुरुष ! तू (दिव) द्यौलोक, स्वर्ग या सुख को (मा पप्त) मत प्राप्त कर। हे

२६—'अपाररु बध्यास पृथिव्यै देवयजनात्। व्रज०' इति काण्व०।

पृथिवि ! (ते) तेरा (द्रप्स) उत्तम रस (द्याम्) आकाश की तरफ़ (मा स्कन्) शुष्क न हो । (व्रज गोष्ठानं गच्छ० इत्यादि) पूर्ववत् ॥

गायत्रेण त्वा छन्दसा परिगृह्णामि त्रैष्टुभेन त्वा छन्दसा परिगृह्णामि जागतेन त्वा छन्दसा परिगृह्णामि। सुक्ष्मा चासि शिवा चासि स्योना चासि सुषदा चास्यूर्जस्वती चासि पयस्वती च ॥ २७॥

विष्णुर्वेदी च यज्ञो वा देवता । त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

भा० — हे यज्ञमय प्रजासघ ! (त्वा) तुझ को (गायत्रेण छन्दसा) गायत्री छन्द से अर्थात् ब्राह्मणों के ज्ञानकार्य से मैं (परिगृह्णामि) स्वीकार करू, तुझे अपनाऊं । (त्वा) तुझ को (त्रैष्टुभेन छन्दसा) त्रिष्टुप् छन्द से अर्थात् क्षत्रियों के क्षत्रकर्म से (परि गृह्णामि) स्वीकार करता हू और (जागतेन छन्दसा) जगती छन्द से अर्थात् वैश्यकर्म व्यापार से (परिगृह्णामि) स्वीकार करता हू, अपनाता हू । अर्थात् राजा को पृथ्वी के पालन रूप राष्ट्रमय यज्ञ-कार्य के लिये विद्वान् लोग ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य तीनों वर्गों के पुरुष प्रसन्नतापूर्वक अपना राजा स्वीकार करें, हे पृथिवी ! तू (सुक्ष्मा च असि) उत्तम भूमि है। (शिवा च असि) कल्याणकारिणी, सुखकारिणी है । (स्योना च असि) तू सुखदायिनी है ।(सुषदा च असि) तू सुखपूर्वक वसने और बैठने योग्य है । (ऊर्जस्वती च असि) तू उत्तम अन्न रस से युक्त है । और तू (पयस्वती च) दूध और घृत आदि पुष्टिकारक पदार्थों से युक्त है ॥ शत० १ । २ । ३ । ६–११ ॥

गायत्रच्छन्दा वै ब्राह्मणः । तै० १ । १९ । ६ ॥ ब्रह्म गायत्री क्षत्र त्रिष्टुप् । शत० १ । ३ । ५ । ५ ॥ त्रैष्टुभो वै राजन्य । ऐ० १ । २८ । ८ । २ ॥ त्रिष्टुप् छन्दा वै राजन्यः । तै० १ । १ । ९ । ६ ॥ क्षत्र त्रिष्टुप् । कौ० ३ । ५ ॥ जागतो वै वैश्य. ऐ० १ । २८ ॥ जागता पशव. । को ३० । २ ॥ जगती छन्दा वै वैश्यः । तै० १ । १ । ९ । ९ ॥

इसके अतिरिक्त अध्यात्म में विष्णु रूप प्रजापति की उपासना के लिये उसके विराट् शरीर के तीन भाग करने चाहियें। पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ। वे क्रम से गायत्री, त्रिष्टुप् और जगती छन्द नाम से कही जाती हैं।

या वै सा गायत्र्यासीदियं वै सा पृथिवी। श० १। ४। १। ३४॥ गायत्रोऽयं भूलोकः॥ कौ० ८। ६॥ त्रैष्टुभमन्तरिक्षम्। श० ८। ३। ४। ३१॥ जागतोसौ द्युलोकः। कौ० ८। ६॥

आधिदैविक पक्ष में—गायत्रं वा अग्नेश्छन्दः। का० १। ३। ५। ४॥ त्रैष्टुभो हि वायु.। श० ८। ७। ३। १२॥ जगती छन्द आदित्यो देवता। श० १०। ३। २। ६॥ जागतो वा एष य एष तपति। कौ० २५। ४॥

अध्यात्मिक पक्ष में—इस शरीर के शिर, उरस् और जघन भाग उक्त तीन छन्द हैं। गायत्रं हि शिरः। श० ८। ६। २। ६॥ उरस्त्रिष्टुप्। ष० २। ३॥ श्रोणी जगत्यः। श० ८। ६। २। ८॥

विद्वत्पक्ष में—वसु, रुद्र और आदित्य रूप तीन छन्द हैं। गायत्री वसूनां पत्नी। गो० ३। २। ६॥ त्रिष्टुप् रुद्राणां पत्नी। गो० ३०। २। ६॥ जगत्यादित्याना पत्नी। गो० उ०। २। ६॥

शरीर में प्राण, अपान, व्यान तीन छन्द हैं। गायत्री वै प्राणः। श० १। ३। ५। १५॥ अपानस्त्रिष्टुप्। ता० ७। ३। ८॥ अयमवाङ् प्राण एष जगती। श० १०। ३। ६। ६॥ प्रजननसंहिता में वीर्य, प्रजनन, स्त्रीप्रजनन ये तीन छन्द हैं। इत्यादि समस्त प्रकरणों में परमेश्वर, पुरुष, राजा, राष्ट्र, समाज, अधिभौतिक अन्नोत्पत्ति आदि सब यज्ञ शब्द से लिये जाते हैं। पृथिवी शब्द से पृथिवी, प्रजा, स्त्री, प्रकृति, चिति आदि पदार्थ लिये जाते हैं। इति दिक्॥

पुरा क्रूरस्य विसृपो विरप्शिन्नुदादाय पृथिवीं जीवदानुम्।

यामेरयँश्चन्द्रमसि स्वधाभिस्तामु धीरासो अनुदिश्य यजन्ते ।
प्रोक्षणीरासादय द्विषतो वधोऽसि ॥ २८ ॥

अवत्सार ऋषिः । चन्द्रमाः प्रैषः स्फ्यो यज्ञो वा देवता । विराड् ब्राह्मीपङ्क्तिः ।
पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—हे (विरप्शिन्) महापुरुष ! (क्रूरस्य) घोर (विसृपः) योद्धाओं की नाना चालों से युक्त युद्ध के (पुरा) पूर्व ही (जीवदानुम्) समस्त प्राणियों को जीवन प्रदान करने वाली (पृथिवीम्) पृथिवी और पृथिवी निवासिनी प्रजा को (उद् आदाय) उठाकर, उन्नत करके (याम्) जिसको समस्त (धीरास) धीर, बुद्धिमान् पुरुष (स्वधाभिः) स्वयं अपने श्रम से धारण उत्पादन करने योग्य या स्व अर्थात् आत्मा, शरीर को धारण पोषण करने में समर्थ अन्नों द्वारा (चन्द्रमसि) सब के आह्लादक, चन्द्र के समान, सर्वप्रिय राजा के अधीन (ऐरयन्) सौंप देते हैं (ताम् अनु दिश्य) उसको लक्ष्य करके उसको ही परम वेदी मानकर (धीरासः) धीर पुरुष (यजन्ते) यज्ञ करते हैं या परस्पर संगति करते या संघ बना २ कर रहते हैं। हे राजन् ! तू (प्रोक्षणीः) उत्कृष्ट रूप से सेवन करने वाले सुख के साधनों और योग्य विद्वान् प्रजाओं को या शत्रु पर अग्नि बाण आदि की वर्षा करने वाले शस्त्रास्त्रों को या (अपः) आप्त पुरुषों और जलों को तू (आसादय) स्वीकार कर और पुनः शस्त्र लेकर तू (द्विषतः) शत्रुओं का (वधः) वध करने में समर्थ (असि) हो ॥ शत० २ । ३ । १८ । २२ ॥

'प्रत्युष्टꣳ रक्षः प्रत्युष्टाऽअरातयो निष्टप्तꣳ रक्षो निष्टप्ताऽअरातयः । अनिशितोऽसि सपत्नक्षिद्वाजिनं त्वा वाजेध्यायै

२८—(२८-३१) यज्ञो देवता इति । द० । '०तां धीरासो०, '०यजन्ते द्विषतो०' इति काण्व० ।

सम्मार्ज्मि । [२]प्रत्युष्ट॑ᳬ रक्षः प्रत्युष्टाऽअरातयो निष्टप्तᳬ रक्षो निष्टप्ताऽअरातयः । अनिशिताऽसि सपत्नक्षिद्वाजिनीं त्वा वाजेध्यायै सम्मार्ज्मि ॥ २९ ॥

रक्ष. स्रुचौ यज्ञो वा देवता । (१) भुरिग्जगती धैवत । (२) त्रिष्टुप् षड्जः ॥

भा०—(प्रत्युष्टं रक्ष) राक्षस, विघ्नकारी लोग जो राज्यारोहण और राष्ट्रशासन के उत्तम कार्य्य में विघ्न करते हैं उनको एक एक करके दग्ध कर दिया जाय । (अरातय प्रति-उष्टा) शत्रु जो प्रजा को उचित अधिकार नहीं देते वे भी एक २ करके जला दिये जायं । (रक्ष नि तप्तम्) विघ्नकारियों में प्रत्येक को खूब संतप्त किया जाय और (अरातय नि तप्ता) दूसरों का उचित अधिकार आदि न देने हारे पुरुषों को खूब अच्छी प्रकार पीड़ित किया जाय । हे राजन् हे ! शस्त्रधारिन् ! और हे (सपत्नक्षित्) शत्रुओं के नाशक ! तू अभी (अनिशित असि) तीक्ष्ण नहीं है । तुझ (वाजिनम्) बलवान् , अश्व के समान वेगवान् , संग्राम में शूर एवं घुड़सवार वीर को (वाजेध्यायै) वाज अर्थात् संग्राम के प्रदीप्त करने के (सम् मार्जि) मांजता हूं, तीक्ष्ण करता हूं, उत्तेजित करता हूं । (प्रत्युष्टं रक्ष ० इत्यादि पूर्ववत्) । सेना के प्रति--हे सेने ! तू (सपत्नक्षित्) शत्रु को नाश करने हारी है तो भी तू अभी (अनिशिताऽसि) तीक्ष्ण नहीं है । (त्वा वाजिनीम्) तुझ बलवती, संग्राम करने में चतुर सेना को (वाजेध्यायै सम् मार्ज्मि) संग्राम को प्रदीप्त करने के लिये उत्तेजित करता हूं ।

यज्ञ में स्रुच्, स्रुव इन दो यज्ञपात्रों को मांजते हैं । इन दोनों का पतिपत्नी भाव है । इसी प्रकार संग्राम में शस्त्र, शस्त्रवान् , एवं सेना सेनापति का ग्रहण है ॥ शत० १ ॥ ३ । ४ । १-१० ॥

२९—यज्ञो देवता इति । द० । ०'सम्मार्ज्मि' इति काण्व० ।

अदि॑त्यै रास्ना॑सि विष्णो॑र्वे॒ष्पो॑ऽस्यू॒र्जे त्वाऽद॑ब्धेन त्वा॒ चक्षु॒षाव॑पश्यामि अ॒ग्नेर्जि॒ह्वासि॑ सु॒हूर्दे॒वेभ्यो॒ धाम्ने॑ धाम्ने मे भव॒ यजु॑षे यजु॑षे ॥ ३० ॥

योक्त्रमाज्य च यज्ञो वा देवता । स्वराट् त्रिष्टुप् । धैवत: ॥

भा०—हे सेने ! तू (अदित्यै) अदिति, पृथिवी के (रास्ना) समस्त उत्तम पदार्थ, रूप रसों को ग्रहण करने वाली या उसको बांधने या वश करने वाली (असि) है। तू (वैष्प असि) व्यापक प्रभु राजा के व्यापक विस्तृत वलरूप हैं। (त्वा) तुझ सेना को मैं सेनापति (अदब्धेन) हिंसा रहित (चक्षुषा) आख से (अवपश्यामि) देखता हू । हे वल ! तू (अग्ने) अग्नि, युद्धाग्नि या अग्रणी राजा की (जिह्वा) जीभ, ज्वाला के समान तीक्ष्ण है । (देवेभ्य) देव, उत्तम पुरुषों, युद्ध क्रीड़ा करने वाले सुभटों के लिये (सुहू) उत्तम रूप से आहुति देनेवाली है । तू (मे) मेरे (धाम्ने धाम्ने) सर्व स्थानों, नामों और जन्मों तथा (यजुषे यजुषे) प्रत्येक यज्ञ या श्रेष्ठ कर्म या प्रत्येक युद्ध के लिये रक्षक हो ॥ शत० १ । २ । ४ । १२–१७ ॥

[१]स॒वि॒तुस्त्वा॑ प्रस॒व उत्पु॑ना॒म्यच्छि॑द्रेण प॒वित्रे॑ण॒ सूर्य॑स्य र॒श्मिभि॑: । स॒वि॒तुर्व॑: प्रस॒वऽउत्पु॑ना॒म्यच्छि॑द्रेण प॒वित्रे॑ण॒ सूर्य॑स्य र॒श्मिभि॑: । [२]तेजो॑सि शु॒क्रम॑स्य॒मृत॑मसि॒ धाम॒ नामा॑सि प्रि॒यं दे॒वाना॒मना॑धृष्टं दे॒व॒यज॑नमसि ॥ ३१ ॥

आप आज्य च यज्ञो व देवता (१) जगती । निषाद । (२) अनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—आजि अर्थात् युद्ध के उपयोगी शस्त्रों के प्रति कहते हैं । जिस प्रकार निरन्तर गिरनेवाली सूर्य की किरणों से अन्न आदि को शुद्ध

३०—'०रास्नासीन्द्राण्यै सहनन । विष्णोर्वेष्योस्यू०'' ०अग्ने जिह्वा सुभूर्देवेभ्य० इति काण्व० ।

३१—'०देवयजनम्' ॥ इति काण्व० । अत परमेको मन्त्रोऽधिकः काण्व०, परिशिष्टे द्रष्टव्य ।

किया जाता है उसी प्रकार हे शस्त्रास्त्रबल ! (सवितु प्रसवे) सर्व प्रेरक राजा के शासन में (अच्छिद्रेण पवित्रेण) विना छिद्र के शोधन करने हारे साधन से और सूर्य की रश्मियों से तुझे (उत्पुनामि) अच्छी प्रकार शुद्ध करता हूं, तुझे चमकाता हूं। अन्य अस्त्रों के प्रति भी (व) तुम सबको भी (सवितु प्रसवे० इत्यादि) पूर्वोक्त प्रकार से स्वच्छ करता हूं। पुन उसी बलयुक्त शस्त्र के प्रति हे शस्त्र ! तू (तेज असि) तेज है, (शुक्रम् असि) तू शुक्र, वीर्य है। तू (अमृतम् असि) अमृत है। (धाम नाम असि) तेरा नाम धाम, धारण करने वाला तेज है या राज्य का धारक और शत्रु को दबाने वाला है। तू (देवानां प्रियम्) देव अर्थात् युद्धविजयी राजाओं का प्रिय और (अनाधृष्टम्) कभी धर्षित या पराजित न होने वाला (देव-यजनम् असि) देवों अर्थात् युद्ध-यज्ञ करने वालों का साधन है ॥ शत० १।३।४।२४-२८॥ १।३।२।१-१८॥

॥ इति प्रथमोऽध्यायः ॥

[आद्ये ऋचश्चैकत्रिंशत्]

इति मीमासातीर्थ-विद्यालकारविरुदोपशोभितश्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते

यजुर्वेदालोकभाष्ये प्रथमोऽध्यायः ॥

द्वितीयोऽध्यायः

१—३४ परमेष्ठी प्राजापत्य, देवा प्राजापत्या, प्रजापतिर्वा ऋषि ॥

॥ ओ३म् ॥ कृष्णो॑ऽस्याखरेष्ठो॒ऽग्नये॑ त्वा॒ जुष्टं॒ प्रोक्षा॑मि॒ वेदि॑रसि ब॒र्हिषे॑ त्वा॒ जुष्टां॒ प्रोक्षा॑मि ब॒र्हिर॑सि स्रु॒ग्भ्यस्त्वा॒ जुष्टं॒ प्रोक्षा॑मि ॥ १ ॥

यज्ञो देवता । निचृत् पङ्क्ति । पञ्चम ॥

भा०—हे यज्ञ! यज्ञमय राष्ट्र या राजन्! तू (कृष्णः असि) 'कृष्ण' अर्थात् सब प्रजाओं को अपने भीतर आकर्षित करने वाला और (आखरेष्ठ) चारों ओर से खोदी हुई खाई के बीच में स्थित दुर्ग के समान सुरक्षित है। अथवा हे क्षेत्र तू हलादि से कर्षित और कुदाल आदि से खोदे गये स्थान में है। (अग्नये) अग्रणी नेता के लिये (जुष्टम्) प्रेम से स्वीकृत (त्वा) तुझको मैं (प्रोक्षामि) जल आदि से सींचता या अभिषिक्त करता हूं। हे पृथिवि! तू (वेदिः असि) वेदी है। तुझसे ही सब पदार्थ और सुख प्राप्त होते हैं। (त्वा) तुझको (बर्हिषे) कुश आदि ओषधि के लिये (जुष्टम्) उपयोगी जानकर (प्रोक्षामि) जल से सींचता हूं। हे ओषधि आदि पदार्थो! तुम (बर्हिः असि) जीवनों की और प्राणियों की वृद्धि करते हो, अतः (स्रुग्भ्यः) प्राणियों के निमित्त (जुष्टम्) सेवित, उपयुक्त (त्वा) तुझको (प्रोक्षामि) सेवन करता हूं।

हवन पक्ष में—(कृष्णः) अग्नि और वायु से छिन्न भिन्न और आकर्षित होकर खोदे हुए स्थान में यज्ञ किया जाता है। अग्नि के निमित्त घृत आदि से सेचन करता हूं। वेदि को अन्तरिक्ष के लिये सींचित करूं जल को स्रुचादि के लिये प्रोक्षित करूं।

१—इध्मवेदिबर्हिषो देवता । सर्वा० । प्रजापतिः परमेष्ठी ऋषि । द० ।

स्रुच —इमे वै लोका स्रुच ॥ तै० ३ । ३ । १ । २ ॥

गृहस्थ पक्ष में —(कृष्ण) आकर्षणशील यह गृहस्थाश्रम (आखरेष्ठ.) एक गहरे खने हुए गढ़े मे वृक्ष के समान गड़ा है । उसमें उस यज्ञ को अग्नि पुरुष के लिये उपयुक्त उसको पवित्र करता हूं । यह स्त्री वेदि है । उसको (बर्हिषे) पुत्र प्राप्त करने या प्रजावृद्धि के लिये अभिषिक्त करता हूं । (बर्हि.) प्रजाएं अति वृद्धिशील हैं उनको (स्रुभ्य) लोक लोकान्तरों में बसने के लिये दीक्षित करूं । प्रजा वै बर्हि । कौ० ५ । ७ ॥ ओषधयो बर्हि । ऐ० ५ । २ ॥

संवत्सररूप यज्ञ में—सूर्य कृष्ण है । 'आखर आषाढ़ मास है । अग्नि= अग्नि वेदि=पृथ्वी । बर्हि=शरत । स्रुच.=वायुएं या सूर्यकिरण हैं । इसी प्रकार भिन्न २ यज्ञों में कृष्ण आदि शब्दों के यौगिक अर्थ लेने उचित हैं ॥ शत० १ । ३ । ६ । १-३ ॥

अदित्यै व्युन्दनमसि विष्णोस्तुपोऽस्यूर्णम्रदसं त्वा स्तृणामि स्वासस्थां देवेभ्यो भुवपतये स्वाहा भुवनपतये स्वाहा भूतानाम्पतये स्वाहा ॥ २ ॥

यज्ञो देवता । स्वराड् जगती । निषाद ॥

भा०—भूमि को छिड़क कर उस पर आसन बिछाकर राजा आदि का स्वागत करने का उपदेश करते हैं । पर्जन्यरूप प्रजापते ! तू (अदित्यै) अदिति पृथिवी को (व्युन्दनम् असि) गीला करने वाला है । हे प्रस्तर, राजन् ! छात्रवल ! तू उस व्यापक वा (विष्णो.) विष्णुरूप यज्ञ या राष्ट्र की (स्तुप) शिखा (असि) हो । हे पृथिवी ! (ऊर्णम्रदसम्) ऊन के समान कोमल (देवेभ्यः) देव, विद्वान् पुरुषों के लिये (स्वासस्थाम्) उत्तम रीति से बैठने और वरतने के योग्य (त्वा) तुझको (स्तृणामि) आसन आदि से आच्छादित

२—आप: प्रस्तरो वेदिरग्निश्च देवता । सर्वा० ।

करता हूं। हे प्रजापुरुषो! (भुवपतये स्वाहा) भू अर्थात् पृथिवी के स्वामी, राजा, अग्रणी नेता के लिये (सु-आहा) उत्तम आदरपूर्वक वाणी कहकर उसका आतिथ्य करो। (भुवनपतये) भुवन—लोक के पालक पुरुष के लिये (स्वाहा) आदर वचनों का प्रयोग करो। (भूतानां पतये) भूत, उत्पन्न प्राणियों के पालक पुरुष के लिये (सु आहा) उत्तम रूप से आदर करो। क्षत्रं वै प्रस्तरः ॥ श० १ । ३ । ४ । १० ॥

यज्ञपक्ष में—यज्ञ पृथिवी पर जल वर्षाता है, उलूखल आदि यज्ञ की शिखा है। वेदि में विद्वान् बैठें। जीवोत्पादक, पृथिवी भुवनों और भूतों के पालक परमेश्वर की स्तुति करें।

[1]गन्धर्वस्त्वा विश्वावसुः परि दधातु विश्वस्यारिष्ट्यै यजमानस्य परिधिरस्यग्निरिडऽईडितः। [2]इन्द्रस्य बाहुरसि दक्षिणो विश्वस्यारिष्ट्यै यजमानस्य परिधिरस्यग्निरिडऽईडितः। [3]मित्रावरुणौ त्वोत्तरतः परिधत्तान्ध्रुवेण धर्मणा विश्वस्यारिष्ट्यै यजमानस्य परिधिरस्यग्निरिडऽईडितः ॥ ३ ॥

परिधयोऽग्निर्वा देवता। (१) भुरिग् आर्ची त्रिष्टुप्। (२) आर्ची पंक्तिः।
(३) पंक्ति। (२,३) पञ्चमः ॥

भा०—हे राष्ट्रमय यज्ञ! (त्वा) तुझको (गन्धर्व) गौ अर्थात् पृथिवी के समान गौ, वाणी को धारण करने वाला (विश्वावसु.) समस्त विश्व को बसाने हारा या समस्त ऐश्वर्यों का स्वामी सूर्य के समान विद्वान्, (विश्वस्य अरिष्ट्यै) समस्त संसार के सुखों के लिये (परि दधातु) चारों ओर से तुझे पुष्ट करे, तेरी शक्ति की वृद्धि करे। हे विद्वन्! सूर्य! राजन्! तू (यजमानस्य) यज्ञ करने हारे यज्ञपति की (परिधिः) चारों ओर से रक्षा और पोषण करने के कारण 'परिधि' (असि) है। हे विद्वन्! तू (अग्नि)

(३) 'अग्निरिड ईडित इति' काण्व० ॥

सूर्य के समान आगे मार्गप्रदर्शक और (इडः) स्तुति योग्य और (ईडितः) सब प्रजाओं द्वारा स्तुति किया गया है। तू (इन्द्रस्य) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् राजा का भी (विश्वस्य) समस्त विश्व के (अरिष्ट्यै) कल्याण और रक्षा के लिये (दक्षिणः बाहुः असि) दायां, बलवान् बाहु अर्थात् सेनापति रूप में परम सहायक है (यजमानस्य परिधिः असि) यजमान, राष्ट्ररक्षक राजा का तू रक्षक है। तू भी (ईडित. अग्नि.) स्तुति योग्य सर्वलोक से आदर प्राप्त हो। हे राजन् ! (मित्रावरुणौ) मित्र और वरुण, मित्र, सबका स्नेही, हितैषी न्यायकर्त्ता और वरुण, दुष्टों का नाशक, दण्ड का अधिकारी दोनों (त्वा) तेरी (ध्रुवेण धर्मणा) अपने ध्रुव, स्थिर, धर्म, कानून या धर्मशास्त्र द्वारा (विश्वस्य अरिष्ट्यै) समस्त लोक के सुख के लिये (परिधत्ताम्) रक्षा करें। (यजमानस्य परिधिरसि इत्यादि०) पूर्ववत् ॥ शत० । १ । ३ । ७ । १-५ ॥

वीतिहोत्रन्त्वा कवे द्युमन्तꣳ समिधीमहि। अग्ने बृहन्तमध्वरे ॥४॥

विश्वावसुरग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (कवे) क्रान्तदर्शिन्, दीर्घदर्शिन् ! मेधाविन् ! विद्वन् ! (वीतिहोत्रम्) नाना यज्ञों में विविध प्रकार के ज्ञानों से सम्पन्न (द्युमन्तम्) दीप्तिमान्, तेजस्वी (अग्ने) अग्ने ! ज्ञानवन् अग्रणी ! (अध्वरे) अहिंसामय अथवा अजेय इस राष्ट्रपालनरूप यज्ञमें (बृहन्तम्) सबसे बड़े (त्वा) तुझको हम (सम् इधीमहि) भली प्रकार और भी प्रदीप्त, तेजस्वी और तेज.सम्पन्न करें।

ईश्वर के पक्ष में और भौतिक अग्नि के पक्ष में स्पष्ट है। हे क्रान्तविज्ञान अग्ने ! तुझ तेजोमय को हम यज्ञ में दीप्त करते हैं। हे ईश्वर ! ज्ञानमय तेजोमय तुझे ज्ञानयज्ञ मे हम हृदय-वेदि में प्रदीप्त करते हैं।

**सुमिर्दसि सूर्यस्त्वा पुरस्तात् पातु कस्याश्चिदुभिशस्त्यै ।
सुवितुर्बाहूस्थ ऽऊर्णम्रदसन्त्वा स्तृणामि स्वासुस्थन्देवेभ्य
आ त्वा वसवो रुद्राऽआदित्याः सदन्तु ॥ ५ ॥**

यज्ञो देवता । निचृद् ब्राह्मी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे यज्ञ के स्वरूप प्रजापते राजन् या राष्ट्र ! (सूर्यः) सूर्य जिस प्रकार इस महान् ब्रह्माण्डमय यज्ञ को प्राची दिशा से रक्षा करता है उसी प्रकार तू भी (त्वा) तुझको सूर्य के समान तेजस्वी ज्ञानी पुरुष (पुरस्तात्) आगे से (कस्याश्चित्) किसी प्रकार की भी अर्थात् सब प्रकार के (अभिशस्त्यै) अपवाद से (पातु) बचावे । हे राजन् ! (समित् असि) अग्नि के सयोग में आकर जिस प्रकार काठ और सूर्य के संयोग में आकर जिस प्रकार वसन्त ऋतु चमक जाती और खिल उठती है उसी प्रकार विद्वान् के योग से तू भी तेजस्वी होजाता है । इसलिये तू 'समित्' है। आगे से रक्षा करने वाले सूर्य के समान विद्वान् (सवितुः) सर्व प्रेरक की तुम राजा और प्रजा ये दोनों (बाहू स्थ) दो बाहुओं के समान हो । हे आसन के समान सर्वाश्रय राजन् ! (ऊर्णम्रदसं त्वा) ऊन के समान कोमल तुझको (स्तृणामि) फैलाता हूं । (देवेभ्यः) देव-विद्वानों के लिये (सु-आसस्थम्) उत्तम रीति से बैठने, आश्रय लेने योग्य हो । (त्वा) तुझ पर (वसवः) वसु नामक विद्वान्, गृहस्थ (रुद्राः) दुष्टों को रुलाने में समर्थ अधिकारीगण, (आदित्याः) ४८ वर्ष के आदित्य ब्रह्मचारीगण, (आ सदन्तु) आकर विराजें ।

ब्रह्माण्ड यज्ञ में बल, वीर्य दो सूर्य के बाहु हैं । यज्ञमें अग्नि आदि आठ वसु और ११ प्राण और १२ मास आकर विराजते, महान् यज्ञ का सम्पादन करते हैं । उसमें वसन्त समित् है । सूर्य उस महान् यज्ञ की

५—अग्निसूर्यविधृतयो देवताः । सर्वा० ।

प्राची दिशा से रक्षा करता है । तीन ओर से पूर्वोक्त ३ मन्त्र में कही तीन परिधि, तीन लोक रक्षक हैं ॥ शत० १ । ३ । ७ । ७-१२ ॥

[1]घृताच्य॑सि जु॒हूर्नाम्ना॒ सेदम्प्रि॒येण॒ धाम्ना॑ प्रि॒यꣳ सद॒ऽआसी॑द घृताच्य॑स्युप॒भृन्नाम्ना॒ सेदम्प्रि॒येण॒ धाम्ना॑ प्रि॒यꣳ सद॒ऽआसी॑द घृताच्य॑सि ध्रु॒वा नाम्ना॒ सेदं प्रि॒येण॒ धाम्ना॑ प्रि॒यꣳ सद॒ऽआसी॑द। [2]प्रि॒येण॒ धाम्ना॑ प्रि॒यꣳ सद॒ऽआसी॑द। ध्रु॒वाऽअ॑सदन्नृ॒तस्य॒ योनौ॒ ता वि॑ष्णो पाहि॒ पा॒हि य॒ज्ञं पा॒हि य॒ज्ञप॑तिं पा॒हि मां य॑ज्ञ॒न्य॑म् ॥६॥

विष्णुर्देवता (१) ब्राह्मी त्रिष्टुप्। (२) निचृत् त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—यज्ञ में तीन स्रुए होते हैं जुहू, उपभृत् और ध्रुवा, ये तीनों ब्रह्माण्ड में तीन लोक द्यौः, अन्तरिक्ष और पृथिवी है । राष्ट्र में राजा भृत्य और प्रजा हैं । उनका वर्णन करते हैं । हे राजन् ! तू (जुहूः) समस्त प्रजा-गण से शक्ति लेने वाला और सब को सुख प्रदान करने में समर्थ (घृताची असि) घृत अर्थात् तेज., पराक्रम से युक्त है । (जुहू नाम्ना) तेरा नाम 'जुहू' है । (सा) वह राजशक्ति (इदम्) इस राजभवन और राज्यसिंहासन या पद-रूप (प्रियं सद.) अपने प्रिय आश्रयस्थान, गृह और आसन पर अपने (प्रियेण धाम्ना) प्रिय, अनुकूल धाम अर्थात् तेज से युक्त होकर (आसीद) विराजमान हो । हे राष्ट्र के अधिकारी वर्ग ! तुम भी (घृताची असि) तेज से सम्पन्न हो । (नाम्ना उपभृत्) नाम से तुम 'उपभृत' हो, क्योंकि राजा तुमको अपने समीप रख कर भृति या वेतन द्वारा पोषण करता है । (सा) वह अधिकारीगण रूप प्रकृति भी (इदम्) इस अपने (प्रियम् सदः) प्रीतिकर, अनुकूल गृह और आसन पर (प्रियेण धाम्ना) अपने प्रीतिकर अनुकूल धाम, तेज से युक्त होकर (आसीद) विराजमान हो । हे

६—जुहूपभृद्-ध्रुवाहविपश्च विष्णु र्वा देवता । सर्वा० । ०जुहूर्नाम०, ०प्रिये ॥दसि सीद०, ०यज्ञन्यम् ॥ इति काण्व० ।

प्रजागण ! तू भी (घृताची असि) घृत के समान पुष्टिकारक अन्न आदि पदार्थों और तेजोमय रत्न, सुवर्ण आदि पदार्थों को प्राप्त करने और कराने वाले तेजस्वी हो। (नाम्ना ध्रुवा) नाम से तुम ध्रुवा अर्थात् सदा पृथिवी के समान स्थिर हो। (सः) वह तू भी (इद प्रियं सदः) अपने प्रिय अनुकूल भवनों और आसनों पर (प्रियेण धाम्ना) अपने प्रिय तेज सहित (आसीद) विराजमान हो। (प्रियेण धाम्ना प्रिय सद आसीद) सब कोई अपने अपने भवन, आसन और पद पर अपने प्रिय अनुकूल तेज से विराजें। (ऋ-तस्य योनौ) ऋत अर्थात् सत्य ज्ञान के योनि अर्थात् आश्रयस्थान, सर्व-आश्रय पर (ता) वे तीनों और उनके आश्रित समस्त उत्तम उपादेय न्यायकारी ईश्वर के आश्रय पर (ता) वे तीनों और उनके आश्रित समस्त उत्तम उपादेय पदार्थ भी (ध्रुवा असदन्) ध्रुव, स्थिर रहें। हे (विष्णो) व्यापक प्रभो (ता पाहि) उनकी रक्षा कर। (यज्ञं पाहि) यज्ञ की रक्षा कर। (यज्ञपतिम् पाहि) यज्ञ के पालक स्वामी की रक्षा कर। (मां यज्ञन्यम्) यज्ञ के नेता प्रवर्तक मेरी रक्षा कर ॥ शत० १। ३। ७। १४ १६ ॥

राजप्रकृति, अधिकारी-प्रकृति और प्रजाप्रकृति तीनों उचित आसनों पर विराजें और अपने २ अधिकारों का भोग करें॥

अग्ने॑ वाजजिद्वाज॑न्त्वा सरि॒ष्यन्तं॑ वाज॒जित॒ꣳ सम्मा॑र्ज्मि ।
नमो॑ दे॒वेभ्यः॑ स्व॒धा पि॒तृभ्यः॑ सु॒यमे॑ मे भूयास्तम् ॥ ७ ॥

यज्ञो देवता। भुरिक् पङ्क्ति। पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी ! राजन् ! तू (वाजजित्) वाज अर्थात् संग्राम का विजय करने हारा है। (वाजम्) संग्राम के प्रति (सरिष्यन्तम्) गमन करने की इच्छा करते हुए (वाजजितम्) युद्ध के विजय करने हारे (त्वा) तुझको मैं (सम् मार्ज्मि) सम्मार्जन करता हू, तुझे परिशुद्ध करता या

७—अग्निर्देव पितरौ स्रुचौ च देवताः। सर्वा० ॥

भली प्रकार अभिषिक्त करता हूं। हे विद्वान् पुरुषो! (देवेभ्यः) युद्ध क्रीड़ा करने वाले वीरों के लिये (नमः) अन्न है। (पितृभ्यः स्वधा) पालक, राष्ट्र के अधिकारियों के लिये यह (स्वधा) उनके शरीर रक्षा की वेतन आदि सामग्री उपस्थित है। राजप्रकृति और शासक अधिकारी प्रकृति दोनों (मे) मुझ राष्ट्र पुरोहित के अधीन (सुयमे) उत्तम रूप से राष्ट्र को नियन्त्रण करने में समर्थ, एवं सुखपूर्वक मेरे अधीन, मेरे द्वारा भरण पोषण करने योग्य एवं सुव्यवस्थित, सुसयत (भूयास्तम्) रहें॥ शत० १। ४। ६। १५॥ तथा शत० १। ५। १। १॥

अस्कन्नमद्य देवेभ्यऽआज्यꣳसंभ्रियासमङ्घ्रिणा विष्णो मा त्वावक्रमिषं वसुमतीमग्ने ते च्छायामुपस्थेषं विष्णोः स्थानमसीतऽइन्द्रो वीर्य्यमकृणोदूर्ध्वऽध्वरऽआस्थात्॥ ८॥

विष्णुर्देवता। विराट्पंक्ति। पञ्चम स्वरः॥

भा०—(अद्य) आज मैं (देवेभ्यः) देव, विद्वान् पुरुषों और अपने प्राणों के लिये (अस्कन्नम्) विक्षोभरहित, वीर्यसम्पन्न (आज्यम्) घी आदि पुष्टिप्रद पदार्थों या तेज को (सम् भ्रियासम्) संग्रह करूं। हे (विष्णो) विष्णो! व्यापक परमेश्वर वा यज्ञ या राजन्! (अंघ्रिणा) गमन करने के साधन वा चरण द्वारा (त्वा मा अवक्रमिषम्) तेरा उल्लंघन न करूं अर्थात् तेरी आज्ञा का उल्लंघन न करूं। हे (अग्ने) ज्ञानवान्! (ते) तेरी (छायाम्) प्रदान की छाया या आश्रयरूप (वसुमतीम्) वसु, वास करने वाले जीवों से पूर्ण और ऐश्वर्य से पूर्ण पृथिवी को (उपस्थेषम्) प्राप्त होऊं। हे यज्ञ! राष्ट्र! तू (विष्णोः स्थानम् असि) विष्णु व्यापक, पालक राजा का स्थान है। (इत) इस यज्ञ के द्वारा ही (इन्द्रः) सूर्य, वायु और मेघ के समान (वीर्यम्)

८—स्रुचौ विष्णुरग्निरिन्द्रश्च देवताः। सर्वा०। '०अस्कन्नयमद्याज्य देवेभ्य सम्भ्रियासम्०' इति काण्व०॥

बल का कार्य (अकृणोत्) करता है। वह (अध्वरः) हिंसारहित, अहिं-सनीय सबका पालक (ऊर्ध्वः अस्थात्) सबके ऊपर विराजमान है।

राजा के पक्ष में—(अद्य देवेभ्यः) आज देवों, शासक अधिकारियों, विद्वानों और युद्धवीरों के लिये (अस्कन्नम्) विक्षोभ रहित, वीर्यसम्पन्न (आज्यम्) आजि, संग्राम की हितकारी सामग्री को मैं राजा (संभ्रियासम्) धारण करूं। हे (विष्णोः) राष्ट्र में शासन व्यवस्था द्वारा व्यापक राजन्! मैं प्रजाजन (त्वा) तेरा (अग्निणा) पैर से, गमन साधनों से (मा अवक्रामिषम्) कभी उल्लंघन न करूं, तेरा अपमान न करूं। हे (अग्ने) यज्ञ वेदि में अग्नि के समान पृथिवी मे प्रदीप्त तेजस्विन् राजन्! (ते वसुमतीम्) तेरे अधीन शासक होकर, वसु=विद्वानों, वसु=प्राणियों और वसु=ऐश्वर्यों से पूर्ण इस (छायाम्) आश्रयस्वरूप आच्छादकरूप पृथिवी या शरण को (उपस्थेषम्) प्राप्त करूं। हे पृथिवि! (इतः) तू यज्ञ-वेदि के समान (विष्णोः) व्यापक राजा का आश्रयस्थान (असि) है। (इतः) इस राष्ट्रशासन रूप यज्ञ के द्वारा ही (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा (वीर्यम्) वीरोचित कार्य को (अकृणोत्) करता है। वह राजा ही (ऊर्ध्वः) सब से ऊपर विराजमान रहकर (अध्वरः) किसी से भी हिंसित न होकर एवं अपने बल पराक्रम से सब शत्रुओं को कम्पायमान करता हुआ (अस्थात्) सब पर शासक रूप से विराजता है॥ शत० १।५।१।२।३॥

अग्ने वेर्होत्रं वेर्दूत्यमवतान्त्वान्द्यावापृथिवीऽअव त्वं द्यावापृथिवी स्विष्टकृद्देवेभ्यऽइन्द्रऽआज्येन हविषा भूत्स्वाहा सं ज्योतिषा ज्योतिः॥ ९॥

इन्द्र आज्यमग्निर्वा देवता। जगती। निषादः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान दूरगामी, प्रकाशक, सर्व पदार्थों को अपने भीतर लेनेहारे व्यापक राजन्! तू (होत्रम्) अग्नि जिस प्रकार

९—अग्निर्देवता। द०। ०'अवतां त्वा द्यावा०' इति काण्व०।

यज्ञ का सम्पादन और रक्षण करता है उस प्रकार तू (होत्रम् वेः) सबको अपने भीतर लेने व राष्ट्र की सुव्यवस्था कर के, संग्रह करने के कर्म की और (दूत्यम्) दूत के सन्धिविग्रह आदि कर्म को (वेः) रक्षा कर। (द्यावापृथिवी) द्यौ और पृथिवी जिस प्रकार ब्रह्माण्ड के महान् यज्ञ की रक्षा करते हैं उसी प्रकार द्यौ और पृथिवी 'द्यौः' प्रकाशरूप, ज्ञानी न्याय विभाग और पृथिवी बड़ी राज्य सत्ता दोनों अथवा स्त्री, पुरुष, राजा प्रजाएं दोनों (त्वाम्) तेरी (अवताम्) रक्षा करें। और (त्वम्) तू (द्यावा पृथिवी) पूर्व कहे द्यौ और पृथिवी दोनो की (अव) रक्षा कर। तू (देवेभ्यः) देव-विद्वानों के लिये (सु-इष्टकृत्) शोभन और उनके इच्छानुकूल कार्य करने हारा हो। (आज्येन) जिस प्रकार 'आज्य' घृत आदि पुष्टिकारक तेजोमय पदार्थ (हविषा) अन्न आदि चरु से (इन्द्र) वायु, अधिक गुणकारक (भूत्) हो जाता है उसी प्रकार (आज्येन हविषा) बलकारी, संग्रामोपयोगी (हविषा) अन्न और शस्त्रादि सामग्री से (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा (भूत्) समर्थ होता है। (सु आह) वेदवाणी इसका उपदेश करती है। (ज्योतिः) जितने ज्योतिर्मय, सुवर्ण आदि कान्तिमान् बल पराक्रम के पदार्थ हों वे (ज्योतिषा) ज्योतिर्मय तेजस्वी राजा के साथ (सम्) संगत हों। रत्न आदि पदार्थ यशस्वी राजा को प्राप्त हों। अथवा (ज्योतिषा) तेजस्वी विद्वान् लोक समूह के साथ (ज्योतिः) प्रकाशवान् राजा सदा (सम्) संगत रहे ॥ शत० १।८।१।४–७ ॥

मयीदमिन्द्र इन्द्रियं दधात्वस्मान् रायो मघवानः सचन्ताम्। अस्माकꣳ सन्त्वाशिषः सत्या नः सन्त्वाशिषऽउपहूता पृथिवी मातोप मां पृथिवी माता ह्वयतामग्निराग्नीध्रात्स्वाहा ॥ १० ॥

इन्द्रो मघवा देवता। भुरिग् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

१०—एषा वा आशी। जीवेय, प्रजा मे स्यात्, श्रिय गच्छेयम्। शत० १।८।१।३६॥ मयीदमाशीः प्रतिगृह्णाम् इति सर्वानु०। मयीद नः सन्त्वाशिषः इति काण्व०। इत्यतःपर ३१ तमो मन्त्र. पठ्यते। काण्व०।

भा०—(इन्द्र.) ऐश्वर्यवान् परमेश्वर (मयि) मुझमें (इदम्) शुद्ध, ज्ञानरूप, प्रत्यक्ष रूप से दृष्टिगोचर होने योग्य (इन्द्रियम्) तेज और इन्द्र व आत्मा के सामर्थ्य, आत्मबल को (दधातु) धारण करावे । (अस्मान्) हमें (मघवानः) अति अधिक सुवर्ण, विद्या और बल आदि धनों से पूर्ण (रायः) अनेक ऐश्वर्य (सचन्ताम्) प्राप्त हों । (अस्माकम्) हमारी (आशिषः) सब कामनाएं और इच्छायें (सत्याः सन्तु) सत्य, सफल और धर्मयुक्त (सन्तु) हों । (पृथिवी माता) पृथिवी के समान विशाल अन्न-दात्री (माता) ज्ञानदात्री पालन करने वाली माता (उपहूता) स्वयं आदर से युक्त हो । और (पृथिवी माता) यह विशाल सुखदात्री माता (माम्) मुझको (उपह्वयताम्) उपदेश करे और उसके पश्चात् (अग्नीध्रात्) अग्नि ज्ञानोपदेशक आचार्य के स्थान या पद से (अग्निः) ज्ञानी, उपदेष्टा मुझे (स्वाहा) उत्तम उपदेश करे ।

आचार्यो ब्रह्मणो मूर्तिः पिता मूर्तिः प्रजापतेः ।
माता मूर्त्ति. पृथिव्यास्तु भ्राता स्वो मूर्तिरात्मनः ॥ मनु० ॥

शत० १ । ८ । १ । ४०-४२ ॥

उप॑हूतो॒ द्यौष्पि॒तोप॒ मां द्यौष्पि॒ता ह्व॑यताम॒ग्निरा॑ग्नी॑ध्रा॒त्स्वाहा॑ । दे॒वस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम् । प्रति॑गृह्णाम्य॒ग्नेष्ट्वा॒स्ये॒न॒ प्राश्ना॒मि ॥ ११ ॥

द्यावापृथिवी, सविता, प्राशित्र च देवताः । बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(द्यौः पिता) अब जिस प्रकार आकाश वृष्टि या सूर्य आदि वर्षा करके समस्त प्राणि संसार का पालन करता है उसी प्रकार बालकों को सब प्रकार के सुख देनेवाला पिता भी (उपहूतः) शिक्षित हो और मान

११—महत्त्व प्रतिष्ठान्त बृहस्पतिरागिरसोऽपश्यत् । अत. परमष्टौ मन्त्राः काण्व-शाखायामधिकाः पठ्यन्ते, । ते परिशिष्टे द्रष्टव्याः ।

और आदर का पात्र हो। (माम्) मुझको (द्यौः पिता) वह सब सुख-वर्धक पिता भी (उपह्वयताम्) शिक्षा प्रदान करे। और उसके पश्चात् (अग्नीध्रात् अग्निः) आचार्य पद से आचार्य (सु-आह) उत्तम ज्ञानोपदेश करे। अथवा (अग्नीध्रात् अग्निः सु आह) जिस प्रकार अग्न्धीध्र=जाठर अग्नि के स्थान से अग्नि अर्थात् जाठर अग्नि अन्न को उत्तम रीति से ग्रहण करता और उत्तम रस प्रदान करता है। उसी प्रकार आचार्य हमें उत्तम ज्ञान-रस प्रदान करे। हे अग्ने ! (देवस्य सवितुः) सर्वोत्पादक, देव परमेश्वर के (प्रसवे) उत्पादित इस जगत् में मैं (अश्विनोः) अश्विन्, प्राण और अपान के (बाहुभ्याम्) बाहुओं से और (पूष्णः) पूषा, पोषक समान वायु के (हस्ताभ्याम्) शोधन और सब अंगों में रस पहुंचा देने के दोनों बलों से (त्वा) तुझ अन्न को (प्रति गृह्णामि) ग्रहण करूं। और (त्वा) तुझ (अग्ने.) कभी मन्द न होने वाले जाठर-अग्नि के (आस्येन) मुख से (प्राश्नामि) अच्छी प्रकार भोजन करूं ॥ शत० १ । ७ ४ । १३-१५ ॥

एतन्ते देव सवितर्यज्ञं प्राहुर्बृहस्पतये ब्रह्मणे। तेन यज्ञमव तेन यज्ञपतिन्तेन मामव ॥ १२ ॥

बृहस्पतिराङ्गिरस ऋषि.। विश्वेदेवा: सविता वा देवता। भुरिग् बृहती। मध्यम: ॥

हे (देव सवितः) सर्वोत्पादक, सर्वप्रेरक (देव) प्रकाशक, सर्वप्रद, परमेश्वर (ते) तेरे उपरोक्त (यज्ञम्) यज्ञ का (प्राहु.) विद्वान् लोग नाना प्रकार से वर्णन करते हैं। यह यज्ञ (बृहस्पतये) बृहती वेदवाणी के पालक (ब्रह्मणे) ब्रह्म अर्थात् वेदज्ञान के ज्ञाता विद्वान् के लिये है। (तेन) उस ही महान् यज्ञ के द्वारा (यज्ञम्) मेरे इस यज्ञ की (अव) रक्षा कर। (तेन) उस महान् यज्ञ द्वारा (यज्ञपतिम् अव) यज्ञ के परिपालक स्वामी की भी रक्षा कर। (तेन माम् अव) और उससे मेरी भी रक्षा कर ॥ शत० १ । ७ । ४ । २१ ॥

१२—सविता देवता। द०।

एते वै यज्ञमवन्ति ये ब्राह्मणाः शुश्रुवांसोऽनूचानाः एते ह्येनं तन्वते, एनं जनयन्ति ॥ शत० १ । ८ । १ । २८ ॥ विद्वान् ब्राह्मण इस यज्ञ का सम्पादन करते हैं ।

मनो॑ जू॒तिर्जु॑षता॒माज्य॑स्य॒ बृह॒स्पति॑र्य॒ज्ञमि॒मन्त॑नो॒त्वरि॑ष्टं य॒ज्ञꣳ समि॒मन्द॑धातु । विश्वे॑ दे॒वास॑ इ॒ह मा॑दयन्ता॒मो३म्प्रति॑ष्ठ ॥ १३ ॥

बृहस्पतिराङ्गिरस ऋषिः । बृहस्पतिर्विश्वेदेवाश्च देवता ॥

भा०—(जूतिः) अति वेगवान् , वेग से समस्त कार्यों मे लगने वाला अथवा उत्तम ज्ञानयुक्त, सावधान (मनः) मन ज्ञानसाधन, अन्तःकरण (आज्यस्य) आज्य, ज्ञान-यज्ञ के योग्य समस्त साधनों को (जुषताम्) सेवन करे, अभ्यास करे । (बृहस्पतिः) वेदवाणी का परिपालक या बृहत् महान् राष्ट्र का पालक विद्वान् (यज्ञम् इमम्) इस यज्ञ को (तनोतु) सम्पादन करे । वही विद्वान् ब्रह्मवित् (इमम्) इस (अरिष्ट) अहिंसित, हिंसारहित, एवं विघ्न रहित (यज्ञम्) यज्ञ को (सम् दधातु) उत्तम रीति से धारण करे, उस में विघ्न और विच्छेद होने पर भी उसको भली प्रकार जोड़ दे । (इह) इस लोक में, राज्य में और यज्ञ में (विश्वे) समस्त (देवासः) देवगण, विद्वान् पुरुष (मादयन्ताम्) हर्षित हों, प्रसन्न रहें, आनन्द लाभ करें । (ओ३म्) हे ब्रह्मन् , विद्वन् ! (प्रति-स्थ) तू प्रस्थान कर, प्रयाण कर, विजय लाभ कर ॥ शत० १ । ७ । ४ । २२ ॥

[1]ए॒षा ते॑ऽअग्ने स॒मित्तया॒ वर्ध॑स्व॒ चा च॒ प्याय॑स्व । व॒र्द्धि॒षी॒महि॑ च व॒यमा च॒ प्या॑सिषीमहि । [2]अग्ने॑ वाजजि॒द्वाजं॑ त्वा ससृ॒वाꣳसं॑ वाज॒जित॒ꣳ सम्मा॑र्ज्मि ॥ १४ ॥

अग्निर्देवता । (१) अनुष्टुप् गान्धारः । (२) निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

१३—'०मनोज्योति०' इति काण्व० ।

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! अग्नि के समान प्रकाशक, शत्रुसंतापक एवं अग्रणी ! जिस प्रकार आगको लकड़ी बहुत अधिक प्रकाशित करती है। (एषा) यह (ते) तेरे लिये (समित्) अच्छी प्रकार प्रदीप्त होने की विद्या या कला है (तया) उससे अथवा (एषा) यह पृथिवी और प्रजा ही (ते समित्) तेरे प्रदीप्त और तेजस्वी होने का साधन है। (तया वर्धस्व) उससे तू बढ़। (आप्यायस्व च) और खूब पुष्ट हो। (वयम्) हम प्रजाजन भी तुझ से (वर्धिषीमहि) बढ़ें और (आप्यासिषीमहि च) सब प्रकार से वृद्धिशील, हृष्ट पुष्ट, समृद्ध हों। हे (अग्ने) अग्ने ! राजन् ! सेनापते ! तू (वाजजित्) वाजत् अर्थात् ऐश्वर्य एवं संग्राम को जीतने हारा है। (वाजं ससृवांसम्) युद्ध में प्रयाण करने वाले और (वाजाजितम्) युद्ध के विजयी तुझको (संमार्ज्मि) भली प्रकार अभिषिक्त करता हूं॥ शत० १।८।२।४-६॥

[1]अग्नीषोमयोरुज्जितिमनूज्जेषं वाजस्य मा प्रसवेन प्रोहामि। अग्नीषोमौ तमपनुदतां योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मो वाजस्यैनं प्रसवेनापोहामि। इन्द्राग्न्योरुज्जितिमनूज्जेषं वाजस्य मा प्रसवेन प्रोहामि। [2]इन्द्राग्नी तमपनुदतां योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मो वाजस्यैनं प्रसवेनापोहामि॥ १५॥

अग्नीषोमौ, इन्द्राग्नी च देवता. । (१) ब्राह्मी बृहती। मध्यमः। (२) अतिजगती। निषाद ॥

भा०—(अग्निषोमयोः) अग्नि, शत्रुसंतापक, अग्रणी, सेनापति और सोम और चन्द्र के समान शान्तियुक्त, आह्लादकारी या सर्वप्रेरक आज्ञापक राजा दोनों के (उत्-जितिम्) उत्तम विजय के (अनु) साथ मैं भी (उत् जेषम्) उत्तम विजय लाभ करूं। मैं (माम्) अपने को (वाजस्य) युद्धोपयोगी (प्रसवेन) उत्कृष्ट सामग्रीयुक्त ऐश्वर्य से (प्र ऊहामि) और आगे बढ़ाऊं। (अग्नीषोमौ) पूर्वोक्त अग्नि और सोम (तम् अपनुदताम्)

उसको दूर मार भगावे (यः अस्मान्) जो हमसे (द्वेष्टि) द्वेष करता है और हमसे प्रेम का व्यवहार नहीं करता। और (यं च) जिसको (वयम्) हम (द्विष्मः) द्वेष करते हैं। (वाजस्य प्रसवेन) युद्ध के सेना बल के उपयोग ऐश्वर्य से ही मैं उस शत्रु को (अप ऊहामि) दूर फेंक दूं, उखाड़ दूं। इसी प्रकार (इन्द्राग्न्योः) इन्द्र और अग्नि, वायु और विद्युत् के समान कंपा देने और जड़मूल से पर्वतों को उखाड़ देने वाले बलवान् अस्त्रों और अस्त्रज्ञों के (उज्जितिम् अनु) उत्कर्ष के साथ साथ मैं राजा (उत् जेषम्) उत्कृष्ट विजय लाभ करूं। (वाजस्य प्रसवेन मा प्रोहामि) युद्ध के उपयोगी सेना-बल के ऐश्वर्य से मैं अपने को आगे बढ़ाऊं। (इन्द्राग्नी तम् अप नुदताम्) पूर्वोक्त इन्द्र और अग्नि उसको दूर मार भगावें। (यः अस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्म) जो हमसे द्वेष करे और जिससे हम द्वेष करें। (एनम्) उस दुष्ट शत्रुको युद्ध के योग्य (वाजस्य प्रसवेन) बल, वीर्य, उत्तम २ अस्त्र साधन से (अप ऊहामि) मैं दूर भगा दूं।

[1]वसुभ्यस्त्वा रुद्रेभ्यस्त्वादित्येभ्यस्त्वा संजानाथां द्यावापृथिवी मित्रावरुणौ त्वा वृष्ट्यावताम्। [2]व्यन्तु वयोक्तꣳ रिहाणा मरुतां पृषतीर्गच्छ वशा पृश्निर्भूत्वा दिवं गच्छ ततो नो वृष्टिमावह। चक्षुष्पा अग्नेऽसि चक्षुर्मे पाहि॥ १६॥

द्यावापृथिवी मित्रावरुणौ च देवताः। निचृदार्ची पङ्क्तिः पञ्चमः। (१) विराट् त्रिष्टुप्। (२) धैवतः॥

भा०—हे राजन्! (त्वा) तुझको (वसुभ्यः) वसु नामक राष्ट्र में बसने वाली वसुओं, प्रजाजनों, ब्राह्मणों (रुद्रेभ्यः) शत्रुओं को रुलाने वाले बलवान् शस्त्रास्त्र कुशल क्षत्रिय वीरों और (आदित्येभ्यः) आदान प्रतिदान

'मरुतां० आवह' इत्यस्यक पर्मऋषिः प्रस्तरो देवता। मरुतां कपिर्बृहतीप्रास्तरीमिति सर्वा०।
"०व्यन्तु वयो रिसो रिहाणा मरुतां पृषतीर्गच्छ०"। चक्षुष्पा असि० इति काण्व०।

करने वाले वैश्यों के लिये अथवा वसु, रुद्र, आदित्य, इन तीन प्रकार के ब्रह्म-निष्ठों के हित के लिये प्रजापति रूप से अभिषिक्त करता हूं। (द्यावापृथिवी संजानाथाम्) द्यौ और पृथिवी दोनों को प्रजाएं (त्वा संजानाथाम्) तुझे अपनावें (मित्रावरुणौ) मित्र और वरुण, सूर्य और मेघ (त्वा) तुझे और तेरे राष्ट्र की (वृष्ट्या अवताम्) वृष्टि द्वारा रक्षा करें। (रिहाणाः) नाना प्रकार की स्तुति करने हारे विद्वान् जन (वयः) गान करने वाले पक्षियों के समान (अक्तम्) प्रकाशमान प्रतापी बलशाली तेरे पास, तेरी शरण में (व्यन्तु) आवें, तुझे प्राप्त हों। (मरुताम्) मरुत्, वायुओं के वेग से चलने वाले (पृषती.) सेनाओं को तू प्राप्त हो। और तू हे राजन्! क्षत्रिय (वशा) अपने वशीभूत (पृश्निः) रसों का ग्रहण करने वाली भूमि के समान होकर तू (दिवं गच्छ) द्यौलोक को–उत्तम राज्य को प्राप्त हो। (ततः नः) वहां से हमें (वृष्टिम्) ऐश्वर्य सुखों की वर्षा को (आवह) प्राप्त करा। हे (अग्ने) अग्ने! तू (चक्षुः-पा. असि) हमारी दर्शन शक्ति की रक्षा करने हारा है। (मे चक्षु. पाहि) मेरे देखने के साधन चक्षु और विद्वानो की रक्षा कर॥ शत० १।८।३।१२।१६॥

यज्ञपक्ष में—८ वसुओं, ११ रुद्रों और १२ आदित्य, १२ मासों के लिये मैं यज्ञ करता हूं। सूर्य का प्रकाश और भूमि ये दोनों उत्तम रीति से जानें। मित्र और वरुण, सर्वप्राण बाह्य वायु और अन्तस्थ उदान वायु दोनों (वृष्ट्या) शुद्ध जल वर्षण द्वारा संसार को रक्षा करते हैं। जिस प्रकार पक्षी अपने स्थान को जाते हैं उसी प्रकार अर्चना करते हुए हम यज्ञ में आवें। (वशा पृश्निः) कामित आहुति अन्तरिक्ष में जाकर (मरुतां दिवं गच्छ) वायुओं के संग्रह से द्यौलोक में सूर्य के तेज से मिले। तब वह (वृष्टिम् आवह पृषतीः) वर्षा लावें, वह नदियों, नाड़ियों में बहे। (अग्निः) भौतिक अग्नि, दीपक जिस प्रकार आंख को अन्धकार से बचाता है उसी प्रकार सूर्य भी आँखों का रक्षक है, वह हमारी चक्षुओं की रक्षा करे॥ शत० १।२।३।१२–१६॥

**यं परिधिं पर्यधत्थाऽअग्ने देवपणिभिर्गुह्यमानः ।
तन्तऽएतमनुजोषं भराम्येष मेत्त्वदपचेतयाताऽअग्नेः प्रियं पाथोऽपीतम् ॥ १७ ॥**

देवल ऋषिः । अग्निर्देवता । जगती । निषादः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने! अग्रणी राजन्! स्वयं (देवपणिभिः) विद्वानों और व्यवहार-कुशल व्यापारियों द्वारा (गुह्यमानः) सुरक्षित रहते हुए (यम्) जिस (परिधिभिः) राष्ट्र को चारों ओर के आक्रमण से बचाने वाले सेनानायक आदि शासक को (परि अधत्थाः) राष्ट्र की सीमाओं पर नियुक्त करते हो (ते) तेरे द्वारा नियुक्त (तम्) उस (एतम्) इस 'परिधि' नामक सीमापाल को (जोषम्) प्रेमपूर्वक (अनुभरामि) तेरे अनुकूल बनाता हूं। जिससे (एषः) वह (त्वत्) तुझसे (मा इत्) कभी भी न (अपचेतयाते) बिगड़े। तेरे विपरीत न हो। हे (परिधि-नायक) दो सीमापालो! तुम दोनों भी (अग्ने. प्रियम् पाथः) अग्नि राजा के प्रिय, पान या पालन करने योग्य अन्न आदि भोग्य पदार्थ या राष्ट्र को (अपि इतम्) प्राप्त करो ॥ शत० १ । ८ । ३ । २२ ॥

**सꣳस्रवभागा स्थेषा बृहन्तः प्रस्तरेष्ठाः परिधेयाश्च देवाः ।
इमां वाचमभि विश्वे गृणन्त आसद्यास्मिन्बर्हिषि मादयध्वꣳ स्वाहा वाट् ॥ १८ ॥**

सोमसद्म. सोमशुरमो वा ऋषि. । विश्वेदेवाः देवता. । स्वराट् त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—हे विद्वन् बलशाली राजा के नियुक्त अधिकारी पुरुषो! आप लोग (इषा) ज्ञान, प्रेरक आज्ञा और शासन बल से (बृहन्तः) बड़े

१७—सवदस्व । श्रावय । श्रौपट् । स्वगा दैव्या होतृभ्य. । स्वस्तिर्मानुषेभ्यः । इत्यधिकानि यजूषि इत. पूर्वं पठ्यन्ते । शत० । (च०) 'नेत्त्वदप' इति पाठभेद ।

१८—परमेष्ठी प्रजापतिर्ऋषिः । द० । '.० परिधयश्च देवाः' इति काण्व० ।

शक्तिशाली और (प्रस्तरेष्ठाः) उत्तम आसन और आस्तरणों या पदों पर अधिष्ठित होने वाले (देवा.) युद्ध में चतुर, व्यवहारज्ञ, विद्वान्, तेजस्वी और रखने योग्य (परिधेयाः च) रक्षा करने के लिये चारों ओर हो। आप लोग (सस्रवभागाः स्थ) उत्तम ऐश्वर्य के भागी बनो। आप (विश्वे) सब लोग (इमाम्) इस प्रयत्न (वाचम्) वेदमय न्यायवाणी को (अस्मिन् बर्हिषि) इस न्यायासन या ज्ञानयज्ञ में (आसद्य) बैठकर (मादयध्वम्) हम सबको प्रसन्न करो और (वट्) समस्त सुखों को प्राप्त करने वाली वाणी और क्रिया से (सु आहा) उत्तम उपदेश करो और यश प्राप्त करो ॥ शत० १।२।३।२५॥

घृताची स्थो धुर्यौ पातᳪ सुम्ने स्थः सुम्ने मा धत्तम्। यज्ञ नम॑श्च त॒ उप॑ च य॒ज्ञस्य॑ शि॒वे सन्ति॑ष्ठस्व स्वि॒ष्टे मे॒ सन्ति॑ष्ठस्व ॥ १९ ॥

शूर्प, यजमान् ऋषिः, उद्बालवान्, धानान्तर्वान्, एते पञ्च ऋषय । स्रुचौ, यज्ञोऽग्निवायू वा देवते । भुरिक् पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे अग्नि और वायु ! अग्नि के समान शत्रुसंतापक और वायु के समान वेगवान्, एवं राष्ट्र के प्राणभूत राजपुरुषो ! आप दोनों (घृताची स्थ.) घृत तेज को धारण करने वाले हो। आप राष्ट्रशासन रूप यज्ञ में (धुर्यौ) अग्नि वायुके समान ही समस्त शासन भार के धुरा को उठाने में समर्थ हो। आप दोनों (पातम्) राष्ट्र का पालन करो। आप दोनो अग्नि और वायु के समान ही (सुम्ने=सुमने) उत्तम ज्ञानपूर्ण एवं सुखप्रद हो। (मा) मुझको (सुम्ने) सुख में या शुभमति में (धत्तम्) धारण करो, रखो। हे (यज्ञ) पूजनीय प्रभो ! (ते च) तुझे हम नमस्कार करते हैं। और तू (उप च) खूब परिपुष्ट होओ। हे राजन् ! प्रभो ! आप

१९—उत्तरार्धस्य सूर्य यजमानः, ऋषिरुद्दालवान्, धनान्नवान् इत्येते ऋषय इत्युवट.। अस्य मन्त्रस्य शूर्पयज्ञान्, कृषिरुद्दालवान् धानान्तर्वान् इति पञ्च ऋषयः। यज्ञो देवता। इति महीधरः॥ प्रजापतिः परमेष्ठी ऋषिः। अग्निवायू देवते। द०॥

(यज्ञस्य) यज्ञ के (शिवे) कल्याणकारी स्वरूप में (सं तिष्ठस्व) उत्तम रीति से स्थित हो। (मे) मेरे (सु-इष्टे) उत्तम इष्ट कार्य में (सं तिष्ठस्व) लगा रह ॥ शत० १ । ८ । ३ । २५ ॥

अग्नेऽदब्धायोऽशीतम पाहि मा दिद्योः पाहि प्रसित्यै पाहि दुरिष्ट्यै पाहि दुरद्मन्याऽअविषन्नः पितुं कृणु। सुषदा योनौ स्वाहा वाडग्नये संवेशपतये स्वाहा सरस्वत्यै यशोभगिन्यै स्वाहा ॥ २० ॥

गार्हपत्यदक्षिणाग्नी सरस्वती च देवताः । भुरिग् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) ज्ञानवन् ! हे (अदब्धायो) अनष्टजीवन ! अमृत ! प्रभो ! सुरक्षित जीवन वाले या जीवनों की रक्षा करने हारे स्वामिन् ! हे (अशीतम) सर्वव्यापक ! सर्वत्र विद्यमान ! आप (मा) मुझको (दिद्योः) अति प्रदीप्त वज्र या कठोर दारुण दण्ड-रूप दुःख से (पाहि) रक्षा करो। (प्रसित्यै पाहि) भारी बन्धनकारिणी अविद्या या पाप-प्रवृत्ति से मेरी रक्षा करो। (दुरिष्ट्यै पाहि) दुष्ट जनों की संगति से बचाओ । (दुरद्मन्यै पाहि) दुष्ट अन्न के भोजन से रक्षा करो। (नः) हमारे (पितुम्) अन्नको (अविषम् कृणु) विष रहित करो। (योनौ) घर में (सुषदा) उत्तम रूप से विराजने योग्य भूमि हो। (अग्नये स्वाहा वाट्) उस ज्ञानवान्, अग्नि के समान प्रतापी स्वामी से यह उत्तम प्रार्थना है। यह हमें उत्तम फल प्राप्त करावे। (संवेशपतये स्वाहा) उत्तम रीति से बसने वाले पृथिवी आदि लोकों के पालक से यह उत्तम प्रार्थना है। (यशः-भगिन्यै) यश ऐश्वर्य को प्राप्त कराने वाली (सरस्वत्यै) वेदवाणी से (स्वाहा) हम उत्तम ज्ञान प्राप्त करें ॥ शत० १ । ७ । २ । २० ॥

वेदोऽसि येन त्वं देव वेद देवेभ्यो वेदोऽभवस्ते[illegible] वेदो भूयाः ।

२०—अग्निसरस्वत्यौ देवते। द०। अतः पर द्वौ मन्त्रावधिकौ काण्वशाखागतौ परिशिष्टे द्रष्टव्यौ।

देवा गातुविदो गातुं वित्त्वा गातुमित मनसस्पतऽइमं देव यज्ञꣳ स्वाहा वातै धाः ॥ २१ ॥

प्रकृतो, मनसस्पतिश्च ऋषी । वेद. प्रजापतिर्देवता । भुरिग् ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः ॥

भा० हे (देव) सब पदार्थों के देने और उनका प्रकाशन करने हारे परमेश्वर ! (येन जिस ज्ञान से (त्वं) तू (वेद) समस्त संसार के पदार्थों और विज्ञानों को जानता और सब को जनाता है, इसी से तू (वेदः असि) स्वयं भी 'वेद' स्वरूप है। उसी कारण, उसी वेदमय ज्ञानरूप से तू (देवेभ्यः) ज्ञानप्रकाशक विद्वानो के लिये भी स्वयं (वेदः) वेद या ज्ञान रूप से (अभवः) प्रकट होता है। (तेन) उसी ज्ञानरूप में हे परमेश्वर ! आप (मह्यम्) मेरे लिये (वेदः) 'वेदमय' ज्ञानमय रूप से (भूयाः) प्रकट हो। (देवाः) देव, ज्ञान के प्रकाश करने हारे पुरुष (गातुविदः) पदार्थों के यथार्थ गुणो को जानने वाले, एवं गातु अर्थात् गमन करनेयोग्य मार्ग को जानने वाले होते है। हे विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (गातुम्) गातु, सब पदार्थों के यथार्थ स्वरूप या उत्तम भाग का ज्ञान करने वाले, मार्गोपदेशक वेद का (वित्त्वा) ज्ञान करके (गातुम्) उपदेश करने योग्य यज्ञ या संसार की सत् व्यवस्थाओं को (इत) प्राप्त होवो, उसको अपने वश करो। हे (मनसः पते) समस्त संकल्प विकल्प करने वाले समष्टिरूप मनके परिपालक प्रभो ! हे (देव) प्रकाशक ! (इमम्) इस संसार रूप यज्ञ को (वाते) वायु रूप महान् प्राण के आधार पर आप (धाः) धारण कर रहे हो। (सु आहा) यही समस्त संसार की वायु रूप सूत्रात्मा तुझ में उत्तम आहुति अर्थात् धारणव्यवस्था है ॥

अध्यात्म मे—ज्ञानकर्ता, सब विषयो के ज्ञान का उपलब्धिकर्ता आत्मा 'वेद' है। देव इन्द्रियो को भी वही ज्ञान करता है। गातु अर्थात्=ज्ञान या

२१—उत्तरार्धस्य मनसस्पतिर्ऋषि । वातो देवता । सर्वा० । वामदेव ऋषिः प्रजापतिर्देवता । इति द० ॥

शरीर। गात्र=मनसस्पति, आत्मा। वात=प्राण। यज्ञ=मानस यज्ञ या शरीर। योजना स्पष्ट है ॥ शत० १। ६। २। २३-२८ ॥

सं ब्रर्हिरङ्क्ता॑ᳪ᳖ ह॒विषा॑ घृ॒तेन॒ सम॑दि॒त्यैर्वसु॑भि॒ः सम्म॒रुद्भि॑ः। समिन्द्रो॑ वि॒श्वदे॑वेभिरङ्क्तां दि॒व्यं नभो॑ गच्छतु॒ यत् स्वाहा॑ ॥२२॥

लिंगोक्ता। इन्द्रो वा देवता। विराट् त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(बर्हिः) यह महान् अन्तरिक्ष (घृतेन) घृत के साथ और (हविषा) हवि, होम करने योग्य चरु के साथ (सम् अङ्क्ताम्) संयोग करे। (आदित्यैः) आदित्य की किरणों से (वसुभिः) अग्नि, वायु आदि आठ जीवन संचारक तत्वों से और (मरुद्भिः) वायुओं, प्राणों से भी (सम् अङ्क्ताम्) भली प्रकार युक्त हो। (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् आत्मा और परमेश्वर (विश्वदेवेभिः) समस्त इन्द्रियों और समस्त दिव्य पदार्थों से (सम् अङ्क्ताम्) संयुक्त हो। (यत्) जब २ (स्वाहा) उत्तम आहुति हो तब २ (दिव्य नभः) दिव्य जल (गच्छतु) बहे ॥

राष्ट्र पक्ष में—(इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा (बर्हिः) बढ़नेवाले राष्ट्र को (घृतेन) तेजोमय, प्रदीप्त, दोषरहित अन्न से संयुक्त करे। उसको आदित्य, वसु, मरुत्, अर्थात् वैश्यों, वसु=बसने हारे जीवों और मारणकर्मा, तीव्र योद्धाओं से सुसज्जित करे। इस राष्ट्र को (यत्) जब (विश्वदेवेभिः) सब विद्वान् अधिकारियों से युक्त करे तब (दिव्यं नभः गच्छतु) दिव्य परस्पर संगठन, संघनन या व्यवस्था को राष्ट्र प्राप्त हो। (सु आहा) वह राष्ट्र उत्तम कहे जाने योग्य है ॥ शत० १। ६। २। २३ ॥

कस्त्वा॒ विमु॑ञ्चति॒ स त्वा॒ विमु॑ञ्चति॒ कस्मै॑ त्वा॒ विमु॑ञ्चति॒ तस्मै॑ त्वा॒ विमु॑ञ्चति। पोषा॑य॒ रक्ष॑सां भा॒गो॑ऽसि ॥ २३ ॥

प्रजापती रक्षश्च देवता। निचृद् बृहती। मध्यमः।

२२—वामदेव ऋषिः। द० ॥

भा०—हे यज्ञ ! यज्ञमय कर्मबन्धन ! (त्वा) तुझको (कः विमुञ्चति) कौन मुक्त करता है ? (त्वा सः विमुञ्चति) तुझको वह जिसने यज्ञ समाप्त करलिया है, मुक्त करता है ? (कस्मै त्वा विमुञ्चति) तुझको वह किस प्रयोजन से मुक्त करता है (त्वा) तुझको वह (तस्मै) उस लोकोत्तर ब्रह्मानन्द को प्राप्त करने के लिये मुक्त करता है। हे यज्ञ से प्राप्त सत् अन्न ! तू (पोषाय) आत्मा शरीर को पुष्ट करने हारा है और हे दुष्ट पापमय अन्न ! तू (रक्षसां भागः असि) दुष्ट पुरुषों के सेवन करने योग्य है।

अथवा—[प्रश्न] हे पुरुष ! (त्वा) तुझको कर्मबन्धन के दुःख से (कः) कौन (विमुञ्चति) विशेष रूप से मुक्त करता है। [उत्तर] (सः) वह सर्वोत्तम परमेश्वर ही (त्वा) तुझको कर्मबन्धन से मुक्त करता है। [प्र०] (त्वा कस्मै विमुञ्चति) वह परमेश्वर तुझे किस कार्य के लिये या किस हेतु से मुक्त करता है। [उ०] (तस्मै त्वा विमुञ्चति) तुझे उस महान् मोक्ष प्राप्ति के लिये मुक्त करता है। [प्र०] ये सब संसार के उत्तम पदार्थ और कर्मसाधनाएं किसके लिये हैं ? [उ०] ये समस्त कर्मसाधनाएं (पोषाय) आत्मा को पुष्ट करने के लिये हैं। [प्र०] तब ये कर्मफल, भोग विलास आदि किसके लिये हैं। [उ०] हे विलासमय तुच्छ भोग ! तू (रक्षसाम्) विघ्नकारी, मुक्तमार्ग के बाधक लोगों के (भागः) सेवन करने योग्य अंश (असि) है ॥ शत० १ । ७ । २ । ३३ ॥

संवर्च॑सा पय॑सा सं त॒नूभि॒रग॑न्महि॒ मन॑सा स॒ꣳ शि॒वेन॑ ।
त्वष्टा॑ सु॒दत्रो॒ विद॑धातु॒ रायो॑ऽनु॑मार्ष्टु त॒न्वो॒ यद्विलि॑ष्टम् ॥ २४ ॥

त्वष्टा देवता । विराड् त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हम लोग (वर्चसा) तेज, (पयसा) पुष्टि, (तनूभिः) दृढ़

२४—‘ विलीष्टम् ’ इति शत० । इत आरभ्य आ अध्यायपरिसमाप्तेः र्ऋषिः स एवेति दयानन्द, । प्रजापति. परमेष्ठी वामदेवो वेति सन्दिह्यते ।

शरीरों और (शिवेन मनसा) कल्याणकारी शुद्ध चित्त या मनन शक्ति से (सम् ३ अगन्महि) भली प्रकार संयुक्त रहें। (सुदत्रः) उत्तम २ पदार्थों का दाता (त्वष्टा) सर्वोत्पादक परमेश्वर हमें (रायः) समस्त ऐश्वर्य (विदधातु) प्रदान करे और (तन्वः) हमारे शरीर में (यत्) जो कुछ (विलिष्टम्) विपरीत, अनिष्टजनक, प्राणोपघातक पदार्थ हों उसको (अनुमार्ष्टु) शुद्ध करे, दूर करे ॥ शत० १। ६। ३। ६ ॥

[1]दिवि विष्णुर्व्यक्रꣳस्त जागतेन छन्दसा ततो निर्भक्तो योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मो[2]ऽन्तरिक्षे विष्णुर्व्यक्रꣳस्त त्रैष्टुभेन छन्दसा ततो निर्भक्तो योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः। [3]पृथिव्यां विष्णुर्व्यक्रꣳस्त गायत्रेण छन्दसा ततो निर्भक्तो योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मोऽस्मादन्नादस्यै प्रतिष्ठाया अगन्म स्वः सं ज्योतिषाभूम ॥ २५ ॥

विष्णुर्देवता। (१) निचृदार्षी। (२) आर्ची पंक्तिः। (३) जगती। निषादः ॥

भा०—(दिवि) द्यौ. महान् आकाश में (विष्णुः) विष्णु, व्यापक परमेश्वर (जागतेन छन्दसा) जागत छन्द से, जगतो की रचना करने वाले बल से (वि अक्रस्त) नाना प्रकार से व्यापक है और (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष में (विष्णु) व्यापक परमेश्वर (त्रैष्टुभेन छन्दसा) त्रिष्टुप् छन्द अर्थात् तीनों लोकों के पालक व्यापार से (वि अक्रंस्त) व्यापक है। वहा वायु, मेघ, विद्युत् रूप से प्रकट है और (पृथिव्याम्) पृथिवी में विष्णु (गायत्रेण छन्दसा) गायत्र छन्द अर्थात् प्राणों की रक्षा करने वाले बल, अन्न आदि रूप से (व्यक्रंस्त) व्यापक है। इसी प्रकार उसी विष्णु, व्यापक, सर्व शक्तिमान् परमात्मा के अनुकरण में राजा, प्रजापति एवं समस्त यज्ञ भी द्यौलोक में जागत छन्द से अर्थात् स्वर्ण रत्नादि ऐश्वर्य मे वैश्यों के बल से और अन्तरिक्ष में त्रैष्टुभ छन्द से अर्थात् तीनों वर्णों की रक्षारूप क्षात्रबल

से और पृथिवी निवासी जनता में गायत्र छन्द अर्थात् ब्राह्मणोचित बल से व्यापक रहे। सब पर अपना शासन रक्खे और हमारा शत्रु (यः अस्मान् द्वेष्टि) जो हमसे द्वेष करता है और (यं वयं द्विष्मः) जिसको हम द्वेष करते हैं वह (ततः) उन २ लोकों से और उन २ स्थानों से (अस्मात् अन्नात्) इस उपभोग योग्य अक्षय अन्न आदि पदार्थ से और (अस्यै प्रतिष्ठायै) इस भूमि के ऊपर प्राप्त प्रतिष्ठा से (निर्भक्तः) सर्वथा भाग रहित करके निकाल दिया जाय। तब हम (स्वः) सुखमय लोक को (अगन्म) प्राप्त हों। और ज्ञान समृद्धि को (सं अभूम) भली प्रकार प्राप्त हो॥

अपने लक्ष्यभूत उद्देश्य के बाधकों को दूर करके यज्ञ द्वारा तीनों लोकों पर विजय करके सुख समृद्धि विद्या आदि प्राप्त करने का उपदेश है॥ शत० १।७।३।११।१४॥

स्व॒यं॒भूर॑सि॒ श्रेष्ठो॑ र॒श्मिर्व॑र्चो॒दाऽअ॑सि॒ वर्चो॑ मे देहि।
सूर्य॑स्या॒वृत॒मन्वाव॑र्ते॥ २६॥

ईश्वरो देवता। उष्णिक् छन्दः। ऋषभः॥

भा०—हे परमेश्वर! तू (स्वयंभूः असि) किसी की अपेक्षा विना किये, स्वतन्त्र समस्त जगत् के उत्पादन, पालन और संहार मे स्वयं समर्थ है। तू सब से (श्रेष्ठः) प्रशंसनीय (रश्मिः) परम ज्योति अथवा रश्मि, सब को अपने वश मे करने वाला है। तू (वर्चोदाः असि) सूर्य के समान तेज का देनेहारा है। (मे वर्चः देहि) मुझे तेज प्रदान कर। मैं भी (सूर्यस्य) सूर्य के समान सब चराचर जगत् के प्रेरक उत्पादक परमेश्वर के (आवृतम्) उपदेश किये आचार या व्रत का (अनु आवर्त्ते) पालन करूं। अर्थात् जिस प्रकार सूर्य नियम से दिन रात का सम्पादन करता है और सबको प्रकाश

२६—ईश्वरो देवता। द०।

देता और तपता है उसी प्रकार मैं नियम से सोऊं, जागूं, तेजस्वी बनूं, तप करूं। सूर्य के व्रत का पालन करूं ॥ शत० १ । ६ । ३ । १६ । १७ ॥

[१]अग्ने गृहपते सुगृहपतिस्त्वयाऽग्नेहं गृहपतिना भूयासꣳ सुगृहपतिस्त्वं मयाऽग्ने गृहपतिना भूयाः । [२]अस्थूरि णौ गार्हपत्यानि सन्तु शतꣳ हिमाः सूर्यस्यावृतमन्वावर्ते ॥ २७ ॥

अग्निर्देवता । (१) निचृत्पङ्क्तिः । पञ्चमः । (२) गायत्री । षड्जः ॥

भा० — हे (अग्ने) अग्ने ! ज्ञानवन् ! परमेश्वर ! नेतः ! आचार्य ! हे (गृहपते) गृहपालक ! हे (अग्ने) अग्ने ! (त्वया गृहपतिना) गृह के पति अर्थात् पालकरूप तेरे बल से (अहम्) मैं (सुगृहपतिः भूयासम्) उत्तम गृह का स्वामी हो जाऊं और (त्वं) तू (मया गृहपतिना) मुझ गृहपति के साथ, मेरे द्वारा (सुगृहपतिः भूयाः) उत्तम गृहपति हो । इस मन्त्र से गृहस्थ एक दूसरे के उत्तम गृहपति होने में सहायक हों, यह भी वेद ने उपदेश किया । हे परमेश्वर ! (नौ) हम स्त्री और पुरुष (गार्हपत्यानि) गृहपति और गृहपत्नी दोनों के करने योग्य समस्त कर्त्तव्य (शतं हिमा) सौ बरसों तक (अस्थूरि सन्तु) दोनों द्वारा मिलकर किये जाया करें । अर्थात् एक बैल से जुती गाड़ी चल नहीं सकती, वह 'स्थूरी' कहाती है । हमारे कार्य 'अस्थूरी' एक बैल से जुते शकट के समान विघ्न युक्त न हों, प्रत्युत स्त्री-पुरुष रूप दो भारवाही बैलों से युक्त शकट के समान निर्विघ्न सत्-मार्ग पर चलते रहें । मैं (सूर्यस्य आवृतम्) सूर्य के व्रत को (अनु आवर्त्ते) पालन करूं, उसके समान सब का प्रेरक, पालक, होकर नियमपालक, ज्ञानप्रकाशक तेजस्वी, तपस्वी होकर रहूं ॥

अग्ने व्रतपते व्रतमचारिषं तदशकं तन्मेऽराधि । इदमहं यऽएवास्मि सोऽस्मि ॥ २८ ॥

अग्निर्देवता । भुरिक् उष्णिक् । ऋषभः ॥

२८—इत्यन्ताः दर्शपूर्णमासमन्त्राः । अतः परं पितृयज्ञः । प्रजापतेरार्षम् । सर्वा० ।

भा०—हे (अग्ने) अग्ने परमेश्वर ! हे (व्रतपते) व्रतों के पालक परमेश्वर ! आचार्य ! मैंने (व्रतम्) व्रत को (अचारिषम्) पालन किया (तत् अशकम्) उस व्रत का पालन करने में मैं समर्थ हुआ । (मे) मेरा (तत्) वही व्रत (अराधि) सिद्ध हुआ । (इदम् अहम्) मैं साक्षात् (य एव अस्मि) जो भी अब बन गया हूं (सः अस्मि) वही यथार्थ शक्ति रूप आत्मा मैं हूं । इस मन्त्र से व्रत विसर्जन करते हैं ॥ शत० १ । ७ । ३ । २३ ॥

अग्नये कव्यवाहनाय स्वाहा सोमाय पितृमते स्वाहा ।
अपहता असुरा रक्षांसि वेदिषदः ॥ २६ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । मन्त्रोक्ता अग्निसोमसुरा देवता ॥

भा०—(कव्यवाहनाय) कवि, क्रान्तदर्शी विद्वानों के हितकारी अन्न या ज्ञान को धारण करने वाले (अग्नये) अग्नि, मार्गदर्शक, तेजस्वी आचार्य एवं विद्वान् के लिये (सु-आहा) उत्तम अन्नदान करो और आदरपूर्वक वचन बोलो । (पितृमते सोमाय स्वाहा) पिता, माता और गुरुजनों से युक्त सोम, ज्ञानवान्, नवयुवक विद्वान् ब्रह्मचारी जिज्ञासु के लिये (स्वाहा) उत्तम अन्न का दान और आदरपूर्वक सुन्दर वचन का प्रयोग करो । (वेदिषदम्) वेदि में अर्थात् पृथिवी में समस्त उपयोगी, उत्तम पदार्थ के लाभ करा देने वाली इस यज्ञभूमि में विद्यमान (रक्षांसि) दूसरों के पीड़ाकारी, स्वार्थी, विघ्नकारी (असुरा.) केवल असु, प्राणों में रमण करने वाले अर्थात् इन्द्रियों के विषय भोगों में ही जीवन का व्यय करने वाले, विषयविलासी पुरुषों को (अपहताः) मार कर दूर भगा दिया जाय ॥

भौतिक पक्षमें कव्यवाहन, ज्ञानी पुरुषों के कार्यों को चलाने वाले अग्नि को उत्तम रीति से प्रयोग करके ऋतु और पालकों से युक्त सोम राजा या प्रधान पुरुष के आदर द्वारा दुष्ट पुरुषों को नाश किया जाय ॥

ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वधया चरन्ति ।
परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टांल्लोकात्प्रणुदात्यस्मात् ॥ ३० ॥

कव्यवहनोग्निर्देवता । भुरिक् पक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(ये) जो लोग (रूपाणि) रुचिकर पदार्थों को (प्रतिमुञ्चमानाः) त्यागते हुए (असुराः) केवल प्राण अर्थात् इन्द्रियों के भोगों में रमण करते (सन्तः) हुए (स्वधया) अपने बलसे या पृथिवी के शासन बल सहित (चरन्ति) विचरण करते हैं और (ये) जो (परापुर) दूर दूर तक बड़े २ अपने पुर बनाते हैं और (निपुरः) नीचे भूमि में अपने पुर बनाते अथवा जो (परापुर) परित्याग करने योग्य काम्य स्वार्थों को पूर्ण करते और (निपुर) जो नीच निकृष्ट वासनाओं को पूर्ण करते हैं अथवा (परापुरः निपुरः) स्थूल और सूक्ष्म देहों को (चरन्ति) पोषण करते हैं (अग्निः) अग्नि, दुष्टों का सन्तापक राजा अग्रणी नेता (तान्) उन लोगों को (अस्मात् लोकात्) इस लोक से (प्र नुदाति) निकाल दे ॥

अत्र पितरो मादयध्वं यथाभागमावृषायध्वम् ।
अमीमदन्त पितरो यथाभागमावृषायिषत ॥ ३१ ॥

पितरो देवताः । बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(अत्र) यहां, इस स्थान में, गृह में, देश में, लोक में (पितरः) पालन करनेहारे गुरु, विद्वान् पुरुष, माता पिता एवं वृद्धजन और देश के पालक अधिकारीगण (मादयध्वम्) आनन्द, प्रसन्न रहें और स्वयं औरों को भी वे सुप्रसन्न करें । (यथाभागम्) अपने उचित भाग के अनुरूप अर्थात् अपने अधिकार, मान, पद एवं शक्ति, योग्यता के अनुकूल (आवृषायध्वम्) सब प्रकार से हृष्ट पुष्ट हों और औरों को भी आनन्दित करें । (पितरः अमीमदन्त) पालक वृद्धजन खूब हर्षित प्रसन्न हों और (यथाभागम् आ वृषायिषत) अपनी शक्ति योग्यता एवं पद के अनुरूप हृष्ट पुष्ट भी हों ॥

'नमो वः पितरो रसाय, नमो वः पितरः शोषाय नमो वः पितरो जीवाय नमो वः पितरः स्वधायै नमो वः पितरो घोराय, नमो वः पितरो मन्यवे। [२]नमो वः पितरः पितरो नमो वो गृहान्नः पितरो दत्त सतो वः पितरो देष्मै तद्वः पितरो वासः ॥ ३२ ॥

लिंगोक्ता देवता. पितर (१) ब्राह्मी बृहती । (२) निचृद् बृहती । पञ्चम. ॥

भा०—हे (पितरः) राष्ट्र के पालक पुरुषो ! वृद्ध जनो ! (रसाय) ब्रह्मानन्द रस और ज्ञानरस के लिये (व नमः) आप लोगों का हम आदर करते हैं । (शोषाय) आप लोगो का जो शोषण अर्थात् दु.खो का निवारण और शत्रुओ का कमजोर करने का सामर्थ्य है उसके लिये (वः नम.) आपका हम आदर करते हैं । (जीवाय) आपके प्रजा को जीवन धारण कराने के सामर्थ्य के लिये (वः नमः) आप लोगो को हम नमस्कार करते हैं । (स्वधायै) स्वयं समस्त राष्ट्र के धारण करने के सामर्थ्य के लिये और अन्न उत्पन्न करने के सामर्थ्य के लिये (वः नमः) आप लोगों को हम आदर करते हैं । (घोराय) आप लोगों के प्रति भय दिलाने वाले घोर, युद्ध करने के सामर्थ्य के लिये (व. नमः) आप लोगों को हम नमस्कार करते हैं । (मन्यवे) आप लोगों के मान बनाये रखने वाले उच्चता के भाव के लिये अथवा आपके दुष्टों और देश का यश कीर्त्ति के नाशको के प्रति उत्तेजित हुए क्रोध के लिये (वः नमः) आप लोगों को हम नमस्कार करते हैं । हे (पितरः) पालक वृद्ध शासक जनो ! आप लोग हमारे और समस्त राष्ट्र के पालक हो, अतएव (व. नम.) आप का हम आदर सत्कार करते हैं । (पितर. नमो व.) हे पालक पुरुषों ! आप लोगों को हम नमस्कार एवं सत्कार करते हैं। हे (पितरः) पालक जनो ! (नः) हमारे (गृहान्) गृह के निवासी स्त्री आदि बन्धुओ के प्रति (दत्त) उनको उचित पदार्थ एवं विद्या और शिक्षा प्रदान करो और हे (पितरः)

वृद्ध गुरुजनो ! हम लोग (व.) आप लोगों को (सत॰) अपने पास, विद्यमान नाना अन्न, धन, वस्त्र आदि पदार्थ (देष्म) प्रदान करें। हे (पितर) पालक जनो ! (वः) आप लोगों के लिये (एतत्) यही (वास) शरीर आदि आच्छादन करने योग्य उत्तम वस्त्र एवं निवास गृह है। आप इसे स्वीकार करें ॥

उव्वट, महीधर दोनों ने यह मन्त्र ऋतुओं परक लगाया है। हे ऋतुओ ! (नमो व रसाय) आपके रसरूप वसन्त को नमस्कार है। (व शोपाय नम) आपके सुखाने वाले ग्रीष्म को नमस्कार है। (व जीवाय नम) जीवन के हेतु वर्षाओं को नमस्कार है। (व. स्वधायै नम.) आपके अन्नोत्पादक शरत् के लिये नमस्कार है। (व घोराय नम.) आपके घोररूप हेमन्त को नमस्कार है। (मृत्यवे नमः) शिशिर को नम. ॥

आधत्त पितरो गर्भं कुमारं पुष्करस्रजम्। यथेह पुरुषोऽसत् ॥३३॥

पितरो देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—पुत्रों का पालन करने में समर्थ गृहस्थजनो ! आप लोग (गर्भम्) गर्भ का (आधत्त) आधान करो और फिर (पुष्कर स्रजम्) पुष्टिकर पदार्थों के द्वारा बने शरीर वाले, सुन्दर (कुमारम्) बालक को (आधत्त) बराबर पालन पोषण करो (यथा) जिससे (इह) इस लोक मे वह आपका गर्भ में आहित वीर्य एव बालक ही (पुरुष असत्) पूर्ण पुरुषरूप होजाय। गृहस्थ लोग पुरुषों को उत्पन्न करने के लिये गर्भाधान करें। उसका गर्भ में पुष्टिकारक पदार्थों से पालन करें और उसे शिक्षित कर पूर्ण पुरुष बनावें। आचार्य पक्ष में—हे (पितर) पालक आचार्य आदि जनो (गर्भम्) गर्भ के समान ही (पुष्कर-स्रजम्) पद्म की माला धारण किया विद्यार्थी कुमार को अपने विद्यारूप सावित्री के गर्भ मे धारण करो। जिससे वह पूर्ण विद्वान् पुरुष हो जाय। इसी प्रकार शासक जन राजा को अपने भीतर आदरपूर्वक रक्खें, जिससे वह बलवान् बना रहे॥

ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम् ।
स्वधा स्थ तर्पयत मे पितॄन् ॥ ३४ ॥

आपो देवता । भुरिग् उष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—हे (आपः) आपः ! आप्त पुरुषो ! प्राप्त पुत्रादि जनो ! आपः- जल के समान स्वच्छ उपकारक पुरुषो ! (ऊर्जम्) उत्तम अन्न रस (अमृतम्) रोगहारी, जीवनप्रद (घृतम्) तेजोदायक, घृत (पयः) पुष्टिकारक दुग्ध (कीलालम्) अन्न और (परिस्रुतम्) सब प्रकार से स्रवित रससे युक्त, पके फल एवं ओषधि विधि से तय्यार किये उत्तम रसायन आदि इन सब को (वहन्तीः) धारण करते हुए (मे पितॄन्) मेरे पालक वृद्धजनों को (तर्पयत) तृप्त करो । आप (स्वधाः स्थ) अब स्वयं अपने आपको और अपने वृद्ध, पालक, सत्कार योग्य पुरुषों को भी अपने बलपर धारण पोषण करने में समर्थ हो ॥

अन्न पक्षमें=(ऊर्जं) उत्तम अन्नरस, (अमृतम्) जीवनशक्ति, (घृतम्) घी, तेज, (पयः) दूध, पुष्टिकारक पदार्थ, (कीलालम्) भोज्य अन्न, (परिस्रुतम्) आसव आदि तीव्र सूक्ष्म औषध इन सब तत्वों को धारण करने वाले (आपः) जल हैं । वे ही ' स्वधा ' चरम अन्न हैं । उनसे हे पुरुषो ! (मे पितॄन् तर्पयत) मेरे प्राणों को तृप्त करो ॥

॥ इति द्वितीयोऽध्यायः ॥

[आद्ये ऋचश्चैकत्रिंशत्]

इति मीमांसातीर्थ-विद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डित-जयदेवशर्मकृते
यजुर्वेदालोकभाष्ये द्वितीयोऽध्यायः ॥

अथ तृतीयोऽध्यायः

१—८ अग्न्याधेयमन्त्राणा प्रजापतिर्देवता अग्निर्गन्धर्वाश्च ऋषयः ॥

॥ ओ३म् ॥ समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम् ।
आस्मिन्हव्या जुहोतन ॥ १ ॥ ऋ० ८ । ४४ । १ ॥

विरूप आङ्गिरस ऋषि । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—(समिधा) प्रदीप्त करने के साधन काष्ठ से जिस प्रकार अग्नि को तृप्त किया जाता है उसी प्रकार (सम-इधा) अच्छी प्रकार तेजस्वी बनाने वाले साधन से (अग्निम्) अग्नि, आत्मा, गुरु, परमेश्वर की (दुवस्यत) उपासना करो और (अतिथिम्) सर्वव्यापक, अतिथि के समान पूजनीय उसको (घृतैः) अग्नि को जिस प्रकार क्षरणशील, पुष्टि-कारक घृत आदि पदार्थों से जगाया जाता है उसी प्रकार उद्दीपन करने वाले तेजःप्रद साधनों के अनुष्ठानों से उसको (बोधयत) जगाओ और (आस्मिन्) उसमें (हव्या) सब पदार्थों, ज्ञानस्तुतियो और कर्मों को और कर्मफलों को आहुति के रूप में (आ जुहोतन) निरन्तर त्याग करो ॥

भौतिक अग्नि में—हे पुरुषो ! (समिधा दुवस्यत) काष्ठ से उसकी सेवा करो, घृताहुतियों से उसको चेतन करो और उसमें चरु पुरोडाश आदि आहुतिरूप में दो । इसी प्रकार यन्त्रकला आदि में भी अग्नि के उद्दीपक पदार्थों से अग्नि को जलाकर (घृतैः) जलों द्वारा उसकी शक्ति को और भी चैतन्य करके उसे यन्त्रादि में आधान करे ॥

सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन । अग्नये जातवेदसे ॥२॥
ऋ० ५ । ५ । १ ॥

वसुश्रुत ऋषि । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

२—सुश्रुत ऋषि । द० ।

भा०—(सु-सम्-इद्धाय) खूब अच्छी प्रकार प्रदीप्त (शोचिषे) प्रकाशमान, ज्वालामय, अन्यों के भी दोष निवारण में समर्थ (जात-वेदसे) प्रत्येक पदार्थ में व्यापक, प्रज्ञावान्, ऐश्वर्यवान् (अग्नये) अग्नि, परमेश्वर, विद्वान् एवं राजा में (तीव्रम्) अतितीव्र, दोषनिवारक (घृतम्) आज्य, जल और उपायन एवं बलदायक या जयप्रद पदार्थ (आ जुहोतन) सब प्रकार से प्रदान करो ॥

तन्त्वा॑ स॒मिद्भि॑रङ्गिरो घृ॒तेन॑ वर्द्धयामसि ।
बृ॒हच्छो॑चा यविष्ठ्य ॥ ३ ॥ ऋ० ६ । १६ । ११ ॥

भरद्वाज ऋषि । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे अग्ने ! अंगिरः ! व्यापक, ज्ञानवान्, प्रकाशक ! (त्वा) तुझे (तम्) उस परम प्रसिद्ध, परम उच्च, परमेश्वर को (सम्-इति) उत्तम प्रदीप्त, प्रकाशित होने के साधन योग आदि द्वारा और (घृतेन) आत्मा के प्रकाशक तेज और तप द्वारा (वर्धयामसि) बढ़ाते हैं। हे (यविष्ठ्य) युवतम, सदा सर्वशक्तिमान् ! संसार के समस्त पदार्थों के सयोग विभाग करने में अनुपम बलवाले ! (बृहत्) महान् होकर (शोच) खूब प्रकाशित हो। अग्निपक्षमें—हे प्रकाशक अग्ने ! तुझे समिधा और घृत से बढ़ावें और तू पदार्थों के विभाजक बल से युक्त, खूब प्रकाशित हो ॥

उप॑ त्वाग्ने ह॒विष्म॑तीर्घृ॒ताची॑र्यन्तु हर्यत । जु॒षस्व॑ स॒मिधो॒ मम॑ ॥४॥

प्रजापतिर्ऋषि । अग्नि । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (हर्यत) सब कार्यों के प्रापक या दर्शनीय ! कमनीय ! कान्तियुक्त। हे अग्ने ! (उप) तेरे समीप (घृताची) घृत से युक्त, (हविष्मती:) हवि, अन्न आदि से युक्त (समिध) समिधाएं (यन्तु) प्राप्त हों उन (मम) मेरी (समिधः) समिधाओं को (जुषस्व) सेवन कर। हे अग्ने ! आत्मन् ! मेरी (हविष्मतीः) ज्ञानमय (घृताची.) तेजोमय (समिधः)

प्रकाशित होने के साधन तपस्या, विद्याभ्यास, जप, योग आदि सब तेरी प्राप्ति के लिये हों, उनको तू स्वीकार कर ॥

भूर्भुवः स्वर्द्यौरिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा।
तस्यास्ते पृथिवि देवयजनि पृष्ठेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायादधे ॥ ५ ॥

अग्निवायुसूर्या पृथिवी च देवता । (१) दैवी बृहती । (२) निचृद्बृहती । मध्यम स्वर ॥

भा०—(भूः) यह पृथ्वी लोक (भुवः) अन्तरिक्ष और (स्वः) वह द्यौलोक और (भू) ब्राह्मण, (भुवः) क्षत्रिय, (स्व.) वैश्य और (भू:) आत्मा, या स्वयं पुरुष (भुवः) प्रजा, पुत्र आदि (स्वः) पशुगण इनके हित के लिये मैं (भूम्ना) अति अधिक महान् ऐश्वर्य और सामर्थ्य से और अधिक प्रजाजनों से उसी प्रकार युक्त होजाऊं जैसे (द्यौः) यह महान् आकाश नक्षत्रों से, परमैश्वर्य युक्त है और (पृथिवी इव) पृथिवी जिस प्रकार विशाल है, सबको आश्रय देती है, उसी प्रकार की (वरिम्णा) विशालता से मैं भी युक्त होऊं । हे (पृथिवि) पृथिवि ! हे (देवयजनि) देव-विद्वानों के यज्ञ करने के आश्रयभूत ! (ते तस्याः) उस तेरी (पृष्ठे) पीठ, पृष्ठ पर (अन्नादम्) समस्त अन्नों के भोग करने वाले (अग्निम्) अग्निरूप प्रजापति राजा को (आदधे) स्थापित करता हूं । अथवा-हे स्त्री और हे वेदि ! तू (भूम्ना) अपनी महती शक्ति से (द्यौः इव) आकाश के समान गुण रूप नक्षत्रों से सुशोभित है और (वरिम्णा पृथिवीव) उत्तम गुणों से पृथिवी के समान उदार पुत्रादि उत्पत्तिकारक पालक और गृहका आश्रय है । हे (देवयजनि पृथिवि) विद्वान् द्वारा पूजनीय पृथिवी के समान योग्य भूमि (अन्नादम् अग्निम्) अन्न का भोग करने वाले या कर्म फल के भोग करने वाले अग्नि, जीवात्मा को मैं (अन्नाद्याय) भावी जीवन

५—०'भूम्ना भूमिरिव वरिम्णा' इति काण्व० ।

के कर्मफल भोग के लिये ही वीर्य रूप से तुझ में (आदधे) आधान करता हूं ॥ शत० का० २ । ८ । १–२८ ॥

आयङ्गौः पृश्निरक्रमीदसंदन् मातरं पुरः । पितरंञ्च प्रयन्त्स्वः ॥ ६ ॥

ऋ० १० । १८९ । १ ॥

सार्पराज्ञी कद्रूर्ऋषिका । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अयम्) यह (गौः) गमनशील (पृश्नि.) रसो को और समस्त ज्योतियों को अपने भीतर ग्रहण करने हारा, आदित्य (मातरम् पुरः) प्राणियों के उत्पादक मातृरूप पृथिवी के ऊपर नित्य प्राची दिशा मे (असदत्) विराजता है । (अक्रमीत्) चारो ओर व्याप्त है और (पितरम्) सबके पालक (स्वः) आकाश को भी (प्रयत्) अपने निज वेग से जाता हुआ (असदत्) उसको भी व्याप्त करता है ॥

अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती । व्यख्यन्महिषो दिवम् ॥७॥

ऋ० १० । १८९ । २ ॥

वायुरूपोऽग्निर्देवता । गायत्री । षड्जः स्वरः ॥

भा०—(अस्य) इस महान् अग्नि की ही (रोचना) वायुरूप ज्योति, दीप्ति है जो (अन्तः) शरीर के भीतर, इस ब्रह्माण्ड के भीतर (प्राणात्) प्राण रूप होने के पश्चात् (अपानती) अपान का स्वरूप धारण करती है । वही (महिषः) अनन्त महिमा से युक्त होकर (दिवम्) द्यौलोक को या प्रकाशमान सूर्य के तेज को (वि अख्यत्) विशेष रूप से बतलता है । अर्थात् ब्रह्माण्ड में वही वायु स्वयं प्रबल चलता और ऊपर उठता और मन्द होता और नीचे आता है । शरीर में वही प्राण, पुन अपान रूप में बदलता है । परन्तु यह उसी महान् अग्नि का तेज है, ब्रह्माण्ड मे सूर्य की शक्ति से वायु नाना गतियों से चलता है । और शरीर में जाठर अग्नि के बल से प्राणों की विविध गति होती है ॥

त्रिꣳशद्धाम विराजति वाक् पतङ्गाय धीयते।
प्रति वस्तोरह द्युभिः ॥८॥　　ऋ० १० । १८ । १८९ । ३ ॥

अग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—ईश्वररूप अग्नि । जो प्रकाशक अग्नि (त्रिंशत्) तीस (धाम) धारक पदार्थों को (विराजति) व्याप्त होकर उनको प्रकाशित करता है उसी (पतङ्गाय) व्यापक परमेश्वर के लिये (वाक्) वेद-वाणी (धीयते) पढ़ा जाता है और उसको (प्रति वस्तोः) प्रतिदिन (द्युभिः) प्रकाशमान पदार्थों के द्वारा (अह) निश्चय से (धीयते) ध्यान, मनन करना चाहिये ॥

'त्रिंशत् धाम '-दिन रात्र के ३० मुहूर्त (उव्वट) । जो वाणीदिन के तीसों मुहूर्त प्रकाशित होती न केवल वह अग्नि (पतङ्ग) के लिये है प्रत्युत प्रतिदिन उत्सवों के साथ भी वह बात उसी 'पतङ्ग' के लिये ही है । महीधर-या मास के तीसों दिन जो वाणी 'पतङ्ग' के लिये है वह प्रति दिन उत्सवों में भी उसी के लिये है ॥ उक्त ६-८ शत० २ । १ । ४ । २९ ॥

दयानन्द-जो अग्नि प्रतिदिन तीसों धर्म्मों के धारक पदार्थों को प्रकाशित करता है उस स्वयगतिशील, अन्यों के प्रेरक अग्नि को धारण करना चाहिये । ८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य, इन्द्र, प्रजापति, इनमें से अन्तरिक्ष वह आदित्य अग्नि को छोड़ शेष ३० । पतङ्ग=अग्नि परमेश्वर है ॥

अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा । अग्निर्वर्च्चो ज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा सूर्यो वर्च्चो ज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा । ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ॥ ९ ॥

अग्निसूर्यौ देवते । पक्ति । मध्यम । अग्निर्ज्योतिरिति द्वयस्य तत्त्वा ऋषि । ज्योतिः सूर्य इत्यस्य जीवलश्चैलकिश्च ऋषी ।

८—इत पर एको मन्त्रोऽधिक काण्व० परिशिष्टे द्रष्टव्य. ।

९—विशेषतश्च अग्निर्वर्च इत्यस्यास्तत्त्वा ऋषि । ज्योति सूर्य इत्यस्याजीवलश्चैलकिर्ऋषि । सर्वा० । इतःपर मेको मन्त्रोऽधिक काण्व० पठित परिशिष्टे द्रष्टव्य ।

भा०—(अग्निः ज्योतिः) अग्नि ज्योति.स्वरूप है और (ज्योतिः अग्निः) समस्त ज्योति अग्निरूप है। (स्वाहा) यह ज्योति स्वरूपता ही अग्नि के अपनी महिमा का प्रत्यक्ष वर्णन है। (सूर्यः ज्योतिः) सूर्य ज्योति है। (ज्योतिः सूर्यः) ज्योति ही सूर्य है। (स्वाहा) यही उसके अपने महत्व का उत्तम स्वरूप है। इस देह मे (अग्निः वर्चः) अग्नि ही तेज है (ज्योतिर्वर्चः) ज्योति ही तेज है। (स्वाहा) यही उसका अपना उत्कृष्टरूप है। (सूर्यः वर्चः ज्योतिः वर्चः) सूर्य तेज है, ज्योति तेज है। (स्वाहा) यही उसका अपना महत्वपूर्ण रूप है। (ज्योतिः सूर्य सूर्य. ज्योतिः स्वाहा) ज्योति सूर्य है और सूर्य ही ज्योति है। यही उसका यथार्थ महत्वरूप है ॥

स्वाहा—स्वो वै महिमा आह इति। स्वाहा इत्येवाजुहोत्। शत० १। २। ४। ६॥ यह मेरा ही महत्व या उत्कृष्टरूप है इस बात को 'स्वाहा' शब्द कहता है। प्रजापति की अपने उत्कृष्टरूप अग्नि सूर्य, ज्योति और वर्चस्, ये हैं और ये सर्वत्र प्रकट होकर अपने महत्व को दर्शाते हैं। इसका व्याख्यान-विस्तार शतपथ मे देखें। शत० कां० २। २। ४, ५॥ 'स्वस्य अहानमस्तु' इति स्वाहा इत्युत्वटः। अपने स्वरूप का नाश नहीं होता यह 'स्वाहा' का अर्थ है। स्वं प्राह इति वा स्वाहुतं हविर्जुहोति इति वा। निरु० ॥

अथवा—(अग्नि) ज्ञानमय परमेश्वर (ज्योतिः) सर्वप्रकाशक है और (ज्योतिः) प्रकाशमय (अग्निः) भौतिक अग्नि के समान ही परमेश्वर सब पदार्थों का ज्ञापक अग्नि है। यह (स्वाहा) सत्य बात है। (सूर्यः) सब ससार मे व्यापक और उसका ज्ञाता परमेश्वर (ज्योति.) वेद द्वारा समस्त विद्याओं का उपदेष्टा 'ज्योति' है। वह भी (ज्योतिः) पृथिवी आदि पदार्थों के द्योतन या प्रकाशन करने वाले (सूर्य) सूर्य के समान

तेजोमय है। (स्वाहा) यही वास्तविक बात है। (अग्निः) सर्वविद्या-प्रदाता आचार्य (वर्चः) सब पदार्थों का दीपक, ज्ञापक विद्याप्रदाता है, वह (ज्योतिः) सब पदार्थ प्रकाशक (वर्चः) तेज के समान ही सब विद्याओं का प्रकाशक है। (स्वाहा) इस प्रकार ही सत्य जानो। (सूर्यः) सब व्यवहारों का प्रवर्तक प्राण ही (वर्चः) सबका प्रकाशक है। (ज्योतिर्वर्चः) सर्व पदार्थों का द्योतक तेज ही है (स्वाहा) यह सत्य ज्ञान है। (सूर्यो ज्योतिः) सूर्य ही सब पदार्थों का ज्योति अर्थात् प्रकाशक है और प्रकाशक ज्योति ही सूर्य है। यही (स्वाहा) उसकी अपनी महिमा का स्वरूप है ॥

[1]सुजूर्देवेन सवित्रा सुजू रात्र्येन्द्रवत्या। जुषाणो अग्निर्वेतु स्वाहा। [2]सुजूर्देवेन सवित्रा सुजूरुषसेन्द्रवत्या। जुषाणः सूर्यो वेतु स्वाहा ॥ १० ॥

प्रजापतिर्ऋषिः। (१) अग्निः (२) सूर्यः। (१) गायत्री, (२) भुरिग् गायत्री। षड्जः स्वरः ॥

भा०—(अग्निः) यह भौतिक अग्नि जिस प्रकार (देवेन सवित्रा) सर्व प्रकाशक, सर्व व्यवहारप्रवर्तक, सर्वोत्पादक परमेश्वर के बल से (सजूः) सब पदार्थों को समान भाव से सेवन करता है। (इन्द्रवत्या) इन्द्र, वायु से युक्त (रात्र्या) रात्रि या आलानकारिणी शक्ति से युक्त होकर (सजूः) समस्त पदार्थों को समान रूप से अपने भीतर लीन करता है, उसी प्रकार (अग्निः) प्रकाशक अग्नि, सर्वेश्वर परमात्मा (जुषाणः) सबको प्रेम करता हुआ या सबको सेवन करता हुआ (अग्निः) भौतिक अग्नि के समान ही परमेश्वर (स्वाहा) अपनी महिमा या महत्त्व शक्ति से (वेतु) सर्वत्र व्याप्त है और (देवेन) सर्व प्रकाशक (सवित्रा) सर्वोत्पादक परमेश्वर के बल से सूर्य (सजूः) सर्वत्र समान भाव से व्याप्त होता है और वही

१०—इत पर मन्त्रचतुष्कं काण्व० पठितं परिशिष्टे द्रष्टव्यम्।

(इन्द्रवत्या) प्रकाशमय (उषसा) उषा या प्रभा के साथ (सजूः) समान भाव से व्याप्त होता है, उसी प्रकार (सूर्यः) सर्व प्रेरक परमेश्वर सबको (जुषाणः) प्रेम करता हुआ (स्वाहा) अपनी महान् शक्ति से सर्वत्र (वेतु) व्यापक है, सबको अपने भीतर लिये है ॥

अग्निहोत्र पक्षमें—देव सविता परमेश्वर की उत्पादित सृष्टि के साथ मिल कर और इन्द्रवती रात्रि अर्थात् विद्युत् शक्ति से युक्त रात्रि से मिल कर हवि आदि को अग्नि अपने भीतर ले। इसी प्रकार ईश्वरीय शक्ति से युक्त और प्रकाश युक्त उषा से होकर सूर्य चरुद्रव्यों को अपने भीतर ले ॥

उपप्रयन्तोऽअध्वरं मन्त्रं वोचेमाग्नये। आरेऽअस्मे च शृण्वते ॥११॥

[११-३०] बृहदुपस्थानमन्त्राणां देवा ऋषयः । गोतम ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अध्वरं) जिसको शत्रुगण परास्त न कर सकें ऐसे अध्वर, अहिंसक सर्वपालक राष्ट्र यज्ञ में (उप प्रयन्तः) पहुंच कर (अस्मे च) हमारे वचनों को (दूरे च) समीप और दूर भी (शृण्वते) श्रवण करने वाले (अग्नये) अग्रणी नेता, राजा के हित के लिये (मन्त्रम्) उत्तम विचार वेदानुकूल विज्ञान वाक्य को (वोचेम) उच्चारण करें, कहें ॥

यज्ञपक्ष मे—यज्ञ में आते हुए हम ईश्वर की उपासना के लिये मन्त्रों को उच्चारण करें। वह हमारा दूर पास सर्वत्र सुनता है ॥ शत० ३। २। ४। १० ॥

अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम्।
अपाᳬरेताᳬसि जिन्वति ॥ १२ ॥

विरूप ऋषिः । अग्निः । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(दिवि) द्योलोक में या प्रकाशवान जगत् में जिस प्रकार (मूर्धा) सबके शिरोभूत, सबसे ऊपर (अग्निः) सूर्य, सबका प्रवर्त्तक

और प्रकाशक है उसी प्रकार (अयम्) यह (ककुत्) सबसे महान् सर्व श्रेष्ठ (पृथिव्या पतिः) पृथिवी का भी स्वामी राजा है। वह (अपां) समस्त प्रजाओं के (रेतांसि) समस्त वीर्यों को (जिन्वति) स्वयं ग्रहण करता, वश करता है॥

ईश्वर पक्षमें—(अग्निः) सर्वस्वामी ईश्वर, (मूर्धा) सर्वोपरि विराजमान है। वह (दिवः ककुत्) द्यौ, आकाश और सूर्य आदि से भी महान् और जलों के वीर्यों, उत्पादक सामर्थ्यों को (जिन्वति) पुष्ट करता है, शक्तिमान् बनाता है। सूर्य के पक्षमें—(अपाम् अग्निः दिवः मूर्धा, पृथिव्याः ककुत् पतिः) यह अग्नि सूर्य, द्यौ लोक का शिर पृथिवी का सबसे बड़ा पालक है। वह (अपां रेतांसि जिन्वति) समस्त जलों, प्राणियों के उत्पादक वीर्यों को पुष्ट करता है॥ शत० २। ३। ४। ११॥

उभा वामिन्द्राग्नीऽआहुवध्याऽउभा राधसः सह मादयध्यै।
उभा दातारांविषाᳬ रयीणामुभा वाजस्य सातये हुवे वाम्॥१३॥

भरद्वाज ऋषिः। इन्द्राग्नी देवते। स्वराट् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (इन्द्र-अग्नी) इन्द्र और अग्ने! हे (इन्द्र) ऐश्वर्यवन् राजन्! हे (अग्ने) शत्रुसंतापक अग्ने! अग्रणी! सेना नायक! (वाम् उभा) तुम दोनों को (आहुवध्यै) अपने पास बुलाने के लिये और (उभा) दोनों को (राधसः) नाना ऐश्वर्य के द्वारा (सह) एकत्र (मादयध्यै) आनन्द लाभ करने के लिये (हुवे) मैं बुलाता हूं। (उभा) तुम दोनों (इषाम्) अन्नों और (रयीणाम्) ऐश्वर्यों के (दातारौ) प्रदान करने वाले हैं। (उभौ) आप दोनों को (वाजस्य) उत्तम अन्न के (सातये) प्राप्ति और भोग के लिये (वाम्) तुम दोनों के (हुवे) बुलाता हूं। दोनों को आदरपूर्वक स्वीकार करता हूं। विद्युत् अग्नि के पक्षमें—परस्पर के बुलाने, वार्तालाप,

१३—०'दातारा इषां' इति काण्व०।

दूरस्थ देश से सन्देश आदि देने और धनैश्वर्य के परस्पर मिलकर भोग करने के लिये समस्त कामनाओं और ऐश्वर्यों के प्रदाता वीर्यवान्, या बल-युक्त कार्यों की सिद्धि के लिये अग्नि और विद्युत् शक्तियों को मैं (हुवे) स्वयं अपने वश करता हूं ॥ शत० २ । ३ । ४ । १२ ॥ अथवा, इन्द्र=सूर्य और अग्नि ॥

अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातोऽअरोचथाः ।
तञ्जानन्नग्नऽआरोहाथा नो वर्धया रयिम् ॥ १४ ॥

देवश्रवोदेववातौ भारतौ वा ऋषी । अग्निर्देवता । स्वराड् अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे अग्ने ! (ते) तेरा (अयम्) यह (योनिः) मूल आश्रय स्थान, (ऋत्वियः) ऋतुओं, राजकर्त्ताओं और सदस्यों में आश्रित है । (यत) जहां से (जात.) तू सामर्थ्यवान् होकर (अरोचथा.) प्रकाशमान होता है । हे (अग्ने) अग्ने ! राजन् ! (तत्) उस अपने मूल-कारण को (जानन्) भली प्रकार जानता हुआ ही तू (अरोहथाः) ऊंचे पद सिंहासन पर आरूढ़ होता है । तू (नः) हमारे (रयिम्) ऐश्वर्य को (वर्धय) बढ़ा ।

ऋतवो वै सोमस्य राज्ञो राजभ्रातरो यथा मनुष्यस्य । ऐ० १ । १ । १३ ॥ ऋतवो वै विश्वेदेवा. । शत० ७ । १ । १ । ४२ ॥ ऋतवः उपसदः शत० १० । २ । ५ । ७ ॥ ऋतव एते यदृतव्या । श० ८ । ७ । सदस्या ऋतवोऽभवन् । तै० ३ । १२ । ६ । ४ ॥ शत० । २ । ३ । ४ । १३ ॥

अयमिह प्रथमो धायि धातृभिर्होता यजिष्ठोऽअध्वरेष्वीड्यः ।
यमप्नवानो भृगवो विरुरुचुर्वनेषु चित्रं विभ्वं विशे विशे ॥ १५ ॥

वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अयम्) इस अग्नि के समान शत्रुसन्तापक (प्रथम·) सर्व-श्रेष्ठ पुरुष को (इह) इस राष्ट्र में (धातृभिः) राष्ट्र के धारण करने

वाले पुरुषों द्वारा (धायि) अधिकारी रूपमें स्थापित करते हैं। यह (होता) सबको अपने वश मे लेने वाला, (याजिष्ठ.) सबको संगतिकारक (अध्वरेषु) यज्ञों में यज्ञशील होता के समान (अध्वरेषु) संग्रामों में (ईड्य.) स्तुति के योग्य है। (यम्) जिस (अप्नवान·) प्रजा, सन्तान वाले सत्कर्मवान् (भृगव·) तपस्वी पुरुष, वानप्रस्थ पुरुष जिस प्रकार वनों में नाना प्रकार से अग्नि को प्रज्वलित करते हैं, उसी प्रकार वे (विशे विशे) प्रत्येक प्रजासंघ में (चित्रम्) पूजनीय (विभ्वम्) विशेष सामर्थ्यवान् पुरुष को (विरुरुचुः) विशेष रूप से प्रदीप्त करते हैं॥ शत० २।३।४।१४॥

अस्य प्रत्नामनु द्युतꣳशुक्रं दुदुह्रेऽअह्रयः।
पयः सहस्रसामृषिम्॥ १६॥

अवत्सार ऋषि । गौः पयो वा देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—(अस्य) इस अग्निरूप परमेश्वर की (प्रत्नाम्) अति पुरातन, अनादि सिद्ध (द्युतम्) द्युति, कान्ति, तेज, शक्ति को (अह्रय·) आकाश में रश्मियों द्वारा फैलने वाले प्रकाशमान तेजोमय सूर्य आदि (शुक्रम्) शुक्र, कान्तिमय तेज के रूपमें (दुदुह्रे) दोहते हैं, प्राप्त करते हैं। वे मानो, सर्व कामदुघा परमेश्वर रूप गौ से (सहस्रसाम्) सहस्रों कार्यों को सम्पादन करने वाले (ऋषिम्) सब के प्रेरक, स्वयं गतिशील (पय) पुष्टिकारक दुग्ध के समान बल और वीर्य को (दुदुह्रे) प्राप्त करते हैं॥

राजपक्षमें—(अह्रय अस्य प्रत्नाम् द्युतम्, शुक्रम् ऋषिम्, सहस्रसाम् पय दुदुह्रे) दूर २ तक प्रज्ञा द्वारा पहुंचने वाले विद्वान् इस राजा के प्रत्न=श्रेष्ठ कान्ति या वीर्य को ऋषि, व्यापक या निरीक्षक शक्ति को और (सहस्राम्) हज़ारों को, अन्न वस्त्र शरण देने वाली शक्ति और पुष्टिकारक बल को गाय से दूध के समान प्राप्त करते हैं। हज़ारों कार्यों के

१६—'वत्सार' इति सर्वा० ।

साधक प्रदीप के समान पदार्थदर्शक अनादि सिद्ध कान्ति को अग्नि से विद्वान लोग प्राप्त करते हैं ॥ शत० २ । ३ । ४ । १५ ॥

तनूपा अ॑ग्नेऽसि त॒न्वं मे पाह्यायुर्दा अ॑ग्ने॒ऽस्यायु॑र्मे देहि वर्चो॒दा अ॑ग्नेऽसि वर्चो॑ मे देहि । अग्ने॒ यन्मे॑ तन्वा ऊ॒नं तन्म॒ आपृ॑ण ॥१७॥

अग्निर्देवता: । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! परमेश्वर ! तू (तनूपा. असि) हमारे शरीरों की रक्षा करनेहारा है । तू (मे) मेरे (तन्वम्) शरीर की (पाहि) रक्षा कर । हे (अग्ने) अग्ने ! (आयुर्दा असि) तू आयुष् जीवन का देने वाला है (मे आयुः देहि) मुझे आयु प्रदान कर । हे (अग्ने) अग्ने (वर्चोदा असि) तू वर्चस् तेजको देने वाला है तू (मे वर्चं देहि) मुझे तेज का प्रदान कर (यत् मे तन्व) और जो मेरे शरीर में (ऊनं) न्यूनता हो (मे) मेरी (तत्) उस न्यूनता को (आपृण) पूर्ण कर । शरीर-रक्षक, जीवनरक्षक, बल, तेज के दाता, राजा से भी ऐसी प्रार्थना सम्भव है । वह हमारे शरीर की न्यून बल की पूर्ति अपनी सद् व्यवस्था से करे । निर्बलों का बल राजा है ॥ शत० २ । ३ । ४ । १७-२० ॥

इन्धा॑नास्त्वा श॒तꣳ हिमा॑ द्यु॒मन्त॒ꣳ समि॑धीमहि वय॑स्वन्तो वय॒स्कृत॒ꣳ सह॑स्वन्तः सह॒स्कृत॑म् । अग्ने॑ सपत्न॒दम्भ॑न॒मद॑ब्धासो॒ऽअदा॑भ्यम् । चित्रा॑वसो स्व॒स्ति ते॑ पा॒रम॑शीय ॥ १८ ॥

अग्निरात्रिश्च देवता: । निचृद्ब्राह्मी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! अग्ने ! (द्युमन्तं) प्रकाशमान्, तेजस्वी (वयस्कृतम्) आयु के बढ़ाने और देने वाले (सहस्कृतम्) बल के देनेवाले (सपत्न

१७—१७-१९ अवत्सार ऋषि । द० ॥

१८—चित्रावसो इत्यस्य ऋषय, ऋषिः । रात्रिर्देवता आहवनीयोपस्थानमन्त्रा ११-१८ एते । म० ॥

दम्भनम्) शत्रुओं के नाशक (अदाभ्यम्) किसी से भी न मारने योग्य, सर्वविजयी । (त्वा) तुझको (वयस्वन्त) हम दीर्घायु (सहस्वन्त) बलवान् और (अदब्ध-स) शत्रुओं से कभी न मारे जाकर, अक्षुण्ण रहकर (शत-हिमा) सौ वर्षों तक (इन्धाना) तुझे प्रदीप्त और अधिक दीप्तिमान् करते हुए (सम् इधीमहि) हम भी अग्नि के समान तुझे बराबर बढ़ाते और कीर्ति मे उज्ज्वल ही करते रहें । हे (चित्रावसो) नाना प्रकार के ऐश्वर्यवाले (स्वस्ति) तेरा कल्याण हो । (ते) तेरे (पारम्) पालन और पूर्ण करने वाले सामर्थ्य का मैं सदा (अशीय) भोग करू ।

ईश्वर पक्ष में—हे अग्ने परमेश्वर! हम अहिंसित, दीर्घायु, बलवान् रहकर सौ वर्षों तक तेरे ही प्रकाशवान स्वरूप को प्रकाशित करें । तेरी कृपा से (पारं स्वस्ति अशीय) सर्व दु खों को पार करके सुख भोग करें । इसी प्रकार अग्नि को भी दीर्घायु, बलकारक जीवन के शत्रुओं के नाशकर रूप में प्रदीप्त करके उसको अपने उद्योग में लाकर समस्त सुख को प्राप्त करें ॥ शत० २ । ३ । ४ । २१–२३ ॥

सं त्वम॑ग्ने॒ सूर्य॑स्य॒ वर्च॑सागथाः॒ समृषी॑णाꣳ स्तु॒तेन॑ । सं प्रि॒येण॒ धाम्ना॒ सम॒हमायु॑षा॒ सं वर्च॑सा॒ सं प्र॒जया॒ सꣳ रा॒यस्पोषे॑ण ग्मिषीय ॥ १६ ॥

अग्निर्देवता । जगती । निषाद ॥

हे अग्ने राजन् ! (त्वम्) तू (सूर्यस्य वर्चसा) सूर्य के तेज से (सम् अगथाः) युक्त हो । (ऋषीणाम्) मन्त्र द्वारा ऋषियों, विद्वानों के (स्तुतेन) प्रस्तुत, उपवर्णित सत्य ज्ञान से भी (सम् अगथा) युक्त हो । (प्रियेण धाम्ना) प्रिय धाम, स्थान, नाम और जन्म इन तीनों प्रिय धामों, तेजों से (सम्) संयुक्त हो और मैं तेरी रक्षा मे रहकर (आयुषा) आयु से (वर्चसा) तेज से (प्रजया) प्रजा से और (रायस्पोषेण) धनैश्वर्यों की पुष्टि द्वारा (सं ग्मिषीय) संयुक्त होऊं ।

ईश्वर पक्ष में—ईश्वर सूर्य के समान तेजोमय ऋषियों के मन्त्रों द्वारा स्तुति किया गया है एवं प्रिय धारण सामर्थ्य से युक्त है। वह मुझे आयु, तेज, प्रजा, धन आदि दे। इसी प्रकार आचार्य तेजस्वी, ज्ञानी हो वह शिष्य को आयुष्मान्, तेजस्वी, प्रजावान्, ऐश्वर्यवान् बनावे ॥ शत० २।३।४।२४॥

अन्ध स्थान्धो वो भक्षीय मह स्थ महो वो भक्षीयोर्ज्ज स्थोर्जं वो भक्षीय रायस्पोष स्थ रायस्पोषं वो भक्षीय ॥ २० ॥

आपः गावो वा देवता। भुरिग्बृहती। मध्यमः॥

भा०—हे (आप) जल के समान समस्त अन्न आदि पदार्थों के उत्पादक प्रजाजनो! आप्त पुरुषो! आप लोग अथवा हे (गावः) गौओं एवं उनके समान सर्वोत्पादक भूमियो! आप (अन्धःस्थ) अन्न हो। (व) तुम्हारे (अन्ध) अन्न को मैं (भक्षीय) खाऊं, प्राप्त करूं। आप (मह स्थ) वीर्य रूप हो (व मह. भक्षीय) तुम्हारे वीर्य का मैं भोग करूं। (ऊर्ज. स्थ) तुम उत्तम अन्न रस रूप हो (व ऊर्ज भक्षीय) तुम्हारे बल-कारी रस का मैं भोग करूं। (रायस्पोष स्थ) ऐश्वर्य के द्वारा प्राप्त पुष्टिरूप हो (वः राय पोषं भक्षीय) आपके द्वारा मैं ऐश्वर्य की पुष्टि को प्राप्त करूं। अथवा अन्न आदि नाना पदार्थों को ही सम्बोधन करके उनके सारे भाग प्राप्त करने की प्रार्थना करली जाय। अथवा सर्वोत्पादक गौओं को सब कुछ मानकर उनसे उन सब पदार्थों की प्रार्थना है॥ शत० २।३।४।२५॥

रेवती रमध्वमस्मिन्योनावस्मिन् गोष्ठेऽस्मिँल्लोकेऽस्मिन् क्षये। इहैव स्त मापगात ॥ २१ ॥

विश्वेदेवा गावो वा देवताः। उष्णिक्। ऋषभः॥

२०—याज्ञवल्क्य ऋषि। आपो देवता। द०॥

२१—याज्ञवल्क्य ऋषि.। विश्वेदेवा देवता। द०। अस्मिन् लोकेऽस्मिन् गोष्ठे। इति काण्व०॥

भा०—हे (रेवती) धन सम्पन्न समृद्ध प्रजाओ ! आप लोग (अस्मिन् गोष्ठे) इस गोष्ठ, गौ वाणियों के निवास स्थान या भूमि के आश्रयभूत (अस्मिन् क्षये) इस सब के बसाने वाले घरके समान आश्रयप्रद राजा पर निर्भर रहकर इस राष्ट्र में (रमध्वम्) आनन्द पूर्वक रहो। (इह एव स्त) यहां ही रहो। (मा अपगात) यहां से दूसरे देश मत जाओ ॥ गो पक्ष में—हे गौवो ! तुम इस गोशाला और घर में रहो, यहां से दूर मत होओ ॥ शत० २ । ३ । ४ । २६ ॥

[१]स॒ᳬहि॒ता॑सि॑ वि॒श्वरू॑प्यू॒र्जा मा॑ विश गौप॒त्येन॑ ।
[२]उप॑ त्वाग्ने दि॒वेदि॑वे॒ दोषा॑वस्तर्धि॒या व॒यम् ।
नमो॒ भर॑न्त॒ एम॑सि ॥ २२ ॥

वश्वामित्रो मधुच्छन्दा ऋषिः । गौरग्निश्च देवताः । (१) भुरिगासुरी गायत्री, । (२) गायत्री । षड्ज. ॥

भा० - हे गौ ! तू संहिता असि) भली प्रकार से घरों में बांधली जाती है। तू ही (विश्वरूपी) नाना प्रकार के पशुओं के रूप धारण करने वाली है, उनकी प्रतिनिधि है। तू (ऊर्जा) अन्न-सम्पत्ति और (गौपत्येन) गौओं के पति या स्वामित्व के यश के साथ (मा विश) मुझे प्राप्त हो ॥

प्रजा के प्रति राजा--हे प्रजे ! (विश्वरूपी) तू नाना रूप की है, समस्त प्रकार के जनो-प्राणियों से युक्त है। तू (संहिता असि) भली प्रकार व्यवस्था में बद्ध है। (ऊर्जा) बल से और (गौपत्येन) पृथ्वी के स्वामित्व के साथ (मा विश) मुझे प्राप्त हो ॥

हे (अग्ने) अग्ने राजन् ! परमेश्वर ! हे (दोषावस्त) अपने तेज से रात्रि रूप अन्धकार को आच्छादन करने हारे ! हम (दिवे दिवे) प्रतिदिन (धिया) अपनी बुद्धि और कर्म से (नम भरन्त) नमस्कार करते हुए या अन्नादि पदार्थ प्राप्त कराते हुए (त्वा उप एमसि) तुझे प्राप्त हों।

अथवा—हे परमेश्वर प्रतिदिन हम धारणाद्वारा तेरा ध्यान करते हुए तुझे प्राप्त हों ॥ शत० २ । ३ । ४ । २६ ॥

राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम् । वर्द्धमानᳪ स्वे दमे ॥२३॥

वैश्वामित्रोमधुच्छन्दा ऋषि । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—(राजन्तम्) सर्वत्र यश और प्रताप से प्रकाशमान (अध्वराणाम्) शत्रुओ से न नाश होने योग्य दुर्ग और उत्तम रक्षा के उपायों के रक्षक, (ऋतस्य) सत्य ज्ञान के (दीदिविम्) प्रकाशक, (स्वे दमे) अपने दमन कार्य मे (वर्धमानं) सबसे अधिक बढ़ने वाले तुझ राजा को हम अन्न का उपहार करते हुए प्राप्त हो ।

ईश्वर पक्ष में—यज्ञो के रक्षक ऋग्वेद के प्रकाशक, परम मोक्षपद में विद्यमान, सर्वोपरि राजमान परमेश्वर की हम उपासना करे ।

अग्नि पक्ष में—इसी प्रकार प्रकाश या अग्नि को हम अपने घर में हवि से पुष्ट करें ॥ शत० २ । ३ । ४ । २७ ॥

स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव । सचस्वा नः स्वस्तये ॥२४॥

वैश्वामित्रो मधुच्छन्दाऋषि । अग्निर्देवता । विराड् गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे राजन् ! अग्ने ! प्रभो ! अग्रणी पुरुष ! (स) वह तू (सूनवे) पुत्र के लिये पिता के समान (सूपायन भव) सुखपूर्वक प्राप्त होने योग्य, शरण के समान पालक हो और (नः स्वस्तये) हमारे कल्याण के लिये (न सचस्व) हमें प्राप्त हो । राजा प्रजा के प्रति पिता के समान हो । उनके कल्याण के लिये कार्य मे नियुक्त हो । ईश्वर के प्रति स्पष्ट है ॥

अग्ने त्वं नोऽअन्तमऽउत त्राता शिवो भवा वरूथ्यः ।
वसुरग्निर्वसुश्रवाऽअच्छा नक्षि द्युमत्तमᳪ रयिं दाः ॥२५॥

[२५–२८] बन्ध्वादयश्चत्वा-ऋषय., अग्निर्देवता । भुरिग बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! अग्रणी, राजन् ! (त्वं नः अन्तमः) तू हमारे सबसे निकट (उत) और (त्राता) रक्षक (शिवः) सुखकारी और (वरूथ्य) हमारे गृहों के लिये हितकारी वरूथ=सेना का पति है। तू (अग्निः) सबका नेता होकर भी (वसुः) सबको बसाने वाला और (वसुश्रवाः) धन ऐश्वर्य के कारण महान् कीर्त्ति से सम्पन्न है। (अच्छ नक्षि) हमे भली प्रकार उत्तम रूप में प्राप्त हो और हमें (द्युमत्तमम्) अति उज्ज्वल, (रयिम्) धन ऐश्वर्य (दा) प्रदान कर ॥

ईश्वर पक्ष में—हे परमेश्वर तू हमारे (अन्तम) निकटतम या प्राण-दाताओं मे सबसे श्रेष्ठ है। त्राता, कल्याणकर, सर्व गुणवान् है। तू (वसु) सर्वत्र बसने वाला, सबको बसाने वाला सर्वत्र व्यापक है। तू हमें सर्वोत्तम उज्ज्वल ऐश्वर्य दे ॥

तन्त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः ।
स नो बोधि श्रुधी हवमुरुष्या णोऽअघायतः समस्मात् ॥ २६ ॥

अग्निः । स्वराड् बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे (शोचिष्ठ) ज्वालायुक्त अग्नि के तेज से अति देदीप्यमान ! हे (दीदिव) प्रकाशयुक्त तेजस्विन् ! अग्ने ! राजन् ! (नूनम्) निश्चय से हमें (तम्) परम प्रसिद्ध (त्वा) तुझसे (सखिभ्यः) अपने मित्रों के लिये भी (ईमहे) याचना, प्रार्थना करते हैं। (सः) वह तू (नः) हमें हमारे अभिप्राय को जान, अथवा वह हमें (बोधि) ज्ञान प्राप्त करा और हमारे (हवम्) स्तुति और प्रार्थना को (श्रुधि) श्रवण कर। (नः) हम (समस्मात्) सब प्रकार के (अघायतः) पापाचारी, अत्याचार करने वाले हिंसक पुरुष से (उरुष्य) बचा। ईश्वर के पक्ष में स्पष्ट है ॥ शत० २।३।४।३१ ॥

२६—सुबन्धुर्ऋषिः । द० ।

इडु एह्यादितुऽएहि काम्याऽएत । मयि वः कामधरणम्भूयात् ॥२७॥

इडा गौर्वाग्निर्देवता । विराड् गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (इडे) इडे ! पृथिवी ! अन्न दात्रि ! (आ इहि) हमें तू प्राप्त हो । हे (अदिते) अखण्डित ! राज्यशासनव्यवस्थे ! अथवा पृथिवी ! (आ इहि) तू हमें अखण्ड चक्रवर्त्ती राज्य शासन के रूप में प्राप्त हो । हे पुरुषो ! प्रजाजनो ! (वः कामधरणम्) आप लोगों की समस्त अभिलाषों का आश्रय (मयि भूयात्) मेरे पर निर्भर हो ॥ शत० ३ । २ । ४ । ३४ ॥

सोमानुᳫँ स्वरणं कृणुहि ब्रह्मणस्पते । कुक्षीवन्तुं यऽऔशिजः ॥२८॥

सुन्ध्वादयो ब्रह्मणस्पति मेधातिथिर्वा ऋषि. । ब्रह्मणस्पतिर्देवता । विराड् गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (ब्रह्मणस्पते) हे ब्रह्म=वेदशास्त्र के पालक ईश्वर वा आचार्य तू (य) जो (औशिज) कान्ति या प्रताप से उत्पन्न तेजस्वी और प्रतापी है उसको ही (सोमानं) सबका प्रेरक सोम (स्वरणम्) सबका आज्ञापक, सन्मार्ग उपदेशक और (कक्षीवन्तम्) उत्तम कार्य, उत्तम नीति सम्पन्न, विद्या, राज्यप्रबन्ध आदि कार्य में, रथ में अश्व के समान, नियुक्त (कृणुहि) कर । तेजस्वी पुरुष को विद्वान् लोग राष्ट्र का नेता, प्रवर्तक आज्ञापक और प्रभुपद पर नियुक्त करें ॥

ईश्वर पक्ष में—हे ईश्वर जो मैं सब विद्या का अभिलाषी हूं मुझको सबका साधक, सर्व विद्योपदेशक बना ॥ शत० ३ । २ । ४ । ३५ ॥

२७—श्रुतबन्धुर्ऋषि । ०'काम्य एहि । इति काण्व० ।

२८—ब्रह्मणस्पतिर्ऋषिरिति महीधर । बृहस्पतिर्देवतेति दयानन्दः । बृहस्पतिरेव ब्रह्मणस्पतिरिति उव्वट, । प्रबन्धुर्ऋषिः । द० ।

यो रेवान्योऽअमीवहा वसुवित्पुष्टिवर्द्धनः ।
स नः सिषक्तु यस्तुरः ॥ २६ ॥

ब्रह्मणस्पतिर्मेधातिथिर्वाऋषि । ब्रह्मणस्पतिर्देवता । गायत्री । षड्जः ।

भा०—हे ब्रह्मणस्पते ! (य) जो (देवान्) धनवान्, ऐश्वर्यवान्, (अमीवहा) रोगों और शरीर और मानस दोषों को दूर करने हारा, (वसुवित्) धनों, रत्नों का ज्ञाता अथवा (वसुवित्) राष्ट्र के वासी समस्त प्रजाजनों का ज्ञाता या प्राप्त करने वाला, उनको अपनाने वाला या वसुवित् वासस्थान नगर ग्रामादि एवं लोक लोकान्तरों का ज्ञाता प्राप्त-कर्त्ता, उन परवशी, (पुष्टिवर्धन) शरीरों की पुष्टि को बढ़ाने वाला, ईश्वर राजा, वैद्य या हितकारी पुत्र मित्र है और (य) जो (तु) शीघ्रकारी, विना विलम्ब के यथोचित काल में कार्य सम्पादन करता है (सः) वह (न) हमें (सिषक्तु) प्राप्त हो, वह हमें सयोजित करे, संगठित करे, वह हमें मिलाये रखने में समर्थ है । धनादिसम्पन्न, रोग, दोष अपराधों को दूर करने में समर्थ प्रजापोषक, प्रजारंजक, तुरन्त कार्यकर्त्ता अप्रमादी राजा हो वही प्रजा को सगठित कर सकता है । ईश्वर के प्रति विशेषण स्पष्ट हैं । उव्वट के मत में, उक्त विशेषणों वाला पुत्र हमें प्राप्त हो ॥ शत० २ । ३ । ४ । ३५ ॥

मा नः शंसोऽअररुषो धूर्तिः प्रणङ् मर्त्यस्य ।
रक्षा णो ब्रह्मणस्पते ॥ ३० ॥

ब्रह्मणस्पतिर्मेधातिथिर्वा ऋषि. । ब्रह्मणस्पतिर्देवता । निचृद् गायत्री षड्जः ॥

भा०—हे (ब्रह्मणस्पते) वेद के पालक प्रभो ! (अररुष) अदान-शील, अराति, शत्रु का (शंस) अनिष्टचिन्तन और (धूर्तिः) धूर्तता,

३०—[३०-३३] सप्तधृतिर्वारुणिर्ऋषि. । द० ॥

हिंसाजनक प्रयोग (नः) हम तक (मा प्रणक्) न पहुंचे । तू (न) हमें (रक्षः) बचा । अथवा हे परमेश्वर (नः शंस मा प्रणक्) हमारी स्तुतियें नष्ट न हों और (अररुष मर्त्यस्य धूर्त्ति) शत्रु का हिंसा प्रयोग हमें न प्राप्त हो । उससे (न रक्ष.) हमारी रक्षा कर ॥ शत० २ । ३ । ४ । ३६ ॥

महिं त्रीणामवोऽस्तु द्युक्षम्मित्रस्यार्य्यम्णः दुराधर्षं वरुणस्य ॥३१॥

सत्यधृतिर्वारुणिर्ऋषिः । आदित्यः । विराड् गायत्री । षड्‌ज ॥

भा०—(मित्रस्य) मित्र, (अर्यम्णः) अर्यमा और (वरुणस्य) वरुण (त्रीणाम्) इन तीनों का (महि) बड़ा (द्युक्षम्) ज्ञान प्रकाश और न्याय का आश्रयभूत (दुराधर्षम्) एवं अभेद्य, अच्छेद्य (अव) पालन या राज्य, प्रजापालन कार्य (अस्तु) हो । राज्य शासन में मित्र, सबको मरने से त्राण करने वाला, रक्षा विभाग, अर्यमा, न्यायविभाग, वरुण, शत्रुदमन एवं योद्धवर्ग इन तीनों द्वारा किये गये प्रजा पालन के कार्य नीति न्यायपूर्वक और शत्रुओं और द्रोहियों द्वारा अभेद्य हों जिसको कोई तोड़ न सके । भौतिक पक्ष में प्राण, सूर्य और बल इनका पालन कार्य हमें सदा प्राप्त हो ॥ शत० २ । ३ । ४ । ३७ ॥

नुहि तेषांममा चुन नाध्वंसु वारुणेषु । ईशे रिपुरुघशंꣳसः ॥३२॥

सत्यधृतिर्वारुणिर्ऋषिः । आदित्य । निचृद् गायत्री । षड्‌ज ॥

भा०—(तेषाम्) उन राष्ट्रवासी प्रजाओं के (अमा चन) घरों में और (अध्वसु) मार्गों में और (वारणेषु) शत्रु, चोर, व्याघ्र आदि के निवारण करने वाले कार्यों में ही (अघशंस) पापयुक्त कामों की शिक्षा देने वाला दुष्ट षड्यन्त्रकारी पुरुष और (रिपु) शत्रु, पापीजन (न, न ईशे) बल नहीं पकड़े, अथवा । पूर्वोक्त मित्र, वरुण, अर्यमा आदि के घर, मार्ग युद्ध आदि में दुष्ट पुरुष घात नहीं लगा सकता ॥ शत० २ । ६ । ४ । ३७ ॥

ते हि पुत्रासो अदितेः प्र जीवसे मर्त्याय। ज्योतिर्यच्छन्त्यजस्रम् ॥३३॥

सत्यधृतिर्वारुणिर्ऋषिः। आदित्यो देवता। विराड् गायत्री। षड्जः॥

भा०—(ते) वे मित्र, अर्यमा और वरुण पूर्वोक्त (अदितेः) अखण्ड शासन या पृथिवी के (पुत्रासः) पुत्र अर्थात् पुरुषों को पापदुःखों से त्राण करने वाले हैं जो (मर्त्याय) मनुष्य को (जीवसे) जीवन लाभ के लिये (अजस्रम्) अविनाशी (ज्योतिः) प्रकाश का (प्र यच्छन्ति) प्रदान करते हैं। भौतिक पक्ष में—वे (अदितेः) अखण्ड परमेश्वरी शक्ति के पुत्र, उससे ही उत्पन्न हैं वे मनुष्य को अविनाशी चेतना, जीवन प्रदान करते हैं॥ शत० २। ३। ४। ३७॥

कदा चन स्तरीरसि नेन्द्र सश्चसि दाशुषे।
उपोपेन्नु मघवन् भूयऽइन्नु ते दानं देवस्य पृच्यते॥ ३४॥

मधुच्छन्दा वैश्वामित्र ऋषिः। इन्द्रो देवता। पथ्या बृहती। मध्यमः॥

भा०—हे इन्द्र! ऐश्वर्यवन्! राजन्! प्रभो! आप (कदा चन) कभी भी (स्तरीः न असि) हिंसक नहीं हैं। कभी प्रजा का द्रोह नहीं करते और (दाशुषे) आत्मसमर्पण करने वाले पुरुष को (सश्चसि) सदा सुख प्रदान करते हैं। हे (मघवन्) ऐश्वर्यवन्! (ते देवस्य) तुझ राजा, विजिगीषु का (दानम्) दान, (इत् नु) ही निश्चय से (उप पृच्यते) सदा हमें प्राप्त होता है और (भूयः इत् नु उपपृच्यते) खूब ही और बार बार, बराबर हमें मिलता और सम्पन्न करता है। राजा प्रजा का घातक न हो, प्रत्युत प्रजा पर अपना ऐश्वर्य बराबर प्रदान करे। अपनी सम्पत्ति से प्रजा को लाभ पहुंचावे॥ शत० २। ३। ४। ३८॥

तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात्॥ ३५॥

विश्वामित्र ऋषिः। सविता देवता। निचृद् गायत्री। षड्जः॥

भा०—राजा के पक्ष में—(सवितुः) समस्त देवों के प्रसविता उत्पादक और उत्कृष्ट शासक, आज्ञापक, प्रेरक (देवस्य) विजेता महाराज के (तत्) उस (वरेण्यम्) अति श्रेष्ठ (भर्गः) पाप के भून डालने वाले तेज को हम सदा (धीमहि) धारण करें, सदा अपने ध्यान में रक्खें (यः) जो (नः) हमारी (धियः) बुद्धियों को और समस्त कार्य-व्यवहारों को (प्रचोदयात्) उत्तम मार्ग पर संचालित करता है ॥

ईश्वर पक्ष में—समस्त जगत् के उत्पादक और संचालक उस देव परमेश्वर के सर्वश्रेष्ठ, पापनाशक तेज को हम धारण करें (यः नः प्रचोदयात्) जो हमें सन्मार्ग में सदा प्रेरित करे ॥ शत० २ । ३ । ४ । ३९ ॥

परि॑ ते दू॒डभो॒ रथो॒ऽस्माँ२ऽअ॑श्नोतु वि॒श्वतः॑ ।
येन॒ रक्ष॑सि दा॒शुषः॑ ॥ ३६ ॥

वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(येन) जिससे हे राजन् ! (दाशुषः) दानशील, करप्रद प्रजा जनों की (रक्षसि) रक्षा करता है, वह (ते) तेरा (दूडभः) अपराजित, अविनाशी, अजेय (रथः) रथ, युद्ध का साधन रथ, वज्र, बल और ज्ञान है, वह (अस्मान्) हमें (विश्वतः) सब ओर से (अश्नोतु) व्याप्त रहे, सब ओर से प्राप्त हो, हमारी रक्षा करे ॥

ईश्वर पक्ष में—जिस ज्ञान और वीर्य से वह समस्त उपासकों की रक्षा करता है वह उसका ज्ञान और बल हमें सब ओर से प्राप्त हो ॥ शत० २ । ३ । ४ । ४० ॥

भूर्भुवः॒ स्वः॒ सुप्र॒जाः प्र॒जाभिः॑ स्या॒ᳩ सु॒वीरो॑ वी॒रैः सु॒पोषः॒ पोषैः॑ ।

३६—०विश्वत । समिद्धो मासमर्धय प्रजया च धनेन च ॥ इति काण्व० ।

नर्यं प्रजां मे पाहि शꣳस्य पशून्मे पाह्यथर्य पितुम्मे पाहि ॥३७॥

आसुरिरादित्यश्च ऋषि । गार्हपत्याहवनीयदाक्षिणाग्नयो देवताः । ब्राह्मी उष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—(भूः भुवः स्वः) प्राण, उदान और व्यान इनके बल पर मैं पुरुष (प्रजाभिः) पुत्र पौत्र आदि सन्तानों से (सुप्रजाः) उत्तम सन्तान वाला (स्याम्) होऊं । (वीरैः) वीर्यवान्, शूरवीर पुरुषों से मैं (सुवीरः स्याम्) उत्तम वीर होऊ और (पोषैः) पुष्टिकारक धन ऐश्वर्य और अन्न आदि पदार्थों से मैं (सुपोषः) उत्तम पुष्टि युक्त धन आदि सम्पन्न होऊं । हे (नर्य) नरों पुरुषों के हितकारिन्! तू (मे प्रजाम् पाहि) मेरी प्रजा का पालन कर । हे (शस्य) स्तुति योग्य (मे पशून् पाहि) मेरे पशुओं का पालन करो और हे (अथर्य) संशयरहित, ज्ञानवन्! (मे पितुम् पाहि) मेरे अन्न की तू उत्तम रीति से रक्षा कर । प्रत्येक प्रजाजन उत्तम सन्तानों, वीर पुरुषों और धनादि से सम्पन्न हो और राजा भी उत्तम प्रजा, वीर पुरुषों और रत्नों से युक्त हो । वह राजा और प्रजा दोनों पशु और अन्न की रक्षा के लिये हितकारी, उत्तम, ज्ञानी और गुणवान् पुरुषों को नियुक्त करें । परमेश्वर से भी यही प्रार्थना समुचित है ॥ शत० २ । ४ । १ । १-५ ॥

आगन्म विश्ववेदसमस्मभ्यं वसुवित्तमम् ।
अग्ने सम्राडभि द्युम्नमभि सहऽआ यच्छस्व ॥ ३८ ॥

आदित्य आसुरिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गांधारः ॥

भा०—(विश्ववेदसम्) समस्त ज्ञानों और धनों के स्वामी और (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (वसुवित्तमम्) सब से अधिक धनों, ऐश्वर्यों को

३७—वामदेव ऋषिः अग्निर्देवता इति दयानन्द । ३७-४४ क्षुन्णकोपस्थ-मन्त्राः । सर्वाः नर्येत्यादिप्रवत्स्यपःस्थान मन्त्राः ३७-४३ पर्यन्तीः तेषामासुररादित्यश्चर्षी । ०जा प्रजया भूयासम् । सु० । ०पशून्मे पाहि इति काण्व० ॥

३८—आसुरिति विदयानन्दः ।

प्राप्त करने वा कराने वाले या हम में से सबसे अधिक ऐश्वर्य प्राप्त करने वाले श्रेष्ठ पुरुष को हम (आ अगन्म) प्राप्त हों, उसकी शरण में जॉय और कहें—हे (अग्ने) हमारे अग्रणी पुरुष ! तू (सम्राट्) हमारे में सब से अधिक प्रकाशमान, सम्राट् है। तू (द्युम्नम्) धन और अन्न को और (सहः) समस्त बल को (अभि अभि) सब ओर से (आ यच्छस्व) एकत्र कर और हमें प्रदान कर और प्रजा को प्राप्त करा ॥

ईश्वर पक्ष में—(विश्ववेदसम् वसुवित्तमम् आ अगन्म) सर्वज्ञ, ईश्वर परमात्मा की शरण मे हम आवें। वह परम सम्राट् हमे धन, अन्न और, बल दे ॥ शत० २ । ४ । १ । ७, ८ ॥

अयमग्निर्गृहपतिर्गार्हपत्यः प्रजाया वसुवित्तमः ।
अग्ने गृहपतेऽभि द्युम्नमभि सहऽआयच्छस्व ॥ ३९ ॥

असुरिरादित्यश्च ऋषी । अग्निर्देवता । भुरिग् बृहती न्यङ्कुसारणी । मध्यमः ॥

भा०—(अयम्) यह (अग्नि) हमारा अग्रणी, नेता, राजा, (गृहपतिः) हमारे घरों का पालक होने से गृहस्वामी के समान और (गार्हपत्य.) गार्हपत्य अग्नि के समान समस्त गृहस्वामियों से सयुक्त है अथवा राष्ट्ररूप गृह का स्वामी है। वह (प्रजायाः) समस्त प्रजा के (वसुवित्तमः) समस्त ऐश्वय प्राप्त करन वालों में सब से श्रेष्ठ है। हे (अग्ने) अग्रणी ! ज्ञानवन् ! हे (गृहपते) गृह के स्वामिन् ! (द्युम्नम् सहः, अभि, आयच्छस्व) तू बल और अन्न और धन ऐश्वर्य को सब प्रकार से नियत कर और हमें प्राप्त करा। राजा अन्य समस्त गृहस्थ प्रजा के संयुक्तशक्ति से स्थापित होकर स्वयं भी गृहस्थ रहे। वह भी सब के समान गृहस्थ, सब का स्वामी, सब के लिये अन्न और धन का आयोजक हो। ईश्वर पक्ष में-वह सबके गृहों का स्वामी, उपास्य है, वह भी महान् गृहपति है। वह सबको अन्न, बल दे।

३९—आसुरिरितिदया० । ०प्रजावान् वसुवित्तमः । इति काण्व० ।

अयमग्निः पुरीष्यो रयिमान् पुष्टिवर्द्धनः ।
अग्ने पुरीष्याभि द्युम्नमभि सह ऽआयच्छस्व ॥ ४० ॥

आसुरिरादित्यश्च ऋषी । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—( ) यह (अग्निः) अग्रणी नेता पुरुष (पुरीष्य) लक्ष्मी और ऐश्वर्य प्राप्त करने और प्रजा को पुष्ट करने योग्य कर्मों का साधक इन्द्र या राजपद प्राप्त करने योग्य है, देवों या राजाओं, प्रजाओं के भी ऊपर वश-कारी है और यह (रयिमान्) ऐश्वर्यवान् और (पुष्टिवर्धन) प्रजा के बल और ज्ञान को बढ़ाने वाला है । हे (अग्ने) अग्ने राजन् ! हे (पुरीष्य) पुरीष्य ! इन्द्रासनयोग्य पुरुष ! (द्युम्न अभि सह. अभि आयच्छस्व) धन और बल को हमें प्राप्त करा ।

पुरीष्य.—पुरीष्य इति वै तमाहुर्यः श्रियं गच्छति । समानं वै पुरीष च करीषं च । श० २ । १ । १ । ७ ॥ पुरीषम् इयं पृथिवी । श० । १२ । ५ । २ । ५ ॥ ऐन्द्र हि पुरीषम् । श० ८ । ५ । ४ । ६ ॥ आत्मा के पक्षमें—पुरीतत् पुरीष्यम् । श० ८ । ४ । ४ । ६ ॥ ईश्वर पक्ष में—दिशः पुरीषम् । श० ८ । ७ । ४ । १७ ॥ सूर्यपक्ष में—नक्षत्राणि पुरीषम् । श० ८ । ७ । ४ । १४ ॥ शरीर के अग्निपक्ष में—मांस पुरीषम् । श० ८ । ७ । ४ । १७ ॥ जाठराग्नि पक्ष मे—अन्न पुरीषम् । श० ८ । १ । ४ । ५ ॥ इत्यादि ॥

गृहा मा विभीत मा वेपध्वमूर्जं बिभ्रतऽएमसि ।
ऊर्जं बिभ्रद्वः सुमनाः सुमेधा गृहानैमि मनसा मोदमानः ॥ ४१ ॥

आसुरिरादित्य' शयुश्च ऋषय । वास्तुर्देवता । आर्षी पक्तिः । पञ्चम. ॥

भा०—हे (गृहा') गृहस्थ पुरुषो ! आप लोग (मा बिभीत) मत डरो, हम सैनिक राजपुरुषों से भय मत करो । (मा वेपध्वम्) मत कांपो,

४१—आसुरिर्ऋषिः । वास्तुरग्निर्देवता । इति दया० ।

दिल में मत घबराओ। जब हम (ऊर्जं) विशेष बल (बिभ्रतः) धारण करते हुए (एमसि) आवें और मैं राजा या अधिकारी पुरुष भी (ऊर्जम्) बल (बिभ्रद्) धारण करता हुआ (सुमनाः) शुभ मन से और (सुमेधाः) उत्तम बुद्धि से युक्त होकर (मनसा मोदमानः) अपने मन से प्रसन्न होता हुआ (गृहान्) गृहों को, गृहस्थ पुरुषों को (एमि) प्राप्त होऊं। प्रजाजन राजपुरुषों को देख कर भय न करें। राजा के अधिकारी प्रसन्न, उत्तम चित्त होकर प्रजाजनों के पास जावें।

येषामध्येति प्रवसन्येषु सौमनसो बहुः।
गृहानुपह्वयामहे ते नो जानन्तु जानतः ॥ ४२ ॥

शयुर्ऋषिः। वास्तुपतिरग्निर्देवता। अनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०—(प्रवसन्) दूर प्रवास में रहता हुआ पुरुष (येषाम्) जिनकी (अधि-एति) याद किया करता है और (येषु) जिनके बीच में (बहुः) बहुत अधिक (सौमनसः) परस्पर शुभचित्तता, एवं सुहृद्भाव है उन (गृहान्) गृहस्थ पुरुषों को हम उनके ही कृतज्ञ पुरुष (उपह्वयामहे) उनको पुकारते हैं। (ते) वे (नः जानतः) हम जानकार लोगों को पुनः (जानन्तु) जानें, पहचानें। हम दूसरे नहीं, राज-कारणों से दूर जाकर भी हम तुम्हें भूले नहीं, प्रत्युत् तुम्हारे पास प्रेम भाव से आते हैं ॥

उपहूताऽइह गावऽउपहूताऽअजावयः।
अथोऽअन्नस्य कीलालऽउपहूतो गृहेषु नः।
क्षेमाय वः शान्त्यै प्रपद्ये शिवꣳ शग्मꣳ शंयोः शंयोः ॥ ४३ ॥

शयुर्बार्हस्पत्य ऋषिः। वास्तुपतिर्देवता। भुरिग् जगती। निषादः ॥

भा०—(इह) यहां, राष्ट्र में और गृह में (गावः) दुधार गौवें (उपहूताः) हमें प्राप्त हों। (अजावयः उपहूताः) बकरियां और भेड़ें प्राप्त हों। (अन्नस्य) प्राण धारण करने में समर्थ भोग्य पदार्थों में से (कीलालः)

उत्तम अन्न आदि पदार्थ (नः) हमारे (गृहेषु) घरों में (उपहूत:) प्राप्त हो। हे गृहो ! गृहस्थ पुरुषो ! (वः) तुम लोगों के पास में (क्षेमाय) आप लोगों की कुशल क्षेम, रक्षा के लिये और (शान्त्यै) विघ्नों और विघ्न-कारियों को शान्त करने और सुख प्रदान करने के लिये (प्रपद्ये) तुम्हें प्राप्त होऊं। (शयोः शयोः) सुख शान्तिदायक, प्रत्येक उपाय से (शिवम् शग्मम्) कल्याण और सुख ही प्राप्त हो ॥

प्रघासिनो हवामहे मरुतश्च रिशादसः ।
करम्भेण सजोषसः ॥ ४४ ॥

[४४–६३] प्रजापतिर्ऋषिः । मरुतो देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हम लोग (प्रघासिनः) उत्तम अन्न के भोजन करने हारे (रिशादसः) हिंसकों के विनाशक और (करम्भेण) उत्तम कर्म करने हारे पुरुष के साथ (सजोपसः) प्रेम करने वाले (मरुतः) विद्वान्, शूरवीर प्रजा के पुरुषों को (हवामहे) अपने घरों पर बुलावें, निमन्त्रित करें अथवा (करम्भेण सजोषसः) करम्भ=यवमय अन्न से तृप्त होने वाले पुरुषों को अपने यहां बुलावें ॥ शत० २ । ५ । २ । २१ ॥

यद् ग्रामे यदरण्ये यत्सभायां यदिन्द्रिये ।
यदेनश्चकृमा वयमिदन्तदवयजामहे स्वाहा ॥ ४५ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । मरुतो देवता । स्वराड् अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(वयम्) हम (यद् एनः) जो पाप, अपराध, अयुक्त काय, निषिद्धाचरण (ग्रामे) ग्राम में करें, (यत् अरण्ये) जो बुरा काम जंगल में करें, (यत् सभायाम्) जो बुरा कार्य हम सभा में करें और जो काम हम (इन्द्रिये) आंख, नांक, कान और मन में भी, उनकी कुचेष्टा और दुरि-

४४—अथातश्चातुर्मास्यमन्त्रा. आ अध्यायपरिसमाप्तेः ।

च्छारूप से (चकृम) करें (तत्) उसको हम (अवयजामहे) सर्वथा त्याग दें। (स्वाहा) यह प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रति दृढ़ भावना किया करे ॥ शत० २ । ५ । २ । २५ ॥

'क्षत्र वा इन्द्रो विशो मरुतः' । क्षत्रं वै निषेद्धा, विशो निषिद्धा आसन्निति ॥ शत० २ । ५ । २७ ॥

मो षू ण॑ऽइन्द्रात्र॑ पृत्सु दे॒वैरस्ति॒ हि ष्मा॑ ते शुष्मिन्नव॒याः ।
म॒हश्चि॒द्यस्य॑ मी॒ढुषो॑ य॒व्या ह॒विष्म॑तो म॒रुतो॒ वन्द॑ते॒ गीः ॥ ४६ ॥

अगस्त्य ऋषिः । इन्द्रो मरुतश्च देवता । भुरिक् पङ्क्तिः । पञ्चम ॥

भा०—हे (इन्द्र) इन्द्र ! राजन् ! (अत्र) इस राष्ट्र में रहते हुए (नः) हमें (मा) सर्वथा मत मार, मत कटा। (सु) प्रत्युत उत्तम रूप से रक्षा कर। हे (शुष्मिन्) बलशालिन् ! (हि) निश्चय से (देवैः) देव, विजयशील सैनिकों सहित (ते) तेरा (अवयाः) पृथक् भाग (अस्ति) है। अर्थात् अन्नादि पदार्थों के लिये राजा अपना कर प्रजा से नियत भाग में लेले। उसके लिये वह प्रजा का संग्रामों में नाश न करे। (यस्य) जिस (मीढुषः) नाना सुखों के प्रवर्षक, उदार राजा के लिये (यव्या) यवों, अन्नों के बने उत्तम पदार्थ ही (महः चित्) बड़ी भारी पूजा सत्कार है और जिस (हविष्मतः) अन्न से सम्पन्न या अन्नादि से सम्पन्न (मरुतः) प्रजा-गणों या मारणशील सैनिक अधिकारीगण की (गीः) हमारी वाणी ही (वन्दते) वन्दना करती है, उनको अभिवादन करती है उस तुझ इन्द्र के लिये हमारा अवश्य पृथक् भाग है। प्रजा राजा को उत्तम अन्नों से सत्कार करे और अधिकारियों को आदर से नमस्कार करे और वे उसी को अपना पर्याप्त सत्कार समझें ॥ शत० २ । ५ । २ । २८ ॥

अक्र॒न् कर्म॑ कर्म॒कृतः॑ स॒ह वा॒चा म॑यो॒भुवा॑ ।

देवेभ्यः कर्म कृत्वास्तं प्रेत सचाभुवः ॥ ४७ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । विराड् अनुष्टुप् । गान्धारः स्वरः ॥

भा०—(कर्मकृत) काम करने वाले पुरुष (वाचा सह) अपनी वाणी से (मयोभुवः) परस्पर एक दूसरे को सुख शान्ति प्रदान करते हुए (कर्म) काम (अक्रन्) करें और हे (कर्मकृतः) काम करने वाले कर्मचारी पुरुषो ! (देवेभ्य) देवों, विद्वान् राजा आदि धनदाता पूज्य पुरुषों के लिये (कर्म कृत्वा) काम या सेवा करके (सचाभुव) परस्पर साथ मिलकर एक दूसरे के सहाय से सामर्थ्यवान् होकर प्रसन्नता पूर्वक (अस्त प्रेत) अपने अपने घर को जाया करो ॥ शत० २ । ५ । २ । २६ ॥

अवभृथ निचुम्पुण निचेरुरसि निचुम्पुणः । अव देवैर्देवकृतमेनोऽयासिषमव मर्त्यैर्मर्त्यकृतम्पुरुराव्णो देव रिषस्पाहि ॥ ४८ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । यज्ञो देवता । ब्राह्मी अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अवभृथ) अवभृथ ! सबको नीचे से ऊपर तक भरण करनेहारे ! हे (निचुम्पुण) निचुम्पुण ! सर्वथा मन्द मन्द गति चलनेहारे ! अथवा नीचे स्वर से सभ्यता पूर्वक कहनेहारे ज्ञानी पुरुष ! तू (निचेरु) सब ज्ञानों को भली प्रकार संग्रह करने हारा और (निचुम्पुण असि) सर्वथा मन्द २, अति शान्ति से सर्वत्र पहुंचने हारा या अति शान्ति से वार्तालाप करनेहारा है । मैं भी (देवैः) देवों, अपने इन्द्रिय आदि प्राणों से अथवा विद्वानों के द्वारा (देवकृतम्) देवों, युद्ध विजयी सैनिकों द्वारा (एनः) युद्ध से किये घात प्रतिघात आदि के अपराध को (अव अयासिषम्) दूर

४७—अगस्त्य ऋषिः । ६० ॥

४८—और्णवाभ ऋषि । द० । १ चुपमन्दायां गतौ (भ्वादिः) निपूर्वादुतः उणः प्रत्ययः । नीचैरस्मिन् क्वणन्ति इति ।

करता हूं । (मर्त्यैः) साधारण मनुष्यों के द्वारा (मर्त्यकृतम् एनः अव अयासिषम्) मनुष्यों के किये पाप को दूर करूं । हे (देव) देव ! राजन् ! (पुरुराव्णः) अति अधिक रुलाने वाले, अति कष्टदायी (रिषः) हिंसक शत्रु पुरुष से तू (पाहि) हमारी रक्षा कर । राजा सबका पालन और अति शान्ति से शनैः २ सब कार्य करे । अधिकारी लोगों के अपराधों की उनकी व्यवस्था द्वारा दूर करे और प्रजा के अपने लोगों से प्रजा के परस्पर घात को रोके । बाहर के कष्टदायी शत्रु से राजा प्रजा की रक्षा करे । यज्ञ पक्ष में—हे ज्ञानवन् ! आप ज्ञान से शुद्ध हैं और अन्तर्यामी भीतर ही भीतर उपदेश करते हैं । (देवैः देवकृतमेनः अयायासिषम्) इन्द्रियों की तपस्या से इन्द्रियगत पापों को दूर करूं । पुरुषों द्वारा पुरुषों के दोष दूर करूं । परमात्मन् ! आप हमारी पाप से रक्षा करें ॥ शत० २ । ५ । २ । ४७ ॥

पूर्णा दर्वि परा पत सुपूर्णा पुनरापत ।
वस्नेव विक्रीणावहा ऽइषमूर्जँ शतक्रतो ॥ ४६ ॥

और्णवाभ ऋषिः । यज्ञो देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

भा०—हे (दर्वि) देने योग्य पदार्थों को अपने भीतर लेने वाली पात्रिके ! (पूर्णा) तू पूर्ण होकर, भरी भरी (परा पत) दूसरे के पास जा । (सुपूर्णा) खूब पूर्ण होकर, भरी भरी ही (पुन.) फिर (आ पत) हमे भी प्राप्त हो । हे (शतक्रतो) सैकड़ों कर्म करने में समर्थ इन्द्र ! राजन् ! (वस्ना इव) विक्रय करने योग्य पदार्थों के समान ही हम (इषम्) अन्न और मन चाहे सभी पदार्थ और (ऊर्जम्) अपने बल पराक्रम का भी (विक्रीणावहै) विनिमय करें, लें, दें । व्यापार में परिमाण पूरा पूरा दे और पूरा पूरा लें । इस प्रकार अन्न और मन चाहे सभी पदार्थ और परिश्रम को भी अदला बदला करें ।

यज्ञ पक्ष में—भरकर चमस डालें और फिर उत्तम वृष्टि आदि फल

भी खूब प्राप्त हों । अन्न आहुति अग्नि में दें और विनिमय में उत्तम रस-बल और अन्नोत्पत्ति प्राप्त करें ।

देहि मे ददामि ते नि मे धेहि नि ते दधे ।
निहारं च हरासि मे निहारन्निर्हराणि ते स्वाहा ॥ ५० ॥

और्णवाभ ऋषिः । इन्द्रो देवता । भुरिग् अनुष्टुप् । गान्धार स्वरः ॥

भा०—व्यापार के लेन देन का नियम दर्शाते हैं । (मे देहि) तुम अपना पदार्थ मुझे दो तो मैं भी (ते ददामि) तुम्हें अपना पदार्थ दूं । (मे निधेहि) तुम मेरा पदार्थ धारो, गिरवी रक्खो तो (ते निदधे) मैं तुम्हारे पदार्थ को भी अपने पास रक्खूं (निहारं च) और तू यदि पूर्ण मूल्य का ये पदार्थ (मे हरासि) मेरे पास ले आवो तो (ते) तेरे द्रव्य का भी (निहारं) पूर्ण मूल्य (निहराणि) चुका दूं । (स्वाहा) इस प्रकार सत्य-वाणी, व्यवहार द्वारा व्यापार किया जाता है अथवा इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपना पदार्थ प्राप्त करे । लोग सत्यवाणी पर विश्वास करके परस्पर लें दें, उधार करें और मूल्य चुकाया करें ॥ शत० २ । ५ । ३ । १६ ॥

अक्षन्नमीमदन्त ह्यव प्रिया ऽअधूषत ।
अस्तोषत स्वभानवो विप्रा नविष्ठया मती योजा न्विन्द्र ते हरी ॥५१॥

गोतमो राहूगण ऋषिः । इन्द्रो देवता । विराट् पंक्तिः । पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—(स्वभानव) स्वतःप्रकाश, आत्मज्ञानी पुरुष (अक्षन्) अन्न का भोजन करें । (अमीमदन्त) सबको प्रसन्न करें और स्वयम् भी तृप्त हों । (प्रियाः) सब प्रिय, प्रेम पात्र होकर (अव अधूषत) सबके दुःखों को दूर करें और (विप्राः) विशेष ज्ञान से परिपूर्ण, विपश्चित्, ज्ञानी पुरुष (नविष्ठया) अति प्रशस्त, नई, नई, पुनः (मती) मति, मनन

५०—'०ते दधौ ! निहार निहरामिते निहार निहरान्नि मे स्वाहा ।' इति काण्व० ।

द्वारा (अस्तोषत) ईश्वर के एवं अन्य पदार्थों के सत्यगुणों का वर्णन करें। हे (इन्द्र) इन्द्र ! राजन् ! सेनापते ! तू (ते) तेरे, अपने (हरी) हरणशील घोड़ों के समान बल और पराक्रम को भी (योज नु) इस राज्य कार्य मे संयोजित कर। विद्वान् लोग सब पदार्थों का उत्तम उत्तम ज्ञान प्रस्तुत करें और राजा बल पराक्रम द्वारा उनका उपयोग करे ॥ शत० २।६।१।३८॥

सुसंदृशं त्वा वयं मघवन्वन्दिषीमहि। प्र नूनं पूर्णबन्धुर स्तुतो यासि वशाँ२ऽअनु योजा न्विन्द्र ते हरी ॥ ५२ ॥

गोतमो राहूगण ऋषिः। इन्द्रो देवता। विराट् पंक्तिः। पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—हे (मघवन्) ऐश्वर्यवन् ! (सुसंदृशम्) उत्तम रूप से सब को देखने हारे (त्वा) तुझको (वयं) हम (वन्दिषीमहि) अभिवादन करते हैं। तू (पूर्णबन्धुर) पूर्ण रूप से सबका पालने हारा, एवं सबको व्यवस्था में रखने हारा होकर (स्तुत.) सबसे प्रशंसित होकर (नूनम्) निश्चय से (वशान् अनु) कामना योग्य समस्त पदार्थों को (प्रयासि) प्राप्त कर और हे (इन्द्र) राजन् ! तू अपने (हरी) रथ मे अश्वों के समान दूरगामी एवं नाना पदार्थ प्राप्त कराने वाले बल पराक्रम दोनो को (योज नु) नियुक्त कर। अर्थात् जिस प्रकार रथ पर सब उपकरण लगा कर ही अपने घोड़े जोड़ता है, उसी प्रकार राष्ट्र मे सब व्यवस्था करके अपने बल पराक्रम का प्रयोग कर ॥ शत० २।६।१।३३॥

मनो न्वाह्वामहे नाराशंसेन स्तोमेन। पितृणां च मन्मभिः ॥५३॥

बन्धुर्ऋषिः। मनो देवता। अतिपादनिचृद् गायत्री। षड्जः ॥

भा० —(नाराशंसेन) विद्वान् नेता मनुष्यों के कथाप्रवचन सम्बन्धी (स्तोमेन) गुणानुवाद से और (पितृणां च) पालन करने वाले ज्ञानी गुरु-

५३ – ०न्वाहुयामहे ०इति काण्व० ।

जनों के (मन्मभि.) ज्ञानसाधन, प्रमाणों या मनन करने योग्य मन्तव्यों द्वारा हम लोग (मन) मन को, अपने ज्ञान और संकल्प विकल्प करने वाले अन्त करण की शक्ति को (आह्वामहे) बढ़ावें। बड़े पुरुषों के जीवनों और अनुभवो और उनके युक्ति परम्परा और ज्ञानमय उपदेशों से हम अपने ज्ञान को बढ़ावें ॥ शत० २ । ६ । १ । ३९ ॥

आ न ऽएतु मनः पुनः क्रत्वे दक्षाय जीवसे ।
ज्योक् च सूर्यं दृशे ॥ ५४ ॥

बन्धुर्ऋषिः । मनो देवता । विराड् गायत्री । षड्ज स्वरः ॥

भा०—(न) हमें (पुन) वार २ (क्रत्वे) उत्तम विद्या और उत्तम कर्म, अनुभूत संस्कार को पुन. स्मरण के लिये और (ज्योक् च) चिरकाल तक (जीवसे) जीवन धारण करने के लिये और (सूर्यम्) सबके प्रेरक सूर्य के समान ज्योतिर्मय परमेश्वर के (दृशे) देखने के लिये (मन.) मन: शक्ति या ज्ञानशक्ति (आ एतु) प्राप्त हो ॥ शत० २ । ६ । १ । ३९ ॥

पुनर्नः पितरो मनो ददातु दैव्यो जनः ।
जीवं व्रातꣳ सचेमहि ॥ ५५ ॥

बन्धुर्ऋषिः । मनो देवता । निचृद् गायत्री । षड्ज स्वर· ॥

भा०—हे (पितर) पालक पूजनीय पुरुषो ! (दैव्य जन) देवों, विद्वानो में सुशिक्षित या देव परमेश्वर मे निष्ठ आचार्य या देव, ईश्वरीय दिव्य शक्तियो, ईश्वर प्रदत्त आध्यात्म प्राणों का वशीकर्त्ता, विज्ञ (जन.) जन (न.) हमे (पुनः) पुन' २ (मन) ज्ञान (ददातु) प्रदान करे। हम लोग (जीवं) जीवन और (व्रातम्) उत्तम व्रतों, कर्मों को (सचेमहि) प्राप्त हों। अर्थात् राज्य के पालक लोगों के प्रबन्ध से विद्वान् पुरुषों से हम ज्ञान प्राप्त करें, दीर्घ जीवन जीवे और सत्कर्म करें ॥ शत० २ । ६ । १ । ३९ ॥

व॒यᳪ सो॑म व्र॒ते तव॒ मन॑स्त॒नूषु॒ बिभ्र॑तः ।
प्र॒जाव॑न्तः सचेमहि ॥ ५६ ॥

वन्धुर्ऋषिः । सोमो देवता । गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

भा०—हे (सोम) सबके प्रेरक राजन् ! परमेश्वर ! (वयम्) हम (तव) तेरे (व्रते) बनाये शासन कर्म में वर्त्तमान रह कर और (तनूषु) अपने शरीरों और आत्माओं में (तव) तेरे दिये (मनः) ज्ञान को (बिभ्रतः) धारण करते हुए (प्रजावन्तः) प्रजा पुत्र आदि से युक्त होकर (सचेमहि) सुख प्राप्त करें ।

ए॒ष ते॑ रुद्र भा॒गः स॒ह स्वस्राम्बि॑कया॒ तं जु॑षस्व॒ स्वाहा॑ ।
ए॒ष ते॑ रुद्र भा॒ग ऽआ॒खुस्ते॑ प॒शुः ॥ ५७ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे (रुद्र) दुष्ट जनों के रुलाने हारे राजन् ! (ते एषः भागः) तेरा यह सेवन करने योग्य अंश है । (तं) उसको (स्वस्रा) अपनी भगिनी, सेना और (अम्बिकया) माता, पृथिवी के साथ (जुषस्व) स्वीकार कर । (स्वाहा) यह हमारा उत्तम त्याग है । हे (रुद्र) विद्वन् ! राजन् ! (ते) तेरा (एषः) यह (भागः) सेवन करने योग्य अंश है । (आखुः) भूमि को चारों ओर धातुओं, ओषधियों के खोदने वाले खनक लोग (ते) तेरे निमित्त नाना पदार्थों के (पशुः) देखने वाले हैं । वे तेरे लिये अभिमत लोह आदि धातु और ओषधि आदि पदार्थ प्राप्त कराते हैं । अथवा हे रुद्र ! विद्वन् ! (एष ते भागः) यह तेरा सेवन करने योग्य भाग है । (स्वस्रा अम्बिकया) उत्तम विवेककारिणी वेदवाणी से उसका विवेक करके (जुषस्व) सेवन करो । (ते पशु आखुः) तेरा दर्शनकारी चित्त ही सबको चारों ओर खनन करने हारा है, वह तेरा पशु है । वह तुझे सर्वत्र पहुं-

५७—वन्धुर्ऋषि । द० ।

चाने वाला साधन है। अध्यात्म में – हे रुद्र ! प्राण ! यह अन्न तेरा भाग है। इसे विवेककारिणी वाणी के साथ भोग कर। चारों तरफ व्याप्त वायु या प्राण ही तेरा पशु, तेरे वाहन के समान है ॥ शत० २ । ६ । २ । १० ॥

अव॑ रु॒द्र म॑दीमह्य॒व दे॒वं त्र्य॑म्बकम् । यथा॑ नो॒ वस्य॑स॒स्कर॒द्यथा॑ न॒: श्रेय॑स॒स्कर॒द्यथा॑ नो व्यवसा॒यया॑त् ॥ ५८ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता । विराट् पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(रुद्रम्) दुष्टों को रुलाने वाले (त्रि-अम्बकम्) तीनों कालों में ज्ञानमय, वेद वाणी से तीन रूप अथवा उत्साह, प्रज्ञा, नीति आदि तीन शक्तियों से युक्त (देवम्) राजा से (अदीमहि) अपने समस्त कष्टों का अन्त करवावें। (यथा) जिससे वह (नः) हमें (वस्यसः) अपने राष्ट्र का सबसे उत्तम वासी, (करत्) बनावे और (यथा) जिससे वह (नः) हमें (श्रेयसः) सबसे श्रेष्ठ पदाधिकारी (करत्) बनावे और (यथा) जिससे वह (नः) हमें (वि-अवसाययात्) उत्तम व्यवसाय वाला, दृढ निश्चयी, कर्म में सफल यत्नवान् बनावे ॥ शत० २।६।२।११॥

ईश्वर पक्ष में—हम उत्पत्ति, स्थिति, लय आदि तीन शक्तियों से युक्त ईश्वर से अपने दुःख दूर करावें, वह हमें सर्वश्रेष्ठ बनावे ॥ शत० २ । ६ । २ । ११ ॥

भे॒ष॒जम॑सि भेष॒जं गवेऽश्वा॑य॒ पुरु॑षाय भेष॒जम् । सु॒खम्मे॒षाय॑ मे॒ष्यै ॥ ५६ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । रुद्रो देवता । स्वराड् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (रुद्र) रुद्र ! तू (भेषजम् असि) समस्त रोगों को दूर करने में समर्थ है। अतः (गवे) गौओं (अश्वाय) घोड़ों और (पुरुषाय)

५८—[५८, ५६] वन्धुर्ऋषिः । द० ।

५६—'००सुगं मेषाय०' इति काण्व० ।

पुरुषों के लिये भी तू (भेषजम्) उनके रोगों का नाशक है। तू ही (मेषाय) मेष, मेढ़ा पुरुष और (मेष्यै) मेढ़ी या स्त्री के लिये भी (सुखम्) सुखकारी है। अध्यात्म में गौ-ज्ञानेन्द्रिय। अश्व-कर्मेन्द्रिय। पुरुष-देह। मेष-आत्मा। मेषी-चितिशक्ति। इन सबके कष्टों का वारक, वह रुद्र प्राण और प्राणों का प्राण परमेश्वर है॥ शत० २। ६। २। १२॥

> त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
> उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।
> त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पतिवेदनम्।
> उर्वारुकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः॥ ६०॥

वसिष्ठ ऋषिः। रुद्रो देवता। विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवतः स्वरः॥

भा०—(त्रि-अम्बकम्) तीन शक्तियों से सम्पन्न (सुगन्धिम्) उत्तम मार्ग में प्रेरणा करने वाले (पुष्टिवर्धनम्) प्रजा के पोषण कार्य को बढ़ाने वाले राजा का हम (यजामहे) सत्संग करें, साथ दें, उसका आदर करें। जिससे मैं प्रजाजन (मृत्योः बन्धनात्) मृत्यु के बन्धन से (उर्वारुकम् इव) लता के बन्धन से पके खरबूजे के समान (मुक्षीय) स्वयं मुक्त रहूं, (अमृतात् मा) और अमृत अर्थात् जीवन से मुक्त न होऊं। इसी प्रकार (सुगन्धिम्) उत्तम मार्ग में प्रेरणा करने वाले (पतिवेदनम्) पालक पति को प्राप्त कराने वाले (त्र्यम्बकम्) वेदत्रयी रूप ज्ञान से युक्त राजा का (यजामहे) हम आदर करते हैं। जिससे मैं (उर्वारुकम् इव) लताबन्धन से खरबूजे के समान (इतः बन्धनात्) इस बन्धन से (मुक्षीय) मुक्त हो जाऊं। (मा अमुतः) उस परमार्थिक सम्बन्ध से न टूटूं। ईश्वर पक्ष में—शक्तित्रय से युक्त परमेश्वर की हम उपासना करें जिससे मैं मृत्यु के बन्धन से मुक्त होऊं और अमृत अर्थात् मोक्ष से दूर न होऊं। परम पालक को प्राप्त कराने वाले इस ईश्वर की पूजा करें जिससे हम इस देह बन्धन से छूटें, उस परम मोक्ष से वञ्चित न रहें। स्त्रियें भी प्रार्थना करती हैं--उत्तम पति प्राप्त कराने वाले

परमेश्वर की हम उपासना करते हैं कि इस पितृ-बन्धन से छूटें और उस पतिबन्धन से वियुक्त न हों॥ शत० २ । ६ । २ । १२ । १४ ॥

एतत्ते रुद्रावसं तेन परो मूजवतोऽतीहि । अवततधन्वा पिनाकावसः कृत्तिवासाऽअहिंसन्नः शिवोऽतीहि ॥ ६१ ॥

वशिष्ठ ऋषि. । रुद्रो देवता । भुरिगास्तारपंक्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वर ॥

भा०—हे (रुद्र) शत्रुओं के रुलाने वाले शूरवीर ! (ते) तेरा (एतत्) यह (अवसम्) रक्षण सामर्थ्य है, (तेन) उससे (पर.) उत्तम सामर्थ्यवान् होकर (मूजवतः) घास, वन आदि वाले महा पर्वतों को भी (अतिइहि) पार करने में समर्थ है । तू (अवतत-धन्वा) धनुष कसे, (पिनाकावसः) शत्रुओं को दमन करने में समर्थ बल से युक्त होकर (कृत्तिवासाः) चर्म के समान आच्छादन वस्त्र धारण किये हुए (नः) हमें (अहिंसन्) न विनाश करता हुआ (शिवः) सुखपूर्वक (अतीहि) गुजर जा ॥ शत० २ । ६ । २ । १७ ॥

त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम् ।
यद् देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम् ॥ ६२ ॥

नारायण ऋषि । अग्निर्देवता । ऊष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—(जमदग्नेः) नित्य प्रज्वलित, तीव्र जाठर अग्नि से युक्त या देदीप्यमान चक्षु वाले पुरुष को जो (त्र्यायुषम्) तिगुणी आयु प्राप्त होती है और (कश्यपस्य) कश्य अर्थात् ज्ञान के पालक पुरुष को जो (त्रि-आयुषम्) त्रिगुण आयु प्राप्त होती है (यत्) और जो (देवेषु) देव, विद्वान्

६१—'एतेनरुद्रावसेन परो०' इति काण्व० । अत्र परमन्तु काण्व० अधिकम् परिशिष्टे प्रष्टव्याम् ॥

६२—रुद्रो देवता । द० । कश्यपस्य त्र्यायुष जमदग्ने०, यद्देवानां० तन्मे० इति काण्व० ॥

पुरुषों में (त्रि-आयुषम्) त्रिगुण आयु है (तत्) वह (त्रि-आयुषम्) त्रिगुण आयु (नः अस्तु) हमें भी प्राप्त हो ॥

शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्तेऽअस्तु मा मा हिꣳसीः । निवर्त्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्य्याय ॥ ६३ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । क्षुरो देवता । भुरिग् जगती । निषादः ॥

भा०—हे (रुद्र) दुष्टों को रुलानेहारे राजन् ! तू राष्ट्र के लिये (शिवः नाम असि) मङ्गलकारक, कल्याणस्वरूप है, (स्वधितिः) स्वयं अपने आपको धारण करने की शक्ति या खड्ग या वज्र (ते पिता) तुझे उत्पन्न करने वाला, तेरा पालक, 'पिता' है । (ते नमः अस्तु) तुझे हमारा आदरपूर्वक नमस्कार हो । (मा मा हिंसी.) मुझ, तेरे अधीन प्रजाजन को मत मार । मैं (आयुषे) दीर्घ आयु को प्राप्त करने के लिये (अन्नाद्याय) अन्न आदि भोग्य पदार्थ की भोग शक्ति की प्राप्ति के लिये, (प्रजननाय) उत्कृष्ट सन्तान उत्पन्न करने के लिये, (रायः पोषाय) धन की वृद्धि के लिये, (सुप्रजास्त्वाय) उत्तम प्रजा को प्राप्त करने के लिये, (सुवीर्याय) और उत्तम बल वीर्य के लाभ के लिये, तुझ रोदनकारी तीक्ष्ण स्वभाव के उग्र पुरुष को अपने ऊपर आघात करने के कार्य से (निवर्त्तयामि) निवृत्त करता हूं, रोकता हूं । अर्थात् राजा को प्रजा के आयु, सम्पत्ति, अन्न, धन, पुष्टि, प्रजा और वीर्य की वृद्धि के लिये उनके नाशक कार्यों से निवृत्त रहना चाहिये । वह प्रजा को न मारे, प्रजा उसका आदर करे, वह प्रजा के लिये कल्याणकारी हो ॥

६३—नारायण ऋषिः । रुद्रो देवता । द० । अस्य स्थानेऽन्यन्मन्त्रद्वय काण्व० परिशिष्टे द्रष्टव्यम् ॥

परमेश्वर के पक्ष में—ईश्वर 'शिव' है, मङ्गलमय है। वह अविनाशी और दुःखहन्ता होने से 'स्वधिति' है। हे पुरुष! वह तेरा पिता है। उसको नमस्कार है। वह हमें नाश न करे। आयु आदि के लिये मैं उसके आश्रय होकर सब कष्टों को दूर करूं।

॥ इति तृतीयोऽध्यायः ॥

[तत्र त्रिषष्टिर्ऋचः]

इति मीमांसातीर्थ-विद्यालङ्कारविरुदोपशोभितश्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते
यजुर्वेदालोकभाष्ये तृतीयोऽध्यायः ॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः ॥

१—२७ प्रजापतिर्ऋषिः ॥

॥ ओ३म् ॥ एदमगन्म देवयजनम्पृथिव्या यत्र देवासोऽअजुषन्त विश्वे । ऋक्सामाभ्यांꣳ सन्तरन्तो यजुर्भी रायस्पोषेण समिषा मदेम । इमा आपः शमु मे सन्तु देवीः । ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीः ॥ १ ॥

प्रजापतिर्ऋषि । देवयजन प्राय ओषधि क्षुरश्च देवता । विराड् ब्राह्मी जगती, त्र्यवसाना अत्यष्टिर्वा छन्द. । निषाद स्वरः ॥

भा०—हम (पृथिव्या.) पृथिवी के बीच (इह) इस प्रत्यक्ष (देवयजनम्) विद्वान् ब्राह्मणों के यज्ञ करने और राजाओं के शासन कर्म करने के स्थान पर (आ अगन्म) प्राप्त हों । (यत्र) जहा (विश्वे देवासः) समस्त देव, विद्वान् ब्राह्मण और राजा लोग (अजुषन्त) आकर बसें । वहां (ऋक्-सामाभ्याम्) ऋक्, विज्ञानमय वेदमन्त्र और साम गायन मय सामगान दोनों उपायों से और (यजुर्भिः) परस्पर संघ बनाने के विधानरूप यजुर्मन्त्रों से (संतरन्त.) समस्त बाधाओं को पार करते हुए (राय.पोषेण) धन की वृद्धि अर्थात् अत्यन्त अधिक ऐश्वर्य और (इषा) प्रचुर अन्न प्राप्त करके (सम् मदेम) हम सब आनन्दित और सन्तुष्ट होकर रहें । (इमाः आपः) ये दिव्य गुणवाले जल एवं आप्त पुरुष (मे शम् उ सन्तु) मेरे लिये शान्तिदायक हों हे (ओषधे) ओषधे ! रोगनिवारक ओषधे ! या दोषों से रक्षा करने में समर्थ ! जलों के भीतर या उनसे उत्पन्न ओषधि के समान तीव्र स्वभाव के राजन् ! तू हमें (त्रायस्व) रक्षा कर । हे (स्वधिते) स्वधिते ! स्व=अपने बल से राष्ट्र

१—अत परमग्निष्टोमो महीधौः० [अ० ८ । ३२] पर्यन्तम् ।

को धारण करने में समर्थ वज्रमय या वज्र के समान क्षत्रबल से सम्पन्न ! शस्त्रबल से युक्त राजन् ! (एनं मा हिंसी.) इस मुक्त प्रजाजन को या राष्ट्र को मत विनाश कर ॥ शत० का० ३ । १ । १ । ११, १२-१७ ॥

आपो॑ अ॒स्मान्मा॒तरः॑ शुन्धयन्तु घृ॒तेन॑ नो घृत॒प्वः॑ पुनन्तु । विश्व॑ꣳहि रि॒प्रम्प्र॒वह॑न्ति दे॒वीः । उदि॑दाभ्यः॒ शुचि॒रापू॑तऽए॑मि । दी॒क्षा॒त॒पसो॑स्त॒नूर॑सि॒ तान्त्वा॑ शि॒वाꣳ श॒ग्माम्परि॑दधे भ॒द्रं वर्णं॒ पुष्य॑न् ॥ २ ॥

आपो वासश्च देवताः । स्वराट् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । अत्यष्टिर्वा छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

भा०—(अस्मान्) हम (आप.) जलों के समान स्वच्छ (मातरः) ज्ञान करने हारे या माता के समान पालन करने वाले आप्तजन (शुन्धयन्तु) शुद्ध करें, जैसे जलधाराएं शरीर को शुद्ध करती हैं और माताएं अपने स्नेह और उपकार से हृदय के पापको नष्ट करती हैं वैसे ही आप्त ज्ञानी पुरुष हमें आचार में पवित्र करें । वे (घृतव.) घृत, दीप्ति या तेजोमय अंश से पवित्र करने वाले आप्त जन (न.) हमें अपने (घृतेन) घृत से जिस प्रकार शरीर के विष नाश हो जाते हैं उसी प्रकार (पुनन्तु) पवित्र करें । (देवी॰) दिव्य गुणवाली माताओं, जल-धाराओं, नदियों के समान और देवियों के समान आप्त जन भी (विश्वम् रिप्रम्) समस्त पाप को (हि) भी (प्रवहन्ति) धो बहाते हैं । (आभ्यः इत्) इनसे ही (आपूत) सब प्रकार से पवित्र होकर मैं (उत् एमि) उत्कृष्ट पदको प्राप्त होऊं । जैसे जलों से स्नान करके मनुष्य शुद्ध वस्त्र पहनता है, वैसे ही आप्त-जनों से अपने पाप से मुक्त होकर अपने शरीर और आत्मा को स्वच्छ कर लेता है । हे वास. ! वस्त्र के समान आच्छादक शरीर ! आत्मा के वासस्थान ! तू (दीक्षातपसोः) दीक्षा अर्थात् सत्पथ पर दृढ़ता से रहने के उत्तम व्रतधारण और तपस्=तपस्या का बना (तनूः असि)

शरीर है । (तां) उस (त्वा) तुझको (शिवाम्) कल्याणकारिणी (शग्माम्) सुखदायिनी, आरोग्य पवित्र को मैं (भद्रं वर्णं पुष्यन्) सुखकारी, उत्तम वर्ण को, उत्कृष्ट जीवन स्थिति को पुष्ट करता हुआ (परि दधे) धारण करूं । स्नान के बाद पुरुष जैसे दीक्षा के निमित्त विशेष स्वच्छ वस्त्र पहने उसी प्रकार दीक्षा और तप से शरीर को शुद्ध करके अपने जीवन को उच्च करे और ज्ञान की नदी रूप आप्तजनों के उपदेशों में स्नान करें ॥

राजा के पक्ष में--आप्त पुरुष हमारे माता के समान पालक अपने तेज से हमें पापों से बचावे । मैं राजा उन आप्तजनों द्वारा शुद्ध पवित्र होकर उदय को प्राप्त होऊं । इस तप से प्राप्त पृथिवी को अपने शरीर के समान धारण करूं और उत्तम वर्ण को पुष्ट करूं ॥ शत० ३ । १ । २ । १०-२० ॥

म॒हीना॒म्पयो॑ऽसि वर्चो॒दाऽअ॑सि॒ वर्चो॑ मे देहि ।
वृ॒त्रस्या॑सि क॒नीन॑कश्चक्षु॒र्दाऽअ॑सि॒ चक्षु॑र्मे देहि ॥ ३ ॥

मेघो वा नवनीतमञ्जन च देवता । भुरिक् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—मेघ या नवनीत, घृत या आदित्य के दृष्टान्त से राजा के कर्त्तव्य का वर्णन करते हैं । (महीनाम् पय असिः) हे सूर्य तू ! (महीनां) पृथिवियों पर (पय) जल बरसने का कारण है । अथवा, हे मेघ ! तू पृथिवी पर जल बरसाता है । हे नवनीत तू गौओं के दूध से उत्पन्न है । हे राजन् ! तू (महीनां) पृथिवीवासिनी प्रजाओं का (पयः असि) पुष्टिकारक सार भाग है । हे राजन् ! तू (वर्चोदाः असि) वर्च., तेज का प्रदान करने हारा है (मे वर्चः देहि) मुझे वर्चस्, तेजोबल प्रदान कर । तू (वृत्रस्य) राष्ट्र को घेरने वाले शत्रु को भी (कनीनकः) आंख में पुतली के समान देखने वाला है । तू (चक्षुर्दा. असि) चक्षु अर्थात् आंख का देने वाला है । (मे चक्षुः देहि) मुझे चक्षु प्रदान कर ॥

३—मेघो वा देवता । द० ।'०वृत्रस्य कनीनकासि०' इति काण्व० ।

मेघ पक्ष में—जिस प्रकार सूर्य मेघ को भी अपने तेज से छिन्न भिन्न कर देता है। उसी प्रकार राजा शत्रु को छिन्न भिन्न कर उसकी माया को खोल देता है। सूर्य चक्षु को दर्शन शक्ति देता है उसी प्रकार राजा भी प्रजा को मार्ग दिखाता है॥

ईश्वर पक्ष में—(महीनाम्) तू महती, बड़ी बड़ी शक्तियों का (पयः) परम सार, उनका भी परम पोषक बल है। हे तेजस्वी! तू मुझ उपासक को वर्चस् प्रदान कर। तू आवरणकारी वृत्र-अज्ञान को भी अपनी ज्ञानज्योति से चमका कर नाश कर देता है सर्वद्रष्टा, सबको ज्ञानचक्षु प्रदान करता है, मुझे भी चक्षु प्रदान कर॥

चित्पतिर्मा पुनातु वाक्पतिर्मा पुनातु देवो मा सविता पुनात्वच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्य्यस्य रश्मिभिः। तस्य ते पवित्रपते पवित्रपूतस्य यत्कामः पुने तच्छकेयम्॥ ४॥

प्रजापतिसवितारौ परमात्मा वा देवता। निचृद् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः॥

भा०—(चित्-पतिः) समस्त चेतनाओं, चेतन प्राणियों और समस्त विज्ञानों का पालक परमेश्वर (मा पुनातु) मुझे पवित्र करे। (सविता देवः) सबका उत्पादक उपास्य देव (अच्छिद्रेण) छिद्र रहित, अविनाशी, (पवित्रेण) निर्दोष, (पवित्रेण) परम पालक, सबको शुद्ध करने वाले अपने स्वरूप से और (सूर्यस्य) सूर्य की (रश्मिभिः) तेजोमय किरणों से (मा) मुझे, मेरे अन्तःकरण और देह को (पुनातु) पवित्र करे। हे (पवित्रपते) पवित्र पुरुषों के पालक, शुद्धात्माओं के स्वामिन्! (पवित्रपूतस्य) पवित्रगुणों से परिपूत, शुद्ध (तस्य ते) उस तेरी कृपा से पवित्र हुआ मैं (यत्कामः) जिस कामना को करके (पुने) अपने आपको पवित्र करूं (तत्) मैं उसको (शकेयम्) पूर्ण कर सकूं॥

आ वो देवास ईमहे वामम्प्रयत्यध्वरे ।
आ वो देवास आशिषो यज्ञियासो हवामहे ॥ ५ ॥

देवा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः स्वरः ॥

भा०—हे (देवासः) देवगण, विद्वान् पुरुषो ! (प्रयति) उत्तम सुख और उत्तम फल देने वाले (अध्वरे) अविनाशी और हिंसारहित पालनात्मक शासनरूप यज्ञ में (वः) आप लोगों से (वामम्) प्राप्त करने योग्य उत्तम कार्य सम्पादन करने की (ईमहे) याचना करता हूं । हे (देवासः) विद्वान् ब्रह्मज्ञानी पुरुषो ! हे (यज्ञियासः) यज्ञ करनेहारे ! (वः) आप लोगों से (आशिषः) मन की आशाओं या इच्छाओं की (याचामहे) हम याचना करते हैं ॥

स्वाहा यज्ञम्मनसः स्वाहोरोरन्तरिक्षात् ।
स्वाहा द्यावापृथिवीभ्याᳬस्वाहा वातादारभे स्वाहा ॥ ६ ॥

यज्ञो देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार स्वरः ॥

भा०—मैं प्रजापति, प्रजा का पालक (मनसः) मन से (यज्ञम्) यज्ञ का (स्वाहा) उत्तम वेदोक्त वाणी के मनन द्वारा (आरभे) यज्ञ सम्पादन करूं । (उरोः) विशाल (अन्तरिक्षात्) अन्तरिक्ष से (स्वाहा) उत्तम आहुति द्वारा (यज्ञम् आ रभे) यज्ञ सम्पादन करूं । (द्यावापृथिवीभ्याम्) द्यौः, ऊपर का विस्तृत आकाश और समस्त पृथिवी मण्डल दोनों से (स्वाहा) दोनों की शक्तियों को परस्पर में आदान प्रतिदान की क्रिया से (यज्ञम् आरभे) यज्ञ को सम्पादन करता हूं और मैं (वातात्) वात-वायु से, प्राण के निश्वास उछ्वास क्रिया द्वारा अथवा समुद्र से मेघों को लेकर भूमि पर उत्तम रीति से वर्षण क्रिया द्वारा (यज्ञम् आरभे) यज्ञ करता हूं ॥

६—'०रभे॥' इति काण्व० ।

दुदोह गां स यज्ञाय सस्याय मघवा दिवम् ।
सम्पद्विनिमयेनोभौ दधतुर्भुवनद्वयम् ॥ रघु० ।

अर्थात् परमेश्वर पांच यज्ञ करता है। (१) मानसयज्ञ, सबको अपने संकल्प बल से चला रहा है और वेदवाणी द्वारा सबको उपदेश करता है। (२) अन्तरिक्ष यज्ञ, उसमें नित्य मेघों का उठना और लीन होना। (३, ४) द्यावापृथिवीयज्ञ, सूर्य का जल खेंचना और पृथ्वी पर वर्षा की आहुति होना। (५) वातयज्ञ, वायु का मेघों को धारण करना, बिजुली का गिराना या प्राणापान यज्ञ। यह सब परमात्मा स्वयं करता है।

[1]आकूत्यै प्रयुजेऽग्नये स्वाहा मेधायै मनसेऽग्नये स्वाहा दीक्षायै तपसेऽग्नये स्वाहा सरस्वत्यै पूष्णेऽग्नये स्वाहा। [2]आपो देवीर्बृहतीर्विश्वशंभुवो द्यावापृथिवीऽउरो अन्तरिक्ष। बृहस्पतये हविषा विधेम स्वाहा ॥ ७ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः। अग्न्यब्द्यावापृथिव्यन्तरिक्षबृहस्पतयो देवताः। (१) पङ्क्तिः, पञ्चमः, (२) आर्ची बृहती। मध्यमः ॥

भा०—अध्यात्म यज्ञ और आधिभौतिक यज्ञ का वर्णन करते हैं। (आकूत्यै) अपने सकल्पों या अभिप्राय को प्रकट करने वाले, (प्रयुजे) इन्द्रियों को अपने ग्राह्यविषयों में और अभिप्राय को प्रकट करने के लिये मन द्वारा विवेचन पूर्वक वाणी और अन्य कार्यों में शरीर के अन्य अंगों को प्रयुक्त करने वाले (अग्नये) ज्ञानमय चेतन अग्नि अर्थात् चेतन आत्मा को (स्वाहा) अपने 'स्व' आत्मा रूप से कहो। (मेधायै) मेधा='मे-धा' अर्थात् मुझ आत्मा की धारणावती बुद्धि रूप और (मनसे) ज्ञान करने की शक्ति या संकल्प विकल्प करने वाली शक्ति रूप (अग्नये) पूर्वोक्त इन्द्रियों के नायक रूप (स्वाहा) आत्मा का ज्ञान करो। (दीक्षायै तपसे अग्नये

७—०पृथिवी उर्वन्तरिक्ष। इति काण्व० ।

स्वाहा) दीक्षा व्रत धारण करने और 'तप' अर्थात् तपस्या करने वाली शक्ति रूप (अग्नये) अग्नि का अपने आत्मा की शक्ति रूप से ज्ञान करो। (सरस्वत्यै पूष्णे अग्नये स्वाहा) सरस्वती, वाणी अर्थात् शब्दोच्चारण करने वाली शक्ति और पूषन्-शरीर को निरन्त पुष्ट करने वाली शक्ति रूप अग्नि, चेतन शक्ति को 'स्व' अपनी आत्मा जानो। अर्थात् आत्मा की ही ये निज शक्तियां हैं। आकूति प्रयोग, मेधा मनस, दीक्षा, तप, सरस्वती और पुष्टि। इनके रूप में प्रकट होने वाले अग्नि को तुम (स्वाहा) स्वयं अपने आत्मा जानो और (देवीः) दिव्य शक्तियों से युक्त (आपः) आप-जल, जो (विश्वशम्भुवः) समस्त जगत् की शान्ति को उत्पन्न करती हैं और (द्यावापृथिवी) द्यौ और पृथिवी, सूर्य और भूमि, (अन्तरिक्ष) और अन्तरिक्ष अर्थात् वायु जिस प्रकार इन सबमें विद्यमान (बृहस्पतये) उस महान् शक्ति के परिपालक परमेश्वर के लिये हम (हविषा) अग्नि में जिस प्रकार इन पञ्चभूतों की शुद्धि के लिये ओषधि आदि चरु को आहुति देते हैं, उसी प्रकार हविः-सत्य ज्ञान और प्रेम भाव से (विधेम) उपासना करें (स्वाहा) यह भी एक महान् यज्ञ है। अथवा (हविषा स्वाहा विधेम) हवि अर्थात् सत्य प्रेमभाव से स्वाहा-उत्तम स्तुति, वाणी का (विधेम) प्रयोग करें। ईश्वर की उत्तम स्तुति करें॥ शत० ३ । १ । ४ । ५--१७ ॥

विश्वो॑ दे॒वस्य॑ ने॒तुर्मर्त्तो॑ वुरीत स॒ख्यम् ।
विश्वो॑ रा॒यऽइ॑षुध्यति द्यु॒म्नं वृ॑णीत पु॒ष्यसे॒ स्वाहा॑ ॥ ८ ॥

स्वस्त्यात्रेय ऋषि. । ईश्वर सविता देवता । अनुष्टुप् । गान्धारः स्वरः ॥

भा०—(विश्व) समस्त (मर्त.) मनुष्य लोग (नेतुः) अपने नेता (देवस्य) ईश्वर और राजा के (सख्यम्) मित्रता को (वुरीत)

८—ईश्वरो देवता । द० ।

वरें, चाहें (विश्वः) और सब (राये) धन ऐश्वर्य के प्राप्त करने लिये (इषुध्यति) बाण, शस्त्रास्त्र धारण करें और सभी (द्युम्नम्) धन को (पुष्यसे) शरीर और आत्मा की पुष्टि, बल वृद्धि के लिये (वृणीत) चाहें (स्वाहा) यही उसका उत्तम सत् उपयोग है। या उस धनको उत्तम कार्य में त्याग करें।

(विश्वो राये इषुध्यति) सभी धनकी याचना करते हैं॥ [उव्वट-महीधर] शत० ३ । १ । ४ । १८ । २३ ॥

ऋक्सामयोः शिल्पे स्थस्ते वामारभे ते मा पातमास्य यज्ञस्योदृचः। शर्म्मासि शर्म मे यच्छ नमस्तेऽस्तु मा मा हिꣳसीः ॥ ९ ॥

कृष्णाजिन विद्वान् वा देवता । आर्षी पंक्तिः । पञ्चम. ॥

भा०—हे कृष्ण और शुक्ल विद्याओ ! क्रियात्मक और ज्ञानात्मक विद्या या कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड तुम दोनों (ऋक् सामयो) ऋग्वेद और सामवेद इन दोनों के भीतर से उत्पन्न (शिल्पे स्थः) विशेष कौशल रूप हो। (ते वाम्) तुम दोनों को मैं (आरभे) आरम्भ करता हूं। अभ्यास करता हूं। (ते) वे तुम दोनों (मा) मुझे (अस्य उदृच. यज्ञस्य) इस उत्तम ऋचाओं, वेद मन्त्र और ज्ञानों से युक्त यज्ञ के समाप्ति तक (मा पातम्) मुझे पालन करें। हे शिल्पपते ! शर्म असि) तू शरण है। (मे शर्म यच्छ) मुझे सुख प्रदान कर, हे विद्वन् ! राजन् शिल्पस्वामिन् ! (ते नम. अस्तु) तुझे मैं आदरपूर्वक नमस्कार करता हूं। (मा) मुझको (मा हिंसी.) विनाश मत कर॥

यज्ञ में कृष्णाजिन यज्ञ के दो अङ्गों को स्पष्ट करता है, कृष्ण और शुक्ल। इन दोनों को ऋक्, साम दोनों का शिल्प ही है। कदाचित् कर्मकाण्ड (Practicl) और ज्ञानकाण्ड (Thoritical) दो स्वरूपों को

९—[९-१५] आंगिरस ऋषि । विद्वान् देवता । द० ॥

दर्शाने के लिये पूर्व में दो शाखा भी प्रचलित हुई हों। वेद के दोनों अङ्गों से राज्य शासन रूप यज्ञ की पूर्ति के लिये प्रार्थना है। उसके संचालक पुरुष का आदर और उससे रक्षा की प्रार्थना है॥

अध्यात्म में—शुक्लगति और कृष्णगति, देवयान और पितृयाण और ज्ञानमार्ग और कर्ममार्ग दोनों ऋक् और साम के प्रतिपादित शिल्प=शील आचार विधान हैं। उनको हम (आ यज्ञस्य उदृचः) यज्ञ=आत्मा की ऊर्ध्वगति तक करते रहें। हे परमात्मन् ! यज्ञ ! तू सबका शरण है। तुझे नमस्कार करते हैं। तू हमें (मा हिंसीः) मत मार, हमारी रक्षा कर॥

उक्त दो गतियों के विषय में उपनिषदों में—'द्वे सृती अशृणवम्' इत्यादि वर्णन है और 'शुक्लकृष्णे गती ह्येते' इत्यादि गीता में भी स्पष्ट किया है॥

शतपथ में—इस भूमि लोक और उस द्यौलोक दोनों को सम्बोधित किया है कि वे ऋक्, साम दोनों के शिल्प अर्थात् प्रतिरूप हैं। उन दोनों के बीच में जैसे हिरण्यगर्भ सुरक्षित है, माता पिता के बीच में जैसे गर्भगत बालक सुरक्षित है उसी प्रकार जीवनयज्ञ की समाप्ति तक ऋक् साम दोनों का अभ्यास मेरी रक्षा करे। छत और फर्श के समान दोनों का गृह बना है। वही हमारा शरण है। वह शरण हमें सुख दे। हमें विनाश न करें॥ शतपथ ३।२।१।१८॥

[१]ऊर्गस्याङ्गिरस्यूर्णम्रदा ऊर्जं मयि धेहि। सोमस्य नीविरसि विष्णोः शर्मासि शर्म यजमानस्येन्द्रस्य योनिरसि सुसस्याः कृषीस्कृधि। [२]उच्छ्रयस्व वनस्पत ऊर्ध्वो मा पाह्यꣳहस ऽआस्य यज्ञस्योदृचः॥ १०॥

आङ्गिरस ऋषय । यज्ञो मेखला नीवि वासः कृष्णा विषाणा दण्डश्च यज्ञो वा देवता।
(१) निचृदार्षी, निषाद, (२) साम्नी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

१०—०ऊर्ज मेयच्छ। इति काण्व०। यज्ञो देवता। द०॥

भा०—हे (आंगिरसि) अंगिरस् आदित्य या अग्नि से उत्पन्न होने वाली पृथिवी ! तू (ऊर्णम्रदा उर्ग् असि) ऊर्णा=आच्छादन, अन्धकार का नाश करने वाली, प्रकाशरूप (उर्ग् असि) बलरूप है। अथवा ऊनके समान कोमल, होकर भी बड़ी बलवती है। तू (मयि ऊर्जं धेहि) मुझ में बल या अन्नादि पदार्थ प्रदान कर। तू (सोमस्य) सर्वप्रेरक आदित्य या पर्जन्य की (नीविः) अच्छी प्रकार लाकर एकत्र करने वाली (असि) है। (विष्णो) व्यापक जल का (शर्म असि) शरण, आश्रय स्थान है और (यजमानस्य) शर्म) यज्ञ करने वाले पुरुष या इस महान् जलवृष्टि द्वारा अन्नोत्पादन करने वाले यज्ञपति का भी (शर्म) शरण या आश्रय है। (इन्द्रस्य योनिः असि) हे सूर्य के किरण ! (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यशील मेघ की तू (योनिः) उत्पत्ति स्थान है। हे पुरुष ! तू हमारे (कृषीः) खेतियों को (सुसस्याः) उत्तम सस्य से युक्त (कृधि) कर। हे (वनस्पते) वनस्पते ! सेवन करने योग्य जल आदि पदार्थों के पालक पर्जन्य। तू (उत् श्रयस्व) ऊपर आ। (ऊर्ध्वः) ऊंचा होकर (अस्यै यज्ञस्य उदृचः आ) इस यज्ञ की समाप्ति पर्यन्त (अंहसः पाहि) पाप से रक्षा कर।

मेखला पक्ष में—हे आंगिरसि, विद्वानों की रची मेखले ! तू बलरूप है, मुझे बल दे। सोम-ब्रह्मचारी या वीर्य की रक्षिका ग्रन्थि है। विष्णु व्यापक वेद और यजमान आत्मा की शरण है। इन्द्र=आचार्य की 'योनि' उत्पादक है। हे दण्ड ! तू आ। मेरे व्रत की समाप्ति तक तू मेरी रक्षा कर॥

शिल्पविद्या पक्ष में—हे वनस्पते विद्वन् ! जो (आंगिरसी) विद्वानों द्वारा उत्पादित (उर्णम्रदा) प्रकाशकारिणी (ऊर्क्) अन्नोत्पादक बलवती शिल्प विद्या है वह मुझे बल दे। वह (सोमस्य नीविः) नाना पदार्थों की आश्रय है। (विष्णोः) विद्वान् को सुखकारी है। ऐश्वर्यवान् होने का कारण है। उसके बल पर उत्तम सम्पन्न खेतियों को पैदा कर। हे विद्वन् !

तू स्वयं उन्नति कर। हमें पापफल दुःख से बचा। इस उत्तम यज्ञ की पूर्त्ति कर॥

[1]व्रतं कृणुताग्निर्ब्रह्माग्निर्यज्ञो वनस्पतिर्यज्ञियः। दैवीन्धियम्मनामहे सुमृडीकामभिष्टये वर्चोधां यज्ञवाहसꣳ सुतीर्था नो असद्वशे। [2]ये देवा मनोजाता मनोयुजो दक्षक्रतवस्तेनोऽवन्तु ते नः पान्तु तेभ्यः स्वाहा॥ ११॥

यज्ञो धी प्राणापानौ अध्यात्मम्, अधिदवत अग्निर्मित्रावरुणा वादित्यो विश्वे देवा देवता'।
(१) स्वराड् ब्राह्मी, गान्धार स्वरः। (२) आर्षी उष्णिक्। ऋषभ स्वर'॥

भा०—हे पुरुषो! आप लोग (व्रतं कृणुत) व्रत करो, धर्माचरण पालन करने का दृढ़ संकल्प धारण करो। (अग्निः ब्रह्म) ब्रह्म, वेदज्ञान और वह ज्ञानमय परमेश्वर ही महान् अग्नि, मार्गप्रदर्शक, विश्वप्रकाशक, ज्ञानप्रदाता तुम्हारा अग्रणी आचार्य है। (यज्ञः अग्नि.) वही सब का पूजनीय अग्नि है। वही (यज्ञियः) सब देव पूजाओं के योग्य स्वयं (वनस्पतिः) व. न, आत्माओं जीवों का परिपालक प्रभु है। हम (दैवीम्) देव परमेश्वर की प्रदान की हुई, दिव्यगुण सम्पन्न ध्यान धारणावती, (सुमृडीकाम्) उत्तम सुख प्राप्त कराने वाली, (वर्चोधाम्) तेजोदायिनी, (यज्ञवाहसम्) यज्ञ, पूज्य परमेश्वर तक पहुंचा देने वाली (धियम्) ध्यान धारणावती योग समाधि से प्राप्त प्रज्ञा की (मनामहे) याचना करते हैं। वह (सुतीर्था) इस संसार से सुखपूर्वक तरानेहारी, भवसागर के पार पहुंचानेहारी, ब्रह्ममयी प्रज्ञा (नः) हमारे (वशे) वशमें (असन्) रहे और (ये) जो (देवाः) देव, इन्द्रियगण (मनोजाताः) मन या मननशक्ति, विषय ग्रहण करने में समर्थ और (मनोयुजः) मनके साथ

११—'व्रत कृणुत व्रत कृणुत व्रत कृणुत। अग्नि'०,'वर्चोदा विश्वधायस सु०' इति काण्व०॥

युक्त होकर (दक्षक्रतवः) बलपूर्वक कार्य करने और ज्ञान करने में समर्थ हो जाते हैं (ते नः अवन्तु) वे प्राण भी हमारी रक्षा करें। (ते न. पान्तु) वे हमारा पालन करें। (तेभ्यः) उनको भली प्रकार आत्मा में आहुति करें। उनको अपने भीतरी आत्मा के वश, अन्तर्मुख करलें। अथवा (ये देवा) जो विद्वान् ज्ञानी लोग (मनोजाता.) विज्ञान या मनन द्वारा सामर्थ्यवान् होकर (मनोयुज.) अपने मनको परब्रह्म विज्ञान में योग द्वारा जोड़ते हैं वे (दक्षक्रतवः) शरीर, आत्मा-बल और प्रज्ञाओं से सम्पन्न हो जाते हैं। (ते न. अवन्तु ते न. पान्तु) वे हमारी रक्षा करें, वे हमें पापों से बचावें। (तेभ्य. स्वाहा) उन ब्रह्मज्ञानी विद्वानों के लिये हम अन्न आदि का प्रदान करें, उनका आदर करें या उनसे हम उत्तम वेद-उपदेश ग्रहण करें॥ शत० ३ । २ । २ । १-१८ ॥

श्वात्राः पीता भवत यूयमापो अस्माकमन्तरुदरे सुशेवाः।
ता अस्मभ्यमयक्ष्मा अनमीवा अनागसः स्वदन्तु देवीरमृता ऋतावृधः॥ १२ ॥

आपो देवता । ब्राह्मी अनुष्टुप् । गान्धार. स्वर. ॥

भा०—हे (आप.) आप्त पुरुषो ! हे जलों के समान स्वच्छ बुद्धि-वाले आप्त पुरुषो ! जिस प्रकार जल (श्वात्रा.) अति शीघ्रगामी पान करने योग्य होते हैं उसी प्रकार आप लोग भी (श्वात्राः) प्रशस्त धन और ज्ञान से युक्त और ज्ञानरस के पान करने वाले ही (भवत) बने रहो और जिस प्रकार जल (अन्त उदरे) पेट के भीतर (सुशेवा) सुख से सेवन करने योग्य होते हैं उसी प्रकार आप लोग (अस्माकम्) हमारे बीच में (सुशेवा.) सुख से सेवा करने योग्य हैं और जिस प्रकार जल (अयक्ष्मा) यक्ष्मा, रोग रहित (अनमीवा) कष्टकर रोगों से भी रहित और (अनागस.) निष्पाप, पवित्र होकर हमें अति स्वादु प्रतीत होते हैं उसी प्रकार (ताः)

वे आप्त प्रजाजन भी (अयक्ष्माः) राज-रोगों से रहित, (अनमीवा) नीरोग, (अनागसः) निष्पाप (देवीः) दिव्यगुणों से युक्त और (ऋतावृधः) सत्यज्ञान को बढ़ाने वाले (अमृताः) अमृत, पूर्ण शतायु दीर्घजीवी होकर (अस्मभ्यम्) हमें (स्वदन्तु) सब प्रकार के सुख प्रदान करावें ॥ शत० ३ । २ । २ । १९ ॥

इयं ते यज्ञिया तनूरपो मुञ्चामि न प्रजाम् । अꣳहोमुचः स्वाहाकृताः पृथिवीमाविशत पृथिव्या सम्भव ॥ १३ ॥

लोष्ठ मूत्र आपो वा देवता । भुरिग् आर्षी पक्तिः । पञ्चम स्वर ॥

भा०— हे पुरुष ! (इयं) यह (ते) तेरी (यज्ञिया तनू) यज्ञ के योग्य या यज्ञ अर्थात् आत्मा के निवास के योग्य होकर जिस प्रकार (अपः), प्राणों या जलों का त्याग नहीं करती प्रत्युत उनको अपने भीतर धारण करती है, उसी प्रकार मैं पुरुष भी (प्रजाम् न मुञ्चामि) प्रजा का परित्याग नहीं करता और हे आप्त पुरुषो । हे प्राणो ! जल जिस प्रकार (पृथिवीम् आविशन्ति) पृथिवी के भीतर प्रवेश कर जाते हैं उसी प्रकार तुम भी (अंहोमुच) आत्मा से उसके किये बुरे पापकर्मों को छुड़ाने वाले और (स्वाहाकृताः) वेदवाणी द्वारा उत्तम यज्ञानुष्ठान करने हारे सब शरीर में अन्नादि का आदान करने वाले प्राण जिस प्रकार पृथिवी के विकार देह में प्रविष्ट है उसी प्रकार (पृथिवीम् आविशत) पृथिवी में स्थिर गृह आदि बनाकर रहो और (पृथिव्याम्) पृथिवी पर हे पुरुष ! तू (सम्भव) भली प्रकार अपनी प्रजा उत्पन्न कर ॥ शत० २ । २ । २ । २० ॥

अग्ने त्वꣳसु जागृहि वयꣳ सु मन्दिषीमहि ।
रक्षा णोऽअप्रयुच्छन् प्रबुधे नः पुनस्कृधि ॥ १४ ॥

अग्निर्देवता । स्वराडार्च्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (अग्ने) शत्रुसतापक अग्ने ! राजन् ! (त्वं) तू (सु) भली प्रकार (जागृहि) जाग, प्रमाद रहित रह कर पहरा दे । (वयं) हम (सु) अच्छी प्रकार निश्चिन्त होकर (मन्दिषीमहि) सोवें । (न.) हमारी (अप्रयुच्छन्) प्रमाद रहित होकर (रक्ष) रक्षा कर (पुन) और फिर हमें (प्रबुधे) जागृत दशा में (कृधि) करदे, जगादे ॥

ईश्वर पक्ष में—हे ईश्वर तू बराबर जागता है, हम अविद्या में सोते हैं। तू बेचूक हमारी रक्षा कर, हमें पुन प्रबोध, सत्य ज्ञान के लिये चैतन्य कर । प्राण के पक्ष में—हम समस्त इन्द्रियां सोती हैं, प्राण जागता है। वह हमारी रक्षा करता है, पुन. निद्रा के बाद हमें चैतन्य करता है ॥ शत० ३ । २ । २ । २२ ॥

पुन॒र्मनः॒ पुन॒रायु॒र्म॒ऽआग॑न् पुन॑ः प्रा॒णः पुन॑रा॒त्मा म॒ऽआग॑न् पुन॒श्चक्षु॒ पुन॒ः श्रोत्र॑म्म॒ऽआग॑न् । वै॒श्वा॒न॒रोऽद॑ब्धस्तनू॒पाऽअ॒ग्निर्नः॑ पातु दुरि॒ताद॑व॒द्यात् ॥ १५ ॥

अग्निर्देवता । भुरिग् ब्राह्मी बृहती । मध्यम स्वर ॥

भा०—शयन के बाद (मे मन.) मेरा मन (पुन. आगन्) मुझे पुन प्राप्त होता है । (पुनः मे आयु.) आयु मुझे पुन प्राप्त होता है । (पुन प्राण) प्राण मुझे पुन प्राप्त होता है । (पुन चक्षु) चक्षु मुझे फिर प्राप्त होता है । (मे श्रोत्रम् पुनः आ अगन्) मुझे श्रोत्र, कान पुन. प्राप्त होता है । (वैश्वानर) समस्त नरदेहों में प्राणों के नेतारूप से विद्यमान वैश्वानर जीवात्मा (अदब्ध) अविनाशी (तनूपा) शरीर का स्वामी (अग्नि) अग्नि-अग्रणी राजा के समान है, वह (न॰) हमें (अवद्यात्) निन्दनीय (दुरितात्) दुष्टाचरण से (पातु) बचावे । ईश्वरपक्ष में भी स्पष्ट है कि रात्रि समय में वैश्वानर परमेश्वर अविनाशी है, वह हमारे

१५—'० मागात् ' इ, ० '० अग्निर्मा० ' इति काण्व० ॥

शरीरो का रक्षक 'तनूपा' है, वह हमें सब निन्दनीय पाप से बचावे। मरण के पश्चात् पुनः जीवन प्राप्ति के अवसर पर भी मन, आयु, प्राण, देह, चक्षु, श्रोत्र आदि हमें पुन प्राप्त हों और ईश्वर हमें पाप से बचावे। इसी प्रकार प्रलय काल ब्राह्मरात्रि होती है, उसमें भी जीव सुप्त दशा में रहते हैं। उसके पश्चात् पुन. ब्राह्म रात्रि के प्रारम्भ में हम जीवों को आयु आदि प्राप्त होते हैं। परमेश्वर ही सब के शरीरों को बचाता है। वह हमें पाप से बचावे ॥ शत० ३ । २ । २ । २३ ॥

त्वम॑ग्ने व्रत॒पाऽअ॑सि दे॒वऽआ मर्त्ये॒ष्वा । त्वं य॒ज्ञेष्वीड्यः॑ रास्वेय॑त्सोमाभूयो॑ भर दे॒वो नः॑ सवि॒ता वसो॑र्दा॒ता वस्व॑दात् ॥ १६ ॥

वत्सऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पंक्ति । पञ्चम ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने, परमेश्वर! अथवा राजन् अग्रणी! हे (देव) देव! राजन्! (त्वम्) तू (व्रतपाः) समस्त व्रतों, उत्तम कर्मों का पालक, उनको निर्विघ्न समाप्त होने में रक्षक (असि) है। तू हे देव! (सत्येषु) सत्य में और (यज्ञेषु) यज्ञों में भी (आ ईड्यः) सब प्रकार से स्तुति योग्य, वन्दनीय है। हे (सोम) सोम! सर्वप्रेरक, सर्वोत्पादक! (इयत् रास्व) हमें इतना अर्थात् बहुत परिमाण में प्रदान कर अथवा तू (इयत् रास्व) हमारे पास प्राप्त होकर हमें धन प्रदान कर और (भूय भर) और भी अधिक दे। (न.) हमें (वसोः दाता) वसु, जीवन और धन का देने हारा है। वही (वसु अदात्) सब प्रकार जीवनोपयोगी धनैश्वर्य (अदात्) प्रदान करे।

ए॒षा ते॑ शुक्र त॒नूरे॒तद्वर्च॒स्तया॒ सम्भ॑व॒ भ्राजं॑ गच्छ ।
जूर॑सि धृ॒ता मन॑सा॒ जुष्टा॒ विष्ण॑वे ॥ १७ ॥

हिरण्यमाज्य वाक् च, अग्निर्वा देवता । आर्ची त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

१६—[१६-३६] वत्सऋषिः । द० । ऋ० ८ । ११ । १ ॥
१७—अग्निर्देवता । द० ॥

भा०—हे (शुक्र) शुचिमान्, ज्योतिष्मान्, वीर्यवान् पुरुष ! (एषा ते तनूः) यह तेरा शरीर है। (एतद् वर्चः) यह तेज है। (तया सम्भव) इस देह से तू मिल कर एक होजा। (भ्राजं गच्छ) प्रकाशमान् सोम परमेश्वर या प्राण, जीवन को प्राप्त हो। हे वाणी या चितिशक्ति ! तू (जूः असि) 'जू' सबके सेवन करने योग्य, सबके प्रेम को उत्पन्न करने वाली है। तू (मनसा) मन, मनन और विज्ञान से (धृता) धारण की गई उसके वशीभूत रह कर (विष्णवे) यज्ञ सम्पादन करने या व्यापक परमात्मा के भजने में (जुष्टा) लग जाती है। जूरित्येतद् ह वा अस्या वाच एकं नाम। मनसा वा इयं वाग्धृता मनो वा इदं पुरस्ताद्वाच इत्थं वेद, मा एतदवादीः, इत्यलग्लामिव वै वाग् वेदद् यन्मनो न स्यात् ॥ शत० ३। २। ४। ११ ॥ 'जू' यह वाणी का एक नाम है। मन इस वाणी को वश रखता है। वाणी बोलने के पूर्व मन विचार करता है। ऐसा बोल, ऐसा मत बोल। यदि मन न हो तो वाणी गड़बड़ बोल जाती है ॥

महर्षि दयानन्द के विचार से—हे शुक्र ! विद्वन् ! तेरी जो यह विष्णु यज्ञ या परमेश्वर की उपासना के लिये जो यह तेरा शरीर है जो तू ने धारण किया और सेवन किया है उससे तू (जूः) वेगवान् होकर इस तेज को धारण कर। प्रकाश या तेज को धारण कर और विज्ञान से पुरुषार्थ को प्राप्त कर ॥

तस्यास्ते सत्यसवसः प्रसवे तन्वो यन्त्रमशीय स्वाहा।
शुक्रमसि चन्द्रमस्यमृतमसि वैश्वदेवमसि ॥ १८ ॥

हिरण्यवान् विद्युत् देवता। स्वराट् आर्षी बृहती। मध्यमः ॥

१८—विद्युत् देवता। द०। '०तनु यन्त्रम०। शुक्रमसि चन्द्रमस्य०' इति काण्व० ॥

भा०—हे वाणि ! या हे चितिशक्ते ! चेतने ! (सत्यसवसः) सत्य को उत्पन्न करने वाली, सत्यभाषिणी वा सत्य—सत् आत्मा से उत्पन्न होने वाले या आत्मा को अपना मुख्य उत्पत्तिस्थान रखने वाली (ते तस्याः) उस तेरे (प्रसवे) उत्पादित ऐश्वर्य में (तन्वः) शरीर के (यन्त्रम्) यन्त्र को (अशीय) प्राप्त करूं। अथवा (सत्यसवसः प्रसवे) सत्यैश्वर्यवान् परमेश्वर के बनाये इस संसार में (तस्याः ते) हे विद्युत् या वाणि तेरे (तन्वः) विस्तृत शक्ति को (यन्त्रम्) नियमन करने वाले साधन या विशेष उपकरण को मैं प्राप्त करूं, (स्वाहा) और उसका उत्तम रीति से उपयोग करूं। वाणी और चेतना शक्ति के नियमनकारी बलरूप आत्मा का स्वरूप बतलाते हैं। शरीर रूप यन्त्र के नियामक बल ! वीर्य ! आत्मन् अथवा विद्युत् आदि यन्त्र के नियामक शक्ते ! तू (शुक्रम् असि) शुक्र, अति दीप्तिमान् है। (चन्द्रम् असि) आह्लादक है। (अमृतम् असि) तू अविनाशी है। (वैश्वदेवम् असि) समस्त दिव्य पदार्थों में सूक्ष्म रूप से विद्यमान है॥ शत० ३। २। ४। १२–१५॥

चिद॑सि म॒नासि॒ धीर॑सि॒ दक्षि॑णासि क्ष॒त्रिया॑सि य॒ज्ञिया॒स्यदि॑तिरस्युभय॒तः शी॒र्ष्णी। सा नः॒ सुप्रा॑ची॒ सुप्र॑ती॒च्येधि मि॒त्रस्त्वा॑ प॒दि ब॑ध्नीतां पू॒षाध्व॑नस्पा॒त्विन्द्रा॒याध्य॑क्षाय॥ १९॥

वाग् विद्युद्रूप सोमक्रयणी च देवता। भुरिग् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः स्वरः॥

भा०—हे वाक्शक्ते ! तू (चित् असि) शरीर की चेतना है। (मनः असि) तू मननकारिणी, संकल्प विकल्प करने वाली, पदार्थों का ज्ञान करने वाली है। (धीः असि) तू ध्यान करने वाली, ज्ञान के धारण करने वाली है। (दक्षिणा असि) बलकारिणी शक्ति है, यज्ञ में दक्षिणा के समान शरीर में बल का प्रदान करने वाली है। (क्षत्रिया असि) राष्ट्र में जिस प्रकार

१९—(उ०) 'सुप्रतीची भव' इति काण्व०॥

प्राणशक्ति है, उस प्रकार शरीर में चेतना है। (यज्ञिया असि) यज्ञ में जिस प्रकार दीप्तिमान अग्नि उपास्यदेव है, उसी प्रकार शरीर में समस्त प्राणों की उपास्य शक्ति यह चेतना है। (अदिति असि) पृथ्वी जिस प्रकार अखण्ड भाव से सबका आश्रय है, उस प्रकार यह भी शरीर में अखण्ड अविनाशी है जो शरीर के नाश होने पर भी नाश नहीं होती। (उभयतः शीर्ष्णी) जिस प्रकार प्रसव काल में गौ के गर्भ से बच्चा आधा बाहर आने पर आगे और पीछे दोनों ओर दो सिर वाली होजाने से वह 'उभयतः शीर्ष्णी' कहाती है उसी प्रकार यह चेतना भी ज्ञान प्रसव-काल में उभयतः शीर्ष्णी है। उसका एक अंश बाहर पदार्थ का ज्ञान करता है और दूसरा अंश भीतर मनन करता है। या बाह्य पदार्थों और भीतरी सुख दुःख आदि दोनों का ज्ञान करती या बाह्य चक्षु इन्द्रिय आदि उसके एक मुख हैं और भीतरी इन्द्रिय मन उसका दूसरा मुख है। (सा) वह तू हे चितिशक्ते (नः) हमें (सुप्राची) उत्तम रीति से आगे आये पदार्थों पर जाने और उसका ग्रहण करने वाली और (सु प्रतीची) उत्तम रीति से प्रत्येक, भीतरी आत्मतत्व तक पहुंचने वाली (एधि) है। (मित्रः) मित्र-तेरा प्रेमी, स्नेही प्राण जैसे गाय को पैरों से बांधते हैं, उसी प्रकार (त्वां) तुझे (पदि) ज्ञान साधन में बांधे अथवा (मित्रः) स्नेह आत्मा तुझे (पदि) ज्ञेय, ध्येय पदार्थ या ज्ञानमय ब्रह्म में (बध्नीताम्) लगावे और (पूषा) पुष्टिकारक प्राण ही (इन्द्राय अध्यक्षाय) उसके ऊपर अध्यक्ष रूप से विद्यमान इन्द्र-आत्मा के स्वरूप की प्राप्ति या ज्ञान करने के लिये (अध्वनः) उस तक पहुंचने वाले योग या ज्ञान मार्ग से उसकी (पातु) रक्षा करे। अर्थात् प्राणायाम के बल पर उस चितिशक्ति के ध्येय विषय पर बांधे और उसको विचलित होने से बचावे।

विद्युत् पक्षमें—वह (चित्) आकर्षण शक्ति से पदार्थों को मिलाने वाली (मनः असि) स्तब्ध करने वाली (दक्षिणा) बलवती, (क्षत्रिया)

आघात करने वाली (यशिया) परस्पर मिलाने वाली, रसायन योग उत्पन्न करने वाली, (उभयतः शीर्ष्णी) Positive and Negative धन और ऋण नामक दो सिरों वाली, वह (सुप्राची) उत्तम प्रकाश करने वाली, (सुप्रतीची) समान जाति की विद्युत् से परे हटने वाली, (मित्रः) रसायन भोगों का मेलक पुरुष उसे (पदि) आश्रयस्थान, विद्युत् घट्ट आदि में बद्ध करे । (पूषा) पोषक, उसकी शक्ति को बढ़ाने वाला, मार्ग में विलीन होने से दुर्वाहक लेपों द्वारा सुरक्षित रक्खे । जिससे (अध्यक्षाय इन्द्राय) मुख्य ऐश्वर्यवान् राजा के या बलकारी यन्त्र के समस्त कार्य सिद्ध हों । राजा की राष्ट्रशक्ति भी, संचयकारिणी, स्तम्भनकारिणी, राष्ट्रधारिणी, बलवती क्षात्रबल से युक्त है, मित्र राजा उसकी व्यवस्था करें पूषा अधिकारी, इन्द्र राजा के लिये उसकी मार्गों पर रक्षा करे । शत्रु-गण विशेष मार्गों से आक्रमण न करें ॥ शत० ३ । २ । ४ । १५–१० ॥

[1]अनु॑ त्वा मा॒ता म॑न्यता॒मनु॑ पि॒तानु॒ भ्राता॒ सग॑र्भ्यो॒नु॒ सखा॒ सयू॑थ्यः । [2]सा दे॑वि दे॒वमच्छे॒हीन्द्रा॑य॒ सोम॑ꣳ रु॒द्रस्त्वाव॑र्त्तयतु स्व॒स्ति सोम॑सखा॒ पुन॒रेहि॑ ॥ २० ॥

सोमक्रयणीवाग्विद्युत्च देवते । (१) साम्नी जगती । निषाद स्वर ।
(२) भुरिगार्षी उष्णिक्, ऋषभ स्वर ॥

भा०—हे चितिशक्ते या वाक्शक्ते ! (त्वा) तुझे (माता) पदार्थों का प्रमाणों द्वारा ज्ञान करने वाला पुरुष या आत्मा (अनुमन्यताम्) अपने अनुकूल ज्ञान कार्य में प्रेरित करे (पिता) तेरा पालक पिता (भ्राता) तेरा पोषक भ्राता (सगर्भ्यः) एक ही शरीर रूप गर्भ में विद्यमान (सयूथ्या) इन्द्रियों और असुख्य प्राणों के यूथ में विद्यमान (सखा) तेरे ही समान ज्ञान करने में सामर्थ, प्राण, मन और अन्तःकरण सब (अनु, अनु, अनु) तेरे अनुकूल होकर, यथार्थ रूपसे ठीक २ (मन्यताम्) ज्ञान करें । हे (देवि) प्रकाशमयि देवि ! सब इन्द्रियों को चेतनांश और प्राण

प्रदान करने वाली ! तू (इन्द्राय) इन्द्रियों के प्रवर्तक आत्मा के विशेष सुख के लिये (सोमम्) सबके प्रेरक (देवम्) परम प्रकाशमय उपास्यदेव परमेश्वर को (अच्छेहि) प्राप्त हो। (त्वा) तुझको (रुद्रः) सबको रुलाने वाला प्राण (त्वा) तुझको प्रेरित करे और हे जीव ! तू (सोमसखा) सोम उस सर्वोत्पादक परमेश्वर का मित्र होकर या उसके समान शुद्ध बुद्ध मुक्त आनन्दमय होकर (पुनः) फिर मुक्ति काल समाप्त होने पर (एहि) इस संसार में आ ॥

अथवा—उपासक मोक्षाभिलाषी के लिये कहा गया है कि-ब्रह्म के मार्ग में जाने के लिये मुझे तेरी माता, तेरे पिता, तेरे (सगर्भ्यः भ्राता) सहोदर भाई, एक श्रेणी के मित्र अनुमति दें और हे देवि ब्रह्म-विद्ये ! तू (इन्द्राय सोम देवमच्छा इति) परमैश्वर्य प्राप्ति के लिये देव सोम विद्वान् को प्राप्त हो। (रुद्रः त्वा वर्तयतु) हे देवि विद्ये ! तुझको रुद्र नैष्ठिक ब्रह्मचारी ग्रहण करे। हे पुरुष ! या हे विद्ये ! तू (सोमसखा) ईश्वर की सहवर्ती होकर हमें पुनः प्राप्त हो ॥

विद्युत् पक्ष में—माता उत्पादक कला, पिता पालक यन्त्र, भ्राता पोषक या धारक यन्त्र जो तुझे अपने गर्भ में ग्रहण कर सके, (सयूथ्यः सखा) समान रूप से तुझे अपने से पृथक् करने वाला आकाश भीतरी पोलयुक्त पात्र में सब अनुकूल रूप में तेरा स्तम्भन करें ॥

वस्व्यस्यदि॑तिरस्यादि॒त्यासि॑ रु॒द्रासि॑ च॒न्द्रासि॑।
बृह॒स्पति॑ष्ट्वा सु॒म्ने र॑म्णातु रु॒द्रो वसु॑भि॒रा च॑के ॥ २१ ॥

वत्स ऋषिः। वाग् विद्युत् सोमक्रमणी गौर्वा देवता। विराडार्षी बृहती। मध्यम स्वरः ॥

भा०—हे पृथिवि ! (वस्वी असि) तू वस्वी, वसु-शरीर में वास करने वाले जीवों को बसाने वाली (असि) है। (अदितिः असि) तू अखण्ड

ऐश्वर्य वाली, नित्य अविनाशिनी है । तू (आदित्यासि) आदित्य आदान करने वाली, सबको अपने में धारण करने वाली, आदित्यों द्वारा सेवित है। (रुद्रा असि) सबको रुलाने वाली प्राणों के समान रोदनकारी, दुष्ट पीड़क, शासकों द्वारा सेवित है । (चन्द्रा असि) सब को आह्लादकारिणी है । (त्वा) तुझे (बृहस्पतिः) विद्वान् योगी (सुम्ने) उत्तम ब्रह्ममय आनन्द में (रम्णातु) रमावे, प्रेरित करे । (रुद्रः) मुख्य प्राण, जीवात्मा (वसुभिः) अन्य प्राणों सहित उनके साधना बल से तुझको प्राप्त करना चाहता है ॥

ब्रह्मशक्ति पक्ष में—वह सर्व वसु=लोको में व्यापक, अखण्ड प्रकाशमयी, सर्व रोदनकारी या वेद द्वारा उपदेष्ट्री, सर्वाह्लादिका है ॥ वह परमेश्वर बृहस्पति उसे उत्तम आनन्दरूप में या ज्ञानरूप मे प्रेरित करता है। वही रुद्र ईश्वर उसको समस्त वसुओं, जीवों सहित अपनाता है, चाहता है ॥

विद्युत् पक्ष में—वस्वी, ऐश्वर्यवती, अविनाशिनी, प्रकाशवती, रुद्रा, शब्दकारिणी, आह्लादिका है । विद्वान् उसके सुख से किये जाने के कार्यों में या उत्तमरूप से पदार्थों के स्तम्भन कार्यों में लगावे । रुद्र, विज्ञानोपदेष्टा वसु, निवासियों सहित उसको चाहते हैं ॥

राष्ट्रशक्ति पक्ष में—जनों को बसानेवाली, अखण्ड शक्ति सबकी वशयित्री, दुष्टों को रुलाने वाली, सर्वाह्लादिनी है । राजा सुखमय राष्ट्र में रमण करे । वह रुद्र राजा वसुओं सहित उस शक्ति को प्राप्त करे । इसी रूप से ये विशेषण पृथ्वी के भी हैं । सोमयोग में सोमक्रमणी गौ के लिये यह मन्त्र है । यहां सोम=राजा और गौ पृथिवी ॥

आदित्यास्त्वा मूर्द्धन्नाजिघर्म्मि देवयजने पृथिव्याऽइडायास्पदमसि

घृतव॒त् स्वाहा॑ । अ॒स्मे रमस्वा॒स्मे ते॒ बन्धु॒स्त्वे रायो॑ मे रायो॒ मा व॒यꣳ रा॒यस्पोषे॑ण॒ वियौ॑ष्म॒ तोतो॒ रायः॑ ॥ २२ ॥

आन्यवाग्विद्युतौ लिंगोक्ता गौर्वा देवता । ब्राह्मीपङ्क्ति । पञ्चम स्वर ॥

भा०—हे विद्वन् ! बलवन् बाहुपराक्रमशालिन् पुरुष ! (त्वा) तुझको (पृथिव्याः) पृथिवी के (देवयजने) देवों, विद्वानों के एकत्र होने के स्थान रूप (अदित्या) अदिति, अखण्डशासनव्यवस्था के (मूर्धन्) शिर पर या मुख्यपद पर (आजिघर्म्मि) प्रदीप्त या सुशोभित करता हूं । हे (देवयजने) देवों के संगमस्थान, सभा गृह या हे सभास्थ विद्वान् पुरुषो ! तुम (इडायाः) अन्नस्वरूप, अन्न के देनेवाली पृथिवी के (पदम्) प्राप्त करने वाली, प्रतिष्ठा, पद (त्वम् असि) तुम ही हो । तुम भी (स्वाहा) उत्तम ज्ञान से ही (घृतवत्) तेजोमय हो । हे राजन् ! (अस्मे रमस्व) तू हम में प्रसन्न होकर रह । (अस्मे ते बन्धु) हम प्रजाजन तेरे बन्धु हैं । (त्वे रायः) तेरे समस्त ऐश्वर्य (मे राय) हमारे भी ऐश्वर्य हैं । (वयम्) हम प्रजाजन (राय पोषेण) धन, ऐश्वर्य के पुष्टि, बल से (मा वियौष्म) वियुक्त न हों । (तोतो रायः) ज्ञानवान् आपके भी बहुतसे ऐश्वर्य हों । वीर पुरुष को विद्वत्सभा के सभापतिपद पर मूर्धन्य बनाकर राज्य पालन के लिये नियुक्त करें । उसकी प्रतिष्ठा करें । उसको जीवन के सब सुख दें । राजा और प्रजा दोनों एक दूसरे के ऐश्वर्य की वृद्धि करें ॥

'इडाया. पदम्', 'देवयजनम्' यहां विद्वानों के संगतिस्थल या 'सभाभवन' पद से समस्त सभास्थ विद्वानों का जहत्स्वार्था लक्षणा से ग्रहण होता है । अंग्रेज़ी में भी 'House' या भवन शब्द से समस्त सभासदों का ग्रहण होता है ॥ शत० ३ । ३ । १ । ४–१० ॥

२२—(उ०) 'त्वेरायो अस्मे रायः' । इति काण्व० ॥

समख्ये देव्या धिया सं दक्षिणयोरुचक्षसा । मा मऽआयुः प्रमोषीर्मोऽअहं तव वीरं विदेय तव देवि संदृशि ॥ २३ ॥

आशी वाग्विद्युतौ, गौर्वा देवता । आस्तारपङ्क्तिः । पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—(देव्या धिया) दिव्यगुण युक्त, प्रकाश ज्ञानवती (धिया) प्रज्ञा से (सम् अख्ये) विवेक करके मैं कथन करूं, उपदेश करूं। (दक्षिणाया) अति ज्ञानयुक्त, अज्ञाननाशक बलवती और (उरुचक्षसा) अति अधिक देखने वाली दर्शन शक्ति से देख भालकर मैं (सम् अख्ये) सत्य बात का उपदेश करूं। हे (देवि) देवि ! सर्व सत्य प्रकाश करने, दर्शाने वाली वेदवाणी ! (तव संदृशि) तेरे दिखाये उत्तम सम्यक् दर्शन में रहते हुए (मे आयुः) मेरे जीवन को तू (मा प्रमोषीः) विनाश मत कर। (मा उ अहं तव) और न मैं तेरे जीवन का नाश करूं और मैं (वीरं विदेय) वीर पुरुषों का लाभ करूं। वैदिक व्यवस्था से विवेक पूर्वक राष्ट्र के शासन का निरीक्षण करूं। वह राजा व्यवस्था का नाश करे और व्यवस्था राजा के अधिकार का नाश न करें और वीर पुरुष राजा को प्राप्त हों ॥

विद्युत् पक्ष में—उस प्रकाशवती धारक विद्युत शक्ति के प्रकाश से हम अन्धकार दूर करके देखे। विद्युत् के आघात हमें नाश न करे। न हम विद्युत् का नाश करें। उसके प्रकाश में हम शक्तियुक्त पदार्थों का लाभ करें॥

पत्नी के पक्ष में—धारण पोषण में समर्थ देवी कार्यकुशल दीर्घ-दर्शिनी पत्नी के द्वारा मैं समस्त कार्यों का निरीक्षण करूं। मैं उसके और वह मेरे जीवन का नाश न करे उसके सम्यग् दर्शन में वीर पुत्र का लाभ करूं। इसी प्रकार देवी, विद्वत्सभा के पक्ष में भी योजना करनी चाहिये ॥

शत० ३ । ३ । १ १२-१६ ॥

[1]एष ते गायत्रो भागऽइति मे सोमाय ब्रूतादेष ते त्रैष्टुभो भागऽइति मे सोमाय ब्रूतादेष ते जागतो भागऽइति मे सोमाय ब्रूताच्छन्दोनामानाᳬसाम्राज्यंगच्छेति मे सोमाय ब्रूतात्। [2]आस्माकोऽसि शुक्रस्ते ग्रह्यो विचितस्त्वा वि चिन्वन्तु ॥ २४ ॥

लिंगोक्ता., सोमो यज्ञो वा देवता। (१) ब्राह्मी जगती। निषादः स्वर.।
(२) याजुषी पंक्ति। पञ्चमः स्वर ॥

भा०—राजा को अधिकार प्रदान। हे विद्वन् मण्डल ! (मे सोमाय) सबके प्रेरक मुझ सोम को (इति ब्रूतात्) इस प्रकार स्पष्ट करके बतलाओ कि (एष ते गायत्रो भागः) हे राजन् ! तेरा यह गायत्र=ब्राह्मणों का भाग है। इसी प्रकार (मे सोमाय इति ब्रूतात्) मुझ राजा को यह बतलाओ कि (एष ते त्रैष्टुभो भाग) त्रैष्टुभ अर्थात् क्षात्रबल सम्बन्धी यह तेरा भाग है और (एष ते जागतो भाग) यह इतना वैश्य सम्बन्धी तेरा भाग है और मुझ सोम राजा को यह आज्ञा दो कि (छन्दो-नामानां) छन्द=प्रजाके पालन और दुष्टों के दमन के समस्त उपायों के (साम्राज्यम्) समस्त राजाओं के ऊपर सर्वोपरि विराजमान महाराज के पद को तू (गच्छ इति) प्राप्त हो। अथवा-प्रत्येक प्रजा के प्रतिनिधि अपना कर या अंश देते हुए बीच के प्रधान पुरुष से कहें, (इति) यह (मे) मेरा वचन (सोमाय ब्रूतात्) सोम राजा को कहो कि हे राजन् (एष ते गायत्रो भाग.) ब्राह्मणों की तरफ़ से यह तेरा सेवनीय अंश है। (एष ते त्रैष्टुभो भाग) यह तेरा क्षत्रियों की तरफ से अंश है। (एष ते जागतो भाग) यह वैश्यों की ओर से तेरा भाग है। (छन्दो नामानाम्) छन्द अर्थात् समस्त राष्ट्र के अधिकार पदों और नाम अर्थात् नमन करने के अधिकारों में से सबसे ऊंचे

२४—'०छन्दोमानाना साम्राज्य गच्छतादिति०' इति काण्व०।

१ वृषा वै सोमो योषा पत्नी। इति शत० ॥

साम्राज्य पदको तू प्राप्त हो। प्रजाजन कहे-हे राजन्! तू (आस्माकः असि) हमारा ही है। (शुक्र) अति तेजस्वी शरीर में वीर्य के समान सभी राष्ट्र शरीर में तेजस्वी पदार्थ, एवं शासनपद और इसी प्रकार इन्द्र आदि सब अधिकार भी (ते ग्रह्यः) तुझे ही स्वीकार करने योग्य हैं और (विचित.) विशेष रूप से या विविध प्रकार से चुनने वाले ज्ञानी पुरुष भी (त्वा) तुझको ही (विचिन्वन्तु) विशेष रूप से आदर योग्य पद पर चुनें, वरण करके तुझ जैसे योग्य पुरुष को खोज खोज कर अपना राजा बनावें ॥ शत० ३।३।२।१-८॥

[1]अभि त्यं देवꣳ सवितारमोण्योः कविक्रतुमर्चामि सत्यसवꣳ रत्नधामभि प्रियं मतिं कविम्। ऊर्ध्वा यस्यामतिर्भाऽअदिद्युतत्सवीमनि हिरण्यपाणिरमिमीत [2]सुक्रतुः कृपा स्वः। प्रजाभ्यस्त्वा प्रजास्त्वानुप्राणन्तु प्रजास्त्वमनुप्राणिहि ॥ २५ ॥

सविता सोमश्च देवते। ब्राह्मी जगती। निषादः स्वरः निचृदार्षी गायत्री। षड्जः स्वरः॥

भा०—(त्यम्) उस (ओण्योः सवितारम्) द्यौ और पृथिवी के उत्पादक (सत्यसवम्) सत्‌रूप से व्यक्त जगत् के उत्पादक या सत्यज्ञान के प्रदाता (कविक्रतुम्) क्रान्तदर्शी, सर्वोपरि ज्ञान से युक्त (रत्नधाम्) सूर्य आदि समस्त रमणीय पदार्थों के धारक (मतिं) ज्ञानरूप (अभिप्रियम्) सर्वप्रिय, (कविम्) क्रान्तदर्शी, मेधावी, (देवम्) देव-परमेश्वर की (अभि-अर्चामि) स्तुति करता हूं (यस्य) जिसका (अमति.) परमरूप (भा) तेजोमय (ऊर्ध्वा) सब से ऊपर (अदिद्युतत्) प्रकाश करती है और जो (सवीमनि) उत्पन्न होने वाले संसार में (हिरण्यपाणि.) तेजोमय,

१ 'शुक्रस्ते गृह्य.' इति दयानन्दसम्मतः पाठः। 'ग्रह्य' इति शत० अन्यत्र च सर्वत्राभिमत. ॥

अति रमणीय, कार्य कुशल हाथों वाला होकर समस्त पदार्थों को (अमिमीत) बनाता है और जो (सुक्रतु) सब से उत्तम प्रज्ञावान् और शिल्पी है और जिसकी (कृपा) सर्वोच्च शक्ति या कृपा (स्वः) सबकी प्रेरक और तापक है या जिसकी कृपा ही परम मोक्षमय सुखमय है। हे परमेश्वर (त्वा) तुझे (प्रजाभ्यः) समस्त प्रजाओं के लिये उपास्य बतलाता हू। (त्वा प्रजा अनुप्राणन्तु) समस्त प्रजाएं तेरी शक्ति से नित्य प्राणधारण करें और (त्व) तू (प्रजा) समस्त जीव प्रजाओं को अपनी शक्ति से (अनुप्राणिहि) प्राण धारण करा ॥

राजा के पक्ष में—(अभ्यो. सवितारं त्व देव कविक्रतुम्) राजाओं या शासकों और जासूसों अथवा पुरुष स्त्री दोनों के ससारों के प्रेरक प्रज्ञावान् मेधावी, सत्य न्याय का प्रदाता, रमणी गुणों के धारक, प्रिय मननशील क्रान्तदर्शी राजा को, हम पूजा या आदर करें जिसकी (अमतिर्भा) अगम्य कान्ति सब से ऊपर विराजती है और जो सुवर्णादि धन परवश करके सदाचारी होकर सुखमय राज्य बनाने में समर्थ है। हे पुरुष (त्वा प्रजाभ्य.) तुझे प्रजाओं के हित के लिये हम राजा नियुक्त करते है। (त्वा प्रजा अजतु प्राणन्तु) तेरे आधार पर प्रजाएं जीवित रहें। (प्रजाः त्वम् अनुप्राणिहि) प्रजा की वृद्धि पर तू भी अपना जीवन धारण कर ॥ शत० ३। ३। २। ११-१९ ॥

शुक्रं त्वा शुक्रेण क्रीणामि चन्द्रं चन्द्रेणामृतममृतेन। सुग्मे ते गोरस्मे ते चन्द्राणि तपसस्तनूरसि प्रजापतेर्वर्णः परमेण पशुना क्रीयसे सहस्रपोषं पुषेयम् ॥ २६ ॥

यज्ञो लिङ्गोक्ता अजा सोमो वा देवता। भुरिग् ब्राह्मी पक्ति। पञ्चम ॥

२६—'सग्मेते गौरस्मै' इति उव्वट महीधराभिमतः पाठो निर्णयसागरीय.। 'सग्मेते गोरस्मे' इति शत०, द०, सात०, कायव०। 'चन्द्र त्वा चन्द्रेण० शुक्रशुक्रेणाम्०' इति कायव० ॥

भा०—राजा-प्रजा के परस्पर के व्यवहार को स्पष्ट करते है। हे राजन्! (शुक्रं) शरीर में वीर्य के समान राष्ट्र में बलरूप से विद्यमान (त्वा) तुझको मैं राष्ट्रवासी प्रजाजन (शुक्रेण) अपने तेजोमय सुवर्ण-रजतादि अर्थबल से या अपने भीतर विद्यमान शरीर बल से ही (क्रीणामि) अदला बदली करते हैं, ग्रहण करते हैं और (चन्द्रेण) अपने चन्द्र आह्लादकारी धन ऐश्वर्य के द्वारा (त्वां चन्द्रम्) तुम सर्व प्रजारञ्जक पुरुष को (क्रीणामि) अपनाते स्वीकार करते हैं और (अमृतेन) अपने अमर आत्मा द्वारा (अमृतम्) अमृत, अविनाशी तुझको स्वीकार करते हैं। (ते) तेरे (राज्ये) चक्रवर्ती राज्य में (गो.) इस पृथिवी से उत्पन्न (अस्मे चन्द्राणि) हमारे समस्त प्रकार के धन ऐश्वर्य (ते) सब तेरे ही है और तू साक्षात् (तपसः) तप का (तनूः) विग्रहवान्, शरीरी रूप (असि) है, अर्थात् शत्रु और दुष्टजनों का तापक एवं प्रजा के सुख के लिये समग्र तपस्या करने से साक्षात् तपःस्वरूप है और तू (प्रजापतेः) प्रजा के पालन करने वाले पिता या परमेश्वर के (वर्णः) महान् प्रजा पालन के कार्य के लिये हमारे द्वारा वरण करने योग्य है और (परमेण) परम, सर्वोत्तम (पशुना) गौ, हाथी सिंह इत्यादि रूप से (क्रीयसे) समस्त प्रजाओं द्वारा स्वीकार किया जाता है, माना जाता है अथवा तुझे प्रजा अपने सर्वोत्तम पशु धन देकर अपना रक्षक स्वीकार करती हैं। मैं, हम प्रजाजन (सहस्रपोषम्) हजारों धन समृद्धि सम्पदाएं प्राप्त करके (पुषेयम्) पुष्ट होवें ॥

मि॒त्रो न॒ऽएहि॒ सुमि॑त्रध॒ऽइन्द्र॑स्यो॒रुमावि॑श॒ दक्षि॑णमु॒शन्नु॒शन्त॑ᳬ स्यो॒नः स्यो॒नम्। स्वान॒ भ्राजाङ्घा॑रे॒ बम्भा॑रे॒ हस्त॒ सुह॑स्त॒ कृशा॑नवे॒ते वः॑ सोम॒क्रय॑णा॒स्तान्र॑क्षध्वं॒ मा वो॑ दभन् ॥ २७ ॥

सोमः सोमरक्षका धिष्ण्याः, विद्वान् वा देवता। भुरिग् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

२७—०'कृशानो। एते'० इति काण्व०।

भा०—अष्ट प्रधान या अष्ट प्रकृति राज्यव्यवस्था का वर्णन करते हैं। नरोत्तम ! तू (मित्र इव) प्रजाको मरण से त्राण करने वाले सूर्य के समान पालक (सुमित्रध) उत्तम २ मित्रों, सहायकों का धारण पोषण करने हारा होकर (न एहि) हमें प्राप्त हो। हे राजन् ! तू (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् परमेश्वर या ऐश्वर्यवान् राष्ट्रपति के (दक्षिणम्) दायें या बलवान् (उशन्तम्) कामना युक्त (स्योन) सुखप्रद (उरुम्) विशाल, बहुतों को आश्रय देने में समर्थ पद को (आविश) प्राप्त कर। हे (स्वान) प्रजा के उपदेष्टा, हे (भ्राज) शस्त्रास्त्रों से परम शोभायमान। हे (अघों) अघं= पाप के शत्रो, पापी पुरुषों के दमनकारिन् ! हे (हस्त) शत्रुओं के युद्ध में हनन समर्थ सेनापते ! हे (सु-हस्त) उत्तम २ पदार्थ शिल्प द्वारा रचने में समर्थ विश्वकर्मन् ! हे (कृशानो) दुर्बलों या कृशों के उज्जीवक ! अथवा शत्रुओं के कर्शन करने हारे, उनके बल को नीति द्वारा तोड़ने हारे सात मुख्य पदाधिकारी पुरुषो ! (एते) ये सब प्रजास्थ पुरुष या प्रतिनिधिगण ! (व) तुम सबको (सोम-क्रयणाः) सोम, राजा को नाना प्रकार से स्वीकार रहे हैं। (तान् रक्षध्वयम्) उन सबको आप लोग रक्षा करें और वे (व) तुम सबको (मादयन्) विनाश न करें॥

[1]परि॑ माग्ने दु॒श्च॑रिताद्बाध॒स्वा मा॒ सुच॑रिते भज।
[2]उदायु॑षा स्वा॒युषोद॑स्थाम॒मृताँ॒ २ऽअनु॑ ॥ २८ ॥

अग्निर्देवता। (१) साम्नी बृहती, मध्यम.। (२) साम्न्युष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—हे (अग्ने) परमेश्वर अथवा शत्रु सन्तापक राजन् ! तू (मा) मुझको (दुश्चरिताद्) दुष्ट आचार से (परि बाधस्व) सब ओर से हटा। और (मा) मुझको (सुचरिते) उत्तम चरित्र में (भज) स्थापित कर। मैं (अमृताम् अनु) अमृत आत्मोपासक जीवनमुक्त या दीर्घायु पुरुषों के अनुगामी होकर (सु-आयुषा) सुदीर्घ आयु से युक्त (आयुषा) जीवन से

मुक्त होकर (उद अस्थाम्) उत्तम मार्ग में स्थिर रहूं ॥ शत० ३ । ३ । ३ । १४ ॥

प्रति पन्थामपद्महि स्वस्तिगामनेहसम् ।

येन विश्वाः परि द्विषो वृणक्ति विन्दते वसु ॥ २९ ॥

अग्नि पन्था वा देवता । निचृदार्षी गान्धारः ॥

भा०—हम लोग (स्वस्तिगाम्) कुशलपूर्वक उत्तम स्थान तक पहुंचाने वाले (अनेहसम्) चोर आदि हत्याकारी उपद्रवों से रहित (पंथाम्) उस मार्ग पर (प्रति अपद्महि) चला करें । (येन) जिससे सभी लोग (विश्वा.) सब प्रकार की (द्विषः) द्वेष करने वाली शत्रु सेनाओं को (परिवृणक्ति) दूर कर देते और (वसु विन्दते) नाना ऐश्वर्य प्राप्त करते हैं ॥ शत० ३ । ३ । ३ । १ । १८ ॥

[1]अदित्यास्त्वगस्यदित्यै सदऽआसीद । अस्तभ्नाद् द्यां वृषभोऽअन्तरिक्षममिमीत वरिमाणं पृथिव्याः । [2]आसीदद्विश्वा भुवनानि सम्राड् विश्वेत्तानि वरुणस्य व्रतानि ॥ ३० ॥ ऋ० ८ । ४२ । १ ॥

कृष्णाजिनः सोमो वरुणश्च देवताः । (१) स्वराड् याजुषी त्रिष्टुप् , (२) विराडार्षी त्रिष्टुप् छन्द. ॥

भा०—हे राजन् ! तू (आदित्या.) अदिति पृथिवीस्थ प्रजा का (त्वग् असि) त्वचा के समान उसका रक्षक है । तू (अदित्यै) अदिति पृथिवी के लिये (सदः) गृह के समान शरण होकर (आसीद) विराज । (वृषभ.) वर्षणशील मेघ या सूर्य जिस प्रकार (द्याम् अस्तभ्नात्) द्यौलोक को धारण करता है और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को भी व्याप्त करता है उसी प्रकार हे राजन् ! तू भी (वृषभ.) सर्वश्रेष्ठ प्रजा पर उनके काम्य सुखों की

२९—अग्निर्देवता । द० । द्यामृषभो इति काण्व० ॥

वर्षा करने वाला होकर राजा (द्याम् अन्तरिक्षम् अस्तभ्नात्) द्यौ, आकाश और अन्तरिक्ष और उसमें होने वाले ऐश्वर्यों को अपने हस्तगत करे। और वही (पृथिव्या परिमाणम्) पृथिवी के विशाल परिमाण को भी (अमिमीत) स्वयं मापले, उसका पूरा ज्ञान रखे। वही (सम्राड्) महाराजाओं का महाराजा, सम्राट् होकर (विश्वा भुवनानि) समस्त भुवनों पर (आसीदत्) अधिष्ठाता होकर रहे, उन पर अधिकार करे। (वरुणस्य) सर्वश्रेष्ठ राजा के (तानि) यही (विश्वा) सब नाना प्रकार के (व्रतानि) कर्तव्य हैं।

ईश्वर के पक्ष में—हे ईश्वर! तू पृथ्वी का रक्षक है, द्यौ और अन्तरिक्ष में व्यापक उसको थामने वाला है। पृथिवी के विस्तार को जानता है। अन्तरिक्ष में समस्त भुवनों को स्थापित करता है। ये सब महान् कार्य उस परमेश्वर के ही हैं, दूसरे के नहीं॥

सूर्य-वायु के पक्ष में—वायु पृथ्वी का आवरण है। उसका घर सा है। सूर्य, द्यौ अन्तरिक्षस्थ पिण्डों को थामता और पृथ्वी को प्रकाशित करता है। सब भुवनों को स्थापित करता है। यही महान् परमेश्वर के महान् कार्य हैं।

वनेषु व्यन्तरिक्षं ततान वाजमर्वत्सु पयऽउस्रियासु।
हृत्सु क्रतुं वरुणो विक्ष्वग्निन्दिवि सूर्य्यमदधात् सोममद्रौ ॥३१॥

वरुणो देवता। विराडार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०--राजा के उपमानों का समुच्चय करते हैं। (वरुणः) सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर (वनेषु) वनों के ऊपर उनके पालन करने, उन पर जलादि वर्षा करने के लिये (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष और उसमें स्थित वायु और मेघों को (विततान) तानता है, जिससे वे खूब बढ़े। और (अर्वत्सु) वेगवान् अश्वों और बलवान् पुरुषों में (वाजम्) बल, वीर्य और अन्न प्रदान करता है। (उस्रियासु) नदियों में जल, गौओं में दूध और सूर्य-किरणों

मे सूक्ष्म पुष्टिकारक बल रखता है। (हृत्सु क्रतुम्) हृदयों में दृढ़ सकल्प को धारण कराता है। (दिवि सूर्यम्) आकाश में प्रकाशवान् सूर्य को स्थापित करता है। (अद्रौ) पर्वत पर (सोमम्) सोमवल्ली को या (अद्रौ) मेघ में (सोमम्) सर्वसृष्ट्युत्पादक जल को (अदधात्) वैश्वा नर अग्नि के समान अग्नि अर्थात् अग्रेणीनेता को भी स्थापित करता है। अर्थात् परमात्मा ही प्रजाओं में नेता को अधिक शक्तिमान् बना कर उसको उत्तम उत्तम कर्तव्य भी सौंपता है। वह अन्तरिक्ष के समान सब पर आच्छादक, रक्षक रहे। अश्वों में वेग के समान संग्रामों में विजयी रहे। गौओं में दूध के समान निर्बलों का पोषण करे। हृदयों में दृढ़ संकल्प के समान प्रजा में स्थिरमति हो। आकाश में सूर्य के समान सबको प्रकाश दे। ज्ञान दे। मेघ में स्थित जल के समान सबको प्राणप्रद, अन्नप्रद हो। वह परमात्मा सबको उपास्य है जिसने ये सब पदार्थ भी रचे॥

सूर्य्यस्य चक्षुरारोहाग्नेरक्ष्णः कनीनकम्।
यत्रैतशेभिरीयसे भ्राजमानो विपश्चिता ॥ ३२ ॥

अग्निर्देवता। निचृदार्ष्यनुष्टुप्। गाधारः॥

भा०—हे राजन्! तू (यत्र) जहां कहीं भी (विपश्चिता) विद्वान् पुरुषों के साथ अपने (एतशेभिः ईयसे) घोड़ों से जाय वहां ही तू (सूर्यस्य [प्रकाश इव]) सूर्य के प्रकाश के समान लोगों की आखों पर (आरोह) चढा रह, उनको शक्ति देकर उन पर अनुग्रह कर। और रात्रि के समय (अग्नेः [प्रकाश इव]) अग्नि के प्रकाश के समान (अक्ष्णः कनीनकम् आरोह) लोगों की आख की पुतली पर चढ़, अर्थात् अन्धकार में आख जिस प्रकार सदा चमकती आग या दीपक पर ही जाती है उसी प्रकार लोगों की आखों की पुतली तेरी ओर ही लगी रहे, अर्थात् तू उनकी

३२—'०कनीनकाम्।' इति काण्व०॥

आखों पर लक्ष्य के समान बना रह । प्रजाओं को अन्धकार में भी प्रकाश दे और मार्ग दर्शा ॥

ईश्वर पक्ष में—(यत्र) जहा और जब भी (एतशैः) व्यापकता, सर्वज्ञत्वादि गुणों से (भ्राजमान.) देदीप्यमान होकर (विपश्चिता) विद्वान् पुरुष द्वारा (ईयसे) बतलाया जाता है । वहा और उसी समय तू हे ईश्वर ! (सूर्यस्य चक्षु. आरोह, अग्ने. कनीनकं आरोह) दिन में सूर्य के प्रकाश के समान और रात्रि में अग्नि के प्रकाश के समान चक्षु और आंख की पुतली पर चढते हो और उन पर अपना अधिकार करते हो अर्थात् तुम्हीं उनको ज्ञान मार्ग दिखाते हो । इसी प्रकार मुख्य प्राण अपने जीवन प्रदाता आदि गुणों से ज्ञापित होकर हमें मार्ग दिखाती है, प्रकाश देती है ॥

[1]उस्रावेतं धूर्षाहौ युज्येथामनश्रूऽअवीरहणौ ब्रह्मचोदनौ ।
[2]स्वस्ति यजमानस्य गृहान् गच्छतम् ॥ ३३ ॥

सूर्यविद्वांसौ नड्वाहो वा देवता । (१) भुरिगार्षी पक्तिः । पञ्चम ।
(२) याजुषी जगती । निषाद ॥

भा०—(एतौ) ये दोनों (धूर्षाहौ) पृथ्वी का भार धारण करने में समर्थ और प्रजाओं को बसाने वाले (अवीरहणौ) अपने राष्ट्र के वीर पुरुषों को नाश करने वाले और (ब्रह्मचोदनौ) ब्रह्मज्ञान या वेदविज्ञान को उन्नत करने वाले राजा, अमात्य या दोनों विद्वान् पुरुष हैं (अनश्रू) आँसुओं से, क्लेश विपत्तियों और बाधा पीड़ा से रहित, सुप्रसन्न चित्त से रहने वाले उन दोनों को (युज्येथाम्) गाड़ी में बैलों के समान राष्ट्र सचालन के कार्य में नियुक्त किया जाय । हे उक्त दोनों समर्थ नरपुंगवो ! आप दोनों (यजमानस्य) दानशील, धार्मिक, उदार प्रजाजन के (गृहान्)

३३—'अनश्च्यू' इति दयानन्दभाष्य गतः पाठश्चिन्त्यः । च्यु हसन सहनयोः चुरादिः । अथवा च्युङ्गतौ भ्वादिः । 'उस्रा एत धूर्वाहौ०' इति काण्व० ॥

घरों के (स्वस्ति गच्छतम्) सुखपूर्वक प्राप्त होओ, अथवा उनको सुख कल्याण प्राप्त कराओ ॥

देह पक्ष में—(उस्त्रौ एतौ) आत्मा के देह में निवास के हेतु प्राण, अपान सुप्रसन्न (अवीरहणौ) शरीर के समर्थ अंगों का नाश करनेवाले (ब्रह्मचोदनौ) ब्रह्म, आत्मा के प्रेरक दोनों को योगाभ्यास में लगाओ। वे यजमान, आत्मा के देह को सुख से प्राप्त हों या सुख प्राप्त करावें। इसी प्रकार सूर्य और वायु ब्रह्माण्ड में (ब्रह्मचोदनौ) अन्न को प्राप्त करानेवाले उनको अपने शिल्पकार्यों में लगावें। बैलों के पक्ष में स्पष्ट है ॥

'अनश्च्यू' इति महर्षिसम्मतपाठः। (अनश्च्यू अनः=च्यू १) 'अनस' शकट को 'च्यु' उठाने वाले राष्ट्र रूप शकट को दूर अथवा शकट को लेजाने वाले। अथवा स्त्री पुरुषों पर भी यह मन्त्र लगता है। (अवीरहणौ) वीर-पुत्रों का नाश न करने वाले (ब्रह्मचोदनौ) वेद का स्वाध्याय करने वाले (अनश्रू) आंसू न बहाने वाले, परस्पर सुप्रसन्न, (धूर्षाहौ) गृहस्थ के भार को सहने में समर्थ, (उस्त्रौ) एकत्र वसने वाले, अथवा (उत्सर्पिणौ) उन्नत मार्ग पर जानेवाले दोनों को (युज्येथाम्) गृहस्थ में लगाया जाय। ऐसे युवा युवति, यजमान यज्ञशील, धार्मिक पुरुष के घरों पर आवें और सुख प्रदान करें ॥

[1]भद्रो मेऽसि प्रच्यवस्व भुवस्पते विश्वान्यभिधामानि। [2]मा त्वा परिपरिणो विदन् मा त्वा परिपन्थिनो विदन् मा त्वा वृका अघायवो विदन्। [3]श्येनो भूत्वा परापत यजमानस्य गृहान् गच्छ तन्नौ सꣳस्कृतम् ॥ ३४ ॥

यजमान सोमो वा देवता। (१) भुरिगार्षी गायत्री। षड्ज। (२) भुरिगार्ची बृहति मध्यमः। (३) विराड् आर्ची। गान्धार ॥

३४—यजमानो देवता। द० ॥

भा०—हे (भुवः पते) पृथ्वी के पालक राजन् ! तू (मे) मुझ राष्ट्रवासी प्रजाजन के लिये (भद्रः) कल्याण करने और सुख पहुचाने वाला (असि) है (विश्वानि धामानि) समस्त राष्ट्र के अन्तर्गत स्थानों या पृथ्वी पर विद्यमान देशों को (अभि प्र च्यवस्व) प्राप्त हो, उन पर आक्रमण करके विजय कर । ऐसी दशा में (त्वा) तुझको (परिपरिणः) पर्यवस्थाता, तुझे घेर लेने वाले शत्रुगण या आक्रामक, चोर डाकू लोग (मा विदन्) न पकड़ सकें, तुझ तक न पहुंचे और (परिपन्थिनः) शत्रु लोग, दस्युजन (त्वा मा विदन्) तुझे न जान पावें। और (अघायवः) तुझ पर हत्या आदि का पाप करने की इच्छावाले (वृकाः) चोर लोग (मा त्वा विदन्) तुझे न पावें । तू उन पर (श्येन भूत्वा) श्येन होकर, अर्थात् शिकार पर जिस प्रकार बाज़ झपटता है उस प्रकार, उन पर (परापत) दूर तक आक्रमण कर और विजयी होकर आ । या (श्येनो भूत्वा परापत) श्येन बाज के समान शीघ्रगामी होकर उनके फन्दों से छूट आ । (यजमानस्य) सत्संग करने योग्य पूजनीय विद्वान् पुरुषों के (गृहान् गच्छ) गृहों को या उनसे बसे द्वीप, देश देशान्तर को प्राप्त हो । (नौ) हम प्रजाजन और तुझ राजा दोनों का (तत्) वह विजयोपयोगी युद्धोपकरण रथ आदि सब (सुसंस्कृतम्) उत्तम रीति से सुसज्जित हो । या (नौ तत् सुसंस्कृतम्) हमारा परस्पर-वह सब शासन और विजय कार्य उत्तम रीति से हो ॥

नमो॑ मि॒त्रस्य॒ वरु॑णस्य॒ चक्ष॑से म॒हो दे॒वाय॒ तदृ॒तꣳ स॑पर्यत ।
दू॒रे॒दृशे॑ दे॒वजा॑ताय के॒तवे॑ दि॒वस्पु॒त्राय॒ सूर्या॑य शꣳसत ॥ ३५ ॥

सूर्यो देवता । निचृदार्षी जगती । निषादः स्वरः ॥

भा०—(मित्रस्य) सबके मित्र, सबके स्नेही, सबको मरण से बचाने वाले (वरुणस्य) सर्वश्रेष्ठ, सर्वदु.खवारक, सबसे वरण करने योग्य, (चक्षसे) सर्वद्रष्टा उस परमेश्वर को (नमः) हम नमस्कार करें । (महः

देवाय) महान् उस सर्वप्रद, सर्वदर्शी, सर्वप्रकाशक परमेश्वर के (तत् ऋतम्) उस सत्यस्वरूप, सत्य ज्ञान की (सपर्यतः) पूजा करें । (दूरे दृशे) दूर २ के पदार्थों को भी दिखाने वाले (देवजाताय) दिव्यगुणों से प्रसिद्ध या देव-विद्वानों द्वारा प्रसिद्ध या पृथिवी अग्नि वायु सूर्य आदि दिव्य पदार्थों के उत्पत्तिस्थान उस (केतवे) सर्वप्रज्ञापक, ज्ञानस्वरूप, चित्स्वरूप, (दिवः पुत्राय) प्रकाशस्वरूप, सर्वपवित्रकारक या समस्त दिव्य, द्यौ-लोक या तेजोमय पदार्थों के पवित्रकारक, संस्कारक, प्रकाशक या उसमें व्यापक (सूर्याय) सबके प्रेरक, चराचररूप परमैश्वर्य के कारणभूत परमेश्वर के (शंसत) गुणों का गान करो ।

राष्ट्रपक्ष में—मित्र, वरुण दोनों अधिकारियों का आदर कर, मार्गदर्शी देव, विद्वान् पुरुष या राजा के 'ऋत' ज्ञान या क़ानून का आदर करो । दूरदर्शी विद्वानों और राजाओं में शक्तिमान् ज्ञानी, दिव्य वेदवाणी के पुत्र उसके विद्वान् ज्ञानसूर्य के गुणों की प्रशंसा करो ॥

वरु॑णस्यो॒त्तम्भ॑नमसि॒ वरु॑णस्य स्कम्भ॒सर्ज॑नी स्थो॒ वरु॑णस्य ऋत॒सद॑न्यसि॒ वरु॑णस्य ऽऋत॒सद॑नमसि॒ वरु॑णस्य ऽऋत॒सद॑न॒मासी॑द ॥ ३६ ॥

वरुण सूर्यो वा देवता । विराड् ब्राह्मी बृहती छन्दः । मध्यमः ॥

भा०—हे परमेश्वर ! तू (वरुणस्य) वरण करने योग्य, इस श्रेष्ठ जगत्-ब्रह्माण्ड का (उत् तम्भनम्) ऊपर उठानेहारा बल है । हे परमेश्वर ! तू (वरुणस्य) इस ब्रह्माण्ड का (स्कम्भसर्जनी स्थः) खम्भे के समान आश्रय देने और 'सर्जनि' उत्पन्न करने या प्रेरणा देने, दोनों प्रकार का बल रूप (स्थः) है । अथवा (स्कम्भसर्जनी स्थः) या जगत् के या आवरणकारी वायु के, आधार शक्तियों, मूल तत्वों को सर्जन और प्रेरण करनेवाले दोनों बलरूप हैं । हे परमेश्वर ! तू ही (वरुणस्य) सर्वोपरि विराजमान सूर्य के

३६—सूर्यो देवता । द० । ०'सदनीमासीद' इति काण्व० ॥

भीतर विद्यमान (ऋतसदनी) ऋत अर्थात् जलों को धारण और लोकों के आकर्षण करनेवाली शक्ति है । (वरुणस्य ऋतसदनम् असि) वरुण, समस्त उत्तम पदार्थों के (ऋतसदनम्) यथार्थ सत्य ज्ञान का आश्रय है । हे परमेश्वर ! तू (वरुणस्य ऋतसदनम्) वरुण–सर्व उत्तम गुणों के सत्यज्ञानों के आश्रय को (आसीद) स्वय प्राप्त करने और अन्यों को प्राप्त करानेहारा है ॥

राजा के पक्ष में—हे विद्वान् पुरुष ! तू 'वरुण' वरण करने योग्य सर्व श्रेष्ठ राजा का 'उत्तम्भन' ऊपर उठाने वाला, आश्रयभूत है । हे विद्वत्सभाओ ! तू वरुण राजा का (स्कम्भसर्जनी स्थः) आधारभूत, अन्य शासक पदाधिकारी जनों को धारण करनेवाली या शासन के धारण करनेवाली और व्यवस्था नियम को बनाने और चलानेवाली दो राजसभा हो । एक राजनियम निर्मात्री 'लेजिस्लेटिव', दूसरी सचालिका 'एक्ज़िक्यूटिव' सभा, और हे तीसरी सभे ! तू (ऋतसदनी असि) ऋत, ज्ञानों का आश्रयभूत विद्वत्-सभा या ज्ञानसभा है, और हे सभाभवन ! तू (वरुणस्य ऋतसदनम् असि) सर्वश्रेष्ठ स्वयंवृत राजा के ऋत या राज्यशासन का मुख्यस्थान, केन्द्र या सिंहासन या उच्च सभापति का अधिकारासन है । हे सर्वश्रेष्ठ पुरुष ! तू (ऋतसदनम् आसीद) उस शासन और न्याय के उत्तम आसन पर विराज-मान हो । सबको न्याय प्रदान कर ॥

सूर्य के पक्ष में—वह वरुण अपने वरणकारी ग्रह मण्डल का आरम्भक है । उसको थामने और गति देनेवाला है, उसकी शक्ति का केन्द्र स्वयम् ऋत अन्न, जल आदि का आश्रय है ।

या ते धामा॑नि ह॒विषा॒ यज॑न्ति॒ ता ते॒ विश्वा॑ परि॒भूर॑स्तु य॒ज्ञम् ।
ग॒य॒स्फानः॑ प्र॒तर॑णः सु॒वीरो॒ऽवी॑रहा॒ प्र च॑रा सोम॒ दुर्या॑न् ॥ ३७ ॥

गोतमो राहूगण ऋषिः । सोमो यज्ञो देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

३७—यज्ञो देवता । द० ॥

भा०—हे सोम राजन्! परमेश्वर (या धामानि) जिन स्थानों को (हविषा) आदान अर्थात् साधक या वश करने के साधनों को (यजन्ति) तेरे सैनिक प्राप्त कर लेते हैं, (ता) उन (ते) तेरे (विश्वा) सब पर तू (यज्ञम्) यज्ञ=शासन, सबके संगमस्थान, शासन, सभाभवन का (परिभूः) सब प्रकार से समर्थ अधिकारी होकर (अस्तु) रह। और तू (गयस्फानः) अपने प्रजा के पुत्र, धन और गृह ऐश्वर्य आदि की वृद्धि करता हुआ, (प्रतरणः) नाव के समान उनको सब कष्टों से पार करता हुआ (सुवीरः) उत्तम वीर भटों से युक्त, (अवीरहा) वीरों को व्यर्थ युद्ध-कलहों में नाश न करता हुआ (दुर्यान्) हमारे गृहों को (प्रचर) प्राप्त हो, हमसे परिचय प्राप्त कर॥

ईश्वर पक्ष में—हे ईश्वर! जिन तेरे बनाये धारणशील आश्रय पदार्थों, मूल तत्वों को विद्वान् जन (हविषा) ग्राह्य या दातव्य पदार्थ या कार्य-साधक पदार्थ से (यजन्ति) मिलाते हैं उन (ते) तेरे बनाये समस्त पदार्थों को हम भी मिलावें, प्राप्त करें और जो तेरा (गयस्फानः) ऐश्वर्य-वर्धक (सुवीरः) उत्तम बलयुक्त (अवीरहा) कातर मनुष्यों का नाशक (यज्ञम्) यज्ञ है, उस पर तू (परिभूः) सब प्रकार से शासक है। हे सोम, सर्वेश्वर या विद्वन् तू स्वयं यज्ञ का सम्पादन कर गृहों को प्राप्त हो, गृह के कार्यों को सम्पादन कर। अथवा–हे परमेश्वर! तू (या ते विश्वा धामानि) जितने तेरे धाम, धारण सामर्थ्यों और तेजों को विद्वान् लोग (हविषा यजन्ति) ज्ञानपूर्वक उपासना करते हैं। (ता विश्वा ते) वे सब तेरे ही सामर्थ्य हैं। और तू (यज्ञम् परिभूः अस्तु) यज्ञ, समस्त प्राणों के संगमस्थान आत्मा के ऊपर भी वश करने हारा है। आप (गयस्फानः प्रतरणः सुवीरः) प्राण, पुत्र, धन, गृह आदि के वर्धक, दुःखों से पार उतारने वाले, उत्तम बलशाली, (अवीरहा) वीर पुरुषों के नाश न करने और कातरों के नाश करने वाले हैं। हे (सोम दुर्या-

नः प्रचर) सोम राजन् हमारे भी द्वारों से युक्त इस अष्टचक्रा नव द्वारा पुरी के हृदयों में प्रकट होइये ।

॥ इति चतुर्थोऽध्यायः ॥

[तत्र सप्त त्रिंशदृचः]

इति मीमांसातीर्थ-विद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डित-जयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये चतुर्थोऽध्यायः ॥

॥ अथ पञ्चमोऽध्यायः ॥

१—४३ प्रजापतिर्ऋषि ॥

॥ ओ३म् ॥ अ॒ग्नेस्त॒नूर॑सि॒ विष्ण॑वे त्वा॒ सोम॑स्य त॒नूर॑सि॒ विष्ण॑वे॒ त्वा॒ति॑थेराति॒थ्यम॑सि॒ विष्ण॑वे त्वा श्ये॒नाय॑ त्वा सोम॒भृते॒ विष्ण॑वे त्वा॒ग्नये॑ त्वा रायस्पोष॒दे विष्ण॑वे त्वा ॥ १ ॥

विष्णुर्देवता । स्वराड्ब्राह्मी बृहती । मध्यमः स्वरः ॥

भा०—हे अन्न या हे योग्य पुरुष ! तू (अग्नेः तनूः असि) अग्नि का स्वरूप है । (विष्णवे त्वा) तुझको राज्य शासन रूप यज्ञ या व्यापक राज्यव्यवस्था के कार्य के लिये प्रदान करता हूं । हे जल, तू (सोमस्य तनूः असि) सोम का शरीर है । (त्वा विष्णवे) तुझको मैं व्यापक, प्रजा-पालक के लिये प्रदान करता हूं । हे जल ! तू (अतिथे) अतिथि के लिये (आतिथ्यम् असि) आतिथ्य है । अर्थात् अतिथि के समान पूजनीय राजा के निमित्त है । (त्वा) तुझे (विष्णवे) विष्णु, व्यापक राज्य-शासन के लिये (श्येनाय त्वा) श्येन=बाज के समान शत्रु पर आक्रमण करने वाले (सोमभृते) सोम-राष्ट्र को पालन पोषण करने वाले के लिये (त्वा) तुझे नियुक्त करता हूं । (विष्णवे त्वा) व्यापक या प्रजा के भीतर पूज्य-रूप से रहने वाले (अग्नये) अग्नि के समान ज्ञानप्रकाशक या शत्रुतापक और (रायः पोषदे) धन की समृद्धि और पुष्टि प्रदान करने वाले (विष्णवे त्वा) विष्णु, समस्त कार्यों में मुख्य रूप से वर्तमान पुरुष के लिये (त्वा) तुझे नियुक्त करता हूं ॥

भौतिक पक्ष में—हे हवि ! तू अग्नि विद्युत् का दूसरा स्वरूप है । (विष्णवे त्वा) तुझे यज्ञ-पदार्थों के संश्लेषण विश्लेषण के लिये प्रयुक्त

१—[१-१४] गोतम ऋषिः । द० ॥

करूं। तू सोम, जगत् के उत्पन्न पदार्थ या रस का विस्तारक है। तुझे (विष्णवे) व्यापक वायु के लिये प्रयुक्त करूं। और हे हवि! अन्न तू (अतिथेः आतिथ्यम् असि) विना तिथि के आये विद्वान् अतिथि के आतिथ्य सत्कार करने के योग्य है और व्याप्तिशील, विज्ञान प्राप्ति के लिये तुझे प्रयोग करता हूं। (श्येनाय त्वा) श्येन के समान शीघ्र जाने के लिये, (सोमभृते विष्णवे त्वा) सोम, ज्ञान या प्रेरणासामर्थ्य या राजा के अपने कर्म पालन पोषण करने वाले या राष्ट्रपोषक, सर्वकर्मकुशल, सर्व-विद्या के पारंगत पुरुष के लिये तुझे प्रयुक्त करूं। (अग्नये) अग्नि की वृद्धि के लिये तुझको प्रयुक्त करूं। (रायस्पोषदे विष्णवे त्वा) विद्या, धन, ऐश्वर्य की पुष्टि, समृद्धि प्राप्त कराने वाले (विष्णवे त्वा) सद्गुण विद्या आदि की प्राप्ति के लिये भी तेरा प्रयोग करूं॥ शत०॥

अर्थात् यज्ञ, विद्वान्, अतिथि, शूरवीर, शत्रुविजयी पुरुष, राष्ट्रपालक धनैश्वर्य का प्रदाता ये सब 'विष्णु' हैं और उनके लिये राष्ट्र की भिन्न २ प्रकार के भोग्य, आदर योग्य पदार्थ प्रदान करें। उनको उचित योग्य पुरुष सहायक दिये जायं और उन कार्यों के लिये उत्तम योग्य पुरुष नियुक्त करें। इस प्रकार ५ प्रकार के विष्णु हैं। १ अग्नि विष्णु, २ सोम विष्णु, ३ अतिथि विष्णु, ४ श्येन विष्णु, ५ रायस्पोषद अग्नि विष्णु। इन के लिये ५ प्रकार की विशेष हवि या अन्नादि सामग्री प्रस्तुत करें। जैसे शरीर में आत्मा प्रजापति पांच प्राण, जैसे संवत्सरमय सूर्य के पाच ऋतु वैसे राजा प्रजापति के ये पांच विष्णु अर्थात् पांच विभाग हैं जहां राजा अपने कोश और अन्न को प्रदान करे॥

[१] अ॒ग्नेर्ज॒नित्र॑मसि। वृष॑णौ स्थ ऽउ॒र्वश्य॑स्या॒युर॑सि पु॒रूर॒वा ऽअ॑सि।
[२] गा॒य॒त्रेण॑ त्वा॒ छन्द॑सा मन्थामि॒ त्रैष्टु॑भेन त्वा॒ छन्द॑सा मन्थामि॒

जागतेन त्वा छन्दसा मन्थामि ॥ २ ॥

शकन, दर्भतृणे, अधरोत्तरारण्यौ, अग्निश्च, विष्णुर्यज्ञो वा देवता । (१) आर्षी गायत्री । षड्जः । (२) आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे राष्ट्र ! तू (अग्नेः जनित्रम् असि) जिस प्रकार अग्नि को उत्पन्न करने के लिये नीचे काष्ठखण्ड रक्खा होता है, उस पर अग्नि उत्पन्न होती है उसी प्रकार तू भी (अग्नेः) अग्नि के समान शत्रुतापक राजा का (जनित्रम्) उत्पन्न करने वाला, उसका भोग्य रूप अन्न है। हे शत्रुहिंसक सेनापति और मन्त्रिन् ! तुम दोनों (वृषणौ स्थः) जिस प्रकार पुत्र को उत्पन्न करने वाले माता पिता दोनों वीर्य सेचन क्रिया में समर्थ होते हैं उसी प्रकार तुम दोनों भी (वृषणौ) सूर्य वायु के समान राजा के समस्त कार्यों में बल प्रदान करने वाले हो । हे राजसभे ! (उर्वशी असि) तू उस विशाल राष्ट्र को वश करने में समर्थ है । हे राजन् या सभापते ! तू (पुरूरवाः असि) बहुत से पुरुषों तक अपना ज्ञानमय उपदेश पहुंचाने में समर्थ सुवक्ता, उपदेष्टा है । हे राजन् ! (त्वा) तुझको (गायत्रेण छन्दसा) ब्राह्मणों, विद्वान् पुरुषों के रक्षा बल से (मन्थामि) मथता हूं । (त्रैष्टुभेन छन्दसा) त्रिष्टुप्, अर्थात् क्षात्र बल से मथता हूं । (त्वा जागतेन छन्दसा मन्थामि) तुझको जागत अर्थात् वैश्य के बल से मथता हूं ॥

पुत्रोत्पत्ति पक्ष में—जिस प्रकार हे वीर्य रूप हवि ! तू अग्नि चेतना का उत्पतिस्थान है, शरीर मे (वृषणौ स्थः) सेचन समर्थ स्त्री पुरुष हैं । उर्वशी स्त्री है, पुरुरवा पुरुष पति है । उसी प्रकार यह सूर्य का तेज ही विद्युत का उत्पति स्थान है । सूर्य और वायु जल को आकाश में सेचन करते हैं, उर्वशी विद्युत् है । उसका पालक मेघ पुरुरवा महान् गर्जन करता

२—विष्णुर्यज्ञो देवता । द० ॥

है। गायत्री आदि पृथिवी, अन्तरिक्ष द्यौ.लोक के भिन्न २ व्यापार से वह मंथित होती है ॥

भर्वतन्नः समनसौ सचेतसावरेपसौ मा यज्ञᳬ हिᳬसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमुद्य नः ॥ ३ ॥

यज्ञो देवता । पङ्क्तिः । पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—हे स्त्री और पुरुष तुम दोनो ! (नः) हममें (सचेतसौ) समान चित्त वाले (अरेपसौ) पापरहित (समनसौ) एक समान ज्ञान या सकल्प विकल्प वाले (भवतम्) होकर रहो। तुम दोनों (यज्ञम्) एक दूसरे के प्रति परस्पर दान या परस्पर के संग को (मा हिंसिष्टम्) विनाश मत करो। (यज्ञपतिम्) इस यज्ञ के पालक को भी नाश मत करो। (जातवेदसौ) धन और ज्ञान से युक्त होकर (अद्य) आज से (न) हमारे लिये (शिवौ) कल्याण और सुखकारी (भवतम्) होकर रहो। इसी प्रकार अध्यापक शिष्य, राजा प्रजा, राजा सचिव आदि पर भी यह मन्त्र समान रूप से लगता है ॥ शत० ३ । ४ । १ । २०-२३ ॥

अग्नावग्निश्चरति प्रविष्टऽऋषीणाम्पुत्रो अभिशस्तिपावा। स नः स्योनः सुयजा यजेह देवेभ्यो हव्यᳬसदमप्रयुच्छन्त्स्वाहा ॥ ४ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—जो (अभिशस्ति-पावा) चारों तरफ़ से होनेवाला, घातक विपत्ति से बचानेवाला (ऋषीणाम् पुत्र) वेदार्थवक्ता ऋषियों का पुत्र या शिष्य होकर (अग्नौ) अग्नि में जिस प्रकार (अग्नि) अग्नि (प्रविष्टः) प्रविष्ट होकर और अधिक प्रदीप्त हो, उसी प्रकार (अग्निः) अग्नि के समान तेजस्वी, तपस्वी और ज्ञानी होकर (अग्नौ) ज्ञान और तेज से

३—०'सचेतसा अरेप०' इति काण्व० ॥

सम्पन्न गुरु के अधीन उसके चित्त में (प्रविष्टः) प्रविष्ट होकर (चरति) व्रत का आचरण करता है या अपने जीवन सुखों का, या अन्न आदि का भोग करता है और (देवेभ्यः) देवों, विद्वानों के लिये (हव्यम्) अन्न और (सदम्) निवासस्थान (स्वाहा) उत्तम वचन, मधुरवाणी सहित आदर-पूर्वक (अप्रयुच्छन्) प्रदान करने में कभी आलस्य न करता हुआ (चरति) जीवन पालन करता है । हे मनुष्य ! तू (स) वह (स्योनः) सर्व सुख-कारी (सुयजा) उत्तम यज्ञ दान कर्म से (इह) इस लोक में (यज) यज्ञ कर, दान पुण्य के कार्य कर ।

राजा सबका रक्षक विद्वानों का पुत्र होकर मानो अग्नि में अग्नि के समान प्रविष्ट होकर खूब तेजस्वी होकर विचरता है । वह प्रमाद रहित होकर उत्तम रीति से दान करे । अपने अधिकारी देव पुरुषों को उनका वेतन आदि देने में भी और विद्वानों को अन्न वस्त्र देने में आलस्य न करे ॥ शत० ३ । ४ । १ । २ । ५ ॥

[१]आपतये त्वा परिपतये गृह्णामि तनूनप्त्रे शाक्वराय शक्वनऽओजिष्ठाय । [२]अनाधृष्टमस्यनाधृष्यं देवानामोजोऽनभिशस्त्यभिशस्तिपाऽअनभिशस्तेन्यमञ्जसा सत्यमुपगेषꣳ स्विते मा धाः ॥ ५ ॥

वायुविद्युद् आज्य च देवता । (१) आर्षी उष्णिक् । ऋषभः ।
(२) भुरिगार्षी पक्तिः । पञ्चम ॥

भा०—हे सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम पुरुष ! मैं (त्वा) तुझको अपना (आपतये) चारों तरफ से, सब प्रकार से रक्षक होने के लिये, (परिपतये) सब स्थानों पर पालकरूप से, (तनूनप्त्रे) शरीर के रक्षकरूप से, (शक्वने) शक्तिमान्, (शाक्वराय) शक्तिशालियों के भी ऊपर उनके अधिपतिरूप से

५—विद्युद् देवता । द० । 'आपतये त्वा । गृह्णामि परिपतये त्वा गृ०', ०शक्मन्नोजि०' 'सुविते मा धाः' इति काण्व० ॥

विराजने के लिये (गृह्णामि) तुझे स्वीकार करता हूं। हे राजन् सब से मुख्य उत्कृष्ट पुरुष ! तू (अनाधृष्यम्) कभी भी पराजित न होने वाला (देवानाम्) देव, युद्धविजेता पुरुषों का (ओजः) शरीर में ओज के समान परम बल है। जो (अनभिशस्ति) कभी विनाश नहीं किया जा सकता, (अभिशस्तिपा) सब बाधाओं, पीड़ाओं और आघातों से रक्षा करने वाला और (अनभिशस्तेन्यम्) विपत्ति, घातप्रतिघात से रहित, निर्विघ्न मार्ग में सबको लेआने, पहुंचा देने वाला है। (अञ्जसा) जल्दी ही या स्पष्टरूप से, प्रकाश रूप से मैं (सत्यम्) अपने सत्य परिपालन के व्रत को (उपगेषम्) प्राप्त होऊं। हे राजन् ! तू (स्विते मा धाः) सज्जनों से प्राप्त होने योग्य उत्तम मार्ग में स्थापित कर ॥

सब लोग अपने राष्ट्र को अजय बना लेने के लिये सत्य शपथ पूर्वक अपने से श्रेष्ठ शक्तिशाली पुरुष को उक्तरूप से अपना सर्वस्व स्वामी वरण करें और उससे द्रोह न करने की प्रतिज्ञा करें। वह उनको उत्तम मार्ग में रक्खे। आधिभौतिक में वायु, अध्यात्म में प्राण और परमेश्वर पक्ष में भी यह मन्त्र समानरूप से है। इसी मन्त्र से आचार्य का वरण भी शिष्य करे ॥ शत० ३। ४। २। १०-१४ ॥

अग्ने॑ व्रतपा॒स्त्वे व्र॑तपा॒ या तव॑ त॒नूरि॒यꣳ सा मयि॒ यो मम॑ त॒नूरे॒षा सा त्वयि॑। स॒ह नौ॑ व्रतपते व्र॒तान्यनु॑ मे दी॒क्षां दी॒क्षा-प॑ति॒र्मन्य॑ता॒मनु॒ तप॒स्तप॑स्पतिः ॥ ६ ॥

अग्निर्देवता। विराड् ब्राह्मीपङ्क्तिः। पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—हे अग्ने ! आचार्य ! अथवा परमेश्वर वा राजन् ! आप (व्रतपाः) व्रतों के, सत्य धर्माचरण और प्रजाओं के परस्पर व्यवहार शासन व्यवस्थाओं के पालक हैं, (त्वे) तेरे अधीन मैं (व्रतपाः) व्रतों का

६—'०या मम०' इति काण्व० ॥

पालन करनेहारा होऊं। (तव) आपकी (या) जो (तनूः) विस्तृत शरीर शक्ति है (इयं) यह (सा) वह शक्ति (मयि) मुझ पर शासन करे और (या) जो (मम) मेरे में (तनूः) व्यापक सामर्थ्य है (सा) वह (त्वयि) तुझ में, तेरे अधीन रहे। हे (व्रतपते) व्रतों के पालक ! (नौ) हम दोनों के (व्रतानि) समस्त व्रत (सह) एक साथ रहें। (दीक्षापतिः) दीक्षा का पालक (मे) मुझे (दीक्षाम् अनुमन्यताम्) दीक्षा ग्रहण करने की अनुमति प्रदान करे और (तपः पतिः) तपश्चर्या का पालक, आचार्य और परमेश्वर (तप) मुझे तपो व्रत ग्रहण करने की अनुमति दे। राजा और उसके अधीन प्रतिज्ञाबद्ध भृत्य, सेवक, सहायक एवं सेनापति, सैनिक और आचार्य, शिष्य परस्पर ऐसे प्रतिज्ञा करें। शिष्य इस प्रार्थना से दीक्षा ले तप का पालन करे ॥ शत० ३ । ४ । ३ । १-६ ॥

[1]अ॒ꣳशुर॑ꣳशुष्टे देव सोमाप्या॑यता॒मिन्द्रा॑यैकधन॒विदे॑। आ तुभ्य॒मिन्द्रः॒ प्याय॑ता॒मा त्वमिन्द्रा॑य प्यायस्व। [2]आप्याय॑या॒स्मान्त्सखी॑न्त्स॒न्न्या मे॒धया॑ स्व॒स्ति ते॑ देव सोम सु॒त्याम॑शीय। एष्टा रायः॒ प्रेषे भगा॑य॒ऽऋ॒तमृ॑तवा॒दिभ्यो॒ नमो॒ द्यावा॑पृथि॒वीभ्या॑म् ॥ ७ ॥

सोमो देवता। (१) आर्षी बृहती। मध्यम। (२) आर्षी जगती।
निषाद.॥ प्रकृतिर्वा छन्दः ॥

भा०—हे (देव सोम) प्रकाशस्वरूप सोम ! सर्वोत्पादक, सर्वप्रेरक परमेश्वर या परमब्रह्मानन्द ! (ते अंशुः अंशुः) तेरा प्रत्येक अंशु, तेरी प्रत्येक व्यापक शक्ति (एकधन विदे) एक विज्ञान मात्र धन को लाभ करने वाले, (इन्द्राय) परमैश्वर्य युक्त ज्ञानसम्पन्न आत्मा को (आप्यायताम्) बढ़ावे, उसको शक्ति प्रदान करे। (इन्द्रः) और वह इन्द्र (तुभ्यम्) तुझे

७—अग्निर्देवतेति माधव। लिंगोक्ता इति० सर्वा०। ०'सुत्यामुदृचमशीय'। ०'नम पृथिव्यै'। इति काण्व० ॥

(आप्यायताम्) बढ़ावें, (त्वम्) तू (इन्द्राय) इन्द्र को (आप्यायस्व), बढ़ा ! (अस्मान् सखीन्) हम मित्रों को भी (सन्न्या मेधया) सत् स्वरूप परमेश्वर तक पहुंचाने वाली मेधा, धारणावती प्रज्ञा से (आप्यायय) बढ़ा, तृप्त कर । हे (देव सोम) प्रकाश स्वरूप सोम । योग समाधि द्वारा प्राप्त ब्रह्मानन्द रस ! हम (स्वस्ति) सुखपूर्वक (ते) तेरे (सुत्याम्) आनन्द रसकी प्राप्ति को (अशीय) लाभ करें । हे सोम परमेश्वर ! (आ इष्टा.) सब प्रकार से इष्ट (रायः) ऐश्वर्यों को । (इषे) अन्न और उत्तम कामना और (भगाय) ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये (प्र) उत्तम रीति से प्राप्त करें । (ऋतवादिभ्य.) सत्यवादी पुरुषों से हम (ऋतम्) सत्य ज्ञान प्राप्त करें और (द्यावापृथिवीभ्याम्) द्यौ और पृथिवी से हम (नमः) अन्न प्राप्त करें ॥

राष्ट्र पक्ष में—हे सोम राष्ट्र ! तेरा एक अंशु एक मात्र धन के स्वामी राजा को बढावें, या उसके लिये बढे । तुझे इन्द्र राजा बढावे । तू राजा के लिये वृद्धि को प्राप्त हो । हमारे मित्र राष्ट्र को (सन्न्या मेधया) सन्मार्ग-में लेजाने वाली बुद्धि से बढ़ा । सुख पूर्वक हम तेरी (सुत्या) प्रेरक आज्ञा, या शासन व्यवस्था में रह कर इष्ट धनों को प्राप्त करें । उत्तम अन्न ऐश्वर्य लाभ करें । सत्यज्ञानियों से ज्ञान और द्यौ पृथिवी में से अन्न प्राप्त करें । इसी प्रकार हे सोम ! हे शिष्य ! एक मात्र विज्ञान के धनी आचार्य के लिये तेरा प्रत्येक अंग बढ़े, तुझे वह बढ़ावे, तू उसे बढ़ावे । हमारे स्नेहियों को सन्मार्गगामिनी बुद्धि से बढ़ा । तेरी ज्ञान प्राप्ति में हम धन प्राप्त करें । तू ज्ञानियों से ज्ञान प्राप्त कर । द्यौ और पृथिवी से बल, धन, अन्न प्राप्त कर । इस प्रकार भिन्न २ प्रकरण में मन्त्रार्थ जानना चाहिये ॥

[1]या तेऽअग्नेऽयःशया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा । उग्रं वचोऽअपावधीत्त्वेषं वचोऽअपावधीत् स्वाहा । [2]या तेऽअग्ने रजःशया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा । उग्रं वचोऽअपावधीत्त्वेषं वचोऽअपावधीत्

स्वाहा । या तेऽअग्ने हरिशया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा । उग्रं वचो अपावधीत्त्वेषं वचो अपावधीत् स्वाहा ॥ ८ ॥

अग्निर्देवता । (१) पूर्वस्य विराड् आर्षी बृहती । (२) निचृदार्षी बृहती । मध्यम. ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! राजन् ! (या) जो (ते) तेरी (तनूः) व्यापक शक्ति (अयः शया) अयस्=अर्थात् निम्न श्रेणी की प्रजाओं में प्रसुप्त रूप मे विद्यमान, (वर्षिष्ठा) नाना सुखों की वर्षा करने वाली (गह्वरेष्ठा) प्रजा के हृदयों में बसी है. वह शत्रुओं के (उग्रं वचः अपावधीत्) उग्र भयकारी वचन का नाश करती है । और (त्वेषं वचः) प्रदीप्त क्रोध पूर्ण वचन को (अपावधीत्) नाश करती है । उसी प्रकार हे अग्ने ! (या ते तनूः) जो तेरी विस्तृत शक्ति (रजः शया) रजस्, अर्थात राजस, क्रियाशील मध्यम श्रेणी के लोगों में व्याप्त है वह भी (वर्षिष्ठा) अति सुख वर्षक या बड़ी विस्तीर्ण और (गह्वरेष्ठा) निगूढ़ है । (उग्रं वच० इत्यादि) वह भी शत्रु के भयंकर और तीखे वचनों का नाश करती है । इसी प्रकार हे (अग्ने) राजन् ! (या ते तनूः) जो तेरी विस्तृत शक्ति (हरि-शया) हरणशील या ज्ञानवान् पुरुषों के भीतर या हरणशील, पशु और सवारियों में, (वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा) अति विस्तृत और निगूढ़ रूप से विद्यमान है वह भी (उग्रं वच. अपावधीत्, त्वेषं वच. अपावधीत्) शत्रु के उग्र और तीक्ष्ण वचनों का नाश करती है । (स्वाहा) वह शक्ति राजा का उत्तम वचन ज्ञान रूप ही है ॥

विद्युत् और अग्नि पक्ष में—हे अग्ने ! तेरी जो (तनूः) शक्ति (अयः शया) लोहादि धातु में है और तेरी शक्ति (रजःशयाः) सूक्ष्म परमाणुओं में विद्यमान है और जो (हरिशया) तीव्रगतिमान् विद्युत्, प्रकाश, ताप आदि में विद्यमान है वह (वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा) अति बलवती और बहुत

निगूढ़ है। वह भी (उग्रं) अति भयंकर (वचः) शब्द (अपावधीत्) उत्पन्न करती है। (त्वेषं वचः अप अवधीत्) तीव्र वचन या शब्द या तेजोमयरूप उत्पन्न करने में समर्थ है। (स्वाहा) वह शक्ति उत्तम रीति से सब पदार्थों के भीतर विद्यमान है॥

परमेश्वर के पक्ष में—हे अग्ने! परमात्मन्! जो तेरी शक्ति (अयःशया) दिशाओं में या इस भूलोक में, (रजशया) समस्त लोकों में और (हरिशया) द्यौलोक या आदित्य में व्यापक है वह (वर्षिष्ठा) सबसे महान् और (गह्वरेष्ठा) सबके भीतर गुप्तरूप से विद्यमान है। वह (उग्रं-वच. अपावधीत्) बड़े बलवान् वचन या विज्ञान को प्रकट करती है। (त्वेषं वच अपावधीत्) वह बड़े तीव्र वचन अर्थात् सुतीक्ष्ण ज्ञान को प्रकट करती है॥ शत० ३। ४। ४। २३–२५॥

इस मन्त्र में कुछ शब्दों के स्पष्टीकरण नीचे लिखे उद्धरण, से स्पष्ट करते हैं—'अयः'=दिशो वा अयस्मय्यः। तै० ३। स ६। ५। विशः एतद् रूपं यदय.। श० १३। ३। २। १९॥ भूलोकस्य रूपमयस्मय्यः। तै० ३। ७। ६। ५॥ 'रज.'–द्यौर्वै तृतीयं रज'। श० ६। ७। ४। ५॥ इयं रजता। तै० १८। ७। ८॥ अन्तरिक्षस्य रूप रजता.। तै० ३। ७। ६। ५॥ राष्ट्रं हरिणः। श० १३। २। ९। ८॥ हरिणी हि द्यौः। श० १४। १। ३। २७॥ विड् वै हरिणी। तै० ३। ९। ७। २॥ हरिश्रियः पशवः। तां० १५। ३। १०॥

[१]तप्तायनी मेऽसि वित्तायनी मेऽस्यवतान्मा नाथितादवतान्मा व्यथितात्। [२]विदेदग्निर्नभो नामाग्नेऽअङ्गिर आयुना नाम्नेहि योऽस्यां पृथिव्यामसि यत्तेऽनाधृष्टं नाम यज्ञियं तेन त्वा दधे विदेदग्निर्नभो नामाग्ने ऽअङ्गिर आयुना [३]नाम्नेहि यो द्वितीयस्यां पृथिव्यामसि यत्तेऽनाधृष्टं नाम यज्ञियं तेन त्वा दधे विदेदग्निर्नभो

नामा॒ग्नेऽअङ्गि॑र॒ऽआयु॑ना॒ नाम्नेहि॒ यस्तृ॒तीय॑स्यां पृथि॒व्याम॑सि॒ यत्तेऽना॑धृष्टं॒ नाम॑ य॒ज्ञियं॒ तेन॒ त्वा द॑धे। [4]अनु॑ त्वा दे॒ववी॑तये॥६॥

पृथिवी अग्निश्च देवते। (१) भुरिगार्षी गायत्री छन्दः। षड्जः। (२) भुरिग् ब्राह्मी बृहती। मध्यमः। (३)। निचृद् ब्राह्मी जगती, निषादः स्वर। याजुषी अनुष्टुप्गाधारः॥

भा०—(१) (तप्तायनी मे असि) हे पृथिवि! तू तप्त, भूख आदि से पीड़ित या आधिदैविक उत्पात, हिम वर्षा, आतप आदि से पीड़ित पुरुष को अयन अर्थात् शरणरूप में प्राप्त होनेवाली है। अथवा 'तप्त' प्रतप्त या ताप देनेवाले अग्न्युत्पादक पदार्थों को देनेवाली है। तू (वित्त-अयनी मे असि) हे पृथिवि! मेरे समस्त वित्त, धन ऐश्वर्य आदि भोग्य पदार्थों और ज्ञातव्य पदार्थों के अयनी अर्थात प्राप्त करानेवाली है। (मा) मुझको (नाथितात्) संताप, पीड़ा से (अवतात्) बचा। (व्यथितात् मा अवतात्) व्यथा, कष्ट, शत्रुओं और दुष्ट जीवों के आक्रमण आदि से बचा। (नभः नाम) नभः, सब प्रजाओं को अपने अधीन बांधने वाला, अथवा दुष्टों को बांधने वाला (अग्निः) अग्रणी नेता पुरुष (नभः नाम) 'नभस्' नाम से प्रसिद्ध है, वह तुझे (विदेत्) प्राप्त करे। हे (अग्ने) अग्ने! अग्रणी नेता पुरुष! हे (अङ्गिरः) शरीर में रस या प्राण के समान समाज शरीर के प्राणभूत पुरुष! तू (आयुना नाम्ना) समस्त प्राणियों को एकत्र कर मिलाने और रक्षा करने द्वारा होने से 'आयु' है, उसी 'आयु' नाम से प्रसिद्ध होकर (इहि) यहां प्राप्त हो। (यः) जो तू (अस्याम्) इस (पृथिव्याम्) पृथिवी पर (असि) सामर्थ्यवान् है और (यत्) जो (ते) तेरा (अनाधृष्टं) शत्रुओं से न धर्षण किया जाने योग्य, दुःसह (यज्ञियम्) परस्पर संगतिकरण करने का

६—तप्तायनी चत्वारि पार्थिवानि। सर्वा०। '०मा व्यथितमवता न्मा नाथितम्'। 'विदेरग्ने०' ०'दधे विदेरग्नेर्न०'। इति काण्व०॥

बल कर्म है (तेन) उससे (त्वा) तुझे (आदधे) स्थापित करूं। इसी प्रकार (नभः नाम अग्निः विदेत्) सबको व्यवस्था में बांधने वाला अग्रणी इस पृथिवी को प्राप्त करें। हे नभ' नाम वाले अग्ने ! हे अङ्गिरः ! ज्ञानवान् ! तू 'आयु' नाम से प्रसिद्ध है। तु सबको एकत्र करने में समर्थ है। तू (द्वितीयस्याम् पृथिव्याम् असि) दूसरी पृथिवी, अन्तरिक्ष में भी सामर्थ्य-वान् है। वहां जो तेरा अप्रतिहत बल है उससे तुझे स्थापित करूं। इसी प्रकार हे अग्ने ! तू 'नभ' नामक है (अङ्गिरः) सूर्य के समान तेजस्वी तू सबको जीवनों का प्रदाता 'आयु' इस नाम से (तृतीयस्याम् पृथिव्याम् असि) तीसरी पृथिवी-द्यौ में सूर्य के समान तेजस्वी है। हे राजा (अना धृष्टं नाम यज्ञियम्) जो अप्रतिहत, अविनाशी बल है (तेन त्वा दधे) उससे तुझे स्थापित करूं और (देववीतये) देव, विद्वान्, शक्तिमान पुरुषों की रक्षा के लिये दिव्य पदार्थों के प्राप्ति या भोग के लिये भी (त्वा अनुदधे) तुझे पुनः स्थापित करूं। अर्थात्-पृथिवी में जल नामक 'नभ.' अग्नि है, अन्तरिक्ष में, वायु या विद्युत् और द्यौलोक में सूर्य तीनों 'नभः' हैं। उनके समान राजा शक्तिशाली, सबको मिलाने घुलाने वाला, तेजस्वी प्राणप्रद होकर 'आयु' नाम से प्रजा को प्राप्त हो। विद्वान् पुरोहित उसको अप्रतिहत, सर्वोच्च तेज से सम्पन्न करे, उसे राज्य पर स्थापित करे। वह उत्तम, मध्यम और निकृष्ट तीनों पर शासन करे और समस्त देव, विद्वान्, शक्तिमान् पुरुषों की रक्षा करे॥

विद्युत् पक्ष में—विद्युत् मेरे लिये वित्तायनी, ऐश्वर्य के देनेवाली और धनप्रद है। वह ऐश्वर्य से या पीड़ा से हमें रक्षा करे। वह प्रकाशरूप होने से 'नभ.' है। वह शरीर में जाठर अग्निरूप में अंगिरा है। वह जीवनप्रापक होने से 'आयु' नाम से हमें प्राप्त है। उसको मैं अविनाशी रूप जीवन सम्पादक ब्रह्मरूप से यज्ञाग्नि के समान धारण करूं। भौतिक अग्नि 'नभः' अन्तरिक्षस्थ जल को प्राप्त करे। वह अंगार में स्थित होने से 'अंगिरा'। जीवनप्रापक, नाना वस्तुओं को प्राप्त करानेवाला होने से 'आयु' है। इसी

प्रसिद्ध नाम से वह हमें प्राप्त होवे। वह द्वितीय पृथिवी अर्थात् अन्तरिक्ष में है। उस यज्ञ सम्बन्धी अग्नि को मैं धारण करूं। तीसरा अग्नि सूर्य 'नभः' आकाश को प्राप्त है। वह (अंगिराः) व्यापक है। वह भी सर्व पदार्थ प्रापक होने से 'आयु' कहाता है। उसी प्रसिद्ध नाम से हमें प्राप्त हो। वह तृतीय कक्षा में विद्यमान भूमि अर्थात् द्यौलोक में है। उस नाना शिल्प विद्याओं के उपयोगी होने वाले यज्ञिय अग्नि को हम दिव्य गुणों के प्राप्त करने के लिये स्वीकार करें, अपने वश करें।

सिꣳह्यसि सपत्नसाही देवेभ्यः कल्पस्व सिꣳह्यसि सपत्नसाही देवेभ्यः शुन्धस्व सिꣳह्यसि सपत्नसाही देवेभ्यः शुम्भस्व ॥१०॥

गोतमः प्रजापतिर्वा ऋषिः। उत्तरवेदिर्देवता। ब्राह्म्युष्णिक्। ऋषभः स्वरः॥

भा०—हे सेने! तू (सपत्नसाही ३) शत्रुओं का विजय करनेवाली (सिंही ३) उनका नाश करनेवाली (असि ३) है। तू (देवेभ्यः) देव राजाओं के लिये (कल्पस्व) शक्तिशाली होकर रह। तू उनके लिये (शुन्धस्व) समस्त कण्टकों को शोधन कर, तू (देवेभ्यः शुम्भस्व) देव, राजाओं को शोभित कर, उनकी शान का कारण बन॥

वाणी के पक्ष में—तू दोषों के नाश करने और शब्दों के धारा प्रवाह बरसाने या उच्चारण करने से 'सिंही' है और प्रेम सिचन द्वारा, शत्रुओं पर भी अपना अधिकार कर लेने से 'सपत्नसाही' है। तू देव दिव्य गुणवाले पुरुषों, विद्याभ्यासियों और शूरवीर पुरुषों को (कल्पय) समर्थ कर, और (देवेभ्यः शुन्धस्व) देव धार्मिकों को शुद्ध कर। और (देवेभ्यः शुम्भस्व) सुशील पुरुषों को सुशोभित कर। यज्ञ में यह उत्तर वेदी है जो स्त्री और पृथिवी की भी प्रतिनिधि है। इससे उन पक्षों में भी इसकी योजना करनी चाहिये।

१०—वाग् देवता। द०। वेदि०। सर्वा०॥

इन्द्रघोषस्त्वा वसुभिः पुरस्तात्पातु प्रचेतास्त्वा रुद्रैः पश्चात्पातु मनोजवास्त्वा पितृभिर्दक्षिणतः पातु विश्वकर्मा त्वादित्यैरुत्तरतः पात्विदमहं तप्तं वार्बहिर्धा यज्ञान्निःसृजामि ॥ ११ ॥

वाग उत्तरवेदिरापश्च देवता । निचृद् ब्राह्मी । धैवतः स्वरः ॥

भा०—हे मनुष्यो ! (इन्द्रघोष) इन्द्र विद्युत् के घोष या गर्जना के समान गर्जना उत्पन्न करने वाले आग्नेयास्त्र का ज्ञाता पुरुष (वसुभिः) राष्ट्र के सुखपूर्वक वसने में कारण रूप, शत्रुनिवारक योद्धाओं द्वारा (पुरस्तात् पातु) आगे से रक्षा करे । (प्रचेताः) उत्कृष्ट ज्ञानवान् पुरुष (रुद्रः) शत्रुओं को रुलाने में समर्थ बड़े २ सत्ताधारी सर्दार, नृपतियों क्षत्रिय राजाओं के सहित (पश्चात्) पीछे से (त्वा पातु) तेरी रक्षा करे । (मनोजवा) मनके वेग के समान वेगवान्, तीव्रगति वाला, अतिशीघ्रगामी रथों का अध्यक्ष, अथवा मानस ज्ञान और विचार से आगे बढ़ने वाला अतिविवेकी पुरुष (पितृभिः) पालन या रक्षा करने में समर्थ वृद्ध ज्ञानी, विचारवान्, ठण्डे दिमाग से सोचने वाले विद्वान् पुरुषों के साथ (त्वा) तुझ राष्ट्रवासी जनको (दक्षिणतः पातु) दक्षिण अर्थात् दायें से रक्षा करे। और (विश्वकर्मा) समस्त प्रकार के शिल्पों को रचनेहारा पुरुष विश्वकर्मा (आदित्यैः) आदित्य, ऐश्वर्य प्राप्त करने वाले, व्यवहारकुशल वैश्यों द्वारा (उत्तरतः त्वा पातुं) उत्तर अर्थात् बायें से तेरी रक्षा करे । और मैं राजा (इदम्) इस प्रकार (तप्तम्) तपे हुए खूब क्रोध और रोष से पूर्ण शत्रु के आक्रमण को न सहन करने वाले (वा) उनको वारण करने वाले बलको (यज्ञात्) सुसंगठित देश से (बहिर्धा) बाह्य देश की रक्षा के लिये (निःसृजामि) नियुक्त करूं ॥

राष्ट्र की रक्षा के लिये वीर सुभट, राजा, नरपति लोग, विचारवान्

११—वाग् देवता । द० । उत्तर वेदि. आपश्च । सर्वा० ।

पुरुष और शिल्पी और व्यापारी अपनी २ दिशा में रक्षा करें और उग्र, तीव्र या तप्त स्वभाव के लोगों को राष्ट्र की रक्षार्थ बाहर की छावनियों में लगावें ॥

इसके अतिरिक्त—(इन्द्रघोष) परमेश्वर की वेदवाणी का उपदेश हमारी आगे से रक्षा करे। प्रेचता उत्कृष्ट ज्ञानी पुरुष रुद्र ब्रह्मचर्यवान् पुरुषों सहित हमें पीछे से बचावे। 'मनोजवा' मनन बलवाले लोग ज्ञानी पालकों द्वारा दायें से और आदित्य ब्रह्मचारियों से (विश्वकर्मा) वह सृष्टिकर्त्ता परमेश्वर बायें से रक्षा करे। अध्यात्म में इन्द्र घोष, आत्मा का भीतरी मुख्य प्राण। वसु गौण प्राण। 'प्रचेताः' बुद्धि। मनोजव=मन, विश्वकर्मा, आत्मा। वसु, रुद्र, पितर, आदित्य ये सभी प्राण हैं। इनकी सहायता से वे शक्तियां हमें बचावे। (तप्तं वाः) क्रोध, शोक और दुःख को हम अपने यज्ञ अर्थात् आत्मा से बाहर करें ॥

सिꣳह्यसि स्वाहा सिꣳह्यस्यादित्यवनिः स्वाहा सिꣳह्यसि ब्रह्मवनिः क्षत्रवनिः स्वाहा सिꣳह्यसि सुप्रजावनी रायस्पोषवनिः स्वाहा सिꣳह्यस्यावह देवान्यजमानाय स्वाहा। भूतेभ्यस्त्वा ॥१२॥

वाक् स्रुक् च देवते। भुरिग् ब्राह्मी पङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

भा०—हे वाक्! तू (स्वाहा) उत्तम रूप से उच्चारण करने योग्य और (सिंही असि) अविद्या का नाश करनेवाली होने से 'सिंही' है। तू (सिंही असि) 'सिंही' क्रूरता अर्थात् अज्ञान का नाशक है तू (आदित्यवनिः) बारह मासों को प्राप्त होनेवाली, उनका वर्णन करनेवाली ज्योतिष् विद्या जिस प्रकार उनका उत्तम वर्णन करती है। उसी प्रकार प्रजा के भीतर, कर-आदान करने वाले १२ प्रकार के राजाओं को उचित रीति से वर्णन करनेवाली (स्वाहा) वाणी है। तू भी (सिंही असि) उनके क्रूरता का नाश करती है। तू (ब्रह्मवनि) ब्राह्मणों को प्राप्त होती और (क्षत्रवनिः)

१२—भूतेभ्यः स्रुक्। सर्वा० ॥

चत्रियों को प्राप्त होती है। तू भी (स्वाहा) उत्तम उपदेशमयी वाणी है। और (सिही असि) चोर दस्युओं के नाशक होने और अज्ञान का नाश करनेवाली होने से या शत्रुओं के परभव करनेवाली होने से नीतिरूप 'सिंही' है। तू (सिंही) प्रजा के समस्त दुःखदायी चोर आदि दुष्ट और रोगों के नाश के उपाय बतलाने वाली होने से सिंहीरूप से ही (सुप्रजा-वनी) उत्तम प्रजाओं को प्राप्त कराने वाली (असि) है। तू (स्वाहा) उत्तम उपदेश देनेवाली होकर (रायस्पोषवनि) ऐश्वर्य समृद्धि को प्राप्त करानेवाली है। (सिंही असि) तू सब दुःखों को नाश करनेवाली 'सिही' है। तू (स्वाहा) उत्तम ज्ञानोपदेश करनेवाली होकर (यजमानाय) विद्वानों के पूजा सत्कार करने हारे दानशील पुरुष के समीप (देवान्) विद्वान्, ज्ञानी, देव पुरुषों को प्राप्त कर। हे वाणि ! मैं तुझे (भूतेभ्यः) समस्त प्राणियों के उपकार के लिये प्रयोग करूं॥

राजशक्ति या व्यवस्था के पक्ष में—तू शत्रु नाशक सिंही है। (स्वाहा) उत्तम रीति से प्रयोग की जाकर (आदित्यवनिः) तू आदित्य–विद्वानों या आदित्य अर्थात् धनसंग्रही वैश्यों को वृत्ति देनेवाली है। तू (ब्रह्मवनिः क्षत्रवनिः) ब्राह्मणों और क्षत्रियों की वृत्ति देती है। तू (सुप्रजावनिः रायस्पोषवनिः) उत्तम प्रजाओं का वृत्ति देनेवाली, धन समृद्धि के देनेवाली है। तू सर्वदा नाशक 'सिंही' है। तू (स्वाहा) उत्तम रीति से प्रयोग की जाकर ही (यजमानाय) दानशील राजा के पास (देव) विद्वानों, विजयी सुयोद्धाओं को प्राप्त कराती है (भूतेभ्यः त्वा) तेरा उत्तम उपयोग मैं समस्त प्राणियों के हित के लिये करूं। राज शासनव्यवस्था भी एक विद्या या दण्ड नीति है वही यहां सिही, वाग्रूप में कही गई है॥

यदसुराणां लोकानादत्त तस्मादादित्यः। तै० २। ७। २१। २॥
एष उद्यन् एव क्षत्रं वीर्यमादत्त तस्मादादित्यो नाम श० २। १। २। १८॥

असौ वा आदित्यः पाप्मनोऽपहन्ता श० १३ । ८ । १ । ११ ॥ आदित्य लोकस्तद्दिव्यं क्षत्रम् । सा श्री । तद् ब्रध्नस्य विष्टपम् तत् स्वाराज्यमुच्यते ॥

ध्रुवोऽसि पृथिवीं दृꣳह ध्रुवक्षिदस्यन्तरिक्षन्दृꣳहाच्युतक्षिदसि दिवं दृꣳहाग्नेः पुरीषमसि ॥ १३ ॥

यज्ञो देवता । भुरिगार्षी अनुष्टुप् । गांधारः ॥

भा०—हे राजन् ! तू (ध्रुवः असिः) तू निश्चल, स्थिर है । तू (पृथिवीं दृंह) पृथिवी को, राज्य की भूमि को, पृथिवीवासी प्रजा को बढ़ा, विस्तृत कर, उन्नत कर । तू (ध्रुवक्षित् असि) ध्रुव या स्थिर पदार्थों को या स्थिर पदाधिकारियों को, स्थिर स्थायी कार्यप्रबन्धों, नियमों को स्थापन करने वाला है । तू (अन्तरिक्षम् दृंह) अन्तरिक्ष को और उसमें विद्यमान शक्ति मेघ, वायु आदि पदार्थों को (दृंह) बढ़ा, उन पर वशकर के उन शक्तियों को अधिक लाभदायक कर । तू (अच्युतक्षित् असि) अच्युत, विनाश रहित, स्थिर सिंहासन पर विराजमान, या नाशरहित स्थिर पदों या पदार्थों का स्थापक है । तू (दिव दृंह) द्यौलोकस्थ प्रकाश आदि पदार्थ को और अधिक शक्तिशाली कर । तू (अग्ने) अग्नि, विद्युत् आदि तेजोमय पदार्थ को (पुरीषम्) पूर्त्ति करने वाला है । अथवा (अग्नेः पुरीषम् असि) अग्नि, शत्रुओं के संताप देनेवाले महान् सामर्थ्य या सेनाबल का 'पुरीष' एकमात्र परमेश्वर्यवान् या प्राणरूप राजा है । अथ यत् पुरीषं स इन्द्रः । श० १० । ४ । १ । ७ ॥ स एष प्राण एव यत् पुरीषम् । श० ८ । ७ । ३ । ६ ॥

यज्ञ पक्ष में—यज्ञ, पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ तीनों लोकों को बढ़ावे । स्थिर पदार्थों को प्रदान करे । वह (अग्ने पुरीषम् असि) अग्नि विद्युत् आदि की और पशु सम्पत्ति की पूर्त्ति करो । अध्यात्म यज्ञ पक्ष में—हे आत्मन् !

१३—यज्ञो देवता । द० । 'अग्ने' सम्भारा गुल्गुल्वादय । सर्वा० ॥ ०दृꣳहाग्नेर्भस्माग्ने पुरीषमसि ।' इति काण्व० ॥

शरीर के पृथिवी भाग और, अन्तरिक्ष, मध्य भाग, द्यौः, मस्तक तीनों को पुष्ट कर। स्थिर अंगों में निवास कर, तू जाठर अग्नि का भी प्राण या प्रणेता है। ईश्वर पक्ष में—वह ध्रुव नित्य परमात्मा तीनों लोकों को बढ़ाता, विस्तार करता है। वह सब नित्य पदार्थ आकाश आदि में व्यापक हैं। वह अग्नि तेजोमय सूर्यों का पुरीष=प्रणेता प्राण या राजा है।

युञ्जते मन उत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः। वि होत्रा दधे वयुनाविदेक ऽइन्मही देवस्य सवितुः परिष्टुतिः स्वाहा ॥ १४ ॥

श्यावाश्व ऋषिः। सविता देवता। स्वराडार्षी जगती। निषादः ॥

भा०—(बृहत) उस महान् (विपश्चित) सर्वज्ञ, अनन्त विद्या के भण्डार, (विप्रस्य) मेधावी, विविध कामों को पूर्ण करने वाले नाना फलप्रदाता, परमेश्वर के ध्यान में (विप्रा·) मेधावी, (होत्रा.) अपने आत्मा की उसमें आहुति करने वाले, या प्राणापान की आहुति देने वाले पुरुष उसमें अपने (मन. युञ्जते) मन को योग द्वारा युक्त करते हैं। (उत) और (धिय) अपने बुद्धियों, वाणियों और समस्त कर्मों या चेष्टाओं या क्रियाओं को (युञ्जते) उधर ही लगा देते हैं। वे उसका (विदधे) विशेष रूप से वर्णन करते हैं। या मैं उसका (विदधे) विशेष रूप से या नाना प्रकार से वर्णन करूं। वह (वयुनावित्) समस्त उत्तम कर्मों और विज्ञानों का ज्ञाता (एक. इत्) एक ही है। उस (सवितु) सब के उत्पादक, सर्वप्रेरक (देवस्य) देव, सर्वद्रष्टा, सर्वप्रदाता परमेश्वर की (मही परिस्तुति.) बड़ी भारी स्तुति, या महिमा है। (स्वाहा) वह सत्य वाणी का उपदेष्टा है, या सत्यवाणीस्वरूप है ॥

राज पक्ष में—सब विद्वान् अपने में सबसे अधिक विद्वान् ब्राह्मण, मेधावी के प्रति अपने और कर्मों को जोड़ें, उसके अधीन रहें। वह सब

शासन कार्यों का ज्ञाता होकर रहे। उसी सब के प्रेरक, देव, विद्वान राजा की आज्ञा सर्वोत्तम रीति से पालन हो॥

यज्ञ में—मुख्य ब्रह्मा को करके सब ऋत्विज् अपना ध्यान उसकी ओर रखें। वह सबका ज्ञाता, सबका आज्ञापक रहे। यज्ञो वै प्रजापतिः॥

इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा नि दधे पदम्।
समूढमस्य पांसुरे स्वाहा॥ १५॥

मेधातिथिर्ऋषिः। विष्णुर्देवता। भुरिगार्षी गायत्री। षड्ज॥

भा०—(विष्णुः) चर और अचर समस्त जगत् में व्यापक परमेश्वर (इदं) इस समस्त जगत् को (विचक्रमे) विविध रूपों में व्याप्त होकर रचता है और उसने (त्रेधा) तीन प्रकार से इसमें (पदम्) अपने ज्ञान या स्वरूप को (निदधे) स्थापित किया है। और (पांसुरे) जिस प्रकार धूलिमय देश में कोई पदार्थ लुप्त रहता है और बड़ा यत्न करने पर ढूंढने से प्राप्त होता है उसी प्रकार (अस्य पदम्) उसका वह गूढ़ स्वरूप भी (समूढम्) खूब गूढ़ है, सर्वत्र व्यापक है, और मनन निदिध्यासन द्वारा जानने योग्य है। (स्वाहा) उसका उत्तम रीति से ज्ञान करो और उसकी उपासना करो॥

सत्व, रजस्, तमस् इन तीनों रूपों में परमेश्वर अपनी सर्वत्र शक्ति प्रकट करता है और चतुर्थ निर्गुण रूप भी प्रकृति के परमाणुओं के भीतर ही खूब सूक्ष्म रूप में व्यापक है। [विशेष विवेचना देखो साम-भाष्य० पृ० ७५९]॥

इरावती धेनुमती हि भूतंसूयवसिनी मनवे दशस्या। व्यस्कभ्ना रोदसी विष्णवेते दाधर्थ पृथिवीमभितो मयूखैः स्वाहा॥१६॥

वसिष्ठ ऋषि। विष्णुर्देवता। स्वराड् आर्षी त्रिष्टुप्। धैवत॥

१५—'समूल्हम०' इति काण्व०।

१६—०'विष्णू एते'० इति काण्व०।

भा०—हे (विष्णो) सर्वव्यापक परमेश्वर ! आप (एते) इन दोनों (रोदसी) द्यौ और पृथिवी को (वि-अस्कम्नाः) विशेष रूप से थाम रहे हो। और (अभितः) सब ओर से (मयूखैः) जैसे किसी पदार्थ के चारों ओर खूटियां या कीलें लगा कर उनमें तान दिया जाता है उसी प्रकार आपने (स्वाहा) अपनी धारण शक्ति से (पृथिवीम्) पृथिवी को भी (दाधर्थ) धारण किया है। ये दोनों द्यौ और पृथिवी आकाश और भूमि (इरावती) अन्न और जल से पूर्ण, (धेनुमती) दुग्ध देने वाली गौओं और रसप्रद रश्मियों से पूर्ण, (सूयवसिनी) उत्तम अन्न चारे से पूर्ण (भूतम्) हैं। और (मनवे) मननशील पुरुष को सब प्रकार के पदार्थ (दशस्या) प्रदान करती है। अथवा, (दशस्या=दशस्याय) देने योग्य (मनवे) ज्ञान के लिये (एते) ये सब हम सबको बतलावें।

दम्पति के पक्ष में—हे स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों (इरावती धेनुमती सुयवसिनी मनवे दशस्या भूतम्) अन्न गोओं और चारे आदि नाना पदार्थों से समृद्ध होकर ज्ञानवान् पुरुष के लिये दानशील रहो और हे विष्णो ! प्रजापते पुरुष। तू (रोदसी व्यस्कभ्ना) अपने पूर्वज पिताओं और अगली सन्तान इन दोनो को थाम। और (मयूखैः) किरणों से (स्वाहा) स्वयं वरण पूर्वक (अभितः पृथिवीं दाधर्थ) सब ओर से अपने प्रजोत्पत्ति की एक मात्र पृथिवी रूप स्त्री को धारण पोषण कर। यही योजना राजाप्रजापक्ष में समझनी चाहिये। वे दोनों अन्न पशु आदि से समृद्ध हों और राजा पृथिवी को (मयूखैः) करों द्वारा पालन करे ॥

मयूखैः—माङ् ऊखो मय च उणादि सूत्रम्। मिमीते मान्यहेतुर्भवति इति मयूखः। किरण कान्ति करो ज्वाला वा। इति दयानन्दः ॥

देवश्रुतौ देवेष्वाघोषतं प्राची प्रेतमध्वरं कल्पयन्तीऽऊर्ध्वं यज्ञं

नयतं मा जिह्वरतम् । स्वं गोष्ठमावदतं देवी दुर्ये ऽआयुर्मा निर्वादिष्टं प्रजां मा निर्वादिष्टमत्र रमेथां वर्ष्मन् पृथिव्याः ॥ १७ ॥

अक्षधुरौ हविर्धाने, विष्णुर्वा देवता । स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों (देवश्रुतौ) दिव्य विद्याओं में प्रसिद्ध, विद्वानों के बीच प्रसिद्ध, अथवा विद्वानों से बहुत शिक्षा प्राप्त होकर (देवेषु आ घोषतम्) देव, विद्वानों के बीच में अपने गृहस्थ धारण करने के उत्तम संकल्प को आघोषित करो, ऊंचे स्वर से निवेदित करो । आप दोनों (प्राची) सदा उत्तम, ऊंचे मार्ग पर, प्रकाश की ओर जाते हुए (प्र इतम्) आगे बढ़ो और (अध्वरं) हिंसा रहित शुभ कर्म का (कल्पयन्ती) अनुष्ठान करते हुए आप दोनों (यज्ञम्) यज्ञ को, आत्मा को, या गृहस्थ कार्य को, या परस्पर की संगति को (ऊर्ध्वम्) ऊंचे पदतक (नयतम्) पहुंचा दो और परस्पर (मा जिह्वरतम्) कभी कुटिलता का व्यवहार मत करो। और (स्वं) अपने (गोष्ठं) बात चीत (आ वदतम्) एक दूसरे को कहो, परस्पर सुख से वार्तालाप करो । या (स्वं गोष्ठम् आवदतम्) दोनों के अपने धन और गौशाला आदि स्थानों को अपना स्वीकार करो । (देवी दुर्ये) दिव्य रमण योग्य, सुखदायी घरमें रहते हुए (आयुः) अपने जीवन को (मा निर्वादिष्टम्) नष्ट मत करो । (प्रजाम्) अपनी प्रजा सन्तान को (मा निर्वादिष्टम्) नष्ट मत करो । (अत्र) इस संसार में । (पृथिव्याः) पृथिवी के (वर्ष्मन्) वृष्टि युक्त, हरे, भरे लम्बे चोड़े प्रदेश में (रमेथाम्) दोनों आनन्द पूर्वक जीवन व्यतीत करें । राजा प्रजा, गुरु शिष्य आदि सब युगलों को यह उपदेश समान है ॥

विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्र वोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि ।

१७—वसिष्ठ ऋषि । विष्णुर्देवता । ऋ० । देवश्रुतावक्षधुरौ । सर्वा० ॥

योऽ अस्कभायदुत्तरᳬ सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायो विष्णवे त्वा ॥ १८ ॥

औतथ्यो दीर्घतमा ऋषि । विष्णुर्देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवत· ॥

भा०—(य.) जो (पार्थिवानि) पृथिवी या अन्तरिक्ष में विदित, या पृथिवी के (रजांसि) समस्त लोकों को (विममे) नाना प्रकार से बनाता है और (य) जो (उत्तरं सधस्थम्) ऊपर के लोकों को या उत्कृष्ट कारण को भी (अस्कभायत्) थाम रहा है, अपने वश में करता है। और जो (विचक्रमाणः) विविध रूप से क्रमण करता हुआ, सर्वत्र कारण के अवयवों को विविध प्रकार से संयुक्त करता हुआ (त्रेधा) तीन प्रकार से तीनों लोकों में, अग्नि, वायु, सूर्य इन तीन शक्तियों द्वारा सर्वत्र व्यापक होता हुआ, वह (उरुगाय.) महान् व्यापक, सबका स्तुत्य, या सबको वेद द्वारा समस्त पदार्थों का उपदेष्टा है। उस (विष्णो.) व्यापक परमेश्वर के (नुकम्) ही (वीर्याणि च) वीर्यों या नाना सामर्थ्यों का (प्रवोचम्) उत्तम रीति से प्रवचन करूं, औरों को सिखाऊं और हे पुरुष ! उस (विष्णवे) परमेश्वर की उपासना के लिये (त्वा) तुझको मैं उपदेश करता हूं ॥

दिवो वा विष्णऽ उत वा पृथिव्या महो वा विष्णऽ उरोरन्तरिक्षात् । उभा हि हस्ता वसुना पृणस्वा प्रयच्छ दक्षिणादोत सव्याद्विष्णवे त्वा ॥ १६ ॥

विष्णुर्देवता । निचृदार्षी जगतीछन्दः । निषाद स्वर· ॥

भा०—हे (विष्णो) यज्ञरूप प्रजापते ! चराचर में व्यापक परमेश्वर ! (दिवः) आकाश, विद्युत् अग्नि से (उत वा मह·) बड़ी भारी (पृथिव्याः) और पृथिवी से, हे (विष्णो) परमेश्वर ! (उरोः) विशाल (अन्तरिक्षात्)

१६–२१ दीर्घतमा ऋषि । द० ॥

अन्तरिक्ष से तू हमारे (उभा हस्ता हि) दोनों हाथों को (वसुना) ऐश्वर्य से (आ पृणस्व) पूर दे । (दक्षिणात्) दायें (उत) और (सव्याद्) वायें से भी तू हमें नाना प्रकार का धन (आ प्रयच्छ) प्रदान कर । हे परमेश्वर ! (त्वा) तेरी हम (विष्णवे) यज्ञ या उपासना के निमित्त प्रार्थना करते हैं । अथवा (विष्णवे) आकाश, पृथिवी, अन्तरिक्ष से समस्त ऐश्वर्य प्रदान करनेवाले विष्णु, व्यापक परमेश्वर के लिये (त्वा) तुझ पुरुष को मैं उपदेश करता हूं ॥

राजा के पक्ष में—वह तीनों लोकों से ऐश्वर्यमय विज्ञान और धन का संग्रह करके प्रजा को प्रदान करे । हे पुरुष ! मैं तुझे ऐसे राज्य के कार्य में नियुक्त करूं ॥

प्र तद्विष्णु स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः ।
यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ॥ २० ॥

औतथ्यो दीर्घतमा ऋषिः । विष्णुर्देवता । विराड् आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(यस्य) जिसके (उरुषु) महान् (त्रिषु विक्रमणेषु) तीन प्रकार के विक्रम, तीन लोक या सत्व, रजस, तमस् त्रिगुणात्मक सर्ग में (विश्वा भुवनानि) समस्त उत्पन्न होने वाले पदार्थ और लोक (अधि-क्षियन्ति) निवास करते हैं । (तद्) वह (विष्णु) व्यापक परमेश्वर अपने महान् (वीर्येण) सामर्थ्य के कारण (कुचरः) वनादि में विचरने वाले (गिरिष्ठा) पर्वतों के वासी (भीम. मृगः न) भयानक व्याघ्र या सिंह के समान (कुचरः) पृथिव्याकाशादि में व्यापक (गिरिष्ठा) समस्त वेदवाणियों में प्रतिपाद्यरूप से स्थित (प्र स्तवते) सबसे उत्कृष्टरूप से वर्णन किया जाता है या वह (प्र स्तवते) सबको उपदेश देता है ॥

राजा के पक्ष में—जिस राजा के महान् प्रज्ञा, उत्साह और शक्ति तीन प्रकार के विक्रमों के वश में समस्त लोक प्राणी बसते हैं वह वनचर

गिरिगुहावासी सिंह के समान भया वह अपने वीर्य के कारण ही स्तुति को प्राप्त होता है।

विष्णो॑ र॒राट॑मसि॒ विष्णोः॒ श्नप्त्रे॒ स्थो॒ विष्णोः॒ स्यूर॑सि॒ विष्णो॑र्ध्रु॒वो॑ऽसि। वै॒ष्ण॒वम॑सि॒ विष्ण॑वे त्वा॥ २१॥

विष्णुर्देवता ॥ भुरिगार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे जगत् ! तू (विष्णो रराटम् असि) विष्णु, व्यापक परमेश्वर से उत्पन्न होता और उसके द्वारा वेदरूप से प्रकाशित किया जाता है। हे जड़ और चेतन दोनों प्रकार के पदार्थों ! तुम दोनो (विष्णो) विष्णु, व्यापक परमेश्वर के (श्नप्त्रे स्थ) दो प्रकार की शुद्ध शक्तियें हो। हे वायो ! तू सब प्राणियों के भीतर (विष्णो) व्यापक परमेश्वर के शक्ति से ही (स्यूः असि) सीनेवाला परम सूत्र है। हे आत्मन् ! तू (विष्णो) व्यापक परमेश्वर के सामर्थ्य से ही (ध्रुव असि) सदा ध्रुव, अविनाशी है। हे समस्त जगत् ! (वैष्णवम् असि) तू उसी परमेश्वर का बनाया हुआ है। हे पुरुष ! (त्वा विष्णवे) तुझको मैं व्यापक परमेश्वर की अर्चना के लिये नियुक्त करता हूं।

राजपक्ष में—(विष्णो) व्यापक राज्यव्यवस्था का हे राजन् ! तू (रराटम् असि) ललाट मस्तक भाग है। हे दोनों विद्वानो ! तुम उस राज्य के मुख्य भाग हो। हे पुरुष ! तू राज्य का सीवन करने वाला हो ! हे राजन् ! तू (विष्णो ध्रुव असि) राज्य का ध्रुव, संस्थापक स्तम्भ है। हे राज्य के प्रजाजन ! या राष्ट्र ! तू (वैष्णवम् असि) विष्णु अर्थात् यज्ञ सम्बन्धी है या उस (विष्णवे त्वा) तुझे उस व्यापक शासन के लिये ही व्यवस्थित करता हूं।

[1]दे॒वस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम्। [2]आद॑दे॒ नार्य॑सी॒दम॒हꣳ रक्ष॑सां ग्री॒वा अपि॑ कृन्तामि। बृ॒हन्न॑सि

बृहद्र॑वा बृह॒तीमिन्द्रा॑य॒ वाचं॑ वद ॥ २२ ॥

सविताश्वि-रक्षोघ्नभुपरवाश्च यज्ञो वा देवता । (१) साम्नीपंक्ति । पञ्चम (२) भुरिगार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे स्त्री ! (सवितुः) सर्वोत्पादक (देवस्य) परमेश्वर के (प्रसवे) इस ऐश्वर्यमय संसार में (अश्विनोः) स्त्री पुरुष, जायापति की बाहुओं और (पूष्णः) पुष्टिकारक पोषक पति के (हस्ताभ्याम्) हाथों से (आददे) स्वीकार करता हूं। हे स्त्रि ! तू (नारी असि) नारी गृहस्थ के समस्त कार्यों की नेत्री है और (अहं) मैं पुरुष तेरा पति (इदम्) यह इस प्रकार से (रक्षसां ग्रीवा. अपि कृन्तामि) विघ्नकारी दुष्ट पुरुषों की गर्दनों को काटूं। हे विद्वान् पुरुष ! तू (बृहन् असि) हम में सबसे बड़ा, ज्ञानवृद्ध है। तू (बृहद्-रवा) बड़ा भारी उपदेशक है। तू (इन्द्राय) इन्द्र ऐश्वर्यवान् राजा को (बृहतीं वाचम् वद) बृहती वेदवाणी का उपदेश कर ॥

सेना के पक्ष में—राजा के राज्य में मैं सेनापति उस 'नारी' अर्थात् मनुष्यो को बनी सेना को अपने वश करूं। मैं दुष्ट पुरुषों की गर्दन काटूं। विद्वान् पुरुष राजा को वेदवाणी या राज नीति का उपदेश करें ॥

[१]र॒क्षो॒हणं॑ बलग॒हनं॑ [२]वैष्ण॒वीमि॒दम॒हं तं व॑ल॒गमुत्कि॑रामि॒ यं मे॒ निष्ट्यो॒ यम॒मात्यो॒ निच॒खाने॒दम॒हं तं व॑ल॒गमुत्कि॑रामि॒ यं मे॑ स॒मा॒नो यमस॑मानो निच॒खाने॒दम॒हं तं व॑ल॒गमुत्कि॑रामि॒ [३]यं मे॒ सब॑न्धु॒र्यमस॑बन्धु॒र्निच॒खाने॒दम॒हं तं व॑ल॒गमुत्कि॑रामि॒ यं मे॑ सजा॒तो यमस॑जातो निच॒खानोत्कृ॒त्यां कि॑रामि ॥ २३ ॥

वलग उत्कृत्या कृत्या वा विष्णुर्यज्ञो वा देवता (१) याजुषी बृहती (२) स्वराड् ब्राह्मी उष्णिक् । ऋषभः ॥

२२—'० रक्षसो ग्रीवा०' इति काण्व० ।

२३—यज्ञो देवता । दया० । इदमहं तद्वलगमुद्वपामि (४), कृत्यां किरामि इति काण्व० ।

भा०—पूर्व मन्त्र से 'इन्द्राय बृहतीं वाच वद' इसकी अनुवृत्ति आती है। हे विद्वान् पुरुष ! तू (रक्षोहणम्) राक्षस, दुष्ट पुरुषों के नाश करने वाली (वलगहनम्) बलग-हन्' अर्थात् गुप्त हिंसा के प्रयोगों को विनाश करने वाली (वैष्णवी) यज्ञ, परस्पर सगतिकारिणी राष्ट्रनीति रूप (बृहतीम्) विशाल वेदवाणी का (वद) उपदेश कर। (अहम्) मैं (इदम्) इस प्रकार (तम् वलगम्) उस गूढ़ हिंसा प्रयोग को (उत् किरामि) खोद कर परे करूं, (यम्) जिस हिंसाकारी प्रयोग को (मे) मेरा (निष्ट्य) सन्तान, पुत्र आदि, (यम्) जिस गुप्त घातक प्रयोग को (अमात्य) मेरा पुत्र और जिसको अमात्य मन्त्री, या मेरे गृहका कोई सम्बन्धी या मेरा साथी, मेरे विपरीत (निचखान) गाड़े। इसी प्रकार (यम्) जिसको (मे समान) मेरे बल विद्या में समान या (असमान.) मेरे असमान, न्यून या अधिक बलशाली पुरुष (निचखान) गाड़े (तम् वलगम्) उस गुप्त, सवृत घातक प्रयोग को भी (इदम् अहम्) मैं इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से (उत् किरामि) खोद डालू। (मे सबन्धु) मेरे कुलशील आदि में बन्धु के समान और (यम्) जिस गुप्त प्रयोग को (असबन्धु) बन्धु जनों से दूसरा व्यक्ति (निचखान) गाड़े (इदम्) यह (अहम्) मैं (त वलगम्) उस गुप्त घातक प्रयोग को भी (उत्किरामि) उखाड़ दू और (यम्) जिस गुप्त प्रयोग को (सजात) मेरे साथ उत्पन्न भ्राता सहोदर भाई और (यम्) जिस घातक प्रयोग को (असजात) सहोदर भ्राता आदि से अतिरिक्त आदमी (निचखान) गाड़ दे (तम्) उसको भी मैं (इदम्) यह प्रत्यक्ष रूप में (उत् किरामि) उखाड़ दूं। इस प्रकार मैं सब (कृत्याम्) घातक गुप्त क्रिया को (उत् किरामि) उखाड़ दूं, निर्मूल कर दू॥

इस मन्त्र में महर्षि दयानन्द का 'बल-गहनम्', 'बलगहन्' इत्यादि पाठ स्वीकार करना चिन्ता का विषय है॥

वलग=वल वल्ल संवरणे। संवृतरूपेण गच्छति इति वलगः। शतपथ [का० ३। ५। ४। ३ ७-१४] में 'वलगा कृत्या' का वर्णन किया है। यह वह कृत्या है जिसका अथर्ववेद का० १०। १। ३१ तथा ५। ३१। १-१२। में वर्णन किया गया है॥

स्वराडसि सपत्नहा सत्रराडस्यभिमातिहा जनराडसि रक्षोहा सर्वराडस्यमित्रहा ॥ २४ ॥

उपरवा सूर्यविद्वांसौ वा देवता। भुरिगार्ष्यनुष्टुप्। गाधारः॥

भा०—हे राजन्! तू (स्वराट्) स्वयं सर्वोपरि विराजमान, (सपत्नहा) शत्रुओं का नाश करने वाला (असि) है। तू (अभिमातिहा) अभिमान करने वाले, गर्वीले शत्रुओं का हन्ता और (सत्रराट्) सत्रों, यज्ञों में विद्वत्सभाओं, या एकत्र परस्पर की रक्षा करने वाले संघों में सर्वोपरि विराजमान (असि) होता है। हे राजन्! तू (रक्षोहा) राक्षस, विघ्नकारी पुरुषों का नाशक होकर (जनराड् असि) समस्त जनों पर राजा के समान विराजता है। तू (अमित्रहा) अमित्र, न स्नेह करने वाले शत्रुओं का नाशक होकर (सर्वराट् असि) समस्त प्रजाओं व राजा के रूप में विराजमान होता है॥

[१]रक्षोहणो वो वलगहनः प्रोक्षामि वैष्णवान् रक्षोहणो वो वलगहनोऽवनयामि वैष्णवान् रक्षोहणो वो वलगहनोऽवस्तृणामि वैष्णवान् रक्षोहणौ वां [२]वलगहनाऽउपदधामि वैष्णवी रक्षोहणौ वां वलगहनौ पर्यूहामि वैष्णवी वैष्णवमसि वैष्णवा स्थ ॥ २५ ॥

विष्णुर्यज्ञो वा देवता। (१) ब्राह्मी बृहती। मध्यमः।
(२) आर्षी पंक्तिः। पञ्चमः॥

२४—सूर्यविद्वांसौ देवते। द०। स्वरासि औपरवाणि चत्वारि। सर्वा०। '०राकसि०' (४) इति काण्व०॥

२५—'रक्षोहणो वलगहन' (४) इतिकाण्व०।

भा०—(वैष्णवान्) विष्णु, सर्वव्यापक यज्ञमय, राष्ट्र के पालक (रक्षोहण.) राक्षसों के नाशकारी (वलग-हनः) शत्रु के घातक प्रयोगों को नाश करने वाले (वः) आप लोगों को मैं (प्रोक्षामि) अभिषिक्त करता हूं। (अव-स्तृणामि) आप सब वीर पुरुषों को अपनी रक्षा में रखता एव सुरक्षित रखता हूं। हे प्रधान अधिकारियो ! आप दोनों भी (रक्षोहणौ वलग-हनौ) राक्षसों और इनके गुप्त घातक प्रयोगों के नाशक हो। तुम दोनों को (उपदधामि) मैं अपने समीप के पद पर नियुक्त करता हूं और इसी प्रकार पूर्वोक्त गुणवान् दो वीरों को (पर्यूहामि) विवेक से निश्चित करके उचित पद पर नियुक्त करता हूं। यही (वैष्णवी) विष्णु अर्थात् यज्ञ के स्थापना और रक्षा की उचित रीति है। हे राष्ट्र ! तू (वैष्णवम् असि) विष्णु, राज्यपालनरूप सद्व्यवस्था का स्वरूप है। और हे शासक वीर, अधिकारी पुरुषो ! आप लोग भी (वैष्णवा· स्थ) विष्णु, प्रजापति राजा के उपकारक भाग हो। अध्यात्मपक्ष में शतपथ ने इन इन्द्रियों को विष्णुरूप आत्मा के उपकारक, रक्षोघ्न संवरणकारी अज्ञान का नाशक माना है। उनमें प्राणों का स्थापन प्रोक्षण है, उनमें चेतना का स्थापन अवनयन है, लोमादि लगाना अवस्तरण है, उनमें दो जबाड़े स्थित है, उनको दृढरूप से स्थापित करना पर्यूहण है। वहा शरीरमय अध्यात्म यज्ञ का वर्णन है ।

इसमें महर्षि दयानन्द ने 'बल-गहनः' 'बलगहनौ' इत्यादि पाठ स्वीकार किया है।

[१]देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। आददे नार्यसीदमहꣳ रक्षसां ग्रीवा ऽ अपि कृन्तामि। [२]यवोऽसि यवयास्मद् द्वेषो यवयारातीर्दिवे त्वा ऽन्तरिक्षाय त्वा पृथिव्यै त्वा शुन्धन्तांल्लोकाः पितृषदनाः पितृषदनमसि ॥ २६ ॥

यज्ञो औदुम्बरी पितरश्च यज्ञो वा देवता। (१) आर्षी पंक्तिः। पचम.। (२) निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

२६—शुंधन्तापित्र्ये। सर्वा०। यज्ञः। द०। ०रक्षसा ग्रीवा० इति काण्व० ॥

भा०—(१) (देवस्य त्वा००अपि कृन्तामि) व्याख्या देखो अ० ५। म० २२ ॥ (२) हे राजन् तू (यव असि) तू हमारे शत्रुओं को दूर करने में समर्थ है। अत. तू 'यव' है। तू (अस्मत्) हम से (द्वेष.) द्वेष करनेवालों को या ईर्षादि दोषो को (यवय) दूर कर। और (अराती) शत्रुओ को जो हमें कर नहीं देते हैं उनको भी (यवय) दूर कर। (पितृषदनाः) पिता, पालक, ज्ञानी पुरुषों के पदों पर विराजमान देश के पालक (लोका:) समस्त लोक प्रजाजन हे राजन् ! त्वा) तुझे (दिवे) द्यौलोक मे सूर्य के समान स्थापन करने के लिये (अन्तरिक्षाय) अन्तरिक्ष में वायु के समान और (पृथिव्यै) पृथिवी के हित के लिये (शुन्धताम्) शुद्ध करें, अभिषेक करे। तू स्वयं (पितृषदनम् असि) समस्त प्रजा के पालक पुरुषो का आश्रय है।

उद्दिवꣳस्तभानान्तरिक्षं पृण दृꣳहस्व पृथिव्यां द्युतानस्त्वा मारुतो मिनोतु मित्रावरुणौ ध्रुवेण धर्मणा। ब्रह्मवनि त्वा क्षत्रवनिं रायस्पोषवनि पर्यूहामि। ब्रह्म दृꣳह क्षत्रं दृꣳहायुर्दृꣳह प्रजां दृꣳह ॥२७॥

औदुम्बरी यज्ञो वा देवता। ब्राह्मी जगती छन्दः। निषाद. स्वरः॥

भा०—हे राजन् (दिवम्) द्यौलोक या प्रकाशमान पिण्डों को या प्रकाश को जिस प्रकार सूर्य उठा रहा है। उस प्रकार तू भी (उत् स्तभान) प्रकाश या ज्ञान और उत्तम पुरुषों को ऊपर स्थापित कर। (अन्तरिक्षम् पृण) अन्तरिक्ष को जिस प्रकार वायु पूर्ण कर रहा है उसी प्रकार अन्तरिक्ष को या मध्यम श्रेणी के लोगों को पूर्ण कर या पालन कर। और तू (पृथिव्याम्) इस पृथिवी पर (दृंहस्व) राष्ट्र की वृद्धि कर। (द्युतान) देदीप्यमान, तेजस्वी. पुरुष (मारुतः) वायु के समान प्रबल होकर (त्वा) तुझको (मिनोतु) संचालित करे। (मित्रावरुणौ) मित्र न्यायकर्त्ता और वरुण, दुष्टो का वारक दोनो अधिकारी जन भी (ध्रुवेण

धर्मणा) अपने ध्रुव, स्थायी, सामर्थ्य से (त्वा मिनुताम्) तुझे सञ्चालित करें। (त्वा) तुझको (ब्रह्मवनि) ब्रह्म, ब्राह्मणों का पोषक, (क्षत्रवनि) क्षात्रबलत्र का पोषक (रायस्पोषवनि) धनों के, ऐश्वर्यों को पुष्ट के करने वाला (पर्यूहामि) जानता हूं, एवं नियत करता हूं। तू (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञान और विद्या बल को (दृंह) बढ़ा। (क्षत्रं दृंह) क्षात्रबल को व वीर्य को बढ़ा। (आयु दृंह) आयु को बढ़ा। (प्रजाम् दृंह) प्रजा की वृद्धि कर ॥

ध्रुवासि ध्रुवोऽयं यजमानोऽस्मिन्नायतने प्रजया पशुभिर्भूयात्। घृतेन द्यावापृथिवी पूर्येथामिन्द्रस्य छदिरसि विश्वजनस्य छाया ॥ २८ ॥

द्यावापृथिव्यौ इन्द्रश्च यज्ञो वा देवता। आर्षी जगती। निषाद ॥

भा०—हे पृथिवी अथवा हे महान् शक्ति! तू (ध्रुवा असि) तू ध्रुव, सदा स्थिर है। उसी प्रकार (अयं) यह (यजमानः) यजमान, दानशील या संगतिकारक व्यवस्थापक राजा भी (अस्मिन् आयतने) इस आयतन, गृह, प्रतिष्ठा के स्थान पर (प्रजया) प्रजा और (पशुभिः) और पशुओं सहित (ध्रुव भूयात्) ध्रुव, स्थिर होकर रहे। हे (द्यावापृथिवी) आकाश और भूमि! तुम दोनों (घृतेन) तेज, घृत आदि पुष्टिकारक पदार्थों से (पूर्येथाम्) पूर्ण होवो। अथवा हे पृथिवी और सूर्य या प्रजा और राजन्! एवं पति और पत्नि! तुम दोनों आकाश और भूमि के समान पुष्टिकारक पदार्थों से पूर्ण रहो। हे राजशक्ते! तू (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवान् राजा के लिये या ऐश्वर्यवान् राष्ट्र के लिये (छदिः) छदि अर्थात् छत हो। उसको सब दुखों और आघातों से बचानेवाली आड़ हो। हे राजन्! तू (विश्वजनस्य छाया) सब श्रेणियों के मनुष्यों के लिये (छाया) छाया, शरण या आश्रय (असि) है।

२८—'–वासि ध्रुवोऽस्मिन् यजमान आयतने भूयात्०' इति काण्व० ॥

परि॑ त्वा गिर्वणो॒ गिर॑ऽइ॒मा भ॑वन्तु वि॒श्वत॑: ।
वृ॒द्धायु॒मनु॒ वृद्ध॑यो॒ जुष्टा॑ भवन्तु॒ जुष्ट॑यः ॥ २६ ॥

मधुच्छन्दा वैश्वामित्रो ऋषि. । इन्द्र ईश्वरः ! सभाध्यक्षौ वा देवते । अनुष्टुप् ।
गान्धारः ॥

भा०—हे (गिर्वणः) समस्त वाणियों, स्तुतियों को भजन करने वाले ! उनके उपयुक्त पात्र (इमा गिर) ये समस्त वाणियां (विश्वतः) सब प्रकार से (त्वा परि) तेरे ही लिये (भवन्तु) हों । (वृद्धायुम्) वृद्ध, दीर्घजीवी, वृद्ध पुरुषों से युक्त या महापुरुष तुझको (अनु) लक्ष्य करके ही (वृद्धयः) ये सब बढ़ी हुई सम्पत्तियां और (जुष्टयः) तृप्त करनेवाली भोग सम्पत्तियां भी (जुष्टाः भवन्तु) प्राप्त हों ॥

ईश्वरपक्ष में—हे ईश्वर ! समस्त स्तुतियों के पात्र ! ये सब स्तुतियां तेरी ही हैं । ये सब सम्पत्ति ऐश्वर्य भी तुझे ही प्राप्त हैं ।

इन्द्र॑स्य स्यू॒र॒सीन्द्र॑स्य ध्रु॒वो॒ऽसि ऐ॒न्द्रम॑सि वैश्वदे॒वम॑सि ॥ ३० ॥

इन्द्रो विश्वे देवताः ईश्वरसभाध्यक्षौ वा देवते । आर्च्युष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—हे सभापते ! हे राजन् ! तू (इन्द्रस्य) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् राजपद का (स्यूः) सूत्र के समान सीकर उसे दृढ़ करनेवाला है । जिस प्रकार सूत्र वस्त्र के खण्डों को सीकर दृढ़ कर देता है उसी प्रकार राजा भी राष्ट्र के भिन्न २ ऐश्वर्यवान् भागों को सीकर दृढ़ कर देता है । (इन्द्रस्य) इन्द्र, राजा के पद को तू (ध्रुवः) ध्रुव, उसको स्थापन करनेवाला या उस पर स्थिररूप से विराजने वाला है । हे राजसिंहासन पद ! या हे राष्ट्र !

२६—ईश्वरसभाध्यक्षौ देवते । द० । अनिरुक्ता ऐन्द्री । सर्वा० । २०-३५ मधुच्छन्दा ऋषि । द० ॥

३०—ईश्वरसभाध्यक्षौ । द० ॥

तू (इन्द्रम्) इन्द्र का पद (असि) है । तू (वैश्वदेवम् असि) समस्त देव, विद्वान् पुरुषों को सम्मिलित एक सामूहिक मानपद है ।

इसी प्रकार ईश्वर पक्ष में—ईश्वर, इन्द्र आत्मा को अपने साथ सीनेवाला उसको ध्रुव आश्रय, उसका प्रेमी, स्वयं ऐश्वर्यवान्, सर्व देवों का हितकारी है ॥

विभूरसि प्रवाहणो वह्निरसि हव्यवाहनः ।
श्वात्रोऽसि प्रचेतास्तुथोऽसि विश्ववेदाः ॥ ३१ ॥

धिष्ण्या अग्नयो देवता । विराडार्च्युनुष्टुप् । गान्धार. ॥

भा०—हे राजन् ! तू (विभू असि) विशेष ऐश्वर्य और सामर्थ्य से युक्त और (प्रवाहण) महानद नौका या रथ के समान सब प्रजाओं के भार को अपने ऊपर उठा लेने में समर्थ है। और हे विद्वन् ! (वह्नि) जिस प्रकार अग्नि समस्त (हव्यवाहन.) आहवनीय पदार्थों को वहन करता है उसी प्रकार तू सभी राज्य के पदार्थों और कार्यों को वहन करने में समर्थ और (हव्य वाहनः) ग्राह्य पदार्थों और समस्त ज्ञानों का धारण करनेहारा (असि) है । हे विद्वन् ! तू (श्वात्र.) ज्ञानवान्, सर्वत्र पहुंचने वाला या कल्याण-कारी, (प्रचेता·) प्राण के समान सबको चेतना देनेवाला, सबका शिक्षक और ज्ञानदाता है । हे विद्वन् ! तू (विश्ववेदा) जिस प्रकार सब प्राणियों में वायु समस्त विश्व के पदार्थों में व्याप्त है उसी प्रकार तू भी सबको प्राप्त करनेवाला है, सर्वज्ञाता या सब धनों का स्वामी और (तुथ असि) तू ज्ञान का वर्धक या सबको ऐश्वर्य बांटने वाला है । इस प्रकार यहां चार विशेष पदाधिकारियों या राजा के ही चार स्वरूपों का वर्णन है ॥

तुथो ह स्म वै विश्ववेदा देवानां दक्षिणा विभजतीति । तैत्ति० ।

शिवा ह्यापस्तस्मादाह श्वात्रा. स्थेति । श० ३ । ७ । ४ । १६ ॥

उशिगसि कविरङ्घारिरसि बम्भारिरवस्यूरसि दुवस्वाञ्छुन्ध्यूरसि मार्जालीयः । सम्राडसि कृशानुः परिषद्योऽसि पवमानो नभोऽसि प्रतक्वा मृष्टोऽसि हव्यसूदन ऽऋतधामासि स्वर्ज्योतिः॥३२॥

आहवनीयो वहिष्पवमानदेशा , चात्वाली , शामित्रः, औदुम्बरीय अग्निर्वा देवता ।

स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत ।

भा०—हे राजन् ! तू (उशिग्) सबका वश करने हारा एवं कान्तिमान्, तेजस्वी और (कविः) क्रान्तदर्शी, मेधावी (असि) है । तू (अंघारिः) अघ अर्थात् पापी कुटिल जीवों या पापों का अरि शत्रु है । और (बम्भारिः) पापी दुष्ट पुरुषों का बांधने वाला या सबका भरण पोषण करने में समर्थ है । तू (अवस्यूः) अपने नीचे के समस्त कार्य कर्त्ताओं को सिये रहता या परस्पर संयुक्त किये रहने में समर्थ या (अवस्यू) रक्षा करने में समर्थ है और (दुवस्वान्) अन्न या सेवा करने योग्य ऐश्वर्य गुण से युक्त है । तू (शुन्ध्यूः) स्वयं शुद्ध, निष्पाप और (मार्जालीयः) अन्यों का भी शोधन करने हारा, पापों को पता लगाकर उनका दण्ड देकर पापों का शोधने हारा (असि) है । तू (परिषद्य.) परिषद् विद्वानों की सभा में विराजने हारा है, उस द्वारा राजा बनाया जाता है और तू (पवमानः) सत्या सत्य का निर्णय करके सत्य के बल से पवित्र करने वाला है । तू (नभः) सबको परस्पर बांधने, संगठित करने हारा या चोरादि को वध दण्ड देने वाला या उनको बांधने वाला और (प्रतक्वा)[1] उनको खूब अच्छी प्रकार पीड़ा देने वाला (असि) है । तू (मृष्ट.[2]) सबको सेचन करने हारा, सबका पोषक या सहिष्णु और तितिक्षु और (हव्यसूदनः)[3] समस्त अन्नों और ऐश्वर्य के पदार्थों को क्षरित करने वाला, सबको प्रदान करने

३२—१ तकि कृच्छ्र जीवने भ्वादिः । २. मृषु सेचने, सहने च, भ्वादी । मृषति तितिक्षायाम चुरादि. । ३ षूद क्षरणे चुरादि । भ्वादिश्च । अग्निर्देवता । ८०॥

वाला (असि) है। (ऋतधामासि) सत्य का धारण करने वाला सत्य का आश्रय और और जलके धारण करने में समर्थ सूर्य के समान (स्वर्ज्योति.) आकाश मे चमकने वाला साक्षात् सूर्य है या (स्व.ज्योति.) शत्रुओं का उपताप देने हारे प्रचण्ड भानु के समान (असि) है। ये ही सब विशेषण ईश्वर के भी हैं।

समुद्रोऽसि विश्वव्यंचा ऽअजोऽस्येकपादहिरसि बुध्न्यो वागस्यैन्द्रमंसि सदोस्यृतस्य द्वारौ मा मा सन्ताप्तमध्वनामध्वपते प्र मा तिर स्वस्ति मेऽस्मिन् पथि देवयाने भूयात् ॥ ३३ ॥

ब्रह्मासन, शालाद्वार्य., प्राजहित , सद , द्वार्ये, सूर्यश्च अग्निर्वा देवता ।
ब्राह्मी पंक्ति । पञ्चम· ॥

भा०—हे विद्वन् ! और हे ईश्वर ! तू (विश्वव्यचा) समस्त विश्व में व्यापक, अपने समस्त राष्ट्रवासी जनों मे व्यापक, उनको प्राप्त और (समुद्रः असि) समुद्र के समान, अगाध ज्ञान और ऐश्वर्य से सम्पन्न और समुद्र के समान गंभीर और अक्षय है। हे ईश्वर ! तू (एकपात्) एकस्वरूप, एकमात्र अद्वितीय, या अपने एक चेतन रूप में ही समस्त विश्वको धारण करने हारा और (अज असि) कभी शरीर मे बद्ध होकर उत्पन्न न होने वाला, अनादि है। हे राजन् ! तू भी (एकपात् अज. असि) एकछत्र राजा के रूप मे ज्ञात, और राष्ट्र में व्यापक है। हे ईश्वर ! तू (बुध्न्यः) सब के मूल आश्रय में विराजमान और (अहि असि) अविनाशी कभी विनाश को प्राप्त नहीं होता। हे सेनापते ! तू राष्ट्र का (बुध्न्य.) आश्रय और (अहि·) किसी से न मारने योग्य, सब से अधिक बलवान् है। हे ईश्वर ! तू (ऐन्द्रम् असि, वाग् असि) इन्द्र, ऐश्वर्यमय है और तू वाणी, ज्ञान

३३—" बुध्न्य. सम्राडसि० ०सूदन [३२] समूद्रोसिविश्ववेदा उतातिरिक्तस्य प्रतिष्ठा ।' इति० काण्व० ॥

मय वेदरूप है। हे विद्वन्! तू इन्द्र के पद का स्वामी और वाक्, सबका उपदेष्टा, आज्ञापक है। हे ईश्वर! तू (सदः) सबका आश्रय स्थान है। हे विद्वत्सभे! तू भी (सद असि) स्वयं परिषद् या विद्वानों का आश्रय स्वरूप है। हे (ऋतस्य) सत्य व्यवहार के (द्वारौ) द्वार भूत दण्ड कर्त्ता और न्यायकर्त्ता! तुम दोनों! (मा) मुझ सत्यवादी प्रजाजन को (मा संताप्तम्) कष्ट मत दो, पीड़ित मत करो। हे (अध्वपते) समस्त मार्गों के स्वामिन्! (मा) मुझको (अध्वनाम्) सब मार्गों के (प्र तिर) पार उतार दे। (अस्मिन्) इस (देवयाने) देव विद्वानों के चलने योग्य (पथि) मोक्ष मार्ग में (मे) मेरा (स्वस्ति भूयात्) सदा कल्याण हो। हे राजन्! तेरे इस (देवयान) विद्वानों के जाने योग्य सदाचार रूप मार्ग में या राजोचित मार्ग में चलते हुए मेरा सदा कल्याण हो।

मित्रस्य मा चक्षुषेक्षध्वमग्नयः सगराः सगरा स्थ सगरेण नाम्ना रौद्रेणानीकेन पात माग्नयः पिपृत माग्नयो गोपायत मा नमो वोऽस्तु मा मा हिंसिष्ट ॥ ३४ ॥

ऋत्विजोऽग्निर्वा देवता। स्वराड् ब्राह्मी बृहती। मध्यमः ॥

भा०—उक्त सब विद्वान पुरुष और अधिकारी जन अग्निरूप हैं। उनको राजा स्वयं अग्नियों को यजमान के समान स्थापित करता है और उनके प्रति कहता है। हे (अग्नयः) विद्वान पुरुषो! (मा) मुझको (मित्रस्य चक्षुषा) मित्र की आंख से (ईक्षध्वम्) देखा करो। हे (सगराः) विद्योपदेश के सहित ज्ञानी पुरुषो! आप लोग (सगराः स्थ) सभी समान रूप से ज्ञानवान् एवं स्तुति के पात्र हो। आप लोग अपने (सगरेण) ज्ञान उपदेश सहित (नाम्ना) नमन करने वाले, शिक्षाकारी बल

३४—ऋत्विज। सर्वा०। 'अग्नयः सगरा.० ०पिपृत माग्नयो नमो वोऽस्तु०' इति काण्व० ॥

और (रौद्रेण अनीकेन) शत्रुओं को रुलाने वाले सैन्य से (मा पात) मेरी रक्षा करो। हे (अग्नयः) अग्नि के समान प्रकाशवान्, ज्ञानी पुरुषो ! (मा पिपृत) मेरा पालन करो और मेरी न्यून शक्तियों की पूर्ति करो। हे (अग्नयः) आगे सेनापति रूप में या अग्रणीरूप में चलने हारे अग्रगण्य नेता पुरुषो ! आप लोग (मा गोपायत) मेरी रक्षा करो। (व. नमः अस्तु) आप लोगों को मैं सदा नमस्कार या आप लोगों को राष्ट्र में सदा (नम.) नमनकारी वज्र बल, प्राप्त हो। तो भी (मा मा हिंसिष्टम्) आप लोग मेरा कभी घात मत करें।

ज्योतिरसि विश्वरूपं विश्वेषां देवानाᳬं समित् त्वᳬं। सोम तनूकृद्भ्यो द्वेषोभ्योऽन्यकृतेभ्य ऽउरु यन्तासि वरूथᳬं स्वाहा। जुषाणो ऽअप्तुराज्यस्य वेतु स्वाहा ॥ ३५ ॥

क्रतुर्भार्गवऋषिः। विश्वेदेवाः सोमोग्निर्वा देवता। निचृद्ब्राह्मी पंक्तिः। पञ्चम ।

भा०—हे राजन् ! तू (विश्वरूपं ज्योतिः असि) नानारूप से प्रकाशित होने वाला या सब प्रकार का ज्योति प्रकाशक, सूर्य के समान तेजस्वी है। और (विश्वेषां देवानाम्) समस्त देवों, विद्वानों और राज-पदाधिकारियों को (सम्-इत्) अच्छी प्रकार तेजस्वी बनाने और चमकाने वाला है। हे (सोम) सब के प्रेरक राजन् ! तू (तनूकृद्भ्य.) शरीरों के नाश करने वाले (द्वेषोभ्य) और परस्पर द्वेष कलह करने वाले और (अन्यकृतेभ्य.) अन्य अर्थात् शत्रुओं से किये गये या लगाये गये गूढ़ शत्रुओं से भी राष्ट्र को बचाने के लिये (उरु वरूथम्) शत्रु के वारण करने में समर्थ विशाल सेना बल को (यन्तासि) नियमन करता है। (सु-आहा) तेरे निमित्त हमारा यह उत्तम त्याग है (आज्यस्य) आज्य, घृत के समान

३५—अग्निर्देवता। द०। क्रतुर्भार्गव ऋषि.। सर्वा०।

३५—अगस्त्यऋषि। द०॥

पुष्टिकारक या आज्य, संग्राम योग्य बलवीर्य को (जुषाणः) सेवन एवं प्राप्त करता हुआ (अन्तु) आप्त राजा (स्वाहा) उत्तम व्यवस्था से, इस उत्तम आहुति को (वेतु) प्राप्त करे।

ईश्वर पक्ष में—सब देवों, दिव्य पदार्थों का प्रकाशक, 'विश्वरूप' ज्योति परमेश्वर है। हे सोम परमेश्वर ! हमारे शरीर के नाशक और अन्य सब द्वेषों को भी नियमन करने वाला तू ही स्वयं बड़ा भारी बल है। तू ही सर्व व्यापक समस्त आज्य=बल वीर्य का स्वामी होकर हमें भली प्रकार प्राप्त है।

अग्ने नयं सुपथा रायेऽ अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्युस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठान्ते नमऽउक्तिं विधेम ॥ ३६ ॥

अगस्त्य ऋषि, अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः स्वरः।

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी ज्ञानवान् पुरुष ! राजन् ! हे (देव) देव ! विद्वन् ! तू (विश्वानि) समस्त (वयुनानि) प्रशस्त कर्मों और मार्गों, ज्ञानों और प्रजाओं को (विद्वान्) जानता हुआ (राये) धन, ऐश्वर्य प्राप्त करने के लिये (अस्मान्) हमें (सुपथा) उत्तम मार्ग से (नय) ले चल। और (अस्मत्) हमसे (जुहुराणम्) कुटिल (एनः) पाप को (युयोधि) दूर कर। (ते) तेरे लिये हम (भूयिष्ठाम्) बहुत २ (नम उक्तिम्) नमस्कार वचन, स्तुति आदि और आदरसूचक वचन (विधेम) प्रयोग करें।

ईश्वर के पक्ष में स्पष्ट है।

अयं नोऽअग्निर्वरिवस्कृणोत्वयं मृधः पुरऽएतु प्रभिन्दन्। अयं वाजाञ्जयतु वाजसातावयꣳ शत्रूञ्जयतु जर्हृषाणः स्वाहा ॥३७॥

अग्निर्देवता। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

३७—'०वाजसाता अय०' इति काण्व०।

भा०—(अयम्) यह (अग्नि) अग्नि अग्रगामी, नेता पुरुष सेनापति ! (न) हमारी (वरिव) रक्षा (कृणातु) करे। अथवा (न. वरिव कृणोतु) हमारे लिये ऐश्वर्य प्रदान करे। और (अयम्) यह (मृध) सग्राम सम्बन्धी (पुर· प्रभिन्दन्) गढ़, पुरों, नगरों को तोड़ता हुआ (एतु) आवे। अथवा (मृध प्रभिन्दन्) सग्रामों को विजय करता हुआ (पुर. एतु) आगे बढ़े। और (वाजसातौ) सग्राम के कार्य मे (वाजान्) सग्रामो को और (वाजान्) धन, अन्न व ऐश्वर्य को भी (जयतु) विजय करे। और (जहृषाण.) खूब प्रसन्न हो होकर (स्वाहा) उत्तम आहुति, पराक्रम करता हुआ (शत्रून् जयतु) शत्रुओं को जीते।

उरु विष्णो विक्रमस्वोरु क्षयाय नस्कृधि।
घृतं घृतयोने पिब प्र प्र यज्ञपतिं तिर स्वाहा ॥ ३८ ॥

विष्णुर्देवता। अनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०— हे (विष्णो) विद्या आदि गुणो में व्यापक ! अथवा शत्रु के गढ़ो में और पूर्ण राष्ट्र में प्रवेश करने में चतुर ! सेनापते ! तू (उरु विक्रमस्व) खूब अधिक विक्रम पराक्रम कर। (न) हमारे (क्षयाय) निवास के लिये (उरु) बहुत अधिक ऐश्वर्य एव विशाल राष्ट्र का (कृधि) उत्पन्न कर। (घृतयोने) घृत से जिस प्रकार अग्नि बढ़ता है उसी प्रकार घृत अर्थात् दीप्ति और तेज के आश्रय भूत राजन् ! तू भी खूब (घृतं पिब) अग्नि के समान घृत=तेज, पराक्रम का पान कर, उसको प्राप्त कर। और (यज्ञपतिम्) जिस प्रकार विद्वान् जन यज्ञपति, यजमान को पार कर देते हैं उसको तार देते हैं, उसी प्रकार तू भी (यज्ञपतिम्) यज्ञरूप सुव्यवस्थित, सुसगत राष्ट्र के पालक राजा को (स्वाहा) अपनी उत्तम वीर्याहुति से (प्र प्र तिर) भली प्रकार विजय कार्य के पार कर दे

१देव सवितरेष ते सोमस्तᳪ रक्षस्व मा त्वा दभन्। २एतत्त्वं देव सोम देवो देवाँ२॥ उपागा ऽइदमहं मनुष्यान्त्सह रायस्पोषेण स्वाहा निर्वरुणस्य पाशान्मुच्ये ॥ ३९ ॥

सोमसवितारौ देवते। (१) साम्नी बृहती। मध्यम । (२) आर्षीपङ्क्तिः, पञ्चमः ॥

भा०—विजय करने के अनन्तर सेनापति राजा के प्रति कहे—हे (देव) देव, राजन्! हे (सवित) सब के प्रेरक और उत्पादक! (एषः सोमः) यह सोम, ऐश्वर्य समूह या राष्ट्र (ते) तेरा है। उसकी (रक्षस्व) रक्षा कर। इस रक्षा कार्य मे (त्वा) तुझको शत्रुगण (मा दभन्) न मार सकें। हे (देव) सुखप्रद ऐश्वर्यों के दाता राजन्! हे (सोम) ऐश्वर्य मय सबके प्रेरक! राजन्! तू (देवः) सब के अधिकार प्रदान करने हारा राजा, देव होकर (देवान्) अन्य अपने आधीन उसी प्रकार के राज शासकों को (उप अगाः) प्राप्त हो।

राजा का वचन—(अहम्) मैं (इदम्) इस प्रकार (रायः पोषेण सह) धनैश्वर्य की वृद्धि, पुष्टि के सहित (मनुष्यान्) राष्ट्र के मनुष्यों के प्रति (स्वाहा) अपने को राज्य रक्षा के कार्य में उत्तम रीति से आहुति करता हूं। और (वरुणस्य पाशात्) वरुण के पाश से अपने आपको (निर्मुच्ये) मुक्त करूं। अथवा (इदम् अहम् रायः पोषेण सह मनुष्यान् स्वाहा वरुणस्य पाशान् निर्मुच्ये) इस प्रकार मैं राजा धनैश्वर्य की वृद्धि के साथ २ सब मनुष्यों को (स्वाहा) अपने सत्यवाणी के प्रयोग से वरुण अर्थात् सबको दुख में डालनेवाले दुष्ट जन के पाश से छुड़ादूं। अथवा (वरुणस्य-पाशान् निर्मुच्ये) इस राज्याभिषेक के हर्ष में जो अपराधी वरुण अर्थात् दण्डधर राजा के पाशों में फंसे हुए हैं उन सबको छोड़ता है। राज्याभिषेक के अवसर पर राजा अपने बहुत से अपराधियों को बन्धन से मुक्त करते हैं। इसका यह मूल प्रतीत होता है॥

अग्ने॑ व्रतपास्त्वे व्र॑तपा या तव॑ तनूर्मय्यभूदेषा सा त्वयि॒ यो मम॑ तनूस्त्वय्यभूदियꣳ सा मयि॑ । यथायथं नौ॑ व्रतपते व्रतान्यनु मे दीक्षांदीक्षापति॑रमꣳस्तानु तप॒स्तप॑स्पतिः ॥ ४० ॥

अग्निर्देवता । निचृद् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—नियुक्त शासक जन राजा से अधिकार पद की दीक्षा इस प्रकार लेते हैं–हे अग्ने ! राजन् ! हे (व्रतपा.) समस्त व्रत अर्थात् राज्य कार्य्यों को पालन करनेहारे (त्वाम्) । तुझको हम वचन देते हैं कि (या) जो (एवं) तेरे (व्रतपाः) व्रतों, राज्य कार्य्यों और परस्पर के सत्य प्रतिज्ञाओं के पालन करनेवाला (तनू.) स्वरूप (मयि) मुझ में (अभूत्) है (एषा सा) यह वह (त्वयि) तुझ मे भी हो । (यो=या उ) और जो (मम) मेरा (तनूः) स्वरूप (त्वयि) तुझ में (अभूद्) विद्यमान है (सा इयम्) वह यह (मयि) मेर मे हो, अर्थात् राजा के शासकरूप से सौंपे अधिकार जो वह अपने अधीन अधिकारियों को प्रदान करता है वे राजा के ही समझे जांय । और जो अधिकार राजा के हैं वे कार्यनिर्वाह के अवसर पर अधिकारियों के समझें जांय, इस प्रकार राजा और राजकर्मचारी एक दूसरे के अधीन होकर रहें । हे (व्रतपते) व्रतो के पालक राजन् ! हम दोनों के (व्रतानि) कर्त्तव्य कर्म (यथायथम्) ठीक ठीक प्रकार से, उचित अधिकारो के अनुरूप रहें । (दीक्षापति.) दीक्षा अर्थात् अधिकारदान का स्वामी तू राजा (मे) मुझे (दीक्षाम्) योग्य पदाधिकार की प्राप्ति की (अनु अमंस्त) अनुमति दे । और (तपस्पति.) तप अर्थात् अपराधियो को सन्तप्त करने या दण्ड देने के सब अधिकारों का स्वामी राजा मुझको (तपः) दण्ड देने के भी अधिकार की (अनु अमंस्त) उचित रीति से अनुमति दे ॥

राजा और उसके अधीन शासकों का सा ही सम्बन्ध गुरु शिष्य का है । वे भी परस्पर इसी प्रकार प्रतिज्ञा करते हैं । हे अग्ने ! आचार्य ! तू व्रत

४०—० मात्वापि याभम ० इति काण्व० ॥

का पालक है। तेरे भीतर जो विद्या का विस्तार है वह मुझे प्राप्त हो। मेरा विद्याभ्यास एवं हृदय तेरे भीतर रहे। हम दोनों के व्रत ठीक २ रहें! समस्त दीक्षाओं के लिये दीक्षापति, आचार्य एवं परमेश्वर अनुमति दे। तपस्पती, हमारे तपों की अनुमति दे। हमें वह दीक्षाएं दे और तपस्याएं करने का आदेश दे॥

उरु विष्णो विक्रमस्वोरु क्षयाय नस्कृधि।
घृतं घृतयोने पिब प्रप्र यज्ञपतिं तिर स्वाहा॥ ४१॥

भा०—व्याख्या देखो म० ३८॥

अत्यन्याँ२॥ अगान्नान्याँ२ उपागामर्वाक्त्वा परेभ्योऽविदम्परोऽवरेभ्यः। तं त्वा जुषामहे देव वनस्पते देवयज्यायै देवास्त्वा देवयज्यायै जुषन्तां विष्णवे त्वा। ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीः॥ ४२॥

वनस्पतिः कुशतरुण परशुश्च अग्निर्वा देवता। स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(अन्यान् अति अगाम्) तेरे से भिन्न और शत्रु राजाओं को मैं अति क्रमण कर दूं और (अन्यान्) अन्य नाना राजाओं के समीप भी मैं (न उत अगाम्) न जाऊंगा। (परेभ्यः) परे के, अर्थात् दूर के राजाओं की अपेक्षा (त्वा) तुझे (अर्वाक्) समीप और (अवरेभ्यः) तेरी अपेक्षा अवर, निकृष्ट जनों की अपेक्षा तुझे (परः) उत्कृष्ट जानकर ही (त्वा अविदम्) तेरे समीप प्राप्त हुआ हूं। हे (देव) देव राजन्! हे (वनस्पते) महावृक्ष के समान छायाप्रद आश्रयवृक्ष! शरण्य! (देवयज्यायै) देवों, अन्य विद्वानों का परस्पर संगति लाभ करने के लिये (तम् त्वा जुषामहे) उस तेरी ही हम सेवा करते हैं। (देवाः) और देव, राजा और विद्वान् लोग भी (देवयज्यायै) देव विद्वानों की परस्पर संगति लाभ के लिये

४२—'०परेभ्य: परोवरीः। इति काण्व०'॥

ही (त्वा जुषन्ताम्) तुझे प्राप्त हों । हम लोग तो (विष्णवे) वह यज्ञ रूप राष्ट्रपालन जिसमें सब प्रजाएं प्रविष्ट हैं उस पद के लिये (त्वा) तुझे नियुक्त करते हैं । हे (ओषधे) दुष्टों को दण्ड प्रदान करने वाले राजन् ! तू (त्रायस्व) हमारी रक्षा कर । हे (स्वधिते) अपने ही बल से समस्त राष्ट्र की रक्षा करनेहारे हे शस्त्रवन् ! तू (मा एनं हिंसीः) इस राष्ट्र को या इस पुरुष की हत्या मत कर ॥

गुरु के प्रति शिष्य—हे आचार्य ! मैं (अन्यान् अति अगाम्) अन्य अविद्वान् या अन्य ज्ञानी लोगों को छोड़कर तेरे पास आया हूं और (अन्यान् न उप अगाम्) दूसरों के पास नहीं गया हूं । बहुत उत्कृष्टों से कम और अन्य ज्ञानियों की अपेक्षा श्रेष्ठ जान कर तेरी शरण आता हूं । 'देवयज्य' अर्थात् ईश्वरोपासना के लिये हम तेरी शरण हैं और विद्वान् भी इसी निमित्त तेरे पास आते हैं ॥

द्यां मा लेखीरन्तरिक्षं मा हिᳬसीः पृथिव्या संभव । अयᳬ हि त्वा स्वधितिस्तेतिजानः प्रणिनाय महते सौभगाय । अतस्त्वं देव वनस्पते शतवल्शो विरोह सहस्रवल्शा वि वयᳬ रुहेम ॥ ४३ ॥

वनस्पतिर्यज्ञो वा देवता । ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे शस्त्र और अस्त्र गण ! या उनके धारण करने हारे पुरुष ! तू (द्याम्) द्यौ, आकाश को और उसके निवासी लोकों को (मा लेखीः) विनाश मत कर अर्थात् विद्वान् पुरुषों को मत नाश कर । इसी प्रकार (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को और उसके प्राणियों को (मा हिंसीः) मत विनाश कर । (पृथिव्या सम्भव) पृथिवी और उसके वासी प्राणियों से प्रेम भाव से मिल कर रह । हे राजन् ! (अयम् स्वधितिः) यह शस्त्र (तेतिजानः) अति तीक्ष्ण होकर भी (त्वा) तुझको (महते

४३—यज्ञो देवता । द० । वनस्पति । सर्वा० । 'दिव मा ले०' इति काण्व० ॥

सौभगाय) बड़े भारी सौभाग्य के लिये (प्रणिनाय) नियुक्त करता है। (अतः) इसलिये हे (देव) राजन् ! आप वृक्ष के समान ही (शत वल्श.) बहुत से अंकुरों के समान बहुत से कार्य सामर्थ्यों से युक्त होकर (वि रोह) नाना मार्गों में उन्नति और प्रतिष्ठा को प्राप्त हो और (वयम्) हम सब भी (सहस्रवल्शाः) सहस्रों शाखाओं सहित (वि रुहेम) नाना प्रकार से फलें फूलें ॥

॥ इति पञ्चमोऽध्यायः ॥

[तत्र त्रयश्चत्वारिंशदृचः]

इति मीमांसातीर्थ-विद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डित जयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये पञ्चमोऽध्यायः ॥

अथ षष्ठोऽध्यायः

॥ ओ३म् ॥ [1]देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्याम्पूष्णो हस्ताभ्यामाददे नार्यसीदमहꣳ रक्षसां ग्रीवा अपिकृन्तामि। [2]यवोऽसि यवयास्मद् द्वेषो यवयारातीर्[3]दिवे त्वाऽन्तरिक्षाय त्वा पृथिव्यै त्वा शुन्धन्ताँल्लोकाः पितृषदनाः पितृषदनमसि ॥ १ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ५, मं० २६ ॥

[1]अग्रेणीरसि स्वावेशऽउन्नेतॄणामेतस्य वित्तादधि त्वा स्थास्यति [2]देवस्त्वा सविता मध्वानक्तु सुपिप्पलाभ्यस्त्वौषधीभ्यः। द्यामग्रेणास्पृक्षऽआन्तरिक्षम्मध्येनाप्राः पृथिवीमुपरेणादृꣳहीः ॥२॥

शक्ल सविता, चात्वाल, यूपश्च सविता वा देवता। (१) निचृद् गायत्री। षड्जः। (२) स्वराट् पंक्ति। धैवतः ॥

भा०—हे राजन् ! हे सभाध्यक्ष ! तू (अग्रेणीः असि) तू शिष्यों को गुरु के समान आगे ले चलनेवाला अग्रणी है। तू (उत् नेतृणाम्) ऊपर ऊंचे मार्ग में ले चलनेवाले, उत्तम कोटि के नेताओं को भी (स्वावेशः) उत्तम रीति से सन्मार्ग में ले चलने और स्थापित करनेवाला है। तू (एतस्य) इस महान् राष्ट्र के पालन कार्य को (वित्तात्) भली प्रकार जान या प्राप्त कर। (देवः सविता) सबका प्रेरक महान् देव, राजा या परमेश्वर (त्वा अधि स्थास्यति) तेरे पर भी अधिष्ठाता के रूप में विद्यमान

१—सर्वानुक्रमण्या नास्ति। पूर्वोक्तत्वात्। 'रक्षसो ग्रीवा' इति काण्व० ॥

२—'पृथिवीमपरेण' इति महीधराभिमत. पाठ.। शाकल्य ऋषि, सविता देवता। द० ॥ दिव्यग्रेणा० इति काण्व० ॥

रहेगा। और वही (त्वा) तुझको (मध्वा) मधुरगुण या मधुविद्या, ज्ञान से (आनक्तु) आञ्जे, चमकावे विद्वान् करे। और वही (त्वा) तुझको (सुपिप्पलाभ्यः) उत्तम फलवती (ओषधीभ्यः) दाहजनक सामर्थ्य को धारण करने और दोषो को नाश करने वाली क्रियाओं से भी (आनक्तु) प्रकाशित करे। तू (अग्रेण) अपने अग्रगामी यश या सर्वोत्कृष्ट गुण से (द्याम् अस्पृक्षः) द्यौलोक या सूर्य को या प्रजा के उत्कृष्ट भाग को वशकर, छू, स्पर्श कर, सूर्यलोक के समान बन। (मध्येन) अपने मध्य, बीच के साधारण कार्यों से (अन्तरिक्षम् अप्राः) अन्तरिक्ष को, प्रजा के मध्यम जनों को पूर्ण कर, पालन कर। और (उपरेण) अपने शेष नीचे के भाग से या उत्कृष्ट नियत व्यवस्था से (पृथिवीम्) पृथिवी लोक के, या प्रजा के तीसरी श्रेणी के लोगों को (अदृंहीः) दृढ़ कर ॥

अथवा—अग्र से द्यौ अर्थात् विद्या और राजनीति को उन्नत कर, शेष बल से धर्म को और नियम से राज्य को पुष्ट कर ॥

[1]या ते धामान्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गाऽअयासः। [2]अत्राह तदुरुगायस्य विष्णोः परमम्पदमवभारि भूरि। [3]ब्रह्मवनिं त्वा क्षत्रवनिं रायस्पोषवनि पर्य्यूहामि ब्रह्म दृꣳह क्षत्रं दृꣳहायुर्दृꣳह प्रजां दृꣳह ॥ ३ ॥

दीर्घतमा ऋषिः। यूपो विष्णुश्च देवता। (१) आर्षी उष्णिक्। (२) साम्न्युष्णिक्। ऋषभः। (३) निचृत् प्राजापात्या बृहती। मध्यमः ॥

भा०—हे सभाध्यक्ष राजन्! (ते) तेरे (या) जिन २ (धामानि) सुखों को, धारण करानेवाले राज्य प्रबन्ध के सामर्थ्यों को हम लोग (गमध्यै) स्वयं प्राप्त होने के लिये (उश्मसि) कामना करते हैं (यत्र)

३—'ता वा वास्तून्यूश्मसि०', '०वृष्णः' इति ऋ०। 'अत्राहैत पुरु०' इति काण्व० ॥

जिनमें (भूरिश्टङ्गाः) अति अधिक प्रकाशमान (गावः) किरण और बड़े बड़े सींगोंवाली गौवें हमें (अयासः) प्राप्त हों। अथवा जिनके द्वारा हमें बहुत सी ज्ञानोपदेश युक्त वाणियां प्राप्त होती हों। (अत्र अह) इसमें ही (उरुगायस्य) अति अधिक स्तुति के योग्य (विष्णोः) विष्णु, व्यापक, ईश्वर प्रभु के (परमम् पदम्) परम पद (भूरि) बहुत अधिक (अव भारि) निरन्तर पुष्ट होता है ॥

अथवा–राजगृह कैसे हों—हे राजन्! हम (या ते धामानि गमध्यै उष्मसि) तेरे योग्य जिन विशेष सभा आदि भवनों प्राप्त करना चाहते हैं वे ऐसे हों (यत्र भूरिश्टङ्गाः गावः अयासः) बहुत प्रदीप्त किरणें आया करती हों। (उरुगायस्य विष्णोः तत्) अधिक स्तुतिभजन, प्रशंसनीय विष्णु, व्यापक सार्वभौम राज्य का वही उत्कृष्ट परमपद (अत्र अह अव भारि) यहां ही, इन महाभवनों में ही विराजता है। (३) मैं तुझको (ब्रह्मवनि, क्षत्रवनि, रायस्पोषवनि) ब्राह्मणों, क्षत्रियों और ऐश्वर्य से पुष्ट वैश्यों को यथोचित वृत्ति को विभाग करनेवाला (पर्यूहामि) जानता हूं। तू (ब्रह्म दंह) ब्राह्मण बल को बढ़ा, (क्षत्रं दंह) और क्षात्रबल को पुष्ट कर, (आयुः दंह) प्रजा की आयु को बढ़ा और (प्रजां दंह) प्रजा की भी वृद्धि कर ॥

विष्णोः कर्म्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥ ४ ॥ ऋ० १ । २२ । १९ ॥

मेधातिथिर्ऋषिः। विष्णुर्देवता। निचृदार्षी गायत्री। षड्जः ॥

भा०—हे जनो! (विष्णोः) व्यापक ईश्वर के (कर्माणि) उन नाना कार्यों को जगत् की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय और व्यवस्था के कार्यों को (पश्यत) देखो (यतः) जिनके द्वारा वह (व्रतानि) नाना नियमों को (पस्पशे) बांधता है। वह परमेश्वर (इन्द्रस्य) आत्मा का (युज्य)

समाधि में उसके प्राप्त होने वाला (सखा) उसका मित्र है। अथवा हममें से प्रत्येक ईश्वर का मित्र है ॥

राजा के पक्ष में—(विष्णोः कर्माणि पश्यत) हे राजसभा के सभासदो ! राष्ट्र के व्यापक शक्तिवाले राजा के उन कर्मों को निरीक्षण करो। (यतः) जिनसे वह नाना नियमों को (पस्पशे) बांधता है। तुममें से प्रत्येक (इन्द्रस्य) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् राजा का (युज्यः) योगदायी (सखा) मित्र है ॥

तद्विष्णोः पर॒मं प॒दꣳ सदा॑ पश्यन्ति सू॒रयः॑ ।
दि॒वी॑व॒ चक्षु॒रात॑तम् ॥ ५ ॥ ऋ० १ । २२ । २० ॥

ऋष्यादयः पूर्ववत् ॥

भा०—(सूरयः) वेद के विद्वान् पुरुष (विष्णोः) व्यापक परमेश्वर के (तत्) उस (पदम्) पद को जो (दिवि) प्रकाश में (चक्षुः इव) चक्षु के समान (आततम्) व्यापक है अथवा (दिवि) आकाश में (चक्षुः इव) सूर्य के समान व्यापक है उसको ही (परमम्) सर्वोत्कृष्ट (पदम्) पद, प्राप्त होने योग्य परम धाम का (पश्यन्ति) साक्षात् करते हैं ॥

राजा के पक्ष में—विष्णु राष्ट्र के व्यापक उस राजा के ही परम पद को विद्वान् प्रजा के प्रेरक नेता पुरुष आकाश में सूर्य के समान तेज से व्याप्त होने वाला, देखते हैं ॥

[1]प॒रि॒वीर॑सि॒ परि॑ त्वा॒ दैवी॒र्विशो॑ व्ययन्तां॒ परी॒मं यज॑मान॒ꣳ रायो॑ मनु॒ष्या॒णाम् । [2]दि॒वः सू॒नुर॑स्ये॒ष ते॑ पृथि॒व्याँल्लो॒क आ॑र॒ण्यस्ते॑ प॒शुः ॥ ६ ॥

यूपः स्वरुश्च विद्वांसो वा देवताः । (१) आर्ष्युष्णिक् । ऋषभः । (२) भुरिक् साम्नी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे राजन् ! (त्वं) तू (परिवीः असि) समस्त विद्याओं

५—दीर्घतमा ऋषिः । विद्वांसो देवताः । द० ॥

को प्राप्त करनेवाला, अथवा प्रजा की चारों ओर से रक्षा करनेवाला, या प्रजाओं द्वारा चारों ओर से आश्रय किये जाने योग्य है। इसी कारण (त्वा) तुझको (दैवी विशः) देव, राजासम्बन्धिनी, विद्वानगण (विश.) प्रजाएं (परिव्ययन्ताम्) चारो ओर से अधीन अधिकारीरूप में घेर कर बैठें। (इयं) इस (यजमानम्) राष्ट्र की व्यवस्था करनेहारे यजमान या दानशील इसको (मनुष्याणाम्) मनुष्यों के उपयोगी (राय) ऐश्वर्य भी (परि-व्ययन्ताम्) चारों ओर से प्राप्त हों। हे राजन् ! तू (दिव) प्रकाशमय सूर्य से (सुनू) उत्पन्न होनेवाले किरण समूह के समान तेजस्वी (असि) है। और (एष) यह (पृथिव्या) पृथिवी पर निवास करनेवाला (लोक.) समस्त लोक, भूलोक, या जन भी (ते) तेरा ही है। तेरे ही अधीन है। (आरण्य पशु.) अरण्यवासी समस्त पशु जाति भी (ते) तेरी ही सम्पत्ति है॥

उपावीरस्युप देवान्दैवीर्विशः प्रागुरुशिजो वह्नितमान्।
देव त्वष्टर्वसु रम हव्या ते स्वदन्ताम्॥ ७॥

तृण पशवश्च त्वष्टा वा देवता। आर्षी बृहती। मध्यम॥

भा०—हे सभापते ! राजन् ! तू (उपावीः असिः) प्रजा के नित्य समीप रहकर उनका पालन करनेवाला रक्षक है। (दैवीः विशः) देव, राजा की दिव्य, या उत्तम गुणवाली (विश) प्रजाएं (उशिजः) कान्तिमान् तेजस्वी (वह्नितमान्) राज्य कार्य भार को उत्तम रीति से वहन करने वाले, समर्थ (देवान्) देव, विद्वान् पुरुषों को (उप प्र अगु) प्राप्त हों। हे (देव) देव ! राजन् ! हे (त्वष्टः) प्रजाओं के दुःखों को काटनेहारे तू (वसु) पशु, प्रजा और नानाविध सम्पत्तियों का (रम) उपभोग कर। (हव्या) नाना प्रकार के भोजन करने योग्य अन्न और भोग्य पदार्थ (ते)

७—मेधातिथिर्ऋषि त्वष्टा देवता। द०॥

तुझे (स्वदन्ताम्) आस्वाद दें। अथवा (ते हव्या स्वदन्ताम्) तेरे नाना भोग्य पदार्थों को प्रजाएं भोग करें। विद्वांसो हि देवाः ॥ शत० ३। ७। ३। ९-१२ ॥

[1]रेवती रमध्वं बृहस्पते धारया वसूनि। [2]ऋतस्य त्वा देवहविः पाशेन प्रतिमुञ्चामि धर्षा मानुषः ॥ ८ ॥

पशवोबृहस्पतिर्देवता। (१) प्राजापत्यानुष्टुप् ऋषभः। निचृत् प्राजापत्या बृहती। मध्यमः ॥

भा०—हे (रेवतीः) ऐश्वर्य पशु और धन से सम्पन्न प्रजाओ ! आप लोग (रमध्वम्) खूब आनन्द प्रसन्न होकर विचरण करो। हे (बृहस्पते) बृहती वेद वाणी के पालक विद्वान् पुरुष ! आचार्य ! तू (वसूनि) नाना ऐश्वर्यों को और पशु सम्पत्ति को भी (धारय) धारण कर। और (ऋतस्य पाशेन) ऋत, सत्य ज्ञान और न्याय के पाश से (त्वा) तुझे (देवहविः) देवों विद्वानों के प्राप्त करने योग्य विज्ञान और चरित्र ही (प्रतिमुञ्चामि) धारण कराता हू। तू हे विद्वन् ! (मानुष) मनुष्य, मननशील होकर (धर्ष) सब अज्ञानों को धर्षण कर, बलपूर्वक वश कर ॥

राजा के पक्ष में—प्रजाए राष्ट्र में आनन्दित रहें। हे बड़े राष्ट्र के पालक ! तू समस्त ऐश्वर्यों को धारण कर। ऋत, सत्य न्याय के पाश या व्यवस्था से देवोचित हविः अर्थात् आदान योग्य कर, बलि आदि के द्वारा बाधता हूं। तू अब मनुष्य होकर भी प्रजा के भीतर के दुष्ट पुरुषों और शत्रुओं और प्रजाओं को परास्त कर ॥

[1]देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। [2]अग्नीषोमाभ्यां जुष्टं नियुनज्मि। अद्भ्यस्त्वौषधीभ्योऽनु त्वा माता मन्यतामनु पितानु भ्राता सगर्भ्योऽनु सखा सयूथ्यः। अग्नी-

८—दीर्घतमा ऋषिः। बृहस्पतिर्देवता। द०। ०'धर्षान्मानुषः' इति काण्व० ॥

षोमांभ्यां त्वा जुष्टं प्रोक्षांमि ॥ ६ ॥

सविता अश्विनौ पूषा च देवता. । (१) प्राजापत्या बृहती । मध्यमः ।
(२) पक्ति धैवत. ॥

भा०—हे शिष्य ! और हे राजन् ! (त्वा) तुझको (देवस्य सवितु) देव, सर्वप्रकाशक, सर्वोत्पादक परमेश्वर के (प्रसवे) उत्पादित जगत् और शासन में (अश्विनो. बाहुभ्याम्) सूर्य और चन्द्रमा के प्रकाशमान् तेजस्वी (बाहुभ्याम्) पापबाधक शक्तियों या बाहुओं से और (पूष्ण.) सब के पोषक पृथिवी के (हस्ताभ्याम्) हाथों के समान धारण और आकर्षण से स्वीकार करता हूं । और (अग्नीषोमाभ्याम्) अग्नि, अग्रणी, सेनानायक और शान्तस्वभाव, न्यायाधीश दोनों से (जुष्टम्) युक्त तुझको (नि युनज्मि) राज्य कार्य में नियुक्त करता हू । और (त्वा) तुझको (अग्नी षोमाभ्याम् जुष्टम्) अग्नि और सोम, सेनापति और न्यायाधीश से युक्त अथवा अग्नि के समान सन्तापकारी और सोम, चन्द्रमा के समान आल्हाद-कारी भयानक और सौम्य गुणों से युक्त (त्वा) तुझको (अद्भ्य) जलों और उनके समान आप्त पुरुषों और (ओषधोभ्यः) तापजनक, तीव्र रसयुक्त ओषधियों से (प्रोक्षामि) अभिषेक करता हूं । या (अद्भ्य ओषधीभ्य त्वाम् प्रोक्षामि) आप्त पुरुषों और प्रजाओं के हित करने के लिये तुझे अभिषिक्त करता हू । (त्वा माता। अनुमन्यताम्) तुझे इस महान् राज्याभिषेक के लिये तेरी माता अनुमति दे । (पिता अनुमन्यताम्) पिता तुझे अनुमति दे । (भ्राता अनु) भाई तुझे अनुमति दे । (सगर्भ्यः) एक ही गर्भ में सोनेवाला, सहोदर (अनु) तुझे अनुमति दे । (सयूथ्य) एक जनसमुदाय में तेरे साथ रहने वाला साथी या सहपाठी या सहवर्गी पुरुष और (सखा) तेरा मित्रगण तुझे (अनु) अनुमति दे । इसी प्रकार आचार्य

१—०धीभ्यः प्रोक्षाण्यनुत्वा० । इति काण्व० ॥

शिष्य को भी स्वीकार करे, जलों और ओषधियों से अभिषिक्त करे। और अपने अधीन लेते हुए उसे कहे कि तेरी माता, पिता, तेरे भाई, सहोदर, सहवर्गी, मित्र आदि तुझे आचार्याधीन विद्या प्राप्ति के लिये दीक्षित होने की अनुमति दें ॥ शत० ३ । ७ । ४ । ३-५ ॥

आपो वै सर्वे देवाः ॥ शत० १० । १ । ४ । १४ ॥ अग्नेर्वा आपः सुपत्न्यः ॥ शत० ६ । ८ । २ । ३ ॥ आपो वरुणस्य पत्न्यः । तै० १ । १ । ३ । ८ ॥ ओषधयो वै देवाना पत्न्यः ॥ श० ६ । ५ । ४ ॥

[1]अपांपेरुरस्यापो देवीः स्वदन्तु स्वात्तंचित्सद्देवहविः । [2]सं ते प्राणो वातेन गच्छताᳬ समङ्गानि यजत्रैः सं यज्ञपतिराशिषा ॥१०॥

आप शुश्च देवता (१) प्राजापत्या बृहती । मध्यमः । (२) निचृदार्षीबृहती । मध्यमः ।

भा०—हे दीक्षाप्राप्त राजन्! या शिष्य! तू (अपाम्) समस्त आप्त पुरुषों का (पेरुः) पालन करने वाला (असि) है। (देवीः आपः) देव, दानशील, तत्वदर्शी (आपः) आप्त पुरुष (सु-आत्तम्) सुखपूर्वक प्राप्त की हुई अथवा (स्वात्तम्) आस्वादन करने योग्य भोग्य, आनन्दप्रद, (चित्) उत्तम (सत्) श्रेष्ठ पुरुषों, या राजा के योग्य हविः अर्थात् अन्न आदि उपादेय पदार्थों का स्वय (स्वदन्तु) भोग करें और तुझे भी भोग करावें। (आशिषा) सब बड़ों के आशीर्वाद से (ते प्राणः) तेरा प्राण (वातेन) वायु के साथ मिल कर अनुकूल रूप से (सं गच्छताम्) गति करे। अर्थात् तेरा प्राण वायु के समान बलवान हो। और (अंगानि) तेरे समस्त अंग या तेरे राष्ट्र के समस्त अंग (यजत्रैः) विद्वान्, पुरुषों द्वारा यज्ञ के अंगों के समान (सगच्छन्ताम्) शिक्षा, और पोषण द्वारा उत्तम रीति से वर्तें। और तू (यज्ञपति) समस्त राष्ट्रमय यज्ञ का पालक होकर (आषिषा सं गच्छताम्) उत्तम आज्ञाओं और आशीर्वाद से युक्त हो ॥ शत० ३ । ७ । ४ । ६-६ ॥

१०—०'सदन्तु' ०स, 'यजमान आषिषा' इति काण्व० ॥

घृतेनाक्तौ पशूंस्त्रायेथाᳬ रेवति यजमाने प्रियं धा आविश। उरोरन्तरिक्षात्सजूर्देवेन वातेनास्य हविषस्त्मना यज समस्य तन्वा भव। वर्षो वर्षीयसि यज्ञे यज्ञपतिं धाः स्वाहा देवेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा ॥ ११ ॥

स्वरुशासौ, वाक्तृणम्, देवाश्च वातो वा देवता। भुरिगार्ची उष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—हे स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों (घृतेन अक्तौ) घृत=तेज और स्नेह से युक्त होकर (पशून्) पशुओं का (त्रायेथाम्) पालन करो। हे (रेवति) ऐश्वर्यवति वाणि या भाग्यवती स्त्री ! तू (यजमाने) इस यजमान देवोपासक या संगति करने हारे पुरुष में (प्रियम् धा.) उसका प्रियाचरण कर और (आविश) उसमें प्रविष्ट हो। अर्थात् उसका ही एकाङ्ग होकर रह। अथवा हे स्त्री ! तू (रेवति यजमाने) ऐश्वर्य और सौभाग्य सम्पन्न यजमान गृह पति के आश्रय रह कर उसका (प्रियं धाः) प्रिय आचरण कर और (आविश) उसके भीतर एकचित्त होकर रह। (देवेन) देव, दिव्यगुणसम्पन्न (वातेन) प्राण के साथ (सजूः) इसकी सहसंगिनी, मित्र के समान होकर (उरोः अन्तरिक्षात्) विशाल अन्तरिक्ष से जिस प्रकार वायु सब की रक्षा करता है उसी प्रकार बड़े २ संकट से तू उसकी रक्षा कर। और (अस्य) इसके (हविषः) हवि, होमयोग्य अन्न आदि पदार्थों से (त्मना) स्वयं भी (यज) यज्ञ कर। अथवा (अस्य हविषा त्मना यज) इसके अन्न को स्वयं भी अपने उपभोग में ला और (अस्य तन्वा) उसके शरीर से ही तू (सम् भव) संगत होकर पुत्रलाभ कर, उससे एक होकर रह उसके विपरीत आचरण मत कर। हे (वर्षो) सब सुखों के वर्षक, सब सुखों की दात्रि ! (वर्षीयसि यज्ञे) अति विस्तीर्ण, बड़े भारी गृहस्थ रूप यज्ञ में (यज्ञपतिम्) यज्ञ को पालन करने में समर्थ गृहपति को (धाः) स्थापित कर। (देवेभ्यः स्वाहा) यज्ञ के पूर्व ही आये देवों,

विद्वानों का प्रेमवचनों से सत्कार करो और (देवेभ्यः स्वाहा) यज्ञ के पश्चात् भी आदर वाणी से विद्वानों का आदर सत्कार करो ॥

राज्य पक्ष में—हे शास अर्थात् शासक और हे स्वरो ! दुष्टों के दण्ड द्वारा उपतापक ! तुम घृत अर्थात् तेज से युक्त रहो। हे रेवति ! वेदवाणि ! तू यजमान राजा में प्रिय मनोहर रूप को धारण कर। अन्तरिक्ष में जिस प्रकार वेगवान् वायु सब प्राणियों को जीवन देता उनपर शासन करता है, उसी के समान शासक होकर उस राजा के (हविषः त्मना) आज्ञापक आत्मा के साथ (यज) संगत हो। सकल सुःखों के वर्षण करने हारे इस राष्ट्रमय महान् यज्ञ में यज्ञ पति की रक्षा कर। हे राजन् ! समस्त विद्वान् ब्राह्मणों और शासकों का उत्तम वाणियों से आदर कर ॥

इसी प्रकार यजमान के यज्ञ कर्ता भी उसकी इसी प्रकार सेवा करें, उसके अनुकूल होकर रहें, उसको हविसे यज्ञ करें, यज्ञ पति की स्थापना करें और यज्ञ में आये विद्वानों का आदर करें ॥ शत० ३।८।६।१–१६ ॥

माहिर्भूर्मा पृदाकुर्नमस्तऽआतानानर्वा प्रेहि ।
घृतस्य कुल्याऽउपऽऋतस्य पथ्याऽअनु ॥ १२ ॥

रज्जु यज्ञःश्च विद्वासो वा देवता ॥

भा०—हे पुरुष ! तू (अहिः) सर्प के समान कुटिल मार्ग पर चलने वाला या अकारण क्रोधी (मा भूः) मत हो। और तू (पृदाकुः) मूढ़ के समान अभिमानी, या व्याघ्र के समान हिंसक, या पृदाकू=अजगर के समान अपने सङ्गी को हड़पजाने वाला, उसके प्राणों का नाशक (मा भूः) मत हो। स्त्री पुरुष को और प्रजा राजा को कहती है कि हे (आतान) हे यज्ञसम्पादक पुरुष ! हे प्रजा के सुख को भली प्रकार विस्तार करने वाले पुरुष ! या सुख के विस्तारक ! (ते नमः) हम तेरा आदर करते हैं। (अनर्वा प्रेहि) तू आ

१२—०'पथ्याउप०' इति काण्व० ॥

और जिस प्रकार (घृतस्य) घृत आदि पुष्टिप्रद पदार्थ या घृत=जल की धारा अर्थात् सत्कारार्थ इन जलों को मुख आदि प्रक्षालन के लिये (उप इहि) प्राप्त हो, स्वीकार कर। और (ऋतस्य) ऋत, अन्न के (पथ्या) खानेयोग्य भोजनों को भी (अनु) पीछे स्वीकार कर। अथवा (ऋतस्य पथ्याः अनु) सत्य ज्ञान के मार्गों को तू अनुसरण कर ॥

राजा के पक्ष में—हे राजन् ! तू सर्प के समान कुटिलाचारी और अजगर के समान प्रजाभक्षी मत बन। हे विस्तृत राष्ट्र शासक ! तेरा हम प्रजाजन आदर करते है। तू (अनर्वा) विना सवारी, या विना अश्वसेना या विना शत्रु के विचर। जलकी धाराओं पर पुष्टिकर पदार्थों की धाराओं को प्राप्त हो और सत्य के मार्गों का अनुसरण कर ॥ शत० ३। ८। २। १–३ ॥

वर के गृहद्वार पर भी उसकी स्वयंवरा कन्या और गृहपति के आने पर उसकी गृह पत्नी भी उसी प्रकार आतिथ्य करे यह वेद का उपदेश है ॥

देवीरापः शुद्धा वोढ्वꣳ सुपरिविष्टा देवेषु सुपरिविष्टा वयं परिवेष्टारो भूयास्म ॥ १३ ॥

आपो देवताः। निचृदार्षी अनुष्टुप्। गान्धारः स्वरः ॥

भा०— हे (आप) आप्तगुणों से युक्त या प्राप्त होने योग्य, या जलों के समान स्वच्छ (देवी) देवियो, विदुषी स्त्रियो ! आप लोग (शुद्धाः) शुद्ध आचरण वाली होकर (वोढ्वम्) स्वयंवर पूर्वक विवाह करो। और तुम कन्याजन ! (देवेषु) विद्वान् पुरुषों में ही (सु परिविष्टाः) उत्तम रीति से उनके अर्धाङ्गिनियों के रूप मे उनको प्रदान की जाओ। कन्यायें उत्तर दें—हे विद्वान् पुरुषो ! (वयम्) हम कन्याएं (सु परि विष्टाः) विद्वान् पुरुषों के हाथों दी जावें। पुरुष कहें (वयम्) हम (परिवेष्टारः) विवाह करने वाले (भूयास्म) हों। उनका पाणिग्रहण करें ॥

राजा प्रजा पक्ष में—राजा कहता है—हे प्रजाओ ! तुम शुद्ध रूप से

आज्ञा को धारण करो और (देवेषु) विद्वानों के आश्रय में सुख से वस कर रहो । प्रजा कहे-हम सुख से हैं । राज गण कहें—हम प्रजा जनों के उत्तम रक्षक बनें । अर्थात् राजा प्रजा का व्यवहार स्वयंवृत पति पत्नी के समान हो ॥ शत० ३ । ८ । २ ॥

वाचं ते शुन्धामि प्राणं ते शुन्धामि चक्षुस्ते शुन्धामि श्रोत्रं ते शुन्धामि नाभिं ते शुन्धामि मेढ्रं ते शुंधामि पायुं ते शुन्धामि चरित्रांस्ते शुन्धामि ॥ १४ ॥

विद्वांसो देवताः ॥

भा०—स्त्री स्वयंवर के अवसर पर पति को कहती हैं—और इसी प्रकार गुरुजन अपने शिष्यों को भी कहते हैं—(ते वाचम् शुंधामि) मैं तेरी वाणी को शुद्ध करती हूं । (ते प्राणान् शुन्धामि) मैं तेरे प्राण को शुद्ध करती हूं । (ते चक्षु शुन्धामि) तेरी आंख को शुद्ध करती हूं । (ते श्रोत्रं शुन्धामि) तेरे कान को शुद्ध करती हूं । (ते नाभिम् शुन्धामि) तेरी नाभि को शुद्ध करती हूं । (ते मेढ्रं शुन्धामि) तेरे प्रजननाङ्ग को शुद्ध करती हूं । (ते पायुस् शुन्धामि) तेरे पायु अर्थात् गुदा भाग को शुद्ध करती हूं और (चरित्रान् शुन्धामि) तेरे चरणों और आचरणों को भी शुद्ध करती हूं । जितने भी सम्बन्ध आपस के भेद भाव रहित निष्कपटता के हैं वहां २ परस्पर एक दूसरे के समस्त अंगों को पवित्र करें । पत्नी पति के और पति पत्नी के और गुरु शिष्य के, समस्त अंगों को पवित्र और शुद्ध आचारवान् बनाने की प्रतिज्ञा करें । विवाह पद्धति में कन्याहुति द्वारा उसी उद्देश्य को पूर्ण किया जाता है । उपनयनादि में गात्र स्पर्श द्वारा आचार्य भी वही कार्य करता है ॥

इसी प्रकार प्रजा भी राजा की वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, नाभि

१४—पशुर्देवता । सर्वा० ॥

लिङ्ग, गुदा, चरण आदि सब को पवित्र करे। उसको पाप मे पैर न रखने दे ॥

मनस्त आप्यायतां वाक्तऽआप्यायतां प्राणस्तऽआप्यायताञ्चक्षुस्तऽआप्यायताᳬश्रोत्रं तऽआप्यायताम्। यत्ते क्रूरं यदास्थितं तत्तऽआप्यायतां निष्ट्यायतां तत्ते शुध्यतु शमहोभ्यः। ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनᳬहिᳬसीः ॥ १५ ॥

विद्वांसो देवताः। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। पञ्चम ॥

भा०—हे मनुष्य! (ते मनः) तेरा मन, सकल्प विकल्प करने वाला चित्त (आप्यायताम्) बढ़े, शक्तिशाली हो। (ते वाक्, प्राणः, चक्षु. श्रोत्रम् आप्यायताम् ४) तेरी वाणी प्राण, चक्षु, कान, ये समस्त इन्द्रियां शक्तिमान् हों और (यत्) जो (ते) तेरा (क्रूरम्) क्रूर स्वभाव है वह (नि. स्त्यायताम्) दूर हो। और (यत्) जो (आस्थितम्) तेरा स्थिर निश्चय या स्थिर स्वभाव है वह (आप्यायताम्) वृद्धि को प्राप्त हो, बढ़े। और (तत्) वह भी (ते) तेरा (शुध्यतु) शुद्ध हो। (अहोभ्य.) सब दिनों के लिये (शम्) शान्ति और कल्याण, सुख प्राप्त हो। हे (ओपधे) ओषधि त्याग और औषधियों के प्रयोक्ता वैद्य लोगो! (त्रायस्व) तुम इसकी रक्षा करो। हे (स्वधिते) शस्त्र या हे सस्त्रधारी पुरुष! (एनम्) इस मनुष्य को (मा हिंसीः) मत मार ॥

गुरु शिष्य पक्ष में—हे (ओपधे) दोषों को दूर करने में समर्थ गुरो! तुम इस शिष्य की रक्षा करो। और हे (स्वधिते) शिष्याओं को शिष्य को अपने पुत्र के समान पालने हारे गुरो और आचार्याणि! तुम (मा एनं हिं सी.) इस शिष्य को व्यर्थ ताड़ना मत करो।

१५—पशुर्देवतेति सर्वा०। ०'निष्टथायता' इति काराव० ॥

राजा के भी मन वाणी आदि शक्तियां बढ़े और शस्त्रधारी रक्षक उसका घात न करें ॥ शत० ३ । ८ । २ । १२ ॥

रक्षसां भागोऽसि निरस्तꣳ रक्षऽइदमहꣳ रक्षोऽभितिष्ठामीदमहꣳ रक्षोऽवबाधऽइदमहꣳ रक्षोऽधमन्तमो नयामि । घृतेन द्यावापृथिवी प्रोर्णुवाथां वायो वे स्तोकानामग्निराज्यस्य वेतु स्वाहा स्वाहाकृतेऽऊर्ध्वनभसं मारुतङ्गच्छतम् ॥ १६ ॥

द्यावापृथिव्यौ देवते । ब्राह्म्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे दुष्ट कर्म के करनेवाले ! दुराचारिन् ! तू (रक्षसाम्) दूसरों के कार्यों का नाश करके अपने स्वार्थ की रक्षा करनेवाले, नीच पुरुषों का ही (भाग. असि) भाग है अर्थात् तू उनके आचरणों और नीच स्वभावों का सेवन करता है एवं उनका आश्रय है । इसलिये (रक्षः) ऐसा स्वार्थी दुष्ट पुरुष (निरस्तम्) नीचे गिरा दिया जाय । (अहम्) मैं (इदम्) इस प्रकार (रक्षः) दुष्ट पुरुष के (अभितिष्ठामि) ऊपर चढ़ाई करूं, उसका मुकाबला करूं । मैं (इदम्) इस प्रकार अभी, बिना विलम्ब के, (रक्षः अवबाधे) राज्य कार्य के विघ्नकारी पुरुष को नीचे गिराकर दण्डित करूं । (इदम्) और शीघ्र ही इस प्रकार से (रक्षः) राक्षस, विघ्नकारी दुष्ट पुरुष को (अधमं तमः) नीचे गहरे अन्धकार में या अन्धेरी कोठरी में (नयामि) घोर दु.ख भोगने के लिये भेजदूं । और हे (द्यावापृथिवी) पिता, माता एवं पुरुष और स्त्री और गुरु, शिष्य ! जिस प्रकार द्यौ और पृथिवी (घृतेन) जल से या प्रकाश से आच्छादित रहती है । उसी प्रकार तुम दोनों (घृतेन) घृत आदि पुष्टिप्रद पदार्थ, वीर्य सामर्थ्य और ज्ञान से (प्र-ऊर्णुवीथाम्) अच्छी प्रकार सम्पन्न रहो । हे

१६—रक्षो, द्यावापृथिवी, वायुः अति वपाश्रपण्यौच देवताः । सर्वा० । '०प्रोर्णाथा वायो वेस्तोकानाम् । जुषाणोऽग्निरा०' इति काण्व ॥

(वायो) ज्ञानवन् ! जिस प्रकार वायु जल के सूक्ष्म कणों को अपने भीतर वाष्परूप में ग्रहण करलेता है उसी प्रकार तू भी (स्तोकानाम्) अत्यन्त सूक्ष्म ज्ञानों और सूक्ष्म २ तत्वों को भी (वेः) ज्ञान कर। और (अग्नि) अग्नि जिस प्रकार आज्य अर्थात् घृत को प्राप्त होकर प्रकाशमान होजाता है उसी प्रकार या सूर्य जिस प्रकार जल को ग्रहण करता, हे विद्वान् पुरुष ! तू भी (अग्नि) अग्नि के स्वभाव का होकर, स्वयंप्रकाश होकर (आज्यस्य) अज, अविनाशी परमात्मविषयक ज्ञान को अथवा आनन्द, ज्ञान, प्राणबल, सत्य तत्व, वीर्य या वेद ज्ञान को (वेतु) प्राप्त करे। और (स्वाहा) यही सब से उत्तम आहुति है। या वह उत्तम यश को उत्पन्न करता है। हे (स्वाहाकृते) इस प्रकार उत्तम उपदेश-ज्ञान की परस्पर आहुति प्रदान या ग्रहण करनेवाले स्त्री पुरुषो ! (ऊर्ध्वनभसम्) जिस प्रकार अग्नि घृत को ग्रहण करके प्रज्वलित करता और वायु उसके सूक्ष्म कणों को ग्रहण कर लेता है और इस प्रकार ऊपर के जल से युक्त वायु को दोनों आकाश और पृथिवी प्राप्त कर लेते हैं। उसी प्रकार तुम दोनों (ऊर्ध्वनभसम्) सर्वोच्च, सबके परम बन्धनकारी (मारुतम्) सबके जन्म मरण के कर्त्ता या प्राणस्वरूप परमेश्वर का (गच्छतम्) ज्ञान करो, उसको प्राप्त करो ॥

राज प्रजा के पक्ष मे—राजा प्रजा (घृतेन) तेज से, ऐश्वर्य से एक दूसरे को आच्छादित करे। वायु स्वभाव प्रजा स्वल्प २ पदार्थों का भी संग्रह करे। अग्नि राजा युद्धोपयोगी ऐश्वर्य को प्राप्त करे। एक दूसरे को (स्वाहा) उत्तम आदान प्रतिदान करे। इस प्रकार (स्वाहाकृते) आदानप्रतिदान करनेवाले हे राजा और प्रजाओ ! तुम दोनों (ऊर्ध्वनभसम्) ऊपर सबपर बांधनेवाले एक नियन्तारूप (मारुतम्) मरुद्गणों, समस्त सेनाओं या वैश्यों के महान् बल को प्राप्त करो ॥ शत० ३ । ८ । २ । १३–२२ ॥

इ॒दमा॑पः॒ प्रव॑हताव॒द्यञ्च॒ मल॑ञ्च॒ यत्। यच्चा॑भिदु॒द्रोहानृ॑तं॒ यच्च॑ शे॒पे॑ऽअ॑भी॒रुण॑म्। आपो॑ मा॒ तस्मा॒देन॑सः॒ पव॑मानश्च मुञ्चतु ॥१७॥

आपो देवता । निचृद् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे (आपः) जलों के समान शान्त स्वभाव, एवं मलशोधक विद्याओं को प्राप्त करनेहारे आप्त पुरुषो ! (अवद्यं च) जो निन्दनीय कर्म और (यत् मलं) जो मल, मलिन कार्य है और (यत् च) जो कुछ मैं (अभिदुद्रोह) दूसरे के प्रति द्रोहकार्य, द्वेष, घात, वैर आदि करूं और (यत् च) जो (अनृतम्) असत्य भाषण करूं और जो (अभीरुणम्) निर्भय होकर मैं (शेपे) दूसरे को कोसूं, निन्दाजनक अपशब्द कहूं उस सब मल को आप लोग (इदम्) बहुत शीघ्र (प्रवहत) जलों के समान बहाकर दूर करो और मुझे स्वच्छ करदो। और (आपः) वे आप्त पुरुष और (पवमानः च) पवित्र करनेहारा, या सूर्य या वायु के समान अन्न को तुष से पृथक् २ करदेनेहारा व न्यायकारी पुरुष (मा) मुझको (तस्मात्) उस पाप से (मुञ्चतु) छुड़ावें ॥

[1]सं ते॒ मनो॒ मन॑सा॒ सं प्रा॒णः प्रा॒णेन॑ गच्छताम्। [2]रेड॑स्य॒ग्निष्ट्वा॑ श्री॒णात्वाप॑स्त्वा॒ सम॑रि॒ण॒न्वात॑स्य॒ त्वा॒ ध्राज्यै॑ पू॒ष्णो रꣳह्या॑ऽ ऊ॒ष्मणो॑ व्यथिष॒त्प्रयु॑तं॒ द्वेषः॑ ॥ १८ ॥

अग्निर्देवता । (१) प्राजापत्यानुष्टुप् । गाधार । (२) दैवी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे मनुष्य ! (ते मनः) तेरा मन अन्तःकरण (मनसा) मन, मनन सामर्थ्य या विज्ञान से युक्त हो और (प्राणः) प्राण (प्राणेन) प्राण बलसे (सं गच्छताम्) युक्त हो। अथवा स्त्री पुरुष, राजा प्रजा और

१७—अय मन्त्रः शतपथे नास्ति । इदमापः प्रवहत यत्किंच दुरितं मयि यद्वाहमभि दुद्रोह यद्वा शेप उतानृत । इति काण्व० ॥

१८—हृदय, वसा, द्वेषश्च देवताः । सर्वा० ॥

गुरु शिष्य परस्पर प्रतिज्ञा करते हैं कि (ते मनः मनसा सं गच्छताम्) तेरा मन मेरे मन से मिलकर रहे । (ते प्राणः प्राणेन संगच्छताम्) तेरा प्राण मेरे प्राण से मिलकर रहे ॥

द्यौ और पृथिवी से उत्पन्न अन्न के पक्ष में—हे अन्न ! भोजनयोग्य पदार्थ ! तू (रेट्=लेट् असि) तू आस्वादन करने योग्य है । (त्वा अग्नि श्रीणातु) तुझे अग्नि परिपक्व करे । (आपः त्वा सम् अरिणन्) जल तुझमें मिलें (त्वा) तुझको (वातस्य) वायु के (ध्राज्यै) वेगवती, तीव्र गति और (पूष्णः) परिपोषक सूर्य के (रह्यै) प्रचण्डता की (उष्मणः) उष्णता से (व्यथिषत्) तपाया जाता है । और इस प्रकार (द्वेषः) अप्रीतिकर, बुरे पदार्थ तुष आदि को तुझ से (प्रयुतं) पृथक् कर दिया जाता है ॥

इसी प्रकार शिष्य के पक्ष में—(रेट् असि) तू ज्ञानवान् होने योग्य है । अग्नि, आचार्य तुझे ज्ञान में परिपक्व करे । आप्त पुरुष तेरे संग रहें । वात अर्थात् प्राण के तीव्रगति और परिपोषक सूर्य के प्रचण्डता की उष्णता से अर्थात् तप से तुझे तपस्या करायी गयी है । अतः हे सहनशील मेरे भीतर से (प्रयुतं द्वेषः) प्राणियों के प्रति तेरे हृदय में बैठे द्वेषभाव को पृथक् कर दिया गया है ॥

राजा प्रजा पक्ष में और योद्धा पक्ष में—(रेट्) शत्रुओं का तू नाशक है । अग्नि, अग्रणी सेनापति युद्धाग्नि तुझे परिपक्व करे । या (वातस्य त्वा ध्राज्यै) वायु के प्रचण्डवेग और (पूष्णः रह्यै) सूर्य के प्रचण्ड गति के प्राप्त करने के लिये (त्वा आपः सम् अरिणन्) जलों के समान शान्त स्वभाव के विद्वान् पुरुष तुझे प्रेरित करें । या ऐसे जल तुझे प्राप्त हों । तेरी (उष्म) अपनी प्रचण्डता से (प्रयुतम्) लक्षों (द्वेषः) द्वेषकारी शत्रु (व्यथिषत्) पीड़ित हों ॥ शत० ३ । ८ । ३ । ६–२४ ॥

घृत घृतपावानः पिबत वसां वसापावानः पिबतान्तरिक्षस्य हविरसि स्वाहा। दिशः प्रदिशऽआदिशो विदिशऽ उद्दिशो दिग्भ्यः स्वाहा ॥ १६ ॥

विश्वेदेवा देवताः । ब्राह्म्यनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे (घृतपावानः) घृत=जल के और घृत आदि के पान करनेहारे पुरुषो ! आप लोग (घृतम् पिबत) घृत, जल और घी आदि पुष्टिकारक पदार्थों का पान करो। अथवा हे (घृतपावानः) परम तेज के पालन करनेहारे पुरुषो। तुम लोग 'घृत' अर्थात् राजयोग्य परम तेज को धारण करो॥

[घृत शब्द वेद मे नाना प्रकार से प्रयुक्त होता है जैसे–एतद्वा अग्नेः प्रियं धाम यद् घृतम्। शत० ६।६।१।११॥ घृतं वै देवानां वज्रं कृत्वा सोममघ्नन्। गो उ० २।४॥ देवव्रतं वै घृतम्। तां० १८।२।६॥ रेतःसिक्तिर्वै घृतम्। घृतमन्तरिक्षस्य रूपम्। श० ७।५।१।३॥ अन्नस्य घृतमेव रसस्तेज । मै० २।६।१५॥ तेजो वा एतत्पशूनां यद् घृतम्। तै० ८।३०॥]

अग्नि अर्थात् राजा का तेज, राष्ट्र को प्राप्त करने के लिये शस्त्रबल, देव का व्रत अर्थात् राजा के निमित्त निर्धारित कर्तव्य, गृहस्थों का वीर्यसेचन आदि कर्तव्य पालन, अन्न का परम रस और पशु सम्पत्ति ये सब पदार्थ सामान्यतः 'घृत' हैं। उनको पान करने या पालन करने में समर्थ पुरुष इन वस्तुओं का पान अर्थात् प्राप्त करें और उसका उपयोग करें। (वसां वसापावानः पिबत) हे 'वसा' को पान करनेवालो ! तुम 'वसा' को पान करो॥

'वसा'—श्रीर्वै पशूनां वसा। अथो परमं वा एतद् अन्नाद्यं यद् वसा। श० १२।८।३।१२॥

१६—विश्वेदेवाः दिशश्च देवताः। सर्वा० ॥

अर्थात्—हे पशु सम्पत्ति और उत्तम अन्न समृद्धि के पालनेहारे पशु पालक और वैश्यजनो! आप लोग (वसां पिबत) आप उत्तम पशु सम्पत्ति और उत्तम अन्न आदि खाद्य पदार्थों का पान करो, उपभोग करो उनसे प्राप्त दूध, दही मक्खन और नाना लेह्य चोष्य पदार्थ बनाकर खाओ। हे अन्नादि पदार्थो! (अन्तरिक्षस्य हविः असि) तू अन्तरिक्ष की हवि अर्थात् प्राप्त और संग्रह करने योग्य पदार्थ है ॥

वैश्वदेवं वा अन्तरिक्ष । तद्यदेनेनेमा. प्रजा. प्राणत्यश्चोदानत्यश्चान्त रिक्षमनुचरन्ति) अन्तरिक्ष विश्वेदेव का रूप है अर्थात् समस्त प्रजाएं अन्त-रिक्ष हैं। पूर्वोक्त घृत और वसा अर्थात् उत्तम अन्न, वस्त्र, शस्त्र और पशु सम्पत्ति ये पदार्थ विश्वेदेव अर्थात् समस्त प्रजाओं का हवि अर्थात् उपादेय अन्न है। इसलिये (स्वाहा) इनको उत्तम रीति से प्राप्त करना चाहिये, इनका प्राप्त करना उत्तम है। इन सब पदार्थों को (दिशः) समस्त दिशाओं से, (प्रदिश.) उपदिशाओं से, (आदिश.) समीप के देशों से और (विदिशः) विविध दूर २ के देशों से और (उद्दिश.) ऊंचे पर्वती देशों से अर्थात् (दिग्भ्य.) सभी दिशाओं या देशों से (स्वाहा) भली प्रकार प्राप्त करना चाहिये। और नाना देशों को भेजना भी चाहिये ॥

वीरों के पक्ष में—वीर लोग 'अन्तरिक्ष की हवि हैं' अर्थात् दोनों देशों के बीच में लड़कर युद्ध यज्ञ में आहुति होने के योग्य हविरूप है अर्थात् वहां उनका उपयोग है। वे भी दिशा उपदिशा, दूर समीप के सभी देशों को प्रस्थित हों, वहां विजय करें ॥ शत० ३ । ८ । ३ । ३१-३५ ॥

ऐन्द्रः प्राणोऽअङ्गेऽअङ्गे निदीध्यदैन्द्रऽउदानोऽअङ्गेऽअङ्गे निधीतः। देव त्वष्टर्भूरि ते सꣳसमेतु सलक्ष्मा यद्विषुरूपम्भवाति। देवत्रा यन्तमवसे सखायोऽनु त्वा माता पितरो मदन्तु ॥ २० ॥

सेनापतिर्देवता । याजुष्य उष्णिह. । ऋषभ. ॥

२०—०निधीत ऐन्द्र० निदीधे।' इति काण्व० ॥

भा०—जिस प्रकार (ऐन्द्रः) इन्द्र अर्थात् जीव सम्बन्धी (प्राणः) प्राण, चेतना (अङ्गे अङ्गे) अङ्ग अङ्ग में, प्रत्येक अङ्ग में (निदीध्यत्) निरन्तर प्रकाशित या चेतनारूप से विद्यमान रहती और गति करती या क्रीड़ा करती है । और जिस प्रकार (एन्द्रः उदान) जीव की एक शक्ति उदान भी (अङ्गे अङ्गे) प्रत्येक अङ्ग में (निधीतः) निरन्तर स्थिर रहती है उसी प्रकार (ऐन्द्र. प्राण.) राष्ट्र में भी प्राण के समान ऐन्द्र=अर्थात् इन्द्र राजा का उत्कृष्ट बल राष्ट्र के (अङ्गे २ निदीध्यत्) प्रत्येक अङ्ग में विराजमान हो, उज्ज्वलरूप मे विद्यमान हो । और इसी प्रकार (ऐन्द्रः उदानः) राजा के उत्तम सामर्थ्य उसको उन्नत करनेवाला बल भी (अङ्गे अङ्गे निधीतः) राष्ट्र के प्रत्येक अंग में स्थापित किया जाय । हे (देव) देव ! हे विजिगीषो ! राजन् सेनापते ! हे (त्वष्टः) शत्रुओं के बलको काटने वाले, हे प्रजापते ! और गृहपते ! हे वीर पुरुष ! (ते) तेरा (यत्) जो (सलक्ष्म) एक ही चिह्न या लक्षण को धारण करनेवाला, एक ही पोषाक पहनने वाला (विषुरूपम्) नाना प्रकार का सेना बल है वह (भूरि) बहुत अधिक मात्रा में (सम् एतु) एकत्र हो । (देवत्रा) देवों, राजाओं के बीच (यन्तम्) गमन करते हुए (त्वा अनु) तेरे पीछे २ चलनेवाले (सखायः) तेरे सुहृद् राजा लोग (अवसे) तेरी रक्षा के लिये चलें और (माता पितरौ) तेरे माता पिता भी (त्वा अनु) तेरे उन्नति के साथ (मदन्तु) हर्षित हों । अथवा तेरे मित्रगण तेरे माता पिता को हर्षित करें ॥

गृहपति पक्ष में—हे (त्वष्टः) गृहपते ! वीर्यनिषेक्त ! (यत्) जब (सलक्ष्मा) तेरे ही समान लक्षणोंवाली तेरी धर्मपत्नी (विषुरूपं भवाति) विषुरूप अर्थात् सन्तानरूप से नाना रूप होजाय तब वह (भूरि) बहुत अधिक (सम् , सम् एतु) तुझे सन्तान आदि सहित प्राप्त हो । (देवत्रा यन्तं सखायः माता पितरौ च त्वा अनु मदन्तु) और विद्वानों के बीच तेरे मित्र और माता पिता तुझे देख २ कर प्रसन्न हों । अथवा-(सलक्ष्मा ते भूरि

सं समेतु) हे वीर्य निषेक करने में समर्थ युवा पुरुष (ते) तेरे समान लक्षणों वाली स्त्री तुझे प्राप्त हो। (यत्) जिससे वह (विपुरूपं, भवति) नाना सन्तानों से नाना रूप हो। शेष पूर्ववत् ॥ शत० ३। ८। ३। ३६ ॥

'त्वष्टा'—इन्द्रो वै त्वष्टा। ऐ० ६। १० ॥ त्वष्टा वै रेत. सिक्तं विकरोति। श० १। ८। २। १०। ३ ॥ रेतः सिक्तिर्वै त्वाष्ट्र। कौ० १६। ६ ॥

समुद्रङ्गच्छ स्वाहान्तरिक्षङ्गच्छ स्वाहा देवꣳ सवितारङ्गच्छ स्वाहा। मित्रावरुणौ गच्छ स्वाहा होरात्रे गच्छ स्वाहा छन्दांꣳसि गच्छ स्वाहा द्यावापृथिवी गच्छ स्वाहा यज्ञं गच्छ स्वाहा सोमं गच्छ स्वाहा दिव्यं नभो गच्छ स्वाहाग्निं वैश्वानरङ्गच्छ स्वाहा मनो मे हार्दि यच्छ दिवं ते धूमो गच्छतु स्वर्ज्योतिः पृथिवीं भस्मना पृण स्वाहा ॥ २१ ॥

सेनापतिर्देवता। याजुष्य उष्णिहः। ऋषभः ॥

भा०—(समुद्रं गच्छ स्वाहा) हे सेनापते! तू (स्वाहा) उत्तम नौका आदि विद्या से तैयार किये, उत्तम उपाय से (समुद्र गच्छ) समुद्र की यात्रा कर। विमानविद्या द्वारा बनाये विमान आदि उत्तम उपाय से (अन्तरिक्षम् गच्छ) अन्तरिक्ष को प्राप्त कर, उसमें जा। (सवितारम् देवम् गच्छ स्वाहा) ब्रह्मविद्या से प्रकाशस्वरूप सविता, सर्वोत्पादक परमेश्वर को (गच्छ) प्राप्त हो। (स्वाहा मित्रावरुणौ गच्छ) योग विद्या से मित्र और वरुण, प्राण और उदान को वश कर। (स्वाहा अहोरात्रे

२१—'हार्दियच्छ' इत्यन्तो। मन्त्रः शत०। दिवन्ते०—स्वाहा' शतपथे नास्ति। लिंगोक्ता समुद्रादयो स्वरुश्च देवता। इति सर्वा०। समुद्र गच्छ स्वाहा देव १० सवितार गच्छ स्वाहा अन्तरिक्ष०। ०सोम गच्छ स्वाहा यज्ञ गच्छ स्वाहा नभो दिव्य०, हार्दयच्छ। दिव ते धूमो गच्छत्वन्तरिक्ष ज्योतिः। इति काण्व० ॥

गच्छ) कालविद्या से दिन और रात्रि का ज्ञान कर । (स्वाहा छन्दांसि गच्छ) वेद वेदाङ्ग की विद्या से समस्त ऋग्, यजु., साम और अथर्व चारों वेदों का ज्ञान कर । (स्वाहा द्यावापृथिवी गच्छ) आकाश, खगोल, भूगोल और भूगर्भ विद्या से द्यौ और पृथिवी, आकाश और भूमि के समस्त पदार्थों का ज्ञान कर । (स्वाहा यज्ञं गच्छ) उत्तम उपदेश से यज्ञ, अग्नि-होत्र, राज्यशासन आदि कार्यों को जान । (स्वाहा सोमम् गच्छ) उत्तम उपदेश द्वारा समस्त ओषधियों के परम रस व परम वीर्य को प्राप्त कर, उसका ज्ञान कर । (स्वाहा दिव्यं नभः गच्छ) उत्तम विद्या द्वारा दिव्य गुणयुक्त नभः आकाश के भागों को या जलों को जान । (स्वाहा अग्निम् वैश्वानरम् गच्छ) उत्तम विद्योपदेश द्वारा वैश्वानर अग्नि, जाठर अग्नि, अथवा सूर्य से प्राप्त अग्नि का ज्ञान कर ॥

हे परमात्मन् ! (मे) मेरे (हार्दि) हृदय में प्राप्त होने योग्य (मनः) उत्तम ज्ञान (यच्छ) प्रदान कर । हे अग्ने ! अग्रणी सेनापते ! (ते धूमः) जिस प्रकार अग्नि का धूआं आकाश में चला जाता है, उसी प्रकार (ते) तेरा (धूमः) शत्रुओं को कंपा देने वाला सामर्थ्य (दिवं गच्छ) प्रकाशमान सूर्य को प्राप्त करे अर्थात् प्रकाशित हो । तेरी (ज्योतिः) ज्योति.=यश, (स्व:) सूर्य को प्राप्त हो, अर्थात् यह सूर्य के समान प्रकाशित हो । और तू (पृथिवीम्) पृथिवी को (भस्मना) अपने तेज और शत्रु को दबानेवाले आतङ्क से (स्वाहा) उत्तम नीति से (आपृण) पूर्ण कर । 'भस्मना' भस भर्त्सनदीप्त्योः । इत्यतः सार्वधातुको मनिन् ॥

अर्थात् उत्तम २ विद्याओं द्वारा, और उत्तम विद्योपदेशों द्वारा समुद्र अन्तरिक्ष आदि को प्राप्त हो । अथवा हे राजन् ! तू (स्वाहा समुद्रं गच्छ) उत्तम आदान योग्य गुणों से समुद्र को प्राप्त हो अर्थात् तू समुद्र के समान गम्भीर रत्नों का आश्रय हो । तू अन्तरिक्ष को प्राप्त हो अर्थात् अन्तरिक्ष के समान पृथिवी का रक्षक बन, सूर्य के समान सब का प्रेरक राजा बन,

प्राण उदान के समान राष्ट्र का जीवन बन । दिन रात्रि के समान कार्य सञ्चालक और विश्रामवाला बन । इसी प्रकार वेदों के समान ज्ञानमय, द्यावापृथिवी के समान सबका आश्रय, यज्ञ के समान सब का पालक, सोम के समान रोगनाशक आकाश या जल के समान व्यापक और शान्ति-दायक, वैश्वानर अग्नि के समान सर्वहितकारी नेता, बन ॥ शत० ३ । ८ । ४ । १०–१८ ॥ ३ । ८ । ५ । १–६ ॥ यह मन्त्र प्रजोत्पत्ति पक्ष में शतपथ मे व्याख्यात है । जिसका अभिप्राय है कि महान् परमेश्वर का वीर्य जिस प्रकार समुद्र अन्तरिक्ष, सूर्य, मित्रवरुण द्यौ पृथिवी आदि नाना पदार्थों में परिवर्तित है, उसीप्रकार हे वीर्य ! तू भी माता के गर्भाशय में जाकर शरीर के ही नाना भागों में परिवर्तित हो ॥

[1]मापो मौषधीर्हिᳬसीर्द्धाम्नो धाम्नो राजंस्ततो वरुण नो मुञ्च । यदाहुरघ्न्याऽइति वरुणेति शपामहे ततो वरुण नो मुञ्च । [2]सुमित्रिया नऽआपऽओषधयः सन्तु दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यञ्च वयं द्विष्मः ॥ २२ ॥

वरुणो देवता । ब्राह्मी (१) स्वराड् उष्णिक् । ऋषभ ।
(२) विराड् गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (राजन्) राजन् ! हे (वरुण) वरुण ! सर्वश्रेष्ठ प्रजाओं और आप्तों द्वारा वरण करने योग्य ! तू (आप) आप्त प्रजाजनों को और (ओषधीः) दुष्टों के दोषों का नाश करने वाले, सामर्थ्यवान् वीर्यवान् पुरुषों को, (मा हिंसी) मत नाश कर । अथवा (आप. ओषधी. मा हिंसी) राष्ट्र में जलों, कूप तड़ाक आदि, ओषधि, अन्न आदि के खेतों और वनों का नाश मत कर । उनकी रक्षा कर । और (धाम्न धाम्न) प्रत्येक स्थान से (नः) हमें (मुञ्च) भय से मुक्त कर, हमे स्वतन्त्र रख । (यत्) जब २ हम हे (अघ्न्या.) न मारने योग्य गौ और ! विद्वान् ब्राह्मण गण ! हे (वरुण) सर्व श्रेष्ठ दोषवारक ! (इति) इस प्रकार कहकर हम (शपामहे) आगे

अपराध न करने की शपथ लें (तत) तब उस अपराध के दण्ड से (नः) हमें (मुञ्च) मुक्त कर । (न) हमारे लिये (आपः) समस्त जल और (ओषधयः) ओषधियां और आप्त पुरुष और दण्ड दाता अधिकारी-जन (नः) हमारे (सुमित्रियाः) उत्तम स्नेहकारी मित्र के समान वर्ताव करने वाले (सन्तु) हों । और वे ही (तस्मै) उस मनुष्य के लिये (दुर्मित्रियाः) दु.खदायी हों (यः) जो (अस्मान्) हमें (द्वेष्टि) द्वेष करता है और (यं च वयं द्विष्मः) जिससे हम द्वेष करते हैं ॥

'आपः'—आपो वै सर्वे देवाः। श० १०।५।४।१४॥ आपो वरुणस्य पत्न्यः। तै० १।१।३।८॥ अग्निना वा आप सुपत्न्यः। श० ६।८।२।३॥ मनुष्या वा आपः चन्द्रा.। श० ७।३।१।२०॥

'ओषधी '—ओषं धय इति तत ओषधय समभवन्। तेज और ताप को धारण करने वाला 'ओषधि' है ॥

गृहपति पक्ष में यही मन्त्र व्याख्यात होता है। जिससे स्त्रियें और गर्भिणिएं अदण्ड्य होती हैं ॥ शत० ३।५।१०।११॥

हुविष्मतीरिमाऽआपो हुविष्माँ२ऽ आविवासति ।
हुविष्मान्देवोऽअध्वरो हुविष्माँ२ऽ अस्तु सूर्यः ॥ २३ ॥

आप यज्ञः सूर्याश्च देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—(इमाः आप.) ये जल सदा (हविष्मतीः) हवि, अर्थात् ग्रहण करने योग्य रस और अन्न से युक्त हो उनको (हविष्मान्) हविः, उत्तम गुण और ज्ञान से सम्पन्न पुरुष (आविवासति) प्रयोग में लावे, उपयोग करे। अथवा—(इमा.) इन (हविष्मती) ज्ञान से समृद्ध प्रजाओ और आप्त पुरुषो या यज्ञादिक आप्त कर्मों को (हविष्मान् आविवासति) ज्ञान जल और अन्न से समृद्ध पुरुष ही सेवन करता है। (देवः) देव, साक्षात् राजा (अध्वर·) शत्रुओं से न पराजित होने वाला

(हविष्मान्) ग्रहण करने योग्य राष्ट्र से युक्त हो। और (सूर्यः) वह सूर्य के समान रश्मियों से युक्त तेजस्वी होकर (हविष्मान् अस्तु) अन्नादि उपयोगी पदार्थों से सम्पन्न हो ।

यज्ञ में ये आपः, 'वसतीवरी' कहाती हैं जो 'वसति' अर्थात् राष्ट्र के नगर, ग्राम आदि में बसी श्रेष्ठ प्रजाओं की प्रतिनिधि हैं।

अथवा—(हविष्मान्) हवि, ग्रहणशक्ति से सम्पन्न वायु जिस प्रकार (हविष्मती· आपः आविवासति) रस वाले जलों को अपने भीतर लेता है उसी प्रकार (अध्वरः देव हविष्मान्) अपराजित राजा स्वयं बल शाली होकर समस्त प्रजाओ को अपने वश रखे। और इसी प्रकार 'अध्वर' हिंसा रहित यज्ञ जिस प्रकार अन्नवान् है और जिस प्रकार सूर्य अपने रस ग्रहण की शक्तिरूप हवि को धारण करता है उसी प्रकार राजा भी अन्न आदि से समृद्ध हो ॥ शत० ३ । ६ । २ । १०+१२ ॥ इसी प्रकार प्रत्येक गृहपति को भी हविष्मान् और पत्नी को हविष्मती और वीर्यवान्, वीर्यवती, होने का उपदेश है । इस मन्त्र में 'आप' कन्या हैं क्योंकि उनको वरण द्वारा प्राप्त किया जाता है। उनके प्रतिनिधि भी 'वसतीवरी' हैं क्योंकि बसना चाहने वाले नवयुवकों को वे वरण करती हैं। और स्वंयवरा कन्या सूर्या' कहाती है। वरण योग्य पुरुष 'सूर्य' कहाता है ॥

[1]अग्नेर्वोऽपन्नगृहस्य सदसि सादयामीन्द्राग्न्योर्भागधेयी स्थ मित्रावरुणयोर्भागधेयी स्थ विश्वेषां देवानां भागधेयी स्थ । [2]अमूर्याऽउप सूर्ये याभिर्वा सूर्यः सह ता नो हिन्वन्त्वध्वरम् ॥२४॥

ऋ० १ । २३ । १७ ॥

अग्निर्देवता । (१) आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः । (२) त्रिपाद् गायत्री षड्जः ॥

भा०—हे स्वंय वरण करने हारी कन्याओ ! मैं तुम्हारा पिता

(व) तुम सब को (अपन्नगृहस्य) विपत्तिरहित गृह वाले पुरुष के (सदसि) गृह में (सादयामि) स्थापित करूं। तुम (इन्द्राग्न्योः) इन्द्र और अग्नि, इन्द्र=आचार्य और अग्नि=ज्ञानवान् गृहस्थ अथवा इन्द्र राजा शक्तिशाली पुरुष और ज्ञानवान् पुरुषों के (भागधेयी स्थ) भाग, अर्थात् सेवन करने योग्य अंश को धारण करती हो अर्थात् उनके योग्य हो। अथवा उनके सेवन करने योग्य अन्न आदि के धारण करने हारी हो। (मित्रावरुणयो भागधेयी. स्थ) मित्र, स्वस्नेही पुरुष और वरुण, पापों से निवारण करने वालों के भागों या अन्नादि पदार्थों को धारण करने वाली हो। (विश्वेषां देवानाम्) समस्त देव, विद्वान पुरुषों के (भागधेयीः स्थ) भोग्य अन्न आदि पदार्थों को धारण करने वाली हो। और ऐसी ही, इन्द्र, आचार्य, अग्नि, ज्ञानवान् पुरुष, मित्रजन, पाप निवारक हितैषी, समस्त विद्वानों के लिये अन्नादि से उनका सत्कार करने वाली बनी रहो॥

(या) जो गृहस्थ वधुएं (सूर्ये) सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष के (उप) समीप रहें और (याभिः सह) जिनके साथ (सूर्यः) सूर्य जैसा तेजस्वी पुरुष निवास करे (ताः) वे (नः) हमारे (अध्वरम्) अजेय राष्ट्र की शक्ति को (हिन्वन्ति) बढ़ाने वाली हो॥

राजा के पक्ष में—हे आप्त प्रजाओ ! तुमको (अपन्नगृहस्य सदसि सादयामि) जिसका गृह अर्थात् वश करने की शक्ति कभी कष्ट नहीं होती ऐसे राजा के सदस् अर्थात् राजसभा में स्थापित करता हूं। आप सब इन्द्र राजा और अग्नि सेनापति दोनों के (भागधेयी.) प्राप्तव्य अंश को धारण करती है, इसी प्रकार मित्र, न्यायकर्त्ता और वरुण, दुष्टों के दमनकारी अधिकारियों के भी भागों को धारण करती हो। तुम समस्त (देवानाम्) राज्य शासकों के भागों को धारण करती हो। और जितनी आप्त प्रजाएं (सूर्ये उप) सूर्य समान तेजस्वी राजा के समीप, उसके आश्रय हैं और जिनके साथ

तेजस्वी राजा सदा विद्यमान है, वे प्रजाएं राष्ट्र की वृद्धि करती हैं। अर्थात् प्रजा राज्य के सब विभागों को धन आदि से पालन करे और उनका व्यय दे। राजा प्रजा परस्पर मिल कर रहें तो राष्ट्र की वृद्धि होती है॥ शत० ३। ६। २। १३—१७॥

हृदे त्वा मन॑से त्वा दि॒वे त्वा॒ सूर्या॑य त्वा।
ऊ॒र्ध्वमि॒मम॑ध्व॒रं दि॒वि दे॒वेषु॒ होत्रा॑ यच्छ॥ २५॥

सोमो देवता। आर्षी विराड् अनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे कन्ये ! मैं तुझे (हृदे) हृदय वाले, प्रेम से युक्त, पुरुष के लिये, (मनसे) मन वाले या ज्ञानी, (दिवे) प्रकाश वाले, तेजस्वी और (सूर्याय) सूर्य के समान कान्तिमान्, वरण करने योग्य पुरुष के हाथ [यच्छामि] प्रदान करता हूं। और तू हे कन्ये ! (इमम्) इस वरण योग्य (अध्वर) अपराजित, अहिंसक (ऊर्ध्वम्) उत्कृष्ट पद पर स्थित पुरुष को (दिवि) ज्ञान प्रकाश में स्थित (देवेषु) देव विद्वानों के वीच में (होत्राः) जो आहुति देने वाले या दान देने योग्य गृहस्थ पुरुष हैं उनके नियम में (यच्छ) बांध। अथवा वरण करने हारी कन्या वर के प्रति कहती है। मैं (हृदे त्वा मन से दिवे त्वा, सूर्याय त्वा वृणोमि) अपने हृदय, चित्त, और प्रकाश या सुख के और अपने प्रेरक पति बनाने के निमित्त वरण करती हूं। (इमम् ऊर्ध्वम् अध्वरम्) तू इस गृहस्थ रूप यज्ञ को (दिवि) सुख लाभ के लिये (देवेषु) विद्वान पुरुषों में से भी जो (होत्राः) ज्ञान ऐश्वर्य प्रदान करने वाले यज्ञशील पुरुष हैं उनको (यच्छ) प्रदान कर, उनके अधीन कर॥

राजा के पक्ष मे—हे राजन् तेरे हृदय मन, तेज और राज पद के लिये तुझे हम प्रजाएं वरण करती हैं। ज्ञान, प्रकाश में जो विद्वानों में भी

२५—ऊर्ध्वो ऽध्वर० इति काण्व०॥

(होत्राः) उत्तम दानशील उदार पुरुष हैं तू इस राष्ट्रमय यज्ञ को उनके अधीन कर ॥ शत० ३ । ६ । ३ । १—५ ॥

[1]सोमं राजन्विश्वास्त्वं प्रजाऽउपावरोह विश्वास्त्वांप्रजाऽउपावरोहन्तु । [2]शृणोत्वग्निः समिधा हवं मे शृण्वन्त्वापो धिषणाश्च देवीः । श्रोता ग्रावाणो विदुषो न यज्ञᳪ शृणोतु देवः सविता हवं मे स्वाहा ॥ २६ ॥

सोमो राजा देवता । (१) गायत्री । षड्जः । (२) आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (सोम राजन्) सोम, सर्वप्रेरक राजन् ! सर्व उत्तम गुणों से प्रकाशमान ! सर्वोपरि विराजमान ! (त्वम्) तू (विश्वा प्रजाः) समस्त प्रजाओं के (उप अवरोह) अधीन होकर रह । और (विश्वा प्रजाः) समस्त प्रजाएं (त्वा उप अवरोहन्तु) तेरे अधीन होकर रहें । अर्थात् तुझ पर शासन प्रजा का हो और तेरा शासन प्रजा पर रहे ॥

(समिधा) उत्तम काष्ठ या इंधन से जिस प्रकार अग्नि प्रदीप्त और प्रबल हो जाता है उसी प्रकार (सम्-इधा) उत्तम तेज या सेना बल से प्रतापी (अग्निः) अग्रणी, या सेनापति (मे) मेरी, मुझ वेदज्ञ विद्वान् की (हवम्) हव, आज्ञा को (शृणोतु) सुने । और (आपः) आप्त प्रजाएं और (देवी.) विदुषी (धिषणाः) ज्ञान, और बुद्धि के प्रदान करने वाली श्रेष्ठ प्रजाएं भी (मे हवम्) मेरी आज्ञा को (शृण्वन्तु) सुनें । हे (ग्रावाणः) ज्ञान पूर्वक विवेचन करने वाले गुरुजनो ! आप लोग भी (विदुषः= विद्वांस यज्ञं न) यज्ञ परमेश्वर को, जिस प्रकार उसके विद्वान् लोग श्रवण करते हैं उसी प्रकार मेरे राष्ट्र रूप यज्ञ, के विषय में (श्रोत) श्रवण करो । और (सविता देवः) समस्त देवों, अधीन राजाओं का उत्पादक, प्रेरक राजा भी (मे हवम्) मेरे हव अर्थात् आज्ञा (शृणोतु) श्रवण करे । (स्वाहा) यही उत्तम वेदानुकूल व्यवस्था है ॥

'उपावरोह, उपावरोहन्तु' इन दोनों का अर्थ धातु, उपसर्ग साम्य से एक ही होना चाहिये। महीधर और उव्वटने 'उपावरोह' का अर्थ किया है 'आधिपत्याय तिष्ठ। (उपावरोहन्तु) प्रत्युत्थानादिभिः प्राप्नुवन्तु।' यह ठीक नहीं। 'धिषणा'—धी सादिन्यो वा धीमानिन्य इति निरु० २। ४॥ 'विदुषः,' अत्र विभक्तिव्यत्यय प्रथमार्थे द्वितीया। शत० ३। ६। ३। ६–१४॥

दे॒वी॑रापो॒ऽअपान्नपा॒द्यो व॑ऊ॒र्मिर्ह॑वि॒ष्य॒ऽइन्द्रि॒याबा॑न् म॒दिन्त॑मः। तं दे॒वेभ्यो॑ देव॒त्रा द॑त्त शुक्र॒पेभ्यो॒ येषां॒ भाग॒ स्थ॒ स्वाहा॑॥ २७॥

आपो देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—हे (देवी. आप·) दिव्य, उत्तम गुणवान् विद्वान्, आप्त प्रजा-जनो! (य) जो (वः) तुम मे से (अपां नपात्) प्रजाओं मे से ही उत्पन्न, प्रजाओं के हित को नष्ट न होने दे, ऐसा (ऊर्मि) जलों के बीच तरङ्ग के समान उन्नत (हविष्य) अन्न आदि से सत्कार करने योग्य (इन्द्रियावान्) समस्त इन्द्रियों से सम्पन्न, अथवा इन्द्र अर्थात् राजपद के योग्य, ऐश्वर्य, वैभव और बल सामर्थ्य से सम्पन्न (मदिन्तम) शत्रुओं को पराजय और अपने राष्ट्र को हर्षित करने में सब से अधिक समर्थ है उसको (देवेभ्य.) समस्त राजगण और विद्वान् पुरुषों के हितार्थ और (शुक्र-पेभ्य) शुक्र अर्थात् वीर्य का पालन करने वाले आदित्य ब्रह्मचारियों, योगियों और सत्य ज्ञान के पालन करने वाले विद्वानों के लिये अथवा शुक्रप अर्थात् प्रजाओं के पालन करने वाले अथवा शुक्रप अर्थात् शुक्र, आदित्य व्रत के पालक उन पुरुषों के लिये (देवत्रा) समस्त राजोचित अधिकार (दत्त) प्रदान करो। (येषाम्) जिनमें से आप लोग भी (भागः स्थ) एक श्रेष्ठ भाग हो। शत० ॥

'मदिन्तम'—मदी हर्षग्लेपनयो.। मदयतीति मदी सोतिशयितो मदिन्तम। नाद्घस्येति नुम्।

२७—०'देवत्रा दात शु०' इति काण्व० ॥

'शुक्रपेभ्य'। एष वै शुक्रो य एस आदित्यस्तपति । श० ४ । ३ । २६ ॥ अस्य अग्नेर्वा एतानि नामानि घर्म अर्क शुक्र ज्योति सूर्य । श० ६ । ४ । २ । २५ ॥ सत्यं वै शुक्रम् । श० ३ । ६ । ३ । २५ ॥ शुक्रा ह्याप. । तै० १ । ७ । ६ । ३ ॥

कार्षिरसि समुद्रस्य त्वा क्षित्या ऽउन्नयामि ।
समापो ऽअद्भिरग्मत समोषधीभिरोषधीः ॥ २८ ॥

प्रजा देवताः । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे वैश्यवर्ग ! तू (कार्षिः असि) समस्त भूमि पर कृषि कराने में समर्थ है । अथवा हे प्रजावर्ग ! और हे राजन् ! हे पुरुष ! (कार्षिः असि) परस्पर एक दूसरे को आकर्षण करने मे समर्थ है । (त्वा) तुझको मैं परमेश्वर या राजा (समुद्रस्य अक्षित्यै) प्रजाओं के उत्पत्ति स्थान, इस राष्ट्रवासी वर्तमान प्रजाओं का कभी नाश न होने देने के लिये (उत् नयामि) उच्च आसन पर बैठाता हूं । (आपः अद्भिः) जल जिस प्रकार जलों से मिलकर एक होजाते हैं उस प्रकार प्रजाओं में स्त्रियें प्रेमपूर्वक पुरुषों को (सम् अग्मत) प्राप्त हों । (ओषधीभि ओषधीः सम् अग्मत) ओषधियां जिस प्रकार ओषधियों से मिलकर अधिक गुणकारी और वीर्यवान् होजाती हैं उसी प्रकार तेजस्वी पुरुष तेजस्वी पुरुषो से एवं तेजस्वी पुरुष तेजस्विनी स्त्रियों से मिलें और अधिक तेजस्वी सन्तान उत्पन्न हों ।

इसी प्रकार गृहस्थ पक्ष में—हे पुरुष तू (कार्षि असि) कृषक के समान अपनी सन्तति के खेती करने मे समर्थ एवं स्त्री को अपने प्रति प्रेम से आकर्षण करनेहारा है । समुद्र=अर्थात् प्रजाओं के उद्भवरूप मानव समुद्र को नित्य बनाये रखने के लिये तुझे उन्नत पद देता हूं । जलों में जैसे जल मिलजाएं उस प्रकार पुरुष स्त्रियों से प्रेमपूर्वक ही विवाहित होकर सगत हों । और (ओषधीभिः ओषधीः) जिस प्रकार एक गुण की

२८—आज्यम्, आपश्च देवता । सर्वा० ॥

ओषधियां परस्पर मिलकर अधिक वीर्य को उत्पन्न करती हैं उसी प्रकार बलवीर्य युक्त स्त्री पुरुष मिलकर अधिक गुणवान् सन्तति उत्पन्न करें ॥ शत० ३ । ७ । ३ । २६ । २७ ॥

यम॑ग्ने पृत्सु मर्त्य॒मवा॒ वाजे॑षु यं जु॒नाः ।
स यन्ता॒ शश्व॑ती॒रिष॒: स्वाहा॑ ॥ २९ ॥ ऋ० १ । २७ । ७ ॥

मधुच्छन्दा ऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी नेत ! राजन् ! (यम् मर्त्यम्) जिस पुरुष को तू (पृत्सु) सग्रामों में (अव) रक्षा करता है और (वाजेषु) संग्रामों में (यम्) जिसको (जुना) भेजता है (स) वह पुरुष ही (शश्वती.) निरन्तर आजीवन प्राप्त होने योग्य (इष.) अन्न आदि वृत्तियोग्य पदार्थों को यन्ता) प्राप्त हो । (स्वाहा) यह सबसे उत्तम व्यवस्था है । अर्थात् जो पुरुष सग्रामों में बचकर आजाय और जो सग्रामों में भेजे जायँ राजा उनकी चिरकालिक या आजीवन या पुश्तैनी वृत्ति बांध दे । यह उत्तम व्यवस्था है । पेन्शन आदि देने का यही वैदिक आदेश है ॥ शत० ३ । ७ । ३ । ३२ ॥

दे॒वस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम् । आद॑दे॒ रावा॑सि गभी॒रमि॒मम॑ध्व॒रं कृ॒धीन्द्रा॑य सु॒षूत॑मम् । उ॒त्त॒मेन॑ प॒विनोर्ज॑स्वन्तं॒ मधु॑मन्तं॒ पय॑स्वन्तं निग्रा॒भ्या॒ स्थ दे॒व॒श्रुत॑स्त॒र्पय॑त मा ॥ ३० ॥

मनो॑ मे तर्पयत॒ वाचं॑ मे तर्पयत प्रा॒णं मे॑ तर्पयत॒ चक्षु॑र्मे तर्पयत॒ श्रोत्रं॑ मे तर्पयता॒त्मानं॑ मे तर्पयत प्र॒जां मे॑ तर्पयत प॒शून्मे॑ तर्पयत ग॒णान्मे॑ तर्पयत ग॒णा मे॒ मा वितृ॑षन् ॥ ३१ ॥

सविता देवता । स्वराडार्षी पंक्तिः । पञ्चम ॥ ३० ॥

प्रजा सभ्या राजानो देवता । उष्णिह: । ऋषभ ॥ ३१ ॥

३०–३१–रावा इत्यस्य ग्रावा, निग्राभ्या इत्यादि मन्त्रस्य आपो देवता । सर्वा० ॥

भा०—हे सेना समूह से सम्पन्न राजन् ! मैं (सवितुः देवस्य) सर्वोत्पादक सर्वप्रेरक परमेश्वर के (प्रसवे) राज्य शासन मे (अश्विनो) सूर्य चन्द्रमा दोनों के (बाहुभ्याम्) शान्तिदायक और संतापकारी सामर्थ्यों द्वारा और (पूष्ण.) पुष्टिकारक अन्न के (हस्ताभ्याम्) मधुर एवं गुणों द्वारा (आददे) तुझे ग्रहण करता हूं । तू (रावा असि) समस्त पदार्थों का प्रदान करनेहारा है । (इमम् अध्वरम्) इस राष्ट्ररूप यज्ञ को (गभीरम्) गम्भीर, समुद्र के समान गम्भीर अगाध ऐश्वर्यवान् और (इन्द्राय सूसूतमम्) इन्द्र, परमैश्वर्यवान् राजा के लिये खूब ऐश्वर्य बल एवं शक्ति के उत्पन्न करनेवाला (उत्तमेन पविना) उत्कृष्ट पवित्र अर्थात् वज्रस्वरूप, शस्त्रों के राजबल से इस यज्ञ को (ऊर्जस्वन्तम्) उत्तम बलयुक्त (मधुमन्तम्) अन्नादि खाद्य पदार्थों से समृद्ध (पयस्वन्तम्) दूध आदि पुष्टिकारक पदार्थ और गाय बैल आदि पशुओं से सम्पन्न (कृधि) बना ।

हे प्रजाजनो ! आप लोग (निग्राभ्या स्थ) मुझ राजा से राज्यव्यवस्था द्वारा वश करने योग्य हैं । आप लोग (देवश्रुत.) देव अर्थात् राजा और विद्वान् पुरुषो की आज्ञा और उपदेश के श्रवण करने वाली हो । अतः मै राजा तुम्हें आज्ञा देता हूं कि-(मा तपर्यत) मुझे कर आदि द्वारा तृप्त करो, संतुष्ट करो ॥ ३० ॥ (मे मन. तर्पयत) मेरे मनको तृप्त करो । (मे वाचं तर्पयत) मेरी वाणी को तृप्त करो । (प्राणं मे तर्पयत) मेरे प्राण को तृप्त करो । (मे चक्षु. तर्पयत) मेरी चक्षुओं को तृप्त करो । (मे श्रोत्रं तर्पयत) मेरे कान को तृप्त करो । (मे आत्मानं तर्पयत) मेरे आत्मा को संन्तुष्ट करो । (मे प्रजाम् तर्पयत) मेरी प्रजा पुत्र पौत्र आदि को सन्तुष्ट करो । (मे पशून् तर्पयत) मेरे पशु, रथ, वाहन, अश्व, गौ, महिष आदि को संतुष्ट करो । (मे गणान्) मेरे आधीन शासकवर्गों को और सेनागण को (तर्पयत) सन्तुष्ट करो । और ऐसा तृप्त करो कि (मे गणाः) मेरे सैनिक

और शासक वर्ग (मा वितृषन्) नाना पदार्थों के लिये तरसते न रहें, भूखे प्यासे न रहें ।

इन्द्राय त्वा वसुमते रुद्रवत॒ऽइन्द्राय त्वादित्यवत॒ इन्द्राय त्वाभिमातिघ्ने । श्येनाय त्वा सोमभृतेऽग्नये त्वा रायस्पोषदे ॥ ३२ ॥

सभापती राजा देवता । पञ्चपाद्ज्योतिष्मती जगती । निषादः ॥

भा०—हे सोम ! राजन् ! सभाध्यक्ष अथवा राष्ट्र ! (त्वा) तुझको मैं (वसुमते) वसु, ऐश्वर्यवान् प्रजाजनों से युक्त (इन्द्राय) इन्द्रपद के लिये और (रुद्रवते) शत्रुओं को रोदन कराने वाले रुद्र, वीर पुरुषों से सम्पन्न (इन्द्राय) परमैश्वर्य युक्त इन्द्र पद के लिये और (आदित्यवते) आदित्य के समान तेजस्वी अथवा आदान प्रदान करने हारे वैश्यगणों से युक्त (इन्द्राय) इन्द्र अर्थात् परमैश्वर्य पद के लिये और (अभिमातिघ्ने) अभिमान करने वाले शत्रुओं के नाशक (इन्द्राय) पराक्रमी इन्द्र पद के लिये और (सोमभृते) सोम रूप, राष्ट्र का भरण पोषण करने वाले (श्येनाय) श्येन-बाज़ पक्षी के समान शत्रु पर आक्रमण करने वाले सेनापति पद के लिये और (राय पोषदे) धनैश्वर्य को पुष्टि देने वाले (अग्नये) अग्रणी पद के लिये (त्वा ५) तुझ अमुक २ वीर, विद्वान्, ऐश्वर्यवान्, पराक्रमी, गुणवान् पुरुष को पदाधिकारी बनाता हूं । इस प्रकार राजा पांच पदों के लिये पांच योग्य शासक पुरुषों को नियुक्त करे ।

यत्ते॑ सोम दि॒वि ज्योति॒र्यत्पृ॑थि॒व्यां यदु॒रावुन्तरि॑क्षे ।
तेना॒स्मै यज॑मानायो॒रु रा॒ये कृ॒ध्यधि॑ दा॒त्रे वो॑चः ॥ ३३ ॥

सोमो देवता । भुरिगार्षी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे सोम ! सर्व राष्ट्रप्रेरक राजन् ! सभाध्यक्ष ! (ते) तेरा (यत्) जो (दिवि ज्योति) सूर्य में अर्थात् सूर्य के समान प्रखर तेजस्वी

३२—सोमो देवता । सर्वा० ॥ ३३—०'यदुरा अन्त०' इति काण्व० ॥

रूप से रहने में जो तेज है और (यत् पृथिव्याम्) जो तेरा तेज पृथिवी पर अर्थात् पृथिवी के समान सर्वाश्रय बने रहने में जो तेरा पराक्रम है और (यद् उरौ अन्तरिक्षे) जो विशाल अन्तरिक्ष अर्थात् वायु के समान सबके प्राणों का स्वामी होने में जो तेरा तेज है (तेन) उससे (अस्मै यजमानाय) इस यज्ञ सम्पादन करने वाले राष्ट्र यज्ञ के कर्त्ता, (उरु राये) महान् धनादि ऐश्वर्य सम्पन्न राष्ट्र के लिये समस्त कार्य (कृधि) तू सम्पन्न कर। और (दात्रे) तुझे अधिकार और वेतन आदि देने वाले इस राष्ट्र के लिये ही तू (अधिवोचः) अधिकार पूर्वक आज्ञा प्रदान किया कर। शत० ३। ६। ४। १२॥

श्वात्राः स्थ वृत्रतुरो राधोगूर्त्ता ऽअमृतस्य पत्नीः।
ता देवीर्देवत्रेमं यज्ञं नयतोपहूताः सोमस्य पिबत ॥ ३४ ॥

यज्ञो देवता। स्वराड् आर्षी बृहती। मध्यमः ॥

भा०—हे प्रजाजनो! आप लोग ही (श्वात्राः) विशेष नियम में बद्ध जलधाराओं के समान शीघ्र कार्य सम्पादन करने में समर्थ (स्थ) हो। और तुम लोग (राधो गूर्त्ताः) राधस्=धन ऐश्वर्य को प्रदान करने वाले और (अमृतस्य पत्नीः) अमृत, अन्न और जल का उचित रूप से पालन करते हो। हे (देवीः) विद्वान् या धन दान करने वाले (ताः) वे प्रजाजन (देवत्रा) देव अर्थात् योग्य उत्तम राजाओं और शासक पुरुषो के हाथ (इम यज्ञम्) इस राष्ट्रमय यज्ञ को (नयत) प्राप्त कराते हो। और आप लोग (उपहूता) आदर पूर्वक बुलाये जाकर (सोमस्य) इस राष्ट्र से उत्पन्न उत्तम फल का या राजा के इस राज्य का (पिबत) पान करो, आनन्द प्राप्त करो।

गृहस्थ पक्ष में—(श्वात्राः) विद्युत् के समान शीघ्र कार्य करने वाली, कार्य दक्ष (वृत्रतुरः) मेघ को जिस प्रकार विजली फाड़ देती है उसी

३४—निग्राभ्या देवता. । सर्वा० ॥

प्रकार विघ्न के नाश करने वाली (राधोगूर्त्ताः) धन के बढ़ाने वाली (अमृतस्य सोमस्य पत्नीः) अमर, सदा स्थिर राजा की पत्नियों के समान अमृत रस या अन्न की पालन करने वाली गृहपत्नी (देवी) देविया (देवत्रा) अपने देव-तुल्य पतियों के आश्रय रहकर (इमं यज्ञ नयत) इस गृहस्थ यज्ञ को पूर्ण करें, निबाहें। और वे (उपहूताः सोमस्य पिबत) आदरपूर्वक यज्ञ में बुलाई जाकर सोम आदि ओषधियों के रसका पान भी करें।

शतपथ में—यह वर्णन 'निग्राभ्या-आप' का है। उनका विशेषण 'श्वात्रा' और 'वृत्रतुर' है। इससे वे शीघ्र कार्य करने वाली, वेगवती, शत्रुओं के नाश करने वाली, अमृत, सोम रूप राजा की रक्षक हैं। अर्थात् जब तक उनका प्रेरक सेनापति या राजा मरता नहीं तब तक वे उसकी रक्षा पर डटी रहती हैं। वे ही (राधोगूर्त्ताः) समस्त धन ऐश्वर्य प्राप्त कराती हैं। वे समस्त देवो, विद्वान् शासको के बीच में राष्ट्र को स्थापन करतीं और आदरपूर्वक निमन्त्रित होकर राज्य के उत्तम फलों का उपयोग करें। 'वृत्रतुर' एतानि वृत्रमघ्नन्।

'सोमस्य पिबत' तदुपहूता एव प्रथमभक्षं सोमस्य राज्ञो भक्षयन्ति। शत० ३।९।४।१६।

माभेर्मा संविक्था ऽऊर्जं धत्स्व धिषणे वीड्वी सती वीडयेथा-मूर्जं दधाथाम्। पाप्मा हतो न सोमः॥ ३५॥

द्यावापृथिव्यौ देवते। भुरिगार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे राजन्! और हे प्रजागण! तू (मा भेः) भय मत कर। (मा संविक्थाः) तू भय से कंपित न हो। तू (ऊर्जं धत्स्व) 'ऊर्ज' बल को धारण कर। हे राजा और प्रजा तुम दोनों! (धिषणे) एक दूसरे का आश्रय होकर आकाश और पृथिवी या सूर्य और पृथिवी के समान दोनों (वीड्वी सती) वीर्यवान्, बलवान्, दृढ़, हृष्ट पुष्ट होकर (वीडयेथाम्)

एक दूसरे का बल बढ़ाओ। और अपने को बलवान् करो। इस प्रकार युद्धादि के अवसर पर भी यद्यपि राजा पर आक्रमण होगा तब भी प्रजा और राजा दोनों के बलिष्ठ होने पर (पाप्मा हतः) पाप करने वाला दुष्ट शत्रु पुरुष ही मारा जाय। (न सोम) सोम, सर्वप्रेरक राजा या राष्ट्र का नाश नही होता। शत० ३। ६। ४। १६-१८॥

गृहस्थ पक्ष में—हे पुरुष और हे स्त्री! तुम दोनों गृह के पालन के कार्य में मत डरो। भय से कम्पित मत होओ। एक दूसरे के आश्रय और (धिषणे) बुद्धिमान और आत्मसन्मान, बलवान्, (वीड्वी) वीर्यवान् होकर सदा बलवान् व दृढ़ बने रहो और ऊर्ज, पराक्रम को धारण करो। इस प्रकार समस्त पाप नष्ट हो जायगा। और 'सोम' अर्थात् परस्पर का गृहस्थ सुख या आह्लाद कभी नष्ट नहीं होगा।

प्रागपागुदगधराक्सर्वतस्त्वा दिश ऽआधावन्तु।
अम्ब निष्पर समरीर्विदाम् ॥ ३६॥

सोमो देवता। उष्णिक्। ऋषभ.॥

भा०—हे राजन्! (त्वा) तेरी शरण में (प्राक्) पूर्व (अपाक्) पश्चिम, (अधराक्) दक्षिण और (उदक्) उत्तर (सर्वतः) इन सब ओर से (दिशः) समस्त दिशाओं के प्रजाजन (आधावन्तु) आवें और कहें। हे (अम्ब) हमारे प्रेमी! (नि. पर) हमें सब प्रकार से पालन कर। (अरीः) समस्त प्रजाएं (त्वा) तुझे अपना स्वामी, माता के समान पालक (सम् विदाम्) भली प्रकार जाने॥ शत० ३। ६। ४। २१॥

गृहस्थ पक्ष में—हे (अम्ब) बच्चों की माता! तेरे पुत्र सब दिशाओं से तेरे पास आवें, कहें हमें पालन कर। समस्त प्रजाएं तुझे अपनी माता ही जानें।

त्वमङ्ग प्रशꣳसिषो देवः शविष्ठ मर्त्यम्। न त्वदन्यो मघवन्नस्ति मर्डितेन्द्र ब्रवीमि ते वचः॥ ३७॥ ऋ० १। ८४। १९॥

गोतम ऋषि। इन्द्रो देवता। भुरिगार्षी अनुष्टुप्। गाधार॥

भा०—हे (अङ्ग) हे (शविष्ठ) सब से अधिक शक्तिमन् ! तू (देवः) विजिगीषु राजा होकर (मर्त्यम्) मनुष्यमात्र को (प्रशंसिष) उत्तम शिक्षा प्रदान कर, उत्तम उपदेश कर। हे (मघवन्) ऐश्वर्यवन् ! (त्वत् अन्यः) तेरे से दूसरा कोई (मर्डिता न) कृपालु, उन पर दया करने वाला, सुखकारी नहीं है। हे (इन्द्र) इन्द्र ! राजन् ! मैं (ते) तुझे (वच) उत्तम वेदानुकूल राजधर्म के वचनों का उपदेश करता हूं ॥ शत० ३ । ६ । ४ । २४ ॥

परमेश्वर पक्ष में—हे परमेश्वर (शविष्ठ) सर्वशक्तिमन् ! तू समस्त (मर्त्यम्) मानव जाति को (प्र) सब से प्रथम (शंसिष) उपदेश करता है। (त्वदन्य.०) तेरे से दूसरा कोई सुखकारी दयालु नहीं है। (ते वच. ब्रवीमि) तेरे ही-वेद वचनों का म सर्वत्र उपदेश करूं।

॥ इति षष्ठोऽध्यायः ॥

[तत्र त्रयश्चत्वारिंशदृचः]

इति मीमांसातीर्थ-विद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये षष्ठोऽध्यायः ॥

अथ सप्तमोऽध्यायः

॥ ओ३म् ॥ वाचस्पतये पवस्व वृष्णो॑ऽअ॒ꣳशुभ्यां गभस्तिपूतः । देवो देवेभ्यः पवस्व येषां भागोऽसि ॥ १ ॥

प्राणो देवता । भुरिगार्ष्यनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे पुरुष ! तू (वाचःपतये) आज्ञा करने वाली वाणी के पालक अर्थात् स्वामी के लिये (पवस्व) पवित्र हो, उसकी आज्ञा पालन करने के निमित्त दत्तचित्त होकर चित्त से वैर आदि के भावों को त्याग कर । (वृष्णः) सूर्य के (गभस्तिपूतः) किरणों से जिस प्रकार वायु पवित्र होकर वाचःपति प्राण के लिये शरीर में जाता है इसी प्रकार (वृष्णः) समस्त सुखों के वर्षक, राजा के (गभस्तिपूत.) ग्रहण करने के सामर्थ्य, तेज या प्रताप से पवित्र होकर और उसके (अंशुभ्याम्) दोनों प्रकार की वाह्य और आभ्यन्तर शक्तियों से पवित्र होकर तू स्वयं (देव) देव, दानशील, एवं विजिगीषु होकर (येषाम्) जिनका तू (भाग. असि) स्वय सेवनीय अंश है । (देवेभ्य.) उन, देव, विद्वानों के उपकार के लिये (पवस्व) शुद्ध पवित्र होकर काम कर । जिस पुरुष को प्रथम राज कार्य में नियुक्त करे उसको अपने वाचस्पति अर्थात् अपने ऊपर के आज्ञादाता के प्रति स्वच्छ रहना चाहिये वह उसकी आज्ञा का कभी उल्लंघन न करे । वह स्वय विद्वान्, उनके ही निमित्त उसको वद्ध करे । राजा से लेकर अन्तिम कर्म करने तक यही मन्त्र लागू हो पदाधिकारी स्वयं भी 'देव' अर्थात् राजा के स्वभाव का हो ।

अध्यात्म में—अंशु प्रजापति आत्मा के दो भाग प्राण और उदान हैं ॥ वायु उन द्वारा गृहीत होकर वाचस्पति आत्मा मुख्य प्राण के लिये शरीर मे गति करता है । वह स्वय एक मुखगत 'देव' या कर्मेन्द्रिय होकर अन्य

अंगों के या इन्द्रियों के लिये शरीर में गति करता है। इसी प्रकार राजा और मुख्य नियुक्त पुरुष भी अपने अधीन पदाधिकारियों के लिए पवित्र निष्कपट होकर काम करे। शतपथ में यह ग्रहों के प्रकरण मे लिखा गया है। 'ग्रह' का अर्थ है राज्य को वश करने के निमित्त विशेष विभाग का अधिकारी। वे सब सोम राजा के ही अधिकार को बाट कर रहते हैं॥ शत० ४। १। १। ८—१२॥

यद् गृह्णाति तस्माद् ग्रह । श० १०। १। १। ५॥ त सोमम् अघ्नन्। तस्य यशो व्यगृह्णात ते ग्रहा अभवन्। यद्वित्त (यज्ञं) ग्रहैर्व्यगृह्णात तद् ग्रहाणा ग्रहत्वम्। ए० ३। ६॥ अध्यात्मम्—अष्टौ ग्रहा । प्राण जिह्वा, वाक् चक्षु, श्रोत्रम् मनो, हस्तौ त्वक् च। श० १०। ६। २। १॥ प्राणा वै ग्रहा। श० ४। २। ४। १३॥ अङ्गानि वै ग्रहा। श० ४। ५। ६। ११। अर्थात्—जो ग्रहण करे सबको वश करे वह 'ग्रह' है। सोम को प्राप्त करके उसके विस्तार के टुकड़े २ कर दिये, राजा के अधिकार को विभक्त कर दिया, वे राजा के अधीन विभागों के अध्यक्ष 'ग्रह' होगये। यज्ञ अर्थात् प्रजापति राष्ट्र को विभक्त कर दिया वे 'ग्रह' हैं। शरीर में प्राण 'ग्रह' है अङ्ग 'ग्रह' है।

गभस्ति—गा भसति अदन्ति दीप्यन्ते वा गभस्तय इति देवराज । गृहेर्गभस्तिरिति माधव ।

मधुमतीर्न्न ऽइषस्कृधि यत्ते सोमादाभ्यं नाम जागृवि तस्मै ते सोम सोमाय स्वाहा स्वाहोर्वन्तरिक्षमन्वेमि ॥ २ ॥

सोमो देवता। निचृदार्षी पक्ति । पचम स्वर ॥

२—कृध्यन्तस्य प्राण उपांशुग्रहरूपो देवता। स्वाहाकारस्य अग्नि । उर्वन्तरिक्षमित्यस्य रक्षो देवता। सर्वा० ।

भा०—हे राजन् ! (न) हमारे लिये (मधुमतीः) मधुर रस से युक्त (इषः) अन्नों को (कृधि) उत्पन्न कर। अथवा हे (मधुमतीः) अपनी (रायः) प्रेरक आज्ञाओं को (मधुमतीः) बल से युक्त कर। (यत्) क्योंकि हे (सोम) सर्व प्रेरक राजन् ! (ते नाम) तेरा नाम, तेरा स्वरूप या तेरा नमाने या झुकाने या दमन करने का सामर्थ्य भी (अदाभ्यम्) कभी विनाश नहीं किया जा सकता, तोड़ा नहीं जा सकता और वह (जागृविः) सदा शरीर में प्राण के समान जागता रहता है। (तस्मै) इस कारण से हे (सोम) सर्वप्रेरक राजन् ! (ते सोमाय स्वाहा) तेरे निमित्त हमारा यह आत्मत्याग है। अर्थात् हम पदों पर नियुक्त पुरुष सर्व प्रकार से तेरे अधीन हैं। राजा अपने अधीन पुरुषों और प्रजाओं को अपने प्रति ऐसा वचन सुनकर स्वयं भी कहे (स्वाहा) यह मेरा भी तुम्हारे लिये आत्मोत्सर्ग रूप आहुति है। अथवा अपनी वश करनेवाली शक्ति या प्रतिष्ठा से मैं अब (उरु अन्तरिक्षम्) विशाल अन्तरिक्ष को (अनुएमि) अनुसरण करता हूं। अर्थात् जिस प्रकार अन्तरिक्ष समस्त पृथिवी पर आच्छादित है इसी प्रकार मैं समस्त प्रजा पर समयरूप से शासक बनता हूं। जिस प्रकार वायु सबका प्राण है उस पर सब जीते हैं इसी प्रकार मेरे आश्रय पर समस्त प्रजाएं जीवन धारण करें। अथवा (अन्तरिक्षम् अन्वेमि) अन्तरिक्ष अर्थात् प्रजा और राजा के बीच के शासक मण्डल पर भी मैं अपना अधिकार करता हूं। वे प्रजा की रक्षा करने से 'रक्षोगण' है उनका वश करने के लिये राजा उन पर पूरा वश रक्खे।

स्वाहा—स प्रजापतिर्विदांचकार स्वो वै मा महिमा आहेति, स स्वाहे त्येवा जुहोत्। श० २। २। ४। ६॥ हेमन्तो वै ऋतूनां स्वाहाकारः हेमन्तो हि इमाः प्रजा स्व वशमुपनयते। श० १। ५। ४। ५॥ अन्तं हि स्वाहाकार। श० ६। ६। ३। १७॥ प्रतिष्ठा वै स्वाहाकृतयः। ए० ४॥

'अन्तरिक्षम्'—तद्यदस्मिन् इदं सर्वमन्तस्तस्मादन्तर्यक्षम्। अन्तर्यक्षं ह वै नामैतत् तदन्तरिक्षमिति परोक्षमाचक्षते। जै० उ० १।२०।४॥ ईक्षं हैतन्नाम तत. पुरा अन्तरा वा इदमीक्ष मभूदिति तस्मादन्तरिक्षम्॥ शत० ७।१।२।२३॥ अन्तरिक्षायतनाहि प्रजा.। ता० ४।८।१३॥ असुराः रजताम् अन्तरिक्षलोके अकुर्वत। ऐ० १।२३॥

अर्थात्—प्रजापति का अपना बड़ा सामर्थ्य या ऋतुओं में तीक्ष्ण प्रहार करनेवाले राजा का हेमन्त या पतझड़ का सा रूप है। 'जो प्रजाओं को अपने वश करने का सामर्थ्य या अन्न या प्रतिष्ठा हैं ये स्वाहा के रूप हैं। भीतर सबका निरीक्षक पूजनीय, 'अन्तरिक्ष' है। भीतरी निरीक्षक पदाधिकारी 'अन्तरिक्ष' है। चांदी या धन के द्वारा बंधे अधिकारीमण्डल भी 'अन्तरिक्ष' हैं। शत० ४।१।१।१-५॥

स्वाङ्कृतोऽसि विश्वेभ्य ऽइन्द्रियेभ्यो दिव्येभ्य. पार्थिवेभ्यो मनस्त्वाष्टु स्वाहा त्वा सुभव सूर्याय देवेभ्यस्त्वा मरीचिपेभ्यो देवांशो यस्मै त्वेडे तत्सत्यमुपरिप्रुता भङ्गेन हतोऽसौ फट् प्राणाय त्वा व्यानाय त्वा॥ ३॥

विद्वांसो देवता। विराट् ब्राह्मी जगती। निषाद.॥

भा०—हे राजन्! (इन्द्रियेभ्य) इन्द्रियों के हित के लिये जिस प्रकार आत्मा (दिव्येभ्य.) आकाश या प्रकाशमान लोकों के लिये जिस प्रकार सूर्य स्वय अपने तेज से प्रकाशमान है उसी प्रकार (पार्थिवेभ्य) पृथिवी के निवासी राजागण या प्रजा लोगों के हित के लिये तू (स्वाङ्कृत) स्वय अपने सामर्थ्य से राजा बनाया गया (असि) है। (त्वा मन· अष्टु) तुझे मन अर्थात् शुद्धविज्ञान प्राप्त हो। अथवा—तुझे मननशील मन्त्री प्राप्त

३—'स्वा० सूर्याय' अस्य उपांशुर्देवता। 'देवे अभ्य' इत्यस्य देवा, फडन्तस्य सोमांशु.। प्राणाय त्वेत्यस्य ग्रह। व्यानापत्वे त्यभ्योपांशुर्देवता। सर्वा०। '०स्वभवस्सूर्याय' ०यस्मै त्वेळे० ॥ परिप्लुता० इति काण्व०।

हो। अथवा जिस प्रकार समस्त चक्षु आदि इन्द्रियों पर मन अधिष्ठाता है उसी प्रकार समस्त लोकों पर मनके समान, सर्वविचारक और प्रेरक पद तुझे प्राप्त हो। हे (सुभव) उत्तम सामर्थ्य से युक्त उत्तम कुलजात! उत्तम पद पर विराजमान! हे सुजात! मैं विद्वान् पुरुष (त्वा) तुझको (सूर्याय) सूर्य के पद के लिये नियुक्त करता हूं। अर्थात् सूर्य जिस प्रकार तेजस्वी और आकर्षक होकर सब ग्रहों को प्रकाशित और व्यवस्थित करता है उसी प्रकार समस्त प्रजा और शासकों को व्यवस्थित करने के लिये तुझे वरता हूं। और (मरीचिपेभ्य: देवेभ्यः) मरीचि, किरणों से जिस प्रकार सूर्य पृथिवी के जलों को चूस लेता है उसी प्रकार अपने मरीचि=मृत्युदायक, त्रासकारी साधनों से प्रजा के अन्न धनों को चूसनेवाले 'देव' विजुगीष राजाओं के लिये, उन पर वश करने के लिये भी (त्वा) तुझे नियुक्त करता हूं। हे (देव) देव! राजन्! हे (अंशो) अंशो! हे प्रजापते! (यस्मै) जिस कारण से (त्वा ईडे) मैं तेरी स्तुति करता हूं या तेरी मैं इतनी प्रतिष्ठा करता हूं (तत्) वह तेरा (सत्यम्) सत्य है, सत्य का पालन, न्यायस्थापन तेरा धर्म या व्रताचरण ही है। अर्थात् राजा राष्ट्र के सत्यधर्म या क़ानून का पालन करता है, उसका यह सत्यपालन का कर्त्तव्य ही उसकी स्तुति और पूजा का कारण है। और (उपरिश्रुता) सत्य की मर्यादा को लांघजाने वाले (भङ्गो न) नियमोलङ्घन व सत्य के रौंद डालने से (हत:) ताड़ित होकर (असौ) अमुक असत्य मार्गगामी, विपरीत राजा (फट्) विध्वंस होने योग्य है, उसे मार दिया जाय। हे राजन् (त्वा) तुझको (प्राणाय) शरीर में प्राण के समान राष्ट्र में समस्त कार्यों के सञ्चालन के लिये और (त्वा) तुझको (व्यानाय) शरीर में विभक्त होकर नाना कर्मेन्द्रियों के चालक व्यान के समान राष्ट्र में विविध कार्यों के चलने के लिये नियुक्त करता हूं॥ शत० ४।१।१।२२-२८॥

'मरीचिपेभ्य '—मृङ् प्राण त्यागे (तुदादि) अस्मादीचि (उणा०) 'अंशो'—प्राण एवांशुरुदानोऽदाभ्य । चक्षु एवांशु श्रोत्रमदाभ्य प्रजापातिर्वा एष यदंशु । श० ४ । ६ । १ । १ ॥ अंशुर्वै नामग्रह स प्रजापतिः । ४ । १ ॥ १ । २ ॥ सोऽस्य एष आत्मैव । ४ । ६ । २ । १ ॥ 'सत्यम्' त्रयी सा विद्या तत्सत्यम् । श० ८ । ५ । १ । १८ ॥ सत्य वा ऋतम् । श० ७ । ३ । १ । २३ ॥ यो वै धर्म सत्य वै तत् । सत्य वदन्तमाहुर्धर्मं वदतीति । धर्मं वा वदन्त सत्य वदतीति । श० १४ । ४ । २ । २६ ॥ समूलो ह वा एष परिशुष्यति य एवानृतं वदति ॥ बृहदा० उप० ॥

उपयामगृहीतोऽस्यन्तर्यच्छ मघवन् पाहि सोमम् ।
उरुष्य राय ऽएषो यजस्व ॥ ४ ॥

इन्द्रो मघवा देवता । आर्ष्युष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—हे मघवन् ! ऐश्वर्यवन् ! तू (उपयामगृहीत असि) तू 'उपयाम' इस समस्त पृथिवी के शासन द्वारा गृहीत है । तुझे समस्त पृथ्वी देकर उसके बदले मे तुझे राज कार्य मे लगाया गया है । हे (मघवन्) ऐश्वर्य सम्पन्न ! तू (अन्त यच्छ) राष्ट्र का भीतर से नियन्त्रण कर और (सोमम् पाहि) सोम राजा या राष्ट्र की रक्षा कर । (राय उरुष्य) समस्त पशु आदि ऐश्वर्यों की रक्षा कर और (इष) अन्नों को (आयजस्व) प्राप्त कर अर्थात् प्रजा से अन्नादि रूप में करले । और भूमि को प्राप्त कर । शत० ४ । १ । २ । १५ ॥ 'उपयाम '—इयं पृथिवी वा उपयाम । इय वा इदमन्नाद्यमुपयच्छति पशुभ्यो मनुष्येभ्यो वनस्पतिभ्य. । श० ४ । १ । २ । ८ ॥

अध्यात्म में—हे साधक ! तू (उपयामगृहीत.) स्वीकृत यम नियमादि द्वारा गृहीत है । प्राणादि को भीतर वश कर । योग सिद्ध ऐश्वर्य रूप सोम का पालन कर । ऋद्धि सिद्धि रूप ऐश्वर्य और इच्छाओं को भी रक्षा कर ॥

४—'रायोवेषो'० इति काण्व० ॥

अन्तस्ते द्यावापृथिवी दधाम्यन्तर्दधाम्युर्वन्तरिक्षम् ।
सजूर्देवेभिरवरैः परैश्चान्तर्यामे मघवन् मादयस्व ॥ ५ ॥

मघवा ईश्वरो देवता । आर्षी पक्तिः । पञ्चम ॥

भा०—हे मघवन् ! इन्द्र ! राजन् ! (ते अन्त.) तेरे शासन के भीतर (द्यावा पृथिवी) द्यौ और पृथिवी दोनों को (दधामि) स्थापित करता हूं । और (ते अन्त.) तेरे ही शासन के भीतर (उरु) विशाल (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को भी (दधामि) स्थापित करता हू । अर्थात् तीनो को तेरे वश मे रखता हू अथवा तुझे तीनों का पद प्रदान करता हूं । वह 'द्यौ' सूर्य के समान, सब का प्रकाशक, एवं समस्त सुखो का वर्षक, पृथिवी के समान सब का आश्रय और अन्तरिक्ष के समान उनका आच्छादक हो । और (अवरै.) अपने से नीचे के (देवेभि.) कर देनेवाले माण्डलिक राजाओ के साथ (सजू) प्रेमयुक्त व्यवहार करता हुआ, उनका प्रेम पात्र होकर और (परै च) अपने से दूसरे शत्रु राजाओं के साथ मित्रभाव करके (अन्तर्यामे) अपने राष्ट्र के भीतरी प्रबन्ध में (मादयस्व) समस्त प्रजाओं को सुखी, प्रसन्न कर ।

'अन्तर्याम '—यद्वा अनेन इमाः प्रजा यतास्तस्मादन्तर्यामो नाम। सोऽस्य अयमुदानोऽन्तरात्मन् हित. । श० ४ । १ । २ । २ ॥ तेन उ ह असावादित्य उद्यन्नेव इमाः प्रजा न प्रदहति तेनेमा प्रजास्त्वाताः । श० ४ । १ । २ । १४ ॥

प्रजा का भीतरी प्रबन्ध विभाग 'अन्तर्याम' है । उसके प्रबल होने पर राजा बहुत बलिष्ठ होकर भी अपनी प्रजाओं को नाश नही करता । इस भीतरी प्रबन्ध में राजा अपने अधीन राजाओं और शत्रु राजाओं से सन्धि करके उनके साथ एकमति होकर मित्रभाव से रहता और अपनी उन्नति करता है इसीसे उसकी प्रजा सुरक्षित रहती हैं॥ शत० ४। १ । २ ॥

५—मघवा देवता । 'सर्वा'० । ०न्तरिक्षमन्वेमि ॥ इति काण्व० ॥

स्वाङ्कृतोऽसि विश्वेभ्यऽइन्द्रियेभ्यो दिव्येभ्यः पार्थिवेभ्यो मनस्त्वाष्टु स्वाहा त्वा सुभव सूर्याय देवेभ्यस्त्वा मरीचिपेभ्य ऽउदानाय त्वा ॥ ६ ॥

मघवा इन्द्रो योगी वा देवता । भुरिक् त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

भा०—(स्वाङ्कृत असि० ०मरीचिपेभ्य.) इस भाग की व्याख्या देखो (अ० मन्त्र ३) (उदानाय त्वा) हे राजन् ! अथवा हे उसी के समान बलशालिन् ऐश्वर्यवान् पुरुष ! तुझको शरीर में उदान के समान राष्ट्र में उपराजा के पदपर नियुक्त करता हूं । अथवा राजा को ही दोनों पद दिये जाय ॥ शत० ४ । १ । २ । १७–२७ ॥ यह दूसरा पुरुष भी राजा का सहयोगी उपराजा समझना चाहिये ।

अध्यात्म में—वह मुख्य प्राण के शक्ति सामर्थ्य से इन्द्रियों के लिये हे (सुभव) योगिन् ! (त्वं स्वांकृत असि) तू स्वांकृत, स्वयं सिद्ध अनादि आत्मा है । तू समस्त इन्द्रियों और दिव्य और पार्थिव बल प्राप्त करने में समर्थ है । (मन त्वा अष्टु) योग द्वारा मनन शक्ति तुझे प्राप्त हो । (सूर्याय) सूर्य के समान तेजस्वी होने के लिये (मरीचिपेभ्य. देवेभ्य.) रश्मियों के पालक देव, दिव्य पदार्थों के समान तेजस्वी होने के लिये और (उदानाय) उदान की साधना या उदान के जय से उत्कृष्ट जीवन और बल का साधन करने के लिये तुझे उपदेश करता हूं ॥ शत० ४ । १ । २ । १७–२४ ॥

आ वायो भूष शुचिपाऽउप नः सहस्रं ते नियुतो विश्ववार । उपो तेऽअन्धो मद्यमयामि यस्य देव दधिषे पूर्वपेयं वायवे त्वा ॥ ७ ॥ ऋ० ७ । ९२ । १ ॥

वशिष्ठ ऋषिः । वायुर्देवता । निचृत् जगती । निषादः ॥

६—'उदानाय त्वा' इत्यस्य ग्रहो देवता । '०स्वभवस्सूर्याय' इति काण्व० ॥

भा०—हे (वायो) वायु के समान देश में तीव्र गति से जानेवाले और शत्रु पर तीव्र गति से आक्रमण करनेहारे और शरीर में प्राण के समान राष्ट्र में जीवन या अधिपति रूप से स्थित राजन् ! हे (शुचिपा) सब व्यवहार में शुद्धता और निष्कपटता, छल छिद्र रहितता के पालन करनेवाले ! सत्य के और धर्म के पालक ! राजन् ! हे (विश्ववार) समस्त प्रजाओं से राजपद पर वरण किये गये ! अथवा सबके रक्षक ! तू (नः) हमारे (उप) समीप (आ भूष) सुशोभित हो । (ते नियुत सहस्रम्) तेरे अधीन सहस्रों नियुक्त पुरुष अश्व या अश्वारोही हैं। (ते) तेरे (मघम्) तृप्ति करनेवाले (अन्धः) अन्न को मैं (उपो अयामि) तुझ तक प्राप्त कराता हूं । जिसको हे (देव) राजन् ! तू (पूर्वपेयम्) सबसे प्रथम पान या ग्रहण (दधिषे) करता है । (त्वा) तुझ शक्तिशाली पुरुष को (वायवे) वायु के समान सर्वाश्रय, सर्वरक्षक पदपर नियुक्त करता हूं । योग्य शक्तिशाली पुरुष को वायु पद पर स्थापित करे ।

अध्यात्म में—हे वायो ! प्राण ! तू शरीर में शुद्धता, दोषनाशक गुणको पालन करता है, शुद्ध कान्ति बनाये रखता है, तू समस्त प्राणियों का पालक है । तू सदा (आ भूष) शरीर में गति कर । (ते सहस्रं नियुतः) तेरे हजारों प्रवेश द्वार या या व्यापन के साधन हैं। तेरे लिये मैं तृप्तिकारक अन्न नित्य प्राप्त करता हूं । हे देव प्राण ! तू इस अन्न को सबसे प्रथम ग्रहण करता है । अन्न को वायुरूप प्राण के लिये ग्रहण करते हैं । शत० ४ । १ । ३ । १-१८ ॥

अयं वै वायु योयं पवते । एष वा इदं सर्वं विविनक्ति । यदिदं किञ्च-विविच्यते । श० १ । १ । ४ । २२ ॥ वायुर्वै देवनामाशु सारसारितमः । तै० ३ । ८ । ७ । १ ॥ योयं वायु पवते सैष सोम । श० ७ । ३ । १ । १ ॥ वायुर्वा उग्र । श० ६ । १ । ३ । १३ ॥ वायुर्वा उपश्रोता गो । उ०

२ । १६ ॥ तस्य वायो मेनका च सहजन्या चाप्सरसौ रथस्वनश्च रथेचित्रश्च सेनानीग्रामण्यौ । श० ८ । ६ । १ । १७ ॥

वायुपदपर अधिष्ठित पुरुष सत्यासत्य का विवेक करता है । वह सबसे तीव्रगामी, बलवान्, उग्र है, सबसे ममताशून्य, युद्धशक्ति का अध्यक्ष है ।

यगिो के पक्ष में—योगी वायु या प्राण के समान व्यापक, यम आदि का पालक, सब आनन्दों को वरणकर्त्ता, उसको हम तृप्तिकर अन्न दें । जिसके आधार पर वह श्रेष्ठ योगबल प्राप्त करता है ।

[1] इन्द्रवायूऽइमे सुताऽउप प्रयोभिरागतम् । इन्दवो वामुशन्ति हि । [2] उपयामगृहीतोऽसि वायवऽइन्द्रवायुभ्यां त्वैष ते योनिः सजोषोभ्यां त्वा ॥ ८ ॥ ऋ० १ । २ । ४ ॥

मधुच्छन्दा ऋषि । इन्द्रवायू देवते । (१) आर्षी गायत्री । (२) आर्षी स्वराड् गायत्री । षड्ज स्वर ॥

भा०—हे (इन्द्रवायू) इन्द्र और हे वायो ! हे सनापते ! और हे न्यायकर्त्त । दोनों (प्रयोभि) बेग से चलने वाले अश्वों से तुम दोनों (उप आ गतम्) आओ । (इमे) ये (सुता) उत्तम रीति से प्रेरित, अपने पदों पर स्थापित (इन्दव.) ऐश्वर्यवान् और शीघ्रगामी पुरुष (वाम्) तुम दोनों को (हि) निश्चय से (उशन्ति) चाहते हैं । हे राजन् ! तू (उपयामगृहीतः असि) उपयाम, अर्थात् पृथ्वी के प्रजाजनों द्वारा स्वीकृत है । तुझे (वायवे) पूर्व कहे वायु पद या विवेचक पद के लिये नियत करता हू । और (त्वा) तुझको (इन्द्रवायुभ्याम्) इन्द्र, सेनापति और वायु, विवेचक, उपद्रष्टा पद के लिये भी नियत करता हूं । (ते एष योनि) तेरा यह आश्रयस्थान या पद है । (त्वा) तुझे (सजोषोभ्याम्) प्रेम सहित, इन्द्र और वायु पद पर अधिष्ठित दोनों शासकों के पद पर शासक नियत करता हू । इन्द्र वायु आदि पद कार्य भेद से भिन्न २ होकर भी सामान्य रूप से राजा के ही पद के भिन्न २ विभक्तरूप हैं ।

योगी पक्ष में—हे (इन्द्रवायू) योग के उपदेष्टा और अभ्यासी जन तुम दोनों को (इमे सुता इन्दव. वाम् उशन्ति) ये समस्त उत्पादित पदार्थ चाहते हैं, तुम इन सहित आओ। हे योग के जिज्ञासो ! तू उपयाम अर्थात् योगङ्गों द्वारा स्वीकृत है उनमें अभ्यस्त है। तू वायु ! अर्थात् योग विचक्षण हो। यह योग ही तेरा (योनिः) दु.खवारक शरण है ॥ शत० ४ । १ । ३ । १६ ॥

[1] अयं वां मित्रावरुणा सुतः सोमऽऋतावृधा । ममेदिह श्रुतꣳहवम् । [2] उपयामगृहीतोऽसि मित्रावरुणाभ्यां त्वा ॥ ६ ॥

ऋ० २ । ४१ । ४ ॥

गृत्समद ऋषिः । मित्रावरुणौ देवते । (१) आर्षी गायत्री । (२) आसुरी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—मित्र और वरुण पदाधिकारियों का वर्णन करते हैं। हे (ऋतावृधा) ऋत सत्य व्यवस्था को बढ़ानेवाले या सत्यधर्म की व्यवस्था से स्वयं बढ़नेवाले (मित्रावरुणा) मित्र सबसे स्नेह करनेवाले ब्राह्मण गण और (वरुण) वरुण, सब दुष्टों के वारण करनेवाले क्षत्रिय (अयं सोम) यह सोम सर्व प्रेरकरूप से राजा (सुतः) बनाया गया है। (इह) इस अवसर पर (मम इत्) मेरे ही (हवम्) आज्ञा या अभ्यर्थना का (श्रुतम्) श्रवण करो। हे राजन् ! (त्वा) तुझे (मित्रावरुणाभ्याम्) मित्र और वरुण पद के भी वश करने के लिये उन पर शासक रूप से नियुक्त करता हूं।

अध्यापक और अध्येता के पक्ष में—वे दोनों ऋत=ज्ञान को बढ़ाने वाले है। उनका सोम, योगैश्वर्य है। वे दोनों मित्र और वरुण है। शिष्य मित्र के समान है, आचार्य उसको पाप से निवारक होने से वरुण है। अथवा आचार्य सुहृत् है और छात्र गुणदोषवारक होने से वरुण है। अध्यात्म में ज्ञान और बल दोनों मित्र और वरुण हैं। क्रतुदक्षौ ह वा अस्य मित्रावरुणौ

एतन्वध्यात्मं स यदेव मनसा कामयते इदं मे स्यादिदं मे कुर्वीय इति स एव क्रतुरथ यदस्मै तत्समृद्ध्यते स दक्ष । मित्र एव क्रतुर्वरुणो दक्ष । ब्रह्मैव मित्र. क्षत्रं वरुण. । अभिगन्ता एव ब्रह्म कर्त्ता क्षत्रिय. । इत्यादि । शत० ४ । १ । ४ । १—७ ॥

राया वयꣳससवाꣳसो मदेम हव्येन देवा यवसेन गावः। तां धेनुं मित्रावरुणा युवं नो विश्वाहा धत्तमनपस्फुरन्तीमेष ते योनिर्ऋतायुभ्यान्त्वा ॥ १० ॥　　ऋ० ४। ४२ । १० ॥

त्रसदस्युर्ऋषिः । मित्रावरुणौ देवते । ब्राह्मी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे (मित्रावरुणा) मित्र और हे वरुण ! हे ब्राह्मणगण, और हे क्षत्रगण ? जिस रसपान कराने वाली वेदवाणियों की व्यवस्था के अनुसार (वयम्) हम लोग (राया) ऐश्वर्य का (ससवांस.) विभाग करते हुए जैसे (देवाः) देव, विद्वानगण अपने अभिलषित ज्ञान से और (गाव यवसेन) गौ आदि पशु जिस प्रकार दैनिक चारा पाकर प्रसन्न होते हैं उसी प्रकार प्रसन्न हों (ताम् धेनुम्) उस धेनु सर्वरस पिलाने वाली वाणी, गौ और पृथिवी को (युवम्) आप दोनों (विश्वाहा) सब दिन, नित्य (अनपस्फुरन्तीम्) विना कष्ट के, व्यथारहित रूप से, उसे बिना तङ्ग पाए (धत्तम्) उसका धारण पोषण करो। या उसको ऐसे पालन करो कि वह कष्ट पाकर किसी और के पास न चली जाय। हे राजन् ! (एष ते योनिः) तेरा यही ब्राह्मण और क्षत्रियगण, मित्र और वरुण दोनों आश्रय स्थान हैं (ऋतायुभ्याम् त्वा) अर्थात् सत्य ज्ञान और आयु अर्थात् निर्विघ्न दीर्घ आयु दोनों के प्राप्त करने के लिये (त्वा) तुझ योग्य पुरुष को नियुक्त करता हूं। शत०—४ । १ । ४ । १० ॥

या वां कशा मधुमत्यश्विना सूनृतावती। तया यज्ञं मिमिक्ष-

तम् । उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वैष ते योनिर्माध्वीभ्यां त्वा ॥ ११ ॥ ऋ० १ । २२ । ३ ॥

मेधातिथिर्ऋषि । अश्विनौ देवते । ब्राह्मी उष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (अश्विना) हे सूर्य और चन्द्र या सूर्य और पृथिवी के समान परस्पर नित्य मिले हुए राजा और प्रजाजनो ! या स्त्री पुरुषो ! (या) जो (वाम्) तुम दोनों वर्गों की (मधुमती) मधुर, आनन्दप्रद, रस से युक्त (सूनृतावती) उत्तम सत्य ज्ञान से पूर्ण (कशा) वाणी है (तया) उससे (यज्ञम्) इस राष्ट्र रूप यज्ञ को (मिमिक्षतम्) सेचन करते रहो, उससे इसमे निरन्तर आनन्द की वृद्धि करते रहो । हे योग्य पुरुष ! राजन् ! (उपयाम-गृहीत. असि) देश के शासन द्वारा तू बद्ध है । (त्वा) तुझको (अश्विभ्याम्) देश के स्त्री और पुरुष दोनों की उन्नति के लिये नियुक्त करता हू । (एष ते योनि.) तेरे लिये यही आश्रय है । (त्वा) तुझको (माध्वीभ्याम्) मधु, उत्तम रस के प्रदान करने वाली, नीति और शक्ति दोनों के लिये प्रतिष्ठित करता हूं ।

शिष्य अध्यापक के पक्ष में—वे दोनों सूर्य चन्द्र के समान प्रकाशित हैं उनकी मधुमयी, ज्ञानमयी मधुरवाणी उनके ज्ञान यज्ञ को बढ़ावे । यही उनका आश्रय है । शत० ४ । १ । ५ । १५ ॥

[1] तं प्रत्नथा पूर्वथा विश्वथेमथा ज्येष्ठतातिं बर्हिषदꣳस्वर्विदम् । प्रतीचीनं वृजनं दोहसे धुनिमाशुं जयन्तमनु यासु वर्धसे । उपयामगृहीतोऽसि शण्डाय त्वैष ते योनिर्वीरतां पाह्यपमृष्टः शण्डो देवास्त्वा शुक्रपाः प्रणयन्त्वनाधृष्टासि ॥ १२ ॥ ऋ० ५ । ४४ । १ ॥

काश्यपो वत्सार ऋषिः । विश्वेदेवा देवता । (१) निचृदार्षी जगती । निषाद । (२) पक्तिः । पञ्चम ॥

१२—‘दोहसे गिराशु’ इति ऋ० ॥

भा०—हे राजन् ! तू (प्रत्नथा) अपने से पूर्वकाल के, (पूर्वथा) अपने से पूर्व या अधिक बलशाली राजाओं के, (विश्वथा) समस्त देशों के और (इमथा) इन प्रत्यक्ष वीर पुरुषों के समान (ज्येष्ठतातिम्) सब से ज्येष्ठ, उत्तम गुणशाली, (बर्हिषदम्) उच्च आसन पर विराजमान, (स्वर्विदम्) तापकारी बल और तेज के धारण करनेवाले (प्रतीचीनम्) शत्रु के प्रति चढ़ाई करनेवाले, (वृजनम्) शत्रुओं को वारण करनेवाले, (धुनिम्) शत्रुओ के कपा देनेवाले, उनको धुन डालनेवाले (आशुम्) अति शीघ्रकारी सिद्धहस्त (तम्) उस प्रसिद्ध विख्यात पुरुष को (यासु) जिन जिन दिशाओ और प्रजाओ में (दोहसे) पूर्ण करता है उनमे ही तू उसके अनुकूल होकर (अनुवर्धसे) स्वयं वृद्धि को प्राप्त होता है। अथवा ऐसे बलवान् पुरुष को साथ लेकर जिन प्रजाओं में तू स्वयं बढ़ता है उनके तू (प्रतीचीन वृजन दोहसे) शत्रु के प्रतिगामी बलको प्राप्त करता है। हे वीर पुरुष ! राजन् ! (उपयामगृहीत. असि) तुझे उपयाम, अर्थात् पृथिवी निवासी प्रजातन्त्र ने स्वीकार किया है। (शण्डाय त्वा) बलके कारण पदयुक्त पुरुष के कम्पन के निमित्त (त्वा) तुझको इस पद पर नियुक्त करते हैं। (एष ते योनि) तेरे लिये यही पद है। तू (वीरताम्) अपने वीर्य, वीरस्वभाव या वीर जनों की (पाहि) रक्षाकर । (शण्ड.) बलके मद में मत्त पुरुष भी (अपमृष्ट.) प्रजा से पृथक कर दिया जाय। और (शुक्रपा.) वीर्य के पालन करनेवाले, बलवान् (देवा) युद्ध विजयी पुरुष भी तुझसे स्नेह करें। या तेरे लिये कार्य करें। और हे प्रजे ! या हे राजशक्ते ! इस प्रकार तू (अनाधृष्ट. असि कभी शत्रुओंद्वारा दवाई, या पीड़ित नहीं हो सकती। शत० ४ । २ । १ । ६ ॥

योगी के पक्ष में—हे योगिन् ! तू (उपयामगृहीतोऽसि) योग के यमादि अंगों में अभ्यस्त हो। यही तेरा आश्रय है। इनसे (अपमृष्ट) शुद्ध होकर (शण्ड =शं-ड.) शान्त स्वभाव होकर (यासु) जिन योग क्रियाओं

में (वर्धसे) तू वृद्धि को प्राप्त हो और पूर्व के अभ्यासी लोगों के समान, (ज्येष्ठतातिं बर्हिषदं स्वर्विदं प्रतीचीनमाशुं जयन्तं धुनिं वृजनं च दोहसे) सब से उत्तम, आत्मस्थ, सुखकारी, विषयों के विरोधी, जयप्रद योगबलको प्राप्त करता है (तं) उसको (शुक्रपाः देवाः) वीर्यपालक, ब्रह्मचारी विद्वान् प्राप्त करावें। तू अपनी वीरता या बल वीर्य की रक्षा कर। तेरा वीर्य कभी खण्डित न हो। यह मन्त्र पुत्रप्रजनन पर भी लगता है। इस प्रकरण में सृष्टि उत्पत्ति का रूप भी कहा है।

[1] सुवीरो वीरान् प्रजनयन् परीह्यभि रायस्पोषेण यजमानम्। सञ्जग्मानो दिवा पृथिव्या शुक्रः शुक्रशोचिषा निरस्तः शण्डः [2] शुक्रस्याधिष्ठानमसि ॥ १३ ॥

विश्वेदेवाः देवता. । (१) निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः । (२) प्राजापत्या-गायत्री, षड्जः ॥

भा०—हे वीर पुरुष ! तू (सुवीरः) उत्तम वीर होकर और (वीरान्) और वीर पुरुषों को उत्पन्न करता हुआ (परि इहि) राष्ट्र से परे, दूर देशों में जा। और (रायः पोषेण) धन ऐश्वर्य की समृद्धि सहित (यजमानम्) अपने दानशील वृत्तिदाता राजा को (अपि इहि) प्राप्त हो। इस प्रकार (दिवा) सूर्य और (पृथिव्या) पृथिवी से (संजग्मानः) सदा संगति लाभ करते हुए (शुक्र.) तेजस्वी सूर्य के समान (शुक्रशोचिषा) शुद्ध कान्ति से युक्त होकर विराजमान हो। इस प्रकार से राज्य के भीतर (शण्ड.) बलवान् वीर पुरुष भी (निरस्तः) देश से बाहर कर दिया जाय। हे राजन् ! तू स्वयं (शुक्रस्य) तेजस्वी सूर्य का (अधिष्ठानम् असि) अधिष्ठान, परम पद है ॥ शत० ४ । २ । १ । १६ ॥

योगी के पक्ष में—उत्तम वीर के समान योगी वीर्यवान् गुणों को उत्पन्न करके ऐश्वर्य से युक्त हो, शुद्धकान्ति से (निरस्त) विषय वासनारहित, शान्त होकर वीर्य का आश्रय बने ॥

अच्छिन्नस्य ते देव सोम सुवीर्यस्य रायस्पोषस्य ददितारः स्याम। सा प्रथमा संस्कृतिर्विश्ववारा स प्रथमो वरुणो मित्रो अग्निः ॥ १४ ॥

विश्वेदेवाः देवता । स्वराड् जगती । निषाद ॥

भा०—हे (देव सोम) प्रकाशमान सबके प्रेरक राजन् ! (सुवीर्यस्य ते) उत्तम वीर्यवान् तेरे (अच्छिन्नस्य) अच्छिन्न, अटूट, अक्षय (रायः पोषस्य) धनैश्वर्य की समृद्धि के हम प्रजाजन (ददितारः) देनेवाले (स्याम) हों। (सा) वह राजशक्ति ही (विश्ववारा) समस्त राष्ट्र की रक्षा करनेवाली (प्रथमा संस्कृति) सबसे उत्कृष्ट रचना है। (स) इस प्रकार का बनाया हुआ राजा (प्रथमः) सबसे उत्तम, प्रजा का रक्षक, (मित्र) सर्वोत्तम प्रजा का स्नेही और (प्रथमः अग्नि) सर्वोत्तम अग्रणी नेता है। शत० ४ । २ । १ । २१ ॥

शिष्याध्यापक पक्ष मे—हे शिष्य ! उत्तम वीर्यवान् अखण्ड ब्रह्मचारि को हम ज्ञान ऐश्वर्य के देनेवाले हों। यह शिक्षा सर्व श्रेष्ठ सबको एव स्वीकार करने योग्य हैं। हम में से तुझे पाप से वारक अग्नि आचार्य तेरे मित्र के समान स्नेही है।

ईश्वर के पक्ष मे—हे देव सोम ! परमेश्वर ! महान् वीर्यवान् (अच्छिन्नस्य) अखण्ड ऐश्वर्य के परिपोषक तेरे हम सदा (ददितार) देनेवाले, देनदार, ऋणी रहे। वही परमेश्वरी शक्ति सबसे उत्तम संस्कृति है, जो सबकी रक्षा करती है। वह परमेश्वर ही सब से श्रेष्ठ प्रथम, आदि मूल वरुण मित्र और अग्नि है॥

स प्रथमो बृहस्पतिश्चिकित्वाँस्तस्मा इन्द्राय सुतमा जुहोत

१४—सोमो देवता । सर्वा० ॥

स्वाहा॑। तृम्पन्तु होत्रा॒ मध्वो॒ याः स्वि॑ष्टा॒ याः सुप्री॑ताः॒ सुहु॑ता॒ यत्स्वाहा॒ याड॒ग्नीत् ॥ १५ ॥

विश्वेदेवाः देवताः । निचृद् ब्राह्म यनुष्टुप । गान्धार ॥

भा०—(स.) वह (प्रथमः) सब से प्रथम, सर्व श्रेष्ठ (चिकित्वान्) विद्वान्, (बृहस्पतिः) बृहती, वेदवाणी का पालक है । हे विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (तस्मै इन्द्राय) उस ऐश्वर्यवान् राजा को (सुतम्) इस राष्ट्र के राजत्व पद को (स्वाहा) उत्तम शासन, वश कारिणी शक्ति से (आ जुहोत) प्रदान करो । और (होत्रा) राजा के मुख्य अधिकारी, जो राज्य के महान् कार्य को चलाने मे समर्थ है वे राज्य की विभाजक शक्तियां (मध्वा) मधुर अन्न आदि भोग्य पदार्थों से (तृम्पन्तु) तृप्त हों । (यत्) क्योंकि (या) जो (स्विष्टा) उत्तम रीति से अपना भाग प्राप्त करके, (या सुप्रीताः) जो सुप्रसन्न होकर और (सुहुता) उत्तम रीति से आदर मान पाकर (स्वाहा) राष्ट्र को उत्तम रीति से वहन करती हैं । इस प्रकार (अग्नीत्) अग्रणी नेता को प्रज्वलित करने हारा, राष्ट्र यज्ञ का प्रमुख पुरुष (अयाड्) उस कार्य का सम्पादन करे । शत० ४ । २ । १ । २७, २८ ॥

'होत्रा '—अगानि वाव होत्रका । ऋतवो वा होत्रा गो० उ० ६ । ६ । 'अग्नीत्'—यज्ञमुख वा अग्नीत् । गो० उ० ३ । १८ ॥

गृहस्थ पक्ष से—होत्रा =स्त्रियें । सुत=वीर्य । अग्नीत्=पुरुष । इन्द्र=पुत्र । बृहस्पति=पुरुष ॥

[1] अ॒यं वे॒नश्चो॑दय॒त्पृश्नि॑गर्भा॒ ज्योति॑र्जरायू॒ रज॑सो वि॒माने॑ । इ॒मम॒पाᳪ स॑ङ्ग॒मे सूर्य॑स्य॒ शिशुं॒ न विप्रा॑ म॒तिभी॑ रिहन्ति । [2] उ॒प॒या॒मगृ॑हीतोऽसि म॒र्काय॑ त्वा ॥ १६ ॥ ऋ० १० । १२३ । १ ॥

वेनो देवता । (१) निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत । (२) गायत्री । षड्जः ॥

१५—इन्द्र होत्रा च देवते । सर्वा० । ०मग्नीयत् स्विष्ट य सुभृत यत्स्वाहा ॥ इति काण्व० ॥

भा०—(अयं) यह (वेन) कान्तिमान् राजा एक उत्पन्न होने वाले बालक के समान है। (रजस' विमाने) गर्भस्थ जल के विशेष रूप से बने स्थान में स्वयं (ज्योतिर्जरायु) बच्चा जिस प्रकार जेर में लिपटा रहता है उसी प्रकार वह राजा भी (रजस' विमाने) समस्त लोको के बने विशेष संगठन के भीतर ज्योति, प्रकाश, तेज रूप जेर से लिपटा रहता है। बच्चा जिस प्रकार (पृश्निगर्भा) माता के पेट के जलों को प्रथम बाहर फेंकता है उसी प्रकार यह राजा भी ज्योति के धारण करने वाले सूर्य को अपने भीतर ग्रहण करने वाली प्रजाओं को (चोदयात्) प्रेरित करता है। (अपा संगमे) जलों के एकत्र हो जाने पर जिस प्रकार बच्चे को अंगुलियों से बाहर कर लिया जाता है। इसी प्रकार (विप्रा.) मेधावी विद्वान् पुरुष (शिशुं न) बालक के समान ही (सूर्यस्य) सूर्य के समान, प्रचण्ड ताप के कारण (शिशुम्) प्रशंसनीय, या उसके समान दानशील राजा को (अपा सगमे) प्रजाओं के एकत्र होने के अवसर पर (मतिभि.) अपनी ज्ञानमय स्तुतियों से (रिहन्ति) अर्चना करते हैं। हे योग्य पुरुष ! (त्वम्) तू (उपयामगृहीत असि) राज्य के नाना अंगों, या राष्ट्र के समस्त भागो से स्वय राजा रूप में स्वीकृत है। (त्वा) तुझको (मर्काय) मर्क अर्थात् शरीर मे जिस प्रकार समस्त अंगों में प्राण वायु चेष्टा करता है उसी प्रकार समस्त राष्ट्र मे विशेष प्रेरणा देने वाले उत्तेजक पुरुष के पद पर नियुक्त करता हू। शत० ४। २। १। ८—१०॥

'मर्काय' मर्चते कन् (उणा०) मर्चति चेष्टते असौ इति मर्क शरीर वायुर्वा।

चन्द्रपक्ष मे—यह (वेन) कान्तिमान् चन्द्र (रजस' विमाने) जल के निर्माण अर्थात् वर्षाकाल मे (ज्योतिर्जरायु) दीप्ति में लिपट कर (पृश्निगर्भा) अन्तरिक्ष या वातावरण मे स्थित जलों को वर्षा रूप में प्रेरित

करता है। और जलों के प्राप्त हो जाने पर विद्वान लोग सूर्य के पुत्र के समान इसकी स्तुति करते हैं ॥

मनो न येषु हवनेषु तिग्मं विपः शच्यां वनुथो द्रवन्ता। आ यः शर्याभिस्तुविनृम्णोऽअस्या श्रीणीता दिशं गभस्तावेष ते योनिः प्रजाः पाह्यपमृष्टो मर्को देवास्त्वा मन्थिपाः प्रणयन्त्वनाधृष्टासि ॥ १७ ॥ ऋ० १० । ६१ । ३ ॥

विश्वेदेवा देवता । स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः स्वरः ॥

भा०—हे राजन् ! हे प्रजाजन ! (येषु) जिन (हवनेषु) युद्ध के अवसरों पर (मनः न) मन के समान (तिग्मं) तीक्ष्ण अति तीव्र-गति वाले (विपः) विपश्चित्, या कार्यकुशल पुरुष को (शच्या) अपनी शक्ति या सेना से (द्रवन्तौ) गमन करते हुए (वनुथः) प्राप्त करते हैं। और जो (तुविनृम्णः) बहुत ऐश्वर्यवान् (अस्य) इस राजा के लिये (आदिशम्) प्रत्येक दिशा, या देश में (गभस्तौ) अपने ग्रहण या आक्रमण या देश विजय करने के बल पर (शर्याभिः) अपने शर प्रहार करने वाली सेनाओं से (आश्रीणीत) सब प्रकार राजा का आश्रय करता या उसके शत्रु को सन्तप्त करता है। हे वीर पुरुष ! (एषः) यह प्रजा भी (तेयोनि) तेरा आश्रय स्थान या पद है। तू (प्रजाः पाहि) प्रजा का पालन कर इस प्रकार (मर्कः) प्रजा पर मृत्यु का दुःख डालने वाले शासकों का दुर्नय या दुष्प्रबन्ध और उसके कारण उत्पन्न होने वाला पारस्परिक घात प्रतीघात या माहमारी आदि रोग (अपमृष्ट) दूर किया जाय। हे राजन् (त्वा) तुझको (मन्थिपाः) शत्रुओं को मथन करने वाले पुरुष के रक्षक (देवाः) विजिगीषु लोग (प्रणयन्तु) आगे विजय मार्ग पर ले चलें। हे प्रजे ! इस प्रकार तू (अनाधृष्टा असि) शत्रुओं द्वारा कभी पीड़ित नहीं होसकती। शत० ४ । २ । १ । १२ ।

१७—होमस्तुतिर्दक्षिणोत्तरे वेदी च देवता । सर्वा० ॥

राजा एक ऐसे विद्वान को नियुक्त करे जो युद्ध के अवसरों पर मन के समान तीक्ष्ण मननशील हो। राजा प्रजा उसकी शक्ति से सब कार्यों में आगे बढें। वह प्रत्येक दिशा में शत्रुओं को पराजित करे। उसको उचित आश्रय दे। जो राजा प्रजा का पालन करे, आक्रामक शत्रु का नाश करे उसका नाम 'मन्थी' है। उसके आज्ञा के पालक राजा को आगे बढावें। प्रजा सुरक्षित रहे।

[1] सुप्रजाः प्रजाः प्रजनयन् परीह्यभि रायस्पोषेण यजमानम्। संजग्मानो दिवा पृथिव्या मन्थी मन्थिशोचिषा निरस्तो मर्को [2] मन्थिनोऽधिष्ठानमसि॥ १८॥

प्रजापतिर्देवता। (१) निचृत् त्रिष्टुप्। धैवत। (२) प्राजा पत्या गायत्री षड्ज॥

भा०—हे विद्वन्! तू (सुप्रजा) उत्तम प्रजावान् होकर (सुप्रजाः) उत्तम प्रजा को (प्रजनयन्) बनाता या उत्पन्न करता हुआ (परि इहि) सर्वत्र गमन कर। (यजमानम्) तू भृति, वेतन एवं समस्त ऐश्वर्य को देने वाले राजा के समीप (रायः पोषेण अभि इहि) ऐश्वर्य की समृद्धि सहित प्राप्त हो। (दिवा) द्यौः या सूर्य के समान तेजस्वी राजा और (पृथिव्या) सर्वाश्रय, प्रजा दोनों के साथ (सं जग्मानः) सत्सग करता हुआ (मन्थी) शत्रुओं का, या असत्य और अविद्या का मथन या विनाश करने वाला होकर विद्यमान रह। (मन्थिशोचिषा) ऐसे मथनकारी के तेज से (मर्कः) प्रजा के मृत्यु के कारण रूप अन्यायी पुरुष, एव शत्रु, दुष्ट, हिंसक पुरुष को (निरस्त) दूर कर दिया जाय। हे राजन्! तू (मन्थिनः) उक्त प्रकार के शत्रु या दुष्ट पुरुषों के मथन के करने वाले पुरुष का भी (अधिष्ठानम् असि) अधिष्ठाता, आश्रयदाता है। शत० ४। २। १। १५–२१॥

ये देवासो दिव्येकादश स्थ पृथिव्यामध्येकादश स्थ । अप्सुक्षितो महिनैकादश स्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वम् ॥ १९ ॥ ऋ० १ । १३९ । ११ ॥

विश्वेदेवा देवता । भुरिगार्षी पंक्तिः । धैवत ॥

भा०—हे (देवासः) विद्वान्! देव पुरुषो ! आप लोग (ये) जो (दिवि) सूर्य के समान तेजस्वी राजा के अधीन (एकादश स्थ) ११ राजसभा के सभासद हो, और आप लोग (पृथिव्याम् अधि) पृथिवी, पर (एकादश स्थ) ११ देव, अधिकारी गण हो। और (महिना) अपने महान् सामर्थ्य से (अप्सुक्षित.) प्रजा में निवास करने वाले आप लोग (एकादश स्थ) ११ हो, वे सब मिल कर (इमं) इस (यज्ञम्) यज्ञ को (जुषध्वम्) सेवन करें, उसमें अपना भाग लें ।

अर्थात् जिस प्रकार शरीर की रचना में, मूर्धा भाग में प्राण, अपान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनजय और जीव ये ११, पृथिवी में पृथिवी, आपः, तेज, वायु, आकाश, आदित्य, चन्द्र, नक्षत्र, अहंकार, महत्तत्व और प्रकृति ये ग्यारह और प्राणों में श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना, घ्राण, वाक्, हाथ, पाद, गुदा, मूत्राशय, और मन ये ग्यारह प्राण विद्यमान हैं और क्रम से शरीर के और ब्रह्माण्ड के देहों को धारण करते यथावत् समस्त कार्य चला रहे हैं उसी प्रकार राष्ट्रदेह में, राजा के साथ ११ विद्वान् पुरुष, पृथिवी पर के शासकों में से ११ और प्रजाओं में से ११ विद्वान् प्रतिनिधि मिलकर सभा बना कर कार्य सचालन करें। शत० ४।२।२।१-९॥

उपयामगृहीतोऽस्याग्रयणोऽसि स्वाग्रयणः । पाहि यज्ञं पाहि यज्ञपतिं विष्णुस्त्वामिन्द्रियेण पातु विष्णुं त्वं पाह्यभि सवनानि पाहि ॥ २०.॥

यज्ञो देवता । निचृदार्षी जगती । निषादः ॥

२०—लिंगोक्ता देवता सर्वा० ॥

भा०—हे सभापते ! तू (उपयामगृहीत असि) राष्ट्र के नियम व्यवस्था द्वारा स्वीकृत है। तू (आग्रयण असि) 'आग्रयण' अग्र अर्थात् मुख्य २ पद प्राप्त करने योग्य है। और तू (सु-आग्रयण) उत्तम पूजा योग्य अग्रपद प्राप्त, सर्वोच्च पदाधिकारी (असि) है। तू (यज्ञम् पाहि) इस व्यवस्थित राष्ट्र का पालन कर और (यज्ञपतिम्) यज्ञ या राष्ट्र के पालक स्वामी की भी (पाहि) रक्षा कर। हे राष्ट्र ! (विष्णु.) सब शक्तियों और राष्ट्र के विभागों में समानरूप से व्यापक राजा (त्वाम्) तुझको (इन्द्रियेण) अपने इन्द्र, ऐश्वर्यभाजन पदयोग्य राजबल से (पातु) पालन करे (त्वम्) तू हे विद्वन् ! या प्रजाजन ! (विष्णुम्) उस व्यापक शक्तिमान् राजा को (पाहि) पालन कर। और तू (सवनानि) समस्त ऐश्वर्य के द्योतक अधिकार पदों की भी (पाहि) रक्षा कर ॥ शत० ४ । २ । २ । ६-१० ॥

[1]सोमः पवते सोमः पवतेऽस्मै ब्रह्मणेऽस्मै क्षत्रायास्मै सुन्वते यजमानाय पवतऽइषऽऊर्जे पवतेऽद्भ्यऽओषधीभ्यः पवते द्यावापृथिवीभ्यां पवते सुभूताय पवते विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्य [2]ऽएष ते योनिर्विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः ॥ २१ ॥

सोमो देवता । (१) स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत । (२) जगती । निषाद ॥

भा०—(सोम) सर्वप्रेरक राजा (पवते) अपने कार्य में और सूर्य के समान राष्ट्र के सब कार्यों में प्रवृत्त होता और अन्यों को भी प्रेरित करता है। (सोमः पवते) राजा, सोम अर्थात् चन्द्र के समान या वायु के समान सर्वत्र जाता है। (अस्मै ब्रह्मणे) महान् परमेश्वर के बनाये नियम, वेद और ब्रह्मचर्य के पालन कराने ब्रह्म अर्थात् ब्राह्मण, विद्वान्

२१—अस्मै ब्रह्मणे पवतेऽस्मै क्षत्राय पवतेऽस्मै सु० ०सुभूताय पवते ब्रह्मवर्चसाय पवते । इति काण्व० ॥

प्रजा के लिये, (अस्मै क्षत्राय) इस क्षत्र वीर्यवान् क्षत्रिय, वीर प्रजा के लिये, और (अस्मै सुन्वते यजमानाय) इस समस्त विद्याओं के सिद्धान्तो को प्रकट करनेहारे विद्या आदि प्रदान करनेवाले, सर्वसम्मत विद्वान् या ब्रह्मोपासक पुरुष की रक्षा और वृद्धि के लिये (पवते) राज्य में उद्योग करता है। वह राजा और विद्वान् पुरुष अपने राष्ट्र में (इषे ऊर्जे) अन्न उत्पन्न करने और उससे बल प्राप्त करने के लिये (पवते) उद्योग करता है। वह (अद्भ्यः ओषधीभ्यः पवते) उत्तम जल और उत्तम ओषधियों के संग्रह के लिये उद्योग करता है। (द्यावापृथिवीभ्याम् पवते) द्यौ, सूर्य के प्रकाश, एवं उत्तम वृष्टि और पृथिवी के उत्तम पदार्थों की उन्नति के लिये अथवा, आकाश और पृथिवी दोनो के बीच में विद्यमान समस्त ऐश्वर्यों के लिये उत्तम पिता और माता स्त्री और पुरुषों की उन्नति के लिये (पवते) चेष्टा करता है। वह (सुभूताय पवते) उत्तम भूति, ऐश्वर्य की प्राप्ति, सबके उत्तम उपकार और उत्तम सन्तान की उन्नति के लिये उद्योग करता है। हे राजन् ! (त्वा) तुझको हम (विश्वेभ्यः देवेभ्यः) समस्त देवों, राजाओं, विद्वानों, शासकों एवं वायु, विद्युत्, अग्नि, सूर्य, चन्द्र आदि दिव्य पदार्थों के उपकार और सद् उपयोग के लिये स्थापित करता हूं। (ते ---, योनिः) तेरा यह आश्रय स्थान, पद या आसन है (विश्वेभ्य देवेभ्यः त्वा) समस्त देवों, उत्तम विद्वान्, सत्पुरुषों के लिये तुझे नियुक्त करता हूं। शत० ४ । २ । २ । ११-१६ ॥

उ॒प॒या॒मगृ॑हीतो॒ऽसीन्द्रा॑य त्वा बृ॒हद्व॑ते॒ वय॑स्वत उक्था॒व्यं॑ गृह्णामि। यत्त॑ऽइन्द्र बृ॒हद्वय॒स्तस्मै॑ त्वा॒ विष्ण॑वे त्वै॒ष ते॒ योनि॑रु॒क्थेभ्य॑स्त्वा दे॒वेभ्य॑स्त्वा देवा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णामि ॥ २२ ॥

ऋ० ६ । ५१ । १—२ ॥

विश्वेदेवा देवता. । ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

२२—०'उक्था युव०' ०'देवायुव०' ॥

भा०—हे उत्तम, वीर पुरुष ! तू (उपयामगृहीतः असि) तू राज्य के उत्तम नियमों द्वारा 'गृहीत' अर्थात् बधा है। (उक्थाव्यम्) उत्तम ज्ञानों की रक्षा करने वाले (त्वा) तुझ विद्वान् को मैं (इन्द्राय) परम ऐश्वर्य युक्त (बृहद्वते) बडे भारी राष्ट्र के कार्यों से युक्त (वयस्वते) अति दीर्घ जीवन वाले पद या राजा के लिये (गृह्णामि) नियुक्त करता हू। हे (इन्द्र) इन्द्र परमैश्वर्यवान् । राजन् अथवा 'सेनापते ! (यत् ते) जो तेरा (बृहत्) महान् राज्य और (वयः) जो तेरा यह दीर्घजीवनसाध्य कार्य है (तस्मै) मैं उसके लिये (त्वा) तुझको नियुक्त करता हू । (विष्णवे त्वा) तुझे राज्यपालन रूप, विष्णु अर्थात् व्यापक राष्ट्र के पालन कार्य के लिये नियुक्त करता हू। (एष ते योनिः) यह तेरा आश्रय स्थान या पद है। (देवाव्यम्) देव, विद्वानों, शासकों और पदाधिकारियों के और अधीन राजाओं के रक्षक (त्वा) तुझको (देवेभ्य गृह्णामि) उन देवों अर्थात् विद्वान् पदाधिकारी, अधीन राजाओं की रक्षा के लिये भी (गृह्णामि) नियुक्त करता हू। और मै तुझे (यज्ञस्य) इस 'यज्ञ' अर्थात् राज्यव्यवस्था के (आयुषे) दीर्घजीवन के लिये भी (गृह्णामि) नियुक्त करता हू। शत० ४ । २ । २ । १-१० ॥

[1]मि॒त्रावरु॑णाभ्यां त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णा॒मीन्द्रा॑य त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णा॒मी[2]न्द्रा॒ग्निभ्यां॑ त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णा॒मी[3]न्द्रा॒वरु॑णाभ्यां त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णा॒मी[4]न्द्रा॒बृह॒स्पति॑भ्यां त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णा॒मी[5]न्द्रा॒विष्णु॑भ्यां त्वा दे॒वा॒व्यं॑ य॒ज्ञस्यायु॑षे गृह्णामि ॥ २३ ॥

विश्वेदेवा देवता । (१) अनुष्टुप् । (२) प्राजापत्यानुष्टुप् । (३) स्वराट् साम्न्यनुष्टुप् । गाधार स्वर । (४) भुरिगार्ची गायत्री । षड्ज. । (५) भुरिक् साम्न्यनुष्टुप् । गाधार ॥

२३—'देवायुव' ०सर्वंच कायव० ॥

भा०—हे सभापते या राजन् ! (देवाव्यं त्वां) देव, विद्वानों और अधीन राजाओं के रक्षक तुझको (मित्रावरुणाभ्याम्) मित्र और वरुण इन पदों पर (यज्ञस्य आयुषे) राष्ट्रव्यवस्था के दीर्घ जीवन के लिये (गृह्णामि) नियुक्त करता हूं । हे राजन् ! (देवाव्यम् त्वा) विद्वानों और राजा जनों के रक्षक तुझको (इन्द्राय, यज्ञस्य आयुषे, गृह्णामि) इन्द्र अर्थात् ऐश्वर्यवान् सेनापति पद पर राष्ट्रमय यज्ञ के दीर्घ जीवन के लिये नियुक्त करता हूं । (२) (देवाव्य इन्द्राग्नीभ्याम् यज्ञस्य आयुषे त्वा गृह्णामि) देवों, विद्वान् पुरुषों के रक्षक तुझको इन्द्र और अग्नि पद अर्थात् इन्द्र, राजा और अग्नि, दुष्टों के संतापक और अग्रणी पद पर राज्य की दीर्घायु के लिये नियुक्त करता हूं । (त्वा देवाव्य इन्द्रावरुणाभ्याम् यज्ञस्य आयुषे गृह्णामि) देवों के रक्षक, तुझको इन्द्र और वरुण पद पर यज्ञ की दीर्घायु के लिये नियुक्त करता हूं । (त्वा देवाव्य इन्द्राबृहस्पतिभ्या यज्ञस्य आयु गृह्णामि) देवों के रक्षक तुझे इन्द्र औरबृहस्पति पद पर राज्य के दीर्घ जीवन के लिये नियुक्त करता हूं । (इन्द्र-विष्णुभ्या त्वा, देवाव्यं यज्ञस्य आयुषे गृह्णामि) देवों के रक्षक तुझको इन्द्र और विष्णु पद पर राज्य की दीर्घायु के लिये नियुक्त करता हूं । ४ । २ । २ । १–१८ ॥

मित्र, वरुण, इन्द्र-अग्नि, इन्द्र-वरुण, इन्द्र-बृहस्पति, इन्द्र-विष्णु ये सब राज्य के विशेष अंग हैं । जिनके पदाधिकारी इन नामों से कहे जाते हैं । उन सबके लिये योग्य पुरुषों को नियुक्त करने और उन सबकी रक्षा के लिये उन सबके ऊपर सबको रक्षा करने में समर्थ एक पुरुष को नियुक्त करने का उपदेश वेद ने किया है । शत० ४ । २ । २ । १–१८ ॥

मूर्द्धानं दिवोऽअरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृतऽआजातमग्निम् ।

कविꣳ सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः ॥२४॥

ऋ० ६ । ७ । १ ॥

भरद्वाज ऋषिः । विश्वे देवा देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(देवा) विद्वान् पुरुष, समस्त राजगण मिलकर (दिवः मूर्धानम्) द्यौ लोक, आकाश के शिरोभाग पर जिस प्रकार सूर्य विराजमान है उसी प्रकार समस्त (दिव) ज्ञान, प्रकाश और विद्वान पुरुषों के मूर्धन्य शिरोमणि, (पृथिव्याः अरतिम्) पृथिवी में जिस प्रकार भीतरी अग्नि व्यापक है, और अन्तरिक्ष में जिस प्रकार वायु व्यापक है उस प्रकार पृथिवी निवासी प्रजा में (अरतिम्) प्रेम और आदर पूर्वक सबके भीतर व्याप्त प्रतिष्ठित (वैश्वानरम्) समस्त विश्व के नेता, समस्त राष्ट्र के नेता रूप (ऋते आजातम्) सत्य व्यवहार, ऋत, वेद ज्ञान और (ऋते) राज्य नियम मे अति विद्वान्, निष्ठ (अग्निम्) सबके अग्रणी, ज्ञानवान् (कविम्) क्रान्तदर्शी, मेधावी, (सम्राजम्) अतिप्रकाशमान, सर्वोपरि सम्राट्, (अतिथिम्) अतिथि के समान, पूजनीय, (जनानाम् पात्रम्) समस्त जनों के पालन करने में समर्थ, योग्य पुरुष को (आसन्) मुख में, सबसे मुख्य पद पर (आ जनयन्त) स्थापित करें । श० ४ । २ । ३ । २४ ॥

[1]उपयामगृहीतोऽसि [2]ध्रुवोऽसि ध्रुवक्षितिर्ध्रुवाणां ध्रुवतमोऽच्युतानामच्युतक्षित्तमऽएष ते योनिर्वैश्वानराय त्वा । ध्रुवं ध्रुवेण मनसा वाचा सोममवनयामि । अथा न इन्द्र इद्विशोऽसपत्नाः समनसस्करत् ॥ २५ ॥ ऋ० १० । १७३ । ६ ॥

वैश्वानरो देवता । (१) याजुषी अनुष्टुप् । गान्धारः । (२) विराड् आर्षी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे सम्राट् ! पूर्व मन्त्र में कहे सर्वोपरि विराजमान पुरुष ! तू

भी (उपयामगृहीत असि) समस्त राज्यव्यवस्था के नियमों में बद्ध है। तू (ध्रुव असि) तू ध्रुव, स्थिर है, तुझे शत्रुगण उखाड़ नहीं सकते। तू (ध्रुवक्षिति) ध्रुव, स्थिर निवासवाला हो अथवा तेरे अधीन यह भूमि सदा स्थिररूप से रहे। तू (ध्रुवाणां ध्रुवतम) समस्त स्थिर, अचलरूप से रहनेवालों में सबसे अधिक स्थिर, प्रतिष्ठित, है। तू (अच्युतक्षित्-तमः) शत्रुओं के आक्रमणों से भी अपने आसन से च्युत न होनेवाले, न विनष्ट होनेवाले राजाओं में से भी सबसे अधिक दृढ़ है। (एषः ते योनि.) यह तेरा पद या प्रतिष्ठा स्थान है। हे उत्तम पुरुष ! (त्वा) तुझको मैं (वैश्वानराय) समस्त प्रजाओं के नेतृ पद पर नियुक्त करता हूं। (ध्रुवेण मनसा) मैं ध्रुव, स्थिर चित्त से और (वाचा) वाणी से (सोमम्) सबके प्रेरक, प्रवर्त्तक राजा को (अवनयासि) अभिषिक्त करता हूं, पद पर प्रतिष्ठित करता हूं। (अथ) अब, इसके पश्चात् (नः इन्द्रः) तू हमारा इन्द्र, ऐश्वर्यवान् राजा होकर (इत्) ही (विशः) समस्त प्रजाओं को (असपत्नाः) शत्रुरहित, (समनसः) समान चित्त वाला, प्रेमयुक्त (करत्) करे, बनावे ॥ शत० ४ । २ । ३ । २४ ॥

ईश्वर पक्ष में—हे ईश्वर ! तू यम नियमों से, शास्त्र सिद्धान्तों से स्वीकृत है। ध्रुव, स्थिर अविनाशी है। आकाश, काल, आत्मा आदि अविनाशी पदार्थों में स्वयं अविनाशी होकर उनमें व्यापक है। उसको मैं एकाग्रचित्त से सबके सोम, सर्व-उत्पादक और प्रेरक आनन्दरस रूप से ध्यान करूं। वह हम सबको प्रेममय एक चित्त बनावे।

यस्ते॑ द्र॒प्स स्कन्द॑ति॒ यस्ते॑ऽअ॒ꣳशुर्ग्रा॑वच्युतो धि॒षणा॑यो-रु॒पस्था॑त्। अ॒ध्व॒र्योर्वा॒ परि॑ वा॒ यः प॒वित्रा॒त्तं ते॑ जुहोमि॒ मन॑सा॒ वष॑ट्कृत॒ꣳ स्वाहा॑ दे॒वाना॑मु॒त्क्रम॑णमसि ॥ २६ ॥

देवश्रवा ऋषि । यज्ञो देवता । स्वराड् ब्राह्मी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे राजन्! (ते) तेरा (य.) जो (द्रप्सः) सूर्य के समान तेजस्वी वीर्य और य.) जो (ते) तेरा (अंशुः) व्यापक सामर्थ्य (धिषणयोः) द्यौ और पृथिवी इन दोनों के (उपस्थात्) समीप से (ग्रावच्युतः) विद्वानों, प्रजाओं द्वारा या वीर सैनिकों द्वारा ज्ञात या प्रकट होता है, और (यः) जो (अध्वर्योः) अध्वर्यु, अखण्डित, अहिंसित सेनापति या महामन्त्री या राज्य से (वा) अथवा (यः) जो (पवित्रात्) पवित्र अर्थात् सत्यासत्य के निर्णय करनेवाले तेरे व्यवहार से ज्ञात होता है (तत्) उस ते) तेरे (मनसा) मन द्वारा, मनन द्वारा या ज्ञानद्वारा (वषट्कृतम्) सकल्प किये गये या निश्चित किये गये स्वरूप सामर्थ्य या बल, अधिकार को (स्वाहा) उत्तम वेदवाणी द्वारा (जुहोमि) तुझे प्रदान करता हूं। अथवा उस अधिकार को नेता पुरुष को प्रदान करता हूं। हे राजपद! (देवान्) तु समस्त देवों, राजाओं और विद्वानों में से (उत्क्रमणम्) सबसे अधिक ऊंचे जानेवाला (असि) है। शत० ४। २। ४। १, ५॥

'द्रप्स'—असौ वा आदित्यो द्रप्सः। श० ७। ७। १२०॥

'अंशु.'—प्रजापति र्हवा एष यदंशुः। सोऽस्य एष आत्मा एव। श० ११। ५। ६। ११॥

'अध्वर्यु.'—राज्यं वा अध्वर्युः। तै० ३। ८। ५। १॥ मनोऽध्वर्यु.। श० १। ५। १। २१॥

'ग्रावा'—वज्रो वै ग्रावा। श० ११। ५। ६। ७॥ विशो ग्रावाण.। श० ३। ३। ३॥ विद्वांसो हि ग्रावाण। श० ३। ६। ३। १४॥

'वषट्कृतम्'—त्रयो वै वषट्काराः वज्रो धामच्छद्रिक्त। ऐ० ३। ७॥ वज्रो वै वषट्कार। ऐ० ३। ८॥

'पवित्रात्'—पवित्रं वै वायुः। तै० ३। २। ५। ११॥

[1]प्राणाय॑ मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्व [2]व्यानाय॑ मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्वो[3]दानाय॑ मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्व [4] वाचे मे॑ वर्चोदा वर्च॑से पवस्व [5] क्रतूदक्षाभ्यां मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्व [6] श्रोत्राय मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्व [7]चक्षुर्भ्यां मे वर्चोदसौ वर्च॑से पवेथाम् ॥२७॥

आत्मने॑ मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्वौज॑से मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्वायु॑षे मे वर्चोदा वर्च॑से पवस्व विश्वा॑भ्यो मे प्रजाभ्यो॑ वर्चोदसौ वर्च॑से पवेथाम् ॥ २८ ॥

यज्ञपतिर्देवता । (१, २) आसुर्यनुष्टुभौ । गान्धार । (३) आसुर्युष्णिक् । ऋषभ । (४) साम्नी गायत्री । षड्जः । (५) आसुरी गायत्री । षड्जः । (६) आसुर्यनुष्टुप् । गान्धारः । (७) आसुर्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—अब राजा अपने अधीन नियुक्त पुरुषों को अपने राष्ट्र रूप शरीर के अंग मान कर इस प्रकार कहता है। जिस प्रकार प्राण शरीर में मुख्य है, वह परम आत्मा से उतर कर है, उसी प्रकार आत्मा के समान राजा के समीप का पद 'उपांशु' कहा है। हे उपांशु ! उपराज ! हे सभाध्यक्ष ! तू (वर्चोदा) वर्चस, तेज का देने वाला है तू (मे) मेरे (प्राणाय) शरीर में प्राण के समान राष्ट्र में मुख्य कार्य के लिये (पवस्व) उद्योग कर। हे (वर्चोदा) मुझे बल देने वाले ! या बल की रक्षा करने वाले ! तू (व्यानाय) शरीर में व्यान के समान मेरे राष्ट्र में व्यापक प्रबन्ध के (वर्चसे) बल, तेज की वृद्धि के लिये (पवस्व) उद्योग कर। हे (वर्चोदाः) बल और अन्त नियन्त्रण के अधिकारी पुरुष ! (मे उदानाय वर्चसे) शरीर में उदान वायु के समान, आक्रमणकारी बल की वृद्धि के लिये तू उद्योग कर। हे (वर्चोदाः) ज्ञान रूप तेज के प्रदान करने हारे। उस वायु पद के अधिकारी विद्वान्

पुरुष ! तू (मे वाचे वर्चसे) शरीर में वाणी के समान वेदज्ञान रूप मेरे तेज की वृद्धि के लिये (पवस्व) उद्योग कर । हे (वर्चोदा.) तेज और बलप्रद मित्रावरुण पद के अधिकारी पुरुष ! तू (क्रतुदक्षाभ्या) ज्ञान वृद्धि और बल वृद्धि और (वर्चसे) तेज की वृद्धि के लिये (पवस्व) उद्योग कर । हे (वर्चोदा.) बलप्रद 'आश्विन' पद के अधिकारी पुरुष ! तू मे (श्रोत्राय वर्चसे) शरीर में श्रोत्र के समान राष्ट्र में परस्पर एक दूसरे के दु.ख सुख श्रवण करने रूप तेज की वृद्धि के लिये (पवस्व) उद्योग कर । हे (वर्चो-दसौ) तेज के देने हारे शुक्र और मन्थी पद के अधकारी पुरुषो ! तुम दोनों (चक्षुर्भ्याम्) शरीर में आखों के समान कार्य करने वाले अधिकारियों के (वर्चसे) बल वृद्धि करने के लिये (पवेथाम्) उद्योग करो । हे (वर्चोदा) तेज बल देने हारे 'आग्रयण' पद के अधिकारी पुरुष ! तू (मे आत्मने वर्चसे पवस्व) तू मेरे आत्मा या देह के समान राष्ट्र या राजा के बल की वृद्धि के लिये उद्योग कर । हे (वर्चोदा·) तेज देने वाले उक्थ्य पद के अधिकारी पुरुष ! (ओजसे मे वर्चसे पवस्व) मेरे शरीर में ओजस् के समान राष्ट्र के ओजस्, पराक्रम, वीर्य के बढ़ाने के लिये तू उद्योग कर । हे (वर्चोदा) तेज के बढ़ाने वाले ध्रुव पद के अधिकारी पुरुष ! तू (आयुषे मे वर्चसे पवस्व) मेरे शरीर में आयु के समान राष्ट्र के दीर्घ जीवन की वृद्धि के लिये उद्योग कर । हे (वर्चोदाः) तेज के बढ़ाने वाले पूतभृत् और आहवनीय पद के अधिकारी पुरुषो ! आप दोनों (मे विश्वाभ्य प्रजाभ्य वर्चसे पवेथाम्) मेरी समस्त प्रजाओं के तेज बल बढ़ाने का उद्योग करो ।

शरीर में जितने प्राण कार्य करते हैं तदनुरूप राष्ट्र में अधिकारियों को स्थापित करने का वर्णन मन्त्र ३ से २६ तक किया गया है । जिसका तुलना-त्मक सार नीचे देते हैं ।

शरीरगत प्राण	राष्ट्रगत पद नाम	मन्त्र संख्या
१ प्राण .	उपांशु सवन ...	देखो मन्त्र ३, ४, ५,
२ व्यान	,,	.. ..
३ उदान .	अन्तर्याम ...	६, ७,
४ वाक्	इन्द्रवायु ...	८,
५ क्रतु-दक्ष	मित्रावरुण ...	९, १०,
६ श्रोत्र .	आश्विन ...	११,
७ चक्षुः	शुक्रामन्थिन् ...	१२,१३,१४,१५,१६,१७,१८,
८ आत्मा	आग्रयण ..	१९, २०, २१,
९ ओजस	उक्थ्य ...	२२, २३,
१० आयुष्	ध्रुव .	२४, २५,
११ प्रजा ...	पूतभृत्-आहवनीय ...	२६,

[1]कोऽसि कतमोऽसि कस्यासि को नामासि । यस्य ते नामामन्महि यं त्वा सोमेनातीतृपाम । [2]भूर्भुवः स्वः सुप्रजाः प्रजाभिः स्याꣳ सुवीरो वीरैः सुपोषः पोषैः ॥ २९ ॥

प्रजापतिर्देवता । (१) आर्ची पक्ति । (२) भुरीक् साम्नी पक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—राजा नियुक्त अधिकारी का और अधिकारी लोग राजा का परस्पर परिचय प्राप्त करें । हे राजन् ! तूः (कः असि) कौन है ? और (कतमः) अपने वर्ग में से कौनसा (असि) है ? (कस्य असि) किस

पिता का पुत्र है। (कः नाम असि) तेरा शुभ नाम क्या है। (यस्य ते) जिस तेरा (नाम) शुभ नाम (अमन्महि) हम जानें (यं) जिस (त्वा) तुझको (सोमेन) सर्वप्रेरक राजपद प्रदान करके (अतीतृपाम) हम तुझे तृप्त, सन्तुष्ट करते हैं।

इसी प्रकार राजा भी प्रत्येक अधिकारी का परिचय करे। तू कौन है ? किस वर्ग का है ? किसका पुत्र है ? नाम क्या है ? जिस का वह राजा नाम जाने और जिसको (सोमेन) राज की ओर से दिये जाने वाले धन द्वारा वह तृप्त करे। मैं राजा (भूः) भूमि, (भुवः) अन्तरिक्ष (स्वः) सर्व प्रेरक सूर्य तीनों के ऐश्वर्य से युक्त होकर (प्रजाभिः) इन प्रजाओं से (सुप्रजाः) उत्तम प्रजा से सम्पन्न (स्याम्) होऊं। (वीरैः) इन वीर पुरुषों द्वारा मैं (सुवीरः) उत्तम वीर होऊं। (पोषैः) इन पोषक ऐश्वर्यवान् पुरुषों से मिलकर मैं (सुपोषः) राष्ट्र का उत्तम पोषक, समृद्धिवान् होजाऊं। उव्वट और महीधर के मत से (कः) प्रजापति है।

[1]उपयामगृहीतोऽसि मधवे त्वो[2]पयामगृहीतोऽसि माधवाय त्वो[3]पयामगृहीतोऽसि शुक्राय त्वो[4]पयामगृहीतोऽसि शुचये त्वो-[5]पयामगृहीतोऽसि नभसे त्वो[6]पयामगृहीतोऽसि नभस्याय त्वो[7]पयामगृहीतोऽसीषे त्वो[8]पयामगृहीतोऽस्यूर्जे त्वो[9]पयामगृहीतोऽसि सहसे त्वो[10]पयामगृहीतोऽसि सहस्याय त्वो[11]पयामगृहीतोऽसि तपसे त्वो[12]पयामगृहीतोऽसि तपस्याय त्वो[13]पयामगृहीतोऽस्यंहसस्पतये त्वा ॥ ३० ॥

प्रजापतिर्ऋषिः। (१, ३–५, ६, ११) साम्न्यो गायत्र्यः। षड्जः। (२) आसुर्यनुष्टुप्। (३–५) साम्नीगायत्री। प्रजापतिर्ऋषिः। (१, ३–५, ८, ११) समन्यो गायन्य। षड्जः। (२, ६, १०, १२) आसुर्योऽनुष्टुभ। गाधारः। ७, ८, याजुष्यौ पङ्क्ती। पञ्चमः। १३ आसुर्युष्णिक्। ऋषभः॥

भा० —प्रजा राजा के राज्य तन्त्र को सवत्सर रूप से वर्णन करते हैं तदनुसार राज्य के कार्यकर्त्ताओं की नियुक्ति करते हैं। हे योग्य पुरुष ! तू (उपयामगृहीत. असि) राज्यव्यवस्था के नियमो द्वारा नियुक्त किया जाता है। (त्वा मधवे) तुझे 'मधु' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (त्वा-माधवाय) तुझको 'माधव' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (त्वा शुक्राय) तुझको 'शुक्र' पद के लिये नियुक्त करता हू। (त्वा शुचये) तुझको 'शुचि' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (ऊर्जे त्वा) तुझे 'ऊर्ज' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (इषे त्वा) तुझे 'इष्' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (सहसे त्वा) तुझे 'सहस्' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (सहस्याय त्वा) तुझे सहस्य पद के लिये नियुक्त करता हूं। (तपसे त्वा) तुझे 'तपस्' पद के लिये नियुक्त करता हूं। (तपस्याय त्वा) तुझे 'तपस्य' पद के लिये नियुक्त करता हूं। और (अंहसस्पतये त्वा) तुझे 'अहंसस्पति' पद के लिये नियुक्त करता हूं। शत० ४। ३। १। १—२ ॥

इस प्रकार राजा अपने अधीन १३ पदाधिकारियों को नियुक्त करता है। और ये १३ पदाधिकारी राजा ही के मुख्य अधिकार के १३ विभाग हैं इसलिये ये १३ हों अधिकार राजा को भी प्राप्त हो जाते हैं।

जैसे सवत्सर या वर्ष में ६ ऋतुएं और प्रत्येक ऋतु में दो २ मास हैं और १३ वां मलमास है। उसी प्रकार प्रजापति राजा के अधीन ६ सदस्य और प्रत्येक के अधीन दो २ अधिकारी नियुक्त हैं। जिनमें एक सेनानी, दूसरा ग्रामणी अर्थात् एक सेनापति दूसरा नगराध्यक्ष हो। परन्तु ये समस्त अधिकार राजा को भी प्राप्त हैं अतः प्रत्येक ऋतु भी राजा का एक रूपान्तर है।

(१) 'मधु माधव'—तस्य (अग्नेः) रथगृत्सश्च रथौजाश्च सेनानी-ग्रामण्यौ इति वासन्तिकौ तावृतू। श० ८। ६। १। १६॥ एतौ एव

वासन्तिकौ मासौ । स यद् वसन्ते ओषधयो जायन्ते वनस्पतय पच्यन्ते तेनोहैतौ मधुश्च माधवश्च ॥ श० ४ । ३ । १ । १४ ॥

(२) 'शुक्र ', 'शुचि '— एतौ (शुक्रश्च शुचिश्च) एव ग्रैष्मौ मासौ । स यदे तयोर्बलिष्ट तपति तेनोहैतो शुक्रश्च शुचिश्च । श० ४ । ३ । १ । ५ ॥ तस्य वायो रथस्वनश्च रथेचित्रश्च सेनानीग्रामण्यौ । इति ग्रैष्मौ तावृतू । श० ८ । ६ । १ । १७ ॥

(३) 'नभ ','नभस्यः'—तस्यादित्यस्य रथप्रोतश्चासमरथश्च सेनानीग्रामण्यौ इति वार्षिकौ तावृतू श० ८ । ६ । १ । १८ ॥ एतौ (नभश्च नभस्यश्च) एव वार्षिकौ मासौ अमुतो वै दिवा वर्षति तेनो हैतौ नभश्च नभस्यश्च । श० ४ । ३ । १ । १६ ॥

(४) 'इष ', ऊर्ज ' एतावेव शारदौ स यच्छरद्यूर्ग्रस ओषधय पच्यन्ते तेनोहैताविषश्चोर्जश्च । श० ४ । ३ । १ । ६ ॥ तस्य तार्क्ष्यश्चारिष्टनेमिश्च सेनानीग्रामण्यौ इति शारदौ तावृतू । श० ८ । ६ । १ । १८ ॥

(५) 'सह· ।', 'सहस्यः ।'—तस्य सेनजिच्च सुषेणश्च सेनानीग्रामण्यौ हेमन्तिकौ तावृत् । श० ८ । ६ । १ । ७ ॥ एतौ एव हेमन्तिकौ स यद् हेमन्त इमा प्रजा सहसैव स्व वशमुपनयते तेनोहैतौ सहश्च सहस्यश्च । श० ४ । ३ । १ । १८ ॥

(६) 'तप ', 'तपस्य '— एतौ एव शैशिरौ स यदेतयोर्बलिष्ठं श्यायति तेनो हैतौ तपश्च तपस्यश्च श० ४ । ३ । १ । १६ ॥

संवत्सर के अशों और प्रजापालक राजा के नियत पदाधिकारी पुरुषों की तुलना को साथ दिये मानचित्र से देखें ।

ऋतु नाम	मास नाम	विशेष नाम	पद नाम	सेनानी, ग्रामणी
१ वसंतः	चैत्र ..	मधुः	रथगृत्सः	सेनानीः .
	वैशाख	माधवः	रथौजा	ग्रामणीः .
२ ग्रीष्मः	ज्येष्ठः ...	शुक्रः .	रथस्वनः	सेनानी. ...
	आषाढ़ः	शुचिः ...	रथेचित्रः	ग्रामणीः . .
३ वर्षा·	श्रावणः .	नभः ...	रथप्रोतः	सेनानीः ..
	भाद्र ..	नभस्यः...	असमरथ·	ग्रामणीः ...
४ शरद्	आश्विनः(कुमारः)	इषः ...	तार्क्ष्य· ...	सेनानीः ...
	कार्तिकः	ऊर्जः ...	अरिष्टनेमिः	ग्रामणीः .
५ हेमन्तः	मार्गशीषः	सहः ...	सेनजित् ..	सेनानीः ..
	पौषः ..	सहस्यः...	सुषेणः...	ग्रामणीः ..
६ शिशिर.	माघः ...	तपः .	.....	.....
	फाल्गुनः ...	तपस्यः...		
७	मलमास ..	अहंसस्पतिः	. ...	.

अप्सरा नाम, संकेत		हेतिः, प्रहेतिः		दिशा	नेतारौ
पुंजिकस्थला	सेना	दन्दणुपशु.	हेति	पूर्वा	अग्नि
क्रतुस्थला	समिति.	पौरुषेयवध.	प्रहेति		हरिकेश
मेनका	द्यौः	यातुधाना	हेति	दक्षिणा	विश्वकर्मा
सहजन्या	पृथिवी	रक्षांसि	प्रहेतिः		वायु.
प्रम्लोचन्ती	अह	व्याघ्रा	हेति.	पश्चिमा	विश्वव्यचाः
अनुम्लोचन्ती	रात्रि	सर्पा	प्रहेति		आदित्य.
विश्वाची	वेदि	आप	हेति	उत्तरा	सयद्वसु
घृताची	स्रुक्	वात.	प्रहेति		यज्ञ
उर्वशी	आहुति.	अवस्फूर्जन्		उपरि	अर्वाग्वसु
पूर्वचित्ती	दक्षिणा	विद्युत्	.. ...		पर्जन्य
...	.	.	.. ..	अध.	. ...
.. ...	.. ..	... ...		मध्यं	... ...

इन्द्राग्नीऽ आगतंꣳसुतं गीर्भिर्नभो वरेण्यम् । अस्य पातं धियेषिता । उपयामगृहीतोऽसीन्द्राग्निभ्यां त्वैष ते योनिरिन्द्राग्निभ्यां त्वा ॥ ३१ ॥ ऋ० ३ । १२ । १ ॥

विश्वामित्र ऋषि । इन्द्राग्नी देवते । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (इन्द्राग्नी) इन्द्र ! सेनापते ! और हे अग्ने ! अग्रणी नेत. ! विद्वन् ! आप दोनों (सुतम्) अभिषिक्त हुए (गीर्भिः) नाना वाणियों, स्तुतियों द्वारा या प्रजा या अधिक सभासदों की सम्मतियों द्वारा (वरेण्यम्) वरण करने योग्य, सर्वश्रेष्ठ (नभ) सबको एक सूत्र मे बांधने वाले अथवा आदित्य के समान तेजस्वी इस पुरुष के समीप (आगतम्) प्राप्त होओ और उसके अधीन रहकर (धिया) अपनी प्रज्ञा या कर्म, कर्त्तव्य द्वारा (इषिता) प्रेरित होकर (अस्य) इसके आज्ञा का (पातम्) पालन करो। उसको अपना राजा स्वीकार करो। (उपायामगृहीत असि) हे पुरुष ! तू राज्य की व्यवस्था द्वारा बद्ध है। (त्वा इन्द्राग्नीभ्याम्) तुझको इन्द्र और अग्नि दोनो के पद पर शासन करने के लिये नियुक्त करता हूं। (एष· ते योनि.) यह तेरा आश्रय स्थान या पद है। (त्वा) तुझको मैं (इन्द्राग्निभ्याम्) इन्द्र और अग्नि दोनो के अधिकार पदों के लिये नियुक्त करता हूं। शत० ४ । ३ । १ । २३-२४ ॥

[1]आ घा ये ऽअग्निमिन्धते स्तृणन्ति बर्हिरानुषक् । येषामिन्द्रो युवा सखा । [2] उपयामगृहीतोऽस्यग्नीन्द्राभ्यां त्वैष ते योनिरग्नीन्द्राभ्यां त्वा ॥ ३२ ॥ ऋ० ८ । ४५ । १ ॥

त्रिशोक ऋषिः । विश्वे देवा देवताः । (१) आर्षी गायत्री । षड्जः । (२) उष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—(ये) जो विद्वान् पुरुष (घ) नित्य (अग्निम् इन्धते) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को प्रदीप्त करते, अधिक बलवान् करते हैं और

जो (आनुषक्) पदों के क्रम से (बर्हिः) आसनों को (आस्तृणन्ति) योग्य पुरुषों के लिये विछाते हैं। (येषाम्) जिनका (इन्द्र) ऐश्वर्यवान् राजा (युवा) सदा तरुण, सदा उत्साही, नित्य बलशाली, (सखा) मित्र है वे (आनुषक्) राजा के अधीन उसके अनुकूल रहकर क्रम से, उत्तरोत्तर क्रम से (बर्हिः स्तृणन्ति) योग्य पदों को योग्य आसन देते हैं। (उपयामगृहीतः असि० इत्यादि) पूर्ववत्।

[1]ओमासश्चर्षणीधृतो विश्वे देवास आगत। दाश्वाꣳसो दाशुषः सुतम्। उपयामगृहीतोऽसि विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्य एष ते योनिर्विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः ॥ ३३ ॥   ऋ० १।३।७॥

मधुच्छन्दा ऋषिः। विश्वे देवा देवता. । (१) आर्षी गायत्री। षड्जः। (२) आर्ची बृहती। मध्यम ॥

भा०—हे (विश्वे देवासः) समस्त विद्वान् पुरुषो! अधिकारी राजगण! आप लोग (ओमासः) राष्ट्र के रक्षक और (चर्षणीधृत) समस्त मनुष्यों को नियम मे या व्यवस्था में रखने वाले हो। आप लोग (दाशुष) अपने को अन्न, धन आदि देने वाले राजा के प्रति (दाश्वास) उसको बल, ऐश्वर्य देने वाले हो। आप लोग (सुतम्) सुत, अर्थात् अभिषिक्त राजा के अधीन (आगत) आओ। हे पुरुष, तू (उपयामगृहीत) राज्य व्यवस्था द्वारा बद्ध है। (त्वा) तुझको (विश्वेभ्य. देवेभ्य) समस्त देवों, विद्वानों, अधिकारी राजाओं के लिये सर्वोपरि नियुक्त करता हू। (ते एष. योनि) तेरा यह उच्च पद है। (विश्वेभ्य देवेभ्य. त्वा) समस्त देवों, विद्वानों की रक्षा के लिये तुझे नियुक्त करता हू। शत० ४।३।१।२७॥

विद्वानों के पक्ष मे—सोम=शिष्य के प्रति। हे विद्वान पुरुषो! आप लोग आओ, उसे शिक्षा दे। और हे शिष्य (उपयाम गृहीत) तू नियम में बद्ध होकर उनके अधीन है। वे विद्वान ही उसके आश्रय हों।

[1] विश्वे देवास ऽआगंत शृणुता ऽमं इमᳬ हवम्। एदं बर्हिर्निषीदत। [2] उपयामगृहीतोऽसि विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यं एष ते योनिर्विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः ॥ ३४ ॥ ऋ० २ । ४१ । १३ ॥

गृत्समद ऋषिः। विश्वेदेवा देवता। (१) आर्षी गायत्री षड्जः। (२) निचृदार्ष्युष्णिक। ऋषभः ॥

भा०—हे (विश्वेदेवासः) समस्त विद्वान् देवगण! प्रजाजनो! आप लोग (आगत) आओ। (मे) मेरा (इदं हविमः) इस अभ्यर्थना को (शृणुत) सुनो। (उपयामगृहीतः असि० इत्यादि) पूर्ववत्।

[1] इन्द्र मरुत्वऽ इह पाहि सोमं यथां शार्य्याते ऽअपिबः सुतस्यं। तव प्रणीती तव शूर शर्म्मन्नाविवासन्ति कवयः सुयज्ञाः। [2] उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा ऽमरुत्वंत एष ते योनिरिन्द्राय त्वा मरुत्वंते ॥ ३५ ॥ ऋ० ३ । ५१ । ७ ॥

प्रजापतिरिन्द्रो देवता। (१) निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः। आर्ष्युष्णिक्। ऋषभः ॥

भा०—हे (मरुत्वः इन्द्र) समस्त मरुद्गण अर्थात् प्रजागण या सैन्य के स्वामी इन्द्र! सेनापते! (इह) इस अवसर पर भी (सोमम्) सर्वप्रेरक राजा को (पाहि) रक्षा कर, या उसको स्वीकार कर जिस प्रकार (शार्याते) बाणोंद्वारा शत्रु पर आक्रमण करने के अवसर पर भी (सुतस्य अपिबः) सुत अर्थात् राजा के पद को स्वीकार किया था। हे (शूर) शूरवीर पुरुष! तेरी (प्रणीती) उत्कृष्ट नीति से और (तव शर्मन्) तेरी शरण में (सुयज्ञाः) उत्तम यज्ञशील, ईश्वरोपासक, या उत्तम दान शील, या उत्तम राष्ट्रपति, या उत्तम सग्रामकारी योद्धा लोग और (कवयः) क्रान्तदर्शी ऋषि, महर्षि, विद्वान् पुरुष (आ विवासन्ति) रहें, तेरी आज्ञा का पालन करें। हे शूरवीर पुरुष! (उपयामगृहीतः असि) राज्यव्यवस्था द्वारा तुझे नियुक्त किया जाता है। (इन्द्राय मरुत्वते) प्रजाओं के या वायु के समान

तीव्र सैनिकों के स्वामी पद के लिये (त्वा) तुझे नियुक्त करता हूं। (एष ते योनिः) यह तेरा आश्रयस्थान और पद है। (इन्द्राय मरुत्वते) प्रजाओं और वीर सुभटों के स्वामी पद के लिये तुझे स्थापित करता हूं। शत० ४। ३। ३। १-१३॥

'शार्याते'—शर्या अंगुलयः। शर्या इषवः। शृ हिंसायाम् (क्र्यादिः) शृणाति पापान्। इति देवराजः। शर्याभिः वाणैरतन्ति यस्मिन् तत् शार्यातम् युद्धकर्म। अथवा शर्याभिः निर्वृत्तानि कर्माणि शार्याणि तान्यतति व्याप्नोति स शार्यातस्तस्मिन्, इति दयानन्दः।

यहां 'शार्यात' शब्द से महीधर ग्रीफिथ आदि का असंगत है, क्योंकि मनु के पुत्र शर्याति के पुत्र का ग्रहण करना शतपथादि में भी उसका उल्लेख नहीं है॥

[1]मरुत्वन्तं वृषभं वावृधानमकवारिं दिव्यᳬं शासमिन्द्रम्। विश्वासाहमवसे नूतनायोग्रᳬं सहोदामिह तᳬं हुवेम। [2]उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा मरुत्वतऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वा मरुत्वते। [3]उपयामगृहीतोऽसि मरुतान्त्वौजसे॥ ३६॥ ऋ० ३। ४७। ५॥

विश्वामित्र ऋषिः। प्रजापतिर्देवता। (१) विराड् आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः। (२) आर्षी उष्णिक्। (३) साम्नी उष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—(मरुत्वन्तम्) मरुद्गण, प्रजाओं और वीर सुभटों के स्वामी (वृषभम्) स्वयं सर्वश्रेष्ठ, सब सुखों के वर्षक, (वावृधानम्) सबको बढ़ानेवाले और स्वयं बढ़ानेवाले, वृद्धिशील, उदयशील, विजिगीषु (अकवारिम्=अकव-अरिम्, अक वारिम्) अकव अर्थात् अधमात्म के शत्रु, अथवा अक=दुःखों के वारण करनेवाले (दिव्यम्) दिव्य गुणवान्, तेजस्वी, (विश्वासाहम्) समस्त शत्रुओं के विजयी, (सहोदाम्) बलपूर्वक दमन करने में समर्थ (शासम्) शासनकारी (तम्) उस पुरुष

को हम (इह) इस अवसर पर (इन्द्रम् हुवेम) इन्द्र सेनापति या इन्द्र नाम से (हुवेम) बुलाते हैं । (उपयामगृहीत असि इन्द्राय त्वा मरुत्वते । एष. ते योनि । इन्द्राय त्वा मरुत्वते) इति पूर्ववत् । (उपयामगृहीत असि) तू राज्य की व्यवस्था द्वारा बद्ध है । (त्वा) तुझको (मरुताम्) वायु के समान तीव्र गतिशील सुभटों के और प्रजाओं के (ओजसे) ओज, पराक्रम के कार्य के लिये नियुक्त करता हूं ॥ शत० ४ । ३ । ३ । १४ ॥

[1]सुजोषाऽइन्द्र सगणो मुरुद्भिः सोमं पिब वृत्रहा शूर विद्वान् । जहि शत्रूँ१॥ रप मृधो नुदस्वाथाभयं कृणुहि विश्वतो नः । [2]उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा मुरुत्वत एष ते योनिरिन्द्राय त्वा मरुत्वते ॥ ३७ ॥ ऋ० ३ । ४७ । २ ॥

विश्वामित्र ऋषि' । मरुत्वान् इन्द्रः प्रजापतिर्देवता । (१) निचृदार्षी त्रिष्टुप् । (२) प्राजापत्या त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(सजोषाः) सबको समान भाव से प्रेम करनेवाले (मरुद्भिः सगणः) वायुओं के समान तीव्र गतिमान् सैनिकों के गणों से युक्त होकर हे (इन्द्र) ऐश्वर्यवन् सेनापते ! हे (शूर) शूरवीर ! आप (विद्वान्) ज्ञानवान्, सब शत्रु के कल, बल, छल को जानते हुए (वृत्रहा) नगरों को घेरनेवाले शत्रुओं का नाश करके (सोमं) सोम अर्थात् राज्य के उत्तम पद को (पिब) पान कर, स्वीकार कर और तू (शत्रून् जहि) शत्रुओं को नाश कर। (मृधः) संग्रामों को या संग्रामकारी शत्रु सेनाओं को (अप नुद) मार भगा । और (नः) हमें (विश्वत.) सब तरफ़ से (अभयम्) भयरहित (अथ कृणुहि) कर । (उपयाम० इत्यादि) पूर्ववत् ॥

[1]मुरुत्वाँ२॥ इन्द्र वृषभो रणाय पिबा सोममनुष्वधम्मदाय । आसिञ्चस्व जुठरे मध्वऽ ऊर्मिं त्वꣳ राजासि प्रतिपत्सुतानाम् ।

[१]उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा मरुत्वत एष ते योनिरिन्द्राय त्वा मरुत्वते ॥ ३८ ॥

विश्वामित्र ऋषिः । मरुत्वान् इन्द्र प्रजापतिर्देवता । (१) निचृदार्षी त्रिष्टुप् । (२) प्राजापत्या त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (इन्द्र) इन्द्र ! सेनापते ! (मरुत्वान्) उत्तम प्रजा और सेनाओं का स्वामी (वृषभ) सर्वश्रेष्ठ, बलवान् या शत्रुओं पर शर-वर्षा करनेवाला तू (अनुस्वधम्) अपनी धारणशक्ति के अनुसार (मदाय) सबको सन्तुष्ट या हर्षित करने के लिये (रणाय) संग्राम के लिये (सोमम्) 'सोम' ओषधि रस के समान बलकारी राजा के अधिकार को (पिब) पान कर, स्वीकार कर । (जठरे) पेट में जिस प्रकार (मध्व ऊर्मिम्) अन्न के खालेने पर बल उत्पन्न होता है उसी प्रकार तू अपने (जठरे) जठर अर्थात् वश में (मध्वः) अन्न और शत्रु के दमन सामर्थ्य के (ऊर्मिम्) उद्योग को (आ सिञ्चस्व) प्रवाहित कर । (त्वम्) तू (सुतानाम्) राज्य के समस्त अंगों के (प्रातिपत्) प्रत्येक पद पर (राजा असि) राजा रूप से विद्यमान है । (उपयामगृहीत ०इत्यादि) पूर्ववत् ॥

[१]महाँ२ऽ इन्द्रो नृवदा चर्षणिप्रा उत द्विबर्हा अमिनः सहोभिः । अस्मद्र्यग्वावृधे वीर्यायोरुः पृथुः सुकृतः कर्तृभिर्भूत् । [२]उपयामगृहीतोऽसि महेन्द्राय त्वैष ते योनिर्महेन्द्राय त्वा ॥ ३९ ॥

ऋ० ६ । १९ । १ ॥

भरद्वाज ऋषिः । महेन्द्र प्रजासेनापतिर्देवता । (१) भुरिक् पङ्क्ति , पञ्चमः । (२) साम्नी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(महान् इन्द्रः) महान् ऐश्वर्यवान् राजा (नृवत्) नेता पुरुषों का स्वामी अथवा नेता के समान (आचर्षणीप्राः) समस्त लोकों और प्रजाजनों को पूर्ण करने वाला (उत) और (द्विबर्हाः) दोनों प्रजा और

राजा के अधीन शासकजन दोनों को बढ़ानेवाला या दोनों का स्वामी (सहोभिः अमिन) अपने शत्रु-दमनकारी सामर्थ्यों और बलों से अमित पराक्रमी (अस्मद्र्यक्) हमारे प्रति कृपालु होकर (वावृधे) वृद्धि को प्राप्त हो। वह (वीर्याय) वीर्य के अधिक होजाने से ही (उरुः) विशाल (पृथुः) विस्तृत राज्यवाला और (कर्तृभि) उत्तम कार्यकर्त्ताओं के सहाय से (सुकृत.) उत्तम राज्य कार्यकर्त्ता (भूत्) हो। हे राजन्! तू (उपयामगृहीत. असि) राज्य के समस्त नियमों द्वारा बद्ध है। (त्वा) तुझको (महेन्द्राय) महेन्द्र पद के लिये नियत करता हूं। (एष ते योनि) यह तेरा आसन है। (त्वा महेन्द्राय) तुझे महेन्द्र पद के लिये स्थापित करता हूं॥ शत० ४। ३। ३। १८॥ उक्त मन्त्र परमेश्वर पक्ष में स्पष्ट है।

[१]म॒हाँ२ऽ इन्द्रो॒ यऽओज॑सा प॒र्जन्यो॑ वृष्टि॒माँ२ऽ इ॑व। स्तोमै॑र्व॒त्सस्य॑ वावृधे। [२]उ॒प॒या॒मगृ॑हीतोऽसि म॒हे॒न्द्राय॑ त्वै॒ष ते॒ योनि॑र्म॒हे॒न्द्राय॑ त्वा॥ ४०॥ ऋ० ८। ६। १॥

वत्स ऋषिः। इन्द्रः प्रजापतिर्देवता। (१) आर्षी गायत्री। (२) विराड् आर्षी गायत्री। षड्जः॥

भा०—(य) जो (इन्द्र) ऐश्वर्यवान् राजा (ओजसा) बल से (महान्) महान् है। और (पर्जन्यः इव) मेघ के समान (वृष्टिमान्) प्रजा पर अत्यन्त सुख सम्पत्तियों की वर्षा करनेवाला है। वह (वत्सस्य) अपने राज्य में बसनेवाला, पुत्र के समान प्रजा के किये (स्तोमैः) स्तुति-गुणानुवादों, अथवा संघों द्वारा (वावृधे) वृद्धि को प्राप्त होता है। (उपयाम-गृहीत. असि० इत्यादि) पूर्ववत्॥

परमेश्वर पक्ष में—वह बल में सबसे महान्, मेघ के समान समस्त सुखों का वर्षक उसकी महिमा प्रजा की स्तुतियों से और भी बढ़ती है।

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः।
दृशे विश्वाय सूर्य्यꣳ स्वाहा ॥ ४१ ॥

प्रस्कण्व ऋषिः। सूर्यो देवता। भुरिगार्षी गायत्री। षड्जः ॥

भा०—(त्वं) उस (जातवेदसम्) ऐश्वर्यवान् (देवम्) देव, राजा को (केतवः) ज्ञानवान् पुरुष भी (उद् वहन्ति) अपने ऊपर आदर से धारण करते उसको अपने सिरमाथे स्वामी स्वीकार करते हैं। उस (विश्वाय) समस्त कार्यों और प्रजाओं के (दृशे) दर्शन करने या कराने वाले साक्षीरूप (सूर्यम्) सूर्य के समान सर्वप्रेरक राजा को (स्वाहा) उत्तम कहा जाता है ॥

परमेश्वर पक्ष में—समस्त पदार्थों का दर्शन कराने के लिये जिस प्रकार (सूर्यम्) सूर्य को सर्वश्रेष्ठ कहते हैं और उसको (केतव) रश्मियें प्राप्त हैं, उसी प्रकार समस्त संसार को दर्शानेवाले उस परमेश्वर को भी सूर्य कहते हैं। समस्त (केतव) ज्ञान उसी परमेश्वर वेदों के उत्पत्ति स्थान को ही बतलाते हैं ॥ शत० ४ । ३ । ४ । ६ ॥

चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।
आप्रा द्यावापृथिवीऽअन्तरिक्षꣳ सूर्यऽआत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा ॥ ४२ ॥

कुत्स ऋषिः। सूर्यो देवता। भुरिगार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—(देवानाम्) समस्त देवों, विद्वानों और राज्य के पदाधिकारियों में से यह राजा (चित्रम्) अति पूजन (अनीकम्) सर्वशिरोमणि, सब से मुख्य होकर (उद् अगात्) उदय को प्राप्त होता है। वह (मित्रस्य वरुणस्य अग्ने) मित्र वरुण और अग्नि इन पदाधिकारियों का भी (चक्षु) आंख के समान मार्ग दिखाने वाला या उनपर निरीक्षक रूप से नियुक्त है। वह (द्यावापृथिवी अन्तरिक्षम्) द्यौ, पृथिवी और अन्तरिक्ष, राजा, प्रजा और

बीच के शासक सबको (आ अप्रा) पूर्ण करता है वह (सूर्य) सूर्य के समान सर्वप्रेरक तेजस्वी (जगतः) जगत् और (तस्थुषः च) स्थावर पशु और जंगल, पर्वत, नगर आदि समस्त धनों का (आत्मा) आत्मा, अपनाने वाला स्वामी (स्वाहा) कहा जाता है ॥ शत० ४ । ३ । ४ । १० ॥

ईश्वर पक्ष में—इस शरीर में आत्मा और ब्रह्माण्ड शरीर में परमात्मा (देवानाम् अनीकं) समस्त देवो, दिव्य शक्तियों में मुख्य (चित्रम्) सबका पूजनीय मित्र वरुण अग्नि, वायु, जल और आग सबका (चक्षुः) द्रष्टा और सबका प्रकाशक है। वह द्यौ, पृथ्वी, अन्तरिक्ष सबका पालक है। स्थावर और जंगम सबका आत्मा, सबका स्वामी, सब में व्यापक है। (स्वाहा) उसकी स्तुति करो। इस देह मे—आत्मा (देवानाम्) चक्षु आदि इन्द्रियों का (अनीकं) नेता। मित्र, वरुण प्राणापान और जाठर अग्नि का प्रवर्त्तक, शिर, मध्य और चरण भाग तीनो का पालक, पोषक गतिशील, अंग और स्थिर धातु सबका स्वामी है। वह 'आत्मा' कहाता है। उसको उत्तम रीति से ज्ञान करो ॥

अग्ने नयं सुपथा रायेऽअस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नमऽउक्तिं विधेम स्वाहा ॥४३॥

ऋ० १ । १८९ । १ ॥ यजु० ५ । ३६ ॥

आंगिरस ऋषिः। अग्निरन्तर्यामी जगदीश्वरो वा देवता। भुरिगार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान सबके प्रकाशक और अग्रणी या दुष्टों के तापदायक ! हे (देव) देव ! राजन् ! (अस्मान्) हमें (राये) ऐश्वर्य प्राप्त करने के लिये (सुपथा) उत्तम मार्ग से (नय) ले चल। तू (विश्वानि वयुनानि) समस्त मार्गों और उत्कृष्ट ज्ञानों को (विद्वान्) जानता है। और (जुहुराणम्) कुटिलता कराने वाले (एनः) पाप

और पापी पुरुष को (अस्मत्) हम से (युयोधि) दूर कर। (ते) तेरे लिये हम (भूयिष्ठाम्) बहुत २ (नम) आदर युक्त (उक्तिम्) वचन (विधेम) प्रयोग करते हैं। (स्वाहा) जिससे तेरा उत्तम यश हो।

ईश्वर पक्ष में—हे अन्तर्यामिन्! स्वप्रकाश! देव! तू हमें सन्मार्ग से योग सिद्धि प्राप्त करने के लिये आगे बढ़ा। तू हमारे सब कर्म उत्कृष्ट ज्ञानों को जानता है। हमारे हृदय से कुटिल पाप को दूर कर। हम (स्वाहा) वेद-वाणी से तेरी बहुत २ स्तुति करते हैं॥ शत० ४। ३। ४। १२॥

अयं नोऽअग्निर्वरिवस्कृणोत्वयं मृधः पुरऽएतु प्रभिन्दन्। अयं वाजाञ्जयतु वाजसातावयꣳ शत्रूञ्जयतु जर्हृषाणः स्वाहा॥ ४४॥ यजु० ५। ३७॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ५। ३७॥

रूपेण वो रूपमभ्यागां तुथो वो विश्ववेदा विभजतु। ऋतस्य पथा प्रेत चन्द्रदक्षिणा वि स्वः पश्य व्युन्तरिक्षं यतस्व सदस्यैः॥४५॥

प्रजापतिर्देवता। निचृज्जगती। निषादः॥

भा०—हे प्रजाओ और हे सेना के पुरुषो! (रूपेण) रूप अर्थात् चान्दी आदि मूल्यवान्, एवं प्रिय पदार्थ से (व) तुम्हारे (रूपम्) वास्तविक रूप, शरीर और उसमें विद्यमान तुम्हारे गुण या शिल्प को (अभि आगाम्) प्राप्त करता हूं। (विश्ववेदाः) समस्त धन ऐश्वर्य का स्वामी या सर्वज्ञ विद्वान् (तुथ) ज्ञानवृद्ध ब्राह्मण, (व) तुमको (विभजतु) नाना प्रकार से धन और ज्ञान का वितरण करे। अथवा (व विभजतु) तुमको वर्गों में विभक्त करे। तुम सब (ऋतस्य पथा) ऋत, सत्य-ज्ञान यज्ञ परस्पर संगत, सुव्यवस्था के मार्ग से (प्र इत) गमन करो। और (चन्द्रदक्षिणा) चन्द्र, सुवर्ण और चाँदी आदि की दक्षिणा अर्थात्

अपने क्रिया के बदले वेतन प्राप्त करो। हे राजन्! तू (स्व) आकाश में विद्यमान् तेजस्वी सूर्य को (वि पश्य) विशेष रूप से देख अर्थात् उसके समान तेजस्वी शत्रुतापक होकर राजपद को जान और उसका पालन कर। और (अन्तरिक्षं विपश्य) अन्तरिक्ष को भी विशेष रूप से जान। अर्थात् अन्तरिक्ष जिस प्रकार समस्त पृथिवी पर आच्छादित रहता और वायु वृष्टि द्वारा सबको पालता है उस प्रकार पृथ्वी निवासी प्रजा का पालन कर। और (सदस्यै) सभा के सदस्यों द्वारा (यतस्व) राज्य करने का उद्योग कर॥ शत० ४। ३। ४। १४-१८॥

ब्राह्मणमद्य विदेयं पितृमन्तं पैतृमत्यमृषिमार्षेयꣳ सुधातुदक्षिणम्। अस्मद्राता देवत्रा गच्छत प्रदातारमाविशत॥ ४६॥

विद्वांसो देवता.। भुरिगार्षी त्रिष्टुप्। धैवत॥

भा०—मैं राजा (अद्य) इस राज्य-कार्य में (पितृमन्तम्) उत्तम पिता माता गुरुजनों से युक्त, (पैतृमत्यम्) उत्तम जितेन्द्रिय पितामह वाले, (ऋषिम्) स्वयं वेद मन्त्रों के द्रष्टा, (आर्षेयम्) ऋषियों के विज्ञान को जानने वाले, (सुधातुदक्षिणम्) उत्तम सुवर्ण आदि धातु की दक्षिणा प्राप्त करने योग्य (ब्राह्मणम्) ब्रह्म के ज्ञानी, विद्वान् पुरुष को मैं (विदेयम्) प्राप्त करूं। हे सेना और प्रजा के पुरुषो! आप लोग (अस्मद् राताः) हम से वेतन प्राप्त करके (देवत्रा) विद्वान् पुरुषों को या विद्वान् पुरुषों के पदों को (गच्छत) प्राप्त करो। और (प्रदातारम्) उत्कृष्ट, दानशील अधिकारी के (आविशत) अधीन होकर रहो॥ शत० ४। ३। ४। १६-२०॥

[1]अग्नये त्वा मह्यं वरुणो ददातु सोऽमृतत्वमशीयायुर्दात्र ऽएधि मयो मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे [2] रुद्राय त्वा मह्यं वरुणो ददातु सोऽमृतत्वमशीय प्राणो दात्रऽएधि वयो मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे [3] बृह-

४६—ब्राह्मणो दक्षिणाश्च लिंगोक्ता देवता। सर्वा०॥

स्पतये त्वा मह्यं वरुणो ददातु सोऽमृतत्वमशीय त्वग्दात्रऽएधि मयो मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे ४ यमाय त्वा मह्यं वरुणो ददातु सोऽमृतत्वमशीय हयो दात्रऽएधि मयो मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे ॥ ४७ ॥

वरुणो देवता । (१) भुरिक् प्राजापात्या । (२) स्वराट् प्राजापत्या ।
(३) निचृदार्ची । (४) विराड् आर्षी जगती । निषाद ॥

भा०—राजा अपने अधीन पुरुषों को स्वर्णादि धन, गौ आदि पशु और वस्त्र और अश्व का प्रदान करता है। (वरुण) सर्वश्रेष्ठ, हमारे स्वय अपनी इच्छा द्वारा वृत राजा, स्वामी (त्वा) हे सुवर्ण आदि धन ! तुझे (मह्यम्) मुझ (अग्नये) अग्रणी नेता पदाधिकारी या अग्नि के समान शत्रुतापकारी पुरुष को (ददातु) प्रदान करे। (स.) वह मैं (अमृतत्वम्) पूर्ण आयु को प्राप्त करूं। (दात्रे आयु) दाता की दीर्घ आयु हो। और (मह्यम् प्रतिगृहीत्रे) मुझ ग्रहण करने वाले को सुख हो। हे पशु और अन्न आदि भोग्य पदार्थ ! (वरुण त्वा मह्य रुद्राय) वरुण राजा मुझ रुद्र-स्वरूप शत्रुओं को रुलाने वाले वीर पुरुष को (ददातु) प्रदान करे। (स अमृतत्वम् अशीय) वह मैं अमृत अर्थात् पूर्ण आयु का भोग करू। (प्राण· दात्रे) दान करने वाले को प्राण, उत्तम जीवन बल प्राप्त हो। (मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे नम) मुझ ग्रहण क.ने वाले को सुख प्राप्त हो। (वरुणः) राजा वरुण (त्वा) तुझ वस्त्र को (मह्यं बृहस्पतये ददातु) बृहस्पति, वेदवाणी के पालक, विद्वान् को प्रदान करे। जिसे मैं (अमृतत्वम् अशीय) अमृत, पूर्ण आयु का भोग करू। (त्वग् दात्रे एधि) दानशील, दाता को आवरणकारी वस्त्र आदि समस्त पदार्थ प्राप्त हों। (मह्यम् प्रतिग्रहीत्रे मय एधि) मुझे स्वीकार करने वाले को सुख प्राप्त हो। (वरुण) सर्व-श्रेष्ठ राजा (मह्य यमाय) मुझ राष्ट्रनियन्ता को हे अश्व ! तुझे (ददातु) प्रदान करे। मैं (अमृतत्वम् अशीय) अमृतत्व या जीवन के सुख को

प्राप्त करूं। (हयः दात्रे एधि) दानशील पुरुष को घोड़े प्राप्त हों। (मह्यं प्रतिग्रहीत्रे मयः) मुझ प्राप्ति स्वीकार करने वाले को सुख हो ॥ शत० ४। ३। ४। २८-३१ ॥

ईश्वर और आचार्य पक्ष में—अग्नि अर्थात् वसु नाम ब्रह्मचारी को आयु प्रदान करे। रुद्र को प्राण का बल दे। बृहस्पति वेदवक्ता को त्वचा की सहनशीलता प्रदान करे और यम, ब्रह्मचारी को (हयः) उत्कृष्ट ज्ञान का उपदेश करे। जिससे ग्रहण करने वालों को सुख हो और दान देने वाले की वे शक्तियां और बढ़ें ॥

कोऽदात्कस्मा अदात्कामोऽदात्कामायादात्।
कामो दाता कामः प्रतिग्रहीता कामैतत्ते ॥ ४८ ॥

काम: आत्मा देवता। आर्ष्युष्णिक्। ऋषभः ॥

भा०—[प्रश्न] (क अदात्) कौन देता है ? और (कस्मै अदात्) किसको देता है ? [उत्तर] (कामः अदात्) कामना करनेवाला, अपने मनोरथ पूर्ण करने का इच्छुक स्वामी (अदात्) अपने अधीन पुरुषों को द्रव्य, अन्न आदि प्रदान करता है। और (कामाय) उस नियत द्रव्य को लेने के अभिलाषी पुरुष को ही वह प्रदान करता है। वस्तुत (काम. दाता) मनोरथ या आवश्यकता वाला पुरुष ही प्रदान करता है। (कामः) इच्छुक या आवश्यकता वाला ही (प्रतिग्रहीता) उस दिये धनको लेता है। (एतत्) यह सब लेन देन का कार्य हे (काम) अभिलाषी ! हे सकल्प ! हे इच्छा ! (ते) तेरा ही है ॥ शत० ४। ३। ४। ३२-३३ ॥

ईश्वर पक्ष में—(क अदात् कस्मै अदात्) कौन ? किसको देता है ? (काम. कामाय अदात्) महान् कमनीमय, संकल्पमय परमेश्वर संकल्पकारी इच्छावान् जीव को कर्मफल देता है। सबकी कामना का विषय परमेश्वर भी 'काम' है वही दाता है। और कामनावान् 'काम' जीव

प्रतिग्रहीता लेनदार है। हे काम ! जीव ! (एतत्) यह वेदाज्ञा तभी तुझ जीव के लिये ही देता हू। विवाहादि में स्त्री पुरुष एक दूसरे को अपने आप समर्पण करते हैं। वहा भी लेने की इच्छावाला लेता, देने को इच्छा वाला अभिलाषुक प्रेमी देता है। इत्यादि स्पष्ट है। समस्त लेन देन पारस्परिक लेन देन की इच्छा या कामना से ही है। अन्यथा नही ॥

॥ इति सप्तमोऽध्यायः ॥

[तत्र अष्टाचत्वारिंशदृचः]

इति मीमासातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये सप्तमोऽध्यायः ॥

अथाष्टमोऽध्यायः

॥ ओ३म् ॥ उपयामगृहीतोऽस्यादित्येभ्यस्त्वा विष्णऽ उरुगायैष ते सोमस्तꣳ रक्षस्व मा त्वा दभन् ॥ १ ॥

बृहस्पतिः सोमो विष्णुर्वा देवता । आर्षी पक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे वीर पुरुष ! राजन् ! तू (उपयामगृहीतः असि) राज्य-नियम द्वारा बद्ध है । (त्वा) तुझको (आदित्येभ्य.) आदित्य के समान तेजस्वी विद्वानो, ब्राह्मणों और प्रजाओं के लिये नियुक्त करता हूं । हे (विष्णो) विष्णो ! राष्ट्र में व्याप्त शासनवाले ! हे (उरुगाय) महान् कीर्त्ति वाले ! (एष) यह (सोम) राजा का पद या राष्ट्र (ते) तेरे अधीन है । (तम्) उसकी रक्षा कर । हे सोम राजन् ! ये आदित्यगण तेजस्वी पुरुष (त्वा) तुझको (मा दभन्) विनाश न करें ॥ शत० ४ । ३ । ५ । ६ ॥

'आदित्याः'—आदित्याः वै प्रजाः । तै० १ । ८ । ८ । १ ॥ एते वै खलु वादित्या यद् ब्राह्मणा । तै० १ । १ । ६ । ८ ॥

गृहस्थपक्ष में—हे पुरुष ! तू (उपयामगृहीतः) विवाह द्वारा मुझ स्वय वर कन्या द्वारा स्वीकृत है । तुझे आदित्य के समान तेजस्वी पुत्रों के लिये वरण करती हूं । हे (विष्णो) विद्यादि गुणों में प्रविष्ट ! अथवा तुझमे गृहस्थरूप से प्रविष्ट पते ! (एष ते सोमः) यह पुत्र गर्भ आदि में स्थित तेरा ही है, इसको रक्षा कर । (मा त्वा दभन्) तुझे काम आदि व्यसन न सतावे ॥

१—विष्णुर्देवता । सर्वा० ॥

कृदा च॒न स्तरीरसि॒ नेन्द्र॑ सश्चसि दा॒शुषे॑ । उपो॒पेन्नु म॑घव॒न्भूय॒ऽइन्नु ते॒ दानं॑ दे॒वस्य॑ पृच्यतऽ आदि॒त्येभ्य॒स्त्वा ॥ २ ॥

ऋ० ८ । ५१ । ७ ॥

गृहपतिर्मघवा इन्द्रो देवता । भुरिक् पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (इन्द्र) ऐश्वर्यवन् राजन् ! तू (कदाचन) कभी भी (स्तरीः) प्रजा का हिंसक (न असि) नहीं है। और (दाशुषे) दानशील कर-प्रदाता के दिये कर को तू (सश्चसि) स्वीकार करता है । हे (मघवन्) उत्तम धनैश्वर्यसम्पन्न ! (ते देवस्य) तुझ देव दानशील का (दानम्) दिया हुआ दान (उप उप इत् नु) अति समीप और (भूयः इत्) बहुत अधिक (पृच्यते) हमें प्राप्त होता है । (आदित्येभ्यः त्वा) तुझको मैं आदित्यों के समान तेजस्वी पुरुषों या आदान प्रतिदान करनेवाले वैश्य लोगों की रक्षा के लिये नियुक्त करता हूं ॥ शत० ४ । ३ । ५ । ११ ॥

गृहस्थपक्ष में—हे इन्द्र पते ! आप (स्तरी) कभी अपने भावों को नहीं छिपाते । आत्मसमर्पण करनेवाले को प्राप्त होते हैं । आप विद्वान् का दिया दान ही सदा मुझे प्राप्त हो । आपको मैं वरती हूं ॥

कृदा च॒न प्रयु॑च्छस्यु॒भे निपा॑सि॒ जन्म॑नी । तुरी॑यादित्य॒ सव॑नन्त इन्द्रि॒यमा त॑स्थावमृतं॑ दि॒व्यादि॒त्येभ्य॒स्त्वा ॥ ३ ॥

आदित्यो गृहपतिर्देवता । निचृदार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (आदित्य) आदित्य ! सूर्य ! जिस प्रकार भूमि से जल अपनी रश्मियों से ग्रहण करके पुनः मेघरूप से भूमि पर ही बरसा देता है उसी प्रकार प्रजाओं से करादि लेकर प्रजा के उपकार में लगानेहारे आदित्य ब्रह्मचारिन् ! तू (कदाचन) भिक्षा आदि में भी कभी क्या (प्रयुच्छसि)

२—ऋ० वाल० ३ । ७ ॥

३—'०मानस्था अमृत' इति काण्व० । ऋ० वालखिल्ये ४ । ७ ॥

प्रमाद करे ? नहीं। तू कभी प्रमाद मत कर। तू (उभे) दोनों (जन्मनी) जन्मों को (निपासि) पालन कर। हे (तुरीय) तुरीय ! सबसे अधिक उच्च, सबसे तारितम ! चतुर्थ आश्रमवासिन् ! (आदित्य) आदित्य के समान तेजस्विन् ! विद्वन् ! (ते) तेरा (सवनम्) सबको प्रेरणा करने वाला या उत्पन्न करनेवाला या ऐश्वर्यवान् (इन्द्रियम्) इन्द्रिय या वीर्य (दिवि) प्रकाशमय ज्ञान, मनन में (अमृतं) अमृत, अविनाशी, अखण्डरूप में (आ तस्थौ) स्थिर हो। (त्वा) तुझको (आदित्येभ्य) समस्त आदित्यों अर्थात् ज्ञानी पुरुषों के मुख्य पद पर अभिषिक्त करता हूं॥ शत० ४। ३। ५। १२॥

उभे जन्मनी—दोनों जन्म एक माता के गर्भ से दूसरा आचार्य के गर्भ से। आदित्य पद पर ऐसे पुरुष को अभिषिक्त करे जो द्विज हो, चतुर्थाश्रमसेवी और अखण्ड ब्रह्मचारी हो॥ शत० ४। ३। ५। १२॥

गृहाश्रम पक्ष में स्त्री कहती है—हे पते ! (त्वं कदा च न प्रयुच्छसि) तू कभी प्रमाद मत करे तो (उभे जन्मनी निपासि) भूत और भविष्यत् दोनों जीवनों को बचा सकेगा। (यदि ते सवनम् इन्द्रियम् आतस्थौ) यदि तेरा उत्पादक इन्द्रिय प्रजननाङ्ग वश में रहा तो (आदित्येभ्यः त्वा) आदित्य समान पुत्रों या १२ मासों अर्थात् सदा के लिये तुझे वरती हूं॥

यज्ञो देवानां प्रत्येति सुम्नमादित्यासो भवता मृडयन्तः। आ वोऽर्वाची सुमतिर्ववृत्यादꣳहोश्चिद्या वरिवोवित्तरासदादित्येभ्यस्त्वा॥ ४॥

कुत्स ऋषिः। आदित्यो गृहपतिर्देवता। निचृत् जगती। निषादः॥

भा०—(देवानां यज्ञः) देव, विद्वान् पुरुषों का संग या गृहस्थयज्ञ (सुम्नम् प्रति एति) सुख प्राप्त कराता है। हे (आदित्यासः) आदित्य के समान तेजस्वी पुरुषो ! आप लोग (मृडयन्तः भवत) सबको सदा सुख

देनेहारे बने रहो। (व.) आप लोगों की वह (सुमति.) शुभमति (अर्वाची) हमारे प्रति (आ ववृत्यात्) अनुकूल बनी रहे। (या) जो (अहोः चित्) पापी पुरुष को भी (वरिव. वित्तरा) अति अधिक ऐश्वर्य या सुखलाभ करानेवाली (असत्) होती है। हे राजन्! या हे सोम! (त्वा आदित्येभ्य.) तुझे मैं ऐसे आदित्य अर्थात् तेजस्वी पुरुषों की रक्षा के लिये नियुक्त करता हूं। या हे पते! तुझे मैं १२ मासों के लिये वरती हूं॥ शत० ४।३।५।१५॥

[1]विवस्वन्नादित्यैष ते सोमपीथस्तस्मिन् मत्स्व। [2]अदस्मै नरो वचसे दधातन यदाशीर्दा दम्पती वाममश्नुतः। पुमान् पुत्रो जायते विन्दते वस्वधा विश्वाहारप एधते गृहे॥ ५॥

गृहपतयो देवता.। (१) प्राजापत्याऽनुष्टुप्। गान्धारः। (२) निचृदार्षी। निषाद॥

भा०—हे (विवस्वन्) विविध स्थानों पर निवास करनेहारे या विविध ऐश्वर्यों के स्वामिन्! हे (आदित्य) आदित्य के समान तेजस्विन्! राजन्! पुरुष! (एष.) यह (ते सोमपीथ.) तेरा सोमपद का पालन करने का कर्त्तव्य है। (तस्मिन्) तू उसमें ही (मत्स्व) आनन्द प्रसन्न रह। हे (नर) नेता पुरुषो! (अस्मै वचसे) इसके वचन में (अत् दधातन) सत्य और श्रद्धा बुद्धि को धारण करो। (यत्) जिसके आश्रय पर (आशीर्दा) आशीर्वाद देनेवाले (दम्पती) पति पत्नी भी (वामम्) सुख को (अश्नुत) भोगते हैं। और (पुमान् पुत्र जायते) पुमान्, वीर पुत्र उत्पन्न होता है. (वसु विन्दते) वह ऐश्वर्य प्राप्त करता है। और (विश्वहा) सदा, नित्य (अरपः) पाप रहित निर्विघ्न (गृह) गृह में (एधते) वृद्धि को प्राप्त होता है॥ शत० ४।३।५।१७-२४॥

५—'विवस्वा २ आ०' इति काण्व०॥

गृहस्थ के पक्ष में—हे गृहाश्रमिन्! (एष ते सोमपीथ) यह गृहाश्रम पालन ही तेरा सोम समान आनन्द रस के पान के बराबर है। तू इसमें सुख से रह। हे पुरुषो! तुम इसके वचन को आदर से सुनो। जिसमें आशीर्वाद देनेवाले स्त्री पुरुष सुख से रहते हैं, उस गृह में पुमान् पुत्र उत्पन्न होता है, ऐश्वर्य प्राप्त करता है और निर्विघ्न बढ़ता है।

वामम॒द्य स॑वितर्वा॒मम॒ु श्वो दि॒वे दि॑वे वा॒मम॒स्मभ्य॑ꣳ सावीः। वा॒मस्य॒ हि क्षय॑स्य देव॒ भूरे॑र॒या धि॒या वा॑म॒भाज॑: स्याम ॥ ६ ॥

ऋ० ६ । ७१ । ३ ॥

गृहपतयः सविता वा देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—हे (सवित) ऐश्वर्य के उत्पादक! सवितः! (अद्य) आज (वामम्) प्राप्त करने योग्य उत्तम सुख (सावी) उत्पन्न कर। (ऊँ श्व. वामम् सावीः) और आगामी दिन, कल भी उत्तम सुख को उत्पन्न करो और (अस्मभ्यं) हमारे लिये (दिवे दिवे) प्रतिदिन (वामम्) भोग करने योग्य उत्तम पदार्थ उत्पन्न कर। (हि) जिससे (वामस्य) सुन्दर, उत्तम (भूरेः) बहुत ऐश्वर्यों से युक्त (क्षयस्य) परम निवासगृह के बीच के हे (देव) देव! राजन्! हम (अया धिया) इस उत्तम बुद्धि से ही (वामभाज स्याम) सब उत्तम सुखों का भोग करनेवाले हों॥ शत० ४ । ४ । १–२६ ॥

'सविता'—सविता वै प्रसवानामीशे। कौ० ५ । २ ॥ प्रजापतिर्वै सविता। तां० १६ । ५ । १७ ॥ प्रजापतिः सविता भूत्वा प्रजा असृजत। तै० १ । ६ । ४ । १ ॥ सविता राष्ट्रं राष्ट्रपति.। तै० २ । ५ । ७ । ४ ॥

उ॒प॒या॒मगृ॑हीतोऽसि सावि॒त्रोऽसि चनो॒धाश्च॑नो॒धा अ॑सि॒ चनो॒ मयि॑ धेहि। जिन्व॑ य॒ज्ञं जिन्व॑ य॒ज्ञप॑तिं॒ भगा॑य दे॒वाय॑ त्वा सवि॒त्रे ॥ ७ ॥

भरद्वाज ऋषि। सविता देवता। विराड् ब्राह्मी अनुष्टुप्। गान्धारः ॥

७—०चनोधाश्चनो मयि०, भगाय सवित्रे त्वा '। इति काण्व० ॥

भा०—हे पुरुष ! तू (उपयामगृहीतः असि) राज्य के नियम व्यवस्था द्वारा बद्ध है। तू (सावित्र.) सविता के पद पर स्थित (चनोधा. असि) अन्न समृद्धि को देने और सूर्य के समान ही धारण पोषण करने हारा है, क्योंकि तू (चनोधा. असि) अन्न को धारण पोषण करता है। तू (मयि) मुझे भी (चनः) अन्न (धेहि) प्रदान कर। (यज्ञं जिन्व) तू अन्न से यज्ञ राष्ट्र को तृप्त कर (यज्ञपतिम्) राष्ट्रपति को भी (जिन्व) तृप्त कर। (भगाय) समस्त ऐश्वर्यमय (देवाय) देव (सवित्रे) सविता के पद के लिये (त्वा) तुझको नियुक्त करता हूं ॥ शत० ४ । ४ । १ । ६ ॥

गृहस्थ पक्ष में—हे पुरुष ! तुझे मैं स्त्री उपयाम=विवाह द्वारा स्वीकार करती हूं। तू सावित्र अर्थात् प्रजा के उत्पादक या परमेश्वर के उपासक या स्वय सविता सूर्य के समान तेजस्वी है। तू अन्न समृद्धि का धारक है। तू गृहस्थ यज्ञ को पुष्ट कर। सविता रूप तुझे अर्थात् सन्तानोत्पादक पति पद के लिये वरती हूं।

[१] उपयामगृहीतोऽसि [२] सुशर्मासि सुप्रतिष्ठानो बृहदुक्षाय नमः। विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यऽ एष ते योनिर्विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः ॥ ८ ॥

विश्वेदेवा देवता । (१) प्राजापत्या गायत्री । षड्जः । (२) निचृदार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—(उपयामगृहीतः असि) हे पुरुष तू राज्यव्यवस्था द्वारा बद्ध है। हे योग्य पुरुष ! राजन् ! तू (सुशर्मा असि) तू उत्तम सुखकारी आश्रय या गृह और शरणों वाला है। और (सुप्रतिष्ठान) शरीर में प्राण के समान राष्ट्र में उत्तम रीति से प्रतिष्ठित हुआ है। (बृहद्-उक्षाय) महान् विश्व के भार के वहन या सचालन करने वाले प्रजापति के समान बड़े राष्ट्र के कार्य भार को उठाने वाले तुझे (नम.) आदर प्राप्त हो, अथवा तुझे नमनकारी बल प्राप्त हो। (त्वा) तुझको (विश्वेभ्यः देवेभ्य.) समस्त देव,

विद्वान् पुरुषों की रक्षा के लिये करता हूं। (एषः ते योनि) यह तेरा स्थान या पद है। (विश्वेभ्यः देवेभ्य त्वा) समस्त देव अर्थात् विद्वान् पुरुषो के लिये तुझको 'विश्वेदेव' पद पर नियुक्त करता हूं ॥ शत० ४। ४। १। १४ ॥

गृहस्थ पक्ष में—पुरुष विवाह द्वारा बद्ध हो। वह उत्तम गृह और प्रतिष्ठावान् हो। (बृहदुक्षाय) वीर्यसेचन में समर्थ उसको (नमः) आदर एवं अन्न आदि पदार्थ प्राप्त हों। समस्त विद्वानों के लिये मैं स्त्री तुझे वरती हूं।

[1] उपयामगृहीतोऽसि [2] बृहस्पतिसुतस्य देव सोम त ऽइन्दोरिन्द्रियावतः। पत्नीवतो ग्रहाँ २ऽ ऋध्यासम्। [3] अहं परस्तादहमवस्ताद्यदन्तरिक्षं तदु मे पिताभूत्। अहꣳसूर्यमुभयतो ददर्शाहं देवानापरमंगुहा यत् ॥ ६ ॥

विश्वेदेवा देवताः। (१) प्राजापत्या गायत्री षड्ज। (२) आर्षी उष्णिक् ऋषभ.। आर्षीपंक्ति। पञ्चम ॥

भा०—हे योग्य पुरुष ! राजन् तू ! (उपयामगृहीतः असि) राज्यतन्त्र द्वारा स्वीकृत एवं बद्ध है। हे (देव सोम) देव ! सोम ! राजन् ! (इन्द्रियावतः) इन्द्र राजा के योग्य ऐश्वर्य बल से सम्पन्न (इन्दोः) सबके आह्लादक (पत्नीवतः) अपनी पालक शक्ति से युक्त (बृहस्पतिसुतस्य) बृहती, वेद वाणी के पालक विद्वान् के द्वारा प्रेरित (ते) तेरे निमित्त (ग्रहान्) समस्त राज्य के अंगों को मै (ऋध्यासम्) समृद्ध करता हूं। (अहम्) मैं (परस्ताद्) परे से परे, दूर देशों में और (अवस्तात्) अति समीप अपने अधीन के देशों में भी (ऋध्यासम्) समृद्ध होऊं। (यद् अन्तरिक्षम्) जो अन्तरिक्ष अर्थात् बीच का उत्तम प्रदेश है (तत् उ) वह भी (मे) मेरा

६—०सुतस्य ते देव। इन्द्र इन्द्रियावत' ० "तदु मे पितास।" इति काण्व०।

(पिता अभूत्) पालक ही हो। (अहम्) मैं (सूर्यम्) सूर्य के समान तेजस्वी विद्वान् को ही (उभयतः) दोनों ओर (ददर्श) देखूं। और (देवानाम्) देव, विद्वान् पदाधिकारियों के (गुहा) गुहा या हृदय में (यत्) जो (परमम्) परम तत्त्व ज्ञान हो उसका भी दर्शन करूं॥ शत० ४। ४। २। १२॥

गृहस्थ पक्ष में—हे सोम ! वर ! बड़े विद्वान् के पुत्र आह्लादक ऐश्वर्य-वान् वीर्यवान्, पत्नी सहित तेरे (ग्रहान्) स्वीकार किये समस्त कर्त्तव्यों को आगे पीछे मैं पत्नी बढ़ाऊंगी। हमें अन्त करण का विज्ञान प्राप्त हो। दोनो तरफ़ अर्थात् इस लोक परलोक दोनों में उस (सूर्य) सबके प्रेरक परमेश्वर को अपना पालक देखती हूं। जो विद्वानों के हृदय में परमतत्व रूप से गुप्त रहता है।

अग्ना३इ पत्नीवन्त्सजूर्देवेन त्वष्ट्रा सोमं पिब स्वाहा। प्रजापतिर्वृषासि रेतोधा रेतो मयि धेहि प्रजापतेस्ते वृष्णो रेतोधसो रेतोधामशीय॥ १०॥

अग्निः प्रजापतिश्च देवते। विराड् ब्राह्मी बृहती। मध्यमः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! अग्रणी राजन् ! हे (पत्नीवन्) राष्ट्र के पालन करने वाली अपनी शक्ति सहित ! तू (देवेन) देव, दानशील, (त्वष्ट्रा) त्वष्टा सेनापति के साथ (सजूः) सहयोग करके (सोमम् पिब) सोम नाम राज पद का उपभोग कर (स्वाहा) इससे तेरा उत्तम यश होगा। हे राजन् ! (प्रजापतिः) तू प्रजा का पालक (वृषा) राष्ट्र पर सुखों का वर्षक या राष्ट्र का व्यवस्थापक (असि) है। तू (रेतोधा) वीर्य का धारण करने वाला है। (मयि) मुझ राष्ट्र वासी प्रजाजन में भी (रेतः) वीर्य को (धाः) धारण करा। (प्रजापते.) प्रजा के पालक (वृष्ण.) सब सुखों

१०—गृहपतयो देवता। द०। 'अग्ने वाक् पत्नि सजू०' इति काण्व०।

के वर्षक (रेतोधसः) उत्पादक वीर्य के धारक (ते) तेरे (रेतोधाम्) वीर्य धारण करने में समर्थ राष्ट्र का (अशीय) मैं प्रजाजन भी भोग करूं ॥ शत० ४ । ४ । २ । १५–१८॥

गृहस्थ पक्ष में—हे अग्ने पत्नीवन् ! स्वामिन् ! (देवेन त्वष्ट्रा सजूः) त्वष्टा, वीर्य को पुत्र रूप से परिणत करने वाले दिव्य सामर्थ्य से युक्त होकर तू (स्वाहा सोमम् पिब) उत्तम रीति से सोम, ओषधि का पान कर । हे पुरुष ! पते ! तू प्रजा का पालक वीर्यसेचन में समर्थ रेतस् वीर्य धारण कराने वाला है । तू (मयि) मुझ पत्नी में वीर्य धारण करे । तुझ प्रजापति के (रेतोधाम् अशीय) वीर्यवान् पुत्र को मैं प्राप्त करूं । अथवा वीर्याधान के सुख को प्राप्त करूं ॥

उपयामगृहीतोऽसि हरिरसि हारियोजनो हरिभ्यान्त्वा ।
हर्योर्धाना स्थ सहसोमा इन्द्राय ॥ ११ ॥

प्रजापतिर्हरिर्देवता ।

हे सोम राजन् ! तू (उपयामगृहीत असि) उपयाम अर्थात् राज्य तन्त्र द्वारा बद्ध है । तू (हरिः असि) राज्य को चलाने में समर्थ है । तू (हारियोजन.) राष्ट्र के कार्यों को उठाने और चलाने वाले अपने अधीन पदाधिकारियों को सारथी जिस प्रकार घोड़ों को लगाता है उसी प्रकार नाना पदों पर नियुक्त करने हारा है । (त्वा) तुझ वीर पुरुष को (हरिभ्याम्) उक्त दोनों ही हरि पदों के लिये नियुक्त करता हूं । हे अन्य पदाधिकारीगण आप सब लोग (सहसोमाः) मुख्य राजा के सहित (इन्द्राय) परमैश्वर्यवान् राजा या राज्य के लिये सभी (हर्योः धाना स्थ) दोनों हरि पदों के धारण करने हारे हो ॥ शत० ४ । ४ । ३ । ६ ॥

११—गृहपतयो देवता । द० ।

राज्य-तन्त्र के समान गृहस्थ तन्त्र में—हे पुरुष तू ! (उपयाम गृहीतः असि) स्त्री विवाह द्वारा स्वीकृत है। अश्व के समान गृहस्थ को वहन करने और सारथि के समान उसको सत् मार्ग पर ले चलने वाला भी है। तुझको ऋक्, साम के समान स्त्री पुरुष दोनों के हित के लिये गृहपतिरूप से मैं वरती हू। हे विद्वान् पुरुषो ! आप सब मेरे पति सोम सहित हम स्त्री पुरुषों को सन्मार्ग मे धारण करने हारे (स्थ) रहो॥

यस्ते॑ऽअश्वसनि॑र्भ॒क्षो यो गो॒सनि॒स्तस्य॑ त॒ऽइ॒ष्टय॑जुष स्तु॒तस्तो॑मस्य श॒स्तोक्थ॒स्योप॑हूत॒स्योप॑हूतो भक्षयामि ॥ १२ ॥

धाना गृहपतयो वा देवता । आर्षी पङ्क्ति॰ । पञ्चम ॥

भा०—हे सोमराजन् ! (यः ते) जो तू (अश्वसनि.) अश्वों से युक्त है और (य) जो तू (गोसनि.) गौ आदि पशुओं से युक्त (भक्ष) बल या राज्य की रक्षा करनेवाला अन्नरूप राज्य का भोक्ता है (तस्य) उस (इष्टयजुष) यज्ञशील, युद्धविजयी (स्तुतस्तोमस्य) प्रशस्त सेना संघ से युक्त और (शस्तोक्थस्य) उत्तम विद्वान् ब्राह्मण से युक्त (उपहूतस्य) आदरपूर्वक आमन्त्रित एव राज्यपद में अभिषिक्त तेरे द्वारा ही (उपहूत) आदरपूर्वक अनुज्ञा पाकर हम प्रजाजन भी (भक्षयामि) उक्त सामर्थ्य का भोग करें॥ शत० ४। ४। ३। ११—१५॥

गृहस्थतन्त्र में—हे पते ! तू अश्वों और गौ आदि ऐश्वर्यों से युक्त अथवा अश्व, कर्मेन्द्रिय गौ, ज्ञानेन्द्रियों से युक्त, अथवा अग्न्यादि, विद्या और भूमि का भोक्ता और दाता है उस तेरे तीनों वेदों में विद्वान् का आदरपूर्वक निमन्त्रित कर शेष का मैं उपभोग करूं। इसी प्रकार पति अपनी विदुषी उदारपत्नी एव अन्य बन्धुओं को आदरपूर्वक बुलाकर भोजनादि करावें।

१२—'यस्ते देवाश्वसनि०' [०क्थस्योपहूत उपहूतस्य म०' इति काण्व ॥

[1] देवकृतस्यैनसोऽवयजनमसि [2] मनुष्यकृतस्यैनसोऽवयजनमसि [3] पितृकृतस्यैनसोऽवयजनमस्या [4] त्मकृतस्यैनसोऽवयजनमस्ये [5] नस एनसोऽवयजनमसि। [6] यच्चाहमेनो विद्वाँश्चकार यच्चाविद्वाँस्तस्य सर्वस्यैनसोऽवयजनमसि ॥ १३ ॥

अग्निर्देवता। (१) आसुरी, (२) साम्नी (३-४) निचृत्साम्न्यौ, (५) प्राजापत्या, (६) निचृदार्षी (उष्णिह) ऋषभः ॥

भा०—हे परमेश्वर और हे राजन्! तू (देवकृतस्य) दानशील या उपदेष्टा विद्वानों धनी पुरुषों के किये (एनसः) पाप या अपराध को (अवयजनम् असि) दूर करनेवाला है। तू (मनुष्यकृतस्य एनस) मनुष्यों द्वारा किये पाप को भी (अवयजनम् असि) दूर करनेहारा है। इसी प्रकार (पितृकृतस्य) माता पिता या राष्ट्र के पालक जनों के किये (एनस.) पाप और अपराध का (अवयजनम् असि) दूर करने का साधन है। (आत्मकृतस्य एनस अवयजनम् असि) अपने आप किये गये पाप और अपराध को दूर करने में समर्थ है। (एनसः एनसः अवयजनम् असि) एक पाप या अपराध के कारण उससे उत्पन्न होनेवाले दूसरे अन्य अपराध या पाप को भी दूर करनेहारा है। अथवा (एनसः एनसः) प्रत्येक प्रकार के अपराध या पाप को दूर करनेहारा है। और (यत् च) जो (एनः) अपराध या पाप (अहम्) मैं (विद्वान् चकार) जान बूझ कर करूं। और (यत् च अविद्वान्) जो अपराध मैं बिना जाने करूं (तस्य सर्वस्य एनसः अवयजनम् असि) उस सब प्रकार के अपराध को तू दूर करने में समर्थ है।

सं वर्चसा पयसा सन्तनूभिरगन्महि मनसा सꣳ शिवेन। त्वष्टा सुदत्रो विदधातु रायोऽनुमार्ष्टु तन्वो यद्विलिष्टम् ॥ १४ ॥

अथर्व० ६। ५३। ३॥

भरद्वाज ऋषिः। विश्वे देवाः देवता। भुरिगार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

१३—विश्वेदेवा गृहपतयो देवताः। द०।

भा०—हम लोग (वर्चसा) तेज, ब्रह्मवर्चस् और अन्न (पयसा) जल, दुग्ध आदि पुष्टिकर पदार्थ (तनूभि) उत्तम शरीर और (शिवेन मनसा) कल्याणकारी शुभ चित्त से सदा (सम् अगन्महि) संयुक्त हों । (सुदत्र) उत्तम दानशीलपुरुष, परमेश्वर या सुखप्रद वैद्य (राय. विदधातु) समस्त ऐश्वर्य प्रदान करे । (यत्) जो हमारे (तन्वः) शरीर का (विलिष्टम्=विरिष्टम्) पीड़ित, दु.खित भाग हो उसको (अनुमार्ष्टु) वह सुख युक्त करे ॥ शत० ४ । ४ । ४ । ८ ॥

समिन्द्र णो मनसा नेषि गोभिः सꣳ सूरिभिर्मघवन्त्सꣳ स्वस्त्या । सं ब्रह्मणा देवकृतं यदस्ति सं देवानाꣳ सुमतौ यज्ञियानाꣳ स्वाहा ॥ १५ ॥　　ऋ० ५ । ४२ । ४ ॥

अत्रिर्ऋषि । विश्वेदेवा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (इन्द्र) इन्द्र ! ऐश्वर्यवन् हे (मघवन्) परम श्रेष्ठ ! धनवन् ! (न.) हमें (मनसा) मनसे (गोभि.) इन्द्रियों, वेदवाणियों गौ आदि पशुओं और (सूरिभि) विद्वान् पुरुषों के साथ (सं नेषि) संगत कर या इन द्वारा हमें सत्मार्ग पर चलाओ और (ब्रह्मणा) ब्रह्म, वेद या धन से और (देवकृतम् यत् अस्ति) देव, विद्वानों या इन्द्रियों द्वारा जो उत्तम कार्य किया जाता है उसमे भी हमें (स नेषि) सगत कर । हमे उससे युक्त कर और (यज्ञियानां) सत्संग करने योग्य, आदरणीय (देवानाम्) श्रेष्ठ विद्वान् पुरुषो के (सुमतौ) शुभ मति के अधीन हमें (स्वाहा) उत्तम ज्ञानवाणी द्वारा (स्वस्त्या) सुखपूर्वक (सं नेषि) सब कुछ प्राप्त करा । (स्वाहा) यह तेरा उत्तम यशोजनक कर्त्तव्य है ॥ शत० ४ । ४ । ४ । ७ ॥

सं वर्चसा पयसा सं तनूभिरगन्महि मनसा सꣳ शिवेन । त्वष्टा सुदत्रो विदधातु रायोऽनुमार्ष्टु तन्वो यद्विलिष्टम् ॥ १६ ॥

भा०—व्याख्या देखो [अ० २ । २४ और अ० ५ । १४] ।

धाता रातिः सवितेदं जुषन्तां प्रजापतिर्निधिपा देवो अग्निः।
त्वष्टा विष्णुः प्रजया सꣳरराणा यजमानाय द्रविणं दधात
स्वाहा ॥ १७ ॥ अथर्व० ७ । १७ । ४ ॥

लिंगोक्ता धात्रादयो देवताः। स्वराडार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—(धाता रातिः सविता प्रजापतिः निधिपा अग्निः देवः त्वष्टा विष्णुः) धाता, राति, सविता, प्रजापति, अग्नि, त्वष्टा और विष्णु ये सब देवगण अधिकारी वर्ग (इदम् जुषन्ताम्) इस परस्पर के सहयोग से बने राष्ट्र को प्रेम से स्वीकार करें और (प्रजया) अपने संतान के समान प्रजा के साथ (सं रराणाः) अच्छी प्रकार आनन्द प्रसन्न रहते और जीवन को सुखी करते हुए, (यजमानाय) अपने को धारण पोषण देने वाले राजा को (द्रविणम्) धनैश्वर्य (स्वाहा) उत्तम धर्मयुक्त रीति से (दधात) प्रदान करें, उसे पुष्ट करें। श० ४ । ४ । ६ ॥

सुगा वो देवाः सदना ऽअकर्म य ऽआजग्मेदꣳ सवनं जुषाणाः।
भरमाणा वहमाना हवीꣳष्यस्मे धत्त वसवो वसूनि स्वाहा ॥१८॥
अथर्व० ७ । ६७ । ४ ॥

विश्वेदेवा देवताः। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—हे (देवाः) देव, विद्वानों और दानशील वैश्य पुरुषो ! या राजपदाधिकारियो ! (ये) जो आप लोग (इदं) इस (सवनं) राष्ट्रमय यज्ञ की सेवा करते हुए और (हवींषि) नाना अन्न आदि उपादेय पदार्थों को (भरमाणाः) भोग करते हुए और (वहमाना) उनको प्राप्त

१८—यास्कसम्मत पा०स्तु–'सुगा वो देवाः सदनमकर्म य आजग्मुः सवनमिदं जुषाणा। जक्षिवांसः पपिवासश्च विश्वेस्मे धत्त वसवो वसूनि।'

(द्वि०) य आजग्म सवने मा जुषाणा। (तृ०) वहमाना भरमाणा स्वा वसूनि (च०) वसुधम दिवमारोहतानु इति अथर्व० ॥

करते हुए अथवा (भरमाणा) यहां से लेजाते हुए और (वहमाना) यहा को लाते हुए (आजग्मुः) आते है (वः) उन आप लोगों के लिये (सुगाः) सुखपूर्वक चलने योग्य मार्ग और (सदना) उत्तम आश्रय स्थान, व्यापार के निमित्त दुकान या बाजार आदि हम (अकर्म) बनावे। हे (वसवः) यहा के निवासी वसुजनो प्रजाजनो ! आप लोग (अस्मे) हमारे राष्ट्र के लिये (स्वाहा) उत्तम रूप से धर्मानुकूल प्राप्त करने और दान देने योग्य (वसूनि धत्त) ऐश्वर्यों को धारण करो, कराओ ॥ शत० ४ । ४ । ४ । १० ॥

यॉ२ऽ आवंहऽ उशतो दे॑व दे॒वाँस्तान् प्रेर॑य स्वे ऽअ॑ग्ने स॒धस्थे॑। ज॒क्षि॒वाᳬंसः॑ पपि॒वाᳬंस॑श्च॒ विश्वे॒ऽ असु॑ घ॒र्म्मᳬं स्व॒रा॒ति॑ष्ठ॒ता॒नु॒ स्वाहा॑ ॥ १९ ॥ अथर्व० ७ । ९३ । ३ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी पुरुष ! हे (देव) राजन् ! (यान्) जिनको (उशतः) नाना कामनाओं और इच्छाओ से युक्त (देवान्) देवो, विद्वानों, ऐश्वर्यवान् पुरुषो को तू स्वय (स्वे सधस्थे) अपने सहयोग के पद पर (आवह) स्थापित करता है (तान्) उनको (प्रेरय) प्रेरित कर। हे (देवाः) राज पदाधिकारी पुरुषो ! आप लोग (जक्षिवांसः) भोजन करते हुए (पपिवांसः च) जल आदि पान करते हुए (स्वाहा) उत्तम रीति से (असुम्) अपने प्रज्ञा और प्राण को प्राप्त करो (घर्मम्) अतितेजोयुक्त (स्वः) सुखमय उत्तम पद पर अनु (आतिष्ठत) विराजो और सुखी रहो ॥ शत० ४ । ४ । ४ । ११ ॥

व॒यᳬं हि त्वा॑ प्रय॒ति य॒ज्ञे ऽ॒अ॒स्मिन्न॑ग्ने होता॑रमवृ॑णीमही॒ह। ऋध॑- गया॒ऽऋध॑गु॒ताश॑मिष्ठाः प्रजा॒नन्य॒ज्ञमुप॑याहि वि॒द्वान्त्स्वाहा॑ ॥२०॥

अथर्व ७ । ९७ । १ ॥

भा०--(वयं) हम सब लोग (अस्मिन्) इस (प्रयति यज्ञे) राष्ट्ररूप यज्ञ के प्रारम्भ में ही (इह) इस (अग्रे) सबसे अग्र अर्थात् मुख्य स्थान पर (होतारम्) यज्ञ में होता के समान यज्ञनिष्पादक रूप से आदान प्रतिदान करने में निपुण नेता का वरण करते हैं। हे विद्वान् समर्थ पुरुष ! तू (ऋधक्) समृद्धि सम्पत्ति की वृद्धि करता हुआ (अयाः) इस महान् यज्ञ को सम्पादन कर। (उत) और (ऋधक्) समृद्धि करता हुआ ही (अशमिष्ठाः) इस कार्य में आनेवाले विघ्नों का शमन कर। तू (यज्ञम्) यज्ञ, राष्ट्र के व्यवस्था के समस्त कार्य को (विद्वान्) जानता हुआ ही (स्वाहा) उत्तम विज्ञान सहित (उपयाहि) प्राप्त हो ॥ शत० ४ । ४ । ४ । १२ ॥

योग्य कार्य मे योग्य पुरुष को वरण करके उसे उस कार्य के लिये नियत करें। वह उसको करे और उसके बीच में आनेवाले विघ्नों का वही शमन करे ॥

देवा॑ गातुविदो गा॒तुं वि॒त्वा गा॒तुमि॑त ।
मन॑सस्पत ऽइ॒मं दे॑व य॒ज्ञꣳ स्वाहा॒ वाते॑ धाः ॥ २१ ॥

भा०—इसकी व्याख्या देखो [अ० २ । मं० २१ ।] । शत० ४ । ४ । ४ । १३ ॥

[१]यज्ञ॑ य॒ज्ञं ग॑च्छ य॒ज्ञप॑तिं गच्छ॒ स्वां योनि॑ङ्गच्छ॒ स्वाहा॑ । [२]ए॒ष ते॑ य॒ज्ञो य॑ज्ञपते स॒हसू॑क्तवाकः॒ सर्व॑वीर॒स्तञ्जु॑षस्व॒ स्वाहा॑ ॥ २२ ॥

भा०—हे (यज्ञ) यज्ञ ! राष्ट्ररूप यज्ञ ! तू (यज्ञम्) परस्पर की संगति को, एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव को (गच्छ) प्राप्त कर। (यज्ञपतिम् गच्छ) उसको पालन करनेवाले योग्य समर्थ पुरुष को प्राप्त कर। तू (स्वाम् योनिम् गच्छ) अपने आश्रय को प्राप्त कर। (स्वाहा) तभी उत्तम रीति से सम्पादन हो सकता है। हे (यज्ञपते)

यज्ञ के पालक राष्ट्रपते ! (ते) तेरा ही (एष यज्ञः) यह यज्ञ है। यह (सह-सूक्तवाक) उत्तम वेद के सूक्तों का अध्ययन करनेवाले विद्वान् पुरुषों से युक्त और (सर्ववीर) सब प्रकार के वीर पुरुषों से युक्त है। (तम्) उसको तू (स्वाहा) उत्तम रीति से वेदानुकूल (जुषस्व) स्वीकार कर ॥ शत० ४ । ४ । ४ । १४ ॥

[1] माहिर्भूर्मा पृदाकुः । [2] उरुꣳ हि राजा वरुणश्चकार सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ । अपदे पादा प्रतिधातवेऽकरुतापवक्ता हृदयाविधश्चित् । [3] नमो वरुणायाभिष्ठितो वरुणस्य पाशः ॥ २३ ॥

ऋ० १ । २४ । ८ ॥

(१) याजुषी उष्णिक् । ऋषभः । (२) भुरिगार्षी त्रिष्टुप् । धैवत । (३) आसुरी गायत्री । षड्ज । शुनःशेप ऋषि. । वरुणो देवता ।

भा०—राज्यव्यवस्था में राजा की न्यायानुकूल व्यवस्था । हे पुरुष ! तू (अहि. मा भू) सांप के समान कुटिल, क्रोधी मत बन । (मा पृदाकु) अजगर के समान सब प्राणियो को निगलनेवाला, एवं उनको अपने बधन मे बांधकर मारनेवाला क्रूर या कुत्सितभाषी भी तू मत बन । (वरुण राजा) सर्वश्रेष्ठ राजा ने (सूर्याय) सूर्य के प्रकाश के समान उज्ज्वल सत्य तक (अनु एते व उ) पहुंचने के लिये ही (उरुम् पन्थाम् चकार) विशाल मार्ग बना दिया है। वह (अपदे) जहां पैर भी नहीं रखा जासके ऐसे स्थानों में भी (पादा) पैर (प्रतिधातवे) रखने के लिये मार्ग (अकः) बना देता है। और वह वरुण राजा (हृदयाविध चित्) हृदय को कटु वाक्यो से और अपने क्रूर कृत्यों से दूसरों के छेदनेवाले मर्म भेदी दुष्ट पुरुष का भी (अपवक्ता) अपवाद करनेवाला उसके प्रति अभियोग चला कर निग्रह करनेवाला है। ऐसे (वरुणाय) सर्वश्रेष्ठ, पापों के वारण करनेहारे राजा को (नमः) नमस्कार है। (वरुणस्य) ऐसे सर्वश्रेष्ठ राजा

का (पाशः) पाश, राज्य नियमों का दमनकारी पाश (अभिष्ठितः) सर्वत्र स्थिर रहे ॥ शत० ४ । ४ । ५ । १-११ ॥

अग्नेरनीकमप ऽआविवेशापां नपात् प्रति रक्षन्नसुर्यम्। दमे दमे समिधं यक्ष्यग्ने प्रति ते जिह्वा घृतमुच्चरण्यत् स्वाहा ॥ २४ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अग्नेः) अग्रणी नेता, राजा का (अनीकम्) मुख्यबल या सेनासमूह (अपां नपात्) प्रजाओं को गिरानेवाला न होकर, उनका विनाशक न होकर प्रत्युत (अपां नपात्) प्रजाओं के पुत्र के समान ही होकर उनसे ही उत्पन्न होकर (असुयम्) उनके प्राण धारणोपयोगी द्रव्य जान माल की (प्रतिरक्षन्) रक्षा करता हुआ (अपः) आप्त प्रजाओं में (आविवेश) प्रविष्ट या व्याप्त होकर रहे। हे (अग्ने) अग्ने ! राजन् ! तू (दमेदमे) घर घर में या प्रत्येक दमन के कार्य में (समिधम्) प्रकाशयुक्त तेजस्वी पुरुष को (यक्षि) नियुक्त कर। हे राजन् ! (ते) तेरी (जिह्वा) वशकारिणी शक्ति, (घृतम्) घृत, तेज उग्रता को (स्वाहा) भली प्रकार (उत् चरण्यत्) प्राप्त करे ॥ शत० ४ । ४ । ५ । १२ ॥

समुद्रे ते हृदयमप्स्वन्तः सं त्वा विशन्त्वोषधीरुतापः। यज्ञस्य त्वा यज्ञपते सूक्तोक्तौ नमोवाके विधेम यत् स्वाहा ॥ २५ ॥

सोमो देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! (ते) तेरा (हृदयम्) हृदय (अप्सु अन्तः) प्रजाओं के भीतर (समुद्रे) नाना प्रकार के उन्नतिकारक व्यवहार में लगे। और (त्वाम्) तुझ में (ओषधीः) दुष्टों को दण्ड द्वारा पीडित करनेवाले जन, अधिकारी (उत) और (आपः) आप्त प्रजाजन सब (आविशन्तु) आश्रय पावें वे तेरे अधीन रहें। हे (यज्ञपते) राष्ट्रयज्ञ के पालक ! (यज्ञस्य) यज्ञ के (सूक्तोक्तौ) जिसमें वेद के सूक्त प्रमाणरूप से कहे

जायं ऐसे उत्तम कार्य मे और (नमोवाके) आदर योग्य वचनों के कार्य में (यत्) जो भी (स्वाहा) उत्तम त्याग योग्य और ग्रहण योग्य पदार्थ हैं वह (त्वा) तुझे (विधेम) प्रदान करें ॥ शत० ४ । ४ । ५ । २० ॥

गृहस्थ पक्ष में—वेदादि के अध्ययन कार्य और आदर योग्य वचनों से युक्त (समुद्रे) उत्तम धर्म कार्य में हे गृहपते ! तेरा हृदय प्राणों के भीतर रहे । ओषधियां और शुद्ध जल तुझे प्राप्त हों । उसी उत्तम कार्य में तुझे हम नियुक्त करें ।

देवीरापऽएष वो गर्भस्तꣳसुप्रीतꣳसुभृतं बिभृत ।
देव सोमैष ते लोकस्तस्मिञ्छं च वक्ष्व परि च वक्ष्व ॥ २६ ॥

आप सोमदेवता. । स्वरार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे (देवी आप) दानशील, या ज्ञान प्रकाशयुक्त (आपः) आप्त प्रजाओ ! (एष.) यह राजा (व) आप लोगों का (गर्भ.) माताओं या गृह-देवियो द्वारा उत्तम रीति से गर्भ के समान रक्षा करने एव धारण करने योग्य है । (तम्) उसको (सुप्रीतम्) अति उत्तम रीति से तृप्त, सतुष्ट और (सुभृतम्) उत्तम रीति से परिपुष्ट रूप मे (बिभृत) धारण करो । हे (देव सोम) राजन् सर्व प्रेरक सोम ! (ते एष लोक) तेरा यह प्रजाजन ही निवास करने योग्य आश्रय है । तू (तस्मिन्) उसमें विद्यमान रहकर (श च वक्ष्व) शान्ति प्राप्त करा और उसको (परि वक्ष्व च) अन्य नाना पदार्थ भी प्राप्त करा अथवा उसको सब ओर से धारण कर । या राष्ट्रवासियो को (परि वक्ष्व) सब कष्टों से पार कर, उससे बचा ॥ शत० ४ । ४ । ५ । २१ ॥

गृहस्थ पक्ष मे—हे देवियो ! तुम लोग अपने गर्भ को भली प्रकार पुष्ट, तृप्त और सुप्रसन्न रूप में धारण पोषण करो । हे गृहपते ! यह पत्नी ही तेरा आश्रय है । उसको शान्ति दे और उसको अन्य पदार्थ भी प्रदान कर ।

[1]अवभृथ निचुम्पुण निचेरुरसि निचुम्पुणः। [2]अव देवैर्देवकृत-मेनोऽयासिषमव मर्त्यैर्मर्त्यकृतं पुरुराव्णो देव रिष स्पाहि। देवानाꣳसमिदसि ॥ २७ ॥ यजु० २ । ४८ ॥

अग्निर्देवता । (१) भुरिक् प्राजापत्याऽनुष्टुप् । गाधार ।
(२) स्वराडार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे राजन् ! हे (अवभृथ) अपने अधीन समस्त अधिकारी और प्रजावर्ग को भरण पोषण करनेहारे ! और हे (निचुम्पुण) मन्द, अलक्षितरूप से गतिशील ! तू (निचेरुः असि) नित्य चलता रहता है, सर्वत्र राष्ट्र में व्यापक है, पर तो भी (निचुम्पुणः) अत्यन्त मन्दगति है, तेरी गति का पता नहीं लगता। हे (देव) राजन् ! देव, द्रष्ट ! विजयशील ! दमनकारिन् ! मैं (देवकृतम्) देवों, पूज्य विद्वानों के प्रति किये गये (एनः) अपराध को (देवैः) विद्वान् पुरुषों द्वारा (अव यासिषम्) दूर कर त्याग दूं। और (मर्त्यकृतम् एनः) साधारण लोगों के प्रति किये अपराध को (मर्त्यैः) साधारण जनों के साथ मिलकर (अव यासिषम्) दूर करूं। हे (देव) देव ! राजन् ! तू (पुरुरावृणः) नाना विध दारुण कष्टों के देनेवाले (रिषः) हिंसक पुरुष से हमें (पाहि) रक्षाकर। तू (देवानाम्) देव, विद्वानों और समस्त राष्ट्र के पदाधिकारियों के बीच में (समित्) प्रज्वलित काष्ठ या सूर्य के समान तेजस्वी (असि) है ॥ शत० ४ । ४ । ५ । २२ ॥

[1]एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह। [2]यथायं वायुरेजति यथा समुद्रऽएजति। [3]एवायं दशमास्योऽअस्रज्जरायुणा सह ॥२८॥

गर्भो देवता। त्र्यवसाना महापंक्ति । अथवा (१) साम्न्यासुरी उष्णिक् । ऋषभः ।
(२) प्राजापत्यानुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—मं० २६ में राजा को गर्भ से उपमा दी है। उसी का पुनः

२८—दम्पती देवते । द० ।

निर्वाह करते हैं। (दशमास्य. गर्भ) दश मास का गर्भ जिस प्रकार (जरायुणा) जेर के साथ शनै. २ बाहर आता है और माता को प्रसवकाल में पीड़ा देता है। उसी प्रकार दश मास के परिपक्व गर्भ के समान अच्युत, दृढ़ (गर्भः) राष्ट्र को पूर्ण प्रकार से ग्रहण करने में समर्थ राजा (जरायुणा) अपने जरायु अर्थात् चारों ओर से घेरनेवाले, अपनी स्तुति करनेवाले, अपने सपक्षी दल के साथ (एजतु) चले। और (यथा) जिस प्रकार (अय वायु.) यह वायु बड़े वेग से समस्त वृक्ष आदि को कंपाता हुआ (एजति) चलता है और (यथा समुद्र एजति) जिस प्रकार समुद्र गर्जता हुआ तरङ्गों द्वारा कांपता है (एवा) उसी प्रकार (अयम्) यह (दशमास्य.) दशों दिशाओं में मास अर्थात् चन्द्रमा के समान आह्लादक दशमास्य गर्भ के बालक के समान स्वयं उत्पन्न होनेहारा और प्रजाओं को प्रसन्न करने हारा राजा (जरायुणा सह) अपने स्तुति करनेहारे दल के साथ (असत्) बाहर आता है, स्पष्टरूप में प्रकट होता है ॥ शत० ४। ५। २। ४, ५ ॥

'जरायु'—शणा जरायु ॥ श० ६। ६। २। १५ ॥ यत्र वा प्रजापतिरजायत गर्भो भूत्वा एतस्मात् यज्ञात्। तस्य यन्नेदिष्ठमुल्वमासीत् ते शणा ॥ श० ३। २। १। ११ ॥

गर्भपक्ष में—दस मास का गर्भ जरायु के साथ चले। जिस वेग से वायु और समुद्र चलता है उस प्रकार विना बाधा के जरायु सहित गर्भ बाहर आवे। इस मन्त्र को महीधर आदि ने गर्भिणी गाय के गर्भ कर्त्तन में लगाया है, सो असंगत है।

यस्यै ते यज्ञियो गर्भो यस्यै योनिर्हिरण्ययी। अङ्गान्यह्रुता यस्य तं मात्रा समजीगमम् स्वाहा ॥ २९ ॥

भा०—गृहस्थ पक्ष में—(यस्यै) जिसका (यज्ञिय.) संगति के योग्य (गर्भः) गर्भाशय है। और (यस्यै) जिसकी (योनिः) योनि

देश भी (हिरण्ययी) अभिरमण करने योग्य है, अथवा स्वर्ण के समान स्वच्छ निर्दोष है उस (मात्रा) पुत्र की भावी माता होने योग्य स्त्री के साथ (तम्) उस पुरुष को (यस्य अंगानि) जिसके अंग (अह्रुता) कुटिल नहीं हो, (सम् अजागमम्) हम सग करावें। (स्वाहा) यही उत्तम प्रजननाहुति है। अथवा तभी उत्तम गर्भ ग्रहण होता है ॥ शत० ४। ५। २। १४ ॥

इस मन्त्र मे 'मातृ' पद पुत्रोत्पत्ति के पूर्व ही वेद का कहना इसलिये संगत है कि (१) डिम्ब को उत्पन्न करने से ही वह प्रथम माता है। (२) पुत्रोत्पादन से वह भाविकाल में 'माता' बनेगी (३) उस स्त्री को मातृशक्ति या उत्पा दिक शक्ति ही संगति में प्रेरित करे।

राजा पक्ष में—(यस्यै) जिस पृथिवी के हित के लिये (यज्ञिय) राष्ट्र के एवं प्रजापति पद के योग्य ही (गर्भः) उसके वश करने में समर्थ, पुरुष है। और (यस्यै) जिसकी (योनिः) आश्रय (हिरण्ययी) सुवर्ण आदि ऐश्वर्य से युक्त कोश है। उस (मात्रा) माता के समान पृथिवी के साथ (तम्) उस राजा को (यस्य अङ्गानि अह्रुतानि) जिसके अंग अर्थात् राज्य के समस्त अंग कुटिलता से रहित, सत्यवादी और धर्मात्मा हों उसको उस पृथिवी के ऊपर शासन के लिये (सम् अजीगमम्) मैं पुरोहित संयुक्त करता हूं।

पुरुदस्मो विषुरूपऽइन्दुरन्तर्महिमानमानञ्ज धीरः। एकपदीं द्विपदीं त्रिपदीं चतुष्पदीमष्टापदीं भुवनानु प्रथन्ताᳬ स्वाहा ॥३०॥

गर्भो देवता। आर्षी जगती। मध्यम ॥

भा०—(पुरुदस्मः) अति अधिक दानशील, अथवा बहुतसे प्रजाजनो के बीच दर्शनीय, अथवा बहुत से दुखो का नाशक (विषुरूपः) राष्ट्र में व्यापक बहुत से रूपो में प्रकट होनेवाला (इन्दुः) ऐश्वर्यवान् (धीरः)

धीर, बुद्धिमान्, सर्व व्यवहारों में कुशल होकर (अन्त) प्रजाओ के बीच (महिमानम्) अपने महान् सामर्थ्य को (आनञ्ज) प्रकट करता है । हे विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (एकपदीम्) राजा रूप एकमात्र चरण अर्थात् आश्रयवाली, (द्विपदीम्) राजा और राजाङ्गरूप से चरणवाली, (त्रिपदीम्) राजा, राज्याङ्ग और राजसभा इन तीन से तीन चरणवाली, (चतुष्पदीम् चारों वर्णों से चतुष्पदी, चार चरणोंवाली अथवा सेना के चार अंगों द्वारा चतुष्पदी और (अष्टापदीम्) चार वर्ण और चार आश्रम द्वारा अष्टापदी अथवा राज्य के सात अङ्ग और पुरोहित इनसे अष्टापदी, 'वशा' अर्थात् राज्य की वशकारिणी शक्ति को (भुवना अनु) समस्त भुवनों में (स्वाहा) उत्तम रीति से (प्रथन्ताम्) विस्तृत करो ॥ शत० ४ । ५ । २ । १२ ॥

गृहस्थ पक्ष मे—दुःखों का नाशक ऐश्वर्यवान्, धीर, गृहस्थ पुरुष अपने सामर्थ्यरूप वीर्य को स्त्री के भीतर स्थापित करे । सब लोग एकपदी, द्विपदी आदि विशेषण युक्त वेदवाणी को सर्वत्र विस्तृत करें । 'ओम्' यह एक पद । अभ्युदय और निःश्रेयस दो पद । वाचिक, मानस, शरीर-सुख ये तीन पद । धर्म, अर्थ, काम मोक्ष, चार पद । ४ वर्ण, ४ आश्रम ये आठ पद । अर्थात् इनको प्राप्त करानेवाली ।

मरु॑तो॒ यस्य॒ हि क्षये॑ पा॒था दि॒वो वि॑महसः ।
स सु॑गो॒पात॑मो॒ जनः॑ ॥ ३१ ॥ ऋ० १ । ८६ । १ ॥

गोतम ऋषि । मरुतो देवता । आर्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (विमहसः) विविधरूपों से और विशेष रीति से पूजन, आदर सत्कार करने योग्य (मरुतः) मरुद्गणो ! वैश्यजनो ! और विद्वान् पुरुषो ! एवं वायु के समान तीव्रगामी सैनिक पुरुषो ! आप लोग (यस्य हि क्षये) जिसके अधीन राष्ट्र में रहकर (दिवः) दिव्यगुणों

को या उत्तम पदार्थों को (पाथ) प्राप्त होते और पालन करते हो (सः) वह ही (जनः) पुरुष (सुगोपातमः) सबसे उत्तम पृथ्वी या वाणी या प्रजा का रक्षक है ॥ शत० ४ । ५ । २ । १७ ॥

मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम् ।
पिपृतां नो भरीमभिः ॥ ३२ ॥ ऋ० १ । २२ । १३ ॥

मेधातिथिर्ऋषिः । द्यावापृथिव्यौ दम्पती वा देवते । आर्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(मही) बड़ी भारी पूजनीय (द्यौः द्यौ आकाश के समान या सूर्य के समान तेजस्वी और वीर्यवान्, सेचनसमर्थ राजा और पति और (पृथिवी च) उसके आश्रय पर प्राण धारण करनेवाली पृथिवी और धारणादि शक्ति सम्पन्न स्त्री के समान पृथिवीवासिनी प्रजा, दोनों (इमं यज्ञम्) इस राष्ट्रमय और गृहस्थरूप यज्ञ को (मिमिक्षताम्) सेचन करे। जैसे सूर्य पृथिवी पर वर्षा करता है और पृथ्वी अपना जल प्रदान करती है इस प्रकार वे प्राणियों के जीवनरूप अन्न से उनको पालते हैं उसी प्रकार राजा प्रजा से कर ले, प्रजा राजा के ऐश्वर्यों से बलवान् बने। इसी प्रकार पति पत्नी वीर्य सेचन करें और प्रजा लाभ करें। और दोनों (नः) हमें (भरीमभिः) भरण पोषणकारी पदार्थों और साधनों से (पिपृताम्) पालन करें, पूर्ण करें ॥ शत० ४ । ५ । २ । १८ ॥

[१] आतिष्ठ वृत्रहन्रथं युक्ता ते ब्रह्मणा हरी । अर्वाचीनꣳ सु ते मनो ग्रावा कृणोतु वग्नुना । [२] उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा षोडशिन एष ते योनिरिन्द्राय त्वा षोडशिने ॥ ३३ ॥ ऋ० १ । ८४ । ३ ॥

गोतम ऋषि । षोडशी इन्द्रो देवता । (१) आसुर्यनुष्टुप् । गान्धार ।
(२) विराडार्ष्युष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—शोडषी इन्द्र का वर्णन —हे (वृत्रहन्) वृत्र-मेघ के समान पुर के घेरने वाले शत्रु के या विघ्नकारी पुरुष के नाशकारिन् ! राजन् ! तू (रथम्)

रमणीय राज्यासनरूप रथ पर (आतिष्ठ) विराजमान हो। (ते) तेरे (हरी) हरणशील वेगवान् अश्वों के समान धारण, आकर्षण गुण (ब्रह्मणा) ब्रह्म, ज्ञान या ज्ञानी पुरुष ब्रह्मवेत्ता विद्वान् या ऐश्वर्य या बल से (युक्ता) युक्त हों। (ग्रावा) मेघ के समान सुखों का वर्षक, ज्ञानोपदेशक विद्वान् (वग्नुना) उत्तम वाणी द्वारा (अर्वाचीनम्) अधोगामी (ते मनः) तेरे चित्त को (सु कृणोतु) उत्तम मार्ग में प्रवृत्त करे। हे पुरुष! तू (उपयामगृहीतः असि) राज्य के नियमव्यवस्था द्वारा स्वीकृत है। (त्वा) तुझको (षोडशिने इन्द्राय) सोलहों कलाओं से सम्पन्न, इन्द्र परमैश्वर्यवान् राजा के लिये नियुक्त करता हूं। (ते एष योनिः) तेरा यह आश्रय, पद है। (त्वा षोडशिने इन्द्राय) तुझे योग्य पुरुष को षोडश कला वाले राज्य के प्रधान १६ पदाधिकार शक्तियों से युक्त अथवा १६ महामात्यों से युक्त इन्द्र के लिये नियुक्त करता हू॥ शत० ४। ५। ३। ६॥

षोडष कला—स प्रजापतिः षोडशधा आत्मानं व्यकुरुत। भद्रं च समाप्तिश्चाऽऽभूतिश्च सम्भूतिश्च, भूतं च सर्वं च, रूपञ्चापरिमितं च, श्रीश्च यशश्च नाम चाग्रञ्च, सजाताश्च पयश्च मही च रसश्च। जै० उ० १। ४६। २॥ प्रजापति का भद्र आदि १६ कला हैं। राज्य के १६ अमात्य १६ कला है। यज्ञ में १६ ऋत्विग् हैं। देह में शिर, ग्रीवा आदि १६ अग हैं। ब्रह्म में सत्, असत् वाक् मन आदि सोलह कला हैं। गृहपति पक्ष मे मन्त्र स्पष्ट है।

[1]युक्ष्वा हि केशिना हरी वृषणा कक्ष्यप्रा। अथा न इन्द्र सोमपा गिरामुपश्रुतिं चर। [2]उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा षोडशिनऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वा षोडशिने॥ ३४॥ ऋ० १। १४। ३॥

मधुच्छन्दा ऋषिः। षोडशी इन्द्रो देवता। (१) विराडार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः। (२) विराडार्ष्युष्णिक् ऋषभः॥

३४—'पोळशि०' सर्वत्र काण्व०॥

भा०--हे (इन्द) इन्द्र ऐश्वर्यवन्! राजन्! तू (वृषणा) वीर्यवान् वर्षणशील, (केशिनौ) उत्तम केशों वाले (कक्ष्यप्रा) बगल मे बंधने की पेटी से भरे पूरे, कसे कसाये, (हरी) दो अश्वो को अपने रथ में (युंक्ष्व) जोड़। उसी प्रकार अपने रमणीय राष्ट्र में (कक्ष्यप्रा) एक दूसरे के कक्ष्य अर्थात् दायें बांयें पार्श्वों के पूर्ण करने वाले (वृषणा) वीर्य सेचन मे समर्थ (हरी) परस्पर के चित्तहारी (केशिनौ) उत्तम प्रसाधित केशवान्, सुरूप स्त्री पुरुष रूप जोड़ा को गृहस्थ कार्य में (युक्ष्व) नियुक्त कर। तू (सोमपा.) सोम=राष्ट्र का पालक होकर (नः) हमारी (उपश्रुतिम्) स्पष्ट सुनी जाने वाली (गिराम्) वाणी को प्राप्त कर, जान। (उपयामगृहीतः असि० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ४ । ५ । ३ । १० ॥

[1] इन्द्रमिद्धरी वहुतोऽप्रतिधृष्टशवसम्। ऋषीणां च स्तुतीरुप युज्ञं च मानुषाणाम्। उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा षोडुशिन ऽएुष ते योनिरिन्द्राय त्वा षोडुशिने ॥ ३५ ॥ ऋ० १। ८४। २ ॥

गोतम ऋषि । देवतादि पूर्वोक्तम्।

भा०—(अप्रतिधृष्टशवसम्) जिसके बल को शत्रु कभी सहन करने मे समर्थ नही है ऐसे (इन्द्रम्) इन्द्र, परमैश्वर्यवान् राजा या सेनापति को ही (हरी) तीव्र गतिमान् अश्व (वहत) वहन करते हैं। हे वीरपुरुष राजन्! तू (ऋषीणाम्) वेद मन्त्रार्थ द्रष्टा ऋषियो के (स्तुती.) स्तुतियों और (मानुषाणां च) मनुष्यो के (यज्ञम्) आदर सत्कार को (उप) प्राप्त हो।

परमेश्वर पक्ष में—हरी=ऋग्वेद और सामवेद। दोनो उस सर्वशक्तिमान् का वर्णन करते है। सब ऋषियो की स्तुतियां और सबकी उपासना उसी को प्राप्त होती है ॥

यस्मान्न जातः परोऽअन्योऽअस्ति यऽआविवेश भुवनानि विश्वा। प्रजापतिः प्रजया सꣳरराणस्त्रीणि ज्योतीꣳषि सचते स षोडशी ॥ ३६ ॥

विवस्वान् ऋषिः । इन्द्रः । षोडशी प्रजापतिः परब्रह्म परमेश्वरो वा देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(यस्मात्) जिससे (परः) उत्कृष्ट, उत्तम (परः अन्यः) दूसरा कोई (न जातः अस्ति) नहीं हुआ है और (यः) जो (विश्वा भुवनानि) समस्त भुवनों लोकों मे (आविवेश) आविष्ट, विराजमान, एवं व्यापक है । वह (प्रजापतिः) प्रजा का पालक राजा और परमेश्वर (प्रजया) अपनी प्रजा से (सं रराणः) भली प्रकार रमण करता हुआ अथवा समस्त उत्तम पदार्थों का दान करता हुआ (त्राणि ज्योतींषि) सूर्य, विद्युत्, और अग्नि इन तीनों ज्योतियों को (सचते) अपने भीतर धारण करता है । (सः) वह ही (षोडशी) सोलहों कलाओं से युक्त है ॥

ब्रह्म पक्ष मे - इच्छा, प्राण, श्रद्धा, पृथिवी आपः, अग्निः, वायु आकाश इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, लोक नाम ये १६ कला है (देखो प्रश्न उप०) ।

राजा के पक्ष में—षोडषी प्रजापति सम्राट् वह कहाने योग्य है, जिससे उत्कृष्ट दूसरा न हो। वह अपने राज्य के समस्त स्थानों और पदो पर शासक हो । वह अपने प्रजा सहित रमण करता हुआ तीनों ज्योति सूर्य, विद्युत् अग्नि के गुणों को धारण करे । तेज मे सूर्य, बल में विद्युत् और ज्ञान में अग्नि के समान तेजस्वी हो । वह 'षोडशी' सोलह कलावान् पुरुषोत्तम पद का भागी होता है ॥

[१] इन्द्रश्च सम्राड् वरुणश्च राजा तौ ते भक्षं चक्रतुरग्र एतम् ।

[2]तयोर॒हमनु॑ भ॒क्षं भ॑क्षयामि॒ वाग्दे॒वी जु॑षा॒णा सोम॑स्य तृप्यतु स॒ह प्रा॒णेन॒ स्वाहा॑ ॥ ३७ ॥

विवस्वान् ऋषिः । इन्द्रावरुणौ षोडपी वा देवता । (१) साम्नी त्रिष्टुप् (२) विराड् आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत स्वर ॥

भा०—(इन्द्र च वरुण च) इन्द्र और वरुण (सम्राट् राजा) दोनों क्रम से सम्राट् और राजा हैं। अर्थात् महाराजा चक्रवर्ती राजा का सम्राट् या इन्द्र कहा जाता है और माण्डलिक राजा को राजा या वरुण कहना उचित है। हे प्रजाजन ! या हे राष्ट्र ! (तौ) वे दोनों (अग्रे) सब से प्रथम, मुख्य पद पर विराज कर (ते) तेरे (एतम्) इस (भक्षम्) उपभोग करने योग्य पदार्थ को सेवन (चक्रनुः) करते हैं। और (तयो अनु) उन दोनों के बाद (अहम्) मैं विद्वान् प्रजाजन (भक्षम् अनु-भक्षयामि) राष्ट्र के भोग्य पदार्थ का भोग करता हूं। (वाग्) वाणी जिस प्रकार (प्राणेन स्वाहा) प्राण के साथ मिलकर (सोमं जुषाणा) ज्ञान का सेवन करती हुई तृप्त होती है उसी प्रकार यह (देवी) देवी, पृथिवी या महारानी (सोमस्य) सब के शासन करने हारे राजा के साथ (जुषाणा) प्रेम करती हुई (स्वाहा) उत्तम कीर्त्ति से (तृप्यतु) तृप्त हो ॥

[1]अग्ने॒ पव॑स्व॒ स्वपा॑ऽअ॒स्मे वर्चः॑ सु॒वीर्य॑म् । द॒धद्र॒यिं मयि॒ पोष॑म् । [2] उ॒प॒या॒मगृ॑हीतोऽस्य॒ग्नये॑ त्वा॒ वर्च॑सऽए॒ष ते॒ योनि॑र॒ग्नये॑ त्वा॒ वर्च॑से । [3] अग्ने॑ वर्चस्वि॒न्वर्च॑स्वाँ॒स्त्वं दे॒वेष्वसि॒ वर्च॑स्वा॒नहं म॑नु॒ष्ये॑षु भूयासम् ॥ ३८ ॥ ऋ० ९ । ६६ । २१ ॥

वैखानस ऋषिः । अग्निर्देवता । (१) भुरिक् त्रिपाद् गायत्री । षड्जः । (२) स्वराडार्ष्यनुष्टुप् । (३) भुरिगार्ष्यनुष्टुप् । गाधार ॥

३८—'१' इत्यस्य स्थाने 'अग्न आयूषि०' इत्यय च (यजु० १९ । ३८) पठ्यते । काण्व० । अग्ने वर्चस्वन्० इति काण्व० ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी, ज्ञानवन् पुरुष ! तू (स्वपा) शुभ कर्म और ज्ञान से युक्त हो और (अस्मे) हमें (सुवीर्यम्) उत्तम वीर्य से युक्त (वर्चः) तेज (पवस्व) प्रदान कर। (मिय) मुझ में (पोपम्) पुष्टिकारक समृद्धिजनक (रयिम्) वीर्य और ऐश्वर्य (दधत्) धारण करा। हे पुरुष तू (उपयामगृहीत असि) उत्तम राज्यव्यवस्था के वश है। (अग्नये) अग्नि पद के (वर्चसे) तेज के लिये (त्वा) तुझको नियत करता हूं। (ते एष योनिः) तेरा यह पद है। (अग्नये वर्चसे त्वा) अग्नि के तेजस्वी पद के लिये तुझे स्थापित करता हूं। हे (वर्चस्विन् अग्ने) तेजस्विन् ! अग्ने अग्रणी, विद्वन् ! (देवेषु) देवों, विद्वानों और राजाओं के बीच में (त्व वर्चस्वान्) तू तेजस्वी (असि) है। (अहम्) मैं (मनुष्येषु) मनुष्यों मे (वर्चस्वान् भूयासम्) वर्चस्वी होऊ, अग्नि शब्द से अग्रणी, राजा, विद्वान्, आचार्य आदि ग्रहण करने चाहियें॥ शत० ४। ५। ४। ६॥

[1]उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वी शिप्रेऽअवेपयः सोममिन्द्र चमू सुतम्। [2]उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वौजसऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वौजसे। [3] इन्द्रौजिष्ठौजिष्ठस्त्वं देवेष्वस्योजिष्ठोऽहम्मनुष्येषु भूयासम्॥ ३९॥ ऋ० ८। १५। १०॥

वैखानस ऋषि। इन्द्रो देवता। (१) आर्षी गायत्री। षड्जः।
(२) स्वराडार्षी (३) भुरिगार्षी (अनुष्टुप्) गाधारः॥

भा०—हे (इन्द्र) ऐश्वर्यवान् राजन् ! ऐश्वर्य की प्राप्ति के अभिलाषिन् ! तू (ओजसा सह) अपने बल, पराक्रम के साथ (उत् तिष्ठन्) ऊपर उठता हुआ, उन्नति लाभ करता हुआ (चमू) अपनी सेनाओ द्वारा (सुतम्) सम्पादित (सोमम्) सोम अर्थात् ऐश्वर्ययुक्त राज्य पद को (पीत्वा) प्राप्त करके (शिप्रे) अपने हनु और नासिका दोनों को (अवेपयः)

३९—'इन्द्रौजस्वन्नौजस्वास्त्व देवेष्वसि ओजस्वानह०' इति काण्व०॥

कंपा। अर्थात् जिस प्रकार मनुष्य स्वादु पदार्थ पीकर तृप्त होजाने पर नाक मुख हिलाता है इसी प्रकार तू भी राज्यैश्वर्य प्राप्त करके अपना सन्तोष प्रकट कर। हे योग्य, वीर पुरुष! तू (उपयामगृहीत: असि) राज्य-व्यवस्था के द्वारा स्वीकृत है। (त्वा इन्द्राय ओजसे) तुझको पराक्रमशील इन्द्र पद के लिये मैं नियत करता हूं। (एष ते योनि) यह तेरा सिंहासन है। (इन्द्राय त्वा ओजसे) इस पराक्रमशील इन्द्र पद के लिये तुझे इस पद पर स्थित करता हूं। हे (ओजिष्ठ इन्द्र) सबसे अधिक ओज, तेज और पराक्रम से युक्त, इन्द्र 'राजन्' (त्वं देवेषु ओजिष्ठः असि) तू समस्त राजाओं में से सबसे अधिक पराक्रमी है। (अहं) मैं तेरे द्वारा (मनुष्येषु ओजिष्ठ: भूयासम्) मनुष्यों में सबसे अधिक ओजस्वी हो जाऊं॥ शत० ४।५।४।१०॥

अदृश्रमस्य केतवो वि रश्मयो जनाँ२ऽ अनु भ्राजन्तोऽअग्नयो यथा। [२] उपयामगृहीतोऽसि सूर्य्याय त्वा भ्राजायैष ते योनिः सूर्याय त्वा भ्राजाय सूर्य भ्राजिष्ठ भ्राजिष्ठस्त्वं देवेष्वसि भ्राजिष्ठोऽहं मनुष्येषु भूयासम्॥ ४०॥ ऋ० १। ५०। ३॥

प्रस्कण्व ऋषि:। सूर्यो देवता॥

भा०—सूर्य की रश्मियां जिस प्रकार प्रदीप्त अग्नियें के समान दिखाई पड़ती हैं उसी प्रकार (अस्य) इस राजा के (रश्मय:) सूर्यकिरणों के समान दीप्तिवाले तेजस्वी (केतवः) ज्ञापक, ज्ञानवान् अधिकारी लोग (यथा) जिस प्रकार (भ्राजन्त:) देदीप्यमान (अग्नयः) अग्नि हों उसी प्रकार तेजस्वी ज्ञानवान् अग्रणी पुरुष हैं, उनको (जनान् अनु) समस्त प्रजाजनों के उपकार के लिये नियुक्त (अदृश्रम्) देखता हूं। हे तेजस्वी

४०,४१—'सूर्याय त्वा भ्राजे०' सर्वत्र। 'सूर्य भ्राजस्वास्त्व देवेष्वसि भ्राजस्वान्०' इति काण्व०॥

पुरुष ! तू (उपयामगृहीत असि) राज्य के व्यवस्था नियमों से बद्ध है। (भ्राजाय सूर्याय त्वा) प्रकाशमान तेजस्वी 'सूर्य' पद के लिये तुझे वरता हूं। (एष ते योनिः) तेरा यह आश्रय पद है। (भ्राजाय सूर्याय त्वा) प्रदीप्त सूर्य पद के लिये तुझे स्थापित करता हूं। हे (भ्राजिष्ठ सूर्य) अति दीप्त 'सूर्य' के समान पदाधिकारिन् ! (भ्राजिष्ठ देवेषु असि) तू सब देव, विद्वानों और राजाओं में सबसे अधिक तेज और दीप्ति से युक्त है। तेरे तेज से (मनुष्येषु अहम्) मनुष्यों में मैं (भ्राजिष्ठ भूयासम्) सबसे अधिक दीप्तिमान् होऊं ॥ शत० ४ । ५ । ४ । ११ ॥

३८–४० तीनों मन्त्र परमात्मा के पक्ष में भी स्पष्ट हैं जैसे -(१) हे ज्ञानवन् ! परमेश्वर हमें वीर्यवान् तेज और पुष्टिकारक बल दे। (२) हे इन्द्र ! परमेश्वर अपने (चमू) आदान सामर्थ्यों से इस प्रकट (सोमम्) महान् संसार को स्वयं पान करके, ग्रहण करके तू (शिप्रे) पृथिवी और आकाश दोनों को चला रहा है। तू सबसे अधिक बलशाली है हमें बल दे। (३) हे (सूर्य) सूर्य के समान परमेश्वर आपकी समस्त किरणें अग्नियों के समान दीप्त हैं। आप हमें दीप्ति दें। हम दीप्तिमान् हों।

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्यम् । उपयामगृहीतोऽसि सूर्याय त्वा भ्राजायैष ते योनिः सूर्याय त्वा भ्राजाय ॥ ४१ ॥ ऋ० ५ । ५० । १ ॥

प्रस्कण्व ऋषिः । सूर्यो देवता । (१) निचृद्गायत्री, ।(२) स्वराडार्षी, गायत्री षड्जः ॥

भा०—(त्यं) उस (जातवेदसम्) समस्त पदार्थों के ज्ञाता, वेदों के मूलकारण या समस्त पदार्थों के स्वामी परमेश्वर को और ऐश्वर्यवान् (सूर्यं देवम्) सूर्य के समान तेजस्वी देव, राजा और परमेश्वर को (केतवः)

४१—देवानामाम् । सर्वा० । अत पर 'चित्रं देवानाम्०' इति (यजु० ७ । ४२) मन्त्रः, (८ । ४०) उपयाम० ०भूयासम्, अयं च मन्त्रः पठ्यते ।

किरणों के समान प्रकाशमान ज्ञानी विद्वान् लोग (विश्वाय दृशे) समस्त संसार के यथा योग्य ज्ञानपूर्वक देखने के लिये निरीक्षक साक्षीरूप से (उद् वहन्ति) सबके ऊपर स्थापित करते हैं। हे सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष तू (उपयामगृहीत. असि) राज्य नियमव्यवस्था द्वारा सुबद्ध है। (त्वा सूर्याय भ्राजाय) तुझको तेजोयुक्त सूर्य पद के लिये नियुक्त करते हैं। (एष. ते योनिः) यह तेरा पद है। (सूर्याय भ्राजाय त्वा) सूर्य के समान तेजस्वी पदाधिकार के लिये तुझको स्थापित करता हूं।

परमात्मा पक्ष में—(केतवः) ज्ञानी पुरुष उस सर्वज्ञ सर्वेश्वर देव को (विश्वाय दृशे) समस्त विश्व के हित के लिये उस पर साक्षीरूप से द्रष्टा के रूप में (उद् वहन्ति) सर्वोच्च बतलाते हैं॥ शत० ४। ६। २। ८॥

आजिघ्र कलशं मह्या त्वा विशन्त्विन्दवः। पुनरूर्जा निवर्त्तस्व सा नः सहस्रं धुक्ष्वोरुधारा पयस्वती पुनर्माविशताद्रयिः ॥४२॥

कुसुरुबिन्दुर्ऋषिः। पत्नी गौर्वा देवता। स्वराड् ब्राह्मी उष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—हे (महि) पूजा करने योग्य, गौ के समान महती, एवं गृहस्थ में पत्नी के समान आदर करने योग्य पृथिवी! तू (कलशम्) समस्त कलाओं, राज्य के अंगों को सुचारुरूप से धारण करनेवाले राष्ट्र और राष्ट्रपति को (आ जिघ्र) आघ्राण कर, स्वीकार कर (त्वा) तुझे में (इन्दवः) ऐश्वर्यवान् राजा, प्रजाजन और ऐश्वर्य के पदार्थ (आ विशन्तु) प्रविष्ट हों। तू (पुनः) बार २ (ऊर्जा) अन्न आदि पुष्टिकारक पदार्थों से रहित (निवर्त्तस्व) भरी पूरी हो, और हमें प्राप्त हो। (सा) वह तू (नः) हमें (उरुधारा) बहुत से धारण पोषण के सामर्थ्यवाली और (पयस्वती) अन्न, घी, दूध आदि से युक्त गौ के समान होकर (सहस्रं) हजारों ऐश्वर्य (धुक्ष्व) प्रदान कर। और (रयिः) ऐश्वर्यरूप तू (मा) मुझको (पुनः) बार २ (आविशतात्) प्राप्त हो या

दान दे। इसी प्रकार गृहस्थ अपनी पत्नी को भी कहे वह कलश के समान पति को सुपात्र जानकर ग्रहण करे, उसमें सब ऐश्वर्य प्राप्त हो। वह अन्न से युक्त हो। घर के सहस्रों ऐश्वर्य बढ़ावे। पुन पति को ही बार २ प्राप्त हो॥ शत० ४।५।८।७-६॥

इडे॒ रन्ते॒ हव्ये॒ काम्ये॒ चन्द्रे॒ ज्योतेऽदि॑ते॒ सर॑स्वति॒ महि॒ विश्रु॑ति।
ए॒ता तेऽअघ्न्ये॒ नामा॑नि दे॒वेभ्यो॑ मा सु॒कृतं॑ ब्रूतात्॥ ४३॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते। आर्षी पंक्ति। पञ्चमः॥

भा०—हे (इडे) स्तुति योग्य अन्नदात्रि! हे (रन्ते) रमण करने योग्य रमणीय! हे (हव्ये) स्वीकार करने योग्य! हे दान करने योग्य! हे (काम्ये) कामना करने योग्य कमनीय! कान्तिमति! हे (ज्योते) ज्योतिष्मति प्रकाशस्वरूप! हे (चन्द्रे) चन्द्र के समान आह्लादकारिणी! धनैश्वर्यरूपे! हे (अदिते) अविनाशिनि! अखण्डचरित्रे! हे (महि) पूजनीय! हे महति! हे (विश्रुति) विविध गुणों से प्रसिद्ध, विविध विद्याओं में कुशल (मा) मुझे अपने पति पालक को (देवेभ्यः) अन्य विद्या आदि देनेवाले एवं विजयी पुरुषों के समक्ष (सुकृतम्) उत्तम कर्म करनेवाला पुण्याचारवान् (ब्रूतात्) बतला, प्रसिद्ध कर। हे (अघ्न्ये) कभी दण्ड न देने योग्य! कभी न मारने योग्य! न कभी विनाश करने योग्य! (एता) इडा, रन्ता, हव्या, चन्द्रा, ज्योता, अदिति, सरस्वती, मही, विश्रुती ये सब (ते) तेरे ही (नामानि) नाम, तेरे ही स्वरूप हैं॥ शत० ४।५।८।१०॥

गौ, स्त्री और पृथिवी तीनों पर समानरूप से यह मन्त्र लगता है। इसके अध्यात्म में ब्रह्मशक्ति, आत्मा की चितिशक्ति और वेदवाणी का भी इस मन्त्र में वर्णन है।

[१] **वि न॑ऽइन्द्र॒ मृधो॑ जहि नी॒चा य॑च्छ पृतन्य॒तः। योऽअ॒स्माँ२ऽ**

अभिदासत्यधरं गमया तमः । [२] उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा विमृधऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वा विमृधे ॥ ४४ ॥

ऋ० १० । १५ । १४ ॥

शासो भारद्वाज ऋषि । विमृद् इन्द्रो देवता । (१) भुरिगनुष्टुप् । गान्धारः ।
(२) विराडार्षी गायत्री । षड्ज. ॥

भा०—हे (इन्द्र) सेनापते या राजन् ! तू (नः) हमारे (मृधः) शत्रुओं को (विजहि) विनाश कर (पृतन्यतः) युद्ध के लिये सेनासंग्रह करने वाले या सेना से चढ़ाई करने वाले शत्रुओं को (नीचा यच्छ) नीचे, गहरे स्थानों मे बन्द करके रख या (नीचा यच्छ) उन नीच, दुष्ट पुरुषों को बांध कर रख । (यः) जो (अस्मान्) हमको (अभि दासति) सब प्रकार से नाश करना चाहता है उसको (अधरं तमः) नीचे गहरे अन्धकार के स्थान में (गमय) पहुंचा । हे योग्य पुरुष ! तू (उपयामगृहीत असि) राज्यव्यवस्था द्वारा स्वीकृत है । (त्वा) तुझको (विमृधे इन्द्राय) विशेष रूप से शत्रुओं के नाशक, विशेष संग्रामकारी इन्द्र सेनापति के पद पर नियुक्त करता हूं । (ते एषः योनिः) तेरा यह पद या आश्रय है । (विमृध इन्द्राय त्वा) 'विमृध इन्द्र' नामक पद पर तुझे स्थापित करता हूं ॥ शत० ४ । ६ । ४ । ४ ॥

[१] वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये मनोजुवं वाजेऽअद्या हुवेम । स नो विश्वानि हवनानि जोषद्विश्वशंम्भूरवसे साधुकर्मा । [२] उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा विश्वकर्मणऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वा विश्वकर्मणे ॥ ४५ ॥

शासो भारद्वाज ऋषिः । वाचस्पतिर्विश्वकर्मा इन्द्रो देवता । (१) भुरिगार्षी त्रिष्टुप् धैवत (२) स्वराडार्ष्यनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—(वाचः पतिम्) वाणी के स्वामी, सब आज्ञाओं के स्वामी,

(विश्वकर्माणम्) समस्त कर्मों और धर्मों के व्यवस्थापक उनके सम्पादन करने कराने में समर्थ, (मनोजुवम्) मनके समान वेगवान् पुरुष को हम (अद्या) आज, नित्य (वाजे) संग्राम कार्य में (हुवेम) बुलाते हैं, चाहते है । (स.) वह (साधुकर्मा) उत्तम श्रेष्ठ कर्म करने हारा सदाचारी, अथवा सब कामों के करने में कुशल (विश्वशम्भू) सबका कल्याणकारी होकर (न) हमारे (विश्वानि) समस्त (हवनानि) प्रार्थनाओं को अभिलाषाओं को (जोषत्) स्वीकार करे और पूर्ण करे । हे योग्य पुरुष ! तू (उपयामगृहीत असि) राष्ट्रव्यवस्था द्वारा स्वीकृत है । (त्वा इन्द्राय विश्वकर्मणे) तुझको 'विश्वकर्मा इन्द्र' के पद पर नियुक्त करता हूं । (एष ते योनि) यह तेरा पद और स्थान है (त्वा इन्द्राय विश्वकर्मणे) तुझको इन्द्र विश्वकर्मा पद पर स्थापित करता हू ॥ शत० ४ । ६ । ४ । ५ ॥

[1] विश्वंकर्मन् हुविषा वर्धनेन त्रातारमिन्द्रमकृणोरवध्यम् । तस्मै विश. समनमन्त पूर्वीरयमुग्रो विहव्यो यथासत् । [2] उपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा विश्वकर्मणऽएष ते योनिरिन्द्राय त्वा विश्वकर्मणे ॥ ४६ ॥

शासो भारद्वाज ऋषि· । विश्वकर्मा इन्द्रो देवता । पूर्ववत् छन्द.स्वरौ ॥

भा०—हे (विश्वकर्मन्) समस्त कला कौशल के कार्यों को भली प्रकार से सम्पादन करने में समर्थ विद्वान् क्रियाकुशल पुरुष ! तू (वर्धनेन हविषा) वृद्धि करने वाले उपाय या साधन से या काष्ठ, लोह आदि पदार्थों के छेदन भेदन की (हविषा) उचित साधन से सामग्री से (त्रातारम्) राष्ट्र के रक्षक इन्द्र को (अवध्यम् अकृणोः) अवध्य, बना देता है । अर्थात् तेरे कौशलों से सुरक्षित राजा को कोई भी युद्ध मे मारने मे समर्थ नहीं होता है । (तस्मै) उस रक्षक राजा के आगे (पूर्वी) शिक्षा

४६—अतःपर 'विश्वकर्मन्० ०सूरिरस्तु' अय (यजु १७ । २२) मन्त्रः पठ्यते । काण्व० ॥

में पूर्ण, (विशः) समस्त प्रजाए (सम् अनमन्त) भली प्रकार झुकतो हैं। तेरे हो कारण (अयम्) यह राजा (विहव्यः) विशेष साधनों से सम्पन्न (यथा असत्) जिस प्रकार हो तू ऐसा प्रयत्न कर। हे याग्य पुरुष (उपयाम गृहीतः असि०) इत्यादि पूर्ववत् ॥ शत० ४ । ५ । ४ । ६ ॥

उपयामगृहीतोऽस्यग्नये त्वा गायत्रच्छन्दसंगृह्णामिन्द्राय त्वा त्रिष्टुप्छन्दसं गृह्णामि विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यो जगच्छन्दसंगृह्णाम्यनुष्टुप्तेऽभिगरः ॥ ४७ ॥

देवा ऋषय । अदाभ्यो देवता ! विराड् ब्राह्मी बृहती मध्यमः ॥

भा०—हे योग्य पुरुष तू (उपयामगृहीतः असि) राज्यव्यवस्था द्वारा स्वीकृत है। (अग्नये) अग्नि पद के लिये (गायत्रछन्दसम्) गायत्री छन्द से युक्त (त्वा) तुझको (गृह्णामि) स्वीकार करता हू। और हे पुरुष (त्रिष्टुप् छन्दसम् त्वा) त्रिष्टुप् छन्द से युक्त तुझको (इन्द्राय) इन्द्रपद के लिये स्वीकार करता हू। (जगत्-छन्दसं त्वा) जगत् छन्द से युक्त तुझको (विश्वेभ्यः देवेभ्यः) समस्त देव विद्वानों के हित के लिये (गृह्णामि) स्वीकार करता हू। हे राजन् ! (ते अभिगरः) तेरा उपदेष्टा आज्ञापक (अनुष्टुप्) अनुष्टुप् यह वेदवाणी है॥ शत० ॥

(१) 'गायत्रछन्दसं'—गायत्रोऽय भूलोकः ॥ कौ० ८ । ६ ॥ ब्रह्म-गायत्री, क्षत्र त्रिष्टुप्। भूलोक और ब्रह्म वेद या ब्राह्मणों की 'छन्दस्' अर्थात् आच्छादक रक्षक को 'अग्नि' पद के लिये नियुक्त करे!

(२) क्षत्रस्यैवै तच्छन्दो यत् त्रिष्टुप्। कौ० १० । ५ ॥ बलं वै वीर्यं त्रिष्टुप् कौ० ७ । २ ॥ बल की रक्षा करने वाले को 'इन्द्र' पद के लिये नियुक्त करे।

(३) पशवो वै जगती कौ० १६ । २ ॥ जगती वै छन्दसा परमं पोषं पुष्टा। समस्त अन्य देवों के पदों पर पशु प्रजा समृद्धि के पालक पुरुषों को नियुक्त करे॥

(४) 'अनुष्टुप्'—वाग् वा अनुष्टुप् । श० ३ । १ । ४ । २ ॥ प्रजापतिर्वा अनुष्टुप् । ता० ४ । ८ । ९ ॥ आनुष्टुभो राजन्य. । तै० १ । ८ । २ ॥ वाणी और प्रजा पालक शक्ति राष्ट्र का 'अभिगर' आज्ञापक या उपदेष्टा हो ।

[1] व्रेशीनां त्वा पत्मन्नाधूनोमि । [2] कुकूननानां त्वा पत्मन्नाधूनोमि । [3] भन्दनानां त्वा पत्मन्नाधूनोमि । [4] मदिन्तमानां त्वा पत्मन्नाधूनोमि । [5] मधुन्तमानां त्वा पत्मन्नाधूनोमि । [6] शुक्रं त्वा शुक्र आधूनोम्यन्हो रूपे सूर्यस्य रश्मिषु ॥ ४८ ॥

देवा ऋषयः । प्रजापतयो देवता । (१, ३, ४, ५) याजुषी त्रिष्टुप् धैवतः । (२) याजुषी जगती । निषादः । ६ । साम्नी बृहती मध्यम· ॥

भा०—हे सोम ! राजन् ! हे (पत्मन्) पतनशील ! (व्रेशीनाम्) आवृतस्थान पर शयन करने वाली प्रजाओं के बीच धर्माचरण से गिरते हुए (त्वा) तुझको (आधूनोमि) तुझे कपाता हू । (कुकूननाना त्वा पत्मन् आधूनोमि) निरन्तर विद्याभ्यास करने वाली विनयशील प्रजाओं के बीच न्यायाचरण से गिरने पर (त्वा) तुझको मैं (आधूनोमि) कम्पित करू । (भन्दनाना) कल्याणकारिणी, सुख देने वाली प्रजाओं के बीच (पत्मन् त्वा आधूपयामि) तेरा अधःपतन होने पर मैं पुरोहित तुझको कम्पित करूं । (मदिन्तमाना पत्मन् त्वा आधूनोमि) अत्यन्त हर्षदायिनी, स्वयं सदा सन्तुष्ट रहने वाली प्रजाओं के बीच नीच आचरण से गिरने वाले तुझको मैं दण्ड से कम्पित करू । (मधुन्तमाना त्वा पत्मन् आधूनोमि) मधुर स्वभाव वाली ज्ञान सम्पन्न प्राजओं के वोच अन्यार्य से गिरने पर तुझको मै कम्पित करू । हे (शुक्र) कान्तिमान् शुद्धाचरणवान् राजन् ! (अन्हः रूपे) दिन या सूर्य के प्रदीप्त स्वरूप में और (सूर्यस्यरश्मिषु) सूर्य की किरणों

४८—'मध्वन्तमाना०' इति काण्व० ॥

के समान स्वयं सब प्रकार का कार्य साधन करने वाले पुरुषों में (शुक्रम्) दीप्तिमान् तुझको मैं पत्यन्) नीचाचार होने पर मैं तुझे (आधूमोमि) कम्पित करता हू। पुरोहित राजा को नाना प्रकार की प्रजाओं में रहकर नीच आचार करने पर भयादि दिखाकर उन दुराचारों से बचावे। राजा प्रजा के समान पति पत्नी का भी व्यवहार है। अतः पत्नी या पुरोहित भिन्न स्वभाव की परदाराओं के निमित्त दुराचार में गिरने वाले पति को नाना उपायों से दण्डित कर दुष्ट मार्ग से बचावे॥

[१] कुकुभꣳ रूपं वृषभस्य रोचते बृहच्छुक्रः शुक्रस्य पुरोगाः सोमः सोमस्य पुरोगाः। [२] यत्ते सोमादाभ्यन्नाम जागृवि तस्मै त्वा गृह्णामि तस्मै ते सोम सोमाय स्वाहा॥ ४९॥

देवा ऋषय.। विश्वेदेवाः प्रजापतयो देवताः। (१) विराट् प्राजापत्या जगती। निषादः। (२) भुरिगार्षी उष्णिक्। धैवतः॥

भा०—(वृषभस्य) सब सुखों के वर्षक राजा या सभापति का (ककुभम्) दिशा के समान शुद्ध और आदित्य के समान कान्तिमान् (रूपं रोचते) रूप प्रकाशित होता है। (शुक्रस्य) दीप्त, उज्ज्वल शुद्ध धर्म का (बृहत्) महान् (शुक्रः) कान्तिमान आदित्य जिस प्रकार (शुक्रस्य) शुद्ध दीप्तिमानादिका (पुरोगाः) पुरोगामी, नेता, प्रवर्त्तक, होता है उसी प्रकार (शुक्र) तेजस्वी शुद्धाचारी राजा ही (शुक्रस्य पुरोगाः) शुक्र और तेजस्वी धर्मानुकूल राष्ट्र का नेता होता है, या तेजस्वी राजा का तेजस्वी विद्वान् ही पुरोगामी नेता होता है। इसी प्रकार (सोम.) हे राजन् तू सोम सबका प्रेरक होकर (सोमस्य) ऐश्वर्य पूर्ण राष्ट्र का (पुरोगा) नेता हो। हे सोम! राजन्! (यत) क्योंकि (ते) तेरा (अदाभ्यम्) कभी नाश न होने वाला

४९—'ककुहꣳ'० 'बृहत्सोमः सोमस्य पुरोगा शुक्रा शुक्रस्य पुरोगाः स्वाहा। इति काण्व०॥

(जागृवि) सदा जागरणशील, सदा सावधान (नाम) स्वरूप है (तस्मै) उस कर्त्तव्य के लिये ही (त्वा गृह्णामि) तुझे मैं ग्रहण करता हूं। हे (सोम) राजन् ! (तस्मै ते) उस तेरे लिये (सु आहा) उत्तम यश प्राप्त हो ॥

उशिक् त्वं देव सोमाग्नेः प्रियं पाथोऽपीहि वशी त्वं देव सोमेन्द्रस्य प्रियं पाथोऽपीह्यस्मत्सखा त्वं देव सोम विश्वेषां देवानां प्रियं पाथोऽपीहि ॥ ५० ॥

देवा ऋषय. प्रजापति. सोमो देवता । स्वराडार्षी जगती । निषादः ॥

भा०—हे (देवसोम) दानशील, राजन् ! सोम ! तू (उशिक्) कान्तिमान् एवं इच्छावान् होकर (अग्ने.) उत्तम विद्वान्, अग्रणी पुरुष के (प्रियम् पाथः) प्रिय लगाने वाले, पालनकारी कर्त्तव्य को (अपीहि) प्राप्त हो। हे (देव सोम) देव ! सोम ! राजन् ! (त्वम्) तू (इन्द्रस्य प्रियम् पाथः अपीहि) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् सेनापति के प्रिय पालन व्यवहार को प्राप्त हो। हे (देव सोम) देव राजन् ! सोम ! तू (अस्मत् सखा) हमारा मित्र होकर (विश्वेषा देवानाम्) समस्त देवों, विद्वानों, राज्याधिकारियों और प्रजाजनों के (प्रियम् पाथ.) प्रिय अभिमत पालन-कर्त्तव्य या पदाधिकार को प्राप्त हो ॥

इह रतिरिह रमध्वमिह धृतिरिह स्वधृतिः स्वाहा। उपसृजन्धरुणं मात्रे धरुणो मातरं धयन्। रायस्पोषमस्मासु दीधरत् स्वाहा ॥ ५१ ॥

देवा ऋषयः । प्रजापतयो देवताः । आर्षी जगती । निषाद. ॥

५०—अत' पर (७ । २७–२९), (७ । ४१–४८), (८ । १५–२२) (८ । २३–२७), (८ । २८–३३), (८ । ४२–४३) (८ । ५२) क्रमश पठ्यन्ते काण्व० ॥

भा०—हे प्रजापालक राजा के अधीन शासक पुरुषो! हे गृहपति जनो! (इह) इस राष्ट्र और घर में (रतिः) आनन्द प्रमोद आपकी इच्छा रहे। (इह रमध्वम्) यहां आप लोग आनन्द से जीवन व्यतीत करो। (इह) यहां (धृतिः) सब पदार्थ और व्यवहार स्थिर हैं आप लोगों की (स्वधृति) अपनी स्थिति और आपके समस्त पदार्थों की स्थिति (स्वाहा) सत्यवाणी और क्रिया भी यहां ही रहे। हे प्रजापालको! आप लोग (धरुणम्) धारण करने योग्य जिस सन्तान को (मात्रे) पुत्र की माता के (उप असृजन्) आधीन करते हो वह (धरुणः) बालक (मातरम्) उस माता का (धयन्) स्तन्य-पान करता हुआ (अस्मासु) हम में (स्वाहा) उत्तम विद्या और सदाचार लाभ करके (राय पोषम् दीधरत्) धनैश्वर्य की वृद्धि करे ॥ शत० ४। ६। ७। ६॥

स॒त्रस्य॒ ऽऋद्धि॑र॒स्यग॑न्म॒ ज्योति॑र॒मृता॑ ऽअभूम।
दिवं॑ पृथि॒व्या ऽअध्यारु॑हा॒मावि॑दाम दे॒वान्त्स्व॒र्ज्योतिः॑ ॥ ५२ ॥

ऋ० ८। ४८। ३॥

देवा ऋषय.। प्रजापतिर्देवता। भुरिगार्षी बृहती। मध्यम.॥

भा०—हे विद्वन्! हे राजन्! (सत्रस्य) परस्पर संगत या एकत्र हुए राजा प्रजा के राष्ट्ररूप यज्ञ का (ऋद्धि असि) तू ऐश्वर्य या समृद्ध-रूप या शोभा है। हम सब प्रजाजन (ज्योति अगन्म) विज्ञान के प्रकाश और ऐश्वर्य को प्राप्त हों। हम लोग (अमृताः अभूम) अमृत, १०० वर्ष तक के दीर्घ जीवन वाले हों। (पृथिव्या) इस पृथिवी से (दिवम्) प्रकाशमय लोक, ज्ञान ऐश्वर्य को (अधि आरुहाम) प्राप्त हों। (देवान्) विद्वान् पुरुषों का (आ अविदाम) नित्य संग लाभ करें। और (ज्योतिः) सब पदार्थ के प्रकाशक (स्वः) सुखस्वरूप, आनन्दमय परम मोक्ष को भी प्राप्त करें॥ शत० ४। ६। ६। १२॥

[1]युवं तमिन्द्रापर्वता पुरोयुधा यो नः पृतन्यादप तं-तमिद्धतं वज्रेण तं-तमिद्धतम्। [2]दूरे चत्ताय छन्त्सद् गहनं यदिनक्षत्। [3]अस्माकꣳ शत्रून् परि शूर विश्वतो दर्मा दर्षीष्ट विश्वतः। [4]भूर्भुवः स्वः सुप्रजाः प्रजाभिः स्याम सुवीरा वीरैः सुपोषाः पोषैः॥ ५३॥ ऋ० १। १३२। ६॥

देवा ऋषयः। इन्द्रापर्वतौ देवते। (१) आर्ष्यनुष्टुप्। गान्धार। (२) आसुर्युष्णिक्। ऋषभः। (३) प्राजापत्या बृहती। मध्यम (४) विराट् प्राजापत्या बृहती। पञ्चम॥

भा०—हे (इन्द्रपर्वता) इन्द्र और पर्वत! सूर्य के समान तेजस्विन् और पर्वत के समान अभेद्य सेनापते! और व्यूहकारिन् सेनापति के सेनाजनो! (युवम्) आप दोनों (पुरायुधा) आगे बढ़कर युद्ध करनेवाले होकर (य) जो भी (न) हम पर (पृतन्यात्) सेना से चढ़ाई करे (तं त) उस २ को (इत्) ही (अप हतम्) मार भगाओ। (त तं) उस २ को (इत्) ही (वज्रेण) वज्र, खाँडा आदि अस्त्र शस्त्रों से (हतम्) मारो। (यद्) यदि वह शत्रुदल (गहनम्) हमारे सैन्य तक (इनक्षत्) पहुच जाय तो उसको (दूरे चत्ताय) दूर भगादेने के लिये (छन्त्सत्) पराक्रम से दूर करो। हे (शूर) शूरवीर सेनापते! तू (दर्मा) शत्रुदल के फाड़देने में समर्थ होकर (अस्माकम्) हमारे (विश्वतः) चारों तरफ आये हुए (शत्रून्) शत्रुओं को (विश्वत) सब ओर से एकदम (दर्षीष्ट) काट फाट डाले। (भूः भुव· स्व.) भूमि, अन्तरिक्ष और आकाश तीनों लोकों में हम (प्रजाभि.) अपनी उत्तम सन्तानों से (सुप्रजाः स्याम) उत्तम प्रजावान् बनें, (वीर.) वीर, (सुवीरा.) उत्तम वीरों वाले और (पोषे.) धनादि ऐश्वर्यों से (सुपोषा.) उत्तम समृद्धिशाली (स्याम) हों॥ शत० ४। ६। ६। १४—२५॥

५३—'०सुप्रजा; प्रजया।' इति काण्व०॥

प॒र॒मे॒ष्ठ्य॒भिधी॑तः प्र॒जाप॑तिर्वा॒चि व्याहृ॑ताया॒मन्धो॒ अच्छे॑तः। स॒वि॒ता स॒न्यां वि॒श्वक॑र्मा दी॒क्षायां॑ पू॒षा सो॑म॒क्रय॑ण्याम् ॥ ५४ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । साम्न्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—यज्ञमय प्रजापति या सोम के या राजा के कर्त्तव्यों के भिन्न २ रूप । (सोमः अभिधीत.) साक्षात् संकल्प किया जाय या मन से विचारा जाय तो वह वस्तुतः (परमेष्ठी) परम=सर्वोच्चस्थान पर विराजनेवाला है। (२) (वाचि व्याहृतायाम्) उच्चारण की जाने-वाली वाणी या आज्ञा करने में वह (प्रजापतिः) 'प्रजापति' प्रजा का स्वामी है। (३) (अच्छेत अन्धः) साक्षात् देखने या प्राप्त करने पर 'अन्धः' अर्थात् अन्न के समान प्राणप्रद है। (४) वह (सन्यां) प्रजाओं को ऐश्वर्य बांटने के कार्य में राजा स्वयं (सविता) सूर्य के समान सबको समानरूप से प्रदान करता है। (५) (दीक्षायां विश्वकर्मा) दीक्षा अर्थात् व्रत धारण करने के अवसर पर वह विश्वकर्मा है वह समस्त कार्यों को सुचारु रूप से करने में समर्थ हो। (६) (सोमक्रयण्याम्) सोमक्रयणी अर्थात् सोम राजा को शासन के कार्य के लिये समस्त पृथिवी को समक्ष रखकर प्राप्त करने के अवसर पर वह साक्षात् (पूषा) 'पूषा' सबका पोषक है ॥

सोमयाग के पक्ष में—यजमान के संकल्प करने पर सोम परमेष्ठी है। मुंह से कहदेने पर कि मैं सोमयाग करूंगा वह सोम 'प्रजापति' है। सोम को आंखों से देखले तो वह सोम 'अन्धस्' है। सोम को विभक्त करने पर वह 'सविता' है। दीक्षा लेने के अवसर पर 'विश्वकर्मा' है। सोमक्रयणी इष्टि के अवसर पर वह 'पूषा' है।

इन्द्र॑श्च म॒रुत॑श्च क्र॒याय॒ोपोत्थि॒तोऽसु॑रः प॒ण्यमा॑नो मि॒त्रः क्री॒तो विष्णु॑ः शिपिवि॒ष्ट उ॒रावास॑न्नो विष्णु॑र्न॒रन्धि॑षः ॥ ५५ ॥

५५—'०क्रपाय०' इति दयानन्दाभिमत पाठ.। 'ऊरा आ०' इति काण्व०।

भा०—(७) (क्रयाय उप-उत्थितः) क्रय अर्थात् द्रव्य देकर उसके बदले में शत्रु के विरुद्ध उठकर चढ़ते समय सोम अर्थात् राजशक्ति का स्वरूप (इन्द्र मरुतः च) इन्द्र सेनापति और मरुत् अर्थात् प्राणघातक सेना के वीरजन हैं। (८) (पण्यमान·) नाना भोग्य पदार्थों के एवज में खरीद कर उसको राजपद देते समय वह राजा सोम स्वय (असुरः) महान् व्यापारी है। (९) (क्रीत मित्र) जब स्वीकार ही कर लिया जा चुकता है तब वह प्रजा का मित्र स्नेही है। (१०) (उरौ) विशाल राज्य के आसन पर (आसन्न.) स्थित राजा साक्षात् (शिपिविष्टः विष्णु.) किरणों से आवृत, व्यापक तेज से युक्त सूर्य के समान 'शिपिविष्ट विष्णु' अथवा शयन स्थान में सोया, प्रसुप्तरूप में विद्यमान, व्यापक आत्मा के समान है। (११) (नरन्धिप) समस्त मनुष्यों को आज्ञा देने हारा और सबको हिंसा से बचाने वाला होकर वह (विष्णुः) 'विष्णु' है। 'इन्द्रश्च मरुतश्च क्रपायोपोत्थित·' यह पाठ महर्षि दयानन्द को अभिप्रेत है। उस पाठ में (क्रपाय उप-उत्थितः) बलपूर्वक कार्य करने के लिये उद्यत राजा इन्द्र और मरुत् है। ऐसा अर्थ जानना चाहिये ॥

'शिपिविष्ट·'—शिपयोऽन्तर्रश्मय उच्यन्ते तैराविष्टो भवति। निरु० ५।२।३॥ अन्यत्र। ऋ० ७।१००।६। "किमित्ते विष्णोऽपरिऽच्य भूत्। प्रयद् वक्षे शिपिविष्टो अस्मि। मा वर्षो अस्मदपगूह एतत् यद् अन्यरूप· समिथे बभूथ"। हे प्रजापालक विष्णो! राजन्! तेरे विषय में हम क्या कहें? तू अपने को 'शिपिविष्ट' कहता है। अपना वह तेजस्वीरूप हम से मत छिपा जो युद्ध में तू दूसरा रूप धारण करता है ॥

प्रोह्यमाणः सोमुऽआगतो वरुणऽआसुन्द्यामासन्नोऽग्निराग्नीध्रऽइन्द्रो हविर्द्धानेऽथर्वोपावह्रियमाणः ॥ ५६ ॥

वसिष्ठ ऋषि । आर्षी पंक्तिः । पञ्चम· ॥

भा०—(प्र ऊह्यमाणः आगतः) अति आदर से सवारी आदि द्वारा लाया जाकर जब राजा प्राप्त होता है तब वह (सोमः) 'सोम', सर्वोपरि शासक और सबका आज्ञापक है। (आसन्द्याम् आसन्नः) आसन्दी राज्यसिंहासन पर स्थित हुआ वह राजा (वरुणः) सर्वश्रेष्ठ, सब से वरण करने योग्य, पापों से निवारक 'वरुण' है। (आग्नीध्रे अग्निः) तेजस्वी पद पर विराजमान, अग्नि के समान सन्तापकारी पद पर विराजमान वह (अग्नि.) अग्नि है। (हविर्धाने) वह अन्न द्वारा सब राष्ट्र के पालक 'हविर्धान' सब से मुख्य पद पर विराजता हुआ समस्त पृथिवी पर शासन करता हुआ राजा (इन्द्रः) 'इन्द्र' है (उपावह्रियमाणः अथर्वा) प्रजा की रक्षा करने के लिये सदा उसके संनिकट स्थापित रहता हुआ वह (अथर्वा) अहिंसक, प्रजापालक 'अथर्वा', प्रजापति है ॥

'आग्नीध्रम्'—अन्तरिक्षम् आग्नीध्रम्। शत० ९।२।३।१५। द्यावापृथिव्यौ वा एष यदाग्नीध्र.। श० १।८।१।४॥

हविर्धानम्। शिर एवाऽस्य यज्ञस्य हविर्धानम्। श० ३।५।३।५॥ अयं वै लोको दक्षिणं हविर्धानम् कौ० ८।४॥

विश्वे॑ दे॒वाऽअ॒ꣳशुषु॒ न्यु॒प्तो विष्णु॑राप्रीत॒पाऽआ॑प्याय्यमा॑नो य॒मः सू॒यमा॑नो॒ विष्णु॑: सम्भ्रि॒यमा॑णो वा॒युः पू॒यमा॑नः शु॒क्रः पू॒तः शु॒क्रः क्षी॑र॒श्रीर्म॒न्थी स॑क्तु॒श्रीः ॥ ५७ ॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते। भुरिक् साम्नी बृहती। मध्यमः ॥

भा०—(अंशुषु) राज्यशासन के विभागों में वही राजपद (न्युप्त) पृथक् २ बांट दिया जाकर (विश्वेदेवाः) 'विश्वेदेव' अर्थात् समस्त राजपदाधिकारी होजाते हैं। (आप्रीतपा.) सब प्रकार सन्तुष्ट प्रजाजनों का पालन करनेहारा और (आप्याय्यमान.) स्वयं भी प्रजाओं

५७—'अंशुषु न्युप्यमानेषु' इति काण्व०।

द्वारा शक्ति में अति हृष्ट पुष्ट होकर राजा (विष्णु.) 'विष्णु', सर्व राष्ट्र के व्यापक शक्तिवाला होता है । (सूयमान यमः) राजसूय द्वारा राज्याभिषेक किया जाकर राजा 'यम' सर्व नियन्ता होता है । (सम् भ्रियमाण विष्णुः) प्रजा द्वारा पालित पोषित, हृष्ट पुष्ट होकर राजा (विष्णुः) व्यापक शक्ति से युक्त 'विष्णु' होजाता है । (पूयमान.) स्वय पवित्र आचरणों से युक्त राजा (वायुः) वायु के समान राष्ट्र का जीवन, एव प्रजा को भी पवित्राचारी बनाने में समर्थ होता है । (पूतः शुक्र) स्वय पवित्र होकर ही वह 'शुक्र' तेजस्वी, कान्तिमान होता है । (शुक्र.) कान्तिमान् वीर्यवान् वह राजा (क्षीरश्री.) क्षीर, दुग्ध के समान कान्तिवाला, कीर्तिमान् होता है । और (सक्तुश्री. मन्थी) प्राप्त हुए अन्नादि पदार्थों का आश्रय लेकर ही राजा 'मन्थी' शत्रुओं का मथन करनेहारा होता है ।

विश्वे॑ दे॒वाश्च॑म॒से॑षून्नी॒तोऽसु॒र्होमा॒योद्य॑तो रु॒द्रो हू॒यमा॑नो वातो॒ऽभ्यावृ॑त्तो नृ॒चक्षाः॒ प्रति॑ख्यातो भ॒क्षो भ॒क्ष्यमा॑णः पि॒तरो॑ नाराश॒ꣳसाः॑ ॥ ५८ ॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते । भुरिगार्षी जगती । निषादः ॥

भा०—(चमसेषु उन्नीत) भिन्न २ पात्रों में अर्थात् राज्य के भिन्न भिन्न अंगों में बटा हुआ राजपद (विश्वे देवाः) 'विश्वेदेव' अर्थात् समस्त विद्वान् रापज्यदाधिकारियों के रूप से रहता है । (होमाय उद्यत) होम आहुति करने के लिये उद्यत अर्थात् युद्ध करने के लिये उद्यत राजा (असु.) 'असु' शस्त्र प्रक्षेप्ता धनुर्धर के रूप में होता है । (हूयमान. रुद्र) जब वह युद्ध में आहुति होजाता है तब वह 'रुद्र' दुष्टों को रुलाने में समर्थ 'रुद्र' रूप होजाता है । (अभि आवृत्त.) जब साक्षात् सामने वेग से आक्रमण कर रहा होता है तब वह (वात) 'वात', प्रचण्ड

५८—'०भक्ष पीत. पितरो नाराशसा साद्यमान.,' इति काण्व० ।

वायु के समान 'वात' रूप साक्षात् 'आँधी' होता है। अथवा (अभि आवृतः) जब राजा प्रजा को या परराष्ट्र को चारों ओर से घेर लेता है तब वह (वात) वात वायु के समान उसको घेरता है। (प्रतिख्यातः प्रत्येक पुरुष को देखनेवाला होने से वह (नृचक्षाः) मनुष्यों का निरीक्षक 'नृचक्षा' कहाता है। (भक्ष्यमाण. भक्षः) जब समस्त प्रजाजन उसके राजत्व का सुख भोगते हैं तब वह 'भक्ष' सब राष्ट्र का भोक्ता कहाता है। तब (नाराशंसा) सभी उसकी प्रजा के लोग उसकी प्रशंसा करते हैं और नाना प्रकार से वह प्रजा का पालन करता है इसलिये वही राजा (पितरः) पितृगणों या प्रजापालकों के रूप में प्रकट होता है।

[1] सुन्नः सिन्धुरवभृथायोद्यतः समुद्रोऽभ्यवह्रियमाणः सलिलः प्रप्लुतो ययोरोजसा स्कभिता रजांꣳसि वीर्येभिर्वीरतमा शविष्ठा [2] या पत्येतेऽअप्रतीता सहोभिर्विष्णू अगन्वरुणा पूर्वहूतौ ॥ ५९ ॥ अथर्व० ७ । २५ । १ ॥

ऋषिर्देवता च पूर्वोक्ते । विष्णुर्वरुणश्च देवते । (१) आर्षी बृहती । निषादः । (२) विराडार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अवभृथाय) राष्ट्र के पालन करने के लिये (उद्यतः) उत्कृष्ट नियमकारी राजा (सन्न) अपने राज्यासन पर अभिषिक्त होकर विराजा हुआ साक्षात् (सिन्धुः) महान् समुद्र के समान अति गम्भीर और अगाध गुणरत्नों से युक्त भयंकर भी होने से 'सिन्धु' रूप है। (अभ्यवह्रियमाण) जब प्रजाजनों द्वारा राजपद पर बैठा दिया जाता है और प्रजा उसका उपभोग करती है, तब वह (समुद्र) समस्त पदार्थों का उत्तम रीति से प्रदान करनेवाला, अनन्त रत्नों का आकर होने से 'समुद्र' होता है। (प्रप्लुत. सलिलः) वह राजा सर्वत्र प्रजाओं मे समान भाव से

व्यापक होकर पानी के समान फैल जाता है अत 'सलिलः' अर्थात् मानो दयाभाव से पानी २ हो जाता है।

(ययो.) जिन दोनों के (ओजसा) पराक्रम से (रजांसि) समस्त लोक (स्कभिता) स्थिर हैं और (या) जो दोनों (वीर्येभिः) अपने वीर्यों, सामर्थ्यों से (वीरतमा) सबसे अधिक वीर और (शविष्ठा) सबसे अधिक बलशाली हैं। और (या) जो दोनों (अप्रतीतौ) सर्व साधारण द्वारा न पहचाने गये, जिनके गुण वीर्य को कोई नहीं जानता कि कितना है, अथवा (अप्रति इतौ) शत्रुओं द्वारा मुकाबले पर न पराजित अर्थात् जिन पर शत्रु आक्रमण करने में समर्थ न हों ऐसे (सहोभिः) अपने पराजय करनेवाले बलों, सेनाओं सहित जो (पत्येते) शत्रु पर जा टूटते हैं वे दोनों ही (विष्णु) व्यापक सामर्थ्यवान् और (वरुणा) वरुण सर्वश्रेष्ठ वरण करने योग्य एवं शत्रुओं के वारण में समर्थ, (पूर्वहूतौ) सर्व प्रथम, मुख्यरूप से विद्वानों द्वारा स्वीकार किये जाते हैं। उनको (अगन्) समस्त प्रजाजन प्राप्त होते हैं। अथवा उनको समस्त राष्ट्र प्राप्त है।

दे॒वान्दिव॒मग॑न्य॒ज्ञस्ततो॑ मा॒ द्रवि॑णमष्टु मनु॒ष्या॒नन्तरि॑क्षमगन्य॒ज्ञस्ततो॑ मा॒ द्रवि॑णमष्टु पि॒तॄन् पृ॑थि॒वीमग॑न्य॒ज्ञस्ततो॑ मा॒ द्रवि॑णमष्टु यं कं च लो॒कमग॑न्य॒ज्ञस्ततो॑ मे भ॒द्रम॑भूत् ॥ ६० ॥

विश्वेदेवा देवताः। स्वराड् साम्नी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—जो (यज्ञ) यज्ञ (देवान्) देवों, विद्वानों को और (दिवम्) विद्या आदि के प्रकाश को (अगन्) प्राप्त होता है (तत) उससे (मा) मुझको (द्रविणम् अष्टु) द्रव्य, ऐश्वर्य प्राप्त हो। जो (यज्ञः) यज्ञ, राजा प्रजा का व्यवहार (मनुष्यान् अन्तरिक्षम् अगन्) मनुष्यों को और अन्तरिक्ष, मेघ आदि को प्राप्त होता है (तत. मा द्रविणम् अष्टु) उससे मुझे ऐश्वर्य प्राप्त हो। और जो (यज्ञः पितॄन् पृथिवीम् अगन्) राष्ट्र के

पालक पितृलोगों और पृथिवी को प्राप्त है (ततः मा द्रविणम् अष्टु) उससे मुझे ऐश्वर्य प्राप्त हो। (यज्ञः) यज्ञ (यं कं च) जिस किसी (लोकम्) लोक को भी (अगन्) प्राप्त हो (ततः) उससे (मे) मुझे (भद्रम्) कल्याण और सुख ही (अभूत्) हो।

चतुस्त्रिᳪशत्तन्तवो ये वितत्निरे यऽइमं यज्ञᳪ स्वधया ददन्ते। तेषां छिन्नᳪसम्वेतद्दधामि स्वाहा घर्मोऽअप्येतु देवान् ॥ ६१ ॥

वसिष्ठ ऋषिः। यज्ञो देवता। स्वराडार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(ये) जो (इयं) इस (यज्ञं) यज्ञ को (वितत्निरे) विस्तृत करते है वे (चतुस्त्रिशत्) ३४ चौंतीस हैं। यज्ञ के विस्तार करने से ही वे (तन्तव.) तन्तु हैं। पट को बनाने वाले जैसे तन्तु होते हैं उसी प्रकार राज्य आदि के घटक अवयव भी 'तन्तु' ही कहाते हैं। इसी प्रकार जगन्मय यज्ञ के घटक भी ३४ तन्तु ही हैं।(ये) जो वे (इमं यज्ञं) इस यज्ञ को (स्वधया) स्वधा, अपने धारण सामर्थ्य से और अन्न आदि पोषण सामर्थ्य से (ददन्ते) धारण करते हैं। (तेषाम्) उनका जो (छिन्नम्) पृथक् अपना २ कर्त्तव्य कर्म और अंश है उसको मैं (एतत्) इस प्रकार एक सगठित रूप से (स्वाहा) सत्य वाणी या उत्तम परस्पर आदान प्रतिदान द्वारा (सम् दधामि) एकत्र जोड़ता हूं। वह (घर्मः) घर्म, यज्ञ प्रदीप्त राष्ट्र या एकत्र किया हुआ एकीभूत यज्ञ (देवान्) देवों, विद्वान् शासकों को (अप्येतु) प्राप्त हो, उनके वश में रहे। ब्रह्माण्ड जगत् मय यज्ञ के ३४ तन्तु, आठ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य, इन्द्र, प्रजापति और प्रकृति ये जगत् के ३४ कारण हैं। राष्ट्र में ५४ से ५६ तक कहे सोम राजा के अधीन ३४ पदाधिकारी जो सोम के ही अंश हैं वे ३४ तन्तु हैं॥

यज्ञस्य दोहो विततः पुरुत्रा सोऽअष्टधा दिवमन्वाततान। स यज्ञ धुक्ष्व महि मे प्रजायाᳪरायस्पोषं विश्वमायुरशीय स्वाहा ॥६२॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते। स्वराडार्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—(यज्ञस्य) यज्ञ का (दोह) भरा पूरा सामग्रीसमूह या उत्तम फल (पुरुत्रा) नाना पदार्थों मे नाना प्रकार से (वितत) विस्तृत है। (स) वह (अष्टधा) आठों दिशा से आठ प्रकार का होकर (दिवम् अनु आततान) सूर्य के प्रकाश के सामान आकाश मे फैल जाता है। हे (यज्ञ) यज्ञ ! वह तू (मे प्रजायाम्) मेरी प्रजा में (महि) बड़ा भारी (राय पोष) धनैश्वर्य की समृद्धि को (धुक्ष्व) प्रदान कर । और मैं (स्वाहा) उत्तम आचरण और उत्तम आहुति, उत्तम वाणी और उत्तम व्यवस्था द्वारा (विश्वम् आयु.) सम्पूर्ण आयु का (अशीय) भोग करू । राष्ट्रमय यज्ञ का उत्तम फल नाना प्रकार से फैलाता है, वह (अष्टधा) आठ अमात्य-आदि प्रकृतियो के रूप मे सब के ऊपर शिरोभाग के समान रहता है। वह मेरी प्रजाओं का ऐश्वर्य बढ़ावे। मैं राजा उत्तम आदान-प्रतिदान से पूर्ण आयु का भोग करू ।

आ पवस्व हिरण्यवदश्ववत्सोम वीरवत् ।
वाजं गोमन्तमा भर स्वाहा ॥ ६३ ॥

वसिष्ठ ऋषि । सोमो देवता । स्वराडार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (सोम) सोम राजन् ! तू (वीरवत्) वीर पुरुषों से युक्त (अश्ववत्) अश्व और अश्वारोहियों मे युक्त (हिरण्यवत्) सुवर्ण रत्नादि से समृद्ध धनैश्वर्य को (आ पवस्व) पवित्र कर, प्राप्त कर और हमें (गोमन्तम् वाजम्) गौ आदि पशु सम्पत्ति से समृद्ध (वाजम्) ऐश्वर्य को (स्वाहा) उत्तम यश कीर्त्ति और उत्तम ज्ञान और कर्म द्वारा (आ भर) प्राप्त करा ।

राजा राष्ट्र में सुवर्णादि धन, घोड़े, वीर पुरुष, गौओं और अन्नो की वृद्धि करे। इसी प्रकार गृह यज्ञ का पति गृहस्थ भी ऐश्वर्य को प्राप्त करे ।

॥ इत्यष्टमोऽध्यायः ॥

इति मीमासातीर्थप्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्येऽष्टमोऽध्याय ॥

अथ नवमोऽध्यायः

१—३४ इन्द्रो बृहस्पतिश्च ऋषी ।

॥ ओ३म् ॥ देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय । दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाजं नः स्वदतु स्वाहा ॥ १ ॥

सविता देवता । स्वराड्डार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (सवितः) सबके प्रेरक, आज्ञापक, ऐश्वर्यवन् ! चक्रवर्त्तिन् ! (देव) दानशील ! तेजस्विन् ! कान्तिमन् ! राजन् ! तू (यज्ञम्) यज्ञ प्रजापालन आदि राज्य कार्य को (प्रसुव) अच्छी प्रकार चला और (यज्ञपतिम्) यज्ञ, राज्य के पालन करने वाले अधिकारी और प्रजावर्ग को भी (प्रसुव) उत्तम रीति से चला ! (दिव्यः) प्रकाशमान क्षात्र आदि गुणों से सम्पन्न (गन्धर्वः) पृथिवी का पालक, भूमिपति (केतपूः) सबके ज्ञानों, मतियों को पवित्र रखने वाला, उनमें कभी दुष्ट विचार न उत्पन्न होने देने वाला, धर्मात्मा राजा और (वाचस्पतिः) वेद वाणी का पालक विद्वान्, आचार्य (नः) हमारे (केतम्) ज्ञान और विचारों को (पुनातु) सदा शुद्ध बनावे और वह (स्वाहा) उत्तम रीति से, वेदानुकूल (नः वाजं) हमारे अन्न आदि उपभोग योग्य ऐश्वर्य का (स्वदतु) उपभोग करे । राजा सबको उत्तम व्यवस्था में चलावे, सबको उत्तम शिक्षा दे । समस्त प्रजा के ऐश्वर्य का भोग करे । शत० ५ । १ । १ । १६ ॥

१—काण्वशाखायां इत पूर्वं [अ० ७ । २७—२६, ४१—४८] मन्त्राः पठ्यन्ते । ततः [अ० ८ । २३—२७, २८—३२, ४२—४३, ५२, ५३, ५४— ६०] एते मन्त्रा क्रमशः पठ्यन्ते । ततो देवसविता० । इत्यादि । 'प्रसुवेम भगाय ।' ०केतपाः०, '०स्पतिर्नो अद्य वाजं स्वदतु' इति काण्व० ।

' ध्रुवसदं त्वा नृषदं मनःसदमुपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिरिन्द्राय त्वा जुष्टतमम्। ' अप्सुषदं त्वा घृतसदं व्योमसदमुपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिरिन्द्राय त्वा जुष्टतमम् पृथिविसदं त्वाऽन्तरिक्षसदं दिविसदं देवसदं नाकसदमुपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिरिन्द्राय त्वा जुष्टतमम् ॥ २ ॥

इन्द्रो देवता । (१) आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः । (२) विकृतिः । मध्यमः ॥

भा०—हे इन्द्र! राजन्! तू (उपयाम गृहीत असि) राज्यव्यवस्था मे नियुक्त राजपुरुषों, प्रजा के और राज्य के उत्तम पुरुषों और राज्य के साधनों और उपसाधनों से स्वीकृत है। (त्वा इन्द्राय) तुझको इन्द्रपद के (जुष्टं) योग्य जानकर (गृह्णामि) इस पद के लिये नियुक्त करता हूं। (ते एषः योनिः) यह तेरा आश्रयस्थान और पद है। (जुष्टतमम्) सब से योग्यतम (ध्रुवसदम्) ध्रुव, स्थितरूप से विराजनेवाले (नृसदम्) समस्त नेता पुरुषों में प्रतिष्ठित (मनःसदम्) सब प्रजाओं के मन में और मनन योग्य विज्ञान में प्रतिष्ठित (त्वा) तुझको स्थापित करता हूं। इसी प्रकार, (अप्सुषदम्) प्रजाओं में, समुद्रों में और्वानल या विद्युत् के समान तेजपूर्वक विराजमान, (घृतसदम्) घृत मे अग्नि के समान तेजस्वीरूप से विराजमान (व्योमसदम्) आकाश में सूर्य के समान प्रतापी होकर विराजमान (त्वा) तुझको स्थापित करता हूं। (उपयामगृहीतः इत्यादि) पूर्ववत्। इसी प्रकार (पृथिवीसदम्) पृथिवी पर पर्वत के समान स्थिररूप से विराजने हारे (अन्तरिक्षसदम्) अन्तरिक्ष में वायु के समान व्यापक, (दिविसदम्) द्यौलोक या नक्षत्रगणों में सूर्य या चन्द्र के समान विराजमान (देवसदम्) देव-विद्वानो और योद्धाओं में विजिगीषु पुरुषों में प्रतिष्ठित (नाकसदम्) दुःखरहित धर्म या परमेश्वर में दत्तचित्त, (त्वा)

तुझको मैं राज्यपद पर प्रतिष्ठित करता हूं। (उपयामगृहीतः असि० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ५।१।२।१-६ ॥

अपाᳬरसमुद्वयसᳬ सूर्ये सन्तᳬ समाहितम्। अपाᳬ रसस्य यो रसस्तं वो गृह्णाम्युत्तममुपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा जुष्टं गृह्णाम्येष ते योनिरिन्द्राय त्वा जुष्टतमम् ॥ ३ ॥

इन्द्रो देवता। अतिशक्वरी। पञ्चम ॥

भा०—(उद्वयसम्) उत्कृष्ट दीर्घ जीवन को देने वाले (सूर्ये सन्तम्) सूर्य में सदा वर्त्तमान, सूर्य की रश्मियों द्वारा प्राप्त और (सम् आहितम्) उनके बल पर सर्वत्र व्याप्त (अपाम्) जलों के (रसम्) वीर्य 'ारस्प जीवन को और (अपां रसस्य) जलों के रस अर्थात् सार-रूप भाग का भी (य. रस) जो रस, सारिष्ठ, सब से अधिक साररूप वीर्य धातु है, विद्वान् पुरुष जिस प्रकार हे (आपः) जलो! (व.) आप के उसको (तम्) उस (उत्तमम्) सब से उत्कृष्ट वीर्य को (गृह्णामि) ग्रहण करता हूं उसी प्रकार हे (आपः) आप्त प्रजाजनो! (अपाम्) आप्त प्रजारूप (वः) आप लोगो का (उद्वयसम्) उत्कृष्ट, उन्नत जीवन वाले, दीर्घायु, अनुभवी (सूर्ये) सर्व प्रेरक राजा के आश्रय पर (सन्तम्) विद्यमान एवं (समाहितम्) उसके प्रति एकाग्र चित्त होकर रहने वाले (रसम्) वीर्यवान् राजबल को और (अपां रसस्य) प्रजाओ के बलवान् भाग मे से भी जो (रसः) उत्तम बल है (वः तम् उत्तमम् रसम्) आप लोगों के उस सर्वोत्कृष्ट रस या बल को मैं राष्ट्र का पुरोहित (गृह्णामि) प्राप्त करता हू और उसे राष्ट्र के कार्य में नियुक्त करता हूं। (उपयामगृहीतः असि०) इत्यादि पूर्ववत् ॥ शत० ५।१।२।७ ॥

ग्रहाऽऊर्जाहुतयो व्यन्तो विप्राय मतिम्। तेषां विशिप्रियाणां वोऽहमिषमूर्जᳬ समग्रभमुपयामगृहीतोऽसीन्द्राय त्वा जुष्टं गृह्णा-

म्येष ते योनिरिन्द्राय त्वा जुष्टतमम् । सम्पृचौ स्थः सं मा भद्रेण पृङ्क्तं विपृचौ स्थो वि मा पाप्मना पृङ्क्तम् ॥ ४ ॥

लिंगोक्ता देवता । भुरिक्कृतिः । निषादः ॥

भा०—हे (ऊर्जाहुतय) अन्न और बलको ग्रहण करने और प्रदान करनेवाले (ग्रहाः) राज्य के भिन्न २ विभागों और अगों को अपने अधीन पदाधिकारीरूप में स्वीकार करनेवाले पुरुषो ! आप लोग (विप्राय) राष्ट्र को विविध सम्पत्तियों से पूर्ण करनेवाले विद्वान् राजा को (मतिम्) सत् मति, मनन योग्य ज्ञान और शत्रुस्तम्भक बल (व्यन्त) विविध प्रकार से देते रहते हो । (विशि-प्रियाणाम् तेषाम्) प्रजाजनों में के प्रिय, या (वि-शिप्रियाणाम्) विविध शक्तियों और बल के सामर्थ्यों से युक्त (तेषाम्) उन आप लोगों के लिये मैं (इषम्) इच्छानुकूल अन्न और (ऊर्जम्) बलकारी अन्न, रस को (सम्-अग्रभम्) संग्रह करता हू । (उपयामगृहीत· असि०) इत्यादि पूर्ववत् । हे राष्ट्र के स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों गण ! (सम्-पृचौ स्थ) परस्पर अच्छी प्रकार सम्बद्ध होकर, दृढ़तया पतिपत्नीभाव मे बँध कर रहो। अथवा हे न्यायधीश और राजन् ! आप दोनों कल्याण सुख से युक्त करते हैं अत· आप 'सम्पृक्' हो अत (मा) मुझ राष्ट्रपति को (भद्रेण) कल्याण और सुख से (सम् पृङ्क्तम्) युक्त करो । हे न्यायाधीश और पालक शक्ति के स्वामिन् ! राजन् ! धर्म व्यवस्थापक विद्वान् पुरुषो ! हे स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों (विपृचौ स्थ.) 'विपृक्' हो, अत (मा) मुझको (पाप्मना) पाप से (विपृङ्क्तम्) दूर रखने में समर्थ होओ ॥ शत० ५ । १ । २ ८–१८ ॥

यज्ञ प्रकरण में सोम और सुराग्रह को 'सम्पृचौ' और अध्वर्यु और नेष्टा को 'विपृचौ' कहा है । प्रतिनिधिवाद से सोम और सुरा दोनों पुरुष और स्त्री

४—राजधर्मराजादयो देवता. । द० । 'सम्पृच स्थ० स मा भद्रेण पृङ्क्त विपृच स्थ वि मा पापेन पृङ्क्त,' इति काण्व० ।

के सांकेतिक नाम हैं । और अध्वर्यु वायु=विवेचक और नेष्टा पत्नीवान्=पालनशक्ति का स्वामी राजा कहाते हैं । वे कल्याण और सुख के साथ में योग करानेवाले और पाप से छुड़ानेवाले होने के कारण ही 'सम्पृक्' और 'विपृक्' कहे जाते हैं ।

इन्द्र॑स्य॒ वज्रो॑ऽसि वाज॒सास्त्वया॒ऽयं वाज॑ꣳ सेत् । वाज॑स्य॒ नु प्र॑स॒वे मा॒तरं॑ म॒हीमदि॑तिं॒ नाम॒ वच॑सा करामहे । यस्या॑मि॒दं विश्वं॒ भुव॑नमावि॒वेश॒ तस्या॑न्नो दे॒वः स॑वि॒ता धर्म॑ साविषत् ॥५॥

सविता देवता । भुरिग् अष्टिः । मध्यम ॥

भा०—हे वीर पुरुष ! तू (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् राजा का (वज्रः) शत्रु निवारक वज्र या खङ्ग के समान शत्रु का नाशक (असि) है । तू (वाजसा) संग्रामों का पूर्ण अनुभवी है । (त्वया) तेरे द्वारा (अयम्) यह राजा (वाजम्) सग्राम को विजय (सेत्) करे । (नु) शीघ्र ही (वाजस्य प्रसवे) वीर्य के या युद्ध के ऐश्वर्यजनक कार्य में (महीम्) बड़ी (अदितिम्) अखण्डित, अविनाशी (मातरम्) भूमि माता को हम (वचसा) अपनी आज्ञा से (नाम) अपने अधीन वश (करामहे) करें । (यस्याम्) जिसमें (इदं) यह (विश्वं भुवनम्) समस्त संसार (आविवेश) स्थित है । (तस्याम्) उसमें (सविताः) सब अधिकारियों का प्रेरक प्रवर्त्तक और उत्पादक (देव) देव, राजा (नः) हमारे लिये (धर्म) धर्म, धारण या राष्ट्र व्यवस्था को (साविषत्) चलावे । अथवा (यस्याम् इदं भुवनं आविवेश) जिसमें यह समस्त विश्व स्थित है उसमें सर्वोत्पादक परमेश्वर (धर्म) हमारे पालन पोषण की सुव्यवस्था करे ॥ शत० ५ । १ । ४ । ३, ४ ॥

५—'०साविषक्' इति काण्व० ।

रथपक्ष में—हे रथ! तू इन्द्र का संग्रामगामी वज्र है। तुझ से वह संग्राम में जावे। (आजाय प्रसवे) ऐश्वर्य के लाभ के लिये हम अखण्ड पृथिवी को (वचसा वाम करामहे) अपनी आज्ञा से वश करें। इत्यादि पूर्ववत्।

अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तिष्वश्वा भवत वाजिनः। देवीरापो यो वऽऊर्मिः प्रतूर्त्तिः ककुन्मान्वाजसास्तेनायं वाजꣳ सेत् ॥ ६ ॥

अश्वो देवता। भुरिग्जगती। निषादः ॥

भा०—(अमृतम्) अमृत, मृत्यु का निवारण करनेवाला, मूल कारण (अप्सु अन्त) जलों के भीतर विद्यमान है। और (भेषजम्) रोगों के दूर करने का सामर्थ्य भी (अप्सु) जलों के भीतर है। (उत) और हे (वाजिन) वीर्यवान् और ज्ञानवान् पुरुषो! आप लोग (अपाम्) जलों के (प्रशस्तिषु) उत्तम प्रशंसनीय गुणों के आधार पर ही (अश्वा भवत) अति वेगवान बलवान् हो जाओ।

राजा के पक्ष में—(अप्सुः अन्तः) आप्त प्रजाओं के बीच में ही (अमृतम्) राष्ट्र के मृत्युरूप शत्रु के आक्रमण आदि का निवारण करने का बल है और (अप्सु) उन प्रजाओं में ही (भेषजम्) सब कष्टों के दूर करने का सामर्थ्य है। हे (वाजिनः) वीर्यवाले योद्धा लोगो! आप लोग (अपाम् प्रशस्तिषु) प्रजाओं के भीतर विद्यमान प्रशंसनीय उत्तम गुणवान् पुरुषों के आधार पर ही (अश्वा) शीघ्रगामी अश्व, बलवान् क्षत्रिय (भवत) होओ। हे (आपः देवी) दिव्य आप्त पुरुषो! हे राजा की प्रजाओ! (यः) जो (वः) तुम्हारा (ऊर्मिः) उच्च सामर्थ्य और (प्रतूर्त्तिः) प्रकृष्ट क्रिया शक्ति है उनसे यह राजा (ककुन्मान्)

६—'देवीरापो अपा नपाद्यो वः ऊर्मि.०' इति काण्व० ॥

सर्वश्रेष्ठ पद और सामर्थ्य को धारण करने और (वाजसाः) युद्ध में जाने के समर्थ हो। (तेन) उस पराक्रम से वह (वाजं सेत्) युद्ध को प्राप्त करे, युद्ध का विजय करे।

जलों के पक्ष में—जल के उत्तम गुणों पर ही अश्व अधिक वेग वाले होते हैं। उसी से बैल भी हृष्ट, पुष्ट और भूमि भी खूब उपजाऊ होती है, उससे भूमि-पति भी प्रभूत अन्न प्राप्त करता है॥ शत० ५।१।४।७॥

वातो॑ वा मनो॑ वा गन्ध॒र्वाः स॒प्तवि॑ꣳशतिः। ते अग्रेऽश्व॑मयुञ्जँ॒स्तेऽअ॒स्मिन् ज॒वमाद॑धुः॥ ७॥

अश्वो देवता। भुरिगुष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—(वातः वा) वायु जिस प्रकार वेग को धारण करता है, (मनः वा) और जिस प्रकार मन वेग को धारण करता है, और जिस प्रकार (सप्तविंशतिः गन्धर्वाः) सत्ताईस गन्धर्व=प्राण, इन्द्रियें और स्थूल सूक्ष्म भूत, सभी वेग धारण करते हैं उसी प्रकार (ते) वे विद्वान् पुरुष भी (अग्रे) अपने गाड़ियों और रथों के आगे (अश्वम्) वेगवान् अश्व, गतिसाधन यन्त्र या अश्व के समान कार्य निर्वाहक अग्रणी पुरुष को (अयुञ्जन्) जोड़ते हैं। और वे विद्वान् पुरुष (अस्मिन्) उसमें (जवम्) वेग और बल का (आदधुः) आधान करते हैं॥ शत० ५।१।४।८॥

वात॑रꣳहा भव वाजिन् यु॒ज्यमा॑न॒ऽइन्द्र॑स्येव॒ दक्षि॑णः श्रि॒यैधि॑। यु॒ञ्जन्तु॑ त्वा म॒रुतो॑ वि॒श्ववे॑दस॒ऽआ ते॒ त्वष्टा॑ प॒त्सु ज॒वं द॑धातु॥ ८॥

अश्वो देवता। भुरिक् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (वाजिन्) ज्ञान और बल से युक्त पुरुष! वेगवान् अश्व जिस प्रकार गाड़ी में लगाया जाता है और वह (वातरंहाः)

७—सेनापतिर्देवता। द०। 'वातो वो वा मनो वा०' इति काण्व०।

८—प्रजापतिर्देवता। द०।

वायु के समान तीव्र वेग से जाता है उसी प्रकार तू (युज्यमान) राष्ट्र के कार्य मे नियुक्त होकर वायु के समान तीव्र वेगवान् (भव) हो । और (दक्षिणः) तू दक्षिण अर्थात् बल के कार्यों में कुशल होकर (इन्द्रस्य) इन्द्र, राजा या सेनापति की (श्रिया) लक्ष्मी से युक्त (एधि) हो ॥ अथवा तू (दक्षिणः इन्द्रस्य) दक्ष, बल, सामर्थ्य वाले इन्द्र राजा की लक्ष्मी से युक्त हो, अथवा (इन्द्रस्य दक्षिणः इव) इन्द्र, राजा के दायें हाथ के समान उसका सर्वश्रेष्ठ सहायक होकर लक्ष्मी, धन ऐश्वर्य से युक्त हो। (विश्ववेदस मरुतः) समस्त प्रकार के ऐश्वर्यों और ज्ञानो के स्वामी मरुत् गण, देव तुल्य राजा लोग, विद्वान् लोग और वैश्यगण (त्वा) तुझको उचित कार्य में (आ युञ्जन्तु) नियुक्त करें और (त्वष्टा) शिल्पी जिस प्रकार वेग युक्त यन्त्र को रथ में लगाता है और उसके (पत्सु) गमन करने वाले अंगों चक्रों में (जवं) वेग उत्पन्न करता है उसी प्रकार (त्वष्टा) राजा (ते) तेरे (पत्सु) चरणों में, गमन करने के साधनों में (जवम् आदधातु) वेग स्थापित करे ॥ शत० ५ । १ । ४ । ६ ॥

शिल्प यन्त्र के पक्ष में—हे (वाजिन्) वेग वाले, बल वाले पदार्थ तू यन्त्र में नियुक्त होकर वायु वेग से चल । तू (दक्षिणः इन्द्रस्य) बलशाली विद्युत की दीप्ति से चमक । सर्वज्ञ (मरुतः) विद्वान् लोग तुझे नियुक्त करें । (त्वष्टा) शिल्पी तेरे पैरों, चक्रों में गति स्थापित करें ।

जवो यस्ते वाजिन्निहितो गुहा यः श्येने परीत्तोऽअचरच्च वाते । तेन नो वाजिन् बलवान् बलेन वाजजिच्च भव समने च पारयिष्णुः । वाजिनो वाजजितो वाजꣳ सरिष्यन्तो बृहस्पतेर्भागमवजिघ्रत ॥ ९ ॥

अश्वो वीरो वा देवता । धृतिः । ऋषभः ॥

भा०—हे (वाजिन्) विद्या, शास्त्र ज्ञान और संग्राम साधनों से

९—०'वाजजिच्चैधि म०' इति काण्व० ।

युक्त बलशालिन् सेनापते ! वीर पुरुष ! (गुहा निहितः) यन्त्र के गूढ स्थान में जिस प्रकार वेगजनक पदार्थ रक्खा जाता है उसी प्रकार (ते यः जवः) तेरा जो वेग तेरी (गुहा) गुहा में, बुद्धि में (निहितः) स्थित है और (यः) जो वेग (श्येने) श्येन अर्थात् बाजपक्षी में और उसके समान आक्रमण करने वाले तुझ में विद्यमान है और (यः) जो वेग (वाते च) प्रचण्ड वायु में (अचरत्) व्याप्त है । हे (वाजिन्) वेग और बल से युक्त सेनापते ! वीर पुरुष ! (तेन) उस वेग से और (बलेन) उस बल से तू (वाजजित् च) संग्रामविजयी भी हो और (समने) संग्राम में भी (पारयिष्णुः) हम सबको संकट से तराने वाला (भव) हो । हे (वाजिनः) वेगवान्, बलवान्, वीर, अश्वारोही पुरुषो ! आप लोग (वाजजित) संग्राम का विजय करने हारे हैं । आप लोग (वाजं सरिष्यन्तः) जब संग्राम में तीव्र वेग से शत्रु पर धावा करने को हों, तब सब लोग (बृहस्पतेः) बृहती, बड़ी भारी सेना के स्वामी, सैनापति या बड़े २ सेना सञ्चालकों के भी स्वामी, सेनाध्यक्ष के अथवा—बृहती, वाणी, आज्ञा के पति स्वामी, आज्ञापक पुरुष के (भागम्) सेवन करने योग्य आज्ञा-वचन को (अवजिघ्रत) सदा सूंघते रहो, सदा ग्रहण करते हो, उसकी सदा खोज में रहो उसके प्रति सदा सावधान रहो ॥ शत० ५ । १ । ४ । १०-१५ ॥

देवस्याहᳬ सवितुः सवे सत्यसवसो बृहस्पतेरुत्तमं नाकᳬ रुहेयम् । देवस्याहᳬ सवितुः सवे सत्यसवस इन्द्रस्योत्तमं नाकᳬ रुहेयम् । देवस्याहᳬ सवितुः सवे सत्यप्रसवसो बृहस्पतेरुत्तमं नाकमरुहम् । देवस्याहᳬ सवितुः सवे सत्यप्रसवस इन्द्रस्योत्तमं नाकमरुहम् ॥ १० ॥

इन्द्रा बृहस्पती देवते । विराड् उत्कृतिः । षड्जः ॥

१०—देवस्य वय स०, ० रुहेम्, '० मारुहम् । इन्द्रास्योत्तम नाकमारुहाम ' इति काण्व० ।

भा०—(अहम्) मैं (सवितुः) सर्वप्रेरक, (सत्यसवसः) सत्य मार्ग पर चलने की आज्ञा देने वाले, (बृहस्पते.) बृहती, बड़ी भारी सेना के पालक, सेनाध्यक्ष के (सवे) आज्ञा, अनुशासन में रह कर और उसी प्रकार सर्वप्रेरक, सत्यमार्ग या उचित मार्ग में आज्ञा करने वाले, (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् राजा के (सवे) शासन में रह कर (उत्तमम् नाकम्) सब से उत्कृष्ट, सुखमय लोक और पद को (रुहेयम्) प्राप्त होऊं ॥ शत० ५ । १ । ५ । १–५ ॥

परमेश्वर के पक्ष में—(देवस्य) सर्वत. प्रकाशमान, (सवितु) सकल जगत् के उत्पादक (सत्यसवस) सत्य ऐश्वर्यवान्, (बृहस्पते.) बृहती वेदवाणी और महती प्रकृति आदि के पालक स्वामी परमेश्वर के (सवे) उत्पन्न किये संसार में और (सत्यसवस इन्द्रस्य) सत्य न्याययुक्त शासन वाले, इन्द्र परमैश्वर्यवान् सम्राट् या राजा के (सवे) ऐश्वर्य या समृद्ध शासन में रहकर मैं (उत्तमं नाकम् अधिरुहेयम्) उत्तम दु खरहित और सुखमय आनन्द को प्राप्त होऊं ।

इसी प्रकार (अहम्) मैं (सवितु) सकल ऐश्वर्योत्पादक (सत्यप्रसवस) सत्य ज्ञान के प्रसव करनेवाले सकल बोधों के जनक (बृहस्पते सवे) वेदवाणी के पालक आचार्य, विद्याप्रकाशक आचार्य के शासन में रहकर मैं (उत्तमं नाकम् अरुहम्) उत्तम सुखमय स्थिति को प्राप्त करूं। इसी प्रकार (देवस्य) धनुर्विद्या में विज्ञ (सवितु) विजयोत्पादक (सत्यप्रसवस.) सत्य व्यवहारों और विजयों के कर्त्ता (इन्द्रस्य) शत्रुनाशक सेनापति के (सवे) शासन में रहकर मैं (उत्तमं नाकम् अचरम्) उत्तम सुख को प्राप्त होऊं ॥

बृह॑स्पते॒ वाजं॑ जय॒ बृह॒स्पत॑ये॒ वाचं॑ वदत॒ बृह॒स्पतिं॒ वाजं॑ जापयत।
इन्द्र॒ वाजं॑ ज॒येन्द्रा॑य॒ वाचं॑ वद॒तेन्द्रं॒ वाजं॑ जापयत ॥ ११ ॥

इन्द्रबृहस्पती देवते । जगती । निषादः ॥

भा०—हे (बृहस्पते) बृहस्पते ! महती सेना के स्वामिन् ! तू (वाजं जय) संग्राम को विजय कर । (बृहस्पतये) उक्त बृहस्पति के लिये हे विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (वाचं) उत्तम विज्ञानयुक्त वाणी का (वदत) उपदेश करो, उसके योग्य उसको ज्ञान प्राप्त कराओ । हे विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (बृहस्पतिम्) महान् राष्ट्र के पालक राजा के (वाजम्) संग्राम को (जापयत) विजय कराने में सहायता दो । हे (इन्द्र) इन्द्र ! राजन् ! तू (वाजं जय) संग्राम का विजय कर । हे विद्वान् पुरुषो ! (इन्द्राय वाचं वदतं) इन्द्रपद के योग्य ज्ञानवाणी को उपदेश करो । और (इन्द्रं वाजं जापयत) इन्द्र राजा के युद्ध विजय मे सहायता करो ।

वेदज्ञ बृहस्पति के पक्ष में—वह (वाजं जय) ज्ञान, विद्या-बोध प्राप्त करे और (वाजं) वेदवाणी का उसको उपदेश करे । उसको ज्ञान प्राप्त करने में सब सहायता दें ॥ शत० ५ । १ । ५ । ८-९ ॥

एषा वः सा सत्या संवागभूद्यया बृहस्पतिं वाजमजीजपताजीजपत बृहस्पतिं वाजं वनस्पतयो विमुच्यध्वम् । एषा वः सा सत्या संवागभूद्ययेन्द्रं वाजमजीजपताजीजपतेन्द्रं वाजं वनस्पतयो विमुच्यध्वम् ॥ १२ ॥

इन्द्राबृहस्पती देवते । स्वराड् अतिधृति । षड्जः ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुषो ! (व) आप लोगों की (एषा) यह (सा) वह (सत्या) सत्य, न्याययुक्त, उचित (सं-वाग्) सम्मिलित, एक दूसरे से संगत वाणी (अभूत्) होना चाहिये (या) जिससे (बृहस्पतिम्) बृहती सेना के स्वामी, सेनाध्यक्ष या बृहत् राष्ट्र के पालक राजा को (वाजम्) संग्राम का (अजीजपत) आप लोग विजय कराने में समर्थ होते हैं । आप लोग उस एक सम्मिलित उत्तम ज्ञान-वाणी से ही (बृहस्पतिम्) इस बृहस्पति राजा को (वाजं अजीजपत) संग्राम का विजय कराने में समर्थ

हुए हैं। अतः हे (वनस्पतय.) प्रजा समूहों के एवं सैनिक समूहों के पालक पुरुषो ! आप लोग (विमुच्यध्वम्) अपने सैनिकों, अश्वों और हस्तों को बन्धन से छोड़ दो। (एषा) यह (व.) तुम लोगों को (सत्या सवाग्) सच्ची, परस्पर सम्मिलित सहमति (अभूत्) है (यया) जिससे आप लोग (इन्द्रम्) ऐश्वर्यवान् राजा को (वाजम् अजीजपत) संग्राम को विजय कराते हो। आप लोग ही (इन्द्रम्) इन्द्र को (वाजम् अजीजपत) संग्राम विजय कराते हो। (वनस्पतय) हे सैनिक समूहों के पालक, अध्यक्ष कप्तान लोग ! (विमुच्यध्वम्) आप विजय के अनन्तर अपने सैनिकों, घोड़ों और रथों को छोड़ दो, उनके बन्धन खोल दो, उनको आराम दो ॥ शत० ५।१।५।१२॥

समस्त सैनिक सेनानायक लोग मिलकर एक आवाज, एक आज्ञा से चलकर सेनापति राजा के युद्ध को विजय कराते हैं और विजय करलेने पर उनको अपने दस्तों और अश्व आदि के बन्धनमुक्त करने की आज्ञा हो।

देवस्याहᳬ सवितुः सवे सत्यप्रसवसो बृहस्पतेर्वाजजितो वाजं जेषम्। वाजिनो वाजजितोऽध्वनं स्कभ्नुवन्तो योजना मिमानाः काष्ठां गच्छत ॥ १३ ॥

भा०—(अहम्) मैं सेनानायक (सवितु) सर्वप्रेरक (सत्य प्रसवस) सत्य, यथार्थ, यथोचित आज्ञा के प्रदाता (देवस्य) सर्वप्रद, सर्वप्रकाशक विद्वान् (बृहस्पतेः) बड़ी सेना के पति, बड़े सेनाध्यक्ष के (सवे) शासन में रहकर उस (वाजजितः), संग्रामविजयी के (वाजम्) संग्राम को (जेषम्) विजय करूं। हे (वाजजित वाजिन.) संग्राम का विजय करनेहारे, वेगवान्, बलवान् अश्वो और अश्वारोही वीर सवार लोगो !

१३—देवस्य वय०, ०जेष्म। वाजिनो वाजं जयताध्वनः स्कम्नन्त । ०अनु-सन्तन्नीत्वत्प० इति काण्व० ।

आप लोग (अध्वनः) शत्रु के बढ़ने के मार्गों को (स्कभ्नुवन्तः) रोकते हुए (योजना मिमानाः) कोसों को मापते हुए, अर्थात् वेग से कोसों लांघते हुए (काष्ठां गच्छत) परली सीमा तक पहुंच जाओ॥ शत० ५ । १ । ४ । १५-१७॥

एष स्य वाजी क्षिपणिं तुरण्यति ग्रीवायां बद्धोऽअपिकक्षऽआसनि। क्रतुं दधिक्रा अनु सꣳसनिष्यदत्पथामङ्काꣳस्यन्वापनीफणत् स्वाहा॥ १४॥

दधिक्रावा ऋषिः । अश्वो देवता । जगती । निषादः॥

भा०—(एषः स्य.) यह वह वीर सेनापति (वाजी) वेगवान् होकर (क्षिपणिम्) कशा को या शत्रुनाशक सेना को (तुरण्यति) बड़े वेग से चलता या आगे बढ़ाता है। (दधिक्राः) घुड़सवार को अपनी पीठपर लेकर वेगसे दौड़नेवाला अथवा मार्ग में आनेवाली रुकावटों को भी पार करजाने वाला अश्व (ग्रीवायां) गर्दन, (अपिकक्षे) बगलों और (आसनि) मुख में भी (बद्धः) बंधा हुआ होकर (क्रतुम्) क्रियावान् ज्ञानवान् कर्त्ता पुरुष, सवार को लेकर (अनु) उसके अभिप्राय के अनुकूल (संसनिष्यत्) निरन्तर दौड़ता हुआ (स्वाहा) अपने उत्तम वेग से, अपने पालक की वाणी के अनुसार (पथाम्) मार्गों के (अंकांसि) बीच में लगे समस्त चिह्नों को, या ऊंचे नीचे टेढ़े मेढ़े समस्त रास्तों को (अनु आ पनीफणत्) सुख से पार कर जाया करता है। सेनापति सेना को आगे बढ़ावे। घुड़सवार हण्टर लगावे। घोड़ा मय सवार के सब रास्ते पार करे। ऐसे घुड़सवार लेने चाहियें॥ शत० ५ । १ । ४ । १८-१९॥

उत स्मास्य द्रवतस्तुरण्यतः पर्णं न वेरनुवाति प्रगर्धिनः। श्येनस्येव ध्रजतोऽअङ्कसं परि दधिक्राव्णः सहोर्जा तरित्रतः स्वाहा॥ १५॥

दधिक्रावा ऋषिः । दधि क्रावा अश्वो देवता । जगती । निषाद॥

१४—बृहस्पतिर्देवता । द०।

भा०—(उत) और (अस्य एव) इसके ही (द्रवतः) भागते हुए और (तुरण्यतः) वेग से जाते हुए (प्रगर्धिनः) प्रबल वेग से अगले मार्ग को पहुंचने की अभिलाषा करनेवाले (ऊर्जा सह) पराक्रम के साथ (परि तरित्रतः) बड़े वेग से भागते हुए (दधिक्रावृण) मार्ग की समस्त बाधाओं को लांघते हुए अश्व को (अङ्कसम्) ध्वज, चामर आदि चिह्न (वेः पर्णं न) वेग से जाते हुए पक्षी या तीर के पंखों के समान और (प्रगर्धिनः) मांस या शिकार के अभिलाषी, (ध्रजतः) वेग से झपटते हुए (श्येनस्य इव) सेन के पंखों के समान (अनुवीति) उसके पीछे ही वेग से जाता है ॥ शत० ५ । १ । ५ । २० ॥

अथवा—(अङ्कसं परित्रतः) चिह्नों से युक्त मार्ग पर दौड़ते हुए अश्व का (पर्णम्) पालनकारी पूंछ और वस्त्रादि शिकार पर झपटते हुए बाज के पंखों के समान पीछे को होजाते हैं । इस स्थल में 'पर्णम्' शब्द दीपकालंकार से है ।

शं नों भवन्तु वाजिनो हवेषु देवताता मितद्रवः स्वर्काः । जम्भयन्तोऽहिं वृकꣳ रक्षांꣳसि सनेम्यस्मद् युयवन्नमीवाः ॥ १६ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । अश्वो देवता । जगती निषादः ॥

भा०—(हवेषु) संग्रामों में (वाजिनः) वेगवान् घोड़े और घुड़सवार (नः) हमें (शम् भवन्तु) कल्याणकारी हों । और वे (देवताता) देवों, युद्ध के विजय करनेवाले विजेता लोगों के कामों में (मितद्रवाः) परिमित गति से जानेवाले (सु-अर्काः) उत्तम सत्कार वाले, खूब सजे सजाये हों । वे (अहिम्) सर्प को, सर्प के समान कुटिलता से भागनेवाले या मेघ के समान वायु वेग से जाने या अपने ऊपर शर वर्षण करनेवाले शत्रु को और (वृक) चोर या भेड़िये या भेड़िये के समान पीछे से आक्रमण करनेवाले और (रक्षांसि) विघ्नकारी दुष्ट पुरुषों को और (अमीवाः

रोग के समान दुःखदायी शत्रुओं को (सनेमि) सदा या शीघ्र ही (अस्मद् युयवन्) हम से दूर करें ॥ शत० ५ । १ । ५ । २२ ॥

ते नोऽअर्वन्तो हवनश्रुतो हवं विश्वे शृण्वन्तु वाजिनो मितद्रवः। सहस्रसा मेधसाता सनिष्यवो महो ये धनꣳ समिथेषु जभ्रिरे ॥ १७ ॥

नाभानेदिष्ट ऋषिः । अश्वो देवता । जगती । निषादः ॥

भा०—(ते अर्वन्तः) अश्व, अश्वों के ऊपर चढ़ने हारे राजा के अधीन वे वीर लोग (हवनश्रुत) ग्राह्य आज्ञा और शास्त्र-वचनों का श्रवण करने वाले ज्ञानी पुरुष हों । वे (विश्वे) सब (वाजिनः) ज्ञान और बल से युक्त (मितद्रवः) शास्त्र से जाने गये समस्त पदार्थों तक पहुंचाने वाले होकर (मे) मुझ, राजा की और राष्ट्रवासी प्रजाजन की (हवम्) ज्ञान-पूर्ण वचन या आज्ञा (शृण्वन्तु) सुनें । वे (सहस्रसाः) सहस्रों का वेतन पाने वाले (मेधसाता) प्राप्त होने योग्य अन्नों को (सनिष्यवः) प्राप्त करना चाहते हैं । (ये) जो (समिथेषु) संग्रामों में (महः धनम्) बड़े भारी धन ऐश्वर्य को (जभ्रिरे) प्राप्त करते हैं । वे लोग संग्राम के अवसरों पर देश की आगे लिखे प्रकार से रक्षा करें ॥ शत० ५ । १ । ५ । २३ ॥

वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषुऽविप्राऽअमृता ऋतज्ञाः। अस्य मध्वः पिबत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर्देवयानैः ॥ १८ ॥

वसिष्ठ ऋषिः अश्वा देवताः । निचृत् त्रिष्टुप् । निषादः ॥

भा०—हे (वाजिनः) बलवीर्य और अन्नादि वाले एवं अश्व के समान वेगवान्, एवं अश्वों पर चढ़ने वाले वीर पुरुषो ! और ज्ञानी लोगो ! आप लोग (वाजे वाजे) संग्राम संग्राम में (नः अवत) हमारी रक्षा करो । और हे (विप्राः) मेधावी विद्वान् जनो ! हे (अमृताः) अमर, कभी नष्ट न

---

१७ —'सहस्रसा मेधसाता इव त्मना महो०' इति काण्व० ।

होने वाले, एवं जीवन्मुक्त दीर्घ जीवी लोगो ! हे (ऋतज्ञाः) सत्य व्यवस्था के जानने वालो ! आप लोग (अस्य) इस (मध्वः) मधु, मधुर अन्न और ज्ञान का (पिबत) पान करो, भोग करो और (मादयध्वम्) तृप्त होओ। और (तृप्ता) तृप्त होकर (देवयानैः पथिभिः) देवों, विद्वानों के चलने योग्य धार्मिक या राजोचित मार्गों से (यात) गमन करो ॥ शत० ५ । १ । ५ । २४ ॥

आ मा वाजस्य प्रसुवो जंगम्यादेमे द्यावापृथिवी विश्वरूपे । आ मा गन्तां पितरा मातरा चामा सोमोऽअमृतत्वेन गम्यात् । वाजिनो वाजजितो वाजꣳ ससृवाꣳसो बृहस्पतेर्भागमवजिघ्रत निमृजानाः ॥ १९ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । निचृद्धृतिः । निषादः ॥

भा०—(मा) मुझको (वाजस्य प्रसवः) ज्ञान, बल और अन्न का ऐश्वर्य (आजगम्यात्) प्राप्त हो । (इमे) ये दोनों (विश्वरूपे) समस्त रोचना या दीप्ति युक्त पदार्थों को धारण करने वाली (द्यावापृथिवी) आकाश और पृथिवी, राजा और प्रजा (आ गन्ताम्) मुझे प्राप्त हों । (मा) मुझे (पितरा मातरा च) पिता और माता दोनों (आगन्ताम्) प्राप्त हों । (मा) मुझे (सोमः) सर्वप्रेरक राजपद, ऐश्वर्य और ओषधियों का परम रस और वीर्य (अमृतत्वेन) रोगनिवारक, दीर्घजीवनरूप से (आ गम्यात्) प्राप्त हो । हे (वाजजितः) संग्रामों का विजय करने हारे (वाजिनः) बलवान् अश्वारोही वीर पुरुषो ! आप लोग (वाज ससृवांसः) संग्राम को जानने हारे हैं । आप लोग (निमृजानाः) सर्वथा शुद्ध पवित्र चित्त होकर (बृहस्पतेः भागम्) बृहती सेना के स्वामी सेनाध्यक्ष के सेवन करने योग्य वचन को (अवजिघ्रत) आदरपूर्वक, सावधान होकर ग्रहण करो । शत० ५ । १ । ५ । २६, २७ ॥

१९—'०गन्त पितरा मातरा युवमा सोमो अमृतत्वाय गम्यात् ।' इति काण्व० ।

आपये स्वाहा स्वापये स्वाहाऽपिजाय स्वाहा क्रतवे स्वाहा वसवे स्वाहाऽहर्पतये स्वाहाह्ने मुग्धाय स्वाहा मुग्धाय वैनंशिनाय स्वाहा विनंशिनऽआन्त्यायनाय स्वाहान्त्याय भौवनाय स्वाहा भुवनस्य पतये स्वाहाऽधिपतये स्वाहा ॥ २० ॥

वसिष्ठ ऋषिः। प्रजापतिर्देवता। भुरिक् कृतिः। निषादः ॥

भा०—सूर्य के जिस प्रकार १२ मास हैं और उनमें उसके १२ रूप हैं इसी प्रकार प्रजापति के भी १२ रूप तदनुसार उसकी १२ अवस्थाएं हैं और उनके अनुसार १२ नाम हैं। [१] (आपये स्वाहा) सकल विद्याओं और सज्जनों को प्राप्त करने वाला, बन्धु के समान राजा 'आपि' है। उसको समस्त विद्याएं और ऐश्वर्य प्राप्त करने के लिये (स्वाहा) सत्य क्रिया, यथार्थ साधना करनी चाहिये। [२] (स्वापये स्वाहा) शोभन पदार्थों को प्राप्त करने कराने वाला या उत्तम बन्धु पुरुष 'स्वापि' है। उत्तम पदार्थों और सुखों की प्राप्ति के लिये (स्वाहा) उसे उत्तम धर्मानुकूल आचरण करना चाहिये। [३] (अपिजाय स्वाहा) पुनः पुनः ऐश्वर्यवान् होने वाला। एक के बाद दूसरा आने के कारण राजा भी 'अपिज' है। इस प्रकार पुनः २ प्रतिष्ठा प्राप्त कर पदाधिकारी होने के लिये (स्वाहा) पुरुषार्थ युक्त साधना करनी चाहिये। [४] (क्रतवे स्वाहा) समस्त कार्यों का सम्पादक, एवं सब विद्याओं का विचारक ज्ञानी 'क्रतु' है। शरीर में आत्मा और राष्ट्र में राजा वह भी 'क्रतु' है। उस पद के लिये ज्ञान प्राप्त करने के लिये (स्वाहा) अध्ययन अध्यापन की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिये। [५] (वसवे स्वाहा) समस्त प्रजाओं को वसाने हारा राजा वसु है। उस पद को प्राप्त करने के लिये भी (स्वाहा) सत्य-व्यवहार वाणी और न्याय होना चाहिये। [६] (अह पतये स्वाहा) सूर्य जिस प्रकार दिन का स्वामी है पुरुषार्थ से काल-गणना द्वारा समस्त दिवस का पालक पुरुष भी 'अहःपति' है उसके लिये (स्वाहा) वह

काल विज्ञान की विद्या का अभ्यास करे। [७] (मुग्धाय) जिसका मोह का कारण उपस्थित होजाने पर ज्ञान का प्रकाश न रहे ऐसे (अह्ने) मेघ से आवृत सूर्य के समान ऐश्वर्य के मद में ज्ञान रहित प्रजापालक के लिये भी (स्वाहा) उसको चेतानेवाली वाणी का उपदेश होना चाहिये। [८] (मुग्धाय वैनंशिनाय) नाशवान् पदार्थों और नाशकारी आचरणों में, मोहवश ऐश्वर्यप्रेमी, विलासी एवं अत्याचारी राजा के लिये (स्वाहा) उसको सावधान करने और सन्मार्ग में लानेवाले उत्तम उपदेश होने चाहियें। [९] (विनंशिने) स्वयं विनाश को प्राप्त होनेवाले या राष्ट्र का विनाश करने में तुले हुए (आन्त्यायनाय) अन्तिम सीमा तक पहुचे हुए, अन्तिम, नीचतम कोटि तक गिरे हुए राजा को (स्वाहा) विनाशकारी आचरणों से बचानेवाला उपदेश और उपाय होना उचित है। [१०] (आन्त्याय) सबके अन्त में होनेवाले, सबसे परम, सर्वोच्च (भौवनाय) सब भुवनों पदों में व्यापक उनके अधिपति के लिये (स्वाहा) उन सब पदों के व्यवहार ज्ञान के उपदेशों की आवश्यकता है। [११] (भुवनस्य पतये) भुवन, राष्ट्र के पालक राजा को (स्वाहा) राष्ट्र पालन की विद्या दण्डनीति जाननी चाहिये और [१२] (अधिपतये स्वाहा) सब अध्यक्षों के ऊपर स्वामी रूप से विद्यमान राजा के लिये (स्वाहा) उत्तम राज्य नीति जाननी चाहिये ॥ शत० ५ । २ । १ । २ ॥

आयुर्यज्ञेन कल्पतां प्राणो यज्ञेन कल्पतां चक्षुर्यज्ञेन कल्पताᳬं श्रोत्रं यज्ञेन कल्पतां पृष्ठं यज्ञेन कल्पताम् यज्ञो यज्ञेन कल्पताम्। प्रजापतेः प्रजाऽअभूम स्वर्देवाऽअगन्मामृताऽअभूम ॥ २१ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । अत्यष्टिः । गान्धारः ॥

भा०—(यज्ञेन) यज्ञ, परस्पर के आदान प्रतिदान, राज्य की

२०—'०कल्पताम् । नाय एहि स्वो रोहाव । प्रजापतेः०' इति काण्व० ।

व्यवस्था तथा प्राजापति रूप यज्ञ से (आयुः) सब प्रजाओं की दीर्घ जीवन (कल्पताम्) स्वस्थ बना रहे । (यज्ञेन प्राणः कल्पताम्) यज्ञ, एक दूसरे के अन्न आदि दान से प्राण पुष्ट हों । (यज्ञेन चक्षुः कल्पताम्) यज्ञ से, ज्ञान व्यवहार के देखने में समर्थ चक्षु बलवान् हो । (यज्ञेन श्रोत्रं कल्पताम्) यज्ञ द्वारा ही श्रोत्र, श्रवण शक्ति समर्थ बनी रहे । (यज्ञेन पृष्ठं कल्पताम्) यज्ञ से हमारी पीठ, मेरुदण्ड समर्थ बना रहे । (यज्ञः) हमारे यज्ञ, ईश्वरोपासना और आपस के धर्म कार्य सब (यज्ञेन कल्पताम्) उत्तम राजा के प्रजा पालन के कार्य से बने रहें । हम सब (प्रजापतेः) प्रजा पालक राजा की और परमेश्वर की (प्रजाः अभूम) प्रजाएं बनी रहें । हम लोग (देवाः) विजयी ज्ञानवान् होकर (स्वः अगन्म) परम सुखमय मोक्ष और सुखप्रद राज्य को प्राप्त हों । हम (अमृताः अभूम) परमेश्वर के राज्य में अमृत, मुक्त हो जायं और उत्तम प्रजापालक राजा के राज्य में (अमृतः) पूर्ण सौ वर्ष और उससे भी अधिक आयुवाले हों ॥ शत० ५ । २ । १ । ३–१४ ॥

एतद्वै मनुष्यस्यामृतत्वं यत्सर्वमायुरेति । श० ९ । ५ । १ । १० ॥ य एव शत वर्षाणि, यो वा भूयांसि जीवति स हैवैतदमृतमाप्नोति । श० १० । २ । ६ । ८ ॥

अस्मे वोऽअस्त्विन्द्रियमस्मे नृम्णमुत क्रतुरस्मे वर्चांᳬसि सन्तु वः । नमो मात्रे पृथिव्यै नमो मात्रे पृथिव्याऽइयं ते राड्यन्तासि यमनो ध्रुवोऽसि धरुणः । कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा ॥ २२ ॥

दिशो देवता । पृथिवी, आसन्दी सुन्वानश्च देवता । निचृदत्यष्टिः । गान्धारः ॥

भा०—हे (दिशः) दिशाओं, समस्त दिशाओं के निवासी प्रजा-

२२—नमो मात्रे पृथिव्या इय०, कृष्यै क्षेमाय रय्यै पोषाय ॥ इति काण्व० ।

जनो! (वः), तुम्हारा (इन्द्रियम्) समस्त ऐश्वर्य और बल (अस्मे अस्तु) हम राज्यकर्त्ताओं के लिये उपयोगी हो। आप लोगों का (नृम्णम्) धन, (उत क्रतुः) बल और ज्ञान (अस्मे) हमारी रक्षा और वृद्धि के लिये हो। (वः) आप लोगों के (वर्चांसि) तेज (अस्मे) हमारे लिये उपयोगी (सन्तु) हों। इसी प्रकार प्रजाजन में राज्य के अधिकारियों से यही कहे कि-हे चारों दिशाओं के रक्षक पुरुषो! आप लोगों का बल, धन, प्रज्ञान और तेज सब हमारी वृद्धि और रक्षा के लिये हो। सामान्यतः हम सब परस्पर प्रेम से रहते हुए अपने इन्द्रिय सामर्थ्य, धन, बल, विज्ञान और तेजों को एक दूसरे के लिये उपयोग करें। (मात्रे पृथिव्यै नमः) माता पृथिवी जो समस्त प्रजा को उत्पन्न करती और अन्न देती और राजा को भी उत्पन्न करती और पोषती है। उसको (नमः) हम आदर करते हैं। हे राजन् (इयं) यह पृथिवी ही तेरी (राट्) राजशक्ति है। तू (यन्ता असि) नियन्ता, व्यवस्थापक है। तू (यमनः) सब प्रकार से नियमन करनेवाला, (ध्रुवः) ध्रुव नक्षत्र के समान स्थिर, निश्चल, (धरुण असि) राष्ट्र को धारण करनेहारा, आश्रय-स्तम्भ है। हे राजन्! पुरुष! (त्वा) तुझको (कृष्यै) कृषि, खेती, पृथिवी पर अन्नादि उत्पन्न करने के लिये (त्वा क्षेमाय) तुझको जगत् के कल्याण के लिये, (त्वा रय्यै) तुझको राष्ट्र के ऐश्वर्य वृद्धि के लिये, (त्वा पोषाय) तुझको राष्ट्र के पशु समृद्धि के लिये नियुक्त किया जाता है॥ शत० ५। २। १। १९-२५॥

वाज॑स्ये॒मं प्र॑स॒वः सु॑षुवे॒ऽग्रे॒ सोम॒ꣳ राजा॑न॒मोष॑धीष्व॒प्सु। ता ऽअ॒स्मभ्यं॒ मधु॑मतीर्भवन्तु व॒यꣳ रा॒ष्ट्रे जा॑गृयाम पु॒रोहि॑ताः॒ स्वाहा॑॥ २३॥

प्रजापतिर्देवता। स्वराट् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(वाजस्य प्रसवः) संग्राम और वीर्य का ऐश्वर्य या समृद्धि ही (अग्रे) सबसे प्रथम (ओषधीषु सोमम्) ओषधियों में जिस प्रकार सोम सर्वश्रेष्ठ सबसे अधिक वीर्यवान् है उसी प्रकार (अशु) प्रजाओं में (इमं राजा) इस सर्वोपरि राजमान सम्राट् को (सुषुवे) उत्पन्न करता है। (ताः) वे ओषधियें (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (मधुमतीः) अन्न आदि मधुर पदार्थों से सम्पन्न हों और वे प्रजाएं भी अन्न आदि ऐश्वर्य से युक्त हों और जल भी मधुरगुण से युक्त हों। (वयम्) हम अमात्य आदि राष्ट्र के पालक पुरुष (राष्ट्रे) राष्ट्र में, सब कार्यों में (पुरोहिताः) अग्रसर होकर, मुख्य पद पर विराजकर राष्ट्र में (स्वाहा) उत्तम शासन व्यवस्था सहित (जागृयाम) सदा जागते रहें, सदा सावधान होकर शासन करें ॥ शत० ५ । २ । २ । ५ ॥

वाज॑स्ये॒मां प्र॑स॒वः शि॑श्रिये॒ दिव॑मि॒मा च॒ विश्वा॒ भुव॑नानि स॒म्राट्। अदि॑त्सन्तं दापयति प्रजा॒नन्त्स नो॑ र॒यिं सर्व॑वीरं॒ निय॑च्छतु॒ स्वाहा॑ ॥ २४ ॥

प्रजापतिर्देवता । स्वराट त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(वाजस्य) अन्न, वीर्य और सांग्रामिक बल का (प्रसवः) उत्पादक यह (सम्राट्) सम्राट्, महाराज, (इमाम्) इस और (दिवम्) आदित्य, के समान प्रकाशमयी और आकाश के समान विस्तृत ज्ञानपूर्ण राजसभा को और विश्वा भुवनानि) समस्त भुवनों, देशों, लोकों को, समस्त लोकों को परमेश्वर के समान विशाल शक्ति से (शिश्रिये) धारण करता है। वह (प्रजानन्) सब कुछ जाननेहारा (अदित्सन्तम्) कर या किसी की देन को न देना चाहनेवाले से भी (दापयति) दिलवाता है। (स) वह (नः) हमें (सर्व वीरम् रयिम्) सब वीर पुरुषों से

२४—०'च्छतु ।' इति काण्व० ।

युक्त ऐश्वर्य को (स्वाहा) उत्तम धर्मानुकूल व्यवस्था से (नियच्छतु) प्रदान करे ।

वाजस्य नु प्रसव आ बभूवेमा च विश्वा भुवनानि सर्वतः । सनेमि राजा परियाति विद्वान् प्रजां पुष्टिं वर्धयमानो अस्मे स्वाहा ॥ २५ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । स्वराट् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—जो पुरुष (वाजस्य) ज्ञान, बल और ऐश्वर्य को (नु) बहुत शीघ्र (प्रसव) प्राप्त करने, उत्पन्न करने और साधन मे (आ बभूव) समर्थ होता और (इमा च) इन (विश्वा भुवनानि) समस्त लोकों, उनमें उत्पन्न प्राणियों और अधीन शासकपदों के भी (सर्वत आ बभूव च) सब प्रकार से ऊपर उनके शासकरूप से विद्यमान है, वह (विद्वान् राजा) विद्वान्, ज्ञानी राजा (अस्मे) हमें ही (स्वाहा) उत्तम व्यवस्था, नीति और कीर्त्ति से (प्रजाम्) प्रजा और (पुष्टिम्) धन, अन्न और पशुओं की समृद्धि को (वर्धयमानः) बढ़ाता हुआ (सनेमि) अपने सदातन, स्थिर नीति से (परियाति) सबसे ऊपर के पद को प्राप्त हो जाता है । वही हमारा राजा होने योग्य है ॥ शत० ५ ॥ २ । २ । ७ ॥

सोमꣳ राजानमवसेऽग्निमन्वारभामहे । आदित्यान्विष्णुꣳ सूर्यं ब्रह्माणं च बृहस्पतिꣳ स्वाहा ॥ २६ ॥ ऋ० १० । १४१ । ३ ॥

तापस ऋषिः । सोमाग्न्यादित्यविष्णुसूर्यब्रह्मबृहस्पतयो विश्वेदेवाश्च देवताः । अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हम लोग (अवसे) रक्षा के लिये (सोमम्) सौम्य स्वभाव, सबके प्रेरक और (अग्निम्) अग्नि के समान शत्रुतापक या

२५—'विद्वान् रयिं पुष्टिं०' इति काण्व० ॥

२६—'आदित्य वि०' इति काण्व० ॥

प्रकाशवान्, तेजस्वी विद्वान् पुरुष को (राजानम्) राजा (अनु आरभामहे) बड़े सोच विचार के पश्चात् बनावें। और (स्वाहा) उत्तम विद्या और आचार के अनुसार ही (आदित्यान्) ४८ वर्ष के ब्रह्मचारी, आदित्य के समान तेजस्वी विद्वानों को (विष्णुम्) व्यापक, सर्व विद्याओं और राज-व्यवस्थाओं मे व्यापक, विज्ञ या पारगत (सूर्यम्) सूर्य के समान सबको समानरूप से प्रकाश देनेवाले और (ब्रह्माणम्) वेदों के विद्वान् और (बृहस्पतिम्) बृहती वेदवाणी, बृहत् महान् राष्ट्र और बृहत् बड़े बड़े आप्त पुरुषों के पालक पुरुष को भी हम (अनु-आ-रभामहे) अपनी रक्षा के लिये नियुक्त करें, उनको शासक अधिकारी बनावें ॥ शत० ५ । २ । २ । ८ ॥

अ॒र्य्य॒मण॒ं बृह॒स्पति॒मिन्द्र॒ं दाना॑य चोदय। वाच॒ं विष्णु॒ꣳ सर॑स्वती॒ꣳ सवि॒तार॑ं च वा॒जिन॒ꣳ स्वाहा॑ ॥ २७ ॥

ऋ० १० । १४१ । ५ ॥

तापस ऋषिः । अर्यमबृहस्पतीन्द्र-वायु-विष्णु-सरस्वत्यो देवताः । अनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—हे राजन्! तू (अर्यमणम्) पक्षपातरहित, न्यायकारी, (बृहस्पतिम्) वेदादि समस्त विद्याओं के विद्वान्, (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य-वान् इन पुरुषों को (दानाय) दान करने के लिये (चोदय) प्रेरणा कर। न्यायकारी पुरुष उत्तम न्याय दे। बृहस्पति, विद्वान् ज्ञान प्रदान करे और इन्द्र, ऐश्वर्यवान् पुरुष धन दान दे और (वाचम्) वेदवाणी को, (विष्णुम्) व्यापक शक्ति वाले या सकल विद्यापारंगत पुरुष को और (सरस्वतीम्) बहुतसी विद्याज्ञानों को धारण करने वाली स्त्रियों को, (सवितारम्) सबके प्रेरक, आचार्य, सर्वोपदेष्टा पुरुष को और (वाजिनम्) ज्ञानी, बलशाली, ऐश्वर्यवान् पुरुष को (च) भी (स्वाहा) उत्तम सदा-चार नीति से (चोदय) चला ॥ शत० ५ । २ । २ । ६ ॥

अग्ने॒ अच्छा॑ वदे॒ह न॒: प्रति॑ नः सु॒मना॑ भव। प्र नो॑ यच्छ सह॒स्रजि॒त्त्वꣳ हि ध॑न॒दा असि॒ स्वाहा॑ ॥ २८ ॥ ऋ० १० । १४१ । १ ॥

तापस ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् । गांधारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी ! शत्रुतापक ! ज्ञानवान् ! तेजस्विन् ! राजन् ! तू (इह) यहां, इस लोक में, राष्ट्र में (नः) हमें (अच्छा वद) उत्तम उपदेश कर । (नः प्रति सुमनाः भव) हमारे प्रति उत्तम चित्त वाला होकर रह । तू (सहस्रजित्) हजारों युद्धों का विजय करने हारा है । तू (नः प्रयच्छ) हमें ऐश्वर्य प्रदान कर । (त्वं हि) तू निश्चय से (स्वाहा) उत्तम नीति, रीति और कीर्त्ति से ही (नः) हमें (धनदाः असि) धनैश्वर्य का प्रदाता है ॥ शत० ५ । २ । २ । १० ॥

प्र नो॑ यच्छत्वर्य्य॒मा प्र पू॒षा प्र बृह॒स्पति॑: । प्र वाग्दे॒वी द॑दातु न॒: स्वाहा॑ ॥ २९ ॥ ऋ० १० । १४१ । २ ॥

तापस ऋषिः । अर्यमादयो देवताः । भुरिगार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अर्यमा) अर्यमा, न्यायाधीश (पूषा) राष्ट्र का पोषक, सब को वेतनादि देने हारा, भागधुक् नामक वेतनाध्यक्ष या कराध्यक्ष (बृहस्पतिः) वेद का विद्वान् और ये सब (प्रयच्छतु) हमें उत्तम पदार्थ प्रदान करें और (वाग् देवी) वाणी, देवी अथवा विद्या से युक्त (देवी) माता (नः) हमें (स्वाहा) उत्तम रीति से ज्ञान और पुष्टि (प्र ददातु) प्रदान करे ॥ शत० ५ । २ । २ । ११ ॥

दे॒वस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्या॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम् ।

२९—'०बृहस्पतिः प्र सरस्वती । प्र वाग्'० इति काण्व० ।

सरस्वत्यै वाचो यन्तुर्यन्त्रियै दधामि बृहस्पतेष्ट्वा साम्राज्येना-भिषिञ्चाम्यसौ ॥ ३० ॥

तापस ऋषि । सुन्वन् देवता । जगती । निषादः ॥

भा०—(सवितुः देवस्य) सविता देव, सर्वोत्पादक परमेश्वर के (प्रसवे) उत्पन्न किये संसार में, अथवा सर्वप्रेरक, सर्वोत्पादक पुरोहित (देवस्य) विद्वान् के (प्रसवे) विशेष आज्ञा या नियन्त्रण मे मैं (अश्विनो बाहुभ्याम्) शीघ्रगामी सूर्य और चन्द्र के समान या दिन और रात्रि के समान स्त्री पुरुषों की (बाहुभ्याम्) धारण और आकर्षणशील बाहुओ से और (पूष्णः) पोषक वर्ग के (हस्ताभ्याम्) हाथों से और (सरस्वत्यै) सरस्वती, परम विदुषी परिषद् और (बृहस्पते.) महान् वेदवाणी और महान् राष्ट्र के पालन में समर्थ (वाचः यन्तु.) वाणी का नियमन या अभ्यास करने वाले के (यन्त्रियं) उत्तम नियन्त्रण में (त्वा) तुझको (दधामि) स्थापित करता हूं। और (असौ) हे अमुक नाम वाले पुरुष ! (साम्राज्येन) इस महान् साम्राज्य के पदाधिकार सहित तुझको (अभिषिञ्चामि) अभिषिक्त करता हूं ॥ शत० ५ । २ । २ । १३ ॥

अग्निरेकाक्षरेण प्राणमुदजयत् तमुज्जेषमश्विनौ द्व्यक्षरेण द्विपदो मनुष्यानुदजयतां तानुज्जेषं विष्णुस्त्र्यक्षरेण त्रीँल्लोकानुदजयत्ता-नुज्जेषꣳ सोमश्चतुरक्षरेण चतुष्पदः पशूनुदजयत्तानुज्जेषम् ॥३१॥

तापस ऋषि. । अग्न्यादयो मन्त्रोक्ताः देवताः । अत्यष्टि । गान्धारः ॥

भा०—[१] (अग्निः) अग्नि, जिस प्रकार जीव, परमेश्वर (एकाक्षरेण) एक अक्षर ओंकार के बल से और एकमात्र वायु की अक्षय शक्ति से (प्राणम्) प्राण और महाप्राण वायु को (उद् अजयत्) अपने वश करता है, उसी प्रकार मैं राजा स्वयं (अग्नि) अग्नि के समान शत्रुओ

३०—'सम्राड देवता' । द० । 'यन्तुर्येतुर्य दधामि०' शो० । 'षिन्चामीन्द्रस्य त्वा साम्राज्येनाभिषिन्चामि' इति काण्व० ।

को संतापकारी और अग्रणी होकर (एकाक्षरेण) अपने क्षीण होनेवाले, अपार बल से (तम् प्राणम्) उस प्राण को, प्रजा के जीवनाधार अन्न को (उत् जेषम्) अपने वश करू ।

[२] (अश्विनौ) अश्विन्, दिन और रात्रि, सूर्य और चन्द्र, माता और पिता दोनों अपने (द्व्यक्षरे) दो प्रकार का अक्षय बल, प्रकाश, अन्धकार या श्रम और विश्राम, ताप और शीतलता, पराक्रम और प्रेम से (द्विपद मनुष्यान्) दोपाये मनुष्यों को (उद् अजयताम्) अपने वश करते हैं उसी प्रकार मैं राजा दिन रात्रि, सूर्य चन्द्र और माता पिता के समान होकर (द्विपदः मनुष्यान्) दो पाये मनुष्यों को काम और आरम्भ, तीव्रता और सौम्यता, पराक्रम और प्रेम इन दो दो प्रकार के अनश्वर सामर्थ्य से (उत् जेषम्) अपने वश करूं और उनको उन्नत करूं।

[३] (विष्णु) व्यापक प्रकाशवाला सूर्य जिस प्रकार (त्र्यक्षरेण) अपने तीन प्रकार के आदित्य, विद्युत् और अग्नि इन अक्षय बलों या तेजों से (त्रीन् लोकान्) तीनों लोकों को (उद् अजयत्) अपने वश कर रहा है उसी प्रकार मैं भी अपने तीन प्रकार के प्रज्ञा, उत्साह और बल इन तीन अक्षय सामर्थ्यों से (तान् त्रीन् लोकान्) उन उत्तम, मध्यम और निकृष्ट तीनों प्रकार के लोकों को (उत् जेषम्) वश करू ।

[४] सोम) सोम परमेश्वर जिस प्रकार (चतुरक्षरेण) अपने चार अक्षय बल या अ, उ, म् और अमात्र इन चार अक्षरों से (चतुष्पद) चार चरणों वाले एव जाग्रत्, स्वप्न सुषुप्ति और तुरीय इन चार स्वरूप या चार स्थिति वाले (पशून् साक्षात् द्रष्टा जीवात्माओं को (उत् अजयत्) अपने वश करता है उसी प्रकार मैं (सोमः) सर्वैश्वर्यवान्, सबका प्रेरक होकर (चतुरक्षरेण) अपने चार अक्षय बल, चतुरङ्ग सेना या साम, दान भेद और दण्ड इन चार उपायों द्वारा (तान् पशून्) उन पशुओं आदि को, ऐश्वर्यों को या पशुओं के समान प्राणोपजीवी प्रजापुरुषों को (उत् जेषम्) विजय करू ॥ शत० ५ । २ । २ । १७ ॥

पूषा पञ्चाक्षरेण पञ्च दिश उदजयत्ता उज्जेषꣳ सविता षडक्षरेण षड् ऋतूनुदजयत्तानुज्जेषम् । मरुतः सप्ताक्षरेण सप्तग्राम्यान् पशूनुदजयँस्तानुज्जेषम् । बृहस्पतिरष्टाक्षरेण गायत्रीमुदजयत्तामुज्जेषम् ॥ ३२ ॥

[५] (पूषा) सर्व पोषक परमेश्वर या चन्द्र (पञ्चाक्षरेण) अपने पांच अक्षय, अविनाशी और पांच भूतरूप पांच सामर्थ्यों से (पञ्च दिशः) पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, अधः–ऊर्ध्व, इन पांच दिशाओं को अथवा समष्टि जीव संसार में विद्यमान पांच ज्ञानदर्शक, ज्ञानेन्द्रियों को (उद् अजयत्) वश करता है इसी प्रकार मैं राजा (पूषा) स्वयं राष्ट्र की प्रजा का पोषक होकर (पञ्चाक्षरेण) अपने पांचों अक्षय भोग्य सामर्थ्यों से (पन्चदिश उत् जेषम्) पांचों दिशाओं को वश करूं ।

[६] सविता सूर्य या सर्वोत्पादक परमेश्वर (षड्-अक्षरेण) अपने ६ प्रकार के अक्षय बलों से (षड् ऋतून् उद् अजयत्) छहों ऋतुओं को अपने वश करता है उसी प्रकार मैं (सविता) सबको आज्ञापक होकर (षड्-अक्षरेण) अपने छ प्रकार के अक्षर, न द्रवित होनेवाले, सन्धि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय, द्वैधीभाव (षड् ऋतून्) इन छहों ऋतुओं के समान (तान्) राष्ट्र के छः गुणों पर विचार करनेवाले महामात्यों या छहों गुणों पर वश करूं ।

[७] (मरुत) मरुद्गण, प्राणगण जिस प्रकार (सप्ताक्षरेण) सात अक्षय बलों द्वारा (सप्त ग्राम्यान् पशून्) सातों ग्राम्य पशुओं को अपने वश करते हैं उसी प्रकार मैं भी (सप्ताक्षरेण) सातों प्रकार के अक्षों द्वारा (तान्) सातों ग्राम के पशु गौ आदि को एवं ग्राम अर्थात् समूह में विद्यमान शीर्षण्य सातों प्राणों को (उत् जेषम्) वश करूं ।

[८] (बृहस्पतिः) बृहत्–महान् ब्रह्माण्ड का स्वामी परमेश्वर (अष्टाक्षरेण) अपने आठ अक्षय सामर्थ्यों से (गायत्रीम्) आठ अक्षरों

वाली गायत्री के समान अष्टधा प्रकृति से बनी प्राणपालनी-सृष्टि को अपने वश करता है उसी प्रकार मैं राष्ट्रपति आठ अपने सामर्थ्यों से स्वामी, अमात्य, सुहृद्, कोष, राष्ट्र, दुर्ग, बल और भूमि। अथवा आठ महामात्यों से (गायत्रीम् उत् जेषम्) सब राष्ट्र के प्राणों की पालिका पृथिवी को अपने वश करूं।

मित्रो नवाक्षरेण त्रिवृतꣳ स्तोममुदजयत् तमुज्जेषम्। वरुणो दशाक्षरेण विराजमुदजयत्तामुज्जेषमिन्द्र एकादशाक्षरेण त्रिष्टुभमुदजयत्तामुज्जेषम्। विश्वे देवा द्वादशाक्षरेण जगतीमुदजयँस्तामुज्जेषम् ॥ ३३ ॥

[९] (मित्र.) सब का स्नेही, एवं स्नेहपात्र यह मुख्य प्राण (नवाक्षरेण) अपने नव-द्वारों में स्थित अक्षय सामर्थ्य से (त्रिवृतं स्तोमम्) त्रिवृत् स्तोम अर्थात् नव द्वारों में विद्यमान नवों प्राणों को (उद् अजयत्) अपने वश करता है और जिस प्रकार (मित्र.) सर्वस्नेही तपस्वी, ब्राह्मण (नवाक्षरेण) नवों द्वारों में अक्षर अर्थात् अस्खलित रूप से विद्यमान वीर्य द्वारा (त्रिवृत स्तोमम्) त्रिगुण सामर्थ्य से पालन करता है या जिस प्रकार (मित्र) सब का स्नेही परमेश्वर (नवाक्षरेण) अपने अक्षय नव प्रकार के सामर्थ्यों से अष्ट वसु और नव कुमार एवं नवधा दैवसर्गों को (उत् अजयत्) रचता और वश करता है उसी प्रकार मैं (मित्र.) समस्त प्रजा का मित्र राष्ट्रपति राजा (नव-अक्षरेण) अपने नवों प्रकार के अक्षय कोशों से (त्रिवृत स्तोमम्) मौल, भृत्य और मित्र बल तीनों को (उत् जेषम्) वश करूं ॥

[१०] (वरुण) वरुण सर्वश्रेष्ठ परमेश्वर जिस प्रकार (विराजम्) विराट् प्रकृति को (दशाक्षरेण) पाच स्थूल और पांच सूक्ष्म भूतों द्वारा विभक्त करके उसे अपने (उद् अजयत्) वश में रखता है या (वरुणः)

समस्त अंगों के वरण करने में समर्थ योगी अपने दशविध प्राण-बल से अपने (विराजम्) विविध प्रकाशमान् चित शक्ति पर वश करता है या जिस प्रकार 'वरुण' मुख्य प्राण दशविध इन्द्रियों से विराट्=अन्न को अपने भीतर ग्रहण करता है उसी प्रकार मैं विजिगीषु (वरुणः) सब से श्रेष्ठ प्रजा द्वारा राजा वरा जाकर (दश अक्षरेण) अपने दसों प्रकार के दशावरा परिषद् के सदस्यों द्वारा ही (विराजम्) विविध ऐश्वर्यों से प्रकाशमान या राजा रहित राज्यव्यवस्था को या पृथिवी को (उत् जेषम्) वश करूं ॥

[११] (इन्द्रः) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् परमेश्वर जिस प्रकार (एकादश अक्षरेण) अपने ११ रुद्र रूप सामर्थ्यों से (त्रैष्टुभम्) त्रिलोकी को (उद् अजयत्) वश करता है, अथवा (इन्द्र) जीव जिस प्रकार दश इन्द्रिय और ११वां मन इनसे (त्रैष्टुभम्) तीन प्रकार से स्थित मन, इन्द्रिय, शरीर को वश करता है उसी प्रकार मैं (इन्द्र) ऐश्वर्यवान् होकर (एकादश-अक्षरेण) दश सदस्य और ११वां सभापति द्वारा या शत्रुओं को हरानेवाले ११ मुख्य सेनापतियों द्वारा (त्रैष्टुभम्) अपने मित्र, शत्रु, उदासीन इन तीन प्रकार के राजन्य-बलों को (उद् जेषम्) वश करूं ॥

[१२] (विश्वेदेवाः) समस्त देवगण विद्वान् और उनका स्वामी प्रजापति इसी प्रकार जैसे (विश्वे देवाः) समस्त देव:किरणगण और उनका पुञ्ज सूर्य (द्वादश-अक्षरेण) १२ अक्षय शक्ति, १२ मासों से (जगतीम्) जगती इस पृथिवी को अपने वश करते हैं और जिस प्रकार (विश्वेदेवा) समस्त प्राणगण १२ विभागों में विभक्त प्राणों द्वारा गमनशील शरीर को वश रखती है उसी प्रकार मैं (विश्वे देवा) समस्त राजपुरुषों पर अधिकारस्वरूप होकर (द्वादश-अक्षरेण) १२ अक्षय अर्थात् प्रबल सहायकों द्वारा (ताम् उत् जेषम्) उस पृथिवी के ऊपर बसे वैश्यों की व्यवहार नीति को और पृथिवी को वश करूं ।

¹ वसवस्त्रयोदशाक्षरेण त्रयोदशꣳ स्तोममुदजयꣳस्तमुज्जेषम् । रुद्राश्चतुर्दशाक्षरेण चतुर्दशꣳ स्तोममुदजयꣳस्तमुज्जेषम् । ²आदित्याः पञ्चदशाक्षरेण पञ्चदशꣳ स्तोममुदजयꣳस्तमुज्जेषमदितिः षोडशाक्षरेण षोडशꣳ स्तोममुदजयत्तमुज्जेषम् । प्रजापतिः सप्तदशाक्षरेण सप्तदशꣳ स्तोममुदजयत्तमुज्जेषम् ॥ ३४ ॥

तापस ऋषिः । वस्वादयो देवताः । (१) निचृज्जगती । निषादः ।

(२) निचृद् धृतिः । ऋषभः ॥

भा०—[१३] (वसव) गृह बसाने योग्य, २४ वर्ष का ब्रह्मचारी, विद्वान् पुरुष (त्रयोदशाक्षरेण) जिस नव बाह्यद्वार और चार अन्तःकरणों में स्थित अक्षय वीर्य से (त्रयोदशं स्तोमम्) इन १३ हों के समूह इस काम पर (उद् अजयन्) वश करते हैं उसी प्रकार मैं भी राजा, १३ प्रधान पुरुषों के बल से (त त्रयोदशं स्तोमम्) उन १३ विभागों से युक्त राष्ट्र को (उत् जेषम्) वश करूं ।

[१४] (रुद्राः) प्राणों के अभ्यासी, ३६ वर्ष के नैष्ठिक ब्रह्मचारी जिस प्रकार दश बाह्येन्द्रिय और ४ भीतरी अन्त करणों को वश करके (चतुर्दशं स्तोमम् उत् अजयत्) १४ हों के समूह को वश करते हैं उसी प्रकार मैं रुद्ररूप शत्रुओं को रुलाने में समर्थ होकर १४ अध्यक्षों से युक्त राष्ट्र को (उत् जेषम्) वश करूं ।

[१५] (आदित्याः) आदित्य के समान तेजस्वी ४८ वर्ष तक ब्रह्मचर्यपालक विद्वान् पुरुष जिस प्रकार (पञ्चदशाक्षरेण) मेरुदण्ड के चौदह मोहरों और उनमें व्यापक १५ वें वीर्य को सुरक्षित रखकर (पञ्चदश स्तोमम् उदजयन्) १५ के समूह इस मेरुदण्ड को वश करते, उसे खूब दृढ करते हैं उसी प्रकार मैं आदित्य के समान तेजस्वी होकर १५ राष्ट्र के विभागाध्यक्षों के बल से (पञ्चदश स्तोमम्) १५ विभागों से युक्त राष्ट्र को (उत् जेषम्) वश करूं ।

[१६] (अदिति) अखण्ड ब्रह्मचारिणी जिस प्रकार (षोडशाक्षरेण) १६ वर्ष के अखण्ड तप से (षोडशं स्तोमम् उद् अजयत्) १६ वर्ष समूह पर विजय प्राप्त करती है और जिस प्रकार (अदिति) अखण्ड ब्रह्मशक्ति १६ कला समूहों पर वश करती है, उसी प्रकार मैं (अदितिः) अखण्ड शासन से युक्त होकर (षोडशाक्षरेण) १६ सदस्यों द्वारा (षोडशं स्तोमम्) उनसे चलाये गये राज्य-कार्य को (उत् जेषम्) वश करूं ।

[१७] (प्रजापतिः) प्रजा का पालक परमेश्वर (सप्तदशाक्षरेण) १६ कलाओं और १७ वीं ब्रह्मकला के अक्षय बल से युक्त होकर सप्तदशं स्तोमम् उदजयत्) सप्तदश स्तोम, १७ हों शक्तियों के समूह को वश करता है उसी प्रकार मैं (प्रजापतिः) प्रजा का स्वामी राजा होकर १६ अमात्य एवं १७ वीं अपनी मति सहित सबके अक्षर, अखण्ड-बल से (तम्) उस सब पर (उत् जेषम्) वश करूं ।

१	अग्निः	एकाक्षरेण	प्राणम्	उदजयत्
२	अश्विनौ	द्व्यक्षरेण	द्विपद मनुष्यान्	,,
३	विष्णु	त्र्यक्षरेण	त्रीन् लोकान्	,,
४	सोमः	चतुरक्षरेण	चतुष्पद. पशून्	,,
५	पूषा.	पञ्चाक्षरेण	पञ्चदिश.	,,
६	सविता	षडक्षरेण	ऋतून्	,,
७	मरुत	सप्ताक्षरेण	सप्तग्राम्यान् पशून्	,,
८	बृहस्पतिः	अष्टाक्षरेण	गायत्रीम्	,,
९	मित्र	नवाक्षरेण	त्रिवृतं स्तोमम्	,,
१०	वरुण.	दशाक्षरेण	विराजम्	,,

११	इन्द्रः	एकादशाक्षरेण	त्रिष्टुभम्	उदयाचल
१२	विश्वेदेवा	द्वादशाक्षरेण	जगतीम्	,,
१३	वसवः	त्रयोदशाक्षरेण	त्रयोदशं स्तोमम्	,,
१४	रुद्राः	चतुर्दशाक्षरेण	चतुर्दशं स्तोमम्	,,
१५	आदित्याः	पञ्चदशाक्षरेण	पञ्चदशं स्तोमम्	,,
१६	अदितिः	षोडशाक्षरेण	षोडश स्तोमम्	,,
१७	प्रजापतिः	सप्तदशाक्षरेण	सप्तदशं स्तोमम्	,,

एष ते निर्ऋते भागस्तं जुषस्व स्वाहाऽग्निनेत्रेभ्यो देवेभ्यः पुरः सद्भ्यः स्वाहा यमनेत्रेभ्यो देवेभ्यो दक्षिणासद्भ्यः स्वाहा विश्वदेवनेत्रेभ्यो देवेभ्यः पश्चात्सद्भ्यः स्वाहा मित्रावरुणनेत्रेभ्यो वा मरुन्नेत्रेभ्यो वा देवेभ्य उत्तरासद्भ्यः स्वाहा सोमनेत्रेभ्यो देवेभ्य उपरिसद्भ्यो दुवस्वद्भ्यः स्वाहा ॥ ३५ ॥

वरुण ऋषिः । विश्वेदेवा देवता. । निचृदुत्कृतिः । षड्ज ॥

भा०—हे (निर्ऋते) सर्वथा सत्याचरण करनेवाले, सत्यधर्म के पालक राजन् ! अथवा हे (निर्ऋते) पृथिवी ! राष्ट्र ! (एष. ते भागः) यह तेरा भाग है, विभाग है। (तं जुषस्व) उसको तू प्रेम से स्वीकार कर। (स्वाहा) और इस सत्य व्यवस्था को पालन कर। (पुर सद्भ्य) राजसभा में आगे विराजनेवाले (अग्निनेत्रेभ्य.) अग्नि के समान शत्रुतापक, सेनानायक पुरुष को अपने नेता स्वीकार करनेवाले (देवेभ्य) युद्ध विजयी वीर पुरुषों के लिये (स्वाहा) धर्मानुकूल उत्तम अन्न और ऐश्वर्य प्राप्त हो। (दक्षिणासद्भ्य.) दक्षिण की ओर, दायीं ओर विराजनेवाले

३५—अतः पर राजसूयमन्त्राः वरुणदृष्टाः।

(यमनेत्रेभ्यः) दुष्टों के नियन्ता यम को अपने नेता स्वीकार करनेवाले अथवा वायु के समान तीव्रगति वाले, इन युद्ध-विजयी पुरुषों के लिये (स्वाहा) उत्तम अन्न-भाग प्राप्त हो। (विश्वेदेवनेत्रेभ्य देवेभ्य. पश्चात्-सद्भ्य स्वाहा) पीछे या पश्चिम की ओर विराजनेवाले समस्त विद्वानो को अपना नेता या उनके द्वारा अपनी नीति प्रयोग करनेवाले विद्वान् विजयी पुरुषों को उत्तम अन्न ऐश्वर्य प्राप्त हो। (मित्रावरुणनेत्रेभ्यः) शरीर में प्राणापान के समान राष्ट्र में समान, जीवन सञ्चार करनेवाले अथवा मित्र=सूर्य और वरुण=मेघ के समान नीति वाले या मित्र, न्यायाधीश और वरुण, दुष्टवारक पुरुष को अपना नेता स्वीकार करनेवाले (वा) और (मरुत्नेत्रेभ्यः) मरुत् अर्थात् शत्रु-मारण में चतुर पुरुषो को नेता रखनेवाले (देवेभ्यः) विजयी (उत्तरा सद्भ्य) उत्तर दिशा में या बांयीं ओर विराजनेवाले पुरुषों को (स्वाहा) उत्तम अन्न और ऐश्वर्य, योग्य दूत आदि का कार्य प्राप्त हो। (सोमनेत्रेभ्य) सोम सौम्य स्वभाववाले आचार्य, योगी पुरुष को अपने नेता बनानेवाले (उपरिसद्भ्यः) सर्वोपरि विराज-मान (दुवस्वद्भ्यः) ईश्वरोपासना, यज्ञ, विद्याध्ययनादि कार्य आचरण करनेवाले (देवेभ्यः) इन विद्वान् पुरुषो को (स्वाहा) उत्तम अन्न, धन और ज्ञानैश्वर्य प्राप्त हो॥ शत० ५। २। ३॥ ३॥

राजा के राज्यकार्य को पांच विभाग में बांटा जिनके नेता, मुख्य अधिकारी अग्नि, यम, विश्वेदेव, मित्रावरुण, मरुत् और सोम हैं। राज-दर्बार मे उनके पाच भिन्न स्थान हों और पृथ्वी के शासन मे उनके पांच विभाग हों।

ये देवा अग्निनेत्राः पुरःसदस्तेभ्यः स्वाहा ये देवा यमनेत्रा दक्षिणासदस्तेभ्यः स्वाहा ये देवा विश्वदेवनेत्राः पश्चात्सदस्ते-भ्यः स्वाहा। ये देवा मित्रावरुणनेत्रा वा मरुन्नेत्रा वोत्तरासद-

स्तेभ्यः स्वाहा ये देवाः सोमनेत्रा उपरिसदो दुवस्वन्तस्तेभ्यः स्वाहा ॥ ३६ ॥

भा०—(ये) जो (देवा) देव, राज्यकार्य मे नियुक्त विद्वान् पुरुष (अग्निनेत्रा) 'अग्नि' ज्ञानवान्, तेजस्वी पुरुष को प्रमुख रखनेवाले (पुर सद) आगे या पूर्व भाग में विराजते हैं, (तेभ्यः स्वाहा) उनको उत्तम आदर यश प्राप्त हो अथवा (ये अग्निनेत्रा) जो अग्नि, विद्युत् आदि तत्वों को जाननेवाले हैं उनको उत्तम यश, धन, ज्ञानैश्वर्य प्राप्त हो। (ये देवाः यमनेत्रा दक्षिणासद) जो देव, विद्वान् दक्षिण दिशा में विराजमान या बलशक्ति में विराजमान अथवा (यमनेत्रा) अहिंसा आदि यम नियमों मे निष्ठ अथवा पूर्वोक्त शत्रुनियामक मुख्य पुरुष के अधीन हैं (तेभ्य. स्वाहा) उनको उत्तम आदर, यश, अन्न, ऐश्वर्य प्राप्त हो। (ये देवा. विश्वदेवनेत्राः) जो विजयी, विद्वान्, विश्वेदेव अर्थात् प्रजा या प्रजापति को प्रमुख मानने वाले या प्रजाओं के नेता (पश्चात्-सदः) पीछे ये पश्चिम भाग में विराजते हैं (तेभ्य स्वाहा) उनको उत्तम यश और आदर प्राप्त हो। (ये देवा. मित्रावरुणनेत्रा.) जो विद्वान् मित्र और वरुण न्यायाधीश और नगर के पोलीसाध्यक्ष के अधीन (वा) और (मरुत्नेत्रा.) वायु के समान तीव्र चढ़ाई करनेवाले सेनापति के अधीन वीर पुरुष (उत्तरासद) उत्तर दिशा में विराजते हैं (तेभ्य. स्वाहा) उनको उत्तम यश आदर और ऐश्वर्य प्राप्त हो। (ये देवा सोमनेत्रा) जो विद्वान् शासक लोग सोम आचार्य या राजा के अधीन (दुवस्वन्त.) ईश्वरपरिचर्या या ज्ञानाराधना, धर्म, यज्ञ यागादि करते हैं और (उपरिसद) सबसे ऊपर विराजते हैं, (तेभ्यः स्वाहा) उनको उचित आदर, यश, अन्न, धन प्राप्त हो॥ शत० ५। २। ४। ५॥

राज्याभिषेक में, राजसूय में पाचों विभाग में विराजनेवाले प्रतिष्ठितो को

आदर सत्कार, स्वागत, धन, अन्न, ऐश्वर्य देकर मान, प्रतिष्ठा करनी चाहिये। और उनको राज्य में भी उत्तम भूमि और पदाधिकार देने चाहियें।

अग्ने सहस्व पृतना अभिमातीरपास्य।
दुष्टरस्तरन्नरातीर्वर्चो धा यज्ञवाहसि॥ ३७॥

देववात ऋषि । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः॥

भा०—(अभिमातीः) अभिमान और गर्व से भरी हुई शत्रु-सेनाओं को (अपास्य) दूर फेंक कर—परास्त करके हे (अग्ने) अग्रणी अग्नि के समान संतापक तेजस्वी सेनापते! तू (पृतनाः) समस्त संग्रामों और शत्रु-सेनाओं को (सहस्व) बलपूर्वक विजय कर। तू स्वयं (दुः-तरः) दूसरे शत्रुओं द्वारा दुस्तर, अजेय, अवध्य, अपार, दुःसाध्य होकर (अरातीः तरन्) शत्रुओं को नाश करता हुआ (यज्ञवाहसि) परस्पर संगत राजधर्मों और व्यवस्थाओं को धारण करनेवाले राष्ट्र और राष्ट्रपति में (वर्चः धा) तेज और बल का प्रदान कर॥ शत० ५ । २ ४ । १६ ॥

देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्याम्। उपाꣳशोर्वीर्य्येण जुहोमि हतꣳ रक्षः स्वाहा। रक्षसां त्वा वधायावधिष्म रक्षोऽवधिष्मामुमसौ हतः॥ ३८॥

देववात ऋषिः । रक्षोघ्नो देवता । स्वराड् ब्राह्मी बृहती । मध्यमः॥

भा०—हे वीर पुरुष! (सवितुः) सबके उत्पादक, कर्त्ता एवं प्रेरक (देवस्य) देव, राजा के (प्रसवे) ऐश्वर्यमय राज्य में (अश्विनोः बाहुभ्याम्) अश्वियों के बाधक सामर्थ्यों से और (पूष्णः) परिपोषक मित्र राजा के (हस्ताभ्याम्) सब हनन साधनों से और (उपांशोः) उपांशु, प्राणस्वरूप

३८—'०वधिष्म रक्षोऽमुष्यत्वा वधायावधिष्म। जुषाणोऽप्त्वाज्यस्यवेतु स्वाहा।' इति काण्व०।

प्रजापति राजा के (वीर्येण) बल, वीर्य और अधिकार से (रक्षसां) राक्षसों, विघ्नकारियों के (बधाय) विनाश करने के लिये ही (त्वा जुहोमि) तुझे युद्ध-यज्ञ में आहुति देता हूं, भेजता हू । जाओ (स्वाहा) उत्तम युद्ध की शैली से उत्तम कीर्ति और नामवरी सहित (रक्षः) राक्षसों, राज्य के विघ्नकारी लोगों को (हतम्) मारडाला जाय । हे (रक्ष) राक्षस, दुष्ट पुरुष (त्वा) तुझको हमें युद्धस्थल में तुझे (अवधिष्म) नाश करते हैं । इस प्रकार हम (रक्ष) समस्त दुष्ट पुरुषों को (अवधिष्म) विनाश करें । और (असुम् अवधिष्म) हम उस अमुक विशेष शत्रु का नाश करते हैं । इस प्रकार (असौ हतः) वह शत्रु छांट २ कर मारा जाय ॥ शत० ५ । २ । ४ । १७ ॥

स॒वि॒ता त्वा॑ स॒वाना॑ᳬ सुवताम॒ग्निर्गृ॒हप॑तीना॒ᳬ सोमो॒ वन॒स्पती॑नाम् । बृह॒स्पति॒र्वा॒च इन्द्रो॒ ज्यैष्ठ्या॑य रु॒द्रः प॒शुभ्यो॑ मि॒त्रः स॒त्यो वरु॑णो॒ धर्म॑पतीनाम् ॥ ३९ ॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते । अतिजगती । निषाद ॥

भा०—हे राजन् ! तू (सवानां सविता) समस्त ऐश्वर्यों का उत्पादक होने से सविता है । (गृहपतीनाम् अग्नि) गृहस्थों के बीच में उनका अग्नि, ज्ञानवान, अग्रणी नेता एव तेजस्वी है । (वनस्पतीनाम्) वनस्पतियों के बीच में सोम के समान सर्वश्रेष्ठ अथवा वनस्पतियों अर्थात् जनसंघ पतियों के ऊपर उनका अधिष्ठाता, उनका आज्ञापक है । (वाच.) वेद-वाणी का (बृहस्पति) तू बृहस्पति परम विद्वान् प्रवक्ता है (ज्यैष्ठ्याय सबसे उत्कृष्ट पद के प्राप्त करने के कारण तू 'इन्द्र' है । (पशुभ्य.) पशुओं के हित के लिये तू साक्षात् (रुद्र) उनका रोधक, पालक पशुपति है । (सत्यः) सत्यवादी तू (मित्रः) सर्वस्नेही न्यायाधीश है । (धर्मपतीनाम्)

३९—'०प्रसवाना०' । '०रुद्रः पशूना मित्र सत्याय०' इति काण्व० ।

धर्मपालकों में तू (वरुणः) दुष्टो का वारक है। (त्वा) तुझको सब लोग (सुवताम्) राजपद पर अभिषिक्त करें ॥ शत० ५ । ३ । ३ । ११ ॥

इमं देवा असपत्नꣳसुवध्वं महते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इममुमुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानाꣳ राजा ॥ ४० ॥

भा०—(महते क्षत्राय) बड़े भारी क्षात्रबल के लिये (महते ज्यैष्ठ्याय) बड़े भारी सर्वश्रेष्ठ राजपद के लिये (महते जानराज्याय) बड़े भारी जनों के ऊपर राजा होजाने के लिये और (इन्द्रस्य) परम ऐश्वर्यवान् राजा के (इन्द्रियाय) ऐश्वर्यप्राप्ति के लिये (देवाः) विजयी वीरगण और विद्वान् शासक पुरुष (असपत्नम्) शत्रुओं से रहित (इमम्) इस वीर विजयी, योग्य पुरुष को (सुवध्वम्) अभिषिक्त करो। (इमम्) इस (अमुष्य पुत्रम्) अमुक पिता के पुत्र, (अमुष्यै पुत्रम्) अमुक माता के पुत्र को (अस्यै विशे) इस प्रजा के लिये राज्याभिषिक्त किया जाता है। हे (अमी) अमुक २ प्रजाओ ! (वः एषः राजा) आप लोगों का यह राजा (सोम) सोम चन्द्र के समान आह्लादक और सोमलता के समान आनन्द, तृप्ति और हर्षजनक और प्रवर्त्तक है। वह (अस्माकम्) हम (ब्राह्मणानाम्) वेद-ज्ञान के विद्वान् ब्राह्मणों का भी (राजा) राजा है। हमारे बीच में भी शोभायमान हो ॥ शत० ५ । ३ । ३ । १२ ॥

॥ इति नवमोऽध्यायः ॥

इति मीमांसातीर्थप्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये नवमोऽध्यायः ॥

४०—'०महते ज्यैष्ठ्याय इममसु०, ०अमुष्या पुत्र० । एष व. कुरवो राजैष च. पञ्चालानाराजासोमो०' इति काण्व० ।

अथ दशमोऽध्यायः

अथ राज्याभिषेकः

॥ ओ३म् ॥ अपो देवा मधुमतीरगृभ्णन्नूर्जस्वती राजस्व-श्चितानाः । याभिर्मित्रावरुणावभ्यषिञ्चन्याभिरिन्द्रमनयन्नत्य-रातीः ॥ १ ॥

वरुण ऋषि । आपो देवताः । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(देवा) देव, विद्वान् पुरुष (मधुमती अप) मधुर गुण-वाले जलों के समान (मधुमतीः) ज्ञान और बल, क्रियाशक्ति से युक्त (अप) आप्त प्रजाजनों को (अगृभ्णन्) ग्रहण करते हैं। जो स्वयं (ऊर्जस्वतीः) अन्नादि समृद्धिवाले (चितानाः) ज्ञानवाले या विवेक से कार्य करनेवाले हैं और (राजस्वः) राजा को बनाने या उसके अभिषेक करने में समर्थ हैं। (याभिः) जिनके बल से (देवाः) विजिगीषु, विद्वान् पुरुष, (मित्रावरुणौ) मित्र और वरुण दोनों का (अभि अषिञ्चन्) अभिषेक करते हैं। और (याभिः) जिनसे (इन्द्रम्) ऐश्वर्यवान् राजा को (अरातीः) कर न देनेवाले समस्त शत्रुओं के (अति अनयन्) ऊपर विजय प्राप्त कराते हैं ॥ शत० ५ । ३ । ४ । ३ ॥

वृष्णऽ ऊर्मिरसि राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि स्वाहा ।
वृष्णऽ ऊर्मिरसि राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै देहि ।
वृषसेनोऽसि राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि स्वाहा ।
वृषसेनोऽसि राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै देहि ॥ २ ॥

वरुण ऋषि । वृषा देवता । स्वराड् ब्राह्मी पङ्क्तिः । पञ्चम स्वरः ॥

भा०—(१) हे पुरुष ! तू (वृष्ण) बलवान् पुरुष को (ऊर्मि

१—'०वरुणा अभ्य०' इति काण्व० ।

असि) ऊंचे पद पर पहुंचाने में समर्थ है। तू (राष्ट्रदाः) राष्ट्र को देने में समर्थ है । तू (स्वाहा) उत्तम नीतिव्यवस्था से (मे राष्ट्रं) मुझे राष्ट्र, अर्थात् राज्यशक्ति (देहि) प्रदान कर। (वृष्णः) तू सुख वर्षक राज्य का (ऊर्मिः असि) ज्ञाता है, तू (राष्ट्रदाः) राज्य देने में समर्थ होकर (अमुष्मै) अमुक नाम के पुरुष को (राष्ट्रम् देहि) राष्ट्र, राजपद, या राज्याधिकार प्रदान कर ।

(२) हे वीर पुरुष ! तू (वृषसेनः असि) वृषसेन, बलवान्, हृष्ट पुष्ट सेना से युक्त है। तू (राष्ट्रदाः) राज्यशक्ति प्रदान करनेहारा होकर (स्वाहा) उत्तम रीति से (मे राष्ट्रं देहि) मुझको राज्यपद प्रदान कर और इसी प्रकार (वृषसेनः राष्ट्रदाः असि) बलवान् पुरुषों की बनी सेना से युक्त होकर राष्ट्र देने में समर्थ है । (अमुष्मै राष्ट्रम् देहि) अमुक पुरुष को राष्ट्र या राज्य सम्पद् प्रदान कर ।

इस प्रकार मन्त्र के पूर्व भाग से बलवान् और सेनासम्पन्न पुरुषों से राजा बल की याचना करे और उत्तर भाग से पुरोहित उस राजा को राज्यपद प्रदान करने की अनुमति ले। सर्वत्र ऐसा ही समझना चाहिये। इस मन्त्र से तरंग के जलों से राजा को स्नान कराते हैं।

[१]अर्थेत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहार्थेत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्तौजस्वती स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहौजस्वती स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्तापः परिवाहिणी स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहापः परिवाहिणी स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्तापां पतिरसि राष्ट्रदा राष्ट्रं मे [२] देहि स्वाहाऽपां पतिरसि राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै देह्यपां गर्भोऽसि राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि स्वाहाऽपां गर्भोऽसि राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै देहि ॥ ३ ॥

आपः अपापतिश्च देवताः । (१) अतिकृतिः । ऋषभः ।
(२) निचृत् जगती । निषादः ॥

भा०—[राजा] (३) हे (आप) आप्त पुरुषो, प्राप्त समागत प्रजाजनो ! आप लोग (अर्थेत स्थ) अर्थ-विशेष इष्ट प्रयोजन से बलपूर्वक गमन करने में, शत्रु पर चढ़ाई करने में समर्थ है, अतएव आप भी (राष्ट्रदा) राष्ट्र सम्पद् को देने में समर्थ हैं । आप लोग (मे राष्ट्रं स्वाहा दत्तम्) उत्तम रीति से मुझे राष्ट्र, राज्यैश्वर्य प्रदान कीजिये । [अध्वर्यु] हे वीर पुरुषो ! आप (अर्थेत· राष्ट्रदा: स्थ) अर्थ, धन, सम्पत् के बल पर शत्रु पर चढ़ाई करने में समर्थ है । अत. एव राष्ट्र दिलानेहारे हो, आप लोग अमुष्मै राष्ट्रं दत्त) अमुक नाम के योग्य पुरुष को राष्ट्र प्रदान करो ।

इस मन्त्र से बहती नदियों के जल से राजा को स्नान कराते हैं ।

(४) [राजा] (ओजस्वती स्थ राष्ट्रदा·) आप लोग ओजस्वी, विशेष पराक्रमशील और राष्ट्र को देने में समर्थ हैं । (राष्ट्र मे दत्त) मुझे राष्ट्र प्रदान करें । [अध्वर्यु] (ओजस्वती राष्ट्रदा· स्थ) आप लोग ओजस्वी हैं, आप राष्ट्र देने मे समर्थ हैं । (अमुष्मै राष्ट्र दत्त) अमुक योग्य पुरुष को राज्य प्रदान करें । जो जल प्रवाह से विपरीत बहें उन जलों से स्नान कराते हैं ।

(५) [राजा] (परि वाहिणी· राष्ट्रदाः स्थ) हे वीर प्रजाजनों ! आप लोग सब प्रकार से उत्तम सेनाओं से युक्त हो, अतः राष्ट्र प्राप्त कराने में समर्थ हो । आप (मे राष्ट्रम् दत्त) मुझे राष्ट्र प्रदान करो । [अध्वर्यु] हे वीर प्रजाजनो ! आप लोग (परिवाहिणी· राष्ट्रदा स्थ, अमुष्मै राष्ट्र दत्त) सब प्रकार से सेनाओं से युक्त, राज्य प्रदान करने में समर्थ हो । आप अमुक नामक योग्य पुरुष को राज्य प्रदान करो । इस मन्त्र से जो नदियों की शाखाएं फूटकर पुन उनमें जा मिलती हैं उनके जलों से स्नान कराते हैं ।

(६) [राजा] (अपां पति. असि) तू समस्त जलों के समान प्रजाजनों का पालक है । (राष्ट्रदाः राष्ट्रं मे देहि) तू राष्ट्र प्राप्त करानेवाला

है, तू मुझे राष्ट्र प्राप्त करा। [अध्व०] (अपां पतिः असि, राष्ट्रदाः, राष्ट्रम् अमुष्मै देहि) तू समस्त प्रजाओं का पालक है। तू सबका नेता राष्ट्र प्राप्त कराने में समर्थ है। तू अमुक योग्य पुरुष को राष्ट्र प्रदान कर। इस मन्त्र से समुद्र के जल से स्नान कराते हैं ।

(७) [राजा] तू (अपां गर्भः असि, राष्ट्रदाः राष्ट्रं मे देहि स्वाहा) तू प्रजाओं को अपने अधीन अपने साथ रखने में समर्थ है। तू मुझे राष्ट्र अच्छी प्रकार प्राप्त करा। तू मुझे राष्ट्र प्रदान कर। [अध्व०] तू (अपां गर्भ राष्ट्रदाः असि राष्ट्रम् अमुष्मै देहि) प्रजाओं को वश करने में समर्थ है। तू राष्ट्र प्राप्त कराने हारा है। तू अमुक योग्य पुरुष को राज्य प्रदान कर। [इस मन्त्र से निवेष्य अर्थात् नदी के भँवर के जलों से स्नान कराते हैं ॥ शत० ५ । ३ । ४ । ४ ।–११ ॥

[१] सूर्य्यत्वचस स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा सूर्य्यत्वचस स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [२] सूर्यवर्चस स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा सूर्यवर्चस स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त मान्दा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा मान्दा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [३] व्रजक्षित स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा व्रजक्षित स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त वाशा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा वाशा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [४] शविष्ठा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा शविष्ठा स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [५] शक्करी स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा शक्करी स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [६] जनभृत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा जनभृत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त [७] विश्वभृत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रं मे दत्त स्वाहा विश्वभृत स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्तापः स्वराज स्थ राष्ट्रदा राष्ट्रममुष्मै दत्त । [८] मधुमतीर्मधुमतीभिः पृच्यन्तां महि क्षत्रं

क्षत्रियाय वन्वाना॒ऽअनाधृष्टाः सीदत सहौजसो महि क्षत्रं क्षत्रि-याय दधतीः ॥ ४ ॥

वरुण ऋषिः । सूर्यादयो मन्त्रोक्ता देवता॰ । (१) जगती । निषाद । (२) स्वराट् पक्ति । पञ्चम । (३, ४) स्वराड् विकृतिः । मध्यमः । (५) स्वराट् सकृतिः । गान्धार. । (६) भुरिगाकृति. पञ्चम । (७) भुरिक् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(८) हे उत्तम प्रजागणो ! आप लोग (सूर्यत्वचसः स्थ) सूर्य के दीप्तिमान आवरण के समान उज्ज्वल आवरणवाले, धनैश्वर्यवान् तेजस्वी हो । (९) (सूर्यवर्चस॰ स्थ) सूर्य के तेज के समान तेज धारण करनेहारे हो । (१०) (मान्दाः स्थ) सबको आनन्दित, सुप्रसन्न करनेहारे हो । (११) (व्रजक्षित. स्थ) आप लोग गौ आदि पशुओं के समूहों के बीच में निवास करनेहारे हो । (१२) (वाशा. स्थ) आप लोग कान्तिमान और जनों को अपने वश करनेहारे अथवा उत्तम मधुर वचन बोलने और उत्तम सुमधुर गायन या उपदेश करनेहारे वाग्मी हो । (१३) आप लोग (शविष्ठाः स्थ) अति बलवान हो । (१४) आप लोग (शक्करीः स्थ) शक्तिशाली हो । (१५) आप लोग (जनभृतः स्थ) समस्त जनो के कृषि आदि द्वारा, भरण पोषण करने में समर्थ हो । (१६) आप लोग (विश्वभृतः स्थ) विश्व, समस्त प्रजाओं को भरण पोषण करने में समर्थ हो । (१७) आप लोग (स्वराज) स्वय अपने बल से उत्तम पद, प्रतिष्ठा पर विराजमान हो, आप सब नाना उत्तम गुणों को धारण करनेहारे प्रजागण, आप लोग सभी अपने २ सामर्थ्यों से (राष्ट्रदा) राष्ट्र के देने या पालने मे समर्थ हो । (मे राष्ट्रं) मुझे आप

४—म मधुमती० । ०'सहोजसा' इति काण्व० । अतः पर [६ । २६, ४०] पठ्येते । काण्व० ॥

सब लोग राष्ट्र या राज्य का कार्य (स्वाहा) अति उत्तम रीति से सुविचार कर (दत्त) प्रदान करो। हे उपरोक्त नानागुणवाले प्रजागणो ! आप लोग राष्ट्र के देने में समर्थ हो, आप लोग (अमुष्मै) अमुक योग्य पुरुष को (राष्ट्रं दत्त स्वाहा) राज्य प्रदान करते हो। आप सब प्रजाएं (मधुमती.) जिस प्रकार मधुर जल मधुर जलों से मिलकर और मधुर होजाते हैं उसी प्रकार आप लोग (मधुमती) उत्तम वाणी और ज्ञान से युक्त होकर (मधुमतीभि) उत्तम बल और ज्ञान विज्ञानों से युक्त अन्य प्रजाओं से परस्पर (पृच्यन्ताम्) सम्पर्क करो, मिलके एक दूसरे से सत्संग करो। और (क्षत्रियाय) देश को क्षति से त्राण करने, पालन करने में समर्थ पुरुष को आप सब (महि क्षत्रम्) बड़ाभारी पालक बल, वीर्य (वन्वाना) प्रदान करते हुए और स्वयं भी (क्षत्रियाय) बलवान् शूरवीर राष्ट्र को क्षति होने से त्राण करने या बचाने वाले राजा के लिये (महि क्षत्रं दधती.) बड़ा भारी बल सामर्थ्य धारण करती हुई (सहोजसः) उसके समान एक साथ ही पराक्रमी बलशाली होकर (अनाधृष्टा) शत्रुओं से कभी भी पराजित न होनेवाली अजेय होकर (सीदत) इस राष्ट्र में विराजमान रहो। प्रतिनिधिवाद से इन १६ प्रकार की प्रजाओं के द्वारा राज्याभिषेक को निबाहने के लिये कर्मकाण्ड में १६ प्रकार के भिन्न २ प्रकार जलों को ग्रहण किया जाता है। उनसे राजा राणी को सभी अमात्य, पुरोहित, ब्राह्मण, वैश्य एवं प्रजा के भिन्न २ प्रतिनिधिगण बारी २ से स्नान कराते हैं। गौणवृत्ति से ये सब विशेषण उन नाना जलों में भी संगत होते हैं। ये सौलह प्रजाएं राष्ट्रकलश और राजा की १६ कलाएं वा अङ्ग समझनी चाहिये। १६ प्रकार की प्रजाएं और १७ वां राजा स्वयं यह प्रजापति का 'सप्तदश' स्वरूप भी स्पष्ट है ॥ शत० ५ । ३ । ४ । २२–२८ ॥

उक्त १७ प्रकार के राष्ट्रदा जलों के निम्नलिखित रूप से गौणार्थ जानने चाहियें—

(१) (वृष्ण: ऊर्मि.) जल में प्रविष्ट पशु या पुरुष के आगे की तरग के जल, (वृष्ण) सेचन में समर्थ पुरुष का (ऊर्मि.) तरग है ।

(२) उसी पुरुष या पशु के पीछे की तरग का जल (वृषसेनाः असि०) सेचन समर्थ पुरुष की सेना के समान है ।

(३) (अर्थेत स्थ) किसी अर्थ या प्रयोजन अर्थात् यन्त्रचालन आदि में प्रेरित जल ।

(४) (ओजस्वती. स्थ) प्रजा के विपरीत दिशा में लौट के जानेवाले जल विशेष बल से युक्त 'ओजस्वती' हैं ।

(५) (परिवाहिणी स्थ) नदी के मार्ग को छोडकर शाखा फूटकर बहनेवाले जल 'अपयती आप.' कहाते हैं, वे 'परिवाहिणी' हैं ।

(६) (अपापतिः) समुद्र के जल ।

(७) (अपांगर्भो) नदी में पड़े भँवर अर्थात् निवेष्य जिन जलों को अपने गर्भ में लेता है ।

(८) (सूर्यत्वचस) बहते जलों में से जो जल स्थिर हों, सदा घाम में रहते हों ।

(९) धूप के रहते २ जो जल बरसते हों वे 'आतपवर्ष्य' जल कहाते हैं वे (सूर्यवर्चस) 'सूर्यवर्चस्' कहाते हैं ।

(१०) तालाब के जल (मान्दाः) नाना जीवों के प्रमोद हेतु होने से 'मान्द' कहाते हैं ।

(११) कूए के जल (व्रजक्षित) या मेघ के जल 'व्रजक्षित्' कहाते हैं ।

(१२) ओस के बिन्दुओं से सग्रह किये जल (वाशाः) 'वाशा' कहाते हैं ।

(१३) मधु को (शविष्ठाः) 'शविष्ठा' कहा जाता है ।

(१४) गौ के प्रसव के पूर्व गर्भाशय से बाहर आनेवाले जल (शक्करी) 'शक्करी' कहे जाते हैं।

(१५) (जनभृतः) दूध 'जनभृत्' कहाते हैं।

(१६) घृत (विश्वभृतः) 'विश्वभृत' कहाते हैं।

(१७) स्वयं घाम से तपे जल (स्वराजः आपः) 'स्वराज्' कहे जाते हैं।

ये नाम गौणवृत्ति से कहे गये हैं। यज्ञ में या अभिषेक के अवसर पर ये प्रतिनिधिवाद से राज्यपद देनेवाली उत्तम गुणवती प्रजाओं और आप्त पुरुषों के श्लेष से वर्णन किया गया है, और ये नाना जल भिन्न २ गुणों के दर्शक हैं।

सिंहासनारोहण

सोमस्य त्विषिरसि तवेव मे त्विषिर्भूयात्। अग्नये स्वाहा सोमाय स्वाहा सवित्रे स्वाहा सरस्वत्यै स्वाहा पूष्णे स्वाहा बृहस्पतये स्वाहेन्द्राय स्वाहा घोषाय स्वाहा श्लोकाय स्वाहांशाय स्वाहा भगाय स्वाहार्यम्णे स्वाहा ॥ ५ ॥

अग्न्यादयो मन्त्रोक्ता देवताः। भुरिगतिधृति । ऋषभः।

भा०—हे सिंह ! या सिंहासन ! तू (सोमस्य) राजा की (त्विषिः असि) कान्ति या शोभा है। (तव इव) तेरे समान, तेरे अनुरूप ही (मे) मेरी, मुझ राजा की भी (त्विषिः) कान्ति, तेज, शोभा (भूयात्) हो। (अग्नये त्वा) हे राजन् ! तू अग्नि के उत्तम तेज को धारण कर। (सोमाय स्वाहा) हे राजन् ! तुझे सोम राष्ट्र का क्षात्रबल उत्तम रीति से प्राप्त हो। (सवित्रे स्वाहा) समस्त दिव्य तेजों के उत्पादक सूर्य का

५—'सोमस्य त्विषिरस्यग्नये०' 'इन्द्राय स्वाहाशाय स्वाहा श्लोकाय स्वाहा घोषाय स्वाहा भमाय०' इति काण्व० ॥

तेज तुझे भली प्रकार प्राप्त हो। (सरस्वत्यै स्वाहा) सरस्वती, वेदवाणी का उत्तम ज्ञान तुझे प्राप्त हो। (पूष्णे स्वाहा) पुष्टिकारक पशुओं की समृद्धि तुझे प्राप्त हो। (बृहस्पतये स्वाहा) ब्रह्म, वेद के पालक विद्वान् पुरुषों का ज्ञान बल तुझे प्राप्त हो। (इन्द्राय स्वाहा) परम वीर्यवान् राजा का वीर्य तुझे प्राप्त हो। (घोषाय स्वाहा) घोष, सबको आज्ञा प्रदान करने और घोषणा करने का उत्तम अधिकार तुझे प्राप्त हो। (श्लोकाय स्वाहा) समस्त जनों द्वारा स्तुति और यश प्राप्त करने का पद प्राप्त हो। (अंशाय स्वाहा) सबको उचित उनके अंश, धन, भूमि आदि के बांटने का अधिकार तुझे प्राप्त हो। (भगाय स्वाहा) समस्त ऐश्वर्यों का स्वामित्व तुझे प्राप्त हो। (अर्यम्णे स्वाहा) सब राष्ट्र पर स्वामी होकर उनको न्याय प्रदान करने का अधिकार तुझे प्राप्त हो॥ शत० ५ । ३ । ५ । ३—९ ॥

तेजो वा अग्निः। तेजसा एवैनमभिषिञ्चति। क्षत्रं वै सोमः। क्षत्रेणैवैनमेतदभिषिञ्चति। सविता वै देवानां प्रसविता। सवितृप्रसूत एव एनमेतदभिषिञ्चति। वाग् वै सरस्वती। वाचैवैनमेतदभिषिञ्चति। पशवो वै पूषा। ब्रह्म वै बृहस्पतिः। वीर्यं वा इन्द्रः। वीर्यं घोषः। वीर्यं वै श्लोकः। वीर्यं वा अंशः। वीर्यं वै भगः। अर्यम्णे स्वाहा। तदेनमस्य सर्वस्य अर्यमणं करोति॥ शत० ५ । ३ । ५ । ८—६ ॥

अथवा—हे राजन् तू (सोमस्य त्विषि) परम ऐश्वर्य की शोभा है। मुझे भी ऐसी शोभा प्राप्त हो। (अग्नये स्वाहा) विद्युत् आदि के ज्ञान के लिये (सोमाय) औषधि ज्ञान के लिये, (सवित्रे) सूर्यविज्ञान के लिये, (सरस्वत्यै) वेदवाणी के लिये, (पूष्णे) पशु पालन के लिये, (बृहस्पतये) परमेश्वर ज्ञान के लिये, (इन्द्राय) जीव के ज्ञान के लिये, (घोषाय) वाणी, (श्लोकाय) काव्य के गद्यपद्य छन्दोज्ञान के लिये, (अंशाय) परमाणु ज्ञान के लिये, (भगाय) ऐश्वर्यप्राप्ति के लिये, (अर्यम्णे)

न्यायाधीश पद के लिये हे राजन् ! तू उनके योग्य (स्वाहा १२) विज्ञानों का अभ्यास कर ।

अथवा—सूर्य के १२ मासों के जिस प्रकार १२ रूप होते हैं उसी प्रकार अग्नि, सोम आदि भिन्न २ गुणों अधिकारों और सामर्थ्यों के सूचक १२ पद या अधिकार राजा को प्राप्त हों ।

पवित्रे स्थो वैष्णव्यौ सवितुर्वः प्रसवऽउत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः । अनिभृष्टमसि वाचो बन्धुस्तपोजाः सोमस्य दात्रमसि स्वाहा राजस्वः ॥ ६ ॥

वरुण ऋषि । आपो देवता. । स्वराट् ब्राह्मी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे स्त्री पुरुषो ! दोनों प्रकार की प्रजाओ ! तुम (पवित्रे) पवित्र, शुद्धाचरणवाली (स्थ) होकर रहो । तुम दोनों (वैष्णव्यौ) समस्त विद्याओं में निष्णात होओ। अथवा (वैष्णव्यौ) राष्ट्र की व्यापक राज शक्ति के मुख्य अंग होवो। (वः) तुम दोनों को (सवितुः) सर्वोत्पादक परमेश्वर और सर्वप्रेरक राजा के (प्रसवे) बनाये ऐश्वर्यमय जगत् और राजा के राज्य में (अच्छिद्रेण) छिद्र या त्रुटि रहित (पवित्रेण) शुद्ध पवित्र, ब्रह्मचर्य, विद्या, शिक्षा आदि के आचार व्यवहार द्वारा (उत्पुनामि) पवित्राचारवान् करके उन्नत करूं । और (सूर्यस्य रश्मिभिः) सूर्य की किरणों से शुद्ध पवित्र होकर जल जिस प्रकार ऊर्ध्व आकाश में जाता है उसी प्रकार मैं भी शुद्ध, उत्तम शिक्षा आदि द्वारा अपनी प्रजाओं को शुद्ध आचारवान् करके उन्नत पद को पहुंचाऊं। हे राष्ट्र और राष्ट्रवासी प्रजाओ ! तुम (अनिभृष्टम् असि) शत्रु और दुष्ट पुरुषों से कभी सताए न जाओ। और तुम (वाच बन्धुः) वाणी द्वारा परस्पर प्रियभाषण करते हुए एक दूसरे को बन्धु समान प्रेम में बद्ध होकर रहो। आप लोग (तपोजाः) तप, ब्रह्मचर्य, विद्याध्ययन आदि तपों द्वारा अपने

को बढ़ाओ और परिपक्व वीर्यों से सन्तान उत्पन्न करो। आप लोग (सोमस्य) सोम अर्थात् राजा के पद को (दात्रम्) प्रदान करने में समर्थ (असि) हो। (स्वाहा) इसी कारण अपने इस सत्याचरण और व्यवहार से आप (राजस्व) राजा को उत्पन्न करने में समर्थ हो। शत० ५।३।५।१४॥

राजा, स्त्री पुरुष दोनों प्रजाओं को उन्नत करे। दोनों तपश्चर्या करें, बल बढ़ावें और राज्य कार्यों में भाग लें, दोनों राजा का अभिषेक करें।

सधमादो॑ द्यु॒म्निनी॒राप॑ऽए॒ताऽअना॑धृष्टाऽअप॒स्यो॒ वसा॑नाः।
प॒स्त्या॒सु च॑क्रे॒ वरु॑णः स॒धस्थ॑म॒पाᳬशिशु॑र्मा॒तृत॑मास्व॒न्तः ॥७॥

आपो वरुणश्च देवता। विराडार्षी त्रिष्टुप्। धैवत॥

भा०—(एता) ये (आप) आप्त प्रजाएं (सधमाद) समस्त, एक साथ ही आनन्द अनुभव करनेहारी और (द्युम्निनी) धन ऐश्वर्य और बलवीर्य वाली हों। वे (अपस्य) उत्तम कर्म करने में कुशल, (अनाधृष्टा) शत्रुओं से धर्षित और पीड़ित न होकर, एक ही राष्ट्र में (वसाना) रहती हैं। उन (पस्त्यासु) गृह बनाकर रहनेवाली प्रजाओं में (वरुणः) उन द्वारा वरण करने योग्य सर्वोत्तम राजा (अपा शिशु) जलों के भीतर व्यापक अग्नि के समान और (मातृतमासु अन्त) उत्तम माताओं के भीतर जिस प्रकार बालक निर्भय होकर रहता और पालन पोषण पाता है उसी प्रकार राजा उन (मातृतमासु) राजा को सर्वोत्तम रूप से माता के समान मान करनेहारी प्रजाओं के बीच (शिशुः) व्यापकरूप से रहकर उनमें ही (सधस्थम्) अपना आश्रय स्थान (चक्रे) बनाता है और उनके साथ ही रमता है। शत० ५।३।५।१६॥

क्ष॒त्रस्यो॒ल्बम॑सि क्ष॒त्रस्य॑ ज॒राय्व॑सि क्ष॒त्रस्य॒ योनि॑रसि क्ष॒त्रस्य॒ नाभि॑र॒सीन्द्र॑स्य॒ वार्त्र॑घ्नमसि मि॒त्रस्या॑सि॒ वरु॑णस्यासि॒ त्वया॒यं

वृत्रं व॑धेत् । दृवासि॑ रुजासि॑ क्षुमासि॑ । पा॒तैनं॒ प्राञ्चं॒ पा॒तैनं॑ प्र॒त्य॑ञ्चं॒ पा॒तैनं॑ ति॒र्य॑ञ्चं॒ दि॒ग्भ्यः पा॑त ॥ ८ ॥

तार्प्यंपाण्ड्वाधीवासोष्णीषाणि धनुरिषवश्च देवता । स्वराट् कृति । निषाद ॥

भा०—हे राजन् ! तू (क्षत्रस्य) राष्ट्र के क्षात्रबल का (उल्बम् असि) गर्भ की रक्षा करनेवाले आवरण के समान रक्षक है । (क्षत्रस्य जरायु असि) तू क्षात्रबल का जरायु, जेर के समान आवरण है । तू स्वयं (क्षत्रस्य योनिः असि) क्षात्रबल का आश्रय है । तू (क्षत्रस्य नाभि असि) तू क्षात्रबल का केन्द्र है । हे शस्त्र और शस्त्रधारिन् ! तू (इन्द्रस्य) राजा के (वार्त्रघ्नम्) शत्रु नाशक बल स्वरूप है । तू (मित्रस्य वरुणस्य) सर्व स्नेही और शत्रुओं के वारक राजपदाधिकारियों के योग्य अस्त्र शस्त्र (असि) है । (त्वया) तुझ द्वारा (अयम्) यह राजा (वृत्रम्) विघ्नकारी शत्रु को (वधेत्) विनाश करे । तू (दवा असि) शत्रुओं के गढ़ों को तोड़ने हारा है । तू (रुजा असि) बाण के समान शत्रुओं को पीड़ा दायक है । तू (क्षुमा असि) शत्रुओं को कंपा देनेवाली शक्ति है । हे वीर सैनिक पुरुषो ! आप लोग (प्राञ्चं) आगे बढ़ते हुए (एनं) इस राजा की (पात) रक्षा करो । (एनम् प्रत्यञ्चं पात) इसको पीछे जाते की रक्षा करो । (एनं तिर्यञ्चं पात) इसको तिरछे जाते की रक्षा करो । इस राजा को तुम लोग (दिग्भ्यः पात) समस्त दिशाओं से रक्षा करो ॥ शत० ५ । ३ । ५ । २०—३० ॥

इस मन्त्र से राज्याभिषेक के अवसर पर राजा को तार्प्य, पाण्ड्व, अधिवास नामक तीन वस्त्र, एक उष्णीष, धनुष और तीन बाण दिये जाते हैं ।

आवि॒र्मर्या॒ऽआवि॑त्तोऽअ॒ग्निर्गृ॒हप॑ति॒रावि॑त्त॒ऽइन्द्रो॑ वृ॒द्धश्र॑वा॒ऽआवि॑त्तौ मि॒त्रावरु॑णौ धृ॒तव्र॑ता॒वावि॑त्तः पू॒षा वि॒श्ववे॑दा॒ऽआवि॑त्ते द्यावा॑पृथि॒वी वि॒श्वश॑म्भुवा॒वावि॑त्तादि॑तिरु॒रुश॑र्म्मा ॥ ९ ॥

प्रजापतिर्देवता । भुरिगष्टिः । मध्यम ॥

८—०वार्त्रघ्नमसि त्वयाय वृत्र वध्यान् मित्रस्या० । '०क्षुपासि' ।

भा०—हे (मर्त्याः) मनुष्यो ! आप लोगों ने यह (अग्निः) अग्नि, अग्रणी, अग्नि के समान तेजस्वी, (गृहपतिः) गृह के स्वामी के समान राष्ट्रपति, और आप सबके गृहों का पालक (आविः) साक्षात् (आवित्तः) प्राप्त किया है । आप लोग इसे गृहपति के समान अपना स्वामी जानें । आप लोगों को यह (वृद्धश्रवाः) अति प्रभूत धनैश्वर्यसम्पन्न, (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान्, राजा (आविः आवित्तः) साक्षात् विदित एवं प्राप्त हो । (धृतव्रतौ) सब राजव्यवस्थाओं को धारण करनेवाले (मित्रावरुणौ) मित्र, न्यायाधीश और वरुण, बलाध्यक्ष दोनों (आवित्तौ) आप लोगों को साक्षात् विदित हों । (विश्ववेदाः) समस्त धनैश्वर्यवान्, (पूषा) सबको पोषक यह राजा तुम्हें (आवित्तः) प्राप्त हो । तुम लोगों को (विश्वशम्भुवौ) समस्त संसार को कल्याण देनेवाली (द्यावापृथिवी) द्यौ और पृथिवी, माता पिता, (आवित्तौ) सब प्रकार से प्राप्त हों । (उरुशर्मा अदितिः) बहुतों को शरण देनेवाली अखण्ड राजनीति, या पृथिवी या वपन योग्य भूमि, स्त्री भी तुम्हें (आवित्ता) प्राप्त हो । राजा ही तुम्हें ये सब प्राप्त करावे ॥ शत० ५ । ३ । ५ । ३१–३७ ॥

अवेष्टा दन्दशूकाः प्राचीमारोह गायत्री त्वावतु रथन्तरꣳ साम त्रिवृत् स्तोमो वसन्त ऋतुर्ब्रह्म द्रविणम् ॥ १० ॥

भा०—(दन्दशूकाः) मधुमक्खी, ततैये, बर्रे, आदि के समान दुःखदायी प्राणी (अवेष्टाः) नीचे गिराकर मारडाले गये । अब हे राजन् ! तू (प्राचीम्) प्राची दिशा अर्थात् आगे की ओर (आरोह) चढ़, उधर बढ़, (गायत्री) गायत्री छन्द, (रथन्तर साम) रथन्तर साम और (त्रिवृत् स्तोम) त्रिवृत् स्तोम (वसन्त ऋतुः) वसन्त ऋतु और (ब्रह्म द्रविणम्) ब्राह्मण रूप धन (त्वा अवतु) तेरी रक्षा करे ॥ शत० ५ । ४ । १ । १–६ ॥

दक्षिणामारोह त्रिष्टुप् त्वावतु बृहत्साम पञ्चदशस्तोमो ग्रीष्म ऽऋतुः क्षत्रं द्रविणम् ॥ ११ ॥
प्रतीचीमारोह जगती त्वावतु वैरूपꣳ साम सप्तदश स्तोमो वर्षा ऋतुर्विड् द्रविणम् ॥ १२ ॥
उदीचीमारोहानुष्टुप् त्वावतु वैराजꣳ सामैकविꣳशस्तोमः शरदृतुः फलं द्रविणम् ॥ १३ ॥

भा०—(दक्षिणाम् आरोह) दक्षिण दिशा पर चढ़, उस पर आक्रमण या वश कर। (त्रिष्टुप्, बृहत्साम पञ्चदश स्तोम. ग्रीष्मः ऋतुः क्षत्रम् द्रविणम्) त्रिष्टुप्, बृहत् साम, पञ्चदश स्तोम, ग्रीष्म ऋतु और क्षत्रबल रूप द्रविण, धन (त्वा अवतु) तेरी रक्षा करे ॥ ११ ॥

(प्रतीचीम् आरोह) प्रतीची, पश्चिम दिशा की ओर बढ़। (त्वा) तुझको (जगती, वैरूपं साम, सप्तदश स्तोमः, वर्षा ऋतुः, विड् द्रविणम् अवतु) जगती छन्द, वैरूपं साम सप्तदश स्तोम, वर्षा ऋतु, विड् अर्थात् वैश्यरूप धन रक्षा करे।

(उदीचीम् आरोह) उदीची दिशा पर चढ़। वहां (अनुष्टुप् वैराजं साम, एकविंशः स्तोमः, शरद् ऋतुः, फलं द्रविणम्, त्वा अवतु) अनुष्टुप् छन्द, वैराज साम, एकविंश स्तोम, शरद् ऋतु और फल अर्थात् श्रम द्वारा प्राप्त अन्न आदि कृषि तेरी रक्षा करे ॥ शत० ५ । ४ । १ । ४-६ ॥

ऊर्ध्वामारोह पङ्क्तिस्त्वावतु शाक्वररैवते सामनी त्रिणवत्रयस्त्रिꣳशौ स्तोमौ हेमन्तशिशिरावृतू वर्चो द्रविणं प्रत्यस्तं नमुचेः शिरः ॥ १४ ॥

भा०—(ऊर्ध्वाम् आरोह) ऊर्ध्व दिशा की ओर चढ़, उधर आक्रमण कर। (पंक्तिः, शाक्वररैवते सामनी, त्रिनवत्रयस्त्रिंशौ स्तोमौ, हेमन्तशिशिरौ

१४—'०शिशिरा ऋतू' इति काण्व० ।

ऋतू, वर्चः द्रविणम् त्वा अवतु) पंक्ति छन्द, शाक्कर और रैवत साम, त्रिनव और त्रयस्त्रिंश नामक दोनों स्तोम, हेमन्त और शिशिर दोनों ऋतु और वर्चस=तेजरूप धन ये तेरी रक्षा करे। (नमुचेः पापाचार को न छोड़नेवाले का (शिरः) शिर (प्रति अस्तम्) काटकर फेंक दिया जाय। शत० ५ । ४ । १ । ७–६ ॥

(१०–१४)—(१) दन्दशूका —नैते क्रिमयो नाक्रिमयः यद् दन्दशूका । लोहिता इव हि दन्दशूका । श० ५ । ४ । १ । २ ॥ लाल घमूड़ या लाल बर्र दन्दशूक कहाता है, वह बिना प्रयोजन काटता है । उसी के स्वभाव वाले व्यर्थ परपीड़क लोग भी दन्दशूक कहाते हैं।

(२) 'प्राची'—प्राची हि दिग् अग्ने । श० ६ । ३ । ३ । २ ॥ अग्नि नेत्रेभ्यो देवेभ्य पुर सद्भ्य. स्वाहा। यजु० ६ । ३५ ॥ अथैनामिन्द्र प्राच्या दिशि वसव. देवा अभ्यषिञ्चन् साम्राज्याय। ए० ८ । १४ ॥ वसवस्त्वा पुरस्तादभिषिञ्चतु गायत्रेण छन्दसा। तै० २ । ७ । १५ । ५ ॥ तेजो वै ब्रह्मवर्चस प्राची दिक् ॥ ऐ० १ । ८ ॥

(३) 'गायत्री'—सेयं सर्वा कृत्स्ना मन्यमाना अगायत् । यदगायद् तस्मादिय पृथिवी गायत्री। श० ६ । १ । १ । १५ ॥ गायत्रोऽयं भूलोक । कौ० ८ । ६ ॥ गायत्री वसूनां पत्नी। गो उ० २ । ६ ॥ गायत्री वै रथन्तरस्य योनि । ता० १५ । १० । ५ ॥ या द्यौ सा अनुमति· सा एव गायत्री। ऐ० २ । १७ ॥

(४) 'रथन्तरं साम'—अभि त्वा शूर नोनुम (ऋ० ७ । ३२ । २२) इत्यस्यामृचि उत्पन्न साम रथन्तरम्। ऐ० ४ । १३ ॥ सायण । इय वै पृथिवी रथन्तरम्। ऐ० ८ । १ ॥ वाग् वै रथन्तरम् ऐ० ४ । २८ ॥ रथन्तरं वै सम्राट्। तै० १ । ४ । ४ । ६ ॥

(५) 'त्रिवृत् स्तोमः'—वायुर्वा आशुः त्रिवृत् । श० ८ । ४ । १ । ६ ॥ वज्रो वै त्रिवृत् । श० ३ । ३ । ४ । तेजो वै त्रिवृत् तां० २ । १७ । २ ॥ ब्रह्मवर्चसं वै त्रिवृत् । तां० ७ । ६ । ३ ॥

(६) 'वसन्त ऋतुः'—तस्य अग्नेः रथगृत्सश्च, रथौजाश्च सेनानी ग्रामण्यौ इति वासान्तिकौ तावृत् । श० ८ । ६ । १ । १६ ॥ वसन्तो वै ब्राह्मणस्य ऋतुः । तै० १ । १ । २ । ६ ॥

सोमस्य त्विषिरसि तवेव मे त्विषिर्भूयात् ।
मृत्योः पाह्योजोऽसि सहोस्यमृतमसि ॥ १५ ॥

रुक्मः परमात्मा वा देवता । निचृदार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे सिंहासन ! एवं राज्यपद ! हे परमेश्वर तू ! (सोमस्य) सर्वप्रेरक राजा की ही (त्विषिः) कान्ति या शोभा (असि) है । (मे त्विषिः) मेरी शोभा भी (तव इव) तेरे ही समान (भूयात्) हो जाय । हे परमेश्वर ! तू अमृत है, तू (मृत्यो पाहि) मृत्यु से रक्षा कर । (ओज असि, सहः असि अमृतम् असि) तू ओज है । सहस, बल है, तू अमृतस्वरूप है ॥ शत० ५ । ४ । १ । ११–१४ ॥

अथवा—राजा के प्रति प्रजा का वचन है । तू सोम, अधिकारी या राज्य पद के योग्य शोभा है । मुझ प्रजाजन की भी तेरे समान कान्ति हो । हे राजन् ! तू राष्ट्र को मृत्यु से बचा । तू ओज, पराक्रमरूप बलरूप और अमृत है । परमेश्वर के पक्ष में स्पष्ट है ।

हिरण्यरूपा उषसो विरोकऽउभाविन्द्राऽउदिथः सूर्यश्च ।
आरोहतं वरुण मित्र गर्त्तं ततश्चक्षाथामदितिं दितिं च ।
मित्रोऽसि वरुणोऽसि ॥ १६ ॥

मित्रावरुणौ देवते । जगती । निषादः ॥

१६—'इन्द्रा उदित०' इति काण्व० ।

भा०—हे मित्र और हे वरुण ! (उभा) आप दोनों (हिरण्यरूपौ) स्वर्ण के समान तेजस्वी (इन्द्रौ) राजा के समान ऐश्वर्यवान् (उषसः) उषाओं को (विरोके) विशेष प्रकाश द्वारा (सूर्य च) सूर्य और चन्द्र के समान नाना कार्यों और विद्याओं को प्रकाशित करते हुए (उदिथः) उदय होते हो । आप दोनों हे वरुण ! हे मित्र ! (गर्त्तम्) रथ पर और राष्ट्रवासी प्रजाजनों के ऊपर (आरोहतम्) आरूढ होओ और उन पर शासन करो । (ततः) और तब (अदितिम्) अखण्ड राज-व्यवस्था या पृथिवी और (दितिम्) खण्ड २ रूप से विद्यमान समस्त विभक्त व्यवस्था का भी (चक्षाथाम्) उपदेश करो या उनका निरीक्षण करो । हे राजन् ! (मित्रः असि) तू ही स्वयं मित्र, सर्व स्नेही है और (वरुणः असि) तू ही वरुण, सब शत्रुओं को वारण करने में समर्थ है ॥ शत० ५ । ४ । १ । १६-१७ ॥

सोमस्य त्वा द्युम्नेनाभिषिञ्चाम्यग्नेर्भ्राजसा सूर्यस्य वर्चसेन्द्रस्येन्द्रियेण । क्षत्राणां क्षत्रपतिरेध्यति दिद्यून् पाहि ॥ १७ ॥

क्षत्रपतिर्देवता । आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! वीर पुरुष ! (त्वा) तुझको (सोमस्य) सोम, सर्वप्रेरक सर्वश्रेष्ठ राजपद के योग्य (द्युम्नेन) यश और ऐश्वर्य से (अग्नेः) अग्नि या अग्रणी नेता के (भ्राजसा) तेज से और (सूर्यस्य वर्चसा) सूर्य के तेज से और (इन्द्रस्य इन्द्रियेण) इन्द्र, विद्युत् या वायु के बल से (त्वा अभिषिञ्चामि) तेरा अभिषेक करता हूं । हे अभिषिक्त राजन् ! तू (क्षत्राणाम्) वीर्यवान् क्षत्रियों, राजाओं का (क्षत्रपतिः एधि) क्षत्रपति, राजाधिराज होकर रह । (दिद्यून्) प्रजा के नाश करनेवाली सब विपत्तियों को (अति) पार करके प्रजाओं को (पाहि) रक्षा कर । अथवा

१७—०इन्द्रियेण मरुतामोजसा, क्षत्राणां० । इति काण्व० ।

(दिद्यून्) विद्या और धर्म के प्रकाश करनेवाले व्यवहारों और विद्वानों का (अति पाहि) सब कष्टों से पार करके भी रक्षा कर अथवा (दिद्यून्) बाण आदि शस्त्रों की खूब (पाहि) रक्षा कर । उन पर पर्याप्त प्रतिबन्ध रख जिससे वे परस्पर हिंसा का कारण न हों ॥ शत० ५ । ४ । २ । २ ॥

इमं दे॑वाऽअसप॒त्नꣳ सु॑वध्वं मह॒ते क्ष॒त्राय॑ मह॒ते ज्यैष्ठ्या॑य मह॒ते जान॑राज्या॒येन्द्र॒स्येन्द्रि॒याय॑ । इ॒मम॒मुष्य॑ पु॒त्रम॒मुष्यै॑ पु॒त्रम॒स्यै वि॒शऽए॒ष वो॑ऽमी राजा॒ सोमो॒ऽस्माकं॑ ब्राह्म॒णाना॒ꣳ राजा॑ ॥ १८ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ९ । ४० ॥ शत० ५ । ४ । २ । ३ ॥

हे (देवाः) विद्वान् पुरुषो ! आप लोग (इमम्) इस योग्य पुरुष को (महते क्षत्राय) बड़े भारी क्षत्रबल सम्पादन के लिये, (महते ज्यैष्ठ्याय) बड़े भारी उत्तम राज्य प्राप्त करने के लिये, (महते जानराज्याय) बड़े भारी जनराज्य स्थापित करने के लिये और (इन्द्रस्य इन्द्रियाय) इन्द्र-पद के सामर्थ्य प्राप्त करने के लिये (असपत्नं) शत्रु रहित इस वीर पुरुष को (सुवध्वम्) अभिषिक्त करो । (अमुष्य पुत्रम्) असुक पिता के पुत्र, (अमुष्यै पुत्रम्) अमुक माता के पुत्र (इमम्) इसको (अस्यै विशे) इस प्रजा के निमित्त अभिषिक्त करो । हे (अमी) अमुक प्रजाजनो ! (एष वः राजा) यह आप लोगों का राजा है । (एषः सोमः) यह राजा सोम ही (अस्माकं ब्राह्मणानां राजा) हम वेद के विद्वान् ब्राह्मणों का भी राजा है । यह हम विद्वानों को भी अभिमत है ।

प्र पर्व॑तस्य वृष॒भस्य॑ पृ॒ष्ठान्नाव॑श्चरन्ति स्व॒सिच॑ऽइया॒नाः । ताऽआव॑वृत्रन्नध॒रागुद॑क्ता॒ऽअहिं॑ बु॒ध्न्य॒मनु॒ रीय॑माणाः । विष्णो॑र्वि॒क्रम॑णमसि॒ विष्णो॒र्विक्रा॑न्तमसि॒ विष्णोः॑ क्रा॒न्तम॑सि ॥ १९ ॥

देववात ऋषि । विष्णुर्देवता । विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—जिस प्रकार (पर्वतस्य पृष्ठात्) पर्वत या मेघ के पृष्ठ से

(इयाना) निकलनेहारी (नाव) जल-धाराएं बहती हैं । उसी प्रकार (वृषभस्य) नर-श्रेष्ठ राजा के पीठ पर से भी (इयाना) जाती हुई (स्वसिच) शरीर का सेचन करनेवाली (नाव) जलधाराएं अभिषेक काल में (चरन्ति) बहें । (ता.) वे (अधराक् उदक्) नीचे और ऊपर सर्वत्र (बुध्न्यम्) सबके आश्रय में स्थित (अहिम्) अहन्तव्य, वीर पुरुष को पर्वत की जलधाराएं जिस प्रकार उसके मूल भाग को घेरती है उसी प्रकार (रीयमाणा.) घेरती हुईं (ता) वे (आववृत्रन्) उसको घेरें या प्राप्त करें ॥ शत० ५ । ४ । २ । ५, ६ ॥

राजा प्रजा पक्ष में—(नाव) स्तुति करनेवाली प्रजाएं (स्वसिच) स्व अर्थात् धन से राजा को सेचन वृद्धि करनेवाली (पर्वतस्य) पर्वत के समान दृढ एवं (वृषभस्य) वृषभ के समान बलवान् अथवा मेघ के समान सब के काम्य सुखों के वर्षक अति दानशील पुरुष के (पृष्ठात्) पीठ से, उसके आश्रय लेकर (इयाना.) सर्वत्र गमन करती हुई (चरन्ति) विचरण करती हैं । (ता.) वे समस्त प्रजाएं अपने राजा को (बुध्न्यम्) आश्रय-भूत सबके अहन्ता पालक का (अनु रीयमाणा.) अनुगमन करती हुईं उसको (अधराक्) नीचे से और (उदक्) ऊपर से (आववृत्रन्) व्याप्त होकर रहती हैं । उसको घेरे रहती हैं ।

हे पृथिवी तू (विष्णो क्रमणम् असि) व्यापक राजशक्ति का विक्रम करने का स्थान है । हे अन्तरिक्ष ! शासकगण ! तू (विष्णो) वायु के समान बलशाली राजा का (विक्रान्तम् असि) नाना प्रकार के पराक्रमों का स्थान है । हे स्व लोक ! राज्यपद ! तू आदित्य के समान (विष्णो) राजा के पराक्रम का (क्रान्तम् असि) स्थान है ।

प्रजा॑पते॒ न त्वदे॒तान्य॒न्यो विश्वा॑ रू॒पाणि॒ परि॒ ता ब॑भूव । यत्का॑मास्ते जुहु॒मस्तन्नो॑ अस्त्व॒यम॒मुष्य॑ पि॒ता सा॒वस्य॑ पि॒ता व॒यꣳ

स्यांम पतयो रयीणाᳬं स्वाहा। रुद्र यत्ते क्रिवि परं नाम तस्मिन् हुतमस्यमेष्टमसि स्वाहा ॥ २० ॥ ऋ० १० । १२१ । १० ॥

प्रजापतिर्देवता । स्वराड् अतिधृतिः । षड्ज ॥

भा०—हे (प्रजापते) प्रजा के पालक राजन् अथवा परमेश्वर ! (एतानि) इन (ता विश्वा रूपाणि परि) समस्त नाना रूपवाले पदार्थों चर अचर प्राणी शरीरों के ऊपर (त्वत् अन्यः न बभूव) तुझ से दूसरा कोई स्वामी नही है । हम लोग (यत्-कामा) जिस पदार्थ की कामना या अभिलाषा करते हुए (जुहुम.) तुझे कर प्रदान करते और तुझे राजा स्वीकार करते हैं (तत् न अस्तु) वह हमारा प्रयोजन पूर्ण हो । (अयम्) यह राजा (अमुष्य पिता) अमुक बालक का पिता है । (अस्य) और इस राजपद पर आरूढ पुरुष का (असौ पिता) अमुक पुरुष पिता है । हम इस प्रकार तुझको अपना राजा स्वीकार करते हैं । तेरे द्वारा (वयम्) हम सब (स्वाहा) उत्तम व्यवस्था और धर्मानुकूल आचरण द्वारा (रयीणाम्) ऐश्वर्यों के (पतयः स्याम) पालक, स्वामी बनें ॥ शत० ५ । ४ । २ । ६, १० ॥

हे (रुद्र) रुद्र ! सर्व प्रजाओं के पालक और सब प्रजाओं के रोचक, वशीकारक एवं शत्रुओं के रुलानेहारे ! (ते) तेरा (यत्) जो (परं नाम) पर सर्वोत्कृष्ट स्वरूप और नाम (क्रिवि) क्रिवि अर्थात् सब कार्य करने में समर्थ, एवं सबको मारने में समर्थ, सर्व शक्तिमान्, सर्वहन्ता का पद या अधिकार है (तस्मिन्) उस पर तू (हुतम् असि) स्थापित किया गया है । तू (अमा) घर घर में (इष्टम् असि) पूज्य और आदर के योग्य बनाया जाता (असि) है, (स्वाहा) यह सब तेरे उत्तम आचरण और सत्य व्यवस्था का ही परिणाम है ।

२०—तन्नो अस्तु य स्याम०, ०क्रवि पर नाम तस्मै० इति काण्व० ॥

इन्द्रस्य वज्रोऽसि मित्रावरुणयोस्त्वा प्रशास्त्रोः प्रशिषां युनज्मि। अव्यंथायै त्वा स्वधायै त्वाऽरिष्टोऽअर्जुनो मरुतां प्रसवेनं जयापाम मनसा समिन्द्रियेण ॥ २१ ॥

क्षत्रपतिर्देवता । भुरिग् ब्राह्मी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे राजन् ! तू (इन्द्रस्य) परम ऐश्वर्यवान् राजपद का (वज्रः असि) वज्र अर्थात् उस पर विराज कर सब दुष्टों का दलन करनेहारा है। (त्वा) तुझको (मित्रावरुणयो) पूर्व कहे हे मित्र और वरुण, सभाध्यक्ष और सेनाध्यक्ष, न्यायाधीश और बलाध्यक्ष ! (प्रशास्त्रो) इन दोनों उत्तम शासकों के (प्रशिष) उत्तम शासनाधिकार से (युनज्मि) युक्त करता हूं। (त्वा) तुझको (स्वधायै) स्वकीय राष्ट्र के पालन पोषण और उससे अपने शरीर मात्र की भृति प्राप्त करने मात्र के लिये नियुक्त करता हू। तू (अरिष्ट) किसी से भी हिंसित न होकर और (अर्जुन) अति सुशोभित, सुप्रतिष्ठित होकर, अति प्रदीप्त, तेजस्वी होकर (मरुतां) प्रजाओं, वैश्यों या शत्रुओं के मारनेहारे वीरभटों के (प्रसवेन) उत्कृष्ट बल से या (मरुतां प्रसवेन) विद्वानो की आज्ञानुकूल (जय) विजय प्राप्त कर और हम लोग (मनसा) मन से और (इन्द्रियेण) बल से भी (सम् आपाम) तेरे साथ मिले रहें ॥ शत० ५ । ४ । ३ । ५-१० ॥

मा तऽइन्द्र ते वयं तुराषाडयुक्तासोऽअब्रह्मता विदसाम। तिष्ठा रथमधि यं वज्रहस्ता रश्मीन्देव यमसे स्वश्वान् ॥ २२ ॥

ऋ० ५ । ३३ । ३ ॥

सवरण ऋषि । इन्द्रो देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (वज्रहस्त) वज्र, खड्ग को हाथ में लिये हुए राजन् !

२१—०रिष्ट फल्गुनः ०इति काण्व० ।

२२—'मा न इन्द्र' इदि शतपथपाठः । ०यद् वन०, ०युवसे० इति काण्व० ।

तू (तुराषाड्) शीघ्र ही शत्रुओं को पराजय करने में समर्थ होकर (यम् रथम्) जिस रथ पर, रथ के समान राज्यपद पर भी (अधितिष्ठ) अधिष्ठातः होकर विराजता है और हे (देव) राजन् ! जिसके (स्वश्वान्) उत्तम घोड़ो या अश्वों के समान राष्ट्र सञ्चालक उत्तम पुरुषों को (रश्मीन्) उनकी बागडोरों से (यमसे) उनको अपने नियन्त्रण में रखता है (ते) तेरे उस राज्य में (वयम्) हम निवास करें। (ते) तेरे प्रति (अयुक्तासः) अयुक्त अधर्माचरण न करते हुए (अब्रह्मता) वेद और ईश्वरनिष्ठा से रहित होकर या ब्रह्म अर्थात् ज्ञान और अन्न से रहित होकर (मा वि-दसाम) कभी नष्ट न हो ॥ शत० ५ । ४ । ३ । १४ ॥

राजा जिस रथ पर चढ़े उसमें लगे घोड़े भी जिस प्रकार रथ में न लगने के अवसर पर भी चारा पाते है और पाले पोसे जाते हैं उसी प्रकार सब प्रजा के लोग राजा के राज्य मे नियमपूर्वक कार्यों में लगे रहें। वे बेरोज़गार होकर भी (अब्रह्मता) अपराध में, या अन्न-भाव से भूखों न मरें।

अग्नये गृहपतये स्वाहा सोमाय वनस्पतये स्वाहा मरुतामोजसे स्वाहेन्द्रस्येन्द्रियाय स्वाहा । पृथिवि मातर्मा मा हिꣳसीर्मोऽअहं त्वाम् ॥ २३ ॥

लिङ्गोक्ता अग्न्यादयो देवताः । जगती । निषाद ॥

भा०—(गृहपतये) गृहों के पालक या गृह के समान राज्य के पति (अग्नये) अग्नि, अग्रणी या विद्वान् पुरुष का (स्वाहा) हम आदर करें। (वनस्पतये सोमाय स्वाहा) वन=सेना समूह के पालक सोम राजा का हम आदर सत्कार करें। (मरुताम्) शत्रु को मारने मे समर्थ, वायु के समान तीव्रगामी भटो के (ओजसे) बल के लिये (स्वाहा) हम अन्न धनादि को प्रदान करें। (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् राजा के (इन्द्रियाय) बल

२३—०स्वाहा मरुतामोजसे स्वाहा । इति काराव० ।

का हम आदर करें। राजा भी प्रजाजन से कहे—हे (पृथिवि मातः) मातः पृथिवी! पृथिवीवासी जन! (मा) मुझको तू (माहिंसी) विनाश मत कर। और (अहम्) मैं (त्वाम्) तुझको भी (मा) न विनाश करूं। प्रजावासी लोग गृहों के पालक, तेजस्वी, सेनाओं के पालक और बलवान् ऐश्वर्यवान् राजा का आदर करें। वह प्रजा का नाश न करे और प्रजा उसका नाश न करे। इसी प्रकार सामान्यतः भी पुत्र माता को कष्ट न दे। माता पुत्र को कष्ट न दे। विद्वान् गृहपति, वनस्पति आदि सोम ओषधि, प्राणों और विद्वानों और केवल इन्द्र, जीव के इन्द्रियों का उनकी उत्तम विद्या के अनुकूल उपयोग लें॥ शत० ५। ४। ३। १६–२०॥

हꣳसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्। नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजाऽऋतजाऽअद्रिजाऽऋतं बृहत्॥ २४॥ ऋ० ४। ४०। ५॥

वामदेव ऋषिः। सूर्यो देवता। भुरिगार्षी जगती। निषादः॥

भा०—हे राजन्! तू (हंसः) शत्रुओं का नाशक है। तू (शुचिषत्) शुद्ध आचरण और व्यवहार में वर्तमान, निश्छल, निर्लोभ, निष्काम स्वरूप, परायण है। तू (वसुः) प्रजाओं को बसानेहारा है। तू (अन्तरिक्षसत्) अन्तरिक्ष के समान प्रजा के ऊपर रहकर उसका पालन करता है। (होता) राष्ट्र से कर ग्रहण करने और अपने आपको उसके लिये युद्ध-यज्ञ में आहुति देनेवाला है। तू (वेदिषत्) भूमिरूप वेदि में प्रतिष्ठित है, (अतिथिः) राष्ट्र मे राष्ट्रकार्य से बराबर भ्रमण करनेवाला, एवं अतिथि के समान सर्वत्र पूजनीय है। (दुरोणसत्) बड़े २ कष्ट सहन करके पालन योग्य राष्ट्ररूप गृह में विराजमान (नृषत्) समस्त नेता पुरुषों में प्रतिष्ठित, (ऋतसत्) ऋत्=सत्य पर आश्रित, (व्योमसत्) विशेष रक्षाकारी राज-पद पर स्थित, (अब्जाः) अप्=कर्म और प्रजा द्वारा प्रजाओं में विशेषरूप

से प्रादुर्भूत, (गोजाः) पृथ्वी पर विशेष सामर्थ्यवान्, (ऋतजाः) सत्य और ज्ञान से विशेष सामर्थ्यवान्, (अद्रिजा) न विदीर्ण होनेवाले अभेद्य बल से सम्पन्न या उसका उत्पादक और साक्षात् (बृहत्) स्वयं बड़ाभारी (ऋतम्) सत्यरूप बल वीर्य है ॥ शत० ५ । ४ । ३ । २२ ॥

परमात्मा पक्ष में—(हंस) सर्व पदार्थों को संघात करनेवाले, (शुचिषत्) शुद्ध पवित्र पदार्थों और योगियों के हृदयों में और पवित्र गुणों में विराजमान, (अन्तरिक्षसत्) अन्तरिक्ष में व्यापक, (होता) सबका दाता, सबका गृहीता, (अतिथिः) पूज्य, (दुरोणसत्) ब्रह्माण्ड में व्यापक, (नृसत् वरसत्) मनुष्यों में और वरणीय श्रेष्ठ पुरुषों के हृदयों में विराजमान, (व्योमसत्) आकाश में व्यापक, (ऋतसत्) सत्य में व्यापक ज्ञानमय, (अब्जा) जलों का उत्पादक, (गोजाः) गौ, पृथिव्यादि लोको और इन्द्रियों का उत्पादक, (ऋतजा) सत्यज्ञान वेद का उत्पादक (अद्रिजाः) मेघ पर्वतादि का जनक, स्वयं (बृहत् ऋतम्) महान् सत्य-स्वरूप है । अध्यात्म में और सूर्य पक्ष में भी यह लगता है ।

इयदस्यायुरस्यायुर्मयि धेहि युङ्ङसि वर्चोऽसि वर्चो मयि धेह्यूर्गस्यूर्जं मयि धेहि । इन्द्रस्य वां वीर्यकृतो बाहूऽअभ्युपावहरामि ॥ २५ ॥

सूर्यो देवता । आर्षी जगती । निषादः ॥

भा०—हे परमेश्वर ! तू (इयत् असि) इतना बड़ा है । हे जीवन स्वरूप तू (इयत् असि) इतना ही है । तू (आयुः असि) हे देव ! आयुः जीवन स्वरूप है । (मयि आयु धेहि) मुझ में आयु प्रदान कर । तू (युङ् असि) सबको शुभ कार्यों में जोड़नेवाला एवं अपने से मिलाने-हारा है । हे परमेश्वर ! तु (वर्च असि) तेजःस्वरूप है (मयि वर्चः धेहि)

२५—'०देहि०' '०वीर्यकृता उपा०' इति काण्व० ।

मुझे तेज प्रदान कर। (ऊर्क् असि) तू बलस्वरूप है (मयि ऊर्जं धेहि) मुझे बल प्रदान कर। हे सभाध्यक्ष और सेनापते ! मित्र और वरुण ! (वाम्) तुम दोनों ! (वीर्यकृत) सामर्थ्यवान् (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् राजा के (बाहू) दो बाहुओं के समान हो। मैं पुरोहित या राजा तुम दोनों को (अभि उप आहरामि) राजा के समक्ष उसके अधीन स्थापित करता हूं। अथवा—हे राजा और प्रजाजनो वां बाहू इन्द्रस्य अभ्युपा-वहरामि) तुम दोनो के बाहुबल को परमेश्वर के अधीन करता हूं॥ शत० ५। ४। ३। २५–२७॥

स्योनासि सुषदासि क्षत्रस्य योनिरसि। स्योनामासीद सुषदामासीद क्षत्रस्य योनिमासीद ॥ २६ ॥

आसन्दी देवता। भुरिगनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे पृथिवी और हे आसन्दि ! तू (स्योना असि) सुखकारिणी है। तू (सुषदा असि) सुख से बैठने योग्य है। तू (क्षत्रस्य योनि असि) क्षत्र, राष्ट्र के रक्षाकारी बलवीर्य का आश्रय और उत्पत्तिस्थान है। हे राजन् ! तू (स्योनाम् आसीद) सुखकारिणी उस राजगद्दी और इस भूमि पर अधिकारी होकर विराज। (सुषदाम् आसीद) सुख से बैठने योग्य इस गद्दी पर विराज और (क्षत्रस्य योनिम्) क्षात्रबल के परम आश्रयरूप इस गादी पर (आसीद) विराज॥ शत० ५। ४। ४। १–४॥

निषसाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्यास्वा।
साम्राज्याय सुक्रतुः ॥ २७ ॥ ऋ० १। २५। १०॥

शुनःशेप ऋषिः। वरुणो देवता। पिपीलिका मध्या विराड् गायत्री। षड्जः॥

भा०—(धृतव्रत) व्रत, प्रजा पालन के शुभ व्रत और राज्य-व्यवस्था को धारण करनेवाला (सुक्रतु) उत्तम क्रियावान् प्रज्ञावान् (वरुण) सर्वश्रेष्ठ राजा (पस्त्यासु) न्याय-गृहों में और प्रजाओं के

के बीच में (साम्राज्याय) साम्राज्य के स्थापन और उसके सञ्चालन के लिये (आ नि-ससाद) अधिष्ठाता रूप से विराजमान हो ॥ ५ । ४ । ४ । ५ ॥

अभिभूरस्येतास्ते पञ्च दिशः कल्पन्तां ब्रह्मँस्त्वं ब्रह्मासि सवितासि सत्यप्रसवो वरुणोऽसि सत्यौजाऽइन्द्रोऽसि विशौजा रुद्रोऽसि सुशेवः । बहुकार श्रेयस्कर भूयस्करेन्द्रस्य वज्रोऽसि तेन मे रध्य ॥ २८ ॥

यजमानो देवता । धृतिः । ऋषभ ॥

भा०—हे राजन् ! तू (अभिभू असि) शत्रुओं का पराजय करने में समर्थ है । (एता पञ्च दिश) ये पांचों दिशाएं (ते कल्पन्ताम्) तेरे लिये सुखकारी और बल-पुष्टिकारी हों । हे (ब्रह्मन्) महान् शक्तिवाले ! तू (ब्रह्मा असि) महान् शक्ति सम्पन्न, सब का वृद्धिकर है । तू (सत्यप्रसव सविता असि) सत्य ऐश्वर्यवाला, सत्य व्यवहार का उत्पादक 'सविता' है । तू (सत्यौजा । वरुणः असि) सत्य पराक्रमशील वरुण है । तू (विशौजा इन्द्र असि) प्रजाओ के द्वारा पराक्रम करनेहारा 'इन्द्र' है । तू (सुशेव) सुखपूर्वक सेवन करने योग्य (रुद्र' असि) प्रजाओं का रोधक और शत्रुओ को रुलानेहारा एवं ज्ञानोपदेष्टा भी है । हे (बहुकार) बहुत से कार्यों, अधिकारों के निभाने में समर्थ ! हे (श्रेयस्कर) प्रजा के कल्याण करनेवाले ! हे (भूयस्कर) अति अधिक समृद्धि के कर्त्ता ! तू विद्वान् पुरुष ! (इन्द्रस्य) इन्द्र राजा का भी (वज्रः) वज्र है, उसको पापमार्गों से वर्जन करने में समर्थ और उसको ऐश्वर्य पद का प्रापक है । (तेन) उससे (मे) मुझे (रध्य) अपने वश कर । अथवा मेरे लिये राष्ट्र को वशकर ॥ शत० ५ । ४ । ४ । ६—२१ ॥

अग्निः पृथुर्धर्मणस्पतिर्जुषाणोऽअग्निः पृथुर्धर्मणस्पतिराज्यस्य वेतु

२८—अभिभूरस्ययया नाभेतास्ते० । प्रियङ्कर श्रेय० इति काण्व० ।

स्वाहा स्वाहा कृताः सूर्यस्य रश्मिभिर्यतध्वꣳ सजातानां मध्यमेष्ठ्याय ॥ २९ ॥

अग्निर्देवता । स्वराडार्षी जगती । निषाद ॥

भा०—(अग्नि) अग्रणी, दुष्टों का संतापक राजा सूर्य के समान कान्तिमान् (पृथु) बड़ा भारी (धर्मणः पति) धर्म का पालक है। उसी प्रकार वह (अग्नि) राजा भी अग्नि के समान तेजस्वी होकर (पृथु) विशाल शक्ति सम्पन्न होकर (धर्मणः पति) राजधर्म का पालक होकर (स्वाहा) उत्तम, सत्य व्यवहार और व्यवस्था से (आज्यस्य) संग्राम योग्य तेज पराक्रम को (वेतु) प्राप्त करे। हे (स्वाहाकृताः) उत्तम धन, पद, ऐश्वर्य आदि देकर बनाये गये अधिकारी पुरुषो ! आप लोग (सूर्यस्य रश्मिभिः) सूर्य की किरणों से बलवान् होकर जिस प्रकार आंखें देखती हैं उसी प्रकार सूर्य के समान तेजस्वी राजा की (रश्मिभिः) रश्मियों, दिखाये उपायों द्वारा आप लोग (सजातानाम्) इसके समान शक्ति में समर्थ राजाओं के (मध्यमेष्ठ्याय) मध्य में रहकर सम्पादन करने योग्य कार्य करने के लिये (यतध्वम्) यत्न करो ॥ शत० ५ । ४ । ४ । २२,२३ ॥

सवित्रा प्रसवित्रा सरस्वत्या वाचा त्वष्ट्रा रूपैः पूष्णा पशुभिरिन्द्रेणास्मे बृहस्पतिना ब्रह्मणा वरुणेनौजसाग्निना तेजसा सोमेन राज्ञा विष्णुना दशम्या देवतया प्रसूतः प्रसर्पामि ॥ ३० ॥

शुनःशेप ऋषिः । मन्त्रोक्ता देवताः । स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(१) (प्रसवित्रा) समस्त ऐश्वर्यों के उत्पादक, सब कर्मों के प्रेरक (सवित्रा) सविता सूर्य या वायु के समान विद्यमान प्रेरक आज्ञापक और कार्यप्रवर्त्तक के दिव्यगुण से, (२) (सरस्वत्या वाचा) उत्तम विज्ञान युक्त वाणी से, (३) (रूपैः) नाना प्रकार के प्राणियों

२९—०ज्यस्य हविषो वेतु० इति काण्व० ।

की नाना जातियों के द्वारा प्रसिद्ध (त्वष्ट्रा) प्रजापति, त्वष्टा के समान प्रजा और राष्ट्र के पशुओं के नाना भेदों से प्रसिद्ध त्वष्टा या प्रजापति के रूप से, अथवा नाना प्रकार के विविध शिल्पों से उत्पन्न पदार्थों सहित त्वष्टा, शिल्पी से (४) (पशुभिः पूष्णा) पशुओं से युक्त पूषा, या सर्वपोषाक पृथिवी से, (५) ब्रह्मणा वेद के ज्ञान से युक्त (बृहस्पतिना) वाक्पति वेदज्ञ से, (६) (असमे इन्द्रेण) अपने आप स्वयं इन्द्र, राजा रूप से, (७) (ओजसा वरुणेन) पराक्रम से युक्त वरुण से, (८) (तेजसा अग्निना) तेज से युक्त अग्नि से, (९) (राज्ञा सोमेन) राजा स्वरूप सोम से, (१०) (दशम्या) दश संख्यापूर्ण करनेवाले (विष्णुना) व्यापक राजशक्ति रूप या समस्त राष्ट्रमय यज्ञ या प्रजापति रूप विष्णु इन दस (देवतया) देव अर्थात् राजा होने योग्य विशेष गुणों और सामर्थ्यों द्वारा (प्रसूतः) प्रेरित या शक्तिमान् होकर मैं (प्रसर्पामि) आगे उन्नत, उत्कृष्ट मार्ग पर गमन करूं। शत० ५ ॥ ४ । ५ । २ ॥

**अ॒श्विभ्यां॑ पच्यस्व॒ सर॑स्वत्यै॒ पच्य॒स्वेन्द्रा॑य सु॒त्राम्णे॑ पच्यस्व ।
वा॒युः पू॒तः प॒वित्रे॑ण प्र॒त्यङ्क्सोमो॒ अति॑स्रुतः । इन्द्र॑स्य॒ युज्यः॒ सखा॑ ॥ ३१ ॥**

अश्विनावृषी । सोमः क्षत्रपतिर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे पुरुष ! हे राजन् ! तू (अश्विभ्याम्) स्त्री पुरुषों, राजा और प्रजा, गुरु और शिष्य उनके हित के लिये (पच्यस्व) अपने को परिपक्व कर, तप कर अर्थात् उनकी सेवा के लिये श्रम कर, अथवा स्वयं उत्तम माता पिता बनने के लिये श्रम और तप कर। (सरस्वत्यै पच्यस्व) सरस्वती, वेद की ज्ञानवाणी के प्राप्त करने और उन्नति करने के लिये अपने को परिपक्व कर, श्रम और तप कर। (सुत्राम्णे) राष्ट्र की उत्तम रीति से रक्षा करनेहारे (इन्द्राय) परमैश्वर्य्यवान् राजपद

था राज्य-व्यवस्था के लिये (पच्यस्व) स्वयं परिपक्व बलवान् होने का यत्न कर। (वायुः) वायु के समान सर्वत्र गतिशील, यत्नवान् ज्ञानी, (पवित्रेण पूत.) पवित्र आचार व्यवहार और तप से पवित्र होकर (प्रत्यङ्) साक्षात् पूजनीय (सोम.) साम, सौम्यगुणों से युक्त राजा रूप से (अतिस्रुत) सबको लाघ कर सबसे उच्च होजाता है और जिस प्रकार पवित्र करने की विधि से पवित्र होकर (वायु.) व्यापक प्राण शरीर में पुन (सोम) वीर्य बनकर उत्कृष्ट रूप धारण करता है और वह इन्द्र अर्थात् जीव का मित्र होजाता है, अथवा पवित्र आचार से पवित्र होकर वायु या प्राण का अभ्यासी स्वय वायु के समान शुद्ध पवित्र, (सोम) योगी ज्ञानी पुरुष (अतिस्रुत) अति ज्ञानी होजाता है और वह (युज्य) योगी, युक्त होकर (इन्द्रस्य सखा) इन्द्र, परमेश्वर का मित्र बनजाता है, उसी प्रकार पवित्र आचार से पवित्र होकर ज्ञानवान् विद्वान् पुरुष (अति-स्रुत) सबसे बढ़कर (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यवान् राजा का (युज्य.) उच्च पद पर नियुक्त होने योग्य, (सखा) मित्र के समान अमात्य आदि हो जाता है। इसके लिये भी उस पुरुष को परिपक्व होने अर्थात् तप करने की आवश्यकता है ॥ शत० । ५ । ५ । ४ । २०–२२ ॥

कुविदङ्ग यवमन्तो यवं चिद्यथा दान्त्यनुपूर्वं वियूयं । इहेहैषां कृणुहि भोजनानि ये बर्हिषो नमऽउक्तिं यजन्ति । उपयामगृहीतोऽस्यश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णे ॥ ३२ ॥

ऋ० १० । १३१ । २ ॥

काक्षीवत सुकीर्तिर्ऋषि । सोम क्षत्रपतिर्देवता । निचृद् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अङ्ग) हे ज्ञानवान् पुरुष ! (यथा) जिस प्रकार (यवमन्त) जौ के खेतो वाले किसान लोग (यव चित्) जौ को (दान्ति) काटते हैं तब (अनुपूर्वं) क्रम से, नियमपूर्वक उचित उसको (वियूय) विविध

रीतियों से सूप, छाज आदि द्वारा फटक कर तुष आदि से अलग करके बाद में (ये) जो (बर्हिष) वृद्ध प्रजा के योग्य गुरु अतिथि माता पिता आदि वृद्धजन हैं (नमः उक्तिम्) नमस्कार योग्य वचन, आदर सत्कार (यजन्ति) प्राप्त करते हैं उनको ही (इह इह) इस इस स्थान में अर्थात् प्रत्येक स्थान में (एषां) उनको (भोजनानि कृणु) भोजन प्राप्त करा। उसी प्रकार विद्वान् पुरुष (यवमन्त) शत्रुनाशक राजा, सेनापति आदि 'यव' वीर पुरुषों से सम्पन्न होकर (यवम्) पृथक् करने योग्य शत्रु को काट देते हैं और क्रम से उनको (वियूय) पृथक् करके नाश करके राष्ट्र को स्वच्छ कर देते हैं और जो (बर्हिषः) राष्ट्र के परिवर्धक, पालक लोग (नम उक्तिं यजन्ति) हमारे आदर वचनों को प्राप्त करते अथवा (नमः उक्तिम्) शत्रुओं को नमाने या वश करने के वचनों या आज्ञाओं का प्रदान करते हैं (इह इह एषां भोजनानि कृणुहि) उन २ का हे राजन् ! भोजन तू आच्छादन आदिका प्रबन्ध कर।

हे योग्य पुरुष ! तू (उपयामगृहीत: असि) राज्य के उत्तम नियमों और ब्रह्मचर्य सदाचार के नियमों द्वारा सुबद्ध है (त्वा) तुझको (अश्विभ्याम्) माता पिता, राजा और प्रजा के उपकार के लिये नियुक्त करता हूं। (त्वा) तुझको हे योग्य पुरुष ! (सरस्वत्यै) ज्ञानमयी वेद वाणी के अर्जन के लिये नियुक्त करता हूं। हे योग्य पुरुष ! (त्वा) तुझको (सुत्राम्णे इन्द्राय) प्रजाओं की उत्तम रक्षा करने वाले 'इन्द्र' ऐश्वर्यवान् राजपद के लिये नियुक्त करता हूं॥ शत० ५। ५। ४। २४॥

युवꣳसुराममश्विना नमुचावासुरे सचा।
विपिपाना शुभस्पती इन्द्रं कर्मस्वावतम्॥ ३३॥

अश्विनौ देवते। निचृदनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे (अश्विनौ) प्रजा के स्त्री पुरुषो ! अथवा सूर्य चन्द्र के

समान सभापति और सेनापते ! तुम दोनों (नमुचौ) कभी भी न छूटने वाले, अथवा कर्त्तव्य कर्म को न छोड़ने वाले (आसुरे) असुर, बलवान् पुरुष द्वारा किये जाने योग्य मेघ के समान शत्रु पर किये गये शरवर्षा आदि युद्ध कार्य्य में अथवा (नमुचौ) शरीर से कभी न छूटनेवाले (आसुरे) आसुर, भोग विलासादि के कार्य्य मे भी वर्तमान (सुरामम्) अति रमणीय अति मनोहर राजा को (विपिपाना) विविध उपायों से रक्षा करते हुए या (सुरामम् सोमम् विपिपानौ) उत्तम रमणीय 'सोम' राज्य समृद्धि का भोग करते हुए (शुभस्पती) शुभ गुणों के पालक होकर (युवम्) तुम दोनों (कर्मसु) सब कार्यों मे (इन्द्रम्) ऐश्वर्य्यवान् राजा की (आ अवतम्) रक्षा करते रहो ॥ शत० ५ । ५ । ४ । २५ ॥

भोगविलासमय आसुरकर्म नमुचि है । उसको 'अपा फेन' अर्थात् आप्त पुरुषों के शुद्ध स्वच्छ ज्ञानोपदेश से नाश करे । ऐश्वर्य्य जिसको भोग-विलास ग्रसे हुए था उसको भोगविलास से बचाकर रजो विमिश्रित ऐश्वर्य्य का नरनारी आनन्दप्रद भोग करें । तो भी इन्द्र अर्थात् अपने राष्ट्र और राष्ट्रपति की सदा रक्षा करें ।

पुत्रमिव पितरावश्विनोभेन्द्रावथुः काव्यैर्द॒ꣳसनाभिः । यत्सुरामं व्यपिबः शचीभिः सरस्वती त्वा मघवन्नभिष्णक् ॥ ३४ ॥

ऋ० १० । १३१ ॥ ४ ॥

अश्विनौ देवते । भुरिक् पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(पितरौ पुत्रम् इव) जिस प्रकार माता और पिता, पुत्र की रक्षा करते हैं उसी प्रकार (अश्विनौ) राष्ट्र में व्यापक शक्तिवाले सभाध्यक्ष और सेनाध्यक्ष या रक्षक दो घुड़सवार अथवा राष्ट्र के नर और नारीगण (काव्यैः) विद्वान् पुरुषों द्वारा रचे गये (सनाभिः) उपायों

३४—० पितरा अश्विना० इति काण्व० ।

रीतियों से सूप, छाज आदि द्वारा फटक कर तुष आदि से अलग करके बाद में (ये) जो (बर्हिष) वृद्ध प्रजा के योग्य गुरु अतिथि माता पिता आदि वृद्धजन हैं (नमः उक्तिम्) नमस्कार योग्य वचन, आदर सत्कार (यजन्ति) प्राप्त करते हैं उनको ही (इह इह) इस इस स्थान में अर्थात् प्रत्येक स्थान में (एषां) उनको (भोजनानि कृणु) भोजन प्राप्त करा। उसी प्रकार विद्वान् पुरुष (यवमन्त) शत्रुनाशक राजा, सेनापति आदि 'यव' वीर पुरुषों से सम्पन्न होकर (यवम्) पृथक् करने योग्य शत्रु को काट देते हैं और क्रम से उनको (वियूय) पृथक् करके नाश करके राष्ट्र को स्वच्छ कर देते हैं और जो (बर्हिषः) राष्ट्र के परिवर्धक, पालक लोग (नम उक्तिं यजन्ति) हमारे आदर वचनों को प्राप्त करते अथवा (नमः उक्तिम्) शत्रुओं को नमाने या वश करने के वचनों या आज्ञाओं का प्रदान करते हैं (इह इह एषां भोजनानि कृणुहि) उन २ का हे राजन् ! भोजन तू आच्छादन आदिका प्रबन्ध कर।

हे योग्य पुरुष ! तू (उपयामगृहीतः असि) राज्य के उत्तम नियमों और ब्रह्मचर्य सदाचार के नियमों द्वारा सुबद्ध है (त्वा) तुझको (अश्विभ्याम्) माता पिता, राजा और प्रजा के उपकार के लिये नियुक्त करता हूं। (त्वा) तुझको हे योग्य पुरुष ! (सरस्वत्यै) ज्ञानमयी वेद वाणी के अर्जन के लिये नियुक्त करता हूं। हे योग्य पुरुष ! (त्वा) तुझको (सुत्राम्णे इन्द्राय) प्रजाओं की उत्तम रक्षा करने वाले 'इन्द्र' ऐश्वर्यवान् राजपद के लिये नियुक्त करता हूं॥ शत० ५। ५। ४। २४॥

युवꣳसुराममश्विना नमुचावासुरे सचा।
विपिपाना शुभस्पती इन्द्रं कर्मस्वावतम्॥ ३३॥

अश्विनौ देवते। निचृदनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे (अश्विनौ) प्रजा के स्त्री पुरुषो ! अथवा सूर्य चन्द्र के

समान सभापति और सेनापते ! तुम दोनों (नमुचौ) कभी भी न छूटने वाले, अथवा कर्त्तव्य कर्म को न छोड़ने वाले (आसुरे) असुर, बलवान् पुरुष द्वारा किये जाने योग्य मेघ के समान शत्रु पर किये गये शरवर्षा आदि युद्ध कार्य्य में अथवा (नमुचौ) शरीर से कभी न छूटनेवाले (आसुरे) आसुर, भोग विलासादि के कार्य्य में भी वर्तमान (सुरामम्) अति रमणीय अति मनोहर राजा को (विपिपाना) विविध उपायों से रक्षा करते हुए या (सुरामम् सोमम् विपिपानौ) उत्तम रमणीय 'सोम' राज्य समृद्धिका भोग करते हुए (शुभस्पती) शुभ गुणों के पालक होकर (युवम्) तुम दोनों (कर्मसु) सब कार्यों में (इन्द्रम्) ऐश्वर्य्यवान् राजा की (आ अवतम्) रक्षा करते रहो ॥ शत० ५ । ५ । ४ । २५ ॥

भोगविलासमय आसुरकर्म नमुचि है । उसको 'अपां फेन' अर्थात् आप्त पुरुषों के शुद्ध स्वच्छ ज्ञानोपदेश से नाश करे । ऐश्वर्य्य जिसको भोग-विलास ग्रसे हुए था उसको भोगविलास से बचाकर रजो विमिश्रित, ऐश्वर्य्य का नरनारी आनन्दप्रद भोग करें । तो भी इन्द्र अर्थात् अपने राष्ट्र और राष्ट्रपति की सदा रक्षा करें ।

पुत्रमिव पितरावश्विनोभेन्द्रावथुः काव्यैर्दꣳसनाभिः । यत्सुरामं व्यपिबः शचीभिः सरस्वती त्वा मघवन्नभिष्णक् ॥ ३४ ॥

ऋ० १० । १३१ ॥ ४ ॥

अश्विनौ देवते । भुरिक पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(पितरौ पुत्रम् इव) जिस प्रकार माता और पिता, पुत्र की रक्षा करते हैं उसी प्रकार (अश्विनौ) राष्ट्र में व्यापक शक्तिवाले सभाध्यक्ष और सेनाध्यक्ष या रक्षक दो घुड़सवार अथवा राष्ट्र के नर और नारीगण (काव्यैः) विद्वान् पुरुषों द्वारा रचे गये (सनाभिः) उपायों

३४—०पितरा अश्विना० इति काण्व० ।

और प्रयोगों द्वारा हे (इन्द्र) इन्द्र ! राजन् ! तेरी (अवधुः) रक्षा करें। और (यत्) जब तू अपनी (शचीभिः) शक्तियों के बल से (सुरामम्) अति सुन्दर, रमणीय, सुख से स्मरण करने योग्य 'सोम' राज्यपद का (वि-अपिबः) भोगकर रहा हो तब हे (मघवन्) ऐश्वर्यवन् राजन् ! (सरस्वती) विद्या या ज्ञानमयी वाणी के समान सुखप्रदा पत्नी भी (त्वा) तुझे (अभिष्णक्) प्राप्त हो, तुझे सुख प्रदान करे ॥ शत० ५।५।४।२६ ॥

अर्थात्—सभाध्यक्ष, सेनाध्यक्ष राजा को अपने पुत्र के समान नाना उपायों से रक्षा करे और राजा की शक्तियों द्वारा सुरक्षित राष्ट्र रहने पर राजा विदुषी पत्नी से गृहस्थ का सुख भी ले।

॥ इति दशमोऽध्यायः ॥

[तत्र चतुस्त्रिंशदृचः]

इति मीमांसातीर्थप्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये दशमोऽध्यायः ॥

॥ अथ एकादशोऽध्यायः ॥

११—१८ अध्यायाना प्रजापतिः साध्या वा ऋषय ॥

॥ ओ३म् ॥ युञ्जानः प्र॒थ॒मं मन॑स्त॒त्त्वाय॑ सवि॒ता धियः॑ ।
अ॒ग्नेर्ज्योति॑र्नि॒चाय्य॑ पृथि॒व्या॒ऽअध्याभ॑रत् ॥ १ ॥

भा०—(सविता) सर्व-उत्पादक, प्रजापति परमेश्वर (प्रथमम्) सब से प्रथम अपने (मन.) ज्ञान और (धिय) समस्त कर्मों या धारण सामर्थ्यों को (तत्वाय) विस्तृत करके (अग्नेः) अग्नि तत्व से या सूर्य से (ज्योति.) ज्योति, दीप्ति, परम प्रकाश को (निचाय्य) उत्पन्न करके (पृथिव्या अधि) पृथिवी पर (आभरत्) फैलाता है ।

योगी के पक्ष मे—(सविता) सूर्य जिस प्रकार अपने किरणों को फैलाकर अपने भीतरी (अग्ने. ज्योति· निचाय्य) अग्नि तत्व की दीप्ति को एकत्र करके (पृथिव्या अधि आभरत्) पृथिवी पर पहुचाता है उसी प्रकार (युजान) योग समाधि का अभ्यासी आदित्य योगी पुरुष (प्रथमं) सबसे प्रथम (मन.) अपने मनन वृत्ति और (धिय.) ध्यान करने और धारण करने की वृत्तियो को (तत्त्वाय) विस्तार करके अथवा (तत्त्वाय युञ्जानः) तत्व ज्ञान के लिये समाहित या एकाग्र करता हुआ (अग्ने) ज्ञानवान् परमेश्वर के (ज्योति) परम ज्योति का (निचाय्य) ज्ञान करके (पृथिव्या अधि) इस पृथिवी पर, अन्य वासियों को भी (आभरत्) प्राप्त कराता है ॥ शत० ६ । ३ । १ । १२ ॥

अथवा—(सविता) सूर्य के समान तीव्र सात्विक ज्ञानी (प्रथमं) सबसे प्रथम सृष्टि के आदि मे (तत्त्वाय मन धियः युञ्जान.) परम तत्व ज्ञान को प्राप्त करने के लिये अपने मन और बुद्धि वृत्तियो को योग

१—८ सविता ऋषिः । सविता देवता । विराडार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः स्वरः ॥

'तत्वाय' इति उव्वटमहीधरसम्मत पाठ. ।

समाधि द्वारा समाहित, स्थिर, एकाग्र करता हुआ (अग्नेः) परम परमेश्वर के (ज्योति) ज्ञानमय प्रकाश को (पृथिव्याः अधि) पृथिवी पर (आभरत्) प्राप्त करता है, प्रकट करता है। इस योजना से आदित्य के समान अग्नि, वायु, आदित्य, अंगिरा चारों एक ही कोटी के तेजस्वी ज्ञानियों द्वारा वेद-ज्ञान का योग द्वारा साक्षात् करना और पुनः प्रकाशित करना जाना जाता है।

राजा के पक्ष में—(सविता) विद्वान् राज्यकर्त्ता पुरुष अपने मन, ज्ञान और नाना कर्मों को (तत्त्वाय) विस्तृत करके प्रथम जब (युञ्जानः) कर्त्ताओं को नियुक्त करता है तब (अग्नेः) मुख्य अग्रणी, नेता पुरुष के ही (ज्योतिः) पराक्रम और तेज को (निचाय्य) स्थिर करके, उसको प्रबल करके (पृथिव्या अधि आभरत्) पृथिवी पर अधिष्ठाता रूप से फैला देता है।

युक्तेन मनसा वयं देवस्य सवितुः सवे। स्वर्ग्याय शक्त्या ॥ २ ॥

ऋषिदेवते पूर्वोक्ते। शङ्कुमती गायत्री। षड्जः ॥

भा०—(वयम्) हम सब लोग (युक्तेन मनसा) योग द्वारा समाहित, एकाग्र स्थिर (मनसा) चित्त से (सवितु) सर्वोत्पादक (देवस्य) परम देव, परमेश्वर के (सवे) उत्पादित जगत् में (शक्त्या) अपनी शक्ति से (स्वर्ग्याय) परम सुख लाभ के लिये (ज्योति=आभरेम) उस परम ज्ञान को प्राप्त करें।

राजा के पक्ष में—एकाग्र, शुद्ध चित्त से हम प्रेरक राजा के राज्य में अपनी शक्ति से सुखमय राष्ट्र की उन्नति के लिये यत्न करें॥ शत० ६। ३। १। १४॥

युक्त्वाय सविता देवान्त्स्वर्यतो धिया दिवम्।
बृहज्ज्योतिः करिष्यतः सविता प्रसुवाति तान् ॥ ३ ॥

ऋषिदेवते पूर्ववत्। निचृदनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०—(सविता) जगत् के समस्त प्रकाशमान पदार्थों को उत्पन्न करनेवाला परमेश्वर (स्वः यतः) सुख और प्रकाश और ताप को प्राप्त करने या देनेवाले (देवान्) विद्वानो, एवं दिव्य गुणो, सूक्ष्म दिव्य तत्वों को (धिया) अपनी धारण शक्ति और क्रिया शक्ति से (दिवम्) तेज के साथ (युक्त्वाय) युक्त करके बाद (बृहत् ज्योतिः करिष्यतः) बड़े भारी प्रकाश या विज्ञान को पैदा करनेवाले (तान्) उनको (प्रसुवाति) उत्तम रीति से प्रेरित करता है। उसी प्रकार (सविता) वैज्ञानिक पदार्थों का उत्पादक विद्वान् पुरुष (दिवं स्व यत.) प्रकाश और सुख या ताप उत्पन्न करनेवाले (देवान्) दिव्य सूक्ष्म उन तत्वो को जो (बृहत् ज्योतिः करिष्यत.) बड़े २ भारी प्रकाश या विज्ञानसिद्ध कार्य को करने मे समर्थ हैं उनको (प्रसुवाति) उत्पन्न करे, प्रेरित करे, सयोजित करे ॥ शत० ६ । ३ । ११ । १५ ॥

योगी के पक्ष में—सविता, आदित्य-योगी (स्व. यत. देवान्) सुख या परमानन्द की तरफ जानेवाले इन्द्रियरूप प्राणो या साधनो को (दिवम्) प्रकाशस्वरूप परमेश्वर के साथ (युक्त्वाय) योग द्वारा समाहित करके (सविता) सूर्य के समान या प्रजापति के समान बृहत् (ज्योति. करिष्यत तान् प्रसुवाति) कालान्तर में महान् ज्योति को साक्षात् कराने मे समर्थ उनको प्रेरित करे।

परमेश्वर के पक्ष में—सविता परमेश्वर सुख और (दिवम्) मोक्ष की तरफ जानेवाले (देवान् (विद्वानों को अपने (धिया) ज्ञान से युक्त करके (बृहत् ज्योति) महान् ब्रह्म तेज का सम्पादन करनेवाले उनको (प्रसुवाति) और भी उत्कृष्टरूप से प्रेरित करता है।

राजा के पक्ष में—प्रेरक, आज्ञापक सेनापति अपनी बुद्धि मे सुख और तेज को प्राप्त (देवान्) विजयेच्छु पुरुषो और विद्वानों को स्थान २ पर

नियुक्त करके (बृहत् ज्योति.) बड़े भारी वीर्य बल या राज्य के वैभव को बनाने या देनेवाले उनको (सविता) प्रेरक आज्ञापक राजा (प्रसुवाति) उत्तम रीति से चलाता है । इतिदिक् ।

युञ्जते मन॑ऽउ॒त युं॑ञ्जते॒ धियो॒ विप्रा॒ विप्र॑स्य बृह॒तो वि॑प॒श्चितः॑ ।
वि होत्रा॑ दधे वयुना॒विदेक॒ऽइन्म॒ही दे॒वस्य॑ सवि॒तुः परि॑ष्टुतिः

॥ ४ ॥ ऋ० ५ । ८१ । १ ॥

जगती । निषाद. ॥

भा०—(विप्रा) ज्ञान को विशेष रीति से पूर्ण करने वाले (होत्रा) दूसरो को ज्ञान देने और अन्यों से ज्ञान ग्रहण करनेवाले मेधावी, विद्वान् पुरुष (बृहतः) बड़े भारी (विपश्चित) ज्ञानके संग्रही, सकल विद्याओं के भण्डार के समान स्थित, परमगुरु (विप्रस्य) विशेष रूप से समस्त संसार को अपने ज्ञान से पूर्ण करने हारे परमेश्वर के प्राप्त करने के लिये (मनः) अपने मनको उसमें (युन्जते) योगाभ्यास द्वारा एकाग्र कर उसका चिन्तन करते हैं (उत) और (धियः) अपनी धारण समर्थ वृत्तियो को भी (युन्जते) उसीसे जोड़ते है और उससे ज्ञान प्राप्त करते हैं । वह (विप्रः) पूर्ण ज्ञानवान् परमेश्वर (एक इत्) एक ही ऐसा है जो (वयुनावित्) समस्त प्रकार के विज्ञानों को जानने हारा होकर संसार को (विदधे) विविध रूपमें बनाता और विविध शक्तियों से धारण करता है । हे विद्वान् पुरुषो ! (सवितुः) उस सर्वोत्पादक (देवस्य) ज्ञान-प्रकाशस्वरूप, समस्त अर्थों के द्रष्टा और प्रदाता परमेश्वर की (मही) बड़ी भारी (परिष्टुतिः) सत्य वर्णन करने वाली वेदवाणी या बडी भारी स्तुति या महिमा है ॥ शत० ६ । २ । ३ । १६ ॥

इसी प्रकार जिस पूर्ण विद्वान् के पास अन्य ज्ञानपिपासु लोग मन और बुद्धियो को एकाग्र कर विद्याभ्यास करते हैं । वह सविता आचार्य्य समस्त ज्ञानो को जानता है । उसकी बड़ी महिमा है ।

युजे वां ब्रह्म पूर्व्यं नमोभिर्वि श्लोकऽएतु पथ्येव सूरेः।
शृण्वन्तु विश्वेऽअमृतस्य पुत्राऽआ ये धामानि दिव्यानि तस्थुः
॥ ५ ॥ ऋ० १० । १३ । १ ॥

विराडार्षी । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे स्त्री पुरुषो ! और हे गुरुशिष्यो ! हे राजा प्रजाजनो ! (वाम्) आप दोनों के हित के लिये मैं विद्वान् पुरुष (नमोभिः) उत्तम आत्मा को विनय सिखानेवाले उपायों द्वारा, (पूर्व्यं ब्रह्म) पूर्ण योगिजनों, ऋषियों से साक्षात् किये गये (ब्रह्म) ब्रह्मज्ञान को, वेद को या परमेश्वर को (युजे) अपने चित्त में एकाग्र होकर साक्षात् करूं और आप लोगों को उसका उपदेश करूं। वह (श्लोकः) सत्यवाणी से युक्त, वेद ज्ञान अथवा सत्य ज्ञान से युक्त, विद्वान् अथवा (सूरः श्लोकः) सूर्य के समान विद्वान् का वह (श्लोक.) ज्ञानोपदेश (वां) आप दोनों के लिये पथ्या इव) उत्तम मार्ग के समान (वि एतु) विविध उद्देश्यों तक पहुंचे। (ये) जो (दिव्यानि) दिव्य ज्ञानमय (धामानि) तेजों, प्रकाशों को या उच्च स्थानों, पदों को (आतस्थुः) प्राप्त हैं उन लोगों से हे (विश्वे पुत्रा) समस्त पुत्रजनो ! आप लोग (अमृतस्य) उस अमृतस्वरूप परमेश्वरविषयक ज्ञान का (शृण्वन्तु) श्रवण करो ॥ शत० ६ । २ । ३ । १७ ॥

यस्य प्रयाणमन्वन्य इद्ययुर्देवा देवस्य महिमानमोजसा।
यः पार्थिवानि विममे सऽएतशो रजांसि देवः सविता महित्वना ॥ ६ ॥ ऋ० ५ । ८१ । ६३ ॥

जगती । निषादः ॥

भा०—(यस्य देवस्य) जिस देव के (ओजसा) वीर्य से पराक्रमपूर्वक किये गये (प्रयाणम्) प्रकृष्ट या गमन के (अनु) पीछे पीछे

(अन्ये देवाः) अन्य देव, विद्वान्‌गण (इत्) भी (ययु) गमन करते हैं और जिसके (महिमानम् अनुययु) महान् सामर्थ्य का अन्य विद्वान् अनुकरण करते हैं और (य.) जो (पार्थिवानि) पृथिवी पर प्रसिद्ध (रजांसि) समस्त लोको को (महित्वना) अपने महान् सामर्थ्य से (विममे) विविध प्रकार से बनाता है। (स.) वह (एतश) सर्व जगत् मे व्यापक (देव.) प्रकाशस्वरूप देव ही (सविता) सविता, सबका उत्पादक है ॥ शत० ६ । २ । ३ । १८ ॥

राजा के पक्ष में—(यस्य देवस्य प्रयाणम् अनु) जिस देव, राजा के प्रयाण अर्थात् विजय यात्रा के पीछे (अन्ये देवाः ययु) और राजा लोग गमन करते हैं (ओजसा) बल पराक्रम से जिसके (महिमानम् अनु ययुः) महान् सामर्थ्य को भी वे अनुकरण करते है, जो पृथिवी के समस्त जनो को अपने (महित्वना) बड़े भारी बल से (विममे) वश करता है, (सः एतशः) वह सूर्य के समान तेजस्वी (देव) राजा (सविता इत्) 'सविता' कहा जाता है।

देव॑ सवितः प्रसु॑व य॒ज्ञं प्रसु॑व य॒ज्ञप॑तिं॒ भगा॑य। दि॒व्यो ग॑न्ध॒र्वः के॑त॒पूः केत॑ नः पुनातु वा॒चस्पति॒र्वाचं॑ नः स्वदतु ॥ ७ ॥

यजु० अ० ९ । १ ॥

आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ९ । मं० १ ॥

हे (देव सवितः) सूर्य के समान सर्व कार्यों के प्रवर्त्तक तेजस्वी पुरुष ! विद्वान् ! तू (यज्ञं) सुखप्रद राष्ट्र व्यवस्था को (यज्ञपतिम्) राष्ट्र के पालक राजा को (भगाय प्रसुव २) ऐश्वर्य को प्राप्त करने के लिये उत्कृष्ट मार्ग पर चला। (दिव्यः) विजय करने मे समर्थ, उत्तम गुणवान् (गन्धर्वः) पृथ्वी या वाणी का पालक, सबको ज्ञान से पवित्र करने

वाला (नः केत पुनातु) हमारे ज्ञान को सदा पवित्र निर्मल बनाये। (वाच. पति) वाणी, वेद का रक्षक विद्वान् (नः) हमें (वाचं स्वदतु) वेदवाणी को आनन्दप्रद रीति से आस्वादन करावे॥ शत० ६। २। ३। १९॥

इमं नो देव सवितर्यज्ञं प्रणय देवाव्यꣳ सखिविदꣳ सत्राजितं धनजितꣳ स्वर्जितम्। ऋचा स्तोमꣳ समर्धय गायत्रेण रथन्तरं बृहद्गायत्रवर्त्तनि स्वाहा॥ ८॥

शक्करी। धैवत॥

भा०—हे (देव सवित·) देव! विद्वन्! सवित! सर्व प्रेरक! तू (इमम्) इस (न. यज्ञम्) हमारे यज्ञ को, राष्ट्र को, यज्ञ=प्रजापति राजा को भी (देवाव्यम्) विद्वानो का रक्षक, (सखिविदम्) मित्रो का प्राप्त करनेवाला, (सत्राजितम्) सत्य की उन्नति करनेवाला या युद्धविजयी, (धनाजितं) धनैश्वर्य के विजय करनेवाला और (स्वर्जितम्) सुख के बढ़ानेवाला (प्रणय) बना या उसको उत्तम मार्ग पर चला। (स्तोम) स्तुति करने योग्य पुरुष या राष्ट्र को (ऋचा) ऋग्वेद के ज्ञान से (सम् अर्धय) समृद्ध कर। (गायत्रेण) ब्राह्म-बल से (रथन्तरं) रथों के बल पर तरण करनेवाले क्षात्रबल को और (गायत्रवर्त्तनि) ब्राह्म-बल पर अपने मार्ग बनानेवाले (बृहत्) बड़े भारी राष्ट्र को (स्वाहा) उत्तम व्यवस्था और ज्ञानोपदेश से (समर्धय) समृद्ध कर॥ शत० ६। २। ३। २०॥

[१] अध्यात्म मे—गायत्र. प्राण·। ता० २६। १६। ५॥ वाग् वै रथन्तरम्। ता० ७। ६। २६॥ अर्थात् प्राण के बल से वाणी को समृद्ध करो। मनो वै बृहत्। तां० ७। ६। १९॥ (गायत्रवर्त्तनि बृहत् स्वाहा समर्धय) प्राणमार्ग से चलनेवाले मन को उत्तम प्राणायाम विधि से समृद्ध बलवान् करो।

[२] भौतिक विज्ञान में—अग्निर्गायत्री, गायत्रो वा अग्निः । कौ० १ । ७ ॥ इयं पृथिवी रथन्तरम् । अग्नि, विद्युत् आदि के बल से पृथ्वी को समृद्ध करो, अग्नि के द्वारा पृथिवी के यन्त्र कला कौशल आदि सम्पन्न करो और (गायत्रवर्तनि) अग्नि के द्वारा जलने वाले (बृहत्) बड़े २ कार्य सम्पन्न करो।

[३] तेजो वै रथन्तरम् । तां० १५ । १० । ६ । रथन्तरं वै सम्राट् तै० । १ । ४ । १ । ६ ॥ गायत्रो वै ब्राह्मणः । ऐ० ६ । २८ ॥ गायत्री ब्रह्मवर्चसं । तै० २ । ७ । २ । ३ । वीर्यं वै गायत्री । तां० ७ । ३ । १३ ॥ वीर्हतोऽसौ स्वर्गो लोकः । गो० पू० ४ । १२ ॥ पशवो बृहती । कौ० १७ । २॥ अर्थात् ब्राह्मण-बल से सम्राट् को समृद्ध करो और उनके दिखाये मार्ग पर बड़ा भारी राष्ट्र समृद्ध हो । दूसरे ब्रह्मचर्य, से तेज बढ़ा कर और ब्रह्मचर्य के द्वारा ही पशुओं की वृद्धि करो। इत्यादि नाना पत्तों के अर्थ जानने चाहियें ॥

देवस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॑ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम् । आ द॑दे गाय॒त्रेण॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वत्पृ॑थि॒व्याः स॒धस्था॑द॒ग्निं पु॑री॒ष्य॒मङ्गिर॒स्वदाभ॑र॒ त्रैष्टु॑भेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वत् ॥ ६ ॥

भुरिगति शक्करी । पञ्चमः ॥

भा०—हे वज्र ! हे वज्र धारक, राष्ट्र के बलधारिन् क्षत्रपते ! (त्वा) तुझको (सवितुः) सूर्य के समान देव, राजा या परम विद्वान् के (प्रसवे) शासन में रह कर ' अश्विनोः बाहुभ्याम् ' प्राण और उदान, स्त्री पुरुषों, राजा प्रजा के बाहुओं बाधक बलों से और पूष्णः) पोषणकारी राजा के (हस्ताभ्याम्) हाथों से (आददे) ग्रहण करता हूं । (गायत्रेण छन्दसा) गायत्र च्छन्द से, (अंगिरस्वत्) अंगारों के समान जाज्वल्यमान (पुरीष्यम् अग्निम्) पुरीष्य अग्नि को (पृथिव्याः) पृथिवी के आश्रय पर (आभर)

प्राप्त कर और इसी प्रकार (त्रैष्टुभेन छन्दसा) त्रैष्टुभ छन्द से अंगारे के तुल्य अग्नि को स्वयं (अंगिरस्वत्) अगारों के समान विद्याप्रकाश से प्रकाशमान होकर (आभर) प्राप्त करा ॥ शत० ६ । २ । ३ । ३८ । ३९ ॥

(१) (गायत्रेण छन्दसा अंगिरस्वत् पुरीष्यमग्निम् आभर)—गायत्रीऽयं भूलोकः । कौ० ८ । ६ ॥ इमे वै लोकाः गायत्रम् । तां० ७ । ३ । ६ ॥ यद् गायन्नत्रायत तद् गायत्रस्य गायत्रत्वम् । जै० उ० ३ । ३८ । ४ ॥ अंगिरो हि अग्निः । श० १ । ४ । १ । (पुरीष्यम्) पुरीष्य इति वै तमाहुर्य श्रियं गच्छति । श० २ । १ । १ । ७ ॥ पुरीषं वा इयं पृथिवी । श० १२ । ५ । २ । ५ ॥ यत् पुरीषं स इन्द्र । ५ । १० । ४ । १ । ७ ॥ देवा पुरीपम् । श० ८ । ७ । ४ । १७ । प्रजाः पुरीपम् श० ६ । ७ । १६ । पशवः पुरीपम् । अर्थात् (गायत्रेण छन्दसा) पृथिवीलोक अर्थात् उसके निवासियों के अपने अभिलापा के द्वारा अथवा विद्वान् पुरुषों की अनुमति से (पुरीष्यम्) इन्द्रपद के योग्य, ऐश्वर्यवान्, प्रजा, पशु और विद्वानों के हितकारी (अङ्गिरस्वत्) अग्नि और अंगारों के समान तेजस्वी पुरुष को (आहर) राजारूप से प्राप्त करा । कहा से प्राप्त करें ? (पृथिव्याः सधस्थात्) पृथिवी पर एकत्र निवास करनेवाले जन समुदाय में से ही । वह पुरुष किस प्रकार अग्नि के समान तेजस्वी रहे ? (त्रैष्टुभेन छन्दसा अंगिरस्वत्) वज्रः त्रिष्टुप् । कौ० ३ । २१ । शत० ६ । ३ । २ । ३९ ॥ त्रिष्टुप् इन्द्रस्य वज्रः । ऐ० २ । २ ॥ वलं वै वीर्यं त्रिष्टुप् । कौ० ७ । २ ॥ त्रैष्टुभो वै राजन्यः । क्षत्रं त्रिष्टुप् । कौ० ३ । ५ ॥ या राका सा त्रिष्टुप् । ऐ० ३ । ४७ । ४८ ॥ हे राजा वज्र, आयुधवल और राजशक्ति या पूर्णिमा के समान सर्वप्रिय, सर्वाङ्ग पूर्ण शासक शक्ति के (छन्दसा) स्वरूप से (अंगिरस्वत्) अग्नि सूर्य और विद्युत् के समान तेजस्वी हो ।

अग्निरसि नार्यसि त्वया वयमग्निꣳ शकेम खनितुꣳ सधस्थ आ। जागतेन छन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ १० ॥

अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे वज्र ! तू (अग्नि· असि) तू अग्नि, पृथ्वी खोदने वाले यन्त्र के समान तीक्ष्ण स्वभाव, एवं शत्रुके बीचमें विना किसी रोक के घुस जाने मे समर्थ है । तुझे कोई भी रोकने में समर्थ नही है । अत तू (नारी असि) तू नारी, स्त्री के समान सर्वकार्यसाधिका एवं सर्वथा शत्रु रहित या नेता पुरुषो द्वारा बनी हुई सेना या सभा रूप है । (त्वया) तुझसे (वयम्) हम (सधस्थे) इसी समान आश्रय स्थान सभाभवन मे जिसमें हम और हमारे प्रतिद्वन्द्वी एवं अधीन लोग भी रहते हैं उस स्थान में (अग्निम्) सोने के समान दीप्तिमान् पदार्थों को जिस प्रकार रम्भी या कुदाली से (खनितुं शकेम) खोद या पा सकते हैं उसी प्रकार हम लोग (त्वया) तुझ अप्रतिहत वीर्यवाली सेना या सभा से (अग्निम्) अग्रणी पुरुष या अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को प्राप्त करे । वह अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष किस प्रकार हो ? वह (जागतेन छन्दसा) जागत छन्द वैश्यबल से (अंगिरस्वत्) अग्नि के समान तेजस्वी ऐश्वर्यवान् है ॥ शत० ६ । ३ । १ । ४१ ॥

(१) 'जागतेन छन्दसा'—जगती गततमं छन्दः । जज्जगतिर्भवति । चिप्रगतिः जज्मला कुर्वन् आसृजते इति ब्राह्मणम् । दे० य० ३ । १७ ॥ जगती हि इयं पृथिवी । श० २ । २ । १ । १० ॥ जगत्य ओषधय. । श० १ । २ । २ । २ ॥ पशवो वै जगती । गो० पु० ५ । ५ ॥ जागतोऽश्व. प्राजापत्यः । तै० ३ । ८ । ८ । ४ ॥ जागतो वै वैश्य । ऐ० १ । २८ ॥ द्वादशाक्षरपदा जगती । तां० ६ । ३ । १२ ॥ अष्टाचत्वारिंशदक्षरा जगती । जगत्यादित्यानां पत्नी। गो० उ० २ । ६ ॥ जागतो वा एष य एष सूर्यः तपति।

बलं वै वीर्यं जगती। कौ० ११। २ ॥ जागत श्रोत्रम्। तां० २०। १६। ५ ॥ जागता वै ग्रावाण.। कौ० २६। १ ॥ अर्थात् (१) युद्धसें तीव्रगति से राजा तेजस्वी बने। (२) इस पृथिवी के राज्य से बलवान् हो। (३) पशु, ओषधि और अश्वादि सेना द्वारा प्रजाका पालक होकर तेजस्वी हो। (४) वैश्यों की समृद्धि, व्यापार, १२ पदाधिकारियो की सगठित सभा, सूर्यके समान प्रखरता, बल, वीर्य द्वारा तेजस्वी हो और श्रोत्र द्वारा ज्ञान प्राप्त करके ज्ञानवान् हो।

अध्यात्ममें—वाणी अग्नि है। वेदवाणी के अभ्यास से हम विद्वानो को प्राप्त करें। और वह (जागतेन छन्दसा) ४८ वर्ष के आदित्य ब्रह्मचर्य से तेजस्वी हो।

हस्तऽआधाय सविता बिभ्रदभ्रिꣳ हिरण्ययीम्। अग्नेर्ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्याऽअध्याभरदानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वत् ॥ ११॥

सविता देवता। आर्षी पक्ति.। पञ्चमः ॥

भा०—(सविता) शिल्पी जिस प्रकार (हिरण्ययीम्) लोहे की चमकती हुई (अभ्रिम्) कुदाली को (हस्ते आधाय) हाथ मे लेकर (पृथिव्याः) पृथिवी के गर्भ से (अग्ने. ज्योति) अग्नि के मूलभूत ज्योतिर्मय सुवर्ण आदि पदार्थ को (अधि आभरत्) खनकर प्राप्त करता है। उसी प्रकार पूर्वोक्त सर्व प्रेरक सविता विद्वान् (हिरण्ययीम्) सुवर्णमय बल, तेज से बने वज्र या सेनाबल को अपने हाथ मे रखकर (पृथिव्या अधि) पृथिवी के निवासियों में से ही (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष के (ज्योतिः) वीर्य, अर्थात् बलानुसार अधिकार सामर्थ्य को (निचाय्य) उत्पन्न कर (अधि आभरत्) प्राप्त करता है। वह अग्रणी पुरुष किस प्रकार तेजस्वी हो ? वह (आनुष्टुभेन छन्दसा) आनुष्टुभ छन्द से (अङ्गिरस्वत्) अग्नि के अङ्गारों के समान तेजस्वी हो ॥ शत० ६। २। १ ॥

'आनुष्टुभेन छन्दसा'—अनुष्टुप् अनुस्तोभनात् । दे० ३ । ७ ॥ ष्टुभ स्तम्भे । भ्वादिः । यस्याष्टौ ता अनुष्टुभम् । कौ० ६ । २ ॥ द्वात्रिंशदक्षरानुष्टुप् । कौ० २६ । १ ॥ अनुष्टुम्मित्रस्य पत्नी । गो० उ० २ । ६ ॥ वाग् अनुष्टुप् । कौ० ५ । ६ ॥ ज्यैष्ठ्यं वा अनुष्टुप् । तां० ८ । ७ । ३ ॥ प्रजापतिर्वा अनुष्टुप् । ता० ४ । ८ । ६ ॥ आनुष्टुभः प्रजापति । तै० ३ । ३ । २ । १ ॥ यस्य ते (प्रजापतेः) अनुष्टुप् छन्दोऽस्मि । ऐ० ३ । १२ ॥ अनुष्टुप् सोमस्य छन्दः । कौ० १५ । २ ॥ विश्वेदेवाः आनुष्टुभं समभरन् । जै० उ० १ । १८ । ७ ॥ आनुष्टुभो राजन्यः । तै० १ । २ । ८ । २ ॥ सत्यानृते वा अनुष्टुप् । तै० १ । २० । १० । ४ ॥ आनुष्टुभी रात्रि । ऐ० ४ । ६ ॥ उदीची दिक् । श० ८ । ३ । १ । १२ ॥ वृष्टिः । तां० १२ । ८ । ८ ॥ अर्थात् शत्रुके स्तम्भन करने वाले बलसे, अष्टप्रधाना अमात्य परिषद् से, मित्र अर्थात् मरण से त्राणकारी बलसे, राजा की पालनी शक्ति से, सब से बड़े पद से, प्रजापति के पद से, सबके रमणकारिणी, सत्य और अनृत के विवेक शक्ति से राजा तेजस्वी हो । विद्वान् पुरुष वाणी के अभ्यास से, ३२ वर्ष के ब्रह्मचर्य से तेजस्वी बने ।

प्रतूर्त्तं वाजिन्नाद्रव वरिष्ठामनु संवतम् । दिवि ते जन्म परममन्तरिक्षे तव नाभिः पृथिव्यामधि योनिरित् ॥ १२ ॥

नाभानेदिष्ट ऋषिः । वाजी देवता । आस्तारपङ्क्तिः । पञ्चम ॥

भा०—हे (वाजिन्) ज्ञान और बलसे युक्त ! विद्वन् राजन् ! वीर ! तू (प्रतूर्तं) अश्व जिस प्रकार अच्छी भूमि में बड़े वेग से जाता है इसी प्रकार (वरिष्ठा) सबसे श्रेष्ठ (संवतम्) सेवन करने योग्य पदवी को (प्रतूर्तम्) अति वेगसे, (आ द्रव) प्राप्त कर । (ते) तेरी (दिवि) तेजस्विता में, ज्ञानप्राप्ति में और विजय में या विद्वानों की बनी राजसभा में ही (परमम् जन्म) परम, सर्वोत्कृष्ट प्रादुर्भाव होता

है । (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष या वायु जिस प्रकार सब संसार पर आच्छादित है उसी प्रकार प्रजा के ऊपर पक्षपात रहित होकर सबका सुखादि देकर पालन करने के कार्य मे (ते नाभिः) तेरा बन्धन अर्थात् नियुक्ति की जाती है । और (पृथिव्याम् अधि) पृथिवी पर (तव) तेरी (योनिः) आश्रयस्थान है । अर्थात् पृथिवी की प्रजाओ में ही राजा का परम आश्रय है । प्रजा के आश्रय पर राजा स्थित है । भौतिक विज्ञानपक्षमे—हे विद्वन् शिल्पिन् ! शिल्पविद्या में तुम्हारा उत्तम प्रादुर्भाव है। अन्तरिक्ष मे तुम्हारी (नाभिः) स्थिति है । पृथिवी पर आश्रय है । तू विमानों द्वारा शीघ्र गति से जाने मे समर्थ हो ॥ शत० ६ । ३ । २ । २ ॥

युञ्जाथा॑ᳬ रास॑भं यु॒वम॒स्मिन् यामे॑ वृषण्वसू ।
अ॒ग्निं भर॑न्तमस्म॒युम् ॥ १३ ॥

कुश्रिर्ऋषिः । रासभो देवता । गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (वृषण्वसू) समस्त सुखों के वर्षक और सबको बसाने वाले स्त्री पुरुषो या विद्वान् गणो ! (युवम्) तुम दोनो (याने) गमन करने मे समर्थ रथ में जिस प्रकार (रासभम्) शब्द और दीप्त से युक्त अग्नि का शिल्पी लोग प्रयोग करते है उसी प्रकार, हे (वृषण्वसू) प्रजा पर सुख वर्षण करनेहारे वीर पुरुषो और हे वसो ! वासशील प्रजाजन (युवं) आप लोग (अस्मिन् यामे) इस राज्य की नियम व्यवस्था मे (अस्मयुम्) हमें मुख्य उद्देश्य तक पहुंचाने में समर्थ या हमें चाहने वाले हमारे प्रिय हितैषी, (भरन्तम्) राष्ट्र के भरणपोषणकारी या कार्य्य संचालन करनेहारे (रासभम्) विज्ञानोपदेश से प्रकाशमान, (अग्नि) ज्ञानवान् पुरुष को (युञ्जाथाम्) उत्तम पदपर नियुक्त करो । अथवा (अग्नि भरन्तम्= हरन्तं) अग्निके समान तेजस्वी विजिगीषु राजा को और सन्मार्ग पर लेजानेहारे विद्वान् पुरुष को नियुक्त करो ॥ शत० ६ । ३ । २ । ३ ॥

योगेयोगे तवस्तरं वाजेवाजे हवामहे। सखायऽइन्द्रमूतये ॥ १४ ॥

शुनःशेप ऋषिः । इन्द्र । क्षत्रपतिर्देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (सखायः) मित्रजनो ! आप लोग (योगे योगे) प्रत्येक नियुक्त होने के पद पर (तवस्तरम्) औरों से अधिक बल शाली (इन्द्रम्) ऐश्वर्यवान् पुरुष को (ऊतये) अपनी रक्षा के लिये (वाजे वाजे) प्रत्येक संग्राम के अवसर पर (हवामहे) हम आदर से बुलावें । उसे अपना नेता बनावें ॥ शत० ६ । ३ । २ । ४ ॥

प्रतूर्वन्नेह्यवक्रामन्नशस्ती रुद्रस्य गाणपत्यं मयोभूरेहि । उर्वन्तरिक्षं वीहि स्वस्तिगव्यूतिरभयानि कृण्वन् पूष्णा सयुजा सह ॥ १५ ॥

अश्वरासभौ गणपतिर्वा देवता । आर्षी जगती । निषाद. ॥

भा०—हे वीर पुरुष ! तू (तूर्वन्) अतिवेग से गमन करता हुआ (अशस्तीः) अशस्त्र, शासना को उल्लंघन करने या उच्छृंखल दुष्ट पुरुषों को और शत्रु सेनाओं को या उनकी की हुई अपकीर्त्तियों को (अवक्रामन्) पददलित करता हुआ (प्र एहि) आगे बढ़ । और (मयोभू:) सबके सुख और कल्याण की भावना करता हुआ, (रुद्रस्य) शत्रुओं के रुलाने वाले सेना समूह के (गाणपत्यं) गण के पति पद अर्थात् सेनापतित्व को (एहि) प्राप्त कर । और तू (स्वस्ति-गव्यूति.) सुखपूर्वक निष्कन्टक मार्गवाला होकर और (सयुजा) अपने साथ रहने वाले (पूष्णा) पुष्टिप्रद पृथिवी वासी राष्ट्र जन और पुष्ट सेनाबल के (सह) साथ सब स्थानों को (अभयानि) भय रहित (कृण्वन्) करता हुआ (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष मार्ग को अथवा विशाल अन्तरिक्ष के समान सर्वाच्छादक सर्वोपरि विद्यमान राजपद को (वि इहि) विशेष रूप से प्राप्त कर ॥ शत० ६ । ३ । २ । ७-८ ॥

पृथिव्याः सुधस्थादुग्निं पुरीष्यमङ्गिरुस्वदाभराग्निं पुरीष्यमङ्गिरुस्वदच्छेमोऽग्निं पुरीष्यमङ्गिरुस्वद्भरिष्यामः ॥ १६ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत स्वर. ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुष ! तू (पृथिव्या) पृथिवी के (सधस्थात्) उस एक स्थान से ही जहां प्रजा बसी है (पुरीष्यम्) समस्त प्रजाओं को पालन करने मे समर्थ, (अङ्गिरस्वत्) अग्नि या सूर्य के समान तेजस्वी, (अग्निम्) अग्रणी नेता पुरुष को (आभर) प्राप्त कर । हम लोग भी (पुरीष्यम्) पालन करने में समर्थ, समृद्ध (अङ्गिरस्वत्) सूर्य या विद्युत् के समान तेजस्वी, (अग्निम्) अग्नि के समान शत्रुसंतापक नेता को (अच्छेम) प्राप्त हो । (पुरीष्यम् अङ्गिरस्वद् भरिष्याम.) उक्त प्रकार के समृद्ध, तेजस्वी नेता को हम भी धारण करेंगे और हम उसको प्राप्त करेंगे, उसका पालन पोषण करेंगे । शत० ६ । ३ । २ । ८–६ । ३ । ३ । ४ ॥

पृथिवी के जिस स्थान की प्रजा हो (सधस्थ) उसी स्थान का उनका शासक नेता होना चाहिये । वे उसको स्वयं चुनें, और स्वयं उसको स्थापित करें ।

अन्वग्निरुषसामग्रमख्यदन्वहानि प्रथमो जातवेदाः । अनु सूर्यस्य पुरुत्रा च रश्मीननु द्यावापृथिवी आततन्थ ॥ १७ ॥

पुरोधस ऋषय । अग्निर्देवता । निचृद् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अग्निः) महान् अग्नि (प्रथम) सब से प्रथम (जातवेदाः) विद्यमान, ज्ञानवान् परमेश्वर ही (उषसाम्) उषाओं के (अग्रम्) अग्र, मुख्य भाग सूर्य को भी (अख्यत्) प्रकाशित करता है । (अनु) उसके पीछे स्वय सूर्य तदनुसार अन्य उत्कृष्ट विद्वान् पुरुष भी व्यवहारों को प्रकाशित करें । (अनु अहानि अख्यत्) वही परमेश्वर दिनों को प्रकाशित करता है । (सूर्यस्य) वही सूर्य की (पुरुत्रा) बहुतसी (रश्मीन्) रश्मे,

किरणों को भी प्रकाशित करता है (अनु) वही (द्यावा पृथिवी) आकाश और पृथिवी को भी (आततन्थ) सर्वत्र विस्तृत करता है। उसी प्रकार राष्ट्र में (प्रथमः जातवेदाः) सब से श्रेष्ठ विद्वान् पुरुष भी (उषसाम् अग्रम्) उदय कालों को प्रकाशित कर (अहानि) प्राप्त दिनों को प्रकाशित करे। (सूर्यस्य पुरुत्रा रश्मीन्) सूर्य के समान तेजस्वी राजा के नाना प्रबन्ध व्यवस्थाओं और कार्यों को प्रकाशित करे। वह (द्यावा पृथिवी) राजा प्रजा दोनो की वृद्धि करे ॥ शत० ६ । ३ । ३ । ६ ॥

आगत्य वाज्यध्वानꣳ सर्वा मृधो वि धूनुते।
अग्निꣳ सधस्थे महति चक्षुषा निचिकीषते ॥ १८ ॥

मयोभुव ऋषयः । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—जिस प्रकार (वाजी) वेगवान् अश्व (अध्वानम्) मार्ग पर आकर अपनी सब थकावटों को झाड़ फैंकता है उसी प्रकार (वाजी) बलवान् राजा (अध्वानम् आगत्य) राष्ट्र को प्राप्त करके (सर्वा॰ मृधः) समस्त संग्रामकारी शत्रुओं को (विधूनुते) कंपा देने में समर्थ होता है। और (महति) बड़े महत्व युक्त प्रतिष्ठा के (सधस्थे) अपने योग्य स्थान पर ही (अग्निम्) ज्ञानवान् तेजस्वी पुरुष को (चक्षुषा) अपनी आंखों से (निचिकीषते) देख लेता है। या (चक्षुषा) दर्शन सामर्थ्य से युक्त (अग्नि) विद्वान् को उस पद पर (नि चिकीषते) नियुक्त करता है। शत० ६ । ३ । ३ । ८ ॥

राजा बलपूर्वक शत्रुओं का दमन करके प्रजा के शासन कार्य पर विद्वान् को अपना स्थानापन्न नियुक्त करे।

आक्रम्य वाजिन् पृथिवीमग्निमिच्छ रुचा त्वम्। भूम्या वृत्वाय नो ब्रूहि यतः खनेम तं वयम् ॥ १६ ॥

अग्निरश्वो वा देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

१६—०भूमे 'वृत्वाय०' इति काण्व० ।

भा०—हे (वाजिन्) वेगवान अश्व के समान बलवान्, एवं सग्राम में शूर पुरुष ! (त्वम्) तू (पृथिवीम् आक्रम्य) पृथिवी पर आक्रमण करके (रुचा) दीप्ति या कान्ति या अपनी रुचि प्रीति के अनुसार (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष या उस पद को (इच्छ) चाह। (भूम्या) भूमि पर (वृत्वाय) पूर्ण अधिकार करके तू (न.) हमे (ब्रूहि) स्वयं बतला, (यतः) जहां से हम (तं) उस ज्ञानवान् तेजस्वी पुरुष को (खनेम) प्राप्त करें या जहां उसको स्थापित करें ॥ शत० ६ । ३ । ३ । ११ ॥

भूगर्भ विद्या पक्ष में—इसी प्रकार विद्वान् पुरुष ही बतलावे कि भूमि सुवर्ण रूप तेजोमय पदार्थ कहां से प्राप्त करें।

द्यौस्ते॑ पृ॒ष्ठं पृ॑थि॒वी स॒धस्थ॑मा॒त्मान्तरि॑क्षꣳ समु॒द्रो योनि॑ः ।
वि॒ख्याय॒ चक्षु॑षा॒ त्वम॒भिति॑ष्ठ पृतन्य॒तः ॥ २० ॥

अश्व क्षत्रपतिर्देवता । निचृदार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे राजन् प्रजापते ! (ते) तेरा (पृष्ठम्) पालन सामर्थ्य, प्रजा को अपने ऊपर उठाने का बल (द्यौः) आकाश के समान महान् एवं सबको जल वर्षा कर अन्न-सुख देने हारा है। (सधस्थम्) रहने का स्थान आश्रय (पृथिवी) पृथिवी या पृथिवी के समान विस्तृत और ध्रुव है। (आत्मा) तेरा आत्मा अपना स्वरूप (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष या वायु के समान सब का प्राणस्वरूप या सब को आच्छादक, शरणदायक है। (योनि) तेरा आश्रय तुझे राजा बनाने वाले, तेरा राज्य स्थापन करने वाले अमात्य आदि या अन्य कारण (समुद्र.) समुद्र के समान गम्भीर और अमर्यादित, अगाध है। (चक्षुषा) अपने चक्षु, दर्शन शक्ति से (विख्याय) विशेषरूप से आलोचन करके (त्वम्) तू (पृतन्यत.) अपनी सेना से आक्रमण करने वाले शत्रुओं पर (अभितिष्ठ) आक्रमण कर ॥ शत० ६ । ३ । ३ । १२ ॥

उत्क्राम महते सौभगायास्मादास्थानाद् द्रविणोदा वाजिन् ।
वयंꣳ स्याम सुमतौ पृथिव्याऽअग्निं खनन्तऽउपस्थे अस्याः ॥२१॥

द्रविणोदा वाजी देवता । आर्षी पक्तिः । पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—हे (वाजिन्) ऐश्वर्य और बल से सम्पन्न राजन् ! तू (द्रविणोदाः) प्रजा और नियुक्त पुरुषो को यथोचित धन प्रदान करने मे समर्थ होकर (महते) बड़े भारी (सौभगाय) यज्ञ में शोभते ऐश्वर्य को प्राप्त करने के लिये (अस्मात् आस्थानात्) इस निवासस्थान से (उत्क्राम) ऊपर उठ । (वयम्) हम लोग (अस्याः पृथिव्याः) इस पृथिवी के (उपस्थे) पीठ पर (अग्निम्) अग्नि के समान ज्ञानवान्, अग्रणी, तेजस्वी पुरुष को श्रम से (खनन्तः) प्राप्त करते हुए या स्थापित करते हुए उसके (सुमतौ) उत्तम ज्ञान और मन्त्रणा के अधीन (स्याम) रहें ॥ शत० ६ । ३ । ३ । १३ ॥

उदक्रमीद् द्रविणोदा वाज्यर्वाकः सुलोकꣳ सुकृतं पृथिव्याम् ।
ततः खनेम सुप्रतीकमग्निꣳ स्वो रुहाणा अधिनाकमुत्तमम् ॥२२॥

द्रविणोदा वाजी देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अर्वा) अश्व के समान बलवान् एवं (वाजी) ज्ञानवान्, (द्रविणोदा) प्रकाशप्रद सूर्य के समान विद्वान् राजा (उत् अक्रमीत्) उदय को प्राप्त होता है और (पृथिव्याम्) इस पृथिवी पर (लोकम्) समस्त लोक, जन समुदाय को (सुकृतम्) पुण्य आचारवान्, श्रेष्ठ (सु अकः) बना देता है। हम लोग (उत्तमम्) उत्तम, सर्वोत्कृष्ट (नाकम्) सुखमय लोक को (अधिरुहाणाः) प्राप्त कर (ततः) वहां (सुप्रतीकम्) उत्तम, कान्तिमान सुन्दर (अग्निम्) सुवर्ण के समान कान्तिमान्, विद्वान् पुरुष को (खनेम) प्राप्त करें । उत्तम राजा राज्य को उत्तम बनावे प्रजा के उस उत्तम राज्य में से ही विद्वान् नर-रत्न उत्पन्न होंगे ॥ शत० ६ । ३ । ३ । १४ ॥

आ त्वा॑ जिघर्मि॒ मन॑सा घृ॒तेन॑ प्रतिक्षि॒यन्तं॒ भुव॑नानि॒ विश्वा॑।
पृ॒थुं ति॑र॒श्चा वय॑सा बृ॒हन्तं॒ व्यचि॑ष्ठ॒मन्नै॑ रभ॒सं दृशा॑नम् ॥ २३ ॥

गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(घृतेन) घी से जिस प्रकार अग्नि को आहुति द्वारा सेचन किया जाता है उसी प्रकार (विश्वा भुवनानि) समस्त पदार्थों के भीतर (प्रतिक्षियन्तम्) निवास करनेवाले, व्यापक (त्वा) तुझ शक्ति को (मनसा) मनसे, ज्ञान द्वारा (आ जिघर्मि) प्रज्वलित करता हूं। (तिरश्चा) तिरछे गति करनेवाले, (वयसा) जीवन सामर्थ्य से (पृथुम्) अति विस्तृत, (बृहन्तम्) महान् (व्यचिष्ठम्) सबसे अधिक व्यापक, अति सूक्ष्म (रभसम्) बलस्वरूप, (दृशानम्) दर्शनीय उस आत्मा को (अन्नैः) अन्न और उसके समान भोगयोग्य सुखों द्वारा (आ जिघर्मि) प्रदीप्त करता हूं। इसी प्रकार राजा के और विद्वान् के पक्ष में—समस्त पदों पर अपने बल से रहनेवाले विद्वान् राजा को दूरगामी बल से विशाल, बड़े, व्यापक सामर्थ्यवान्, दर्शनीय, बलवान् पुरुष को हम (अन्नैः) अन्नादि भोग्य पदार्थों से उसी प्रकार जैसे घृत से अग्नि को प्रदीप्त करते हैं, सत्कार करें ॥ शत० ६ । ३ । ३ । १६ ॥

आ वि॒श्वतः॑ प्र॒त्यञ्चं॑ जिघर्म्यर॒क्षसा॒ मन॑सा॒ तज्जु॑षेत। मर्य॑श्री स्पृह॒यद्व॑र्णो॒ऽअ॒ग्निर्नाभि॒मृशे॑ त॒न्वा॒ जर्भु॑राणः ॥ २४ ॥

गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—जिस प्रकार अग्नि में घृत का आसेचन करके उसको प्रज्वलित और अधिक दीप्तिमान् किया जाता है उसी प्रकार हे राजन् ! मैं (विश्वतः) सब ओर से (प्रत्यञ्चं) शत्रु के प्रति आक्रमण करनेवाले तुझको (आजिघर्मि) सब प्रकार से उत्तेजित, प्रदीप्त करूं। वह राजा (तत्) इस प्रकार प्रेम से दिये उत्तेजना सामग्री को (अरक्षसा) निर्विघ्न, राक्षस या क्रूर स्वभाववाले दुष्ट पुरुष से विपरीत, सज्जनस्वभावयुक्त,

(मनसा) चित्त से (जुषेत) स्वीकार करे । वह (अग्निः) अग्रणी, राजा (मर्यश्रीः) मनुष्यों द्वारा आश्रय करने योग्य या मनुष्यों के बीच विशेष शोभावान्, उनका शिरोमणिस्वरूप और (स्पृहयद्-वर्णः) प्रेमयुक्त पुरुषों द्वारा अपना नेता चुना गया, या कान्तिमान् अग्नि के समान तेजस्वी (तत्वा) अपने विस्तृत शक्ति से या अपने स्वरूप से (जर्भुराणः) अंगों को ऊपर नीचे नमाता हुआ लचकती ज्वालाओं से (अग्निः) अग्नि जिस प्रकार अति तीक्ष्ण होकर (आभिमृशे न) स्पर्श करने के योग्य नहीं होता उसको कोई छू नहीं सकता उसी प्रकार वह भी युद्ध में जब अति तीक्ष्ण होकर अपने गात्र नमाता या पैतरे चलता है तब (अग्नि) आग के समान तेजस्वी होकर (आभिमृशे न) किसी भी द्वारा अभिमर्शन, या तिरस्कार करने योग्य नहीं रहता । उसका कोई अपमान नहीं कर सकता ॥ शत० ६ । ३ । ३ । १५ ॥

परि वाजपतिः कविर्ग्निर्हव्यान्यक्रमीत् ।
दधद्रत्नानि दाशुषे ॥ २५ ॥

सोमक ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(वाजपति) संग्राम का पालक, सेनापति (कविः) दूर देश तक दर्शन करने मे समर्थ, क्रान्तदर्शी, दूरदर्शी (अग्नि) अग्नि के समान तेजस्वी, एवं अग्रणी होकर (हव्यानि) प्राप्त करने योग्य, विजय करने योग्य स्थानों पर (परि अक्रमीत्) आक्रमण करे और (दाशुषे) करादि दान देनेवाले या दान योग्य प्रजाजन को (रत्नानि) नाना रमणीय, रत्न सुवर्ण आदि पदार्थ (दधत्) प्रदान करे ।

गृहपति के पक्ष मे—(वाजपतिः) अन्नादि का पालक विद्वान् अग्नि के समान तेजस्वी होकर (हव्यानि) ग्रहण योग्य पदार्थों को प्राप्त करे । (दाशुषे) दान योग्य ब्राह्मण, अतिथि आदि को (रत्नानि दधत्) सुवर्ण रत्नादि प्रदान करे ।

परि॑ त्वाग्ने पुरं॑ व॒यं विप्र॑ᳬ सहस्य धीमहि ।
धृ॒षद्व॑र्णं दि॒वेदि॑वे ह॒न्तारं॑ भङ्गु॒राव॑ताम् ॥ २६ ॥

पायुर्ऋषिः । अग्निर्देवता । अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! अग्रणी, अग्नि के समान तेजस्विन् ! राजन् ! हे (सहस्य) अपने बल को चाहनेवाले ! (वयम्) हम प्रजा के लोग (विप्रम्) विविध प्रकारों से राष्ट्र को पूर्ण करने और (पुरम्) नगरकोट के समान पालन करने में समर्थ (दिवेदिवे) प्रतिदिन, नित्य (भङ्गु-रावताम्) विनाश करने योग्य, दुष्ट स्वभावों वाले दुष्ट पुरुषों के (हन्तारम्) नाश करनेवाले और (धृषद्वर्णम्) प्रगल्भ, तीक्ष्ण, असह्य वर्ण अर्थात् स्वभाव वाले, तेजस्वी (त्वा) तुझको अपने (परिधीमहि) चारों तरफ रक्षा करने के लिये नियुक्त करते हैं । वीर पुरुषों को रक्षा के लिये चारों तरफ नियुक्त करना चाहिये ।

त्वम॑ग्ने द्यु॒भि॒स्त्वमा॑शुशु॒क्षणि॒स्त्वम॒द्भ्यस्त्वमश्म॑न॒स्परि॑ ।
त्वं वने॑भ्य॒स्त्वमोष॑धीभ्य॒स्त्वं नृ॒णां नृ॑पते जायसे॒ शुचि॑ः ॥ २७ ॥

गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! अग्रणी ! तेजस्विन् ! (नृपते) मनुष्यों के पालक राजन् ! (त्वं द्युभिः जायसे) जिस प्रकार प्रकाशमान किरणों से सूर्य प्रकाशित होता है और प्रकाशमान तेजों से अग्नि दीप्त है, उसी प्रकार न्याय, विनय, प्रताप आदि तेजस्वी गुणों से तू भी प्रकाशमान होता है । (त्वम् आशुशुक्षणिः) अग्नि सूर्य या जिस प्रकार शीघ्र ही अन्धकार का नाश करता है उसी प्रकार तू भी दुष्टों को शीघ्र नाश करता है (अश्मनः परि) जिस प्रकार विद्युत् मेघ से उत्पन्न होता है और प्रकाशित होता है उसी प्रकार (त्वम्) तू (अश्मनः) व्यापक सामर्थ्य या वज्ररूप शस्त्रबल

२३—०'दिवे भेत्तारं भङ्गु०' इति काण्व० ।

के ऊपर (परि जायसे) वृद्धि को प्राप्त होता है। (वनेभ्यः) किरणों से जिस प्रकार सूर्य प्रकाशित होता है और वनों से जिस प्रकार सर्वदाहक दावानल पैदा होता है उसी प्रकार (त्वं) तू भी (वनेभ्यः) सेवन करने योग्य प्रजाजनो के बीच में से उत्पन्न होता है। (त्वम् ओषधीभ्यः) ओषधियों के वीच मे से काष्ठ आदि में से जिस प्रकार अग्नि प्रकट होती है अथवा जिस प्रकार ओषधि रसों से, तेजावरूप दाहक रस उत्पन्न होता है अथवा दाह या ताप धारण करनेवाले रश्मियों से सूर्य प्रकट होता है उसी प्रकार तू (ओषधीभ्य) दाह, प्रताप, पराक्रम को धारण करनेवाले वीरों के बीच में से प्रकट होता है। (त्वं नृणाम् शुचिः) तू समस्त मनुष्यों को शुद्ध, उज्वल करनेवाला और उन सब मे से स्वयं (शुचिः) शुद्ध, तेजस्वी, एवं निश्छल निष्कपट, शुद्ध व्यवहारवान् , सत्यवादी, निष्पाप होकर (जायसे) प्रकट होता है।

'शुचिः' शोचतेर्ज्वलतिकर्मणः। अयमपि इतरः शुचिरेतस्मादेव। निष्षिक्तमस्मात् पापकम् इति नैरुक्ताः। निरु० ६ । १ ॥

देवस्य॑ त्वा सवि॒तुः प्र॑स॒वे॒ऽश्विनो॑र्बा॒हुभ्यां॒ पू॒ष्णो हस्ता॑भ्याम्। पृ॒थि॒व्याः स॒धस्था॑द॒ग्निं पु॑री॒ष्य॒मङ्गिर॒स्वत् ख॑नामि। ज्योति॑ष्म॒न्तं त्वाग्ने सु॒प्रती॑क॒मज॑स्रेण भा॒नुना॒ दीद्य॑तम्। शि॒वं प्र॒जाभ्यो॒ऽहिꣳस॑न्तं पृ॒थि॒व्याः स॒धस्था॑द॒ग्निं पु॑री॒ष्य॒मङ्गिर॒स्वत् ख॑नामः ॥२८॥

अग्निर्देवता। भुरिक् प्रकृतिः। धैवतः ॥

भा०—हे अग्ने! विद्वन्! (सवितुः देवस्य प्रसवे) सर्वप्रेरक देव, राजा और परमेश्वर के शासन में रहकर (अश्विनोः बाहुभ्याम्) इस संसार मे द्यो, पृथिवी के धारण और आकर्षण के समान राजा और प्रजा और स्त्री और पुरुष दोनो के (बाहुभ्याम्) बाहुओं से और (पूष्णः) पुष्टिकारक, प्राण के वल और पराक्रम के समान पोषक राजा के बल

पराक्रम स्वरूप (हस्ताभ्याम्) हनन करने के साधनों से (अंगिरस्वत्) शरीर में विद्यमान प्राणवायु, अन्तरिक्ष में व्यापक वायु या आदित्य के समान बलवान् तेजस्वी, (पुरीष्यम्) राष्ट्र के पूर्ण करने वाले साधनों से सम्पन्न, (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को (पृथिव्याः सधस्थात्) पृथिवी के, पृथिवी निवासी प्रजाजन के एकत्र होने के सभाभवन रूप स्थान से (खनामि) पृथिवी से खोदकर जिस प्रकार अंग में रसस्वरूप, पुष्टिकारक, पशव्य अग्नि अर्थात् पशूपयोगी घास आदि पदार्थ को या (अङ्गिरस्वत्) तेजोमय शोभा जनक सुवर्णादि धातु को खना जाता है उसी प्रकार राजा को मैं मुख्य पुरोहित प्रजा की परिषद् में छुपे हुए गुप्त वीर्यवान्, उत्तम पुरुष को ऊपर उठाता, मानो नरसभा में से खोदता हूं, उसको ऊपर उठाता हूं, उच्च पद प्रदान करता हूं। हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्वी पुरुष ! (सुप्रतीकम्) सुन्दर शोभावान् (अजस्रेण भानुना) निरन्तर कान्ति, दीप्ति से (दीद्यतम्) चमकनेवाले, (ज्योतिष्मन्तम्) ज्योतिष्मान्, सूर्य के समान देदीप्यमान, कान्तिमान्, यशस्वी, तेजस्वी ऐश्वर्यवान्, (प्रजाभ्यः) प्रजाओं के लिये (शिवं) कल्याणकारी, (अहिंसन्तम्) प्रजा का नाश न करते हुए (त्वा) तुझको (पृथिव्याः सधस्थात्) इस पृथिवी के ऊपर के निवासियों के एकत्र होने के सभास्थान से (अंगिरस्वत् पुरीष्यम् अग्निम्) अंगारों के समान जाज्वल्यमान, समृद्धि से सम्पन्न, अग्रणी नेता को (खनामः) रत्न सुवर्णादि के समान ऊपर खोदते, निकालते, उच्च पद पर लाते हैं ॥ शत० ६ । ४ । १ । २ ॥

अपां पृष्ठमसि योनिरग्नेः समुद्रमभितः पिन्वमानम्। वर्धमानो महाँ२ऽ आ च पुष्करे दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथस्व ॥ २९ ॥

पुष्करपर्णम्, अग्निर्वा देवता । स्वराट् पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! (अपाम्) जिस प्रकार जलों का (पृष्ठम्) पृष्ठ या पृष्ठ स्थित पद्मपत्र आदि पदार्थ उसके ऊपर विद्यमान रहता है उसी प्रकार

तू भी (अपां) प्रजाओं के भीतर (पृष्ठम्) उनका पृष्ठ स्वरूप, पोषकरूप, उनका धारक, उनके ऊपर आच्छादक, रक्षकरूप मे रहकर उनसे ऊपर और उनसे अधिक वीर्यवान् होकर (असि) रहता है। हे विद्वान् ! तू (अग्नेः योनिः असि) जिस प्रकार वेदि अग्नि का आश्रय है उसी प्रकार तू (अग्नेः) अग्नि के समान तेजस्वी राजा के पद प्रताप का (योनिः) आश्रय है। तू (अभितः) सब ओर (पिन्वमानम्) ऐश्वर्य द्वारा सुखों का वर्षण करते हुए या बढ़ते हुए (समुद्रम्) समुद्र के समान गम्भीर राजपद को वेला के समान धारण कर। और तू (पुष्करे) महान् आकाश में सूर्य के समान (पुष्करे) अपनी पुष्टिकर्त्ता के आधार पर तेजस्वी होकर (वर्धमान) नित्य बढ़ता हुआ (महान् च) सबसे अधिक महान् होकर (दिव) सूर्य की (मात्रया) तेज शक्ति से और (वरिम्णा) पृथिवी की विशालता से (आ प्रस्थस्व च) चारों ओर स्वयं विस्तृत राज्यसम्पन्न हो ॥ शत० ६ । ४ । १ । ८ ॥

इस मन्त्र में राजा और उसके पोषक दोनों का वर्णन है। जो अगले मन्त्र में स्पष्ट है।

शर्म॑ च॒ स्थो वर्म॑ च॒ स्थोऽछि॑द्रे बहु॒ले उ॒भे ।
व्यच॑स्वती॒ संव॑साथां भृ॒तम॒ग्निं पु॑री॒ष्य॒म् ॥ ३० ॥

कृष्णाजिनपुष्करपर्णे, दम्पती वा देवते । विराडार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०— हे स्त्री पुरुषो ! हे राजा और प्रजा, तुम दोनो ! (शर्म च स्थः) एक दूसरे के सुखकारी गृह के समान आश्रयप्रद हो। (वर्म च स्थः) कवच के समान एक दूसरे को सब ओर से रक्षा करनेवाले हो। (उभे) तुम दोनों (अच्छिद्रे) छिद्र रहित और (बहुले) बहुत से पदार्थ एवं सुखों को प्राप्त करानेवाले, (व्यचस्वती) एक दूसरे के लिये विशाल अवकाश वाले होकर (संवसाथाम्) एक दूसरे को अच्छी प्रकार वस्त्र के समान

आच्छादित किये रहो, धारण किये रहो। और जिस प्रकार स्त्री पुरुष मिलकर वीर्य धारण करते और गर्भस्थ बालक की रक्षा और धारण पोषण करते हैं उसी प्रकार तुम दोनों राजवर्ग और प्रजावर्गों ! (पुरीष्यम् अग्निम्) पालन कार्यों में उत्तम अग्नि के समान तेजस्वी, ऐश्वर्यवान् पुरुष को (भृतम्) धारण करो, सुरक्षित और सुपुष्ट बनाये रक्खो ॥ शत० ६ । ४ । १ । १० ॥

संवसाथाᳫं स्वर्विदा समीचीऽउरसा त्मना।
अग्निमन्तर्भरिष्यन्ती ज्योतिष्मन्तमजस्रमित् ॥ ३१ ॥

पुष्करपर्णकृष्णाजिने जायापती वा देवते । निचृदनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(स्वर्विदा) सुख को प्राप्त करनेवाले (उरसा) उर स्थल से उर स्थल को और (त्मना) पूर्ण देह से (समीची) पूर्ण देह को आलिंगन करते हुए एक दूसरे से (ज्योतिष्मन्तम्) तेजोयुक्त, शुद्ध, (अजस्रम्) अविनाशी, (अग्निम्) तेज या वीर्य को (अन्तः भरिष्यन्ती) गर्भ के भीतर धारण करते हुए स्त्री पुरुष जिस प्रकार (सं वसाथाम्) एकत्र संगत होते हैं, गृहस्थ बनकर सन्तानोत्पत्ति करते हैं उसी प्रकार हे राज-प्रजाजनो ! आप दोनों (स्वर्विदा) एक दूसरे को सुख प्रदान करते हुए (उरसा) राजा अपने उरस्थल से अर्थात् क्षात्रबल से और प्रजाजन (त्मना) अपने वैश्य भाग से (ज्योतिष्मन्तम्) तेजस्वी (अजस्रम् इत्) और अविनाशी, अक्षय (अग्निम्) ऐश्वर्य को (भरिष्यन्ती) धारण करते हुए (समीची) एक दूसरे से संगत, परस्पर सुबद्ध रहकर (सं वसाथाम्) एकत्र होकर रहो, एक दूसरे की रक्षा करो ॥ शत० ६ । ४ । २ । ११ ॥

पुरीष्योऽसि विश्वभराऽअथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने।
त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत। मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ॥३२॥

ऋ० ६ । १६ । १३ ॥

भरद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्वी पुरुष ! तू (पुरीष्यः, असि) पुरीष्य अर्थात् नाना ऐश्वर्यों से सम्पन्न है । तू (विश्वभराः असि) सूर्य के समान समस्त विश्व का भरण पोषण करने में समर्थ है । (त्वा) तुझको (प्रथमः) सर्वश्रेष्ठ, सबसे प्रथम विद्वान् (अथवा) प्रजापालक, अहिंसक विद्वान् अग्नि को जिस प्रकार मथकर निकालता है उसी प्रकार परस्पर संघर्ष या प्रतिस्पर्द्धा द्वारा (निः, अमन्थत) मथन करके प्राप्त करता है । हे (अग्ने) तेजस्विन् राजन् ! (अथर्वा) अथर्वा व्यापकशील वायु=जिस प्रकार विद्युत् को (पुष्करात्) पुष्कर, अन्तरिक्ष से मथन करके प्रकट करता है और जिस प्रकार (अथर्वा) अथर्वा प्राण, हे अग्ने ! जाठर अग्ने ! तुझको (पुष्करात्) पुष्टिकर अन्न से प्राप्त करता है इसी प्रकार हे अग्ने ! राजन् ! (वाघतः) मेधावी, (अथर्वा) प्रजाओं में से वीर पुरुष को ढूढ़कर प्राप्त करने मे कुशल वेदवित् विद्वान् (विश्वस्य) समस्त राष्ट्र के (मूर्धः) मूर्धास्थल, उच्चपद पर विराजमान (पुष्कराद्) पुष्टि-कारी अंश से ही (त्वाम् नि अमन्थत्) तुझे अग्नि के समान संघर्ष या स्पर्धा द्वारा मथन करके ही प्राप्त करता है ॥ शत० ६ । ४ । २ । १ ॥

तमु॑ त्वा द॒ध्यङ्ङृषिः॑ पु॒त्रऽई॑धे॒ऽअथ॑र्वणः ।
वृ॒त्र॒हणं॑ पुर॒न्द॒रम् ॥ ३३ ॥ ऋ० ६ । १६ । १४ ॥

भारद्वाज ऋषि । अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे अग्ने ! तेजस्विन् ! राजन् ! (तम् त्वा उ) उस तुझको (अथर्वण) अहिंसक, रक्षक विद्वान् का (दध्यङ्) प्रजा के धारण करने वाले समस्त साधनों को प्राप्त करने में समर्थ, (पुत्रः) पुरुषों का त्राणकर्त्ता, (वृत्रहणम्) मेघों को सूर्य के समान शत्रु के हन्ता और (पुरन्दरम्) शत्रुओं के गढ़ तोड़ने में समर्थ तुझको (ईधे) तेजस्वी, मन्यु और पराक्रम से प्रज्वलित करे ॥ शत० ६ । ४ । २ । ३३ ॥

तमु त्वा पाथ्यो वृषा समींधे दस्युहन्तमम् ।
धनञ्जयंᳬ रणेरणे ॥ ३४ ॥ ऋ० ६ । १६ । १५ ॥

भरद्वाज ऋषि । अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्ज स्वरः ॥

भा०—(पाथ्यः वृषा) पाथस्=अन्तरिक्ष में उत्पन्न, वर्षण समर्थ वायु जिस प्रकार विद्युत् रूप अग्नि को संघर्षण द्वारा मेघों के जलों में उत्पन्न करता है उसी प्रकार (पाथ्यः) राष्ट्रपालन के समस्त मार्गों का उत्तम ज्ञाता, (वृषा) सब पर उत्तम व्यवस्था-बन्धन करने वाला विद्वान् (दस्युहन्तमम्) प्रजा के नाशकारी, चोर डाकुओं के सब से प्रबल विनाशक, (रणेरणे धनञ्जयम्) प्रत्येक संग्राम में ऐश्वर्य धन के विजय करने हारे (तम् त्वा उ) उस तुझको ही (सम्-ईधे) युद्धादि में भली प्रकार प्रदीप्त करता है, पराक्रम से युद्ध करने के लिये उत्तेजित करता है ॥ शत० ६ । ४ । २ । ४ ॥

सीद होतः स्वऽउ लोके चिकित्वान्त्सादया यज्ञᳬ सुकृतस्य योनौ ।
देवावीर्देवान्हविषा यजास्यग्ने बृहद्यजमाने वयोधाः ॥ ३५ ॥
ऋ० ३ । २९ । ८ ॥

देवश्रवा देववातश्च ऋषी । अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (होतः) राज्यपद या उसके किसी विभाग के या दानाध्यक्ष के पदाधिकार को स्वीकार करने वाले योग्य विद्वान् पुरुष ! तू (स्वे उ) अपने ही या सुखमय या शान्तिप्रद (लोके) स्थान, प्राप्तपद या अधिकार में (सीद) प्रतिष्ठित हो। और (यज्ञम्) धर्मानुकूल परस्पर संगत, राजा प्रजा के व्यवहाररूप राज्य-कार्य को (सुकृतस्य) उत्तम पुण्याचारवान् धार्मिक (योनौ) आश्रय या आधार, मूल पर (सादय) स्थापित कर । हे (अग्ने) तेजस्विन् ! विद्वन् ! तू (देवावीः) विद्वानों और उत्तम गुणों की रक्षा करने हारा, या उन्हीं द्वारा स्वयं सुरक्षित होकर (हविषा) अन्न आदि दातव्य वेतनादि पदार्थों द्वारा (देवान्) विद्वान् शासक

राजाओं को (यजासि) प्राप्त कर, राष्ट्र में नियुक्त कर । और (यजमाने) समस्त राज्य व्यवस्था को संचालन करने वाले सर्वोपरि राजा में या करादि देने वाले प्रजाजन में (बृहत् वयः) बड़ा भारी दीर्घ जीवन और ऐश्वर्य भी (धाः) धारण करा ॥ शत० ६ । ४ । २ । ६ ॥

नि होता॑ होतृ॒षद॑ने॒ विदा॑नस्त्वे॒षो दी॑दि॒वाँ२ऽ अ॑सदत्सु॒दक्षः॑ । अद॑ब्धव्रतप्रमति॒र्वसि॑ष्ठः सहस्र॒म्भ॒रः शुचि॑जिह्वोऽअ॒ग्निः ॥ ३६ ॥

ऋ० २ । ९ । १ ॥

गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(विदान) विद्वान् पुरुष, (त्वेष.) सूर्य या अग्नि के समान कान्तिमान्, (दीदिवान्) तेजस्वी, (सुदक्ष) उत्तम कार्यकुशल, समर्थ, प्रज्ञावान् होकर (होता) आदान प्रतिदान करने में चतुर अधिकारी (होतृसदने) 'होता' के पद पर (नि असदत्) विराजे । वह (वसिष्ठ.) सब से अधिक वसुमान्, ऐश्वर्यवान्, सब को बसाने वाला, सबका रक्षक, (सहस्रम्भरः) सहस्रों, अपरिमित प्रजाजनों को पालन पोषण करने में समर्थ, (शुचिजिह्व.) शुद्ध सत्य वाणी बोलने वाला (अदब्धव्रत-प्रमति) अखण्डित व्रतों, ब्रह्मचर्य धर्माचरण और नियम, व्यवहारों द्वारा उत्कृष्ट मतिमान् पुरुष भी (अग्निः) अग्नि के समान ही तेजस्वी और ज्ञानवान् 'अग्नि' कहाने योग्य होता है ॥ शत० ६ । ४ । २ । ७ ॥

सꣳसी॑दस्व म॒हाँ२ऽअ॑सि॒ शोच॑स्व देव॒वीत॑मः । वि धू॒मम॑ग्ने अरु॒षं मि॑येध्य सृ॒ज प्र॑शस्त दर्श॒तम् ॥ ३७ ॥

ऋ० १ । ३६ । ९ ॥

प्रस्कण्व ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! विद्वन् ! योग्य अधिकारिन् ! राजन् ! तू अपने पद, आसन पर (सं सीदस्व) अच्छी प्रकार विराजमान हो । तू

(महान् असि) महान् है । तू (देववीतमः) देवों, विद्वानों, अधीन राजाओं और शुभ गुणों से, प्रकाश युक्त किरणों से सूर्य और अग्नि के समान (शोचस्व) कान्ति युक्त हो । और हे (मियेध्य) दुष्टों के दलन करने हारे ! और हे (प्रशस्त) सब से श्लाघ्यतम ! राजन् ! विद्वन् ! अग्ने ! (विधूमम्) धूम से रहित (अरुषम्) उज्ज्वल, (दर्शतम्) दर्शनीय तेजोमय अग्नि के समान तू भी (विधूमम्) भय न दिलाने वाले, सौम्य (अरुषम्) रोषरहित, प्रेमयुक्त (दर्शतम्) दर्शनीय, सुन्दर, सौम्य स्वरूप को (सृज) प्रकट कर ॥ शत० ६ । ४ । २ । ६ ॥

अपो देवीरुप सृज मधुमतीरयक्ष्माय प्रजाभ्यः ।
तासामास्थानादुज्जिहतामोषधयः सुपिप्पलाः ॥ ३८ ॥

सिन्धुद्वीप ऋषि । आपो देवता । न्यङ्कुसारिणी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुष ! हे राजन् ! हे सद्वैद्य ! तू (प्रजाभ्यः) प्रजाओं के (अयक्ष्माय) रोगों को नाश करने के लिये (मधुमती.) मधुर गुण युक्त (देवी.) दिव्य गुणसम्पन्न (अप.) जलों को (सृज) उत्पन्न कर । (तासाम्) उन जलों के (आस्थानात्) आश्रय स्थान से या देश में सर्वत्र बने रहने से ही (सुपिप्पला) उत्तम फल वाली (ओषधयः) ओषधियां, (उत् जिहताम्) उत्पन्न हों, उगें । शत० १ । ४ । ३ । २ ॥

सं ते वायुर्मातरिश्वा दधातूत्तानाया हृदयं यद्विकस्तम् ।
यो देवानां चरसि प्राणथेन कस्मै देव वषडस्तु तुभ्यम् ॥ ३९ ॥

पृथिवीवायुश्च देवते । विराट् त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—जिस प्रकार (उत्तानाया.) ऊपर को विस्तृत रूप से फैली पृथिवी के (यद् हृदयम्) जो हृदय के समान भीतरी भाग, गढ़ा आदि (विकस्तम्) खुल जाता है उसको (मातरिश्वा) अन्तरिक्ष में गति करने-वाला (वायु.) वायु भर देता है उसी प्रकार हे स्त्री ! (मातरिश्वा) अन्त करण में प्रियतमरूप से व्यापक, हृदयगत (वायुः) विवाहित

पति, प्रजापति, स्वामी श्री (ते) तेरा (यत्) जब (हृदयं) हृदय (विकस्तम्) खूब खिले, प्रसन्न हो (उत्तानायाः) तब उत्सुक एवं उतान हुई तेरे साथ (दधातु) संग कर गर्भ धारण करावे। स्त्री कहे–हे (देव) स्वामिन् देव ! जो तू (देवानां) विद्वान् उत्तम पुरुषों के बीच में मेरे (प्राणयेन) प्राण के समान प्रिय होकर (चरसि) विचरते हो (तुभ्यम्) तुझ (कस्मै) क=प्रजापति स्वरूप, सुखप्रद पति के लिये (वषड् अस्तु) सदा मेरा सर्वार्पण या कल्याण हो ॥ त० ६ । ४ । ३ । ४ ॥

राजा के पक्ष में—हे पृथिवीवासिनि प्रजे ! (मातरिश्वा वायुः) आकाशचारी वायु के समान पृथिवी या मातृ अर्थात् राष्ट्र निर्माताओं की राजसभा में प्राणरूप से विराजमान वायु, प्रजापति, राजा (यत्) जब (उत्तानाया) उत्सुक हुई प्रजा का (हृदयं विकस्तं) हृदय उसके प्रति खिले, अति प्रसन्न होः तब २ वह (ते संधातु) तेरे साथ भली प्रकार मिले, संधि से रहे। या उसे खूब भरण पोषण करे। (यः) जो राजा (देवानां) राजाओं और अधीन शासकों, विद्वानों के बीच प्रजा के (प्राणाथेन) प्राणरूप से (चरति) विचरे, हे (देव) देव, राजन् ! (कस्मै) प्रजा के सुखप्रद प्रजापति स्वरूप (तुभ्यम् वषट् अस्तु) तेरा यश, बल और क्षेम हो।

'वायुः'—वायुर्वा उशन् ! तां० ७ । ५ । १६ ॥ वायुर्वै देव. । जै० उ० ३ । ४ । ८ ॥ एतद् वै प्रजापते. प्रत्यक्षं रूपम् । कौ० १६ । २ ॥ अयं वै पूषा । श० १४ । २ । १ । ६ ॥ एष स्वर्गस्य लोकस्य अभि वोढा । ऐ० ४ । २० ॥ वायुरेव सविता (उत्पादकः) । श० १४ । २ । २ । ६ ॥

'वषड्'—वाग्वै वषट्कारः । वाग् रेतः । रेत एव एतत् सिञ्चति षड् इति । तदृतुष्वे वैतद्रेत सिञ्चति । तदृतव. रेतः सिक्तमिमा प्रजाः प्रजनयति तस्मादेव वषट् करोति । एते वै वषट्कारस्य प्रियतमे तनू यदोजश्च सहश्च । ऐ० ३ । ८ ॥

सुजातो ज्योतिषा सह शर्म वरूथमासदत् स्वः।
वासोऽअग्ने विश्वरूपꣳ संव्ययस्व विभावसो ॥ ४० ॥

अग्निर्देवता । भुरिग् अनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजोमय राजन् ! ते (ज्योतिषा सह) ज्योति, प्रकाश और तेज के साथ (सुजात) उत्तम रूप से प्रकट होकर (वरूथम्) श्रेष्ठ, उत्तम (स्व) सुखकारी (शर्म) गृह को (आसदत्) प्राप्त हो । हे (विभावसो) विशेष कान्ति से युक्त ऐश्वर्यवान् स्वामिन् ! तू (विश्वरूप) उत्तम गृहपति के समान विविध प्रकार के चित्र विचित्र स्वरूप के (वास) वस्त्र को (स व्ययस्व) सुसज्जित दुलहे के समान धारण कर । शतपथ में यह प्रजोत्पत्ति सम्बन्धी प्रकरण अद्भुत रहस्य के साथ वर्णित है जो प्रजनन-संहित के व्याख्यान में संगत होता है । हमारा अभिमत राजोत्पत्ति प्रकरण है इसलिये यहां उसी परक संगति दर्शाई है ॥ शत० ६ । ४ । ३८ ॥

उदु तिष्ठ स्वध्वरावा नो देव्या धिया ।
दृशे च भासा बृहता सुशुक्वनिराग्ने याहि सुशस्तिभिः ॥ ४१ ॥

विश्वमना ऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! विद्वन् ! राजन् ! तू (सु-अध्वरावा) उत्तम अहिंसक, यज्ञमय रक्षा के कार्य व्यवहारों वाला होकर (नः) हमारे बीच में से (देव्या) देवी, अपनी धर्मपत्नी रानी सहित और (धिया) धारण पोषण समर्थ शक्ति एवं ध्यान करने में समर्थ बुद्धि के साथ (उत् तिष्ठ उ) उठ खड़ा हो, उन्नत पद पर स्थित हो । और (बृहता भासा) बड़े भारी प्रकाश, तेजसे सूर्य के समान (सुशुक्वनिः) उत्तम पवित्र, कान्ति से युक्त या पवित्र आचारों से युक्त होकर (सु-शस्तिभि) उत्तम कीर्तियों सहित, उत्तम शासन विधियों सहित और उत्तम शिक्षाओं और उत्तम गुणों

सहित, उत्तम सधे घोड़ों से रथी के समान (आयाहि) हमें प्राप्त हो ॥ शत० ६ । ४ । ३ । ६ ॥

ऊर्ध्वऽऊ षु णं ऊतये तिष्ठा देवो न सविता । ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे ॥ ४२ ॥ ऋ० १। ३६ । १३ ॥

कण्व ऋषि । अग्निर्देवता । उपरिष्टाद बृहती । मध्यम स्वर ॥

भा०—हे राजन् ! विद्वन् ! (देव सविता न) प्रकाशमान सूर्य के समान आप भी (देवः) विद्या और बलसे तेजस्वी, विजयशील होकर (ऊतये) राष्ट्र की उत्तम रीति से रक्षा करने के लिये (न) हमारे (ऊर्ध्वः ऊँ) ऊपर उच्च पदस्थ होकर ही (तिष्ठ) विराजमान् हो । तू (ऊर्ध्वः) ऊर्ध्व, सबसे ऊपर सूर्य के समान रहकर अपने (अञ्जिभि) प्रकाशमय (वाघद्भि.) सूर्य की किरणों के समान ज्ञानो के प्रकाशक विद्वानों द्वारा अथवा अति गतिशील योद्धाओ द्वारा (वाजस्य सनिता) अन्न, बल और युद्ध विजय का देनेहारा हो । तुझको हम (वि ह्वयामहे) विविध प्रकारो से स्तुति करें ॥ शत० ६ । ४ । ३ । १० ॥

स जातो गर्भोऽअसि रोदस्योरग्ने चारुर्विभृत ओषधीषु । चित्रः शिशुः परि तमांस्यक्तून् प्र मातृभ्योऽअधि कनिक्रदद्गाः ॥ ४३ ॥

ऋ० १० । १ । २ ॥

त्रित ऋषि । अश्वोऽग्निर्देवता । विराट् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) राजन् ! हे विद्वन् ! (स.) वह आप (जातः) नव उत्पन्न (गर्भः) गर्भ के समान है । (रोदस्योः) आकाश पृथिवी के बीच में सूर्य के समान (चारु.) अति सुन्दर और (ओषधीषु) माता पिताओं के द्वारा धारण किया गया गर्भ जिस प्रकार ओषधियों के द्वारा (विभृत) विशेषरूप से परिपुष्ट होता है उसी प्रकार हे राजन् ! हे विद्वन् ! (ओषधीषु) दुष्टो के सन्तापजनक वीर पुरुषों के बीच में विशेषरूप से स्थित, एव (ओषधीषु विभृतः) तापधारक रश्मियों के

भीतर विशेषरूप से विद्यमान, तेजस्वी सूर्य के समान है। आप (चित्र) नानावर्णों की रश्मियों से विचित्र, एवं (शिशुः) बालक के समान अद्भुत और अद्भुत पराक्रमी, (शिशु) प्रशंसनीय हैं। और सूर्य जिस प्रकार (अक्तून्,) रात्रिरूप (तमांसि) अन्धकारों को (मातृभ्यः) परिमाण करनेवाली दिशाओं से (परि) दूर करता हुआ (अधि कनिक्रदत् प्रगा.) पृथिवी के भागों पर फैलता हुआ आता है। और बालक जिस प्रकार (मातृभ्य.) अपने मान करने योग्य माताओं से (तमांसि अक्तून्) शोकादि अन्धकारों को दूर करता हुआ (अधि कनिक्रदत् प्र गा.) हर्षध्वनि करता हुआ जाता है उसी प्रकार तू सुप्रसन्न होकर (रोदस्यो· गर्भजात·) रोधकारी, मर्यादाशील राजप्रजा वर्गों के बीच वश करने में समर्थ होकर (ओपधाषु चारुः विभृतः) शत्रुतपदायक वीर पुरुषों के बीच सचरण करनेवाला एवं सुरक्षित (चित्र.) पूजनीय, चेतनावान् ज्ञानवान्, (शिशु) अतिप्रशस्त। तमांसि अक्तून् परि) घोर अन्धकार अज्ञानों को दूर करता हुआ (मातृभ्य) राष्ट्र के बनानेवाले, बड़े अनुभवी पुरुषों से अथवा (मातृभ्य =प्रमातृभ्यः) उत्कृष्ट ज्ञानवान् गुरुओं से (अधिकनिक्रदत्) विद्याओं का अध्ययन करके (प्र गा) आवें॥ शत० ६।४।४।२॥

इसमें वाचकलुप्तोपमा द्वारा राजा विद्वान् को गर्भजात बालक और सूर्य की उपमा देकर श्लिष्ट वर्णन किया है।

स्थि॒रो भ॑व वी॒ड्व॑ङ्ग ऽआ॒शुर्भ॑व वा॒ज्य᳖र्वन्।
पृ॒थुर्भ॑व सु॒षद॒स्त्वम॒ग्नेः पु॑रीष॒वाह॑णः॥ ४४॥

रासभो अग्निर्देवता। विराडनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे (अर्वन्) विज्ञानयुक्त! अति शीघ्रगामिन्! विद्वन् वीर! ब्रह्मचारिन्! तू (स्थिरः) स्थिर (वीड्वङ्गः) दृढ अंगोंवाला (आशुः) अश्व के समान वेगवान् और (वाजी) ज्ञानवान्, बलवान्, ऐश्वर्यवान्

(भव) हो। (त्वम्) तू (पृथु) विशाल शरीरवाला (सुषदः) सुख से आश्रय करने योग्य या गुणों का उत्तम आश्रय और (अग्नेः) अग्रणी राजा के लिये (पुरीषवाहनः) उसके ऐश्वर्य को वहन करनेवाला (भव) हो। अश्व के पक्ष में स्पष्ट है ॥ शत० ६ । ४ । ४ । ३ ॥

शिवो भव प्रजाभ्यो मानुषीभ्यस्त्वमङ्गिरः । मा द्यावापृथिवीऽअभि शोचीर्मान्तरिक्षं मा वनस्पतीन् ॥ ४५ ॥

अग्निर्देवता । विराट् पथ्या बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे (अङ्गिर) हे सूर्य के समान तेजस्विन्! हे प्राण के समान प्रिय विद्वन्! (त्वम्) तू (मानुषीभ्यः प्रजाभ्यः) मानव प्रजाओं के लिये (शिव भव) कल्याणकारी हो। तू (द्यावापृथिवी) आकाश और पृथिवी, इन दोनों के बीच के प्राणियों को (मा अभिशोचीः) संतप्त मत कर। (अन्तरिक्षम् मा) अन्तरिक्षस्थ प्राणियों को भी मत सता। (वनस्पतीन् मा) वनस्पतियों को भी कष्ट मत दे, व्यर्थ नाश मतकर ॥ शत० ६ । ४ । ४ । ४ ॥

प्रैतु वाजी कनिक्रदन्नानदद्रासभः पत्वा । भरन्नग्निं पुरीष्यं मा पाद्यायुषः पुरा । वृषाग्निं वृषणं भरन्नपां गर्भꣳ समुद्रियम् । अग्न ऽआयाहि वीतये ॥ ४६ ॥

वाजी रासभश्चाग्निर्वा देवता । ब्राह्मी बृहती । मध्यम ॥

भा०—(वाजी) ज्ञानवान् पुरुष, (कनिक्रदद्) उपदेश करता हुआ आवे। अथवा—(वाजी) बलवान् पुरुष (कनिक्रदद्) मेघ के समान गर्जन करता हुआ या विद्युत् के समान कड़कता हुआ (प्र एतु) शत्रु पर आगे बढ़े। (रासभः) बल से शोभायमान या ज्ञान से तेजस्वी पुरुष (पत्वा) शीघ्रगामी अश्व के समान, एवं विद्याओं में गतिशील होकर

४५—०'रासभस्पत्वा'० इति काण्व० ।

(नानदत्) सिंह के समान गर्जता हुआ (प्र एतु) आगे बढ़े। (पुरीष्यम्) प्रजाओं के पालन करनेवाले, समृद्धिशाली (अग्निम्) तेजस्वी राजा को (भरन्) पुष्ट करता हुआ (आयुषः पुरा मा पादि) आयु के पूर्व न मरे। अथवा विद्वान् पुरुष (पुरीष्यम् अग्निम्) पालन या रक्षा कार्यों में समर्थ विद्युत् अग्नि को (भरन् आयुषः पुरा मा पादि) धारण करता हुआ अपनी आयु के पूर्व विनष्ट न हो। (वृषा) बलवान् वायु जिस प्रकार (समुद्रियम्) समुद्र या अन्तरिक्ष से उत्पन्न होनेवाले (अपां गर्भम्) जलों के भीतर छुपे (वृषणम्) वर्षणशील विद्युत् को (भरन्) धारण करता है उसी प्रकार (वृषा) बलवान् पुरुष (समुद्रियम्) सेना के महा समुद्र के बीच में तेजस्वी (अपां गर्भम्) आप्त प्रजाओं को वश करने में समर्थ, उनके मध्य में विराजमान, (वृषणं) सुखों के वर्षक, एवं स्वतः बलवान् राजा या सेनापति को (भरन्) धारण करे। हे (अग्ने) अग्रणी, ज्ञानवान् तेजस्विन्! राजन्! आप (वीतये) कान्ति या प्रकाश के लिये या विविध ऐश्वर्यों के भोग करने के लिये (आयाहि) हमें प्राप्त हों॥ शत० ६। ४। ४। ७॥

ऋतꣳ सत्यमृतꣳ सत्यमग्निं पुरीष्यमङ्गिरस्वद्भरामः। ओषधयः प्रतिमोदध्वमग्निमेतꣳ शिवमायन्तमभ्यत्र युष्माः। व्यस्यन् विश्वाऽअनिराऽअमीवा निषीदन्नोऽअप दुर्मतिं जहि॥ ४७॥

अग्निर्देवता। विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(अङ्गिरस्वत्) वायु जिस प्रकार (पुरीष्यम् अग्निम्) रक्षाकारी साधनों में सब से उत्तम विद्युत् को धारण करता है। और जिस प्रकार (अङ्गिरस्वत्) तेजस्वी विद्वान् (पुरीष्यम्) पालन करने में समर्थ (अग्निम्) अग्नि के समान परंतप राजा को पुष्ट करता है उसी प्रकार हम लोग (सत्यम्) सत्य, यथार्थ ज्ञान को या (सत्यम्) सत् पुरुषों में विद्यमान, (ऋतम्) यथार्थ ज्ञान और भाषण और कर्म को या वेदज्ञान

को (भगम) धारण करें । (ओषधय:) जिस प्रकार विजली के कड़कने पर जौ आदि ओषधियां अति प्रसन्न होकर लहलहाती हैं उसी प्रकार हे (ओषधय) वीर्यों को धारण करने वाले वीर पुरुषो ! आप लोग (शिवम्) कल्याणकारी (युष्मा अभि) आप लोगों के प्रति (अत्र आयान्तम्) इधर इस राष्ट्र में प्राप्त होते हुए (एतम् अग्निम्) इस तेजस्वी शत्रुसंतापक राजा को प्राप्त कर (प्रतिमोदध्वम्) सत्कारों द्वारा हर्ष प्रकट करो । हे राजन् ! हे विद्वन् ! तू (विश्वाः) समस्त प्रकार के (अनिरा:) अन्नादि समृद्धियों को न देने वाली अथवा (अनिराः) अन्नादि के नाशक दैवी विपत्तियों को (व्यस्यन्) दूर करता हुआ (अमीवा) स्वयं रोग रहित होकर (निषीदन्) विराजमान होकर (न:) हमारे (दुर्मतिम्) दुष्टमति या दुष्ट मार्ग में जाने वाली दुःखदायी मति को या (न. दुर्मतिम्) हममे से दुष्ट बुद्धि वाले पुरुष को (अपजहि) विनाश कर । शत० ६ । ४ । ४ । १०—१६ ॥

कालिदास ने जिस प्रकार वसिष्ठ का वर्णन रघुवंश में लिखा है —

पुरुषायुषजीविन्यो निरातङ्का निरीतय. ।
यन्मदीयाः प्रजास्तस्य हेतुस्त्वद् ब्रह्मवर्चसम् ॥ १ । ६३ ॥
उपपन्नं ननु शिवं सप्तस्वङ्गेषु यस्य मे ।
दैवीनां मानुषीणां च प्रतिहर्त्ता त्वमापदाम् ॥ १ । ६० ॥
हविरावर्जितं होतस्त्वया विधिवदग्निषु ।
वृष्टिर्भवति सस्यानामवग्रहविशोषिणाम् ॥ १ । ६२ ॥

ओषधयः प्रति गृभ्णीत पुष्पवतीः सुपिप्पलाः ।
अयं वो गर्भ ऋत्वियः प्रत्नᳬ सधस्थमासदत् ॥ ४८ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगनुष्टुप । गाधारः ॥

भा०—(ओषधयः) ओषधियां जिस प्रकार (पुष्पवतीः) फूल वाली और (सुपिप्पला.) उत्तम फलवाली होकर गर्भ ग्रहण करती हैं

उसी प्रकार हे (ओषधय) वीर्य को धारण करने में समर्थ स्त्रियो! आप सभी (पुष्पवतीः) रजस्वला एवं (सुपिप्पला) उत्तम, सफल होकर (प्रतिगृभ्णीत) प्रत्येक पृथक् २ गर्भ ग्रहण करो । (व) तुम्हारा (अयं) यह (गर्भः) ग्रहण किया हुआ गर्भ (ऋत्विय.) ऋतुकाल मे प्राप्त होकर (प्रत्नम्) अपने प्रथम प्राप्त (सधस्थम्) स्थान पर ही (आसदत्) स्थिर रहे।

राजा के पक्ष में—हे (ओषधयः) वीर प्रजाजनो ! आप लोग (पुष्पवती.) पुष्टिप्रद अन्न आदि से समृद्ध और (सुपिप्पला) उत्तम रक्षा साधनो से युक्त होकर (प्रतिगृभ्णीत) प्रत्येक सुरक्षित रहो । (अय वः) यह राजा तुम्हे (गर्भ.) ग्रहण या वश करने में समर्थ है । वह (प्रत्नं) पूर्व प्राप्त (सधस्थम्) उच्च आश्रय को (आसदत्) प्राप्त किये रहे, अपने पूर्व पद से न गिरे ॥ शत० ६ । ४ । ४ । १७ ॥

वि पाजसा पृथुना शोशुचानो बाधस्व द्विषो रक्षसोऽअमीवाः । सुशर्मणो बृहतः शर्मणि स्यामग्नेरहꣳ सुहवस्य प्रणीतौ ॥ ४६ ॥

ऋ० ३ । १५ । १ ॥

उत्कील ऋषि. । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे राजन् ! पृथिवीपते ! पालक ! तू (पृथुना) बड़े (विस्तृत पाजसा) वीर्य, बल से (शोशुचान·) तेजस्वी होता हुआ (अमीवा.) राष्ट्र के रोग स्वरूप (रक्षसः) विघ्नकारी दुष्ट (द्विष.) शत्रुओं को (वि बाधस्व) नाना प्रकार से पीड़ित कर। (बृहत) बड़े भारी (सुशर्मण.) उत्तम सुखकारी शरणवाले (अग्ने·) अग्नि के समान तेजस्वी राजा के (शर्मणि) गृह में पति के गृह में पत्नी के समान (अहम्) मैं प्रजा (सुहवस्य) उत्तम रूप से ग्रहण करनेवाले एव उत्तम ऐश्वर्य, वीर्य के देनेवाले पालक स्वामी के (प्रणीतौ) उत्कृष्ट नीति में (स्याम्) रहूं ॥ शत० ६ । ४ । ४ । २० ॥

आपो हि ष्ठा मयोभुवस्तान ऊर्जे दधातन । महे रणाय चक्षसे
॥ ५० ॥ ऋ० १० । ६ । १ ॥

सिन्धुद्वीप ऋषिः । आपो देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (आपः) आप्तजनों ! आप लोग जलधारा के समान शीतल एवं ज्ञानरस से युक्त (हि) ही सदा (स्थ) रहो । (ताः) वे आप लोग (मयोभुव) सुख को उत्पन्न करनेहारी होकर (ऊर्जे) बल, पराक्रम और (महे) बड़े भारी (चक्षसे) दर्शनीय (रणाय) संग्राम के समान साहस योग्य कार्य करने के लिये (नः) हमें (दधातन) पुष्ट करो ॥ शत० ६ । ५ । १ । २ ॥

विद्वानों के पक्ष में—(आपः) आप्त पुरुष (ऊर्जे) बलस्वरूप (महे) बड़े पूजनीय, (चक्षसे रणाय) दर्शनीय, परम रमणीय उपास्य-देव ब्रह्म की प्राप्ति के लिये हमें (दधातन) धारण करें । अपने शिष्यरूप से स्वीकार करें ।

स्त्रियों के पक्ष में—(आपः) जल के समान शीतल, सरलस्वभाव-वाली स्त्रिये देहमें (महे रणाय चक्षसे) बड़े भारी दर्शनीय, उत्तम कारण अर्थात् रमणीय कार्य गृहस्थ आदि के लिये (दधातन) पति आदि रूप से स्वीकार करें ।

यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः । उशतीरिव मातरः
॥ ५१ ॥ ऋ० १० । ६ । २ ॥

सिन्धुद्वीप ऋषि । आपो देवताः । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(उशती मातरः इव) पुत्रों के प्रति कामना युक्त, स्नेह युक्त माताएं जिस प्रकार अपने उत्तम कल्याणकारी दुग्धरस से उनको पुष्ट करती हैं उसी प्रकार, हे (आप.) जलो ! और जलों के समान ज्ञान-रस से पूर्ण आप्त पुरुषो ! एवं स्त्रीजनो ! आपका जो (शिवतमः)

सबसे अधिक कल्याणकारी (रसः) रस, बल, प्रेम है। (तस्य) उसको (इह) इसलोक मे (नः) हमें (भाजयत) प्राप्त कराओ ॥ शत० ६। ५। १। २॥

तस्मा ऽअरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ।
आपो जनयथा च नः ॥ ५२ ॥ ऋ० १०। ६। ३॥

ऋषिदेवताच्छन्द.स्वरा पूर्वोक्ता ॥

भा०—हे (आप·) आप्त पुरुषो ! आप लोग (यस्य) जिस ज्ञान-रस से (क्षयाय) सुखपूर्वक इस संसार में निवास करने के लिये (जिन्वथ) समस्त प्राणियों को तृप्त करते हो, अपना ज्ञानरस प्रदान करते हो, हम (तस्मै) उस रसको (अरम्) पर्याप्त रूप से (गमाम) प्राप्त हों। और हे (आप·) आप्त पुरुषो ! आप लोग (न च) हमें भी (जनयथ) योग्य बनाओ ॥ शत० ६। ५। १। २॥

स्त्रियों के पक्ष मे—हे (आपः) जलके समान शीतल स्वभाववाली स्त्रियो ! (यस्य) जिस आनन्द-रस के प्रेम और बल से (क्षयाय) गृहस्थ कार्य सम्पादन के लिये तुम (जिन्वथ) सबको प्रसन्न एवं तृप्त करती हो। हम (तस्मै) उसी प्रेम सुख को (अरम् गमाम) भली प्रकार प्राप्त करें और तुम ही (न. च जनयथ) हमारे लिये सन्तान उत्पन्न करने में समर्थ हो।

मित्रः सᳫंसृज्य पृथिवीं भूमिं च ज्योतिषा सह।
सुजातं जातवेदसमयक्ष्माय त्वा सᳫंसृजामि प्रजाभ्यः ॥ ५३ ॥

मित्रो देवता। उपरिष्टाद् बृहती। मध्यम ॥

भा०—(मित्रः) सूर्य के समान स्नेही परमेश्वर (पृथिवीम्) विस्तृत अन्तरिक्ष और (भूमिम् च) भूमि को (ज्योतिषा) अपने प्रकाश से (संसृज्य) संयुक्त करके जिस प्रकार (सु जातम्) उत्तम गुणों से युक्त, (जातवेदम्) अग्नि को भी (प्रजाभ्य.) प्रजाओं के (अय-

क्ष्माय) रोगों के नाश के लिये (ज्योतिषा सह संसृजति) तेज के सहित उत्पन्न करता है उसी प्रकार (मित्रः) सबका स्नेही राजा (पृथिवीम्) विशाल राजशक्ति और (भूमिम् च) जनपद, भूमि को (ज्योतिषा सह संसृज्य) तेजोमय ऐश्वर्य से युक्त करके (प्रजाभ्य अयक्ष्माय) प्रजाओं के रोग सन्ताप के नाश करने के लिये (त्वा) तुझे (सुजातम्) उत्तम गुणों और विद्याओं में सुविख्यात (जातवेदसम्) विज्ञानवान् विद्वान् पुरुष को (सं सृजामि) भली प्रकार नियुक्त करता हू ॥ शत० ६ । ५ । १ । ५ ॥

रुद्राः सꣳसृज्य पृथिवीं बृहज्ज्योतिः समीधिरे ।
तेषां भानुरजस्र ऽइच्छुक्रो देवेषु रोचते ॥ ५४ ॥

रुद्राः देवता । अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(रुद्राः) प्राणरूप से सूक्ष्म प्राकृतिक जीवनप्रद परमाणु रूप वायुएं या रश्मियां जिस प्रकार (बृहत् ज्योतिः) महान् दीप्ति स्वरूप सूर्य को (संसृज्य) परस्पर मिलकर उत्पन्न करके (पृथिवीम्) पृथिवी को भी (सम् ईधिरे) खूब प्रज्वलित और प्रकाशित करते हैं (तेषाम्) उनमें से (भानुः इत्) यह ज्योतिष्मान् अग्नि तत्त्व है जो (अजस्रः) कभी क्षीण न होकर, (शुक्रः) सदा कान्तिमान् होकर, समस्त (देवेषु) देव, दिव्य पदार्थों में (रोचते) प्रकाशित होता है । उसी प्रकार (रुद्राः) दुष्टों को रुलानेवाले वीर पुरुष (संसृज्य) परस्पर एक व्यवस्थित राष्ट्र बनाकर (पृथिवीम्) पृथिवी पर (बृहत्-ज्योतिः) सूर्य के समान बड़े भारी तेजस्वी सम्राट् को (सम् ईधिरे) मिलकर प्रज्वलित करते, उसको बहुत तेजस्वी बना देते हैं । (तेषाम्) उनमें से (अजस्रः) शत्रुओं से कभी विनष्ट न होनेवाला (भानुः) सूर्य के समान तेजस्वी (शुक्रः) शुद्ध, कान्तिमान् वह राजा (इत्) ही (देवेषु)

विद्वानों और राजाओं में (रोचते) बहुत प्रकाशित होता है ॥ शत० ६ । ५ । १ । ७ ॥

सꣳसृष्टां वसुभी रुद्रैर्धीरैः कर्मण्यां मृदम् ।
हस्ताभ्यां मृद्वीं कृत्वा सिनीवाली कृणोतु ताम् ॥ ५५ ॥

सिनीवाली देवता । विराडनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—जिस प्रकार (हस्ताभ्याम्) हाथों से (मृदम्) मिट्टी को (मृद्वीं कृत्वा) कोमल करके, सान २ करके, जलों से मिलाकर शिल्पी या कुम्भार उसको (कर्मण्या करोति) घड़ा आदि नाना पदार्थ बनाने के काम का बना लेता है, उसी प्रकार (सिनीवाली) परस्पर बांधने में समर्थ शक्तियों को अपने गूढ़रूप से धारण करनेवाली महती ब्रह्मशक्ति (धीरैः) क्रियाशील, धारणपोषणसमर्थ, (वसुभिः) जीवों को वास करानेवाले आठ विकारों और (रुद्रैः) रोदनकारी, प्राणों से (संसृष्टाम्) भली प्रकार रची गयी, संयुक्त हुई (मृदम्) सब प्रकार से मर्दन करने योग्य नाना विकारवती प्रकृति को (हस्ताभ्यां) संयोग, विभागरूप हाथों से (मृद्वीं कृत्वा) मृदु, विकृत होने योग्य करके (कर्मण्या) सृष्टि के नाना पदार्थों के रचने योग्य (कृणोतु) करती है। इसी प्रकार कन्याओं के पक्ष में—(सिनीवाली) प्रेमबद्ध कन्याओं की रचिका हाथों से कोमल करके मिट्टी को जिस प्रकार जलों से मिलाकर योग्य बना लेते है उसी प्रकार (वसुभिः) २४ वर्ष के, (रुद्रैः) ३६ वर्ष के, (धीरैः) बुद्धिमान् धारणावान् विद्वान् पुरुषों से (संसृष्टा) संसर्ग को प्राप्त, योग्य कन्याओं को (कर्मण्या कृणोतु) गृहस्थ के प्रजोत्पादन आदि कार्यों के योग्य (कृणोतु) बनावे ॥ शत० ६ । ५ । १ । ६ ॥

राजपक्ष में—(सिनीवाली) राष्ट्र को नियम में बांधनेवाली राजसभा (वसुभिः) विद्वान्, (रुद्रैः) वीर्यवान्, धीर पुरुषों से (संसृष्टा) बनी हुई (मृदम्) पृथिवीवासिनी प्रजा को (हस्ताभ्यां) दमन करने के

वाह्य और आभ्यन्तर, प्रकट और अप्रकट साधनों से (मृद्वीं) कोमल, विनीत बनाकर (कर्मण्यां करोतु) उत्तम कर्म करनेवाली बनावे। 'मृत्' यहा सामान्य प्रजा का वाचक उसी प्रकार है जैसे प्रजा का वाचक है।

सिनीवाली सुकपर्दा सुकुरीरा स्वौपशा।
सा तुभ्यमदिते मह्योखां दधातु हस्तयोः ॥ ५६ ॥

अदितिर्देवता। विराड अनुष्टुप्। गाधार स्वरः ॥

भा०—हे (अदिते) अखण्डित प्रजातन्तुरूप आनन्दवाली गृहणी! हे (महि) पूजनीय! जो (सिनीवाली) प्रेमबन्धन से युक्त, (सुकपर्दा) उत्तम केशवाली, (सुकुरीरा) उत्तम आभूषणवाली, (स्वौपशा) उत्तम अंगोंवाली है (सा) वह (तुभ्यम्) तेरे लिये (हस्तयोः) हाथ में (उखाम् इव) वेग के समान (उखाम्) 'उखा' अर्थात् प्रजापति के सन्तान प्रसव के कर्म या गर्भ को (आ दधातु) धारण करे ॥ शत० ६। ५। १। १० ॥

अर्थात् सासों के घर में सुन्दर सुभुषित, सुकुमारियां आवें और वे गर्भ धारण कर सन्तान उत्पन्न करें।

'उखा'—आत्मा वा उखा। श० ६। ५। ३। ४ ॥ उदरम् उखा। श० ७। ५। १। ३८ ॥ योनिर्वा उखा। श० ७। ५। २। २ ॥ इमे वै लोका उखा। श० ६। ५। २। १७ ॥ प्राजापत्यम् एतत् कर्म यदुखा। श० ६। ५। २। १७ ॥

ब्रह्मपक्ष में—हे अदिते-अखण्ड आनन्दमय ब्रह्मशक्ते! (तुभ्यम्) तेरे प्राप्त करने के लिये (सिनीवाली) सर्वनियमकारिणी (सुकपर्दा) सुखमयी, (सुकुरीरा) उत्तम कर्ममयी, (स्वौपशा) उत्तम योग निद्रा, समाधि में समाहित, (सा) वह चित्त स्थिति (उखां आदधातु) ऊर्ध्व पद को प्राप्त करनेवाले आत्मा को सदा धारण करे।

राष्ट्र पक्ष में—हे (अदिते) अखण्ड शासन शक्ते ! सिनीवाली नामक सभा ! उत्तम कपर्द=अर्थात् राज्य प्रबन्धवाली वह राजनीति उत्तम कर्मवाली, उत्तम व्यवस्थावाली, तेरे समस्त पृथिवी, निवासी लोगों को हाथ में कलसी के समान धारण करे।

उखां कृणोतु शक्त्या बाहुभ्यामदितिर्धिया। माता पुत्रं यथोपस्थे साग्निं बिभर्तु गर्भ आ। मखस्य शिरोऽसि ॥ ५७ ॥

अदितिर्देवता । भुरिग् बृहती । मध्यम. ॥

भा०—शिल्पी जिस प्रकार (बाहुभ्याम्) अपनी बाहुओं से (उखां कृणोति) मट्टी से हांडी बनाता है उसी प्रकार परमेश्वर (धिया) धारण आकर्षण करने वाली (शक्त्या) शक्ति से (उखां) इस पृथ्वी को (कृणोतु) बनाता है। और (यथा) जिस प्रकार (माता) माता (उपस्थे) अपनी गोद में (पुत्रं आ बिभर्त्ति) पुत्र का धारण और पालन करती है उसी प्रकार (सा) वह (उखा) पृथिवी (गर्भे) अपने भीतर (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी राजा को (आ बिभर्त्तु) धारण करे और उसी प्रकार (सा) वह पृथिवी के समान (उखा) उत्तम सन्तान उत्पन्न करने में समर्थ स्त्री भी (गर्भे) अपने गर्भ में (अग्निम्) तेजस्वी वीर्य को (आ बिभर्त्तु) प्रेम से धारण करे। हे राजन् ! हे गृहपते ! तू (मखस्य शिर असि) यज्ञ और ऐश्वर्यमय राष्ट्र का शिर मुख्य है। इसी प्रकार हे गर्भगत वीर्य ! तू (मखस्य) शरीर रचना रूप यज्ञ का (शिर. असि) आश्रय रूप मुख्य अंश या प्रारम्भरूप है ॥ शत० ६ । ५ । १ । ११ ॥

वसवस्त्वा कृण्वन्तु गायत्रेण छन्दसाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवासि पृथिव्यसि धारया मयि प्रजाꣳरायस्पोषं गौपत्यꣳ सुवीर्यꣳ सजातान्यजमानाय रुद्रास्त्वा कृण्वन्तु त्रैष्टुभेन छन्दसाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवास्यन्तरिक्षमसि धारया मयि प्रजाꣳ रायस्पोषं गौपत्यꣳ

सुवीर्य्यंᳬ सजातान्यजमानायादित्यास्त्वा[2] कृण्वन्तु जागतेन छन्दसाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवासि द्यौरसि धारया मयि प्रजाᳬ रायस्पोषं गौपत्यᳬ सुवीर्यंᳬ सजातान्यजमानाय विश्वे त्वा देवा वैश्वानराः कृण्वन्त्वानुष्टुभेन छन्दसाङ्गिरस्वद् ध्रुवासि दिशोऽसि धारया मयि प्रजाᳬ रायस्पोषं गौपत्यᳬ सुवीर्यᳬ सजातान् यजमानाय ॥ ५८ ॥

वसुरुद्रादित्यविश्वेदेवा देवताः । (१,२) उत्कृतिः । षड्जः ॥

भा०—गृहस्थ प्रकरण मे-हे स्त्रि ! तुझे (वसवः) राष्ट्र में वसने वाले विद्वान् पुरुष (गायत्रेण छन्दसा) गायत्र छन्द से (अंगिरस्वत्) शरीर मे विद्यमान प्राण के समान मेरे हृदय या गृह में प्राण के समान प्रिय (कृण्वन्तु) बनावें । तू (ध्रुवा असि) गृहस्थ व्रत में अचल हो, (पृथिवी असि) पृथिवी के समान सबका आश्रय (असि) हो । (मयि) मेरे लिये (प्रजाम्) सन्तान को अपने भीतर (धारय। धारण कर (रायस्पोषं) धनैश्वर्य की समृद्धि, (गौपत्यम्) गौ आदि पशुओं की सम्पत्ति और (सुवीर्यं) उत्तम वीर्य को (धारय) धारण कर और (सजातान्) समान बल वीर्य से उत्पन्न, अनुरूप पुत्रों और भाइयो को (यजमानाय) विद्या के प्रदान करने वाले आचार्य के अधीन कर । इसी प्रकार स्त्री भी वरण योग्य पति से कहे-हे प्रियतम ! (वसवः) वसु नाम विद्वान् गण (गायत्रेण च्छन्दसा) वेदोपदिष्ट, प्राणो इन्द्रियों और वीर्यों की रक्षा के सुदृढ उपाय से तुझको (अङ्गिरस्वत् कृण्वन्तु) अग्नि के समान तेजस्वी और अंग या शरीर में रस के समान प्रवाहित होने वाले प्राणके समान प्रिय बना देवें । हे प्रियतम ! आप (ध्रुवः पृथुः असि) पर्वत के समान अचल और पृथ्वी के समान विशाल सर्वाश्रय हो । आप (मयि) मुझ अपनी प्रियतमा स्त्री में (प्रजाम्) प्रजा (रायः पोषम्) धन समृद्धि (गापत्यम्) पशु

१—चतुर्थ्यर्थे सप्तमी ।

सम्पत्ति (सुवीर्यम्) उत्तम वीर्य (धारय) धारण कराओ और (सजातान्) हम दोनों के समान वीर्य से उत्पन्न पुत्रों को (यजमानाय) विद्या के प्रदाता आचार्य विद्वान् पुरुष के अधीन रख । इसी प्रकार (रुद्रा) रुद्र नामक विद्वान् नैष्ठिक पुरुष (त्रैष्टुभेन छन्दसा) वेदोक्त त्रैष्टुभ छन्द से (अङ्गिरस्वत् कृण्वन्तु) ज्ञान और वीर्य से तेजस्वी बनावें । (आदित्याः) आदित्य के समान तेजस्वी विद्वान् (जागतेन छन्दसा) जागत, अर्थात् लोकोपकारी वृत्ति की शिक्षा से तुझे (अङ्गिरस्वत्) ज्ञानवान्, तेजस्वी बनावें । और (वैश्वानराः) समस्त नेता पुरुषों के नेताओं में भी उच्चपदों पर विराजमान (विश्वे देवाः) समस्त दानशील एव दर्शनशील राजा और विद्वान् लोग (आनुष्टुभेन छन्दसा अङ्गिरस्वत् कृण्वन्तु) आनुष्टुभ छन्द से अर्थात् परस्पर एक दूसरे के अनुकूल व्यवस्था पूर्वक रहने की शिक्षा से सूत्रात्मक वायु के समान प्रिय बनावें (ध्रुवा असि० यजमानाय ३ इत्यादि) पूर्ववत् । शत० ६ । ५ । २ । ३—६ ॥

राज पक्ष में—हे पृथिवी ! हे राजन् ! तुझको (गायत्रेण छन्दसा) गायत्रछन्द, अर्थात् ब्राह्मण बल से (वसवः) वसु नामक विद्वान्गण (अगिरस्वत्) अग्नि सूर्य और वायु और आकाश के समान तेजस्वी बलवान् और व्यापक बनावें । (रुद्रा.) शत्रुओं को रुलाने में समर्थ वीर सैनिक (त्रैष्टुभेन छन्दसा) क्षात्रबल से तुझको तेजस्वी बनावें । (आदित्यैः) आदान कुशल वैश्यगण तुझको वैश्यबल से तेजस्वी ऐश्वर्यवान् बनावें । (वैश्वानराः) समस्त प्रजा के नेता लोग (आनुष्टुभेन छन्दसा) परस्परानुकूल व्यवहार से युक्त श्रमी वर्ग के बलसे तुझे बलवान् बनावे । हे पृथिवी ! तू पृथिवी है । तू (ध्रुवा असि) ध्रुव, स्थिर है । तू (मयि) मुझ राष्ट्रपति के लिये (प्रजां, रायःपोषम् , गौपत्यं, सुवीर्यं धारय) प्रजा, धनैश्वर्य, पशु समृद्धि, उत्तम वीर्य को धारण कर । (यजमानाय सजातान्)

मेरे समान बलशाली राजाओं को भी मुझ यज्ञशील राष्ट्रपति के अभ्युदय के लिये (धारय) धारण कर ।

अदि॑त्यै॒ रास्ना॒स्यदि॑तिष्टे॒ बिलं॑ गृभ्णातु । कृ॒त्वाय॒ सा म॒हीमु॒खां मृ॒न्मयीं॒ योनि॑म॒ग्नये॑ । पु॒त्रेभ्यः॒ प्राय॑च्छ॒ददि॑तिः श्र॒पया॒निति॑ ॥ ५९ ॥

अदिती रास्ना देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे विदुषि स्त्रि ! तू (अदित्यै) अदिति अर्थात् अखण्ड विद्या का (रास्ना) दान करनेवाली (असि) है । हे विद्ये ! (ते बिलम्) तेरे विज्ञानप्रकाश, या गूढ रहस्य को (अदितिः) अखण्ड व्रत का पालन करनेवाला कुमार और कुमारी (गृभ्णातु) ग्रहण करे । (अदितिः) पुत्रों की माता जिस प्रकार (मृन्मयीम् उखां कृत्वाय) मट्टी की हांडी को बना कर (पुत्रेभ्यः प्रायच्छत्) पुत्रों को दे देती है और आज्ञा दे दिया करती है कि (श्रपयान् इति) उसको आग पर पकाओ । उसी प्रकार (सा) वह विदुषी माता (महीम्) पूजनीय (अग्नये) अग्निस्वरूप ज्ञानवान आचार्य्य के अधीन (योनिम्) अपने पुत्र पुत्रियों का आश्रय निवासस्थान में प्राप्त होनेवाली (उखाम्) उत्तम फलदात्री विद्या को (कृत्वाय) प्राप्त करके (अदितिः) स्वयं अखण्ड व्रत होकर विद्या का प्रदानकर्ता आचार्य (पुत्रेभ्यः प्रायच्छत्) पुत्रों को विद्या प्रदान करे । और कहे कि इस ब्रह्मविद्या रूप परम आनन्दरस की दात्री को (अपयान् इति, तप द्वारा परिपक्क करो ॥ शत० ६ । ५ । २ । १२ ॥

वस॑वस्त्वा धूपयन्तु गाय॒त्रेण॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वद् रु॒द्रास्त्वा॑ धूप- यन्तु॒ त्रैष्टु॑भेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वदा॑दि॒त्यास्त्वा॑ धूपयन्तु॒ जाग॑तेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वत् । विश्वे॑ त्वा दे॒वा वै॑श्वान॒रा धू॑पय॒न्त्वानु॑ष्टुभेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वदिन्द्र॑स्त्वा धूपयतु॒ वरु॑णस्त्वा धूपयतु॒ विष्णु॑स्त्वा धूपयतु ॥ ६० ॥

वस्वादयो लिङ्गोक्ता देवता । स्वराट् सकृतिः । गान्धारः ॥

भा०—हे पृथिवि ! (गायत्रेण छन्दसा) पूर्वोक्त गायत्र छन्द, (त्रैष्टुभेन छन्दसा) त्रैष्टुभ छन्द और (जागतेन छन्दसा) जागत छन्द और (आनुष्टुभेन छन्दसा) वेदोक्त अनुष्टुभ छन्द इन सबके अध्ययन, मननद्वारा एवं पूर्वोक्त ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एव श्रमी प्रजाओं के परस्पर प्रेम व्यवहार से (अङ्गिरस्वत्) अग्नि या ज्ञानवान् के समान विदुषी, तेजस्विनी, समृद्ध (त्वा) तुझको (वसव) वसु नामक विद्वान् प्रजागण, (रुद्रा) रुद्र नामक नैष्ठिक, राष्ट्र के प्राणस्वरूप शत्रुनाशक लोग (आदित्याः) आदित्य के समान तेजस्वी और (विश्वेदेवा) समस्त देवगण जो (वैश्वानरा) वैश्वानर अग्नि के समान सर्व प्रकार या समस्त प्रजा के नेता लोग हैं वे (धूपयन्तु) तुझे सुसंस्कृत करें तुझे शिक्षित करें। (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा (वरुणः त्वा धूपयतु) सर्व श्रेष्ठ, दुष्टों का वारक, शासक (त्वा धूपयतु) तुझे उत्तम संस्कृत करे। (विष्णु॰) व्यापक शक्तिका स्वामी राजा (त्वा धूपयतु) तुझे शुद्ध एव संस्कृत, सुशिक्षित करे। ब्रह्मचारिणी पक्षमें—वसु आदि विद्वान् गायत्री आदि वेदोक्त मन्त्रों द्वारा कन्याओं और कुमारों को शिक्षित और संस्कार युक्त करें।(वरुण. विष्णु.) आचार्य, विद्या के लिये गुरुरूप से वरण करने योग्य और समस्त विद्याओं मे व्यापक विद्वान् आचार्य जन भी तुझे शिक्षित करे॥ शत० ६।५।३।१०॥

'धूपयन्तु'—धूप भाषार्थ। चुरादिः। 'सुगन्धान्नादिभिः, विद्यासुशिक्षाभ्यां, सत्यव्यवहारग्रहणेन, राजविद्यया राजनीत्या संस्कुर्वन्तु, इति दयानन्द॰।

[१] अदि॑तिष्ट्वा दे॒वी वि॒श्वदे॑व्यावती पृथि॒व्याः स॒धस्थे॑ऽअङ्गिर॒स्वत् ख॑नत्ववट दे॒वानां॑ त्वा॒ पत्नी॑र्दे॒वीर्वि॒श्वदे॑व्यावतीः पृथि॒व्याः स॒धस्थे॑ऽअङ्गिर॒स्वद्द॑धतूखे धि॒षणा॑स्त्वा दे॒वीर्वि॒श्वदे॑व्यावतीः

पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वदभीन्धताम् [२] उखे वरूत्रीष्ट्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थेऽअङ्गिरस्वच्छ्रपयन्तूखे ग्नास्त्वां त्वा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वत् पचन्तूखे जनयस्त्वाच्छिन्नपत्रा देवीर्विश्वदेव्यावतीः पृथिव्याः सधस्थे अङ्गिरस्वत् पचन्तूखे ॥ ६१ ॥

अदित्यादयो लिङ्गोक्ता देवताः । (१) भुरिक्कृतिः । निषादः ।

(२) प्रकृतिः । धैवत ॥

भा०—विद्वान् पुरुष जिस प्रकार गढ़े को खोदता है उसी प्रकार हे (अवट) रचना करनेहारे पुरुष ! (विश्वदेव्यवती) समस्त विद्वानों के योग्य ज्ञानों से पूर्ण (अदितिः) अखण्डित राजशक्ति (पृथिव्याः सधस्थे) पृथिवी के पीठ पर (अङ्गिरस्वत्) शरीर में प्राणशक्ति के समान (त्वा) तुझे (खनतु) खने, गुप्तरूप में छिपे, तुझे खोद के प्राप्त करे । और (देवानां पत्नी) देवों विद्वानों और राजा के पालन करनेवाली राज सभाएं, राजमहर्षियों के समान (विश्वदेव्यवती) समस्त विद्वानों योग्य ज्ञान से युक्त होकर (पृथिव्याः सधस्थे) पृथिवी के ऊपर, हे (उखे) उखे ! पृथिवी ! (त्वा दधतु) तुझे वे धारण करें हे (उखे) उखे ! पृथिवी ! (विश्वदेव्य वती) विद्वानो के ज्ञान से पूर्ण (धिषणाः देवी) उत्तम वाणी से युक्त बुद्धियां या सभाएं (पृथिव्याः सधस्थे) पृथिवी के ऊपर (त्वा अभि इन्धताम्) तुझे प्रज्वलित करें । तुझे तेजस्वी और यशस्वी करें । हे (उखे , उखे ! पृथिवि ! प्रजे ! (विश्वदेव्यवतीः) समस्त ज्ञानों से युक्त (वरूत्रीः देवीः) श्रेष्ठ, राजशक्तियां (पृथिव्या सधस्थे) पथिवी के ऊपर (त्वा श्रपयन्तु) तुझे परिपक्व, तपस्वी और दृढ़ बलवान् बनावे । हे (उखे) पृथिवि ! प्रजे ! (विश्वदेव्यवतीः ग्नाः देवी) समस्त ज्ञानो और राजबलों से युक्त व्यापक वेदवाणियां और स्त्रियां

या व्यापक राजशक्तियां (पृथिव्याः सधस्थे) पृथिवी के ऊपर (अङ्गिरस्वत्) आग पर रक्खी हांडी के अंगारों के समान (त्वा पचन्तु) तुझे परिपक्क करें। और (अच्छिन्नपत्राः) अच्छिन्न या अखण्डित रथों वाली (जनयः) प्रजाएं (विश्वदेव्यवतीः) समस्त विजयोपयोगी सामग्री से युक्त इस (पृथिव्याः सधस्थे) पृथिवी के ऊपर, हे (उखे) उखे ! पृथिवि ! हे प्रजे ! (त्वा) तुझको (अङ्गिरस्वत्) हांडी को अंगारों के समान (पचन्तु) पक्क करें। कन्या आदि सन्तानों के पक्ष में— (अदितिः) विदुषी माता (अवट त्वा खनतु) बालक को प्राप्त करें। (धिषणाः) विदुषी स्त्रियां, (वरूत्री) श्रेष्ठ रक्षाकर्त्री स्त्रियां, (ग्नाः) वेदवाणियों के समान ज्ञानपूर्ण वा उत्तम आचारवाली स्त्रियां और (अच्छिन्नपत्राः जनयः) अखण्डिताचार वाली स्त्रियां, अंगारों पर जिस प्रकार हांडी पकाई जाती है उसी प्रकार प्रजा को भी (दधतु) धारण पोषण करें, (अभि इन्धताम्) विद्यादि गुणों से प्रज्वलित करें (श्रपयन्तु पचन्तु, पचन्तु) ब्रह्मचर्य व्रत पालनादि से मन वाणी और शरीर को परिपक्क करें ॥ शत० ६ । ५ । ४ । १-८ ॥

मि॒त्रस्य॑ चर्षणी॒धृतोऽवो॑ दे॒वस्य॑ सान॒सि ।
द्यु॒म्नं चि॒त्रश्र॑वस्तमम् ॥ ६२ ॥ ऋ० ३ । ५९ । ६ ॥

विश्वामित्र ऋषिः । मित्रो देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः स्वरः ॥

भा०—(मित्रस्य) प्रजा को मरने से बचानेवाले (चर्षणी-धृतः) प्रजाओं को धारण पोषण करने में समर्थ (देवस्य) देव, राजा के (सानसि) सदा से चले आये, (चित्रश्रवःतमम्) विचित्र अन्न आदि भोग्य पदार्थों से समृद्ध (द्युम्नम्) ऐश्वर्य को हे प्रजे ! हे पृथिवि ! तू (अवः) प्राप्त हो। इसी प्रकार स्त्री के पक्ष में—स्त्री अपने मित्र भूत प्रजा के पालक (देवस्य) कमनीय पति के नाना धन सम्पत्ति को प्राप्त करे ॥ शत० ६ । ५ । ४ । १० ॥

देवस्त्वा सविितोद्वपतु सुपाणिः स्वङ्गुरिः सुबाहुरुत शक्त्या।
अव्यथमाना पृथिव्यामाशा दिशऽआपृण ॥ ६३ ॥

सविता देवता । भुरिग्बृहती । मध्यम ॥

भा०—(सविता देव) सूर्य के समान तेजस्वी राष्ट्र का संचालक देव, विद्वान् राजा हे पृथिवि ! (सुपाणिः) उत्तम पालन करनेवाले साधनो से युक्त, (स्वङ्गुरिः) उत्तम अंगों, राज्य के समस्त अंगो से सम्पन्न, (सुबाहु.) शत्रुओं को बांधनेवाले उत्तम सेना, आयुध आदि से युक्त होकर (उत) और (शक्त्या) शक्ति से युक्त होकर (त्वा) तुझको (उद्वपतु) स्वीकार करे और उत्तम बीज वपन करे । इसी प्रकार (सु-पाणिः) उत्तम हाथोंवाला (सु-अङ्गुरि) उत्तम अंगुलियों वाला, (सुबाहु) उत्तम बाहुबल और (उत शक्त्या) उत्तम शक्ति से युक्त होकर हे स्त्रि ! (त्वा उद्वपतु) तुझ मे सन्तानार्थ बीज वपन करे। तू हे प्रजे ! (अव्यथमाना) किसी प्रकार का कष्ट न पाती हुई (पृथिव्याम्) इस भूतल पर (आशाः दिश) समस्त दिशा और उप-दिशाओं को भी (आपृण) पूर ले, अर्थात् फल फूलकर सर्वत्र फैल जा। और हे स्त्री ! तू अपने पति द्वारा कभी पीड़ित न होकर इस पृथिवी पर (आशा.) अपनी समस्त कामना और दिशाओं को भी पूर्ण कर ॥ शत० ६ । ५ । ४ । ११ । १२ ॥

उत्थाय बृहती भवोदु तिष्ठ ध्रुवा त्वम् ।
मित्रैतां त उखां परि ददाम्यभित्याऽएषा मा भेदि ॥ ६४ ॥

उखा देवता । अनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे प्रजे ! तू (उत्थाय) उठकर, अभ्युदयशील होकर (बृहती भव) बहुत बड़ी हो । तू (उत् तिष्ठ) उदय को प्राप्त हो, उठ, (ध्रुवा त्वम्) तू ध्रुवा है, सदा स्थिर रहने वाली है। हे (मित्र) प्रजा के सुहृद्-रूप राजन् ! (उखाम्) नाना ऐश्वर्यों को प्रदान करने वाली इस प्रजा को

हांडी के समान (ते परि) तेरे अधीन (अभित्त्यै) कभी छिन्न भिन्न न होने देने के लिये (ददामि) प्रदान करता हूं। देखना (एषा) यह (मा भेदि) कभी टूट न जाय। इसी प्रकार हे स्त्री! तू उठकर बड़े पुरुषार्थ वाली हो। उठ, तू स्थिर होकर खड़ी हो। हे मित्रवर! इस (उखां) प्रजा को खनन या प्राप्त कराने वाली स्त्री को तुझे सौंपता हूं तुझ से कभी अलग न होने के लिये प्रदान करता हू। यह तुझ से भिन्न होकर न रहे॥ शत० ६।५।४।१२॥

वस॑व॒स्त्वा छृ॑न्दन्तु गाय॒त्रेण॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वद्रु॒द्रास्त्वा छृ॑न्दन्तु त्रैष्टु॑भेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वदा॑दि॒त्यास्त्वा छृ॑न्दन्तु जाग॑तेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वद्विश्वे॑ त्वा दे॒वा वै॑श्वान॒राऽआछृ॑न्द॒न्त्वानु॑ष्टुभेन॒ छन्द॑साङ्गिर॒स्वत्॥ ६५॥

वस्वादयो लिङ्गोक्ता देवता । धृतिः । षड्जः ॥

भा०—हे उखे! पृथिविवासिनी प्रजे! (त्वा) तुझको (वसवः) प्रजाओं को बसाने में समर्थ वसु नामक विद्वान् (गायत्रेण छन्दसा) पूर्वोक्त गायत्र छन्द, ब्राह्मण शक्ति (अंगिरस्वत) अग्नि के समान तेज से युक्त होकर (छृन्दन्तु) तेजस्वी बनावें। (रुद्रा त्रैष्टुभेन छन्दसा अङ्गिरस्वत् छन्दन्तु) अगारे जिस प्रकार हंडिया को तपाते हैं उसी प्रकार रुद्र नामक विद्वान् पुरुष तुझको त्रिष्टुभ छन्द से तेजस्वी ज्ञानवान् करें। (आदित्याः त्वा जागतेन छन्दसा छृन्दन्तु अङ्गिरस्वत्) आदित्य नामक विद्वान् अग्नि के समान तुझको जागत छन्द से तेजस्वी, पराक्रमशील समृद्धिमान् करें। (वैश्वानराः) समस्त प्रजाओं के नेता (विश्वे देवाः) समस्त विद्वान् पुरुष (आनुष्टुभेन छन्दसा) अनुष्टुभ् छन्द से (अङ्गिरस्वत्) प्रदीप्त अग्नि के समान या सूर्य की किरणों के समान (आछृन्दन्तु) प्रदीप्त, उज्वल, सम्पन्न वैभवयुक्त करें॥ शत० ६।५।४।१७॥

हे स्त्री वा पुरुष तुमको वसु, रुद्र, आदित्य विश्वेदेव नामक विद्वान्गण गायत्री आदि वेद मन्त्रों से ज्ञानवान् तेजस्वी करें ।

आकूतिमग्निं प्रयुज॒ꣳ स्वाहा॒ मनो॑ मेधामग्निं प्रयुज॒ꣳ स्वाहा॑ चित्तं विज्ञा॑तमग्निं प्रयुज॒ꣳ स्वाहा॑ वाचो विधृ॑तिमग्निं प्रयुज॒ꣳ स्वाहा॑ । प्रजाप॑तये मन॑वे स्वाहाग्नये वैश्वानराय स्वाहा॑ ॥ ६६ ॥

अग्न्यादयो मन्त्रोक्ता देवताः । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(आकूतिम्) समस्त अभिप्रायों को ज्ञान करनेवाली शक्ति और उसके (प्रयुजम्) प्रयोग करनेहारे (अग्निम्) ज्ञानवान् आत्मा को (स्वाहा) यथार्थ सत्य क्रिया के अभ्यास से जानो । (मन.) मनन करनेवाले अन्त करण और (मेधा) धारणावती बुद्धि को और (अग्निम् प्रयुजम्) उसके प्रेरक अग्नि आत्मा को या विद्युत् शक्ति को (स्वाहा) उत्तम योगक्रिया द्वारा प्राप्त करो । (चित्तम्) चिन्तन करनेवाले (विज्ञातम्) विशेष ज्ञान के साधन और (प्रयुजम्) उसके प्रेरक (अग्निम्) अग्नि के समान प्रकाशित आत्मा को (स्वाहा) उत्तम रीति से जानो । (वाचः विधृतिम्) वाणी को विशेषरूप से धारण करनेवाली शक्ति और (प्रयुजम् अग्निं) और उसमें प्रयुक्त या उसकी प्रेरणा करनेवाली अग्नि, विद्युत शक्ति को (स्वाहा) उत्तम रीति से प्राप्त करो । हे पुरुषो ! आप लोग (मनवे) मननशील (प्रजापतये) प्रजा के पालक पुरुष को (स्वाहा) उत्तम आदर सत्कार करो । (वैश्वानराय अग्नये) समस्त पुरुषों में प्रकाशमान, सबके हितकारी (अग्नये) सबके प्रकाशक परमेश्वर या विद्वान् का भी (स्वाहा) उत्तम रीति से स्तवन, गुणगान करो ॥ शत० ६ । ६ । १ । १६–२० ॥

विश्वो॑ दे॒वस्य॑ ने॒तुर्मर्तो॑ वुरीत स॒ख्यम् ।

विश्वो॑ रा॒यऽइ॑षुध्यति द्यु॒म्नं वृ॑णीत पु॒ष्यसे॒ स्वाहा॑ ॥ ६७ ॥

ऋ० ५ । ५० । १ ॥

आत्रेय ऋषिः । सविता देवता । अनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—(विश्वः मर्त्तः) समस्त मनुष्य (देवस्य नेतु) सबके नायक राजा और विद्वान् एव सब सुखों के प्रापक परमेश्वर के (सख्य वुरीत) प्रेम या मित्रता को चाहें । (विश्व.) समस्त मनुष्य ही (राये) ऐश्वर्य के लिये (इषुध्यति) ईश्वर से प्रार्थना करते अथवा (इषुध्यति) पराक्रम से शस्त्रादि धारण करते या आकाचा करते हैं और (पुष्यसे) पुष्ट होने के लिये (स्वाहा सत्य व्यवहार द्वारा (द्युम्नं वृणीत) धन ऐश्वर्य को प्राप्त करें ॥ शत० ६ । ६ । १ । २१ ॥

मा सु भि॑त्था मा सु रि॒षोऽम्ब॑ धृ॒ष्णु वी॒रय॑स्व॒ सु ।
अ॒ग्निश्चे॒दं क॑रिष्यथः ॥ ६८ ॥

उखा अम्वा वा देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे राजा के अधीन प्रजे! एवं पुरुष के अधीन स्त्रि ! तू (मा सु भित्था) राजा से एवं अपने पालक पति से भेद या द्रोह मत कर । (मा सु रिषः) अपने हित के लिये ही कभी विनष्ट मत हो, अपना नाश मत कर या अपने पालक पति या राजा का घात मत कर । हे (अम्ब) हे स्त्रि ! पुत्रों की माता के समान तू (धृष्णु) दृढता से (सु वीरयस्व) अपने ही हितार्थ पराक्रम बल के कार्य कर । तू (अग्निः च) अग्नि के समान तेजस्वी राजा या अग्नितत्व-प्रधान पति, वीर्यवान् पुरुष दोनों मिलकर राज्य के समस्त कार्य को और स्त्री पुरुष दोनों मिलकर गृहस्थ कार्य को (करिष्यथ.) करें ॥ शत० ६ । ६ । २ । ५ ॥

दृꣳह॑स्व देवि पृथिवि स्व॒स्तय॑ऽआसु॒री मा॒या स्व॒धया॑ कृ॒तासि॑ ।
जुष्टं॑ दे॒वेभ्य॑ऽइ॒दम॑स्तु ह॒व्यमरि॑ष्टा॒ त्वमुदि॑हि य॒ज्ञेऽअ॒स्मिन् ॥ ६९ ॥

उखा अम्वावा देवता । गायत्री । षड्ज. ॥

भा०—हे (देवि पृथिवि) देवि पृथिवि ! तू (स्वधया) अन्न और जल से या स्व=अर्थात् शरीर को धारण पोषण करने वाली शक्ति से (आसुरी माया) प्राणों की या प्राणों में रमण करने वाले जीवों या बलवान् बुद्धिमान् पुरुषों की प्रज्ञा या बुद्धि या चमत्कार करने वाली अद्भुत शक्ति से (कृता असि) बनाई जाती है। तू (स्वस्तये) कल्याण के लिये (दृंहस्व) दृढ़ हो, वृद्धि को प्राप्त हो। (इदम् हव्यम्) यह अन्न, उपादेय भोग्य पदार्थ (देवेभ्यः) विद्वान्, विजयी पुरुषों को (जुष्टम् अस्तु) प्रिय लगे। (त्वम्) तू (अस्मिन् यज्ञे) इस यज्ञ में इस यज्ञ, प्रजापति राजा के आश्रय रहकर (अरिष्टा) विना क्लेश पाये, अपीड़ित, सुखी प्रसन्न रहती हुई (उद् हि) उदय को प्राप्त कर, उन्नतिशील हो। पृथिवी के भीतर अग्नि है, उखा नाम हाडी के भीतर अग्नि रक्खी जाती है आसुरी अर्थात् विस्फोटक बाम्ब आदि में भी भीतर अग्नि है, इस उपमा के बल से पृथिवी निवासनी प्रजा भी अपने भीतर राजा, विद्वान् रूप अग्नि को धारण करके और गृहपत्नी पति के वीर्यरूप अग्नि को धारण करके आसुरी माया के समान होजाता है ॥ शत० ६ । ६ । २ । ६ ॥

स्त्री-पक्ष में—हे देवि ! तू (स्वधया कृतासि) अन्न से पुष्ट होकर कल्याण के लिये (दृंहस्व) बुद्धि को प्राप्त हो। तेरा यह अन्न विद्वानों को तृप्तिकर हो। तू इस यज्ञ प्रजापति या गृहस्थ कार्य में (उदिहि) उदय को प्राप्त हो।

द्रुन्नः सुर्पिरासुतिः प्रत्नो होता वरेण्यः ।
सहसस्पुत्रोऽअद्भुतः ॥ ७० ॥ ऋ० २ । ७ । ६ ॥

सोमाहुतिर्भार्गव ऋषि । अग्निर्देवता । विराड् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(द्रुवन्नः) अग्नि जिस प्रकार काष्ठों को जलाता है वे ही उसके अन्न है। इसी प्रकार मनुष्य भी (द्रुवन्नः) 'द्रु' ओषधि वनस्प-

तियों का आहार करने हारा है। (सर्पिरासुति) अग्नि जिस प्रकार घी से बढ़ता है इसी प्रकार तू भी घृत के सेवन से वृद्धि को प्राप्त होने वाला अथवा सर्पि, वीर्य को आसेचन करने में समर्थ है। वह (प्रत्न) सदा से (वरेण्य) सदा स्वीकार करने योग्य, (होता) वीर्य आदि का आधानकर्त्ता, एवं पत्नी का ग्रहीता है। वह (सहस. पुत्र) बल से उत्पन्न एवं बलवान् पुरुष से उत्पन्न पुत्र (अद्भुतः) आश्चर्यजनक गुण, कर्म, स्वभाव वाला होता है॥ शत० ६ । ६ । २ । १४ ॥

राजा के पक्ष मे—पृथिवी रूप उखा मे राजा रूप अग्नि (द्रवन्नः) काष्ठादि के जलाने वाले अग्नि के समान तेजस्वी, (सर्पिरासुति) तेज से उत्पन्न (प्रत्न. वरेण्य. होता) सदा से वरण करने योग्य, सबका दाता, प्रतिग्रहीता (सहस) अपने बल पराक्रम से युक्त (पुत्र) पुरुषो का दु खों से त्राण करने में समर्थ (अद्भुतः) आश्चर्यकारी प्रतापवान् है। इसी प्रकार स्त्री रूप उखा में ओषधि वनस्पतियो का परिणाम भूत वीर्य, तेजोमय स्वीकार करने योग्य गर्भ में आहुतिप्रद है। वह बल से उत्पन्न आश्चर्यकारी है, जो पुत्र रूप से उत्पन्न होता है।

परस्याऽअधि संवतोऽवराँ२ऽ अभ्यातर।
यत्राहमस्मि ताँ२ऽ अव॥ ७१॥ ऋ० ८। ६४। १५॥

विरूप आगिरस ऋषि । अग्निर्देवता । विराड् गायत्री । षड्ज ॥

भा०—स्त्री-पक्ष में—हे कन्ये! (परस्या) उत्कृष्ट गुणोवाली कन्या की अपेक्षा (संवत अधि) समान कोटिके और (अवरान्) नीच कोटिके पुरुषों को तू (अभि आतर) त्याग दे, मत वर.। और (यत्र) जिस पदपर (अहम् अस्मि) मैं उत्कृष्ट पद का पुरुष स्थित हूं। (तान् अव) उनको वरण कर, प्राप्त हो।

राजा के पक्ष मे—हे राजन् अग्ने ! (परस्या) शत्रु सेना के साथ होनेवाले (संवतः अधि) युद्ध में स्थित हम (अवरान् अभ्यातर) समीपस्थों की रक्षा कर (यत्र अहम् अस्मि) मैं जहां स्थित हूं (तान् अव) उन सबकी रक्षा कर ॥ शत० ६ । ६ । ३ । १ ।

प॒र॒मस्याः॑ परा॒वतो॑ रो॒हिद॑श्वऽइ॒हा ग॑हि ।
पु॒री॒ष्यः॑ पुरुप्रि॒योऽग्ने॒ त्वं त॑रा॒ मृधः॑ ॥ ७२ ॥

आरुणिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगुष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—हे राजन् ! तू (रोहिदश्व) लाल वर्ण के या वेगवान् अश्वों से युक्त होकर तू (परमस्याः) दूर से दूर के (परावतः) दूर देश से भी (आ गहि) यहां आकर प्राप्त हो । हे अग्ने ! शत्रुतापक राजन् ! तू (पुरीष्य) समृद्धिमान्, इन्द्रपद के योग्य, (पुरुप्रियः) बहुतसी प्रजाओं को प्रिय होकर (त्वं मृधः) शत्रु सेनाओं को (तर) विनाश कर ।

गृहपति पक्ष में—हे अग्नि के समान तेजस्विन् ! पुरुष ! अग्नि आदि वाहन साधनों से सम्पन्न होकर (परमस्याः कृते) परम श्रेष्ठ स्त्री को प्राप्त करने के लिये (परावतः) दूर देश से भी (इह आगहि) यहां आ । और (मृधः तर) शत्रुओं को विनाश कर ॥ शत० ६ । ६ । ३ । ४ ॥

यद॑ग्ने॒ कानि॒ कानि॑ चि॒दा ते॒ दारू॑णि द॒ध्मसि॑ ।
सर्वं॒ तद॑स्तु ते घृ॒तं तज्जु॑षस्व यविष्ठ्य ॥ ७३ ॥ ऋ० ८ । ६१ । २० ॥

जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) प्रकाशस्वरूप तेजस्विन् अग्ने ! (यत्) जब (ते) तेरे लिये (कानि कानि चित्) जो कुछ भी नाना प्रकार के (दारुणि =दारूणि) काष्ठ जिस प्रकार अग्नि में रक्खे जाते हैं और उसको प्रज्वलित करते है उसी प्रकार, हे राजन् ! (ते) तुझे हम (कानि-कानि चित्)

नाना प्रकार के कितने ही (दारुणि) हिंसाजनक, शत्रु के भयजनक, शत्रु सेनाओं के विदारण करने में समर्थ शस्त्रास्त्र साधन अथवा आदर योग्य उत्तम पदार्थ (आ दध्मसि) प्रदान करते हैं (तत्) वह (सर्वं) सब (ते) तेरा (घृतम्) तेजोवर्धक (अस्तु) हो । हे (यविष्ठ्य) बलवन्, सबसे महान् (तत्) उसको (जुषस्व) प्रेम से स्वीकार कर ॥ शत० ६ । ६ । ३ । ५ ॥

'दारुणि'—दारूणि इति यावत् । 'दारूणि' इति ऋग्वेदीय शतपथीयश्च पाठः । 'दारुणि' इत्त्र'रु' इति ह्रस्वश्छान्दसः । दारु दृणातेर्दृणातेर्वा तस्मादेव द्रुः । इति निरु० ४ । ३ । ७ ॥ 'दृसनि'० इति उणादिश्रुणः । दारु । दृङ् आदरे, दृ भये, भ्वादी । दृ हिंसायाम्, भ्वादिः । दृविदारणे क्र्यादिः । दॄञ् हिंसायाम् क्र्यादि । तेभ्यो ञुण् । हिंसासाधनानि, आदरयोग्यानि, दारणसाधनानि आयुधानि दारूणि । दारुणि इति सप्तम्यन्त पदम् इति दयानन्दस्तच्चिन्त्यम् ।

पति पक्ष में—हे पते हम जितने भी (दारूणि) अग्नि में काष्ठों के समान आदर योग्य पदार्थ तुझे प्रदान करें वे सब तुझे घृत के समान पुष्टिजनक हों । हे अति युवक ! उनको स्वीकार कर ।

यदत्त्युपजिह्विका यद्वम्रो अतिसर्पति । सर्वं तदस्तु ते घृतं तज्जुषस्व यविष्ठ्य ॥ ७४ ॥ ऋ० । ८ । ६१ । २१ ॥

जमदग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(यत्) जो पदार्थ भी (उपजिह्विका) दीमक (अत्ति) काठ खाजाती है और (यत्) जो पदार्थ (वम्रः) बड़ा दीमक (अतिसर्पति) लग जाता है वह भी जिस प्रकार आग में घी के समान तीव्रता से प्रज्वलित होता है उसी प्रकार हे राजन् ! (उपजिह्विका) शत्रु के बीच उपजाप करनेवाली संस्था और (यत्) जो कुछ खाजाती है (वम्रः) दीमक के समान समस्त वृत्तान्त को राजा के सन्मुख वमन

करनेवाला चरविभाग (यत्) जिस पदार्थ तक भी (अति सर्पति) पहुंच जाय (तत् सर्वं, वह सब (तेष्ट घृतम् अस्तु) तेरे लिये यशो जनक एव तेजोवर्धक ही हो। हे (यविष्ठ्य) बलवान् राजन्! (तत् जुषस्व) उसको तू सेवन कर ॥ शत० ६ । ६ । ३ । ६ ॥

स्त्री पक्ष में—हे पुरुष (उपजिह्विका) जिह्वा को वश करनेहारी निर्लोभ स्त्री जो पदार्थ खाये और जो (वम्रः) प्राणोद्वार बाहर आवे वह सब मुझे भी पुष्टिकारक हो।

अहरहरप्रयावं भरन्तोऽश्वायेव तिष्ठते घासमस्मै।
रायस्पोषेण समिषा मदन्तोऽग्ने मा ते प्रतिवेशा रिषाम ॥ ७५ ॥

अथर्व० १९ । ५५ । १ ॥

नाभानेदिष्ठ ऋषि । अग्निर्देवता । विराट् त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(तिष्ठते अश्वाय घासम् इव) घर पर खडे घोड़े को जिस प्रकार नित्य नियम से, विना नागा घास दिया जाता है उसी प्रकार हे राजन्! हम लोग (अहः-अह) प्रतिदिन (घासम्) खाने पीने योग्य भोग्य-सामग्री को (भरन्तः) प्राप्त करते हुए और तुझे प्रदान करते हुए (रायः पोषेण) धनैश्वर्य की समृद्धि से और (इषा) अन्न की समृद्धि से (सम् मदन्तः) अति हर्षित, आनन्द, तृप्त होते हुए हे (अग्ने) गृहपते! राज्यपते! हम लोग (ते प्रतिवेशाः) तेरे पड़ोसी के समान तेरे में प्रविष्ट, तेरे अधीन, तेरी बनायी धर्म मर्यादाओं में रहते हुए (मा रिषाम) कभी पीड़ित न हों ॥ शत० ६ । ६ । ३ । ७ ॥

नाभा पृथिव्याः समिधानेऽअग्नौ रायस्पोषाय बृहते हवामहे।
इरम्मदं बृहदुक्थं यजत्रं जेतारमग्निं पृतनासु सासहिम् ॥ ७६ ॥

नाभानेदिष्ठ ऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(पृथिव्याः नाभा) पृथिवी के नाभिस्थान, केन्द्र या मध्य भाग में (समिधाने) अति प्रदीप्त (अग्नौ) अग्नि में जिस प्रकार

आहुति दी जाती है उसी प्रकार हम लोग (बृहते) बड़े भारी (रायः पोषाय) ऐश्वर्यों की वृद्धि के लिये (इरम्मदम्) अन्नादि पदार्थों और पृथ्वी आदि ऐश्वर्य से प्रसन्न होनेवाले (बृहदुक्थं) महान् कीर्ति से युक्त (यजत्रम्) दानशील (पृतनासु) संग्रामों में (सासहिम्) शत्रु के बराबर पराजय करने में समर्थ (जेतारम्) विजयी (अग्निम्) अग्नि, तेजस्वी प्रतापी पुरुष को (हवामहे) हम लोग आदर से बुलावें, उसका आदर करें ॥ शत० ६ । ६ । ३ । ९ ॥

या: सेनाऽअभीत्वरीराव्याधिनी रुगणा उत ।
ये स्तेना ये च तस्करास्ताँस्तेऽअग्नेऽपिदधाम्यास्ये ॥ ७७ ॥

भा०—राजा का आग्नेय स्वरूप । हे (अग्ने) शत्रुसंतापक राजन् ! (याः) जो (अभीत्वरी) हमारे पर आक्रमण करनेवाली (आव्याधिनी) सब ओर से शस्त्र प्रहार करनेवाली (रुगणा) शस्त्रादि उठाये हुए (सेनाः) सेनाएं हों (उत) और (ये स्तेना) जो चोर और (ये च) जो (तस्कराः) नाना हत्यादि पाप करनेवाले डाकू हैं (तान्) उन सबको (ते) तेरे (आस्ये) शत्रुओं के विनाशकारी बल में मुख में जिस प्रकार ग्रास डाल लिया जाता है उसी प्रकार (दधामि) झोंक दूं । तू उनको ग्रस जा, विनाश कर ॥ शत० ६ । ६ । ३ । १० ॥

दंष्ट्राभ्यां मलिम्लूञ्जम्भ्यैस्तस्कराँ२ऽ उत । हनुभ्याँ स्तेनान् भगवस्ताँस्त्वं खाद सुखादितान् ॥ ७८ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगुष्णिक । ऋषभः ॥

भा०— जिस प्रकार मनुष्य अपनी (दंष्ट्राभ्यां) दाढ़ों से चबाकर (जम्भ्यैः) अगले कुतरनेवाले दांतों से कुतर २ कर (हनूभ्या) दोनों दाढ़ों और जबाड़ों से कुचिल २ कर उत्तम रीति से (सुखादितान्) चबाये गये ग्रासों को खा जाता है उसी प्रकार हे अग्ने ! राजन् ! हे (भगवः)

ऐश्वर्यवान् राजन् ! (दंष्ट्राभ्याम्) दांतों के समान दशन करनेवाले शस्त्रों के दो दलों से (मलिम्लून्) मलिन कार्य करने एवं प्रजाओं की मृत्यु करनेवाले दुष्टों को और (तस्करान्) छुपे पापों, हत्याओं को करनेवाले पुरुषों को (जम्भ्यै) बांध २ कर मारनेवाले उपायों से, और (हनूभ्याम्) हनन करनेवाले द्विविध उपायों से (स्तेनान्) चोर डाकू पुरुषों को (त्वं) तू (खाद) चबा डाल, कुचल कर ग्रस ले ॥ शत० ६ । ६ । ३ । १० ॥

ये जनेषु मलिम्लवस्तेनासस्तस्करा वने ।
ये कक्षेष्वघायवस्तांस्ते दधामि जम्भयोः ॥ ७६ ॥

भा०—(ये) जो (जनेषु) प्रजा के लोगों में (मलिम्लवः) मलिनाचार वाले और जो (वने) वन में (स्तेनास.) चोर और (तस्करास) डाकू छिपे हों (कक्षेषु) हमारे गृहों के इधर उधर या नदी पर्वतादि के तटों में या राजा के पार्श्ववर्त्ती सामन्त राजाओं और अमात्य आदि में (अघायव.) अपने पाप से दूसरो पर पापाचार करना चाहते हैं (तान्) उन सबको (जम्भयो) दाढो मे ग्रास के समान (ते) तेरे वश में (दधामि) धरता हूं ॥ शत० ६ । ६ । ३ । १० ॥

यो ऽअस्मभ्यमरातीयाद्यश्च नो द्वेषते जनः ।
निन्दाद्यो ऽअस्मान् धिप्साच्च सर्वं तं मस्मसा कुरु ॥ ८० ॥

अग्निर्देवता । अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(य.) जो पुरुष (अस्मभ्यम्) हमारे प्रति (अरातीयात्) शत्रु के समान वर्ताव करे और (यः च) जो (जन) जन (नः) हम

८०—०'भस्मसा कुरु' इति० द० । तन्मते भस्मसात् इत्यत्र छान्दसस्तलोप । मस्मसा इति सर्वत्र पाठ. । 'सर्वान् निमष्मषाकर दृष दाखल्वा इव', [इति अथर्व० ५ । ३ । ८ ॥] अथर्वगत पाठस्तत्रा नुसधेय. ।

से (द्वेषते) द्वेष, अप्रीति का वर्ताव करे। (यः च) जो (अस्मान्) हमारी (निन्दात्) निन्दा करे और (धिप्साच्च) हमें मारना या हम से छलकर के हमें हानि पहुंचाना चाहता है (सर्वं तम्) उन सबको हे राजन् ! (मस्मसा कुरु) दांतों में अन्न के समान पीस डाल ॥ शत० ६। ६। ३। १० ॥

सꣳशितं मे ब्रह्म सꣳशितं वीर्यं बलम्। सꣳशितं क्षत्रं जिष्णु यस्याहमस्मि पुरोहितः ॥ ८१ ॥ अथर्व० ३। १९। १ ॥

अग्नि पुरोहितो यजमानश्च देवते। निचृदार्षी पङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

भा०—(यस्य) जिसका (अहम्) मैं (पुरोहित.) पुरोहित मार्गदर्शी (अस्मि) होऊं। उसका (जिष्णु) जयशील (क्षत्र) क्षात्रबल अथवा वही (जिष्णु क्षत्रम्) विजयशील क्षत्रिय कुल (संशितम्) खूब अच्छी प्रकार तीव्र रहे। और (मे) मेरा (ब्रह्म) ब्रह्म, वेदज्ञान और ब्रह्मचर्य बल भी (सशितम्) खूब तीक्ष्ण रहे। और मेरा (वीर्यं बलम्) वीर्यं और बल पराक्रम भी (संशितम्) खूब तीक्ष्ण, प्रचण्ड रहे ॥ शत० ६। ६। १४ ॥

उदेषां बाहू ऽअतिरमुद्वर्चो ऽअथो बलम्। क्षिणोमि ब्रह्मणामित्रानुन्नयामि स्वाँ२ऽअहम् ॥ ८२ ॥ अथर्व० ३। २७। ३ ॥

अग्नि सभापतिर्यजमानो वा देवता। विराडनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०—(एषाम्) मैं इन दुष्ट पुरुषों एवं शत्रुओं के (बाहू) बल वीर्यों को (उत् अतिरम्) उल्लंघन कर जाऊं। (अथो) और उनके (वर्चः) तेज और (बलम्) शरीर-बल या सेना-बलको भी (उद् अतिरम्) अतिक्रमण कर जाऊं, उनसे अधिक होजाऊं। (ब्रह्म) वेदज्ञान के बल से अथवा अपने महान् बड़े भारी क्षात्रबल से मैं (अमित्रान्) शत्रुओं का (क्षिणोमि) विनाश करूं। और (अहम्) मैं

(स्वान्) अपने पक्ष के योद्धा, वीर पुरुषों को (उत् नयामि) ऊंचा उठाऊं उनको उन्नत पद प्रदान करूं ॥ शत० ६ । ६ । ३ । १५ ॥

अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः ।
प्रप्र दातारं तारिषु ऽऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे ॥ ८३ ॥

अन्नपतिरग्निर्यजमानः पुरोहितो वा देवता । उपरिष्टाद् बृहती मध्यमः ॥

भा०—हे (अन्नपते) अन्नों के पालक स्वामिन् ! तू (न) हमे (शुष्मिणः) बलकारी, (अनमीवस्य रोगरहित (अन्नस्य) अन्न का (देहि , प्रदान कर । और (दातारम्) दानशील पुरुष को (प्रप्रतारिष) खूब बढ़ा । उसे भरा पूरा, सन्तुष्ट रख । (न) हमारे (द्विपदे) दो पाये मनुष्य आदि और (चतुष्पदे) चौपाये गौ आदि पशुओ के लिये (ऊर्जं धेहि) बलकारी अन्न प्रदान कर ॥ शत० ६ । ६ । ४ । ७ ॥

॥ इत्येकादशोऽध्यायः ॥

[तत्र त्र्यशीतिर्ऋचः]

इति मीमासातीर्थप्रतिष्ठितविद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजय देवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये एकादशोऽध्यायः ॥

८३—विश्वकर्मणे स्वाहा । इति काण्व० ।

अतः पर १२ । ४४ मन्त्र पठ्यते । काण्व० ।

अथ द्वादशोऽध्यायः

॥ ओ३म् ॥ दृशानो रुक्मऽउर्व्या व्यद्यौद्दुर्मर्षमायुः श्रिये रुचानः। अग्निरमृतोऽअभवद्वयोभिर्यदेनं द्यौरजनयत्सुरेताः॥ १॥

ऋ० १० । ४५ । ८ ॥

वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिक् पंक्ति । पञ्चम ॥

भा० —(दृशान) साक्षात् स्वयं दीखता हुआ, और समस्त पदार्थों का दिखाने वाला स्वयद्रष्टा, (रुक्म.) दीप्तिमान्, (उर्व्या) बड़ी भारी कान्ति से या विशाल इस पृथ्वी सहित (श्रिये) अपने परम कान्ति से (रुचान.) प्रकाशित होता हुआ, सूर्य जिस प्रकार (दुर्मर्षम् आयु) अविनाशी, जीवन सामर्थ्य, अन्नादि को (व्यद्यौत्) विविध प्रकार से प्रकाशित करता है। उसी प्रकार (दृशान.) सर्व पदार्थों को विज्ञान द्वारा दर्शाने वाला, (श्रिये रुचान) महान् लक्ष्मी की इच्छा करता हुआ, (रुक्म) कान्तिमान्, तेजस्वी, ऐश्वर्यवान् , विद्वान् राजा (दुर्मर्षम्) शत्रुओ और बाधक कारणो से अपराजित जीवन को (उर्व्या) इस विशाल पृथ्वी पर (व्यद्यौत्) नाना तेजों मे प्रकट करता है और अपना तेज दिखाता है। (अग्नि) अग्नि, दीप्तिमान् सूर्य जिस प्रकार (वयोभि.) अपनी शक्तियो, तेजों, किरणों से (अमृत.) अमृत, अमर (अभवत्) है उसी प्रकार (अग्नि) विद्वान् ज्ञानी एव अग्रणी के समान तेजस्वी राजा भी (वयोभि अमृत. अभवत्) अपने ज्ञान-बलो से और अन्नों द्वारा अपने वयोवृद्ध सहायको से अमृत, अमर, अखण्डित होकर रहता है। (यत्) क्योंकि (एनं) उस सूर्य को (सुरेता.) उत्तम वीर्य वाला, समस्त ब्रह्माण्ड के उत्पादन सामर्थ्य से युक्त, (द्यौ·) तेजोयुक्त, महान् हिरण्यगर्भ (अजनयत्) उत्पन्न करता है इसी प्रकार (एनं) इस विद्वान् को और तेजस्वी राजा को भी (सुरेताः द्यौ.) उत्कृष्ट

१—अतः परमुखाधारणम् [१—४५]

वीर्यवान् तेजस्वी पिता और आचार्य (अजनयत) उत्पन्न करता है। असह्य पराक्रमी, तेजस्वी पुरुष को तेजस्वी पिता माता ही उत्पन्न करते हैं। शत० ६ । ७ । २ । १ ॥

नक्तोषासा समनसा विरूपे धापयेते शिशुमेकꣳ समीची । द्यावाक्षामा रुक्मोऽअन्तर्विभाति देवा अग्निं धारयन्द्रविणोदाः॥२॥

ऋ० १० । ४५ । ८ ॥

अग्निर्देवता । कुत्स ऋषिः । भुरिगार्षी त्रिष्टुप । धैवतः ॥

भा०—जिस प्रकार (नक्तोषासा) रात्रि और दिन दोनों (विरूपे) एक दूसरे के विपरीत कान्ति वाले तम स्वरूप और प्रकाशस्वरूप होकर (समीची ।) परस्पर अच्छे प्रकार मिलकर सूर्य को धारण करते हैं उसी प्रकार माता पिता दोनों (समनसौ) एकचित्त होकर (विरूपे) चिचित्र स्वरूप या विविध रुचिवाले और (समीची) परस्पर संगत होकर (एकम्) एक (शिशुम्) बालक को (धापयेते) दुग्ध रसपान कराते और अन्न से पुष्ट करते हैं उसी प्रकार (नक्त-उषासा) रात दिन के समान अप्रकाश, अज्ञानी या निस्तेज निर्बल और ज्ञानी सतेज और सर्वत्र दोनों प्रकार के जन (समीची) परस्पर संगत होकर (शिशुम्) बालक के समान ही प्रेमपात्र (एकम्) एकमात्र राजा को (धापयेते) रस, अन्न और बलद्वारा पुष्ट करते हैं। वह भी (द्यावाक्षामा) आकाश और पृथिवी के (अन्तः) भीतर (रुक्म) दीप्तिमान् सूर्य के समान तेजस्वी और पुत्र के समान माता पिता के बीच निर्बल प्रजा और सबल शासकों के बीच तेजस्वी होकर राजा (विभाति) प्रकाशित होता है। (द्रविणोदा) वीर्य, बल, अन्न को प्रदान करनेवाले (देवाः) वीर, विजयी, पराक्रमी राजगण, उस (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को (धारयन्) धारण करें ॥ शत० ६ । ७ । २ । ३ ॥

द्रविणोदा कस्मात् । धन द्रविणमुच्यते यदेनमभिद्रवन्ति । बल वा द्रविण यदेनेनाभिद्रवन्ति । तस्य दाता द्रविणोदा । निरु० ८ । १ । २ ॥

विश्वा॑ रू॒पाणि॒ प्रति॑मुञ्चते क॒विः प्रासा॑वीद् भ॒द्रं द्वि॒पदे॒ चतु॑ष्पदे ।
वि नाक॑मख्यत्सवि॒ता वरे॑ण्यो ऽनु॑ प्र॒याण॑मु॒षसो॒ विरा॑जति ॥ ३ ॥

ऋ० ५ । ८१ । २ ॥

श्यावाश्व ऋषिः । सविता देवता । विराड् जगती । निषादः ॥

भा०—(कविः) क्रान्तदर्शी, विद्वान् पुरुष (विश्वा रूपाणि) समस्त प्रकार के पदार्थों को (प्रति मुञ्चते) प्रसिद्ध करता, प्रकट करता है । और (द्विपदे चतुष्पदे) दो पाये, मनुष्यों और (चतुष्पदे) चौपाये, पशुओं के लिये (भद्र) सुख, कल्याण को (प्रासावीत्) उत्पन्न करता है । और वह सब का (सविता) प्रेरक, (वरेण्य) सब के वरण करने योग्य, सर्वश्रेष्ठ पुरुष, (नाकम्) अत्यन्त सुखस्वरूप, स्वर्ग और मोक्ष को भी (वि अख्यत्) विशेषरूप से प्रकाशित करता, उसका उपदेश करता है । और (उषसः प्रयाणम्) प्रात प्रभात के प्राप्त होने के (अनु) समय में, जिस प्रकार सूर्य चमकता है उसी प्रकार वह भी (उषस) अपने दाहक, शत्रुनाशक तेज के (प्रयाणम् अनु) अच्छी प्रकार उदित हो जाने पर (विराजति) तेजस्वी होकर विराजता है ॥ शत० ६ । ७ । २ । ४ ॥

सु॒प॒र्णो॑ऽसि ग॒रुत्माँ॑स्त्रि॒वृत्ते॒ शिरो॑ गाय॒त्रं चक्षु॑र्बृहद्रथन्त॒रे प॒क्षौ स्तोम॑ऽआ॒त्मा छन्दा॒ᳬस्यङ्गा॑नि॒ यजूँ॑षि॒ नाम॑ । साम॑ ते त॒नूर्वा॑मदे॒व्यं य॑ज्ञाय॒ज्ञियं॒ पुच्छं॒ धिष्ण्याः॑ श॒फाः । सु॒प॒र्णो॑ऽसि ग॒रुत्मा॒न्दिवं॑ गच्छ॒ स्वः॑ पत ॥ ४ ॥

गरुत्मान् देवता । धृति कृतिर्वा । ऋषभः ॥

भा०—तू (सुपर्णः) उत्तम ज्ञानवान्, उत्तम पालन करने के साधनों से सम्पन्न, 'सुपर्ण', और (गरुत्मान्) महान् गम्भीर आत्मा-

वाला है। (त्रिवृत्) कर्म, उपासना और ज्ञान इन तीनो से युक्त साधना (ते शिर.) शरीर मे शिर जिस प्रकार मुख्य है उसी प्रकार तेरा मुख्य व्रत हैं जो (शिर.) स्वयं समस्त दु.खों को नाश करता है। अथवा (त्रिवृत्) तीनो लोक मे व्यापक वायु के समान बलशाली पराक्रम, अङ्गार, अर्चि और धूम के समान शत्रुओं के जलाने, अपने गुणों के प्रकाशन और सबको भय से कंपाने इन तीन गुणो से युक्त तेज होना हे राजन्! (ते शिर.) तेरा शिर के समान मुख्य स्वरूप है। (गायत्रं चक्षुः) गायत्री से प्राप्त वेद ज्ञानतेरी चक्षु है। अथवा गायत्र अर्थात् ब्राह्मण, विद्वान्, वेदज्ञ पुरुष और स्वतः गान करनेवाले को विपत्तियों से ज्ञान द्वारा त्राण करने मे समर्थ वेद का परमज्ञान (चक्षु.) तेरे लिये सब पदार्थों को दर्शाने में समर्थ चक्षु के समान है। (बृहद् रथन्तरे पक्षौ) बृहत् और रथन्तर ये दोनो साम जिस प्रकार यज्ञ के पक्ष या बाजू के समान हैं उसी प्रकार यज्ञमय प्रजापति राजा के बृहत् अर्थात् सर्वश्रेष्ठता, सर्वज्येष्ठता, अथवा उसका अपना ज्येष्ठ पुत्र युवराज या विशाल क्षात्रबल और रथन्तर' अर्थात् यह समस्त पृथिवी निवासी प्रजाजन और या वेदवाणी का ज्ञाता विद्वान्, या सेनापति या सम्राट् ये दोनों तुम्फ राजशक्ति के दो पक्ष अर्थात् बाजू हैं। (स्तोम आत्मा) स्तोम अर्थात् ऋग्वेद तेरी आत्मा अर्थात् अपना स्वरूप या देह के मध्य भाग के समान है। अथवा (स्तोमः आत्मा) परम वीर्य ही तुम्फ प्रजापालक प्रजापति, राजा का आत्मा, स्वरूप है। (अंगानि छन्दांसि) नाना छन्द जिस प्रकार यज्ञ के अङ्ग है उसी प्रकार प्रजापति रूप राष्ट्र के अन्तर्ग राष्ट्र को विपत्तियों से बचाने वाले एवं प्रजा के आश्रय स्थान होने से वे उसके अङ्ग हैं। (यजूंषि नाम) यजुर्वेद की श्रुतियां ही उसके स्वरूप के समान हैं। अर्थात् यजुर्वेद में प्रतिपादित राष्ट्र के पालकों के विभाग ही राजा के कीर्त्तिजनक हैं। (वामदेव्यम्

नाम ते तनू) हे यज्ञ ! तेरा शरीर वामदेव्य नामक साम है। जिस साम को वाम, वननीय एकमात्र उपास्य देव परमेश्वर ने ही सबको दर्शाया है वह साम यज्ञ का स्वरूप है। और राष्ट्रमय प्रजापति का भी (वामदेव्य) समस्त प्रजा के पालन करने का सामर्थ्य, सबके सम्भजन या शरण करने योग्य राजा का अपना (साम) शान्तिदायक सुखकारी उपाय ही (ते तनू) तेरा विस्तारी राज्य है। (यज्ञायज्ञियं पुच्छम्) यज्ञ का यज्ञायज्ञिय नामक साम पुच्छ के समान है। प्रजापति का भी (यज्ञायज्ञियम्) पशु और अन्न आदि योग्य समृद्धि और जन समृद्धि राष्ट्र या प्रजापालक राज्य के (पुच्छम्) पुच्छ अर्थात् आश्रय-स्थान के समान है। (धिष्ण्या शफा) यज्ञ में जिस प्रकार धिष्ण्य नामक अग्नि यज्ञ का आश्रय होने से वे शरीर में शफों या खुरों के समान हैं। उसी प्रकार राष्ट्रमय प्रजापति रूप यज्ञ के (धिष्ण्या) धारण करने, और मार्गोपदेश करने में कुशल, विद्यावान्, वाग्मी या अन्तपाल अधिकारी लोग (शफा) शफ खुर या चरणों के समान आश्रय हैं। इस प्रकार हे यज्ञ और राष्ट्रमय प्रजापति तू (गरुत्मान्) पक्षवाले (सुपर्णः) विशाल पक्षी के समान (गरुत्मान्) महान् शक्तिमान् और (सुपर्णः) उत्तम पालनकारी साधनों से युक्त (अग्नि) है तू (दिवं) सुन्दर विज्ञान, प्रकाशमय लोक या राजसभाभवन को (गच्छ) प्राप्त हो। (स्वः पत) और सुख को प्राप्त कर ॥ शत० ६ । ७ । २ । ६ ॥

१. 'त्रिवृत्'—वायुर्वा आशुः त्रिवृत्। स एष त्रिषु लोकेषु वर्त्तते। श० ८ । ४ । १ । ६ ॥ त्रिवृद् अग्निः। श० ६ । ३ । १ । २५ ॥ ब्रह्म वै त्रिवृत्। तां० २ । १६ । ४ ॥ तेजो वै त्रिवृत्। तां० २ । १७ । २ ॥ वज्रो वै त्रिवृत् प० ३ । ३ । ४ ॥

२. 'गायत्रं'—यद् गायन्नत्रायत तद् गायत्रस्य गायत्रत्वं। जै० उ०। ३। ३८। ४॥ गायत्री वा इयं पृथिवी। श० ४। ३। ४। ६॥ गायत्रो वै ब्राह्मण.। ऐ० १। २८॥ ब्रह्म वै गायत्री। ऐ० ४। १॥

३. 'बृहत्'—श्रैष्ठ्यं वै बृहत्। तां० ८। ६। ११॥ ज्यैष्ठ्यं वै बृहत्। ऐ० ८। २॥ यथा वै पुत्रो ज्येष्ठः एवं वै बृहत् प्रजापतेः॥ तां० ७। ६। ६॥ द्यौर्बृहत्। तां० १६। १०। ८॥ क्षत्रं बृहत्। ऐ० ८। १२॥

४. 'रथन्तरं' साम—अयं वै लोको रथन्तरम्। ऐ० ८। २॥ वाग् वै रथन्तरम्। ऐ० ४। २८॥ रथन्तरं वै सम्राट्। तै० १। ४। ४। ६॥ अग्निर्वै रथन्तरम्। ए० ५। ३०॥

५. स्तोम.—वीर्यं वै स्तोमाः। ता० २। ५। ४॥

६. (छन्दांसि) इन्द्रियं वीर्यं छन्दांसि। श० ७। ३। १। ३७॥ प्राणाः वै छन्दांसि। कौ० ७। ६॥ छन्दांसि वै देवाः साध्याः। ते अग्रे अग्निना अग्निमयजन्त। ऐ० १। १६॥ प्रजापतेर्वा एतान्यंगानि यच्छन्दांसि। ऐ० २। १८॥

७. 'वामदेव्यं साम'—पिता वै वामदेव्यं पुत्राः पृष्ठानि ता० ७। ६। १॥ प्राजापतिर्वै वामदेव्यं। तां० ४। ८। १५॥ श० १३। ३। ३। ४॥ पशवो वै वामदेव्यम्। तां० ४। ८। १५॥

८. 'यज्ञायज्ञियम्'—अतिशयं वै द्विपदां यज्ञायज्ञियम्। तां० ५। १। १६॥ वाग् यज्ञायज्ञीयम्। तां० ५। ३। ७॥ पशवोऽन्नाद्यं यज्ञायज्ञीयम्। तां० १५। ६। १२॥

६. 'धिष्ण्याः'—वाग् वै धिषणा। श० ६। ५। ४। ५॥ विद्या वै धिषणा। तै० ३। २। २। १॥ अन्तो वै धिषणा। ऐ० ५। २॥ [स्वान भ्राज. अंघारि बम्भारिः हस्तः सुहस्त. कृशानुः] एतानि वै धिष्ण्यानां नामानि श० ३। ३। ३। ११॥

विष्णो॑ क्रमो॑ऽसि सपत्न॒हा गा॑य॒त्रं छन्द॒ऽआरो॑ह पृथि॒वीमनु॒ वि क्र॑मस्व॒ विष्णोः॒ क्रमो॑ऽस्यभिमाति॒हा त्रैष्टु॑भं॒ छन्द॒ऽआरो॑हा॒न्तरि॑क्ष॒मनु॒ वि क्र॑मस्व । विष्णोः॒ क्रमो॑ऽस्यरातीय॒तो ह॒न्ता जाग॑तं॒ छन्द॒ऽआरो॑ह॒ दिव॒मनु॒ वि क्र॑मस्व॒ विष्णोः॒ क्रमो॑ऽसि शत्रूय॒तो ह॒न्ता नुष्टु॑भं॒ छन्द॒ऽआरो॑ह॒ दिशो॑ऽनु॒ विक्र॑मस्व ॥ ५ ॥

विष्णवादयो लिंगोक्ताः देवताः । भुरिगुत्कृतिः । षड्जः ॥

भा०—हे यज्ञमय प्रजापति, प्रजापालक के प्रथम क्रम अर्थात् प्रथम व्यवहार ! तू (विष्णो') राष्ट्र में व्यापक सत्तावाले राजा का (सपत्नहा) शत्रु को नाश करनेवाला (क्रमः असि) क्रम, अर्थात् प्रथम चरण, कार्य का प्रथम भाग है। तू (गायत्रं छन्दः आरोह) गायत्र छन्द अर्थात् विद्वान् वेदज्ञ पुरुषों के त्राण करनेवाले पवित्र कार्य पर आरूढ हो। तू (पृथिवीम् अनु) पृथिवी और पृथिवी वासी प्रजा के अनुकूल रहकर (विक्रमस्व) विविध प्रकार के कार्य कर। इसी प्रकार तू (विष्णोः क्रमः असि) व्यापक शक्ति का दूसरा स्वरूप (अभिमातिहा असि) अभिमानी वैरी लोगों का नाश करनेहारा है। तू (त्रैष्टुभं छन्दः) तीन प्रकार के बलशाली क्षात्रबल पर (आरोह) आरूढ़ हो। और (अन्तरिक्षम् अनु विक्रमस्व) अन्तरिक्ष के समान सर्वाच्छादक एवं सर्व प्राणप्रद वायु के समान विक्रम कर। तू (विष्णोः क्रमः) विष्णु, सूर्य के समान समुद्रादि से जलादि ग्रहण करनेवाले व्यापक शक्ति का स्वरूप है। तू (अरातीयतः) कर-दान न करनेवाले शत्रुओं का (हन्ता) विनाशक है। तू (जागतं छन्दः आरोह) आदित्यों के कार्य व्यवहार पर और वैश्यवर्ग पर (आरोह) बल प्राप्त कर। तू (दिवम् अनु विक्रमस्व) सूर्य या मेघ के समान पृथ्वी पर से जल लेकर उसी पर वर्षा कर जगत् के उपकारने का व्रत धार कर अपना (विक्रमस्व) पराक्रम कर। (विष्णोः क्रमः असि)

व्यापक वायु के समान कार्य करने में कुशल उसका प्रतिरूप है। तू (शत्रूयताम् हन्ता) शत्रु के समान आचरण करनेवाले द्रोहियों को नाश करनेहारा है। तू (आनुष्टुभं छन्दः आरोह) समस्त प्रजा के अनुकूल सुख वृद्धि के कार्य व्यवहार को प्राप्त कर। (दिश अनु) तू दिशाओं को विजय कर अर्थात् दिशाओं के समान सब प्रजाओं को आश्रय देने में समर्थ हो ॥ शत० ६ । ७ । २ । १३-१६ ॥

अक्रन्ददग्नि स्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन् ।
सद्यो जज्ञानो विहीमिद्धो ऽअख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः ॥६॥

ऋ० १० । ४५ । ४ ॥

वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अग्नि) अग्नि विद्युत् जिस प्रकार (अक्रन्दत्) गर्जना करता है। और (द्यौः) जल दान करनेवाला मेघ जिस प्रकार (स्तनयन् इव) गर्जना करता है उसी प्रकार (अग्नि) ज्ञानी, विद्वान् गम्भीर स्वर से उपदेश करे और मेघ के समान समानभाव से सबको ज्ञान प्रदान करे, इसी प्रकार तेजस्वी राजा सिंह गर्जना करे और मेघ के समान गम्भीर ध्वनि करे। मेघ (क्षामा) क्षामा अर्थात् पृथ्वी को जिस प्रकार जलधारा रूप से प्राप्त होकर (विरुधः सम् अञ्जन्) नाना प्रकार से उत्पन्न होने वाली लताओं को प्रकट करता है उसी प्रकार वह तेजस्वी राजा भी (क्षामा) पृथिवी को (रेरिहत्) स्वयं भोग करता हुआ (वीरुधः) नाना प्रकार से उन्नतिशील प्रजाओं को (सम् अञ्जन्) ज्ञानादि से प्रकाशित करता है। वह (सद्यः) शीघ्र ही (जज्ञान) प्रकट होकर अपने गुणों से (इद्धः) तेजस्वी एवं प्रकाशित होकर (हि) निश्चय से (ईम्) इस लोक को (वि अख्यत्) विशेष प्रकार से प्रकाशित करता है। और (रोदसी) आकाश और पृथिवी के (अन्तः) बीच में सूर्य के समान

राजा प्रजा के बीच और विद्वान् पुत्र माता पिता के बीच (भानुना) अपनी कान्ति से (आ भाति) प्रकाशित होता है ॥ शत० ६ । ७ । ३ । २ ॥

अग्नेऽभ्यावर्त्तिन्नभि मा नि वर्त्तस्वायुषा वर्चसा प्रजया धनेन । सन्या मेधया रय्या पोषेण ॥ ७ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (अभ्यावर्त्तिन् अग्ने) मेरे सम्मुख आनेवाले या घर में पुन आनेवाले गृहपते ! एवं शत्रुओं को वार २ विजय करके पुन. लौटने वाले विजयशील राजन् ! तू (मा अभि) मेरे प्रति (आयुषा) दीर्घ जीवन, (वर्चसा) तेज, (प्रजया) प्रजा, (धनेन) धन, (सन्या) धन लाभ, (मेधया) मेधा बुद्धि, (रय्या) ऐश्वर्य और (पोषेण) पुष्टि इन सब के साथ (निवर्त्तस्व) प्राप्त हो ॥ शत० ६ । ७ । ३ । ६ ॥

अग्ने ऽअङ्गिर. शतं ते सन्त्वावृतः सहस्रं त ऽउपावृतः । अधा पोषस्य पोषेण पुनर्नो नष्टमाकृधि पुनर्नो रयिमा कृधि ॥ ८ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । निषाद ॥

भा०—हे (अङ्गिरः अग्ने) ज्ञानवन् ! अंगारों के समान देदीप्यमान अग्ने ! तेजस्विन् ! राजन् ! (ते आवृत·) तेरे हमारे प्रति लौट कर आगमन भी (शतं सन्तु) सैकड़ो हों और (ते) तेरे (उपावृत·) हमारे समीप आगमन भी (सहस्रं सन्तु) हजारो हों । (अथ) और (पोषस्य) पुष्टिकारक धन समृद्धि की (पोषेण) बहुत अधिक वृद्धि से (न नष्टम्) हमारे हाथ से गये धन को भी (पुनः कृधि) हमें पुनः प्राप्त करा (नः) हमारे (रयिम्) ऐश्वर्य को (पुनः आकृधि) फिर प्रदान कर ॥ शत० ६ । ७ । ३ । ६ ॥

पुनरूर्जा निवर्त्तस्व पुनरग्न ऽइषायुषा । पुनर्नः पाह्यꣳहसः ॥ ९ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (अग्ने) विद्वन् ! राजन् ! तू (पुनः) वार २ (ऊर्जा) बल पराक्रम से युक्त होकर और (पुनः) वार २ (इषा) अन्न और (आयुषा) दीर्घ आयु से युक्त होकर (निवर्त्तस्व) लौट आ। (नः) हमें (पुनः) वार २ (अंहसः) पाप से (पाहि) बचा ॥ शत० ६। ७। ३। ६॥

सह रय्या निवर्त्तस्वाग्ने पिन्वस्व । विश्वप्स्न्या विश्वतस्परि ॥१०॥

अग्निर्देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! ज्ञानवन् ! राजन् ! तेजस्विन् ! तू (रय्या) ऐश्वर्य के (सह) साथ और (विश्वप्स्न्या) समस्त योग्य पदार्थों का भोग प्राप्त करानेहारी और (धारयः) धारण करनेहारा विद्या और शक्ति से (विश्वतः परि) सब देशों से ऐश्वर्य को लालाकर (पिन्वस्व) देश को समृद्ध कर और (निवर्त्तस्व) पुनः अपने देश मे आ ॥ शत० ६। ७। ३। ६॥

आ त्वाहार्षमन्तरभूर्ध्रुवस्तिष्ठाविचाचलिः ।
विशस्त्वा सर्वा वाञ्छन्तु मा त्वद्राष्ट्रमधिभ्रशत् ॥ ११ ॥
ऋ० १०। १७३। १॥

ध्रुव ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्ष्यनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—मैं पुरोहित, हे राजन् ! (त्वा आहार्षम्) तुझको स्थापित करता हूं। तू (अन्तः) प्रजा के भीतर (अभूः) सामर्थ्यवान् हो। तू (अविचाचलिः) अचल, (ध्रुवः) ध्रुव, स्थिर, दृढ़ होकर (तिष्ठ) बैठ। (त्वा) तुझको (सर्वाः) समस्त (विशः) प्रजाएं (वाञ्छन्तु) चाहें। (त्वत्) तेरे हाथ से कहीं (राष्ट्रम्) राष्ट्र, राज्य का वैभव (मा अधिभ्रशत्) न निकल जाय ॥ शत० ६। ७। ३। ७॥

उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय ।

अथा॑ व॒यमा॑दित्य व्र॒ते तवाना॑गसो॒ऽअदि॑तये स्याम ॥ १२ ॥

ऋ० १ । २४ । १५ ॥

शुनःशेप ऋषिः । वरुणो देवता । विराड् आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (वरुण) शत्रुओं को बांधने वाले या वारण करने हारे राजन् ! (अस्मत्) हम से (उत्तमम् पाशम्) शरीर के ऊपर के भाग में वधे वन्धन को (उत् श्रथय) ऊपर से दूर कर। (अधम पाशम् अव श्रथय) नीचे के वन्धन को नीचे गिरादे। (मध्यम वि श्रथय) बीच के वधे वधन को विशेष रीति से शिथिल कर। (अथ) और हे (आदित्य) सूर्य के समान समस्त राष्ट्र को अपने वश में लेनेहारे तेजस्वी पुरुष ! (वयम्) हम (तव व्रते) तेरी रक्षण व्यवस्था में रहते हुए (अदितये) अखण्ड राज्य भोग के लिये (अनागस) अपराध रहित होकर (स्याम) रहें ॥ शत० ६ । ७ । ३ । ८ ॥

अग्रे॑ बृ॒हन्नु॒षसा॑मू॒र्ध्वोऽअ॑स्थान्निर्ज॒गन्वान् तम॑सो॒ ज्योति॒षागा॑त् । अ॒ग्निर्भा॒नुना॒ रुश॑ता॒ स्वङ्ग॒ऽआजा॒तो विश्वा॒ सद्मा॑न्यप्राः ॥ १३॥

ऋ० १० । १ । १ ॥

त्रित ऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पक्ति । पञ्चम ॥

भा०—(अग्रे) सब से प्रथम (बृहत्) महान् सूर्य जिस प्रकार (उषसाम् ऊर्ध्वः) उषा कालो, प्रभात वेलाओं के भी ऊपर (अस्थात्) प्रखर तेज से विराजता है और (ज्योतिषा) अपनी दीप्ति से (तमस.) अन्धकार को (नि जगन्वान्) दूर हटाता हुआ (अगात्) उदित होता है (अग्नि·) दीप्तिमान् सूर्य (रुशता) कान्तिमान् (भानुना) अपने तेज से (स्वङ्ग) सुन्दर शोभा वाला होकर (विश्वा सद्मानि) सब घरों को भी (अप्रा) प्रकाश से पूर्ण करता है, उसी प्रकार हे राजन् ! तू भी (बृहत्) महान् शक्ति सम्पन्न, (उषसाम् ऊर्ध्व.) शत्रुदाहक सेनाओं के ऊपर उनका

नायक होकर (ज्योतिषा) अपने पराक्रम रूप तेजसे (तमस.) आवरण-कारी शत्रुरूप अन्धकार को दूर हटाता हुआ उदित हो। ऐसा तेजस्वी होकर (रुशता भानुना) शत्रु के नाश करने वाले तेज से (आजात.) सब प्रकार से समृद्ध होकर (स्वङ्ग) उत्तम राज्य के अंगो से बलवान्, स्वयं भी सुदृढ़ अंग होकर (विश्वा सद्मानि) सब स्थानों को, सब के घरों को, समस्त विभागों को (अप्रा) पूर्ण कर, समृद्ध कर। शत० ६। ७। ३। १०॥

ह॒ꣳस॒ः शु॑चि॒षद्वसु॑रन्तरिक्ष॒सद्धोता॑ वेदि॒षदति॑थिर्दुरोण॒सत्। नृ॒षद्व॑र॒सदृ॑त॒सद् व्यो॑म॒सद॒ब्जा गो॒जा ऽऋ॑त॒जा ऽअ॑द्रि॒जा ऽऋ॒तं बृ॒हत्॥ १४॥ ऋ० १०। ४०। ५॥

अग्निर्जीविश्वरौ देवते। स्वराड् जगती। निषाद ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० १०। २४॥ शत० ६। ७। ३। ११ १२॥

सीद॒ त्वं मा॒तुर॒स्या उ॒पस्थे॒ विश्वा॒न्यग्ने व॒युना॑नि वि॒द्वान्। मैनां॒ तप॑सा॒ मार्चि॒षाऽभिशो॑चीर॒न्तर॑स्याꣳ शु॒क्रज्यो॑ति॒र्विभा॑हि॥ १५॥

अग्निर्देवता। विराट् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(मातुः) माता के (उपस्थे) समीप जिस प्रकार विद्वान् पुत्र विराजता है और उसके सुख का कारण होता है, इसी प्रकार, हे (अग्ने) अग्ने! सूर्य के समान तेजस्विन्! हे राजन्! (त्वम्) तू (मातुः) अपने बनाने वाले, उत्पादक ज्ञानवान् गुरु, अथवा भूमि के, या प्रजा के (उपस्थे) समीप, उसके पृष्ठ पर (विश्वानि वयुनानि) समस्त उत्कृष्ट ज्ञानो को जानता हुआ (सीद) विराजमान हो। (एनाम्) उसको (तपसा) तप से, तापजनक (अर्चिषा) ज्वाला के समान शस्त्र बल से (मा अभि-शोची.) सतप्त मत कर। तू (अस्यां अन्त.) उसके भीतर (शुक्र ज्योतिः) शुद्ध, प्रकाशवान्, तेजस्वी, बलवान् एक निष्पाप रीति से ऐश्वर्यवान् होकर (विभाहि) विविध रूपो से प्रकाशित हो॥ शत० ६। ७। ३। १५॥

अन्तरंग्ने रुचा त्वमुखायाः सदने स्वे ।
तस्यास्त्वꣳहरसा तपञ्जातवेदः शिवो भव ॥ १६ ॥

अग्निर्देवता । विराड् अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्विन् ! राजन् ! (त्वम्) तू (उखायाः अन्तः) नाना ऐश्वर्यों को खोदकर निकालने की एकमात्र खान रूप भूमि एवं राष्ट्र की प्रजा के भीतर और (स्वे सदने) अपने आश्रयस्थान या आसन पर विराजमान रहकर (रुचा) दीप्ति से सूर्य के समान प्रज्वलित हो । और (त्वं) तू (हरसा) अपने ज्वालामय तेज के समान परराष्ट्र के हरण करने में समर्थ बल से (तस्याः) उसको (तपन्) तपाता हुआ भी, हे (जातवेदः) ऐश्वर्यों से महान् ! तू (तस्याः) उस प्रजा के लिये (शिवः भव) सूर्य और अग्नि के समान ही कल्याणकारी हो ॥ शत० ६ । ७ । ३ । १५ ॥

शिवो भूत्वा मह्यमग्ने ऽअथो सीद शिवस्त्वम् ।
शिवाः कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः ॥ १७ ॥

अग्निर्देवता । विराड् अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तू (मह्यम्) मुझ राष्ट्रवासी प्रजा के लिये (शिवः भूत्वाम्) कल्याणकारी होकर (सीद) सिंहासन पर विराज । (त्वम् शिवः) तू कल्याणकारी है । इसलिये (सर्वाः दिशः) समस्त दिशाओं को (शिवाः कृत्वा) कल्याणमय, सुखकारिणी बनाकर (इह) इस राष्ट्र में (स्वं योनिम्) अपने आश्रय स्थान प्रजा के ऊपर (आसद) विराजमान हो ॥ शत० ६ । ७ । ३ । १५ ॥

दिवस्परि प्रथमं जज्ञे ऽअग्निरस्मद् द्वितीयं परि जातवेदाः ।
तृतीयमप्सु नृमणा ऽअजस्रमिन्धान ऽएनं जरते स्वाधीः ॥ १८ ॥

१८-२९—वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(प्रथम) सब से प्रथम (दिव. परि) आकाश मे विद्यमान सूर्य के समान ज्ञान में निष्ठ (अग्निः) अग्नि, अग्रणी विद्वान् (जज्ञे) उत्पन्न होता है। (द्वितीयम्) दूसरे (अस्मत्) हममें से (जातवेदा.) वेदों का विद्वान्, एवं ऐश्वर्यवान् भी अग्नि विद्युत् के समान है। (तृतीयम्) तीसरा (अप्) जलो मे विद्यमान रस के समान या बडवानल के समान है जो (नृमणाः) मनुष्यों में सबसे अधिक विचारवान् है। जो स्वयं (अजस्रम्) नित्य निरन्तर (इन्धानः) तेज से प्रकाशमान रहता है। (एनम्) उसको (स्वाधी) उत्तम रीति से धारण करने में समर्थ विचारशील प्रजाजन (जरते) उसकी स्तुति करते हैं॥ शत० ६। ७। ५। २॥

वि॒द्मा ते॑ऽअग्ने त्रे॒धा त्र॒याणि॑ वि॒द्मा ते॒ धाम॒ विभृ॑ता पुरु॒त्रा।
वि॒द्मा ते॒ नाम॑ पर॒मं गुहा॒ यद्वि॒द्मा तमुत्सं॒ यत॑ऽआज॒गन्थ॑ ॥ १६ ॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने! राजन्! (ते) तेरे (त्रेधा) तीन प्रकार के (धाम) धाम, तेज को हम (विद्म) जाने। और (पुरुत्रा) समस्त प्रजाओ के पालने मे समर्थ (त्रयाणि) तीनों (विभृता) विविधरूपों से धारण किये हुए (धाम) धारण सामर्थ्यों और बलों को भी (विद्म) जानें। और (ते) तेरा (गुहा यत्) गुहा मे, विद्वानो के हृदय मे या वाणी मे छिपे या विख्यात तेरे (नाम) नाम, नमनकारी बल को या विख्याति को (विद्म) जाने और तू (यत) जहां से, जिस स्थान से (आजगन्थ) आता या प्रकट होता है हम (तम्) उस (उत्सम्) बल आदि के निकास को भी (विद्म) जानें॥ शत० ६। ७। ४। ४॥

'त्रेधा धाम'—अग्नि, विद्युत् और सूर्य।

'त्रयाणि धामानि' भवन्ति स्थानानि, नामानि, जन्मानि। अथवा आहवनीयगार्हपत्यदक्षिणाग्न्यादीनि।

समुद्रे त्वा नृमणा अप्स्वन्तर्नृचक्षा ऽईधे ऽदिवो ऽअग्न ऽऊधन्।
तृतीये त्वा रजसि तस्थिवाᳬंसमपामुपस्थे महिषा ऽअवर्धन् ॥२०॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(नृमणा) मनुष्यों के भीतर अपने चित्त को देनेवाला, लोकोपकारक पुरुष (त्वा) तुझको (समुद्रे) समुद्र के बीच और (अप्सु अन्तः) जलों के भीतर से भी विद्युत् या बड़वानल के रूप से (ईधे) प्राप्त करता है और उसी प्रकार (समुद्रे अप्सु अन्तः त्वा ईधे) उत्तम अभ्युदय के मार्ग पर प्रजाओं के बीच राजा को प्रज्वलित करता है। (नृचक्षा) मनुष्यों को ज्ञानदर्शन करानेवाला विद्वान् जन ही (दिवः ऊधन्) सूर्य प्रकाश के उद्गमस्थान, या आकाश के ऊधस्, गायके थान के समान नित्य रसप्रदान करनेवाले मेघ में विद्युत् के समान (दिव ऊधन्) ज्ञान प्रकाश के उद्गमस्थान आचार्य में (ईधे) प्रज्वलित करता है और (तृतीय) सर्वोच्च (रजसि) लोकमें (तस्थिवांसम्) विराजमान (त्वा) तुझको (महिषा) बड़े २ विद्वान् लोग (अपाम् उपस्थे) प्रजाओं के बीच, जलों के बीच, विद्युत् के समान (अवर्धन्) बढ़ावे ॥ शत० ६ । ७ । ४ । ५ ॥

अक्रन्ददग्नि स्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन्।
सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धो ऽअख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः ॥२१॥

भा०—व्याख्या देखो अ० १२ । ६ ॥

श्रीणामुदारो धरुणो रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः।
वसुः सूनुः सहसो ऽअप्सु राजा वि भात्यग्र ऽउषसामिधानः ॥२२॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(श्रीणाम्) लक्ष्मी, ऐश्वर्यों का (उदार.) सत्पात्रों में दान करने द्वारा (रयीणाम्) ऐश्वर्यों का आश्रय स्थान, उनका धारण करनेवाला, (मनीषाणाम्) नाना ज्ञान करानेवाली मतियों के (प्रार्पणः) प्राप्त करानेवाला, (सोमगोपा) सोम, ऐश्वर्यमय राष्ट्र का या विद्वानों का रक्षक, (वसु.) प्रजाओं का बसाने वाला, (सहस.) शत्रु के पराजय करनेवाले बलका (सूनु.) प्रेरक, सञ्चालक, सेनानायक (राजा) राजा (उषसाम् अग्रे) दिनों के प्रारम्भ में उदय होनेवाले सूर्य के समान (इधान.) स्वयं अपने प्रताप से दीप्त होनेवाला (अप्सु) जलों या समुद्र के तल पर उठते सूर्य के समान प्रजाओं के बीच (विभाति) विविध प्रकार से शोभा देता है।

विश्वस्य केतुर्भुवनस्य गर्भ आ रोदसी ऽअपृणाज्जायमानः।
वीडुं चिदद्रिमभिनत् परायञ्जना यदग्निमयजन्त पञ्च ॥ २३ ॥

अग्निर्देवता । आर्ची त्रिष्टुप । धैवत ॥

भा०—सूर्य जिस प्रकार (विश्वस्य) अपने प्रकाश से समस्त संसार का (केतु) ज्ञान कराने वाला है और (भुवनस्य) समस्त लोक को (गर्भः) अपने वश मे करने वाला, एवं उसमे नियामक शक्ति के रूप में व्यापक है और (जायमान) प्रकट होता हुआ (रोदसी) द्यौ और पृथवी दोनों को (आ अपृणात्) सर्वत्र व्याप लेता है उसी प्रकार जो विद्वान् पुरुष (विश्वस्य केतु॰) सबको अपने ज्ञान से ज्ञान कराने वाला, और (जायमानः) उदित होकर (रोदसी) राजवर्ग और प्रजावर्ग दोनों को (आ अपृणात्) पूर्ण और पालन करने में समर्थ है और वायु जिस प्रकार (अद्रिम् अभिनत्) मेघ को या विद्युत् पर्वत को काट देता है उसी प्रकार (वीडुम् अद्रिम्) बलवान् अभेद्य शत्रुगण को (परायन्) उनपर

२३—'वीळु'० इति काण्व० ।

आक्रमण करता हुआ (आभिनत्) तोड़ डालता है और (यत्) जिस (अग्निम्) अग्रणी नामक, ज्ञानवान् पुरुष को (पञ्च) पांचो जन ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद (अयजन्त) आदर करते है वह राजा सूर्य के समान प्रकाशित होता है ।

उशिक् पा॑व॒को ऽअ॑र॒तिः सु॑मे॒धा मर्त्ये॑ष्व॒ग्निर॒मृतो॒ निधा॑यि ।
इय॑र्त्ति धू॒मम॑रु॒षं भरि॑भ्रदु॒च्छु॒क्रेण॑ शो॒चिषा॒ द्यामिन॑क्षन् ॥ २४ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(मर्त्येषु) मरणधर्मा देहों में (अमृत.) अविनाशी, अमृत स्वरूप *जिस प्रकार विद्यमान् है, उसी प्रकार मनुष्यो के बीच* (*उशिक्*) सबका वशयिता, कान्तिमान्, (पावक) सबको पवित्र करने वाला, (अरति.) अत्याधिक मतिमान्, (सुमेधा.) उत्तम बुद्धि सम्पन्न, विद्वान्, (निधायि) स्थापित किया जाय । (अग्नि) जिस प्रकार (अरुष धूमम् इयर्त्ति) कान्ति रहित धूम को छोड़ता है उसी प्रकार वह विद्वान् भी (अरुपम्) रोषरहित (धूमम्) शत्रुओं को अपने पराक्रम से कंपाने वाले वीर्य या वल को (उत् इयर्त्ति) उन्नत करता है । समस्त राष्ट्र को (भरिभ्रत्) भरण पोषण करता हुआ (शुक्रेण शोचिषा) अति उज्ज्वल प्रकाश से सूर्य (द्याम् इनक्षन्) जिस प्रकार आकाश को व्यापता है उसी प्रकार वह भी उज्ज्वल प्रकाश से (द्याम्) तेजस्वी लोको को या ज्ञानवान् पुरुषों को प्राप्त होता है ।

दृ॒शा॒नो रु॒क्म उ॒र्व्या व्य॑द्यौद्दु॒र्मर्ष॒मायुः॑ श्रि॒ये रु॑चा॒नः ।
अ॒ग्निर॒मृतो॑ ऽअभव॒द्वयो॑भि॒र्यदे॑नं॒ द्यौरज॑नयत्सु॒रेताः॑ ॥ २५ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० १२ । १ ॥

यस्ते॑ऽ अ॒द्य कृ॒णव॑द्भद्रशोचेऽपू॒पं दे॑व घृ॒तव॑न्तमग्ने ।
प्र तं न॑य प्रत॒रं वस्यो॒ऽ अच्छा॒भि सु॒म्नं दे॒वभ॑क्तं यविष्ठ ॥ २६ ॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (देव) देव, राजन् ! (यः) जो (अद्य) आज, नित्य (ते) तेरे लिये (घृतवन्तम्) घृत से भरा हुआ (अपूपम्) अपूप, मालपूए के समान, भोज्य पदार्थ को (कृणवत्) तैयार करता है। (तं) उस (प्रतरम्) उत्कृष्ट पुरुष को (प्र नय) प्राप्त कर। हे (वनिष्ठ) बलवान् पुरुष ! तू (वस्यः) सर्व श्रेष्ठ (सुम्नम्) सुखकारी (देवभक्तम्) विद्वान् सात्विक पुरुषोचित अन्न को (अच्छ अभि) प्राप्त करे ॥

सेनापति पक्ष में—हे (भद्रशोचे) कल्याण, कमनीय तेजवाले देव ! अग्ने ! राजन् ! (यः ते) जो तेरे (घृतवन्तम् अपूपं) तेजोयुक्त इन्द्रिय और राज्य सामर्थ्य को (कृणवत्) करता है (ते) उस (प्रतरं) राज्य कार्य को पार लगानेवाले राज्यकर्ता को (वस्य. नय) उत्तम धन प्राप्त करा। हे (यविष्ठ) युवतम ! वीर्यवन् ! उस (देवभक्तं) राज के सेवन योग्य (सुम्नं अच्छ अभि) सुखदायी धन भी प्रदान कर ॥

आ तं भज सौश्रवसेष्वग्न ऽउक्थ ऽउक्थ ऽआ भज शस्यमाने ।
प्रियः सूर्ये प्रियो ऽअग्ना भवात्युज्जातेन भिनददुज्जनित्वैः ॥२७॥

अग्निर्देवता विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—जो (सूर्य) सूर्य के समान तेजस्वी, राजा के पद पर (प्रिय) सबको प्रिय, हितकारी और (अग्नौ) अग्नि, शत्रुतापक, अग्रणी सेना नायक के पद पर भी (प्रिय) सर्वप्रिय (भवाति) हो और (जातेन) अपने किये हुए कार्य से और (जनित्वैः) आगे होनेवाले कार्यों से भी (उत् अभिनत्) शत्रुओं को उखाड़ता और प्रजा के उपकार के कार्यों को उत्पन्न करता है (तम्) उसको, हे राजन् ! (सौश्रवसेषु) उत्तम कीर्त्ति के पदों और अवसरों पर (आ भज) नियुक्त कर और (उक्थे उक्थे शस्यमाने) प्रत्येक प्रशसा योग्य यज्ञादि कार्य के वर्णन करने के अवसर पर भी (तं आ भज) उसकी शुश्रूषा कर, उसको मान-पद प्राप्त करा ॥

त्वाम॑ग्ने यज॑माना॒ऽअनु॒ द्यून् विश्वा॒ वसु॑ दधिरे॒ वार्य्या॑णि ।
त्वया॑ स॒ह द्रवि॑णमि॒च्छमा॑ना व्र॒जं गोम॑न्तमु॒शिजो॒ विव॑व्रुः ॥२८॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) विद्वान् राजन् ! (त्वां यजमाना) तेरे से संगति करनेहारे, तेरे सहयोगी, (अनु द्युन्) प्रतिदिन (वार्याणि) नाना वरण करने योग्य (विश्वा) सब प्रकार के (वसु) धनैश्वर्यों को (दधिरे) धारण करते हैं। और वे (त्वया सह) तेरे साथ ही उद्योग से (द्रविणम्) ऐश्वर्य को प्राप्त करना (इच्छमाना.) चाहते हुए (उशिज.) वशी एवं कामनावान् विद्वान् पुरुष (गोमन्त) उत्तम किरणों से युक्त सूर्य और विद्युतों से युक्त मेघ को जिस प्रकार किसान चाहते है, धनी लोग जिस प्रकार गौओ से भरी गोशाला को चाहते है उसी प्रकार (गोमन्त) किरणों से युक्त (व्रजम्) सूर्य के समान तेजस्वी, एव वेद-वाणियों से युक्त (व्रजम्) सबसे अभिगन्तव्य परिव्राट् के समान विद्वान् को (विवव्रु.) वरण करते हैं, उसके शरण में आते, उसको घेर कर बैठते हैं।

अस्ता॑व्य॒ग्निर्न॒रा१ँ सु॒शेवो॑ वैश्वान॒रऽऋषि॑भिः॒ सोम॑गोपाः ।
अ॒द्वे॒षे द्यावा॑पृथि॒वी हु॑वेम॒ देवा॑ ध॒त्त र॒यिम॒स्मे सु॒वीर॑म् ॥ २९ ॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(नरां सुशेव) मनुष्यों को उत्तम सुख देनेवाला, (वैश्वानरः) समस्त मनुष्यों का हितकारी, प्रजापति, (सोमगोपा.) सोम, राजपद या राष्ट्र के ऐश्वर्य का रक्षक (अग्नि.) तेजस्वी राजा, नेता (ऋषिभि.) मन्त्रद्रष्टा विद्वान्, ऋषियो द्वारा (अस्तावि) स्तुति किया जाता है। हम (द्यावा-पृथिवी) राजा और प्रजा को पिता और माता के समान (अद्वेषे) द्वेष रहित रहने का (हुवेम) उपदेश करते हैं। हे (देवा·) देवगण विद्वान् शासको ! विजयशील योद्धाओं और दानशील धनाढ्य पुरुषो ! आप लोग

(अग्ने) हमे (सुवीरम् रयिम्) उत्तम वीर पुरुषों से युक्त ऐश्वर्य को (धत्त) प्रदान करो ॥

समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम् ।
आस्मिन् हव्या जुहोतन ॥ ३० ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ३ । १ ॥ शत० ६ । ८ । १ । ६ ॥

उदु त्वा विश्वेदेवाऽअग्ने भरन्तु चित्तिभिः ।
स नो भव शिवस्त्वꣳ सुप्रतीको विभावसुः ॥ ३१ ॥

तापस ऋषि. । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप । गाधार ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! विद्वन् ! राजन् ! (त्वा) तुझको (विश्वे-देवा·) समस्त विजयशील विद्वान् एवं दानशील पुरुष (चित्तिभिः) अपनी विद्याओ से और संचित शक्तियों से या बुद्धि पूर्वक किये कार्यों से (उद् भरन्तु) पूर्ण करें, उन्नत करें, तुझे बढावें और (स) वह तू (नः) हमारे लिये (सुप्रतीकः) सुरूप, शत्रु के प्रति उत्तमता से जाने में समर्थ, (विभावसु.) विशेष तेजस्वी, ऐश्वर्यवान्, अग्नि और सूर्य के समान दीप्तिमान्, (शिव.) कल्याणकारी (भव) हो ॥ शत० ६ । ८ । १ । ७ ॥

प्रेदग्ने ज्योतिष्मान् याहि शिवेभिरर्चिभिष्ट्वम् ।
बृहद्भिर्भानुभिर्भासन् मा हिꣳसीस्तन्वा प्रजाः ॥ ३२ ॥

अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! राजन् ! विद्वन् ! (ज्योतिष्मान्) परम तेजस्वी होकर भी (त्वम्) तू (शिवेभि. अर्चिभि.) अपनी कल्याणकारी ज्वालाओं, एक मात्र शस्त्रमालाओं से (प्र इत् याहि) प्रयाण कर और (बृहद्भि) अपने बड़े (भानुभिः) सूर्य के समान तेजों से (भासन्) प्रकाशित होता हुआ भी (प्रजा) अपनी प्रजा को (तन्वा) शरीर से (मा हिंसी)

कभी नष्ट मत कर। प्रजाओं को शारीरिक वध का दण्ड मत दे। उनको मत सता। अथवा (तन्वा प्रजा मा हिंसी) अपनी विस्तृत शक्ति से प्रजा का नाश मत कर। शत० ६।८।१।१०॥

अक्रन्ददग्निस्तनयन्निव द्यौः क्षामा रेरिहद्वीरुधः समञ्जन्।
सद्यो जज्ञानो वि हीमिद्धोऽअख्यदा रोदसी भानुना भात्यन्तः॥३३॥

भा०—व्याख्या देखो १२।६॥ शत० ६।८।१।१२॥

प्रप्रायमग्निर्भरतस्य शृण्वे वि यत्सूर्यो न रोचते बृहद्भाः। अभि यः पूरुं पृतनासु तस्थौ दीदाय दैव्योऽअतिथिः शिवो नः॥ ३४॥

ऋ० ७।८।४॥

वत्सप्रीर्ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धवत.॥

भा०—(अयम् अग्नि) यह तेजस्वी राजा (यत्) जब (भरतस्य) अपने भरण पोषण, एवं पालन करने योग्य राष्ट्र के (प्रप्र श्रृण्वे) समस्त सुख दु ख स्वयं सुनता है, उसके कष्टों पर कान देता है, तब (बृहद्भा.) विशाल तेजस्वी राजा (सूर्य न सूर्य के समान (रोचते) प्रकाशित होता है। और (य) जो राजा (पृतनासु) सेनाओं से (पूरुम्) पूर्ण बलवान् शत्रु पर भी (अभितस्थौ) चढ़ जाने में समर्थ है वह (दैव्यः) दिव्य शक्तियों से युक्त होकर (दीदाय) प्रकाशित हो। और वह (न) हमारा मंगलकारी होने से (अतिथि) अतिथि के समान पूजनीय हो॥ शत० ६।८।१।१४॥

आपो देवीः प्रतिगृभ्णीत भस्मैतत्स्योने कृणुध्वꣳ सुरभाऽउ लोके।
तस्मै नमन्तां जनयः सुपत्नीर्मातेव पुत्रं बिभृताप्स्वेनत्॥ ३५॥

भा०—हे (देवा. आप) दिव्य गुण वाले, विजय शक्ति से युक्त, एवं दानशील बलों के समान शुभ, शान्ति आदि गुणों में व्यापक एवं आप्त प्रजाओ! तुम लोग (एतत्) इस (भस्म) राजा के अनुरूप, तेज को

(प्रतिगृभ्णीत) धारण करो। (स्योने) सुखकारी, (सुरभौ लोके) ऐश्वर्यवान् लोक में, या उत्तम नियमकारी पद पर इसको (कृणुध्वम्) रखो, पालन करो। (तस्मै) उसके सुख के लिये (सुपत्नी) उत्तम पत्नी रूप (जनय.) स्त्रियां जिस प्रकार वीर्य धारण करने के लिये अपने प्रिय पति के सामर्थ्य आदर से (नमन्तां) झुकती हैं। उसी प्रकार प्रजाएँ अपने राजा के प्रति आदर से झुके। और (पुत्रः माता इव) पुत्र को जिस प्रकार माता पालती पोषती है उसी प्रकार हे आप्त प्रजाजनो! आप लोग भी (एतत्) इस राजकीय तेज को (अप्सु) अपने उत्तम कार्यों और व्यवहारों द्वारा (बिभृत) पुष्ट करो॥ शत० ६। ८। २। ३॥

स्त्रियों के पक्ष में—हे पुरुषो! (आपः देवीः) आप्त, शुभ गुणों वाली देवियों को आप लोग (एतत् भस्म प्रति गृभ्णीत) इस तेज ग्रहण करो। (स्योने सुरभौ लोके उ कृणुध्वम्) उनको सुखमय स्थानों में रक्खो। (सुरभौ) पति के (एतत् भस्म) इस तेजस्वी वीर्य को (सुपत्नीः जनयः) उत्तम पत्नियें (नमन्ताम्) आदर से स्वीकार करें, धारण करें। और (माता पुत्रः इव एतत् बिभृत) पुत्र को माता के समान, उस वीर्य को धारण पोषण करें।

अ॒प्स्व॑ग्ने॒ सधि॒ष्टव॒ सौष॑धी॒रनु॑रुध्यसे।
गर्भे॒ सन् जा॑यसे॒ पुनः॑॥ ३६॥ ऋ० ८। ४। ३। ६॥

विरूप ऋषि। अग्निर्देवता। निचृद् गायत्री। षड्ज॥

भा०—गर्भों में बीजोत्पत्ति की समानता से राजोत्पत्ति का वर्णन करते है। हे (अग्ने) तेजस्विन् 'राजन्' जिस प्रकार जीव की (अप्सु संधि) जलों में स्थिति है। उसी प्रकार हे राजन्' (अप्सु ते सधि) आप्त प्रजाजनो मे तेरा निवासस्थान है। जीव, जिस प्रकार (ओषधी. अनुरुध्यसे) ओषधियों को प्राप्त होता है। ओषधिरूप में उत्पन्न होता है। अथवा (सः)

वह जीव (ओषधी. अनु) ओषधियों के समान (रुध्यसे) गर्भों में उत्पन्न होता है वह ठीक ओषधियों के समान ही मातृ-योनि कमल मे गर्भित होकर अपना मूल जमाकर उत्पन्न होता है। हे जीव ! तू (गर्भे सन् पुनः जायसे) गर्भ में रहकर पुन. पुत्ररूप से या शरीरधारी रूप से उत्पन्न होता है। उसी प्रकार राजा का भी (अप्सु संधिः) प्रजाओं के बीच में निवासस्थान है। (स) हे राजन् ! वह तू (ओषधीः अनुरुद्ध्यसे) प्रजाओं के हित के लिये ही राज्यपद ग्रहण के लिये आग्रह किया जाता है। उनके (गर्भे सन्) ग्रहण या वश करने में समर्थ होकर, तू (पुन· जायसे) पुन , वार २ शक्तिमान् होकर प्रकट होता है ॥ शत० ६ । ८ । २ । ४ ॥

गर्भो॑ऽअ॒स्योष॑धीनां॒ गर्भो॒ वन॒स्पती॑नाम्।
गर्भो॒ विश्व॑स्य भू॒तस्या॑ग्ने॒ गर्भो॑ऽअ॒पाम॑सि ॥ ३७ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे जीव ! अग्ने ! तू (ओषधीनां गर्भ. असि) ओषधियों का भी गर्भ है। उनके भी बीच में विद्यमान है। तू (वनस्पतीनां गर्भ. असि) वनस्पति बडे २ वृक्षों का गर्भ है। अर्थात् उनके भी बीच में विद्यमान है। (विश्वस्य भूतस्य गर्भः) समस्त उत्पन्न प्राणियों के बीच में विद्यमान है और (अपा गर्भः असि ' जलों के भीतर भी विद्यमान है। इसी प्रकार अग्नि या विद्युत् ओषधियों के रसों में, वनस्पतियों के काष्ठों में और समस्त पदार्थों के बीच और जलों के भीतर भी विद्यमान है। राजा के पक्ष में—(ओषधीना) तापधारक वीर पुरुषों के (गर्भः) ग्रहण करने या वश करने में समर्थ है, (वनस्पतीनाम्) महावृक्ष के समान सर्वाश्रय बड़े २ पुरुषों को भी (गर्भः) वश करने में समर्थ है। (विश्वस्य भूतस्य) समस्त प्राणियों को वश करने में समर्थ है।

और (अपां गर्भः असि) आप्तजन, प्रजाओं को भी वश करने में समर्थ, उनसे स्वीकार किये जाने योग्य है ॥ शत० ६ । ८ । २ । ४ ॥

प्रसद्य भस्मना योनिमपश्च पृथिवीमग्ने ।
सꣳसृज्य मातृभिष्ट्वं ज्योतिष्मान् पुनरासदः ॥ ३८ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—जीवपक्ष में—हे (अग्ने) जीव ! तू (भस्मना) अपने देह की भस्म से (पृथिवीम् प्रसद्य) पृथिवी में मिलकर और (भस्मना) तेजमय वीर्यरूप से ही (अपः) जलों और (योनिं च) मातृयोनि को भी प्राप्त होकर (मातृभिः) माताओं के साथ पितृरूपों में (संसृज्य) संयुक्त होकर (ज्योतिष्मान्) तेजस्वी बालक होकर (पुनः आसदः) पुनः इस लोक में आता है। अग्नि-पक्ष मे—अग्नि जिस प्रकार भस्म होकर पुनः पृथिवी पर लीन होजाता है और जलों से मिलकर फिर (मातृभिः) ईश्वर की निर्माणकारिणी शक्तियों से युक्त होकर वृक्षादि रूप में पुनः काष्ठ होकर उत्पन्न होता है और जलता है ॥ शत० ६ । ८ । २ । ६ ॥

राजा के पक्ष में—हे (अग्ने) तेजस्विन् राजन् ! (भस्मना) अपने तेज से (योनिम्) अपने मूलकारण उत्पादक और आश्रयरूप (अपः) प्रजाओं और (पृथिवीम्) पृथिवी को (प्रसद्य) प्राप्त होकर (मातृभिः) ज्ञानशील पुरुषों के साथ (संसृज्य) मिलकर (ज्योतिष्मान्) सूर्य के समान तेजस्वी होकर (पुनः) बार २ (आ सदः) अपने आसन पर आदर-पूर्वक विराज ।

पुनरासद्य सदनमपश्च पृथिवीमग्ने ।
शेषे मातुर्यथोपस्थेऽन्तरस्याꣳशिवतमः ॥ ३९ ॥

अग्निर्ऋषि । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—(यथा) जिस प्रकार (मातुः उपस्थे) माता की गोद में बालक सोता है, उसी प्रकार हे (अग्ने) राजन् ! तेजस्विन् ! तू भी (पुनः) फिर अपने (सदनम्) सिंहासन पर (आसद्य) बैठकर (अप पृथिवीम्) समस्त प्रजाओं और पृथिवी को (आसद्य) प्राप्त कर, उसपर अधिष्ठित होकर (अस्याम्) इस पृथिवी के भीतर (शिवतम) सबसे अधिक कल्याणकारी होकर (शेषे) व्याप्त, प्रसुप्त, गम्भीर होकर रह ॥ शत० ६ । ८ । २ । ६ ॥

पुनरूर्जा निवर्त्तस्व पुनरग्नऽइषायुषा। पुनर्नः पाह्यᳬहसः ॥४०॥
सह रय्या निवर्त्तस्वाग्ने पिन्वस्व धारया। विश्वप्स्न्या विश्वतस्परि।

भा०—व्याख्या देखो १२ । ६,१० ॥ शत० ६ । ८ । २ । ६ ॥

बोधा मेऽअस्य वचसो यविष्ठ मᳬहिष्ठस्य प्रभृतस्य स्वधावः।
पीयति त्वोऽअनु त्वो गृणाति वन्दारुष्टे तन्वं वन्देऽअग्ने ॥ ४२ ॥

ऋ० १ । १४७ । २ ॥

दीर्घतमा ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (यविष्ठ) युवतम ! हे बलवन् ! हे (स्वधावः) स्व= शरीर को धारण करने योग्य अन्न के स्वामिन् ! (मे अस्य) मुझ इस प्रार्थी के (मंहिष्ठस्य) अत्यन्त अधिक आवश्यक रूप से कहने योग्य और (प्रभृतस्य उत्तम रीति से यथाविधि आपतक पहुंचाये गये (वचसः) वचन को (बोध) यथावत् जानो । इस न्यायकार्य में (त्व) कोई (पीयति) तेरी निन्दा करेगा और (अनु त्व गृणाति) और कोई तेरी स्तुति करेगा । अथवा इस मेरे वचन को (त्व. पीयति) एक काटे और (त्व) दूसरा (अनुगृणाति) उसके पक्ष में कहे । इस प्रकार दोनों पक्षों की बात सुनकर आप निर्णय करें । और मैं (वन्दारुः) वन्दना करनेवाला, विनीत प्रार्थी, हे (अग्ने) ज्ञानवन्!

सत्य असत्य के विवेक करनेवाले विद्वन् ! राजन् ! (ते तन्वं) तेरे शरीर का या विस्तृत शासन का (वन्दे) अभिवादन करता हूं। राजा या विवेकी विद्वान् धर्माध्यक्ष के पास जाकर कोई अपना वचन लिखित प्रार्थनापत्र आदि उचित रीति से कहे। एक उसके विपक्ष में और एक पक्ष में कहे। फैसला होने पर विनीत प्रार्थी आदरपूर्वक विदा हो ॥ शत० ६ । ८ । २ । ६ ॥

अध्ययनाध्यापन पक्ष मे—हे (यविष्ठ) बलवन् ! युवतम ! (प्रभृतस्य) उत्तम ज्ञान के धारण करनेवाले, (मंहिष्ठस्य) तुझ बड़े विद्वान् पुरुष का (वचसः बोध) वचन का ज्ञान प्राप्त कर। हे (अग्ने) ज्ञानवन् पुरुष ! (पीयति त्वः अनुगृणाति त्वः) चाहे तुमारी कोई निन्दा करे या स्तुति करे, (वन्दारुः) अभिवादनशील शिष्य मैं (ते तन्वं वन्दे) तेरे शरीर के चरणों में नमस्कार करता हूं।

स बोधि सूरिर्मघवा वसुपते वसुदावन्।
युयोध्युस्मद्द्वेषांसि विश्वकर्मणे स्वाहा ॥ ४३ ॥

सोमाहुतिर्ऋषिः अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (वसुपते) धन ऐश्वर्य के पालक ! हे (वसुदावन्) धनप्रदाता ! (मघवा) ऐश्वर्यवान् (सूरिः) विद्वान् (सः) वह तू (बोधि) हमारे समस्त अभिप्राय को या सत्य असत्य को जान। और (अस्मत्) हम से (द्वेषांसि) द्वेषके या परस्पर के अप्रीति के कारणों को (युयोधि) दूर कर। हममें न्यायपूर्वक फैसला कर। (विश्वकर्मणे) समस्त राष्ट्र के कार्यों को उत्तम रीति से करनेहारे तेरे लिये (स्वाहा) हम सदा आदर वचन का प्रयोग करते हैं ॥ शत० ६ । ८ । २ । ६ ॥

पुनस्त्वाऽऽदित्या रुद्रा वसवः समिन्धतां पुनर्ब्रह्माणो वसुनीथ। यज्ञैः। घृतेन त्वं तन्वं वर्धयस्व सत्याः सन्तु यजमानस्य कामाः।

४४—'कामास्स्वाहा' इतिकाण्व० ।

भा०—(आदित्याः) आदित्य के समान विद्वान् (रुद्राः) रुद्र ब्रह्मचारी, (वसवः) वसु ब्रह्मचारी (त्वाम्) तुझको (पुनः समिन्धताम्) वार २ प्रदीप्त करें। (ब्रह्माणः) ब्रह्म, वेद के विद्वान् लोग (यज्ञैः) यज्ञों या सत्संगों द्वारा, हे (वसुनीथ) ऐश्वर्य के प्राप्त करानेहारे ! (पुनः सम् इन्धताम्) वार २ तुझे प्रदीप्त करें, पुन ज्ञानवान् करें। और (त्वम्) तू (घृतेन) घी से अग्नि के समान पुष्टिकारक पदार्थ से अपने (तन्व) शरीर को (वर्धयस्व) पुष्ट कर। (यजमानस्य) दानशील या संगति करनेहारे पुरुष के (कामाः) समस्त सकल्प, समस्त आशाएं (सत्याः सन्तु) सत्य हों ॥

अपैत वीत वि च सर्पतातो येऽत्रस्थ पुराणा ये च नूतनाः।
अदाद्यमोऽवसानं पृथिव्याऽअक्रन्निमं पितरो लोकमस्मै ॥ ४५ ॥

लिंगोक्ता पितरो देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (पितरः) राष्ट्र के पालक पुरुषो ! आप लोगो में से (अत्र) इस राज्यपालन के कार्य में (ये पुराणा) जो पुराने, पहले से नियुक्त और (ये च) जो (नूतनाः) नये नियुक्त हैं। वे (अप इत) दूर २ देशों मे भी जायें, (वि इत) विविध देशों में भ्रमण करें, (वि सर्पत) विविध उपायों से सर्वत्र सर्पण कर गुप्त दूतों का भी काम करें। (यमः) सर्वनियन्ता राजा (पृथिव्या) पृथिवी में (अवसानम्) तुम लोगो को अधिकार और स्थान (अदात्) प्रदान करता है। और (पितरः) राज्य के पालक लोग (अस्मै) इस राजा के लिये (इम लोकम्) इस भूलोक को (अक्रन्) वश करते हैं।

शिक्षा-पक्ष में—(ये पुराणा ये च नूतना) जो पुराने वृद्ध और नये (पितर) पिता लोग हैं वे (अपेत) अधर्म से परे रहें। (वि इत)

४५—अथ गार्हपत्यचयनम्।

धर्म का पालन करें (अत्र वि सर्पत च) यहां ही विचरण करें । (यमः) नियामक आचार्य (पृथिव्या अवसानं अदात्) पृथिवी में तुमको अधिकार पद दे, आप लोग इसके लिये इस सत्य सकल्पवान् पुरुष के लिये (इमं लोकम् अक्रन्) इस आत्मा का ज्ञान लाभ करावें ॥ शत० ७ । १ । १ । २–४ ॥

संज्ञानमसि कामधरणम्मयि ते कामधरणं भूयात् । अग्नेर्भस्मास्यग्नेः पुरीषमसि चितस्थ परिचितऽऊर्ध्वचितः श्रयध्वम् ॥४६॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे अग्ने ! विद्वन् ! तू (संज्ञानम् असि) समस्त प्रजा को ज्ञान देनेहारा है । (ते) तेरा (कामधरणं) अपनी अभिलाषा को पूर्ण करने का जो सामर्थ्य है वह (मयि) मेरे में भी (कामधरणं भूयात्) मेरी अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाला हो । हे विद्वन् ! तू (अग्ने) अग्रणी, नेता पुरुष का (भस्म असि) भस्म अर्थात् तेज.स्वरूप है (अग्ने पुरीषम् असि) तेजस्वी सूर्य का लक्ष्मीसम्पन्न समृद्ध रूप है । हे प्रजाओ ! एवं अधिकारी पुरुषो ! आप लोग (चितः स्थ) ज्ञानवान् हो । आप लोग (परिचितः) सब ओर से ज्ञान सग्रह करनेहारे और (ऊर्ध्वचित स्थ) उच्च पद मोक्ष का प्रवचन या ज्ञान करनेहारे भी हो । आप लोग (श्रयध्वम्) इन राष्ट्र में सुख से आश्रय पाइये। अथवा — हे (परिश्रित.) राजा के आश्रित एव उसके रक्षक प्रजा के सभासद् पुरुषो ! आप लोग (चित स्थ) विज्ञानवान् एवं धन सञ्चय करने में कुशल हैं । (परिचितः स्थ) सब ओर से उत्तम पदार्थो के संग्रहशील एवं (ऊर्ध्वचित·) उत्कृष्ट पदार्थों के संग्रहशील हो । आप लोग सञ्चित ईंटो के समान राष्ट्र की भित्ति मे (श्रयध्वम्) एक दूसरे के आश्रय बनकर रहो । या राजा का आश्रय करके रहो, उसकी सेवा करो ॥ शत० ७ । १ । १ । ८ ॥

अयꣳसोऽअग्निर्यस्मिन्त्सोमुमिन्द्रः सुतं दुधे जुठरे वावशानः ।
सुहुस्रिणुं वाजुमत्युं न सप्तिꣳ ससुवान्त्सन्त्स्तूयसे जातवेदः ॥४७॥

ऋ० ३ । २२ । १ ॥

अग्निर्देवता । विश्वामित्र ऋषि । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत स्वर ॥

भा०—(अय स. अग्नि) यह वह अग्नि, ज्ञानवान् तेजस्वी पुरुष है (यस्मिन्) जिसके आश्रय पर (इन्द्र.) ऐश्वर्यवान् राजा (वावशान.) अति अधिक सन्तुष्ट, एव अभिलाषावान् होकर (सहस्रिय) सहस्रो ऐश्वर्यों से समृद्ध (वाजम्) अन्नादिक (अत्य न सप्तिम्) अति वेगवान अश्व के समान आरोहण योग्य (सुतम्) व्यवस्थित, शासित (सोमम्) समृद्ध राष्ट्र को (जठरे) अपने वश करनेवाले अधिकार में (दधे) धारण करता है । हे (जातवेदः) ऐश्वर्यवान् एव प्रजावान् पुरुष ! तू भी (ससवान् सन्) दान करता हुआ ही (स्तूयसे) स्तुति किया जाता है ॥ शत० ७ । १ । १ । २१ ॥

यहा 'सहस्रियं वाजम्' यह पाठ महर्षि दयानन्दसंमत विचारणीय है ।

अग्ने यत्ते दिवि वर्चः पृथिव्यां यदोषधीष्वप्स्वा यजत्र ।
येनान्तरिक्षमुर्वाततन्थ त्वेषः स भानुरर्णवो नृचक्षाः ॥ ४८ ॥

ऋ० ३ । २२ । २ ॥

विश्वामित्र ऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पक्ति । पञ्चम ॥

भा०—हे (अग्ने) ज्ञानवन् ! तेजस्विन् सूर्य के समान राजन् ! (यत् ते वर्चः) जो तेरा तेज (दिवि) सूर्य में विद्यमान है और (यत् ते वर्च पृथिव्याम्) जो तेरा तेज पृथिवी में विद्यमान है और (यत् ओषधीषु) जो तेरा तेज ओषधियो और शत्रुसतापकारी सैनिकों में है और हे (यजत्र) उपासनीय पूज्य पुरुष ! जो तेरा तेज (अप्सु) जलों के समान शान्त-स्वभाव प्रजाजनो

४७—सहस्रिय वाजमितिपाठो दयानन्दसम्मतश्चिन्त्य. ॥

में है, (येन) जिस तेज से (उरु) विशाल (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को भी तू (आततन्थ) व्यापता है, (स) वह तेरा तेज (भानुः) अति दीप्ति युक्त (त्वेषः) कान्तिमान् अति तीक्ष्ण होकर भी (अर्णव) व्यापक या जल से पूर्ण समुद्र के समान गम्भीर, ज्ञानवान् और (नृचक्षाः) समस्त मनुष्यों के शुभाशुभ कर्मों का सूर्य के समान द्रष्टा है ॥ शत० ७ । १ । १ । २३ ॥

अग्ने दिवोऽअर्णमच्छा जिगास्यच्छा देवाँ२ऽ ऊचिषे धिष्ण्या ये।
या रोचने परस्तात् सूर्यस्य याश्चावस्तादुपतिष्ठन्तऽआपः ॥४९॥

ऋ० ३ । २२ । ३ ॥

विश्वामित्र ऋषि । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पक्ति । पञ्चम ॥

भा०—हे (अग्ने) विद्वन् ! तेजस्विन् ! तू (दिवः) सूर्य या प्रकाश के (अर्णम्) विज्ञान को (अच्छा जिगासि) भली प्रकार प्राप्त करता है । (ये धिष्ण्याः) और जो बुद्धियों को प्रेरणा करनेवाले, विद्वान् पदाधिकारी पुरुष हैं उन (देवान्) मुख्य पुरुषों को (ऊचिषे) तू उपदेश और अनुज्ञा प्रदान करता है । और (याः) जो (आपः) आप्तजन (सूर्यस्य) सूर्य के समान तेजस्वी राजा के (रोचने) अभिमत कार्य में (परस्तात्) दूर देश में जाते हैं और (याः च अवस्तात्) जो आप्तजन उसके समीप (उपतिष्ठन्ते) उपस्थित रहते हैं तू उनको भी (जिगासि) अपने वश कर और उनको (ऊचिषे) शिक्षा कर ॥ शत० ७ । १ । १ । २४ ॥

पुरीष्यासोऽअग्नयः प्रावणेभिः सजोषसः।
जुषन्तां यज्ञमद्रुहोऽनमीवाऽइषो महीः ॥५०॥ ऋ० ३ । २२ । ४ ॥

विश्वामित्र ऋषि. । अग्निर्देवता । आर्ची पक्ति । पञ्चमः ॥

भा०—(पुरीष्यास) प्रजाओं के पालन करने में समृद्ध, ऐश्वर्यवान् (प्रावणेभिः) उत्कृष्ट सम्पत्तियों के लाभ करने के साधनों और विद्वानों

द्वारा (सजोषस) सबके प्रति समान प्रेम से वर्त्ताव करनेवाले, (यज्ञम्) व्यवस्थित राष्ट्र के प्रति (अद्रुह) कभी द्रोह न करनेहारे अग्नय) तेजस्वी, अग्रणी नायक विद्वान् पुरुष (अनमीवाः) रोगरहित (महीः इषः) बड़े अन्न आदि सम्पत्तियों को (जुषन्ताम्) सेवन करें, प्राप्त करें ॥ शत० ७ । १ । १ । २५ ॥

इडा॑मग्ने पुरु॒दꣳस॑ꣳ स॒निं गोः श॑श्वत्त॒मꣳ हव॑मानाय साध। स्यान्नः॑ सू॒नुस्तन॑यो विजा॒वाग्ने॒ सा ते॑ सुम॒तिर्भू॑त्व॒स्मे ॥ ५१ ॥

ऋ० ३ । २२ । ५ ॥

विश्वामित्र ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) विद्वन् ! राजन् ! (हवमानाय) बल से स्पर्द्धा करनेवाले के लिये (इडाम्) अन्न और भूमि और (पुरुदसम्) बहुत से कार्य व्यवहारों को पूर्ण करनेवाली (गो सनिम्) पृथ्वी के या पशुओं के विभाग को (शश्वत्-तमम्) सदा के लिये (साध) उन्नत कर। (नः) हमारा (सूनु) उत्पन्न (पुत्र) पुत्र (विजावा स्यात्) विविध ऐश्वर्यों का जनक हो। हे (अग्ने) राजन् ! (सा) वह (ते सुमतिः) तेरी दी हुई उत्तम व्यवस्था (अस्मे) हमारे कल्याण लिये (भूतु) हो।

अध्यापक के पक्ष में—हे अग्ने ! आचार्य ! तेरा (पुरुदस) बहुत से कामों का साधन वा स्तुति योग्य (गोः सनिम्) वेदवाणी का दान और (शश्वत्तमम्) सदा तन का वेद ज्ञान (हवमानाय साध) विद्या के लिये अति उत्सुक पुरुष को प्रदान कर। हमारा पुत्र विविध ऐश्वर्यों को उत्पन्न करनेवाला हो। तेरी शुभ मति या उत्तम ज्ञान हमारे कल्याण के लिये हो।

अ॒यन्ते॒ योनि॑र्ऋ॒त्वियो॒ यतो॑ जा॒तो अरो॑चथाः।
तं जा॒नन्न॑ग्न॒ऽआरो॒हाथा॑ नो वर्धया र॒यिम् ॥ ५२ ॥

ऋ० ३ । २७ । १० ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० २ । १४ ॥

चिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ।
परि चिदसि तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ ५३ ॥

इष्टके अग्निर्वा देवता । स्वराडनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे राजसभे ! (चित् असि) तू 'चित्' समस्त योग्य सुख साधनों का सञ्चय करनेवाली, शरीर में चित् चेतना के समान शक्ति है। तू (तया) उस (देवतया) देवता या राजशक्ति या विजयिनी शक्ति से युक्त होकर (अंगिरस्वत्) प्राण के समान या अग्नि के समान या विद्वान् पुरुषों से युक्त होकर, (ध्रुवा) ध्रुव, स्थिर निष्कम्प भाव से अचल होकर (सीद) विराज । इसी प्रकार तू (परि-चित् असि) सब ओर से अपने अपने बल को संग्रह करनेवाली है । तू (तया देवतया) उस उत्कृष्ट विजय करनेवाली राजशक्ति से (अङ्गिरस्वत्) अग्नि के समान या सूर्य के समान (ध्रुवा) स्थिर होकर (सीद) विराजमान हो ।

स्त्री के पक्ष में—हे स्त्री तू 'चित्', विद्या को जाननेहारी है तू (तया देवतया) उस प्रजा के समान प्रिय देवीरूप होकर देह में प्राण के समान गृह में स्थिर होकर रह ।

लोकं पृण छिद्रं पृणाथो सीद ध्रुवा त्वम् ।
इन्द्राग्नी त्वा बृहस्पतिरस्मिन् योनावसीषदन् ॥ ५४ ॥

अग्निर्देवता विराडनुष्टुप् । गान्धार' ॥

भा०—हे राजसभे ! अथवा हे राजन् ! तू (लोकं पृण) समस्त लोक का पालन कर । (छिद्रं पृण) जो कुछ 'छिद्र' अर्थात् न्यूनता हो उसको पूर्ण कर । (अथो) और (त्वम्) तू (ध्रुवा) पतिगृह में स्त्री के समान स्थिर होकर (सीद) विराजमान हो । (इन्द्राग्नी) इन्द्र और

५४—'०योना असीषदन्' इति काण्व० ॥

अग्नि, सेनापति और राजा (बृहस्पति) वेदवाणी का पालक (त्वा) तुझको (अस्मिन् योनौ) इस आश्रयस्थान में (असीषदन्) प्राप्त कराते हैं, स्थापित करते हैं।

कन्या के पक्ष मे—(इन्द्र-अग्नी) माता पिता और (बृहस्पति.) आचार्य तुझको इस (योनौ) निवासगृह में स्थापित करते हैं। तू स्थिर रहकर लोक का पालन कर और छिद्र और त्रुटि को पूर्ण कर।

ता अस्य सूददोहसः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः।
जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः ॥ ५५ ॥

ऋ० ८ । ५८ । ३ ॥

इन्द्रपुत्र प्रियमेधा ऋषि. । आपो देवता । विराड् अनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—जिस प्रकार (ता) वे (सूददोहस) जलों को पूर्ण करने वाले (पृश्नय) आदित्य के रश्मिगण (अस्य) इसके लिये (सोम श्रीणन्ति) सोम, अन्न को परिपक्व करती है। और (देवाना जन्मन्) देवों, ऋतुओ के उत्पादक पूर्ण संवत्सर मे (दिव.) सूर्य के (त्रिषु) तीन प्रकार के (आरोचन्) दीप्ति युक्त सवनों अर्थात् ग्रीष्म, वर्षा और शरत् में (विश) व्यापक रश्मियें होती हैं। उसी प्रकार (सूददोहस) बलों को बढाने वाली (पृश्नय विश) नानाविध प्रजाएं (दिव) तेजस्वी राजा के (त्रिषु आरोचने) तीनों तेजों से युक्त रूपो मे (देवाना जन्मनि) विद्वानों के उत्पन्न करने वाले राष्ट्र में (अस्य) इस राजा के लिये (सोमं श्रीणन्ति) समृद्ध राष्ट्र को परिपक्व करती हैं।

स्त्रियों के पक्ष में—(देवानाम्) विद्वान् पतियों के (ताः) वे (पृश्नयः) स्पर्श योग्य कोमलाङ्गी (विश) गमन योग्य स्त्रियां (सूददोहस) उत्तम पाचन और दोहन करने मे कुशल होकर (दिव·) दिव्य (आरोचने) रुचिकर व्यवहार में (त्रिषु) तीनों कालों में (जन्मनि) इस जन्म में या

द्वितीय जन्म विद्यादि द्वारा गृहस्थ धारण करके (अस्य सोमं श्रीणन्ति) इस ब्रह्मचर्य या गृहस्थ-आश्रम के भी परम सौभाग्यमय फल वीर्य या पुत्रादि को परिपक्व करती हैं।

अथवा—(ता.) वे स्त्रियें (सूददोहसः) प्रस्रवणशील दुग्धादि को प्रदान करने वाली (पृश्नय·) गौवें जिस प्रकार (सोमं श्रीणन्ति) दुग्धरूप सोम का परिपक्व करती हैं और प्रदान करती हैं उसी प्रकार (सूददोहस.) वीर्य को पूर्ण करने वाली (पृश्नय) स्पर्श योग्य, कोमलाङ्गी स्त्रियें भी (सोमं श्रीणन्ति) परम रसस्वरूप वीर्य को परिपक्व करती हैं। (दिव.) सूर्य के (त्रिषु आरोचने) जिस प्रकार तीनो प्रकार के सवनों मे (देवानां जन्मनि) देव-रश्मियों के उद्भव होजाने पर (विश) प्रजाएं जिस प्रकार (सोमं आ) अन्न को प्राप्त करती हैं। उसी प्रकार (विशः) पतियों के साथ सवेश—अर्थात् शयन करनेहारी पत्नियां भी (दिव·) क्रीड़ाशील पति के (त्रिषु रोचनेषु) वाचिक, मानस शारीरिक तीनों प्रकार के रुचिकर, प्रीतिकर व्यवहारों मे (देवानां) सात्विक विकारों के (जन्मन्) उदय होजाने पर (सोमं आ) परिपक्व वीर्य को प्राप्त करती हैं अर्थात् वीर्य धारण करती हैं।

इन्द्रं॒ विश्वा॑ अवीवृधन्त्समु॒द्रव्य॑चस॒ꣳ गिरः॑ ।
र॒थीत॑मꣳ र॒थीनां॒ वाजा॑ना॒ꣳ सत्प॑तिं॒ पति॑म् ॥ ५६ ॥

ऋ० १ । २ । १ ॥

जेता माधुच्छन्दस ऋषि. । इन्द्रो देवता । निचृद्अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(विश्वा गिर) समस्त वेदवाणियां (समुद्रव्यचसम्) समस्त प्रकार की शक्तियों के उद्भवस्थान, उस महान् व्यापक (इन्द्रम्) परमेश्वर को महिमा को (अवीवृधन्) बढ़ाती हैं। वही (रथीतमं रथीनाम्) रथी योद्धाओं के बीच महारथी क समान समस्त देहवान् प्राणियों के

बीच सब से श्रेष्ठ 'रथीतम' महारथी, सब से बड़े, विराट् और (सत्-पतिम्) सत् पदार्थों के पालक, (वाजाना) समस्त ऐश्वर्यों के स्वामी को (अवीवृधन्) महिमा को बढ़ाती हैं। उसी प्रकार (विश्वा गिरः) समस्त स्तुतियां (समुद्रव्यचसम्) समुद्र के समान विविध ऐश्वर्यों से पूर्ण या विस्तृत व्यापक, (रथीना रथीतमम्) रथी योद्धाओं में महारथी (वाजानां) संग्रामों, अन्नों और ऐश्वर्यों के (पतिम्) पालक, (सत्पतिम्) उत्तम प्रजाजनों के स्वामी राजा को (अवीवृधन्) बढ़ावें।

गृहस्थ प्रकरण में—(विश्वा· गिर·) समस्त स्तुतिशील स्त्रियें अपने पति की प्रशंसा करनेवाली होकर उसके यश, धन और मान को बढ़ावे।

समितꣳ सं कल्पेथाꣳ संप्रियौ रोचिष्णू सुमनस्यमानौ।
इषमूर्जमभि संवसानौ ॥ ५७ ॥

द्व्यग्नी देवते। भुरिग् उष्णिक् छन्दः। ऋषभः स्वरः ॥

भा०—हे पति-पत्नी भावसे बद्ध स्त्री पुरुषो ! या राजा प्रजाओ तुम दोनों ! (संप्रियौ) एक दूसरे के प्रति अति प्रेमयुक्त (रोचिष्णू) एक दूसरे के प्रति रुचिकर, एक दूसरे को प्रसन्न करनेहारे एवं (सु-मनस्यमानौ) एक दूसरे के प्रति शुभ चिन्तना करते हुए, (संवसानौ) एकत्र निवास करते हुए या एक दूसरे की रक्षा करते हुए (इषम्) अन्नादि अभिलषित पदार्थ और (ऊर्जम्) परम अन्नरस या बल पराक्रम को (अभि) लक्ष्य करके (सम् इतम्) एक साथ चलो, (सं-कल्पेथाम्) एक साथ समानरूप से उद्योग करो या समानरूप से संकल्प करो।

इसी प्रकार दो विद्वान्, या दो राजा, या राजा और प्रजा दोनों भी परस्पर मित्र रहकर एक दूसरे की शुभ चिन्तना करके एक दूसरे की रक्षा करते हुए, अन्न और बल के लिये एक साथ यत्न करें ॥

सं वां मनांꣳसि सं व्रता समु चित्तान्याकरम्।
अग्ने पुरीष्याधिपा भव त्वं नऽइषमूर्जं यजमानाय धेहि ॥ ५८ ॥

भा०—मैं आचार्य या पुरोहित (वाम्) तुम दोनों के (मनांसि) मन के संकल्प विकल्पों को (सं आ अकरम्) समान करता हूं। (व्रता सम्) व्रत, प्रतिज्ञाओं को भी समानरूप करता हूं। (चित्तानि) चित्तों को या ज्ञानपूर्वक किये कर्मों को भी (सम् आ अकरम्) समानरूप से करता हूं। हे (अग्ने) ज्ञानवन् ! विद्वन् ! हे (पुरीष्य) पुर में सबसे अधिक इष्ट, समृद्ध राजन् ! (त्वम् अधिपाः भव) तू सबका स्वामी हो। (इषम् ऊर्जम्) अन्न और बल को तू (न यजमानाय) हमारे में से दानशील, सत्संगी या देवोपासक धर्मात्मा पुरुष को (धेहि) प्रदान कर।

अग्ने त्वं पुरीष्यो रयिमान् पुष्टिमाँ२ ऽअसि।
शिवाः कृत्वा दिशः सर्वाः स्वं योनिमिहासदः ॥ ५९ ॥

भा०—हे (अग्ने) विद्वन् ! राजन् ! पुरुष ! (त्वं पुरीष्यः) तू समृद्धिमान्, (रयिमान्) ऐश्वर्यवान्, (पुष्टिमान्) पशु सम्पत्ति से भी युक्त, (असि) है। (सर्वा दिशः) समस्त दिशाओ को देशों को और वहां की प्रजाओं को (शिवाः कृत्वा) कल्याणकारी, सुखी (कृत्वा) करके (स्वं योनिम्) अपने आश्रयस्थान, पद पर (इह) यहां (आसदः) विराजमान हो।

भवतं नः समनसौ सचेतसावरेपसौ। मा यज्ञꣳ हिꣳसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः ॥ ६० ॥

दम्पती अग्नी वा देवते। आर्षी पंक्तिः। पञ्चमः ॥

भा०—हे स्त्री पुरुषो ! (नः) हमारे लिये तुम दोनों (समनसौ) एक समान मन वाले, (सचेतसौ) समान चित्त वाले और (अरेपसौ) एक दूसरे के प्रति अपराध न करने वाले एवं निष्पाप, स्वच्छ चित्त होकर (भवतम्) रहो। (यज्ञं) इस यज्ञ, परस्पर की संगति को (मा हिंसिष्टम्) मत विनाश करो, मत तोड़ो। (यज्ञपतिं मा) परस्पर की इस संगति के

पालक को भी मत विनाश करो। (अद्य) आज (न.) हमारे हित के लिये तुम दोनों (जात-वेदसौ) ज्ञानवान् और ऐश्वर्यवान् होकर (शिवौ भवतम्) सुखकारी होओ। यही बात मध्यस्थ पुरुष से सन्धि से मिले हुए दो राजाओं, राजा और मन्त्री दोनों के लिये भी समझे।

मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निꣳ स्वे योनावभारुखा। तां विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः संविदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा वि मुञ्चतु ॥ ६१ ॥

पत्नी उखा च देवते। आर्षी पङ्क्ति.। पञ्चम ॥

भा०—(माता) माता (पुत्रं इव) पुत्रको जिस प्रकार (स्वे योनौ अभा) अपने गर्भाशय मे धारण करती है, उसी प्रकार (उखा) हाडी के समान गोल (पृथिवी) पृथिवी भी (स्वे योनौ , अपने गर्भ में, अपने भीतर (पुरीष्यम्) सबको पालन करने में समर्थ (अग्निम्) अग्नि और सूर्य को (अभा·) धारण करती है। उसी प्रकार (पृथिवी उखा) उत्तम ज्ञानवती पृथिवीनिवासिनी प्रजा भी (पुरीष्यम्) अति समृद्ध ज्ञान, बल और ऐश्वर्य से युक्त (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को (स्वे योनौ) अपने लोक में (अभा.) धारण करती है। (प्रजापतिः) प्रजा का पालक, पति और राजा (विश्वकर्मा) समस्त राष्ट्र के उत्तम कार्यों के करने मे समर्थ (विश्वै.) समस्त (ऋतुभिः) ज्ञानवान् सदस्यों और (विश्वै देवैः) और देव, विद्वान्, शूरवीर योद्धा, एव व्यवहारज्ञ पुरुषों से (संविदान.) सहमति और सहयोग लेता हुआ (तां) उसको (विमुञ्चतु) विविध उपायो से धारण करता है, रक्षा करता है।

सूर्य पक्ष में—(विश्वकर्मा) समस्त कार्यों का कर्ता, वृष्टि आंधी आदि परिवर्तनों का कर्त्ता (प्रजापति.) सूर्य (विश्वै. देवै ऋतुभिः) समस्त दिव्य ऋतुओं के साथ मिलकर पृथ्वी को (विमुञ्चतु) पालता है।

६१—०'योना अभा०' इति काण्व०।

असुन्वन्तमयजमानमिच्छ स्तेनस्येत्यामन्विहि तस्करस्य। अन्यमस्मदिच्छ सा तऽइत्या नमो देवि निर्ऋते तुभ्यमस्तु ॥ ६२ ॥

निर्ऋतिर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (निर्ऋते) दुष्टों को दमन करने वाली दण्डशक्ते ! तू (असुन्वन्तम्) राजा को कर न देने वाले और (अयजमानम्) राजा के आदर न करने वाले को (इच्छ) पकड । (स्तेनस्य) चोर और (तस्करस्य) निन्दनीय कार्यों के करने वाले पापी पुरुष की (इत्याम्) चाल का (अनु इहि) पीछा कर । चोर डाकू आदि रात को धनापहरण करके जहां भी छुपे हों उनके चरण-चिन्हों से उनकी चाल पता लगाकर उनकी खोज कर (असमत् अन्यम्) हम से भिन्न, हमारे शत्रु को (इच्छ) पकड । (ते सा) तेरी वही (इत्या) चलने योग्य चाल है । हे (निर्ऋते देवि) व्यवहार कुशले ! निर्ऋते ! सर्वत्र व्यापक दमन शक्ते ! (तुभ्यम् नम अस्तु) तुझे ही सब दुष्टों को नमाने वाला बल प्राप्त हो ।

इस मन्त्र मे—'मा इच्छ' इस प्रकार की महर्षि दयानन्दकृत योजना विचारास्पद है ।

नमः सु ते निर्ऋते तिग्मतेजोऽयस्मयं विचृता बन्धमेतम् ।
यमेन त्वं यम्या संविदाना चोत्तमे नाकेऽअधि रोहयैनम् ॥ ६३ ॥

निर्ऋतिर्देवता । भुरिगार्षी पंक्ति । पञ्चमः ॥

भा०—हे निर्ऋते ! व्यापक दण्डशक्ते ! (तिग्मतेज) दुःसह तेज से युक्त (ते नमः) तेरा नमनकारी बल, वज्र है । और तू (एतम्) इस (अयस्मसं बन्धम् विचृत) लोहे से बने बन्धन को दूर कर । (त्वं) तू (यमेन) नियन्ता राजा और (यम्या) नियमकारिणी राजसभा से (संविदाना) अच्छी प्रकार सम्मति करती हुई (एनम्) इस अपने राजा को (उत्तमे) उत्तम (नाके) सुखमय लोक मे (अधिरोहय) स्थापित कर ।

यस्यास्ते घोर ऽआसन् जुहोम्येषां वन्धानामवसर्जनाय। यां त्वा जनो भूमिरिति प्रमन्दते निर्ऋतिं त्वाहं परि वेद विश्वतः ॥ ६४ ॥

निर्ऋतिर्देवता। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—हे (घोरे) दुष्टों के प्रति भयंकर ! (यस्याः) जिस (ते) तेरे (आसनि) मुख मे, तेरे मुख्य स्थान में (एषां) इन (वन्धानाम्) दु.खदायी वन्धनो के (अव सर्जनाय) त्याग के लिये (जुहोमि) मै, दण्ड आदि रूप से धन आदि पदार्थ प्रदान करता हूं। और (यां त्वा) जिस तुझको (भूमिः इति) भूमि सर्व पदार्थों का आश्रय, एवं उत्पादक ऐसा कह कर (जन.) लोग (प्रमन्दते) तुझे प्रसन्न करते है या स्वयं प्रसन्न होते हैं उस (त्वा) तुझको (निर्ऋतिम्) पापी पुरुपो पर अधिष्ठात्री रूप से रहनेवाली आश्रयरूप से पृथिवी के समान एवं नि शेप जीवों के रमण करनेवाली (विश्वतः) सव प्रकार से (अहं) मैं (परिवेद) तुझे प्राप्त करूं, तुझे जानूं।

पत्नी के पक्ष मे—हे घोरे पत्नि ! समस्त दुःखदायी कारणो को दूर करने के लिये, मै अन्नादि पदार्थ तेरे मुख में प्रदान करूं। लोग तुझ नारी को 'भूमि' ऐसा कहाते हैं, तुझे प्रसन्न करते हैं। तू (निर्ऋतिम्) सव प्रकार से नि शेप आनन्दकारिणी है। मैं ऐसा जानता हूं।

यंते देवी निर्ऋतिराववन्ध पाशं ग्रीवास्वविचृत्यम्।
तं ते विष्याम्यायुषो न मध्यादथैतं पितुमद्धि प्रसूतः।
नमो भूत्यै येदं चकार ॥ ६५ ॥

भा०—(देवी निर्ऋति.) राजा की दमनकारिणी व्यवस्था हे पुरुष ! (यम्) जिस (अविचृत्यम्) अखण्ड, कभी न टूटनेवाले, दृढ़ (पाशम्) पाश को (आववन्ध) वांधती है मैं (ते) तेरे (तं) उस पाश को (आयुषः मध्याद् न) नियम के बीच मे ही (विष्यामि)

काटता हूं, उस पाश का अन्त करूं। (अथ) और हे राजन् ! (एतं पितुम्) उस अन्न या पवित्र भोग्य पदार्थ को (प्रसूतः) उत्कृष्ट रूप मे उत्पन्न होकर तू (अद्धि) खा, भोग कर। (या) जो (देवी) देवी (इदम्) इस जीवोत्पादन के व्यवस्था और पालन पवित्र कार्य को (चकार) करता है उस (भूत्यै) सर्वोत्पादक, ऐश्वर्यमयी देवी का (नमः) हम आदर करें।

इसी प्रकार अपराधी के अपराध समाप्त होजाने पर दमनकारिणी व्यवस्था द्वारा जो बन्धन अपराधी जनों की गर्दनो में डाले जायं उनको न्यायकारी उनके जीवन के रहते २ काटे। और (प्रसूतः) मुक्त होकर वह पुरुष अन्न का भोग करे। जो देवी, विद्वत् समिति या पृथ्वी इस प्रकार जीवों को बन्धनमुक्त करके अमृत का भोग प्रदान करती है उसको हमारा नमस्कार है।

अध्यात्म में—(निर्ऋति) अविद्या जिस पाश को जीवों के ऊपर बांधती है उसको मैं, आचार्य ज्ञानोपदेश से (आयुष मध्यात् न) जीवन के बीच में ही काट दूं। (प्रसूतः) उत्कृष्ट स्थिति में जाकर मेरा जीव (पितुम्) अमृत का भोग करे। उस सर्वोत्पादिका (भूत्यै) भूति नाम ईश्वरीय शक्ति को नमस्कार है जो (इदं चकार) इस विश्व को उत्पन्न करती है और जीवों को उत्पन्न कर अन्न देती है और कर्मबंधनों से मुक्त कर मोक्षामृत लाभ कराती है।

निवेशनः सङ्गमनो वसूनां विश्वा रूपाऽभिचष्टे शचीभिः।
देवऽइव सविता सत्यधर्मेन्द्रो न तस्थौ समरे पथीनाम् ॥ ६६ ॥

ऋ० १० । १३९ । ३ ॥

विश्वावसुर्गन्धर्व ऋषि । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप । धैवतः ॥

भा०—(सविता इव) सूर्य के समान (सत्यधर्मा) सत्य धर्मों का पालक (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् (देव) राजा (वसूनां) राष्ट्र मे बसनेवाले

प्रजाओं का (निवेशन) पृथ्वी पर बसानेहारा और (वसूनां) वास-कारी-जनों का (सङ्गमन.) एकत्र होने का आश्रय होकर (शचीभिः) अपनी शक्तियों से (विश्वा रूपा) समस्त प्राणियों को (अभिचष्टे) देखता है। और वह ही (पथीनाम्) शत्रुओं के साथ (समरे) युद्ध मे (तस्थौ) स्थिर रहता है।

परमात्मा के पक्ष में—वह (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् (सविता) सर्वोत्पादक देव, परमेश्वर (वसूनां निवेशन) जीवो का और योग्य लोकों का सस्थापक और (संगमन·) एक मात्र गन्तव्य एवं सर्वव्यापक (शचीभिः) अपनी शक्तियो से (विश्वा रूपा अभिचष्टे) समस्त पदार्थों को देखता है। सब का साक्षी है। वही युद्ध में इन्द्र, सेनापति के समान (समरे) सब के गन्तव्य संसार में (पथीनां) समस्त आवागमन करनेवाले जीवो के ऊपर (तस्थौ) अधिष्ठाता रूप से विराजमान है।

सीरा युञ्जन्ति कुवयो युगा वि तन्वते पृथक्।
धीरा देवेषु सुम्नया ॥ ६७ ॥ ऋ० १० । १०१ । ४ । ३ ॥

बुध सौम्य ऋषि.। सीरो देवता। गायत्री। षड्जः॥

भा०—(कवय)मेधावी, बुद्धिमान् पुरुष जिस प्रकार (सीरा) हलों को (युञ्जन्ति) जोतते हैं। और (धीराः) धीर, बुद्धिमान् पुरुष (देवेषु) देवो, विद्वानों को (सुम्नया) सुख हो ऐसी बुद्धि से (युगा) जुओं को, जोड़ों को (वितन्वते) विविध दिशों में लेजाते हैं। उसी प्रकार विद्वान् योगीजन (सीरा युञ्जन्ति) नाड़ियों में योगाभ्यास करते हैं। (देवेषु) इन्द्रिय-वृत्तियो में (सुम्नया) सुषुम्ना द्वारा या सुखप्रद धारणा वृत्ति से (युगा) प्राण अपान आदि नाना जोड़ों को (पृथक्) अलग २ (वितन्वते) विविध प्रकार से अभ्यास करते हैं।

६७—अथक्षेत्रकर्षणौषधवपनादि।

युनक्त सीरा वि युगा तनुध्वं कृते योनौ वपतेह बीजम्। गिरा च श्रुष्टिः सभरा॒ऽअस॑न्नो नेदी॑य॒ऽइत्सृण्यः॑ प॒क्वमेया॑त् ॥ ६८ ॥

बुधःसौम्य ऋषिः। सीरा कृषीवलता. कवयो वा देवताः।
विराड् आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(सीरा युनक्त) हलों को जोतो, (युगा वि तनुध्वम्) जुओं को नाना प्रकार से फैलाओ। (योनौ कृते) क्षेत्र के तय्यार होजाने पर (इह) उसमें (बीजम् वपत) बीज बोओ। और (गिरा च) कृषिविद्या के अनुसार (श्रुष्टिः) अन्न की नाना जातियां (सभराः) खूब हृष्ट पुष्ट (असत्) हो। (नेदीय इत्) और शीघ्र ही (सृण्यः) दातरी से काटने योग्य अनाज (नः) हमारे लिये (पक्वम् आ इयात्) पककर हमें प्राप्त हो।

शुनꣳ सुफाला विकृषन्तु भूमिꣳ शुनं कीनाशा॒ऽअभि य॑न्तु वा॒हैः। शुना॑सीरा ह॒विषा॒ तोश॑माना सुपिप्प॒ला॒ऽओष॑धीः कर्त्तना॒स्मै ॥ ६९ ॥ अथर्व० ३। १७। ५ ॥ ऋ० ४। ५७। ८ ॥

कुमार हारीत ऋषिः। सीता कृषीवला वा देवताः। त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(सुफालाः) उत्तम हल के नीचे लगी लोहे की बनी फालियें (भूमिम्) भूमि को (शुनम्) सुख से (विकृषन्तु) नाना प्रकार से बाहें। (कीनाशाः) किसान लोग (वाहैः) बैलों से (शुनम्) सुखपूर्वक (अभियन्तु) जावें। हे (शुनासीरा) वायु और आदित्य तुम दोनों (हविषा) जल और अन्न से (तोशमानौ) भूमि को सींचते हुए (अस्मै) इस प्रजाजन के लिये (ओषधीः) अन्न आदि ओषधियों को (सुपिप्पलाः) उत्तम फल युक्त (कर्तन) करो।

घृतेन॒ सीता॒ मधु॑ना॒ सम॑ज्यतां॒ विश्वै॑र्दे॒वैरनु॑मता म॒रुद्भिः॑। ऊर्ज॑स्वती॒ पय॑सा॒ पिन्व॑माना॒स्मान्त्सी॑ते॒ पय॑सा॒भ्याव॑वृत्स्व ॥ ७० ॥

अथर्व० ३। १७। ९ ॥

कुमारहारीत ऋषिः। सीता कृषीवला वा देवताः। त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(सीता) हलकी फाली या हल से विदीर्ण भूमि (घृतेन मधुना) जल और अन्न से (सम् अज्यताम्) युक्त हो। (विश्वैः देवैः) समस्त देवों, सूर्यकिरणों और (मरुद्भिः) वायुओं से भी (अनुमता) युक्त होकर वह हे (सीते) हलकी फाली या उससे खुदी भूमि तू ! (पयसा) जल से (पिन्वमाना) खूब सींची जाकर (ऊर्जस्वती) अन्न से समृद्ध होकर (पयसा) पुष्टिकारक अन्न और दुग्ध आदि पदार्थों से (अस्मान्) हम सबको (अभि आववृत्स्व) प्राप्त हो और सब प्रकार से बढ़ा के समृद्ध कर।

अथवा—'सीता' कृषि का उपलक्षण है। (विश्वैः देवैः मरुद्भिः च अनुमता सीता) समस्त विद्वानों से आदर प्राप्त कृषि (घृतेन मधुना समज्यताम्) घृत और अन्न से युक्त हो। हे कृषे ! तू (पयस्वती ऊर्जस्वती) पुष्टिकारक जल या अन्न से स्वयं समृद्ध होकर (पयसा न अभि आववृत्स्व) पुष्टिकारक दुग्ध आदि सहित हमें प्राप्त हो।

लाङ्गलं पवीरवत्सुशेवꣳ सोमपित्सरु। तदुद्वपति गामविं प्रफर्व्यं च पीवरीं प्रस्थावद्रथवाहनम् ॥ ७१ ॥ अथर्व० ३।१७।३॥

कुमारहारीत ऋषिः। सीता देवता। विराट् पंक्तिः। पञ्चमः॥

भा०—(सोमपित्सरु) अन्न का पालक, क्षेत्र में कुटिलता से चलने वाला (सुशेवम्) सुखकारी, (पवीरवत्) फालवाला (लाङ्गलम्) हल (तत्) वह ही (गाम्) गौ आदि पशु (अविम्) भेड़, बकरी आदि क्षुद्र पशु (प्रफर्व्यम् च) उत्तम रीति से गमन करने योग्य (पीवरीम्) स्वस्थ हृष्ट पुष्ट शरीर की स्त्री और (प्रस्थावत्) प्रस्थान करने योग्य (रथ-वाहनम्) रथ और घोड़े आदि ऐश्वर्यों को (उद्वपति) उत्पन्न करता है। अर्थात् कृषि से ही समस्त ऐश्वर्य, पशु, रथ, अश्व आदि भी प्राप्त होते हैं॥

कामं कामदुघे धुक्ष्व मित्राय वरुणाय च ।
इन्द्रायाश्विभ्यां पूष्णे प्रजाभ्य ऽओषधीभ्यः ॥ ७२ ॥

कुमारहारीत ऋषि. । सीता वा मित्रादयो लिंगोक्ता देवता आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (कामदुघे) समस्त कामनाओं को पूर्ण करनेहारी कृषे ! भूमे ! तू (मित्राय) अपने स्नेही, (वरुणाय) शत्रुओं के वारक, (इन्द्राय) ऐश्वर्यवान् राजा के लिये और (अश्विभ्याम्) स्त्री पुरुषों के लिये (पूष्णा) पोषणकारी पिता माता और (प्रजाभ्यः) प्रजाओं के लिये और (ओषधीभ्यः (ओषधियों वनस्पतियों के लिये (कामं धुक्ष्व) सब मनोरथों को पूर्ण कर ॥

वि मुच्यध्वमघ्न्या देवयाना ऽअगन्म तमसस्पारमस्य ।
ज्योतिरापाम ॥ ७३ ॥ ऋ० १ । ७२ । ६ ॥

लिंगोक्ता देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुषो ! (अघ्न्याः) कभी न मारने योग्य, रक्षा करने योग्य (देवयानाः) देव-दिव्य भोगों को प्राप्त करानेवाले बैलों को (वि मुच्यध्वम्) सायकाल मुक्त करो। हम लोग (अस्य) इस (तमसः) रात्रि के अन्धकार के (पारम् अगन्म) पार प्राप्त होवें। (ज्योति आपाम) पुनः सूर्य के प्रकाश को प्राप्त करें। अर्थात् सायंकाल को बैल जुओं से खोल दिये जांय। रात बीतने पर प्रातःकाल ही पुन: कृषि कार्य मे लगें।

अथवा—हे (अघ्न्याः) अविनाशी देवयान से गति करनेवाले योगी जनो ! (विमुच्यध्वम्) विशेषरूप से मुक्त होने का यत्न करो। (तमस पारम् अगन्म) हम सब अन्धकार बन्धन से पार हों और (ज्योति आपाम) ब्रह्ममय ज्योति को प्राप्त करें।

सजूरब्दो ऽअयवोभिः सजूरुषा ऽअरुणीभिः । सजोषसावश्विना

दꣳसोभिः सुजूः सूर एतशेन सुजूर्वैश्वानुरऽइडंया घृतेनु स्वाहा ॥७४

लिङ्गोक्ता देवता । आर्षी जगती । निषाद ॥

भा०—जिस प्रकार (अब्द) संवत्सर मिले जुले अन्नो से और मास अर्ध मास आदि काल के अवयवो से (सजू) युक्त है । और जिस प्रकार (अरुणीभि) किरणो से (उषा) प्रभात वेला (सजू) संयुक्त रहती है, (अश्विना) स्त्री और पुरुष, पति पत्नी दोनो जैसे (दंसोभि) गृहस्थ कार्यों से (सजोपसौ) परस्पर प्रेमयुक्त होकर रहते है और (सूर) सूर्य जिस प्रकार (एतशेन) अपने व्यापक प्रकाश से (सजू) युक्त है और जिस प्रकार सर्व जीवो के भीतर विद्यमान (इडया) अन्न से और अग्नि जिस प्रकार (घृतेन) दीप्तिकारी प्रकाश या घृत से (सजू) सगत होकर एक दूसरे को प्रकाशित करते है उसी प्रकार (स्वाहा) हम सब भी सत्य व्यवहार से युक्त होकर प्रेम से वर्त्ते ॥

या ओषधीः पूर्वा जाता देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा ।
मनै नु बभ्रूणामहꣳ शतं धामानि सप्त च ॥ ७५ ॥

ऋ० १० । ९७ । १ ॥

आथर्वणो भिषगृषि । ओषधिस्तुति. । अनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—ओषधि विज्ञान (या) जो (ओषधी) ओषधिये (देवेभ्य) दिव्यगुण के पदार्थ पृथिवी जल आदि से, या ऋतुओ के अनुसार (पुरा) पहले (त्रियुगम्) तीन वर्ष पहले तक को या वर्षा, ग्रीष्म, शरद् तीनो कालो में (पूर्वा जाता.) पहले से उत्पन्न होती हैं उन (बभ्रूणाम्) परिपाक होजाने से बभ्रु भूरे रंग की, पीली हुई हुई उन ओषधियो के (शत) सौ और (सप्त च) सात अर्थात् १०७ प्रकार के (धामानि) धारण सामर्थ्यों से पालन पोषण के बलो को (नु) मै (मनै) मनन करू, जानू ।

७४—'सजोपसा अश्विना० ।' इति काण्व० ॥

अथवा—(बभ्रूणा) पुष्टिकारक उन ओषधियों के १०७ वीर्यों को जानूं।

अथवा—(शतं सप्त च धामानि बभ्रूणां ओषधीनां मने) १०७ शरीर के मर्मस्थानो को पुष्ट करनेवाली ओषधियों का ज्ञान करूं। अथवा (बभ्रूणां) भरण पोषण योग्य रोगियो के १०७ मर्म स्थानो में प्रभाव-जनक व्याप्त ओषधियों का ज्ञान करूं॥ शत० ७।२।४।२६॥

शतं वोऽअम्ब धामानि सहस्रमुत वो रुहः।
अधा शतक्रत्वो यूयमिमं मे अगदं कृत॥ ७६॥

ऋ० १०।९७।२॥

पूर्वोक्ते ऋषिदेवते। अनुष्टुप्। गाधारः॥

भा०—हे (अम्बे) माता के समान पुष्टिकारक ओषधियो! (वः) तुम्हारे (शतं धामानि) सैकड़ो वीर्य हैं। (उत) और (वः) तुम्हारे (रुहः) प्ररोह, अंकुर, पुत्र सतति आदि भी (सहस्रम्) सहस्रों प्रकार के हैं। (अध) और (यूयम्) तुम सब भी (शतक्रत्व) सैकड़ो प्रकार के कार्य करनेवाली हो। अथवा–हे शतक्रत्व) सैकडों प्रजाओ से युक्त विद्वान् पुरुषो! (यूयम्) आप लोग (मे) मेरे शरीर को (अगदं कृत) नि रोग करो॥ शत० ७।२।४।२७॥

ओष अर्थात् वीर्य को धारण करनेवाली हे सेनाओ! (वः शतं-धामानि) तुम्हारे सैकडों वीर्य हैं और (व. सहस्रं रुह) तुम्हारे सहस्रो उन्नति स्थान और उत्पत्तिस्थान है। (यूयं शतक्रत्वः) तुम सब सैकड़ो वीर्यों से युक्त हो, (मे इमं अगदंकृत) मेरे इस राष्ट्र को क्लेश रहित करो।

ओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवतीः प्रसूवरीः।
अश्वाऽइव सजित्वरीर्वीरुधः पारयिष्णवः॥ ७७॥

ऋ० १०।९७।३॥

ऋषिदेवते पूर्ववत्। निचृदनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे (ओषधी:) ओषधियो ! तुम (पुष्पवती:) फूलोंवाली (प्रसूवरी:) उत्तम फल उत्पन्न करनेहारी हो। (अश्वा: इव) अश्वारोही लोग जिस प्रकार (सजित्वरी:) परस्पर मिलकर युद्ध मे विजय करते हैं और (पारयिष्णव) शत्रु सेना के पार करनेवाले वीर (वीरुध) शत्रुओं को आगे बढ़ने से रोकते हैं उसी प्रकार हे ओषधियो ! तुम भी रोगों पर मिलकर विजय करनेवाली, रोगों को रोकनेवाली और कष्टों से पार करनेवाली हो।

हे (ओषधी:) वीर्यवान् प्रजाओ ! आप लताओ के समान (पुष्पवती: प्रसूवरीः सत्य प्रमोदध्वम्) ऐश्वर्यवान् शोभावान् और उत्तम सन्तानों को उत्पन्न करनेवाली होओ। हे वीर प्रजाओ ! (अश्वा: इव सजित्वरी) अश्वों, घुड़सवारो के समान परस्पर मिलकर एक दूसरे का हृदय जीतनेवाली (वीरुध) विविध उपायों से बीज वपन करके उत्पन्न होनेवाली एव (पारयिष्णव:) एक दूसरे को और राष्ट्र को पालन करनेहारी होओ। इसी प्रकार स्त्रिया भी लता और ओषधियों के समान फले और फूलें पतियों का हृदय जीतें और संसार के कार्यों से पार लगाने या पालन करने में समर्थ हों ॥

ओषधीरिति मातरस्तद्वो देवीरुप ब्रुवे। सनेयमश्वं गां वासऽआत्मानं तव पूरुष ॥ ७८ ॥ ऋ० १० । ९७ । ४ ॥

भा०—ओषधि के समान देवियो ! तुम (ओषधी:) वीर्य को धारण करनेहारी हो। (इति) इसी कारण से तुम (मातर:) माता अर्थात् सन्तान को उत्पन्न करनेवाली जगत् की माता हो। (तत्) इसी कारण से (व) आप (देवी) देविया हो। ऐसा करके मैं (ब्रुवे) बुलाता हूं। स्त्री कहती है—हे (पूरुष) पुरुष ! मै (तव) तुझे (अश्वं, गां वास:) अश्व, गौ और वस्त्र और (आत्मान) अपने आपतक को (सनेयं) सौंपती हूं।

राजा-प्रजापक्ष मे—हे वीर्यवती प्रजाओ ! तुम माता के समान मुझे अपना राजा बनाती हो । तुमको 'देवी' कहके पुकारता हूं । प्रजा कहें । हे प्रजापते ! पुरुष ! मुझ प्रजा के अश्व, गौ, वस्त्र आदि और हम अपने आपको भी तुझे सौंपते है ।

लता पक्ष में—हे ओषधियो ! माता के समान अन्नादि से पोषक हो । तुम बलजीवन देनेवाली होने से, 'देवी' कहाती हो । ओषधिया कहती हैं—हे पुरुष ! हम तुझे गौ आदि पशु, अश्व, वेद या वाहन, वस्त्र और (आत्मान) प्राण भी प्रदान करती हैं ।

अश्वत्थे वो निषदनं पर्णे वो वसतिष्कृता ।
गोभाजऽइत् किलासथ यत् सनवथ पूरुषम् ॥ ७९ ॥

ऋ० १० । ९७ । ५ ॥

भा०—हे प्रजाओ ! (व) तुम्हारा (निषदनम्) आश्रय (अश्वत्थे) अश्वारोही सेना बल पर है । (वः वसति.) तुम्हारा निवास (पर्णे कृता) पालन करनेवाले राजा के आधार पर किया है । (यत्) जब भी (पुरुषम्) पौरुष से युक्त राजा की सेवा करो, तो तुम भी (गोभाज) गवादि पशु और भूमि आदि सम्पत्ति को प्राप्त करनेवाली (असथ किल) अवश्य होजाओ ।

अथवा—हे मनुष्यो ! (वः निषदनम्) तुम जीव लोगो की जीवन स्थिति (अश्वत्थे=अ-श्व -स्थे) कल तक भी स्थिर न रहनेवाले देह पर और (वः वसति.) तुम लोगो का वास (पर्णे) चञ्चल पत्र के समान इस चञ्चल प्राण पर किया है । आप लोग (गोभाजः किल असथः) पृथ्वी का आश्रय लेनेवाले रहो । और (पूरुषं सनवथ) पूर्ण पुरुष देह को प्राप्त करो ।

ओषधि पक्ष में—हे वीर्यवती ओषधियो ! (यत्) जब (अश्वत्थे) पीपल के वृक्ष पर तुम्हारी स्थिति है, और पत्तों पर तुम निवास करती हो । (गोभाजः

इत्) इन्द्रियों तक पहुंचती हो तो तुम (पुरुषं सनवथ) पुरुष सन्तान प्राप्त कराती हो ।

यत्रौषधीः समग्मत राजानः समिता इव ।
विप्रः स उच्यते भिषग्रक्षोहामीवचातनः ॥ ८० ॥

ऋ० १० । ९७ । ६ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(यत्र) जहां या जिसके आश्रय पर (समितौ) संग्राम या राजसभा मे (राजान इव) क्षत्रिय राजाओं के समान (ओषधी:) ओषधियां हों । हे मनुष्यो ! वहां ही आप लोग (सम् अग्मत) जाओ । जो पुरुष (रक्षोहा) राक्षस, दुःखदायी पुरुषों के नाश करनेवाले वीर्यवान् क्षत्रिय के समान (अमीवचातन) रोगों का नाश करने में समर्थ हो (स.) वह (विप्र.) ज्ञानपूर्ण मेधावी पुरुष (भिषग्) रोग नाश करनेहारा पुरुष 'भिषक्' (उच्यते) कहाता है अथवा ऐसा रोगनाशक पुरुष ही (उच्यते) उपदेश किया करे ।

अश्वावतीꣳ सोमावतीमूर्जयन्तीमुदोजसम् ।
आवित्सि सर्वा ओषधीरस्मा अरिष्टतातये ॥ ८१ ॥

ऋ० १० । ९७ । ७ ॥

आथर्वणो भिषग् ऋषि । वैद्य., ओषधयो वा देवता । अनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—मैं (अश्वावतीम्) अति शीघ्र शरीर मे व्यापने वाले गुणों से युक्त और (सोमावतीम्) वीर्यवती और (ऊर्जयन्तीम्) बल पराक्रमशालिनी, (उद् ओजसम्) उत्कृष्ट ओजधातु की वृद्धि करनेवाली और उत्तम पराक्रम करनेहारी (ओषधी) सन्ताप, बल को धारण करनेवाली ओषधियो को (अरिष्टतातये) हिंसक रोगों के नाश करने के

८०—ओषधी प्रतिगृभणीत राजान. समिता इव इति काण्व० ।

लिये (आवित्सि) सब प्रकार से सब स्थानों से प्राप्त करूं। इसी प्रकार समस्त (ओषधीः) वीर्यवती प्रजाओं और सेनाओं को (अरिष्टतातये) अपने राष्ट्र के नाश होने से बचाने के लिये प्राप्त करूं (अश्मावतीम्) क्षत्रियों से पूर्ण अथवा अश्मा=वज्र या शास्त्रों से युक्त (सोमावतीम्) सेना नायक से युक्त और (उदोजसम्) उत्कृष्ट पराक्रम युक्त (ऊर्जयन्तीं) बलशालिनी सेना को मैं प्राप्त करूं।

उच्छुष्मा ऽओषधीनां गावो गोष्ठादिवेरते।
धनꣳ सनिष्यन्तीनामात्मानं तव पूरुष ॥ ८२ ॥

ऋ० १० । ९७ । ८ ॥

ओषधयो देवताः । भिषग्गृषि । अनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—(गोष्ठात्) गौओं के बाड़े से जिस प्रकार (गावः ईरते) गौवें निकलती हैं उसी प्रकार हे (पूरुष) पुरुष ! प्रजापते ! राजन् ! (तव) तेरे (आत्मानम्) शरीर के प्रति, तेरे अपने उपकार के लिये (धनं) ऐश्वर्य को (सनिष्यन्तीनाम्) प्रदान करने वाली रस वीर्यवती ओषधियों के समान वीर्यवती प्रजाओं में से जो (शुष्माः) अधिक बलकारिणी हैं वे (स्वयं तव आत्मानम् उदीरते) स्वयं तेरे आत्मा को प्राप्त होती हैं। और उन्नत करती हैं। अर्थात् ओषधियां जिस प्रकार पुरुषशरीर में अधिष्ठाता आत्मा के बल की वृद्धि करती हैं इसी प्रकार बलवती प्रजाएं राजा के बल की वृद्धि करती हैं।

इष्कृतिर्नाम वो माताथो यूयꣳ स्थ निष्कृतीः।
सीराः पतत्रिणीं स्थन यदामयति निष्कृथ ॥ ८३ ॥

ऋ० १० । ९७ । ९ ॥

भिषगृषि । ओषधयो देवताः । अनुष्टुप् । गाधार. ॥

भा०—हे ओषधियो ! (व. माता) तुम्हारी माता (इष्कृतिः) 'इष्कृति' नाम से प्रसिद्ध है। अर्थात् तुम्हारी 'माता' निर्माणकारिणी शक्ति

'इष्कृति' अर्थात् 'इष्' अन्न के समान पुष्ट करने वाली है, अथवा तुम्हारी (माता) निर्माण-कर्त्री या शरीर रचना शक्ति भी (इष्कृतिः=निष्कृति) रोगों को शरीर से बाहर निकाल देने वाली है (अथो) इसी कारण (यूयम्) तुम सब (निष्कृती.) शरीर में से रोगों को बाहर निकाल देने से ही 'निष्कृति' भी कहाती (स्थ) हो। तुम (सीरा स्थन) अन्न के समान पुष्टिकारक होने से 'सीरा' कहाती हो। अथवा नदी जिस प्रकार भूमि के मल मार्गों को बहाकर दूर लेजाती हैं उसी प्रकार तुम भी शरीर में से रोग को बहा देने से 'सीरा' कहाती हो। और (पतत्रिणीः स्थन) शरीर में व्याप्त होकर रोग को बाहर कर देने और शरीर की रक्षा करने में समर्थ होने से तुम 'पतत्रिणी' हो। (यत्) जो पदार्थ भी शरीर में (आमयति) रोग उत्पन्न करता है उसको (निष्कृथ) बाहर कर देते हो।

बलवती वीर प्रजाओं के पक्ष में—हे वीर सेनाओ ! (व. माता इष्कृति.) 'इष्कृति' शत्रु को राष्ट्र से बाहर निकालने वाली शक्ति ही बनाने वाली 'माता' के समान है। इसी से (यूयं निष्कृती स्थ) तुम सब 'निष्कृति' नाम से कहाती हो। तुम सदा (सीरा) अन्न आदि पदार्थों सहित होकर (पतत्रिणी स्थन) शत्रु के प्रति गमन करती हो। भोजन का प्रबन्ध करके चढ़ाई करो। और (यद् आमयति) राष्ट्र में रोग के समान पीड़ाकारी हो उसको (निष्कृथ) निकाल बाहर कर दिया करो।

अति विश्वाः परिष्ठा स्तेनऽइव व्रजमक्रमुः।
ओषधीः प्राचुच्यवुर्यत्किञ्च तन्वो रपः॥ ८४॥

ऋ० १०। ९७। १०॥

ऋष्यादि पूर्ववत्॥

भा०—(स्तेन. व्रजम् इव) चोर जिस प्रकार गौएं के बाड़े पर (अतिक्रामति) आक्रमण करता है उसी प्रकार (परिष्ठाः विश्वाः)

सर्वत्र व्यापनशील या रोगों पर वश कर लेने वाली समस्त ओषधियाँ भी (व्रजम् अति अक्रमु) रोग समूह पर आक्रमण करती हैं और (यत् किं च) जो कुछ भी (तन्व.) शरीर का (रपः) दुःखदायी रोग होता है उसको (ओषधीः) ओषधियां (आचुच्यवुः) दूर कर देती हैं।

इसी प्रकार दुर्ग के चारों ओर (परिष्ठा. विश्वाः ओषधीः) घेरकर बैठने वाली बलवती सेनाएं (व्रजम् अति अक्रमुः) परकोट को फांद कर निकलती हैं। वे (तन्वः रप॰) विस्तृत राष्ट्र शरीर में पापी शत्रु को (आचुच्यवुः) परे भगा देती हैं।

यदि॒मा वा॒जय॑न्न॒हमोष॑धी॒र्हस्त॑ऽआद॒धे ।
आ॒त्मा यक्ष्म॑स्य नश्यति पु॒रा जी॑व॒गृभो॑ यथा ॥ ८५ ॥

ऋ० १० । ९७ । ११ ॥

भा०—(यत्) जब (अहम्) मैं (इमाः ओषधीः) इन ओषधियों को (वाजयन्) अधिक बलशाली बनाकर (हस्ते आदधे) अपने हाथ में लेता हूं (यथा पुरा) पूर्व के समान ही नय (जीवगृभ) जीवन को लेलेने वाले प्राणघातक (यक्ष्मस्य) राजयक्ष्मा का भी (आत्मा) मूल कारण (पुरा नश्यति) पहले ही नष्ट होजाता है। अथवा (यथा जीवगृभः) जिस प्रकार जीते जी पकड़े हुए अपराधी के आत्मा, प्राण (पुरा) पहले ही उठ जाते हैं उसी प्रकार ओषधि लेते ही (यक्ष्मस्य पुरा आत्मा नश्यति) रोग का मूल कारण पहले ही दूर होजाता है।

इसी प्रकार मैं राजा जब (ओषधीः) वीर्यवती सेनाओं को (वाजयन्) संग्राम के लिये उत्तेजित करता हुआ अपने हाथ में लेता हूं। तो (यक्ष्मस्य) ओषधियों से राजयक्ष्मा के समान पीड़ाकारी (जीवगृभः) प्राणघाती नर-पिशाच का भी (आत्मा पुरा नश्यति) प्राण पहले ही निकलने लगता है।

यस्यौषधीः प्रसर्पथाङ्गमङ्गं परुष्परुः ।
ततो यक्ष्मं विबाधध्व उग्रो मध्यमशीरिव ॥ ८६ ॥

ऋ० १० । ९७ । १२ ॥

भा०—हे (ओषधी.) ओषधियो ! (यस्य) जिस रोगी पुरुष के (अङ्गम् अङ्गम्) अंग अंग और (परु परु.) पोरु पोरु में (प्रसर्पथ) तुम अच्छी प्रकार फैल जाती हो तब (मध्यमशी.) मर्मों तक को काट देने वाला या मध्यम, (उग्र इव) प्रचण्ड बलवान् राजा जिस प्रकार शत्रु को नाश कर डालता है उसी प्रकार (तत.) उस शरीर से (यक्ष्म) रोग को (विबाधध्वं) विनष्ट कर देती हो ।

इसी प्रकार हे (ओषधी) वीर्यवती सेनाओ ! तुम जिस राष्ट्र के अंग २ और पोरु २ मे फैल जाती हो (मध्यमशी. उग्र. इव) बीच के भागों को तोड़ने वाले या मध्यम, प्रचण्ड क्षत्रिय के समान ही तुम सब भी रोग के समान शत्रु का नाश करती हो ।

साकं यक्ष्म प्रपत चाषेण किकिदीविना ।
साकं वातस्य ध्राज्या साकं नश्य निहाकया ॥ ८७ ॥

ऋ० १० । ९७ । १३ ॥

भा०—हे यक्ष्म ! राजरोग ! तू (किकिदीविना) ज्ञानपूर्वक प्रयोग किये गये (चाषेण) भोजन के (साकम्) साथ ही तू (प्र पत) परे भाग जा । और (वातस्य साक) वायु के प्रबलगति के साथ (प्र पत) दूर भाग जा । अर्थात् प्राणायाम द्वारा नष्ट हो । और (निहाकया साकम्) रोग को नि.शेष दूर करने की प्रक्रिया के साथ तू (नश्य) नष्ट हो ।

इसी प्रकार रोग के समान शत्रो ! तू किकियाने वाले चाप नामक पक्षी और वायु के वेग के साथ और सर्वथा (निहाकया) तीव्र भाग दौड़ के साथ (प्र पत, प्र नश्य) भाग जा ।

अन्या वोऽअन्यामवत्वन्यान्यस्या उपावत ।
ताः सर्वाः संविदाना इदं मे प्रावता वचः ॥ ८८ ॥

ऋ० १० । ९१ । १४ ॥

भा०—हे ओषधियो ! (व) तुममे से (अन्या) एक (अन्याम्) दूसरी की (अवतु) रक्षा करे । और (अन्या अन्यस्याः) एक दूसरी के गुणो और प्रभावों को (उप अवत) रक्षा करो । (ता सर्वा.) वे सब (संविदाना) परस्पर सहयोग करती हुई (मे इद वच) मेरे इस वचन को (प्र वत) अच्छी प्रकार पालन करो । इसी प्रकार हे सेना के पुरुषो ! तुम एक दूसरे की रक्षा करो । परस्पर मिलकर मेरी आज्ञा का पालन करो ।

या. फलिनीर्या ऽअफला ऽअपुष्पा याश्च पुष्पिणीः ।
बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्वꣳहसः ॥ ८९ ॥

ऋ० १० । ९७ । १५ ॥

भा०—(या.) जो ओषधियां (फलिनीः) फलवाली हैं और (या· अफला) जो फल रहित हैं, (या अपुष्पाः) जो फूलवाली नहीं है (या. च पुष्पिणी) जो फूलवाली हैं (ताः) वे सब (बृहस्पति-प्रसूता.) बृहती विद्या के पालक उत्तम विद्वान-द्वारा प्रयोग की जाकर (न.) हमें (अंहसः) दु.खो से (मुञ्चन्तु) छुडावें ।

इसी प्रकार जो वीर प्रजाएं (फलिनी) शस्त्र के फलो से युक्त, या (अफला) शस्त्रों के फलो से रहित, (अपुष्पा.) पुष्टिकर पदार्थों से रहित, (पुष्पिणी) पुष्टिकर पदार्थों से युक्त हैं वे सब भी बड़े राष्ट्रपति से प्रेरित होकर हमे (अहस) पाप-कर्मो या कष्टो से बचावे ।

मुञ्चन्तु मा शपथ्यादथो वरुण्यादुत ।

अथो॑ य॒मस्य॒ पड्वी॑शा॒त्सर्व॑स्माद् देवकिल्बि॒षात् ॥ ९० ॥

ऋ० १० । ९७ । १६ ॥

वन्धुर्ऋषिः । ओषधयो देवता । अनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे ओषधियो ! ओषधियों के समान कष्टों के निवारक वीर, आप्त, प्रजाजनो ! जिस प्रकार ओषधियें (शपथ्यात्) कुपथ्य या निन्दा योग्य कर्म से होनेवाले कष्ट से, (वरुण्यात्) निवारण करने योग्य रोग से और (यमस्य पड्वीशात्) मृत्यु के बन्धन से और (देव-किल्विषात्) इन्द्रियों में बैठे विकारों से मुक्त करती है, उसी प्रकार आप लोग भी (शपथ्यात्) आक्रोश या परस्पर निन्दा के वचनों से उत्पन्न पाप से, (अथ वरुण्यात् उत) और वरुण, राजा या वरणीय श्रेष्ठ पुरुष के अपराध से उत्पन्न होनेवाले (अथो) और (यमस्य) नियन्ता, न्यायाधीश के द्वारा दिये जाने वाले (पड्वीशात्) बेड़ियों, कैद आदि बन्धन से और (सर्वस्मात्) सब प्रकार के (देवकिल्विषात्) विद्वानों के प्रति किये या राजा के प्रति किये अपराधों से (मुञ्चन्तु) मुक्त करें, हमें उन अपराधों से बचावें ।

अ॒व॒पत॑न्तीरवदन्दि॒वऽओष॑धय॒स्परि॑ ।
यं जी॒वम॒श्नवा॑महै॒ न स रि॑ष्याति॒ पूरु॑षः ॥ ९१ ॥

ऋ० १० । ९७ । १७ ॥

वन्धुर्ऋषिः । ओषधयो देवता । अनुष्टुप् गाधारः ॥

भा०—(दिवः) प्रकाशमान् सूर्य से आनेवाली किरणों के समान ज्ञानवान वैद्य पुरुष के पास से (अवपतन्तीः) आती हुई (ओषधयः) वीर्यवती ओषधियां (अवदन्) मानो कहती है कि (यं जीवम्) जिस प्राणधारी के शरीर को भी हम (अश्नवामहै) व्याप लेती हैं (सः पूरुषः) वह देहवासी आत्मा, पुरुष (न रिष्याति) पीड़ित नहीं होता ।

९१—अवयन्तीः समवदन्त दिव० ।

इसी प्रकार (दिवः परि अवपतन्ती) सूर्य के समान तेजस्वी एवं युद्धविजयी सेनापति के पास से जाती हुई वीर्यवती (ओषधयः) ताप और वीर्य्य को धारण करनेवाली सेनाएं कहती हैं कि (यं जीवम्) जिस जीवधारी प्राणी को हम (अश्नवामहै) अपने अधीन लेलेती हैं (सः पूरुषः न रिष्यति) वह पुरुष कष्ट नहीं पाता।

स्त्रियों के पक्ष में—(दिवः) तेजस्वी पुरुष के पास से गर्भित होकर (ओषधयः) वीर्य धारण करने में समर्थ स्त्रियें (अवपतन्तीः) पतियों से संगत होकर कहती हैं (यं जीवम् आश्नवामहै) प्राणधारी जिस जीव को हम गर्भ में धारण करलेती हैं (स पूरुषः न रिष्यति) वह आत्मा कभी नष्ट या पीड़ित नहीं होता।

याऽओषधीः सोमराज्ञीर्बह्वीः शतविचक्षणाः।
तासामसि त्वमुत्तमारं कामाय शꣳ हृदे ॥ ९२ ॥

ऋ० १० । ९७ । १८ ॥

भा०—(याः) जो (ओषधीः) ओषधियें (सोमराज्ञीः) सोमवल्ली के गुणों से प्रकाशित होती हैं और (शतविचक्षणाः) सैकड़ों रोगों के दूर करने में नाना प्रकार से उपदेश की जाती हैं (तासाम्) उनमें से (त्वम्) हे विशेष ओषधे! तू सब से अधिक (उत्तमा असि) उत्तम है। तू (कामाय) यथेष्ट सुख के प्राप्त करने के लिये और (हृदे शम्) हृदय को शान्ति देने के लिये (अरम्) पर्याप्त है।

वीर प्रजाओं के पक्ष में—(सोमराज्ञीः) सोम-राजा को अपना राजा मानने वाली (याः बह्वी ओषधीः) बहुत सी वीर्यवती, बलवती प्रजाएं (शतविचक्षणाः) सैकड़ों कार्यों में कुशल हैं (तासाम्) उनमें से (त्वम् कामाय शं हृदे) कामना और हृदय की शान्ति के लिये तू ही सबसे (उत्तमा असि) श्रेष्ठ है।

स्त्री के पक्ष में—(सोमराज्ञी) वधू की कामना करनेवाले की रानी बननेवाली (बह्वी) बहुत सी (शतविचक्षणा.) सैकड़ों गुणों में विलक्षण, चतुर (ओषधीः) ओषधियों के समान वीर्यवती, वीर्य धारण में समर्थ स्त्रियें हैं। (तासाम्) उनमें से (त्वम्) तू (कामाय शम्) कामना भोग की शान्ति और (हृदे शम्) हृदय की शान्ति के लिये भी (उत्तमा असि) तू ही उत्तम है।

या ओषधीः सोमराज्ञीर्विष्ठिताः पृथिवीमनु।
बृहस्पतिप्रसूताऽअस्यै संदत्त वीर्यम् ॥ ९३ ॥

ऋ० १० | ९१ | १९ ॥

भा०—(सोमराज्ञीः) सोम वल्ली के गुणों से प्रकाशित होनेवाली (याः ओषधीः) जो ओषधियां (पृथिवीम् अनुविष्ठिताः) पृथिवी पर एक दूसरे के अनुकूल गुण होकर स्थित हैं वे (बृहस्पति-प्रसूताः) वेदविद्या के पालक विद्वान् द्वारा प्रयोग की गई (अस्यै) इस विशेष ओषधी को (वीर्यम् संदत्त) विशेष बल प्रदान करें।

वीर प्रजाओं के पक्ष में—(सोमराज्ञी ओषधीः) सोम को राजा स्वीकार करनेवाली प्रजाएं जो पृथिवी पर परस्पर अनुकूल होकर विराजती हैं, वे बृहत्, महान् पति द्वारा प्रेरित होकर (अस्यै) इस विशेष सेना को (वीर्यम् स दत्त) बल प्रदान करें। उसको पुष्ट करें।

याश्चेदमुप शृण्वन्ति याश्च दूरं परागताः।
सर्वाः संगत्य वीरुधोऽस्यै संदत्त वीर्यम् ॥ ९४ ॥

ऋ० १० | ९७ | २० ॥

भा०—(याः च) और जो ओषधियां (इदम्) इस प्रकार (उप शृण्वन्ति) सुनी जाती हैं और (याः च दूरं परागताः) और जो दूर २ तक फैलाई गई हैं। (सर्वाः संगत्य) वे सब मिलकर (वीरुधः) नाना प्रकार से उगनेहारी

वृत्तलता आदि (अस्यै वीर्यं संदत्त) इस विशेष ओषधि को वीर्य प्रदान करे अथवा इस प्रजा को बल प्रदान करें ।

वीर पुरुषों के पक्ष में—जो वीरसेनाएं (इदम्) सभापति के इस बचन को सुनती हैं और जो दूर तक चली गई हैं वे सब मिलकर (वीरुध) विविध ऐश्वर्यपद प्राप्त करनेवाली अथवा विविध प्रकार से शत्रुओं को रोकने में समर्थ (अस्यै वीर्यम् संदत्त) इस विशेष सेना को या पृथ्वी को बल प्रदान करें ।

मा वो रिषत् खनिता यस्मै चाहं खनामि वः ।
द्विपाच्चतुष्पादस्माकꣳ सर्वमस्त्वनातुरम् ॥ ६५ ॥

ऋ० १० । ९७ । २१ ॥

भा०—हे ओषधियो ! (खनिता) तुमको खोदनेवाला तुम्हें (मा रिषत्) विनाश न करे । और (यस्मै च) जिसके लिये मैं (व) तुमको (खनामि) खोदूं वह (द्विपात् चतुष्पात्) मनुष्य और पशु (सर्वम्) सब (अस्माकम्) हमारे (अनातुरम्) नीरोग, सुखी (अस्तु) हों ।

हे वीर पुरुषो ! तुम्हारा (खनिता) खनन करनेवाला, तुमको सामान्य प्रजा से अलग करनेवाला राजा (मा रिषत्) तुम्हें पीड़ित न करे और जिस राष्ट्र की रक्षा के लिये वह तुम्हें पृथक् करता है वे सब मनुष्य, पशु सुखी हों ।

ओषधयः समवदन्त सोमेन सह राज्ञा ।
यस्मै कृणोति ब्राह्मणस्तꣳ राजन् पारयामसि ॥ ६६ ॥

ऋ० १० । ९७ । २२ ॥

भा०—(ओषधय) वीर्य धारण करनेवाली ओषधियां (सोमेन) सोमलता के साथ (सम अवदन्त) मानो संवाद करती हैं कि हे

६५—'द्विपच्चतुष्पदस्मा०' इति काण्व०

(राजन्) हे राजन्, सोम ! (ब्राह्मण) वेदज्ञ विद्वान् ब्राह्मण (यस्मै कृणोति) जिसको प्रदान करता है (त) उसको हम (पारयामसि) पालन करती हैं। वीर्यवती प्रजाएं (सोमेन राज्ञा सह) प्रेरक बलवान् राजा के साथ मिलकर (सम् अवदन्त) आलाप करती हैं कि (ब्राह्मणः यस्मै कृणोति) वेदज्ञ पुरुष जिस प्रयोजन या देश की रक्षा के लिये हमें दीक्षित करता है। हे राजन् (तं पारयामसि) उसका हम पालन करती हैं।

स्त्रियों के पक्ष में—वीर्य धारण करने में समर्थ लता के समान स्त्रियां वधू के इच्छुक तेजस्वी पुरुष के साथ (सम् अवदन्त) संगत होकर प्रतिज्ञा करती हैं कि (यस्मै) जिस गृहस्थ कार्य के लिये हमे (ब्राह्मण) वेदज्ञ विद्वान् सस्कार द्वारा प्रदान करता है हे राजन् ! वर ! (तं पारयामसि) हम उसको संसार-सागर से तराती हैं। उसका पालन करती हैं।

नाशयित्री बलासस्यार्शसऽउपचितामसि।
अथो शतस्य यक्ष्माणां पाकारोरसि नाशनी ॥ ९७ ॥

भा०—हे ओषधे ! तू (बलासस्य) बल को नाश करनेवाले कफ रोग को (अर्शस.) अर्श, बवासीर और (उपचिताम्) दोषों के एकत्र होजाने से उठनेवाले गण्ड माला आदि रोगों की (नाशयित्री असि) नाश करनेवाली है। (अथ) और इसी प्रकार के (शतस्य यक्ष्माणाम्) सैंकड़ो रोगो के और (पाकारो·) पकनेवाले फोड़े की भी (नाशनी असि) नाश करदेने वाली हो।

वीर प्रजा के पक्ष मे—(बलासस्य) बलपूर्वक आक्रमक (अर्शस.) हिसाकारी, (उपचिताम्) अन्यो के धनो को अन्याय से संग्रह करनेवाले और (पाकारो) परिणाम मे पीड़ा देनेवाले और इसी प्रकार (शतस्य-यक्ष्माणाम्) सैकड़ों गुप्त पीड़ाकारी दुष्टो का नाश करनेहारी हो।

त्वां गन्धर्वा अखनँस्त्वामिन्द्रस्त्वां बृहस्पतिः ।
त्वामोषधे सोमो राजा विद्वान् यक्ष्मादमुच्यत ॥ ९८ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(त्वाम्) तुझको (गन्धर्वाः) गौ वेदवाणी के ज्ञाता और भूमि के पालक (अखनन्) खोदते हैं, प्राप्त करते हैं (त्वां) तुझको (इन्द्रः) इन्द्र, ऐश्वर्यवान् (बृहस्पति) बड़े राष्ट्र के पालक और (सोमः राजा) राजा सोम और (विद्वान्) विद्वान् पुरुष भी प्राप्त करता है । (यक्ष्मात्) और रोग से (अमुच्यत) मुक्त होता है ।

वीर सेना के पक्ष में—(गन्धर्वाः) पृथ्वी के पालक, भूपति लोग (इन्द्र) सेनापति और (सोम राजा) राजा सोम सम्राट् सभी प्राप्त करते हैं और कष्ट से मुक्त होते हैं ।

सहस्व मे अरातीः सहस्व पृतनायतः ।
सहस्व सर्वं पाप्मानꣳ सहमानास्योषधे ॥ ९९ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—हे (ओषधे) ओषधि के समान वीर्य को धारण करनेवाली सेने ! (सहमाना असि) रोग के समान तू शत्रु को भी पराजित करनेहारी है । तू (सर्वं पाप्मानम्) समस्त पापाचार को (सहस्व) विनष्ट कर । (मे अरातीः) मेरे शत्रुओं को (सहस्व) पराजित कर और (पृतनायतः) सेना लेकर चढ़नेवालों को भी (सहस्व) बलपूर्वक पराजित कर ।

दीर्घायुस्त ऽओषधे खनिता यस्मै च त्वा खनाम्यहम् ।
अथो त्वं दीर्घायुर्भूत्वा शतवल्शा वि रोहतात् ॥ १०० ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(ते खनिता) तुझे खोदकर प्राप्त करनेवाली और (यस्मै च) जिसके लिये (त्वा) तुझको (अहम् खनामि) मैं खोदकर प्राप्त करता हूं

हे (ओषधे) वीर्यवति ओषधे ! बलवति ! (स दीर्घायुः) वह दीर्घ आयुवाला हो । (अथो) और हे पुरुष ! हे स्त्री ! और हे ओषधे ! हे वीर्यवति प्रजे ! (त्वं) तू भी (दीर्घायुः भूत्वा) दीर्घ आयुवाली होकर (शतवल्शा) सैकड़ों अंकुरों सहित (विरोहतात्) विविध प्रकार से उत्पन्न हो, उन्नत हो, पुष्ट हो ।

त्वमुत्तमास्योषधे तव वृक्षाऽउपस्तयः ।
उपस्तिरस्तु सोऽस्माकं योऽअस्माँ२॥ अभिदासति ॥१०१॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—हे (ओषधे) ओषधे ! वीर्यवति (त्वम् उत्तमा असि) तू सबसे श्रेष्ठ है । (वृक्षा) अन्य वृक्ष भी (तव उपस्तयः) तेरे अधीन रहें । तेरे बल से (सः) वह (अस्माकम् उपस्ति अस्तु) हमारे अधीन रहे (यः) जो (अस्मान्) हमें (अभिदासति) आक्रमण पूर्वक नष्ट करता है ।

अथवा—हे ओषधे ! तू सबसे श्रेष्ठ है । (वृक्षा) वट आदि वृक्ष तेरे समीप (उपस्तय) संघ बनाकर ठहरते हैं । (यः अस्मान् अभिदासति) जो हमें सुख देता है वह (अस्माकं उपस्तिः अस्तु) हमारे पास हमसे मिलकर रहे ।

सेना पक्ष में—(उपस्तयः) संघ बनाकर रहनेवाली सेनाएँ (तव वृक्षा) तेरे काटने योग्य हैं । अथवा (वृक्षा) काटने योग्य वृक्षों के समान छेद्य शत्रु (उपस्तय =संहन्तव्याः) विनाश करने योग्य हैं । इसी प्रकार जो हमें (अभि दासति) विनष्ट करे (स अस्माकं उपस्तिः) वह भी हमारे लिये विनाश योग्य है ।

मा मां हिꣳसीज्जनिता यः पृथिव्या यो वा दिवꣳ सत्यधर्मा

व्यानट् । यश्चापश्चन्द्राः प्रथमो जजान कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ १०२ ॥

हिरण्यगर्भ ऋषि । को देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(यः) जो परमेश्वर (पृथिव्या. जनिता) पृथिवी का उत्पादक है और (यः वा) जो (सत्य-धर्मा) सत्य धर्मवाला, सत्य के बल से जगत् को धारण करनेवाला होकर (दिव) द्यौलोक, आकाश और सूर्य को (वि आनड्) विविध प्रकार से व्याप्त है । और (यः) जो (प्रथमः) सबसे प्रथम विद्यमान होकर (आपः) जलों को (चन्द्रा) ज्योति वाले सूर्यादि लोकों को (जजान) उत्पन्न करता है (कस्मै) उस सुखमय उपास्य देव की हम (हविषा) भक्ति और स्तुति से (विधेम) अर्चना करें । वह (मा मा हिंसीत्) मुझे कभी नाश न करे ।

राजा के पक्ष में—जो पृथिवी का (जनिता) पिता के समान पालक सत्य नियमों वाला होकर (य दिव व्यानट्) जो सब व्यवहारों को चलाता है (चन्द्रा आप) जो सबसे श्रेष्ठ होकर सब आह्लादकारी आप्त प्रजाओं को (जजान) प्रकट करता है । उसके कर्त्तारूप प्रजापति को हम (हविषा) अन्न आदि उत्तम उपादेय पदार्थों से सेवा करें । वह राजा (मा मा हिंसीत्) मुझ राष्ट्र की प्रजा का नाश न करे ॥ शत० ७ । ३ । १ । २० ॥

अभ्यावर्त्तस्व पृथिवि यज्ञेन पयसा सह ।
वपान्तेऽअग्निरिषितोऽअरोहत् ॥ १०३ ॥

अग्निर्देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (पृथिवि) पृथिवि ! हे स्त्री ! तू (यज्ञेन) यज्ञ, परस्पर के प्रेमपूर्वक संग और (पयसा) जल, पुष्टिकारक अन्न और वीर्य के (सह) साथ (अभि आवर्तस्व) सब प्रकार से प्राप्त हो, वर्तमान रह ।

(इषितः) कामनावान्, अभिलाषुक (अग्नि) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष राजा या पति (ते वपाम्) तेरी बीजवपन करने की भूमि में (अरोहत्) बीज वपन कर और अन्न और पुत्र आदि प्राप्त करे ।

अर्थात्—(पयसा सह यथा पृथिवी अभि आवर्तते) मेघ के जल से जिस प्रकार पृथिवी युक्त होती है उसी प्रकार (यज्ञेन पृथिवी अभ्यावर्तस्व) हे स्त्री ! तू यज्ञ अर्थात् सगत पति से युक्त होकर रह । और (अग्नि.) तेजस्वी राजा जिस प्रकार इच्छानुकूल प्रजाओं द्वारा चाहा जाकर (ते वपाम्) तेरी उत्पादक शक्ति पर अधिष्ठाता रूप में विराजता है उसी प्रकार (अग्नि.) तेज.स्वरूप वीर्य (इषित.) स्त्री की इच्छानुसार प्राप्त होकर (ते वपां) तेरी सन्तानोत्पादक शक्ति को प्राप्त कर (अरोहत्) सन्तानरूप से बढ़े ॥ शत० ७ । २ । १ । २१ ॥

अग्ने यत्ते शुक्रं यच्चन्द्रं यत्पूतं यच्च युज्ञियम् ।
तद्देवेभ्यो भरामसि ॥ १०४ ॥

अग्निर्देवता । भुरिग् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्विन् ! राजन् ! (यत् ते शुक्रं) जो तेरा शुद्ध, उज्ज्वल और (यत् चन्द्र) जो चन्द्र, आह्लादकारी (यत् पूत) जो पवित्र, (यत् च याज्ञियम्) और जो 'यज्ञ' प्रजापति होने योग्य तेज है (तत्) उसको हम प्रजागण (देवभ्य) विजयी वीर पुरुष के लिये (भरामसि) प्राप्त कराते हैं ।

सन्तानोत्पादक वीर्य के पक्ष में—हे अग्ने ! वीर्य ! जो तेरी शुद्ध, आह्लादकारी पवित्र क्रिया में हितकारी स्वरूप है उसको (देवेभ्य) दिव्यगुणों और प्राणों के लिये प्राप्त करावे ॥ शत० ७ । २ । १ । २२ ॥

इषमूर्जमहमित आदमृतस्य योनिं महिषस्य धाराम् ।
आ मा गोषु विशत्वा तनूषु जहामि सेदिमनिराममीवाम् ॥१०५॥

आशीर्वा विद्वान् अग्निर्देवता । विराट् त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(अहम्) मैं (इत) इस पृथ्वी से (इषम्) अन्न और (ऊर्जम्) बलकारक समस्त उत्तम भोजन (आदम्) प्राप्त करूं । (इत.) इस पृथ्वी से ही (ऋतस्य) सत्य ज्ञान के (योनिम्) कारणरूप (महिषस्य) महान् परमेश्वर को (धाराम्) धारण करनेवाली वेदवाणी को भी प्राप्त करता हू । वह अन्न बल और सत्यज्ञान (मा आविशतु) मुझे प्राप्त हो । और वही अन्न पुष्टिकारक पदार्थ (गोषु तनूषु) हमारी इन्द्रियों और शरीरों में भी प्राप्त हो । और (अतिराम्) अन्न से शून्य, उपवास करानेवाली, (अमीवाम्) रोगों से उत्पन्न (सीदम्) और भुखमरी आदि प्राणनाशक विपत्ति को (जहामि) मै त्याग करूं, दूर करूं, हटाऊ ॥ शत० ७ । २ । १ । २३ ॥

अग्ने तव श्रवो वयो महि भ्राजन्तेऽअर्चयो विभावसो ।
बृहद्भानो शवसा वाजमुक्थ्यं दधासि दाशुषे कवे ॥ १०६ ॥

पावकाग्निर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृत् पक्ति । पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! ज्ञानवान् तेजस्विन् ! हे (विभावसो) विशेष ज्ञानदीप्ति मे वसनेवाले तेजोधन ! एवं ज्ञानधन विद्वन् ! (तव) तेरा (महि श्रव) बड़ाभारी ज्ञान और (महि वय) बड़ी भारी जीवन सामर्थ्य, ये सब (अर्चय) अग्नि की ज्वालाओं के समान (भ्राजन्ते) प्रकाशित होते हैं । हे (बृहद्भानो) महान् दीप्तिवाले सूर्य के समान तेजस्विन् ! एवं बृहती वेदवाणी के प्रकाश से युक्त हे (कवे) क्रान्तदर्शिन् मेधाविन् विद्वन् ! तू (शवसा) बल से (उक्थं वाजम्) ज्ञान और वीर्य को (दाशुषे) दानशील पुरुषों अथवा दान योग्य विद्यार्थी पुरुष को (दधासि) प्रदान करता है ॥ शत० ७ । ३ । १ । २९ ॥

पावकवर्चाः शुक्रवर्चाऽअनूनवर्चाऽउदियर्षि भानुना ।

पुत्रो मातरा विचरन्नुपावसि पृणक्षि रोदसीऽउभे ॥ १०७ ॥
ऋ० १० । १४० । १ ॥

अग्निर्विद्वान् देवता । भुरिगार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(पावकवर्चाः) अग्नि के समान, पवित्रकारी तेजवाला, (शुक्रवर्चाः) वीर्य के समान विशुद्ध तेजवाला, एवं सामर्थ्यजनक, (अनूनवर्चाः) किसी से भी न्यून बल न होकर अति बलशाली, तेजस्वी राजा होकर (भानुना) अपने तेज से तू सूर्य के समान (उत् इयर्षि) ऊपर उठता है। और (मातरा) माता पिता दोनों के बीच (पुत्र) जिस प्रकार पुत्र निःसंकोच, निर्भय होकर विचरता है उसी प्रकार (उभे) दोनों (रोदसी) द्यौ और पृथिवी के बीच (पुत्र) पुरुषों को त्राण करने में समर्थ होकर (विचरन्) विविध प्रकार से विचरता हुआ (उप अवसि) उन्हें प्राप्त हो और दोनों को (पृणक्षि) पालन पोषण कर ॥ शत० ७ । ३ । १ । ३० ॥

ऊर्जो नपाज्जातवेदः सुशस्तिभिर्मन्दस्व धीतिभिर्हितः ।
त्वेऽइषः संदधुर्भूरिवर्पसश्चित्रोतयो वामजाताः ॥ १०८ ॥
ऋ० १० । १४० । ३ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(ऊर्जः नपात्) अपने बल और पराक्रम को कभी धर्म-मार्ग से न गिरने देनेवाले ! हे (जातवेद) विद्वन्, ऐश्वर्यवान् ! राजन् ! तू (सुशस्तिभिः) उत्तम शासन क्रियाओं से और सुख्यातियो से (धीतिभिः) अंगुलियों के समान अग्रगामी धारण शक्तियों से (हित) प्रजा का हितकारी एवं सुस्थापित होकर (मन्दस्व) सुप्रसन्न हो। (त्वे) तुझ में (भूरि वर्पस) नाना धन, गौ आदि पशु, नाना रूप

१०७—०' उदय अर्षि भानुना० ' इति काण्व० ॥

के ऐश्वर्यों से युक्त (चित्रोतयः) चित्त और विविध रक्षा साधनों से सुरक्षित (वाम जाता.) उत्तम वंशों में उत्पन्न हुई प्रजाएं (इप. संदधु.) अन्न आदि भोग्य पदार्थ प्रदान करें ॥ शत० ७ । ३ । १ । ३१ ॥

इरज्यन्नग्ने प्रथयस्व जुन्तुभिरुस्मे रायोऽअमर्त्य ।
स दर्शतस्य वपुषो विराजसि पृणक्षि सानुसिं क्रतुम् ॥१०९॥

ऋ० १० । १४० । ३ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—हे राजन् ! (स.) वह तू (दर्शतस्य वपुषः) दर्शनीय शरीर से (विराजसि) विशेष दीप्ति से चमकता है (सानसिम्) सनातन से चली आई, चिरकाल से प्राप्त (क्रतुम्) प्रज्ञा और शक्ति को (पृणक्षि) पूर्ण किये रहता है। और हे (अग्ने) अग्ने, प्रतापवन् ! विद्वन् ! तू (इरज्यत्) ऐश्वर्यवान् होता हुआ हे (अमर्त्य) नाशवान् साधारण मनुष्यों से भिन्न, विशेष पुरुष ! तू (जन्तुभि.) गौ आदि जन्तुओं से (अस्मे) हमारे उपकार के लिये (राय) धन ऐश्वर्यों को (प्रथयस्व) बढ़ा ॥ शत० ७ । ३ । १ । ३२ ॥

इष्कर्त्तारमध्वरस्य प्रचेतसुं क्षयन्तुꣳ राधसो मुहः ।
रातिं वामस्य सुभगां मुहीमिषं दधासि सानुसिꣳ रयिम् ॥११०॥

ऋ० १० । १४० । ४ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(अध्वरस्य) अहिंसारहित, पालक यज्ञ, व्यवस्था के (इष्कर्तारम्=निष्कर्तारम्) करनेवाले, (प्रचेतसं) प्रकृष्ट ज्ञानवान्, (क्षयन्तम्) निवासी और (मह) बड़े भारी (वामस्य) अति सुन्दर, प्राप्त करने योग्य (राधस) धन के (रातिम्) देनेवाले पुरुष को और (सुभगाम्) उत्तम ऐश्वर्ययुक्त (महीम् इषं) बड़े भारी अन्न समृद्धि को

और (सानसिम्) अनन्त, अनादि, सनातन, अक्षय (रयिम्) सम्पत्ति को भी (दधासि) धारण करता है, अतः तू पूजनीय है ॥ शत० ७ । २ । १ । ३३ ॥

ऋतावानं महिषं विश्वदर्शतमग्निथं सुम्नाय दधिरे पुरो जनाः ।
श्रुत्कर्णथं सप्रथस्तमं त्वा गिरा दैव्यं मानुषा युगा ॥ १११ ॥

ऋ० १० । १४० । ५ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(ऋतावानम्) सत्य ज्ञानवान्, सत्य कर्मवान्, (महिषं) महान् (विश्वदर्शतम्) सब विद्याओं के द्रष्टा एवं सर्व प्रकार से दर्शनीय, (अग्निम्) अग्नि के समान तेजस्वी, ज्ञानवान्, श्रवण किये हुए (श्रुत् कर्णम्) गुरु के उपदेश को अपने कानों में सदा धारण करनेवाले अथवा गुरु के उपदेशानुसार आचरण करनेवाले, (दैव्यम्) देव, विद्वानों में कुशल (त्वा) तुझ विद्वान् (अग्निम्) ज्ञानी, तेजस्वी पुरुष, राजा को (सुम्नाय) अपने सुख के लिये (पुर) पालन करने में चतुर या पालन योग्य (जना.) लोग (सुम्नाय) अपने सुख के लिये ही (दधिरे) स्थापित करते हैं। और (सप्रथस्तमम्) विस्तृत यश के पात्र तुझको (मानुषा युगा) मनुष्यों के युग, जोड़े अर्थात् सभी नर नारी (गिरा) वाणी से भी (दधिरे) प्रतिष्ठित करते हैं ॥ शत० ७ । २ । १ । ३४ ॥

आप्यायस्व समेतु ते विश्वतः सोम वृष्ण्यम् ।
भवा वाजस्य सङ्गथे ॥ ११२ ॥ ऋ० १० । १४० । ६ ॥

गोतम ऋषिः सोमो । देवता । निचृद् गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (सोम) राजन् ! (ते) तेरा (वृष्ण्यम्) प्रताप, बलशाली कार्य (विश्वत) सर्वत्र (सम-एतु) प्राप्त हो। तू (विश्वतः आप्यायस्व) सब प्रकार से वृद्धि को प्राप्त हो और (वाजस्य) वीर्यवान्, वेग या

ऐश्वर्य के निमित्त होनेवाले (सङ्गथे) संग्राम में तू विजयी (भव) हो ॥ शत० ७ । ३ । १ । ४६ ॥

सं ते पयांꣳसि समु यन्तु वाजाः सं वृष्ण्यान्यभिमातिषाहः ।
आप्यायमानोऽअमृताय सोम दिवि श्रवांꣳस्युत्तमानि धिष्व ॥ ११३ ॥

ऋ० १० । १४० । ७ ॥

सोमो देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (सोम) सोम ! (ते) तुझे (पयांसि) पुष्टिकारक पदार्थ (सं यन्तु) प्राप्त हों । और (अभिमाति षाहः) अभिमानी शत्रुओं को पराजित करने में समर्थ (वाजा. स यन्तु) वीर्यवान् पदार्थ और वेगवान् पदार्थ तुझे प्राप्त हों । इसी प्रकार (वृष्ण्यानि) सब प्रकार के बल भी (सं यन्तु) प्राप्त हों । हे सोम ! (दिवि) आकाश में चन्द्र के समान (आप्यायमान.) प्रतिदिन बढ़ती कलाओं से वृद्धि को प्राप्त होता हुआ (अमृताय) 'अमृत', मोक्ष सुख, या सन्तति-परम्परा से सदा अमर या चिरस्थायी होने के लिये या अमृत, अर्थात् शतवर्ष पर्यन्त दीर्घ जीवन को प्राप्त करने के लिये (उत्तमानि) उत्तम २ (श्रवांसि) अन्नो को प्राप्त कर, उत्तम अन्न खा ॥ शत० ७ । ३ । १ । ४६ ॥

आप्यायस्व मदिन्तम सोम विश्वेभिरꣳशुभिः ।
भवा नः सप्रथस्तमः सखा वृधे ॥ ११४ ॥

ऋ० १० । ९१ । १८ ॥

सोमो देवता । आर्च्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (मदिन्तम) अति प्रसन्नचित्त ! हे (सोम) ऐश्वर्ययुक्त राजन् ! तू (विश्वेभिः) समस्त (अंशुभिः) किरणों से (आप्यायस्व) वृद्धि को प्राप्त हो । तू (वृधे) वृद्धि के लिये ही (नः) हमारे (सप्रथस्तमः) अति अधिक विस्तृत यशों और गुणों से प्रसिद्ध कीर्त्तिमान् , सखा) मित्र (भव) हो ।

आ ते वृत्सो मनो यमत्पर॒माच्चित्स॒धस्थात् ।
अग्ने॒ त्वाङ्का॑मया गि॒रा ॥ ११५ ॥ ऋ० । १ । ६१ । १७ ॥

वत्सार ऋषि. । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्विन् पुरुष ! (वत्स) बछड़ा जिस प्रकार अपनी माता के साथ (आ यमत्) बांध दिया जाता है उसी प्रकार (परमात् चित् सधस्थात्) परम आश्रयस्थान से प्राप्त हुई (त्वां-कामया) जिस वाणी से हम तेरे प्रति अधिक प्रेम प्रदर्शन करते हैं उस (गिरा) वेद वाणी से ही तेरे चित्त को (आ यमत्) बांधा जाता है । तू उससे बद्ध होकर राष्ट्र की व्यवस्था कर । आत्मा के पक्ष में-(त्वां-कामया=आत्मानं कामया) अपने आत्मा को ही दर्शन करने की इच्छा वाली वाणी से (परमात् सधस्थात् चित्) परम आश्रय परमेश्वर से प्राप्त (गिरा) ज्ञान वाणी द्वारा (ते मन. आ यमत्) तेरा मन बंध कर एकाग्र हो ॥ शत० ७ । ३ । २ । ८ ॥

स्त्री पुरुष के प्रति—हे अग्ने ! तेजस्विन् पुरुष ! (परमात् सधस्थात्) परमस्थान, हृदय से उत्पन्न (त्वांकामया गिरा) तुझे चाहने वाली मेरी वाणी से तेरा (मन.) मन गौ के साथ बछड़े के समान (आ यमत्) सब तरफ से मेरे साथ बंधे ।

तुभ्य॒ं ताऽअ॑ङ्गिरस्तम॒ विश्वा॑ः सुक्षि॒तय॒. पृथ॑क् ।
अग्ने॒ कामा॑य येमिरे ॥ ११६ ॥ ऋ० ८ । ११ । ७ ॥

विरूप ऋषि. । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अंगिरस्तम) अति अधिक ज्ञानी या जलते अंगारों के समान तेजस्विन् ! (ताः सुक्षितय.) वे नाना उत्तम प्रजाएं (पृथक्) पृथक् २ (कामाय तुभ्यं) कामना करने योग्य, कान्तिमान्, तुझ राजा को (येमिरे) प्राप्त हों ॥ शत ७ । ३ । २ । ८ ॥

स्त्री-पुरुष के पक्ष में—हे (अंगिरस्तम) अंग २ मे रमण करनेवाले प्रियतम (ताः विश्वा. सुक्षितयः) वे समस्त उत्तम भूमि रूप स्त्रियां (पृथक्) पृथक् २ (कामाय तुभ्यम्) काम्यस्वरूप, सुन्दर, तुझे या तुझे अपने हृदय को कामना पूर्त्ति के लिये (येमिरे) विवाहे ।

अंगिरस्तम इति जात्यैकवचनम् ।

अग्निः प्रियेषु धामसु कामो भूतस्य भव्यस्य ।
सम्राडेको विराजति ॥ ११७ ॥ ऋ० ८ । ४३ । १८ ॥

प्रजापतिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अग्निः) अग्नि के समान तेजस्वी, अग्रणी जो (भूतस्य) उत्पन्न प्रजाओं और (भव्यस्य) आगामी काल में आनेवाले प्रजाजनो या सभासदों को (प्रियेषु) प्रिय लगनेवाले (धामसु) स्थानों पर भी (काम) सबसे कामना करने योग्य, सब के मनोरथों का पात्र, कान्तिमान् हो । वह (एकः) एक मात्र (सम्राड्) सम्राड् होकर (विराजति) राज्यसिंहासन पर विशेष रूप से शोभा प्राप्त करता है ॥ शत० ७।३।२।६॥

॥ इति द्वादशोऽध्यायः ॥

[तत्र सप्तदशोत्तरशतमृचः ।]

इति मीमांसातीर्थप्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डित जयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये द्वादशोऽध्यायः ॥

॥ अथ त्रयोदशोऽध्यायः ॥

॥ ओ३म् ॥ मयि गृह्णाम्यग्रेऽअग्निꣳ रायस्पोषाय सुप्रजा-
स्त्वाय सुवीर्य्याय । मामु देवताः सचन्ताम् ॥ १ ॥

अग्निर्देवता । आर्ची पंक्ति ककुप् वा । पञ्चम स्वर ॥

भा०—(अग्रे) सब से प्रथम (मयि) अपने मे, अपने ऊपर नियन्ता रूप में (अग्निम्) ज्ञानवान्, विद्वान्, तेजस्वी पुरुष को या परमेश्वर को (रायस्पोषाय) धनैश्वर्य समृद्धि के प्राप्त करने के लिये, (सुप्रजास्त्वाय) उत्तम प्रजाएं प्राप्त करने के लिये, (सुवीर्याय) और उत्तम वीर्य, बल प्राप्त करने के लिये (गृह्णामि) मैं स्वीकार करता हू । जिसके अनुग्रह से (देवता.) उत्तम विद्वान् या उत्तम गुण (माम् उ सचन्ताम्) मुझे प्राप्त हों ।

राजा अपने भी ऊपर विद्वान्, पुरोहित, ज्ञानवान् पुरुष को, ऐश्वर्य वृद्धि, उत्तम प्रजाओं, बल वृद्धि के लिये नियुक्त करे। इसी प्रकार अभी प्रथम अपने ऊपर उपदेशप्रद गुरु, आचार्य रूप अग्नि को रखकर (राय. पोषाय) उत्तम गुणों की पुष्टि वीर्यलाभ, ब्रह्मचर्य और उत्तम सन्तान के लिये रक्खें ॥ शत० ७ । ४ । १ । २ ॥

अपां पृष्ठमसि योनिरग्नेः समुद्रमभितः पिन्वमानम् ।
वर्धमानो महाँ२ऽ आ च पुष्करे दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथस्व ॥२॥

भा०—व्याख्या देखो (अ० ११ । २९) । शत० ७ । ४ । १ । ९ ॥

ब्रह्म जज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्वि सीमतः सुरुचो वेनऽआवः ।
स बुध्न्याऽउपमाऽअस्य विष्ठाः सतश्च योनिमसतश्च विवः ॥३॥

अथर्व० ४ । १ । १ ॥

ब्रह्मा ऋषिः । आर्ची त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

त्) सब से प्रथम (जज्ञानम्) प्रकट हुई। (प्रथमम्) सब से अधिक विस्तृत (ब्रह्म) सब से महान्, ब्रह्म रूप परमात्मा की शक्ति को (वेन.) वही कान्तिमान्, प्रकाश स्वरूप परमेश्वर (सीमत) समस्त लोकों के बीच मे व्यवस्था रूप से व्याप्त होकर (सुरुचः) समस्त रुचिकर तेजस्वी सूर्यों को (वि आवः) विविध रूप से प्रकट करता है। (सः) वही परमेश्वर (अस्य) इस महान्शक्ति के (उपमा) बतलानेवाले निदर्शक (विष्ठा.) नाना स्थलो मे और नाना रूपो में स्थित (बुध्न्या) आकाशस्थ लोको को भी (वि आवः) विविध रूप से प्रकट करता है। और वही परमेश्वर (सत च) इस व्यक्त जगत् के और (असत. च योनिम्) अव्यक्त मूल कारण के भी आश्रयस्थान आकाश को भी (वि वः) प्रकट करता है।

राष्ट्र पक्ष में—सब से प्रथम ब्रह्मशक्ति उत्पन्न होती है। वही मर्यादा से (सुरुचः) तेजस्वी क्षत्रियों को भी प्रकट करती है। वही (अस्य विष्ठाः उपमा) इस राष्ट्र के विशेष स्थितिवाले ज्ञानी (बुध्न्या) आश्रय भूत वैश्यवर्ग को उत्पन्न करता है। और वही (सतः असतः च योनिम् विवः) सत् और असत् के आश्रय सामान्य प्रजा को भी उत्पन्न करता है॥ शत० ७।४।१।१४॥

हि॒र॒ण्य॒ग॒र्भः सम॑वर्त्त॒ताग्र॑ भू॒तस्य॑ जा॒तः पति॒रेक॑ऽआसीत्।
स दा॑धार पृथि॒वीं द्यामु॒तेमां कस्मै॑ दे॒वाय॑ ह॒विषा॑ विधेम॥ ४॥

ऋ० १०।१२१।१॥

हिरण्यगर्भ ऋषिः। कः प्रजापतिर्देवता। आर्ची त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—(अग्रे) सृष्टि के आदि में (हिरण्यगर्भः) स्वर्ण के समान दीप्त सूर्यों और ज्ञानी पुरुषों को अपने गर्भ में धारण करनेवाला, सब का वशी (भूतस्य) इस उत्पन्न होनेवाले विश्व का (एकः) एकमात्र (जातः) उत्पादक और (पतिः) पालक (आसीत्) रहा और (सम्

अवर्त्तत) उसमें व्याप्त होकर सदा रहता भी है। और (सः) वही (इमाम् पृथिवीम्) इस सर्वाश्रय पृथिवी को और (द्याम् उत) आकाश या तेजोदायी सूर्यादि को भी (दाधार) धारण करता है (कस्मै) उस सुखस्वरूप प्रजापति की हम (हविषा) भक्तिपूर्वक (विधेम) उपासना करें ॥ शत० ७ । ४ । १ ॥ १८ ॥

राष्ट्र के पक्ष में—(हिरण्यगर्भः) सुवर्ण, कोश का ग्रहण करनेवाला उसका स्वामी, समस्त राष्ट्र के उत्पन्न प्राणियों का एकमात्र पालक है। वह ही (पृथिवीम्) पृथिवीस्थ नारियों और (द्याम्) सूर्य के समान पुरुषों को भी पालता है। उसी प्रजापति राजा की हम (हविषा) अन्न और आज्ञा पालन द्वारा सेवा करें।

द्रप्सश्चस्कन्द पृथिवीमनु द्यामिमं च योनिमनु यश्च पूर्वः ।
समानं योनिमनु सञ्चरन्तं द्रप्सं जुहोम्यनु सप्त होत्राः ॥ ५ ॥

अथर्व० १८ । ४ । २८ ॥

ईश्वर, आदित्यो देवता । विराड् आर्षी त्रिष्टुप् ॥

भा०—(द्रप्सः) आदित्य का तेज (पृथिवीम् अनु) पृथिवी पर (चस्कन्द) प्रकाश और मेघ जल के रूप में प्राप्त होता है। (अनु द्याम्) और फिर वह आकाश में जाता है। (यः च पूर्वः) जो स्वयं वह आदि में पूर्व या पूर्ण है वह (इमं च योनिम् अनु) इस स्थान को भी प्राप्त होता है। इस प्रकार (समानम् योनिम् अनु) अपने समान अनुरूप आश्रय-स्थान को प्राप्त करते हुए (द्रप्स) हर्ष के कारणरूप आदित्य को जिस प्रकार (सप्त होत्राः) सातों आदानकारी दिशाओं में फैलता देखते हैं उसी प्रकार हम (द्रप्सं) आनन्द और हर्ष के हेतु वीर्य को (सप्त होत्राः) सातों प्राणों में (अनुजुहोमि) संचारित करूं।

१—अथात पुष्करपर्णाद्युपधानम् ॥ ककुप् । सर्वा० । वत्सार ऋषिः । द० ॥

राष्ट्र-पक्ष में—(द्रप्सः) प्रजा के हर्षजनक राजा (य. च पूर्व) जो पूर्ण शक्तिमान् है वह (पृथिवीम् अनु द्यामनु च) पृथिवी को और सूर्य को अनुकरण करता हुआ (पृथिवीम् चस्कन्द) पृथिवी को प्राप्त होता है। (योनिम्) अपने भूलोक के समान (सं चरन्तं) समान रूप से संचरण करनेवाले (द्रप्सं) हर्षकारी आदित्य के समान तेजस्वी पुरुष को (सप्त होत्रा अनु) सात प्राणों में वीर्य के सामान सातों दिशाओं में सूर्य के समान (जुहोमि)[१] स्थापित करता हूं॥ शत० ७।४।१।२०॥

नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु ।
ये ऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ ६ ॥

अथर्व० ३ । २६ । २७ ॥

सर्पा देवता । भुरिगुष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—(ये के च) जो कोई भी (पृथिवीम् अनु) इस पृथिवी पर और (ये) जो अन्तरिक्ष में और (ये दिवि) जो दूर आकाश में विद्यमान लोक हैं (तेभ्य) उन (सर्पेभ्य.) सर्पण स्वभाव लोकों को (नमः) अन्न प्राप्त हो और (तेभ्य· सर्पेभ्यः नमः) उन सर्प के स्वभाव वाले दुष्ट पुरुषों का उत्तम रीति से दमन हो।

इमे वै लोकाः सर्पाः या एव एषु लोकेषु नाष्ट्रा, व्यद्वरो या शिमिदा तदेवैतत्सर्वं शमयति ॥ शत० ७।४।१।२८॥

अथवा राष्ट्र में राजाओं के प्रति जानेवाले, प्रजाओं में फैले हुए और अन्तरिक्ष अर्थात् शासकजनों में फैले हुए (सर्पेभ्यः) गुप्त रूप से गतिशील चरों की (नम) हम नियम-व्यवस्था करें।

या ऽइषवो यातुधानानां ये वा वनस्पतीँ१ ऽरनु ।
ये वावटेषु शेरते तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ ७ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत्। अनुष्टुप् छन्दः । गाधारः ॥

५—१. जुहोति स्थापयामीति उव्वट ।

भा०—(याः) जो (यातुधानानां) प्रजा को पीड़ा देनेवाले दुष्ट पुरुषों के (इषव) शस्त्र हैं अर्थात् उनके द्वारा चलाये हथियारों के समान प्रजा के नाशकारी हैं (ये वा) और जो (वनस्पतीन् अनु) वृक्षों के आश्रित सर्पों के समान प्रजा को आश्रय देनेवाले माण्डलिक भूपतियों के अधीन रहते हैं। (ये अवटेषु) जो गढ़ों में रहने वाले सांपों के समान प्रजा की निचली श्रेणियों में (शेरते) गुप्त रूप से रहते हैं (तेभ्यः सर्पेभ्य.) उन सब कुटिल स्वभाव के लोकों का भी (नमः) दमन हो ॥ शत० ७ । ४ । १ । २६ ॥

ये वामी रोचने दिवो ये वा सूर्य्यस्य रश्मिषु।
येषामप्सु सदस्कृतं तेभ्यः सर्पेभ्यो नमः ॥ ८ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत्। अनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०—(ये) जो (दिवः) सूर्य या विद्युत् के (रोचने) प्रकाश में और (ये वा) जो (सूर्यस्य रश्मिषु) सूर्य की रश्मियों में चलते फिरते हैं और (येषाम्) जिनका (अप्सु) जलों के भीतर (सद) निवास-स्थान, आश्रय दुर्ग (कृतम्) बना है (तेभ्य) उन (सर्पेभ्य·) कुटिल लोकों को भी राजा (नम) अपने वश करे ॥ शत० ७ । ४ । १ । ३० ॥

कृणुष्व पाजः प्रसितिं न पृथ्वीं याहि राजेवामवाँ२ऽ इभेन।
तृष्वीमनु प्रसितिं द्रूणानोऽस्तासि विध्य रक्षसस्तपिष्ठैः ॥ ६ ॥

ऋ० । ४ । ४ । १ ॥

देवा वामदेवश्च ऋषय । अग्नि· प्रतिसरो वा देवता । रक्षोघ्नी ऋक्। भुरिक् पक्ति । त्रिष्टुप् वा। पञ्चमो धैवतो वा।

भा०—हे राजन् ! हे सेनापते ! तू (पाज· कृणुष्व) बल को उत्पन्न कर, राष्ट्र के पालन और दुष्ट दमन के सामर्थ्य को उत्पन्न कर। तू (अमवान्)

६—वामदेव ऋषि । द० ।

सहायक अमात्य पुरुषों से युक्त होकर (प्रसितिम्) सुप्रबद्ध, सुव्यवस्थित पृथिवी को (इभेन) हस्तिबल से (राजा इव) राजा के समान (याहि) प्राप्त हो। अथवा—(प्रसितिं न पाजः कृणुष्व) तू अपने बल को विस्तृत जाल के समान बना। जिसमें समस्त प्रजाएं बधें। (राजा इव अमवान् इभेन पृथिवीं याहि) राजा के समान सहायक पुरुषो से युक्त होकर हस्तिबल से पृथ्वी को प्राप्त कर। और पृथ्वी, अति वेगवाली, बलवती (प्रसितिम् अनु) उत्कृष्ट बन्धनो से युक्त राजव्यवस्था के अनुसार (रक्षसः) विघ्नकारी दुष्ट पुरुषों को (दृणान.) विनाश करता हुआ तू उनपर (अस्ता असि) बाण आदि शस्त्रों के फेकने वाला ही हो और (रक्षसः) विघ्नकारी पुरुषों को (तपिष्ठैः) अति संतापजनक शस्त्रों से (विध्य) ताड़ना कर, दण्डित कर ॥ शत० ७। ४। १। ३४॥

**तव॑ भ्र॒मास॑ऽआशु॒या प॑तन्त्यनु॑ स्पृश धृष॒ता शोशु॑चानः।
तपू॑ᳪष्यग्ने जु॒ह्वा पत॒ङ्गानस॑न्दितो॒ विसृ॑ज॒ विष्व॑गु॒ल्काः॥ १०॥**

ऋ० ४। ४। २॥

वामदेव ऋषि। रक्षोहा अग्निर्देवता। भुरिक् पक्ति। त्रिष्टुप् वा।
पञ्चमो धैवतो वा॥

भा०—हे राजन्! जिगीषो! (तव) तेरे (आशुया) शीघ्र गमन करने वाले (भ्रमासः) भ्रमणशील वीर जन (पतन्ति) वेग से जायं और तू (शोशुचानः) अति तेजस्वी होकर (धृषता) शत्रु के मान नष्ट करने मे समर्थ बल से युक्त होकर (अनु स्पृश) उनके पीछे लगा रह। हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्विन्! राजन्! सेनानायक! तू (असंदित.) शत्रु के जाल में न पड़ कर, अखण्डित बल होकर (जुह्वा) शस्त्रों को प्रेरण करने वाली सेना से (तपूंषि) सन्तापकारी अस्त्रो को (विसृज) नाना प्रकार से छोड़। (पतङ्गान्) तीव्र घोड़ों को या घुड़सवारो को या

बाणों को (वि सृज) छोड़ । और (विश्वग्) सब ओर (उल्का.) टूटते तारों के समान वेग और दीप्ति से आकाश मार्ग से जाने वाले अग्निमय अशनि नामक अस्त्रों को (वि सृज) चला ।

प्रति स्पशो विसृज तूर्णितमो भवा पायुर्विशोऽअस्याऽअदब्धः । यो नो दूरेऽअघशंꣳसो योऽअन्त्यग्ने मा किष्टे व्यथिरादधर्षीत् ॥११॥

ऋ० ४ । ४ । ३ ॥

वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(य. अघशंस.) जो पापाचरण करने को कहता है वह (य.) और जो (न) हमारे से (दूरे) दूर है और (य) जो (अभि) हमारे पास है हे (अग्ने) अग्रनायक राजन् ! वह भी (व्यथि) हमे व्यथादायी होकर (ते) तेरा (मा आदधर्षीत्) आज्ञा भग कर अपमान न कर सके । इसलिये तू (तूर्णितम·) अति वेगवान् होकर (स्पश) प्रतिहिंसक योद्धा, प्रतिभटों को और अपने दूतों को (प्रति विसृज) शत्रु के प्रति भेज । और स्वय (अदब्ध.) शत्रु से मारा न जा कर, सुरक्षित रहकर (अस्या· विश) इस प्रजा का (पायु.) पालन करने हारा (भव) हो ।

उदग्ने तिष्ठ प्रत्यातनुष्व न्यमित्राँ२ऽ ओषतात्तिग्महेते । यो नोऽअरातिꣳसमिधान चक्रे नीचा तं धक्ष्यतसं न शुष्कम् ॥१२॥

ऋ० ४ । ४ । ५ ॥

वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चम ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! सेनापते ! राजन् ! तू (उत् तिष्ठ) उठ, शत्रु के प्रति आक्रमण करने के लिये तैयार हो । (प्रति आतनुष्व) शत्रु के विपरीत अपने बल और राज्य को विस्तृत कर । हे (तिग्महेते) तीक्ष्ण शस्त्रों से युक्त राजन् ! तू (अमित्रान्) शत्रुओं को (निः ओषतात्) सर्वथा जला डाल । हे (सम्-इधान) उत्तम तेजस्विन् ! (यः) जो

(न) हमारे साथ (अरातिम्) शत्रुता का व्यवहार (चक्रे) करता है। (तम्) उसको (शुष्कम्) सूखे वृक्ष को अग्नि के समान (नीचा धक्षि) नीचे गिराकर जला डाल।

ऊर्ध्वो भव प्रति विध्याध्यस्मदाविष्कृणुष्व दैव्यान्यग्ने।
अव स्थिरा तनुहि यातुजूनां जामिमजामिं प्रमृणीहि शत्रून्।
अग्नेष्ट्वा तेजसा सादयामि ॥ १३ ॥

वामदेव ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदार्ष्यतिजगती। निषाद ॥

भा०—हे अग्ने! तेजस्विन् राजन्! तू (ऊर्ध्वः) सब से ऊंचा हो कर (भव) रह। (दैव्यानि) दिव्य पदार्थों से बने विद्वान् पुरुषों के बनाये अस्त्रों को (आवि. कृणुष्व) प्रकट कर। (स्थिरा) स्थिर, दृढ़ धनुषों को (अव तनुहि) नमा। (यातुजूनाम्) वेग से चढ़ाई करने वाले शत्रुओं के (जामिम्) सम्बन्धी और (अजामिम्) असम्बन्धी अथवा (यातुजूनां जामिम् अजामिम्) आक्रमण के वेग में आनेवाले शत्रुओं के भोजन द्रव्य, तथा उससे अतिरिक्त द्रव्य को अपने वश करके (शत्रून् प्रमृणीहि) शत्रुओं का नाश कर। हे राजन्! हे वज्र! (त्वा) तुझको (अग्ने) अग्नि के (तेजसा) तेज से (सादयामि) स्थापित करता हूं॥ शत० ७।४।१।७॥

अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम्।
अपाᳪं रेताᳪंसि जिन्वति। इन्द्रस्य त्वौजसा सादयामि ॥ १४ ॥

ऋ० ८।४४।१६॥

भा०—व्याख्या देखो० अ० ३।१२॥ जिस प्रकार (दिवः मूर्धा) द्यौलोक का शिरो भाग (अग्निः) सूर्य है और वह ही (ककुत्पतिः) सबसे बड़ा स्वामी है और (पृथिव्याः) पृथिवी का भी स्वामी है उसी प्रकार (अयम्) यह (अग्निः) तेजस्वी पुरुष, राजा भी (दिवः)

प्रकाशमान तेजस्वी पुरुषों या राजसभा का (मूर्धा) शिर, उनमें शिरोमणि (ककुत्) सर्वश्रेष्ठ, (पृथिव्याः) पृथिवी का (पति) पालक, स्वामी है। (अपाम्) सूर्य जिस प्रकार जलों के (रेतांसि) वीर्यों को या सार-भागों को ग्रहण करता है उसी प्रकार यह राजा भी (अपा) आप्त प्रजाओं के सार भाग, वीर्यों और बलों को (जिन्वति) परिपूर्ण करता है। वश करता है। हे तेजस्विन् ! (त्वा) तुझको (इन्द्रस्य ओजसा) इन्द्र, वायु और सूर्य के (तेजसा) बल पराक्रम के साथ (सादयामि) स्थापित करता हूं॥ शत० ७। ४। १। ४१॥

भुवो॑ यज्ञस्य॒ रज॑सश्च ने॒ता यत्रा॑ नि॒युद्भिः॒ सच॑से शि॒वाभिः॑।
दि॒वि मू॒र्द्धानं॑ दधिषे स्व॒र्षां जि॒ह्वाम॑ग्ने चकृषे हव्य॒वाह॑म्॥ १५॥

त्रिशिरा ऋषिः। अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (अग्ने) राजन् ! तेजस्विन् ! सूर्य और अग्नि जिस प्रकार (भुवः यज्ञस्य रजसः च नेता) पृथिवी, वायु और लोकों का नायक है और वह (नियुद्भिः शिवाभिः) मङ्गलकारिणी वायु की शक्तियों से युक्त होता है और (दिवि मूर्धानम् मेदधिषे) द्यौलोक में शिरो भाग के समान सर्वोच्च स्थिति को धारण करता है और अग्नि जिस प्रकार(हव्यवाहं जिह्वां चकृषे) हवि को खाने वाली ज्वाला को भी प्रकट करता है उसी प्रकार (यत्र) जिस राष्ट्र में तू (भुवः) समस्त पृथिवी का (नेता) नायक और (यज्ञस्य नेता) समस्त राष्ट्र-व्यवस्था का नायक और (रजसः च नेता) समस्त लोकसमूह, जनसमूह और समस्त ऐश्वर्यों का नेता, प्राप्त करनेवाला होकर (शिवाभिः) मङ्गलकारिणी (नियुद्भिः) वायु के समान तीव्र वेगवाली शत्रु को छेदन भेदन करनेवाली सेनाओं से भी (सचसे) युक्त होकर रहता है और (दिवि) न्याय प्रकाशयुक्त श्रेष्ठ व्यवहार में (मूर्धानं) शिरोभाग, सर्वोच्च पद को (दधिषे) धारण करता है और

(हव्यवाहम्) ग्रहण करने योग्य, ज्ञान से पूर्ण आज्ञा वचनों को प्राप्त करानेवाली (स्वर्चाम्) सुखदायिनी (जिह्वाम्) वाणी, आज्ञा को भी (चक्रषे) प्रकट करता है ॥ शत० ७ । ४ । १ । १५ ॥

ध्रुवासि धरुणास्तृता विश्वकर्मणा ।
मा त्वा समुद्रऽउद्वधीन्मा सुपर्णोऽव्यथमाना पृथिवीं दृꣳह ॥१६॥

आतृण्णा अग्निर्वा देवता । स्वराडार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ।

भा०—हे पृथिवि! हे राजशक्ते! हे स्त्रि! तू (ध्रुवा असि) ध्रुव, सदा निश्चल भाव से रहनेवाली (असि) हो । (धरुणा) तू समस्त लोकों का आश्रय है और तू (विश्वकर्मणा) समस्त उत्तम कर्मों को करने में समर्थ शिल्पियों या प्रजापति, राजा द्वारा (आस्तृता) नाना उत्तम उपयोगी पदार्थों से आच्छादित एवं सुरक्षित रह । (समुद्रः) समुद्र या आकाश (त्वा) तुझको (मा उद्वधीत्) विनाश न करे । (सुपर्णः) उत्तम पालन करने वाले राज्यसाधनों से युक्त राजा भी (त्वा मा उद्वधीत्) तुझे न मारे । तू (अव्यथमाना) स्वयं पीड़ित न होकर (पृथिवीं) पृथिवी को या पृथिवी निवासिनी विशाल प्रजा को (दृंह) बढ़ा ।

यज्ञ में इस मन्त्र से 'आतृण्णा' का स्थापन करते हैं । 'आतृण्णा' पद से ब्राह्मणकार ने पृथिवी, अन्न, प्राण प्रतिष्ठा, स्त्री और पृथ्वीनिवासी लोकों को ग्रहण किया है । अन्नं वै स्वयम् आतृण्णा । प्राणो वै स्वयमातृण्णा । इयं (पृथिवी) स्वयमातृण्णा । या सा प्रतिष्ठा एषा सा प्रथमा स्वयमातृण्णा । इमे वै लोकाः स्वयमातृण्णा । इमे वै लोकाः प्रतिष्ठा ॥ शत० ७ । ४ । २ । १ । १० ॥

स्त्री पक्ष में—हे स्त्रि ! तू ध्रुव हो, तू सब गृहस्थ सुखों का (धरुणा) आश्रय है । तू (विश्वकर्मणा आस्तृता) समस्त धर्म कार्यों के करने वाले

१६—ऊर्ध्वबृहती सर्वा० ।

पति द्वारा सुरक्षित हो (समुद्रः त्वा मा उद्वधीत्) समुद्र के समान उमड़ने वाला कामोन्माद तुझे नाश न करे (सुपर्णः) उत्तम पालक साधनों से सम्पन्न पति भी तुझे न मारे । तू (अव्यथमाना) निर्भय, पीड़ा, कष्ट से रहित रहकर (पृथिवी) पृथिवी के समान अपने शरीर में विद्यमान पुत्र-प्रजननाङ्ग रूप भूमि को (दृंह) वृद्धि कर उनको हृष्ट पुष्ट कर ॥ शत० ७ । ४ । २ । ५ ॥

समुद्र इव हि कामः । नहि कामस्यान्तोऽस्ति न समुद्रस्य । तै० २।२।५।६॥

पृथिवी पक्ष में—वह ध्रुव, स्थिर, सर्वाश्रय है । बड़े शिल्पी उसको बड़े २ महल, सेतु उद्यान आदि आश्चर्यजनक पदार्थों और रक्षा साधन आदि द्वारा सुरक्षित रखें । समुद्र, अन्तरिक्ष और (सुपर्ण) सूर्य और वायु ये पृथ्वी की शक्तियों का नाश न करें । प्रत्युत वह अपनी निवासी प्रजा की ही वृद्धि करे ।

प्र॒जाप॑तिष्ट्वा सादयत्व॒पां पृ॒ष्ठे स॑मु॒द्रस्येम॑न् ।
व्यच॑स्वतीं॒ प्रथ॑स्वतीं॒ प्रथ॑स्व पृथि॒व्य॒सि ॥ १७ ॥

प्रजापतिर्देवता । अनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे पृथिवी निवासिनी प्रजे ! अथवा राज्यशक्ते ! (व्यचस्वतीम्) नाना प्रकार के उत्तम गुणों वाली (प्रथस्वतीम्) उत्तम रूप से विस्तारशील (त्वा) तुझको (प्रजापति) प्रजा का स्वामी (अपां पृष्ठे) जलों के पृष्ठ पर नौका के समान और (समुद्रस्य एमन्) समुद्र के यातव्य, यात्रायोग्य स्थान में (सादयतु) स्थापित करे हे प्रजे ! तू भी (पृथिवी असि) विस्तृत होने से हे राजशक्ते ! तू भी 'पृथिवी' कहाती है ॥ शत० ७।४।२।६॥

स्त्री के पक्ष में—(प्रजापति) प्रजा का पालक पति (समुद्रस्य एमन्) समुद्र के समान अपार कामोपयोगों में भी (अपां पृष्ठे) आप्त पुरुषों के अथवा समस्त कार्यों के (पृष्ठे) आश्रय में (वि-अचस्वतीं)

विविध गुणों से प्रकाशित और (प्रथस्वतीम्) गुणों से विख्यात, प्रजा विस्तार करने हारी तुझको (सादयतु) स्थापित करे उनके बतलाये धर्म-मार्ग पर चलावे। तू (पृथिवी असि) पृथिवी के समान प्रजोत्पत्ति करने हारी है।

भूरसि भूमिरस्यदितिरसि विश्वधाया विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री। पृथिवीं यच्छ पृथिवीं दृꣳह पृथिवीं मा हिꣳसीः ॥ १८ ॥

अग्निर्देवता। प्रस्तारपङ्क्तिः। पञ्चमः ॥

भा०—हे पृथिवि ! हे स्त्रि ! तू (भूः असि) सब को उत्पन्न करने में समर्थ होने से 'भूः' है। (भूमिः असि) सब का आश्रय होने से 'भूमि' है। (अदितिः असि) अखण्डित, अहिंसनीय, अखण्डित बल और चरित्र वाली होने से 'अदिति' है। (विश्वधाया) समस्त प्रजाओं को धारण करने वाली होने से 'विश्वधाया' है। (विश्वस्य भुवनस्य धर्त्री) समस्त 'भुवन', उत्पन्न होने वाले प्राणियों और राज्य कार्यों को धारण पोषण करने हारी है। हे राजन् ! तू इस (पृथिवीं यच्छ) पृथिवी को और हे पते ! तू इस प्रजा को भूमि रूप स्त्री को (यच्छ) नियम में सुरक्षित रख या विवाह कर (पृथिवीम् दृंह) इस पृथिवी को बढ़ा, दृढ़ कर। (पृथिवीं मा हिंसीः) इस पृथिवी को विनाश मत कर, मत मार, पीड़ा मत दे॥ शत० ७। ४। २। ७॥

विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय। अग्निष्ट्वाभिपातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १९ ॥

अग्निर्देवता। भुरिगति जगती। निषादः ॥

भा०—(विश्वस्मै=विश्वस्य) समस्त जंगम संसार के (प्राणाय) प्राण रक्षा, जीवन वृद्धि के लिये, (अपानाय) अपान के लिये या दुःख निवारण के लिये, (व्यानाय) व्यान या विविध व्यवहारों के लिये;

(उदानाय) उदान के लिये और उत्तम बल-प्राप्ति के लिये (प्रतिष्ठायै) प्रतिष्ठा और (चरित्राय) सच्चरित्रता की रक्षा के लिये (त्वा) तेरी (अग्नि.) ज्ञानवान् अग्रणी नायक राजा और यति भी (मह्या) बड़ी (स्वस्त्या) सुख सामग्री से और (शंतमया) अतिशान्तिदायक, कल्याण-कारिणी (छर्दिषा) गृहादि समृद्धि से (अभियातु) सब प्रकार से रक्षा करे, पालन करे। तू भी (तया देवतया) उस देवस्वरूप पति, पालक या राजा के संग (अंगिरस्वत्) अग्नि के समान तेजस्विनी होकर (ध्रुवा) स्थिर, दृढ़ होकर (सीद) विराजमान् हो, प्रतिष्ठा को प्राप्त हो॥ शत० ७। ४। २। ८॥

काण्डा॑त्काण्डात्प्ररोह॑न्ती परु॑षः परुषस्परि॑।
एवा नो॑ दूर्वे॒ प्रत॑नु स॒हस्रे॑ण श॒तेन॑ च ॥ २० ॥

पत्नी दूर्वा देवता। अग्निर्ऋषिः। अनुष्टुप्। गाधारः॥

भा०—हे (दूर्वे) दूर्वे! कभी पराजित न होने वाली अदम्य राजशक्ते! दूर्वा या दूब घास जिस प्रकार (काण्डात् काण्डात्) प्रत्येक काण्ड पर (प्ररोहन्ती) अपने मूल नमाती हुई और (परुष परुष परि), प्रत्येक पोरु २ पर से (प्ररोहन्ती) अपनी जड़ पकड़ती हुई फैलती हैं उसी प्रकार वह राज्यशक्ति भी पृथ्वी पर (काण्डात् काण्डात्) प्रत्येक काण्ड से और (परुष. परुषः) प्रत्येक पोरु से, प्रत्येक अंग और विभाग से, स्थान २ पर दृढ़ आसन या मूल जमाती हुई (सहस्रेण) हज़ारों और (शतेन च) सैकड़ों प्रकार के बलों से (प्रतनु) अपने आप को खूब विस्तृत कर॥ शत० ७। ४। २। १४॥

'दूर्वा'—अयं वाव मा धूर्वीत् इति यदब्रवीद् 'धूर्वीन् मा' इति तस्मात् धूर्वा। धूर्वा ह वै ता दूर्वेत्याचक्षते परोक्षम्॥ शत० ७। ४। २। १२॥

स्त्री पक्ष में—वह स्त्री (काण्डात् काण्डात्) ग्रन्थि २ पर और

पोरु २, पर बढ़ती हुई दूब के समान बराबर दृढ़ मूल होकर सहस्रों शाखाओं से हमारे कुल को बढ़ावे।

या शतेन प्रतनोषि सहस्रेण विरोहसि।
तस्यास्ते देवीष्टके विधेम हविषा वयम् ॥ २१ ॥

दूर्वा पत्नी देवता। अग्निर्ऋषिः। निचृदनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०—हे दूर्वा के समान पृथ्वी पर फैलने वाली राज्यशक्ते! तू (या) जो (शतेन) सैकड़ों बलों से (प्रतनोषि) अपने को विस्तृत करती है और (सहस्रेण) अपने हज़ारों वीर योद्धाओं द्वारा (विरोहसि) विविध रूपों में अपना जड़ जमाती है। हे (देवि) देवि! विजयशीले! धन-दात्रि! (इष्टके) सब को इष्ट या प्रिय लगनेवाली, सबकी व्यवस्था करने वाली (तस्या. ते) उस तेरा (वयम्) हम (हविषा) अन्न आदि, कर आदि रूप में दातव्य और राजा द्वारा उपादेय पदार्थों से या ज्ञानपूर्वक (विधेम) सेवन या विधान या निर्माण करें ॥ शत० ७। ४। २। १५॥

यास्तेऽअग्ने सूर्ये रुचो दिवमातन्वन्ति रश्मिभिः।
ताभिर्नोऽअद्य सर्वाभी रुचे जनाय नस्कृधि ॥ २२ ॥

इन्द्राग्नी ऋषी। अग्निर्देवता। भुरिगनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्विन् राजन्! जिस प्रकार सूर्य में विद्यमान (रुच.) कान्तियां (रश्मिभिः) सूर्य की किरणों से (दिवम्) द्यौलोक को (आतन्वन्ति) घेर लेती हैं उसी प्रकार (या) जो (ते) तेरी (सूर्ये) सूर्य के समान उज्ज्वल, मानास्पद स्वरूप में विद्यमान (रुचः) दीप्तियां, उत्तम ख्यातियां या उत्तम कामनाएं या अभिलाषाएं (रश्मिभिः) सब को प्रकाश देने वाले साधनों से (दिवम् आ तन्वन्ति) प्रकाश को फैलाती हैं (ताभिः सर्वाभिः) उन सब अभिलाषाओं से (अद्य) अब, सदा तू (न.) हमारे और (जनाय) प्रजा जन के (रुचे)

अभिलाषा पूर्त्ति के लिये (कृधि) प्रयत्न कर। और (नः) हमें भी (जनाय रुचे कृधि) प्रजा की अभिलाषा पूर्त्ति के लिये समर्थ कर॥ शत० ७।४।२।२१॥

या वो॑ दे॒वाः सूर्ये॒ रुचो॒ गोष्वश्वे॑षु या रुचः॑।
इन्द्रा॑ग्नी॒ ताभि॒ः सर्वा॑भी॒ रुचं॑ नो धत्त बृहस्पते ॥ २३ ॥

इन्द्राग्नी ऋषी। देवाः इन्द्राग्नी बृहस्पतिश्च देवताः। अनुष्टुप् गाधारः॥

भा०—हे (देवाः) ज्ञानप्रद एवं ऐश्वर्यप्रद विद्वान् पुरुषो ! और राजा लोगो ! (वः) तुम लोगों की (याः) जो (सूर्ये रुचः) सूर्य में विद्यमान दीप्तियों के समान फुरने वाली कान्तियां या अभिलाषाएं या रुचिकर प्रवृत्तियें हैं और (याः रुचः) जो मनोहर लक्ष्मी, सम्पत्तियां (गोषु अश्वेषु) गौओं और अश्वों में हैं (ताभिः सर्वाभिः) उन सब रुचिकर समृद्धियों से हे (इन्द्राग्नी) इन्द्र ! हे अग्ने ! और हे (बृहस्पते) हे सेनापते ! हे राजन् ! हे विद्वन् ब्रह्मन् ! आप सब लोग (नः) हमें (रुचः) समस्त रुचिकर सम्पत्तियां (धत्त) प्रदान करें॥ शत० ७।४।२।२१॥

वि॒राड्ज्योति॑रधारयत्स्व॒राड्ज्योति॑रधारयत्।
प्र॒जाप॑तिष्ट्वा सादयतु पृ॒ष्ठे पृ॑थि॒व्या ज्योति॑ष्मतीम्।
विश्वे॑स्मै प्रा॒णाया॑पा॒नाय॑ व्या॒नाय॒ विश्वं॒ ज्योति॑र्यच्छ।
अ॒ग्निष्टेऽधि॑पति॒स्तया॑ दे॒वत॑याङ्गिर॒स्वद् ध्रु॒वा सी॑द ॥ २४ ॥

विराट् स्वराट्। प्रजापतिरग्निश्च देवता.। निचृद् बृहती। ऋषभः॥

भा०—(विराट्) विविध प्रकारों से और विविध ऐश्वर्यों से प्रकाशमान विराट्, पृथिवी जिस प्रकार (ज्योतिः) अग्नि को या सूर्य के तेज को अपने भीतर (अधारयत्) धारण करती है उसी प्रकार (विराट्) विविध गुणों से कान्तिमती विराट् पत्नी (ज्योतिः) अपने पति के तेजस्वरूप वीर्य को धारण करती है।

(स्वराट् ज्योति अधारयत्) स्वयं अपने प्रकाश से दीप्त होने वाला सूर्य जिस प्रकार (ज्योतिः अधारयत्) तेज को धारण करता है उसी प्रकार अपने वीर्य या बाहु पराक्रम से प्रकाशमान राजा और अपने गुणों से प्रकाशमान पति, पुरुष भी तेज को धारण करे। हे पति! (त्वा ज्योतिष्मतीम्) तुझ उत्तम तेज से सम्पन्न को (प्रजापतिः) प्रजा का पालक (पृथिव्याः पृष्ठे सादयतु) पृथिवी के पृष्ठ पर स्थापित करे। अथवा पति तुझ उत्पादक भूमि मे वीर्य आधान करे। इसी प्रकार (प्रजापतिः) प्रजा का पालक राजा हे प्रजे! (त्वा ज्योतिष्मतीम्) तुझ ऐश्वर्य वाली को (पृथिव्याः पृष्ठे) पृथ्वी-तल पर (सादयतु) बसावे। (विश्वस्मै प्राणाय अपानाय व्यानाय) सब प्रजाजनों के प्राण, अपान और व्यान इन शक्तियों की वृद्धि के लिये यत्न करे। हे राजन्! तू (विश्वं ज्योतिर्यच्छ) सब प्रकार का तेज प्रदान कर। हे पृथिवि! हे पत्नि! (ते अधिपतिः) तेरा अधिपति, स्वामी, (अग्निः) अग्नि या सूर्य के समान हो। (तया देवत्या) उस देवस्वभाव अधिपति के साथ या देव, राजागण के संग तू भी (अंगिरस्वत्) अग्नि के समान देदीप्यमान विद्वान् शिल्पियो से समृद्ध होकर (ध्रुवा) स्थिर होकर (सीद) विराज॥ शत० ७।४।२।२३।२८॥

इसी प्रकार स्त्री (अस्मै विश्वं ज्योति) अपने पति के समस्त सर्वाङ्ग तेजोरूप वीर्य को प्रजा के प्राण, अपान व्यान के लिये नियम मे रक्खे।

[1]मधुश्च माधवश्च वासन्तिकावृतू ऽअग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामापऽओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। [2]ये ऽअग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी ऽइमे वासन्तिकावृतू ऽअभिकल्पमाना ऽइन्द्रमिव देवा ऽअभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥२५॥

ऋतवो देवता। (१) भुरिगति जगती। निषाद। (२) भुरिग् ब्राह्मी बृहती। मध्यम॥

२५—'वासन्तिका ऋ०' इति काण्व०।

भा०—(मधु च) मधु और (माधवः च) माधव अर्थात् चैत्र और वैशाख के दोनों (वासन्तिकौ ऋतू) वसन्त के दो ऋतु अर्थात् मास रूप से दो स्वरूप है। ये दोनों जिस प्रकार सवत्सर स्वरूप अग्नि के बीच में (श्लेषः) जोड़ने वाले हैं, उसी प्रकार मधु के समान मधुर गन्ध और पुष्प युक्त और माधव या वैशाख के समान फलोत्पादक दोनो प्रकार के पुरुष मानो (अग्ने) राजा रूप प्रजापति के दोनों वसन्त ऋतु के दो मासो के समान उसके (अन्त) भीतर (श्लेष असि) स्नेहशील होते है और दो राजाओं के बीच सन्धि कराने मे कुशल होते हैं। इनके द्वारा ही (द्यावापृथिवी) सूर्य और भूमि के समान नर और नारी, राजा और प्रजा (कल्पेताम्) कार्य करने मे समर्थ होते हैं। (आप ओषधयः कल्पन्ताम्) और जिस प्रकार वसन्त के दोनों मासो के द्वारा सम्पूर्ण ओषधियां वीर्यवान् होती हैं उसी प्रकार वीर्यवती बलवती वीर प्रजायें भी मधु माधव के समान पुष्प-फलजनक हो और प्रजाएं भी कार्य-कारण को देख परस्पर सन्धि के कराने वाले सदस्य जनो के द्वारा समर्थ होती हैं। और जैसे वसन्त के दोनों मास ज्येष्ठ मास में होने वाले ओषधि आदि के कारण होते है उसी प्रकार सभी (अग्नय.) अग्नि के समान तेजस्वी विद्वान् लोग (मम) मेरे—मुझ राजा के सर्वश्रेष्ठ पदाधिकार की प्राप्ति और रक्षा के लिये (सव्रता.) समान कार्य मे दीक्षित होकर (पृथक्) अलग २ भी (कल्पन्ताम्) अपना २ कार्य करने मे समर्थ हों। और (ये) जो (द्यावापृथिवी) द्यौ और भूमि दोनो के बीच या राजा और प्रजा के बीच में (समनस) एक समान चित्त वाले, प्रेमी (अग्नय) विद्वान् पुरुष हैं वे सब भी (वासन्तिकौ ऋतू) वसन्त काल के दो मास चैत्र वैशाख के समान मधुर गुणों से युक्त होकर राजा के लिये सुखकारी और (अभिकल्पमाना) सामर्थ्यवान् होकर (देवा. इन्द्रम् इव) प्राणगण जिस प्रकार आत्मा के आश्रय पर रहते हैं उसी प्रकार वे सब अग्नि स्वभाव तेजस्वी विद्वान् सदस्य और माण्डलिक राजगण भी (इन्द्रम् अग्निम् सं विशन्तु) बड़े सम्राट् के चारों

ओर विराजें । हे (ध्रुवे) द्यौ और पृथिवी ! हे राज प्रजागण ! (तया देवतया) उस महान् देव, राजा से और उस राजगण से तू (अङ्गिरेस्वत्) तेजस्वी और पूर्णाङ्ग होकर तुम दोनों (सीदतम्) स्थिर होकर विराजो ॥ शत० ७ । ४ । २ । २६ ॥

अषाढासि सहमाना सहस्वारातीः सहस्व पृतनायतः ।
सहस्रवीर्य्यासि सा मां जिन्व ॥ २६ ॥

देवा सविता वा ऋषि । क्षत्रपतिरषाढा देवता । निचृदनुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—हे सेने ! तू (अषाढ़ा असि) शत्रु से कभी पराजित न होने वाली होने से 'अषाढ़ा', असह्य पराक्रम वाली है । तू (सहमाना) विजय करती हुई (अरातीः) कर न देने वाली शत्रुओं को (सहस्व) विजय कर । और (पृतनायत.) अपनी सेना बनाकर हम से युद्ध करना चाहने वालों को भी (सहस्व) पराजित कर । तू (सहस्रवीर्यासि) सहस्रों वीर पुरुषों के बलों से युक्त है । (सा) वह तू (मा) मुझ राष्ट्रपति और क्षत्र-पति को (जिन्व) हृष्ट पुष्ट कर ॥ शत० ७ । ४ । २ । ३३ । ३० ॥

गृहस्थ में—स्त्री भी शत्रु द्वारा असह्य हो, वह सब विरोधियों को दबा कर पति को प्रसन्न करे । अध्यात्म में—अषाढा=वाक् ।

मधु वाता ऽऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः ।
माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः ॥ २७ ॥ ऋ० १ । ९० । ६ ॥

गोतम ऋषिः । विश्वेदेवा देवता. । निचृद्गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(मधु) मधुर (वाताः) वायुएं (ऋतायते) जल के समान शीतल लगें । अथवा (ऋतायते) सत्य, ज्ञान, यज्ञ की, ब्रह्मचर्य की साधना या कामना करने वाले के लिये (वाता) वायुएं और (सिन्धवः) समुद्र भी (मधु क्षरन्ति) मधुर रस ही बहाते हैं । (नः) हमें (ओषधी·) ओषधियें भी (माध्वी) मधुर रस से पूर्ण (सन्तु) हों ॥ शत०७।५।१।३।४ ॥

२६—अत पर । १२ । १६ । मन्त्रः पठ्यते काण्व० ।

मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवꣳ रजः ।
मधु द्यौरस्तु नः पिता ॥ २८ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(नक्तम्) रात्रि (न) हमारे लिये (मधु) मधुरता (उत) और (उषसः) प्रभात समय भी हमें मधुर हों। (पार्थिव रजः) पृथिवी लोक अथवा पृथिवी की धूलि भी (मधुमत्) हमें मधुर मधु के समान सुखप्रद हो । (नः) हमारे पिता के समान पालक (द्यौः) प्रकाशमान सूर्य या आकाश, अन्तरिक्ष भी (नः मधु अस्तु) हमें मधुर हो ॥ शत० ७ । ५ । १ । ३ । ४ ॥

मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ२ऽ अस्तु सूर्य्यः ।
माध्वीर्गावो भवन्तु नः ॥ २९ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(वनस्पतिः) पीपल, वट, आम्र आदि वृक्ष (नः) हमारे लिये (मधुमान्) मधु के समान मधुर गुण वाले आनन्दप्रद, रोगनाशक हों । (सूर्यः मधुमान् अस्तु) सूर्य हमें मधु के समान मधुर गुण वाला, पुष्टिकर अन्नप्रद हो (नः गावः) किरणें, गौवें और पृथिवियें (माध्वीः भवन्तु) मधुर सुख, अन्न, रस वहाने वाली हों ॥ शत० ७।५।१।३।४॥

अपां गम्भन्त्सीद मा त्वा सूर्योऽभिताप्सीन्माग्निर्वैश्वानरः ।
अच्छिन्नपत्राः प्रजा ऽअनुवीक्षस्वानु त्वा दिव्या वृष्टिः सचताम् ॥३०॥

कूर्मः प्रजापतिर्देवता । आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे पुरुष ! प्रजापते ! राजन् ! तू (अपां गम्भन्) जलों को धारण करने वाले मेघ या सूर्य के समान प्रजाओं और आप्त पुरुषों को वश करने वाले राजपद पर (सीद) विराजमान हो । (सूर्यः) सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष तुझ से अधिक बलवान् पुरुष भी (त्वा मा अभि-

ताप्सीत्) तुझे संतापित या पीड़ित न करे । (वैश्वानरः) समस्त विश्व का हितकारी नायक (अग्निः) प्रजा का अग्रणी नायक भी (मा) तुझे मत सतावे । तू केवल (प्रजाः) प्रजाओं को (अच्छिन्नपत्राः) विना किसी प्रकार के आघात पाये, सर्वाङ्ग, हृष्ट पुष्ट (अनुवीक्षस्व) सुखी देख उनको कटे मुंडे वृक्ष लतादि के समान हीन, क्षीण, दुखी, पीड़ित मत होने दे । (त्वा अनु) तेरे अनुकूल ही (दिव्या वृष्टिः) आकाश से होने वाली वृष्टि और सुखदायी पदार्थों की वृष्टि भी (सचताम्) प्राप्त हो ॥ शत० ७ । ५ । १ । ८ ॥

त्रीन्त्संमुद्रान्त्समंसृपत् स्वर्गानपां पतिर्वृषभ इष्टकानाम् । पुरीषं वसानः सुकृतस्य लोके तत्र गच्छ यत्र पूर्वे परेताः ॥३१॥

वरुणो देवता । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे सूर्य ! प्रजापते ! तू (त्रीन्) तीन (स्वर्गान्) सुखदायी (समुद्रान्) समस्त पदार्थों के उत्पादक तीनों लोको और तीनों कालों को (सम् असृपत्) व्याप्त होता है । तू ही (इष्टकानाम्) समस्त अभीष्ट सुख साधनों का या अभीष्ट (अपाम्) जलों के वर्षक मेघ के समान प्रजाओं का (पतिः) पालक (वृषभः) सब सुखों का वर्षक है । तू (पुरीषं वसान.) मेघ जिस प्रकार जल को धारण करता हुआ जाता है उसी प्रकार तू भी पुरुष, पशु समृद्धि को धारण करता हुआ (सुकृतस्य) पुण्य के (तत्र) उस (लोके) लोक या पद या प्रतिष्ठा को (गच्छ) प्राप्त हो (यत्र) जहां (पूर्वे) पूर्व के (परेताः) परम पद को प्राप्त उत्तम पुरुष जाते हैं ॥ शत० ७ । ५ । १ । ९ ॥

मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम् ।
पिपृतां नो भरीमभिः ॥ ३२ ॥

ऋ० १ । २२ । १३ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ८ । ३३ ॥ शत० ७ । ५ । १ । १० ॥

विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे ।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥ ३३ ॥ ऋ० १ । २२ । १६ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ६ । ४ ॥ शत० ७ । ५ । १ । १० ॥

ध्रुवासि धरुणेतो जज्ञे प्रथममेभ्यो योनिभ्यो ऽअधिजातवेदाः ।
स गायत्र्या त्रिष्टुभानुष्टुभा च देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन् ॥३४॥

उखा वा जात वेदा वा देवता । भुरिक् त्रिष्टुप । धैवत ॥

भा०—हे पृथिवी ! एव हे स्त्रि ! (त्व ध्रुवा असि) तू ध्रुवा, स्थिर रहने वाली है । तू (धरुणा) जगत् के समस्त प्राणियों का आश्रय है । (जातवेदाः) धनसम्पन्न और विद्वान् ज्ञानसम्पन्न पुरुष (प्रथमम्) पहले (इत) इससे ही हुआ है । वह (प्रजानन्) उत्कृष्ट ज्ञानवान् होकर ही और (अधि) बाद मे (एभ्य. योनिभ्य.) इन उत्पत्ति स्थानो से (जज्ञे) उत्पन्न होता है । (गायत्र्या) गायत्री (त्रिष्टुभा) त्रिष्टुप् और (अनुष्टुभा च) अनुष्टुप् इन छन्दों से ही (देवेभ्य) देव-विद्वान् पुरुषों के लिये (हव्यम्) अन्नादि उपादेय पदार्थ को (वहतु) प्राप्त करावे ।

अथवा-गायत्री-ब्राह्म-बल । त्रिष्टुप्-क्षात्र-बल और अनुष्टुप्-सर्वसाधारण प्रजा का बल । इन तीनों से समस्त (हव्यानि) उपादेय भोग्य ऐश्वर्यों को प्राप्त कर । विद्वान् देवों, राजाओं को प्राप्त करावें ॥ शत० ७ । ५ । १ । २० ॥

स्त्री के पक्ष में-स्त्री ध्रुव और गृहस्थ का आश्रय है । यह पुरुष (प्रथमम् इत. जज्ञे) प्रथम इस माता से उत्पन्न होता है । और फिर (एभ्यः योनिभ्यः) इन गुरु आदि आश्रयस्थानो से उत्पन्न होता है ।

इषे राये रमस्व सहसे द्युम्न ऽऊर्जे अपत्याय ।
सम्राडसि स्वराडसि सारस्वतौ त्वोत्सौ प्रावताम् ॥ ३५ ॥

उखा, प्रजापतिर्जातवेदा वा देवता । निचृद् बृहती । मध्यमः ॥

३५—'सम्राळसि' 'स्वराळसि' इति काण्व० ।

भा०—हे प्रजापते ! पुरुष ! हे राजन् ! तू (इषे) अन्न, (राये) ऐश्वर्य, (सहसे) बल, (द्युम्ने) तेज वा यश और (ऊर्जे) पराक्रम और (अपत्याय) सन्तान के लाभ के लिये तू (रमस्व) यत्न कर, इसी प्रकार हे स्त्री ! एवं पृथिवीनिवासिनि प्रजे ! तू भी इस अपने प्रजापति राजा और पति के साथ अन्न, धन, बल, यश, पराक्रम और सन्तान के लाभ के लिये (रमस्व) क्रीड़ा कर, उसके साथ प्रसन्नता पूर्वक रह। हे राजन् ! तू (सम्राड् असि) सम्राड् है। तू (स्वराड् असि) हे स्त्री ! हे पृथिवी ! तू स्वराट् स्वयं प्रकाशमान है। (सारस्वतौ उत्सौ) सरस्वती, वेद ज्ञान के दोनों निकास, मन और वाणी राष्ट्र के नर और नारी, पृथिवी के जड़ और चेतन, अध्यापक और उपदेशक दोनों प्रकार के पदार्थ, (त्वा) तेरी (प्र अवताम्) खूब रक्षा करें ॥ शत ७ । ५ । १ ॥ ३१ ॥

मनो वा सरस्वान् वाक् सरस्वती। एतौ सारस्वतावुत्सौ ॥ द्वयं हवैतद्रूपं स्वचापश्च ॥ शत० ७ । ७ । ५ । १ । २१ ॥

अग्ने युक्ष्वा हि ये तवाश्वासो देव साधवः ।
अरं वहन्ति मन्यवे ॥ ३६ ॥

भारद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) शत्रु संतापक राजन् ! हे (देव) विद्वन्, विजिगीषो ! (ये) जो (तव) तेरे (साधवः) कार्यसाधक (अश्वास:) अश्व (मन्यवे) शत्रु के स्तम्भन करने के लिये, उस पर आये क्रोधशमन करने के लिये रथादि को (अरं वहन्ति) खूब अच्छी प्रकार वहन करते हैं उनको (युक्ष्वा) रथ में नियुक्त कर। और हे देव ! राजन् ! हे पुरुष ! जो तेरे कार्यसाधक अश्वों को समान व्यापक, गतिशील प्राण हैं या (साधव) उत्तम पुरुष हैं जो (मन्यवे अरं वहन्ति) मन्यु अर्थात् मनन करने योग्य ज्ञान तक पर्याप्त रूप से पहुंचाते हैं उनको (युंक्ष्व)

राज्य कार्य में नियुक्त कर और प्राणों को योग्याभ्यास में नियुक्त कर॥ शत० ७।५।१।२।३॥

युद्वा हि देवहूतमाँ२ऽ अश्वाँ२ऽ अग्ने र॒थीरि॑व।
नि होता॑ पू॒र्व्यः स॑दः॥ ३७॥ ऋ० ८।६४।१॥

विरूप ऋषि । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री । षड्जः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने! अग्रणी! नायक! राजन्! (रथीः) रथ का स्वामी जिस प्रकार (अश्वान्) घोड़ों को रथ में जोड़ता है उसी प्रकार (देवहूतमान्) विद्वानों द्वारा शिक्षाप्राप्त पुरुषों और उत्तम गुण विद्या प्रकाशादि को ग्रहण करने वाले योग्य, शिक्षित पुरुषों को (युद्वा हि) निश्चय से अपने राज्य-कार्य में नियुक्त कर। तू ही (पूर्व्यः) सब पूर्व के विद्वानों द्वारा शिक्षित अथवा सब से पूर्व, अग्रासन पर विद्यमान (होता) सर्व ऐश्वर्यों का दाता या ग्रहीता होकर (नि षदः) नियत, उच्च आसन पर विराजमान् हो॥ शत० ७।५।१।३३॥

स॒म्यक् स्र॑वन्ति स॒रितो॒ न धेना॑ऽअ॒न्तर्हृ॒दा मन॑सा पू॒यमा॑नाः।
घृ॒तस्य॒ धारा॑ऽअ॒भिचा॑कशीमि हि॒र॒ण्ययो॑ वेत॒सो मध्ये॑ऽअ॒ग्नेः॥ ३८॥
ऋ० ६।५८।६॥

अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवत॥

भा०—(सरितः न) जिस प्रकार नदियें या जल-धाराएं बहती हैं उसी प्रकार (अन्तः) भीतर (हृदा) धारणशील हृदय और (मनसा) मननशील चित्त से (पूयमानाः) पवित्र की हुई (धेनाः) वाणियें भी (सम्यक्) भली प्रकार से विद्वान् पुरुष के मुख से (सरितः न) जल-धाराओं के समान (स्रवन्ति) प्रवाहित होती हैं। यह आत्मा (हिरण्ययः) सुवर्ण के समान देदीप्यमान, तेजोमय, अति रमणीय (वेतसः) दण्ड के समान है। अथवा वह भोक्ता स्वरूप है। उससे निकलती या उठती ज्ञान-

धाराओं को भी (अग्नेः मध्ये) आग के बीच में (घृतस्य धाराः) घृत की धाराओं के समान अति उज्वल ज्वाला रूप में परिणत होती हुई (अभिचाकशीमि) देखता हूं । अथवा—मैं (हिरण्यय) अभि (रमणीय) तेजस्वी पुरुष उन वाणियों को अग्नि के बीच में (वेतस) वेग से पड़ती (घृतस्य धारा.) घृत की धाराओं के समान, अथवा—(अग्ने.) विद्युत् के बीच में से निकलती (घृतस्य धारा इव) जल की धाराओं के समान देखता हूं ॥ शत० ७ । ५ । २ । १ ॥

ऋचे त्वा॑ रु॒चे त्वा॑ भा॒से त्वा॒ ज्योति॑षे त्वा ।
अभू॑दि॒दं विश्व॑स्य॒ भुव॑नस्य॒ वाजि॑नम॒ग्नेर्वै॑श्वान॒रस्य॑ च ॥३९॥
ऋ० ६ । ५८ । ५ ॥

अग्निर्देवता । निचृद् बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे पुरुष ! (त्वा) तुझ के (ऋचे) यथार्थ ज्ञान के लिये, (त्वा रुचे) तुझ को कान्ति, यथोचित प्रीति का और अभिलाषा पूर्ति के लिये, (भासे त्वा) दीप्ति के लिये, (ज्योतिषे त्वा) तेज को प्राप्त करने के लिये प्राप्त करता हूं । (इदं) यह (विश्वस्य भुवनस्य) समस्त विश्व का (वाजिनम्) प्रेरक बल है और यही (अग्ने.) ज्ञानवान् और (वैश्वानरस्य) समस्त नरों या नेताओं में व्यापक रूप से विद्यमान प्रजापति के भी (वाजिनम्) वीर्य या उनके समस्त वाणी का ज्ञान करने वाला है ॥ शत० ७ । ५ । २ । १२ ॥

अ॒ग्निर्ज्योति॑षा॒ ज्योति॑ष्मान् रु॒क्मो वर्च॑सा॒ वर्च॑स्वान् ।
स॒ह॒स्र॒दा ऽअ॑सि स॒हस्रा॑य त्वा ॥ ४० ॥

अग्निर्देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभ ॥

भा०—हे (अग्ने) तेजस्विन् ! राजन् ! अग्ने ! तू (ज्योतिषा) तेज से (ज्योतिष्मान्) तेजस्वी होने से (अग्नि) 'अग्नि' है । (वर्चसा) कान्ति

से (वर्चस्वान्) कान्तिमान् होने के कारण (रुक्मः) 'रुक्म', सुवर्ण के समान 'रुक्म' कान्तिमान् है। तू (सहस्रदा असि) सहस्रों ऐश्वर्यों और ज्ञानों का देने वाला है। (त्वा) तुझे (सहस्राय) अनन्त ऐश्वर्यों और ज्ञानों की रक्षा और प्राप्ति के लिये नियुक्त करता हूं॥ शत० ७।५।२।१२।१३॥

आदित्यं गर्भं पयसा समङ्ग्धि सहस्रस्य प्रतिमां विश्वरूपम्। परिवृङ्धि हरसा माभि मंस्थाः शतायुषं कृणुहि चीयमानः ॥४१॥

अग्निर्देवता। निचृत् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—व्याख्या देखो० १२। ६१॥ शत० ७।५।२।१७॥

वातस्य जूतिं वरुणस्य नाभिमश्वं जज्ञानꣳसरिरस्य मध्ये। शिशुं नदीनाꣳ हरिमद्रिबुध्नमग्ने मा हिꣳसीः परमे व्योमन् ॥४२॥

अग्निर्देवता। निचृत् त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान तेजस्विन्! राजन्! विद्वन्! (वातस्य जूतिम्) वायु के वेग को जिस प्रकार कोई विनाश नहीं करता, इसी प्रकार वायु के वेग के समान इसे भी (परमे व्योमन्) परम आकाश या परम रक्षाकार्याधिकार, राजत्व पद में स्थित (वरुणस्य नाभिम्) जलमय समुद्र के बांधने वाले (हरिम्) आकर्षण वेग के समान ज्ञानमय, दूसरों को पापों से वारण करने वाले आचार्य, (नाभिम्) बांधने वाले, उसके आश्रय और (सरिरस्य) जल के (मध्ये) बीच में से उत्पन्न सूर्य के समान प्रजा जनों के बीच या सेना सागर के बीच में (जज्ञान) पैदा होने वाले, (नदीना) नदियों के समान अति समृद्ध, नित्य दुग्ध पिलानेवाली माताओं के बीच (शिशुम्) बालक के समान अति गुप्त रूप से व्यापक, (अद्रिबुध्नम्) मेघ के आश्रयभूत वायु, अवकाश के समान अति व्यापक, (हरिम्) हरणशील यन्त्रों, रथों और राष्ट्रों के सञ्चालन में समर्थ अश्व और विद्वान् को (मा हिंसीः) मत विनाश कर॥ शत० ७।५।२॥ १८॥

अजस्रमिन्दुमरुषं भुरण्युमग्निमीडे पूर्वचित्तिं नमोभिः ।
स पर्वभिर्ऋतुशः कल्पमानो गां मा हिᳬसीरदितिं विराजम् ॥४३॥

अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अजस्रम्) अहिंसक और अविनाशी (इन्दुम्) ऐश्वर्यवान्, जल के समान शीतल और स्वच्छ (अरुषम्) रोषरहित, (भुरण्युम्) सब के पोषक (पूर्वचित्तिम्) पूर्ण ज्ञानवान् (अग्निम्) ज्ञानवान् परमेश्वर या राजा को (नमोभि.) नमस्कारों द्वारा (ईडे) मैं स्तुति करता हूं। अथवा (नमोभिः पूर्वचित्तिम्) अन्नों द्वारा पूर्व ही संग्रह करने वाले धनाढ्य पुरुष को मैं (ईडे) प्राप्त करूं। (स) वह तू (पर्वभिः) पालनकारी सामर्थ्यों से (ऋतुशः) सूर्य जिस प्रकार अपने ऋतु से सबको चलाता है उसी प्रकार राजा (ऋतुभिः) अपने राजसभा के सदस्यों से (कल्पमानः) सामर्थ्यवान् होता है। वह तू (विराजम्) विविध पदार्थों, गुणों से प्रकाशित (गाम्) गौ और पृथिवी को (मा हिंसीः) मत विनष्ट कर ॥ शत० ७ । ५ । २ । १६ ॥

'पूर्वचितिम्' इति दयानन्द सम्मतः पाठ 'पूर्वचित्तिम्' इति सर्वत्र ।

वरूत्रीं त्वष्टुर्वरुणस्य नाभिमविं जज्ञानाᳬ रजसः परस्मात् ।
महीᳬसाहस्रीमसुरस्य मायामग्ने मा हिᳬसीः परमे व्योमन् ॥४४॥

अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(त्वष्टुः) समस्त ससार को गढ़ने वाले परमेश्वर की (वरूत्रीम्) वरण करने वाली उसी को एक मात्र अपना आश्रय स्वीकार करने वाली, (वरुणस्य नाभिम्) जगत् के मूलकारण रूप जल के (नाभिम्) बन्धनकारिणी, उसको स्तम्भन करने में समर्थ, (परस्मात्) सबसे उत्कृष्ट (रजसः) लोक, परमपद परमेश्वर से ही (जज्ञानाम्) प्रादुर्भूत होने वाली (असुरस्य) मेघ के समान सबको प्राण देने में समर्थ, सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की (महीम्)

बड़ी भारी (साहस्रीम्) असंख्य शक्तियों से युक्त समस्त जगत् की उत्पादक, (अविम्) वस्त्रादि से भेड़ के समान सबकी पालक, (मायाम्) निर्माण करनेवाली शक्ति या सब ज्ञानों को ज्ञापन कराने वाली परमेश्वरी शक्ति को (अग्ने) हे ज्ञानवन् विद्वन् ! तू (परमे व्योमन्) परम, सब से ऊंचे पद पर विराज कर (मा हिंसीः) विनाश मत कर ॥ शत० ७ । ५ । २ । २० ॥

यो ऽअग्निरग्नेरध्यजायत शोकात्पृथिव्या ऽउत वा दिवस्परि । येन प्रजा विश्वकर्मा जजान तमग्ने हेडः परि ते वृणक्तु ॥ ४५॥

अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—(यः) जो (अग्निः) ज्ञानवान् पुरुष (अग्नेः अधि) एक दूसरे उत्कृष्ट परम ज्ञानी पुरुष के संग से, अग्नि से दीप्त अग्नि और दीपक से जलाये गये दीपक के समान ज्ञानवान् (अधि अजायत) होता है। और जो (पृथिव्याः शोकात्) पृथिवी और माता के तेज से (उत) और जो (दिव. शोकात्) तेजस्वी सूर्य या पिता के तेज से (परि अजायत) सर्वत्र प्रकाशमान है। (येन) जिसके द्वारा (विश्वकर्मा) समस्त कार्यों का कर्त्ता धर्त्ता प्रजापति राजा (प्रजाः) समस्त प्रजाओं को (जजान) उत्तम बनाता है (तम्) उस विद्वान् पुरुष को हे (अग्ने) राजन् ! परसंतापक ! (ते हेडः) तेरा क्रोध और अनादर (परि वृणक्तु) छोड़ दे अर्थात् उसके प्रति तू न क्रोध कर न उसका अनादर कर। अर्थात् विद्वान् शिष्य स्नातक और योग्य माता और तेजस्वी पिता के विद्वान् पुत्र के प्रति राजा कभी अनादर न करे ॥ शत० ७ । ५ । २ । २ । २१ ॥

ईश्वर-पक्ष में—(य· अग्नेः अधि अग्निः अजायत) जो ज्ञानवान योगी से भी अधिक ज्ञानवान् है। (य शोकात् पृथिव्या· उत दिवः परि अजायत) और जो अपने तेज से पृथिवी और सूर्य के भी ऊपर अधिष्ठाता रूप से है, और (येन) जिस तेज से (विश्वकर्मा) विश्व का स्रष्टा प्रजा-

पति (प्रजाः जजान) प्रजाओं को उत्पन्न करता है (तम्) उस परमेश्वर के प्रति हे विद्वान् पुरुष ! (ते हेड परिवृणक्तु) तेरा अनादर भाव न हो ॥

चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः ।
आ प्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षꣳ सूर्य्यऽआत्मा जगतस्तस्थुषश्च४६

ऋ० १ १ । ५ ॥ १ ॥

सूर्यो देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—जो (देवानाम्) पृथिवी आदि का एक मात्र (चित्रं) संचित, (अनीकम्) बलस्वरूप होकर (उत् अगात्) उदय को प्राप्त होता है । और जो (मित्रस्य) मित्र, सूर्य, प्राण (वरुणस्य) जल, उदान और मृत्यु का भी (चक्षु) ज्ञापक है और जो (द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी, प्रकाश और अन्धकार से युक्त दोनों प्रकार के लोकों को और (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष को भी (आ अप्राः) सब प्रकार से व्यापता और पूर्ण कर रहा है । वह (सूर्यः) सूर्य के समान (जगत) जंगम और (तस्थुष. च) स्थावर सबका (आत्मा) आत्मा सर्वान्तर्यामी, सबका प्रेरक धारक है ॥ शत० ७ । ५ । २ । २७ ॥

इमं मा हिꣳसीर्द्विपादं पशुꣳ सहस्राक्षो मेधाय चीयमानः ।
मयुं पशुं मेधमग्ने जुषस्व तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद ।
मयुं ते शुगृच्छतु यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ ४७ ॥

अग्निर्देवता । विराड् ब्राह्मी पक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! हे पुरुष ! तू (मेधाय) सुख प्राप्त करने के लिये (चीयमान) निरन्तर बढ़ता हुआ (इमं) इस (द्विपादं) दोपाये पुरुष को और (पशुं) उसके उपयोगी चौपाये पशु को भी (मा हिंसीः) मत नाश कर, मत मार । हे (अग्ने) ज्ञानवन् ! नेतः ! तू (मेधम्)

४७—'सहस्राक्ष मेधा या' इति काण्व ।

पवित्र अन्न उत्पन्न करनेवाले (मयुं पशुम्) जंगली पशु को भी (जुषस्व) प्रेम कर, उसकी वृद्धि चाह। और (तेन) उससे भी (चिन्वानः) अपनी सम्पत्ति को बढ़ाता हुआ (तन्वः) अपने शरीर के बीच मे हृष्ट पुष्ट होकर (निषीद) रह। (ते शुक्) तेरा संतापकारी क्रोध या तेरी पीड़ा भी (मयुम्) हिंसक जंगली पशु को (ऋच्छतु) प्राप्त हो। और (यं द्विष्मः) जिससे हम प्रेम नहीं करते (तं) उसको (ते) तेरा (शुक्) संतापकारी क्रोध या तेरी पीड़ा (ऋच्छतु) प्राप्त हो ॥ शत० ७।५।२।३२॥

इमं मा हिंꣳसीरेकशफं पशुं कनिक्रदं वाजिनं वाजिनेषु ।
गौरमारण्यमनु ते दिशामि तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद ।
गौरं ते शुगृच्छतु यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ ४८ ॥

भा०—हे पुरुष ! (इमं) इस (कनिक्रदं) हर्ष से ध्वनि करने या हिनहिनाने वाले या सब प्रकार के कष्ट सहने में समर्थ (एकशफं) एक खुर के (वाजिनेषु) वेगवान्, या संग्रामोपयोगी पशुओं के बीच सब से अधिक (वाजिनम्) वेगवान् अश्व, गधे, खच्चर आदि (पशुं) पशु को (मा हिंसीः) मत मार (आरण्यम् गौरम्) जंगल के गौर नामक बारह सिंगे को लक्ष्य करके (ते अनु दिशामि) तुझे मैं यह उपदेश करता हूं कि (तेन चिन्वानः) उसकी वृद्धि से भी तू अपनी वृद्धि करता हुआ (तन्वः निषीद) अपने शरीर की रक्षा कर। (ते शुक्) तेरा शोक, संताप या क्रोध भी (गौरम् ऋच्छतु) उस गौर नामक, खेती को हानि पहुचाने वाले मृग को प्राप्त हो। (यं द्विष्मः) जिसके प्रति हमारी प्रीति नहीं है (ते शुक्) तेरा शोक, संताप या क्रोध (तम् ऋच्छतु) उसको ही प्राप्त हो ॥ शत० ७।५।२।३३॥

इमꣳसाहस्रꣳ शतधारमुत्सं व्यच्यमानꣳ सरिरस्य मध्ये ।
घृतं दुहानामदितिं जनायाग्ने मा हिꣳसीः परमे व्योमन् ।
गवयमारण्यमनु ते दिशामि तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद ।

गवयं ते शुगृच्छतु यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ ४९ ॥

अग्निर्देवता । कृति । निषादः ॥

भा०—(सरिरस्य मध्ये) आकाश, अन्तरिक्ष के बीच में (व्यच्यमानं) विविध प्रकार से फैलने वाले (शतधारम्) सैकड़ों धार बरसाने वाले (उत्सं) आश्रय, सोमरूप मेघ के समान (सरिरस्य मध्ये व्यच्यमानम्) लोक में विद्यमान सैकड़ों को धारक पोषक और (साहस्रम्) हज़ारों सुखप्रद पदार्थों के उत्पादक (इमम्) इस बैल को और (जनाय) मनुष्यों के हित के लिये (घृतम्) घी, दूध, अन्न आदि पुष्टिकारक पदार्थ (दुहानाम्) प्रदान करने वाली (अदितिम्) अहिंसनीय, पृथिवी के समान गौ को भी हे (अग्ने) राजन् ! (परमे व्योमन्) अपने सर्वोत्कृष्ट रक्षा स्थान में या अपने रक्षण कार्य में तत्पर होकर (मा हिंसीः) मत मार । (ते) तुझे मैं (गवयम् आरण्यम्) जंगली पशु गवय का (अनु दिशामि) उपदेश करता हूं । (तेन) उससे (चिन्वान) अपनी ऐश्वर्य की वृद्धि करता हुआ (तन्व निषीद) अपने शरीर को स्थिर कर । (ते शुक् गवयम् ऋच्छतु) तेरा शोक, संताप या क्रोध 'गवय' नाम के पशु को प्राप्त हो । और (यं द्विष्म. तं ते शुक् ऋच्छतु) जिस शत्रु से हम द्वेष करते हैं तेरा संताप और पीड़ाजनक क्रोध उसको प्राप्त हो ॥ शत० ७ । ५ । २ । ३४ ॥

इममूर्णायुं वरुणस्य नाभिं त्वचं पशूनां द्विपदां चतुष्पदाम् ।
त्वष्टुः प्रजानां प्रथमं जनित्रमग्ने मा हिꣳसीः परमे व्योमन् ।
उष्ट्रमारण्यमनु ते दिशामि तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद ।
उष्ट्रं ते शुगृच्छतु यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ ५० ॥

अग्निर्देवता । कृतिः । निषाद. ॥

भा०— हे (अग्ने) राजन् ! तू (परमे व्योमन्) परम, सर्वोच्च 'व्योम' अर्थात् विविध प्राणियों के रक्षाधिकार में नियुक्त होकर (त्वष्टु) सर्व-

जगत् के रचयिता परमेश्वर की (प्रजानाम्) प्रजाओं के (प्रथमं) सब से उत्तम या सब से प्रथम (जनित्रम्) उत्पादक कारण, मेघ के समान सुखों के उत्पादक, (वरुणस्य) वरुण अर्थात् वरण करने योग्य सुख के (नाभिम्) मूलकारण, (द्विपदां चतुष्पदां) दो पाये और चौपाये (पशूनां) पशुओं में ही (त्वचं) शरीरों को कम्बलादि से ढकने वाले (इमम्) इस ऊर्णायुं ऊन को देने वाले भेड़ जन्तु को (मा हिंसी.) मत मार । (ते) तुझे (आरण्यम् उष्ट्रम् अनुदिशामि) मैं जंगली ऊंठ का उपदेश करता हूं । (तेन चिन्वान.) उससे समृद्ध होकर (तन्व· निषीद) शरीर के सुखों को प्राप्त कर । (ते शुक्) तेरी पीड़ाजनक प्रवृत्ति (उष्ट्रम् ऋच्छतु) दाहकारी पीड़ाजनक जीव को प्राप्त हो । और (ते शुक्) तेरा दु खदायी क्रोध (तम् ऋच्छतु) उसको प्राप्त हो (यं द्विष्म.) जिससे हम द्वेष करते हों ॥ शत० ७ । ५ । २ । ३५ ॥

अजो ह्यग्नेरजनिष्ट शोकात्सो ऽअपश्यज्जनितारमग्रे ।
तेन देवा देवतामग्रमायस्तेन रोहमायन्नुप मेध्यासः ।
शरभमारण्यमनु ते दिशामि तेन चिन्वानस्तन्वो निषीद ।
शरभं ते शुगृच्छतु यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥ ५१ ॥

अग्निर्देवता । भुरिक् कृतिः । निषाद. ॥

भा०—(अज.) अज, अजन्मा, ज्ञानी आत्मा, जीव (अग्ने) अग्नि, ज्ञानमय तेजोमय परमेश्वर के (शोकात्) तेज से (अजनिष्ट) ज्ञानवान् और तेजस्वी हो जाता है । तभी वह (अग्रे) अपने से भी पूर्व विद्यमान (जनितारम्) समस्त जगत् का और अपने भी उत्पादक परमेश्वर का (अपश्यत्) साक्षात् करता है । (तेन) उसी अजन्मा आत्मा के द्वारा (देवा.) विद्वान् जन अथवा इन्द्रिय क्रीड़ी पुरुष भी (अग्रम्) उत्तम (देवताम्) देव भाव को (आयन्) प्राप्त होते हैं । और (तेन) उसी के बल पर (मेध्यासः) पवित्रात्मा जन या ज्ञानवान् पुरुष (रोहम्)

उन्नत पद को या पुन जन्म भाव को (आयन्) प्राप्त करते हैं (ते) तुझको मैं (आरण्यं शरभम्) जंगली शरभ अर्थात् हिंसक व्याघ्र पशु का (अनु दिशामि) स्वरूप दर्शाता हूं। (तेन) उसके समान (चिन्वानि) अपने रक्षा साधनो का संग्रह करता हुआ बलवान् होकर तू (तन्व) अपने शरीर की रक्षा के लिये (निषीद) स्थिर होकर रह। (ते शुक्) तेरा शोक संताप और पीड़ा जनक कार्य (शरभं ऋच्छतु) 'शरभ' नाम पशु या हिंसक पुरुष को प्राप्त हो। और (यं द्विष्मः) जिससे हम द्वेष करते हैं (तं ते शुक् ऋच्छतु) उसका तुम्हारा पीड़ा-संताप-जनक क्रोध प्राप्त हो॥ शत० ७। ५। २। ३६॥

त्वं यविष्ठ दाशुषो नॄँः पाहि शृणुधी गिरः।
रक्षा तोकमुत त्मना॥ ५२॥ ऋ० ८। ७३। ३॥

अग्निर्देवता। निचृद् गायत्री। षड्जः॥

भा०—हे (यविष्ठ) अति अधिक बलवान् पुरुष! राजन्! तू (दाशुषः नॄन्) दानशील और कर आदि देने वाले प्रजा जनों को (पाहि) पालन कर। और प्रेम से (गिरः) उनकी कही वाणियों को (श्रृणुधि) श्रवण कर। (उत) और (त्मना) स्वयं ही उनकी (तोकम्) पुत्र के समान (रक्ष) रक्षा कर॥ शत० ७। ५। २। ३१॥

उशना ऋषि। आपो देवता:। (१) ब्राह्मी पंक्ति.। पञ्चमः। (२) ब्राह्मी जगती। निषादः। (३) निचृद् ब्राह्मी पंक्ति। पञ्चमः॥

[1]अपां त्वेमन्त्सादयाम्यपां त्वोद्मन्त्सादयाम्यपां त्वा भस्मन्त्सादयाम्यपां त्वा ज्योतिषि सादयाम्यपां त्वायने सादयाम्यर्णवे त्वा सदने सादयामि समुद्रे त्वा सदने सादयामि। [2]सरिरे सदने सादयाम्यपां त्वा क्षये सादयाम्यपां त्वा सधिषि सादयाम्यपां त्वा सदने सादयाम्यपां त्वा सधस्थे सादयाम्यपां त्वा योनौ साद-

यास्म्यपां त्वा पुरीषे सादयास्म्यपां त्वा पाथसि सादयामि [३]गायत्रेण त्वा छन्दसा सादयामि त्रैष्टुभेन त्वा छन्दसा सादयामि जागतेन त्वा छन्दसा सादयाम्यानुष्टुभेन त्वा छन्दसा सादयामि पाङ्क्तेन त्वा छन्दसा सादयामि ॥ ५३ ॥

भा०—[१] हे राजन् ! (त्वा) तुझको मैं (अपाम्(एमन्) जलों, प्राणों या प्रजाओं के गन्तव्य, या प्राप्त करने योग्य जीवन रूप वायु पद पर (सादयामि) स्थापित करता हूं। अर्थात् मेघ के जलों को इधर उधर लेजाने वाला वायु जिस प्रकार यथेष्ट दिशा में मेघों को ले जाता है और जिस प्रकार समस्त प्राणों का आश्रय वायु है उसी प्रकार राजा को भी प्रजाओं के सञ्चालन और उनके जीवन प्रदान, उनके निग्रहानुग्रह के अधिकार पर स्थापित करता हूं। [२] (त्वा अपां ओद्मन् सादयामि) तुझको जलों के दलदल भाग में जहां नाना ओषधियां उत्पन्न होती हैं उस पद पर स्थापित करता हूं। अर्थात् जलों के एकत्र हो जाने पर दल २ में जिस प्रकार वहां ओषधियां बहुत उत्पन्न होती हैं उसी प्रकार तू भी प्रजाओं का एकत्र हो जाने का केन्द्र है। तुझको मुख्य पद पर स्थापित कर नाना वीर्य धारक प्रजाओं और शासक पुरुषों के उत्पन्न कर लेने का अधिकार प्रदान करता हूं ॥ शत० ७।५।२।४६—६२ ॥

[३] (त्वां अपाम् भस्मन् सादयामि) जलों के तेजो रूप भाग मेघ के पद पर तुझको स्थापित करता हूं। अर्थात् जलों का सूर्य किरणों से बना मेघ जिस प्रकार सब पर छाया और निष्पक्षपात होकर जल वर्षण करता है उसी प्रकार प्रजाओं पर तू समस्त सुख कर ऐश्वर्यों का वर्षण और छत्रछाया कर। इसी निमित्त तुझे स्थापित करता हू।

[४] (अपां ज्योतिषि त्वा सादयामि) तुझे जलों की ज्योति अर्थात् विद्युत् के पदपर स्थापित करता हूं। अर्थात् जिस प्रकार जलों में विद्युत्

अति तीव्र, बलवती शक्ति है उसी प्रकार तू भी प्रजाओं के बीच अति तीव्र, बलवती शक्ति वाला होकर रह। उसी पद पर तुझको मैं नियुक्त करता हूं।

[५] (त्वा अपाम् अयने सादयामि) तुझको जलों को एकमात्र आश्रय, इस भूमि के पदपर स्थापित करता हूं। अर्थात् जिस प्रकार समस्त जलों का आधार भूमि है उसी प्रकार समस्त प्रजाओं का आश्रय होकर तू रह।

[६] (अर्णवे त्वा सदने सादयामि) तुझको 'अर्णव'=जीवन प्राण के 'सदन', आसन पर स्थापित करता हूं। अर्थात् प्राण जिस प्रकार समस्त इन्द्रियों का आधार है, उसी प्रकार तू भी समस्त प्रजाओं का और शासक वर्गों का आश्रय और उनका सञ्चालक होकर रह।

[७] समुद्रे त्वा सदने सादयामि) तुझको मैं समुद्र अर्थात् मन के आसन पर स्थापित करता हूं। अर्थात् जिस प्रकार समस्त रत्न समुद्र से निकलते हैं वही उनका उद्गम स्थान है, और जिस प्रकार समस्त वाणियों का उद्गम स्थान मन है, उसी प्रकार समस्त प्रजाओं का उद्गम स्थान तू वन कर रह।

[८] (त्वाम् अपां क्षये सादयामि) जलों के निवासस्थान तड़ाग अथवा शरीर में जलों के नित्य आश्रय चक्षु के पद पर तुझको नियुक्त करता हूं। अर्थात् सुख दुःख में जिस प्रकार ग्राम जनता तालाब या कूप के आश्रय पर रहती है और सुख दुःख में जिस प्रकार शरीर में आंख ही और दुःखाश्रु और आनन्दाश्रु बहाती है, अथवा वही सब पर निरीक्षण करती है उसी प्रकार तू प्रजा के सुख दुःख में सुखी दुखी हो और उनपर देख रेख रख।

[९] (अपां त्वा सधिषि सादयामि) समस्त जलों को समान रूप से धारण करने वाले गम्भीर जलाशय के पद पर और समस्त प्रजाओं के निष्पक्ष होकर वचन सुनने वाले 'श्रवण' के पद पर स्थापित करता हूं। अर्थात् समस्त प्रजाओं के निष्पक्ष होकर वचन सुन और निर्णय कर।

[१०] (सरिरे सदने त्वा सादयामि) तुझे सर्वत्र प्रसरणशील और प्रेरक जल के पदपर स्थापित करता हूं और अध्यात्म में स्वयं सरण करने वाली वाणी के पद पर नियुक्त करता हूं। वहां तू अपनी आज्ञा से सबको संचालित कर।

[११] (अपां त्वा सदने सादयामि) सूक्ष्म जलों का आश्रयस्थान द्यौलोक या समस्त लोकों के आश्रयभूत महान् आकाश के पद पर तुझे स्थापित करता हूं। अर्थात् उसके समान तू सब प्रजाओं को अपने में आश्रय देने वाला हो।

[१२] (अपां त्वा सधस्थे सादयामि) जलों को एकत्र धारण करने वाले अन्तरिक्ष के पद पर तुझको स्थापित करता हूं अर्थात् अन्तरिक्ष जिस प्रकार मेघ आदि रूप से जलों को और सूर्यरश्मियों को भी एकत्र रखता है उसी प्रकार राजपुरुषों और प्रजा जन दोनों को तू समान रूप से धारण कर।

[१३] (अपां त्वा योनौ सादयामि) समस्त नद नदियों के चारों तरफ से आकर मिलने के एक मात्र स्थान समुद्र के पद पर तुझको मैं स्थापित करता हूं। अर्थात् तू समस्त देश देशान्तरों से आई प्रजाओं को शरण देने वाला हो।

[१४] (अपां त्वा पुरीषे सादयामि) तुझको मैं जलों के भीतर दीप्ति सहित विद्यमान रेती के पदपर स्थापित करता हूं। जैसे रेती जलों को स्वच्छ रखती और उसकी शोभा को बढ़ाती है। उसी प्रकार तू प्रजाओं को स्वच्छ रख और उसकी शोभा को बढ़ा।

[१५] (अपां त्वा पाथसि सादयामि) जलों के भीतर विद्यमान, पालनकारी तत्व अन्न के पद पर तुझको मैं स्थापित करता हूं। अर्थात् जिस प्रकार जलों से उत्पन्न अन्न सबको प्राणप्रद, जीवनप्रद और पालक है उसी प्रकार तू भी सबका जीवनप्रद, पालक हो।

[१६] (त्वा गायत्रेण छन्दसा सादयामि) तुझको गायत्र छन्द से स्थापित करता हूं। अर्थात् ब्राह्मणों विद्वानों के विद्या बल से तुझको स्थापित करता हूं।

[१७] (त्रैष्टुभेन त्वा छन्दसा सादयामि) तुझको मैं त्रैष्टुभ छन्द से स्थापित करता हूं। अर्थात् तुझको क्षात्र-बल से स्थिर करता हूं।

[१८] (जागतेन त्वा छन्दसा स्थापयामि) तुझको मैं जागत छन्द अर्थात् वैश्यों के बल से स्थापित करता हूं।

[१९] (आनुष्टुभेन त्वा छन्दसा सादयामि) आनुष्टुभ छन्द से अर्थात् सर्व साधारण लोक के बल से तुझको स्थापित करता हूं।

[२०] (पाङ्क्तेन त्वा छन्दसा सादयामि) तुझको मैं पांक्त छन्द से अर्थात् दशों दिशाओं अथवा पांचो जनो के बल से तुझे स्थापित करता हूं।

अ॒यं पु॒रो भुव॒स्तस्य॑ प्रा॒णो भौ॑वाय॒नो व॑स॒न्तः प्रा॑णाय॒नो गा॑य॒त्री वा॑स॒न्ती गा॑य॒त्र्यै गा॑य॒त्रं गा॑य॒त्राद् उ॑पा॒ꣳशोस्त्रि॒वृत् त्रि॒वृतो॑ रथन्त॒रं वसि॑ष्ठ॒ ऽऋषिः॑। प्र॒जाप॑तिगृहीतया त्वया॑ प्रा॒णं गृ॑ह्णामि प्र॒जाभ्यः॑ ॥ ५४ ॥

प्राणा देवता । विश्वकर्मा ऋषिः । स्वराड् ब्राह्मी जगती । निषादः ॥

भा०—(अयम्) यह अग्निस्वरूप वाला (पुरः) पूर्व दिशा से और (भुवः) सबका मूल कारण स्वयं सत्-रूप से विद्यमान था। (तस्य) उसका ही यह सामर्थ्य स्वरूप (प्राणः) प्राण है। इसी से वह (भौवायनः) 'भुव्' का अपत्य उससे उत्पन्न होने से 'भौवायन' कहाता है। (प्राणायन) प्राण से उत्पन्न होने वाला (वसन्तः) 'वसन्त' है। अर्थात् प्राणों से वह तत्व उत्पन्न हुआ जिसमें समस्त जीव बसते हैं। (वासन्ती गायत्री) 'वसन्त' सबको बसाने वाले तत्व से 'गायत्री', प्राणों की रक्षा करने वाली शक्ति या वाणी उत्पन्न हुई। (गायत्र्यै गायत्रम्)

गायत्री शक्ति से गायत्र अर्थात् प्राण रक्षक बल उत्पन्न हुआ (गायत्राद् उपांशु) गायत्र बल से 'उपांशु' नाम प्राण-उत्पन्न हुआ (उपांशो त्रिवृत्) उपांशु प्राण से त्रिवत् नामक प्राण उत्पन्न होता है । (त्रिवृत रथन्तरम्) त्रिवृत् नाम प्राण से रथन्तर नाम प्राण का बल जिससे इन्द्रियों में ग्राह्य विषय ग्रहण किये जाते हैं वह उत्पन्न होता है । उन सबका (ऋषिः) प्रवर्त्तक और द्रष्टा (वसिष्ठ) सब प्राणों में मुख्य रूप से बसने वाला 'प्राण' वसिष्ठ कहाता है । हे चितिशक्ते ! या हे वाणि ! (प्रजापतिगृहीतया) प्रजा के पालक मुख्य प्राण द्वारा वशीकृत (त्वया) तुझ द्वारा मैं (प्रजाभ्यः) प्रजाओं के (प्राणं गृह्णामि) प्राण को वश करता हूं । शत० ८।१।१।१-६॥

राजा और राष्ट्र-पक्ष में - यह प्राण राजा 'भुव' है। उसके प्राण रूप अमात्य आदि 'भौवायन' है । उनमें उत्तरोत्तर वसन्त गायत्री, (सेना) गायत्र (बल) उपांशु (सेनापति) त्रिवत् त्रिवर्ग, रथन्तर, रथ बल उत्पन्न होते हैं । सबका द्रष्टा मुख्य राजा का पुरोहित 'वसिष्ठ' है। प्रजापति, प्रजा के पालक राजा से वशीकृत तुझ प्रजा या पृथिवी से मैं प्राण को या अन्न को प्रजा के हितार्थ प्राप्त करता हूं ।

अयं दक्षिणा विश्वकर्मा तस्य मनो वैश्वकर्मणं ग्रीष्मो मानसस्त्रिष्टुब् ग्रैष्मी त्रिष्टुभः स्वारꣳ स्वारादन्तर्यामोऽन्तर्यामात्पञ्चदशः पञ्चदशाद् बृहद् भरद्वाज ऋषिः प्रजापतिगृहीतया त्वया मनो गृह्णामि प्रजाभ्यः ॥ ५५ ॥

प्रजापतिः प्राणा वा देवता । निचृद भुरिगति धृति । षड्जः ॥

भा०—(दक्षिणा) दक्षिण दिशा से (अय) यह स्वय (विश्वकर्मा) समस्त कर्म करने में समर्थ है । (तस्य) उसके ही (वैश्वकर्मणं) विश्वकर्मा रूप से उत्पन्न (मनः) मन अन्त.करण है । (मानस ग्रीष्मः) मन से ही उत्पन्न ग्रीष्म ऋतु है ।.मन की पुष्टि से ही अर्थात् विचार से ही पराक्रम

की उत्पत्ति होती है (ग्रैष्मी) सूर्य के प्रखर ताप वाली ऋतु के मानस तेज से ही (त्रिष्टुप्) त्रिष्टुप् अर्थात् मन, वाणी और कर्म तीनों में हिंसा करने वाला क्षात्र-बल उत्पन्न होता है। (त्रिष्टुभ स्वारम्) उस त्रिष्टुप्, क्षात्र-बल से स्वर समूह अर्थात् स्वयं राजमान राजा गण उत्पन्न होते हैं। (स्वाराद् अन्तर्यामः) स्वयं तेजस्वी राज गण से पृथिवी का अन्तर्यमन अर्थात् प्रबन्ध या राज्यव्यवस्था उत्पन्न होती है। (अन्तर्यामात् पञ्चदश.) उस व्यवस्था से राष्ट्र के १५ हों अंगों पर आत्मा के समान शासक मुख्य राजा की उत्पत्ति होती है। (पञ्चदशात् बृहत्) उस मुख्य राजा से बृहत् बड़े भारी राष्ट्र की उत्पत्ति होती है। (ऋषिः भरद्वाज) उसका द्रष्टा और सञ्चालक स्वयं प्राण के समान 'भरद्वाज' है। अर्थात् मुख्य प्राण जिस प्रकार सब अन्नों को स्वयं प्राप्त करता है उसी प्रकार राजा समस्त ऐश्वर्यों, वीर्यों और भोगों को प्राप्त करने में समर्थ होता है। हे राजशक्ते ! (प्रजापतिगृहीतया त्वया) प्रजापति राजा द्वारा वशीकृत तुझसे मैं (प्रजाभ्य मन गृह्णामि) प्रजाओं के मन को अपने वश करता हूं। शत० ८। १। १। ६-६ ॥

अ॒यं प॒श्चाद् वि॒श्वव्य॑चा॒स्तस्य॒ चक्षु॑र्वैश्वव्यच॒सं व॒र्षाश्चा॑क्षु॒ष्यो॒ जग॑ती वा॒र्षी जग॑त्या॒ ऋक्स॑मम् ऽऋक्स॑माच्छु॒क्रः शु॒क्रात्स॑प्त॒द॒शः स॑प्तद॒शाद्वै॑रू॒पं ज॒मद॑ग्नि॒र्ऋषिः॑ प्र॒जाप॑तिगृहीतया॒ त्वया॒ चक्षु॑र्गृह्णामि प्र॒जाभ्यः॑ ॥ ५६ ॥

प्रजापतिर्देवता। निचृद्धृति । षड्ज ॥

भा०—(अयम्) यह प्रजापति (पश्चात्) पश्चिम दिशा में (विश्वव्यचा) तेज द्वारा समस्त विश्व में फैलने वाले सूर्य के समान है (अस्य) उसका (चक्षुः) चक्षु भी (वैश्वव्यचम्) विश्व में व्यापक सूर्य के आकाश से जिस प्रकार पुरुष की आंख उत्पन्न होती है उसी प्रकार प्रजापालक परमेश्वर की भी चक्षु सूर्य की बनी हुई है। अर्थात् सूर्य ही अलंकार रूप से ईश्वर की चक्षु है। (वर्षा चाक्षुष्यः) जैसे आंखों से प्रेम-अश्रु बहते

हैं उसी प्रकार मानो ये समस्त वर्षाएं सूर्य से उत्पन्न होकर परमेश्वर की चक्षु से बहते हैं। और राजा के ज्ञानवान् पुरुष ही चक्षु हैं उनके द्वारा ही समस्त ऐश्वर्यों की वृष्टि होती है। (जगती वार्षी) यह समस्त सृष्टि वर्षा से ही उत्पन्न होती है। इसी प्रकार राजा के राज्य में सब कारवार विद्वानों द्वारा उत्पादित ऐश्वर्यों द्वारा ही चलते हैं। (जगत्या ऋक्-समम्) जगती छन्द से जिस प्रकार 'ऋक्सम' नाम साम की उत्पत्ति है और जगत् की रचना देख कर ज्ञान की प्राप्ति होती है। (ऋक् समात् शुक्रः) ऋक् सम नामक साम से जैसे शुक्र 'ग्रह' उत्पन्न होता है। और ज्ञान प्राप्ति के बाद वीर्य शुद्ध बल, उत्पन्न होता है। और जिस प्रकार, ऋक् अर्थात् स्त्री का साम पति है और पति पत्नी के मिलने पर वीर्य उत्पन्न होता है, उसी प्रकार राष्ट्र में ऋक्-सम प्रजा को समान रूप से प्राप्त करके ही राजा को बल प्राप्त होता है। (शुक्रात् सप्तदश) शुक्र ग्रह से यज्ञ में 'सप्तदश' स्तोम की उत्पत्ति होती है। अध्यात्म में वीर्य से सप्तदश नाम आत्मा के शरीर उत्पत्ति होती है। राजा प्रजा के बल से १७ अंगों वाले सप्तदशाङ्ग राज्य और उसपर स्थित राजा की उत्पत्ति होती है। (सप्तदशात् वैरूपम्) सप्तदश नाम आत्मा से ही वैरूप अर्थात् विविध जीवसृष्टि का प्रादुर्भाव होता है। साम मे सप्तदश स्तोम से वैरूप नाम 'पृष्ठ' का उदय होता है। राष्ट्र में, सप्त दश अङ्गों से युक्त राजा के द्वारा राज्य की विविध रचना होती है। (जमदग्नि ऋषि) यह चक्षु सूर्य ही जमदग्नि है, वही सब का द्रष्टा है। परमेश्वर उसी द्वारा जगत् को देखता और उसी से देख कर उनको वश करता है। इस शरीर में चक्षु वही जमदग्नि है। राष्ट्र में सर्वोपरि द्रष्टा पुरुष ही जगमदग्नि है।

(प्रजापति गृहीतया त्वया) प्रजा के पालक परमेश्वर द्वारा स्वीकार की गई पत्नी के समान तुझ निर्मात्री शक्ति से, एव देह में आत्मा द्वारा प्राप्त चितिशक्ति से, राष्ट्र मे राज्य शक्ति से मैं (प्रजाभ्यः चक्षु) प्रजाओं की चक्षु को (गृह्णामि) अपने वश करता हूं। शत० ८।१।२।१-३॥

इदमुत्तरात् स्वस्तस्य श्रोत्रंᳬ सौवᳬशरच्छ्रौत्र्यनुष्टुप् शारद्यनुष्टुभ ऽऐडमैडान्मन्थी मन्थिन ऽएकविᳬशऽएकविᳬशाद् वैराजं विश्वामित्र ऽऋषिः प्रजापतिगृहीतया त्वया श्रोत्रं गृह्णामि प्रजाभ्यः ॥ ५७ ॥

प्रजापतिर्देवता । स्वराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवत' ॥

(इदम् उत्तरात् स्व.) यह उत्तर दिशा में या सब से ऊपर महान् आकाश 'स्व.' है । (तस्य) उस प्रजापति का वह आकाश ही महान् श्रोत्र है । इसलिये (सौवं श्रोत्रम्) उसका श्रोत्र 'स्वः' होने से 'सौव' कहाता है । इसी प्रकार इस शरीर में 'स्वः' अर्थात् सुख का साधन आकाश की तन्मात्रा से ही बना हुआ श्रोत्र है । (श्रौत्री शरत्) 'संवत्सर' रूप प्रजापति में शरत् ऋतु ही श्रोत्र के समान है । वर्षा के बाद आकाश और दिशाएं खुल जाने से शरद् ऋतु उत्पन्न होती है, इसी से शरत् मानो प्रजापति के श्रोत्र रूप आकाश या दिशाओं से उत्पन्न होती है । (शारदी अनुष्टुप्) शरद् ऋतु से अनुष्टुप् छन्द उत्पन्न होता है । अर्थात् छन्दों में जिस प्रकार अनुष्टुप् सर्व प्रिय है उसी प्रकार ऋतुओं मे 'शरद्' है । (अनुष्टुभ ऐडम्) अनुष्टुप् से 'ऐड' नाम साम की उत्पत्ति होती है । अर्थात् अनुष्टुप् नाम छन्द से ऐड अर्थात् 'इड़ा' वाणी का विस्तार होता है । (ऐडात् मन्थी) ऐड नाम साम से यज्ञ में मन्थिग्रह उत्पन्न होता है । वाणी के विस्तार से इन्द्रियों और हृदय को मथन करने की शक्ति उत्पन्न होती है । (मन्थिनः एकविंशः) मन्थिग्रह से यज्ञ में 'एकविंश' नाम स्तोम की उत्पत्ति होती है । वाणी के बल पर हृदय मथन हो जाने पर २० अंगों सहित इक्कीसवां आत्मा स्त्री के गर्भ में उत्पन्न होता है । (एकविंशाद् वैराजम्) यज्ञ में एकविंशस्तोम से 'वैराज'

५७—'ऐऌमळान्' इति काण्व० ।

साम की उत्पत्ति होती है। आत्मा से ही विविध तेजों से राजमान देह की उत्पत्ति होती है। 'एकविंश' राजा से ही विविध राष्ट्र के कार्यों की उत्पत्ति होती है। (विश्वामित्र ऋषि.) शरीर में श्रोत्र ही विश्वामित्र ऋषि है। वह ज्ञानवान् पुरुष राष्ट्र में कर्म के समान समस्त प्रजाओं के दु.ख पीड़ाओं को सुनता है। वह भी ऋषि द्रष्टा 'विश्वामित्र', सब का परम स्नेही है। (प्रजापतिगृहीतया त्वया) प्रजापति द्वारा स्वीकृत तुझ परम प्रकृति से जिस प्रकार (प्रजाभ्य.) समस्त उत्पन्न पदार्थों के हितार्थ (श्रोत्रं) आकाश रूप श्रोत्र का उपयोग किया गया है, उसमें समस्त सृष्टि फैली है। उसी प्रकार राजा द्वारा राजशक्ति के वश कर लेने पर प्रजाओं के 'श्रोत्र' अर्थात् सुख दु ख श्रवण करने वाले न्यायाधीश को मैं (गृह्णामि) स्वीकार करूं। इसी प्रकार हे स्त्री ! प्रजापति, गृहपति द्वारा स्त्री रूप में स्वीकृत तुझ द्वारा मैं प्रजा के हित के लिये अपने श्रोत्र का उपयोग करूं। शत० ८। १। २।४–६॥

इ॒यमु॒परि॑ म॒तिस्तस्यै॒ वाङ्मा॒त्या हे॑म॒न्तो वा॒च्यः प॒ङ्क्तिः हैम॒न्ती प॒ङ्क्त्यै नि॒धन॑वन्नि॒धन॑वत ऽआग्रय॒ण ऽआग्रय॒णात् त्रि॑-ण॒वत्रय॒स्त्रिꣳशौ त्रि॑ण॒वत्रयस्त्रि॒ꣳशाभ्या॑ꣳ शाक्वररै॒व॒ते वि॒श्व-क॑र्म॒ ऽऋषि॑ः प्र॒जाप॑तिगृहीतया त्वया॒ वाचं॑ गृह्णामि प्र॒जाभ्यः॑॥५८॥

प्रजापतिर्देवता । विराडाकृतिः । पञ्चमः ॥

भा०—(इयम् उपरि मति) यह सबसे ऊपर विराजमान प्रज्ञा है जो विराड् शरीर में चन्द्रमा स्वरूप है। (तस्यै मात्या वाड्) उससे उत्पन्न होने वाली वाणी मति से उत्पन्न होने के कारण 'मात्या' वाक् है। (वाच्यः हेमन्त) हेमन्त जिस प्रकार अति शीतल है उसी प्रकार वाणी से हृदय की शान्ति उत्पन्न होती है। इससे माना वाणी से हेमन्त उत्पन्न होता है। संवत्सर प्रजापति के रूप में शरत् काल के चन्द्र ज्योति के बाद तीव्र

५८—अवसाने लोके, ता, इन्द्रम् क्रमशः (१२ अ० । ५४ । ५५ । ५६) इति मन्त्रत्रमस्य प्रतीकानि ।

गर्जनाकारी वाणी रूप मेघ और उसके बाद हेमन्त उत्पन्न होता है। हेमन्त से पंक्ति उत्पन्न होती है। अर्थात् हेमन्त काल के बाद अन्न पकना प्रारम्भ होता है। सम्वत्सर में पञ्चम ऋतु हेमन्त से मानो यज्ञ में पंक्ति छन्द की उत्पत्ति हुई। राष्ट्र में प्रजा के हृदयों को शमन करने से ही शत्रु परिपाक की शक्ति प्राप्त होती है अथवा पञ्चाङ्ग सिद्धि प्राप्त होती है। (पङ्क्त्यै निधनवत्) यज्ञ में पंक्ति छन्द से 'निधनवत् साम' की उत्पत्ति है। (निधनवतः आग्रायणः) निधनवत् साम से 'आग्रयण' ग्रह की उत्पत्ति होती है। और (आग्रयणात् त्रिणव-त्रयस्त्रिंशौ) आग्रयण ग्रह से त्रिनव और त्रयस्त्रिंश दोनों स्तोम उत्पन्न होते हैं (त्रिनवत्रयस्त्रिंशाभ्यां शाक्कर रैवते) त्रिनव और त्रयस्त्रिंश दोनों स्तोमों से शाक्कर और रैवत दो 'पृष्ठ' उत्पन्न होते हैं। इसी प्रकार राष्ट्र मे शत्रु संतापक पक्ति न मक सैन्य पाचों जनों की सम्मति, सैन्य शक्ति से 'निधनवत्' अर्थात् शत्रु हनन होता है। उससे आग्रयण अर्थात् आगे बढ़ने वाले शूरवीर का पद नियत होता है। उससे त्रिनव और त्रयस्त्रिंश २७ और ३३ के स्तोम अर्थात् सघों की रचना होती है और उनसे शाक्कर अर्थात् शक्तिशाली और रैवत, धनाढ्य राष्ट्रों की उत्पत्ति होती है। इस सबका (ऋषिः विश्वकर्मा) ऋषि द्रष्टा और नेता सञ्चालक विश्वकर्मा प्रजापति है। (प्रजापति गृहीतया त्वया प्रजाभ्यः वाच गृह्णामि) प्रजापति राजा द्वारा वशीकृत राजशक्ति रूप तुझ से प्रजा के हित के लिये आज्ञा प्रदान करने वाली वाणी को अपने वश करूं। शत० ८। १। २। ७–९॥

'लोकं०, ता०, ऽइन्द्रम्० ॥'

१२ अ० के ५४,५५,५६ इन तनि मन्त्रों की प्रतीक मात्र रक्खी है।

॥ इति त्रयोदशोऽध्यायः ॥

[तत्र अष्टापञ्चाशदृचः]

इति मीमासातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते

यजुर्वेदालोकभाष्ये त्रयोदशोऽध्यायः ॥

१—'श्लोक' पृणता अस्येन्द्र विश्वाः इति काण्व० ।

अथ चतुर्दशोऽध्यायः

॥ ओ३म् ॥ ध्रुवक्षितिर्ध्रुवयोनिर्ध्रुवासि ध्रुवं योनिमासीद साधुया।
उख्यस्य केतुं प्रथमं जुषाणाऽश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥१॥

अश्विनौ देवते । विराड् अनुष्टुप् त्रिष्टुप् वा । गान्धारो धैवतो वा ॥

भा०—हे पृथिवि ! तू (ध्रुवक्षितिः) स्थिर निवास स्थान या स्थिर जनपद वाली है । तू (ध्रुवयोनि) स्थिर गृह और स्थान वाली है । तू स्वयं भूमि और आश्रय होकर (ध्रुवा) ध्रुव, अप्रकम्प, बसने वाली प्रजा का स्थिर आश्रय है । तू (ध्रुवं योनिम्) अपने स्थिर आश्रय पर ही (साधुया) उत्तम राज्यप्रबन्ध से (आसीद) आश्रित होकर रह । तू प्रथमं) सर्वश्रेष्ठ, सब से प्रथम (उख्यस्य) 'उखा', पृथिवी के योग्य केतुं) ज्ञान को (जुषाणा) सेवन करने वाली (अध्वर्यू) स्थिर, नित्य राष्ट्र यज्ञ के सम्पादक हो । (अश्विना) विद्या के पर पारंगत ज्ञानी और कर्मिष्ठ विद्वान् शासनादि के दोनों (त्वा) तुझको (इह) इस आश्रय पर (सादयताम्) स्थिर करें ।

स्त्री के पक्ष में—तू स्थिर निवास स्थान वाली, स्थिर आश्रय वाली होने से ध्रुवा है । तू (साधुया) उत्तम आचरण पूर्वक और स्थिर पति का आश्रय लेकर विराज । (उख्यस्य केतुम्) उखा अर्थात् स्थाली के योग्य पाक आदि विद्या को (प्रथम जुषाणा) अति प्रेम से करने वाली होकर रह । तुझे (अध्वर्यू अश्विनौ) अध्वर अर्थात् गृहस्थ यज्ञ या अविनाशी प्रजा तन्तु रूप यज्ञ के अभिलाषी माता पिता विद्वान् जन (इह सादयताम्) इस गृहाश्रम में स्थिर करें ॥ शत० ८ । २ । १ । ४ ॥

कुलायिनी घृतवती पुरन्धिः स्योने सीद सदने पृथिव्याः ।

१—अथ द्वितीया चिति । सर्वा० ।

अभि त्वा रुद्रा वसवो गृणन्त्विमा ब्रह्म पीपिहि सौभगायाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ २ ॥

ऋषिदेवते पूर्ववत् । त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे पृथिवि ! हे प्रजे ! तू (कुलायिनी) 'कुलाय' अर्थात् गृह वाली और (घृतवती) तेज और स्नेह या ऐश्वर्य से युक्त एवं (पुरंधिः) पुर को धारण करने वाली है । तू (पृथिव्याः सदने) पृथिवी के (स्योने) सुखकारी, ऊपर बने गृह या आश्रय पर (सीद) विराजमान हो । (त्वा) तुझको (रुद्रा) उपदेश करने हारे विद्वान् और (वसवः) वसु ब्रह्मचारी निवास करने हारे विद्वान् लोग (त्वा अभि गृणन्तु) तुझे नित्य उपदेश करें । (सौभगाय) सौभाग्य की वृद्धि के लिये तू (इमा ब्रह्म) इन वेद मन्त्रों में स्थित ज्ञानों को (पीपिहि) प्राप्त कर । (अश्विना अध्वर्यू इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८ । २ । १ । ५ ॥

स्त्री के पक्ष में—तू गृहवाली, घृत-पुष्टि कारक अन्न और जल से पूर्ण या स्नेह से पूर्ण होकर (पुरन्धिः) 'पुर'=पालन कारी घर को धारण करने वाली स्त्री है । पृथिवी के तल पर बने सुखप्रद गृह में विराज । रुद्र वसु आदि नैष्ठिक ब्रह्मचारी लोग तुझे (ब्रह्म अभिगृणन्तु) वेदों का उपदेश करें । तू अपने सौभाग्य की वृद्धि के लिये उनको प्राप्त कर । यज्ञकर्त्ता विद्वान् माता पिता तुझे यहां स्थिर करें ।

अध्यात्म मे—चितिशक्ति पुरन्धि है, वह शरीररूप गृह वाली है । शरीर में बसने वाले प्राण उसकी स्तुति करते हैं वह अन्न को प्राप्त करे । (अध्वर्यू अश्विनौ) जीवन यज्ञ के कर्त्ता प्राणापान उसे वहां स्थित रखें ।

स्वैर्दक्षैर्दक्षपितेह सीद देवानाᳬसुम्ने बृहते रणाय ।
पितेवैधि सूनव आ सुशेवा स्वावेशा तन्वा संविशस्वाश्विनाध्वर्यू सादयतामिह त्वा ॥ ३ ॥

ऋष्यादयः पूर्ववत् ॥

भा०—राज और पालक पुरुष के कर्त्तव्य। हे बलवान् पुरुष! हे स्वामिन् राजन्! तू (स्वैः दक्षैः) अपने बलों और ज्ञानों द्वारा और अपने चतुर बलवान् भृत्यों के बल से (दक्षपिता) कार्य-कुशल पुरुषों का पालक, बल और ज्ञान का पालक, पिता के समान होकर और (बृहते रणाय) बड़े भारी संग्राम के लिये (देवानां) विद्वानों और विजयी पुरुषों के बीच में (सुम्ने) सुखकारी पद पर या राष्ट्र या गृह में (सीद) विराजमान हो। (सूनवे) पुत्र के लिये (पिता इव) जिस प्रकार पिता हितकारी और उसका पालक होता है उसी प्रकार तू भी (एधि) हो। हे पृथिवी, मातः! तू भी पालक पिता के समान हो। (आ सुशेवा) सब प्रकार से सुखकारिणी और (आ सुवेशा) उत्तम प्रकार से, सुख से प्रवेश करने योग्य, सुख से बसने योग्य हो। तू (तन्वा) अपने विस्तृत राज्य शक्ति से (संविशस्व) प्रवेश कर। (अश्विना अध्वर्यू० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८ । २ । १ । ६ ॥

पुरुष स्त्री के पक्ष में—हे पुरुष! तू भृत्यों और अपने बल का पालक होकर विद्वान् पुरुषों को सुख और बड़े भारी रमण योग्य उत्तम कार्य के लिये स्थिर हो। पुत्र के लिये पिता के समान हो। हे स्त्री! तू पति को सुखकारिणी, सुखपूर्वक गृहस्थ सुख देन वाली, उत्तम वेश धारण करके अपने (तन्वा संविशस्व) देह से पति के साथ संगत, एक होकर रह।

पृथि॒व्याः पुरी॑षम॒स्यप्सो॒ नाम॒ तां त्वा॒ विश्वे॑ऽअ॒भिगृ॑णन्तु दे॒वाः। स्तोम॑पृष्ठा घृ॒तव॑ती॒ह सी॑द प्र॒जाव॑द॒स्मे द्रवि॒णा य॑जस्वा॒श्विना॑ध्व॒र्यू सा॑दयतामि॒ह त्वा॑ ॥ ७ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत्।

भा०—हे राजशक्ते! तू (पृथिव्याः) पृथिवी का (पुरीषम्) पालन करने वाला (अप्सः नाम) स्वरूप है। (तां त्वा) उस तेरी (विश्वे देवा)

समस्त विद्वान् और राजगण (अभिगृणन्तु) स्तुति करें। तू (स्तोमपृष्ठा) वीर्य, बल का अपनी 'पृष्ठ' या पालन सामर्थ्य में धारण करने वाली (घृतवती) जल के समान तेज को धारण करने वाली होकर (सीद) विराजमान हो। और (अस्मे) हमें (प्रजावत् द्रविणा) उत्तम प्रजाओं के समान ही नाना ऐश्वर्यों को भी (यजस्व) प्रदान कर। अर्थात् राष्ट्र शक्ति समृद्धि ऐश्वर्य के साथ उत्तम हृष्ट पुष्ट प्रजा की भी वृद्धि कर। (अश्विना अध्वर्यू० इत्यादि) पूर्ववत्॥ शत० ८।२।१।७॥

स्त्री के पक्ष में—तू (अप्सः नाम पृथिव्याः पुरीषम् असि) तू रूपवती होकर निश्चय से पृथिवी के ऊपर पालक होकर या श्री समृद्धि होकर (असि) विद्यमान है। समस्त विद्वान् तेरी कीर्त्ति गावें। तू (स्तोमपृष्ठा) वीर्यवान् पुरुष को अपने आश्रय किये हुए तेजस्विनी या अन्न घृत और स्नेह से युक्त होकर विराज और हम सब को उत्तम प्रजायुक्त ऐश्वर्य प्रदान कर।

अदि॑त्यास्त्वा पृ॒ष्ठे सा॑दयाम्य॒न्तरि॑क्षस्य ध॒र्त्रीं वि॒ष्टम्भ॑नीं दि॒शामधि॑पत्नीं॒ भुव॑नानाम्। ऊ॒र्मिर्द्र॒प्सो ऽअ॒पाम॑सि वि॒श्वक॑र्मा त॒ ऽऋषि॑र॒श्विना॑ध्व॒र्यू सा॑दयतामि॒ह त्वा॑॥ ५॥

ऋष्यादि पूर्ववत्।

भा०—हे राजशक्ते ! राजपुरोहित ! (अदित्या पृष्ठे) अखण्ड पृथिवी के पीठ पर (अन्तरिक्षस्य) प्रजा के भीतर दानशील या पूजनीय पुरुष, राजा के या भीतरी अक्षय कोश या ऐश्वर्य, बल और विज्ञान को (धर्त्रीम्) धारण करने वाली और (दिशाम्) दिशाओं और उनमें निवास करने वाली प्रजाओं को (विष्टम्भनीम्) विविध उपायों से अपने वश करने वाली और (भुवनानाम् अधिपत्नीम्) लोकों को अधिष्ठाता रूप से पालन करने वाली (त्वा) तुझको (सादयामि) स्थापित करता

हूं। तू (अपाम्) जलों के वीच में जिस प्रकार वेग या रस विद्यमान रहता है उसी प्रकार तू भी (अपाम्) प्रजाओं के वीच (द्रप्स) रस रूप से सारवान् एव वेगवान् बलवान् या उनको हर्षदायक हो और जलों के बीच में (ऊर्मि) ऊपर उठने वाले तरङ्ग के समान उदय को प्राप्त होने वाला है। (ते ऋषिः) तेरा द्रष्टा, अधिष्ठाता साक्षात् करने वाला तुझे वश करने वाला जिस प्रकार (विश्वकर्मा) समस्त शिल्प के उत्तम कार्यों का कर्त्ता, महाशिल्पी, 'एन्जीनियर' हो उसी प्रकार समस्त कार्यों का कर्त्ता राजा (ते ऋषिः) तेरा सञ्चालक द्रष्टा है। (अश्विना अध्वर्यू० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० २ । २ । १ । १० ॥

स्त्री के पक्ष में—हे स्त्रि ! तुझको पृथिवी के ऊपर स्थापित करता हूं। तू (अन्तरिक्षस्य) भीतर उपास्य, पतिदेव या अक्षय उत्साह के धरने वाली सब दिशाओं को थामने वाली और उत्पन्न पुत्रों की पालक है। तू जलों के तरग के समान हर्षकारिणी है। तेरा द्रष्टा पति ही तेरा 'विश्वकर्मा' सर्व शुभ कर्मों का करने वाला कर्त्ता धर्त्ता है। जगत्पालक परमेश्वरी शक्ति के पक्ष में भी मन्त्र स्पष्ट है।

शुक्रश्च शुचिश्च ग्रैष्मावृतू ऽअग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामापऽओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये ऽअग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी ऽइमे ग्रैष्मावृतू ऽअभिकल्पमाना ऽइन्द्रमिव देवा ऽअभिसंविशन्तु तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ ६ ॥

भा०—(शुक्र च शुचि च) शुक्र और शुचि ये दोनों (ग्रैष्मौ ऋतू) ग्रीष्म काल के दोनों मास अग्नस्वरूप है। (अग्ने) श्लेष (असि०) इत्यादि व्याख्या देखो अ० १३ । म० २५ ॥ शत० ८ । २ । १ । ७६ ॥

सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्देवैः सजूर्देवैर्वयोनाधैः

ऽग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनांध्वर्यू सांदयतामिह त्वां। सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्वसुभिः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनांध्वर्यू सांदयतामिह त्वा [२]सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजू रुद्रैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनांध्वर्यू सांदयतामिह त्वां [३] सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूरादित्यैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनांध्वर्यू सांदयतामिह त्वां सजूर्ऋतुभिः सजूर्विधाभिः सजूर्विश्वैर्देवैः सजूर्देवैर्वयोनाधैरग्नये त्वा वैश्वानरायाश्विनांध्वर्यू सांदयतामिह त्वां ॥ ७ ॥

विश्वेदेवा ऋषयः । मन्त्रोक्ता वस्वादयो देवता । (१) भुरिक् कृतिः । धैवतः ।
(२) स्वराट् पंक्तिः । (३) निचृदाकृतिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे राजन् ! तू (ऋतुभिः सजूः) संवत्सर के घटक ऋतुओं के समान राष्ट्र के घटक या राजसभा के बनाने वाले सदस्यों, राज्य-कर्त्ता नेताओं के साथ (सजूः) समान रूप से प्रीतिपूर्वक हो । तू (विधाभिः) जल जिस प्रकार प्राणों और जीवित शरीर के निर्माता एवं प्राण प्रद हैं उसी प्रकार राष्ट्र शरीर के विधाता आप्त पुरुषों के साथ (सजूः) समान रूप से प्रीति युक्त होकर (देवैः सजूः) दानशील और विजिगीषु वीर पुरुषों से प्रेम युक्त हो और (वयोनाधैः) जीवन को देह के साथ बांधने वाले प्राणों के समान राष्ट्र में जीवन, जागृति एवं विज्ञानों द्वारा सब को जीवनप्रद अन्नों द्वारा व्यवस्थाओं में बांधने वाले (देवैः) विद्वानों के साथ (सजूः) प्रीतियुक्त वर्ताव करने वाला हो । इसी प्रकार (वसुभिः सजूः, रुद्रैः सजूः, आदित्यैः सजूः, विश्वेदेवैः सजूः) तू वसु, रुद्र, आदित्य और विश्वेदेव इन सब विद्वान्, शत्रुनाशक प्रजा के पालक, व्यवस्थापक, आदान प्रतिग्रह करने वाले ज्ञानी तेजस्वी पुरुषों के साथ प्रेम युक्त होकर रह ।

(अश्विनौ) विद्याओं में व्यापक (अध्वर्यू) राष्ट्र यज्ञ के सम्पादक विद्वान् (त्वा) तुझको (इह) इस राष्ट्राधिकार के पदपर (सादयताम्) स्थापित करें ।

स्त्री और पुरुष के पक्ष में—हे स्त्री और हे पुरुष ! तुम ऋतुओं, प्राणों, विद्वानों, जीवनोपयोगी पदार्थों से युक्त हो । (अश्विना अध्वर्यू) प्रजा तन्तु के इच्छुक माता पिता दोनों तुझको (वैश्वानराय अग्नये) सर्व हित-कारी अग्नि, अग्रणी नेता पद के लिये (इह त्वा सादताम्) सद्गृहस्थ में स्थापित करें । इसी प्रकार तू वसु, रुद्र और आदित्य नामक विद्वान् जिते-न्द्रिय पुरुषों के साथ (सजूः) प्रेमपूर्वक सत्संग लाभ कर ॥ शत० ८ । २ । २ । ८-६ ॥

प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्म ऽउर्व्या विभाहि श्रोत्रं मे श्लोकय । अपः पिन्वौषधीर्जिन्व द्विपादव चतुष्पात्पाहि दिवो वृष्टिमेरय ॥ ८ ॥

पूर्वार्धस्य प्राणा उत्तरार्धस्य च आपो देवता । निचृदति जगती । निषाद ॥

भा०—हे प्रभो ! (मे प्राणं पाहि) मुझ प्रजागण के प्राण की रक्षा कर । (मे अपान पाहि) मेरे अपान की रक्षा कर । (मे व्यान पाहि) मेरे शरीर के विविध सन्धियों में चलने वाले व्यान की रक्षा कर । (मे चक्षु) मेरे चक्षु को (उर्व्या) विशाल, विस्तृत दर्शन शक्ति से (विभाहि) प्रकाशित कर । (मे श्रोत्रम्) मेरे श्रोत्र को (श्लोकय) श्रवण समर्थ कर । (अप पिन्व) जलों के समान प्राणों को सेचन कर, उनको पुष्ट कर। (ओषधी) ओषधियों को (जिन्व) प्राप्त कर, (द्विपात्) दो पांव के मनुष्यों की रक्षा कर । (चतुष्पात् पाहि) चौपायों की रक्षा कर । (दिव) द्यौलोक से (वृष्टिम् ईरय) वृष्टि को प्रेरित कर । अथवा जैसे आकाश से वृष्टि होती है उसी प्रकार तेरी तरफ़ से सुखों की वर्षा हो ।

- - ८—दम्पती देवते । द० ।

स्त्री के पक्ष में—हे पते ! तू (उर्व्या) विशाल शक्ति से मेरे प्राण, अपान और व्यान की रक्षा कर । चक्षु को प्रकाशित कर । श्रोत्र को उत्तम शास्त्र-श्रवण से युक्त कर । प्राणों को पुष्ट कर । ओषधियों को प्राप्त कर । भृत्य और चौपायों की रक्षा कर । सूर्य जैसे पृथ्वी पर वर्षा करता है ऐसे तू मुझ अपनी भूमि रूप स्त्री पर सन्तानादि के निमित्त वीर्यादि का प्रदान कर ॥ शत० ८ । २ । ३ । ३ ॥

[1]मूर्धा वयः प्रजापतिश्छन्दः क्षत्रं वयो मयन्दं छन्दो विष्टम्भो वयोऽधिपतिश्छन्दो विश्वकर्मा वयः परमेष्ठी छन्दो वस्तो वयो विवलं छन्दो वृष्णिर्वयो विशालं छन्दः [2]पुरुषो वयस्तन्द्रं छन्दो व्याघ्रो वयोऽनाधृष्टं छन्दः सिꣳहो वयश्छदिश्छन्दः पष्ठवाड्वयो बृहती छन्दऽउक्षा वयः ककुप् छन्दऽऋषभो वयः सतोबृहती छन्दः ॥ ९ ॥

[3]अनड्वान्वयः पङ्क्तिश्छन्दो धेनुर्वयो जगती छन्दस्त्र्यविर्वयस्त्रिष्टुप् छन्दो दित्यवाड्वयो विराट् छन्दः पञ्चाविर्वयो गायत्री छन्दस्त्रिवत्सो वयः उष्णिक् छन्दस्तुर्यवाड्वयोऽनुष्टुप् छन्दः ॥ १० ॥

लिंगोक्ता. प्रजापत्यादयो देवताः । (१) निचृद ब्राह्मी पक्तिः । (२) ब्राह्मी पक्ति. । पञ्चम ॥ (३) स्वराड् ब्राह्मी बृहती । मध्यम ।

भा०—१. (मूर्धा) 'मूर्धा', शिर (वयः) बल, पद या स्थिति है तो (प्रजापति छन्द.) 'प्रजापति' उसका 'छन्द' अर्थात् स्वरूप है । अर्थात् शिर जिस प्रकार शरीर में सब के ऊपर विराजमान है उसी प्रकार समाज में जो सबसे ऊंचे पद पर स्थित हो उसका कर्त्तव्य प्रजापति का है । वह प्रजापति के समान समस्त प्रजाओं का पालन करे ।

१—'वस्तो वयो विवल छन्दः' इति दयानन्दसम्मत पाठः ।

२. (क्षत्रं वयः मयन्दं छन्दः) 'क्षत्र' वय है और 'मयन्द' छन्द है। अर्थात् जो 'क्षत्र' या वीर्यवान् पद पर स्थित है उसका कर्त्तव्य प्रजा को सुख प्रदान करना है।

३. (विष्टम्भः वयः अधिपतिः छन्दः) 'विष्टम्भ' वय है और अधिपति छन्द है। अर्थात् जो विविध प्रजाओं को विविध प्रकारों और उपायों से स्तम्भन कर सके, पाल सके वे वैश्य या जो शत्रुओं को विविध दिशाओं से थाम या रोकने में समर्थ हो उसका कर्त्तव्य 'अधिपति' होने का है। वह सबका अधिपति हो कर रहे।

४. (विश्वकर्मा वयः परमेष्ठी छन्दः) विश्वकर्मा 'वय' है और 'परमेष्ठी' छन्द है। अर्थात् जो पुरुष 'विश्वकर्मा' राज्य के समस्त कार्यों के प्रवर्त्तक श्रम विभाग के मुख्य पदपर स्थित हैं वे 'परमेष्ठी' परम उच्च पद पर स्थित होने योग्य हैं।

५. (वस्तः वयः विवलं छन्दः) वस्त 'वय' है और 'विवल' छन्द है। अर्थात् सबको आच्छादित करने वाले पदाधिकारी का कर्त्तव्य है कि वह विविध प्रकार से संवरण, शरीरगोपन के पदार्थों को उपस्थित करे।

६. (वृष्णिः वयः विशालं छन्दः) वृष्णि 'वय' है और 'विशाल' छन्द है। अर्थात् जो पुरुष बलवान् सब सुखों को प्रदान करने में समर्थ है उसका कर्त्तव्य है कि वह विविध ऐश्वर्यों से शोभायमान हो। और अन्यों को भी विविध ऐश्वर्य प्रदान करे।

७. (पुरुषः वयः तन्द्रं छन्दः) 'पुरुष' वय है 'तन्द्र' छन्द है। अर्थात् जिसमें पुरुष होने का सामर्थ्य है उसका 'तन्द्र' अर्थात् तन्त्र कुटुम्ब को धारण पोषण करने का कर्त्तव्य है।

८. (व्याघ्रं वयः अनाधृष्टं छन्दः) 'व्याघ्र' वय है और 'अनाधृष्ट' छन्द है। जो पुरुष व्याघ्र के समान शूरवीर है उसका कर्त्तव्य है कि वह शत्रु से कभी पराजित न हो।

९. (सिंहः वयः छदिः छन्दः) 'सिंह' वय है और 'छदि' छन्द है। अर्थात् सिंह के समान बड़े २ बलवान् शत्रुओं को भी जो हनन करने में समर्थ है वह प्रजा पर 'छदि' अर्थात् गृह के छत के समान सब को आश्रय देने वाला होकर अपनी छत्र-छाया में रक्खे।

१०. (पृष्ठवाड् वयः बृहती छन्दः) 'पृष्ठ वाड्' वय है और 'बृहती' छन्द है। अर्थात् जो पीठ से बोझा लादने वाले पशु के समान राष्ट्र के कार्य-भार को वहन करने में समर्थ है वह 'बृहती' पृथ्वी के समान बड़े कार्य भार को अपने ऊपर ले।

११. (उक्षा वयः ककुप् छन्दः) 'उक्षा' वय है और 'ककुप्' छन्द है। वीर्य सेचन में समर्थ वृषभ के समान वीर्यवान् पुरुष का कर्त्तव्य 'ककुप्' अर्थात् अपने अधीन प्रजाओं को आच्छादन करना और सब से अपने सरल सत्य व्यवहार से वर्त्तना है।

१२. (ऋषभोः वयः सतोबृहती छन्दः) 'ऋषभ' वय है और 'सतो-बृहती' छन्द है। अर्थात् जो सर्वश्रेष्ठ ज्ञानमान से प्रकाशित है उसका कर्त्तव्य 'सतः-बृहती' अर्थात् प्राप्त हुए बड़े २ कार्यों का उठाना है।

भा०—१३. (अनड्वान् वयः पंक्तिः च्छन्दः) अनड्वान् वय है और पंक्ति छन्द है। अर्थात् शकट वहन करने में समर्थ बैल के समान बलवान् पुरुष अपने वीर्य को परिपक्व रक्खे और गृहस्थ-के भार को उठाये।

१४. (धेनुर्वयः जगती छन्दः) 'धेनु' वय है 'जगती' छन्द है। अर्थात् जो जीव दुधार गौ के समान दूसरों का पालन व पोषण करने में समर्थ हैं वे जगत् को पालन करें।

१५. (त्र्यवि. वय. त्रिष्टुप् छन्द) 'त्र्यवि' वय है और त्रिष्टुप् छन्द है। अर्थात् तीनों वेदों की रक्षा करने में समर्थ पुरुष कर्म उपासना और ज्ञान तीनो से स्तुति करे।

१६- (दित्यवाड् वय विराड् छन्दः) 'दित्यवाट्' वय है और 'विराड्' छन्द है। आदित्य के समान तेज को धारण करने वाला पुरुष विविध ऐश्वर्यों और ज्ञानों से स्वयं प्रकाशित हो और अन्यों को प्रकाशित करे।

१७. (पञ्चाविर्वयो गायत्री छन्दः) 'पञ्चावि' वय है, 'गायत्री' छन्द है। अर्थात् जो पुरुष पाचों प्राण पाचों इन्द्रियों पर वश करने में समर्थ है वह पुरुष अपने प्राणों की रक्षा करने में सफल हो।

१८. (त्रिवत्स वयः उष्णिक् छन्द) 'त्रिवत्स' वय है और 'उष्णिक्' छन्द है अर्थात् कर्म, उपासना और ज्ञान में, या वेदत्रयी में ही निवास करने वाला अथवा तृतीयाश्रमी पुरुष अपने समस्त पापों का दाह करने में सफल हो।

१६. तुर्यवाट् वयः अनुष्टुप् छन्दः) 'तुर्यवाट्' वय है और 'अनुष्टुप्' छन्द है। अर्थात् तुर्य अर्थात् तुरीय चतुर्थ आश्रयवासी पुरुष का होकर पुरुष (अनुष्टुप्) निरन्तर परमेश्वर की स्तुति करे।

(लोकं० ता० इन्द्रम्०) ये १२ वें अध्याय के ५४, ५५, ५३ इन तीनों मन्त्रों की प्रतीक मात्र प्रायः रक्खी मिलती हैं।

प्रकारान्तर से प्रजापति, मयन्द, अधिपति, परमेष्ठी, विलत, विशाल, तन्द, अनाधृष्ट, छदि, वृहती, ककुप्, सतोबृहती, पंक्ति, जगती, त्रिष्टुप्, विराट्, गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप् ये १९ छन्द हैं ये भी प्रजापति के ही १९ स्वरूप हैं। और मूर्धा, क्षत्र, विष्टम्भ, विश्वकर्मा ये चार वर्णभेद से प्रजापति के नाम हैं। वस्त, वृष्णि, सिंह और व्याघ्र ये चार पशु नाम हैं। पुरुष पांचवां। पष्ठवाट्, उक्षा, ऋषभ, अनड्वान् ये ४ पुमान् गौ के स्वरूप हैं। धेनु, गौ का रूप है। त्र्यवि, दित्यवाट्, पञ्चावि, त्रिवत्स तुर्यवाट् ये अवस्था भेद से बछड़े के नाम हैं। परन्तु श्लेष से मनुष्यों की ये (छन्द) प्रवृत्ति और प्रगति भेद से १९ प्रकार किये हैं जिनको १९ पदों या अवस्थाओं में १९ प्रकार के मानवगण करते

हैं यह वेद ने बतलाया। दूसरे प्रजापति आदि १६ छन्दों के मूर्धा आदि १६ नाम या स्वरूप भी समझने चाहियें। १६ प्रकार के 'वयस्' और १६ प्रकार के 'छन्द' दोनों ही प्रजापति के स्वरूप हैं। एक एक छन्द से क्रम से प्रजापति अर्थात् प्रजा के पालन करने वाला पुरुष एक २ 'वयस्' अर्थात् विशेष २ पद, अधिकार प्राप्त करता है। अर्थात् विशेष २ पद को प्राप्त कर पुरुष विशेष २ कर्म करें॥ शत० ८। २। ३। १०-१४॥

इन्द्राग्नी ऽअव्यथमानामिष्टकां दृꣳहतं युवम्।
पृष्ठेन द्यावापृथिवी ऽअन्तरिक्षं च विबाधसे ॥ ११ ॥

विश्वकर्मा ऋषिः। इन्द्राग्नी देवता। भुरिगनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—हे (इन्द्राग्नी) इन्द्र और अग्नि, सेनापति और राजा या राजा और पुरोहित ! (युवम्) तुम दोनों (अव्यथमानाम्) पीड़ा को प्राप्त न होती हुई (इष्टकाम्) ऐश्वर्यों को प्रदान करने वाली प्रजा को (दृंहतम्) दृढ़ करो। हे प्रजे ! तू (पृष्ठेन) अपनी पृष्ठ से (द्यावापृथिवी) द्यौ, पृथिवी और (अन्तरिक्षं च) अन्तरिक्ष तीनों लोकों को, (विबाधसे) प्राप्त होती है। सब स्थानों के भोग्य पदार्थों को प्राप्त होती है॥ शत० ८। ३। १। ८॥

अथवा—हे इन्द्र और अग्नि के समान तेजस्वी स्त्री पुरुषो ! तुम दोनों अपीड़ित, इष्ट वृद्धि को प्राप्त होकर गृहस्थाश्रम को दृढ़ करो। यह गृहस्थाश्रम आकाश, पृथिवी, और अन्तरिक्ष; माता पिता और पति तीनों की सेवा करती है।

विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे व्यचस्वतीं प्रथस्वतीमन्तरिक्षं यच्छान्तरिक्षं दृꣳहान्तरिक्षं मा हिꣳसीः। विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानायोदानाय प्रतिष्ठायै चरित्राय। वायुष्ट्वाभि-

११—१ बाधृ विलोडने भ्वादिः। अथ तृतीया चितिः।

पातु मह्या स्वस्त्या छर्दिषा शन्तमेन तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १२ ॥

विश्वकर्मा ऋषिः । वायुर्देवता । विकृतिः । मध्यमः ॥

भा०—हे राजशक्ते ! (व्यचस्वतीम्) विविध रूपों से विस्तृत और (प्रथस्वतीम्) विस्तृत ऐश्वर्य वाली (त्वा) तुझको (विश्वकर्मा) समस्त उत्तम कार्यों के करने हारा पुरुष राजा (अन्तरिक्षस्य पृष्ठे) अन्तरिक्ष के समान सब के बीच पूजनीय पुरुष के पृष्ठ पर अर्थात् उसके बल या आश्रय पर स्थापित करे । तू स्वयं (अन्तरिक्षम्) अपने भीतर विद्यमान पूज्य पुरुष या अन्तरिक्ष के समान प्रजा के रक्षक राजा को (यच्छ) बल प्रदान कर । (अन्तरिक्षं दृंह) उसी 'अन्तरिक्ष' नाम राजा को दृढ़कर, सदा (अन्तरिक्षं) उस अन्तरिक्ष पदपर विद्यमान सर्वरक्षक राजा को (मा हिंसीः) मत विनाश कर (विश्वस्मै) सब के (प्राणाय) प्राण, (अपानाय) अपान, (व्यानाय) व्यान, (उदानाय) उदान (प्रतिष्ठायै) प्रतिष्ठा और (चरित्राय) उत्तम चरित्र या आश्रय की रक्षा के लिये (वायुः) वीर्यवान् वायु के समान बलशाली पुरुष (मह्या स्वस्त्या) बड़े भारी कल्याणकारी सम्पत्ति या शक्ति से (शन्तमेन) अति शान्तिदायक (छर्दिषा) तेज और पराक्रम से (त्वा अभि पातु) तेरी रक्षा करे । (तया देवतया) उस देवस्वरूप पुरुष के साथ तू (अङ्गिरस्वत्) अग्नि के समान तेजस्विनी होकर (ध्रुवा सीद) स्थिर होकर रह । शत० ८ । ३ । १ । ९-१० ॥

स्त्री के पक्ष में—हे स्त्री (विश्वकर्मा) तेरा पति (व्यचस्वतीं प्रथस्वतीं) विविध गुणों से प्रकाशित और प्रसिद्ध कीर्ति वाली तुझको अन्तरिक्ष के पृष्ठ अर्थात् हृदय में स्थापित करे । तू उसको अपने आप को सौंप, उसको बढ़ा और उसको पीड़ा मत दे । सबके प्राण, अपान, व्यान, उदान और सच्चरित्र की रक्षा के लिये वायु के समान प्राणेश्वर पति तेरी रक्षा करे । तू उस हृदय-देवता से तेजस्विनी होकर रह ॥

राज्ञ्यसि प्राची दिग्विराडसि दक्षिणा दिक् सम्राडसि प्रतीची दिक् स्वराडस्युदीची दिगधिपत्न्यसि बृहती दिक् ॥ १३ ॥

विश्वेदेवा ऋषयः । दिशो देवता. । विराड् पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(प्राची दिग्) प्राची पूर्वदिशा जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश से देदीप्यमान होती है उसी प्रकार हे राजशक्ते ! तू (राज्ञी असि) अपने तेज से प्रकाशमान राजा की शक्ति है । तू (दक्षिणा दिक्) दक्षिण दिशा से जिस प्रकार सूर्य के विशेष प्रखर ताप और तीव्र प्रकाश से विशेष तेजस्विनी होती है उसी प्रकार तू भी (विराड् असि) राजा के विशेष तेज से प्रकाशमान हो । (प्रतीची दिक् सम्राट् असि) पूर्व से पश्चिम को आने वाले सूर्य से जिस प्रकार उत्तरोत्तर पश्चिम दिशा प्रकाशमान होती जाती है उसी प्रकार तू भी 'सम्राट्' सब प्रकार के ऐश्वर्यों से उत्तरोत्तर तेजस्विनी हो । (उदीची दिक् स्वराड् असि) उत्तर दिशा जिस प्रकार ध्रुवीय प्रकाश से या उत्तरायण गत सूर्य से स्वतः प्रकाशमान होती है उसी प्रकार तू राजशक्ति भी स्वराट् अर्थात् स्वयं अपने स्वरूप से तेजस्विनी हो । (बृहती दिक् अधिपत्नी असि) बृहती दिशा ऊपर की जिस प्रकार मध्याह्न काल के सूर्य से प्रकाशित और सब पर विराजमान हो उसी प्रकार राजशक्ति सब पर अधिकार करके सबकी पालन करने वाली हो ॥ शत० ८ । ३ । १ । १४ ॥

स्त्री के पक्ष में—स्त्री भी विविध गुणों से विराट्, सुख में विद्यमान होने से सम्राट्, स्वयं तेजस्विनी होने से स्वराट्, गृहपत्नी होने से अधिपत्नी और रानी हो । ये पांच पदवी पांच दिशाओं के समान तुझे प्राप्त हों ।

विश्वकर्मा त्वा सादयत्वन्तरिक्षस्य पृष्ठे ज्योतिष्मतीम् । विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ । वायुष्टेऽधिपतिस्तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥ १४ ॥

विश्वेदेवा ऋषय । वायुर्देवता । स्वराड् ब्राह्मी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(विश्वकर्मा) प्रजापालक राजा (अन्तरिक्षस्य पृष्ठे) समस्त प्रजा के पूज्य पुरुष के आधार पर (ज्योतिष्मतीम् त्वा) ज्योति अर्थात् सूर्य के समान तेजस्वी पुरुषों से युक्त तुझको (सादयतु) स्थापित करे। तू (विश्वस्मै) सब को (प्राणाय अपानाय व्यानाय) शरीर में प्राण, अपान और व्यान के समान राष्ट्र के सब प्रकार के बल सम्पादन के लिये (ज्योतिः यच्छ) ज्योति को प्रदान कर। (वायुः ते अधिपतिः) शरीर में जिस प्रकार प्राण समस्त शरीर की चेतना का स्वामी है उसी प्रकार वायु के समान शत्रु रूप वृक्षों को उखाड़ फेंकने में समर्थ, बलवान् पुरुष तुझ राजशक्ति का (अधिपति) अधिपति है। तू (तया देवतया) इस देवस्वरूप अधिपति का (अंगिरस्वत्) तेजस्विनी होकर (ध्रुवा सीद) ध्रुव स्थिर होकर रह। शत० ८।३।२।३।४॥

स्त्री के पक्ष में—विश्वकर्मा तेरा पति, जलों के ऊपर सूर्य प्रभा के समान तुझ को अपने हृदय में प्राणादि की उन्नति के लिये स्थापित करता है। तू सब को ज्योति प्रदान कर। प्राण के समान प्रिय पति तेरा अधिपति है। तू उसके संग स्थिर होकर रह।

नभश्च नभस्यश्च वार्षिकावृतू ऽअग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ऽओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये ऽअग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी ऽइमे वार्षिकावृतू ऽअभिकल्पमाना ऽइन्द्रमिव ऽदेवा ऽअभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ १५ ॥

इषश्चोर्जश्च शारदावृतू ऽअग्नेरन्तः श्लेषोऽसि कल्पेतां द्यावापृथिवी कल्पन्तामाप ऽओषधयः कल्पन्तामग्नयः पृथङ् मम ज्यैष्ठ्याय सव्रताः। ये ऽअग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी ऽइमे शारदावृतू ऽअभिकल्पमाना ऽइन्द्रमिव देवा ऽअभिसंविशन्तु तया देवतयाङ्गिरस्वद् ध्रुवे सीदतम् ॥ १६ ॥

विश्वेदेवाः ऋषयः । ऋतवो देवता। स्वराड् उत्कृति । षड्जः ॥

भा०—(नभः नभस्य. च) नभस् और नभस्य ये दोनों (वार्षिकौ ऋतू) वर्षा ऋतु के भाग हैं। (अग्नेः० सीदतम्) इत्यादि अ० १२ । २५ ॥

भा०—(इष च ऊर्जः च शारदौ ऋतू) इष और ऊर्ज ये दोनों शरद् ऋतु के दो मास हैं । (अग्ने सीदतम् इत्यादि) देखो अ० १२।२५॥ शत० ८ । ३ । २ । ५-१३ ॥

आयुर्मे पाहि प्राणं मे पाह्यपानं मे पाहि व्यानं मे पाहि चक्षुर्मे पाहि श्रोत्रं मे पाहि वाचं मे पिन्व मनो मे जिन्वात्मानं मे पाहि ज्योतिर्मे यच्छ ॥ १७ ॥

भा०—हे परमेश्वर ! प्रभो ! हे स्वामिन् ! (मे आयुः पाहि) मेरी आयु की रक्षा कर । (मे प्राणं प्राहि) मेरे प्राण का पालन कर । (मे अपानं पाहि) मेरे अपान की रक्षा कर। (मे व्यानं पाहि) मेरे व्यान की रक्षा कर । (मे चक्षु पाहि) मेरी आखों का पालन कर । (श्रोत्रं मे पाहि) मेरे कानों का पालन कर । (मे वाचं पिन्व) मेरी वाणी को तृप्त कर । (मे मनः जिन्व) मेरे मन को प्रसन्न कर। (मे आत्मानं पाहि) मेरे आत्मा या देह की रक्षा कर । (मे) मुझे (ज्योति) ज्ञान ज्योति का (यच्छ) प्रदान कर ॥ शत० ८ । ३ । २ । १४ : १५ ॥

मा च्छन्दः प्रमा च्छन्दः प्रतिमा च्छन्दोऽअस्रीवयश्छन्दः पङ्क्तिश्छन्दऽउष्णिक् छन्दो बृहती छन्दोऽनुष्टुप् छन्दो विराट् छन्दो गायत्री छन्दस्त्रिष्टुप् छन्दो जगती छन्द. ॥१८॥ पृथिवी छन्दोऽन्तरिक्षञ्छन्दो द्यौश्छन्द. समा श्छन्दो नक्षत्राणि छन्दो वाक् छन्दो मनश्छन्दः । कृषिश्छन्दो हिरण्यं छन्दो गौश्छन्दोऽजाछन्दोऽश्वश्छन्दः ॥ १९ ॥

विश्वेदेवा देवता. । छन्दांसि देवताः । भुरिगति जगती । निषाद ।

भा०—(मा) ज्ञान कराने वाली, यथार्थ प्रज्ञा (प्रभा) उत्कृष्ट

ज्ञान कराने वाली प्रमाणवती बुद्धि (प्रतिमा) प्रत्येक पद्य अर्थ का मान करने वाली बुद्धि, (अस्रीवय) कामना योग्य अन्न (पंक्ति) पञ्च अवयवों से युक्त योग अथवा परिपक्क शक्ति । (उष्णिक्) उत्तम (बृहती) बड़ी शक्ति या प्रकृति, (अनुष्टुप्) अनुकूल स्तुति (विराट्) विविध पदार्थ विज्ञान, (गायत्री) स्तुतिकर्त्ता ज्ञानी को रक्षा करने वाली शक्ति (त्रिष्टुप्) विविध सुखों की वर्णन करने वाली विद्या (जगती) सब जगत् व्यापनी शक्ति ये सभी (छन्द.) सुख देने वाले साधन और बल के स्थान हैं।

इसी प्रकार—(पृथिवी) पृथिवी और (द्यौः) द्यौ, आकाश, (समा) वर्ष, (नक्षत्राणि) नक्षत्र, (वाक्) वाणी, (मन) मन, (कृषि) कृषि, (हिरण्यम्) सुवर्ण, (गौः) गौ आदि पशु (अजा) अजा आदि पशु (अश्व) अश्व आदि एक खुर के पशु ये सब भी (छन्द) शक्ति के स्थान, कार्यों के साधन करने में सहायक, अथवा मानव प्रजा को अपने भीतर आच्छादित या सुरक्षित रखते हैं। शत० २।३।३।१-१२॥

अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता ॥ २० ॥

विश्वेदेवा ऋषय । अग्न्यादयो देवता । भुरिग् ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ।

भा०—(अग्निः) अग्नि, (वात.) वात, (सूर्यः) सूर्य, (चन्द्रमा) चन्द्रमा, (वसव.) आठ वसु, (रुद्रा) ११ रुद्र, प्राण, (आदित्याः) १२ आदित्य, मास, (मरुत.) मरुत् गण, विद्वान्गण (विश्वेदेवाः) विश्वेदेवगण समस्त दिव्य पदार्थ, (बृहस्पतिः) बृहस्पति, ब्रह्माण्ड और वेद वाणी का पालक (इन्द्र.) इन्द्र, ईश्वर और (वरुण) वरुण ये सब (देवता) देवता अर्थात् दिव्य शक्तियां हैं, राष्ट्र में ये ही सब अधिकारी लोग देवता अर्थात् राजशक्ति के अंश हैं। ब्रह्माण्ड में ये ही परमेश्वरी शक्ति के स्वरूप हैं॥ शत० ८।३।३।१-१२॥

मूर्धासि राड् ध्रुवासि धरुणा धर्त्र्यसि धरणी।
आयुषे त्वा वर्चसे त्वा कृष्यै त्वा क्षेमाय त्वा ॥ २१ ॥

विश्वेदेवा ऋषय । प्राणा विदुषी देवता । निचृद् अनुष्टुप । ऋषभ ॥

भा०—हे राजशक्ते ! तू (मूर्धा वा राट् असि) द्यौ या सूर्य के समान सब से उच्च शिरोभाग पर स्थित है। तू 'राट्' अर्थात् सूर्य के समान ही तेजस्विनी है। (ध्रुवा धरुणा असि) ध्रुवा दिशा जिस प्रकार सब का आश्रय है उसी प्रकार तू भी स्थिर होकर राष्ट्र को धारण करने वाली है। (धर्त्री धरणी असि) तू समस्त प्रजा को धारण करने वाली और धरणी भूमि के समान सबका आधार है। इसी प्रकार घर में स्त्री सब के ऊपर सूर्य-प्रभा के समान गुणों से प्रकाशित, आश्रयस्तम्भ के समान स्थिर और पृथ्वी के समान सब गृहस्थ का धारण करने वाली है तुझको मैं (आयुषे) आयु, जीवनवृद्धि के लिये (वर्चसे) तेज की वृद्धि के लिये (कृष्यै) खेती, अन्नादि की उत्पत्ति के लिये और (क्षेमाय) प्रजा की सुख वृद्धि के लिये (त्वा ४) तुझ को स्वीकार करता हूं ॥ शत० ८ । ३ । ४ । १-८ ॥

यन्त्री राड् यन्त्र्यसि यमनी ध्रुवासि धरित्री।
इषे त्वोर्जे त्वा रय्यै त्वा पोषाय त्वा ॥ २२ ॥

विश्वेदेवा ऋषयः । विदुषी देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे राज्य शक्ते ! तू (मन्त्री) समस्त राष्ट्र को नियम में रखने वाली (राष्ट्र) राजवैभव से प्रकाशमान होने से, तू (यन्त्री असि) यन्त्री, नियमकारिणी शक्ति कहाती है। तू (यमनी) नियम व्यवस्था करने वाली और (धरित्री) प्रजा को धारण करने वाली पृथ्वी के समान (ध्रुवा असि) ध्रुव, स्थिर है। (त्वा) तुझ राज-शक्ति को पृथ्वी के समान जान कर मैं (इषे) अन्न सम्पदा की वृद्धि के लिये (ऊर्जे) पराक्रम के लिये, (रय्यै) प्राणशक्ति या ऐश्वर्य की वृद्धि के लिये और (पोषाय) पशु

आदि समृद्धि के लिये या शरीरों की पुष्टि के लिये स्वीकार करता हूं ॥ शत० ८ । ३ । ४ । १० ॥

आशुस्त्रिवृद्भान्तः पञ्चदशो व्योमा सप्तदशो धरुणऽएकविंशः प्रतूर्त्तिरष्टादशस्तपो नवदशोऽभीवर्त्तः सविंशो वर्चो द्वाविंशः सम्भरणस्त्रयोविंशो योनिश्चतुर्विंशः गर्भाः पञ्चविंश ऽओजस्त्रिणवः क्रतुरेकत्रिंशः प्रतिष्ठा त्रयस्त्रिंशो ब्रध्नस्य विष्टपं चतुस्त्रिंशो नाकः षट्त्रिंशो विवर्त्तोऽष्टाचत्वारिंशो धर्त्रं चतुष्टोमः ॥ २३ ॥

ऋषयो ऋषयः । मेधाविनो देवता । भुरिग् विकृतिः । मध्यम ॥

भा०—१. (आशु त्रिवृत्) आशु, शीघ्रकारी, वायु के समान बलवान् पुरुष वायु के समान तीनों लोकों में व्याप्त और तीनों बलों से युक्त होता है । और जिस प्रकार (त्रिवृत्) शीत, उष्ण और शीतोष्ण तीन प्रकार की ऋतुओं से युक्त संवत्सर होता है उसी प्रकार प्रजापति राजा भी शीत, उष्ण और सम इन तीन स्वभाव वाला होता है उसको 'आशु' कहते हैं । अथवा जिसके अधीन तीन शक्तियां हों या जिसके अमात्य तीन हों वह अपने नियमों को शीघ्र कर लेने वाला होने से 'आशु' नाम प्रजापति कहाता है । वह प्राण वायु के समान त्रिवृत्-वीर्य होता है ।

२. (भान्तः पञ्चदश) १५ गुण वीर्य या वीर सहायक पुरुषो से युक्त राजा 'भान्त' नामक है । अर्थात् जिस प्रकार चन्द्रमा प्रतिपक्ष में बढ़ती १५ कलाओ से युक्त होता है उसी प्रकार १५ राज्यांगों से युक्त प्रजापालक राजा १५ गुण-वीर्य होने से चन्द्रमा के समान 'भान्त' कहाता है ।

३. (व्योमा सप्तदश) जिस प्रकार संवत्सर में १२ मास और ५ ऋतु होने से १७ विभाग होते हैं, इसी प्रकार वह प्रजापालक राजा

२३—अतः पर चतुर्थी चिति. । मेधो विनो देवता । द० ।

जो इसी प्रकार अपने राज्य के १७ विभाग बना कर रखता है वह (व्योमा) विशेष रक्षाकारिणी शक्ति से सम्पन्न होने से 'व्योम' प्रजापति कहाता है।

४. (धरुण. एकविंश:) जिस प्रकार सूर्य १२ मास, ५ ऋतु, तीन लोक, इन २१ वीर्यों सहित सबका आश्रय होकर अकेला विराजता है और 'धरुण' कहाता है। उसी प्रकार जो प्रजा पालक राजा अपने राष्ट्र में २१ वीर्यों या प्रबल विभागो या वीर सहायक अधिकारियों सहित प्रजा का पालन करता, सबका आश्रय रहता है वह भी 'एकविंश धरुण' कहाता है।

५. (प्रतूर्त्तिः अष्टादशः) जिस प्रकार संवत्सर रूप प्रजापति के १२ मास, ६ ऋतु या १२ मास, ५ ऋतु और १८ वां स्वयं होकर समस्त जन्तुओं को खूब बढ़ाता है उसी प्रकार जो राजा स्वयं अपने राज्य के १८ विभाग करके प्रजाओं की वृद्धि और उनको हृष्ट पुष्ट करता है वह 'प्रतूर्त्ति' कहाता है।

६. (तपः नवदशः) जिस प्रकार १२ मास, ६ ऋतु और आप स्वयं मिलकर १९ वां होकर समस्त प्राणियों को संतप्त करने से आदित्य रूप संवत्सर 'तप.' है उसी प्रकार राजा भी १८ विभागों के राज्य पर स्वयं १९ वां अधिपति होकर शासन करता हुआ, शत्रुओं को संतापित करे, वह भी 'तप' कहाता है।

७. (अभीवर्त्त· सविंशः) जिस प्रकार १२ मास, ७ ऋतुओं से आदित्य रूप संवत्सर समस्त प्राणियों को पुन· प्राप्त होने से 'अभिवर्त्त' कहाता है उसी प्रकार राज्य के १९ विभागाध्यक्षों पर स्वयं २० वां होकर शासन करने वाला प्रजापति राजा उस सूर्य के समान समस्त राष्ट्र में व्यापक प्रभाव वाला होकर 'अभीवर्त्त' पद को प्राप्त करता है।

८ (वर्चः द्वाविंशः) जिस प्रकार १२ मास, ७ ऋतु, दिन और रात्रि उनका प्रवर्त्तक स्वयं २२ वां आदित्य रूप संवत्सर वर्चस्वी होने से 'वर्चः'

कहाता है, उसी प्रकार जो राजा १२ मास, ७ ऋतु, दिन और रात्रि के लक्षणों से युक्त २१ विभागाध्यक्षों पर स्वयं २२ वां होकर विराजता है वह भी वर्चस्वी होने से 'वर्चः' पद का भागी होता है।

६. (सम्भरणः त्रयोविंशः) जिस प्रकार १३ मास, ७ ऋतु, २ रात, दिन, इन २२ का विधाता स्वय २३ वां आदित्य रूप संवत्सर समस्त प्राणियों का भरण पोषण कर्त्ता होने से 'सम्भरण' कहाता है उसी प्रकार २२ विभागाध्यक्षों का प्रवर्त्तक २३ वां स्वय समस्त प्रजाओं का भरण पोषण करने वाला राजा 'सम्भरण' पदका अधिकारी है।

१० (योनि. चतुर्विंश.) १२ मास, २४ अर्ध मासों से युक्त आदित्य-रूप सवत्सर समस्त प्राणियों का आश्रय होने से योनि कहाता है उसी प्रकार २४ विभागाध्यक्षों का प्रवर्त्तक राजा भी सबका आश्रय होने से 'योनि' कहाता है।

११. (गर्भा पन्चविंश) २४ अर्ध मासो का प्रवर्त्तक स्वयं २५ वां आदित्य-रूप संवत्सर जिस प्रकार १३ वें मास का रूप धर कर समस्त अन्य ऋतुओं में अंशांशि भाव से प्रविष्ट होता है और 'गर्भ' नाम से कहाता है उसी प्रकार २४ विभागाध्यक्षों का प्रवर्त्तक राजा पृथक् स्वरूप रह कर भी सब पर अपना वश करके 'गर्भ' नाम से कहाता है।

१२ (ओजास्त्रिणव.) २४ अर्ध मास और २ रात्रि दिन, इन २६ सों पर स्वयं २७ वां प्रवर्त्तक होकर विराजने वाला आदित्य संवत्सर ओजस्वी होने से 'ओज' कहाता है उसी प्रकार २६ अध्यक्षों का स्वयं प्रवर्त्तक २७ वां राजा ओजस्वी वज्र के समान पराक्रमी होकर 'ओजः' कहाता है।

१३ (क्रतु. एकत्रिंश) २४ अर्धमास और ६ ऋतु सब मिलकर जिस प्रकार ३० का समष्टि विभागों रूप सवत्सर आदित्य स्वयं सबका

कर्त्ता होकर 'क्रतु' कहाता है उसी प्रकार ३० विभागों का शासक राजा राज्यकर्त्ता होने से 'क्रतु' कहाता है।

१४. (प्रतिष्ठा त्रयस्त्रिंश.) २४ अर्धमास, ६ ऋतु, २ दिन-रात्रि, उन का प्रवर्त्तक ३३ वां स्वयं आदित्य संवत्सर सबकी प्रतिष्ठा या स्थिति का कारण होने से 'प्रतिष्ठा' कहाता है, उसी प्रकार ३२ विभागों पर स्वयं ३३ वां प्रवर्त्तक राजा सबका प्रतिष्ठापक होने से 'प्रतिष्ठा' पद को प्राप्त होता है।

१५ (ब्रध्नस्य विष्टपं चतुस्त्रिंश.) २४ अर्धमास, सात ऋतु, २ रात दिन, इनका प्रवर्त्तक संवत्सर आदित्य जिस प्रकार स्वयं ३४ वां है और वह 'ब्रध्न का विष्टप' अर्थात् सर्वाधार सूर्य का लोक या पद इस नाम से कहाता है उसी प्रकार ३३ विभागों का प्रवर्त्तक शासक स्वयं ३४ वां होकर 'ब्रध्न का विष्टप' 'सूर्य का पद, सम्रा ्' कहाता है।

१६. (नाकः षट्त्रिंश.) १४ अर्धमास, १२ मास इनका प्रवर्त्तक संवत्सर सब के दु.खों का नाशक होने से 'नाक' कहाता है इसी प्रकार ३६ विभागों का राजतन्त्र सुखप्रद होने से 'नाक' कहाता है।

१७. (विवर्त्तः अष्टाचत्वारिंशः) २६ अर्धमास और २३ मास, २ अहोरात्र, ७ ऋतु इनका प्रवर्त्तक सूर्य स्वयं इनका स्वरूप होकर 'विवर्त्त' कहाता है उसी प्रकार ४८ विभागों का प्रवर्त्तक राजा समस्त प्रजाओं को विविध मार्गों मे चलाने हारा होने से 'विवर्त्त' कहाता है।

१८, (धर्त्रं चतुष्टोमः) चारों दिशाओ में अपने बल वेग से गमन करने वाले वायु के समान अपने संहारक पराक्रम से चारों दिशों का विजय करने मे समर्थ अपनी राज्य प्रतिष्ठा करने वाला विजेता राजा 'धर्त्रं' कहाता है। शत० ८। ४। १। १-१८॥

वीर्यं वै स्तोमाः। तां० २। ५। ४। प्राणा वै स्तोमाः। शत० ८। १। ३॥

इस आधार पर स्तोम त्रिवृद् आदि वीर्य अर्थात् अधिकारी और उनके सञ्चालक और धारक अधिकारी अध्यक्षों का वाचक हैं।

अग्नेर्भागोऽसि दीक्षाया ऽआधिपत्यं ब्रह्म स्पृतं त्रिवृत्स्तोमः। इन्द्रस्य भागोऽसि विष्णोराधिपत्यं क्षत्रꣳ स्पृतं पञ्चदश स्तोमः। नृचक्षसां भागोऽसि धातुराधिपत्यं जनित्रꣳ स्पृतꣳ सप्तदश स्तोमः। मित्रस्य भागोऽसि वरुणस्याधिपत्यं दिवो वृष्टिर्वात स्पृत एकविꣳश स्तोमः ॥ २४ ॥

वसूनां भागोऽसि रुद्राणामाधिपत्यं चतुष्पात् स्पृतं चतुर्विꣳश स्तोमः। आदित्यानां भागोऽसि मरुतामाधिपत्यं गर्भाः स्पृताः पञ्चविꣳश स्तोमः। अदित्यै भागोऽसि पूष्ण आधिपत्यमोजः स्पृतं त्रिणव स्तोमः। देवस्य सवितुर्भागोऽसि बृहस्पतेराधिपत्यꣳ समीचीर्दिशं स्पृताश्चतुष्टोम स्तोमः ॥ २५ ॥

यवानां भागोऽस्ययवानामाधिपत्यं प्रजा स्पृताश्चतुश्चत्वारिꣳश स्तोमः। ऋभूणां भागोऽसि विश्वेषां देवानामाधिपत्यं भूतꣳ स्पृतं त्रयस्त्रिꣳश स्तोमः ॥ २६ ॥

(२४) लिंगोक्ता देवताः। भुरिक् विकृतिः। मध्यमः। (२५) स्वराट् संकृतिः। गान्धारः। (२६) निचृदति जगती। निषादः॥

भा०—१. हे विज्ञान राशे ! (अग्नेः भागः असि) तू अग्नि ज्ञानवान् पुरुष के सेवन करने योग्य है। तुझ पर (दीक्षायाः) दीक्षा, व्रतग्रहण और वाणी का (आधिपत्यम्) आधिपत्य, स्वामित्व है। इससे ही (ब्रह्म स्पृतम्) ब्रह्म अर्थात् वेद ज्ञान सुरक्षित रहता है। (त्रिवृत् स्तोमः) उपासना, ज्ञान और कर्म ये तीन प्रकार का वीर्य प्राप्त होता है।

२. (इन्द्रस्य भागः असि) हे क्षात्रबल ! तू (इन्द्रस्य)

ऐश्वर्यवान् या शत्रुओं के नाशकारी वीर पुरुष का (भाग· असि) सेवन करने योग्य अंश है। उस पर (विष्णोः आधिपत्यम्) व्यापक या विस्तृत सामर्थ्यवान् पुरुष का आधिपत्य या स्वामित्व है। उसके अधीन (क्षत्रं स्पृतम्) क्षात्र-बल की रक्षा होती है। (पञ्चदशः स्तोम) उसका अधिकारी बल चन्द्र के समान १५ तिथियों या कलाओं से युक्त है। या उसका पद १२ मास ३ ऋतु वाले आदित्य संवत्सर के समान है।

३. (नृचक्षसां भागः असि) हे राष्ट्र मे बसे प्रजाजन ! तुम लोग (नृचक्षसां भागः असि) प्रजाओं के कार्यों के निरीक्षक अधिकारी पुरुषों के भाग हो। तुम पर (धातुः) प्रजा का पालन करने और ऐश्वर्य या पौष्टिक अन्नादि पदार्थों से पुष्ट करने हारे 'धातृ' नामक अधिकारी का (आधिपत्यम्) स्वामित्व है। (जनित्रम् स्पृतम्) इस प्रकार प्रजाओं का उत्पन्न होना और उनके जीवन की रक्षा होती है। इसमें (सप्तदश स्तोम) इस अधिकारी के अधीन १७ अन्य अधिकारी जन हों।

४. (मित्रस्य भागः असि) मित्र सर्व प्रजा के प्रति स्नेही, निष्पक्षपात, न्यायकारी, सूर्य के समान तेजस्वी, पुरुष का यह भाग है। इस पर (वरुणस्य आधिपत्यम्) वरुण दुष्टों को वारण करने वाले दमनकर्त्ता अधिकारि का अधिकार है। (दिवः वृष्टिः) आकाश से जैसे जल वृष्टि सब को समान रूप से प्राप्त होता है और (वात·) वायु जिस प्रकार सब को समान रूप से प्राप्त है उसी प्रकार सर्व साधारण के अन्न जल वायु के समान जन्म सिद्ध अधिकार भी (स्पृतः) सुरक्षित हों। (एकविंशः स्तोम) उसमे २१ अधिकारीगण हों ॥ २४ ॥

५. (वसूनां भागः असि) हे पशु सम्पत्ते ! तू राष्ट्र में बसने वालों का सेवन करने योग्य पदार्थ है। तुझ पर (रुद्राणाम् आधिपत्यम्) तेरे रोधन करने वाले रुद्र, गोपाल लोगों का स्वामित्व है। इस प्रकार (चतु-

ष्पाद् स्पृतम्) चौपायों की रक्षा हो । (चतुर्विंशः स्तोमः) इसमें २४ अधिकारीगण नियुक्त हों ।

६. (आदित्यानां भागः असि) हे गर्भगत जीवो ! तुम आदित्यों या तेजस्वी पुरुषों के भाग हो । तुम पर (मरुताम् आधिपत्यम्) शरीरवर्त्ती प्राणों का स्वामित्व है । इस प्रकार प्रजाओं के गर्भ सुरक्षित होते हैं । (पञ्चविंशः स्तोमः) उसमें २५ अधिकारीगण हैं ।

७. हे ओज ! (अदित्यै भागः असि) तू अखण्ड राजशक्ति का भाग है । तुझ पर (पूष्णः आधिपत्यम्) राष्ट्र को पुष्ट करने वाले पुरुष का स्वामित्व है । इस पर राष्ट्र का (ओजःस्पृतम्) ओज, तेज सुरक्षित हो । (त्रिनवः स्तोमः) इसमें २७ अधिकारी गण हैं ।

८. (देवस्य सवितुः भागः असि) हे समस्त दिशाओं के सर्व प्रेरक देव ! तू राजा का भाग हो । तुझ पर (बृहस्पतेराधिपत्यम्) तुझ पर महान् राष्ट्र के पालक का स्वामित्व है । इस प्रकार (समीची दिशः) समान रूप से फैली दिशाएं (स्पृताः) सुरक्षित होती हैं । (चतुस्तोमः स्तोमः) इसमें ४ मुख्य अधिकारी होते हैं ॥ २५ ॥

९. हे प्रजाजनो ! तुम (यवानां भागः असि) पूर्व पक्ष के लोगों या शत्रुनाशक वीर भटों के भाग अर्थात् सेवन करने योग्य हो और तुम पर (अयवानाम्) सौम्य अधिकारी जो सेना में शत्रु का नाश न कर शान्ति से शासन करते हैं उनका (आधिपत्यम्) स्वामित्व है । इसमें (चतुश्चत्वारिंशः स्तोमः) ४४ अधिकारी जन होते हैं ।

१०. (ऋभूणां भागः असि) हे पञ्च भूतगण तुम सत्य से शोभा देने वा न्यायकारी पुरुषों का भाग हो । उनपर (विश्वेषां देवानाम्) समस्त विद्वानों का (आधिपत्यम्) स्वामित्व है । (भूतम् स्पृतम्) यथार्थ सत्य पदार्थ की रक्षा होती है । अथवा (ऋभूणां) तुम शिल्पि जनों का भाग हो ।

(विश्वेषां देवानाम् आधिपत्यम्) समस्त विजयी पुरुषों का उन पर स्वामित्व हो। (भूतम्) इससे समस्त उत्पादक शिल्प की रक्षा होती है। (त्रय-स्त्रिंश स्तोम.) उसमें ३३ अधिकारीगण हैं ॥ ८। ४। २। १-४ ॥

सह॑श्च सह॒स्य॑श्च है॑मन्ति॒कावृ॒तू ऽअ॒ग्नेर॑न्तः श्लेषो॒ऽसि॒ कल्पे॑तां॒ द्यावा॑पृथि॒वी कल्प॑न्ता॒माप॒ ऽओष॑धयः॒ कल्प॑न्ताम॒ग्नयः॒ पृथ॒ङ्मम॒ ज्यैष्ठ्या॑य॒ सव्र॑ताः। ये ऽअ॒ग्नयः॒ सम॑नसो॒ऽन्तरा द्यावा॑पृथि॒वी इ॒मे। है॑मन्ति॒कावृ॒तू ऽअ॑भि॒कल्प॑माना॒ इन्द्र॑मिव दे॒वा ऽअ॑भि॒संवि॑शन्तु॒ तया॑ दे॒वत॑याङ्गिर॒स्वद् ध्रु॒वे सी॑दतम् ॥ २७ ॥

भा०—(सहः सहस्यः च) सह और सहस्य ये दोनों (हेमन्तिकौ ऋतू) हेमन्त ऋतु के भाग हैं। (अग्ने. अन्त सीदतम्०) इत्यादि व्याख्या देखो १२। २५ ॥ शत० ८। ४। २। १४ ॥

एक॑यास्तुवत प्र॒जा ऽअ॑धीयन्त प्र॒जाप॑ति॒रधि॑पतिरासीत्। ति॒सृभि॑रस्तुवत॒ ब्रह्मा॑सृज्यत॒ ब्रह्म॑ण॒स्पति॒रधि॑पतिरासीत्। प॒ञ्चभि॑रस्तुवत भू॒तान्य॑सृज्यन्त भू॒ताना॒ं पति॒रधि॑पतिरासीत्। स॒प्तभि॑रस्तुवत स॒प्त ऽऋ॒षयो॑ऽसृज्यन्त धा॒ताधि॑पतिरासीत्॥ २८ ॥

न॒वभि॑रस्तुवत पि॒तरो॑ऽसृज्य॒न्तादि॑ति॒रधि॑पत्न्यासीत्। एका॒द॒शभि॑रस्तुवत ऽऋ॒तवो॑ऽसृज्यन्तार्त्त॒वा ऽअधि॑पतय आसन्। त्र॒यो॒द॒शभि॑रस्तुवत॒ मासा॑ ऽअसृज्यन्त संवत्स॒रोऽधि॑पतिरासीत्। प॒ञ्च॒द॒शभि॑रस्तुवत क्ष॒त्रम॑सृज्य॒तेन्द्रोऽधि॑पतिरासीत्। स॒प्त॒द॒शभि॑रस्तुवत ग्रा॒म्याः प॒शवो॑ऽसृज्यन्त॒ बृह॒स्पति॒रधि॑पतिरासीत् ॥ २९ ॥

न॒व॒द॒शभि॑रस्तुवत शूद्रा॒र्याव॑सृज्येताम॒होरा॒त्रे ऽअधि॑पत्नी आस्ता॒म्। एक॑विꣳशत्यास्तुव॒तैक॑शफाः प॒शवो॑ऽसृज्यन्त॒ वरु॒णोऽधि॑पतिरासीत्। त्रयो॑विꣳशत्यास्तुवत क्षु॒द्राः प॒शवो॑ऽसृज्यन्त पू॒षाधि॑पतिरासीत्। प॒ञ्च॒विꣳशत्यास्तु॒ व॒नाऽऽर॒ण्याः प॒शवो॑ऽ-

सृज्यन्त वायुरधिपतिरासीत्। सप्तविंᳪशत्यास्तुवत द्यावापृथिवी व्यैतां वसवो रुद्रा ऽआदित्या ऽअनुव्यायँस्त एवाधिपतय ऽआसन् ॥ ३० ॥

नवविंᳪशत्यास्तुवत वनस्पतयोऽसृज्यन्त सोमोऽधिपतिरासीत्। एकत्रिंᳪशतास्तुवत प्रजा ऽअसृज्यन्त यवाश्चायवाश्चाधिपतय आसन्। त्रयस्त्रिंᳪशतास्तुवत भूतान्यशाम्यन् प्रजापतिः परमेष्ठ्यधिपतिरासीत् ॥ ३१ ॥

प्रजापतिर्देवता । (२८) निचृद्विकृति । मध्यमः । (२९) १—आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः । २—ब्राह्मी जगती निषाद ॥ (३०) १—ब्राह्मी जगती । निषाद । २—ब्राह्मी पंक्तिः । पञ्चमः ॥ (३१) स्वराड् ब्राह्मी जगती । निषादः ॥

भा०—१. (एकया अस्तुवत) विद्वान् लोग उस प्रजापति परमेश्वर की एक वाणी द्वारा गुण स्तुति करते हैं । उसी परमेश्वर ने (प्रजा अधि इयन्त) प्रजाओं को उत्पन्न किया और (प्रजापतिः अधिपतिः आसीत्) प्रजापति ही सदा से सबका स्वामी रहा ।

२. (तिसृभिः) शरीर में प्राण, अपान, व्यान ये तीन प्रकार की प्राणशक्तियां विद्यमान हैं । इन तीनों महान् समष्टि शक्तियों से ही (ब्रह्म असृज्यत) यह ब्रह्माण्ड भी बनाया गया है । उन तीनों के द्वारा ही उस परमेश्वर की (अस्तुवत) स्तुति करते हैं । उस ब्रह्माण्ड हिरण्य गर्भ का (ब्रह्मणस्पति अधिपतिः आसीत्) ब्रह्मणस्पति ब्रह्माण्ड का स्वामी या ब्रह्मवेद का स्वामी परमेश्वर ही अधिपति रहा ।

३. (पञ्चभिः) शरीर में जिस प्रकार पांच मुख्य प्राण हैं । उन पांच के बल से यह देह चल रहा है । उसी प्रकार इस जगत् में उसी प्रकार की पांच महान् शक्तियों के द्वारा (पञ्च भूतानि असृज्यन्त) पांच

भूत पृथ्वी, वायु, जल, तेज, आकाश को बनाया। उन शक्तियों के द्वारा ही (अस्तुवत) विद्वान् पुरुष उस परमेश्वर और शक्तियों का वर्णन करते हैं कि (भूतानां पतिः) इन पांचों महाभूतों का स्वामी ही (अधिपति) सबका स्वामी है।

४. (सप्तभिः) देह में २ श्रोत्र, २ चक्षु, २ नासा और १ वाणी, इन सात शिरोगत प्राणों या मांस आदि सात धातुओं से यह देह स्थिर है। उसी प्रकार विश्व में (सप्त ऋषयः) सात महान् द्रष्टा या प्रवर्त्तक ऋषि, ५ सूक्ष्म मात्राएं और महत् तत्व और अहंकार भी (असृज्यन्त) बनाई गयी हैं। विद्वान् पुरुष उस परमेश्वर की उन (सप्तभिः) सातों प्रकट महा शक्तियों द्वारा (अस्तुवत) स्तुति करते हैं। उन सबका भी वह (धाता) विधाता सर्वस्रष्टा ही अधिपति है ॥ २८ ॥

५. (नवभिः) शरीर में नव प्राण हैं पूर्वोक्त सात शिरोगत और दो नीचे के भाग में मूलेन्द्रिय और गुदा। ये शरीर को धारण करते हैं उसी प्रकार (पितरः) विश्व में अग्नि आदि ९ पालक शक्तियां 'पितृ' रूप से प्रकट होती हैं। विद्वान् लोग (नवभिः अस्तुवत) उन नवों ही शक्तियों के द्वारा उसकी स्तुति करते हैं। उन नवों पर (अदितिः अधिपत्नी आसीत्) उस परमेश्वर की अखण्ड शक्ति पालक रहती है।

६. (एकादशभिः) शरीर में १० प्राण, ५ कर्मेन्द्रिय और ६ बुद्धीन्द्रियें हैं, ११ वां आत्मा है। विश्व में भी (ऋतवः असृज्यन्त) ११ ऋतु=प्राण रचे गये हैं। विद्वान् लोग उन (एकादशभिः अस्तुवत) ११ मुख्य प्राणों के द्वारा ही इस परमेश्वर या विधाता की स्तुति करते हैं। उनके (आर्त्तवाः) ऋतुओं के भीतर विद्यमान विशेष दिव्य शक्तियां ही (अधिपतयः) पालक (आसन्) हैं।

७. (त्रयोदशभिः) शरीर में दश प्राण, दो चरण और एक आत्मा

ये १३ प्रधान वल हैं। उसी प्रकार विश्व मे (मासाः असृज्यन्त) एक संवत्सर रूप प्रजापति के १३ मास अंग रूप से बने हैं। मासों का (अधिपतिः संवत्सरः आसीत्) अधिपति जिस प्रकार 'सवत्सर' है, उसी प्रकार उक्त १३ हों का भी अध्यक्ष परमेश्वर भी 'संवत्सर' नाम से कहाने योग्य है। उसकी १३ हों अंगों द्वारा (अस्तुवत) विद्वान् लोग स्तुति करते हैं।

८ (पञ्चदशभि) इस शरीर मे जिस प्रकार दश हाथ की अंगुलियां, दो वाहुएं और दो टांगे और १५ वां नाभि से ऊपर का शरीर भाग है। उसी प्रकार विश्व-ब्रह्माण्ड में १५ महती शक्तियां विश्व की ३ प्रकार से रक्षा करती हैं, जैसे हाथ शरीर की। विश्व की रक्षा के लिये ही (क्षत्रम् असृज्यत) क्षत्र, शत्रु को खदेड़ने वाला और प्रजा को शत्रु द्वारा पहुंचने वाली क्षति से बचाने वाला वल वनाया गया। उक्त १५ हों शक्तियों से विद्वान् उस विधाता प्रजापति की (अस्तुवत) स्तुति करते हैं अर्थात् उसके बनाये शरीर को देख कर उसके भीतर विद्यमान वलवान् हाथों की अंगुलियों की रचना को देख कर स्वयं भी उसके अनुकरण में समाज में प्रजा के रक्षक क्षत्रिय-वल की रचना करके उसके भी परस्पर उपकारक अंग प्रत्यंग रचते हैं।

९. (सप्तदशभि अस्तुवत) शरीर में जिस प्रकार १० हाथ पैर के अंगुलियां, दो टांगें, दो गोडे, दो पैर और नाभि का अधोभाग ये १७ अंग हैं उसी प्रकार (इन्द्र अधिपतिः आसीत्) उनका अधिपति 'इन्द्र' है। विश्व के भी जीव सर्ग में सर्वत्र ये शक्तिया विद्यमान हैं और विश्व के जीव सर्ग को चला रही हैं। विद्वान्गण उन द्वारा भी परमेश्वर विधाता की ही स्तुति करते हैं। उन शक्तियों से ही (ग्राम्या) ग्रामवासी नाना (पशव) पशु गण (असृज्यन्त) पैदा किये गये हैं। उन सब का (बृहस्पति) महान् विश्व और महती ज्ञानमयी वेदवाणी का स्वामी परमेश्वर ही (अधिपतिः) मालिक है।

१०. (नव दशभि. अस्तुवत) दश हाथों की अंगुलियां और शरीर गत ६ प्राण ये १६ जिस प्रकार शरीर की रक्षा करते हैं और उसको चेतन बनाये रखते हैं उसी प्रकार १६ धारक और पालक बल विश्व को थामे हैं, उन १६ शक्तियों के वर्णन द्वारा भी उसी परमेश्वर की रचना कौशल की विद्वान् गण स्तुति करते हैं उन १६ अभ्यन्तर और बाह्य अंगों के समान ही (शूद्रार्यौ असृज्येताम्) शूद्र और आर्य, श्रमजीवी और स्वामी लोगों के परस्पर संघों की रचना हुई है। शूद्र बाहर के हाथों की अंगुलियों के समान और आर्य या श्रेष्ठ स्वामी गण समाज के भीतरी प्राणों के समान रहें। उनके (अहोरात्रे अधिपत्नी आस्ताम्) दिन, रात ये दो ही अधिपति या पालक हैं अर्थात् दिन, प्रकाशमान और रात्रि अन्धकारमय है। इसी प्रकार शूद्र कर्म कर ज्ञान रहित और आर्य ज्ञानवान् हैं। अहोरात्र का सम्मिलित स्वरूप उभयविध ज्ञान-कर्ममय प्रजापति ही शूद्र आर्य दोनों का पालक है।

११. (एकविंशत्या अस्तुवत) १० हाथ की और १० पैर की अंगुलियां हैं और आत्मा २१ वां हैं। उसी प्रकार विश्व में भी उत्तर और अधर लोकों की १०, १० कार्यकारिणी और पालनकारिणी शक्तियां काम कर रहीं हैं। उनको देखकर उन द्वारा भी विद्वान्जन प्रजापति की स्तुति करते उसकी रचना के गुणों का दर्शन करते और उसका अनुकरण करते हैं। उसके अनुकूल (एकशफाः पशवः असृज्यन्त) एक खुर वाले पशुओं की रचना हुई। अर्थात् हाथ की दशों अंगुलियों के समान १० दिशागामी १० दिशाओं में दश सेनाएं और उनके सहायतार्थ घोड़े, खच्चर आदि उपयोगी पशु पैदा किये जाते हैं। उनका (अधिपतिः वरुण आसीत्) अधिपति 'वरुण' और सर्वश्रेष्ठ सब शत्रुओं को वारक सेनापति पुरुष है।

१२. (त्रयोविंशत्या) अस्तुवत १० हाथ की और १० पैर की अंगु-

लियां दो पैर और २३ वां आत्मा देह में विद्यमान है। उसी प्रकार ब्रह्माण्ड में २३ महान् शक्तियां कार्य कर रही हैं। उन २३ स्वरूपों से ही विद्वान् गण परमेश्वर की स्तुति करते हैं। (क्षुद्राः पशव. असृज्यन्त) उक्त अंगों की शक्तियो द्वारा क्षुद्र पशुओं की रचना हुई है। उन सब का (पूषा अधिपतिः) अधिपति पूषा, अन्नमय अन्नदात्री पृथिवी ही है।

१३. (पञ्चविंशत्या अस्तुवत) हाथो, पैरो की दश दश अंगुलियां, दो बाहु, दो पैर और २५ वां आत्मा ये देह के घटक हैं। इसी प्रकार सृष्टि रचना के भी घटक ये ही पदार्थ हैं, उनके द्वारा विद्वान् विधाता की स्तुति करते हैं। उन घटक अवयवों से ही (आरण्या पशवः असृज्यन्त) जंगली पशु रचे गये है। (वायुः अधिपति आसीत्) तीव्र गतिशील वायु के समान, वेगवान् पालक ही उनका अधिपति है।

१४. (सप्तविंशत्या अस्तुवत) हाथों पैरों की दस २ अंगुलियां, २ बाहु और २ टांगें, दो चरण एक आत्मा ये सत्ताईस शरीर के घटक हैं। इन सत्ताईस घटक अंगों के सञ्चालक महती शक्तियों के द्वारा ही विद्वान् पुरुष विधाता की स्तुति करते हैं। उनके द्वारा ही (द्यावापृथिवी व्यैताम्) द्यौ और पृथिवी दोनों व्याप्त होते हैं और उनमें ही (वसव) आठ वसु, (रुद्राः) ११ प्राण और (आदित्याः) १२ मास (अनु-वि-आयन्) उनके भी भीतर व्याप्त हैं। (त एव) वे ही उन दोनों आकाश और पृथिवी के (अधिपतयः आसन्) अधिपति या पालक हैं।

१५. (नवविंशत्या अस्तुवत) देह में हाथो पैरों की दस २ अंगुलियां, ९ प्राण हैं उसी प्रकार २९ घटक शक्तियां विश्व को रच रही हैं। उन द्वारा विद्वान् जन विधाता प्रजापति की स्तुति करते हैं। (वनस्पतयः असृज्यन्त) उन घटक शक्तियों से ही वनस्पतियों को बनाया गया है। उनका (सोम अधिपति. आसीत्) सोम अधिपति है।

१६. (एकत्रिंशता अस्तुवत) हाथ पैर की दस २ अंगुलियां, १०

प्राण और ३१ वां आत्मा उन घटकों से समस्त शरीर बने हैं। उन शक्तियों द्वारा ही विद्वान् जन विधाता के कौशल का वर्णन करते हैं। इनसे ही (प्रजा. असृज्यन्त) समस्त प्रजा सृजी गयी है। उनके (यवाः च अयवा. च अधिपतयः आसन्) उनके पूर्व पक्ष और अपर पक्ष अथवा मिथुन भूत जोड़े अमैथुनी अथवा जन्तु शरीरों मे होने वाले ऋतु धर्म सम्बन्धी पूर्वोत्तर पक्ष या (यवाः) पुरुष और (अयवाः) स्त्रियें ही उनके अधिपति हैं।

१७. (त्रयः त्रिंशता अस्तुवन्) हाथों पैरों की दस २ अंगुलियां, दश प्राण, २ चरण और ३३ वां आत्मा ये सब पूर्ण शरीर के मुख्य मुख्य घटक हैं, और उसी प्रकार ३३ ही ब्रह्माण्ड के भी घटक हैं उनके द्वारा ही परम विधाता की विद्वान स्तुति करते हैं। उनसे ही (भूतानि) समस्त प्राणि गण (अशाम्यन्) सुखी होते हैं। उन सब का (परमेष्ठी प्रजापतिः अधिपति आसीत्) परमेष्ठी सर्वोच्च पद पर प्रजापति परमात्मा ही सबका अधिपति है। ८। ४। ३। १-१९॥

राष्ट्र पक्ष में—१, ३, ५, ७, ९, ११, १३, १५, १७, १९, २१, २३, २५, २७, २९, ३१, और ३३ इन भिन्न २ घटक अङ्गों से बने राज्यों एवं राजाओं को परमेश्वर के बनाये देह के मुख्यांगों की रचना के अनुसार बनाना चाहिये और उनके अधिपति भी भिन्न २ योग्यता के पुरुषों को रखना चाहिये। और विद्वान् लोग उन घटक अवयवों का ही उत्तम रीति से (अस्तुवत) उपदेश करें और तदनुसार राज्यों की कल्पना करें। उन राष्ट्र के भिन्न २ भागों में प्रजापति ब्रह्मणस्पति, धाता, अदिति, आर्तव आदि नामधारी मुख्य पदाधिकारियों को नियत करें।

॥ इति चतुर्दशोऽध्यायः ॥

इति मीमासातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये चतुर्दशोऽध्यायः ॥

॥ अथ पञ्चदशोऽध्यायः ॥

१—६८ अध्याय परिसमाप्तेः परमेष्ठी ऋषि. ॥

॥ओ३म्॥ अग्ने॑ जा॒तान् प्रणु॑दा नः स॒पत्ना॒न् प्रत्यजा॑तान्नुद जातवेदः।
अधि॑ नो ब्रूहि सु॒मना॒ऽअहे॑डँस्तव॑ स्याम॒ शर्म॑ँस्त्रि॒वरू॑थ॒ऽउ॒द्भौ॥१॥

अग्निर्देवता । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी सेनापते ! राजन् ! तू (नः) हमारे (जातान् सपत्नान्) प्रकट हुए शत्रुओ को (प्रणुद) दूर भगा । और हे (जातवेद.) ऐश्वर्यवान् और शक्तिशालिन् ! तू (अजातान् सपत्नान्) अभी तक प्रकट न हुए शत्रुओं को (प्रतिनुद) मुकाबला करके परास्त कर । और (न) हमारा (अहेडम्) अनादर न करता हुआ (सुमन) उत्तम शुभ प्रसन्न चित्त होकर (नः अधि ब्रूहि) हमें अधिष्ठाता होकर आज्ञा कर, सन्मार्ग का उपदेश कर। हम (तव) तेरे (त्रिवरूथे) त्रिविध तापों के वारण करने वाले (उद्भौ) उत्तम सुखों के उत्पादक या उच्च (शर्मन्) गृह में या आश्रय में (स्याम) रहें ।

सह॑सा जा॒तान् प्रणु॑दा नः स॒पत्ना॒न् प्रत्यजा॑तान् जातवेदो नुदस्व।
अधि॑ नो ब्रूहि सुमन॒स्यमा॑नो व॒यꣳ स्या॑म॒ प्रणु॑दा नः स॒पत्ना॑न् ॥२॥

अग्निर्ऋषिः । त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (जातवेदः) बल और ऐश्वर्य और प्रजा से सम्पन्न राजन् ! सेनापते ! तू (जातान् सपत्नान्) उत्पन्न हुए विरोधी शत्रुओं को (सहसा) पराजय करने में समर्थ बल से (प्रणुद) परे मार भगा । और (अजातान्

अथ पञ्चमी चितिः ।

प्रतिनुदस्व) अप्रकट शत्रुओं को भी परास्त कर । (सुमनस्यमानः) शुभ चित्त वाला, उत्तम मन वाला होकर (नः अधि ब्रूहि) हमें उपदेश कर । जिससे (वयम्) हम लोग तेरे सहायक (स्याम) हों । तू (नः सपत्नान् प्रणुद) हमारे शत्रुओं को दूर भगा ।

षोडुशी स्तोम॒ ओजो॒ द्रवि॑णं चतुश्चत्वारि॒ꣳश स्तोमो॒ वर्चो॒ द्रवि॑णम् । अ॒ग्नेः पुरी॑षम॒स्यप्सो॒ नाम॒ तां त्वा॒ विश्वे॑ अ॒भि गृ॑णन्तु दे॒वाः । स्तोम॑पृष्ठा घृ॒तव॑ती॒ह सी॑द प्र॒जाव॑द॒स्मे द्र॒वि॒णा य॑जस्व ॥ ३ ॥

असपत्नकृद् अग्निर्देवता । ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(षोडषी स्तोमः) षोडशी स्तोम अर्थात् १६ कलाओं या वीर्य, बल या अधिकारों से युक्त 'स्तोम' पद (ओजः द्रविणम्) पराक्रम और धनैश्वर्य प्रदान करता है । हे राष्ट्रशक्ते ! वह तेरा एक स्वरूप है । दूसरा (चत्वारिंशः स्तोमः) ४४ वीर्यों या अधिकारों या अधिकारियों से युक्त स्तोम , पद भी (वर्च) तेज और (द्रविणम्) ऐश्वर्य प्रदान करता है वह तेरा दूसरा स्वरूप है । हे राज्य शक्ते ! तू (अग्नेः) अग्रणी शत्रु संतापक राजा के बल को (पुरीषम्) पूर्ण करने वाला समृद्ध ऐश्वर्य है । तेरा (नाम) स्वरूप (अप्सः) 'अप्स' है अर्थात् तेरे भीतर रहकर एक आदमी दूसरे का जान माल और अधिकार को नहीं खाता है । (त्वा) तेरा ही (विश्वेदेवा) समस्त विद्वान् (अभिगृणन्तु) स्तुति करें । हे पृथिवि ! तू (स्तोमपृष्ठा) समस्त अधिकारों, बलों और वीर्यवान् पुरुषों का आश्रय होकर (घृतवती) तेजास्विनी होकर (इह सीद) इस भूतल पर विराज, स्थिर हो । (अस्मे) हमें (प्रजावद् द्रविणा) प्रजाओं से युक्त ऐश्वर्यों का (यजस्व) प्रदान कर ।

दम्पती देवते । द० ॥

पवृश्छन्दो वरिवृश्छन्दः शम्भूश्छन्दः परिभूश्छन्दऽआच्छच्छन्दो मनुश्छन्दो व्यचुश्छन्दः सिन्धुश्छन्दः समुद्रश्छन्दः सरिरं छन्दः ककुप् छन्दस्त्रिककुप्छन्दः काव्यं छन्दोऽअङ्कुपं छन्दोऽक्षरप-ङ्क्तिश्छन्दः पदपङ्क्तिश्छन्दो विष्टारपङ्क्तिश्छन्दः क्षुरोभ्रज-श्छन्दः ॥ ४ ॥

आच्छच्छन्दः प्रच्छच्छन्दः संयच्छन्दो वियच्छन्दो बृहच्छन्दो रथन्तरञ्छन्दो निकायश्छन्दो विवधश्छन्दो गिरश्छन्दो भ्रजश्छन्दः सुस्तुप् छन्दोऽनुष्टुप् छन्द पवृश्छन्दो वरिवृश्छन्दो वयश्छन्दो वयस्कृतच्छन्दो विष्पर्ध्दाश्छन्दो विशालं छन्दश्छदिश्छन्दो दूरो-हणं छन्दस्तन्द्रञ्छन्दो ऽअङ्काङ्कं छन्दः ॥ ५ ॥

(४) विद्वासो विराजो वा देवता । निचृदा कृति. । पञ्चमः ॥

(५) भुरिगभिकृतिः ऋषभः ॥

भा०—१. (एवः) सब प्राणियों को प्राप्ति स्थान, भूलोक, सब से ज्ञान द्वारा गम्य प्रभु (छन्द) सबका आच्छादक या रक्षक है ।

२. (वरिवः) सबको आवरण करने वाला अन्तरिक्ष 'वरिवस्' है । वह (छन्द)' सुखकारी हो ।

३. (शंभूः) शान्ति का उत्पत्ति स्थान, परमेश्वर, द्यौ के समान शान्तिकारक जलादि पदार्थों का दाता और स्वयं द्यौलोक (छन्द) सुख-प्रद हो ।

४ (परिभू छन्द.) सर्वत्र सामर्थ्यवान् दिशा के समान व्यापक, परमेश्वर (छन्द.) सुखप्रद हो ।

५. (आच्छत् छन्द) समस्त शरीरों को आच्छादन करने वाला

४—क्षुरोभ्रजश्छन्द (निःसम)

प्राण के समान जीवनप्रद और वायु के समान सर्व दोषों को वारक प्रभु हमें सुख प्रदान करे ।

६. (मनः छन्दः) 'मन', ज्ञानमय मन के समान या सत्यसंकल्प-मय परमेश्वर हमें सुख प्रदान करे ।

७. (व्यचः छन्दः) सब जगत् को व्याप्त करने वाले, आदित्य के समान तेजस्वी प्रभु हमारी रक्षा करे ।

८. (सिन्धुः छन्दः) नदी के समान आनन्द रस बहाने वाला प्राण वायु के समान 'सिन्धु' रूप परमेश्वर हमें सुख दे ।

९. (समुद्रः छन्दः) नाना संकल्प विकल्प को उत्पन्न करने वाला, नाना आशाओं का आश्रय, समुद्र के समान गम्भीर, अथाह परमेश्वर हमारी रक्षा करे ।

१०. (सरिरं छन्दः) स्रोत से निकालने वाले जल के समान हृदय या मुख से निकलने वाली वाणी रूप परमेश्वर हमें रक्षा करे ।

११. (ककुप् छन्दः) सुख का एकमात्र धारण करने वाला सुख स्वरूप, सबका प्राणरूप परमेश्वर सुख प्रदान करे ।

१२ (त्रिककुप् छन्दः) तीनों प्रकारों के सुखों का दाता, उदान के समान प्रभु हमें सुख दे ।

१३. (काव्यम् छन्दः) परम प्रभु रूप कवि का बनाया वेद-त्रय-रूप ज्ञानमय काव्य हमें सुख दे ।

१४. (अङ्कुप् छन्दः) कुटिल मार्गों से जाने वाले जल के समान विषम स्थानों में भी जाकर पालन करने में समर्थ प्रभु हमें सुख प्रदान करे ।

१५ (अक्षरपंक्तिः छन्दः) स्थिर नक्षत्रावलियों के समान अवि-नाशी गुणों से संसार को परिपाक करने में समर्थ प्रभु हमें सुख दे ।

१६. (पदपंक्तिः छन्द) चरणों के समान समस्त वाक्-पदों या ज्ञानोपलियों का आश्रय प्रभु हमें सुख दे।

१७. (विष्टार पंक्तिः छन्द) विस्तृत पदार्थों का धारण करने वाली दिशाओं के समान अनन्त प्रभु हमें सुख दे।

१८. (क्षुरो भ्रजः) छुरे के समान अज्ञान वासनाओं का छेदक और सूर्य के समान अन्धकार में ज्योतिः-प्रकाशक प्रदीप्त तेजस्वी (छन्द) प्रभु हमें सुख दे।

१९. (आच्छत् छन्द) शरीर के समस्त अंगों को प्राण शक्ति से सुरक्षित करने वाले अन्न के समान ब्रह्माण्ड के अंग प्रत्यंग में व्याप्त प्रभु हमारी रक्षा करे।

२०. (प्रच्छत् छन्द) उत्कृष्ट रीति से शरीर की रक्षा करने वाले अन्न के समान प्रभु हमें सुख दे।

२१. (संयत् छन्द) समस्त कार्य-व्यवहारों से संयमन करने वाली रात्रि के समान समस्त ब्रह्माण्ड के कार्य व्यवहारों को संयमन करने वाला प्रभु या राज्यव्यवस्था (छन्द) हमारी रक्षा करे।

२२. (वियत् छन्द) विविध कार्य-व्यवहारों को नियमित करने वाला सूर्य के समान तेजस्वी परमेश्वर हमें सुख दे।

२३. (बृहत् छन्द) बृहत्, महान् द्यौलोक के समान विशाल प्रभु हमें सुख दे।

२४. (रथन्तर छन्द) रथों से गमन करने योग्य इस भूमण्डल के समान रथों रमण योग्य रसों में सब से श्रेष्ठ परमेश्वर हमें सुख दे।

२५. (निकाय छन्द) नित्य ज्ञानोपदेश करने वाले गुरु के समान या वायु में शब्द करने वाले वायु के समान सर्वत्र ध्वनि जनक या ज्ञानोपदेशप्रद प्रभु हमें सुख दे।

२६. (विवधश्छन्दः) विविध रूपों से बांधने या दण्ड देने वाले अन्तरिक्ष के समान विविध कर्म फलों द्वारा जीवों को बांधने वाला प्रभु हमें सुख दे ।

२७. (गिरः छन्दः) निगलने योग्य, अन्न के समान सुखकारी परम आस्वाद्य प्रभु हमे सुख शरण दे ।

२८. (अजः छन्द) अग्नि के समान देदीप्यमान प्रभु हमें सुख दे ।

२९. (संस्तुप् छन्दः) उत्तम रीति से शब्द और अर्थों को प्रकट करने वाली वाणी के समान सकल पदार्थों का प्रकाशक प्रभु हमें सुख दे ।

३०. (अनुष्टुप् छन्दः) श्रवण करने के बाद अर्थ का प्रकाशन करने वाली वाणी के समान जगत् को रचकर अपने विज्ञान को दर्शाने वाला प्रभु हमे सुख दे ।

३१. (एवरछन्द) समस्त सुख प्राप्त कराने वाले ज्ञान और प्रापक साधन के समान प्रभु हमें सुख दे ।

३२. (वरिवश्छन्द) और देवोपासना द्वारा परिचर्या योग्य प्रभु हमें सुख दे ।

३३. (वयः छन्द.) जीवनों का अन्न के समान मूल कारण प्रभु हमें सुख दे ।

३४. (वयस्कृत् छन्दः) जठराग्नि के समान सब प्राणियों को दीर्घायु करने वाला प्रभु हमें सुख दे ।

३५. (विष्पर्धा. छन्दः) विविध प्रजाओं में स्पर्धा पूर्वक ग्रहण करने योग्य परम लोक रूप प्रभु हमें सुख दे ।

३६. (विशालं छन्द) विविध पदार्थों से शोभा देने वाले भूमि के समान विविध गुणों से सुन्दर प्रभु हमें सुख दे ।

३७. (छदिः छन्दः) भूतल को आच्छादित करने वाले अन्तरिक्ष के समान सबपर करुणा रूप छाया करने वाला प्रभु हमें सुख दे ।

३८. (दूरोहणं छन्द.) बड़े कष्टों और तपस्याओं से प्राप्त होने योग्य सूर्य के समान तेजोमय मोक्ष रूप प्रभु हमें सुख दे।

३९. (तन्द्रं छन्द') कुटुम्ब भरण करने वाले परिपक्व वीर्यवान् युवा पुरुष के समान समस्त जीव लोक का भरण पोषण करने हारा प्रभु हमें सुख दे।

४०. (अङ्काङ्कं छन्द) अङ्क अङ्क द्वारा प्रकट हुई विस्तृत गणित विद्या के समान सत्य नियमों का व्यवस्थापक प्रभु हमें सुख दे। यह परमात्म पक्ष में नियोजना है।

राष्ट्र पक्ष मे—(छन्दः) राष्ट्र के भिन्न २ विभागो और कार्यों द्वारा राष्ट्र के धन, प्रजा और अधिकारों की रक्षा करने वाला बल, प्रयोग, कार्य व्यवहार, व्यापार और शिल्प छन्द है जो प्रजा के सुख का साधन हो और मनुष्यो की प्रवृत्ति उसमें हो सके, इस प्रकार निम्नलिखित कार्य विभाग राष्ट्र मे होने आवश्यक हैं।

१. (एवः) ज्ञान, प्रजाओं का शिक्षण अथवा पृथिवी मे गमनागमन के साधन रथादि। २. (वरिव) गुरु, देव, पितृजन आदि की सेवा। ३. (शंभू) प्रजाओं को शान्ति सुख देने के उपाय, औषधालय, उद्यान, तड़ाग आदि निर्माण। ४. (परिभू) चारों ओर से प्रजा की परकोट आदि से रक्षा। ५. (आच्छत्) आच्छादन योग्य वस्त्र। ६. (मन) मनन, शास्त्रमनन, उत्तम शास्त्र चिन्तन। ७. (व्यच.) सूर्य के समान राजा की कीर्त्ति का और राष्ट्र का प्रसार अथवा विविध शिल्प। ८ (सिन्धुः) नदियों का, नहरों का निर्माण, निरोध एवं उन द्वारा गमन-आगमन। ९. (समुद्र) समुद्र से व्यापार और मुक्ता रत्न आदि प्राप्ति। १०. (सरिरं) सलिल, जल। ११. (ककुप्) प्रजा के सुख वर्धक उपाय। १२. (त्रिककुप्)

त्रिविध सुखों का सम्पादन। १३. (काव्यम्) कवियों की कृति काव्य, सुन्दर वाग्विलास। १४. (अङ्कुपं) प्रजा की कुटिल कूट नीतियों, व्यवहारों से और कुटिलाचारों से रक्षा। १५. (अक्षरपंक्तिः) अक्षय ब्रह्म का ज्ञान या अक्षर अखण्ड ब्रह्मचर्य की या वीर्य की परिपक्वता का साधन। १६. (पदपंक्तिः) गृहस्थ का पालन। १७. (विष्टारपंक्तिः) प्रजोत्पादन, प्रजापालन। १८. (क्षुरः) क्षुर, छूरा कर्म। १९. (भ्रजः) दीप्ति, प्रकाश आदि का करना अथवा (क्षुरोभ्रजः) छुरे की धार के समान कठिन आदित्य व्रत की साधना। २०. (आच्छत्) प्रजा की सब ओर से रक्षा। २१. (प्रच्छत्) अच्छी प्रकार रक्षा। २२. (संयत्) दुष्टों का संयम। २३. (वियत्) विविध व्यवहारों का नियमन। (बृहत्) बड़े राष्ट्र का प्रबन्ध। २४. (रथन्तरम्) रथों के मार्गों का निर्माण और प्रबन्ध। २५. (निकामः) शरीर के प्राण वायु की साधना, अथवा समस्त प्रजा के शरीरों की रक्षा अथवा विशेष खाद्य पदार्थों का संग्रह। २६. (विवध) विविध हनन साधनों हथियारों का संग्रह। २७. (गिरः) अन्नों का संग्रह। २८. (भ्रज.) अग्नि, विद्या या विद्युत द्वारा प्रकाश उत्पादन। २९. (संस्तुप्) उत्तम विद्याओं का पठन पाठन। ३०. (अनुष्टुप्) सामान्य विद्याओं का अध्ययन। ३१. (एवः वरिवः) ज्ञान और उपासना एवं गुरु सेवा। ३२. (वयः) जीवन वृद्धि या अन्न। ३३. (वयस्कृत्) अन्न के उत्पादक प्रयोग। ३४. (विष्पर्धा) संग्राम। ३५. (विशालं) विविध वस्तु, भवन निर्माण। ३६. (छदि) उनके छतें आदि बनाना (दूरोहणं) दुर्गम स्थानों पर चढ़ने के साधन। ३७. (तन्द्रं) मोहन विद्या। ३८. (अङ्काङ्कं) गणित विद्या। इन सब शिल्पों को सरहस्य जाना और किया जाय। इसी प्रकार अध्यात्म में इन सब छन्दों से आत्मा की इतनी शक्तियों, प्रवृत्तियों, स्वभावो, भोक्तव्य पदार्थों और साधनीय कार्यों का वर्णन किया गया है। प्रजनन संहिता में इन शब्दों के तदनुसार भिन्न २ अर्थ होंगे।

शतपथ के अनुसार एवः आदि के अर्थ नीचे लिखे जाते हैं।

१	एव	अयं लोकः	२१	सयत्	रात्रिः
२	वरिवः	अन्तरिक्षं	२२	वियत्	अहः
३	शंभूः	द्यौः	२३	बृहत्	असौलोकः
४	परिभूः	दिशः	२४	रथन्तरं	अयं लोकः
५	आच्छत्	अन्नं	२५	निकायः	वायुः
६	मनः	प्रजापतिः (आत्मा)	२६	विवधः	अन्तरिक्ष
७	व्यचः	आदित्यः	२७	गिरः	अन्नम्
८	सिन्धुः	प्राणः	२८	अज	अग्निः
९	समुद्रं	मनः	२९	संस्तुप्	वाग्
१०	सरिरं	वाग्	३०	अनुष्टुप्	वाग्
११	ककुप्	प्राणः	३१	एव	अयंलोकः
१२	त्रिककुप्	उदानः	३२	वरिवः	अन्तरिक्षं
१३	काव्यं	त्रयी विद्या	३३	वयः	अन्नं
१४	अङ्कुपं	आपः	३४	वयस्कृतः	अग्निः
१५	अक्षरपंक्तिः	असौ लोकः	३५	विष्पर्धाः	असौ लोकः
१६	पदपंक्तिः	अयं लोकः	३६	विशालं	अयं लोकः
१७	विष्टारपंक्तिः	दिशः	३७	छदिः	अन्तरिक्षम्
१८	क्षुरोभ्रजः	आदित्यः	३८	दूरोहणम्	आदित्यः
१९	आच्छत्	अन्नं	३९	तन्द्रं	पंक्तिः
२०	प्रच्छत्	अन्नं	४०	अङ्काङ्कं	आपः

'एवः' आदि के 'अयं लोकः' आदि साक्षात् अर्थ नहीं, प्रत्युत उपमान होने से साधारण धर्मों के द्योतक पदार्थ हैं। शतपथ इन पदार्थों को 'बन्धु' अर्थात् उपमान मात्र ही बताता है। शरीर में और ब्रह्माण्ड में विस्तृत घटक-तत्वों का आध्यात्मिक आधिभौतिक भेद से भी यहा निरूपण किया गया है।

रश्मिना सत्याय सत्यञ्जिन्व प्रेतिना धर्मणा धर्मञ्जिन्वान्वित्या दिवा दिवञ्जिन्व सन्धिनान्तरिक्षेणान्तरिक्षं जिन्व प्रतिधिना पृथिव्या पृथिवीं जिन्व विष्टम्भेन वृष्ट्या वृष्टिं जिन्व प्रवयाऽह्नाहर्जिन्वानुया रात्र्या रात्रीञ्जिन्वोशिजा वसुभ्यो वसूञ्जिन्व प्रकेतेनादित्येभ्य आदित्याञ्जिन्व ॥ ६ ॥

तन्तुना रायस्पोषेण रायस्पोषं जिन्व सꣳसर्पेण श्रुताय श्रुतं जिन्वैडेनौषधीभिरोषधीर्जिन्वोत्तमेन तनूभिस्तनूर्जिन्व वयोधसाधीतेनाधीतञ्जिन्वाभिजिता तेजसा तेजो जिन्व ॥ ७ ॥

स्तोमभागाः विद्वासो देवता. । (६) विराडभिकृतिः । ऋषभः ।
(७) ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—१. (सत्याय) सत्यव्यवहार की वृद्धि के लिये नियुक्त (रश्मिना) सूर्य की किरणों के समान विवेक द्वारा छिपी बातों को भी प्रकाशित करने में समर्थ विवेकी पुरुष द्वारा (सत्यं जिन्व) सत्य व्यवहार की राष्ट्र में वृद्धि कर । अर्थात् उत्तम विवेकी न्याय कर्त्ता पुरुष को नियुक्त कर ।

२. (धर्मणा[1]) धर्म, प्रजा को व्यवस्थित करने वाले कानून के निमित्त (प्रेतिना) उत्तम विज्ञान युक्त, पुरुष द्वारा (धर्म जिन्व) धर्म या व्यवस्था, कानून को उन्नत कर ।

३. (दिवा) धर्म, या ज्ञान के प्रकाश के लिये नियुक्त (अन्वित्या) अन्वेषण करने वाली समिति द्वारा (दिव जिन्व) विज्ञान के और सत्य तत्वों की वृद्धि कर, ।

४. (अन्तरिक्षेण) पृथ्वी और आकाश के बीच जिस प्रकार अन्तरिक्ष

१—सर्वत्र निमित्ते तृतीया ।

दोनों लोकों को मिलाता है उसी प्रकार दो राजाओं के बीच स्थित मध्यस्थ रूप से विद्यमान 'अन्तरिक्ष' पद के कार्य के लिये नियुक्त (सन्धिना) परस्पर के 'सन्धि' कराने वाले 'सन्धि' नामक अधिकारी से तू (अन्तरिक्षं जिन्व) उक्त अन्तरिक्ष पद को पुष्ट कर।

५. (पृथिव्या) पृथिवी के शासन के लिये नियुक्त (प्रतिधिना) अपने स्थान पर स्थापित प्रतिनिधि द्वारा अथवा (पृथिव्या) पृथिवी के शासनार्थ लोकवृत्त जानने के लिये नियुक्त (प्रतिधिना) प्रत्येक बात के पता लगाने वाले गुप्तचर द्वारा (पृथिवीं जिन्व) तू पृथिवी को अर्थात् पृथिवी निवासी प्रजाजन या अपने राष्ट्र भूमि की वृद्धि कर, उसको पुष्ट कर।

६. (वृष्ट्या) प्रजापर जलों की वर्षा करने के लिये जिस प्रकार जलों का स्तम्भन करने में समर्थ वायु अपने भीतर जल थाम लेता है उसी प्रकार प्रजापर पुनः अपने ऐश्वर्यों की वृष्टि करने के लिये (विष्टम्भेन) विविध उपायों से धनों को स्तम्भन या संग्रह करने वाले विभाग को नियुक्त करके उससे तू (वृष्टिं जिन्व) सुखों के वर्षण की वृद्धि कर।

७. (अन्हा) सूर्य के समान तेजस्वी होकर राष्ट्र के कार्यों को चलाने के लिये (प्रवया) उत्कृष्ट तेजस्वी पुरुष को नियुक्त करके उससे (अहः जिन्व) सूर्य पद की वृद्धि कर।

८. (रात्र्या) समस्त प्रजाओं के रमण करने, उनको विश्राम देने एवं रात्रि के समान शत्रुओं को भूमि पर सुला देने के लिये (अनुया) चारों ओर डाकुओं के पीछा करने वाले विभाग द्वारा (रात्रीं जिन्व) तेजास्वनी रात्री, या रात्रि को राष्ट्र की रक्षा करने वाली संस्था को (जिन्व) पुष्ट कर।

९. (वसुभ्य.) ऐश्वर्यों के प्राप्त करने के लिये और राष्ट्र में बसने

वाले जनों के हित के लिये (उशिजा) धनादि के अभिलाषा करने वाले वणिग् विभाग द्वारा (वसून्) प्रजा के सुखकारी अग्नि आदि शक्ति और समस्त पदार्थों को और प्रजा जनों को पुष्ट कर, अथवा 'वसु' ब्रह्मचारियों के लिये कामना प्रकट करने वाले स्त्री वर्ग द्वारा (वसून्) वसु ब्रह्मचारी युवकों को (जिन्व) संतुष्ट कर । उनके विवाह आदि की उत्तम व्यवस्था कर ।

१०. (आदित्येभ्यः) आदित्य ब्रह्मचरियों के स्थापित (प्रकेतेन) उत्कृष्ट ज्ञान के साधन पुस्तकालय, विद्यालय आदि द्वारा (आदित्यान्) आदित्य, ज्ञाननिष्ठ पुरुषों को भी (जिन्व) पुष्ट कर ।

११. (रायः पोषेण) धनैश्वर्य और गवादि पशु सम्पत्ति के वृद्धि के निमित्त (तन्तुना) और भी अधिक प्रजा-परम्परा रूप तन्तु से (रायः पोषम्) उस ऐश्वर्य समृद्धि की (जिन्व) वृद्धि कर ।

१२. (श्रुताय) लोक वृत्तों के श्रवण के लिये (प्रसर्पेण) दूर तक जाने वाले गुप्त चरों द्वारा (श्रुतं जिन्व) लोक वृत्त श्रवण के विभाग को पुष्ट कर ।

१३. (ओषधीभिः) ओषधियों के संग्रह के लिये (ऐडेन) इडा, अन्न, ओषधी या पृथ्वी के गुणों के जानने वाले विभाग द्वारा (ओषधीः जिन्व) अन्नादि रोगहर और पुष्टि कर ओषधियों को वृद्धि कर ।

१४. (तनूभिः) शरीरों की उन्नति के लिये (उत्तमेन) सब से उत्कृष्ट शरीर वाले पुरुष द्वारा (तनूः जिन्व) प्रजा के शरीरों की वृद्धि कर ।

१५. (अधीतेन) विद्याभ्यास, शिक्षा की वृद्धि के लिबे (वयोधसा) ज्ञानवान् और दीर्घायु पुरुषों से (अधीत) अपने स्वाध्याय और शिक्षा की (जिन्व) वृद्धि कर ।

१६. (तेजसा) तेज और पराक्रम की वृद्धि के लिये (अभिजिता) शत्रुओं को सब प्रकार से विजय करने में समर्थ पुरुषों द्वारा (तेजः जिन्व) अपने तेज और पराक्रम की वृद्धि कर ।

सत्य, धर्म, दिव्, अन्तरिक्ष, पृथिवी, वृष्टि, अह., रात्री, वसु और आदित्य, रायः पोष, श्रुत, ओषधी, तनु, अधीत, और तेज इन १६ अभ्युदय कारी लक्ष्मियों की वृद्धि के लिये क्रम से रश्मि, प्रेति, संधि, प्रतिधि, विष्टम्भ, प्रवया अनुया, उष्णिग्, प्रकेत, तन्तु, ससर्प, ऐड, उत्तम, वयोधा, अभिजित् ये १६ पदाधिकारी या अध्यक्ष हों उनके उतने ही विभाग राष्ट्र में हों ।

इन मन्त्रों की योजना शतपथ ने तीन प्रकार से दर्शाई है । प्रथम जैसे 'रश्मिः असि सत्याय त्वाम् उपदधामि ।' द्वितीय जैसे—रश्मिना अधिपतिना सती सत्यं जिन्व ।' तृतीय जैसे—'रश्मिना अधिपतिना सत्येन सत्यं जिन्व ।' इत्यादि । सर्वत्र ऐसे ही कल्पना कर लेनी चाहिये अर्थात् प्रत्येक मनुष्य में तीन आकांक्षाएं हैं जैसे—

१. योग्य अधिकारों को उसके कर्त्तव्य के लिये नियुक्त करना ।

२. अधिकारी को नियुक्त करके कर्त्तव्य पालन द्वारा उस विभाग की वृद्धि करना । ३. अध्यक्ष के द्वारा कर्त्तव्य कर्म को वृद्धि करना । इसी प्रकार शरीर में और ब्रह्माण्ड में भी ये १६ घटक विद्यमान हैं । जिनपर आत्मा और परमात्मा अपने भिन्न २ सामर्थ्यों से वश करते हैं ।

प्रतिपदसि प्रतिपदे त्वानुपदस्यनुपदे त्वा सम्पदसि सम्पदे त्वा तेजोऽसि तेजसे त्वा ॥ ८ ॥

त्रिवृदसि त्रिवृते त्वा प्रवृदसि प्रवृते त्वा विवृदसि विवृते त्वा सवृदसि सवृते त्वाऽऽक्रमोऽस्याक्रमाय त्वा संक्रमोऽसि संक्रमाय

त्वोत्क्रमो॑ऽस्युत्क्रमाय॑ त्वोत्क्रान्ति॑रस्युत्क्रान्त्यै॑ त्वाधि॑पति॒नोर्जोर्जं॑ जिन्व ॥ ६ ॥

परमेष्ठी ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । स्वराड् आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः । (६) ब्राह्मी जगती । निषादः ॥

भा०—१. तू (प्रतिपत् असि) प्रत्येक पदार्थों को प्राप्त करने और ज्ञान करने में समर्थ होने से 'प्रतिपत्' नाम का अधिकारी है । तुझको (प्रतिपदे) 'प्रतिपत्' पद के लिये नियुक्त करता हूं ।

२. (अनुपत् असि अनुपदे त्वा) तू अनुरूप या अनुकूल हितकारी पदार्थों को प्राप्त करने में समर्थ होने से तू 'अनुपद' है । तुझको 'अनुपद्' पद पर नियुक्त करता ।

३. (सम्पत् असि सम्पदे त्वा) अच्छी प्रकार से समस्त पदार्थों को ज्ञान करने और प्राप्त करने वाला होने से तू 'सम्पत्' है । तुझ को 'सम्पद' पद के लिये नियुक्त करता हूं ।

४. (तेजः असि तेजसे त्वा) तेजःस्वरूप पराक्रमशील होने से 'तेजस्' है । तुझको तेज की वृद्धि के लिये उसी पद पर नियुक्त करता हूं ।

५. (त्रिवृत् असि त्रिवृते त्वा) तू त्रिगुण शक्तियों से वर्त्तमान होने से, या तीनों वेदों में, ज्ञानी 'तीनों लोकों में यशस्वी' एवं तीन कालों में तत्व-दर्शी होने से 'त्रिवृत्' है । तुझ को 'त्रिवृत्' पद के लिये ही नियुक्त करता हूं ।

६. (प्रवृत् असि प्रवृते त्वा) तू प्रकृष्ट, दूर देश में भी व्यवहार करने में समर्थ होन से 'प्रवृत्' है । तुझे 'प्रवृत्' पद के लिये नियुक्त करता हूं ।

७. (सवृत् असि सवृते त्वा) समस्त प्रजाओं में समान रूप से व्यवहार

६—जिन्व वेप श्रीःचात्र जिन्व' इति काण्व० ।

करने में समर्थ है. अतः तुझे 'सवृत्' पद पर नियुक्त करता हूं।

८. (विवृत् असि विवृते त्वा) तू विविध दशा और प्रजाओं और कार्यों में व्यवहार करने में समर्थ होने से 'विवृत्' है अत. तुझे 'विवृत्' पद के लिये नियुक्त करता हूं।

९. तू (आक्रमः असि आक्रमाय त्वा) सब तरफ आक्रमण करने में समर्थ है। अतः तुझे 'आक्रम' अर्थात् आक्रमण करने के पद पर नियुक्त करता हूं।

१०. (संक्रमः असि संक्रमाय त्वा) तू सब तरफ फैल जाने में सथर्म होने से 'संक्रम' है। तुझे 'संक्रम' नाम पद पर नियुक्त करता हूं।

११. (उत्क्रम· असि उत्क्रमाय त्वा) तू उन्नत पद या स्थानों पर क्रमण करने में समर्थ होने से 'उत्क्रम' है तुझे 'उत्क्रम' पद पर नियुक्त करता हूं।

१२ (उत्क्रान्तिः असिः उत्क्रान्त्यै त्वा) तू ऊचे प्रदेशों मे क्रमण करने में समर्थ होने 'उत्क्रान्ति' है। तुझे मैं उत्क्रान्ति पद पर ऊंचे स्थानों में चढ़ जांने के कार्य पर ही नियुक्त करता हूं।

हे राजन्! इस प्रकार योग्य २ कार्यों के लिये योग्य २ पद पर, योग्य २ पुरुषों को नियुक्त करके तू (अधिपतिना) अधिपति, अध्यक्ष रूप अपने ही (ऊर्जा) बल वीर्य या पराक्रम से (ऊर्जम्) अपने पराक्रम, बल वीर्य की (जिन्व) वृद्धि कर, उसे पुष्ट कर।

इस प्रकार प्रतिपत्, अनुपत्, सम्पत्, तेजस्, त्रिवृत्, प्रवृत्, विवृत्, संवृत्, आक्रम, संक्रम, उत्क्रम, और उत्क्रान्ति। इन बारह कार्यों के लिये १२ पदाधिकारियों को और नियुक्त किया जाता है। १६ पहली और १२ ये मिलकर २८ राष्ट्र की सम्पदाओं या विभागों का वर्णन हो गया।

[1] राज्ञ्यसि प्राची दिग्वसवस्ते देवा ऽअधिपतयोऽग्निर्हेतीनां प्रतिधर्त्ता त्रिवृत् त्वा स्तोमः पृथिव्याᳬं श्रयत्वाज्यमुक्थमव्यथायै स्तभ्नातु रथन्तरᳬं साम प्रतिष्ठित्या ऽअन्तरिक्ष ऽऋषयस्त्वा । [2] प्रथमजा देवेषु दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथन्तु विधर्त्ता चायमधिपतिश्च ते त्वा सर्वे संविदाना नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानं च सादयन्तु ॥ १० ॥

वस्वादयो नाकसदो देवताः । (१) ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः । (२) ब्राह्मी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(प्राची दिग्) प्राची, पूर्व दिशा जिस प्रकार सूर्य के उदय से प्रकाशमान है उसी प्रकार राजा के तेज और पराक्रम से तेजस्विनी हे राज शक्ते ! तू भी (राज्ञी असि) रानी के समान सर्वत्र तेजस्विनी है । (वसवः देवाः) वसु गण विद्वान् पदाधिकारी लोग (ते अधिपतयः) तेरे पालन करने वाले अधिकारी पुरुष है । (अग्नि) अग्नि, सूर्य के समान तेजस्वी, संतापकारी, अग्रणी सेनापति (हेतीना) समस्त शस्त्र अस्त्रों का और अस्त्रधारी सेनाओ का (प्रतिधर्त्ता) धारण करने वाला है । (त्वा) तुझको (त्रिवृत् स्तोमः) त्रिवृत् नामक स्तोम अर्थात् पदाधिकरी (पृथिव्यां) इस पृथिवी पर (श्रयतु) मन्त्र, प्रज्ञा, सेना इन तीनों शक्तियों सहित वर्तमान आश्रय करे, स्थापित करे या तेरा उपभोग करे । (आज्यम्) आज्य, संग्रामोपयोगी (उक्थम्) युद्ध विद्या या शासन (त्वा) तुझको (स्तभ्नातु) तुझे स्तम्भ के समान आश्रय देकर स्थिर करे । (रथन्तरं साम) रथों से तरण करने वाला क्षात्रबल (प्रतिष्ठित्या) तेरी प्रतिष्ठा के लिये हो । (प्रथमजा. ऋषयः) श्रेष्ठ, मन्त्रद्रष्टा लोग (त्वा) तुझको (देवेषु) विद्वानों, या विजयी राजाओं, या पदाधिकारियों के बीच (दिव मात्रया) ज्ञान प्रकाश के बड़े परिमाण से और (वरिम्णा) विशाल सामर्थ्य से (प्रथन्तु) विस्तृत करें । (विधर्त्ता) विशेष पदों के धारक जन और

(अधिपतिः च) अधिपति, अध्यक्ष लोग (ते) सर्वे वे सब मिल कर (संविदानाः) परस्पर सहयोग और सहमति करते हुए (त्वा) तुझको (नाकस्य पृष्ठे) दुखों से सर्वथा रहित (पृष्ठे) आश्रय पर (स्वर्गे लोके) सुखमय प्रदेश में (सादयन्तु) स्थापित करें। और (यजमानं च) उसी उत्तम सुखमय लोक में इस राष्ट्रयज्ञ के विधाता राजा को भी स्थापित करें। शत० ८। ६। ५॥

विराडसि दक्षिणा दिग्रुद्रास्ते देवा अधिपतय इन्द्रो हेतीनां प्रतिधर्त्ता पञ्चदशस्त्वा स्तोमः पृथिव्याᳬ श्रयतु प्रउगमुक्थमव्यथायै स्तभ्नातु बृहत्साम प्रतिष्ठित्या ऽअन्तरिक्ष ऽऋषयस्त्वा। प्रथमजा देवेषु दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथन्तु विधर्त्ता चायमधिपतिश्च ते त्वा सर्वे संविदाना नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानं च सादयन्तु॥ ११॥

ऋष्यादि पूर्ववत्।

भा०—(दक्षिणा दिग्) दक्षिण दिशा जिस प्रकार सूर्य के प्रखर ताप से बहुत अधिक उज्ज्वल होती है उसी प्रकार हे राजशक्ते ! तू (विराड् असि) विराट् है, तू विशेष तेज और विविध ऐश्वर्यों से शोभा युक्त है। (रुद्राः देवा ते अधिपतयः) रुद्र शत्रुओं को रुलाने में समर्थ, एव शरीर में प्राणों के समान जीवनोपयोगी द्रव्यों को और बलकारी पदार्थों को रोक लेने में समर्थ रुद्रगण तेरे अधिपति हैं। (हेतीनां प्रतिधर्त्ता) इन्द्र शस्त्रास्त्रों का धारक है। (पञ्चदशः स्तोमः त्वा पृथिव्यां श्रयतु) शरीर में जिस प्रकार दश इन्द्रिय, पञ्च प्राण, अथवा हाथों की दश अंगुलियें और २ पैर और २ बाहु, और आत्मा या शिर १५ वा, ये शरीर को धारण करते हैं उसी प्रकार राष्ट्र के रक्षक और धारक १५ विभाग तुझको पृथिवी पर स्थिर रखें (अव्यथायै) पीड़ा, कष्ट न होने देने के लिये (प्रउगम्

उक्थम्) नाना अधिकारियों की उत्कृष्ट योजना या उत्तम २ पुरुषों की उत्तम २ पदो पर स्थापना रूप उक्थ अर्थात् अभ्युदय का कार्य या बल राष्ट्र का (स्तभ्नातु) थामे रहे । (प्रतिष्ठित्या) प्रतिष्ठा के लिये (बृहत्साम) बृहत्साम या महान बल सामर्थ्य हो (अन्तरिक्ष ऋषय.) इत्यादि पूर्ववत् । शत० ८ । ६ । १ । ६ ॥

सुम्राडसि प्रतीची दिगादित्यास्ते देवा अधिपतयो वरुणो हेतीनां प्रतिधुर्त्ता सप्तदुशस्त्वा स्तोमः पृथिव्याᳬ श्रयतु मरुत्वतीयमुक्थमव्यथायै स्तभ्नातु वैरूपᳬ साम प्रतिष्ठित्याऽअन्तरिक्षऽऋषयस्त्वा प्रथमजा देवेषु दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथन्तु विधुर्त्ता चायमधिपतिश्च ते त्वा सर्वे संविदाना नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानं च सादयन्तु ॥ १२ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ।

भा०—(प्रतीची दिग्) पश्चिम दिशा जिस प्रकार मध्यान्ह के बाद भी प्रखर सूर्य से सब प्रकार से दीप्त, उज्ज्वल होती है उसी प्रकार हे राजशक्ते ! तू भी अपने पूर्ण वैभव को प्राप्त कर लेने के बाद (सम्राट् असि) 'सम्राट्' की शक्ति बन जाता है । (ते आधिपतयः आदित्याः) आदित्य के समान तेजस्वी, पदाधिकारी अथवा आदान प्रतिदिन करने वाले वैश्य-गण तेरे अधिपति, स्वामी होते हैं । (वरुणः हेतीनां प्रतिधर्त्ता) शत्रुओं को वारण करने में समर्थ पुरुष शस्त्रों का धारण करने वाला होता है । (सप्तदश. स्तोमः त्वा पृथिव्यां श्रयतु) शरीर में दश हाथ की अगुलियों, बाहु टांगें ४, शिर, उदर, और आत्मा इन १७ अंगों के समान राष्ट्र को धारण करने वाले १७ घटक विभागों से सम्पन्न वीर्यवान् अधिकारीगण, तुझको पृथिवी पर स्थिर रखें । (मरुत्वतीयम् उक्थम् अव्यथायै स्तभ्नातु), वायु के समान वेगवान् वीर भटों के नायक इन्द्र, सेनानायक का सेना

वल ही राष्ट्र-व्यवस्था को पीड़ा न पहुंचाने के लिये दृढ़ करे। और (वैरूपं साम प्रतिष्ठित्या) उसके प्रतिष्ठा या आश्रय के लिये 'वैरूप' अर्थात् विविध प्रकार की प्रजा का विविध वल ही रहे। (अन्तरिक्ष ऋषयः० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८। ६। १। ७ ॥

'प्रउगम्-उक्थम्'—तद् यत् अभिप्रायुञ्जत तत् प्रउगस्य प्रउगत्वम् ॥ प्राणा प्रउगम्। तस्माद् वहवो देवता प्रउगे शस्यन्ते। कौ० १४। ५ ॥ ग्रहोक्थं वा एतद् यत् प्रउगम्। ऐ० ३। १॥ सब तरफ़ उत्तम अधिकारियों को नियोजन करना या ग्रहों की या राज्याङ्गों की स्थापना 'प्रउग' कहाता है। इसमें वहुत से 'देव' राजपदअधिकारी पुरुषों का वर्णन होता है। प्राण एव उक् तस्य अन्न मेव थम् शत० १०। ४। १। २३ ॥ अग्निर्वा० उक् तस्याहुतय एव थम्। १०। ६। २। १०। अतो हि सर्वाणि नामानि उत्तिष्ठन्ति। विड् उक्थानि। तां० १८। ८। ६ ॥ जिस प्रकार शरीर मे प्राण और वेदी मे अग्नि है उसी प्रकार राष्ट्र में वह पद जिस पर मुख्य पदाधिकारी नियुक्त है 'उक्थ' कहाता है। इसमे पदाधिकार और उसका भोग्य वेतन और ऐश्वर्य दोनो सम्मिलित हैं। इसी का दूसरा नाम 'शस्त्र' है। इसे सामान्यत 'धारा' कह सकते है।

मरुत्वतीयम् उक्थम्। एतद् वार्त्रघ्नमेवोक्थं यन्मरुत्वतीयम् एतेन हीन्द्रः पृतना अजयत्॥ कौ० १५। २ ॥ तदेतत् पृतनाजिदेव सूक्तम्। एतेन हीन्द्रो वृत्रमहन्॥ कौ० १५। २ ॥

[१] स्वराडस्युदीची दिङ् मरुतस्ते देवा ऽअधिपतय सोमो हेतीनां प्रतिधर्त्तैकविंशस्त्वा स्तोमः पृथिव्या श्रयतु निष्केवल्यमुक्थमव्यथायै स्तभ्नातु। वैराजꣳ साम प्रतिष्ठित्या ऽअन्तरिक्षऽऋषयस्त्वा [२] प्रथमजा देवेषु दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथन्तु विधर्त्ता चायमधिपतिश्च ते त्वा सर्वे संविदाना नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानं च सादयन्तु ॥ १३ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(उदीची दिग्) उत्तर दिशा जिस प्रकार ध्रुव प्रदेश में स्वयं उत्पन्न विद्युत् धाराओं से स्वतः प्रकाशमान है, उसी प्रकार हे राजशक्ते ! तू (स्वराड् असि) स्वयं दीप्तिमती होने से 'स्वराट्' है । (ते आधिपतयः) तेरे स्वामी (मरुतः देवाः) वायुओं के समान तीव्र गतिशील, शरीर में प्राणों के समान जीवनप्रद विद्वान् हैं । (सोमः हेतीनां प्रतिधर्त्ता) शस्त्रों के धारणकर्त्ता, वशयिता 'सोम' है । (एकविंशः त्वा स्तोमः पृथिव्यां श्रयतु) शरीर गत २१ अंगों के समान २१ विभागों के अधिकारीगण तुझको पृथ्वी पर स्थिर रक्खें । (निष्केवल्यम् उक्थम् अव्यथायै स्तभ्नातु) पीड़ा-कष्ट न होने देने के लिये 'निष्केवल्य उक्थ' अर्थात् एकमात्र राजा का ही बल उसको पुष्ट करे । (वैराजं साम प्रतिष्ठित्यै) 'वैराज साम' अर्थात् सर्वोपरि राजा की आज्ञा का बल ही उसकी प्रतिष्ठा के लिये पर्याप्त है । (अन्तरिक्षे ऋषयः० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८ । ६ । १ । ८ ॥

निष्केवल्यम् उक्थम्—अथैतदिन्द्रस्यैव निष्केवल्यम् । तन्निष्केवल्यस्य निष्केवल्यत्वम् ॥ कौ० १५ । ४ ॥ आत्मा यजमानस्य 'निष्केवल्यम् ॥ ऐ० ८ । २ ॥ राजा का अपना ही सर्वोपरि प्रधान पदाधिकार 'निष्केवल्य' है । उसके अधिकारों का विधान निष्केवल्य उक्थ है ।

'वैराजं साम'—स वैराजमसृजत तदग्नेर्घोषोऽन्वसृज्यत । तां० ७।८।१। प्रजापतिर्वैराजम् । तां० १६ । ५ । १७ ॥

'आधिपत्न्यसि बृहती दिग्विश्वे ते देवा ऽअधिपतयो बृहस्पतिर्हेतीनां प्रतिधर्त्ता त्रिणवत्रयस्त्रिꣳशौ त्वा स्तोमौ पृथिव्याꣳ श्रयतां वैश्वदेवाग्निमारुते ऽउक्थे ऽअव्यथायै स्तभ्नीताꣳ शाक्वररैवते सामनी प्रतिष्ठित्या ऽअन्तरिक्ष ऽऋषयस्त्वा प्रथमजा देवेषु दिवो मात्रया वरिम्णा प्रथन्तु विधर्त्ता चायमधिपतिश्च ते

त्वा सर्वे संविदाना नाकस्य पृष्ठे स्वर्गे लोके यजमानञ्च सादयन्तु ॥ १४ ॥

ऋष्यादि पूर्ववत् । (१) ब्राह्मी जगती । निषादः । (२) ब्राह्मी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(बृहती दिग्) बृहती या सबसे ऊपर की दिशा जिस प्रकार सबसे ऊपर विराजमान है उसी प्रकार हे राज-शक्ते ! तू भी (अधिपत्नी असि) समस्त राष्ट्र में सर्वोपरि रह कर पालन करती है । (विश्वेदेवा ते अधिपतय.) तेरे समस्त देव, विद्वान् गण अधिपति हैं । (हेतीनां प्रतिधर्त्ता बृहस्पति.) शस्त्रों का धारणकर्त्ता बृहस्पति है । (त्रिनव त्रयस्त्रिंशौ वा स्तोमौ त्वा पृथिव्यां श्रयताम्) २७ या ३३ अंगों के समान २७ और ३३ विभागों के अधिकारीगण तुझे पृथ्वी पर स्थिर करें । (वैश्वदेवाग्निमारुते उक्थे अव्यथायै स्तभ्नीताम्) वैश्वदेव और आग्निमारुत दोनों 'पद' राज्य कार्य मे पीड़ा न पहुचने देने के लिये स्तोम के समान सम्भालें उसकी रक्षा करें (शाक्वररैवते सामनी प्रतिष्ठित्या) शाक्वर और रैवत दोनों वल उसके आश्रय के लिये हों । (अन्तरिक्षे ऋषय. त्वा० इत्यादि पूर्ववत् । शत० ८ । ६ । १ । १६ ॥

'वैश्वदेव उक्थ'—पांञ्चजन्यं वा एतद् उक्थं यद्वैश्वदेवम् । ऐ० ३।२२॥ शाक्वरं मैत्रावरुणस्य । कौ० २५।११॥ रेवत्य सर्वाः देवताः । ऐ० २।१।१६॥ वाग् वा रेवती । शत० २।३।८।१।१२॥

अयं पुरो हरिकेशः सूर्यरश्मिस्तस्य रथगृत्सश्च रथौजाश्च सेनानीग्रामण्यौ । पुञ्जिकस्थला च क्रतुस्थला चाप्सरसौ । दङ्क्ष्णवः पशवो हेतिः पौरुषेयो वध. प्रहेतिस्तेभ्यो नमो ऽअस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ १५ ॥

परमेष्ठी ऋषिः । लिंगोक्तो हरिकेशो वसन्तो देवता । विकृतिः । मध्यमः ॥

भा०—संवत्सर मे ऋतुओं के समान प्रजापालक राजा के अधीन ५ मुख्य सरदारो का वर्णन करते हैं । (अयम्) यह (पुर) सब के आगे पूर्व की ओर (सूर्यरश्मिः) सूर्य की किरणों के समान तेजों से प्रकाशमान वसन्त ऋतु के समान (हरिकेशः) नये २ कोमल हरे पीले पत्रो रूप केशों से युक्त, प्रजा के क्लेशो को हरण करने वाला है । (तस्य) उसके अधीन वसन्त ऋतु के 'मधु' और 'माधव' दो मासो के समान (रथ-गृत्स. च) रथों के सञ्चालन में परम बुद्धिमान् 'रथगृत्स' और (रथौजाः च) रथो के द्वारा पराक्रम करने मे कुशल 'रथौजाः' ये दोनो क्रमशः (सेनानी-ग्रामण्यौ) सेनानायक और ग्रामनायक या सैनिक दलों (दस्तों) के नायक हैं । इनके अधीन (पुञ्जिकस्थला च) पुञ्ज रूप होकर स्थान या देश में विद्यमान, अथवा पुं-जिक, पुरुषों को विजय करने का आश्रय रूप 'सेना' और (क्रतुस्थला) क्रतु अर्थात् प्रज्ञा, बुद्धि का एकमात्र आश्रय 'समिति' ये दोनों (अप्सरसौ) पुंजीभूत रूप लावण्य की आश्रय और क्रतु=काम की आश्रय रूप होकर स्त्रियों के समान साथ रहती हैं और वे (अप्सरसौ) अप्—आप्त पुरुषों द्वारा या अप्—प्रजाओं में व्याप्त या अप्-कर्म और प्रज्ञा दोनों द्वारा सरण करने, आगे बढ़ने वाली होने से 'अप्सरा' कहाती हैं ।

इनके अधीन (दंक्ष्णवः पशवः) दाढ़ों से कांटने वाले पशु सिंह, व्याघ्र, कुत्ते चीते आदि के समान मार काट करने वाले भट लोग (हेति) शस्त्रों के समान अथवा सिंह, व्याघ्रादिक पशुओं के समान उनके घोर रुधिरपायी शस्त्र और (पौरुषेयः वधः) पुरुषों का, पुरुषों के द्वारा वध करना (प्रहेतिः) उत्तम श्रेणी के अस्त्रादि हैं (तेभ्य. नमः अस्तु) उनका हम आदर करें । (ते नः अवन्तु) वे हमारी रक्षा करें । (ते न मृडयन्तु) वे हमें सुखी करें । (यं ते द्विष्मः) वे और हम जिसको

द्वेष करें और (य. च न. द्वेष्टि) जो हमारे से प्रेम का वर्ताव न करके हम से द्वेष करता है (तम्) उसको (एषां) इनके (जम्भे) हिंसाकारी जम्भ-मुख में या कष्टदायी हवालात में (दध्म) डालें ॥ शत०८।६।१।१६॥

अ॒यं द॑क्षि॒णा वि॒श्वक॑र्मा॒ तस्य॑ रथस्व॒नश्च॒ रथे॑चित्रश्च सेनानीग्राम॒ण्यौ॑। मे॒न॒का च॑ सहज॒न्या चा॑प्स॒रसौ॑ यातु॒धाना॑ हे॒ती रक्षा॑ꣳसि॒ प्रहे॑ति॒स्तेभ्यो॒ नमो॑ऽअस्तु॒ ते नो॑ मृडयन्तु॒ ते यं द्वि॒ष्मो यश्च॑ नो॒ द्वेष्टि॒ तमे॑षां॒ जम्भे॑ दध्मः ॥ १६ ॥

परमेष्ठी ऋषि. । लिंगोक्तो विश्वकर्मा ग्रीष्मर्तुर्देवता । प्रकृति । धैवत. ॥

भा०—(दक्षिणा) दक्षिण दिशा मे, दायें ओर (अय) यह साक्षात् (विश्वकर्मा) विश्वकर्मा, वायु के समान बलशाली, शरीर में प्राण वायु या मन के समान राष्ट्र शरीर का आधार, राज्य के समस्त कार्यों का विधायक 'विश्वकर्मा' नाम पदाधिकारी है । (तस्य रथस्वनः च रथेचित्र. च) उसके 'रथस्वन' और 'रथेचित्र' नामक दो ग्रीष्म ऋतु के प्रखर दो मास 'शुक्र' और 'शुचि' के समान तेजस्वी प्रतापी हैं । जिसके रथ में अद्भुत शत्रु-भयकारी शब्द निकलता हो वह 'रथस्वन' और जिसके रथ में चित्र विचित्र रचना और युद्धार्थ विचित्र उपकरण हो वह 'रथेचित्र' कहाता है । उनकी (मेनका च सहजन्या च अप्सरसौ) मेनका और सहजन्या दोनों स्त्रियों के समान सहयोगिनी हैं । जिसका सब मान करें, जिसको सब मानें वह द्यौ के समान ज्ञान प्रकाश वाली विज्ञान की प्रबल शक्ति या विद्वानों का सघ मेनका' है । और पृथिवी या राष्ट्र के समान जनों से पूर्ण युद्ध-की शक्ति या जनसमुदाय की 'सघ' शक्ति 'सहजन्या' है । (यातुधानाः हेति.) पीड़ा प्रदान करने वाले शस्त्रधर और गुप्त घातक लोग उसके सामान्य खड्ग के समान हैं । (रक्षासि प्रहेति) राक्षस स्वभाव के क्रूर वधक लोग उसके उत्कृष्ट शस्त्र के समान हैं ।(तेभ्य नम. अस्तु० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८ । ६ । १ । १७ ॥

अयं पश्चाद्विश्वव्यचास्तस्य रथप्रोतश्चासमरथश्च सेनानीग्रामण्यौ। प्रम्लोचन्ती चानुम्लोचन्ती चाप्सरसौ व्याघ्रा हेतिः सर्पाः प्रहेतिस्तेभ्यो नमोऽअस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ १७ ॥

वर्षर्त्तुर्विश्वव्यचा देवता । विराट् कृतिः । निषादः ॥

भा०—(पश्चात्) पीछे की ओर यह (विश्वव्यचाः) समस्त विश्व मे फैलने वाला वर्षा ऋतु के सूर्य के समान शत्रुओं पर शस्त्रास्त्र वर्षण करने मे समर्थ या शरीर में चक्षु के समान सर्वत्र व्यापक अधिकारी है जिसके (रथप्रोतः च असमरथ. च सेनानी ग्रामण्यौ) 'रथप्रोत' और 'असमरथ' ये दो सेनानायक और ग्राम नायक हैं । जो सदा रथ पर ही चढ़े रह कर युद्ध करे वह 'रथप्रोत' और जिसके मुकाबले में दूसरा कोई रथ न लड़ा सके वह 'असमरथ' है । उन दोनों की (प्रम्लोचन्ती च अनुम्लोचन्ती च अप्सरसौ) 'प्रम्लोचन्ती' और 'अनुम्लोचन्ती' ये दोनों अप्सराएं हैं । दिन के समान प्रकाश करने वाली विद्युत आदि पदार्थ विज्ञान की शक्ति 'प्रम्लोचन्ती' और रात्रि के समान अन्धकार करने वाली या सबको सुला देने वाली या वश करने वाली शक्ति 'अनुम्लोचन्ती' है । (व्याघ्राः हेतिः) व्याघ्र के समान शूर पुरुष 'हेति' अर्थात् उसके साधारण शस्त्र हैं और (सर्पाः) सांपों के समान कुटिलाचारी एवं विषादि द्वारा प्रस्वापन करने वाले लोग (प्रहेति) उत्कृष्ट अस्त्र हैं (तेभ्यः नमः इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८ । ६ । १ । १८ ॥

अयमुत्तरात्संयद्वसुस्तस्य तार्क्ष्यश्चारिष्टनेमिश्च सेनानीग्रामण्यौ। विश्वाची च घृताची चाप्सरसावापो हेतिर्वातः प्रहेतिस्तेभ्यो नमोऽअस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ १८ ॥

संयद्वसुः शरदृतुर्देवता । भुरिगतिधृतिः । षड्जः ॥

भा०—(उत्तरात्) उत्तर की ओर, बायें, (अयम् संयद्वसुः) यह धनार्थी पुरुष जिसके पास बराबर आते हैं अथव वसु, वासशील प्रजाओं का संयमन करने वाला जिसके पास बड़ाभारी खजाना एकत्र हो, वह है। उसके (तार्क्ष्यः च अरिष्टनेमिः च सेनानीग्रामण्यौ) 'तार्क्ष्य' और 'अरिष्टनेमि' ये दोनों सेनानायक और ग्रामनायक हैं। शरद् ऋतु के दो मास 'इष' और 'ऊर्ज' के समान तीक्ष्ण नाम अन्तरिक्ष में बाणों के फेंकने वाला 'तार्क्ष्य' और अहिंसित मनन या मनन शक्ति वाला 'अरिष्टनेमि' कहाता है। उन दोनों की (विश्वाची च घृताची च अप्सरसौ) 'विश्वाची' और 'घृताची' ये दोनों अप्सराएं हैं। समस्त जनों को व्यवस्था में बांधने और समस्त पदार्थ प्राप्त कराने वाली व्यवस्था 'विश्वाची' है और सर्वत्र पुष्टि-कारक पदार्थों को प्राप्त करने वाली या अग्नि या राजा के मान गौरव प्रतिष्ठा को उभाड़ने वाली शक्ति 'घृताची' है। उनके (आपः हेतिः वातः प्रहेतिः) जल सामान्यशस्त्र और वायु उत्कृष्ट शस्त्र हैं। (तेभ्यः नमः० इत्यादि) पूर्ववत् ॥ शत० ८। ६। १। १६ ॥

अयमुपर्य्यर्वाग्वसुस्तस्य सेनजिच्च सुषेणश्च सेनानीग्रामण्यौ। उर्वशी च पूर्वचित्तिश्चाप्सरसाववस्फूर्जन् हेतिर्विद्युत्प्रहेतिस्तेभ्यो नमोऽअस्तु ते नोऽवन्तु ते नो मृडयन्तु ते यं द्विष्मो यश्च नो द्वेष्टि तमेषां जम्भे दध्मः ॥ १६ ॥

हेमन्तर्त्तुरर्वाग्वसुर्देवता। निचृत् कृतिः। निषादः॥

भा०—(उपरि) सबके ऊपर (अयम्) यह (अर्वाग्-वसुः) हेमन्त ऋतु के समान वृष्टि के बाद अन्न समृद्धि के देने वाला एवं प्रजा के ऊपर निरन्तर ऐश्वर्य बरसाने वाला, अथवा समस्त राष्ट्र वासी जिसके अधीन हैं वह राजा हेमन्त के समान अति शीत एव युद्धादि में समृद्ध शत्रु राष्ट्रों का भी पतझड़ के समान ऐश्वर्य रहित कर देने में समर्थ है।

(तस्य) उसके (सेनजित् च सुषेणः च सेनानी-ग्रामण्यौ) सेना द्वारा परसेना को विजय करने वाला 'सेनजित्' और उत्तम सेना वाला 'सुषेण' ये दो सेनानायक और ग्रामनायक हेमन्त के दो मास सहः' और 'सहस्य' के समान हैं। (उर्वशी च पूर्वचित्तिश्च अप्सरसौ) 'उर्वशी' और 'पूर्वचित्ति' ये दोनों अप्साराएं हैं, अर्थात् विशाल राष्ट्र को वश करने वाली शक्ति 'उर्वशी' और पूर्व प्राप्त देशों से धन संग्रह करने वाली या पूर्व ही समस्त कर्त्तव्य का निर्धारण करने वाली 'पूर्वचित्ति' कहाती है। (अवस्फूर्जन् हेतिः) उसका घोर गर्जन करने वाला 'शस्त्र' है। विद्युत् के समान तीव्र दीप्ति से पड़ने वाला उत्कृष्ट अस्त्र है (तेभ्यः नमः० इत्यादि) पूर्ववत्। शत० ८। ६। १। २०॥

अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या ऽअयम्।
अपाꣳ रेताꣳसि जिन्वति॥ २०॥ ऋ० ८। ४४। १६॥

अग्निर्ऋषिः। निचृद् गायत्री। षड्ज॥

भा०—(अग्निः) अग्नि के समान प्रतापी पुरुष (दिवः) सूर्य के समान द्यौलोक, आकाश एवं ज्ञान विज्ञान का और विद्वान् उत्कृष्ट प्रजा का (पृथिव्याः) पृथिवी का, पृथिवी पर के समस्त प्राणियों का (ककुत् पति) महान् स्वामी, अर्थात् सर्वश्रेष्ठ पालक है। वह ही (अपां) आप्त प्रजाओं के (रेतांसि) वीर्यों, बलों को (जिन्वति) बढ़ाता है।

आत्मा प्राणों का नेता होने से अग्नि है। वह सब का (मूर्धा) शिरोमणि, (दिवः) मस्तक से लेकर और (पृथिव्या) चरणों तक का महान् स्वामी है। वह (अपां) प्राणों के बलों की वृद्धि करता है। इसी प्रकार परमेश्वर सब का शिरोमणि आकाश और पृथिवी का स्वामी है। वह (अपां) मूलकारण प्रकृति के परमाणुओं में उत्पादक शक्ति को अधीन करता है। (व्याख्या देखो ३। १२)

अयमग्निः सहस्रिणो वाजस्य शतिनस्पतिः ।
मूर्धा कवी रयीणाम् ॥ २१ ॥ ऋ० ८ । ६४ । ४ ॥

विरूप ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृद्गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अयम्) यह साक्षात् (अग्निः) अग्रणी, परसंतापक, परंतप राजा (कविः) क्रान्तदर्शी, दूरदर्शी और सूक्ष्मदर्शी है। वह (सहस्रिणः) सहस्रों सुखों से युक्त और (शतिनः) सैकड़ों ऐश्वर्यों वाले (वाजस्य) बल और ऐश्वर्य का (पतिः) पालक और सब के (मूर्धा) शिर के समान उच्च पद पर विराजमान है। वही (रयीणाम् पतिः) समस्त ऐश्वर्यों का भी स्वामी है।

त्वामग्ने पुष्करादध्यथर्वा निरमन्थत ।
मूर्ध्नो विश्वस्य वाघतः ॥ २२ ॥ ऋ० ६ । १६ । १३ ॥

भा०—व्याख्या देखो (अ० ११ । ३२ उत्तरार्ध)

भुवो यज्ञस्य रजसश्च नेता यत्रा नियुद्भिः सचसे शिवाभिः ।
दिवि मूर्धानं दधिषे स्वर्षां जिह्वामग्ने चकृषे हव्यवाहम् ॥ २३ ॥
ऋ० १० । ८ । ६ ॥

भा०—व्याख्या देखो (१३ । १५)

अबोध्यग्निः समिधा जनानां प्रति धेनुमिवायतीमुषासम् ।
यह्वा इव प्र वयामुज्जिहानाः प्र भानवः सिस्रते नाकमच्छ ॥२४॥
ऋ० ५ । १ । १ ॥

बुधगविष्ठिरौ ऋषी । अग्निर्देवता । निचृत् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(धेनुम् इव) दुधार कपिला गाय के समान (आयतीम्) आनेवाली (प्रति उषासम्) प्रत्येक प्रातःकाल को (राजा के पक्ष में) (जनानां समिधा) जनों, प्रजाओं के उपकार के लिये (समिधा) समिधा से (अग्निः अबोधि) जिस प्रकार होमाग्नि प्रदीप्त होता है और

जिस प्रकार (जनानां) मनुष्यों के उपकार के लिये (समिधा) तेज से (प्रतिउपासम्) प्रति प्रातःकाल (अग्निः अबोधि) सूर्य प्रकाशित होता है उसी प्रकार (जनानां) राष्ट्र के प्रजाजनों के (सम्-इधा) सूर्य के समान तेज से ही (धेनुम् इव) कपिला गाय के समान (आयतीम्) प्राप्त होने वाला (प्रति उषासम्) प्रत्येक दुष्टों के संताप देने के अवसर (अग्निः) अग्नि के समान तेजस्वी अग्रणी नेता रूप परंतप राजा को (अबोधि) प्रज्वलित, उत्तेजित किया जाता है। (उज्जिहानाः यह्वाः) ऊपर उड़ने वाले बड़े २ पक्षी जिस प्रकार (वयाम् प्रसिस्रते) शाखा की ओर आश्रय लेने के लिये बढ़ते हैं। और (भानवः) सूर्य की उज्ज्वल किरणें (नाकम् प्रसिस्रते) जिस प्रकार आकाश की ओर बढ़ती हैं। उसी प्रकार (यह्वाः) बड़े २ पदाधिकारी लोग (वयाम्) व्यापक उदार नीति को या कीर्त्ति को प्राप्त करते हैं और (भानव) तेजस्वी पुरुष लोग (नाकम्) सुखमय राष्ट्र को (अच्छ) भली प्रकार प्राप्त करते हैं।

अध्यात्म में देखो सामवेद द्वितीय संस्क० मन्त्र सं० ७३ ॥ और अथर्व० १३ । २ । ४६ ॥

अवो॑चाम क॒वये॒ मेध्या॑य॒ वचो॑ व॒न्दारु॑ वृष॒भाय॒ वृष्णे॑ ।
गवि॑ष्ठिरो॒ नम॑सा॒ स्तोम॑म॒ग्नौ दि॒वी᳖व रु॒क्मम॑रु॒व्यञ्च॑मश्रेत् ॥२५॥

ऋ० ५ । १ । १२ ॥

अग्निर्देवता । निचृद् त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(मेध्याय) उत्तम गुणों, आचरणों से युक्त पवित्र, (कवये) क्रान्तदर्शी, प्रज्ञावान् मेधावी, बुद्धिमान् (वृष्णे) बलवान् (वृषभाय) श्रेष्ठ पुरुष के लिये (वन्दारु) हम वन्दना योग्य, स्तुति और आदर के (वचः) वचन का (अवोचाम) प्रयोग करें। (गविष्ठिरः) गौ,

वेद वाणी में स्थिर प्रवचन करने वाला विद्वान् (नमसा) विनय भाव से (अग्नौ) प्रकाशमय परमेश्वर के विषय में (स्तोमम्) स्तुति समूह को ऐसे (अश्रेत्) प्रदान करे जैसे (गविष्ठिरः) किरणों में स्थित सूर्य (दिवि) आकाश में (उरुव्यचम्) बहुत से लोकों में फैलने वाले (रुक्मम्) प्रकाश को (अश्रेत्) प्रदान करता है ।

अथवा-(गविष्ठिरः)पृथिवी पर स्थिर रूप से रहने वाला प्रजाजन (नमसा) नमन या दमनकारी बल से प्रभावित होकर (अग्नौ) अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष में (स्तोमम्) अधिकार, वीर्य और सामर्थ्य (अश्रेत्) ऐसे प्रदान करती है जैसे (दिवि) आकाश में (उरुव्यचम् रुक्मम् इव) बहुत से लोको में व्यापक प्रकाशमान् सूर्य को स्थापित करता है ।

अयमिह प्रथमो धायि धातृभिर्होता यजिष्ठो ऽअध्वरेष्वीड्यः ।
यमप्नवानो भृगवो विरुरुचुर्वनेषु चित्रं विभ्वं विशेविशे ॥ २६ ॥

ऋ० ४ । ७ । १ ॥

भा०—(अयम्) यह (प्रथम.) सर्व श्रेष्ठ पुरुष (अध्वरेषु यजिष्ठः होता) यज्ञों में, यज्ञ करने वालों में सबसे उत्तम यज्ञ करने वाले होता के समान (अध्वरेषु) अहिंसा रहित राष्ट्र के पालन के कार्यों में या युद्धों में (यजिष्ठ) सबसे उत्तम संगति या व्यवस्था करने हारा, (होता) दान-शील होकर (ईड्य) स्तुति करने योग्य है । वही (धातृभिः) राष्ट्र के धारण करने वाले पुरुषों द्वारा (इह) इस राष्ट्र शासन के मुख्य पद पर (धायि) स्थापित किया जाता है । (अप्नवान. भृगवः) ज्ञानी विद्वान् जिस प्रकार (वनेषु) वनों में (विभ्वं) व्यापक अग्नि को (विरुरुचुः) विविध उपायों से प्रकाशित करते हैं, प्रज्वलित करते हैं उसी प्रकार (वनेषु) रश्मियों में (चित्रम्) अद्भुत तेजस्वी, (विभ्वम्) विविध सामर्थ्यों से सम्पन्न (यम्) जिस प्रधान पुरुष को आश्रय लेकर

(विशे विशे) प्रजा के हित के लिये (अप्नवानः भृगवः) रूप विज्ञान शाली तेजस्वी पुरुष (विरुरुचुः) विविध प्रकार से प्रकाशित करते हैं। उसके लिये अपने २ गुण और शिल्प प्रकट करते हैं।

जनस्य गोपा ऽअजनिष्ट जागृविरग्निः सुदक्षः सुविताय नव्यसे।
घृतप्रतीको बृहता दिविस्पृशा द्युमद्विभाति भरतेभ्यः शुचिः॥२७॥
ऋ० ५। ११। १॥

भा०—(अग्निः) अग्रणी, नेता, राजा (नव्यसे) अभी नये २ प्राप्त किये (सुविताय) राष्ट्र के शासन-कार्य के संचालन के लिये (सुदक्षः) उत्तम बल और ज्ञानवान् होकर (जागृविः) सदा जागरणशील साव-धान होकर (जनस्य गोपा) समस्त प्रजाजन का पालक, रक्षक (अज-निष्ट) रहे। और वह (घृतप्रतीक) मुखपर घृत लगाये ब्रह्मचारी के समान तेजस्वी स्वरूप होकर (दिविस्पृशा) आकाश में व्यापक (द्युमत्) कान्तिमान् तेजस्वी, ऐश्वर्य युक्त (बृहता) बड़े भारी राष्ट्र से सूर्य के समान तेज से (शुचिः) कान्तिमान्, निष्कपट, दोष रहित, शुद्ध होकर (भरतेभ्यः) प्रजा के भरण पोषण करने हारे विद्वान् पुरुषों से (द्युमत्) तेजस्वी होकर (विभाति) विविध ऐश्वर्यों से और तेजों गुणों से प्रकाशित होता है।

त्वामग्ने ऽअङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वनेवने।
स जायसे मथ्यमानः सहो महत् त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः॥२८॥
ऋ० ५। ११। ६॥

अग्निर्देवता। विराडार्षी जगती। निषादः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान प्रकाशमान तेजस्विन्! (गुहा-हितम्) अपने हृदय के गुह्य स्थान में स्थित और (वने वने शिश्रिया-णम्) वन २, प्रत्येक आत्मा आत्मा में विद्यमान (त्वाम्) तुझ परमेश्वर

का (अंगिरस) ज्ञानी योगाभ्यासी पुरुष जिस प्रकार (अनु अविन्दन्) साक्षात् दर्शन करते हैं या प्रथम अपने आत्मा का और फिर उसमें भी व्यापक तेरा साक्षात् करते हैं और जिस प्रकार (वने वने शिश्रियाणम्) प्रति पदार्थ या प्रत्येक काष्ठ में या प्रत्येक जल के परमाणु में विद्यमान (गुहा हितम्) गुप्त रूप से स्थित अग्नि तत्व को (अङ्गिरसः) विज्ञान वेत्ता (अनु अविन्दन्) प्राप्त करते हैं और जिस प्रकार (स.) वह तू (मथ्य-मान) प्राणायाम, ज्ञान, ध्यानाभ्यास से माथित होकर परमेश्वर प्रकट होता है और जिस प्रकार अरणियों से मथा जाकर अग्नि प्रकट होता है उसी प्रकार (मथ्यमानः) अपनी और शत्रु सेना के बीच में युद्धादि द्वारा मथा जाकर (महत् सहः) बड़े भारी बल रूप में (जायसे) प्रकट होता है। हे (अंगिरः) सूर्य के समान या अगारो के समान तेजस्विन् या शरीर में प्राण के समान राष्ट्र के प्राणरूप ! (त्वाम्) तुझको (सहस पुत्रम्) बल का, पुन शक्ति का पुतला शक्ति से उत्पन्न हुआ (आहु.) कहते हैं।

सखा॑यः॒ सं वः॑ स॒म्यञ्च॒मिषं॒ स्तोमं॑ चा॒ग्नये॑।
वर्षि॑ष्ठाय क्षिती॒नामू॒र्जो नप्त्रे॒ सह॑स्वते ॥ २६ ॥

ऋ० ५ । ७ । १ ॥

इष ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (सखायः) मित्रजनो ! (व) आप लोग (क्षितीनां वर्षिष्ठाय) भूमियों पर प्रभूत जल वर्षाने हारे मेघ के समान (क्षितीनां) राष्ट्र निवासी प्रजाजनों पर (वर्षिष्ठाय) समस्त कामना योग्य सुखों को वर्षण करने हारे और (वर्षिष्ठाय) सब निवासियों से सबसे ऐश्वर्य, ज्ञान और बल में बढ़े हुए और (ऊर्जे नप्त्रे) बल पराक्रम के बाधने, उसको नियम व्यवस्था में रखने वाले (सहस्वते) शत्रु विजयकारी बल से युक्त (अग्नये) अग्नि स्वरूप तेजस्वी पुरुष को (सम्यञ्चम् इषम्) सर्वो-

त्तम अन्न या अभिलाषा योग्य पदार्थ और (स्तोमं च) स्तुतियों या पदाधिकारों का (सं-भरत) अच्छी प्रकार प्रदान करो।

सꣳसमिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य्य ऽआ ।
इडस्पदे समिध्यसे स नो वसून्या भर ॥ ३० ॥

ऋ० १० । १९१ । १ ॥

सवनन ऋषिः । अग्निर्देवता । विराड् अनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! ज्ञानवन् ! तेजस्विन् ! राजन् ! हे (वृषन्) प्रजाओं पर सुखों के वर्षक ! बलवन् ! तू (अर्य) स्वामी होकर ही (सं युवसे) समस्त ऐश्वर्यों को प्राप्त कराता है । और (इड. पदे) पृथ्वी के पृष्ठ पर (आ समिध्यसे) सब तरह से प्रकाशित होता है । और (विश्वानि) समस्त (वसूनि) ऐश्वर्यों को (सः) वह तू (नः) हमें (सम् सम् आभर) निरन्तर प्राप्त कर ।

त्वां चित्रश्रवस्तम हवन्ते विक्षु जन्तवः ।
शोचिष्केशं पुरुप्रियाग्ने हव्याय वोढवे ॥ ३१ ॥

ऋ० १ । ४५ । ६ ॥

प्रस्कण्वः ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—हे (चित्रश्रवस्तम) अद्भुत, आश्चर्यकारी नाना अन्न आदि ऐश्वर्यों के और यशों के सबसे बड़े स्वामिन् ! हे (पुरुप्रिय) बहुत प्रजाओं के प्रिय ! अथवा राष्ट्रवासी प्रजाओं को प्रेम करने हारे ! हे (अग्ने) तेजस्विन् ! अग्रणी पुरुष ! (हव्याय) स्वीकार करने योग्य राष्ट्र के भार को (वोढवे) अपने ऊपर उठाने के लिये (विक्षु) प्रजाओं में से (जन्तवः) समस्त जन (शोचिष्केशम्) दीप्ति युक्त किरणों वाले सूर्य के समान दीप्तिमान् (त्वाम्) तुझको (हवन्ते) बुलाते हैं । तुझे चाहते हैं ।

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे ।
प्रियं चेतिष्ठमरतिꣳ स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम् ॥ ३२ ॥

ऋ० ७ । १६ । १ ॥

वशिष्ठ ऋषिः । अग्निर्देवता । विराड् बृहती । मध्यमः ॥

भा०—हे प्रजाजनो ! (वः) तुम्हारे (एना नमसा) इस आदर सत्कार के भाव एवं अन्न द्वारा या तुम्हारे नमन, वशीकरण के अधिकार के साथ २ (प्रियं) तुम्हारे प्रिय (चेतिष्ठम्) तुम सबको खूब चेताने वाले धर्म मार्ग को उत्तम रीति से बतलाने वाली (अरतिम्) अत्यन्त बुद्धि-मान्, (स्वध्वरम्) उत्तम यज्ञशील, अहिंसक (विश्वस्य दूतम्) सबके आदर योग्य सर्वत्र व्यापक (अमृतम्) स्वयं अविनाशी, स्थिर अथवा (अमृतम्) सब कार्यों के मूल आश्रयरूप (ऊर्जः नपातम्) बल को विनष्ट न होने देने हारे अग्रणी राजा को (आहुवे) मैं बुलाता हूं। आप सबके सामने प्रस्तुत करता हूं ।

विश्वस्य दूतममृतं विश्वस्य दूतममृतम् ।
स योजतेऽअरुषा विश्वभोजसा स दुद्रवत् स्वाहुतः ॥३३॥

ऋ० ७ । १६ । १ । २ ॥

अग्निर्देवता । निचृद् बृहती मध्यम ॥

भा०—(विश्वस्य दूतम्) संघ के पूजनीय या सर्व के समान रूप से प्रतिनिधि (अमृतम्) अविनष्ट, दीर्घायु पुरुष को मैं प्रस्तुत करता हूं। (विश्वस्य दूतम् अमृतम्) सब दुष्टों के तापक राष्ट्र के लिये अमृतस्वरूप पुरुष को मैं प्रस्तुत करता हूं। (सः) वह (अरुषा) रोष रहित, सौम्य स्वभाव के (विश्वभोजसा) समस्त विश्व के पालक, सबके अन्न देने वाले सामर्थ्य से युक्त होकर (योजते) सबको सन्मार्ग में लगाता है। (स्वाहुतः) उत्तम रीति से बुलाया जाकर ही (सः दुद्रवत्)

रथादि से गमन करता है। अथवा (अरुपा=अरुषौ) वह दोष रहित सौम्य स्वभाव के (विश्वभोजसा) समस्त जगत् के पालक एक उसको भोग करने में समर्थ दो प्रधान पुरुषों के राष्ट्र कार्य मे रथ में दो अश्वो के समान (योजते) नियुक्त करे। इस (सु-आहुतः) उत्तम रीति से अधिकार प्राप्त करके (सः) वह (द्रुद्रवत्) राज्य कार्य का संचालन करे।

स द्रुद्रवत् स्वाहुतः स द्रुद्रवत् स्वाहुतः ।
सुब्रह्मा यज्ञः सुशमी वसूनां देवꣳ राधो जनानाम् ॥ ३४ ॥
ऋ० ७ । १६ । २ ॥

अग्निर्देवता । निचृद् बृहती मध्यमः ॥

भा०—(सः स्वाहुत. द्रुद्रवत्) वह अच्छी प्रकार अधिकार प्राप्त करके राष्ट्र के कार्य को रथ के समान चलाता है। और (सः स्वाहुतः द्रुदवत्) वह उत्तम आदर से बुलाया जकर आता है। वह (सुब्रह्मा) राजा, उत्तम ब्रह्मा, विद्वान् ब्रह्मवेत्ता से युक्त, (यज्ञ) यज्ञ के समान उत्तम विद्वानों से युक्त होकर (वसूनां) राष्ट्र में वसने वाले (जानानम्) मनुष्यों के लिये। (सुशमी) उत्तम कर्मवान होकर (देवं) रमण करने, भोगने योग्य (राध्यः) ऐश्वर्य को (दधाति) प्रदान करता है।

अग्ने वाजस्य गोमत ईशानः सहसो यहो ।
अस्मे धेहि जातवेदो महि श्रवः ॥ ३५ ॥ ऋ० १ । ७१ । ४ ॥

गोतम ऋषि' अग्निर्देवता । उष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (सहसः यहो) बल के कारण उच्च पद को प्राप्त और आदर पूर्वक सम्बोधन करने योग्य राजन् ! हे (अग्ने) अग्रणी नेतः। तू (गोमत) गौ आदि पशु सम्पत्ति से युक्त (वाजस्य) ऐश्वर्य का (ईशानः) स्वामी है। हे (जातवेदः) ऐश्वर्यवान् ! राजन् ! (अस्मे) हमें तू (महि श्रवः) बड़ा भारी अन्न आदि ऐश्वर्य, कीर्त्ति (धेहि) प्रदान कर।

'यहुः'-यातेर्ह्वतेश्चौणादिके मृगय्वादित्वात् कुप्रत्यये निपातनादप् सिद्धिः । यातः प्राप्तः पुण्यवशेन हूयते च स्वनाम्ना, इति यहुरिति देवराजः । यहुर्यातश्चाहूतश्चेति माधवः ॥

स इ॑धा॒नो वसु॑ष्क॒विर॒ग्निरी॒डेन्यो॑ गि॒रा ।
रे॒वद॒स्मभ्यं॑ पुर्वणीक दीदिहि ॥ ३६ ॥ ऋ० १ । ७९ । ५ ॥

अग्निर्देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—(सः) वह तू हे राजन् ! (इधा) अपने तेज से देदीप्यमान (वसुः) सब प्रजा का बसाने हारा (कविः) दूरदर्शी, क्रान्तदर्शी, विद्वान्, मेधावी (गिरा) वाणियों से (ईडेन्यः) सदा स्तुति योग्य होकर हे (पुर्वणीक) बहुत से सेना-बल से युक्त राजन् ! तू (अस्मभ्यं) हमारे (रेवत्) धनैश्वर्य से युक्त राष्ट्र में (दीदिहि) निरन्तर तेजस्वी होकर रह ।

क्षपो॑ राजन्नु॒त त्मनाग्ने॒ वस्तो॑रु॒तोषसः॑ ।
स ति॑ग्मजम्भ र॒क्षसो॑ दह॒ प्रति॑ ॥ ३७ ॥ ऋ० १ । ७९ । ६ ॥

अग्निर्देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (राजन्) राजन् ! तेजस्विन् ! हे (अग्ने) अग्ने ! हे (तिग्मजम्भ) तीक्ष्ण होकर शत्रुओं के अंग भंग करने वाले ! (तिग्मजम्भ) वज्र के समान या वज्र या खड्ग रूप दंष्ट्रा वाले, खड्गों से शत्रु को खा जाने वाले राजन् ! (क्षपः) रात्रि के अवसरों में (वस्तोः उत उषसः) दिन और प्रातः कालों के अवसरों में भी और सदा सब काल में (सः) वह तू (रक्षसः) प्रजा के नाशक राक्षसों को (प्रति दह) एक २ करके भस्म कर डाल ।

भ॒द्रो नो॑ऽअ॒ग्निराहु॑तो भ॒द्रा रा॒तिः सु॑भग भ॒द्रो॑ऽअ॑ध्व॒रः ।
भ॒द्राऽउ॒त प्रश॑स्तयः ॥ ३८ ॥ ऋ० ८ । १९ । १९ ॥

सौभरिर्ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदुष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—(नः) हमारे लिये (आहुतः) अग्निहोत्र द्वारा आहुतियों से प्रदीप्त अग्नि के समान (आहुतः) सब प्रकार से आदर पूर्वक, नाना ऐश्वर्यों से पुरस्कृत, शत्रुसंतापक, अग्रणी पुरुष (भद्रः) हमें कल्याणकारक हो। (रातिः भद्रा) उसका दान भी हमें सुखदायी हो। हे (सुभग) उत्तम ऐश्वर्यवन् ! (अध्वरः) तेरा हिंसारहित राज्य पालन का कार्य (भद्रः) सबको सुखप्रद हो। (उत) और (प्रशस्तयः) उत्तम प्रशंसाएं और प्रशंसा योग्य कार्य भी (भद्रा) सुखदायी हों।

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा॥ स्फुटम्॥

समस्त ऐश्वर्य, धर्म, यश, लक्ष्मी, ज्ञान, वैराग्य ये छः पदार्थ 'भग' कहाते हैं।

भ॒द्रा ऽउ॒त प्रश॑स्तयो भ॒द्रं मनः॑ कृणुष्व वृत्र॒तूर्य्ये॑।
येना॑ स॒मत्सु॑ सा॒सहः॑॥ ३९॥ ऋ० १। ६। २०॥

अग्निर्देवता। निचृदुष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—(भद्रा उत प्रशस्तयः) और समस्त स्तुतियां सुखकारी हों और तू (वृत्रतूर्ये) नगर को घेरने वाले, सन्मर्यादा के लोप करने वाले दुष्ट पुरुषों के नाशक संग्राम कार्यों में अपना (भद्रं मनः) कल्याण युक्त चित्त (कृणुष्व) प्रदान कर। (येन) जिससे (समत्सु) संग्रामों में तू उनको (सासहः) पराजय करने में समर्थ हो।

येना॑ स॒मत्सु॑ सा॒सहो॒ऽव॑ स्थि॒रा त॑नुहि॒ भूरि॒ शर्ध॑ताम्।
व॒नेमा॑ ते ऽअ॒भिष्टि॑भिः॥ ४०॥ ऋ० ८। ६। २०॥

अग्निर्देवता। निचृदुष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—(येन) क्योंकि (समत्सु) संग्रमों में तू (सासहः) शत्रुओं को पराजय करने में समर्थ रहे। अतः तू (शर्धताम्) बल पराक्रमशील

पुरुषों के (स्थिरा) स्थिर सेन्यों को (अवतनुहि) अपने अधीन विस्तृत रूप से रख। और हम (ते) तेरे (अभिष्टिभिः) अभीष्ट कामनाओं और अभिलाषाओं के सहित (ते) तेरे अधीन (वनेम) ऐश्वर्य का भोग करें।

अ॒ग्निं तं म॑न्ये॒ यो वसु॒रस्तं॒ यं यन्ति॑ धे॒नवः॑।
अस्त॒मर्व॑न्त ऽआ॒शवोऽस्तं॒ नित्या॑सो वा॒जिन॒ ऽइषं॑ स्तो॒तृभ्य॒ आ भ॑र ॥ ४१ ॥ ऋ० ५ । ६ । १ ॥

कुमारवृषावृषी अग्निर्देवता । निचृत् पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(यः) जो (वसुः) गृहस्थ के समान व प्रजाओं का बसाने हारा है और (यं) जिसके पास (धेनवः) दुधार गौवें और उनके समान समृद्ध प्रजाएं (अस्तम् यन्ति) घर के समान शरण समझ कर प्राप्त हों और (आशवः) शीघ्र गमनकारी (अर्वन्तः) अश्व और अश्वारोहीगण (अस्तं यन्ति) जिसको अपना गृह समझ कर शरण होते हैं। और (वाजिनः) वेगवान् या ऐश्वर्यवान् (नित्यासः) नित्य, सदा स्थायी रूप से रहने वाले गृहस्थ पुरुष (यं अस्तं यन्ति) जिसको अपना घर सा शरण जान कर प्राप्त होते हैं मैं तो (तं अग्निम् मन्ये) उस सब के अग्रणी, नेता बलवान् पुरुष को 'अग्नि' शब्द से कहाने योग्य मानता और जानता हूं। ऐसे गुणो से युक्त सर्वाश्रय हे अग्ने! राजन्! तू (स्तोतृभ्यः) सत्य गुणों के प्रकाशक विद्वानों को (इषम्) अन्न आदि ऐश्वर्य (आ भर) प्राप्त करा, प्रदान कर।

सो ऽअ॒ग्निर्यो वसु॑र्गृ॒णे सं यमा॒यन्ति॑ धे॒नवः॑।
समर्व॑न्तो रघु॒द्रुवः॒ सꣳ सु॑जा॒तासः॑ सू॒रय॒ ऽइषं॑ स्तो॒तृभ्य॒ आ भ॑र॥४२॥ ऋ० ५ । ६ । २ ॥

अग्निर्देवता । निचृत् पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(यः वसुः) जो सबको बसाने वाला है । और (यं धेनवः सम् आयान्ति) जिसके पास दुधार गौवों के समान समृद्ध प्रजाएं शरण आती हैं । और (रघुद्रुव अर्वन्तः) तीव्रवेग से जाने वाले अश्व और अश्वारोही पुरुष (ये सम् आयन्ति) जिसके पास शरण आते हैं । और (यम्) जिसके पास (सुजातासः सूरयः) उत्तम रूप से विद्या आदि में कुशल विद्वान् पुरुष पहुंचते हैं (स अग्निः) वह 'अग्नि' प्रकाशवान् तेजस्वी नेता कहाने योग्य है (गृणे) ऐसा मैं कहता हूं । हे राजन् ! (स्तोतृभ्यः) उत्तम गुणों के वक्ता विद्वानों को तू (इषं आ भर) अन्न आदि भोग्य पदार्थ प्रदान कर ।

उभे सुश्चन्द्र सर्पिषो दर्वी श्रीणीष ऽआसनि ।
उतो न ऽउत्पुपूर्या ऽउक्थेषु शवसस्पतऽइषं स्तोतृभ्य ऽआ भर ॥ ४३ ॥ ऋ० ५ । ६ । ९ ॥

अग्निर्देवता । निचृत् पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (सुश्चन्द्र) शोभन आचारवान् और प्रजा के आह्लादक ! अथवा प्रजा को उत्तम गुणों से रंजन करने हारे ! अथवा उत्तम ऐश्वर्यवान् ! तू (उभे दर्वी) चमसों के समान फैलने वाले दोनों हाथों को जिस प्रकार पान करने वाला पुरुष अपने (आसनि) मुख पर धर लेता है उसी प्रकार तू भी (उभे दर्वी) शत्रु सेनाओं को विदारण करने में समर्थ दोनों तरफ विस्तृत दोनों पक्षों या बाहुओ (Wings) को अपने (आसनि) मुख्य भाग पर (श्रीणीषे) आश्रित रखता, उनको नियुक्त करता है, उनको अपनी सेवा में लगाता है । हे (शवसः पते) बल के स्वामिन् ! तू (नः) हमें (उक्थेषु) ज्ञानों और उत्तम स्तुति योग्य व्यवहारों में (उत्पुपूर्याः) ऊपर तक भर दे, या उत्तम पद तक पालन पोषण कर । (इषं स्तोतृभ्यः आ भर) विद्वानों को अन्नादि भोग्य पदार्थ प्राप्त करा ।

गुरु के पक्ष में—हे गुरो ! आल्हादक (उभे दर्वी) अज्ञान के नाशक दोनों ज्ञान और क्रिया योग दोनों को (आसनि श्रेणीषे) मुखाग्र, परिपक्व करा (उक्थेषु) विद्याओं में हमें पूर्ण कर।

अग्ने तम॒द्याश्वं॒ न स्तोमै॒ः क्रतुं॒ न भ॒द्रꣳ हृ॑दि॒स्पृश॑म्।
ऋ॒ध्यामा॑ त॒ ऽओहैः॑ ॥ ४४ ॥ ऋ० ४ । १० । १ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी नेतः ! (अश्वं न) जिस प्रकार वेगवान् अश्व को शीघ्रता से पहुंचा देने के कारण उत्तम साधु-वादों और अन्नों से समृद्ध करते हैं और (स्तोमैः क्रतु न) जिस प्रकार स्तुति समूहों और वेद मन्त्रों से यज्ञ कर्म को समृद्ध करते हैं। उसी प्रकार (भद्रं) कल्याणकारी (हृदिस्पृशम्) हृदय में स्पर्श करने वाले, अतिप्रिय (तम्) उस परम उपकारी तुझ को भी (ते) तेरे योग्य (ओहै.) नाना पुरस्कार योग्य पदार्थों से (ऋध्याम) समृद्ध करें।

अधा॒ ह्य॑ग्ने॒ क्रतो॑र्भ॒द्रस्य॒ दक्ष॑स्य सा॒धोः।
र॒थीर्ऋ॒तस्य॑ बृह॒तो ब॒भूथ॑ ॥ ४५ ॥ ऋ० ४ । १० । २ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! (अधा हि) और तू निश्चय से (भद्रस्य) सुखकारी कल्याणकारी, (दक्षस्य) बलवान् (साधो) कार्यसाधक उत्तम (बृहत) महान् (ऋतस्य) सत्य यज्ञ, या राष्ट्र सञ्चालन के कार्य का (रथीः) रथ के स्वामी के समान नेता (बभूथ) हो कर रह।

ए॒भिर्नो॑ अ॒र्कैर्भवा॑ नो ऽअ॒र्वाङ् स्व॒र्ण ज्योतिः॑।
अग्ने॒ विश्वे॑भिः सु॒मना॒ ऽअनी॑कैः ॥ ४६ ॥ ऋ० ४ । १० । ३ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—हे (अग्ने) हे अग्रणी राजन् ! विद्वन् ! (एभिः) इन अर्चना

योग्य पूजनीय विद्वानों के साथ और (विश्वेभिः) समस्त (अनीकैः) सैन्य-बलों के साथ रहकर भी (अर्वाङ्) साक्षात् (स्व ज्योतिः न) सुखकारी तेजस्वी, सूर्य के समान (सुमनाः) शुभ चित्त वाला होकर (भव) रह।

अग्निꣳ होतारं मन्ये दास्वन्तं वसुꣳ सूनुꣳ सहसो जातवेदसं विप्रं न जातवेदसम्। य ऽऊर्ध्वया स्वध्वरो देवो देवाच्या कृपा। घृतस्य विभ्राष्टिमनुवष्टि शोचिषाजुह्वानस्य सर्पिषः॥ ४७॥ ऋ० १। २७। १॥

अग्निर्देवता। विराड् ब्राह्मी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—मैं (होतारम्) ऐश्वर्य के ग्रहण करने वाले, (दास्वन्तं) ऐश्वर्य के दान करने वाले, (वसुम्) प्रजा के बसाने हारे, (सहसः सूनुम्) शत्रु को पराजय करने में समर्थ, सेना बल के संचालक, (जातवेदसम्) अग्नि के समान तेजस्वी, (विप्रम्) ज्ञानवान् पुरुष को मैं (अग्निं मन्ये) 'अग्नि' अग्रणी नेता होने योग्य जानता हूं। (यः) जो (ऊर्ध्वया) अपने सर्वोच्च (देवाच्या) देव, विजिगीषु पुरुषों को वश करने वाली (कृपा) सामर्थ्य या शक्ति से स्वयं (स्वध्वरः) सुरक्षित, उत्तम राष्ट्र का स्वामी, अहिंसित (देवः) राजा विजिगीषु होकर (आजुह्वानस्य सर्पिषः) आहुति दिये गये घृत की (शोचिषा) कान्ति से जिस प्रकार अग्नि जाज्वल्यमान होता है उसी प्रकार (आजुह्वानस्य) चारों तरफ से युद्ध में आ आकर टूट पड़ने वाले (सर्पिषः) सर्पणशील, विविध पैंतरों से चलने वाले सेना-बल के (शोचिषा) तेज से, लपटों से (घृतस्य) तेज की (विभ्राष्टिम्) विविध प्रकार की दीप्ति की (अनुवष्टि) कामना करता है।

अग्ने त्वन्नो ऽअन्तम ऽउत त्राता शिवो भवा वरूथ्यः।
वसुरग्निर्वसुश्रवा ऽअच्छा नक्षि द्युमत्तमꣳ रयिन्दाः।

तं त्वां शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नायं नूनमीमहे सखिभ्यः ॥ ४८ ॥

ऋ० ५ । २४ । १ ॥

भा०—व्याख्या देखो (अ० ३ । २५, २६) ।

येन ऽऋषयस्तपसा सत्रमायन्निन्धाना ऽअग्निꣳस्वराभरन्तः ।
तस्मिन्नहं निदधे नाके ऽअग्निं यमाहुर्मनव स्तीर्णबर्हिषम् ॥४६॥

ऋ० ५ । २४ । २ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(येन) जिस (तपसा) तप, सत्य धर्म के अनुष्ठान और तपश्चर्या के वल से (ऋषयः) दीर्घदर्शी वेद मन्त्रार्थ के ज्ञाता (सत्रम् आयन्) सत्य ज्ञान को प्राप्त होते हैं। और (यम्) जिस (अग्निम्) ज्ञानस्वरूप परमेश्वर ज्योति को (इन्धानाः) प्रज्वलित करते हुए (स्व) सुखमय लोक और आत्मप्रकाश को (आभरन्तः) प्राप्त करते हुए (सत्रम्) सत्य सुख को प्राप्त करते हैं। (तस्मिन्) उसी (लोके) सुखमय लोक या पद पर मैं (अग्निम्) अग्रणी और अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को (नि दधे) स्थापित करता हूं। (यम्) जिसको (मनवः) मनुष्य लोग (तीर्णबर्हिषम्) एवं महान् आकाश को लांघ कर विराजमान सूर्य के समान समस्त प्रजाओं से ऊपर या इस लोक पर अधिष्ठाता रूप से विराजमान बतलाते हैं ॥ शत० ८।६।३।१८॥

'तीर्णबर्हिषम्'—प्रजा वै बर्हिः । कौ० ५ । ७ ॥ पशवो वै बर्हिः । ऐ० २ । ४ ॥ अयं लोको बर्हिः श० १ । ४ ॥ २४ । क्षत्रं वै प्रस्तरो विश इतरं बर्हि । श० १ । ३ । ४ । १६ ॥

तं पत्नीभिरनु गच्छेम देवाः पुत्रैर्भ्रातृभिरुत वा हिरण्यैः ।
नाकं गृभ्णानाः सुकृतस्य लोके तृतीये पृष्ठे ऽअधि रोचने दिवः॥५०॥

ऋ० ५ । २४ । ३ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (देवाः) विद्वानो ! विजिगीषु पुरुषो ! (तम्) उस पूर्व कहे अग्रणी नेता और विद्वान् की हम लोग (पुत्रैः) पुत्रों, (भ्रातृभिः) भाइयों, (पत्नीभिः) धर्मपत्नियों, (उत वा) और (हिरण्यैः) सुवर्ण आदि धातुओं सहित (नाकम्) परम सुख का (गृभ्णानाः) ग्रहण करते हुए अर्थात् सुख प्राप्ति के साधनों का उपार्जन करते हुए (सुकृतस्य) उत्तम धर्माचरण के (लोके) लोक में और (तृतीय) उत्कृष्टतम (पृष्ठे) आश्रय में (दिव) सूर्य के प्रकाश से (रोचने) प्रकाशित, अन्धकार रहित स्थान में (अनुगच्छेम) अनुसरण करें । शत० ८ । ६ । ३ । १९ ॥

आ वाचो मध्यमरुहद्भुरण्युरयमग्निः सत्पतिश्चेकितानः ।
पृष्ठे पृथिव्या निहितो दविद्युतदधस्पदं कृणुतां ये पृतन्यवः ॥५१॥

अग्निर्देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अयम्) यह (भुरण्युः) प्रजा का भरण पोषण करने में समर्थ (सत्पतिः) सत्य का, सत् जनों का पालक (चेकितानः) विद्वान् (अग्निः) अग्रणी, राजा (वाचः) वाणी के वेदत्रयी के, अथवा राज्य की व्यवस्थाओं के (मध्यम्) मध्य स्थान, मध्यस्थ न्यायकर्त्ता पद को (असहत्) प्राप्त करें । और (पृथिव्याः पृष्ठे) पृथिवी, भूमि की पीठ पर (निहितः) स्थापित होकर सूर्य के समान (दाविद्युतत्) सत्य का प्रकाश करे । और (ये पृतन्यवः) जो सेना द्वारा संग्राम या कलह करना चाहते हैं उनको (अधः पदम् कृणुताम्) नीचे स्थान पर गिरा दे । शत० ८ । ६ । ३ । २० ॥

अयमग्निर्वीरतमो वयोधाः सहस्रियो द्योततामप्रयुच्छन् ।
विभ्राजमानः सरिरस्य मध्यऽउप प्रयाहि दिव्यानि धाम ॥ ५२ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अयम् अग्निः) यह अग्रणी, नेता, राजा (वीरतमः) वीरों में सबसे अधिक वीर (वयोधाः) सबसे अधिक दीर्घायु अथवा अधीनों के जीवनों का पोषक या अन्नादि ऐश्वर्य का धारक, (सहस्रियः) हजारों योद्धाओं के बराबर बलवान्, और (अप्रयुच्छन्) प्रमाद न करता हुआ (द्योतताम्) प्रकाशित हो । (सरिरस्य मध्ये) अन्तरिक्ष के बीच में सूर्य के समान (सरिरस्य मध्ये) इस लोक समूह के बीच (विभ्राजमानः) विशेष तेज से प्रकाशमान होकर हे राजन् ! तू (दिव्यानि धामा) दिव्य अधिकारों तेजों और पदों को (उप प्र याहि) भली प्रकार प्राप्त कर । शत० ८ । ६ । ३ । २१ ॥

सम्प्रच्यवध्वमुप सम्प्रयाताग्ने पथो देवयानान् कृणुध्वम् ।
पुनः कृण्वाना पितरा युवानान्वातांसीत् त्वयि तन्तुमेतम् ॥५३॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुषो ! प्रजाजनो ! आप लोग (सम् प्रच्यवध्वम्) अच्छी प्रकार मिलकर आओ और (सं प्रयात) साथ मिलकर प्रयाण करो। हे (अग्ने) अग्रणी नेता और विद्वान् पुरुषो ! आप सब मिलकर (देव यानान् पथः) देवों, विद्वानों के जाने योग्य मार्गों को धर्माचरण की व्यवस्थाओं को और देव, राजा के जाने योग्य विशाल मार्गों को या विजयार्थी सेनाओं के-जाने योग्य मार्गों को (कृणुध्वम्) बनाओ । और हे (अग्ने) नेतः राजन् ! (युवाना पितरा) युवा माता पिता, (पुनः) बार २ (त्वयि) तेरे आश्रय पर, तेरी रक्षामें रहते हुए (कृण्वाना) ब्रह्मचर्य का पालन एवं गृहस्थ धर्म का आचरण करते हुए (एतम्) इस (तन्तुम्) विस्तृत राष्ट्र रूप यज्ञ को या प्रजोत्पालन रूप सन्तति कार्य को (अनु आतांसीत्) बराबर बनाये रक्खें ।

०'कृण्वानाः' 'पितरा' ऐसा महीधर और उव्वटाभिमत पाठ है ।

तदनुसार—प्रजाजन ही (युवाना पितरौ कृण्वाना) युवा युवतियों को ही अगली सन्तान के निमित्त पिता माता बनाते हुए (त्वयि) तुझ राजा के आश्रय में (पुनः एतम् तन्तुम् अनु-आतांसीत्) फिर भी इस प्रजातन्तु को बनाये रक्खें। शत० ८। ६। ३। २२॥

पूर्व पक्ष में 'अन्वातांसीत्' यहां व्यत्यय से द्विवचन के स्थान में एक वचन है। और दूसरे पक्ष में बहु वचन के स्थान में एक वचन है। परन्तु यह शपथाभिमत पाठ के विरुद्ध होने से उपेक्षा योग्य है।

उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते सꣳसृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थेऽअध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ५४

अग्निर्देवता। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी, गृहपति के समान प्रजापालक राजन्! तू (उद्बुध्यस्व) उठ, जाग, उत्कृष्ट धर्माचरण को जान। (त्वम्) तू (प्रति जागृहि) प्रत्येक कार्य के लिये जागृत रह, प्रत्येक प्रजा के लिये सावधान होकर रह। (त्वम् अयम्) तू और यह प्रजाजन दोनों मिलकर (इष्टापूर्त्ते) इष्ट, अभिलषित सुख के देने वाले उत्तम कर्म, दान, यज्ञ, तप आदि और 'पूर्त्त' शरीर और गृह को पूर्ण करने वाले ब्रह्मचर्य और कृषि आदि कर्म, इनका (संसृजेथाम्) पालन करो और (अस्मिन्) इस (उत्तरस्मिन्) सर्वोत्कृष्ट (सधस्थे) एकत्र होने के स्थान, गृहस्थ और राष्ट्र में (विश्वेदेवाः) समस्त देवगण, विद्वान् और राजा लोग और (यजमानः च) यजमान, दाता, गृहपति और राष्ट्रपति भी (अधि-सीदत) आकर विराजें। वे राष्ट्र पर अधिकार पदों को प्राप्त करें॥ शत० ८। ६। ३। २२॥

येन वहसि सहस्रं येनाग्ने सर्ववेदसम्।
तेनेमं यज्ञं नो नय स्वर्देवेषु गन्तवे॥ ५५॥ अथर्व० ६।५।१७॥

अग्निर्देवता । निचृदनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! विद्वान् ! राजन् ! गृहपते ! राष्ट्रपते ! (येन) जिस बल से तू (सहस्रं) हजारों अपरिमित प्रजाओं को (वहसि) धारण करता है । और (येन) जिस बल से (सर्ववेदसम्) समस्त ऐश्वर्यों और समस्त वेदोक्त ज्ञानों और कर्मों को (वहसि) धारण करता है (तेन) उस बल सामर्थ्य से (नः) हमारे (इमं यज्ञं) इस यज्ञ, गृहाश्रम, राष्ट्र पालनरूप परस्पर संगत कर्त्तव्य को (देवेषु) विजयी और विद्वान् पुरुषों के आश्रय पर (स्व गन्तवे) सुख प्राप्त करने के लिये (नय) सन्मार्ग पर ले चल । अर्थात् तू हमारे राज्य और गृह के कार्यों को विद्वानों के दिखाये मार्ग पर चला । ८ । ६ । ३ । २५ ॥

अ॒यं ते॒ योनि॑र्ऋ॒त्वियो॒ यतो॑ जा॒तो ऽअरो॑चथाः ।
तञ्जा॒नन्न॑ग्न॒ ऽआ रो॒हाथा॑नो वर्धया र॒यिम् ॥ ५६ ॥

ऋ० ३ । ५९ । १० ॥

व्याख्या देखो (अ० ३ । १४) और (अ० १२ । ५२) । शत० ८ । ६ । ३ । २४ ॥

तप॑श्च तप॒स्य॑श्च शैशि॒रावृ॒तू ऽअ॒ग्नेर॑न्तः श्ले॒षो॒ऽसि॒ कल्पे॑तां॒ द्यावा॑पृथि॒वी कल्प॑न्ता॒माप॒ ऽओष॑धयः॒ कल्प॑न्ताम॒ग्नयः॒ पृथ॒ङ् मम॒ ज्यैष्ठ्या॑य॒ सव्र॑ताः । ये ऽअ॒ग्नय॒ः सम॑नसो॒ऽन्तरा॒ द्यावा॑पृथि॒वी ऽइ॒मे शैशि॒रावृ॒तू ऽअ॑भि॒कल्प॑माना॒ ऽइन्द्र॑मिव दे॒वा ऽअ॑भि॒संवि॑शन्तु॒ तया॑ दे॒वत॑या ऽङ्गिर॒स्वद् ध्रु॒वे सी॑दतम् ॥ ५७ ॥

भा०—(तप तपस्यः च) 'तप और तपस्य' माघ और फाल्गुन दोनों (शैशिरौ ऋतू) शिशिर ऋतु के दो मास हैं । दोनों शिशिर कहाते हैं । अग्नेः अन्तः० इत्यादि (१३ । २५) के समान जानो । शत० ८।७।१।५॥

परमेष्ठी त्वां सादयतु दिवस्पृष्ठे ज्योतिष्मतीम् ।
विश्वस्मै प्राणायापानाय व्यानाय विश्वं ज्योतिर्यच्छ ।
सूर्यस्तेऽधि पतिस्तया देवतयाऽङ्गिरस्वद् ध्रुवा सीद ॥५८॥

भा०—(परमेष्ठी) परम, सर्वोच्च स्थान पर स्थित सूर्य के समान, विद्वान् तेजस्वी राजा (त्वा) तुझ (ज्योतिष्मतीम्) सूर्य के प्रकाशित पृथ्वी के समान आश्रयभूत सकल ऐश्वर्य से युक्त पृथ्वी को (दिवः पृष्ठे) ज्ञान और प्रकाश के आश्रय में (सादयतु) स्थापित करे । शेष की व्याख्या देखो (अ० १४ । १४ ।) शत० ८ । ७ । १ । २१, २२ ॥

लोकं पृण छिद्रं पृणाथो सीद ध्रुवा त्वम् ।
इन्द्राग्नी त्वा बृहस्पतिरस्मिन् योनावसीषदन् ॥ ५९ ॥
ता ऽअस्य सूददोहसः सोमंश्रीणन्ति पृश्नयः ।
जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वारोचने दिवः ॥ ६० ॥
इन्द्रं विश्वा ऽअवीवृधन् समुद्रव्यचसं गिरः ।
रथीतमंरथीनां वाजानांसत्पतिं पतिम् ॥ ६१ ॥

भा०—व्याख्या देखो (अ० १२ । मं० ५४, ५५, ५६ ॥) शत० ८ । ७ । २ । १–१६ ॥ ८ । ७ । ३ । ८ ॥

प्रोथदश्वो न यवसेऽविष्यन्यदा महः संवरणाद्व्यस्थात् ।
आदस्य वातो अनु वाति शोचिरध स्म ते व्रजनं कृष्णमस्ति ॥६२॥

अग्निर्देवता । विराट् त्रिष्टुप् । धैवता ॥ वसिष्ठ ऋषिः ।

भा०—(अश्वः) अश्व जिस प्रकार (यवसे अविष्यन्) घास के लिये जाना चाहता हुआ (प्रोथत्) अपने नाक, नथुने फड़ फड़ा कर शब्द करता है और (यदा) जब वह (महः संवरणात्) बड़े भारी अपने 'संवरण', बन्द रहने के स्थान अस्तबल से (वि अस्थात्) विविशेष रूप से जाता है तब भी हिनाहिनाता है । उसके अनुकूल वायु बहता है । तब

उसका (प्रजनं) चाल (कृष्णम् अस्ति) बड़ा आकर्षक होता है। और जिस प्रकार वह (अग्नि) लौकिक अग्नि भी (यवसे) अपने भक्ष्य काष्ठ आदि में लगना चाहता हुआ (प्रोथत्) शब्द करता है। और जब (मह संवरणात्) अपने बड़े भारी आच्छादक काष्ठ आदि से (प्र वि अस्थात्) प्रकट होता है तब भी शब्द करता है। (आत्) और उसके पश्चात् अग्नि के प्रकट हो जाने पर (वातः वायु आस्य शोचिः अनुयाति) वायु इसकी ज्वाला के अनुकूल बहता है उसको ज्वाला को बढ़ाता है तब (ते प्रजन कृष्णम् अस्ति) हे अग्ने ! तेरा प्रजन, गमन का स्थान काला कोयला बन जाता है। इसी प्रकार हे राजन् ! तू भी (अवसे अश्वः न.) घास चारे के लिये लालायित अश्व के समान (अविप्यन्) राष्ट्र को प्राप्त करना अथवा शत्रु पर चढ़ाई के लिये जाना चाहता है तब और जब (महः संवरणात्) बड़े संवरण राजमहल आदि से निकल कर (व्यस्थात्) प्रस्थान करता है तब तू (प्रोथत्) शब्दों को करता हुआ, अपनी आज्ञाएं देता हुआ और गाजे बाजे के साथ आगे बढ़ता हुआ जाता है। (आत्) तब (अस्य शोचि अनु) उस तेरे ज्वाला या तेज के अनुकूल (वातः) वायु के समान प्रबल वेगवान्, शत्रु को तोड़ फोड़ डालने वाला वीर सैन्य (अनुवाति) तेरे पीछे पीछे जाता है। (अध) और तब (ते प्रजनं) तेरा ऐसा प्रयाण करना (कृष्णम्) सब के चित्तों के आकर्षण करने वाला और शत्रुओं के राज्य समृद्धि को खैंच लाने वाला या शत्रुओं को उखाड़ देने वाला (अस्ति) होता है। शत० ८। ७। ३। ६-१२॥

आयोष्ट्वा सदने सादयाम्यवतश्छायायाᳪं समुद्रस्य हृदये।
रश्मीवतीं भास्वतीमा या द्यां भास्या पृथिवीमोर्वन्तरिक्षम् ॥६३॥

भा०—हे राज्यशक्ते ! (रश्मिवतीम्) किरणों से युक्त, प्रभा के समान तेजस्विनी, (भास्वतीम्) सूर्य की दीप्ति के समान प्रकाशवाली (त्वा) तुझ को (आयो.) न्याय मार्ग पर चलने वाले दीर्घायु (अवतः) प्रजा

के रक्षक राजा के (सदने) आश्रय पर और (छायायाम्) उसके आश्रय में और (समुद्रस्य हृदये) समुद्र के समान गम्भीर अक्षय कोशवान् राजा के (हृदये) हृदय मे, उसके चित्त में (सादयामि) स्थापित करता हूं। तू (या) जो (द्याम्, पृथिवीम्, उरु अन्तरिक्षम्) आकाश, पृथिवी और विशाल अन्तरिक्ष तीनों को अपने तेज से (आभासि) प्रकाशित करती है ॥ शत० ८।७।२।१२ ॥

स्त्री पक्ष में—(आयोः) आयुष्मान्, पूर्णायु (अवतः) पालक (समुद्रस्य) गम्भीर, अक्षय वीर्यवान् पुरुष के (सदने) गृह में, उसकी (छायायाम्) छाया मे, उसके गहरे हृदय में स्थापित करता हूं। तू प्रभा के समान रश्मिवती और भास्वती, तेजस्विनी हो। तू अपने सद्गुणों से तीनों लोकों को प्रकाशित कर।

प॒र॒मे॒ष्ठी त्वा॑ सादयतु दि॒वस्पृ॒ष्ठे व्यच॑स्वतीं॒ प्रथ॑स्वतीं॒ दिवं॑ यच्छ॒ दिवं॑ दृ॒ꣳह दिवं॒ मा हिꣳसीः। विश्व॑स्मै प्रा॒णाया॑पा॒नाय॑ व्या॒नायो॑दा॒नाय॑ प्रति॒ष्ठायै॑ च॒रित्रा॑य। सूर्य॑स्त्वा॒भिपा॑तु म॒ह्या स्व॒स्त्या छ॒र्दिषा॒ शन्त॑मेन॒ तया॑ दे॒वत॑याऽङ्गिर॒स्वद् ध्रु॒वे सी॑दतम् ॥ ६४ ॥

भा०—व्याख्या देखो (१४।१२) (१४।१४) (१५।५८) शत० ८।७।१।२२ ॥ शत० ८।७।३।१८।१९ ॥

स॒ह॒स्र॑स्य प्र॒मासि॑ स॒ह॒स्र॑स्य प्रति॒मासि॑।
स॒ह॒स्र॑स्यो॒न्मासि॑ सा॒ह॒स्रो॒ऽसि स॒ह॒स्रा॑य त्वा ॥ ६५ ॥

भा०—हे राजन्! हे राष्ट्रशक्ते! स्त्रि! और हे पुरुष! तू (सहस्रस्य प्रमा असि) हजारों पदार्थों से युक्त इस विश्व का यथार्थ ज्ञान करने वाला है। तू (सहस्रस्य प्रतिमा असि) सहस्रों ऐश्वर्यों का मापक अर्थात् सहस्रों के बल के तुल्य बलवान् है। (सहस्रस्य उन्मा

असि) हजारों से अधिक ऊंचे पद मान, प्रतिष्ठा और बल से युक्त है। इसी से तू (साहस्र असि) सहस्रों के ऊपर अधिष्ठाता होने योग्य है। (सहस्राय त्वा) तुझे मैं 'सहस्र' नाम उच्च पद के लिये नियुक्त करता हूं। शत० ८। ७। ४। ११॥

॥ इति पञ्चदशोऽध्यायः ॥

[तत्र पञ्चषष्टिर्ऋचः]

इति मीमांसातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालंकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये पञ्चदशोऽध्यायः ॥

॥ अथ षोडशोऽध्यायः ॥

(१-६६) देवाः प्रजापतिश्च ऋषयः । (१-१६) रुद्रो देवता ।

॥ ओ३म् ॥ नमस्ते रुद्र मन्यव॑ ऽउ॒तो त॒ ऽइष॑वे॒ नम॑ः ।
बा॒हुभ्या॑मु॒त ते॒ नम॑ः ॥ १ ॥

आर्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (रुद्र) दुष्टों के रुलाने वाले राजन् ! (मन्यवे) तेरे मन्यु को अर्थात् मन्युस्वरूप तेरे अधीन रहने वाले तीक्ष्ण वीर पुरुषों को (नमः) नमस्कार या उनका भोग्य अन्न और वज्र, शस्त्र और वीर्योचित कर्म या वीर्य, शक्ति प्राप्त हो । (उतो) और (ते) तेरे (इषवे) इषु, शत्रुओं के मारने वाले बाण अर्थात् बाणधारी सैन्य को (नमः) अन्न प्राप्त हो । (ते बाहुभ्याम्) तेरी बाहुओं को बाहु रूप सेना के दस्तों को (नमः) शत्रु को नमाने वाला वीर्य प्राप्त हो ।

या ते॑ रुद्र शि॒वा त॒नूरघो॒राऽपा॑पकाशिनी ।
तया॑ नस्त॒न्वा॒ शन्त॑मया॒ गिरि॑शन्ता॒भि चा॑कशीहि ॥ २ ॥

स्वराड् अनुष्टुप् । गाधार. ॥

भा०—हे (रुद्र) शत्रुओं के रुलाने और सज्जनों को सुख देने हारे ! राजन् ! (या) जो (ते) तेरी (शिवा) कल्याणकारिणी (अघोरा) अघोर, उपद्रवरहित, शान्त, सौम्य रूप वाली (अपापकाशिनी) पाप से अतिरिक्त पुण्य का ही प्रकाश करने वाली (तनूः) विस्तृत कानूनादि की व्यवस्था या आज्ञा रूप वाणी है (तया) उस (तन्वा) (शन्तमया) अति अधिक कल्याण और शान्तिदायिनी वाणी, राज्यव्यवस्था से, हे

१—अथातः शतरुद्रियो होमः ॥ १-३ कुत्स ऋषिः । द० ।

(गिरिशन्त) आज्ञारूप, व्यवस्था या वाणी से ही सब को शान्ति देने वाले ! तू (अभि चाकशीहि) सब को देख, सब पर दृष्टि रख या तू राज्य का शासन कर ।

यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे ।
शिवां गिरित्र तां कुरु मा हिंꣳसीः पुरुषं जगत् ॥ ३ ॥

विराड् आसुर्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (गिरिशन्त) आज्ञारूप या वाणी में सब को शान्तिदायक या मेघ के समान सुखों को सब पर वर्षानेवाले स्वरूप में सब को शान्तिदायक ! (याम् इषुम्) जिस इषु अर्थात् बाण आदि शस्त्र गण को तू (अस्तवे) शत्रुओं पर फेंकने के लिये (हस्ते) अपने हननकारी हाथ में (विभर्षि) धारण करता है। हे (गिरित्र) विद्वानों के रक्षक या अपनी आज्ञा, व्यवस्था में सब के रक्षक ! (ताम्) उसको (शिवाम्) शिवा, मंगलकारक (कुरु) बनाये रख। (पुरुषम्) पुरुषों, मनुष्यों और अन्य (जगत्) जंगम गौ आदि पशुओं को (मा हिंसीः) मत मार।

शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छा वदामसि ।
यथा नः सर्वमिज्जगदयक्ष्मꣳसुमना असत् ॥ ४ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (गिरिश) समस्त वाणियों या आज्ञाओं में स्वयं आज्ञापक और व्यवस्थापक रूप से विद्यमान राजन् ! (त्वा) तुझको हम (शिवेन वचसा) कल्याणकारी, सुन्दर वचन से (अच्छा वदामसि) भली प्रकार निवेदन करते हैं। (यथा) जिससे (नः) हमारा (सर्वम् इत् जगत्) समस्त जगत् प्राणि वर्ग और राज्यव्यवहार (अयक्ष्मम्)

४—परमेष्ठी ऋषिः । द० ।

राजयक्ष्मा आदि रोगों से रहित (सुमनाः) और परस्पर शुभ चित्त वाला (असत्) हो ।

अध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक् ।
अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन्त्सर्वाश्च यातुधान्योऽधराचीः परा सुव ॥५॥

भुरिगार्षी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(प्रथमः) सर्वश्रेष्ठ (दैव्यः) देवों-राजाओं का और विद्वानों और शासकों का हितकारी (भिषक्) शरीर-गत और राष्ट्र-गत रोगों और पीड़ाओं को दूर करने में समर्थ पुरुष (अधिवक्ता) सबसे ऊपर अधिष्ठाता रूप से आज्ञापक होकर (अधि अवोचत्) आज्ञा दे । हे ऐसे समर्थ विद्वान् राजन् ! तू (सर्वान् च अहीन्) समस्त प्रकार के सांपों को जिस प्रकार विषवैद्य और गारुड़िक वश करता है उसी प्रकार तू भी (अहीन् सर्वान्) सब प्रकार के सर्पों के समान कुटिलाचारी पुरुषों को (जम्भयन्) उपायों से विनाश करता हुआ और (सर्वाः च) सब प्रकार की (यातुधानीः) प्रजाओं को पीड़ा, रोग, कष्ट, बाधा देने वाली, (अधराची) नीचमार्ग में लगी हुई, दुराचारिणी, व्यभिचारिणी स्त्रियें हैं, उन सबको (परा सुव) राष्ट्र से दूर कर ।

असौ यस्ताम्रो ऽअरुण ऽउत बभ्रुः सुमङ्गलः । ये चैनꣳ रुद्रा ऽअभितो दिक्षु श्रिताः सहस्रशोऽवैषाꣳ हेड ऽईमहे ॥ ६ ॥

निचृदार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(असौ यः) यह जो (ताम्रः) ताम्बे के समान रक्त कठिन शरीर एवं तेजस्वी (अरुणः) अग्नि के समान तेजस्वी (बभ्रुः) सूर्य के समान पीले-लाल रंग का (सुमङ्गलः) शुभ मंगल चिन्हों से अलंकृत है । अथवा यह जो (ताम्रः) सूर्य के समान लाल सुर्ख, तेजस्वी

और शत्रुओं को क्लेशित कर देने में समर्थ और (अरुणः) सूर्योदय के समय के सूर्य के समान गुलाबी प्रभा वाला, अथवा शत्रु से कभी न रोके जाने वाला, अथवा सबका शरण्य (उत बभ्रुः) पीले धूम्र वर्ण का, कपिल या पाटला रंग का अथवा अन्न के समान सब प्रजा और भृत्य वर्गों का भरण पोषण पालन, करने में समर्थ (सुमंगल) सुखपूर्व सर्वत्र विचरने में समर्थ है। और (ये च) जो भी (रुद्राः) शत्रु को रुलाने, रोकने वाले, या गंभीर गर्जना करने वाले वीर गण (एनम् अभितः) इसके इर्द गिर्द (दिक्षु) समस्त दिशाओं में (सहस्रशः श्रिताः) हजारों की संख्या में विराजमान हैं (एषाम्) इनके (हेडः) रोष, क्रोध या अनादर भाव को हम (अव ईमहे) दूर करें। शमन करें।

असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः।
उतैनं गोपा ऽअदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्य्यः स दृष्टो मृडयाति नः॥७॥

विराड् आर्षी पङ्क्तिः। पञ्चमः॥

भा०—(यः) जो (असौ) वह (नीलग्रीवः) गले में नीलमणि बांधे और (विलोहितः) विष रूप से लाल पोशाक पहने अथवा विविध गुणों और अधिकारों से उच्च पद को प्राप्त कर (अवसर्पति) निरन्तर आगे बढ़ा चला जाता है (एनं) उसको तो (गोपाः) गौवों के पालक गोपाल और (उदहार्यः) जल लाने वाली कहारियों तक भी (अदृश्रन्) देख लेती हैं और पहचानती हैं (सः) वे (दृष्टः) आंखों से देखा जाकर (नः मृडयाति) हम प्रजाजनों को सुखी करें।

(६,७)—अध्यात्म में समाधि के अवसर के पूर्व ताम्र, अरुण, बभ्रु, नील, व रक्त आदि वर्णों का साक्षात् होता है। उस आत्मा के ही आधार पर (रुद्राः) रोदन शील सहस्रों प्राणि आश्रित हैं। हम उनका अनादर न करें। क्योंकि उनमें वही चेतनांश हैं जो हम में हैं। उसी आत्मा को

नीलमणि के समान स्वच्छ कान्तिमान् अथवा लालमणि के समान विशुद्ध लोहित रूप से (गोपा) जो इन्द्रिय-विजयी अभ्यासी जन और (उदहार्यः) ब्रह्मामृत रस का स्वादन करनेवाली चित्त भूमियें साक्षात् करती हैं वह हमें सुखी करें ।

ईश्वर-पक्ष में—वह पापियों को पीड़ित करने से 'ताम्र', शरण देने से 'अरुण', पालन पोषण करने से 'बभ्रु', सुखमय रूप से व्यापक होने से 'सुमङ्गल' है । समस्त (रुद्राः) बड़ी शक्तियां, उसी पर आश्रित हैं । हम उनका अनादर न करें । वह प्रलयकाल में या भूतकाल मे जगत् को लीन करने वाला होने से 'नीलग्रीव' है, भविष्य में विविध पदार्थों का निरन्तर उत्पादक होने से 'विलोहित' है । उसको संयमी जन और ब्रह्मरसपायिनी ऋतंभरा आदि चित्त वृत्तियां साक्षात् करती हैं । वह ईश्वर हमें सुखी करें ।

नीलग्रीवाः = नीलास्या.—यथा चूलिकोपनिषदि नीलास्याः ब्रह्म शायिने । अत्र दीपिका—लीनमास्यम् मुखं प्रवृत्ति द्वारं रागादि येषां तथोक्ता। तत्र नलयो वर्णविपर्ययश्छान्दसः-

यस्मिन् सर्वमिदं प्रोतं ब्रह्म स्थावरजंगमम् ।
तस्मिन्नेव लयं यान्ति बुद्बुदाः सागरे यथा ॥ १७ ॥ चू० आ० ॥

नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे ।
अथो ये ऽअस्य सत्वानोऽहं तेभ्यो ऽअकरं नमः ॥ ८ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—पूर्वोक्त (नीलग्रीवाय) नीलमणि से सुभूषित ग्रीवा वाले, अग्रणी, (सहस्राक्षाय) सभासद् और प्रणिधि, चरों आदि द्वारा सहस्रों आंखों वाले (मीढुषे) प्रजा पर सुखों और शत्रु पर बाणों की वर्षा करने वाले सूर्य या मेघ के समान उदार, तेजस्वी राजा और सेनापति को

(नम अस्तु) शत्रुओं को नमाने का वज्र, बल, प्रजा पालन का सामर्थ्य, अन्न और आदर भाव प्राप्त हो। (अथो) और (ये) जो (अस्य) इसके अधीन (सत्वान·) और भी सत्ववान्, सामर्थ्यवान्, बलवान् वीर पुरुष हैं (अहम्) मैं प्रजाजन (तेभ्य.) उनके लिये भी (नमः) अन्न आदि भोग्य पदार्थ, शस्त्रास्त्र बल और आदर (अकरम्) करूं, उनको दूं।

प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयोरार्त्न्योर्ज्याम्।
याश्च ते हस्त इषवः परा ता भगवो वप॥ ९॥

भुरिगार्ष्युष्णिक। ऋषभ॥

भा०—हे सेनापते! अग्रणीनेत! वीर राजन्! (धन्वन·) धनुष की (उभयो आर्त्न्यो) दोनों कोटियों में (ज्याम्) ज्या, विजयशालिनी या शत्रुक्षयकारिणी, जयदायिनी डोरी को (प्रमुञ्च = प्रतिमुञ्च) जोड़ और (या च) और जो (इषव) बाण (ते हस्ते) तेरे हाथ में हैं (ता) उनको तू हे (भगव) ऐश्वर्यवन्! (परा वप) दूर तक शत्रुओं पर फेंक।

अथवा—(आर्त्न्यो ज्याम् प्रमुञ्च) हे भगवन्! तू अपनी धनुष कोटियों की डोरी उतार ले। (हस्ते इषव ता परावप) और जो हाथ मे बाण है उनको दूर रख। हमें उनसे न मार (उव्वट·)

अथवा—(या ते हस्ते इषव ता उभयो आर्त्न्यो. ज्याम् उपरि नियोज्य परा वप) हाथ के बाणों को कोटियों पर लगी डोरी पर लगा कर उनके ऊपर फेंक। द०॥

विज्यन्धनुः कपर्दिनो विशल्यो बाणवाँ२ऽ उत।
अनेशन्नस्य या ऽइषव ऽआभुरस्य निषङ्गधिः॥ १०॥

भुरिगार्ष्यनुष्टुप्। गाधार.॥

भा०—(कपर्दिनः) सुन्दर जटावान्, शुभ केशकलाप वाले, केशवान् या शिर पर शुभ फुनगी या मौर को धारण करने वाले वीर पुरुष का क्या (धनुः विज्यम्) धनुष डोरी से रहित हो सकता है? नहीं। (उत बाणवान् विशल्यः) तो क्या बाणों से भरा तर्कस बाण रहित हो सकता है? नहीं। (अस्य या इषवः) इसके जो इषु, बाण हैं क्या वे (अनशन्) नष्ट हो सकते हैं? नहीं! तो क्या (अस्य निषङ्गधिः) वे इसकी तलवार का कोश (आभुः) खाली रह सकता है? कभी नहीं। प्रत्युत, सदा उसके धनुष पर डोरी, तर्कस में बाण, और हाथ में बाण और कोष में तलवार रहनी आवश्यक है।

या ते हेतिर्मीढुष्टम हस्ते बभूव ते धनुः।
तयास्मान्विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परि भुज ॥ ११ ॥

निचृदनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०—हे (मीढुस्तम) अति अधिक वीर्यशालिन् नरर्षभ! या शत्रुओं पर मेघ के समान शरवर्षक! (या ते) जो तेरे (हस्ते) हाथ में (हेतिः) वज्र और (ते धनुः बभूव) और तेरी हाथ में धनुष है। (तया) उस (अयक्ष्मया) रोगादि रहित, विशुद्ध बाण से (त्वम्) तू (विश्वतः) सब प्रकार से (अस्मान्) हमे (परि भुज) सब तरफ से रक्षा कर।

सेना के शस्त्रों और अस्त्रों में रोगकारी, विष आदि का प्रयोग नहीं होना चाहिये।

परि ते धन्वनो हेतिरस्मान्वृणक्तु विश्वतः।
अथो य इषुधिस्तवारे अस्मन्नि धेहि तम् ॥ १२ ॥

भा०—(ते धन्वनः हेतिः) हे रुद्र! तेरे धनुष का बाण (अस्मान्) हमें सदा (विश्वतः) सब ओर से (परिवृणक्तु) रक्षा करे, शत्रुओं से

१२, ११ इति मन्त्रक्रमविपर्ययः। काण्व०।

बचावे। (अथो) और (यः तव इषुधि) जो तेरा बाण आदि शस्त्रों को रखने का तर्कस या शस्त्रागार है उसको (अस्मत्) हम से (आरे) दूर (निधेहि) रख। शस्त्रागार और तोप खाना नगर से पर्याप्त दूर हो जिससे फटने पर नगर की हानि न हो। शस्त्रों तोपों को नगर के चारों ओर रक्षार्थ लगावें।

अवतत्य धनुष्ट्वꣳ सहस्राक्ष शतेषुधे।
निशीर्य्य शल्यानाम्मुखा शिवो नः सुमना भव ॥ १३ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०—हे (सहस्राक्ष) चर आदि प्रणिधि और सभा के विद्वान् सभासदों रूप हजारों आंखों वाले राजन्! हे (शतेषुधे) सैकड़ों बाणों के रखने के तुणीर और शस्त्रागारों वाले! तू (धनु अवतत्य) धनुष को तान कर और (शल्यानाम् मुखा) बाणों के फलों के मुखों को खूब तेज करके भी (नः) हमारे लिये (शिवः) कल्याणकारी और (सुमना. भव) हमारे प्रति शुभ चित्त वाला होकर रह।

नमस्त आयुधायानातताय धृष्णवे।
उभाभ्यामुत ते नमो बाहुभ्यां तव धन्वने ॥ १४ ॥

भुरिगार्ष्युष्णिक्। ऋषभः ॥

भा०—(ते) तेरे (अनातताय) अविस्तृत, संक्षिप्त परन्तु (धृष्णवे) शत्रु का धर्षण करने, मानभङ्ग करने वाले (आयुधाय) आयुध, हथियार शस्त्र का (नम) बल वीर्य प्रकट हो। अथवा (आयुधाय) सब ओर लड़ने वाले (अनातताय) न अति विस्तृत अपितु स्वल्प काय होकर भी (धृष्णवे) शत्रु का पराजय करने में समर्थ (ते) तुझको (नम) हम प्रजागण आदर दे एवं अन्न आदि पदार्थ दें, या तुझे वीर्य प्राप्त हो। तुझ में शत्रु को नामा देने का सामर्थ्य प्राप्त हो। (उत) और (ते) तेरे

(उभाभ्याम् बाहुभ्याम्) शत्रुओं को बाधा करने वाले दोनों बाहुओं के समान, स्थिर अस्थिर या दायें, बायें विद्यमान या पदाति और सवार दोनों प्रकार की सेनाओं को (नमः) बल और अन्न प्राप्त हो और (तव धन्वने नमः) तेरे धनुष अर्थात् धनुर्धर सेना बल को भी अन्न या वीर्य प्राप्त हो ।

मा नो॑ म॒हान्त॑मु॒त मा नो॑ अर्भ॒कम्मा न॒ उक्ष॑न्तमु॒त मा न॑ उक्षि॒तम् ।
मा नो॑ वधीः पि॒तरं॒ मोत मा॒तरं॒ मा नः॑ प्रि॒यास्त॒न्वो रुद्र रीरिषः १५

निचृदार्षी जगती । निषादः ॥

भा०—हे राजन् ! सेनापते ! तू (नः) हमारे (महान्तम्) बड़े, वृद्ध, आदरणीय, पूजनीय (उत) और (नः) हमारे (अर्भकम्) छोटे, बालक अथवा छोटे पद के पुरुष को भी (मा वधीः) मत मार । (नः उक्षन्तम्) हमारे वीर्यसेचन में समर्थ तरुण पुरुष को भी (मा) मत मार । (उत) और (नः) हमारे (उक्षितम्) गर्भाशय से निषिक्त, वीर्य अर्थात् गर्भस्थ डिम्ब को (मा वधीः) विनष्ट मत कर । (नः पितरम्) हमारे पालक, पिता को (मा वधीः) मत मार (उत मातरम् मा वधीः) और माता को भी मत मार । हे (रुद्र) दुष्टों के रुलाने हारे शत्रु के दुर्गों को रोधन करने हारे रुद्र ! (नः) हमारे (प्रियाः तन्वः) प्रिय शरीरों को भी (मा रीरिषः) मत पीडित कर । या (तन्वः) हमारे कुल के विस्तारक पुत्र पौत्र आदि प्रजाओं को भी मत मार ।

तन्वः शरीराणि (द०) । शरीराणि पुत्रपौत्रादिलक्षणानि इत्युव्वटः ।

मा न॑स्तो॒के तन॑ये॒ मा न॒ आयु॑षि॒ मा नो॒ गोषु॒ मा नो॒ अश्वे॑षु रीरिषः ।
मा नो॑ वी॒रान्रु॑द्र भा॒मिनो॑ वधीर्ह॒विष्म॑न्तः॒ सद॒मित् त्वा॑ हवामहे १६

निचृदार्षी जगती । निषादः ॥

भा०—हे (रुद्र) दुष्टों के रुलाने हारे राजन् ! (नः) हमारे (तोके)

नव शिशु पर और (तनये) पाच वर्ष से ऊपर के पुत्र पर (मा मा रीरिष) हिंसा का प्रयोग मत कर। और (न आयुषि) हमारे आयु पर (मा रीरिष.) आघात मत कर। (न.) हमारे (भामिनः वीरान्) क्रोधयुक्त वीर पुरुषों का (मा वधी.) घात मत कर। और हम लोग (सदम्) सदा (हविष्मन्तः) अन्न आदि भेंट योग्य पदार्थों के लिये हुए (त्वा इत् हवामहे) तेरा ही आदर करते हैं।

नमो हिरण्यबाहवे सेनान्ये दिशां च पतये नमो नमो वृक्षेभ्यो हरिकेशेभ्यः पशूनां पतये नमो नमः शष्पिञ्जराय त्विषीमते पथीनां पतये नमो नमो हरिकेशायोपवीतिने पुष्टानां पतये नमः॥१७

(१७–४६) त्र्यशीती रुद्रा देवता। निचृदतिधृति। षड्ज॥

भा०—१. (हिरण्यबाहवे सेनान्ये नम.) बाहु पर सुवर्ण पदक या विशेष आभूषण या नाम या सख्या चिन्ह को धारण करने वाले अथवा ज्योति या सूर्य के समान प्रखर वीर्यवान् बाहुओं या सेनारूप तेजस्वी बाहुओं वाले, सेना नायक को वज्र का बल प्राप्त हो। २. (दिशा च पतये नम.) दिशाओं के पालक को अन्न आदि प्राप्त हो। ३. (हरिकेशभ्य) पीले या नीले पत्तों के समान पीले या नीले या मनोहरी केशो को धारण करने वाले (वृक्षेभ्य) वृक्षों के समान सब के आश्रय दाता पुरुषों को नम) नमस्कार है। अथवा (हरिकेशेभ्य) क्लेशो को हरण करने वाले (वृक्षेभ्य) शत्रुओं को व्रश्चन करने वाले रुद्ररूप वीर पुरुषों को (नम.) अन्न बल प्राप्त हों। अथवा हरे पत्तोंवाले वृक्षों को (नमः) परशु से काटो। ४. (पशूनां पतये नम.) पशुओं के पालक को (नमः) अन्न और बल पदाधिकार प्राप्त हो। ५. (शष्पिञ्जराय) सूखे घास के समान पीत, कान्तिमान् वर्ण वाले (त्विषीमते) दीप्ति से युवक तेजस्वी पुरुष को अथवा–'शष्पि'=घास आदि को 'जर'=जलाने वाले, अग्नि वालों को, अथवा–(शष्पिञ्जराय नम.) छुरों, आंख,

नाक, रसना, कान, त्वचा और मन से ग्रहण योग्य विषय बन्धन को त्यागने हारे, (त्विषीमते) कान्तिमान् को (नमः) अन्न आदि बल और आदर प्राप्त हो। (पथीनाम्) मार्गों के और मार्गगामी यात्रियों के (पतये) पालक मार्गाध्यक्ष को भी (नम) राष्ट्र के अन्न में भाग एवं पदाधिकार, या बल प्राप्त हो। (हरिकेशाय) हरित अर्थात् नील केशवाले अति युवक (उपवीतिन) यज्ञोपवीत के धारण करने वाले बालब्रह्मचारी को (नमः) अन्न भाग और आदर, वीर्य सब प्राप्त हो। (पुष्टानां पतये) हृष्ट पुष्ट बालकों के पालक माता पिता को अधिकार एवं अन्नादि पदार्थ और आदर प्राप्त हो।

अथवा—सेनानी, दिशाम्पति, वृक्षपति, पशुपति, शष्पिंजरपति, पथीपति, हरिकेशपति, उपवीतपति, ये राष्ट्र के भिन्न २ विभागों के अधिकारी हैं उनके हिरण्यबाहु, हरिकेश, त्विषीमान्, आदि ये मानवाचक पद हैं। उनको (नमः) राष्ट्र के अन्न के भाग प्राप्त हों।

अथवा—१. सुवर्ण आदि धन के बलपर शासन करने वाला, पुरुष 'हिरण्यबाहु'। २. सेना का नायक 'सेनानी'। ३. दिशाओं का पालक दिक्पाल, 'दिशाम्पाल'। ४. वृक्षों के समान शरण प्रद बड़े धनाढ्य लोग, सब शरण योग्य 'वृक्ष' नामक अधिकारी। ५. क्लेशो के हरण करने वाले स्वयंसेवक, लोग 'हरिकेश'। ६. पशुओं के पालक 'पशुपति'। ७. शष्प अथवा घास का चरने का प्रवन्ध कर्त्ता 'शपिञ्जर'। नगर में प्रकाश का प्रबन्धकर्त्ता 'त्विषीमान्'। ८. मार्गों का स्वामी 'पथीनांपति'। ९. क्लेशों का हर्त्ता वैद्य 'हरिकेश'। १०. यज्ञोपवीत धारण करने कराने वाले गुरुशिष्य 'उपवीति'। ११ पुष्ट पशुओ का पालक 'पुष्टपति' ये सब भिन्न २ नाम के रुद्र 'जातसंज्ञ' अर्थात् नाम पदधारी रुद्र कहाते हैं उनके (नमः) राष्ट्र में भाग अधिकार प्राप्त हो।

नमो बभ्लुशाय व्याधिनेऽन्नानां पतये नमो नमो भवस्य हेत्यै

जगतां पतये नमो नमो रुद्रायाततायिने क्षेत्राणां पतये नमो नमः सूतायाहन्त्यै वनानां पतये नमः ॥ १८ ॥

रुद्रा देवताः । निचृदष्टि । मध्यम ॥

भा०—(बभ्लुशाय) बभ्रुवर्ण, खाकी रंग की पोषाक पहनने वाले या राज्य के भरण पोषण करने वाले (व्याधिने) शिकारी पुरुष को (नमः) अन्न प्राप्त हो । (अन्नाना पतये नमः) अन्नों के पालक खेतों पर पड़ने वाले मृग, हाथी और साम्भर आदि वनैले पशुओं से खेतों के बचाने वाले को (नमः) राष्ट्रान्न में से भाग, पद, अधिकार आदि प्राप्त हो । (भवस्य हेत्यै) 'भवस्य' उत्पन्न होने वाले प्राणियों के 'हेति' धारण पोषण करने वाले उनकी वृद्धि करने के लिये और (जगतां पतये नमः) जंगम प्राणियों के पालन कर्त्ता को (नमः) बलवीर्य, अधिकार प्राप्त हो। (रुद्राय आततायिने नमः) चारों तरफ विस्तृत शत्रु दलपर आक्रमण करने वाले अथवा धनुष चढ़ाकर चढ़ाई करने वाले को (नमः) बल, वीर्य, अधिकार प्राप्त हो । (क्षेत्राणां पतये नमः) क्षेत्रों की रक्षा करने वाले को अधिकार मिले । (सूताय) घोड़ों को हाकने में समर्थ और (अहन्त्यै) युद्ध में किसी को स्वयं न मारने वाले को (नमः) अन्न, वस्त्र या खड्ग प्राप्त हो। (वनानां पतये नमः) वनों के पालक को शस्त्र प्राप्त हो ।

'सूताय'—क्षत्रियाद्ब्राह्मकन्याया जाताय वीराय प्रेरकाय इति दयानन्दः । तच्चिन्त्यम् ।

नमो रोहिताय स्थपतये वृक्षाणां पतये नमो नमो भुवन्तये वारिवस्कृतायौषधीनां पतये नमो नमो मन्त्रिणे वाणिजाय कक्षाणां पतये नमो नमः उच्चैर्घोषायाक्रन्दयते पत्तीनां पतये नमः ॥ १९ ॥

१८—'नमो बभ्रुशाया व्या०' इति काण्व० ।

विराडति धृतिः । षड्ज ॥

भा०—(रोहिताय नम.) लाल वर्ण की पोशाक पहनने वाले अधिकारी को (नम.) शस्त्र बल प्राप्त हो । (स्थपतये नमः) स्थानों के पालक के लिये अथवा गृहादि निर्माण करने वाले तक्षक आदि शिल्पी लोगों को (नमः) शस्त्र प्राप्त हों । (वृक्षाणां पतये नमः) वृक्षो के पालक को शस्त्र प्राप्त हो । (भुवन्तये नमः) भूमियो के विस्तार करने वाले अर्थात् जंगल पहाड़ी आदि की भूमि को ठीक करके खेत बनाने वाले अथवा आचारवान् पुरुष को (नमः) शस्त्र और अन्न प्राप्त हो । (वारिवस्कृताय नम.) सेवा करने वाले अथवा धन ऐश्वर्य पैदा करने वाले पुरुष को (नमः) बल और आदर प्राप्त हो । (मन्त्रिणे नम.) राजा के मन्त्री को बल, आदर, और पद प्राप्त हो । (वाणिजाय) वणिग् व्यापार कुशल पुरुष को (नम.) अन्न, आदर, अधिकार प्राप्त हो । (कक्षाणा पतये नम) वन के झाड़ी, लता, घास आदि के पालन करने वाले अधिकारी पुरुष को अथवा राज-गृह के प्रान्तों के रक्षक को (नम) शस्त्र प्राप्त हो । (उच्चैर्घोषाय) राष्ट्र मे राजा की आज्ञा को ऊंचे स्वर से आघोषित करने वाले अधिकारी को, (आक्रन्दयते) शत्रुओ को रुलाने वाले या पीछे के आक्रमण से बचाने वाले को (नमः) बल आदि प्राप्त हो । (पत्तीनां पतये नमः) पैदल सेना के पति को (नम.) शस्त्र बल प्राप्त हो ।

नमः कृत्स्नायतया धावते सत्वनां पतये नमो नमः सहमानाय निव्याधिन ऽआव्याधिनीनां पतये नमो नमो निषङ्गिणे ककुभाय स्तेनानां पतये नमो नमो निचेरवे परिचरायारण्यानां पतये नमः॥२०॥

अतिधृति । षड्जः ॥

भा०—(कृत्स्नायतया धावते) पूर्ण विजय लाभ के निमित्त शत्रु

२०—'नमः कृत्स्नायताय०' ०'ककुभाय निषङ्गिणे सेनाना०' इति काण्व० ।

पर आक्रमण करने वाले अथवा धनुष को पूर्ण रूप से तान कर शत्रु पर वेग से आक्रमण करने में समर्थ पुरुष को (नमः) वल, शस्त्र और अन्न, आदर प्राप्त हो। (सत्वनां पतये) वीर्यवान् प्राणी या सैनिकों के पति को (नमः) आदर या शस्त्र-बल प्राप्त हो। (सहमानाय) शत्रु को पराजय करने वाले को और (निव्याधिने) नियत लक्ष्य पर ठीक २ निशाना लगाने वाले को और (आव्याधिनीनां पतये नमः) सब तरफ से शस्त्रों का प्रहार करने वाली सेनाओं के पति को (नमः) आदर, शस्त्र बल और अधिकार प्राप्त हो। (निषङ्गिणे) शस्त्रागार में अस्त्र शस्त्रों के पालक को (नमः) अधिकार, सत्कार प्राप्त हो। (ककुभाय) बड़े भारी (स्तेनानां पतये) चोरों के पति सर्दार, चोरों को वश में रखनेवाले पालक, कारागार के अध्यक्ष को भी (नमः) आदर पद प्राप्त हो। (नि चेरवे) गुप्तरूप से राजा के कार्य से सर्वत्र विचरने वाले को और (परिचराय) भृत्य, सेवक को (अरण्यानां पतये) जंगलों के पति, पालक, वनाध्यक्ष को (नमः) अधिकार प्राप्त हो।

नमो वञ्चते परिवञ्चते स्तायूनां पतये नमो नमो निषङ्गिण ऽइषुधिमते तस्कराणां पतये नमो नमः सृकायिभ्यो जिघांᳪसद्भ्यो मुष्णतां पतये नमो नमोऽसिमद्भ्यो नक्तं चरद्भ्यो विकृन्तानां पतये नमः ॥ २१ ॥

निचृदतिधृति । षड्जः ॥

भा०—(वञ्चते) ठगने वाले को, (परिवञ्चते) सर्वत्र कपट से रहने वाले को और (स्तायूनां पतये नमः) चोरों के सर्दार को (नमः) वज्र प्रहार की पीड़ा प्राप्त हो। अथवा शत्रु सेना को छल कर उनका पदार्थ प्राप्त करने वाले, उनमें कपट से रहने वाले और उनके माल को चुराने और डाका डाल कर हर लेने वालों का सर्दार उनके वश करने वाले को (नमः) आदर प्राप्त हो। (निषङ्गिणे इषुधिमते) खड्ग धारण करने में समर्थ और

बाणों का तर्कस उठाने वाले वीर पुरुष का (नमः) आदर हो । (तस्कराणां पतये) शत्रुओं पर नाना क्रूर कर्म और चौर्यादि का कार्य करने वालों के सर्दार को पदाधिकार प्राप्त हो। अथवा| चोरो के सर्दार को वज्र से दण्ड दिया जाय । (सृकायिभ्यः जिंघासद्भ्यः) शत्रुओं का हनन करने की इच्छा वाले खाण्डा को धारण कर चलने वालों को (नमः) शस्त्र बल प्राप्त हो। (मुष्णतां पतये नमः) घरों से धन को और खेतों से अन्न आदि पदार्थों को हर लेने वाले पुरुषों के पति अर्थात् उनपर नियुक्त दण्डाधिकारी को (नमः) अधिकार बल प्राप्त हो । (असिमद्भ्यः नक्तं) चरद्भ्यः) तलवार लेकर रात को विचरण करने वा पहरा देने वालों को (नमः) अन्न आदि पदार्थ और शस्त्राधिकार प्राप्त हो। (विकृतानां पतये नमः) प्रजा के नाक कान हाथ पैर काट कर आभूषण, धन आदि लूट लेने वाले दुष्ट पुरुषों के (पतये) पति अर्थात् उनपर नियुक्त अधिकारी पुरुष को (नमः) शस्त्राधिकार, बल और अन्न प्राप्त हो।

नमंऽउष्णीषिणे॑ गिरिच॒राय॑ कुलु॒ञ्चानां॒ पत॑ये॒ नमो॒ नमंऽइषुमद्भ्यो॑ धन्वा॒यिभ्य॑श्च वो॒ नमो॒ नमं आतन्वा॒नेभ्यः॑ प्रति॒दधा॑नेभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमं ऽआयच्छद्भ्योऽस्य॑द्भ्यश्च वो॒ नमः॑ ॥ २२ ॥

निचृदष्टि । मध्यमः ॥

भा०—(उष्णीषिणे) ऊंची पगड़ी पहनने वाले ग्रामपति या अध्यक्ष को (नमः) आदर प्राप्त हो । (गिरिचराय) पर्वतों पर विचरण करने वाले (कुलुञ्चानां पतये) कुत्सित उपायों से लूट लेने वालों के पति, पालक उनपर नियुक्त शासक को (नमः) आदर प्राप्त हों । (इषुमद्भ्यः) बाण वालों को (धन्वायिभ्यश्च नमः) धनुष लेकर विचरने वालों को (नमः) अन्नादि प्राप्त हो । (आतन्वानेभ्यः प्रतिदधानेभ्यः च नमः नमः) धनुष पर डोरी तानने वालों को और बाण लगा कर छोड़ने

वालों को भी आदर प्राप्त हो। (आयच्छद्भ्य अस्यद्भ्यः च वः नमः नम.) धनुषों को खैंचने वाले या शत्रुओं को निग्रह करने वाले, और बाण आदि शस्त्रास्त्रों को फेंकने वाले तुम वीरो को भी (नमः) आदर प्राप्त हो।

नमो विसृजद्भ्यो विध्यद्भ्यश्च वो नमो नमः स्वपद्भ्यो जाग्रद्भ्यश्च वो नमो नमः शयानेभ्य आसीनेभ्यश्च वो नमो नमस्तिष्ठद्भ्यो धावद्भ्यश्च वो नमः ॥ २३ ॥

निचृदति जगती। निषादः ॥

भा०— (विसृजद्भ्य) शत्रुओं पर बाण छोड़ने वाले, (विध्यद्भ्यः शत्रुओं को बेधने वालों को (नम नम) नमस्कार हो। (स्वपद्भ्यः जाग्रद्भ्य च व नमः नम) युद्ध के ढेरों में सोने वाले या युद्ध में आहत होकर लेट जाने वाले, जाग कर पहरा देने वालों को भी तुमको (नम) आदर प्राप्त हो। (शयानेभ्य) सोने वाले, लेटने वाले, बैठे हुए, (तिष्ठद्भ्य) खड़े हुए और (धावद्भ्यः च व) दौड़ने वाले को भी (नम. नम नमः नम.) आदर योग्य पद प्राप्त हो।

नमः सभाभ्यः सभापतिभ्यश्च वो नमो नमोऽश्वेभ्योऽश्वपतिभ्यश्च वो नमो नम आव्याधिनीभ्यो विविध्यन्तीभ्यश्च वो नमो नम उगणाभ्यस्तृꣳहतीभ्यश्च वो नमः ॥ २४ ॥

शक्वरी। धैवत. ॥

भा०—समूह या संघ बना कर काम करने वालों की गणना करते हैं ॥ (व.) आप में से (सभाभ्यः) सभाओं को, (सभापतिभ्यः) सभाओं के संञ्चालक पतियों को (अश्वेभ्य) घुड़सवारों को, (अश्वप-

२४—४६ एते जातरुद्राः।

तिभ्य:) घुड़सवारों के प्रमुख नेता पतियों को, (आव्याधिनीभ्यः) सब ओर व्यूह बनाकर शस्त्र फेंकने में कुशल सेनाओं को, (विविध्यन्तीभ्यः) विविध उपायों से शत्रुओं को वेधने वाली 'विविध्यन्ती' नाम सेनाओं को, (उगणाभ्य) उच्चकोटि के सैनिकों की सेनाओं को । (स्तृंहतीभ्य' चावः) आप लोगों की नाशकारिणी तृंहती नाम सेनाओं को भी (नमः) राष्ट्र में उत्तम अन्न, पद, अधिकार और आदर और साधुवाद प्राप्त हो ।

नमो॑ ग॒णेभ्यो॑ ग॒णप॑तिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ व्राते॑भ्यो॒ व्रात॑पतिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ गृत्से॑भ्यो॒ गृत्स॑पतिभ्यश्च वो॒ नमो॒ नमो॒ वि॒रूपे॑भ्यो वि॒श्वरू॑पेभ्यश्च वो॒ नमः॑ ॥ २५ ॥

भुरिक् शक्वरी । धैवतः ॥

भा०—(गणेभ्य:) गण या दस्ता या संघ बन कर सेना का कार्य करने वाले, (गणपतिभ्य.) उन गणों के सरदार, (व्रातेभ्य) समूह या कुल बना कर रहने वाले और (व्रातपतिभ्य. च) उन संघों के पालक विद्वान कुल पतियों को और (गृत्सेभ्य) नाना पदार्थों को चाहने वाले, या पदार्थों के गुण वर्णन करने वाले मेधावी विद्वान पुरुषों और (गृत्स-पतिभ्य:) उन मेधावी पुरुषों के प्रमुख नेताओं को और (विरूपेभ्य: विश्व-रूपेभ्यः च) अपने विविध प्रकार के रूप धारण करने वालों को और सब प्रकार स्वरूप बना लेने में सिद्धहस्त बहुरूपिया आदि कुशल करनाटकी पुरुषों आदि (व नम.) आप लोगों को उचित आदर और यथायोग्य अन्न, बल पदाधिकार प्राप्त हो ।

नमः॒ सेना॑भ्यः सेना॒निभ्य॑श्च वो॒ नमो॒ नमो॑ र॒थिभ्यो॑ अर॒थेभ्य॑श्च वो॒ नमो॒ नमः॑ क्ष॒त्तृभ्यः॑ संग्रही॒तृभ्य॑श्च वो॒ नमो॒ नमो॑ म॒हद्भ्यो॑ ऽअर्भ॒केभ्य॑श्च वो॒ नमः॑ ॥ २६ ॥

भुरिगति जगती । निषादः ॥

भा०—(सेनाभ्य सेनानिभ्य च) सेनाएं, सेनाओं के नायक, (रथिभ्य. अरथेभ्य. च) रथी और विना रथ के, (क्षत्तभ्य) क्षत्ता, अर्थात् रथी योद्धा के अगरक्षक, सारथिया द्वारपाल और (सग्रहीतृभ्य. च) कर आदि संग्रह करने वाले अथवा घोड़ों का रास पकड़ने वाले (महद्भ्य) बड़े और (अर्भकेभ्य) छोटे (व. नम.) आप सबको यथा योग्य पद, आदर, अन्नादि ऐश्वर्य प्राप्त हो ।

क्षत्तृभ्य.'—शूद्रात् क्षत्रियाया जातेभ्यः इति भाष्ये श्रीदया० । तच्चिन्त्यम् ॥ क्षत्ता सारथिर्द्वारपालो वैश्याया शूद्रा ज्जातोवेति उणादिव्याख्याया दया० । तच्चोभय विभियते । 'क्षियन्ति निवसन्ति रथेष्विति क्षत्तार. । यद्वा क्षियन्ति प्रेरयन्ति सारथीनिति क्षत्तारो रथाधिष्ठातार ' इति महीधर । रथानामधिष्ठातारः क्षत्तार. इति उव्वटः ।

नमस्तक्षभ्यो रथकारेभ्यश्च वो नमो नमः कुलालेभ्य कर्मारेभ्यश्च वो नमो नमो निषादेभ्य पुञ्जिष्टेभ्यश्च वो नमो नम. श्वनिभ्यो मृगयुभ्यश्च वो नम. ॥ २७ ॥

निचृत् शक्वरी । धैवत ॥

भा०—(तक्षभ्य.) तक्षा, बढ़ई (रथकारेभ्य) रथों के बनाने वाले शिल्पी, (कुलालेभ्य) कुम्हार, मट्टी के बर्त्तन बनाने वाले, (कर्मारेभ्य) लोहार, लोहे के अस्त्र शस्त्र बनाने वाले (निषादेभ्य) वनों, पर्वतों मे रहने वाले नीच जीवन स्थिति में रहने वाले (पुञ्जिष्टेभ्य) पुल्कस, डोम आदि सुन्दर क कामों में लगे हुए या नाना रगों या भाषाओं में प्रवीण, (श्वनिभ्य) कुत्तो के पालक और सधाने वाले (मृगयुभ्य.) मृगों के शिकारी, इन सब (व नम.) तुम लोगों को यथोचित वेतनादि द्रव्य प्राप्त हो ।

नम श्वभ्य. श्वपतिभ्यश्च वो नमो नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च ॥२८॥

आर्षी जगती । निषादः ॥

भा०—(श्वभ्यः) कुत्ते अथवा कुत्तों के समान चोरों का पता लगाने वाले, (श्वपतिभ्यः) कुत्तों के पालक इन (वः नमः) तुम सबको पालन योग्य वेतन, अन्नादि प्राप्त हो । (भवाय) गुणो के श्रेष्ठ, या पुत्रोत्पादन मे समर्थ, (रुद्राय) शत्रुओं को रुलाने वाला, (पशुपतये) पशुओं के पालक (नीलग्रीवाय) गले में नील चिन्ह के धारक (शितिकण्ठाय) श्वेत वर्ण या चिन्ह को कण्ठ में धारण करने वाला, इन सब को (नमः) उचित चिन्ह आदर, भोज्य अन्नादि प्राप्त हो ।

नमः कपर्दिने च व्युप्तकेशाय च नमः सहस्राक्षाय च शतधन्वने च नमो गिरिशयाय च शिपिविष्टाय च नमो मीढुष्टमाय चेषुमते च

भुरिगति जगती । निषादः ॥

भा०—(कपर्दिने) कपर्द अर्थात् जटावाला, जटिल ब्रह्मचारी, अथवा जटा से सुशोभित वीर पुरुष, (व्युप्तकेशाय) विशेष रूप से केश कटा कर रखने वाले, संन्यासी या गृहस्थ, (सहस्राक्षाय) सर्वत्र हजारो शास्त्रीय विषयों मे चक्षु वाले विद्वान्, (शतधन्वने) सैकड़ों धनुष के प्रयोगों को जानने वाले, (गिरिशाय) वाणी मे रमण करने वाले कवि, (शिपिविष्टाय) पशुओं मे लगे हुए अथवा धनादि ऐश्वर्यों मे निमग्न, धनाढ्य वैश्य, (मीढुस्तमाय) वीर्यसेचन में समर्थ, 'तरुण' अथवा वृक्षों उद्यान आदि सेचन समर्थनादि और (इषुमते च) उत्तम वाणों वाले वीर, इन सबको (च) और अन्यान्य इनके भृत्य आदि को भी (नमः) योग्य पद, वेतनादि सत्कार प्राप्त हो ।

नमो ह्रस्वाय च वामनाय च नमो बृहते च वर्षीयसे च नमो वृद्धाय च सवृधे च नमोऽग्र्याय च प्रथमाय च ॥ ३० ॥

विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(ह्रस्वाय च) आयु मे छोटे, (वामनाय च) शरीर के कद में

छोटे अथवा रूप आदि गुणों में सुन्दर (बृहते च) शरीर में बड़े, और (वर्षीयसे) आयु मे बड़े, (वृद्धाय च) पद में बड़े, (सवृधे च) समान वयस् के मित्रों में बड़े, (अग्र्याय च) या अधिकार में बड़े और (प्रथमाय च) योग्यता में बड़े, इन सब के लिये (नमः नमः) उचित आदर और पद प्राप्त हो ।

नम॑ऽआ॒शवे॑ चाजि॒राय॑ च॒ नमः॒ शीघ्र्या॑य च॒ शीभ्या॑य च॒ नम॒ऽऊर्म्या॑य चावस्व॒न्या॑य च॒ नमो॑ नादे॒याय॑ च॒ द्वीप्या॑य च ॥ ३१ ॥

पङ्क्ति. । पञ्चम ॥

भा०—(आशवे च) शीघ्र गति करने वाले अश्व के समान तीव्र गामी, (अजिराय च) निरन्तर बहुत देर तक अनथक चलने वाला, (शीघ्र्याय च) शीघ्र कार्य करने में चतुर; (शीभ्याय च) चुस्ती से करने योग्य कार्यों में कुशल, (ऊर्म्याय च) तरङ्ग या उमङ्ग मे आकर काम करने वाला, (अवस्वन्याय च) शब्द न करते हुए चुप चाप रीति से काम करने वाला, (नादेयाय) नाद, ऊचे शब्द गर्जना के साथ कार्य करने वाला और (द्वीप्याय च) जलादि से चारों ओर घिरे द्वीप के समान शत्रु द्वारा घिर जाने पर भी उन अवसरों और ऐसे स्थानों पर कार्य करने में कुशल इन सब प्रकार के पुरुषो को (नमः ४) उचित कार्य आदर और वेतन प्राप्त हों ।

नमो॑ ज्ये॒ष्ठाय॑ च कनि॒ष्ठाय॑ च॒ नमः॑ पूर्व॒जाय॑ चापर॒जाय॑ च॒ नमो॑ मध्य॒माय॑ चापग॒ल्भाय॑ च॒ नमो॑ जघ॒न्या॑य च॒ बुध्न्या॑य च ॥ ३२॥

स्वराड् आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(ज्येष्ठाय च) अपने से पूर्व उत्पन्न, आयु और बल में बड़े, (कनिष्ठाय च) आयु और मान में छोटे, (पूर्वजाय च) पूर्व उत्पन्न, (अपरजाय च) पीछे उत्पन्न, (मध्यमाय च) बड़ों छोटों के बीच के भाई, (अपगल्भाय च) धृष्टतारहित अथवा एक का अन्तर छोड़ कर पैदा हुए तीसरे भाई (जघन्याय च) नीच या छोटे कर्म में लगे, या नीचे के पद पर स्थित

और (बुध्न्याय च) सब से नीचे के आश्रय रूप पुरुष इन सब को (नमः) यथायोग्य आदर सत्कार ऐश्वर्य, मान, पद प्राप्त हो।

नमः सोभ्याय च प्रतिसर्य्याय च नमो याम्याय च क्षेम्याय च नमः श्लोक्याय चावसान्याय च नम उर्वर्याय च खल्याय च ॥३३॥

आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—(सोभ्याय) उभय पाप और पुण्य अथवा उभय, इह लोक और परलोक अथवा उभय, अपना राष्ट्र और पर राष्ट्र दोनों में रहनेवाला उभय वेतन प्रणिधि, 'सोभ्य' अथवा ऐश्वर्ययुक्त पदार्थों में वर्त्तमान पुरुष, सोभ्य, (प्रतिसर्याय च) प्रति सरण, शत्रु पर चढाई करने और उसके पीछा करने में समर्थ, (याम्याय च) शत्रुओं को बांधने और राष्ट्र के नियमन करने में कुशल, (क्षेम्याय च) प्रजाओं का क्षेम करने में कुशल, (श्लोक्याय च) वेदमन्त्रों द्वारा स्तुति करने अथवा उनके व्याख्यान करने में कुशल, (अवसन्याय च) अवसान, कार्यों की समाप्ति करने या वेद के अन्तिम भाग उपनिषदों के उपदेश करने में कुशल, (उर्वर्याय च) 'उरु-अर्य' अर्थात् बड़े २ ऐश्वर्यों के स्वामी अथवा 'उर्वर्य' उर्वरा भूमियों को क्षेत्र उद्यान बनाने में कुशल और (खल्याय च) 'खल' कटे धान्यों को एकत्र करने के स्थान, खलिहान में धान्य अन्न आदि को स्वच्छ करने में कुशल, या उन २ स्थानों के वृद्धि करने में कुशल अधिकारी लोगों को भी (नम ४) योग्य मान, पद एवं वेतन आदि प्राप्त हो।

नमो वन्याय च कक्ष्याय च नमः श्रवाय च प्रतिश्रवाय च नम ऽआशुषेणाय चाशुरथाय च नमः शूराय चावभेदिने च ॥ ३४ ॥

स्वराट् आर्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—(वन्याय च) वनों के रक्षण में कुशल वनाध्यक्ष, 'वन्य' (कक्ष्याय च) पर्वतों और नदियों के तटों के अध्यक्ष 'कक्ष्य' (श्रवाय च)

शब्द करने वाले, बाजा आदि बजाने वाले और (प्रतिश्रवाय च) प्रति शब्द करने वाले, (आशुषेणाय च) शीघ्रगामिनी सेना के स्वामी, (आशुरथाय) शीघ्रगामी रथसेना वाले (शूराय च) शूरवीर, (अवभेदिने च) शत्रु के व्यूह और गढ़ों को तोड़ने वाले इन समर्थ राष्ट्र और युद्धोपयोगी पुरुषों को (नम) उचित अन्न, मान, पद, अधिकार आदि दिया जाय ।

नमो॑ बि॒ल्मिने॑ च कव॒चिने॑ च॒ नमो॑ व॒र्मिणे॑ च वरू॒थिने॑ च॒ नमः॑ श्रु॒ताय॑ च श्रुतसे॒नाय॑ च नमो॑ दुन्दु॒भ्या॒य चाहन॒न्या॒य च ॥ ३५॥

स्वराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(बिल्मिने) उत्तम बिल्म, शिरस्त्राण को धारण करने वाले या उजले वस्त्र धारण करने वाले या शत्रु के गढ़ तोड़ने के हथियार धरने वाले, (कवचिने च) कवचधारी, (वर्मिणे) लोह के कवच धारने वाले (वरूथिने) गृह, प्रासाद आदि के स्वामी अथवा हाथी पर रखने के हौदावाले या छत वाले रथ पर सवार (श्रुताय) शौर्य आदि से प्रसिद्ध, (श्रुतसेनाय) विजय कार्य और शूरता मे विख्यात सेना वाले, (दुन्दुभ्याय च) दुन्दुभि के उठाने वाले और (आहनन्याय च) सेना में जोश डालने के लिये नगाड़ों पर दण्डादि से आघात करके बजाने वाले इन सबको भी (नमः ४) उचित अन्न, पद, कार्य, वेतन आदि प्राप्त हो।

नमो॑ धृ॒ष्णवे॑ च प्रमृ॒शाय॑ च॒ नमो॑ निष॒ङ्गिणे॑ चेषुधि॒मते॑ च॒ नम॑स्ती॒क्ष्णेष॑वे चायु॒धिने॑ च॒ नमः॑ स्वायु॒धाय॑ च सु॒धन्व॑ने च ॥ ३६ ॥

स्वराडार्षी त्रिष्टुप । धैवत ॥

भा०—(धृष्णवे च) शत्रु का धर्षण करने मे समर्थ, प्रगल्भ, दृढ, निर्भय पुरुष, (प्रमृशाय च) उत्तम विचारशील, शास्त्रज्ञ, (निषङ्गिणे च) खड्ग आदि नाना शस्त्रधारी, (इषुधिमते च) उत्तम शस्त्रास्त्र बाण आदि के तर्कस वाले (तीक्ष्णेषवे च) तीक्ष्ण बाण वाले, (आयुधिने

च) हथियारबन्द (स्वायुधाय च) उत्तम हथियारों से सजे, (सुधन्वने च) उत्तम धनुषधारी, इनको भी (नमः ४) योग्य वेतन, पद और आदर प्राप्त हो ।

नमः स्रुत्याय च पथ्याय च नमः काट्याय च नीप्याय च नमः कुल्याय च सरस्याय च नमो नादेयाय च वैशन्ताय च ॥ ३७ ॥

निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०— (स्रुत्याय च) स्रुति, छोटे २ मार्गों या नालों के अध्यक्ष, (पथ्याय च) बड़े मार्ग, पथों के अध्यक्ष, (काट्याय च) काट, अर्थात् बुरे मार्ग या विषम मार्ग, या कूप या नहर या पुलों के अध्यक्ष, (नीप्याय च) बहुत गहरे जल के स्थानों के अध्यक्ष, (कुल्याय च) नहरों के प्रबन्ध में, या बनाने में लगा पुरुष, (सरस्याय) तालावों के बनाने या प्रबन्ध में लगा पुरुष, (नादेयाय) नद नालों पर का अध्यक्ष (वैशन्ताय च) वेशन्त ताल, तलैय्याओं का अध्यक्ष इनको भी यथोचित वेतन और अधिकार प्राप्त हो ।

नमः कूप्याय चावट्याय च नमो वीध्र्याय चातप्याय च नमो मेघ्याय च विद्युत्याय च नमो वर्ष्याय चावर्ष्याय च ॥ ३८ ॥

भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(कूप्याय च) कूपों पर नियत पुरुष, (अवट्याय च) अवट अर्थात् गढ़ों पर नियत पुरुष, (वीध्र्याय च) विविध प्रकाशों के विज्ञान में कुशल, (आतप्याय च) सूर्य के ताप का उत्तम उपयोग या विज्ञान वाले, अथवा आपत, धूप में कार्य करने वाले, (मेघ्याय च) मेघों का विज्ञान जानने वाले, (विद्युत्याय च) विद्युत् के विज्ञान में कुशल, (वर्ष्याय च) वृष्टि के विज्ञान में कुशल और (अवर्ष्याय च) अवर्ष अर्थात् वर्षाओं के न होने

३८—'नम ईध्र्याय' इति काण्व० ।

पर जल का उचित प्रबन्ध करने में, अतिवृष्टि को दूर करने में समर्थ इन समस्त पुरुषों के राष्ट्र में उचित आदर, पद, अन्न, वेतन आदि प्राप्त हो।

नमो॒ वात्या॑य च॒ रेष्म्या॑य च॒ नमो॑ वास्त॒व्या॑य च वास्तु॒पाय॑ च॒ नमः॒ सोमा॑य च रु॒द्राय॑ च॒ नम॑स्ता॒म्राय॑ चारु॒णाय॑ च ॥ ३९ ॥

स्वराडार्षी पङ्क्तिः। पञ्चमः॥

भा०—(वात्याय च) वायु विद्या के ज्ञाता, (रेष्म्याय च) हिंसाकारी प्रबल आन्धड़ के समय उचित उपाय जानने वाले, (वास्तव्याय च) वास्तु विद्या गृह निर्माण के ज्ञाता, (वास्तुपाय च) गृहों, महलों, राजप्रासादों की रक्षा के विज्ञान को जानने वाले, (सोमाय च) सोम आदि ओषधियों के विद्वान् या ऐश्वर्यवान्, (रुद्राय च) रुत्=दुःखों के नाशक वैद्य या शल्य चिकित्सक या दुष्टों के रुलाने वाले और (ताम्राय च) शत्रुओं को पराजित करने वाले इन सब पुरुषों को (नमः ४) योग्य पदाधिकार, मान और वेतन आदि प्राप्त हो।

नमः॑ श॒ङ्गवे॑ च पशु॒पत॑ये च॒ नम॑ उ॒ग्राय॑ च भी॒माय॑ च॒ नमो॑ऽग्रेव॒धाय॑ च दूरेव॒धाय॑ च॒ नमो॒ हन्त्रे॑ च॒ हनी॑यसे च॒ नमो॑ वृ॒क्षेभ्यो॒ हरि॑केशेभ्यो॒ नम॑स्ता॒राय॑ ॥ ४० ॥

अतिशक्वरी। पञ्चमः॥

भा०—गौओं के लिये कल्याणकारी अथवा कल्याण और सुख को प्राप्त करने वाला, (पशुपतये च) पशुओं का पालक, (उग्राय च) उग्र, तेजस्वी, (भीमाय) भयानक, शत्रुओं में भय उत्पन्न करने में समर्थ, (अग्रेवधाय च) आगे आये शत्रुओं को मारने वाला, (दूरेवधाय च) दूरस्थ शत्रुओं को मारने वाला, (हन्त्रे) मारने वाला, (हनीयसे च) बहुत अधिक मारने वाला, (वृक्षेभ्यः) शत्रुओं का काट डालने वाले शूरवीर या वृक्ष के समान आश्रय-प्रद और वृक्ष (हरि-

केशेभ्य.) नीले बालो वाले अथवा क्लेशों को दूर करने वाले इन समस्त पुरुषों को (नम) उचित आदर, पदाधिकार और वेतन अन्न आदि प्राप्त हो। (ताराय) दुःख से या जल, समुद्रादि से तराने वाले को (नमः ४) अन्नादि प्राप्त हो।

नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥ ४१ ॥

स्वराडार्षी बृहती। मध्यमः ॥

भा०—(शम्भवाय च) प्रजाओं को शान्ति प्राप्त कराने वाले, (मयोभवाय च) सुख के साधन उपस्थित करने वाले, (शङ्कराय च) कल्याण करने वाले, (मय -कराय) सुखप्रद, (शिवाय) स्वत. कल्याणमय (शिवतराय च) और भी अधिक शिव, मङ्गलकारी पुरुषों को (नम. ४) आदर प्राप्त हो।

नमः पार्याय चावार्याय च नमः प्रतरणाय चोत्तरणाय च नमस्तीर्थ्याय च कूल्याय च नमः शष्प्याय च फेन्याय च ॥ ४२ ॥

निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवत. ॥

भा०—(पार्याय च) पार, परले तट के अध्यक्ष, (अवार्याय च) उरले तट के अध्यक्ष, (प्रतरणाय) परले तट से इस तट को पहुंचाने वाली नौका के अध्यक्ष, (उत्तरणाय) इस तट से उस परले तट तक पहुचने वाली नौका के अध्यक्ष, (तीर्थ्याय) तीर्थ, घाट आदि के अधिष्ठाता (कूल्याय च) तट पर का अध्यक्ष, (शष्प्याय च) घास तृण गुल्मादि के अध्यक्ष या शुल्कग्राही और (फेन्याय च) फेन, दूध आदि के पदार्थों पर नियत शुल्कग्राही अथवा जहां नदी, धारापात से झागयाती गिरे ऐसे प्रपातो के अध्यक्ष इन सब को (नमः) उचित वेतन आदि प्राप्त हो।

४१—'नमः शम्भवे च मयोभवे च' इति काण्व० ॥

नमः॑ सिक॒त्या᳖य च प्रवा॒ह्या᳖य च॒ नमः॒ किꣳशि॒लाय॑ च क्षय॒णाय॑ च॒ नमः॑ कप॒र्दिने॑ च पुल॒स्तये॑ च॒ नम॒ऽइरि॒ण्या᳖य च प्रप॒थ्या᳖य च ४३

जगती । निषाद. ॥

भा०—(सिकत्याय च) बालू के विज्ञान जाननेवाले (प्रवाह्याय च) 'प्रवाह', जलधारा के प्रयोगज्ञ अथवा भारी पदार्थ को अच्छी प्रकार दूर ले जाने के साधनों के जानकार, (किंशिलाय च) छोटी बजरी के प्रयोगज्ञ या क्षुद्र २ पेशों के अध्यक्ष, (क्षयणाय च) जलों से भरे गढ़ों के अध्यक्ष अथवा गृह बना कर रहने वाले, (कपर्दिने च) कपर्द-अर्थात् कौड़ी, सीप, शख आदि के व्यापार के अध्यक्ष या जटाजूट वाले जन (पुलस्तये च) बड़े २ भारी पदार्थों को उठाने वाले यन्त्रों का निर्माता, (इरिण्याय च) ऊपर भूमियों का अधिकारी और (प्रपथ्याय च) उत्तम २ मार्गों का अधिकारी इन सब को (नम ४) उचित मान, पद, वेतन आदि प्राप्त हो ।

नमो॑ व्र॒ज्या᳖य गो॒ष्ठ्या᳖य च॒ नम॒स्तल्प्या᳖य च॒ गेह्या᳖य च॒ नमो॑ हृद॒य्या᳖य च निवे॒ष्प्या᳖य च॒ नम॒. काट्या᳖य च गह्वरे॒ष्ठाय॑ च ॥४४॥

आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(व्रज्याय) व्रज अर्थात् गौओं के रेवड़ों के अध्यक्ष, (गोष्ठ्याय) सरकारी गोशालाओं के अध्यक्ष, (तल्प्याय) बिस्तरयोग्य पदार्थों पर नियुक्त सेवक, (गेह्याय) गृह, मकान पर भृत्य अधिकारी, (हृदय्याय च) हृदय को सदा प्रसन्न करनेवाले खिलौने और खेल करने वाले, हृदय के प्रेमी (निवेष्प्याय च) उत्तम वेष पहनाने और बनाने वाला अथवा (निवेष्याय च) आवर्त या निहार या कोहरा को दूर करने वाला, (काट्याय च) कट, चटाई आदि बनाने मे प्रवीण या उचित रूप से बिछाने वाला, (गह्वरेष्ठाय च) पर्वतो के

४३—'पुलस्तिने च' इति काण्व० ।

गह्वरों, गहरे जल और विषम स्थानों का उत्तम परिचित इन सबको (नमः) उचित आदर और अन्नादि वृत्ति प्राप्त हो।

नमः शुष्क्याय च हरित्याय च नमः पांꣳसव्याय च रजस्याय च नमो लोप्याय चोलप्याय च नम ऊर्व्याय च सूर्व्याय च ॥४५॥

निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत. ॥

भा०—(शुष्क्याय च) शुष्क पदार्थों से व्यवहार करने वाले, (हरित्याय च) शाक आदि हरे पदार्थों के अधिकारी, (पांसव्याय च) पासु, मिट्टी ढोने वालों पर का अधिकारी (रजस्याय) रजस् अर्थात् सूक्ष्म धूल का व्यापार करने वाले, (लोप्याय च) पदार्थों का लोप या विनाश करने वाले, (उलप्याय च) उलप, तृण राशि के ऊपर के अधिकारी, (ऊर्व्याय च) 'ऊर्वी' भूमि या विस्तृत खेतों पर के शासक अथवा (सूर्व्याय च) उत्तम भूमियों के स्वामी, अथवा उत्कृष्ट हिंसा कार्य में कुशल, इन सब को भी उत्तम वेतन आदि दे।

नमः पर्णाय च पर्णशदाय च नम ऽउद्गुरमाणाय चाभिघ्नते च नम ऽआखिदते च प्रखिदते च नम ऽइषुकृद्भ्यो धनुष्कृद्भ्यश्च वो नमो नमो वः किरिकेभ्यो देवानाꣳ हृदयेभ्यो नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षिणत्केभ्यो नम ऽआनिर्हतेभ्यः ॥ ४६ ॥

स्वराड् प्रकृतिः । धैवत ॥

भा०—(पर्णाय) वृक्षों के नीचे गिरे पत्तों के ठेकेदार, (पर्णशदाय च) पत्तों के काटने वाले, (उद्गुरमाणाय च) भार उठा कर लाने वाले, श्रमी, (अभिघ्नते) कुठार चला कर वृक्ष काटने वाले, (आखिदते च) दीनों पर नियुक्त पुरुष, (प्रखिदते) बहुत ही पतित दीनों पर नियुक्त पुरुष अथवा (आखिदते) पशुओं को हांकने वाले और (प्रखिदते) बहुत दीन, (इषुकृद्भ्यः धनुष्कृद्भ्यः च) बाण और धनुष बनाने वाले इन

सब छोटे मोटे पेशों वाले सबको यथोचित रूप से वृत्ति और अन्न प्राप्त हो। (किरिकेभ्यः) नाना प्रकार के काम करने वाले या नाना पदार्थों को कारीगरी से पैदा करने वाले और (देवानां हृदयेभ्यः) देव, दिव्य-शक्तियों के हृदय अर्थात् मुख्य केन्द्रों के संस्थापक, अग्नि वायु और आदित्य इन की विद्या में कुशल, (विचिन्वत्केभ्य) नये २ पदार्थों तत्त्वों और पुराने उपयोगी पदार्थों, शत्रुओं और चोरों की खोज लगाने वाले अविष्कारक लोग, (विक्षिणत्केभ्य) और विविध उपायों से शत्रुओं का विनाश करने में कुशल और (आनिर्हतेभ्यः) गुप्त रूप से सब तरफ शत्रु देश में व्याप जाने वाले इन सब को भी (नमः) उचित वृत्ति प्राप्त हो। शत० ६।१।१।२३॥

इन सब नाना रुद्रों की विवेचना भूमिका भाग में विशेष रूप से की जायगी पाठक वहां ही देखें।

द्रापे॒ अन्ध॑सस्पते॒ दरि॑द्र॒ नील॑लोहित ।
आ॒सां प्र॒जाना॑मे॒षां प॑शू॒नां मा भे॒र्मा रो॒ङ्मो च॑ नः॒ किं च॒नाम॑मत् ॥४७॥

एको रुद्रो देवता। भुरिगार्षी बृहती। मध्यमः ॥

भा०—हे (द्रापे) शत्रुओं को कुत्सित गति अर्थात् दुर्दशा में पहुंचा देने हारे! हे (अन्धसः पते) अन्न आदि भोग्य पदार्थ, एवं जीवनप्रद पदार्थों के पालक! स्वामिन्! हे (दरिद्र) शत्रुओं को दुर्गति में डालने वाले! अथवा दुर्गत! दुष्प्राप्य! एकाकी अधिकारिन्! हे (नीललोहित) कण्ठ देश में नीले और शेष देह पर लाल वर्ण के वस्त्र पहनने हारे राजन्! वीर! तू (आसाम्) इन प्रजाओं में से और (एषाम् पशूनाम्) इन पशुओं में से किसी को (मा भेः) भयभीत मत कर (मा रोङ्) रोग से पीड़ित मत कर, (मो च) और न (किंचन) किसी प्रकार से (आममत्) पीड़ा, कष्ट दे। शत० ६।१।१।२४॥

४७—'मा भेर्मा रोङ्मो' इति काण्व०।

इमा रुद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्र भरामहे मतीः।
यथा शमसद् द्विपदे चतुष्पदे विश्वं पुष्टं ग्रामे ऽअस्मिन्ननातुरम् ४८

ऋ० १ । ११४ । १ ॥

भा०—(तवसे) बड़े भारी, बलवान्, (कपर्दिने) शिर पर जटाजूट को धारण करने वाले अथवा जटा के स्थान में केशों पर मुकुट धारण करने वाले (क्षयद्-वीराय) अपने आश्रय पर वीरों को बसाने वाले, (रुद्राय) प्रजा के दु.खों के नाशक एवं शत्रुओं को रुलाने वाले, (महे) बड़े भारी राजा के लिये हम (इमा. मतीः) उन उत्तम स्तुतियों को या यथार्थ गुण-वर्णनो को अथवा (मतीः) मनन द्वारा प्राप्त नाना साधनों का (प्रभरा महे) अच्छी प्रकार प्रयोग करें। अथवा, (इमा. मती प्र भरामहे) इन मतिमान् विद्वानों को अच्छी प्रकार पालें पोषण करें (यथा) जिससे (द्विपदे) दो पाये मनुष्यों और (चतुष्पदे) चौपायों को (शम्) शान्ति (असत्) प्राप्त हो। और (विश्वम्) समस्त प्रजा और पशु आदि प्राणि-गण (अस्मिन् ग्रामे) इस ग्राम में (अनातुरम्) नीरोग, व्याकुलता रहित अभय रहकर (पुष्टम् असत्) हृष्ट होकर रहे।

या ते रुद्र शिवा तनूः शिवा विश्वाहा भेषजी।
शिवा रुतस्य भेषजी तया नो मृड जीवसे ॥ ४९ ॥

आर्ष्यनुष्टुप् । गांधारः ॥

भा०—हे (रुद्र) रुत् अर्थात् प्राणियों की चीख पुकारवाली पीड़ा को दूर करने हारे ! (या) जो (ते) तेरी (शिवा) मङ्गलमय (तनूः) विस्तृत राजशक्ति है वह (विश्वाहा) सब दिनों (शिवा) मङ्गलमय, सुखकारिणी और (भेषजी) ओषधि के समान कष्ट-पीड़ाओं को दूर करने वाली हो। वह (शिवा) शिव, कल्याणकारिणी (रुतस्य) देह की व्याधि

४९—'शिवमृतस्य', 'मृळ' इति काण्व० ।

को (भेषजी) दूर करने वाली हो । (तया) उससे ही तू (नः) हमें (जीवसे) दीर्घ जीवन तक (मृड्) सुखी कर ।

परि॑ नो रु॒द्रस्य॑ हे॒तिर्वृ॑णक्तु॒ परि॑ त्वे॒षस्य॑ दुर्म॒तिर॑घा॒योः ।
अव॑ स्थि॒रा म॒घव॑द्भ्यस्तनुष्व॒ मीढ्व॑स्तो॒काय॒ तन॑याय मृड ॥५०॥

ऋ० २ । ३३ । १४ ॥

आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (मीढ्वः) समस्त प्रजापर सुखों की वर्षा करने हारे पर्जन्य के समान राजन् ! (रुद्रस्य) दुष्टों के रुलाने वाले वीर पुरुषों के (हेति) शस्त्र (नः) हमें (परिवृणक्तु) दूर से ही छोड़ दें, हम पर वे प्रहार न करें । और (अघायो) हम पर पाप और अत्याचार करने की इच्छा वाले (त्वेषस्य) क्रोध से जले हुए पुरुष की (दुर्मति) दुष्ट बुद्धि भी (नः परिवृणक्तु) हमसे दूर रहे । (मघवद्भ्यः) धन-सम्पन्न प्रजाओं की रक्षा के लिये (स्थिरा) स्थिर शस्त्रों को (अव तनुष्व) स्थापित कर । और हमारे (तोकाय तनयाय) पुत्र और पौत्रों के लिये या छोटे और बड़े बालकों को (मृड) सुखी कर ।

मीढु॑ष्टम॒ शिव॑तम शि॒वो नः॑ सु॒मना॑ भव ।
प॒र॒मे वृ॒क्ष ऽआयु॑धं नि॒धाय॒ कृत्तिं॒ वसा॑न॒ ऽआ च॑र॒ पिना॑कं॒ बिभ्र॒दा ग॑हि

निचृदार्षी यवमध्या त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (मीढुष्टम) अतिशय वीर्यसम्पन्न एवं प्रजा पर अति अधिक सुखों के और शत्रुओं पर अति अधिक शरों के वर्षा करने में समर्थ ! हे (शिवतम) अतिशय कल्याणकारिन् ! तू (नः) हमारे प्रति (शिवः) कल्याणकारी और (सुमनाः) शुभ चित्त वाला (भव) हो । तू (परमे वृक्षे) अति अधिक काटने योग्य शत्रु सेना पर अपने

५०—परिणो हेती रुद्रस्य वृज्यात् परित्वेषस्य दुर्मतिर्महीगात्, 'मृळ' इति काण्व०
५१—'मीळ्हुस्तम' इति काण्व० ।

(आयुधं निधाय) शस्त्र को रख कर और (कृत्तिम्) चर्म को (वसानः) धारण करके (पिनाकं बिभ्रद्) प्रजा के-पालन और त्राण साधन शस्त्र अस्त्र, धनुष आदि (बिभ्रद्) धारण करता हुआ (आचर) चारों ओर विचर और (आ गहि) हमें प्राप्त हो ।

विकिरिद्र विलोहित नमस्तेऽअस्तु भगवः ।
यास्ते सहस्रं हेतयोऽन्यमस्मन्नि वपन्तु ताः ॥ ५२ ॥

आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (विकिरिद्र) शरों की बौछारों से शत्रुओं को भगा देने हारे ! अथवा विविध प्रकार के घात, हत्या, चोरी, बटमारी आदि उपद्रवों के दूर करने हारे ! हे (विलोहित) विशेष रूप से रक्त वर्ण की पोषाक पहनने हारे अथवा पाप के भावों से रहित, विविध पदार्थों का स्वामिन् ! हे (भगवः) ऐश्वर्यवन् ! (ते नमः अस्तु) तेरे लिये हमारा आदर भाव प्रकट हो । और (याः) जो (ते) तेरे (सहस्रम्) हजारों (हेतयः) शस्त्र अस्त्र हैं (ताः) वे (अस्मत्) हमसे दूर होकर (निवपन्तु) शत्रु पर पड़ें।

विकिरिद्र—विकिरिन् इषून् द्रावयति इति विकिरिद्र इति उव्वटः । विविधं किरिं घाताद्युपद्रवं द्रायति नाशयति इति महीधरः । विशेषेण किरिः सूकर इव द्रायति शेते विशिष्टं किरिं द्राति निन्दति वा तत्सम्बुद्धौ विकिरिद्र इति दया० ।

उव्वट और महीधरकृत व्युत्पत्ति के अनुसार अर्थ ऊपर किया गया है । दयानन्दकृतव्युत्पत्ति के अनुसार उनके बनाये भाषाभाष्य में किये अर्थ का तात्पर्य नहीं पता लगता । कदाचित् उनका अभिप्राय है, (विकिरिद्र) विशेष रूप से बलवान् ! शूकर के समान निश्चिन्त होकर शयन करने हारे ! या विशेष बलवान् ! शूकर को भी बल मे पराजित करने वाले ! अर्थात् निर्भीक आक्रामक !

'विलोहित'— विगतकल्मषभावः इति उव्वटः ।

सहस्राणि सहस्रशो बाह्वोस्तव हेतयः ।
तासामीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि ॥ ५३ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (भगवः) ऐश्वर्यवन् ! राजन् ! (तव बाह्वोः) तेरी बाहुओं में (सहस्राणि सहस्रशः) हजारहों, लाखों, (हेतयः) शस्त्रास्त्र हैं । तू (तासां) उनका (ईशानः) स्वामी है । (पराचीना मुखा) उनके मुख परली तरफ को (कृधि) कर ।

असंख्याता सहस्राणि ये रुद्रा ऽअधि भूम्याम् ।
तेषाᳬसहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५४ ॥

शत० ९ । १ । १ । ३० ॥

विराड् आर्ष्यनुष्टुप् । गांधारः ॥

भा०—(भूम्याम् अधि) भूमि पर अधिष्ठाता रूप से या शासक रूप से (ये) जो (असंख्याता सहस्राणि) असंख्य, हजारों (रुद्राः) प्राणियों को रुलाने वाले पदार्थ और प्राणी, हैं । (तेषाम्) उनके (धन्वानि) धनुषों को हम (सहस्रयोजने) हजारों कोसों तक (अव तन्मसि) विस्तृत करें या शान्त करें ।

अस्मिन्महत्यर्णवेऽन्तरिक्षे भवा ऽअधि ।
तेषाᳬसहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५५ ॥

भुरिगार्ष्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—(अस्मिन्) इस (महति) बड़े भारी (अर्णवे) समुद्र के समान विस्तृत (अन्तरिक्षे) अन्तरिक्ष के समान सर्वाच्छादक सर्व रक्षक राजा के अधीन (भवाः अधि) उत्पादन सामर्थ्य से युक्त 'भव' नामक अधिकारी रूप से सहस्रों पुरुष विद्यमान हैं (तेषां सहस्र० इत्यादि) पूर्ववत् ।

५४—५३ सतोवतान । ऋषिः दश मन्त्राः । सर्वा० ।

नीलाग्रीवाः शितिकण्ठा दिवꣳरुद्रा ऽउपश्रिताः ।
तेषाꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५६ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—(नीलग्रीवाः) गर्दनो मे नील वर्ण के और (शितिकण्ठाः) कण्ठ पर श्वेत चिन्ह धारण करने वाले (रुद्रा) प्राणियो के दु:खहर (दिवि) सूर्य के आश्रय मे चन्द्र आदि लोक के समान आल्हादक राजा के (उपश्रिता) आश्रित बहुत से अधिकारी विद्यमान है । (तेषां सहस्र० इत्यादि) पूर्ववत् ।

नीलग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्वा ऽअधः क्षमाचराः ।
तेषाꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५७ ॥

निचृदार्ष्य नुष्टुप् । गाधारः ॥

भा०—(नीलग्रीवाः शितिकाण्ठा) गर्दन पर नील वर्ण के और कण्ठ में श्वेत वर्ण के चिन्ह को धारण करने वाले (शर्वा) हिंसा कारी (अधः) नीचे (क्षमाचराः) पृथ्वी पर विचरने वाले अथवा नीचे की श्रेणियों में विचरने वाले हैं (तेषां सहस्र० इत्यादि) पूर्ववत् ।

चन्द्रादि लोक जो स्वयं प्रकाशमान नहीं हैं वे सूर्य के आश्रित होकर उसके प्रकाश से कण्ठ अर्थात् आगे की ओर से तो चमकीले और पीछे की ओर से अन्धकारमय, नीले होते हैं। उसी प्रकार जो राजा के आश्रित भृत्य हैं वे भी आगे से चमकते राज शासन का कार्य करते हैं और उनके काले गुण अर्थात्, लोभ आदि पीछे रहते हैं । वे उनका प्रयोग नहीं कर सकते ।

ये वृक्षेषु शष्पिञ्जरा नीलग्रीवा विलोहिताः ।
तेषाꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५८ ॥

आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—(ये) जो (नीलग्रीवा) गर्दन पर नीले वर्ण के (शष्पिञ्जरा) हिंसक व्याघ्रादि के समान पीले वर्ण वाले, पीली वर्दी पहने और (विलोहिता:) शेष में लाल रंग के वर्ण के रह कर (वृक्षेषु) वृक्षों पर या काटने योग्य शत्रुओं पर जा पड़ते हैं (तेषां सहस्र०) इत्यादि पूर्ववत्।

ये भूतानामधिपतयो विशिखासः कपर्दिनः ।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ५६ ॥

आसुर्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(ये) जो (भूतानाम्) प्राणियों के (अधिपतयः) अधिपति, पालक (विशिखासः) शिखा केश आदि रहित सन्यासी गण और (कपर्दिनः) जटिल ब्रह्मचारी लोग अथवा (विशिखासः) विना शिखा के, विना तुर्रे वाले और जो (कपर्दिनः) शिर पर मुकुट धारण करने वाले हैं (तेषां सहस्र०) इत्यादि पूर्ववत्।

ये पथां पथिरक्षय ऐलवृदा आयुर्युधः ।
तेषां सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६० ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(ये) जो (पथाम्) मार्ग के रक्षक और (पथिरक्षयः) मार्ग में चलने वाले यात्रियों के भी रक्षा करने हारे, (ऐलवृदा) अथवा (ऐलवृधाः) पृथ्वी पर के अन्न आदि पदार्थों को बढ़ाने वाले या पृथ्वी पर उत्पन्न अन्नों से सबके पालन में समर्थ अथवा (=ऐल-भृता) अन्नादि द्वारा भरण पोषण किये गये, (=ऐल-भृता) अन्नादि मात्र की वृत्ति प्राप्त किये हुए केवल (आयुर्युधः) जान तोड़ कर शत्रु से लड़ने वाले हैं (तेषां सहस्र०) इत्यादि पूर्ववत् ॥

६०—'पथिरक्षिण. ऐळ'० इति काण्व० ।

ये तीर्थानि प्रचरन्ति सृकाहस्ता निषङ्गिणः ।
तेषांꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६१ ॥

निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धार. ॥

भा०—(ये) जो (सृकाहस्ता) भाला हाथ मे लिये, (निषङ्गिणः) तलवार बांधे, (तीर्थानि) विद्यालयों, जहाजों और घाटों की रक्षा के लिये उन स्थानों पर (प्रचरन्ति) घूमते हैं (तेषां सहस्र०) इत्यादि पूर्ववत् ।

येऽन्नेषु विविध्यन्ति पात्रेषु पिबतो जनान् ।
तेषांꣳ सहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६२ ॥

भुरिगार्ष्यनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—(ये) जो दुष्ट पुरुष (अन्नेषु) अन्नादि भोजनों और (पात्रेषु) पात्रों मे अर्थात् जल दुग्ध आदि के पात्रो पर (पिवत) पान करने वाले (जनान्) जनों को (विविध्यन्ति) उनपर शस्त्र का प्रहार करते या उनको वाण के तुल्य घायल करते है । (तेषा सहस्र०) उनको दूर करने के लिये हजारों योजन तक फैले देश मे हम धनुषों को विस्तृत करें ।

अथवा—जो, अन्न दुग्धादि पदार्थों को खाते पीते हुए अपराधी पुरुषों पर प्रहार करते हैं उनके धनुषों को हजारों योजन तक विस्तृत करें ।

य एतावन्तश्च भूयांꣳसश्च दिशो रुद्रा वितस्थिरे ।
तेषांꣳसहस्रयोजनेऽव धन्वानि तन्मसि ॥ ६३ ॥

भुरिगार्ष्यनुष्टुप । गाधार ॥

भा०—(ये) जो (एतावन्त च) इतने पूर्व कहे और (भूयांसः च) इनसे भी अधिक (रुद्रा.) प्राणियों को दण्ड देने वाले राज-पुरुष (दिश.) समस्त दिशो मे (वितस्थिरे) विविध पदो पर स्थित हैं (तेषां सहस्र०) इत्यादि पूर्ववत् ।

नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषां वर्षमिषवः । तेभ्यो दश प्राची-

दे॑श दक्षि॒णा दश॑ प्र॒तीची॒र्दशोदी॑ची॒र्दशो॒र्ध्वाः। तेभ्यो॒ नमो॑ऽअस्तु ते नो॑ऽवन्तु ते नो॑ मृडयन्तु ते यं द्वि॒ष्मो यश्च॑ नो॒ द्वेष्टि॒ तमे॑षां॒ जम्भे॑ दध्मः ॥ ६४ ॥

नमो॑ऽस्तु रु॒द्रेभ्यो॒ ये॒ऽन्तरि॑क्षे॒ येषां॒ वात॒ऽइष॑वः। तेभ्यो॒ दश॒ प्राची॒र्दश॑ दक्षि॒णा दश॑ प्र॒तीची॒र्दशोदी॑ची॒र्दशो॒र्ध्वाः। तेभ्यो॒ नमो॑ऽअस्तु ते नो॑ऽवन्तु ते नो॑ मृडयन्तु ते यं द्वि॒ष्मो यश्च॑ नो॒ द्वेष्टि॒ तमे॑षां॒ जम्भे॑ दध्मः ॥ ६५ ॥

नमो॑ऽस्तु रु॒द्रेभ्यो॒ ये पृ॑थि॒व्यां येषा॒मन्न॒मिष॑वः। तेभ्यो॒ दश॒ प्राची॒र्दश॑ दक्षि॒णा दश॑ प्र॒तीची॒र्दशोदी॑ची॒र्दशो॒र्ध्वाः। तेभ्यो॒ नमो॑ऽअस्तु ते नो॑ऽवन्तु ते नो॑ऽमृडयन्तु ते यं द्वि॒ष्मो यश्च॑ नो॒ द्वेष्टि॒ तमे॑षां॒ जम्भे॑ दध्मः ॥ ६६ ॥

(६४–६६) धृति । ऋषभ ॥

भा०—(ये) जो (दिवि) सूर्य के आश्रित या द्यौलोक में विद्यमान सूर्यादि के समान (दिवि) तेजस्वी राजा के आश्रित (रुद्राः) रुद्र गण हैं (येषाम्) जिनका (वर्षम्) जल-वर्षण के समान शस्त्र-वर्षण ही (इषवः) बाण हैं उन (रुद्रेभ्यः) दुष्टों को रुलाने हारों के लिये (नमः अस्तु) आदर प्राप्त हो ॥

इसी प्रकार (ये अन्तरिक्षे) जो अन्तरिक्ष में वायु, मेघ आदि के समान हैं और जो अन्तरिक्ष के समान सब को आवरण करने वाले रक्षक राजा पर आश्रित रुद्र गण हैं (तेषां वातः इषवः) जिनके वायु या वायु के समान तीव्र वेगवान् बाण हैं (तेभ्यः नमः अस्तु) उनको हमारा नमस्कार है।

इसी प्रकार (ये पृथिव्याम्) जो रुद्र गण पृथिवी पर हैं। और जो

६४–६६—त्रयोऽपि अवरोह सञ्ज्ञा मन्त्राः। सर्वा०। 'तेनो मृळयन्तु'० इति काण्व०।

पृथिवी के समान सर्वाश्रय राजा के आश्रय पर रहते हैं (येषाम् अन्नम् इषव) जिनका अन्न आदि भोग्य पदार्थ ही प्रेरक द्रव्य या बाण के समान वशकारी साधन हैं उन (रुद्रेभ्य: नम. अस्तु) रुद्रों को नमस्कार हो। (तेभ्यः) उनको (दश प्राची· दश प्रतीची दश दक्षिणाः दश उदीचीः दश ऊर्ध्वा) दश दश प्रकार की पूर्व, पश्चिम उत्तर दक्षिण और ऊर्ध्व दिशाएं प्राप्त हों। अर्थात् सब दिशाओ मे उनको दशों दिशाओ के सुख प्राप्त हों। अथवा दशों दिशो मे उनका दोनो हाथो को जोड कर दश अगुलियें आदरार्थ दर्शाता हू।

(तेभ्य. नम. अस्तु) उनको हमारा आदरपूर्वक नमस्कार हो। (ते नः अवन्तु) वे हमारी रक्षा करें। (ते न मृडयन्तु) वे हमे सुखी करें। (ते) वे और हम (यं द्विष्म) जिसको द्वेष करते हैं (य. च न· द्वेष्टि) और जो हमसे द्वेष करता है (तम्) उसको हम लोग मिलकर (एषाम्) उनके (जम्भे) बिल्ली के मुख में जिस प्रकार मूसा पीडा पाता है उसी प्रकार कष्ट पाने के लिये उनकी अधीनता मे (दध्म) धर दे। वे उनको दण्ड दें। ६४, ६५, ६६ ॥ शत० ९। १। ३५–३६ ॥

॥ इति षोडशोऽध्यायः ॥

इति मीमांसातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालकार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये षोडशोऽध्यायः ॥

॥ अथ सप्तदशोऽध्यायः ॥

॥ ओ३म् ॥ अश्मन्नूर्जं पर्वते शिश्रियाणामद्भ्य ऽओषधीभ्यो वनस्पतिभ्योऽ अधि सम्भृतं पयः। तां न इषमूर्जं धत्त मरुतः सꣳरराणाऽअश्मँस्ते क्षुन् मयि त ऽऊर्ग्यं द्विष्मस्तं ते शुगृच्छतु ॥१॥

मरुतो अश्माच देवता. । अति शक्वरी । पञ्चमः ॥

भा०—हे (मरुत.) मरुद्-गण ! वैश्यगण प्रजागण ! और कृषाण लोगो ! आप लोग (संरराणा) अन्न आदि समृद्धि को भरपूर देने वाले होकर (अश्मन्) राष्ट्र के भोग करने में समर्थ एव अपने पराक्रम से उस मे राजशक्ति से व्यापक, (पर्वते) पालनकारी सामर्थ्य से युक्त राजा मे, मेघ में विद्यमान रस के समान (शिश्रियाणम्) आश्रित, विद्यमान, (ऊर्जम् · अन्नादि समृद्धि को और (अद्भ्य) जलों से, (ओषधिभ्य) ओषधियों से और (वनस्पतिभ्य.) वट आदि वनस्पति, बड़े वृक्षों से, जो (पय.) पुष्टिकारक रस (अधि सम्भृतम्) प्राप्त किया जाता है (ताम्) उस (इषम्) अभिलाषा के योग्य अन्न, (ऊर्जम्) बलकारी रस को (न· धत्त) हमें प्रदान करो । हे (अश्मन्) राजन् ! भोक्तः ! (ते क्षुत्) तुझे भूख है, परन्तु हे राजन् ! (ते ऊर्ग्) तेरा बलकारी अन्नादि रस भी (मयि) मुझ प्रजा के आधार पर है तो भी (ते शुग्) तेरा शुक्, क्रोध और भूख, ज्वाला (यं द्विष्मः) हम जिससे द्वेष करते हैं उस शत्रु को (ऋच्छतु) प्राप्त हो । राजा धन तृष्णा से प्रेरित होकर भी प्रजा को न रुलावे, प्रत्युत शत्रु-राजा को विजय करे । वायुएं जिस प्रकार समुद्र के जलों को ढोकर लाते हैं और वे पर्वत पर बरसा देते हैं और वह सब नदियों, ओषधि, वनस्पतियों को प्राप्त होकर अन्न दूध

१—मेधातिथिर्ऋषिः । द० ।

आदि के रूप में प्रजा को मिलता है उसी प्रकार प्रजा लोग, व्यापारी लोग और सैनिक लोग जितना भी धन सम्पत्ति, व्यापार, कृषि आदि से उत्पन्न करते हैं वे सब राजा के साथ मिलकर मानो उसी पर बरसाते है, उसी को दे देते हैं। उसके पास से फिर सब को देशभर में वासियों को प्राप्त होता है। सबकी भूख पीड़ा की शान्ति राजा के आधार पर है। राजा को अन्न आदि की प्राप्ति प्रजा के आधार पर है। राजा यादि क्रोध भी करे तो अपने प्रजा को पीड़ित न करके उसको पीड़ित करे जो प्रजा का शत्रु होकर प्रजा को कष्ट दे। चोर, डाकू, लोभी शासक, राजा के लोभी भृत्य, राजा का अपना लोभ और बाह्य शत्रु ये प्रजा के शत्रु हैं, उनका दमन करे। शत० ६। १। २। ९-१२॥

मरुतः—ये ते मारुता पुरोडाशा रश्मयस्ते। श० ६। ३। १। २५॥ गणशो हि मरुतः १६। १४। २॥ मरुतो गणानां पतयः। तै० ३। ११। ४। २॥ विशो वै मरुतो देवविशः।०२। ५। १। १२॥ विड् वै मरुत'। त० १। ८। ३। ३॥ विशो मरुतः। श० २। ५। २६॥ कीनाशा आसन् मरुतः सुदानवः॥ तै० २। ४। ८। ७॥ पशवो वै मरुत। तै० १। ७। ३। ५। इन्द्रस्य वै मरुतः। कौ० ५। ४॥ अथैनमूर्ध्वायां दिशि मरुतश्चाङ्गिरसश्च देवा अभ्यषिञ्चन् पारमेष्ठ्याय माहाराज्यायाधिपत्याय स्वावश्यायातिष्ठाय। ऐ० ८। १४॥ हेमन्तेन ऋतुना देवा मरुतस्त्रिणवे स्तुतं बलेन शक्करीः सह' हविरिन्द्रे वयो दधुः। तै० २। ६। १६। २॥

मरुत्-सम्बन्धी पुरोडाश रश्मिएं हैं। अर्थात् सूर्य की जिस प्रकार रश्मियें मरुत् कहाती हैं उसी प्रकार राजा की सेनाएं और अधीन गण मरुत हैं। गण २, दस्ते २ बनाकर मरुत् लोग रहते हैं। गणों के पति भी 'मरुत' हैं। प्रजाएं जो राजा की प्रजाएं हैं वे 'मरुत्' हैं। प्रजा सामान्य या वैश्यगण 'मरुत्' हैं। कीनाश अर्थात् किसान लोग भी 'सुदानु' उत्तम अन्नादि के दाता 'मरुत्' कहाते हैं। पशुगण भी 'मरुत्' हैं। इन्द्र आत्मा

के अधीन प्राणों के समान इन्द्र राजा के अधीन लोग 'मरुत्' हैं। सर्वोच्च स्थान में मरुत् गण और अंगिरस्, अर्थात् वीर सैनिक पुरुष और विद्वान् पुरुष राजा को परम स्थान के अधिपति पद, महाराज पद, राष्ट्र को अपने वश में करने वाले 'स्वावश्य' पद और सबसे ऊचे स्थित 'आतिष्ठ' पदपर अभिषिक्त करते हैं। हेमन्त ऋतु जिस प्रकार सब वृक्षों के पत्ते झाड़ देती है उसी प्रकार युद्ध-विजयी राजा शत्रु और मित्र सबकी समृद्धि हर लेता है, हेमन्त की तीव्र वायुओं के समान वीर जन ही २७ पदाधिकारियों से शासित राष्ट्र में बलपूर्वक शक्तिमर्ता सेना और शत्रु पराजयकारी बल और अन्न और हुकूमत शक्ति को स्थापित करते हैं।

१५ वें अध्याय में 'हेमन्त' पदपर राजा की स्थापना हो चुकी। १६ वें में रुद्र का अभिषक, उसको समृद्धि और राजपद प्राप्त हुआ। समस्त छोटे मोटे बड़े ऊचे नीचे राजपदाधिकारियों की असख्यात रुद्रों के रूप में स्थापना अधिकार, मान, पद वेतन आदि पर नियुक्ति की जा चुकी। सबको नमस्कार हो गया। अब प्रजा-पालन और शत्रु-कर्षण दुष्ट-दमन का इस अध्याय में वर्णन किया जायगा।

अश्मा—पर्वत.—ग्रावा—स्थिरो वा अश्मा। श० ६।१।२।५॥ असौ वा आदित्योऽश्मा पृश्निः। श० ६। २। ३। १४॥ वज्रो वै ग्रावा। श० ११। ५। ६। ७॥ मारुता वै ग्रावाण (तां० ६। १। १। १४) चकमक पत्थर के शस्त्र और बाण के फले बनते थे इससे वज्र या शस्त्र का प्रतिनिधि 'अश्मा' कहा गया है। वही राजा, प्रतिनिधि अथवा स्थिर पर्वत के समान दृढ़ राजा भी अश्मा है। पालन सामर्थ्य होने से राजा ही पर्ववान् 'पर्वत' है। इसी से आदित्य भी 'अश्मा पृश्नि' है। उसके समान तेजस्वी राजा भी कररूप रस ग्रहण करने वाला 'अश्मा' है।

इमा मे॑ऽअग्न॒ऽइष्ट॑का धे॒नवः॑ स॒न्त्वेका॑ च॒ दश॑ च॒ दश॑ च श॒तं च॑ श॒तं च॑ स॒हस्रं॑ च स॒हस्रं॑ चा॒युतं॑ चा॒युतं॑ च नि॒युतं॑ च नि॒युतं॑ च

प्रयुतं चार्बुदं च न्यर्बुदं च समुद्रश्च मध्यं चान्तश्च परार्द्धश्चैता मे ऽअग्न ऽइष्टका धेनवः सन्त्वमुत्रामुष्मिँल्लोके ॥ २ ॥

अग्निर्देवता । विकृतिः । मध्यमः ॥

भा०—हे (अग्ने) ज्ञानवान् ! विद्वन् ! पुरोहित ! (मे) मेरी ये (इष्टका) मकान में चुनी गयी ईंटो के समान राज्यरूप महल में लगी, राज्य के नाना विभागो में नियुक्त शासक वर्ग, भृत्य वर्ग रूप ईंटें, सेनाएं और प्रजाएं अथवा इष्ट अर्थात् वेतनरूप से दिये गये अन्न या पिण्ड पर नियुक्त अमात्य भृत्यादि, सब, अथवा मेरे अभिलाषित राज्याङ्गरूप प्रजा-गण (मे) मेरे लिये (धेनवः) दुधार गौओं के समान समृद्ध और ऐश्वर्य को बढ़ाने वाली और पुष्टिकारक बलप्रद, कर आदि देने वाली हों। और वे (एका च दश च) एक, एक, एक करके दश हों। (दश च शतं च) वे दस, दस दस करके सौ तक बढ़ जांय। (शतं च सहस्रं च) वे सौ, सौ, सौ करके हजार तक बढ़ जांय। (सहस्रं च, अयुतं च) इसी प्रकार वे हज़ार २, दस हज़ार हो जांय। (अयुतं च नियुतं च) वे दस हज़ार बढ़कर एक लाख हो जांय (नियुतं च प्रयुतं च) वे एक लाख बढ़कर दस लाख हो जांय। इसी प्रकार उत्तरोत्तर बढ़ती हुई वे (अर्बुदं च) १० करोड़, (न्यर्बुदं चं) अर्ब खर्ब, निखर्व महापद्म, शंख (समुद्र च) समुद्र (मध्यं च) मध्य (अन्तः च) अन्त, (परार्ध श्च) और परार्ध हो जांय। और (एताः) ये सब (मे) मेरी (इष्टकाः) दान किये वेतन आदि पर बद्ध एवं प्रिय, एवं सुसंगठित राज्य की ईंटों के समान प्रजा गण (धेनवः सन्तु) दुधार गौओं के समान ऐश्वर्य रस के देने वाली ने और (अमुष्मिन् लोके) परलोक में भी (अमुत्र) परदेश में भी सुखकारी हो। शत० ६। १। २। १३-१७ ॥

ऋतवः स्थ ऋतावृधः ऋतुष्ठाः स्थ ऽऋतावृधः।
घृतश्च्युतो मधुश्च्युतो विराजो नाम कामदुघा अक्षीयमाणाः ॥३॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी पङ्क्ति पञ्चम ॥

भा०—पूर्व कही राज्य की घटक इष्टकाओं का स्वरूप दर्शाते हैं—हे राज्य के विशेष २ मुख्य अंगों के नेता पुरुषो ! तुम (ऋतव. स्थ) वर्ष, संवत्सर रूप प्रजापति के अंशभूत जिस प्रकार ६ या ५ ऋतु होते हैं और नाना प्राणियों का उपकार करते हैं उसी प्रकार तुम लोग भी 'ऋतु' हो अर्थात् (ऋतावृध) ऋत अर्थात् सत्य व्यवहार और न्याययुक्त राज्य-तन्त्र को वृद्धि करने वाले हो । और हे उन अधिकारियों के आश्रय प्रजा लोगो ! और (ऋतुष्ठा. स्थ) जिस प्रकार ऋतुओं में आश्रित मास पक्ष दिन आदि है उसी प्रकार तुम राष्ट्र के संचालकों पर आश्रित लोग भी 'ऋतुस्थ' ही हो क्योंकि तुम भी (ऋतावृध· स्थ) सत्य व्यवहार की वृद्धि करने वाले हो । आप लोग ही (घृतश्च्युत) घृत, दुध, तेज और पुष्टिप्रद पदार्थों को देने वाले हो (मधुश्च्युत·) अन्न और मधुर प्रदार्थों और सुखकारी पदार्थों और ज्ञानों को भी उत्पन्न करने वाले हो, तुम लोग (विराज.) विविध गुणों और ऐश्वर्यों से युक्त होकर (अक्षीयमाणा) कभी क्षीण न होने वाले, अक्षय (कामदुधा) यथेष्ट प्रकार से प्रजा की आकांक्षाओं के भरपूर करने वाले कामदुघा गौओं के समान हो । शत० ६ । १ । २ । १८-१९ ॥

समुद्रस्य त्वावकयाग्ने परि व्ययामसि ।
पावको ऽअस्मभ्यंꣳ शिवो भव ॥ ४ ॥

भुरिगार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान शत्रुओं को भस्म करने हारे तेजस्विन् ! राजन् ! (समुद्रस्य अवकया) समुद्र के भीतर जिस प्रकार 'अवका' नाम शैवाल से जिस प्रकार मेंडक जल जन्तु सुरक्षित रहते हैं उसी प्रकार समुद्र के समान गम्भीर जल के बीच में (अवकया) प्रजा के रक्षण करने की शक्ति से तुझे (परि) सब ओर से (व्ययामसि) विविध प्रकारों से

हम प्रजाजन ही घेर लें। तू (पावक) पवित्रकारक अग्नि के समान राष्ट्र को पवित्र करने वाला होकर (अस्मभ्यम्) हमारे लिये (शिवः भव) कल्याणकारी हो। शत० ६ । १ । २ । २०-२५ ॥

हि॒मस्य॑ त्वा ज॒रायु॒णाग्ने॒ परि॑व्ययामसि ।
पा॒व॒को अ॒स्मभ्य॑ꣳ शि॒वो भ॑व ॥ ५ ॥

अग्निर्देवता भुरिगार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(हिमस्य जरायुणा) हिम, शीतल जल की जरायु, शैवाल जिस प्रकार तालाब को घेर लेती है और मंडूक आदि उसमें सुख से रहते हैं उसी प्रकार हे (अग्ने) अग्ने ! संतापकारिन् (त्वा) तुझको (हिमस्य) हिम, पाला जिस प्रकार वनस्पतियों का नाश करता, जन्तुओं को कष्ट देता है, उसी प्रकार प्रजाओं के नाशकारी शत्रु के (जरायुणा) अन्त करने वाले बल से (परि व्ययामसि) हम तुझे चारों ओर से घेर लेते हैं। हे (पावकः) अग्नि के समान राज्य-कण्टकों को शोधन करनेहारे ! तू (अस्मभ्यं शिवः भव) हमारे लिये कल्याणकारी हो। शत० ६।१।२।२६॥

उप॒ ज्मन्नुप॑ वेत॒सेऽव॑तर न॒दीष्वा । अग्ने॑ पि॒त्तम॒पाम॑सि॒ मण्डू॑कि॒ ताभि॒रा ग॑हि॒ सेमं नो॑ य॒ज्ञं पा॑व॒कव॑र्णꣳ शि॒वं कृ॑धि ॥ ६ ॥

भा०—हे (मण्डूकि) आनन्द करने, तृप्त करने और भूमि को सुभूषित करने वाली विशेष कलाकौशल समृद्धे ! तू (ज्मन् उप) पृथ्वी पर (अवतर) उतर आ। और (वेतसे) विस्तृत या अपने नाना सूत्रों के फैलने वाले राज्य में (अवतर) प्राप्त हो और (नदीषु) नदियों के समान प्रभूत, समृद्ध प्रजाओं में (आ अवतर) प्राप्त हो। हे (अग्ने) राजन् ! अग्रणी नेतः ! (अपाम्) समस्त कर्मों, प्रज्ञानों और प्राप्त प्रजाओं का (पित्तम्) तेजस्वरूप बल या पालक (असि) है। हे (मण्डूकि) आनन्द आमोदकारिणि, विद्वत्सभे ! सेने ! तू (ताभिः)

उन प्रजाओं के साथ, (आगहि) प्राप्त हो। (इमं) इस (नः यज्ञं) हमारे सुव्यवस्थित यज्ञ, संगति करने वाले, व्यवस्थित (पावकवर्णम्) पावक पवित्रकारक अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष को अपने नेता रूप से वरण करने वाले राष्ट्र को (शिव) मङ्गलकारी, सुखदायी (कृधि) बना। शत० ९ । १ । २ । २७ ॥

गृहस्थ पक्ष में—हे (मण्डूकि) सुभूषिते, आनन्दकारिणि, पुत्रैषणा की तृप्तिकारिणि ! स्त्रि ! तू (ज्मन्) पृथिवी पर (वेतसे) प्रजा तन्तु सन्तान को फैलाने वाले पुरुष के आश्रय पर और (नदीषु) समृद्धि कारिणी लक्ष्मियों में आकर रह। हे (अग्ने) पुरुष ! तू (अपां) कर्मों का या इच्छाओं का पालक है। हे स्त्रि ! तू उक्त सब पदार्थों सहित और इस अग्नि के समक्ष स्वीकार किये गये या गार्हपत्याग्नि से प्रकाशमान गृहस्थ यज्ञ को मंगलमय बना।

'वेतसे'—वयति तन्तून् संतनोति इति वेतसः। द० उ० भा०। वैतसः पुंप्रजननाङ्गम्। वेतस एव वैतस । वेतसस्यायमिति वा। वैतसो वितस्तो भवति। नि०।

मण्डूकि—मंडूका मज्जूका, मज्जनात् मन्दतेर्वा मोदतिकर्मणो मन्दते-र्वा तृप्तिकर्मणः मण्डयतेरिति वैयाकरणाः मण्ड एषामोकमिति वा मण्डो मदेर्वा मुदेर्वा। इति निरु० ९ । १ । ५ ॥

अपामिदं न्ययनꣳ समुद्रस्य निवेशनम्।
अन्याँस्ते ऽअस्मत्तपन्तु हेतयः पावको ऽअस्मभ्यꣳ शिवो भव ॥७॥

अग्निर्देवता । आर्षी बृहती । मध्यमः ॥

भा०—(इदम्) यह अन्तरिक्ष या भूतल जिस प्रकार जलों का आश्रय है। और (समुद्रस्य) समुद्र का भी (निवेशनम्) आधार है। उसी प्रकार यह राष्ट्र (अपाम्) आप्त प्रजाओं का (नि-अयनम्) आश्रय-

स्थान है और (समुद्रस्य) समुद्र के समान भूमि के घेरने वाले, उसके रक्षक गम्भीर भूमि पर अन्तरिक्ष के समान प्रजा के आच्छादक राजा का भी (निवेशनम्) सेना सहित छावनी बना कर रहने का स्थान है। हे राजन्! (ते हेतयः) तेरे शस्त्र (अस्मत् अन्यान् तपन्तु) हम से अतिरिक्त दूसरे शत्रुओं को पीड़ित करें और तू (पावकः) आहुति योग्य अग्नि के समान (अस्मभ्यं शिव भव) हमारे लिये कल्याणकारी, सुखदायी हो। शत० ६। १। २। २८॥

गृहस्थ पक्ष मे—(इदं) यह गृहस्थ (अपाम्) समस्त कर्मों का आश्रय और (समुद्रस्य) उठती कामना का भी आश्रय है। हे विद्वान् गृहस्थ (ते हेतयः) तेरी लक्ष्मी को बढ़ी सम्पत्तियां हम से दूसरे शत्रुओं को सतावें। तू अग्नि के समान सब को आचार से पवित्र करने वाला होकर सुखकारी हो।

अग्ने पावक रोचिषा मन्द्रया देव जिह्वया।
आ देवान्वक्षि यक्षि च॥ ८॥ ऋ० ५। २६। १॥

वसूयव ऋषयः। अग्निर्देवता। आर्षी गायत्री। षड्जः॥

भा०—हे (अग्ने) ज्ञानवन्! अग्नि के समान तेजस्विन्! राजन्! (पावक) हृदयों को, एक राज्य तन्त्र को पवित्र करने हारे! तू (रोचिषा) तेज से हे देव) राजन्! और (मन्द्रया) हर्षित करनेवाली, तृप्तिकारी, सुखद, गम्भीर (जिह्वया) जिह्वा, वाणी से (देवान्) अन्य विद्वानों और राजाओं के प्रति (वक्षि) उपदेश करता और आज्ञा प्रदान करता और (यक्षि च) सत्संग करता और अन्य राजाओं को मित्र बनाता है। शत० ६। १। २। ३०॥

स नः पावक दीदिवोऽग्ने देवाँ२ऽ इहावह।
उप यज्ञꣳ हविश्च नः॥ ६॥ ऋ० ६। १५। ५॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे (पावक) पवित्रकारक, कण्टकशोधक ! हे (अग्ने) अग्रणी नायक ! एव अग्नि के समान तेजस्विन् ! हे (दीदिवि.) शत्रु-दाहक ! अग्नि के समान जाज्वल्यमान ! (स) वह तू ही (नः) हमारे हित के लिये (देवान्) विद्वान् पुरुषों को (इह) इस राष्ट्र से (आ वह) प्राप्त करा, लाकर बसा । और (न. यज्ञ) हमारे यज्ञरूप परस्पर की संगति से बने राष्ट्र को (उप वह) अपने ऊपर ले और (न हविः च उपवह) और हमें अन्न भी प्राप्त करा । शत० ६ । १ । २ । ३० ॥

पा॒व॒कया॒ यश्चि॒तय॑न्त्या कृ॒पा क्षाम॑न् रुरु॒च ऽउ॒षसो॒ न भा॒नुना॑ ।
तूर्व॑न्न याम॒न्नेत॑शस्य॒ नू रण॒ ऽआ यो घृ॒णे न त॑तृषा॒णो ऽअ॒जरः॑ ॥ १० ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी जगती । निषाद ॥

भा०—(भानुना उपस. न) उषा के प्रकाश से जिस प्रकार सूर्य प्रकाशमान् होता, वह सबको निद्रा से जगाता, पृथ्वी पर प्रकाश डालता और भूतल को पवित्र करता है उसी प्रकार (य) जो राजा (पावकया) पवित्र करने वाली (चितयन्त्या) प्रजा को ज्ञानवान् करने वाली चेतानेवाली या संगृहीत या सुव्यवस्थित करनेवाली (कृपा) राष्ट्र निर्माण शक्ति से युक्त होकर (क्षामन्) इस पृथ्वी पर (रुरुचे) शोभा देता है । और (य) जो (रणे) रण मे (एतशस्य) अश्वमेध मे छोड़े अश्व के (यामन्) मार्ग मे आनेवाले विपक्षियो को (तूर्वन् न) मारता हुआ (घृणे न) प्रदीप्त, संग्राम मे भी सूर्य के समान (ततृषाण') राज्य-लक्ष्मी का सदा पिपासित रहकर भी (अजर. न) अजर जरारहित, अमर, वीर के समान राज्यवृद्धि में लगा रहता है वह तू हमें प्राप्त हो । शत० ६ । १ । २ । ३० ॥

नम॑स्ते॒ हर॑से शो॒चिषे॒ नम॑स्ते ऽअस्त्व॒र्चिषे॑ ।
अ॒न्याँस्ते॑ ऽअ॒स्मत्त॑पन्तु हे॒तयः॑ पा॒व॒को ऽअ॒स्मभ्य॑ꣳ शि॒वो भ॑व ११

भुरिगार्षी बृहती । मध्यम ॥

भा०—हे राजन् ! (ते हरसे नमः) जलाहरण करनेवाले, प्रखर तेज वाले सूर्य के समान तेरे शत्रुओ की राज्य-लक्ष्मी को पाकर, हरण करने वाले क्रोध, या प्रजा के दु:खहारी बल के लिये हम आदर करते हैं। (ते शोचिषे) तेरे पवित्र तेजस्वरूप और (अर्चिषे) सत्कार योग्य शस्त्र ज्वाला का भी (नम) आदर करते हैं। (ते हेतयः) तेरी शस्त्र ज्वालाए (अस्मत् अन्यान्) हमारे से दूसरे शत्रुओं को (तपन्तु) पीड़ित करे। तू (पावक) पावक अग्नि के समान (अस्मभ्यं शिव. भव) हमारे लिये कल्याणकारी हो। शत० ६ । २ । १ । २ ॥

नृषदे वेडप्सुषदे वेड् बर्हिषदे वेड् वनसदे वेट् स्वर्विदे वेट् ॥१२॥

निचृद्गायत्री । षड्जः ॥

भा०—हे राजन् ! (नृषदे) मनुष्यो के बीच में जिस प्रकार प्राण विराजता है, उसी प्रकार प्रिय होकर (नृषदे) सब मनुष्यों के बीच में बैठने वाले तुझको (वेट) यह मान आदर प्राप्त हो। (अप्सुषदे) समुद्रों मे और्वानल के समान प्रजाओं के बीच ग्लानि रहित होकर विराजने वाले तुझको (वेट्) उच्च आसन प्राप्त हो। (बर्हिषदे) यज्ञ मे प्रज्वलित अग्नि के समान अथवा ओषधियो में विद्यमान रस रूप अग्नि के समान प्रजा या राष्ट्र शरीर के दोषो को नाश करने वाले तुझको (वेट्) अधिष्ठातृपद प्राप्त हो। (वनसदे) वनो, जगलों मे लगने वाली दावाग्नि के समान सर्वस्व भस्म कर देने वाले तुझको (वेट्) उग्र पद का अधिकार प्राप्त हो। (स्वर्विदे) आकाश में विद्यमान सूर्य के समान सबको सुख पहुंचाने वाले तुझको (वेट्) उच्च तेजस्वी पद प्राप्त हो। शत० ६ । २ । १ । ८ ॥

ये देवा देवानां यज्ञिया यज्ञियानाᳬ संवत्सरीणमुप भागमासते । अहुतादो हविषो यज्ञे ऽअस्मिन्त्स्वयं पिबन्तु मधुनो घृतस्य ॥१३॥

लोपामुद्रा ऋषिका । प्राणा देवता । आर्षी जगती । निषादः ॥

भा०—(ये) जो (देवाना) दानशील, राजाओ में भी (देवा) विद्या और ज्ञान के देने वाले उत्कृष्ट विद्वान् है और (यज्ञियाना) यज्ञ करने वालो के भी (यज्ञिया) पूजनीय ज्ञान योगी और राष्ट्र संगति करने वाले व्यवस्थापकों में भी (यज्ञिया.) प्राणों के समान स्वयं संगति बनाने वाले विद्वान् महात्मा लोग हैं जो (संवत्सरीणम्) एक वर्ष के बाद प्राप्त होने वाले वार्षिक भेंट (भागम्) अन्न आदि ऐश्वर्य को अथवा वर्ष भर अपने भीतर पुष्ट किये अभ्यस्त (भागम्) सेवनोपासना योग्य ब्रह्म-ज्ञान या ब्रह्मचर्य की उपासना करते हैं वे (यज्ञे) इस राष्ट्रमय यज्ञ मे भी (अहुताद) राजा से दिये वेतन को भोग न करने वाले होकर (अस्मिन् यज्ञे) इस राष्ट्र रूप यज्ञ मे (मधुमत) अन्न और (घृतस्य) तेजोदायक पुष्टिकारक पदार्थों का (स्वयं पिबन्तु) स्वयं यथेच्छ उपभोग करें । शत० ९ । २ । १ । १४ ॥

ये देवा देवेष्वधि देवत्वमायन् ये ब्रह्मणः पुरऽएतारोऽअस्य । येभ्यो नऽऋते पवते धाम किं चन न ते दिवो न पृथिव्याऽअधि स्नुषु ॥ १५ ॥

आर्षी जगती । निषादः ॥

भा०—और (ये देवा) जो विद्वान् ज्ञानप्रद, लोकप्रकाशक विद्वान् लोग (देवेषु अधि) राजाओ के भी ऊपर (देवत्वम्) आदर योग्य देवत्व, राजत्व को (आयन्) प्राप्त हो जाते हैं, (ये) और जो (अस्य ब्रह्मण.) इस ब्रह्मरूप ज्ञानसागर के (पुर·) सबसे प्रथम या पूर्ण (एतार·) ज्ञाता होते हैं । और (येभ्य. ऋते) जिनके बिना (किंचन धाम) कोई स्थान, कोई गृह (न पवते) पवित्र नहीं हो । (ते) वे (दिव· न) न द्यौलोक और (न पृथिव्याः) न पृथिवी के किसी स्थान पर रमकर वे (स्नुषु) पर्वतों के शिखरो पर विचरते है । अथवा सरण शील

प्राणों में ही रमते हुए सर्वत्र विचरते हैं। या (स्नपु) मार्गों में ही परिव्राट् होकर विचरते हैं। शत० ६ । २ । १ । १५ ॥

प्राण॒दा ऽअ॑पान॒दा व्या॑न॒दा व॑र्चो॒दा व॑रिवो॒दाः ।
अ॒न्याँस्ते॑ ऽअ॒स्मत्त॑पन्तु हे॒तयः॑ पाव॒को ऽअ॒स्मभ्य॑ᳪ शि॒वो भ॑व १५

आर्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे अग्ने ! राजन् ! जिस प्रकार शरीर मे जाठर अग्नि प्राण, अपान, व्यान, वर्चस और जीवन धन को देने वाला होता है उसी प्रकार तू राष्ट्र मे (प्राणदा) प्राणों को देने वाला (अपानदाः) राष्ट्र मे अपान, मल आदि को और हानिकर पदार्थों को दूर करने वाला (व्यानदा.) व्यान के समान व्यापक बल रखने वाला (वर्चोदा.) वर्चस् या त्याज के समान पराक्रम को स्थिर रखने हारा और (वरिवोदाः) प्रजा को धन ऐश्वर्य का देने हारा है। (अस्मत् अन्यान्) हमसे अन्य, शत्रुओं के तेरे (हेतय) शस्त्रास्त्र (तपन्तु) पीड़ित करें। राजन् तू (पावक) राष्ट्र को पवित्राचारवान् करने हारा होकर (अस्मभ्य शिव. भव) हमारे लिये शुभ कल्याणकर हो। शत० ६ । २ । १ । १७ ॥

अ॒ग्निस्ति॒ग्मेन॑ शो॒चिषा॒ यास॒द्विश्वं॒ न्य॒त्रिण॑म् ।
अ॒ग्निर्नो॑ वनते र॒यिम् ॥ १६ ॥ ऋ० ६ । १६ । २८ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्षी गायत्री । षड्जः ॥

भा०—(अग्निः) आग जिस प्रकार (तिग्मेन शोचिषा) अपनी तीक्ष्ण ज्वाला से (विश्वं) समस्त (अत्रिणम्) अपने खाने योग्य सूखे, गीले सब पदार्थों को (नि यासत्) विनष्ट कर डालता है उसी प्रकार तेजस्वी, परंतप राजा (अत्रिणम्) प्रजा के माल प्राण को खा जाने वाले राक्षस वृश्चिक, पुरुषों को और सिंह व्याघ्र आदि को अपने (तिग्मेन) तीक्ष्ण (शोचिषा) दीप्ति वाले आग्नेय अस्त्र से (नियासत्) सर्वथा विनष्ट कर

ढाले । और वही (अग्निः) तेजस्वी शत्रुतापक राजा (नः) हम में (रयिम्) ऐश्वर्य को (वनते) विभक्त करे ॥ शत० ६ । २ । २ । ५ ॥

य ऽइमा विश्वा भुवनानि जुह्वदृषिर्होता न्यसीदत्पिता नः ।
स ऽआशिषा द्रविणमिच्छमानः प्रथमच्छदवराँ२ऽ आविवेश ॥१७॥

(१७-२३) ऋ० १० । ८ ॥ १-७ ।

१७—३० त्रिष्टुभ । धैवत. ॥ विश्वकर्मा भौवन ऋषि. । विश्वकर्मा देवता ॥

भा०—राजा के पक्ष में—(य.) जो (न) हमारा (पिता) पिता के समान पालक (ऋषि) ज्ञानवान् होकर (इमा) इन (विश्वा भुवनानि) समस्त उत्पन्न मनुष्य पशु पक्षी आदि प्राणियों को (जुह्वत्) अपने अधीन स्वीकार करता है और (होता) सबका स्वीकर्त्ता और गृहीता, स्वामी, होकर (नि असीदत्) निश्चय करके सिंहासन पर विराजता है (सः) वह (आशिषा) इच्छापूर्वक (द्रविणम्) ऐश्वर्य की (इच्छमान) कामना करता हुआ स्वयं (प्रथमच्छत्) प्रथम, सर्वश्रेष्ठ पदपर अधिष्ठित होकर (अवरान्) अपने से छोटे, अपने अधीन लोगों को (आविवेश) ऐश्वर्य प्रदान करता है ।

परमेश्वर-पक्ष में—(यः) जो (न पिता) हमारा पालक परमेश्वर (इमा विश्वा भुवनानि) इन समस्त भुवनों, लोकों को (जुह्वत्) प्रलय काल में आहित करके अथवा अपने वश में लेकर (ऋषि) स्वयं ज्ञानवान् और (होता) सबका आदानकर्त्ता, वशयिता रूप से (नि असीदत्) व्यापक रूप में विराजता है । (स) वह अपने (आशिषा) व्यापक शासनसामर्थ्य से (द्रविणम्) द्रुतगति से चलने वाले संसार को (इच्छमान) अपनी कामना या सकल्प मात्र से चलाता हुआ स्वयं (प्रथमच्छत्) सर्वोत्तम सबसे विशाल लोको को भी आच्छादित करके (अवरान्) अपने से बाद में उत्पन्न आकाशादि भूतों और समस्त लोकों को (आविवेश) गति देता और उनमें व्यापक होकर रहता है ।

किꣳस्विदासीदधिष्ठानमारम्भणं कतमत्स्वित्कथासीत्।
यतो भूमिं जनयन्विश्वकर्मा वि द्यामौर्णोन्महिना विश्वचक्षाः १८

भा०—राजा के पक्ष में—जब राजा प्रथम महान् राज्य की स्थापना करना प्रारम्भ करता है उसके विषय मे प्रश्न करते हैं—[प्र० १] उस समय उसका (अधिष्ठानम्) आश्रयस्थान (कि स्वित्) भला क्या (आसीत्) होता है। और (प्र० २) (कतमस्वित्) कौनसा पदार्थ (आरम्भणम्) महान् साम्राज्य को आरम्भ करने के लिये मूल रूप से है। और (कथा आसीत्) वह किस प्रकार होता है। (यत) जिससे (विश्वकर्मा) राज्य के समस्त कर्मों को सम्पादन करने में कुशल राजा (भूमिं जनयन्) अपने आश्रय भूमि को पैदा करके, अपनी बनाकर, (महिना) अपने महान् पराक्रम से (विश्वचक्षाः) समस्त राष्ट्र का स्वयं-द्रष्टा होकर (द्याम्) सूर्य के समान तेजस्वी पद को (वि और्णोत्) विशेष रूप से या विविध प्रकार से आच्छादित करता या प्राप्त करता है।

परमेश्वर के पक्ष में—सृष्टि के उत्पन्न करने के पूर्व [१] (कि स्वित्) कौनसा (अधिष्ठानम्) आश्रय (आसीत्) था। और [२] जगत् को (आरम्भणम्) बनाने के लिये प्रारम्भक मूल द्रव्य (कतमत् स्वित्) दृश्यमाण आकाशादि तत्वों मे कौनसा था ? और [३] वह (कथा आसीत्) किस दशा मे था ? (यत.) जिससे वह (विश्वकर्मा) समस्त संसार का कर्त्ता (भूमिम्) सबको उत्पन्न करने वाली भूमि या प्रकृति को (जनयन्) अव्यक्त से व्यक्त रूप मे प्रकट करता हुआ (महिना) अपने महान् सामर्थ्य से (विश्वचक्षाः) विश्व भर को साक्षात् करने हारा होकर (द्याम्) समस्त आकाश को (वि और्णोत्) विविध प्रकार के लोकों, ब्रह्माण्डों से आच्छादित कर देता है।

विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्।
सं बाहुभ्यां धमति सं पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देव एकः॥ १९॥

भा०—राजा के पक्ष में—वह राजा विजिगीषु स्वयं (विश्वतः चक्षुः) चरों और मन्त्रियों द्वारा सब ओर अपनी आंख रखता है। वह (विश्वतो मुखः) सब ओर अपना मुख रखता है। (विश्वतो बाहुः) वह सब ओर अपने शत्रुओं को पीड़न करने वाली बाहुएं रखता है। और (विश्वतः पात्) सब ओर शत्रु पर आक्रमण करने के कदम बढ़ाता रहता है। वह (बाहुभ्याम्) बाहु के समान सेना के दोनों पक्षों से संग्रामभूमि में (संधमति) आगे बढ़ता है और (पतत्रैः) अपने सेना दल रूप पक्षों या आगे बढ़ने वाले दस्तों सहित (सधमति) शत्रु पर जा चढ़ता है। (द्यावाभूमी) भोग्य भूमि और भूमिस्थ प्रजाओं और द्यौ = सूर्य के समान भोक्ता राजा दोनों को (जनयन्) स्वयं पैदा करता हुआ (एकः देवः) एकमात्र विजयी होकर विराजता है।

ईश्वर के पक्ष में—वह परमेश्वर (विश्वतः चक्षुः) सर्वत्र आंख वाला, सर्वत्र द्रष्टा, (विश्वतः मुखः) सर्वत्र ज्ञानोपदेशक मुख वाला, (विश्वतो बाहुः) सर्वत्र वीर्यरूप बाहुमान् और (विश्वतः पात्) सर्वत्र चरण वाला है। अर्थात् वह सब प्रकार की शक्तियों से सर्वत्र व्याप्त है। वह (बाहुभ्याम्) अनन्त बल वीर्यों द्वारा (एकः देवः) अकेला देव (द्यावाभूमी जनयन्) आकाशस्थ और भूमि और भूमिस्थ पदार्थों को रचता हुआ (पतत्रैः) व्यापनशील या प्रगतिशील प्रकृति के परमाणुओं से (सं धमति) संसार को सुव्यवस्थित करता और रचता है।

किꣳस्विद्वनं क उ स वृक्ष आस यतो द्यावापृथिवी निष्टतक्षुः। मनीषिणो मनसा पृच्छतेदु तद्यदध्यतिष्ठद्भुवनानि धारयन् ॥२०॥

भा०—राजा के पक्ष में—(किं स्वित् वनम्) जिस प्रकार काठ के नाना पदार्थों को बनाने के लिये लकड़ी आवश्यक होती है और उसको किसी वृक्ष में से काटा जाता है और जंगल से लाया जाता है और दृढ़, उत्तम

पदार्थ को बनाने के लिये उत्तम काष्ठ का ही संग्रह किया जाता है। इसी प्रकार गृह, राज्य और समस्त रचनायुक्त कार्यों के लिये पहले मूल द्रव्य की अपेक्षा होती है। उसी के विषय में प्रश्न है कि—(१) (यतः) जिसमें से (द्यावापृथिवी) द्यौ, सूर्य और पृथिवी दोनों के समान भोक्ता और भोग्य राजा और प्रजा दोनों को (नि ततक्षु) विद्वान् लोग गढ़कर तैयार करते है वह (वनं कि स्वित्) कौन सा 'वन' है। अर्थात् जैसे किसी वन से काष्ठ लाकर काठ के पदार्थ बनाये जाते हैं ऐसे राजा प्रजाओ को बनाने के लिये किस जगह से मूल द्रव्य लाया जाता है। और (२) (कः उ सः वृक्षः आस) वह वृक्ष कौनसा है ? अर्थात् जिस प्रकार कुर्सी आदि बनाने के लिये किसी वृक्ष को काट कर उसमे से कुर्सी बनाई जाती है उसी प्रकार यह राजा प्रजा युक्त राष्ट्र को किस मूल स्थिर पदार्थ मे से गढ़कर निकाला गया है। हे (मनीषिणः) मनीषी, मतिमान् विद्वान् पुरुषो ! (मनसा) अपने मन से समझ बूझकर तुम भी क्या इसपर कभी (पृच्छत इत् उ) प्रश्न या तर्क वितर्क या जिज्ञासा किया करते हो कि (तत्) वह महान् बल कौनसा है (यत्) जो (भुवनानि धारयन्) समस्त उत्पन्न प्राणियों को पालन करता हुआ उनपर (अधि अतिष्ठत्) अधिष्ठाता, शासक रूप से विराजता है। वह क्या है ?

परमेश्वर-पक्ष में—(किं स्विद् वनं) वह कौनसा मूलकारण, सबके भजन करने योग्य परम पदार्थ है और (कः उ सः वृक्षः आस) वह कौनसा वृक्ष अर्थात् मूल 'स्कम्भ' या तना है (यत द्यावापृथिवी) जिसमें से द्यौ और भूमि, जमीन और आकाश इनको परमेश्वर ने (नि. ततक्षु) गढ़ कर निकाला है। हे (मनीषिणः) ज्ञानशाली, संकल्प विकल्प और ऊहापोह करने मे कुशल विवेकी पुरुषो ! आप लोग भी (तत्) उस मूल कारण के सम्बन्ध में (पृच्छत) प्रश्न, तर्क वितर्क, जिज्ञासा करो (यत्) जो (भुवनानि धारयन्) समस्त उत्पन्न हुए असंख्य ब्रह्माण्डों और

उत्पन्न लोकों और सूर्यादि पदार्थों को धारण पालन पोषण और स्तम्भन करता हुआ उनपर (अधि अतिष्ठत्) अध्यक्ष रूप से शासन कर रहा है।

या ते धामानि परमाणि यावमा या मध्यमा विश्वकर्मन्नुतेमा।
शिक्षा सखिभ्यो हविषि स्वधावः स्वयं यजस्व तन्वं वृधानः २१

भा०—राजा के पक्ष में—हे विश्वकर्मन्) समस्त राष्ट्र के कार्यों के करने वाले या उसको बनाने वाले ! हे (स्वधाव) अपने राष्ट्र को धारण करने के बल से युक्त ! अथवा 'स्व', शरीर के पालक पोषक अन्न आदि ऐश्वर्य के स्वामिन् ! (या) जो (ते) तेरे (परमाणि) सबसे श्रेष्ठ, (या) जो (अवरा) सबसे निकृष्ट, या (मध्यमा) मध्यम श्रेणी के (उत इमानि) और ये साधारण (धामानि) कर्म और धारण करने योग्य पदाधिकार और तेज हैं उनको (सखिभ्यः) अपने मित्र वर्गों को (हविषि) अपने गृहीत राष्ट्र में (शिक्ष) प्रदान कर और (स्वयं) अपने आप (तन्वं) अपने विस्तृत राष्ट्र को बढ़ाता हुआ (यजस्व) सबको सुसंगत, सुव्यवस्थित, दृढ़ता से सम्बद्ध कर।

परमेश्वर के पक्ष में—हे (विश्वकर्मन्) विश्व के कर्त्ता ! हे (स्वधाव) विना किसी की अपेक्षा किये स्वयं समस्त ससार को धारण करने के अनन्त बल वाले ! (या) जो (ते) तेरे (परमाणि) परम, सर्वोच्च (अवमा) सूक्ष्म, वहुत छोटे २, (मध्यमा) बीच के (उत इमा) और ये सभी आखों से दीखने वाले (धामानि) कर्म हैं उन सबको (सखिभ्य.) हम मित्र रूप जीवों को (शिक्षा) तू प्रदान करता है, तू ही (तन्वः वृधानः) हम जीवों के शरीरों की वृद्धि करता हुआ (हविषि) आदान करने योग्य अन्नादि में (स्वयं) आप से आप हमें (यजस्व) संयुक्त करता है। अथवा (हविषि तन्वं वृधान. स्वयं यजस्व) अन्न के आधार पर शरीरों की वृद्धि करता हुआ आप से आप सब सुसगत करता या समस्त भोग्य सुख प्रदान करता है।

विश्वकर्मन्हविषा वावृधानः स्वयं यजस्व पृथिवीमुत द्याम् ।
मुह्यन्त्वन्ये ऽअभितः सपत्ना ऽइहास्माकं मघवा सूरिरस्तु ॥२२॥

भा०—राजा के पक्ष में—हे (विश्वकर्मन्) समस्त राष्ट्र के विधातः ! या राष्ट्र के समस्त उत्तम कर्मों के कर्त्तः ! तू (हविषा) कर के आदान और राष्ट्रों के विजय के कार्यों से (वावृधानः) वृद्धि को प्राप्त होता हुआ (स्वयं) अपने आप सामर्थ्य से (पृथिवीम् उत द्याम्) पृथिवी और सूर्य के समान प्रजा और तेजस्वी राजा दोनो के विभागों को (यजस्व) सुसंगत, संगठित कर । पर उनको ऐसे मित्र भाव में बांधे रख जिससे (अभितः) चारों ओर के (अन्ये सपत्नाः) और दूसरे शत्रु गण (मुह्यन्तु) मोह में पड़े रहें । वे किंकर्त्तव्य विमूढ़ हो जायं और फोड़ फाड़ करने में असमर्थ होकर लाचार बने रहें । और (इह) इस राष्ट्र में (अस्माकं) हमारे बीच में (मघवा) धन ऐश्वर्य से सम्पन्न पुरुष (सूरिः) विद्वान् (अस्तु) हो वह मूर्ख न रहे जिससे शत्रु के बहकावे मे न आ जावे ।

परमेश्वर के पक्ष में—(हविषा) समस्त संसार को अपने वश करने वाले सामर्थ्य से (वावृधान) बढ़ता हुआ हे (विश्वकर्मन्) विश्व के कर्तः ! परमेश्वर ! तू (पृथिवीं द्याम् उत स्वयं यजस्व) द्योर और पृथिवी को परस्पर सुसंगत करता, दोनों को एक दूसरे के आश्रित करता है । (अन्ये सपत्नाः) अन्य समान पतित्व या ईश्वरत्व चाहने वाले बड़े ऐश्वर्यवान्, विभूतिमान् जीव भी तेरे इस महान् सामर्थ्य को देख कर मुग्ध होते हैं । कहते हैं कि तू ही (इह) यहां, इस संसार में हमारा (मघवा) एकमात्र ईश्वर और (सूरिः) एकमात्र ज्ञानप्रद विद्वान् (अस्तु) है ।

वाचस्पतिं विश्वकर्माणमूतये मनोजुवं वाजे ऽअद्या हुवेम ।
स नो विश्वानि हवनानि जोषद्विश्वशम्भूरवसे साधुकर्मा ॥२३॥

भा०—राजा के पक्ष में—(वाचस्पतिम्) वाक्, वाणी, आज्ञा

वचनों, शासनों के स्वामी (विश्वकर्माणम्) राष्ट्र के समस्त कार्यों का प्रवर्त्तक (मनोजुवम्) मन के समान गति करनेवाली अर्थात् जिस प्रकार इन्द्रियों में और शरीर में मन, चेष्टा और चेतना का सञ्चार करता है उनको व्यवस्था मे रखता और सब का भोग भी करता है, उसी प्रकार राष्ट्र के शासक अधिकारियों को सञ्चालन करने और उनको सचेत रखने और राष्ट्र शरीर से नाना भोग प्राप्त करने वाले राजा को हम (अद्य) आज, सदा (ऊतये) रक्षा के लिये (हुवेम) बुलाते हैं। (स) वह (न) हमारे (विश्वा) समस्त (हवनानि) आह्वानो और पुकारों को (जोषत्) प्रेम से श्रवण करता है। क्योंकि वह (अवसे) रक्षा करने के लिये ही (विश्वशम्भू) समस्त राष्ट्र का कल्याण करने वाला और (साधुकर्मा) उत्तम कर्मों का करनेवाला है। वह रक्षा-कार्य से 'विश्वशम्भू' और साधुकर्मा होने से ही 'विश्वकर्मा' है।

ईश्वर-पक्ष में—ईश्वर-वाणी, वेद वाणी, समस्त ज्ञान का स्वामी, विश्व का कर्त्ता और विश्व के समस्त कार्यों का भी कर्त्ता मनोगम्य है, उसको हम अपनी रक्षा के लिये पुकारते हैं। वह हमारे आत्मा की पापों से रक्षा करे। वह हमारी सब पुकारो को प्रेम से सुनता है। वह सब का कल्याणकारी और श्रेष्ठ कर्म करने हारा, उपकारी है। विशेष व्याख्या देखो अ० ८। ४५॥

विश्व॑कर्मन् ह॒विषा॒ वर्ध॑नेन त्रा॒तार॒मिन्द्र॑मकृणोरव॒ध्यम्।
तस्मै॒ विश॒: सम॑नमन्त पू॒र्वीर॒यमु॒ग्रो वि॒हव्यो॒ यथास॑त्॥ २४॥

भा०—व्याख्या देखो अ० ८। ४६॥

चक्षु॑षः पि॒ता मन॑सा॒ हि धीरो॑ घृ॒तमे॑ने ऽअजन॒न्नम्न॑माने।
य॒देदन्ता॒ ऽअद॑दृहन्त॒ पूर्व॒ ऽआदिद्द्यावा॑पृथि॒वी ऽअ॑प्रथेताम्॥२५॥

[२५-३१] ऋ० १०। ८२॥ १-७॥

भा०—राजा के पक्ष में-(यदा इत्) जब ही (पूर्वे) पूर्व के विद्वान्

लोग (अन्ता) सीमा भागों को (अदृहन्त) विस्तृत करके स्थिर कर लेते हैं। (आत् इत्) उसके बाद ही (द्यावापृथिवी) सूर्य पृथिवी के समान एक दूसरे के उपकारक राजा और प्रजा भी दोनों (अप्रथेताम्) विस्तार को प्राप्त होते है। और (चक्षुषः पिता) सब प्रजा पर निरीक्षण करने वाले राजा का (पिता) पालक, विद्वान् पुरोहित ही (धीरः) बुद्धिमान् होकर (मनसा) अपने ज्ञान से (घृतम्) तेज और ज्ञान-बल को (अजनत्) उत्पन्न या प्रकट करता है और (एने) इन दोनों को (नम्नमाने) एक दूसरे के प्रति आदर से झुकने वाले विनयशील बनाता है। विद्वान् लोग ही राजा प्रजा को परस्पर मिलाते हैं और दोनों को एक दूसरे के प्रति विनीत बनाते और वे ही राज्य की सीमाओं को और व्यवस्थाओं को बनाते है।

ईश्वर के पक्ष में—(यदा इत्) जबही (अन्ता) सीमाएं अर्थात् प्रकृति के विरल परमाणु (अदृहन्त) कुछ घनी भूत होकर दृढ़ हो गये तो (आत् इत्) तभी (द्यावापृथिवी अप्रथेताम्) आकाश और भूमि दोनों पृथक् २ हो गये। बीच का अवकाश प्रकट हो गया। (धीरः) जगत् को धारण करने हारे (मनसा) अपने मन, संकल्प के बल से ही (नम्नमाने एने) एक दूसरे के प्रति झुकने वाले इन दोनों के प्रति (घृतम् अजनत्) जल को प्रकट किया अर्थात् पृथ्वी से जल ही ऊपर को सूक्ष्म होकर उठता है। सूर्य से किरण पृथिवी पर पड़ती हैं। पुनः भूमि उत्तम होती है। फिर जलही आकाश से नीचे आता है अर्थात् दोनो को परस्पर सम्बन्ध विधायक जल ही है।

स्त्री पुरुष के पक्ष में—जब विद्वान् लोग दोनो स्त्री पुरुषों के (अन्ता) विवाह द्वारा अंचरे बांध देते हैं तभी वे (द्यावापृथिवी अप्रथेताम्) नरनारी सूर्य और पृथिवी के से सम्बन्ध से मिले दीखते हैं। पुरुष सूर्य के समान तेजस्वी, तेज रूप वीर्य का प्रक्षेपक होता है और पृथिवी स्त्री बीज को भीतर धारण

करने हारी होती है। तत्र (चक्षुष पिता) आंख का पालक, स्नेहमय चक्षु का पालक प्राण (एने नम्नमाने प्रति) इनको एक दूसरे के प्रति झुकते हुए या परस्पर संगत होते हुए इनके बीच में (घृतम्) स्नेह या 'तेज', वीर्य को (अजनत्) उत्पन्न कर देता है।

विश्वकर्म्मा विमना ऽआद्विहाया धाता विधाता परमोत सन्दृक्। तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्त ऽऋषीन् पर ऽएकमाहुः २६

भा०—राजा के पक्ष मे–(विश्वकर्मा) पूर्वोक्त राष्ट्र के समस्त कार्यों का सम्पादक राजा (विमना) विविध विज्ञानो से युक्त अथवा विशेष रूप से मननशील होकर (आत् विहायाः) फिर स्वय विविध कार्यों व्यवहारों मे ज्ञानपूर्वक प्राप्त होता है और पुन (धाता) सबका पोषण करने वाला, (विधाता) राष्ट्र के विविध अगो का निर्माता, (परमा) सर्वोच्च पदपर विराजमान और (संदृक्) समस्त राष्ट्र के कार्यों और प्रजा के व्यवहारो को देखने हारा होता है। (तेषाम्) उन प्रजा जनो के (इष्टानि) समस्त अभिलषित सुख के पदार्थ (इषा) अन्न के सहित उसी के आश्रय पर (सम् मदन्ति) हर्ष और आनन्दप्रद होते है, वृद्धि को प्राप्त होते है (यत्र) जहा (सप्त ऋषीन्) शरीर गत सातो प्राणो के समान राष्ट्र के मुख्य मन्त्रद्रष्टा सात प्रधानामात्यों को (पर) अपने से भी उत्कृष्ट राजा मे (एकम्) एकाकार हुए (आहु) बतलाते हैं।

ईश्वरपक्ष मे–वह विश्वस्रष्टा, विज्ञानवान्, व्यापक, पालक पोषक, कर्त्ता परम द्रष्टा है। जिसमें समस्त जीवों क (इष्टानि) प्राप्य कर्मफल आश्रित हैं। और जिसके आश्रय पर सर्व जीव (इषा) अन्न तथा कर्म फल द्वारा खूब हर्षित होते हैं। और जहा सातो (ऋषीन्) गतिशील प्रकृति के मुख्य विकारो को भी परब्रह्म में एकाकार हुआ बतलाते हैं। अथवा-(यत्र तेषाम् इष्टानि) जिसके वश में जीवों के इष्ट कर्मफल हैं।

(यत्र सप्त ऋषीन् प्राप्य जीवाः इषा सम्मदन्ति) और जिसके आधार पर जीव अपने अन्नादि, कर्म फल से तृप्त होते हैं। और (य परः) जो सब से उत्कृष्ट है (यत् एकम् आहुः) जिसको एक, अद्वितीय बतलाते हैं।

आत्मापक्ष मे-आत्मा विश्वकर्मा है। वह विशेष मन रूप उपकरण वाला, सब में व्यापक, सब प्राणों का पोषक, कर्त्ता, परम द्रष्टा है प्राणों की वाञ्छित चेष्टाए उसी में आश्रित हैं। और (इषा) इसी की इच्छा या प्रेरणा से (सम्मदन्ति) भली प्रकार तृप्त होते हैं। जिसमे सातों शीर्ष गत प्राणों को एकाकार मानते हैं। वही सब से पर, उत्कृष्ट है।

यो नः पिता जनिता यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा। यो देवानां नामधा ऽएक ऽएव तꣳ सम्प्रश्नं भुवना यन्त्यन्या २७

भा०—राजा के पक्ष में—(यः) जो राजा (नः पिताः) हमारा पालक है (जनिता) सब राष्ट्र के कार्यों का प्रकट करने वाला, या उत्पादक पिता के समान हमारी स्थिति का कारण, (यः विधाता) जो विशेष नियम व्यवस्थाओं का कर्त्ता धर्त्ता, होकर (विश्वा भुवनानि) समस्त लोकों को और (धामानि) धारक सामर्थ्यों, तेजो और अधिकार पदों को (वेद) जनता और प्राप्त करता है। (यः) जो (देवानाम्) सब विद्वान् शासकों या अधीन विजिगीषु नायकों के (नामधा) नामो का स्वयं धारण करने वाला (एक. एव) एक ही है (तम्) उस (सम्प्रश्नम्) सब के प्रश्न करने योग्य अर्थात् आज्ञा प्राप्त करने योग्य को आश्रय करके (अन्या भुवना यान्ति) और सब लोग और राष्ट्र के अंग विभाग चल रहे हैं। सभी अधीन लोग राजा से पूछ कर ही काम करते हैं इस लिये राजा 'सम्प्रश्न' है।

ईश्वर के पक्ष में —जो हमारा पालक, उत्पादक, विशेष धारक पोषक, है। जो समस्त भुवनो, लोकों और (धामानि) तेजो और विश्व के धारक

सामर्थ्यों को प्राप्त कर रहा है। जो समस्त (देवाना) देवों, दिव्य पदार्थों के नामों को स्वयं धारण करता है। अर्थात् सूर्य, चन्द्र आदि भी जिस के नाम हैं वह (एक एव) अद्वितीय ही है (तम् सम्प्रश्नं) उस सम्यग् रीति से सभी से जिज्ञासा करने योग्य परमपद का आश्रय करके (अन्या भुवना) और सब लोक (यन्ति) गति करते हैं। सभी परमेश्वर के विषय में तर्क वितर्क जिज्ञासा करते हैं इसलिये वह 'सम्प्रश्न' है।

अध्यात्म में-वह आत्मा (न) हम प्राणों का पालक धारक है, वह सब के (धामानि) तेजों को धारण करता है। सब (देवाना) प्राणों का नाम या स्वरूप वह स्वय धारण करता है। वह सर्व जिज्ञास्य है उसके आश्रय पर (भुवना) उससे उत्पन्न समस्त प्राण चेष्टा कर रहे हैं।

त ऽआयंज त द्रविणꣳ समस्मा ऽऋषंयः पूर्वे जरितारो न भूना। असूर्त्ते सूर्त्ते रजसि निषत्ते ये भूतानि समकृण्वन्निमानि॥ २८॥

भा०—राजा के पक्ष में—(ते ऋषय) वे राजनीति के मन्त्रदृष्टा लोग, मुख्य महामात्य लोग (अस्मै) इस राष्ट्रवासी प्रजाजन को (पूर्वे जरितार: न) अपने से पूर्व के विद्वान् नीति शास्त्र के प्रवक्ताओं के समान ही (भूना) बहुत अधिक (द्रविणम्) धन ऐश्वर्य (सम् आयजन्त) प्रदान करते हैं। और (ये) जो (असूर्त्ते) अप्रत्यक्ष परोक्ष अर्थात् दूर के और (सूर्त्ते) प्रत्यक्ष, समीप के, (निषत्ते) अपने अधीन स्थिरता से प्राप्त (रजसि) प्रदेश में (इमानि भूतानि) इन समस्त प्रजास्थ प्राणियों को (सम्-आकृण्वन्) उत्तम रीति से संस्कृत करते, शिक्षित करते एवं सुसभ्य बनाने का यत्न करते हैं।

राजा के मन्त्रदृष्टा विद्वान् अपने अधीन दूर समीप सभी देशों की प्रजाओं को शिक्षित सभ्य बनाने का उद्योग करें।

ईश्वर के पक्ष में—(ते ऋषय:) वे पूर्व के ऋषि, प्रकृति की सातों विकार

आदि महान् शक्तियां (जरितार.) विद्वान् उपदेशकों के समान (अस्मै) इस जीव सर्ग को (भूना द्रविणं आयजन्त) बहुत २ ऐश्वर्य प्रदान करते हैं अर्थात् पाचों भूत, अहंकार और महत्तत्व प्राणादि पाच, सूत्रात्मा और धनञ्जय ये सातों जीवों को बहुत विभूति प्रदान करते हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रजोगुण में विराजमान् प्राणियों को ये ही विशेष २ रूप से उत्पन्न करते हैं।

प॒रो दि॒वा प॒र ऽए॒ना पृ॑थि॒व्या प॒रो दे॒वेभि॒रसु॑रै॒र्यदस्ति॑ ।
कꣳ स्वि॒द् गर्भं॑ प्रथ॒मं द॑ध्र॒ आपो॒ यत्र॑ दे॒वाः स॒मप॑श्यन्त॒ पूर्वे॑ २६

भा०—राजा के पक्ष मे-[प्र०] (दिवा परः) सूर्य से भी गुणों में पर अर्थात् उत्कृष्ट (एना पृथिव्या पर) इस पृथिवी से भी गुणो मे उत्कृष्ट, (देवेभिः) विद्वानों से और (असुरे) अविद्वान्, केवल प्राणधारी बलवान् पुरुषों से भी (परः) ऊंचा (यत् अस्ति) जो पदाधिकारी है वह कौन है ? और (आप.) आप्त प्रजाएं (कं स्वित्) किस (प्रथमम्) सर्वश्रेष्ठ को (गर्भम्) राष्ट्र के ग्रहण मे समर्थ जानकर अपने बीच मे। दध्रे) धारण करती हैं। (यत्र) जिसके आश्रय पर (पूर्व) शक्तियो मे पूर्ण (देवा.) समस्त विद्वान् और राजा गण (सम् अपश्यन्त) राष्ट्र के कार्यों का भली प्रकार आलोचन या विचार करते हैं। वह कौन है ? (उत्तर) राजा।

ईश्वर के पक्ष में-(दिवः परः) आकाश और सूर्य से भी परे, पृथिवी से भी परे, (देवेभिः) दिव्य पदार्थों और प्राणो से भी परे, (असुरैः) काल रूप वर्ष आदि से भी परे कौन है ? (आप) प्रकृति के सूक्ष्म परमाणु किस शक्ति को प्रथम अपने भीतर धारण करते हैं ? और (यत्र) किसमें (पूर्वे देवाः पूर्ण शक्तियुक्त दिव्य पदार्थ भी (सम् अपश्यन्त) अपने को एकत्र हुआ पाते है। या किसके आश्रय पर (पूर्वे देवाः) पूर्ण विद्वान् पुरुष (सम् अपश्यन्त) सम्यग् दर्शन करते हैं। (उत्तर) ब्रह्म।

तमिद् गर्भं प्रथमं दध्र ऽआपो यत्रं देवाः समगच्छन्त विश्वे।
अजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन्विश्वानि भुवनानि तस्थुः ॥३०॥

भा०—पूर्व प्रश्न का उत्तर। राजा के पक्ष में— तम्) उस (प्रथमम्) सर्वश्रेष्ठ (गर्भम्) राष्ट्र को ग्रहण करने में समर्थ या प्रजा द्वारा राजा स्वीकार करने और आश्रय रूप से ग्रहण करने योग्य पुरुष को (आपः) आप्त प्रजाएं (दध्रे) धारण करती हैं (यत्र) जिसका आश्रय लेकर (देवाः) समस्त विद्वान् गण और शासक (सम् अगच्छन्त) एकत्र होते और व्यवस्था में सगठित हो जाते हैं। (अजस्य) अनुत्पन्न, अप्रकट रूप में विद्यमान राज्य के (नाभौ) नाभि, या केन्द्र भाग में (अधि) सबके ऊपर अधिष्ठाता रूप से (एकम्) उस एक पद को (अर्पितम्) स्थापित किया जाता है (यस्मिन्) जिस पर आश्रित होकर (विश्वानि भुवनानि) समस्त चर अचर प्राणि और प्रजाएं (तस्थुः) राष्ट्र में स्थिर होकर रहते हैं।

परमेश्वर के पक्ष में—(तम् इत् प्रथमम्) उसही सर्वश्रेष्ठ सबसे प्रथम विद्यमान परमेश्वर के (आपः) प्रकृति के कारण परिमाणु अपने (गर्भम् दध्रे) गर्भ में धारण करते हैं (यत्र) जिसके आश्रित (विश्वे देवाः सम् अगच्छन्त) समस्त दिव्य शक्तियां, पांचों भूत आदि वैकारिक पदार्थ एकत्र होकर एक काल में व्यवस्थित हैं। वस्तुतः (अजस्य) अव्यक्त रूप से विद्यमान संसार के (नाभौ) नाभि, केन्द्र अथवा उसको बांधने वाले तत्व के रूप में (एकम्) एक परम तत्व (अधि अर्पितम्) सर्वोपरि विद्यमान है (यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः) जिसमें समस्त भुवन, उत्पन्न लोक आश्रय पाकर स्थिर हैं।

न तं विदाथ य ऽइमा जजानान्यद्युष्माकमन्तरं बभूव।
नीहारेण प्रावृता जल्प्या चासुतृप ऽउक्थशासश्चरन्ति ॥ ३१ ॥

भा०—राजा के पक्ष मे—हे प्रजाजनो ! (तं न विदाथ) तुम लोग उसको नहीं जानते, नहीं देखते (यः इमा जजान) इन समस्त राज्य-कार्यों को प्रकट करता है। (अन्यत्) और वह (युष्माकम्) तुम लोगो के ही (अन्तर) बीच में (बभूव) रहता है। (जल्प्या) केवल बातें कहने वाले (असुतृपः) प्राणमात्र लेकर सन्तुष्ट रहने वाले (उक्थशासः) राजाज्ञा के अनुसार शासन करने वाले लोग भी (नीहारेण प्रावृता) मानो कोहरे मे छिपे हुए के समान होकर विचरते हैं। वे भी राजा के परम पद को भली प्रकार नहीं जानते हैं। वे केवल अपने वेतन या प्राण वृत्ति से ही तृप्त रहते हैं।

ईश्वर के पक्ष में—हे मनुष्यो ! (य. इमा जजान) जो इन समस्त लोको को पैदा करता है (त न विदाथ) तुम लोग उसको नहीं जानते। (अन्यत्) वह और ही तत्व है जो सब से भिन्न होकर भी (युष्माकम् अन्तरं) तुम लोगो के भी बीच मे (बभूव) व्यापक है। (नीहारेण प्रावृता) कोहरे या धुन्ध से घिरे हुए पुरुषों के समान दूर तक न देखने वाले लघु दृष्टि होकर (जल्प्या) केवल मौखिक वार्त्तालाप या वाद विवाद में ही लिपटे हुए होकर केवल (असुतृपः) प्राण लेकर ही तृप्त होने वाले, (उक्थशास) ज्ञान के योग्य तत्व का अनुशासन करने वाले बन कर (चरन्ति) विचरते हैं। अर्थात् लोग उसके विषय शास्त्रो की बातें बहुत करते है, परन्तु साक्षात् नही करते।

विश्वकर्मा ह्यजनिष्ट देव ऽआदिद्गन्धर्वो ऽअभवद् द्वितीयः। तृतीयः पिता जनितौषधीनामपां गर्भं व्यदधात्पुरुत्रा ॥ ३२ ॥

स्वराडार्षी पंक्तिः। पञ्चम ॥

भा०—राजा के पक्ष मे—(विश्वकर्मा) राष्ट्र के समस्त उत्तम कार्यों

३२—इति वैश्वकर्मण होमः ॥

का सन्चालक, प्रवर्त्तक (हि) निश्चय से (देवः) वह सर्वप्रद, सर्वविजयी राज सबसे प्रथम (अजनिष्ट) प्रकट होता है। (आत् इत्) उसके बाद (गन्धर्वः) गौ अर्थात् पृथिवी का धारण करने वाला भूमिपति, गौ वाणी शासनाज्ञा का धारक (अभवत्) होता है। और फिर (तृतीयः) तीसरे वह (ओपधीनाम्) ओप अर्थात् शत्रु के दाह करने के वीर्य को धारण करने वाली सेनाओं का पालक और उत्पादक है। वह ही (पुरुत्रा) बहुतो को रक्षा करने मे समर्थ होकर (अपाम्) आप्त प्रजाजनों का (गर्भम्) गर्भ अर्थात् ग्रहण करने वाले, उनको वश करने वाले राष्ट्र को (व्यदधात्) विविध प्रकार से विधान करता है। विविध व्यवस्थाओ से उनको व्यवस्थित करता है। राजा के क्रम से चार रूप हुए प्रथम 'देव' विजिगीषु, दूसरा 'गन्धर्व' विजित भूमि का स्वामी, तृतीय सेनाओं का पालक और उत्पादक, चतुर्थ प्रजाओं का वशकर्त्ता।

ईश्वरपक्ष में—सब से प्रथम (विश्वकर्मा देव' हि अजनिष्ट) विश्व का कर्त्ता प्रकाशस्वरूप विद्यमान था। (आत् इत् द्वितीय गन्धर्व अभवत्) फिर उससे गौ, वाणी वेद, और पृथिवी का धारक सूर्य प्रकट हुआ यह ईश्वरीय शक्ति का दूसरा रूप था। (तृतीय ओषधीना जनिता पिता च) तीसरा, ओपधियों-घास लता वृक्षादि का पालक और उत्पादक मेघरूप है। वह (अपा गर्भम् पुरुत्रा व्यदधात्) मेघ होकर प्रजापति बहुत से जीव सर्गों के पालने में समर्थ होकर जलों को अपने गर्भ में धारण करता है।

अध्यात्म में—विश्वकर्मा आत्मा है। वह वाणी का प्राण द्वारा धारक होने से गन्धर्व है। ओपधि=ज्ञान-धारक इन्द्रियगण का पालक और उत्पादक है। वह (अपां गर्भम्) ज्ञानो और कर्मों को ग्रहण करने में समर्थ होता है।

आशुः शिशा॑नो वृष॒भो न भी॒मो घ॑नाघ॒नः क्षोभ॑णश्चर्षणी॒नाम् ।
सं॒क्रन्द॑नोऽनिमि॒ष ऽएकवी॒रः श॒तꣳ सेना॑ऽअजयत्सा॒कमिन्द्रः॑ ३३

[३३-४४] ऋ० १० । १०३ । १–१२ ॥

३३ — ४४ अप्रतिरथ ऐन्द्र ऋषिः । इन्द्रो देवता । त्रिष्टुभः ॥ अप्रतिरथ सूक्तम् ॥

भा०—सेनापति रूप से इन्द्र का वर्णन । (आशुः) अति वेगवान्, शीघ्रगामी, बड़े वेग से शत्रु पर आक्रमण करने वाला (शिशानः) अपने हथियारों को खूब तीक्ष्ण करके रखने वाला अथवा (शिशानः) शत्रु-सेनाओं को काटता फाटता, (वृषभ न भीमः) मदमत्त वृषभ के समान भयकार अथवा मेघ के समान शत्रुओं पर शर वर्षण करने वाला होकर अति भयंकर (घनाघनः) शत्रुओं को निरन्तर या वार वार हनन करने वाला, अथवा मारो मारो इस प्रकार सेनाओं को आज्ञा देने वाला, (चर्षणीनाम् क्षोभणः) समस्त मनुष्यों को विक्षुब्ध कर देने वाला, (संक्रन्दनः) शत्रुओं को अच्छी प्रकार रुलाने या ललकारने वाला, (अनिमिष) कभी न झपकने वाला, सदा सावधान एवं निर्भय, प्रमाद रहित, (एक वीरः) एक मात्र वीर्यवान् शूरवीर (इन्द्रः) शत्रुओं का विदारण करने में समर्थ पुरुष हो (शत सेनाः) सैकड़ो नायको सहित दलों, या सेनाओं को (साकम्) एकही साथ (अजयत्) विजय करता है । जो पुरुष ऐसा शूरवीर हो वही सेनापति इन्द्र पद पर विराजे । शत० ९।२।३।६॥

सं॒क्रन्द॑नेनानिमि॒षेण॑ जि॒ष्णुना॑ युत्का॒रेण॑ दुश्च्यव॒नेन॑ धृ॒ष्णुना॑ ।
तदिन्द्रे॑ण जयत॒ तत्स॑हध्वं॒ युधो॑ नर॒ ऽइषु॑हस्तेन॒ वृष्णा॑ ॥ ३४ ॥

भा०—हे (युध नरः) योद्धा नायक वीर पुरुषो ! तुम लोग (संक्रन्दनेन) दुष्ट शत्रुओं को रुलाने वाले या उनको ललकारने वाले (अनिमिषेण) निरन्तर सावधान, न चूकने वाले (जिष्णुना), सदा जयशील, (युत्कारेण) युद्ध करने वाले, अतिवीर (दुश्च्यवनेन) शत्रुओं से कभी पराजित न होने वाले मैदान छोड़ कर कभी न भागने वाले दृढ़,

(धृष्णुना) शत्रुओं का मानभङ्ग करने में समर्थ, (इषुहस्तेन) बाणों को अपने हाथ में लेने वाले अथवा बाणों से मारने वाले, (वृष्णा) बलवान्, (इन्द्रेण) शत्रु-गढ़ों को तोड़ने वाले, 'इन्द्र' नाम मुख्य सेनापति के साथ (तत् जयत) उस लक्ष्य भूत युद्ध का विजय करो (तत्) उस दूरस्थ शत्रु-गण को (सहध्वम्) पराजित करो ।

स इषुहस्तैः स निषङ्गिभिर्वशी सꣳस्रष्टा स युध इन्द्रो गणेन ।
सꣳसृष्टजित्सोमपा बाहुशर्ध्युग्रधन्वा प्रतिहिताभिरस्ता ॥३५॥

भा०—(स) वह (वशी) अपने भीतरी काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मात्सर्य इन छः शत्रुओं पर वश कर्त्ता या राष्ट्र का वशयिता अथवा कान्तिमान्, प्रजाओं का प्रिय, होकर (इषुहस्तै) बाण आदि को दूर फेंकने वाले अस्त्रों को हाथ में लिये (निषङ्गिभ) खड्गधारी वीरों के साथ (संस्रष्टा) मिल कर उनके बीच उत्तम कर्त्ता धर्त्ता एवं व्यवस्थापक होकर (गणेन) अपने गण, सैन्यदल सहित (युध) युद्ध करने वाला होता है । (स) वह ही (सोमपा) सोम रस का पान करने वाला अथवा 'सोम' राजा और राष्ट्र का पालन करने हारा, (बाहुशर्धी) बाहुबल, क्षात्रबल से युक्त होकर (संसृष्टजित्) खूब परस्पर मिलकर आये, सुव्यवस्थित शत्रु सेनादल का विजेता होता है । (स) और वह ही (उग्रधन्वा) भयङ्कर धनुर्धर होकर (प्रतिहिताभि) प्रति पक्ष पर फेंके गये बाणों से (अस्ता) शत्रुओं का नाशक अथवा (प्रतिहिताभि) साक्षात् धारण की वशीकृत या मुकाबले पर खड़ी की गयी, अपनी सेनाओं से (अस्ता) शत्रु ऊपर शस्त्रास्त्रों का फेंकने वाला होता है ।

बृहस्पते परि दीया रथेन रक्षोहामित्राँ२ अपबाधमानः ।
प्रभञ्जन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्माकमेध्यविता रथानाम् ॥३६॥

भा०—हे (बृहस्पते) बड़ी भारी विशाल सेना के पालक मुख्य

सेनापते ! तू (रक्षोहा) दुष्ट पुरुषो का घातक है। तू (रथेन) रथ से, अर्थात् 'रथ' नामक सेना के अग से, रथो के दल से, (अमित्रान्) शत्रुओं को (अपबाधमानः) दूर से ही मारता हुआ उनको पीड़ित करता हुआ (परिदीया.) युद्ध मे आगे बढ़ और शत्रु का नाश कर और (युधा) योद्धा दल, पदाति सेना दल से (प्रमृण) हमारा नाश करने वाली (सेनाः) शत्रु सेनाओं को (प्रभञ्जन्) खूब छिन्न भिन्न करके उनको (जयन्) जीतता हुआ (अस्माकं रथानाम्) हमारे रथों का (अविता एधि) रक्षक बना रह।

बलविज्ञाय स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी सहमान उग्र.। अभिवीरो अभिसत्वा सहोजा जैत्रमिन्द्र रथमा तिष्ठ गोवित् ॥ ३७ ॥

भा०—हे (इन्द्र) शत्रुओं का घात करने और उनके गढ़ों और व्यूहो को तोडन फोड़ने में समर्थ इन्द्र ! तू (बल-विज्ञाय) सेना विज्ञान में चतुर अर्थात् सेनाओं के व्यूह बनाने और उनके प्रयोग और संचालन मे कुशल, एवं शत्रु के बलों को भी जानने वाला और सेना के द्वारा ही उत्तम नायक रूप से जाना गया (स्थविर) स्वय ज्ञानवृद्ध, अनुभव-वृद्ध या युद्ध में स्थिर, (प्रवीर) स्वयं उत्तम शूरवीर, और उत्तम वीर्य-वान् पुरुषो से सम्पन्न, (सहस्वान्) शत्रु विजयी बल से युक्त, (वाजी) वेगवान्, (उग्रः) भयानक (अभिवीरः) प्रिय, वीरो से घिरा हुआ या वीरों को पराजय करने वाला, (अभिसत्वा) बलवान् पुरुषो से सम्पन्न, (सहोजाः) बल के कारण ही विख्यात और (गोवित्) पृथिवी को विजय से प्राप्त करने वाला अथवा आज्ञा, वाणी का स्वामी होकर (जैत्रम्) विजयशील योधाओं से युक्त (रथम्) रथ पर (आतिष्ठ) सवार हो और विजय को निकल।

गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा।
इमꣳ सजाता ऽअनु वीरयध्वमिन्द्रꣳ सखायो ऽअनु सꣳरभध्वम्

भा०—हे (सजाताः) बल, कीर्त्ति, वंश आदि से समान रूप से विख्यात वीर पुरुषो ! आप लोग (गोत्रभिदम्) शत्रुओं के गोत्रों को तोड़ने वाले शत्रु-वंशों के नाशक, (गाविदम्) पृथ्वी के प्राप्त करने वाले (वज्रबाहुम्) बाहु में वीर्यवान् (अजम जयन्तम्) संग्राम का विजय करने वाले और (ओजसा) बल पराक्रम से शत्रुओं को खूब (प्रमृणन्तम्) विनाश करने वाले (इमम् इन्द्रम्) इस इन्द्र सेनापति को (अनु वीरयध्वम्) अनुसरण करके उसके अधीन रहकर (वीरयध्वम्) वीरता के कार्य करो, विक्रम पूर्वक युद्ध करो। हे (सखायः) मित्र लोगो ! आप लोग उसके ही (अनु) अनुकूल रहकर (सम् रभध्वम्) अच्छी प्रकार युद्ध आरम्भ करो।

अभि गोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः।
दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्योऽस्माकꣳ सेना अवतु प्र युत्सु ॥३९॥

भा०—(सहसा) अपने शत्रुपराजयकारी बल से (गोत्राणि) शत्रुओं के कुलों पर (अभि गाहमानः) आक्रमण करता हुआ (अदयः) दया रहित, (वीरः) शूरवीर (शतमन्युः) अनेक प्रकार के कोप करने में समर्थ (दुश्च्यवनः) शत्रु से विचलित न होने वाला, (पृतनाषाड्) शत्रु-सेनाओं को विजय करने में समर्थ, (अयुध्यः) युद्ध में शत्रुओं से अजेय, (इन्द्रः) इन्द्र, सेनापति (युत्सु) संग्रामों में और योद्धाओं के बीच में (अस्माकं सेनाः प्र अवतु) हमारी सेनाओं की उत्तम रीति से रक्षा करे।

इन्द्र आसां नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर एतु सोमः।
देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम् ॥ ४० ॥

भा०—(इन्द्रः) इन्द्र, परम ऐश्वर्ययुक्त, सेनापति जो शत्रु के व्यूहों को तोड़ने में समर्थ हो वह (आसाम्) इन सेनाओं का (नेता)

नायक होकर पीछे से सेना को मार्ग पर चलावे। (बृहस्पति) बड़े २ अधिकारों का अध्यक्ष या बड़े २ दलों का स्वामी 'बृहस्पतिः' (दक्षिणा) अपनी सेना के दायें भाग में होकर चले। (यज्ञ) व्यूहादि में दलों को संगत या व्यवस्थित करने में कुशल पुरुष (पुरः एतु) आगे २ चले (सोम) सेना का प्रेरक या उत्साहवर्धक पुरुष बायें ओर होकर चले। और (जयन्तीनाम्) विजय करनेवाली (अभिभञ्जतीनाम्) शत्रुओं के दलों, दलों और गढ़ों को तोड़ती फोड़ती हुई (देवसेनानाम्) विजयी पुरुषों की सेनाओं के (अग्रम्) अग्र भाग में (मरुत) शत्रुओं को मारने में समर्थ एवं वायु के समान बलवान् शूरवीर पुरुष (यन्तु) चलें।

उव्वट के मत में—इन्द्र सेनानायक हो और बृहस्पति उसका मन्त्री उसके साथ हो। यज्ञ दक्षिण में और सोम आगे हो। अथवा यज्ञ और सोम दोनों सेना के दायीं ओर आगे के भाग में हो।

इन्द्रस्य वृष्णो वरुणस्य राज्ञ आदित्यानाम्मरुताᳬ शर्द्ध उग्रम्। महामनसां भुवनच्यवानां घोषो देवानां जयतामुदस्थात् ॥४१॥

भा०—(वृष्ण.) बलवान्, (इन्द्रस्य) इन्द्र, सेनापति के और (वरुणस्य) प्रजा द्वारा स्वयं वरण किये गये राजा का और (आदित्यानाम् मरुताम्) आदित्य के समान पूर्ण ब्रह्मचारी, तेजस्वी और वायु के समान तीव्र वेगवान् शत्रुओं के बलों के नाशक योद्धाओं का (उग्रम् शर्धः) बड़ा उग्र, भयंकर बल और (महामनसाम्) बड़े मनस्वी, विज्ञानवान् (भुवनच्यवानाम्) भुवन को कंपा देने वाले, समस्त भूलोक को विचलित कर देने वाले (जयताम्) विजय करते हुए (देवानां) विजिगीषु राजाओं का (घोषः) नाद (उत् अस्थात्) उठे और फैले।

उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत्सत्वनां मामकानां मनांᳬसि।
उद्वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः ॥४२॥

भा०—हे (मघवन्) प्रशस्त धनैश्वर्य सम्पन्न ! तू (सत्वनाम्) बल-वान् (मामकानाम्) मेरे पक्ष के वीर पुरुषों के (आयुधानि) शस्त्र अस्त्रों को (उद् हर्षय) चमकवा, आवेश में ऊपर खड़े करवा। और (मनांसि उत्) मनों को भी बढ़वा दे। हे (वृत्रहन्) घेरने वाले शत्रु के नाशक सेनापते ! तू (वाजिनाम्) घुड़सवार सेनाओं के (वाजिनानि) शीघ्र गतियों को, चालों को (उद् हर्षय) चला। (जयताम्) विजय करने हारे (रथानाम्) रथों के (घोषाः) घोष, घोर शब्द (उद् यन्तु) ऊपर उठें।

अस्माकमिन्द्रः समृतेषु ध्वजेष्वस्माकं या इषवस्ता जयन्तु।
अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्माँ२ऽ उ देवा ऽअवता हवेषु ॥४३॥

भा०—(ध्वजेषु) रथों पर लगे झण्डों के (समृतेषु) उत्तम रीति से प्राप्त हो जाने पर (अस्माकम् इन्द्रः) हमारा शत्रुहन्ता नायक और (याः अस्माकं इषवः) जो हमारे बाण अर्थात् बाण आदि शस्त्र-धारी योद्धा हैं (ताः) वे (जयन्तु) जीतें। (अस्माकं वीराः) हमारे वीर पुरुष युद्ध में (उत्तरे भवन्तु) ऊंचे होकर रहें। और (देवाः) विजयी पुरुष (हवेषु) संग्रामों में (अस्मान् उ अवत) हमारी ही रक्षा करें।

अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परेहि।
अभि प्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम् ॥४४॥

भा०—हे (अप्वे) शत्रुओं को दूर भगा लेजाने वाली भय की प्रवृत्ति अथवा शरीर की उत्पन्न पीड़े ! अथवा भयंकर सेने ! तू (अमीषां) उन शत्रुओं के (चित्तं) चित्त को (प्रतिलोभयन्ती) साक्षात् मोहित करती हुई (अङ्गानि गृहाण) शत्रुओं के अंगों को जकड़ ले। और (परा इहि) स्वयं दूर भाग जा। (अभि प्र इहि) आगे २ बढ़ी चली जा। (शोकैः) ज्वाला की लपटों से शत्रुओं के (हृत्सु) हृदयों में (निर्दह) जलन पैदा

कर । और (अमित्राः) शत्रु गण (अन्धेन तमसा) गहरे अन्धकार, या अन्धकार देने वाले तम, शोक और पीड़ा दुःख से (सचन्ताम्) युक्त हो जांय।

अप्वा-'शरवीर राजस्त्रि' इति दया० । यदेनया 'विद्धो अपवीयते । व्याधिर्वा भय वा इति यास्कः । नि० ६ । ३ । ३ ॥

अवंसृष्टा परापत शरव्ये ब्रह्मसᳪशिते ।

गच्छामित्रान् प्र पंद्यस्व मामीषां कञ्चनोच्छिषः ॥ ४५ ॥

ऋ० ६ । ७५ । १६ ॥

४५—४६ अप्रतिरथ ऋषिः । प्रजापतिः विवस्वान्वेत्येके । इषुर्देवता । आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (शरव्ये) हिंसक या प्राणघातक साधनों की बनी हुई शरव्ये ! शर वर्षाने वाली कले ! हे (ब्रह्मसंशिते) बड़े भारी बल वीर्य से अति तीक्ष्ण, वेग वाली की गयी तू (अवसृष्टा) छोड़ी या चलाई जा कर (परापत) दूर तक जा और (गच्छ) इधर भी जा और (अमित्रान्) शत्रुओं तक (प्र पद्यस्व) आगे बढ़ी चली जा और उनतक पहुंच। (अमीषां) उन शत्रुओं में से (कञ्चन) किसी को भी (मा उत् शिषः) जीता बचा न छोड़ ।

अनेक बाणों या गोलियों को एकही साथ छोड़ने वाली तोप के समान कोई कला 'शरव्या' कहाती प्रतीत होती है। शरमयी इषुः शरव्य इति उव्वटः। 'शरमयी हेति. शरव्या' इति महीधर । 'इषु' या हेति' जो किसी साधन को दूर फेंके वह कला 'इषु' या 'हेति' कहाती है ।

अथवा—हे (ब्रह्मसंशिते शरव्ये) विद्वानों से प्रशंसित बाणविद्या की विदुषि स्त्रि ! तू प्रेरित होकर जा, शत्रुओं को मार, उनमें से किसी को न छोड़ ॥

प्रेता जयंता नर ऽइन्द्रों वः शर्म्मं यच्छतु ।

उग्रा वंः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासंथ ॥४६॥ ऋ०१०।१०३।७३॥

योद्धारो देवता । विराडनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—हे (नरः) वीर नेता पुरुषो ! (प्र इत) आगे बढो । (जयत) विजय करो । (इन्द्रः) शत्रुओं का नाशक सेनापति (वः) तुमको (शर्म) गृह या रक्षा का साधन (यच्छतु) दे । (वः) तुम्हारे (बाहव) बाहुएं या शत्रुओं को पीडा देने वाले हथियार (उग्रा) उग्र, बडे बलवान् भयकारी हों । (यथा) जिससे तुम लोग (अनाधृष्याः) शत्रु से कभी पछाड़ न खाने वाले (असथ) बने रहों ।

असौ या सेना मरुतः परेषामभ्यैति न ऽओजसा स्पर्द्धमाना ।
तां गूहत तमसापव्रतेन यथामी ऽअन्यो अन्यं न जानन् ॥ ४७ ॥

अथ० ३ । २ । ६ ॥

मरुतो अशास्यदात्रियो वा देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (मरुत.) वायु के समान तीव्र वेग से शत्रु रूप वृक्षों के अंगों को तोड़ते फोड़ते युद्ध मे आक्रमण करने हारे वीर पुरुषो ! (असौ या) यह जो (परेषा सेना) शत्रुओं की सेना (ओजसा) बल पराक्रम से (स्पर्धमाना) हमसे स्पर्द्धा करती हुई, हमारा मुकाबला करती हुई (नः अभि एति) हमारी तरफ ही बढ़ी चली आरही है (ताम्) उसको (अपव्रतेन) सब कर्मों को या इन्द्रिय व्यापारो को नाश कर देने वाले, (तमसा) अन्धकार, धूमादि से या शोक और भय से (गूहत) घेर दो । (यथा) जिससे (अमी) ये लोग (अन्य अन्यम्) एक दूसरे को भी (न जानन्) न जान पावें । आखों को भ्रमा देने या नाश कर देने वाले, धूम्र या कृत्रिम अन्धकार का प्रयोग करने का उपदेश वेद करता है ।

यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखा इव ।
तन्न ऽइन्द्रो बृहस्पतिरदितिः शर्म्म यच्छतु विश्वाहा शर्म्म यच्छतु ॥४८

इन्द्रादयो लिंगोक्ता । देवताः । पक्ति । पञ्चमः ॥

भा०—(यत्र) जिस संग्राम भूमि में (विशिखा) शिखारहित या विविध शिखाओं वाले (कुमारा) कुमारों बालकों के समान चपल,

(कुमारा कुत्सित दुःखदायी मार करने हारे, (विशिखाः) विविध तीक्ष्ण शिखा या तेज़ धार वाले (बाणाः) घनघोर गर्जन करने वाले शस्त्रास्त्र (सम्पतन्ति) निरन्तर गिरते है (तत्) वह (इन्द्रः) शत्रु घातक इन्द्र, सेनापति (बृहस्पतिः) बड़ा भारी सेना या सभा का पालक स्वामी (अदिति) अखण्डित बल पराक्रम वाला राजा या तेजस्विनी सभा या अनथक परिश्रम करने वाली स्वयंसेवकसमिति (शर्म यच्छतु) हताहतो को सुख दे । और (विश्वाहा) सदा, सब दिनों (शर्म यच्छतु) सबको सुख दिया करे । (४८-४९) ऋ० ६।७५।१७ १८ ॥

मर्माणि ते वर्मणा छादयामि सोमस्त्वा राजामृतेनानु वस्ताम् ।
उरोर्वरीयो वरुणस्ते कृणोतु जयन्तं त्वानु देवा मदन्तु ॥ ४९ ॥

सोमो वरुणो देवाश्च लिंगोक्ता लिंगोक्तः क्षत्रियो वा देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे वीर योद्धा, क्षत्रिय ! इन्द्र ! पुरुष ! (ते) तेरे (मर्माणि) आघात लगने से मृत्युजनक कोमल मर्मस्थानों को (वर्मणा) आघात से बचने वाले कवच से (छादयामि) ढकता हूं । (राजा सोमः) सौम्य गुण, दया आदि से युक्त अथवा ऐश्वर्यवान् राजा (त्वा) तुझको (अमृतेन) सर्व निवारक ओषधि और अन्न से (अनु वस्ताम्) तुझे ढके, तेरी रक्षा करे । (वरुणः) सर्वश्रेष्ठ राजा ही (ते) तुझे (उरोः वरीयः) बहुतसे बहुत, अधिक धन (कृणोतु) प्रदान करे । और (जयन्तं त्वा) विजय करते हुए तुझे देख कर (देवाः) विजयशील सैनिक भी (अनु मदन्तु) तेरे साथ प्रहर्षित हों या धनादि विजय-लक्ष्मी से तृप्त हों ।

उदेनमुत्तरां नयाग्ने घृतेनाहुत ।
रायस्पोषेण सꣳ सृज प्रजया च बहुं कृधि ॥ ५० ॥

४९—१ अथवा अत्र क्षत्रिय-एव देवता । तस्य सम्बोध्यत्वेनात्रप्रधानत्वादिति याज्ञिको ऽनन्तदेवः ॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (घृतेन) तेज से या शस्त्रों के सञ्चालन रूप पराक्रम से (आहुत) प्रदीप्त ! (अग्ने) अग्रणी ! सेना नायक ! (एनम्) इस राष्ट्र और राष्ट्रपति को तू (उत्नय) ऊंचे पदपर बैठा और (उत्तराम् नय) और अन्यों से भी अधिक उच्चपद या प्रतिष्ठा पर प्राप्त करा । इसको (राय पोषेण) ऐश्वर्य की वृद्धि से संसृज) युक्त कर । (प्रजया च) और प्रजा से (बहु कृधि) बहुत, बहुतसे वीर पुरुषों से युक्त, बड़े समुदाय का स्वामी बना दे ।

इन्द्रेमं प्रतुरां नय सजातानामसद्वशी ।
समेनं वर्चसा सृज देवानां भागदा ऽअसत् ॥ ५१ ॥

इन्द्रो देवता आर्ष्यनुष्टुप् । गान्धार ॥

भा०—हे (इन्द्र) इन्द्र ! सेनापते ! (इम) इस राष्ट्रपति को (प्र-तराम्) बहुत उत्कृष्ट मार्ग से (नय) ले चल । जिससे वह (सजातानाम्) अपने समान वश और पद वालो को भी (वशी असत्) वश करने मे समर्थ हो । (एन) इसको (वर्चसा , ऐसे तेज और बल से (ससृज) युक्त कर जिससे यह (देवाना) समस्त विजयशील योद्धाओं, विद्वानों और शासक वर्गों को (भागदा.) अश, उनके उचित वेतन आदि देने मे समर्थ (असत्) हो ।

यस्यं कुर्मो गृहे हुविस्तमंग्ने वर्द्धया त्वम् ।
तस्मै देवा ऽअधिब्रुवन्नुयं च ब्रह्मणस्पतिः ॥ ५२ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—(वयम्) हम लोग (यस्य गृहे) जिसके घर में या जिसके शासन में रह कर (हवि कुर्म) 'हवि' अन्न आदि पदार्थों आदान के प्रदान योग्य कर्मों को उत्पन्न करते है हे (अग्ने) अग्रणी

नायक ! (त्वम्) तू (तम्) उसको (वर्धय) बढ़ा । (देवाः) विद्वान् और विजिगीषु जन भी (तस्मै) उसको ही (अधिब्रुवन्) कहें कि (अयं च) यह ही (ब्रह्मणः पतिः) महान् बल, वीर्य या वेद या ब्रह्म, अन्न का पालक स्वामी अन्नदाता है । अथवा—(देवाः ब्रह्मणस्पतिः च तस्मै अधिब्रुवन्) विद्वान् पुरुष विद्वानों का भी पालक, वेदवित् पुरुष (तस्मै अधिब्रुवन्) उसको सर्वोच्च होने का उपदेश करें ।

उदु त्वा विश्वे देवा ऽअग्ने भरन्तु चित्तिभिः ।
स नो भव शिवस्त्वꣳ सुप्रतीको विभावसुः ॥ ५३ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गान्धारः ॥

भा०—व्याख्या देखो (१२ । १३)

पञ्च दिशो दैवीर्यज्ञमवन्तु देवीरपामतिं दुर्मतिं बाधमानाः ।
रायस्पोषे यज्ञपतिमाभजन्ती रायस्पोषे ऽअधि यज्ञो ऽअस्थात् ५४

दिशो देवता । स्वराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(दैवीः) देव, अर्थात् राजा या विजयशील प्रजाओं के अधीन (पञ्च) पाचों (दिशः) दिशाएं अर्थात् पाचों दिशाओं में रहने वाली प्रजाएं, अथवा पांच राजसभाएं (यज्ञम्) सत्कार करने और संगति करने योग्य राजा और राष्ट्र की (अवन्तु) रक्षा करें । (देवीः) और उत्तम विदुषी स्त्रियां और विदुषी प्रजाएं राजसभाएं (अमतिम्) अज्ञान और (दुर्मतिम्) दुष्ट विचारों को (बाधमाना) दूर करती हुई और (यज्ञपतिम्) यज्ञपति को (रायः पोषे) ऐश्वर्य के निमित्त (आभजन्ती) आश्रय करती हुई, यज्ञ की रक्षा करें । वृद्धि मे जिससे (यज्ञ) समस्त राष्ट्र रूप यज्ञ (रायः पोषे) ऐश्वर्य की वृद्धि मे (अधि अस्थात्) स्थित रहे । शत० ६ । २ ३ । ८ ॥

५४—(५४–५६) पञ्च यज्ञाङ्गसाधनवादिन्य । सर्वा० ।

गृहस्थ पक्ष में—पांच दिशाओं के समान (देवी) विद्वान् स्त्रियां सब के अज्ञान और दुष्ट बुद्धि की नाश करती हुई (यज्ञपतिम्) गृहस्थ यज्ञ के स्वामी पतियों को सेवन करती एवं ऐश्वर्य का भागी बनाती हुई यज्ञ की रक्षा करें। गृहाश्रम ऐश्वर्य की वृद्धि में लगा रहे।

समिद्धे अग्नावधि मामहान उक्थपत्र ईड्यो गृभीतः।
तप्तं घर्मं परिगृह्यायजन्तोर्जा यद्यज्ञमयजन्त देवाः ॥ ५५ ॥

अग्निर्देवता। भुरिगार्षी पङ्क्तिः। पञ्चमः स्वरः ॥

भा०—(देवाः) जिस प्रकार विद्वान् ऋत्विग् लोग (यत्) जब (तप्तम्) प्रतप्त (घर्मम्) सेचन योग्य घृत को (परि गृह्य) लेकर (अयजन्त) आहुति देते हैं और (यज्ञम्) उस पूजनीय परमेश्वर को लक्ष्य करके (ऊर्जा) अन्न द्वारा (समिद्धे अग्नौ) प्रदीप्त अग्नि में (अयजन्त) आहुति देते और यज्ञ करते हैं तब (अधि मामहान) अति अधिक पूजनीय (उक्थपत्र) वेद वचनों द्वारा ज्ञान करने योग्य (ईड्य) सर्व स्तुति योग्य परमेश्वर ही (गृभीत) ग्रहण किया जाता है अर्थात् यज्ञ में उसी की प्रजा की जाती है। उसी प्रकार (देवाः) विजिगीषु वीर पुरुष (यत्) जब (तप्तम्) अति प्रतप्त, अति क्रुद्ध या शत्रुओं को तपाने में समर्थ (घर्मम्) तेजस्वी राजा को (परिगृह्य) आश्रय करके (अयजन्त) उसका सत्कार करते और उसके आश्रय पर परस्पर मिल जाते हैं और (अग्नौ समिद्धे) अग्रणी नेता के अति प्रदीप्त, तेजस्वी, हो जाने पर (यत्) जब (यज्ञम्) संगति स्थान, संग्राम को (अयजन्त) करते हैं तब भी (ईड्य) सब के स्तुति योग्य (उक्थपत्र) शासन-आज्ञाओं से प्रजाओं को ज्ञापन या घोषणा करने वाला राजा ही (अधि मामहान) सर्वोपरि पूजनीय रूप से (गृभीत) स्वीकार किया जाता है। शत० ९। २। ३। ९ ॥

दैव्याय धर्त्रे जोष्ट्रे देवश्रीः श्रीमनाः शतपयाः।
परिगृह्य देवा यज्ञमायन् देवा देवेभ्यो अध्वर्यन्तो अस्थुः ॥५६॥

अग्निर्देवता । विराडार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—(देवाः) देव, विद्वान् पुरुष, (देवेभ्यः) विद्वानों के हित के लिये ही (अध्वर्यन्त) अपने हिंसा रहित आचरण एवं यज्ञादि श्रेष्ठ कर्मों की कामना करते (अस्थुः) रहते हैं । वे विद्वान् लोग जो (देवश्रीः) राजा के समान लक्ष्मी से युक्त, अथवा देवों, विद्वानों के निमित्त अपने धन वैभव को व्यय करने हारा, उदार, (श्रीमनाः) अपने चित्त में सेवनीय शुभ वृत्ति या पूज्य प्रभु को धारण करने वाला या लक्ष्मी शोभा को चाहने वाला, और (शतपयाः) सैकड़ों दूध या दुधार गौवों वाला, या सैकड़ों पुष्टि कारक अन्न आदि से सम्पन्न होता है उस सम्पन्न पुरुष को (दिव्याय) दिव्य गुणों में सम्पन्न (धर्त्रे) जगत् के धारक, पोषक और (जोष्ट्रे) सबको प्रेम करने वाले परमेश्वर की स्तुति के लिये ही (परिगृह्य) आश्रय करके (यज्ञम् आयन्) यज्ञ करने के लिये आते हैं । शत० ६।२।३।१०॥

उसी प्रकार राष्ट्र पक्ष में—जो (देवश्रीः) राजा के समान वैभव वाला, (श्रीमनाः) राज्य वैभव को चाहने वाला, और (शतपयाः) सैकड़ों पोषण पदार्थों और बलों से युक्त होता है उसका (परिगृह्य) आश्रय लेकर (देवाः) विजिगीषु वीर जन (दिव्याय) देवों के हितकारी, (धर्त्रे) सब के धारक (जोष्ट्रे) सब के प्रेमी पुरुष की वृद्धि या ऐसी राष्ट्र की वृद्धि के लिये (यज्ञम् आयन्) संग्राम में आते हैं । (देवाः देवेभ्यः) विजयी लोग विजेताओं की उन्नति के लिये ही (अध्वर्यन्तः अस्थुः) संग्राम चाहते रहते हैं ।

वीतᳬं हविः शमितᳬं शमिता यजध्यै तुरीयो यज्ञो यत्र हव्यमेति । ततो वाका ऽआशिषो नो जुषन्ताम् ॥ ५७ ॥

भा०—(यत्र) जिसमें (वीतं) सर्वत्र व्याप्त होने योग्य, (शमिता शमितम्) शान्ति दायक पुरुष द्वारा शान्ति सुख देने योग्य बनाया गया,

(हवि.) आहुति योग्य चरु (यजध्यै) अग्नि में आहुति करने के लिये (एति) प्राप्त होता है वह (तुरीयः) चतुर्थ या सर्वश्रेष्ठ (यज्ञ·) यज्ञ कहा जाता है। (तत.) उससे (वाकाः) प्रार्थनाएं, (आशिषः) उत्तम कामनायें नः (जुषन्ताम्) हमें प्राप्त हों। शत० ६ । २ । ३ । ११ ॥

तुरीयः यज्ञ·=चौथा यज्ञ, अध्वर्युं पुरस्तात् यजूंषि जपति। होता पश्चादृचोऽन्वाह, ब्रह्मा दक्षिणतोऽप्रतिरथं जपति एष तुरीयश्चतुर्थो यज्ञः ॥ प्रथम अध्वर्यु यजुषों को कहता है। फिर होता ऋचा पढ़ता है। फिर ब्रह्मा अप्रतिरथ सूक्त का पाठ करता है। यह चतुर्थ यज्ञ है। शत० ६।२।३।११ अथवा प्रथम अध्वर्यु का श्रावण, फिर अग्नीध्र का प्रत्याश्रवण, फिर अध्वर्यु का प्रैष, फिर होता का स्वाहाकार। अथवा—अध्यात्म मे (यत्र) जिस आत्मा मे (शमिता) शम दम की साधना द्वारा (शमित) शान्त किया गया (वीतम्) ज्ञान से युक्त (हवि) ग्राह्य, आत्मा (यजध्यै) परमेश्वर के प्रति समर्पण कर देने के लिये ही (हवम् एति) स्तुति योग्य या आदान योग्य परम वेद्य परमात्मा को (एति) प्राप्त हो जाता है वह (तुरीय. यज्ञ.) 'तुरीय' अर्थात् ब्रह्म की प्राप्ति रूप 'यज्ञ' कहाता है। (तत.) उस तुरीय पद को प्राप्त ब्रह्मज्ञानी से हमे (वाका.) वाणी से बोलने योग्य आशीर्वाद (न जुषन्ताम् हमें प्राप्त हों।

राष्ट्र पक्ष में—(शमिता) प्रजा में शान्ति फैलाने में समर्थ पुरुष द्वारा (शम्-इतम्) शान्त गुण युक्त किये (वीतम्) व्यापक (हवि) उपाय, या आदान योग्य कर जहां (यजध्वै) राजा को देने के लिये (हव्यम्) पूजनीय प्रभु को प्राप्त होता है वह तुरीय सर्वश्रेष्ठ (यज्ञ) व्यवस्थित राज्य है। (तत) उस राज्य से (वाका) गुरुपदेश योग्य विद्याएं और (आशिष.) उत्तम इच्छाएं (न·) हमे (जुषन्ताम्) प्राप्त हों।

सूर्यरश्मिर्हरिकेशः पुरस्तात्सविता ज्योतिरुदयाँ२ऽ अजस्रम्।
तस्य पूषा प्रसवे याति विद्वान्त्सम्पश्यन्विश्वा भुवनानि गोपाः ५८

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धवत ॥

भा०—जो (सूर्यरश्मिः) सूर्य की किरणों के समान किरणों, विद्या आदि गुणों को धारण करता है, (हरिकेश) जो क्लेशों के हरण करने वाला, अथवा पीली ज्वाला, दीप्त के समान उज्वल एवं क्लेशकारी शस्त्रास्त्रों को धारण करने वाला है, जो (सविता) सूर्य के सम न समस्त प्रजा का प्रेरक, होकर (अजस्रम्) अविनाशी (ज्योति) ज्योति, प्रकाश रूप मे (उद् अयान्) ऊपर उठता है, (तस्य प्रसवे) उसके उत्कृष्ट शासन मे रहकर (पूषा विद्वान्) पोषक विद्वान् (गोपा) जितेन्द्रिय, विद्यावाणी का पालक होकर (विश्व भुवनानि) समस्त भुवन, उत्पन्न पदार्थों को (सम् पश्यन्) अच्छी प्रकार देखता हुआ, उनका ज्ञान प्राप्त करता हुआ (याति) आगे बढ़ता है । ऋ० १०।१३९।१॥ शत० ९।२।३।१२॥

परमेश्वर पक्ष में —(सूर्य रश्मिः) सूर्य आदि लोक भी जिसकी किरण के समान हैं, अतः वह परमेश्वर 'सूर्यरश्मि' है । क्लेश हरण करने वाला होने से वह 'हरिकेश' है। सर्वोत्पादक होने से सविता है। वह अविनाशी ज्योति रूप में हृदय में उदित हो । उसके (प्रसवे) उत्कृष्ट शासन या जगत् मे (पूषा) अपने बल और ज्ञान का पोषक विद्वान् ज्ञानी, जितेन्द्रिय पुरुष (विश्वा भुवनानि सम्पश्यन्) समस्त भुवनो को देखता, ज्ञान करता हुआ सूर्य के समान (याति) गति करता है ।

विमानऽएष दिवो मध्यऽआस्तऽआपप्रिवान् रोदसी अन्तरिक्षम्। स विश्वाचीरभिचष्टे घृताचीरन्तरा पूर्वमपरं च केतुम् ॥ ५९ ॥

विश्वावसु ऋषिः । आदित्यो देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—सूर्य के पक्ष में-(एष) यह सूर्य (विमानः पक्षी के समान या विमान, व्योमयान के समान (दिव मध्ये) आकाश के बीच (आस्ते) स्थित है। वह (रोदसी अन्तरिक्षम्) द्यौ और पृथिवी और

अन्तरिक्ष तीनो को (आ पप्रिवान्) अपने तेज से पूर्ण करता है। (स) वह (विश्वाची) समस्त विश्व को अपने मे रखने वाला और (घृताची) जल को धारण करने वाला, भूमियों को, प्रजाओं को और दिशाओं को (अभिचष्टे) देखता है। और (पूर्वम् अपरं च केतुम् अन्तरा) पूर्व के और पश्चिम के ज्ञापक लिंग को भी देखता है। ऋ० १०।१३९।२॥ शत० ६।२।३।१७॥

अथवा—(स) वह (विश्वाची घृताची) सर्वत्र फैलने वाली, जलाहरण करने वाली कान्तियों को और (पूर्वम् अपरं च) पूर्व दिन और अपर रात्रि दोनों के बीच के काल को भी (अभिचष्टे) प्रकाशित करता है।

राजा के पक्ष में—(एष) महाराजा (दिव मध्ये) तेज और प्रकाश के बीच या ज्ञानी पुरुषों के बीच में (विमान) विशेष मान, आदरवान् होकर (अस्ते) विराजता है वह (रोदसी) शासक और प्रजा दोनों को और (अन्तरिक्ष) सबके रक्षक सर्व पूज्य अन्तरिक्ष पद को भी पूर्ण करता है वह विश्व को धारण करने वाली (घृताची) अन्न जल की धारक भूमियों और प्रजाओं को (पूर्वम् अपरं च केतुम्) पूर्व के और पश्चिम के ज्ञापक ध्वजादि को भी (अभिचष्टे) सूर्य के समान देखता है।

इसी प्रकार आदित्य योगी विशेष ज्ञानवान् होने से 'विमान' है। वह प्रकाश स्वरूप परमेश्वर के बीच ब्रह्मस्थ होकर विराजता है। वह प्राण अपान और अन्तरिक्ष, हृदयाकाश सब को पूर्ण करता है। वह देह में व्याप्त और तेजोव्याप्त नाड़ियों को और पूर्व और अपर केतु अर्थात् जीव और ब्रह्म दोनों के ज्ञानमय स्वरूप को साक्षात् करता है।

उ॒क्षा स॑मु॒द्रो ऽअ॑रु॒णः सु॑प॒र्णः पूर्व॑स्य॒ योनिं॑ पि॒तुरावि॑वेश।
मध्ये॑ दि॒वो निहि॑तः॒ पृश्नि॒रश्मा॒ विच॑क्रमे॒ रज॑सस्पा॒त्यन्तौ॑ ॥६०॥

अप्रतिरथ ऋषिः आदित्यो देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवतः ॥

भा०—राजा के पक्ष में—(उक्षा) राष्ट्र कार्य्य भार को वहन करने वाला, (समुद्रः) नाना ऐश्वर्यो और बलयुक्त कार्यों का उत्पादक, अथवा (समुद्र) अपनी मुद्रादि का उत्पादक, या समुद्र के समान गंभीर अनन्त कोश रत्नों का स्वामी (अरुण) उगते सूर्य के समान रक्त वर्ण के वस्त्र पहने, रोहित स्वरूप, (सुपर्ण) उत्तम रूप से पालन करने वाला होकर ही (पूर्वस्य) अपने पूर्व विद्यमान (पितुः) पालक पिता राजा के (योनिम्) स्थान को (आविवेश) ले, पूर्व क राजा के पद पर स्वयं विराजे। यदि राजा का पुत्र उतना समर्थ न हो तो उसको पिता की राज-गद्दी न प्राप्त हो । क्योंकि (दिवः मध्ये) द्यौलोक के बीच में (निहित) स्थित सूर्य के समान तेजस्वी राजा ही (दिवः मध्ये) तेजस्वी राष्ट्र और राजचक्र के बीच में (निहितः) स्थापित होकर (पृश्निः) सूर्य जिस प्रकार पृथिवी आदि लोको से रस को ग्रहण करता है उसी प्रकार कर आदि लेने में समर्थ एवं प्रजा पालन मे समर्थ और (अश्मा) चक्की या शिला के समान शत्रु गणो को चकना चूर कर देने मे समर्थ होकर ही वह (विचक्रमे) विविध प्रकार के विक्रम कर सकता है और (रजसः) नाना ऐश्वर्यों से रंजित राष्ट्र रूप लोक के (अन्तौ) दोनो छोरों को (पाति) पालन कर सकता है । ऋ० ५।४७।३॥ शत० ६।२।३।१८॥

इसी प्रकार गृहपति के विषय मे —गृहस्थ माता पिता का पुत्र जब वीर्य सेचन में या गृहस्थ का भार उठाने में समर्थ 'उक्षा' उत्तम पालन, साधन रोजगारों से युक्त सुपर्ण' हो तो उसको अपने पूर्व पिता की गाद्दी प्राप्त हो । वह ही (अश्मा) शिला के समान आदित्य के समान पालक, होकर (रजसः) राग से प्राप्त काम्य, गृहस्थ सुख के दोनों अन्तो को वर वधू दोनों के गृह बन्धनो को पालन कर सकता है।

अथवा योगी-(उक्षा) धर्म मेघ द्वारा आत्मा में ब्रह्म रसक वर्षक होकर तेजस्वी, उत्तम ज्ञानवान् होकर पूर्व पिता, पूर्ण पालक परमेश्वर

के धाम को प्राप्त होता है। वह (दिव) तेजोमय मोक्ष के बीच में स्थित होकर (पृश्नि) समस्त ब्रह्मानन्द का भोक्ता (अश्मा) राजस, तामस उद्योगों का नाशक 'अश्माखण' होकर (विचक्रमे) विविध लोकों में स्वच्छन्द गति करता है और (रजस) समस्त ब्रह्माण्ड या रजोमय प्राकृतिक विकृति विभूति के दोनों छोर उत्पत्ति और प्रलय दोनों को (पाति) पा लेता है। शत० ९।२।३।१८॥

इन्द्रं विश्वा॑ऽअवीवृधन्त्समुद्रव्य॑चसं॒ गिरः॑।
र॒थीत॑मꣳ र॒थीनां॒ वाजा॑नाꣳ सत्प॑तिं॒ पति॑म्॥ ६१॥

ऋ० १।१।११॥

भा०—(समुद्रव्यचसम्) समुद्र या आकाश जिस प्रकार अनन्त जल-कोश या विविध सस्य और रत्न सम्पत्ति के देने वाले हैं उसी प्रकार विविध ऐश्वर्यों के दाता और (रथीनां रथीतमम्) समस्त रथियों में सब से बड़े महारथी, (सत्पतिम्) सत्-मर्यादाओं और सज्जनों के प्रतिपालक और (वाजाना) संग्रामों और ऐश्वर्यों के (पतिम्) पालक (इन्द्र) शत्रुओं के विनाशक इन्द्र सेनापति या राजा को (विश्वा गिर.) समस्त स्तुति-वाणियां (अवीवृधन्) बढ़ाती हैं। वे उसके गौरव को बढ़ाती हैं।

ईश्वर के पक्ष में—आकाश भूमि समुद्र में व्यापक (रथीना रथीतमम्) समस्त देह-धारियों में विराड् ब्रह्माण्ड को धारण करने वाले अथवा रसयुक्त पदार्थों में सबसे उत्कृष्ट रस वाले, आनन्दमय, समस्त ऐश्वर्य के पालक प्रभु को सब वेदवाणियां बढ़ाती हैं, उसका गौरव गान करती हैं। व्याख्या देखो। १२।६॥ शत० ९।२।३।२०॥

दे॒व॒हूर्य॒ज्ञ ऽआ च॑ वक्षत्सु॒म्न॒हूर्य॒ज्ञ ऽआ च॑ वक्षत्।
यक्ष॑द॒ग्निर्दे॒वो दे॒वाँ२ऽ आ च॑ वक्षत्॥ ६२॥

विधृतिर्ऋषि। यज्ञो देवता। विराडार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः॥

भा०—(देवहूः) देव-विद्वानों और विद्या आदि शुभ गुणों का स्वयं

धारण करने वाला, विद्वानों का आह्वाता (यज्ञः) सबका संगतिकारक, व्यवस्थापक, प्रजापति राजा (च) ही राष्ट्र का (आवक्षत्) सब प्रकार से कार्य-भार वहन करे। (सुम्नहू) सुखों, ऐश्वर्यों का प्रदाता (यज्ञः) यज्ञ, सर्वोपरि आदर योग्य प्रजापति ही राष्ट्र को आ वक्षत) धारण करे। (देवः) सब का द्रष्टा और दाता (अग्निः) अग्रणी नायक तेजस्वी राजा ही (आ वक्षत्) सबको संगत करे और (आ वक्षत् च) राष्ट्र के भार को धारण भी करे। शत० ६।२।३।२० ॥

ईश्वरपक्ष मे—(यज्ञः) सर्वोपास्य यज्ञ, परमेश्वर दिव्य शक्तियों का धारक विद्वान् ज्ञानी पुरुषों को अपने पास बुलाने से 'देवहू' है। सुख-प्रद एवं सुषुम्ना द्वारा भीतरी सुखद होने से 'सुम्नहू' है। वही सर्वप्रकाशक अग्नि सबको ज्ञान देता और धारण करता है।

वाज॑स्य मा प्रस॒व उ॑द्ग्रा॒भेणोद॑ग्रभीत्।
अधा॑ स॒पत्ना॒निन्द्रो॑ मे निग्रा॒भेणाध॑राँ२ऽ अकः ॥ ६३ ॥

इन्द्रो देवता। विराडार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०—(इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् राजा और ईश्वर (मा) मुझको (वाजस्य प्रसवः) विज्ञान, अन्न और ऐश्वर्य का उत्पादक होकर (उद् ग्राभेण) ऊपर ले जाने वाले उपाय या सामर्थ्य से (उत् अग्रभीत्) उत्तम पद पर या उत्तम स्थिति में रक्खे। (अध) और (निग्राभेण) निग्रह या दण्ड देकर वह (मे सपत्नान्) मेरे शत्रुओं को (अधरान् अकः) नीचे करे। शत० ६।२।३।२१ ॥

उ॒द्ग्रा॒भं च॑ निग्रा॒भं च॒ ब्रह्म॑ दे॒वा ऽअ॑वीवृधन्।
अधा॑ स॒पत्ना॑निन्द्रा॒ग्नी मे॑ विषू॒चीना॒न्व्य॑स्यताम् ॥ ६४ ॥

इन्द्राग्नी देवता। आर्ष्यनुष्टुप्। गाधारः ॥

भा०—(देवाः) विद्वान् पुरुष (उद्ग्राभम्) उत्कृष्ट पद को प्राप्त

करने के सामर्थ्य और (निग्राभम्) शत्रुओं को नीचे गिराने और दण्डित करने के सामर्थ्य को और (ब्रह्म च) बड़े भारी धन और राष्ट्र को भी (अवीवृधन्) नित्य बढ़ावें। (अधा) और (इन्द्राग्नी) सेनापति इन्द्र और राष्ट्र का अग्रणी नायक तेजस्वी अग्नि दोनों (मे) मेरे (विषूचीनान्) विरुद्धाचारी (सपत्नान्) शत्रुओं को (व्यस्यताम्) विविध उपायों से विनष्ट करें। शत० ९।२।३।२२ ॥

क्रमध्वम॒ग्निना॒ नाक॒मुख्य॒ᳪ हस्ते॑षु॒ बिभ्र॑तः।
दि॒वस्पृ॒ष्ठᳪ स्व॑र्ग॒त्वा मि॒श्रा दे॒वेभि॑राध्वम् ॥ ६५ ॥

अग्निर्देवता। विराडार्ष्यनुष्टुप्। गान्धारः ॥

भा०- हे वीर पुरुषो ! तुम लोग (अग्निना) अपने अग्रणी तेजस्वी, ज्ञानवान् नेता राजा और आचार्य के साथ (नाकम्) सुखप्रद, (उख्यम्) उस उखा नाम पृथ्वी के हितकारी भोग्य राष्ट्र सुख को (हस्तेषु) अपने शत्रु को हनन करने वाले शस्त्रास्त्रों के बल पर (बिभ्रत) धारण करते हुए (क्रमध्वम्) आगे बढ़ो। (दिव पृष्ठं) न्याय, विद्या आदि से प्रकाशित सूर्य के समान तेजस्वी (पृष्ठ) पालन करने वाले (स्व) सुखमय राज्य को (गत्वा) प्राप्त करके (देवेभि.) विद्वान् विजयी पुरुषों के साथ (मिश्रा.) मिलकर (आध्वम्) विराजो। शत० ९।२।३।२४ ॥

प्राची॒मनु॑ प्र॒दिशं॒ प्रेहि॑ वि॒द्वान॒ग्नेर॑ग्ने पु॒रो ऽअ॒ग्निर्भ॑वे॒ह।
विश्वा॒ ऽआशा॒ दीद्या॑नो॒ वि भा॒ह्यूर्जं॑ नो धेहि द्वि॒पदे॒ चतु॑ष्पदे ॥६६॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप्। धैवत. ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्रणी नायक, राजन् ! सभापते ! तू (प्राचीम् प्रदिशम्) सूर्य जिस प्रकार प्राची दिशा को प्राप्त होकर समस्त दिशाओं को प्रकाशित करता हुआ सब दो पाये, चौपायों के लिये प्रकाश करता और उनको बल, जीवन प्रदान करता है उसी प्रकार तू भी (प्राचीम् प्रदिशम् अनु) प्रकृष्ट, उन्नत पद को प्राप्त कराने वाली उन्नति के दिशा की ओर

(प्र इहि) आगे बढ़, प्रयाण कर । तू (अग्नेः) सूर्य के पराक्रम से स्वयं (पुरो अग्निः) आगे चलने वाला मुख्य अग्रणी (इह) इस राज्य में (भव) होकर रह। तू (विश्वा., आशाः) समस्त दिशाओं को (दीद्यानः) अपने तेज से सूर्य के समान प्रकाशित करता हुआ (विभाहि) प्रकाशित हो और (न) हमारे (द्विपदे चतुष्पदे) दो पाये, भृत्य आदि और चौपाये गौ आदि पशुओं को (ऊर्जं धेहि) उत्तम अन्न और बल, पराक्रम प्रदान कर। शत० ६ । २ । ३ । २५ ॥

पृथिव्या ऽअहमुदन्तरिक्षमारुहमन्तरिक्षाद्दिवमारुहम् ।
दिवो नाकस्य पृष्ठात् स्वर्ज्योतिरगामहम् ॥ ६७ ॥ अथ० ४।१४।३॥

अग्निर्देवता । पिपीलिकामध्या बृहती । मध्यम. ॥

भा० – मैं अधिकार प्राप्त राजा (पृथिव्याः) पृथिवी से अर्थात् पृथिवी निवासी प्रजागण से ऊपर (अन्तरिक्षम्) अन्तरिक्ष के समान सर्वाच्छादक, सब सुखों के वर्षक पद को वायु के समान (आरुहम्) प्राप्त होऊं और मैं (अन्तरिक्षात्) अन्तरिक्ष पद से (दिवम्) सूर्य के समान तेजस्वी सर्व प्रकाशक सर्वद्रष्टा, तेजस्वी विराट् पद पर (आरुहम्) चढूं । (नाकस्य) सर्व सुखमय (दिव.) उस तेजोमय (पृष्ठात्) सर्व-पालक, सर्वोपरि पद से भी ऊपर (स्व) सुखमय (ज्योतिः) परम प्रकाश ज्ञानमय ब्रह्मपद को भी (अहम्) मैं (अगाम्) प्राप्त करू । शत०६।२।३।२६॥

अध्यात्म में—योगी स्वयं मूलाधार से अन्तरिक्ष = नाभि देश को और फिर शिरोदेश को जागृत कर वहां से सुखमय परमब्रह्म ज्योति को प्राप्त करता है ।

स्वर्यन्तो नापेक्षन्त ऽआ द्याᳬं रोहन्ति रोदसी ।
यज्ञं ये विश्वतोधारᳫं सुविद्वाᳬंसो वितेनिरे ॥ ६८ ॥

अथ० ४ । १४ । ४ ॥

अग्निर्देवता । निचृदार्ष्यनुष्टुप् । गाधार ॥

भा०—(ये) जो (सुविद्वांसः) उत्तम विद्वान् पुरुष (विश्वतो धारम्) सब तरफ बसने वाले प्रजाजनों को धारण करने वाले (यज्ञं) राष्ट्र व्यवस्था रूप सुसंगठित साम्राज्य को (वितेनिरे) विविध उपायों से विस्तृत करते हैं वे (स्वः यन्त) सुखकारी साम्राज्य को प्राप्त करते हुए (न अपेक्षन्ते) नीचे की तरफ नहीं देखते । अथवा (स्वः यन्तः) परम मोक्ष को प्राप्त होते हुए योगियों के समान संसार के भोगों की (न अपेक्षन्ते) अपेक्षा नहीं करते, प्रत्युत (रोदसी द्याम्) समस्त पृथिवी के ऐश्वर्य को शत्रु बल को रोक लेने में समर्थ (द्याम्) सर्वोपरि विजयकारिणी शक्ति को (आरोहन्ति) प्राप्त हो जाते हैं । शत० ९।२।३।२७ ॥

योगी के पक्ष में—(ये विद्वास.) जो विज्ञानी, योगीजन (विश्वतो धारं यज्ञं) समस्त जगत् के धारक, परम उपास्य परमेश्वर को वितेनिरे) प्राप्त हो जाते हैं वे (स्वर्यन्त.) सुखमय परम मोक्ष को जाते हुए संसारभोगों की (न अपेक्षन्ते) अपेक्षा नहीं करते, उनपर नीचे दृष्टि नहीं डालते। प्रत्युत (रोदसी) जन्म मृत्यु के रोकने में समर्थ (द्याम्) प्रकाशमयी मोक्ष पदवी को (आरोहन्ति) प्राप्त करते हैं ।

अग्ने प्रेहि प्रथमो देवयतां चक्षुर्देवानामुत मर्त्यानाम् ।
इयक्षमाणा भृगुभिः सजोषाः स्वर्यन्तु यजमानाः स्वस्ति ॥ ६१॥

अथ० ४ । १४ । ५ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पंक्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) तेजस्विन् ! राजन् ! विद्वन् ! (देवानाम्) ज्ञान प्रदान करने वाली इन्द्रियों के बीच में (चक्षु·) चक्षु के समान समस्त पदार्थों के दिखलाने हारा होकर तू (देवयताम्) कामना करने वाले, काम्य-सुखों को चाहने वाले (मर्त्यानाम्) मनुष्यों के बीच में तू (प्रथम.) सब से मुख्य होकर (प्र इहि) आगे २ बढ़ । (यजमाना·) यज्ञ करने वाले, दानशील अथवा राष्ट्रों का संगठन करने वाले राजगण भी

(भृगुभि) परिपक्व विज्ञान वाले विद्वानों के साथ (इयक्षमाणाः) अपना यज्ञ, प्रजा पालन का कार्य करते हुए (सजोषाः) परस्पर प्रेम सहित (स्वस्ति) कल्याण पूर्वक । (स्वः यन्तु) सुख धाम को प्राप्त हों ।

इसी प्रकार (यजमानाः) दान शील गृहस्थ लोग (भृगुभिः) पापों को भून डालने वाले, परिपक्व ज्ञानी, तपस्वी विद्वानों के साथ (इयक्षमाणाः) अपने अध्यात्म यज्ञ को सम्पादन करते हुए (स्वस्ति) सुखपूर्वक (स्वः यन्तु) मोक्ष सुख को प्राप्त करें । शत० ९ । २ । ३ । २८ ॥

नक्तोषासा समनसा विरूपे धापयेते शिशुमेकꣳ समीची । द्यावाक्षामा रुक्मो ऽअन्तर्विभाति देवा ऽअग्निं धारयन् द्रविणोदाः ॥ ७० ॥

भा०—व्याख्या देखो (अ० १२ । २) ऋ० १ । ९६ । ५ ॥

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्द्धञ्छतं ते प्राणाः सहस्रं व्यानाः । त्वꣳसाहस्रस्य राय ईशिषे तस्मै ते विधेम वाजाय स्वाहा ॥ ७१ ॥

अग्निर्देवता । भुरिगार्षी पङ्क्तिः । पञ्चमः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्विन् ! राजन् ! हे (सहस्राक्ष) गुप्त चरों, दूतों और सभासदों रूप हजारों आखों वाले ! हे (शतमूर्धन्) सैकड़ों राजसभासदों रूप विचार करने वाले मस्तकों से युक्त ! (ते) तेरे (शतं प्राणाः) सैकड़ों अधीन शासक रूप प्राण हैं जिनसे राष्ट्र शरीर में चेतनता जागृत रहती है इसी प्रकार (सहस्रं व्यानाः) हजारों व्यान के समान भीतरी व्यवहारों के कर्त्ता अधिकारी हैं । (त्वम्) तू (साहस्रस्य रायः) सहस्रों ऐश्वर्यों का (ईशिषे) स्वामी है । (तस्मै ते) उस तुझ (वाजाय) वीर्यवान्, ऐश्वर्यवान् प्रभु को हम (स्वाहा) उत्तम यश कीर्त्ति के लिये (विधेम) अन्न कर आदि प्रदान करें । परमेश्वर पक्ष में—हे परमेश्वर तेरे हजारों आंख, सिर, प्राण व्यान आदि हैं, तू सहस्रों ऐश्वर्यों का स्वामी है, हम तेरा आदर सत्कार करें । योगी के पक्ष में—योगी भी अपनी साधना

से अनेक शरीर में प्रविष्ट होकर आंख, नाक, कान, सिर आदि विभूति दिखाने में समर्थ होता है, हम ऐसे सिद्ध का आदर करें। शत० ६।२।३।३२-३३॥

सुपर्णोऽसि गुरुत्मान् पृष्ठे पृथिव्याः सीद। भासान्तरिक्षमापृण ज्योतिषा दिवमुत्तभान तेजसा दिश ऽउद्दृंह ॥ ७२ ॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी पंक्तिः। पञ्चमः॥

भा०—हे राजन्! तू (सुपर्णः असि) सुख से पालन करने में समर्थ, उत्तम पालन साधनों से सम्पन्न और उत्तम लक्षणों वाला है। तू (गरुत्मान्) महान् गौरवपूर्ण आत्मा वाला होकर (पृथिव्याः पृष्ठे) पृथिवी के ऊपर (सीद) विराजमान हो। और (भासा) अपनी कान्ति, तेज और पराक्रम से (अन्तरिक्षम्) वायु के समान अन्तरिक्ष को भी पूर्ण कर, अन्तरिक्ष के समान समस्त प्रजा को घेर कर उनपर अपनी छत्र-छाया रख। और (ज्योतिषा) सूर्य से जिस प्रकार आकाश मण्डित है उसी प्रकार (ज्योतिषा) अपने तेज से (दिवम्) अपने विजय से प्राप्त क्रीड़ास्थल, आनन्द प्रमोद के स्थान, समृद्ध, कामना योग्य राज्य को (उत्-स्तभान) उन्नत कर और ऊपर उठाये रख। और (तेजसा) पराक्रम से (दिश) समस्त दिशाओं दिशावासी प्रजाओं को (उद् दृंह) उन्नत कर। शत० ६।२।३।३४॥

आजुह्वानः सुप्रतीकः पुरस्तादग्ने स्वं योनिमासीद साधुया। अस्मिन्त्सधस्थे ऽअध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत ७३

अग्निर्देवता। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवतः॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने सूर्य के समान तेजस्विन्! राजन्! तू (आजुह्वानः) आदर सत्कार से सम्बोधन किया जाकर (सुप्रतीकः) शुभ लक्षण और रूप बनाकर, सौम्य होकर (पुरस्तात्) आगे सबसे मुख्य, पूर्व की ओर (साधुया) उत्तम रीति से (स्वं योनिम्) अपने स्थान, मुख्य आसन पर (आसीद) विराज। (अस्मिन् सधस्थे) इस एकत्र

होकर बैठने के (उत्तरस्मिन्) उत्कृष्ट सभाभवन मे तू (अधि) सबसे ऊपर विराज और (विश्वे देवाः) समस्त विद्वान्, ज्ञानी पुरुष और (यजमान च) सबका सत्कार करने मे कुशल राजा महामात्य और राज-सभासद् गण भी (सीदत) विराजें। शत० ६ । २ । ३ । ३४ ॥

ताꣳ स॑वि॒तुर्वरे॑ण्यस्य चि॒त्रामाहं वृ॑णे सुम॒तिं वि॒श्वज॑न्याम्। याम॑स्य॒ कण्वो॒ऽअदु॑ह॒त्प्रपी॑नाꣳ स॒हस्र॑धारां॒ पय॑सा म॒हीं गाम् ॥७४॥

कण्वऋषिः । सविता देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—(अहम्) मैं (वरेण्यस्य) सर्व श्रेष्ठ, सबो द्वारा वरण करने योग्य वर उत्तम वरणयोग्य पद पर लेजाने हारे (सवितुः) सूर्य के समान सबके प्रेरक, ऐश्वर्यवान् राजा के (ताम्) उस (चित्राम्) अद्भुत (सुमतिम्) शुभ ज्ञानवाली (विश्वजन्याम्) समस्त प्रजाजनो में से बनाई गयी, उनके हितकारी को (वृणे) स्वीकार करता हूं। (याम्) जिस (प्रपीनाम्) अति पुष्ट, (सहस्रधाराम्) सहस्रों ज्ञानवाणियों या नियम-धाराओ से युक्त अथवा सहस्रों ज्ञानों को धारण करने वाली (पयसा) दूध से जिस प्रकार गौ, और अन्न से जिस प्रकार पृथिवी आदर योग्य होती है उसी प्रकार (पयसा) वृद्धिकारी राष्ट्र के पुष्टिजनक उपायों से (महीम् गाम्) बड़ी भारी ज्ञानमयी, (याम्) जिस विद्वत् सभा को (कण्व.) मेधावी जन (अदुहन्) दोहते हैं, उससे वादविवाद द्वारा सार तत्व को प्राप्त करते हैं। शत० ६।२।३।३८ ॥

राजा रूप प्रजापति की यही अपनी 'दुहिता' गौ, राजसभा है जिसे वह अपनी पत्नी के समान अपने आप उसका सभापति होकर उसको अपने अधीन रखता है। जिसके लिये ब्राह्मण ग्रन्थ में लिखा है— 'प्रजापति स्वां दुहितरमभ्यधावत्।' इत्यादि उसी को 'दिव' या 'उषा' रूप से भी कहा है, वस्तुतः यह राज-सभा है।

परमेश्वर के पक्ष में—सबसे श्रेष्ठ सर्वोत्पादक परमेश्वर की अद्भुत (विश्वजन्या) विश्व को उत्पन्न करने वाली (सुमतिं) उत्तम ज्ञानवती (गाम्) वाणी को मैं (वृणे) सेवन करू (याम् महीम् गाम्) जिस पूजनीय वाणी को सहस्रो धार वाली हृष्ट पुष्ट गाय के समान (सहस्र-धाराम्) सहस्रों 'धारा', धारण सामर्थ्य या व्यवस्था-नियमों वाली को (कण्वः अदुहत्) ज्ञानी पुरुष दोहन करता है, उससे ज्ञान प्राप्त करता है।

वि॒धेम॑ ते पर॒मे जन्म॑न्नग्ने वि॒धेम॒ स्तोमै॒रव॑रे स॒धस्थे॑ ।
यस्मा॒द्योने॑रु॒दारि॑था॒ यजे॒ तं प्र त्वे ह॒वींᳪ॑षि जुहु॒रे समि॑द्धे ॥७५॥

ऋ० ७ । १ । ३ ॥

गृत्समद ऋषिः । त्रिस्थानोऽग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—हे (अग्ने) अपने तेज से दुष्टों का दहन करने हारे राजन् ! हम (परमे जन्मनि) सर्वोत्कृष्ट पद पर स्थापित करके (ते) तेरा (विधेम) विशेष सत्कार करें। और (अवरे सधस्थे) उससे उतर कर 'सधस्थ' अर्थात् सब विद्वान् सभासदों के एकत्र होने के सभा-भवन में भी (स्तोमैः) स्तुति वचनों या अधिकार पदों से (विधेम) तेरा आदर सत्कार करें। तू (यस्मात् योने.) जिस स्थान से भी (उत् आरिथा) उन्नत पद को प्राप्त हो (तम् यजे) उसको भी मैं तुझे प्रदान करू। (समिद्धे) प्रदीप्त अग्नि में जिस प्रकार (हवींषि जुहुरे) नाना हवियों को आहुति करते हैं उसी प्रकार हम लोग (त्वे) तुझपर (हवींषि) आदान योग्य, ग्रहण करने और स्वीकार करने योग्य यथार्थ वचनों को प्रदान करें। शत० ६।२ ३।३६॥

योगी के पक्ष में—हे योगिन् ! परम जन्म अर्थात् योग द्वारा प्राप्त उत्कृष्ट पद में स्थित तेरी हम सेवा करें। जिस मूल आश्रय से तू उन्नति को प्राप्त है (तम् यजै) उस परमेश्वर की हम भी उपासना करें। प्रदीप्त अग्नि के समान तुम्हें हम श्रेष्ठ अन्न प्रदान करें।

प्रेद्धो॑ऽअग्ने दीदिहि पु॒रो नो॒ऽज॑स्रया सू॒र्म्या॑ यविष्ठ।
त्वा॑ᳬ शश्व॑न्त॒ऽउप॑यन्ति॒ वाजा॑: ॥ ७६ ॥ ऋ० ७ । १ । ३ ॥

वसिष्ठ ऋषिः । अग्निर्देवता । आर्च्युष्णिक् । ऋषभः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने ! तेजस्विन् ! तू (नः पुरः) हमारे आगे (अजस्रया) अविनाशी, नित्य (सूर्म्या) काष्ठ से जिस प्रकार आग जलती है उसी प्रकार उत्तम उत्साह और तेजः साधनों से (दीदिहि) प्रकाशित हो। हे (यविष्ठ) सदा बलवान् ! (त्वाम्) तुझ (शश्वन्तः) सदा के लिये स्थिर (वाजाः) अन्नादि ऐश्वर्य और ज्ञानवान् पुरुष (उपयन्ति) प्राप्त हों। शत० ६।२।३।४० ॥

अग्ने॒ तम॒द्याश्वं॒न्न स्तोमै॒: क्रतु॒न्न भ॒द्रᳬ हृ॑दि॒स्पृश॑म् ।
ऋ॒ध्यामा॑ त॒ऽओहै॑ः ॥ ७७ ॥ ऋ० ७ । १० । १ ॥

भा०—व्याख्या देखो अ० १५ । १४ ॥ शत० ६।२।३।४१ ॥

चित्तिं॑ जुहोमि॒ मन॑सा घृ॒तेन॒ यथा॑ दे॒वा इ॒हागम॒न्वी॒तिहो॑त्रा ऋता॒वृध॑: । पत्ये॒ विश्व॑स्य भू॒मनो॑ जुहोमि॑ वि॒श्वक॑र्मणे वि॒श्वाहादा॑भ्यᳬ ह॒विः ॥ ७८ ॥

विश्वकर्मा देवता । विराड् अतिजगती । निषादः ॥

भा०—मैं (घृतेन) घी के द्वारा जैसे अग्नि में आहुति दी जाती है उसी प्रकार (मनसा) मनन पूर्वक, चित्त से (चित्तिम्) तत्व जिज्ञासा के लिये चिन्तन या विवेक को (जुहोमि) प्राप्त करता हूं अर्थात् निर्णय करना चाहता हूं (यथा) जिससे (इह) इस विचार-भवन में (वीतिहोत्रा) उज्वल, ज्ञान की आहुति देने वाले (ऋतावृध) सत्य को बढ़ाने हारे (देवा) विद्वान् लोग (आगमन्) आयें। (भूमनः विश्वस्य पत्ये) बड़े भारी विश्व के स्वामी (विश्वकर्मणे) समस्त राष्ट्र के साधु कर्मों के प्रवर्त्तक राजा के निमित्त मैं (अदाभ्यं) अखण्ड, अविनाशी वे

चूक, कभी न कटने वाली, दृढ़ (हवि.) ज्ञान और अन्न को (विश्वाहा) सदा दिनों (जुहोमि) प्रदान करूं । शत० ९।२।३४२ ॥

प्रत्येक विद्वान् सभासद् का कर्त्तव्य है कि जब विद्वान् सत्यशील लोग एकत्र हों तो मन लगा कर 'चिति' अर्थात् विषय के 'चिन्तन' या विचार में ध्यान दें । और राजा को अखण्डनीय, निश्चित सत्य तत्व का निर्णय प्रदान करे ।

योगी के पक्ष में—प्रकाशित यज्ञ वाले सत्यवर्धक (देवा) देवगण, प्राण या विद्वान् मुझे प्राप्त हों इस रीति से मैं सत्यासत्य विवेचन करूं । और महान् विश्व के स्वामी परमेश्वर के लिये इस (अदाभ्यं हवि) अखण्ड, हवि रूप आत्मा को समर्पित करूं ।

सप्त ते॑ अग्ने स॒मिध॑ः स॒प्त जि॒ह्वाः स॒प्त ऋष॑यः स॒प्त धाम॑ प्रि॒याणि॑ । स॒प्त होत्राः॑ सप्त॒धा त्वा॑ यजन्ति स॒प्त योनी॒रा पृ॑णस्व घृ॒तेन॒ स्वाहा॑

अग्निर्देवता । आर्षी जगती । निषाद । सप्त ऋषयो ऋषयः ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्नि के समान उज्ज्वल तेजस्विन् ! (ते) तेरे (सप्त समिध) अग्नि के समान सात समिधाएं हैं अर्थात् अमात्यादि सात प्रकृतियां तेरी तेजोवृद्धि का कारण हैं । (सप्त ऋषयः) राष्ट्र के कार्यों का निरीक्षण करने वाले वे सात ही 'ऋषि' हैं, वे मन्त्रद्रष्टा, गुप्त मन्त्रणार्थ अमात्य हैं । (सप्त प्रियाणि धाम , सात ही प्रिय तेज या धारण सामर्थ्य हैं । वही तेरे (सप्त होत्रा.) सात होत्र, यज्ञ के ७ होताओं के समान राष्ट्र के सात अंग हैं । वे सातों (त्वा) तुझ को (सप्तधा) सात तरह से (यजन्ति) प्राप्त होते हैं । तू उन (सप्त योनी) सातों स्थानों या पदाधिकारों को (घृतेन) अपने तेज से (स्वाहा) उत्तम रीति से (आपृणस्व) पूर्ण कर । शत० ९।२।३।४४ ॥

होत्राः—ऋतवो वा होत्राः। रश्मयो वाव होत्राः। अङ्गानि वा होत्राः॥ गो० उ० ६। ६॥

शुक्रज्योतिश्च चित्रज्योतिश्च सत्यज्योतिश्च ज्योतिष्माँश्च।
शुक्रश्च ऋतपाश्चात्यंहाः॥ ८०॥

मरुतो देवता। आर्ष्युष्णिक्। ऋषभः॥

भा०—(शुक्रज्योतिः च) शुक्रज्योति, (चित्रज्योतिः च) चित्र ज्योति, (सत्यज्योति च) सत्यज्योति (शुक्र: च) शुक्र, (ऋतपा: च) ऋतपा और (अत्यंहा.) अत्यंहा ये ७ 'मरुत्' अर्थात् शरीर में ७ प्राणों के समान राष्ट्र मे मुख्य अमात्य नियत किये जांय। शत० ६।३।१।२६॥

अति कान्तिमान् शुद्ध ज्योति, ज्ञानवान् पुरुष 'शुक्रज्योति' है। चित्र अर्थात् अद्भुत ज्योति वाला पुरुष 'चित्रज्योति' है। सत्य निर्णय देने वाला 'सत्यज्योति' और ज्ञानज्योति वाला पुरुष 'ज्योतिष्मान्' और शीघ्रकारी या शुद्ध रूप 'शुक्र' है। (ऋतपाः) सत्य या कानून ग्रन्थ का पालक ऋतपा' है। अहस् अर्थात् पापों को अतिक्रमण करनेवाला 'अत्यंहा.' है।

ये सभी ईश्वर के नाम भी हैं।

ईदङ् चान्यादङ् च सदङ् च प्रतिसदङ् च।
मितश्च सम्मितश्च सभराः॥ ८१॥

मरुतो देवता। आर्षी गायत्री। षड्जः॥

भा०—(इदङ्) यह ऐसा है, (अन्यादङ् च) यह अन्य के समान है अर्थात् इसके समान और भी है, (सदङ् च) यह और यह समान है। (प्रतिसदङ् च) प्रत्येक पदार्थ इस अंश में समान है .(मितः च) यह इतने परिमाण का है, (समितः च) अच्छी प्रकार यह अमुक पदार्थ के बराबर ही परिमाण वाला है। (सभरा) ये सब पदार्थ समान भार वाले या समान वस्तु को धारण करते हैं। इस प्रकार सातों प्रकार

से देखने वाले विद्वान् राजा के राज्य-विभागों में कार्य करें। और उनके 'ईदृङ्' आदि ही नाम हों।

इसी प्रकार सात प्रकार से विवेचना करने वाला होने से उनका मुख्य पुरुष और परमेश्वर भी इन सात नामों से कहाता है।

ऋतश्च॑ स॒त्यश्च॑ ध्रु॒वश्च॑ ध॒रुण॑श्च ध॒र्त्ता च॑ विध॒र्त्ता च॑ विधार॒यः ८२

मरुतो देवता । आर्षी गायत्री । षड्ज ॥

भा०—(ऋत च सत्य च ध्रुव च) ऋत, सत्य, ध्रुव, (धरुण' च) धरुण, (धर्त्ता च विधर्त्ता च) धर्त्ता और विधर्त्ता और (विधारयः च) विधारय ये ७ व्यवहार निर्णय के लिये अधिकारी हों। इनके भिन्न २ कार्य हैं। जैसे 'ऋत' जो व्यवस्था पुस्तक का प्रमाणग्राही, (सत्य.) घटना का सत्य रूप रखने वाला, (ध्रुव.) स्थिर निर्णयदाता (धरुण.) दोषों का पकड़ने वाला, (धर्त्ता) उसका वश करने वाला और (विधारयः) उसको विविध कार्यों में नियोजक।

इसी प्रकार इनके मुख्य पुरुष के भी कार्य भेद से ये सात नाम हैं, ईश्वर के भी ये सात नाम है।

ऋ॒तजि॑च्च स॒त्यजि॑च्च सेन॒जिच्च॑ सु॒षेण॑श्च।
अन्ति॑मित्रश्च दू॒रे ऽअ॑मित्रश्च ग॒णः॥ ८३॥

मरुतो देवताः । निचृदार्षी जगती । निषाद. ॥

भा०—(ऋतजित् च सत्यजित् च, सेनजित् च सुषेण च) ऋतजित्, सत्याजित सेनजित् और सुषेण, (अन्तिमित्र च, दूरे अमित्र' च गण) अन्तिमित्र, दूरे अमित्र और गण ये सेना विभाग के अध्यक्ष हैं।

ई॒दृक्षा॑स ऽए॒ता॒दृक्षा॑स ऽऊ॒ षु णः॑ स॒दृक्षा॑सः प्रति॑सदृक्षास॒ ऽएत॑न। मि॒तास॑श्च॒ सम्मि॑तासो नो ऽअ॒द्य सभ॑रसो मरुतो य॒ज्ञे ऽअ॒स्मिन् ८४

मरुतो देवता. । निचृदार्षी जगती । निषाद ॥

भा०—हे (ईदृक्षासः एतादृक्षासः सदृक्षासः प्रतिसदृक्षासः मितासः संमितास सभरसः) ईदृक्ष, एतादृक्ष, सदृक्ष प्रति सदृक्ष मित और संमित और सभर ये सातो (मरुत.) मरुद्गण अर्थात् प्रजाओं के गण, पालक लोगों! आप लोग (अस्मिन्) इस राष्ट्र के यज्ञ में (एतन) आओ।

ऋतवाँश्च प्रघासी च सान्तपनश्च गृहमेधी च ।
क्रीडी च शाकी चोज्जेषी ॥ ८५ ॥

भा०—और इसी प्रकार (ऋतवान्) स्वयं बलशाली, (प्रघासीच) उत्कृष्ट पदार्थ को भोजन करने वाला, (सांतपन च) उत्तम रूप से तप करने वाला या प्रजा के धर्म कर्म सस्कार करनेहारा, (गृहमेधी च) गृहस्थ, (क्रीडी च) क्रीडाशील, युद्धविजयी, (शाकी) शक्तिमान्, (उज्जेषी च) और उत्तम पदों का जय करने हारा ये लोग भी प्रजा के मुख्य अंग हैं।

इन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन्यथेन्द्रं दैवीर्विशो मरुतोऽनुवर्त्मानोऽभवन् । एवमिमं यजमानं दैवीश्च विशो मानुषीश्चानुवर्त्मानो भवन्तु ॥ ८६ ॥

८५—इतः परं क्वचित् पुस्तकेषु

उग्रश्च भीमश्च ध्वान्तश्च धुनिश्च ।
सासह्वाँश्चाभियुग्वा च विक्षिपः स्वाहा ॥
अथ मन्त्रः पठ्यते ।

अर्थ—(उग्र) बलवान् (भीम) भयानक, (ध्वान्त) अन्धकार के समान शत्रुओं को अन्धकार करनेहारा, (धुनि च) कंपा देने वाला, (सासह्वान्) पराजित करने वाला, (अभियुग्वा) आक्रमण करनेवाला और (विक्षिप) विविध दिशाओं से शत्रु पर शस्त्र फेंकने वाला। ये भी विजय कार्य के निमित्त वीर नेता पुरुष आवश्यक हैं। इस प्रकार ये मरुद्गण ४९ गिने जाते हैं।

मरुतो देवताः । निचृत् शक्वरी । धैवतः ॥

भा०—(दैवी. विश) विद्वान् लोगों की प्रजाएं (इन्द्रम्) ऐश्वर्यवान् धार्मिक राजा के और (मरुतः) शत्रुओं को मारने वाली सेनाएं (इन्द्रम्) शत्रुओं के गढ़विदारक इन्द्र सेनापति के (अनु वर्त्मानः) पीछे २ रास्ता चलने वाले होते हैं । (यथा) जिस प्रकार से (दैवी विश) देव, दर्शन-शील आत्मा के भीतर प्रविष्ट प्राण आदि प्रजाएं (मरुत.) और प्राण गण (इन्द्रम् अनुवर्त्मान) 'इन्द्र' आत्मा के पीछे चलने वाले होते हैं (एवम्) इसी प्रकार (इमं यजमानम्) इस अन्न, आजीविका वेतन और मान आदि के देने वाले राजा के (दैवी च) विद्वानों और (मानुषीः च) साधारण मनुष्यों की प्रजाएं भी (अनुवर्त्मानो भवन्तु) पीछे २ रास्ता चलने वाली हों ।

इमꣳस्तनमूर्जस्वन्तं धयापां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये । उत्सं जुषस्व मधुमन्तमर्वन्त्समुद्रियꣳ सदनमा विशस्व ॥ ८७ ॥

अग्निर्देवता । आर्षी त्रिष्टुप् । धैवत ॥

भा०—हे (अग्ने) अग्ने अग्रणी नायक ! तेजस्विन् ! तू (सरिरस्य-मध्ये) आकाश के बीच में (अपा प्रपीनम्) जलों से परिपूर्ण (इमं) इस (ऊर्जस्वन्तम्) अन्न और बलकारी (स्तनम्) स्तन के समान रसों का बहाने वाले एव घोर गर्जनाकारी (उत्सं) कूप के समान अनन्त जल देने वाले (मधुमन्तम्) परिमाण में अन्नादि मधुर पदार्थों के देने वाले (समुद्रियम्) समुद्र से उत्पन्न मेघ के समान (सरिरस्य मध्ये) बड़े भारी व्यापक राष्ट्र के बीच में (अपा प्रपानम्) आप्त प्रजाओं से पुष्ट, (ऊर्ज-स्वन्तम्) बल पराक्रम और अन्नादि से सम्पन्न (उत्सम्) उत्तम फलों के दाता (मधुमन्तम्) अन्नादि मधुर पदार्थों से युक्त, (समुद्रियम्) समुद्र से घिरे अथवा नाना सम्पत्तियों के उत्पादक (स्तनम्) स्तन के समान

मधुर आनन्द रसदायक अथवा सब सुखों के अधार रूप इस उत्तम राष्ट्र को (धय) बालक के समान शान्ति से भोग कर । हे (अर्वन्) अश्व के समान वेगवान् साधनों से सम्पन्न तू (समुद्रियं सदनम्) समुद्र के समान गंभीर इस सम्राट् पद को (आविशस्व) प्राप्त कर ।

घृतं मिमिक्षे घृतमस्य योनिर्घृते श्रितो घृतम्वस्य धाम ।
अनुष्वधमावह मादयस्व स्वाहाकृतं वृषभ वक्षि हव्यम् ॥८८॥

ऋ० २ । ३ । ११ ॥

गृत्समद ऋषिः । अग्निर्देवता । निचृदार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—पूर्वोक्त 'पर्जन्य' पद की मेघ से और भी तुलना करते हैं । वह उक्त मेघ (घृतम् मिमिक्षे) जल का सेचन करता है । और (अस्य) उसका (घृतम् योनिः) जल ही मूलकारण है । वह (घृते श्रितः) उदक में ही आश्रित है । (अस्य धाम घृतम् उ) उसका जन्म, वर्षण कर्म और स्वरूप ये तीनों भी जल ही है । और हे पर्जन्य ! रसों को प्रजा पर बरसा देने वाले ! तू (अनु-स्वधम्) जल के ही साथ बहुत सी अन्नादि सम्पत्ति को (आवह) प्राप्त कराता है और (मादयस्व) सबको तृप्त करता है । हे (वृषभ) जलों के वर्षण करने हारे ! तू (स्वाहा-कृतम्) यज्ञाग्नि में आहुति किये या अपने में उत्तम रीति से धारण किये जल से उत्पादित (हव्यम्) अन्न को (वक्षि) प्रजा को प्रदान करता है । इसी प्रकार हे राजन् ! तू मेघ के समान उच्च पद पर विराजमान होकर (घृतं मिमिक्षे) अग्नि के समान तेज और मेघ के समान सुख और स्नेह का वर्षण कर । (अस्य) इस अग्नि का जिस प्रकार घृत ही आश्रय है उसी प्रकार तेरा भी आश्रय स्थान 'घृत' तेज ही है । तू (घृतश्रितः) अपने तेज में आश्रित होकर रह । (घृतम् अस्य धाम) इस राजपद का धाम तेज या धारण सामर्थ्य या स्वरूप भी 'तेज', पराक्रम ही है । (अनुष्वधम्) अपनी धारण शक्ति के अनुसार ही इस राष्ट्र के कार्य-भार को (आवह) उठा । (मादयस्व)

स्वय समस्त प्रजाओं को तृप्त कर। (स्वाहा कृतम्) सुखपूर्वक प्रदान किये (हव्यम्) कर आदि पदार्थों को हे (वृषभ) प्रजा पर सुखों के वर्षक राजन्! (वत्ति) तू स्वय प्राप्त कर और अपने अधीन भृत्यों को दे।

**समुद्रादूर्मिर्मधुमाँ२ऽउदार॒दुपा॒ꣳशुना॒ सम॑मृत॒त्वमा॑नट्।
घृतस्य॒ नाम॒ गुह्यं॒ यदस्ति॑ जि॒ह्वा दे॒वाना॑म॒मृत॑स्य॒ नाभिः॑ ॥ ८६ ॥**

ऋ० ४ । ५८ । १ ॥

अग्निर्देवता। निचृदार्षी त्रिष्टुप। धैवत ॥

भा०—राजा के पक्ष में –(समुद्रात्) समुद्र के समान गम्भीर राजा से एक (मधुमान्) शत्रुओं को कँपा देने वाले सामर्थ्य से युक्त (ऊर्मिम्) प्रबल तरंग के समान पराक्रम (उत् आरत्) ऊपर उठता है और (अंशुना) व्यापक सैनिक बल या राष्ट्र के बल के साथ (अमृतत्वम्) अमृतत्वं अर्थात् अमर यश के (उप सम् आनट्) प्राप्त कराता है। (घृतस्य) तेज का (यत्) जो (गुह्य नाम अस्ति) गुह्य, सुगुप्त स्वरूप है वह (देवानाम्) तेजस्वी विजयी पुरुषों की (जिह्वा) आहुति रूप क्रोधाशिखा है जो (अमृतस्य नाभि) उस अमर, अविनाशी, स्थायी राष्ट्र को बाधने वाली है।

मेघ के पक्ष में—समुद से एक (मधुमान्) जल से पूर्ण (ऊर्मि) तरंग उठता है। जो (अंशुना) वायु या सूर्य के द्वारा (अमृतत्वम्) सूक्ष्म जल-भाव को प्राप्त होता है। (घृतस्य) मेघ द्वारा भूमि पर सेचन करने योग्य जल का (यत्) जो (गुह्य) गुहा, अन्तरिक्ष में स्थित (नाम) स्वरूप या परिवर्त्तित, परिपक्व रूप है वह (देवाना) सूर्य की रश्मियों की (जिह्वा) तापकारी शिखा या जल सेंचने वाली शक्ति के कारण है। और वही उस (अमृतस्य) सूक्ष्म जल को (नाभि) बाधने, आकाश में थामे रहने का कारण है।

जीवनपक्ष में—अन्न रूप अक्षय समुद-से (मधुमान् ऊर्मि.) मधुर

रस की एक तरंग या उत्कृष्ट रूप उत्पन्न होता है। वह (अंशुना) प्राण वायु के साथ मिलकर (अमृतत्वम्) जीवन या चेतना के रूप में बद-लता है। (घृतस्य) दीप्ति या ओज का या स्त्रीयोनि में निषेक करने योग्य वीर्य का (यत् गुह्यं नाम अस्ति) जो गुह्य अर्थात् प्रजनेन्द्रिय या शरीर में गुप्त रूप से विद्यमान परिपक्व स्वरूप है वह (देवानां जिह्वा, देवों, इन्द्रियों की दीप्ति या शक्ति का कारण है और (अमृतस्य नाभिः) अमृत, दीर्घ जीवन और अगली प्रजा का मूल कारण है।

परमेश्वरपक्ष में—(समुद्रात्) उस परम परमेश्वररूप अनन्त अक्षय, आनन्दसागर से (मधुमान्) ज्ञानमय तरंग या प्रजोत्पादक कामना-रूप तरंग उत्पन्न होती है। वह (अंशुना) विषयों के भोक्ता जीव के साथ मिलकर (अमृतत्वम्) चित् शक्ति को (उप समानट्) जागृत करती है। (घृतस्य) प्रकृति के गर्भ में सेचन करने योग्य परमेश्वरीय तेज का जो गुह्य, परम विचारणीय (नाम) स्वरूप है वह (देवानाम्) समस्त दिव्य वैकारिक महत् आदि पदार्थों की (जिह्वा) वशकारिणी शक्ति है, वही (अमृतस्य नाभिः) समस्त अमृत, अविनाशी, चिन्मय जगत् का (नाभिः) बांधने वाला केन्द्र है।

गृहपति-प्रजापक्ष में—कामरूप अनन्त समुद्र से (मधुमान् ऊर्मि) मधुर स्नेहमय एक तरंग उठती है। और (अंशुना) प्राण के साथ मिलकर (अमृतत्वम् उप सम् आनट्) अमृत रूप प्रजाभाव को प्राप्त होती है। (घृतस्य नाम यत् गुह्यम् अस्ति) निषेकयोग्य वीर्य का जो परिपक्व रूप है वही (देवानाम्) रति क्रीड़ा करनेवाले पुरुषों की (जिह्वा) अर्थात् कामरस प्राप्त करने का साधन है और वही (अमृतस्य नाभिः) आगामी प्रजारूप अमर, तन्तु प्राप्त करने का मूल कारण है। वीर्य से ही रति उत्पन्न होती है और उसी से सन्तान।

वयं नाम प्र ब्रवामा घृतस्यास्मिन् यज्ञे धारयामा नमोभिः ।
उप ब्रह्मा शृणवच्छस्यमानं चतुःशृङ्गोऽवमीद् गौर ऽएतत् ॥६०॥

वामदेव ऋषिः । अग्निर्देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—राजा के पक्ष मे—(वयम्) हम लोग (घृतस्य) बल, ऐश्वर्य से प्रजा का सेचन करने हारे और स्वयं तेजस्वी राजा के (नाम) शत्रुओं को नमाने वाले बल या दण्ड विधान, शासन का (प्र ब्रवाम) अच्छी प्रकार वर्णन या उपदेश करें । और (अस्मिन् यज्ञे) इस प्रजापालन, एवं राज्य कार्य में हम लोग उस शासन को (नमोभिः) दण्ड आदि शत्रुओं को दबाने वाले विविध साधनों मे (धारयाम) धारण करें और पुष्ट करें । (ब्रह्मा) ब्रह्मा अर्थात् वेद का जानने वाला चतुर्वेदवित् विद्वान् (शस्यमानम्) विधान किये जाते हुए इसको (उपशृणवत्) स्वयं श्रवण करें । और (चतुःशृङ्गः) पदाति, रथ, अश्व और हस्ति आदि चारों प्रकार के हिंसासाधनों से सम्पन्न (गौरः) गो=पृथिवी में रमण करने हारा राजा (एतत्) उस दण्ड-विधान को (अवमीत्) विद्वानों से श्रवण करके पुनः प्रजा को आज्ञा रूप से कहे ।

ज्ञान के पक्ष में—ब्रह्मा, वेदवित् विद्वान् चार वेदों रूप चार शृङ्गवाला और (गौरः) वेद वाणी में रमण शील होकर वमन अर्थात् वेदों का उपदेश करे और लोग श्रवण करें (घृतस्य) ज्ञान के परिपक्व स्वरूप का हम प्रवचन करें और (यज्ञे) श्रेष्ठ कर्म या उपास्य परमेश्वर में उसको (नमोभिः) आदर वचनों सहित (धारयाम) प्रयोग करें ।

चत्वारि शृङ्गा त्रयो ऽअस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो ऽअस्य ।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्याँ२ऽ आविवेश ॥६१॥

ऋषभो यज्ञपुरुषो देवता । विराडार्षी त्रिष्टुप् । धैवतः ॥

भा०—राजा के पक्ष मे —इस राजा रूप प्रजापति या राष्ट्र-रूप यज्ञ

के (चत्वारि शृङ्गा) चार शृङ्ग अर्थात् शत्रुओं के हनन करने वाले साधन चतुरंग सेना है। (अस्य) इसके (त्रय:) तीन (पादाः) पैर अर्थात् चलने के साधन हैं राजा, प्रजा और शासक। (द्वे शीर्षे) दो शिर हैं राजा और अमात्य या राजा और पुरोहित। (अस्य) इसके (सप्त हस्तासः) सात हाथ, सात प्रकृतियें हैं। (त्रिधा बद्धः) तीन शक्तियां प्रज्ञा, सेना और कोष। इन तीन शक्तियों से राष्ट्र बँधा या सुव्यवस्थित है। वह (वृषभः) सर्वश्रेष्ठ, वर्षणशील मेघ या बलीवर्द के समान (रोरवीति) गर्जना करता है और (महः देवः) वह बड़ा पूजनीय देव दानशील, प्रजा को सुखप्रद, राजा (मर्त्यान्) मनुष्यों को (आविवेश) प्राप्त है।

यज्ञ-पक्ष में—यज्ञ के ४ सींग, ब्रह्मा, उद्गाता, होता और अध्वर्यु। तीन पाद ऋग्, यजुः, साम। दो शिर हविर्धान और प्रवर्ग्य। सात हाथ सप्त होता या सात छन्द। तीन स्थान प्रातःसवन, माध्यंदिन सवन और सायं सवन से बंधा है। अथवा—४ सींग ४ वेद। तीन पाद तीन सवन। प्रायणीय और उदयनीय दोनों इष्टियां दो शिर। सात हाथ सात छन्द। तीन प्रकार से बद्ध मन्त्र, छन्द, ब्राह्मण और कल्प। यास्क० निरु० १३।७॥

अथवा शब्द के पक्ष में—४ सींग, नाम, आख्यात (क्रियापद) उपसर्ग और निपात। तीन पद भूत, भविष्यत् और वर्त्तमान, दो सिर शब्द नित्य और अनित्य। सात हाथ, सात विभक्तियां। यह शब्द तीन स्थान पर बद्ध है छाती में, कण्ठ में और शिर में। सुनने से सुख का वर्षण करता है। वह शब्द करता, उपदेश देता है और ध्वनि रूप होकर समस्त मरणधर्मा प्राणियों में विद्यमान है। पतञ्जलि मुनि॥ व्या० महाभाष्य १।१।आ० १॥

आत्मा के पक्ष में—४ सींग धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। तीन पाद अर्थात् ज्ञानसाधन, तीन वेद, या मनन, क्रिया और उच्चारण या ज्ञान,

कर्म और गान। दो शिर प्राण, अपान। सात हाथ शिरोगत सप्त प्राण-२ नाक, २ आंख, २ कान, एक मुख। अथवा सात धातु त्वग्, मांस, भेद, मठज, अस्थि, २ त्रिधा बद्ध मन, कर्म और वाणी, अथवा त्रिगुण सत्व रजस्, तमस द्वारा बद्ध है। वह भीतरी सब सुखों का वर्षक होने से 'वृषभ' महाप्राण आत्मा (देव) साक्षात् ज्ञानद्रष्टा होकर (मर्त्यान् आविवेश) मरणधर्मा देहों मे आश्रित है।

परमात्मा के पक्ष मे—चार सींग चारों दिशाएं अथवा अ, उ, म् और अमात्र। तीन चरण, तीन काल अथवा तीन भुवन। दो शिर द्यौ, पृथिवी। सात हाथ सात मरुत् गण अथवा सात समष्टि प्राण, अथवा महत्, अहकार और ५ भूत। त्रिधा बद्ध है सत्, चित् और आनन्दरूप में। वह महान् परमेश्वर (वृषभ) समस्त सुखो का वर्षक एव जगत् को उठाने वाला, (रोरवीति) परम वेदज्ञान का उपदेश करता है वह महान् देव उपादेय परमेश्वर (मर्त्यान् आविवेश) समस्त नश्वर पदार्थों मे भी व्यापक है।

त्रिधा हितं पणिभिर्गुह्यमानं गवि देवासो घृतमन्वविन्दन्।
इन्द्र एक सूर्य एकं जजान वेनादेकं स्वधया निष्टतक्षुः॥९२॥

यज्ञ पुरुषो देवता। आर्षी त्रिष्टुप्। धैवत ॥

भा०—राजा के पक्ष में—(पणिभि) व्यवहार-कुशल पुरुषों द्वारा (गवि) गौ इव पृथ्वी या प्रजा में (गुह्यमानं) गुप्त रूप से (त्रिधा हितम्) तीन प्रकार से रक्खे, या बधे हुए (घृतम्) सेचन योग्य बल को (देवास.) विद्वान् विजेता पुरुष (अनु आविन्दन्) प्राप्त करते हैं। (इन्द्र) शत्रु नाशक सेनापति (एक) एक सेना-दल को (जजान) उत्पन्न करता है। (सूर्य) सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष (एक) एक, कर आदि द्वारा धन, कोश रूप बल को उत्पन्न करता है। और (वेनात्) मेधावी पुरुष से ज्ञान रूप घृत को तपस्वी लोग (स्वधया) अपने ज्ञान को धारण करने वाली तपस्या द्वारा (नि. ततक्षुः) प्राप्त करते हैं।

विद्वान् के पक्ष में-(पणिभिः) स्तुति करने वाले या व्यवहारज्ञ कुशल पुरुषों द्वारा या प्राणों द्वारा (गवि) गो-दुग्ध में छुपे (घृतम्) घी के समान (गवि) गौ में अर्थात् समस्त लोकों, पृथिवी, अन्तरिक्ष वाणी और अन्न में (गुह्यमानं) छुपाये गये और उसी में (त्रिधा हितम्) तीन प्रकार से रक्खे गये मन्त्र, ब्राह्मण और कल्प, इन तीन प्रकार से विद्यमान (घृतम्) ज्ञान को (देवासः) विद्वान् लोग (अविन्दन्) मनन द्वारा प्राप्त करते हैं (इन्द्रः) इन्द्र वायु, (एकम्) एक प्रकार के 'घृत' को (जजान) प्रकट करता या जानता है। और (सूर्यः) सूर्य एक प्रकार के घृत को (जजान) ज्ञान करता या प्रकट करता है। और विद्वान् पुरुष (स्वधया) अपनी धारित आत्म-शक्ति से (वेनात्) कान्तिमान् अग्नि से (निस्ततक्षुः) शिल्प द्वारा उत्पन्न करते हैं।

'गौ.'—इमे वै लोका गौः। यद्धि किंच गच्छति इमांस्तल्लोकान् गच्छति। श० ६ । १ । २ । ३४ ॥ अयम्मध्यमो लोको गौः। तां० ४ । १ । ७॥ गौर्वा सार्पराज्ञी। कौ० २७ । ४ ॥ प्राणो हि गौः। श० ४ । ३ । ४ । २५ ॥ इडा हि गौः। श० २ । ३ । ४ । ३४ ॥ सरस्वती गौः। श० १४ । २ । १ । १७ ॥ या गौः सा सिनीवाली सो एव जगती। ऐ० ३ । ४८ ॥ इन्द्रियं वै वीर्यं गावः।

ये तीनों लोक 'गौ' कहाते हैं। अन्तरिक्ष और पृथिवी, ये दोनों भी 'गौ' कहाते हैं। प्राण-'गौ' है। इडा 'गौ' है। सरस्वती या वाणी गौ है। इन्द्रिय गौवें हैं, अन्न गौ है। विद्वानों ने इन सब पदार्थों में घृत या रस के दर्शन किये।

घृतम्—अन्नस्य घृतमेव रसस्तेजः। मं० २ । ६ । १५ ॥ तेजो वै एतत् पशूनां यद् घृतम्। ऐ० ८ । २० ॥ देवव्रतं वै घृतम्। तां० १८ । २ । ६ ॥ रेतःसिक्तिर्वै घृतम्। कौ० १६ । ५ ॥ उल्वं घृतम्। श० ६ । ६ । ६ । २ । १५ ॥ घृतमन्तरिक्षस्य रूपम्। श० ६ । २ । ३ । ४४ ॥

अन्न का परम रस घृत है। वीर्य घृत है। अन्तरिक्ष तेज घृत है।

पणिभिः-सुरैः इति उव्वट। असुरै इति महीधर। व्यवहारज्ञै.स्ताव-कैरिति दयानन्दः।

तीनों लोकों में घृत विद्यमान है। सर्गव्यापार करने वाली शक्तियें उस ब्रह्म बीज रूप तेजस् को फैलाती हैं। परन्तु उसके एक तेज को आकाश में सूर्य ने प्रकट किया, एक को विद्युत् रूप से वायु ने और तीसरे को हम अग्नि रूप से अथवा अपने देह में जाठर रूप से प्राप्त करते हैं।

वाणी रूप गौ में ईश्वर के स्वरूप के स्तुतिकर्त्ता मन्त्रों ने तीन प्रकार का ज्ञान रूप घृत को धारण किया। जिसको वायु, सूर्य और अग्नि ने प्रकट किया।

एता ऽअर्षन्ति हृद्यात्समुद्राच्छतव्रंजा रिपुणा नावचक्षे।
घृतस्य धारा अभि चाकशीमि हिरण्ययो वेतसो मध्य ऽआसाम्

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—राजा के पक्ष में—(एता घृतस्य धारा) ये तेज की धाराएं बल और शक्ति पूर्वक कही गयी आज्ञाए या सेनाएं (हृद्यात्) प्रजा के हृदय में उत्पन्न, उनके चित्तों को रमाने वाले (समुद्रात्) समुद्र के समान गम्भीर राजा से (अर्षन्ति) निकलती हैं। और (शतव्रजा·) सैकड़ों मार्गों में जाने वाली या सैकड़ों कार्यों को चलाने वाली होकर (रिपुणा) बाधक शत्रु द्वारा भी (न अवचक्षे) रोकी या विरोध नहीं की जा सकतीं। उन (घृतस्य) तेज की या बल, वीर्य या अधिकार की बनी (धाराः) राष्ट्र के धारण या व्यवस्थापन में समर्थ धाराओं को मैं (अभिचाकशीमि) सर्वत्र व्यापक देखता हू और (आसाम् मध्ये) इनके बीच में (हिरण्ययः

वेतस) घृत-धाराओं के बीच अग्नि के समान सुवर्ण रूप कोषसम्पत्ति का बना अति कमनीय आधार रूप स्तम्भ हैं।

अध्यात्म मे—(घृतस्य धारा. अभिचाकशीमि) मैं द्रष्टा जिस प्रकार घृत की धाराओं का प्रवाहित होता देखूं और (आसाम्) इनके (मध्ये) बीच में जिस प्रकार (हिरण्ययः वेतसः) सुवर्ण के समान कान्तिमान् अग्नि हो उसी प्रकार (एता.) ये (घृतस्य) स्वयं त्तरण होने वाले अनायास वहने वाले या स्वयं प्रस्फुटित होने वाले झरनों के समान फूट निकलने वाली वाणियों का मैं (अभि) साक्षात् (चाकशीमि) दर्शन करता हूं। और (आसाम् मध्ये) इनके बीच में व्यापक (हिरण्ययः) अति सुन्दर तेजस्वी (वेतसः) अति कमनीय पुरुष या ब्रह्म तत्व है। (एताः) ये वाणियें (हृद्यात् समुद्रात्) हृदय के समुद्र से अथवा हृदय से जानने और अनुभव करने योग्य हृदय मे बसे, (समुद्रात्) समस्त ज्ञान जलों के बहाने वाले परम अक्षय ज्ञानभण्डार मे (अर्षन्ति) निकलती हैं। वे (शतव्रजाः) सैकड़ों मार्गों मे जाने वाली, सैकड़ों अर्थों वाली, बहुत से पक्षों मे लगने वाली, श्लेष से बहुत से अभिप्राय वतलाने वाली होकर भी (रिपुणा) पापी शत्रु द्वारा भी (न अवचक्षे) खण्डित नहीं की जा सकतीं। अर्थात् वे सब सत्य वाणिये सत्य ज्ञान की धारायें है। इसमें संदेह नहीं।

'हृद्यात् समुद्रात्' श्रद्धोदकप्लुताद् देवतायाथात्म्यचिन्तनसन्तानरूपात् समुद्रात्, इति महीधरः।

सम्यक् स्रवन्ति सरितो न धेना॒ऽअ॒न्तर्हृ॒दा मन॑सा पू॒यमा॑नाः।
ए॒ते ऽअ॑र्षन्त्यू॒र्मयो॑ घृ॒तस्य॑ मृ॒गाऽइ॑व क्षिप॒णोरीष॑माणाः॥ ९४॥

ऋष्यादि पूर्ववत्॥

भा०—राजा के पक्ष मे-(धेनाः) राजाज्ञाएं (हृदा मनसा अन्तः पूयमानाः) हृदय और चित्त मे खूब मननपूर्वक विचारी जाकर (सरितः न)

नदियों के समान गम्भीर और अदम्य वेग से (स्रवन्ति) बहती हैं। राष्ट्र में फैलती है (घृतस्य ऊर्मयः एता) तेजस्वी राजकीय उन्नत आज्ञाएं या आज्ञाओं को धारण करने वाले राजदूत (क्षिपणो.) व्याध के भय से (ईषमाणा) व्याकुल (मृगा.) मृगों के समान वेग से (अर्षन्ति) गति करती हैं।

ज्ञानी के पक्ष में—(हृदा) हृदय द्वारा और (मनसा) मन से (अन्त. पूयमाना) भीतर ही भीतर निगम, निघण्टु, व्याकरण, शिक्षा छन्द आदि से पवित्र, सुविचारित होकर दोष रहित हुई हुई (धेना·) ज्ञानरस पान कराने वाली वाणियां (सरित न) नदियों के समान (सम्यक्) भली प्रकार (स्रवन्ति) निकलती हैं, बहती हैं फूट रही हैं। (क्षिपणो) हिंसक व्याध के भय से (ईषमाणा) भागते हुए (मृगा. इव) मृगों के समान (एते) ये (घृतस्य) परम रस, ब्रह्म तेज, ब्रह्मज्ञान की (ऊर्मय) तरङ्गें, उद्गार (अर्षन्ति) उठती चली आरही हैं।

सिन्धोरिव प्राध्वने शूघनासो वातप्रमियः पतयन्ति यह्वाः ।
घृतस्य धारा अरुषो न वाजी काष्ठा भिन्दन्नूर्मिभिः पिन्वमानः ॥१५॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(प्राध्वने) मार्ग रहित प्रदेश में मार्ग न मिलने पर (सिन्धो) समुद्र के या महानदी के (शूघनास) शीघ्र वेग से बहने वाले (यह्वा) बड़े (वातप्रमिय.) वायु के समान तीव्र गति से जाने वाले नाले जिस प्रकार वेग से (पतयन्ति) फूट पड़ते हैं उसी प्रकार (घृतस्य धारा·) ज्ञान की वाणियें अग्नि के प्रति घृत की धाराओं के समान वेग से बहती हैं। (वाजी न) जिस प्रकार अश्व (काष्ठाः भिन्दन्) वेग से सीमाओं को भी तोड़ता फोड़ता हुआ और (ऊर्मिभि) स्वेद-धाराओं से (पिन्वमान) सींचता हुआ जाता है। और जिस प्रकार (अरुषः)

दीप्तिमान् (वाजी) तेजस्वी अग्नि (काष्ठा भिन्दन्) काष्ठों, समिधाओं को अपनी ज्वालाओं से भेदता हुआ, चटकाता हुआ, और (ऊर्मिभिः) तेज की ऊर्ध्वगामिनी धाराओं से (पिन्वमानः) सींचता हुआ जलता है उसी प्रकार अग्नि के समान तेजस्वी विद्वान् भी (अरुष.) रोष रहित सुशील, और तेजस्वी कान्तिमान् होकर (काष्ठाः भिन्दन्) क' परम सुख की विशेष आस्था, या स्थिति मर्यादा या बाधाओं को तोड़ता हुआ (ऊर्मिभिः) ऊपर को जाने वालों प्राणों से (पिन्वमानः) स्वयं तृप्त आनन्द प्रसन्न होता हैं और वाणी या उद्गार रूप तरंगों से श्रोताओं को भी तृप्त करता है।

अध्यात्म में—(घृतस्य धाराः) साधक तेज की धाराएं उसके बीच तीव्र तरंगों या नालों के समान वहती हैं ।

राजा के पक्ष में—(यह्वाः) बड़े (वातप्रमियः) वायु के समान तीव्र गति वाले (घृतस्य) तेज के धारण करने वाली वीर सेनाएं (सिन्धोः शूघनास. धाराः इव) सिन्धु की तीव्रगति वाली धाराओं के समान (पतयन्ति) आगे बढ़ती हैं । और वह स्वयं वेगवान् अश्व के समान (काष्ठा भिन्दन्) संग्रामों को पार करता हुआ (ऊर्मिभिः पिन्वमान) तरंगों से सींचते हुए उत्ताल समुद्र के समान विराजता है ।

अभिप्रवन्त समनेव योषाः कल्याण्यः स्मयमानासो ऽअग्निम् ।
घृतस्य धाराः समिधो नसन्त ता जुषाणो हर्यति जातवेदाः ॥९६॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(समना) समान रूप से एक ही अभिलषित पुरुष को मन से विचारती हुई (कल्याण्य·) कल्याण, या शुभ आचरण और लक्षण वाली (योषाः इव) स्त्रियें, कन्याएं जिस प्रकार (स्मयमानासः) ईषत् कोमल हास करती हुई (अग्निम् अभि) तेजस्वी विद्वान् को वरण करने के उद्देश्य से (प्रवन्ते) उसके पास जाती हैं। और (ताः जुषाणः)

उनको प्रसन्न चित्त से प्रेम करता हुआ (जातवेदा.) वह विद्वान् स्नातक भी हर्यति चाहता है। और जिस प्रकार (घृतस्य धारा.) घी की धाराएं (समिध) अच्छी प्रकार उज्ज्वल होकर (अग्निम् वसन्त) अग्नि को प्राप्त होती हैं और (जातवेदाः ता. हर्यति) अग्नि उन धाराओं को चाहता है उसी प्रकार (घृतस्य धारा·) ज्ञान की धाराएं (समिध) अच्छी प्रकार शब्दार्थ सम्बन्धों से उज्ज्वल होकर (अग्निम्) ज्ञानवान् पुरुष को प्राप्त होती हैं। और वह (ता. जुषाणा) उनका सेवन करता हुआ (जातवेदा) स्वय विज्ञानवान् होकर (हर्षति) उनको चाहता है।

राजा के पक्ष में—तेजो बल को धारण करनेवाली सेनाएं, (समिध.) क्रोध और वीरता से उज्ज्वल होकर (अग्निम्) तेजस्वी अग्रणी सेना नायक राजा को प्राप्त होती है और वह उनको चाहता है।

कन्याऽइव वहतुमेतवाऽउऽअञ्ज्यञ्जाना अभिचाकशीमि।
यत्र सोमः सूयते यत्र यज्ञो घृतस्य धारा अभि तत्पवन्ते ॥९७॥

ऋष्यादि पूर्ववत् ॥

भा०—(यत्र) जहां (सोम. सूयते) सोम का सवन होता है और (यत्र) जहा (यज्ञः) यज्ञ होता है (तत्) वहा (घृतस्य धारा) घृत का धाराएं (पवन्ते) बहती हैं। इसी प्रकार (यत्र) जहा (सोम) राष्ट्र प्रेरक राजा का सवन अर्थात् अभिषेक होता है और (यत्र) जहां (यज्ञ·) परस्पर सगति, व्यवस्था से युक्त राजा प्रजा का पालन रूप यज्ञ या करादान और ऐश्वर्यदान रूप यज्ञ होता है। वहा (घृतस्य) वीर्य या बल को धारण करने वाली सेनाएं या अधिकार वाली राज्य व्यवस्थाएं नियम धाराएं (पवन्ते) प्रकट होती हैं। मैं घृत की ... पात्र के प्रति (एतवै) आने धारक सेनाओं को, (वहतुम्) ...

के लिये उत्सुक (अञ्जि) अपने कमनीय स्वरूप सौभाग्य या पूर्ण यौवन के प्रकट करने वाले सुरूप को (अञ्जाना) प्रकट करती हुई (कन्याः इव) कन्याओं के समान अति उत्सुक (अभिचाकशीमि) देखता हूं।

अभ्यर्षत सुष्टुतिं गव्यमाजिमस्मासु भद्रा द्रविणानि धत्त।
इमं यज्ञं नयत देवता नो घृतस्य धारा मधुमत्पवन्ते ॥ ६८ ॥

भा०—हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग (सुस्तुतिम्) उत्तम स्तुति, कीर्ति, अथवा ईश्वरोपासना के लिये उत्तम स्तुति करने वाली वेद वाणी, (गव्यम्) गोदुग्ध के समान हृदय का उत्तम, पुष्टिप्रद, गो = वाणी में स्थित उत्तम ज्ञान और (आजिम्) संग्राम और यज्ञ अथवा समस्त उत्तम साधनों से प्राप्त करने योग्य राज्य और तपःसाधनों से प्राप्य परम पद को (अभि अर्षत) विजय करने के लिये लक्ष्य करके आगे बढ़ो। और (अस्मासु) हममें (भद्रा द्रविणानि) सुखकारी सुवर्णादि ऐश्वर्यों का (धत्त) प्रदान करो। और (अस्माक) हमारे इस (यज्ञम्) परस्पर संगति से प्राप्त इस गृहस्थ रूप यज्ञ को (देवता) विद्वानों के बीच में उनके अभिमत रूप से (नयत) प्राप्त कराओ। अथवा—हे (देवता) देवो! विद्वान् पुरुषो! आप लोग (इमं यज्ञं नयत) इस यज्ञ को सन्मार्ग पर ले चलो। और (नः) हमें (घृतस्य) हृदय में रस सेचन करने वाले ज्ञान की (धाराः) धाराएं (मधु मत्) ज्ञानमय आनन्द प्रद होकर (पवन्ते) प्राप्त हों।

राजा के पक्ष में—हे (देवता) वीर विजगीषु पुरुषो। आप लोग (सुस्तुतिम्) उत्तम यश, (गव्यम्) पृथिवी में उत्पन्न समस्त उत्तम पदार्थ और (आजिम्) विजय करने योग्य संग्राम को (अभि) लक्ष्य करके (अर्षत) आगे बढ़ो। और (अस्मासु) हममें (भद्रा) सुखकारी (द्रविणानि) [illegible] (धत्त) धारण कराओ। हमारे (इमं यज्ञं नयत) इस राष्ट्र को संचालित करो और [illegible] (घृतस्य धारा) तेज, के धारण

रने वाली वीर सेनात (मधुमत्) अन्न आदि ऐश्वर्य और शत्रु के पीड़ा कारी बल सहित (पवन्ते) प्राप्त हो।

धामँते विश्वं भुवनमधि श्रितमन्तः समुद्रे हृद्युन्तरायुषि। अपामनीके समिथे य ऽआभृतस्तमश्याम मधुमन्तं त ऽऊर्मिम् ९९

भा०—राजा के पक्ष में—हे राजन् ! (ते धामनि) तेरे धारण करने वाले सामर्थ्य के आश्रय पर यह (विश्वं भुवनम्) समस्त राष्ट्र (समुद्रे अन्त) जो समुद्र के बीच उससे घिरा है, (श्रितम्) आश्रित है। इसी प्रकार (हृदि) हृदय में और (आयुषि अन्त) जीवन भर मे और (अपाम् अनीके) प्रजाओं के सैन्य में और (समिथे) संग्राम के अवसर पर (य) जो भी नाना पदार्थ समूह (आभृत) एकत्रित किया जाता है वह (तम्) उस (मधुमन्तम्) मधुर फल से युक्त, या शत्रु-पीड़नकारी सामर्थ्य से युक्त (न ऊर्मिम्) तेरे उस उर्ध्वगामी सामर्थ्य का (अश्याम) हम भोग करें।

परमेश्वर के पक्ष में—हे परमेश्वर (ते धामनि विश्वं भुवनम् अधिश्रितम्) तेरे धारण सामर्थ्य के आश्रय पर यह समस्त विश्व आश्रित है। (समुद्रे) समुद्र के (अ त) बीच में, (हृदि) हृदय में (आयुषि अन्त.) जीवन में, (अपाम् अनीके) ज्ञानों और कर्म्मों के, या आप्त जनों के सत्संग में और (समिथे) यज्ञ में (य) जो तेरा (ऊर्मि) उत्कृष्ट रूप (आहृत.) प्राप्त है उस (मधुमन्तम्) ज्ञानमय मधुर, आल्हादकारी (उर्मिम्) रस स्वरूप तरग को हम (अश्याम) प्राप्त करें।

ईश्वरीय बल की भिन्न २ स्थान में ऊर्मि कैसी २ है ? समुद्र अर्थात् आकाश में सूर्य रूप, हृदय में जाठराग्नि रूप, जीवन में अन्न रूप जलों के सघात में विद्युत् रूप, सग्राम में शौर्य रूप, यज्ञ में अग्नि [illegible] तेरा तेजोरूप या धाम रूप 'ऊर्मि' है। [illegible]

राजा पक्ष में—राजा का तेज समुद्र मे राष्ट्ररूप, हृदय में विजयाभिलाप रूप, आयु में पराक्रमरूप, सैन्य मे बलरूप संग्राम में शौर्यरूप है।

॥ इति सप्तदशोऽध्यायः ॥

इति मीमांसातीर्थ-प्रतिष्ठितविद्यालङ्कार-विरुदोपशोभित-श्रीमत्पण्डितजयदेवशर्मकृते यजुर्वेदालोकभाष्ये सप्तदशोऽध्यायः ॥